(२) खग्रास चन्द्रग्रहण (१७, १८ अक्टूबर १९८६ ई.)—यह ग्रहण आश्विन पूर्णिमा शुक्रवार को १७ और १८ अक्टू. '८६ की मध्यवर्ती रात्रि में पूरे भारत में खग्रास के रूप में दिखाई देगा। इस ग्रहण के स्पर्श-मोक्ष आदि का काल (भा. स्टैं. टा.) इस प्रकार है :—

ग्रहण प्रारम्भ	(रात्रि)	१० घं. ५९ मि.	(१७ अक्टू. '८६)
खग्रास ग्रहण प्रारम्भ	(रात्रि)	१२ घं. ११ मि.	(,, ,, ,,)
ग्रहण मध्य	(रात्रि)	१२ घं. ४८ मि.	(,, ,, ,,)
खग्रास ग्रहण समाप्त	(रात्रि)	१ घं. २५ मि.	(१८ अक्टू. '८६)
ग्रहण समाप्त	(रात्रि)	२ घं. ३७ मि.	(,, ,, ,,)

भारत के सभी पड़ोसी (नेपाल, बंगला देश, बर्मा, लंका, पाकिस्तान आदि) देशों में भी यह ग्रहण प्रारम्भ से अन्त तक दिखाई देगा।

ग्रहण का सूतक—इस ग्रहण का सूतक १७ अक्टू. '८६ को दिन के १ बजकर ५९ मिनट पर ही प्रारम्भ हो जाएगा।

ग्रहण का राशि फल

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
ग्रहण फल	हानि कष्ट	मध्यम	सुख लाभ	अपमा.	कष्ट	कष्ट	कष्ट	मध्यम	चिंता कष्ट	लाभ कष्ट	मध्यम	हानि

ग्रहण का अन्य फल—चाँदी, मोती, कपास आदि श्वेत वस्तुएं तेज हों। हीरे, जवाहरात भी मंहगे हों। मूंग, उड़द के संग्रहण में ६ माह में लाभ हो। फलों की उपज खराब हो। व्यापारी लोग भावों में काफी उतार चढ़ाव की वजह से परेशान रहें। तूफान आदि से समुद्र तटवर्ती प्रदेशों में जन-धन हानि हो। पश्चिमी पाकिस्तान, चीन व सिंध प्रदेशों के लिए यह ग्रहण अशुभ है। उड़ीसा, मध्य-प्रदेश और आंध्र प्रदेश में किसी कारण से वातावरण अशान्त हो।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सूर्य-बुध-संक्रमण

(Transit of Mercury)

(१३ नवम्बर सन् १९८६ ई. को एक अद्भुत आकाशीय दृश्य)

[लेखक—प्रियव्रत शर्मा]

बुध अन्य ग्रहों भाँति सूर्य के चारों ओर लगभग वृत्ताकार मार्ग मे घूमता है; इसका यह मार्ग पृथ्वी (जो सूर्य का ही ग्रह है) के भ्रमण मार्ग और सूर्य के मध्य पड़ता है अतः प्रत्येक पूर्ण भ्रमण में बुध सूर्य और पृथ्वी के मध्य से अवश्य गुजरता है। जब सूर्य और पृथ्वी के मध्य बुध आता है (अर्थात् जब सूर्य और बुध के भोगांश लगभग समान होते हैं) तब कभी ऐसी स्थिति भी होती है जबकि बुध का शर (क्रांतिवृत्त से उसका अन्तर) सूर्य-बिम्बार्ध से कम रह जाता है। ऐसी स्थिति में पृथ्वी पर रहने वालों को बुध का विम्ब सूर्य विम्ब में एक ओर से प्रविष्ट होकर कुछ समय बाद दूसरी ओर से निकलता हुआ दिखाई पड़ता है; इसे **रवि-बुध संक्रमण** (Transit of Mercury) कहा जाता है। यह **रवि-बुध संक्रमण** कभी-कभी ही घटित होता है।

इस वर्ष १३ नवम्बर १९८६ इ. का प्रातः ७ बजकर १४ मिनट से दोपहर के १२ बजकर १ मिनट तक यह रवि-बुध संक्रमण होगा। प्रातः ७ बजकर १४ सिनट पर बुध सूर्य-बिम्ब के लगभग पूर्वी किनारे से प्रविष्ट होकर दोपहर के १२ बजकर १ मिनट पर वह (बुध) सूर्य बिम्ब के पश्चिम और उत्तर के लगभग मध्य भाग से बाहर निकल जाएगा। इस समय बुध वक्री होगा। **ध्यान रहे**—क्योंकि बुध का बिम्ब बहुत ही छोटा है अतः सूर्य-बिम्ब में से गुजरते हुए उसे नंगी आंख से देख सकना सम्भव नहीं है। हाँ, एक साधारण दूरबीन (जिसके लैंसों पर बहुत ही गहरी कालिखपुते शीशे लगे हों) की मदद से भी यह दृश्य देखा जा सकता है। ऐसी दूरबीन से देखने पर इस समय बुध सूर्य के चमकते बिम्ब में एक बहुत छोटे काले धब्बे की भाँति (बड़े चांदी के थाल में लगी काली बिन्दिया की भाँति) नजर आयेगा। **सावधान—ऐसी दूरबीन से (जिसके लैंसों पर आंखों के बचाव के लिए गहरी कालिख लगे शीशे न लगे हों, सूर्य को देखने से आप अन्धे हो सकते हैं, अतः ऐसी गलती भूलकर भी न करें।**

यहां नीचे चित्र मे १३ नवम्बर १९८६ को सूर्य बिम्ब में बुध बिम्ब के प्रवेश और निर्गम की दिशाएं, काल (I.S.T.) और सूर्य बिम्ब में से गुजरते हुए बुध की कुछ-कुछ समय बाद सूर्य बिम्ब में स्थिति और काल (I.S.T.) भी दिया गया है।



रवि-बुध के इस संक्रमण को संहिताकारों के शब्दों में **'रवि-बुध की भेदयुति'** के नाम से पुकारा जाता है।

फल—'बृहत्संहिताकार' ने भेदयुति का फल वृष्टि का अभाव, महापरिवारों (राजनैतिक नेताओं) में परस्पर संघर्ष के रूप में लिखा है। किसी राजनैतिक दल में आकस्मिक फूट भी संभव है। किन्हीं मित्र राष्ट्रों की सन्धिवार्ताएं टूट जाएं। कहीं मित्र राष्ट्रों में भी किसी मुद्दे पर संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

—"वृष्टिनाशो भेदः सुहृदां महाकुलानां च"—(बृहत्संहिता)

दी होतीं; केवल उस दिन की ग्रह की दोनों मार्ग और वक्र गतियों का योग ही हमें उस ग्रह के पूर्वापरदिनीय (पहिले और अगले दिन के) भोगांशों के अन्तर से ज्ञात होता है। यदि वक्र या मार्गी वाले दिन ग्रह की वक्रगति मार्गगति से अधिक हो तो उसका पूर्वापरदिनीय भोगांशों का अन्तर ऋण (—) होगा। अर्थात् उस दिन की उस ग्रह की गति वक्र मानी जाएगी, अन्यथा मार्ग। उस दिन के मध्य किसी क्षण में उस ग्रह को इष्टकालिक बनाने के लिए उसकी दैनिक गति (पूर्वापरदिनीय भोगांशों के अन्तर) से त्रैराशिक करना बिल्कुल गलत होगा। क्योंकि साधारणतौर पर सभी ज्योतिषी लोग ग्रह की दैनिक गति से अनुपात द्वारा ग्रह का चालन प्राप्त करते हैं। जिस दिन ग्रह मार्गी से वक्री होता है उस दिन के कुछ भाग में उसकी गति वक्र और कुछ भाग में मार्गी होती है; अतः दैनिक गति (जो कि उस दिन की वक्र-मार्ग ग्रह गतियों का योग होता है) से उपरोक्त अनुपात करने पर गलत चालन मिलेगा। इसलिए ऐसे स्थलों पर अन्तर्न्यास पद्धति के प्रयोग से ही ग्रह को शुद्ध रूप में इष्टकालिक बनाया जा सकता है। अन्तर्न्यास पद्धति का विवेचन हम अपने स्वर्णजयन्ती अंक में कर चुके हैं।

दूसरी विधि यह भी है, कि ग्रह वक्रीभावक्षण या मार्गीभावक्षण से पहले और बाद के कुछ घन्टों के अन्तर पर चलन-कलन के आधार पर ग्रह की तात्कालिक होरात्मक या मिनटात्मक गति ज्ञात करें और फिर उस ग्रह की होरात्मक गतिवृद्धि अथवा गतिह्रास जानकर उस ग्रह को गतिविज्ञान के $S=ut+1/2ft^2$ इस सूत्र के प्रयोग से अभीष्ट-कालिक बनाया जा सकता है।

"गणक मार्त्तण्ड" के प्रकाशन के विषय में

चिरकाल से बहुचर्चित इस महाग्रन्थ के लिए पाठकों-ग्राहकों के अनेकों पत्र हमारे कार्यालय में प्रतिदिन आते रहते है। हजारों ग्राहकों को हमने एतदर्थ आरक्षण नं. भी दे रक्खे हैं, जिनके पते हमारे पास रजिस्टर में दर्ज हैं। यह ग्रन्थ बहुत विशाल है। इसके प्रकाशन में पदे-पदे बाधाएं आई हैं। इसके अब तक प्रकाशित न होने के बारे में इस ग्रन्थ के लिए हमारे उत्सुक ग्राहकों के रोष भरे पत्र भी हमें मिल रहे हैं। हम इस विशाल महाग्रन्थ को शीघ्रातिशीघ्र दो विशाल भागों में प्रकाशित करने का प्रबन्ध कर रहे हैं। अपने इस ग्रन्थ के लिए पाठकों की उत्कट उत्सुकता-अभिलाषा का हम सहर्ष आदर करते हैं और उनके हाथों में हम इसे बहुत जल्दी ही पहुंचाने के प्रयास में हैं।

'शतकमार्त्तण्ड' नाम की पुस्तक (जिसे M/s धर्मसन प्रकाशन, नई सड़क, दिल्ली ने प्रकाशित किया है) से हमारे 'गणक मार्त्तण्ड' का एवं हमारा कोई भी सम्बन्ध नहीं है—यह हम अपने ग्राहकों को स्पष्ट करा देना चाहते हैं; क्योंकि इस बारे में हमारे कार्यालय (कुराली) में अनेकों जिज्ञासा भरे पत्र 'गणक मार्त्तण्ड' के ग्राहकों से मिले हैं।

'गणक मार्त्तण्ड' के प्रकाशित होते ही उन ग्राहकों को जिन्हें आरक्षण नं. दिया गया है तुरन्त व्यक्तिगत रूप से हम सूचना देंगे। अब नए ग्राहक भी अपने आर्डर भेज सकते हैं।

ध्यान रहे—यह ग्रन्थ केवल हमारे नीचे लिखे कार्यालय से ही प्राप्त होगा, अन्य किसी भी बुकसेलर या प्रकाशक को इसे बेचने का अधिकार हमने नहीं दिया है।

पता—मैनेजर, मार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय, पो.—कुराली, रोपड़ (पंजाब)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

हैली धूम्रकेतु को आकाश में कब, कहां और कैसे देखें ?

[लेखक :—प्रियव्रत शर्मा]

सन् १९८६ ई० की जनवरी से अप्रैल के अन्त तक हैली नामक धूम्रकेतु (Halley Comet) जिसके विषय में हम पिछले वर्ष के पंचांग में भी काफी कुछ लिख चुके हैं, हम ७६ वर्ष बाद देखने को मिलेगा। इससे पूर्व इसे सन् १९१० ई. में हमारे दादा-दादाओं ने देखा था। उस समय (सन् १९१० ई. में) इस धूम्रकेतु का आकार और चमक बहुत अधिक थी। लेकिन इस बार (सन् १९८६ में) यह बहुत कम उज्ज्वल रूप में हमें दीखेगा। इस बार इसकी पूंछ भी बहुत छोटी (अधिकतम १२ अंश की) और धुंधली होगी, जबकि पिछली बार (सन् १९१० में) इसकी पूंछ लगभग १२० अंश तक लम्बी और अत्यन्त चमकदार थी। इसे जिन बुजुर्गों ने देखा, उनका कहना है कि वह एक अत्यन्त आकर्षक एवं भयावह दृश्य था। खगोल वेत्ताओं का कहना है कि इस बार सन् १९८६ ई. में यह धूम्रकेतु विगत २००० वर्षों में दिखाई दिए इस धूम्रकेतु की तुलना में सर्वाधिक मन्द रूप लिये होगा। फिर भी इसके आकर्षक अद्भुत दृश्य को नंगी आंखों से (बिना दूरबीन के) आप देख सकेंगे। यह बात अलग है कि यह दृश्य इसके विगत दृश्यों की अपेक्षा कहीं कम उज्ज्वल होगा।

हमने यहां आगे हैली धूम्रकेतु की विभिन्न तारीखों को आकाश में स्थितियों का निर्देश करने वाले तीन चित्र [चित्र (१), चित्र (२), चित्र (३)] दिये हैं। इन्हें समझ लेने पर आप हैली के इस अद्भुत आकाशीय दृश्य को भली-भांति देख सकेंगे। इन चित्रों में अलग-अलग तारीखों को प्रातः (सूर्योदय से लगभग सवा घण्टा पहले) अथवा सायं (सूर्यास्त के लगभग सवा घण्टा बाद) आकाश में हैली धूम्रकेतु की दिशा, इसकी पूंछ की लम्बाई आदि और क्षितिज से इसकी अंशों में ऊंचाई दर्शाई गई है। इन चित्रों में दाईं और बाईं ओर दिये १०°, २०°, ३०°, ४०° अंक क्षितिज से धूम्रकेतु की अंशों में ऊँचाई बतलाते हैं। जहां समतल (बिना पर्वत-टीले आदि वाले) प्रदेश में पृथ्वी और आकाश परस्पर मिले दिखाई देते हैं, उस (दर्शक के चारों ओर सुदूर दिखाई देने वाले गोलाकार) वृत्त को क्षितिज कहा जाता है—यह तो पाठक जानते ही हैं। हमारे सिर के बिल्कुल ऊपर वाले आकाशीय बिन्दु (खमध्य) से क्षितिज तक के आकाश को हम ९० अंशों के बराबर मानते हैं। दूसरे शब्दों में यूं समझिये—जब कोई तारा या ग्रह हमारे बिल्कुल सिर के ऊपर आकाश (यानी खमध्य) में हो तो उसकी क्षितिज से ऊँचाई ९० अंश मानी जाएगी—यह भी दर्शक को पहले समझ लेना चाहिये।

वैसे तो शक्तिशाली दूरदर्शकों (Telescopes) की सहायता से वैज्ञानिक लोग इस हैली धूम्रकेतु को, जो बड़ी तीव्र गति से हमारी पृथ्वी की ओर बढ़ता चला आ रहा है, आज से कई माह पहले से ही देखते चले आ रहे हैं, लेकिन हम पृथ्वी वासियों को बिना किसी दूरदर्शन की सहायता के (यानी नंगी आंख से) लगभग ३ जनवरी १९८६ ई. से ही यह दिखाई पड़ना आरम्भ होगा।

चित्र (१) में दिखाया गया है कि ३ जन.'८६ को यह धूम्रकेतु सर्वप्रथम नंगी आंख से देखने योग्य स्थिति में आयेगा। इस समय यह सायं सूर्यास्त के लगभग सवा घण्टा बाद आकाश में लगभग पश्चिम दिशा में (पश्चिम से लगभग ३० अंश दक्षिण की ओर) और क्षितिज से लगभग ३४ अंश की ऊँचाई पर होगा। इसके बाद यह प्रतिदिन कुछ-कुछ नीचे पश्चिम क्षितिज की ओर खिसकते-खिसकते २५ जन. को सूर्यास्त से लगभग सवा घण्टा बाद पश्चिम क्षितिज के बिल्कुल पास आ पहुंचेगा। इन दिनों में इसकी पूंछ ऊपर (खमध्य) की ओर अत्यन्त अस्पष्ट होगी, जो ३ जनवरी से २५ जनवरी तक उत्तरोत्तर थोड़ी-थोड़ी बढ़ती जाएगी। इसे देखने के लिये किसी छोटी दूरबीन की मदद भी पर्याप्त होगी। २५ जनवरी के आस-पास तो इसकी यह पूंछ अच्छी दृष्टि वाला व्यक्ति साधारणी से देखने पर नङ्गी आंख से भी शायद देख सकेगा।

ध्यान रहे—यहां दिये गए इन चित्रों [चित्र (१), चित्र (२), चित्र (३)] में धूम्रकेतु की पूंछ की लगभग दिशा (जिस ओर जितनी यह झुकी होगी) और इसकी लम्बाई (जितने अंश यह लम्बी होगी) यह भी दर्शाया गया है। इन चित्रों से किसी तारीख को धूम्रकेतु की पूंछ की लम्बाई आदि का भी काफी कुछ अनुमान आप लगा सकते हैं।

चित्र (२) में २४ फर.'८६ से १२ अप्रैल'८६ तक हैली धूम्रकेतु की प्रातः (सूर्योदय से लगभग सवा घण्टा पहिले) की स्थितियां तथा उसकी पूंछ के परिमाण (लम्बाई) और झुकाव की दिशा भी प्रदर्शित की गई है। इन दिनों में यह प्रातः प्रतिदिन लगभग पूर्व से दक्षिण-पश्चिम की ओर कुछ-कुछ चलता नजर आएगा। चित्र से स्पष्ट है कि लगभग ६ मार्च से आगे इसकी पूंछ प्रतिदिन उत्तरोत्तर बढ़ती हुई लगभग अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक परमाधिक हो जाती है, जोकि लगभग १२ अंश तक की लम्बाई ले लेती है। इस चित्र (२) से स्पष्ट है कि लगभग ६ मार्च के बाद अप्रैल के द्वितीय सप्ताह तक हैली धूम्रकेतु का प्रातः (सूर्योदय से लगभग सवा घण्टा पहिले) सर्वोत्तम दृश्य होगा क्योंकि इन दिनों इसकी पूंछ काफी स्पष्ट और लम्बी होगी।

ध्यान रहे—क्योंकि धूम्रकेतु की यह पूंछ घने धुंए के समान होगी, (यह विशेष उज्ज्वलता लिए नहीं होगी)। अतः यह आवश्यक है कि इसकी पूंछ का उत्कृष्ट दृश्य देखने के लिए आकाश में सान्ध्यप्रभा (प्रातः सूर्योदय से लगभग सवा घण्टा पहिले और सायं सूर्यास्त के लगभग सवा घण्टा बाद तक रहने वाला प्रकाश) न हो और चन्द्रमा की चांदनी भी वहां न हो। जो लोग इस धूम्रकेतु की पूंछ का दृश्य देखने में विशेष रुचि रखते हैं उनके लिए यहां नीचे विशेष दो सुझाव हैं।

(१) १० मार्च से २५ मार्च तक प्रातः सूर्योदय से लगभग सवा घण्टा पहिले आकाश में चन्द्रमा बिल्कुल नहीं होगा। उस समय इन दिनों आकाश में पूर्ण अन्धकार होगा। अतः इस समय पूर्व और दक्षिण के बीच लगभग इस धूम्रकेतु की पूंछ काफी स्पष्ट रूप में देखी जाएगी। इन दिनों प्रातः धूम्रकेतु हि. प्र., पंजाब, हरियाणा, दिल्ली आदि में क्षितिज से १२ से २० अंश तक की ऊँचाई पर होगा। कन्या कुमारी में तो यह ऊँचाई ३४ से ४२ अंश तक होगी। '२७ मार्च को प्रातः धूम्रकेतु क्षितिज से परम ऊँचाई पर होगा।

धूम्रकेतु की पूंछ देखने के लिये यह आवश्यक है, कि दर्शक ऐसे स्थान पर खड़ा हो जहां बिजली आदि का प्रकाश आस-पास में भी न हो, आकाश भी धुन्ध एवं धूलि रहित हो। अगर दर्शक किसी छोटे-मोटे Bi-noculars (दूरबीन) की मदद भी ले सके तो धूम्रकेतु की पूंछ का सौन्दर्य वह ज्यादा अच्छी तरह देख पायेगा। दूरबीन से देखने पर

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

इसकी पूछ में तीन रंग (पीला, नीला और श्वेत) भी दिखलाई पड़ेंगे, और उसके मध्य उड़ते हुए अग्निकण जैसे उज्ज्वल कण भी दिखलाई पड़ सकते हैं।

(२) लगभग ७ से १२ अप्रै. १९८६ तक का समय भी हैली धूम्रकेतु को नंगी आंख से देखने के लिये उत्कृष्ट है। इन दिनों प्रातः (सूर्योदय से लगभग सवा घण्टा पहिले) दक्षिण-पश्चिम में हैली की पूंछ काफी स्पष्टता से देखी जा सकेगी, क्योंकि उस समय चन्द्रमा आकाश में न होने से अच्छा अन्धकार होगा। इस समय क्षितिज से हैली धूम्रकेतु पंजाब, हरियाणा, दिल्ली आदि में अधिक से अधिक १३ अंश ऊपर उठा होगा, कन्या-कुमारी में यह ऊंचाई ३५ अंश तक होगी।

ध्यान रहे—चित्र (२) में प्रातःकाल २४ फर. से १२ अप्रै. तक की विभिन्न तारीखों को धूम्रकेतु आकाश में जहां-जहां दिखाई देगा उसका निर्देश किया गया है, लेकिन २७ मार्च से १२ अप्रै. तक की तारीखों में इस धूम्रकेतु को सूर्यास्त के बाद भी रात्रि के पूर्वार्ध में पूर्व क्षितिज में उदय होता हुआ देखा जा सकेगा।

लगभग २६ जन. से २३ फर.'८६ तक हैली धूम्रकेतु सूर्य के समीप आ जाने के कारण अस्त (अदृश्य) रहेगा।

चित्र (३) में दर्शाया गया है कि हैली सायं सूर्यास्त के लगभग सवा घण्टा बाद १५ अप्रै. को पूर्व-दक्षिण के लगभग बीच क्षितिज में उदय हो रहा होगा और वह प्रतिदिन क्षितिज से कुछ-कुछ अंश ऊपर उठते-उठते २९ अप्रै. को पंजाब, हरियाणा, दिल्ली आदि में क्षितिज से लगभग ३९ अंश ऊपर उठ जायेगा और उस समय तक इसकी पूछ भी क्रमशः छोटी से छोटी होती हुई पूरी तरह समाप्त हो चुकी होगी। २९ अप्रै. के बाद इसे नंगी आंख से नहीं देखा जा सकेगा और हमारे सौर परिवार का "ईद का चांद" यह अतिथि उत्तरोत्तर अपने सुदीर्घ वृत्ताकार भ्रमणवृत्त की सुदूरस्थ चरम बिन्दु की ओर बढ़ने लगेगा एवम् आगे ७६ वर्ष तक हम इसे नंगी आंख से नहीं देख पायेंगे, लेकिन खगोल शास्त्री अपने शक्तिशाली दूरदर्शकों के माध्यम से इसे लगातार देखते हुये अपनी दृष्टि से अब कभी ओझल नहीं होने देंगे—ऐसा इनका प्रयत्न रहेगा एवम् इसके रहस्यों के उद्घाटन में वे तत्पर रहेंगे।

यहां दिये गये चित्र (२) और (३) में ३० अक्षांश वाले प्रदेशों (पंजाब, हरियाणा, दिल्ली आदि) में हैली की स्थिति का निर्देश है। दक्षिणी भारत में इस धूम्रकेतु की क्षितिज से ऊंचाई इन चित्रों में दर्शाई ऊंचाई से काफी अधिक होगी।

यह धूम्रकेतु सारे भारत में दिखाई देगा, मार्च और अप्रै. के मासों में दक्षिण भारत में (विशेषकर मद्रास और केरल में) तो इसे अधिक आसानी से देखा जा सकेगा, क्योंकि इन दिनों वहां यह धूम्रकेतु क्षितिज से काफी ऊंचाई तक जाएगा।

दक्षिणी अमेरिका, आस्ट्रेलिया, तस्मानिया, न्यूजीलैण्ड आदि दक्षिणी अक्षांश वाले देशों में तो इसे क्षितिज से काफी ऊपर होने के कारण अधिक सरलता से देखा जा सकेगा। ५० अंश और इससे अधिक उ. अक्षांश वाले देशों (इंग्लैण्ड, नार्वे, बेल्जियम, स्वीडन, डेनमार्क, स्काटलैण्ड आदि) में मार्च, अप्रैल वाला इसका द्रष्टव्य रूप प्रातः नहीं देखा जा सकेगा, क्योंकि वहां इन दिनों यह धूम्रकेतु इस समय क्षितिज से नीचे ही रहेगा।

मार्च के लगभग अन्तिम सप्ताह से अप्रैल के लगभग मध्य तक यह धूम्रकेतु अपनी लम्बी पूंछ के साथ दक्षिणी ध्रुव प्रदेश (Antarctica) में क्षितिज से काफी (लगभग ३० से ४२ अंश तक की) ऊंचाई पर लगातार Anticlock wise (वामावर्त्त) घूमता नजर आएगा और इन दिनों वहां यह कभी भी अस्त (क्षितिज से नीचे) नहीं होगा। इन दिनों में दक्षिणी ध्रुव प्रदेश में रात्रि भी होगी अतः वहां इन २०-२२ दिनों तक इस धूम्रकेतु का सर्वोत्कृष्ट दृश्य देखने को मिलेगा।

हैली धूम्रकेतु को आकाश में ढूंढने के लिए कुछ संकेत

(१) १३ जन.'८६ को हैली धूम्रकेतु सायं सूर्यास्त बाद चन्द्रमा से लगभग १० अंश पश्चिम-उत्तर में दिखाई देगा। इस समय इसकी छोटी सी पूंछ ऊपर को उठी हुई होगी जो Bi-noculars की सहायता वाली दृष्टि से ही देखी जा सकेगी।

(२) २१ से २४ जन. तक हैली धूम्रकेतु सायं सूर्यास्त बाद पश्चिम में गुरु ग्रह से ८ अंश उत्तर की ओर दिखाई देगा।

(३) ७ मार्च को प्रातः सूर्योदय से पहिले-पूर्व में हैली को कृष्ण द्वादशी के चन्द्रमा के काफी समीप (चन्द्रमा से लगभग ६ अंश उत्तर में) देखा जा सकेगा। इस समय इसकी पूंछ भी देखी जा सकेगी।

(४) १ अप्रैल को यह धूम्रकेतु प्रातः सूर्योदय से कुछ पहिले मंगल से लगभग १५ अंश और चन्द्रमा से १० अंश दक्षिण में होगा। इस समय इसकी पूंछ काफी लम्बी होगी।

हैली धूम्रकेतु के स्पष्ट राशि-अंश, नक्षत्र, गति और पृथ्वी से दूरी आदि

लेखक :—प्रियव्रत शर्मा, डा. शक्तिधर शर्मा

नीचे दिए गए कोष्ठक में ५ जनवरी (१९८६ ई.) से २९ अप्रैल (१९८६ ई.) तक के हैली धूम्रकेतु के निरयण स्पष्ट भोगांश (राशि-अंश), नक्षत्र, क्षितिज से ऊंचाई, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली आदि में दर्शन-दिशा और काल (जिस समय जिस दिशा में यह देखा जा सकेगा), चमक नम्बर (Magnitude), प्रति सैकण्ड गति और पृथ्वी से इसकी दूरी दी गई है। इस कोष्ठक से आप इन दिनों में, जब कि यह हमें नंगी आंख से (दूरबीन आदि की सहायता के बिना) दिखाई पड़ेगा, हैली धूम्रकेतु के स्पष्ट भोगांश आदि जान सकते हैं। इस कोष्ठक से स्पष्ट है। इन दिनों में इस धूम्रकेतु की परगालप गति ११ अप्रैल के दिन आधा किलो मीटर प्रति सैकण्ड (अर्थात् १८०० किलोमीटर प्रति घंटा) एवम् परमाधिक गति २९ अप्रैल को ५० कि. मी. प्रति सैकण्ड (१८०००० कि. मी. प्रति घण्टा) होगी।

चमक नं. वाले कालम में इस धूम्रकेतु की केवल नाभि (Nucleus) की ही चमक (Brilliancy) दी गई है. यह इसकी पूंछ की चमक नहीं है। पूंछ जिस चमकदार तारे से निकली होती है उसे धूम्रकेतु की नाभि कहा जाता है। सबसे कम चमक का वह तारा जिससे कम हमारी नंगी आंखें देख नहीं सकतीं, उसे चमक नं. ६ का तारा माना जाता है। चमक नं. ५ वाला तारा चमक नं. ६ वाले तारे से २½ गुणा ज्यादा और चमक नं. ७ वाला तारा चमक नं. ६ वाले तारे से २½ गुणा कम चमक रखता है। इस प्रकार ज्यों-ज्यों तारे की चमक का नं. कम होता जाता है त्यों-त्यों वह और भी ज्यादा चमकदार होता जाता है—यह समझ लेना चाहिये। उत्तरी ध्रुव चमक नं. २ वाला तारा है। अगस्त्य अभिजित्, लुब्धक आदि कुछ तारे चमक नं. १ वाले हैं; जो चमक नं. ६ वाले तारे से १०० गुणा अधिक चमकदार है। इससे आप नीचे कोष्ठक में दी गई चमक नं. से किसी भी तारीख को इस धूम्रकेतु की नाभि की चमक का अनुमान लगा सकते हैं।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

इस कोष्ठक में धूम्रकेतु की पूछ की लम्बाई नहीं दी गई है, इसे आप पहिले दिये गये चित्र (१), (२) और (३) से लगभग ज्ञात कर सकते हैं। इस कोष्ठक में दी गई धूम्रकेतु की "क्षितिज से ऊंचाई" केवल पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली आदि के लिये है और यह केवल प्रातः या सायं के समय की है।

तारीख १९८६	स्पष्ट हैली धूम्रकेतु रा. अं.	नक्षत्र	क्षितिज से ऊंचाई अंश	दर्शन दिशा और काल	चमक नं.	प्रति सें. गति कि. मी.	पृथ्वी से दूरी किलो मीटर
जन. ५	१०।८	शत.	२९	↑	५.७	३२	१८५५००००००
,, ६	१०।७	,,		|		
,, ७	१०।७	,,		|		
,, ८	१०।६	धनि.		|		
,, ९	१०।६	,,		|		
,, १०	१०।५	,,	२२	|	५.४	२९	१९७५०००००
,, ११	१०।५	,,		|		
,, १२	१०।४	,,		|		
,, १३	१०।४	,,		|		
,, १४	१०।३	,,		|		
,, १५	१०।३	,,	१४	|	५.१	२५	२०९४०००००
,, १६	१०।२	,,		|		
,, १७	१०।१	,,		|		
,, १८	१०।०	,,		|		
,, १९	१०।०	,,		|		
,, २०	१०।०	,,	९	|	४.८	२१	२१९९०००००
,, २१	९।२९	,,		|		
,, २२	९।२९	,,		|		
,, २३	९।२९	,,		|		
,, २४	९।२९	,,		|		
,, २५	९।२८	,,	१	↓	४.५	१५	२२७४०००००
फर. २४	९।१४	श्रव.	३	↑	४.३	—३२	२०५००००००
,, २५	९।१४	,,		|		
,, २६	९।१३	,,		|		
,, २७	९।१३	,,		|		
,, २८	९।१२	,,		|	—३६	
मार्च १	९।१२	,,	७	|	४.४	—३६	१९०००००००
,, २	९।११	,,		|		
,, ३	९।११	,,		|		
,, ४	९।१०	,,		↓			

तारीख १९८६	स्पष्ट हैली धूम्रकेतु रा. अं.	नक्षत्र	क्षितिज से ऊंचाई अंश	दर्शन दिशा और काल	चमक नं.	प्रति सें. गति कि. मी.	पृथ्वी से दूरी किलो मीटर
मार्च ५	९।१०	श्रव.	९	↑	४.५	—३९	१७६५०००००
,, ६	९। ९	उ.षा.		|		
,, ७	९। ८	,,		|		
,, ८	९। ७	,,		|		
,, ९	९। ७	,,		|		
,, १०	९। ६	,,	१२	|	४.५	—४२	१५८६०००००
,, ११	९। ५	,,		|		
,, १२	९। ५	,,		|		
,, १३	९। ५	,,		|		
,, १४	९। ४	,,		|		
,, १५	९। ३	,,	१५	|	४.५	—४४	१४०६०००००
,, १६	९। २	,,		|		
,, १७	९। १	,,		|		
,, १८	९। ०	,,		|		
,, २०	८।२९	,,	१८	|	४.४	—४४	१२१२०००००
,, २१	८।२८	,,		|		
,, २२	८।२७	,,		|		
,, २३	८।२७	,,		|		
,, २४	८।२६	पू.षा.		|	—४२	
,, २५	८।२५	,,	२०	|	४.३		१०३२०००००
,, २६	८।२३	,,		|		
,, २७	८।२२	,,		|		
,, २८	८।२०	,,		|		
,, २९	८।१७	,,		|		
,, ३०	८।१५	,,		|		
,, ३१	८।१३	मूल	२०	|	४.१	—३६	८२३०००००
अप्रै. १	८।११	,,	१९	↓	४.१	—३४	७९३०००००
,, २	८। ८	,,		↑			
,, ३	८। ५	,,		|		
,, ४	८। २	,,		|		
,, ५	७।२९	ज्ये.	१६	|	४.०	—२४	६८८०००००
,, ६	७।२५	,,		|	४.०		
,, ७	७।२१	,,	१२	↓	४.०		

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

इसकी पूछ में तीन रंग (पीला, नीला और श्वेत) भी दिखलाई पड़ेंगे, और उसके मध्य उड़ते हुए अग्निकण जैसे उज्ज्वल कण भी दिखलाई पड़ सकते हैं।

(२) लगभग ७ से १२ अप्रै. १९८६ तक का समय भी हैली धूम्रकेतु को नंगी आंख से देखने के लिये उत्कृष्ट है। इन दिनों प्रातः (सूर्योदय से लगभग सवा घण्टा पहिले) दक्षिण-पश्चिम में हैली की पूंछ काफी स्पष्टता से देखी जा सकेगी, क्योंकि उस समय चन्द्रमा आकाश में न होने से अच्छा अन्धकार होगा। इस समय क्षितिज से हैली धूम्रकेतु पंजाब, हरियाणा, दिल्ली आदि में अधिक से अधिक १३ अंश ऊपर उठा होगा, कन्या-कुमारी में यह ऊंचाई ३५ अंश तक होगी।

ध्यान रहे—चित्र (२) में प्रातःकाल १४ फर. से १२ अप्रै. तक की विभिन्न तारीखों को धूम्रकेतु आकाश में जहां-जहां दिखाई देगा उसका निर्देश किया गया है, लेकिन २७ मार्च से १२ अप्रै. तक की तारीखों में इस धूम्रकेतु को सूर्यास्त के बाद भी रात्रि के पूर्वार्ध में पूर्व क्षितिज में उदय होता हुआ देखा जा सकेगा।

लगभग २६ जन. से २३ फर.'८६ तक हैली धूम्रकेतु सूर्य के समीप आ जाने के कारण अस्त (अदृश्य) रहेगा।

चित्र (३) में दर्शाया गया है कि हैली सायं सूर्यास्त के लगभग सवा घण्टा बाद १५ अप्रै. को पूर्व-दक्षिण के लगभग बीच क्षितिज में उदय हो रहा होगा और वह प्रतिदिन क्षितिज से कुछ-कुछ अंश ऊपर उठते-उठते २९ अप्रै. को पंजाब, हरियाणा, दिल्ली आदि में क्षितिज से लगभग ३९ अंश ऊपर उठ जायेगा और उस समय तक इसकी पूंछ भी क्रमशः छोटी से छोटी होती हुई पूरी तरह समाप्त हो चुकी होगी। २९ अप्रै. के बाद इसे नंगी आंख से नहीं देखा जा सकेगा और हमारे सौर परिवार का "ईद का चांद" यह अतिथि उत्तरोत्तर अपने सुदीर्घ वृत्ताकार भ्रमणवृत्त की सुदूरस्थ चरम बिन्दु की ओर बढ़ने लगेगा एवम् आगे ७६ वर्ष तक हम इसे नंगी आंख से नहीं देख पायेंगे, लेकिन खगोल शास्त्री अपने शक्तिशाली दूरदर्शकों के माध्यम से इसे लगातार देखते हुये अपनी दृष्टि से अब कभी ओझल नहीं होने देंगे—ऐसा इनका प्रयत्न रहेगा एवम् इसके रहस्यों के उद्घाटन में वे तत्पर रहेंगे।

यहां दिये गये चित्र (२) और (३) में ३० अक्षांश वाले प्रदेशों (पंजाब, हरियाणा, दिल्ली आदि) में हैली की स्थिति का निर्देश है। दक्षिणी भारत में इस धूम्रकेतु की क्षितिज से ऊंचाई इन चित्रों में दर्शाई ऊंचाई से काफी अधिक होगी।

यह धूम्रकेतु सारे भारत में दिखाई देगा, मार्च और अप्रै. के मासों में दक्षिण भारत में (विशेषकर मद्रास और केरल में) तो इसे अधिक आसानी से देखा जा सकेगा, क्योंकि इन दिनों वहां यह धूम्रकेतु क्षितिज से काफी ऊंचाई तक जाएगा।

दक्षिणी अमेरिका, आस्ट्रेलिया, तस्मानिया, न्यूजीलैण्ड आदि दक्षिणी अक्षांश वाले देशों में तो इसे क्षितिज से काफी ऊपर होने के कारण अधिक सरलता से देखा जा सकेगा। ५० अंश और इससे अधिक उ. अक्षांश वाले देशों (इंग्लैण्ड, नार्वे, बेल्जियम, स्वीडन, डेनमार्क, स्काटलैण्ड आदि) में मार्च, अप्रैल वाला इसका द्रष्टव्य रूप प्रातः नहीं देखा जा सकेगा, क्योंकि वहां इन दिनों यह धूम्रकेतु इस समय क्षितिज से नीचे ही रहेगा।

मार्च के लगभग अन्तिम सप्ताह से अप्रैल के लगभग मध्य तक यह धूम्रकेतु अपनी लम्बी पूछ के साथ दक्षिणी ध्रुव प्रदेश (Antarctica) में क्षितिज से काफी (लगभग ३० से ४२ अंश तक की) उंचाई पर लगातार Anticlock wise (वामावर्त्त) घूमता नजर आएगा और इन दिनों वहां यह कभी भी अस्त (क्षितिज से नीचे) नहीं होगा। इन दिनों में दक्षिणी ध्रुव प्रदेश में रात्रि भी होगी अतः वहां इन २०-२२ दिनों तक इस धूम्रकेतु का सर्वोत्कृष्ट दृश्य देखने को मिलेगा।

हैली धूम्रकेतु को आकाश में ढूंढने के लिए कुछ संकेत

(१) १३ जन.'८६ को हैली धूम्रकेतु सायं सूर्यास्त बाद चन्द्रमा से लगभग १० अंश पश्चिम-उत्तर में दिखाई देगा। इस समय इसकी छोटी सी पूंछ ऊपर को उठी हुई होगी जो Bi-noculars की सहायता वाली दृष्टि से ही देखी जा सकेगी।

(२) २१ से २४ जन. तक हैली धूम्रकेतु सायं सूर्यास्त बाद पश्चिम में गुरु ग्रह से ८ अंश उत्तर की ओर दिखाई देगा।

(३) ७ मार्च को प्रातः सूर्योदय से पहिले-पूर्व में हैली को कृष्ण द्वादशी के चन्द्रमा के काफी समीप (चन्द्रमा से लगभग ६ अंश उत्तर में) देखा जा सकेगा। इस समय इसकी पूंछ भी देखी जा सकेगी।

(४) १ अप्रैल को यह धूम्रकेतु प्रातः सूर्योदय से कुछ पहिले मंगल से लगभग १५ अंश और चन्द्रमा से १० अंश दक्षिण में होगा। इस समय इसकी पूंछ काफी लम्बी होगी।

हैली धूम्रकेतु के स्पष्ट राशि-अंश, नक्षत्र, गति और पृथ्वी से दूरी आदि

लेखक :—प्रियव्रत शर्मा, डा. शक्तिधर शर्मा

नीचे दिए गए कोष्ठक में ५ जनवरी (१९८६ ई.) से २९ अप्रैल (१९८६ ई.) तक के हैली धूम्रकेतु के निरयण स्पष्ट भोगांश (राशि-अंश), नक्षत्र, क्षितिज से ऊंचाई, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली आदि में दर्शन-दिशा और काल (जिस समय जिस दिशा में यह देखा जा सकेगा), चमक नम्बर (Magnitude), प्रति सैकण्ड गति और पृथ्वी से इसकी दूरी दी गई है। इस कोष्ठक से आप इन दिनों में, जब कि यह हमें नंगी आंख से (दूरबीन आदि की सहायता के बिना) दिखाई पड़ेगा, हैली धूम्रकेतु के स्पष्ट भोगांश आदि जान सकते हैं। इस कोष्ठक से स्पष्ट है। इन दिनों में इस धूम्रकेतु की परगाल्प गति ११ अप्रैल के दिन आधा किलो मीटर प्रति सैकण्ड (अर्थात् १८०० किलोमीटर प्रति घंटा) एवम् परमाधिक गति २९ अप्रैल को ५० कि. मी. प्रति सैकण्ड (१८०००० कि. मी. प्रति घण्टा) होगी।

चमक नं. वाले कालम में इस धूम्रकेतु की केवल नाभि (Nucleus) की ही चमक (Brilliancy) दी गई है, यह इसकी पूंछ की चमक नहीं है। पूंछ जिस चमकदार तारे से निकली होती है उसे धूम्रकेतु की नाभि कहा जाता है। सबसे कम चमक का वह तारा जिससे कम हमारी नंगी आंखें देख नहीं सकतीं, उसे चमक नं. ६ का तारा माना जाता है। चमक नं. ५ वाला तारा चमक नं. ६ वाले तारे से २½ गुणा ज्यादा और चमक नं. ७ वाला तारा चमक नं. ६ वाले तारे से २½ गुणा कम चमक रखता है। इस प्रकार ज्यों-ज्यों तारे की चमक का नं. कम होता जाता है त्यों-त्यों वह और भी ज्यादा चमकदार होता जाता है—यह समझ लेना चाहिये। उत्तरी ध्रुव चमक नं. २ वाला तारा है। अगस्त्य अभिजित्, लुब्धक आदि कुछ तारे चमक नं. १ वाले हैं; जो चमक नं. ६ वाले तारे से १०० गुणा अधिक चमकदार है। इससे आप नीचे कोष्ठक में दी गई चमक नं. से किसी भी तारीख को इस धूम्रकेतु की नाभि की चमक का अनुमान लगा सकते हैं।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

इस कोष्ठक में धूम्रकेतु की पूछ की लम्बाई नहीं दी गई है, इसे आप पहिले दिये गये चित्र (१), (२) और (३) से लगभग ज्ञात कर सकते हैं। इस कोष्ठक में दी गई धूम्रकेतु की "क्षितिज से ऊंचाई" केवल पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली आदि के लिये है और यह केवल प्रातः या सायं के समय की है।

तारीख १९८६	स्पष्ट हैली धूम्रकेतु रा. अं.	नक्षत्र	क्षितिज से ऊंचाई अंश	दर्शन दिशा और काल	चमक नं.	प्रति से. गति कि. मी.	पृथ्वी से दूरी किलो मीटर
जन. ५	१०। ८	शत.	२९	↑	५.७	३२	१८५५००००००
,, ६	१०। ७	,,		—			
,, ७	१०। ७	,,					
,, ८	१०। ६	धनि.					
,, ९	१०। ६	,,					
,, १०	१०। ५	,,	२२		५.४	२९	१९७५०००००
,, ११	१०। ५	,,					
,, १२	१०। ४	,,					
,, १३	१०। ४	,,					
,, १४	१०। ३	,,					
,, १५	१०। ३	,,	१४		५.१	२५	२०९४०००००
,, १६	१०। २	,,					
,, १७	१०। १	,,					
,, १८	१०। ०	,,					
,, १९	१०। ०	,,					
,, २०	१०। ०	,,	९		४.८	२१	२१९९०००००
,, २१	९।२९	,,					
,, २२	९।२९	,,					
,, २३	९।२९	,,					
,, २४	९।२९	,,					
,, २५	९।२८	,,	१		४.५	१५	२२७४०००००
फर. २४	९।१४	श्रव.	३	↑	४.३	—३२	२०५००००००
,, २५	९।१४	,,					
,, २६	९।१३	,,					
,, २७	९।१३	,,					
,, २८	९।१२	,,				—३६	
मार्च १	९।१२	,,	७		४.४	—३६	१९००००००
,, २	९।११	,,					
,, ३	९।११	,,					
,, ४	९।१०	,,					

तारीख १९८६	स्पष्ट हैली धूम्रकेतु रा. अं.	नक्षत्र	क्षितिज से ऊंचाई अंश	दर्शन दिशा और काल	चमक नं.	प्रति से. गति कि. मी.	पृथ्वी से दूरी किलो मीटर
मार्च ५	९।१०	श्रव.	९	↑	४.५	—३९	१७६५०००००
,, ६	९। ९	उ.षा.		—			
,, ७	९। ८	,,					
,, ८	९। ७	,,					
,, ९	९। ७	,,					
,, १०	९। ६	,,	१२		४.५	—४२	१५८६०००००
,, ११	९। ६	,,					
,, १२	९। ५	,,					
,, १३	९। ५	,,					
,, १४	९। ४	,,					
,, १५	९। ३	,,	३५		४.५	—४४	१४०६०००००
,, १६	९। २	,,					
,, १७	९। १	,,					
,, १८	९। ०	,,					
,, २०	८।२९	,,	१८		४.४	—४४	१२१२०००००
,, २१	८।२८	,,					
,, २२	८।२७	,,					
,, २३	८।२७	,,					
,, २४	८।२६	पू.षा.				—४२	
,, २५	८।२५	,,	२०		४.३		१०३२०००००
,, २६	८।२३	,,					
,, २७	८।२२	,,					
,, २८	८।२०	,,					
,, २९	८।१७	,,					
,, ३०	८।१५	,,					
,, ३१	८।१३	मूल	२०	—	४.१	—३६	८२३०००००
अप्रै. १	८।११	,,	१९	↓	४.१	—३४	७९३०००००
,, २	८। ८	,,					
,, ३	८। ५	,,					
,, ४	८। २	,,					
,, ५	७।२९	ज्ये.	१६		४.०	—२४	६८८०००००
,, ६	७।२५	,,			४.०		
,, ७	७।२१	,,	१२	↓	४.०		

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

तारीख १९८६	स्पष्ट हैली धूम्रकेतु रा. अं.	नक्षत्र	क्षितिज से ऊंचाई अंश	दर्शन दिशा और काल	चमक नं.	प्रति सं. गति कि. मी.	पृथ्वी से दूरी किलो मीटर
अप्रैल ८	७।१६	अनु.	१०	↑	४.०		
,, ९	७।१०	,,			४.०		
,, १०	७। ५	,,	७	प्रातः दक्षिण में पश्चिम	४.०	—४	६२८३००००
,, ११	७। ०	विशा.			४.०	३	६२८०००००
,, १२	६।२५	,,	४		४.०	५	६२८०००००
,, १३	६।२०	,,		↓	४.१		
,, १४	६।१६	स्वा.		↑	४.२		
,, १५	६।१२	,,			४.३	१८	६५८०००००
,, १६	६। ७	,,			४.४	२२	
,, १७	६। ३	चित्रा	७		४.५	२६	
,, १८	५।२९	,,	१२		४.६		
,, १९	५।२४	,,	१५	सायं पूर्व-दक्षिण में	४.७		
,, २०	५।२०	हस्त	१८		४.८	३५	७७८०००००
,, २१	५।१७	,,	२२		४.९		
,, २२	५।१४	,,	२५		५.१		
,, २३	५।११	,,	२८		५.२	४२	
,, २४	५। ८	उ.फा.	३०		५.३		
,, २५	५। ५	,,	३२		५.४	४५	९५७०००००
,, २६	५। ३	,,	३४		५.६		
,, २७	५। १	,,	३६		५.७	४८	१०३२०००००
,, २८	५। ०	,,	३८		५.८		
,, २९	४।२९	,,	३९	↓	५.९	५०	११०७०००००

हैली धूम्रकेतु का विश्व एवम् हम पर प्रभाव

लेखक—प्रियव्रत शर्मा एम. ए.

धूम्रकेतु का आकाश में दिखाई पड़ना विश्व के सभी देशों में प्राचीन काल से ही अशुभ फलप्रद माना गया है, जब कि वैज्ञानिक लोग इसे ऐसा नहीं मानते। हां, वे भी इतना तो अवश्य मानते हैं कि धूम्रकेतु की पूंछ से विषाक्त गैसें निकलती हैं, और उससे उल्कायें भी बाहर प्रक्षिप्त होती रहती हैं, जिससे किसी प्रकार की हानि होने की कुछ आशंका रहती है।

हमारे संहिता ग्रन्थों में धूम्रकेतु के कुप्रभाव का विस्तारपूर्वक विवरण मिलता है। हम यहां उसी के अनुसार इस हैली धूम्रकेतु की राशि और नक्षत्रों के आधार पर भू-मण्डलीय और वैयक्तिक कुफल का निर्देश करेंगे।

विश्व पर प्रभाव

वसिष्ठ संहिता, भद्रबाहु संहिता और बृहत्संहिता आदि में लिखा है कि धूम्रकेतु (पुच्छल तारे) का आकाश में दर्शन (उदय) लोकोपद्रवकारी (संसार में उत्पात उत्पन्न करने वाला) होता है। वसिष्ठ का कहना है—धूम्रकेतु का उदय हमेशा राजा और देश के विनाश का सूचक होता है ("राज-राष्ट्र-विनाशाय केतूनामुदयः सदा।"—वसिष्ठ) मन्त्रेश्वर ने भी ऐसा ही कहा है—"केतुश्च धूम्रकेतुः स्याल्लोकोपद्रव कारकः।"

संहिताओं एवं अन्य ज्योतिष ग्रन्थों के आधार पर हैली धूम्रकेतु का समस्त भूगोल पर कुप्रभाव ही पड़ेगा। जब कि विश्व के जिन-जिन देशों में राजनैतिक संघर्ष चरम सीमा पर है, जहां-जहां भौगोलिक विवाद अशान्ति उत्पन्न कर रहा है, वहां-वहां इसका कुप्रभाव अधिक देखने को मिलेगा। अन्य देश भी इसके कुप्रभाव से नहीं बच सकेंगे। यह भी संहिताओं में निर्दिष्ट है कि धूम्रकेतु की पूंछ जिस दिशा में झुकी हो उस दिशा वाले देश इसके फल से अधिक प्रभावित होते हैं। इस हैली धूम्रकेतु की पूंछ का झुकाव विभिन्न कालावधियों में लगभग सभी दिशाओं की ओर रहेगा। अतः इसके प्रभाव से शायद ही कोई देश मुक्त रहे। इस प्रकार हम कह सकते हैं—इस धूम्रकेतु के उदय के कारण विश्व में अनेकत्र राजनैतिक संघर्ष उग्र हों, पड़ौसी शत्रु देशों में युद्ध तक की स्थिति उत्पन्न हो जाये तथा भूकम्प, अनावृष्टि, अतिवृष्टि, अग्नि प्रकोप आदि प्राकृतिक आपदाओं से अनेक देशों को हानि भी पहुंच सकती है।

संहिता ग्रन्थों में धूम्रकेतु के विभिन्न नक्षत्रों (जिन नक्षत्रों में धूम्रकेतु की पूंछ नंगी आंख से दिखाई देती है उन नक्षत्रों) का विभिन्न देशों/प्रदेशों पर विशेष प्रभाव के बारे में पर्याप्त लिखा गया है। किन-किन नक्षत्रों में धूम्रकेतु के उदय से कौन-कौन से प्रदेश विशेष रूप से प्रभावित होते हैं—यह विवरण नीचे "धूम्रकेतु फल कोष्ठक" में दिया गया है। इस कोष्ठक में साथ ही यह भी बतलाया गया है कि यह कुप्रभाव कब से कब तक रहेगा। इस पंचांग में पहिले हम धूम्रकेतु के स्पष्ट राशि-अंश और नक्षत्र दे चुके हैं, वहां देखिए—यह धूम्रकेतु उ.फा. से शतभिषा तक के १३ नक्षत्रों में हमें दीखेगा।

धूम्रकेतु फल कोष्ठक

धूम्रकेतु का नक्षत्र	धूम्रकेतु किस-किस प्रदेश को विशेष रूप से प्रभावित करेगा	इन प्रदेशों पर धूम्रकेतु का फल कब से कब तक रहेगा (लगभग)
शतभिषा	श्री लंका, नैमिषारण्य	२० फर.'८६ से १९ मई '८६
धनिष्ठा	पंजाब, दक्षिण-पश्चिमी तामिलनाडु,	२३ फर.' ८६ से २२ अग. '८७
श्रवण	केकय (सिन्धु तटवर्ती प्रदेश)	११ अप्रै.' ८६ से १० फर. '८७
उ. षा.	गुर्जर (पश्चिमोत्तरी राजस्थान एवं मथुरा, आगरा, ग्वालियर आदि), बुन्देलखण्ड, दोषेय [पश्चिमी पंजाब (भारत), पूर्व-दक्षिणी पंजाब (पाकिस्तान), आर्जुनेय (कन्नौज, करनाल का मध्यवर्ती हरियाणा, दिल्ली और उ. प्र. का प्रदेश)]	२० अप्रै. '८६ से १९ अक्तू.' ८७
पू.षा.	कलिंग (दक्षिणी उड़ीसा और उत्तर-पश्चिमी आन्ध्र प्रदेश), वाराणसी	८ मई '८६ से ७ दिसं. '८६

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

धूम्रकेतु का नक्षत्र	धूम्रकेतु किस-किस प्रदेश को विशेष रूप से प्रभावित करेगा	इन प्रदेशों पर धूम्रकेतु का फल कब से कब तक रहेगा (लगभग)
मूल	आन्ध्र प्रदेश, मद्रक (पाकिस्तानी पंजाब)	१५ मई '८६ से १४ अक्तू. '८६
ज्येष्ठा	कन्नौज एवं उसका पार्श्ववर्ती प्रदेश	२० मई '८६ से १६ अग. '८६
अनुराधा	गौड़ देश (मध्य-बंगाल), पुण्ड्र (उत्तरी बंगाल)	२२ मई '८६ से २१ अग. '८६
विशाखा	अवध (अयोध्यादि) चीन, तिब्बत	२५ मई '८६ से २४ अग. '८६
स्वाती	काश्मीर, लद्दाख	२८ मई '८६ से २७ अग. '८६
चित्रा	कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत आदि	३१ मई '८६ से ३० अग. '८६
हस्त	नासिक, पंचवटी	४ जून '८६ से ३ अक्तू. '८६
उ. फा.	मालव प्रदेश (उज्जैन आदि)	८ जून '८६ से ७ नवं. '८६

ध्यान दें:—संहिता ग्रन्थों में लिखा है कि जिस दिन धूम्रकेतु का उदय हो उस दिन से लेकर पहिले ४५ दिन तक उसका कोई प्रभाव नहीं होता। जितने दिन एवं मास तक नंगी आंख से वह दिखाई देता रहता है क्रमशः उतने ही महीनों और वर्षों तक उसका कुप्रभाव रहता है। बृहत्संहिता का यह वाक्य यही बतलाता है—

यावन्त्यहानि दृश्यो मासास्तावन्तः फलपाकः। मासं रब्दांश्च वदेत् प्रथमात् पक्षत्रयात्परतः॥

इस उपरोक्त सिद्धान्त का अनुसरण ऊपर दिए गए "धूम्रकेतु फल कोष्ठक" में किया गया है। इस सिद्धान्त के अनुसार सामान्य रूप से हम यह कह सकते हैं कि इस धूम्रकेतु का समस्त विश्व पर कुप्रभाव लगभग २० फरवरी १९८६ ई. से अक्तूबर १९८७ तक रहेगा।

व्यक्तिगत प्रभाव

ऊपर धूम्रकेतु दर्शन के विश्व पर प्रभाव के बारे में निर्देश किया गया है। अब हम विभिन्न व्यक्तियों पर इसके प्रभाव की चर्चा करेंगे—

उपरोक्त उ. फा. से शत. तक के १३ नक्षत्रों में, जिनमें हैली धूम्रकेतु दिखाई पड़ेगा, उत्पन्न जातकों (व्यक्तियों) पर इस धूम्रकेतु का कुप्रभाव पड़ेगा। ये व्यक्ति कलह, रोग, पारिवारिक अशान्ति, पदावनति, धनक्षय, प्रगति में बाधा, विवाद में पराजय, दुर्घटना आदि का शिकार होंगे। इस कुप्रभाव की कालावधि (जिस तारीख से लेकर जिस तारीख तक इसका यह कुप्रभाव रहेगा) वही होगी जो ऊपर दिये गये "धूम्रकेतु फल कोष्ठक में" शतभिषा आदि नक्षत्रों के आगे दी गई है। जैसे—शतभिषा नक्षत्र में उत्पन्न व्यक्ति पर इस धूम्रकेतु का कुफल २० फर. '८६ से १९ मई '८६ तक रहेगा। इत्यादि।

ध्यान रहे—जिन व्यक्तियों की जन्म कुण्डली के अनुसार अशुभ महादशा, अन्तर्दशा, शनि का ढैया या साढ़ेसाती चल रही होगी उन व्यक्तियों पर धूम्रकेतु के इन कुफल के दिनों में विशेष बुरा प्रभाव देखने को मिलेगा। ज्योतिष शास्त्रज्ञों का मत है—जो क्रूर ग्रह वक्र हो वह अधिक कुफल देता है, इस दृष्टि से भी हैली धूम्रकेतु अधिक कुफल देने वाला है क्यों कि यह हमेशा वक्र गति से ही चलता है ("क्रूरा वक्रा महाक्रूराः")। इसके कुप्रभाव को कम एवम् दूर करने के लिए मृत्युञ्जय मन्त्र का दैनिक पाठ, गरीबों को अन्न, वस्त्र, गौ, भूमि आदि का दान तथा यज्ञ करना चाहिए।

जातक ग्रन्थों का कहना है—धूम्रकेतु के उदय के दिनों में उत्पन्न बच्चे के शुभ ग्रहों का प्रभाव कम हो जाता है। फलदीपिकाकार ने तो लिखा है कि केतु उदय के दिनों में जन्म हो तो सभी राज योग समाप्त हो जाते हैं। वैसे—५ जन. '८६ से २९ अप्रै. '८६ तक (२६ जन. '८६ से २३ फर. '८६ तक के काल को जब कि यह धूम्रकेतु सूर्य के प्रकाश में अदृश्य रहता है; छोड़कर) के हैली धूम्रकेतु के स्पष्ट भोगांशों के अनुसार हैली धूम्रकेतु को जातक की जन्म कुण्डली में लगाना चाहिए। इन दिनों में जिस भाव में जातक की कुण्डली में यह धूम्रकेतु होगा उस भाव के लिए यह अच्छा नहीं होगा। ५ जन. '८६ से २९ अप्रै. '८६ तक की हैली धूम्रकेतु के स्पष्ट भोगांश (राशि-अंश) पहिले इसी पंचांग में हम दे चुके हैं।

जिन दिनों में धूम्रकेतु अदृश्य रहता है उन दिनों में उसका कोई प्रभाव नहीं होता—ऐसा शास्त्रकारों का कहना है।

यह हैली धूम्रकेतु कन्या से कुम्भ तक (६ राशियों में) दिखाई देगा, अतः यह सामान्यतया सभी राशि वालों को कुछ न कुछ अशुभ फल अवश्य देगा। हां, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर और कुम्भ राशि तथा उ.फा. से शतभिषा (१३) नक्षत्र वालों के लिये यह विशेष अशुभ कारक होगा।

चैत्र और वैशाख में दिखाई पड़ने वाले धूम्रकेतु का फल कुछ ज्योतिष ग्रन्थों में तो अच्छा लिखा है ("सर्वारम्भ फलप्रदो हि नियतं चैत्रेऽथवा माधवे।" —पराशर) लेकिन अधिकतर संहिता ग्रन्थों में इस मत की चर्चा नहीं है।

विशेष:—लगभग ६ मार्च '८६ से १८ अप्रै. '८६ तक हैली धूम्रकेतु की पूंछ अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक लम्बी और स्पष्ट होगी और इन दिनों में यह धूम्रकेतु चित्रा, स्वाती, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पू.षा. और उ.षा. नक्षत्रों में रहेगा, अतः इन नक्षत्र वाले व्यक्तियों पर इसका सर्वाधिक प्रभाव होगा।

क्योंकि यह धूम्रकेतु तुला, वृश्चिक, धनु और मकर राशि में अधिक स्पष्टता से लम्बी पूंछ के साथ दिखाई देगा। अतः इन राशि वालों के लिए यह विशेष अशुभ फल देने वाला है।

(पृ. ५५ का शेष)

अथ द्वात्रिंशत्तरी मतेन आय-व्यय चक्रम्

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
आय	१४	८	१४	८	११	१४	८	१४	११	५	५	११
व्यय	२	११	८	५	२	८	११	२	८	११	११	८

लाभ-व्यय देखने की रीति—अपनी राशि के लाभ-व्यय अंकों को जोड़ कर उनमें से १ घटाकर, शेष को ८ से भाग देने पर यदि १, २, ६, ७ बचें तो वर्ष में उत्तम लाभ, ३, ४, ५, ० बचें तो लाभ बहुत कम हो, चिन्ता भी रहे।

'इदं वत्सरफलं वत्सरादि-तिथौ शुभम्। यः शृणोति नरो भक्त्या स सुखी वत्सरं भवेत्॥

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

चित्र (१)



सायं सूर्यास्त के लगभग सवा घण्टा बाद
आकाश में हैली धूम्रकेतु की स्थिति

चित्र (२)



सायं सूर्यास्त के लगभग सवा घण्टा बाद
आकाश में हैली धूम्रकेतु की स्थिति

चित्र (२)



प्रातः सूर्योदय से लगभग सवा घण्टा पहिले
आकाश में हैली धूम्रकेतु की स्थिति

हैली धूम्रकेतु का विश्व और आप पर प्रभाव

हैली धूम्रकेतु के बारे में विशेष जानकारी प्राप्त करने के लिए यह पुस्तिका मंगवाइये, इसमें धूम्रकेतुओं के बारे में आपको रोचक ज्ञानवर्धक सामग्री मिलेगी। आधुनिक वैज्ञानिकों एवं प्राचीन भारतीय ऋषियों के केतुओं सम्बन्धी ज्ञान की तुलना भी आप इसमें पढ़ेंगे। अनेकों चित्र देकर धूम्रकेतुओं के बारे में विविध मतान्तरों की समीक्षा की गई है।

मिलने का पता—धर्मसन प्रकाशन
२५९६, नई सड़क, दिल्ली-६

अनुपम पुस्तकें वी. पी. पी. द्वारा मंगवायें

— आपका भाग्यांक, अंगूठी, रत्न और रंग — हर व्यक्ति का भाग्यांक (याने शुभांक) अलग-अलग होता है। विशिष्ट भाग्यांक का महत्त्व, वह व्यक्ति कौन-सी अंगूठी पहने, कौन-सा रत्न इस्तेमाल करे, किस रंग का वस्त्र पहने आदि का पूरा विवरण इस पुस्तक में दिया है। १०)००

शारदा तिलक	१७)००	सौंदर्य-लहरी	८)५०
सौन्दर्य लहरी	८)५०	उड्डीश तंत्र	७)५०
शाक्त प्रमोद	७५)००	दत्तात्रेय तंत्र	६)५०

रुद्रयामलतंत्र	८)००
महेश्वरीतंत्र	६)००
मंत्र और मातृकाओं का रहस्य	२६)००
काली तन्त्र	८)००
मंत्र सिद्धि का उपाय	८)००
गुप्त साधनतंत्र	८।००
तंत्र महाविज्ञान (२ खंड)	४३)००
हिप्नोटिज्म (सम्मोहन विद्या)	११)००

पता—धर्मसन ग्रन्थाकार, नई सड़क, दिल्ली-११०००६

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

आकाशी कौंसिल का विचार (सं. २०४३ वि., सन् १९८६-८७ ई.)

[विश्व की सामाजिक आर्थिक एवं राजनैतिक स्थिति पर ग्रहजन्य प्रभाव का सर्वेक्षण]

★ वर्तमान दशक भारत के लिए आश्चर्यजनक प्रगति, प्रतिष्ठाप्रद सिद्ध होगा। यह वर्ष भी भारत के लिए प्रतिष्ठापूर्ण रहेगा।

★ भारत आत्मनिर्भर एवं सुदृढ़ राष्ट्र बनने के लिए प्रगति की ओर। उद्योगों में प्रगति, भ्रष्टाचार, कालाबाजारी पर विशेष अंकुश।

★ वर्ष का उत्तरार्ध भारत की विदेशनीति के लिए महत्त्वपूर्ण नई सन्धियां एवं अणुशस्त्र निरोध।

★ हैली धूम्रकेतु का विश्व के देशों पर कुप्रभाव, कहीं छत्रभंग, आन्तरिक क्रान्ति, विग्रह, भूकम्प, तूफान से जन-धन हानि।

★ विश्व के कुछ देशों के प्रधान पदों में आकस्मिक परिवर्तन, मानव राष्ट्रों में युद्धशान्ति के प्रयास।

★ वृश्चिक का शनि महान् उत्पात एवं मानव राष्ट्रों में जन-धन-हानि एवं दुर्घटना कारक।

★ संवत् का पूर्वार्ध विशेष ऐतिहासिक घटनापूर्ण, विश्व में आतंकवाद से वातावरण अशान्त।

★ विश्व के अनेक भागों में प्रकृति-प्रकोप, बाढ़, भूकम्प से हानि एवं युद्धमय वातावरण से वातावरण अशान्त।

★ विश्व की महाशक्तियों में शीतयुद्ध, विकासशील देश आर्थिक संकट में, मुस्लिम देशों में अन्तःकलह, राज्यक्रान्ति एवं प्राकृतिक प्रकोप से हानि।

ज्योतिष एक वैज्ञानिक चिन्तन है; कार्य और कारण के मध्य सम्बन्ध का चिन्तन ही तो विज्ञान का चरम लक्ष्य है। ज्योतिष के आधार पर इस विश्व में जो भी घटित हो रहा है, उसका कारण अवश्य है, भले ही हम आज उसका स्पष्टतः कारण बताने में समर्थ न हों। यह तथ्य है कि भविष्य में जो भी घटित होगा, वह अतीत से विच्छिन्न नहीं हो सकता, अर्थात् भविष्य का अतीत से सम्बन्ध अवश्य है। आप कल जो होंगे, वह आज का ही जोड़ होगा, आज तक आप जो हैं वह बीते हुए दिनों का परिणाम है। भविष्य अतीत से ही निकलता है; अतः जो कल होने वाला है; वह किसी सूक्ष्म-अर्थ में कल भी मौजूद होना चाहिए। इसी मौलिक चिन्तन ने पचासवें हजार वर्ष से भी पहले भारत में ज्योतिष-शास्त्र को जन्म दिया था। ज्योतिष एकमात्र नक्षत्रों का अध्ययन ही नहीं है, भविष्य को टटोलने की चेष्टा भी है। यह पूरा ब्रह्माण्ड एकरूप (एक इकाई) है; इसमें से अलग होकर कोई भी वस्तु अस्तित्वहीन हो जाती है, इसमें कोई भी चीज अलग-अलग नहीं, सब संयुक्त होकर ब्रह्माण्ड रूप में दिखाई दे रही हैं। अतः इस ब्रह्माण्ड में कोई भी तारा कितनी ही दूरी पर क्यों न हो, वह जब अपनी स्थिति को बदलता है तो विश्व की परिस्थिति को प्रभावित करता है, सूर्य चाहे कितनी ही दूरी पर हो, जब वह अधिक उत्तप्त होता है तो पृथ्वी के जलवायु एवं प्राणीमात्र की रक्त की धाराओं में विशेष गतिमत्ता आती है, विश्व प्रभावित होता है।

इस प्रकार ज्योतिष-शास्त्र के प्राणभूत ग्रह कोई निष्क्रिय-अग्निपिण्ड नहीं हैं, अपितु वे बहुत ही सक्रिय एवं जीवन्त-संगठन हैं। ग्रहराज-सूर्य की तरंगों में प्रतिपल विलक्षण-रूपान्तरण होते रहते हैं। सूर्य की तरंगों में क्षणिक-रूपान्तरण भी पृथ्वी के प्राणों को कम्पित करता है। इस पृथ्वी पर कुछ भी ऐसा घटित नहीं होता, जो सूर्य पर कुछ घटित हुए बिना यहां घटित हो जाता हो। जब सूर्यग्रहण होता है तो पक्षी जंगलों में गीत गाना चौबीस घन्टा पूर्व ही बन्द कर देते हैं, पूरे ग्रहण के समय तो सारी पृथ्वी मौन हो जाती है, सारे जंगली जानवर भयभीत हो जाते हैं, किसी बड़ी आशंका से त्रस्त मालूम देते हैं। बन्दर वृक्षों को छोड़कर नीचे आ जाते हैं, भीड़ जुटाकर किसी सुरक्षा के उपाय में लगे मालूम देते हैं। बन्दर जो निरन्तर शोरगुल और चंचल-क्रियाकलाप में व्यस्त रहते हैं, वे सब सूर्यग्रहण के समय इतने मौन हो जाते हैं, जितने कि साधु और सन्यासी ध्यान में नहीं होते। स्पष्ट है कि आकाशीय-पिण्डों का विश्व की घटनाओं से कुछ सम्बन्ध अवश्य है,—इस बात को विश्व के अठत्तर प्रतिशत व्यक्ति निस्सन्देह स्वीकार करते हैं; इन अठत्तर प्रतिशत लोगों में सामान्यजन ही नहीं, अपितु इनमें वैज्ञानिक, विचारक और बुद्धिजीवियों का एक बड़ा वर्ग सम्मिलित है।

समय के परिवर्तन के साथ विश्व की परिस्थितियां करवट लेती रहती हैं, इसी से विश्व की घटनाओं को साक्षित्व प्रदान करने वाले इतिहास का जन्म हुआ करता है। विश्व में किंवा व्यक्तिगत जीवन में घटित होने वाली घटनाओं में सफलता किंवा असफलता के परिणामस्वरूप मनुष्य अनेकत्र भाग्य पर इतराता या भाग्य को कोसता भी देखा गया है। आखिर, इस घटनाक्रम को जन्म देने वाली एवं इस जगत् की गतिविधि को संचालित करने वाली कौनसी अदृश्य शक्ति है ?—मनुष्य इसे 'ईश्वरीय प्रेरणा' किंवा 'भवितव्यता' नाम से स्वीकार करता है लेकिन भगवान् श्रीकृष्ण ने इस गतिविधि के मूल में 'कालरूप' में स्वयं को स्वीकार किया है—"कालः कलयतामहम्"। फिर भी तर्कसंगत विश्लेषण एवं अनुसंधान के परिणामस्वरूप कालविधानशास्त्र—ज्योतिष-शास्त्र' ने अघटित घटनाक्रम को जन्म देने में

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

ग्रहजन्य आकर्षण-विकर्षण एवं युतिप्रतियुति को प्रमुखतः कारण माना है। इसमें सन्देह नहीं, कि भूकम्प, भय रोग, विग्रह आदि सभी विश्वजनीन घटनाओं को जन्म देने में 'ईश्वरीय प्रेरणा से संचालित ग्रहों की गति' भी एक महत्त्वपूर्ण कारण है।

ऋग्वेद में पचानवें हजार वर्ष पूर्व ग्रह नक्षत्रों की जैसी स्थिति थी उसका उल्लेख मिलता है। इस प्रकार चिरन्तन काल से महर्षियों द्वारा उपलब्ध इस शास्त्र पर परम्परया चिन्तन होता रहा है। इस शास्त्र के आधार पर अपनी बुद्धि के अनुसार सूक्ष्मग्रह-गति से प्राप्त संकेतग्रह को ही 'भविष्यवाणी' के रूप में प्रतिफलित करके विश्व में घटित होने वाली घटनाओं का चित्र अपने लाखों प्रिय पाठकों के समक्ष उपस्थित करते हुए ५८ वर्ष गौरवपूर्ण व्यतीत हो चुके हैं। **आपके इस लोकप्रिय पंचांग में प्रति वर्ष प्रकाशित आश्चर्यजनक-अविश्वसनीय-भविष्यवाणियों में साधारण वर्ग के व्यक्ति से लेकर भारतरत्न श्री जवाहरलाल नेहरू, श्रीमती इन्दिरा गांधी जैसे महान् ऐतिहासिक महापुरुषों की अभिरुचि रही है। आज भी यह पंचांग सफल—आश्चर्यजनक भविष्यवाणियों के कारण भारत में सर्वोपरि लोकप्रिय है, सूक्ष्मगणित के कारण विद्वान् वर्ग एवं भारत के मूर्धन्य-धर्माचार्यों द्वारा सम्मानित है।** गण्यमान्य नेताओं एवं अन्य सभी पाठकों के लिए यह आपका प्रिय पंचांग विशेष आकर्षण का विषय है।

सूक्ष्मातिसूक्ष्म ग्रहगणित, विद्वत्तापूर्ण लेखों एवं अन्य उपयोगी विषय वस्तु के कारण विद्वद्वर्ग एवं धर्माचार्यों के आशीर्वाद के रूप में जो श्रेय इस पंचांग को प्राप्त हुआ है,—वह गौरव का विषय है एवं हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है।

श्री मार्तण्ड पंचांग की विगत वर्षों की भविष्यवाणियों की संक्षिप्त चर्चा कर देना उचित समझते हैं—

भारत के स्वतन्त्र होने की घोषणा, श्री महात्मा गांधी एवं श्री नेहरू के निधन की भविष्यवाणी, रूस के बुल्गानिन एवं ख्रुश्चेव के अपदस्थ होने की भविष्यवाणी, चीन में चाऊ-माऊ युगान्त की घोषणा, श्री रोगन की सफलता, पाक के विभाजन की भविष्यवाणी एवं समयानुसार सत्तापरिवर्तन की घोषणा, कांग्रेस का विभाजन, जनता पार्टी की विजय एवं पतन की आश्चर्यचकित कर देने वाली भविष्यवाणी तथा पुनः श्रीमती गांधी के नेतृत्व की घोषणा, ईरान-ईराक युद्ध एवं भूतपूर्व एतिहासिक-भूकम्प किंवा प्रलयंकर तूफानों की भविष्यवाणी, इसके अतिरिक्त भारत एवं देशान्तरों में घटित होने वाली असंख्य सफल भविष्यवाणियों की शत-प्रतिशत सफलता का श्रेय आपके इस पंचांग को ही उपलब्ध हुआ है। यद्यपि स्थानाभाव के कारण सभी सफल भविष्यवाणियों को यहां अंकित करना संभव नहीं; पुनरपि नमूने के तौर पर कुछ एक आश्चर्यजनक भविष्यवाणियों सं. २०४१ एवं सं. २०४२ के पंचांग से यह प्रस्तुत कर रहे हैं।

(१) सं. २०४१ में पृ. ३८ पर कालम २ पर पंक्ति ५ से ९ तक स्पष्ट घोषणा की गई थी कि चुनाव संग्राम में 'कांग्रेस ई' की विजय होगी—"**विपक्षीदल अपना बहुमत नहीं बना सकेगा, अन्ततः कांग्रेस(ई) की विजय सुनिश्चित है। ध्यान दें—मिली-जुली सरकार का स्वप्न पूरा होने वाला नहीं, क्योंकि सभी विपक्षियों में एक तालमेल का पूरी तरह अभी योग नहीं रहा। सन् १९८५ मध्य तक पार्टी में विलक्षण उलटफेर होंगे जो कांग्रेस(ई) को और भी मजबूत कर देंगे।** सं. २०४१ में विपक्षीदल धराशाही हो गए। सन् १९८५ में कांग्रेस में समर्थ युवा प्रधानमन्त्री को सत्ता प्राप्त हुई, सभी जानते हैं कि कांग्रेस (ई) की स्थिति में अभूतपूर्व स्थिरता एवं प्रगति हुई है।

(२) भारत के प्रमुख प्रान्तों की चर्चा करते हुए हमने संवत् २०४२ के पंचांग में 'पंजाब' शीर्षक के अन्तर्गत पृष्ठ ३८ पर पंजाब की समस्या हल करने के लिए विशिष्ट व्यक्ति का विश्वास प्राप्त करने' की घोषणा की थी—**शासन को शान्ति स्थापित करने के लिए यहां विशिष्ट व्यक्तियों का विश्वास प्राप्त करना होगा; अन्यथा केन्द्र से वैमत्य बना रहेगा, अन्यथा स्थिति और विषम बन सकती है। अगस्त तक का समय तथा दिसम्बर जनवरी तक का समय केन्द्र के लिए चिन्तनीय है।** इस भविष्यवाणी की सफलता श्री सन्त हरचन्द सिंह लोंगोवाल एवं उनके समस्त सम्प्रदाय का अगस्त में विश्वास प्राप्त कर लेने पर 'पंजाब समस्या' हल हो जाने से स्पष्ट हो गयी है।

(३) सं. २०४२ में पृष्ठ ३५ पर पंक्ति १ से ३ तक हमने स्पष्ट घोषणा की थी कि मई से सितम्बर तक के समय में विश्व को भीषण आपदाओं का सामना करना पड़ेगा। **मई से सितम्बर तक के समय में विश्व के कुछ देशों में समुद्री तूफान, कहीं बर्फानी तूफान, (कहीं) यान दुर्घटना, अग्निकाण्ड व महामारी से भीषण जन-धन की हानि होगी। सितम्बर तक किसी विशिष्ट-व्यक्ति के निधन से शोक व्याप्त होगा।**

इस भविष्यवाणी का ज्वलन्त उदाहरण बंगला देश का भंयकर तूफान है जोकि २७ मई को समुद्रीतल पर आया और लाखों लोगों की जीवनलीला समाप्त हुई। अगस्त में श्री सन्त हरचन्द सिंह लोंगोवाल के निधन से राष्ट्रीय झंडा झुका एवं सारा भारत शोक-ग्रस्त हो गया, मई के बाद अगस्त तक 'कनिष्क विमान' की ऐतिहासिक दुर्घटना, २० सितं. को मैक्सिको के ऐतिहासिक भूकम्प अन्य यान दुर्घटनाओं में भीषण जन-धन की हानि हुई है। इस भविष्यवाणी की सत्यता से फलितशास्त्र की प्रामाणिकता दृढ़ हुई है।

(४) सन् १९८५ ई. की जन्त्री में 'पंजाब' शीर्षक में हमने स्पष्ट लिखा था, कि "सं. २०४२ के अन्तिम चरण में पंजाब में निर्वाचन होंगे। लेकिन कोई एक सम्प्रदाय निर्वाचनों का बहिष्कार करे"—पंजाब में निर्वाचित तो हो ही रहें हैं,—यह आज स्पष्ट हो गया है, आगे की घटना की सत्यता समय बतलाएगा।

(५) संवत् २०४१ के पंचांग में पृ. ३८ पर कालम १ में भारतीय गणतन्त्र की कुण्डली पर विचार करते समय स्पष्ट घोषणा की थी; कि—"राष्ट्रीय जीवन के हर पहलू पर **भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए विशेष व्यवस्था बनेगी,.....देश का कुशल नेतृत्व सभी समस्याओं को बड़ी बुद्धिमत्ता से हल कर लेगा,—ऐसा ग्रह स्थिति से संकेत मिलता है।**"

(६) सं. २०४२ के पंचांग में पृ. ३५ कालम १ पर 'ग्रह स्थिति का विश्व पर प्रभाव' शीर्षक के अन्तर्गत विश्व में परमाणु-होड़ की चर्चा इस प्रकार थी;—"**अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में हथियार खरीदने की दौड़ लगी रहेगी; विश्व परमाणु-युद्ध की ओर सरकता जाएगा; दक्षिण दक्षिण-पूर्व और मध्य एशिया के देशों में दो बड़ी शक्तियों के बीच अपना प्रभाव-क्षेत्र बढ़ाने की होड़ लग जाएगी, जिसका दुःखद परिणाम वि. सं. २०५५ से वि. सं. २०५६ के मध्य स्पष्ट देखा जा सकेगा।**" स्पष्ट है कि पाकिस्तान एवं अन्य विकासशील देश भी परमाणु-शस्त्र बनाने में लगे हैं। रूस-अमरीका, ये दो महाशक्तियां अणु-शक्ति सम्पन्न हैं, परमाणु-शस्त्रों के निर्माण पर हमारे प्रधानमन्त्री श्री राजीव गांधी ने भी भारी चिन्ता व्यक्त की है।

(७) 'भारत का वायु-मण्डल व वर्षा' शीर्षक के अन्तर्गत इस वर्ष भयंकर बाढ़ की सूचना एक वर्ष पूर्व निम्नांकित शब्दों में दी थी;—"३१ मई को शनि-केतु का सम्बन्ध एवं १५ जुलाई से तुलास्थ शनि का मंगल के साथ दृष्टि सम्बन्ध ३१ अगस्त तक देश के कुछ प्रान्तों में

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

वर्षा की भारी कमी एवं कुछ प्रान्तों में जल-थल एक होने से विनाशलीला का दृश्य उपस्थित करेगा, विद्युत संकट बढ़ेगा। पंजाब में जालन्धर, होशियारपुर में ऐतिहासिक बाढ़ से भयंकर जन-धन-हानि हुई है एवं भारत के कुछ अन्य प्रान्तीय भागों से भी क्षति के समाचार मिले हैं। पहिले हिमाचल प्रदेश का कुछ भाग एवं अन्य कुछ प्रान्तों के भाग सूखा-ग्रस्त भी घोषित करने पड़े थे। पंजाब, हरियाणा में बिजली का संकट बना रहा।

विज्ञ पाठक वृन्द को हम यह स्पष्ट कर देना ठीक समझते हैं, कि श्री मार्तण्ड पंचांग में की गई भविष्यवाणियों की सफलता ऋषि-मुनियों, धर्माचार्यों के आशीर्वादों एवं जनता-जनार्दन के सौहार्द का ही परिणाम है, इन सब सफलताओं का गौरव पाठकों को है जो भारत के विभिन्न प्रान्तों से पत्रों द्वारा सफलता पर बधाई देकर हमारा उत्साह बढ़ाते रहे हैं एवं हमें प्रति वर्ष ग्रह-गति-जन्य संकेतों के आधार पर कुछ न कुछ भविष्य-कथन के लिए प्रेरित करते रहते हैं। अब हम सं. २०४३ की ग्रह-गति का पूरी तरह चिन्तन करके आगे घटित होने वाले घटना-चक्र पर संक्षेपण कुछ लिखना प्रासंगिक समझते हैं।

सं. २०४३ की ग्रह-स्थिति का विश्व पर प्रभाव

उत्तर—विभिन्न मुहूर्त्त ग्रंथों में कुछ कूटों के मिलान गुणों में ½ से १½ तक का अन्तर मिलता है;—यह ग्रंथकारों के मतभेद के कारण ही है। वैसे १½ गुण का अन्तर नगण्य ही है गण, नाड़ी, षडष्टक आदि प्रमुख कूट दोष यदि न हों, या उनके परिहार मिल गए हों तो १६ या १४½ गुण मिलने पर मिलान ठीक समझना चाहिए, अन्यथा १६ या इससे अधिक गुण मिलने पर भी मिलान दोष पूर्ण ही होगा। कहने का अभिप्राय यह है, कि—यदि नाडी आदि प्रमुख कूट दोष या दोषों का अभाव है या परिहार मिलजाए तो मेलापक सारणियों में मिलने वाले १ या १½ गुण के अन्तर के आधार पर मिलान को रद्द नहीं किया जा सकता। यदि ये प्रमुख दोष या इनमें से कोई एक दोष पूरी तरह विद्यमान हो तो भी विभिन्न मेलापक सारणियों से उपलब्ध गुणों में १ या १½ गुण के अन्तर को देखकर मिलान को निर्दोष नहीं कहा जा सकता। इस प्रकार १ या १½ गुण का अन्तर मिलान की ग्राह्यता या अग्राह्यता पर कोई प्रभाव नहीं डालता, यह स्पष्ट है।

ध्यान रहे—धनु और मकर द्विदेह राशियाँ हैं, मुहूर्त्तग्रन्थों में वश्यकूट के निर्णय के लिए इनके पूर्वार्ध और उत्तरार्ध का अलग-अलग विचार है। लेकिन अधिकतर ज्योतिषी लोग और पंचांगकार ऐसा नहीं करते, जिससे कभी ½ कभी १, कभी १½ और कभी २ गुणों का भी अन्तर उत्पन्न हो जाता है। इसी प्रकार मिलान में योनि के निर्णयकूट के लिए अभिजित नक्षत्र का भी विचार करना होता है। लाघव के लिये ज्योतिषी लोग अक्सर इसकी भी उपेक्षा करते हैं, जिससे भी मिलान में दो गुणों तक का अन्तर उत्पन्न हो जाता है। इस प्रकार स्पष्ट है—उपरोक्त करणों से केवल १½ गुणों का ही नहीं अपितु इससे भी अधिक अन्तर मिलान में उपलब्ध होता है।

प्रश्न—ग्रह की वक्रगति ऋण (—) और मार्गगति धन (+) मानी जाती है। जिस दिन कोई ग्रह वक्र होता है, उस दिन कुछ काल तक वह ग्रह पहले मार्गगति से और बाद में वक्रगति से चलता है। इसी प्रकार ग्रह जिस दिन वक्र से मार्गी होता है उस ग्रह की कुछ समय तक गति वक्र और कुछ समय तक मार्गी होती है। पंचांग में उस दिन की उस ग्रह की मार्ग और वक्र गति पृथक्-पृथक् नहीं दी होती; क्या उस दिन की पूरी ग्रहगति मार्गमानी जाए या वक्र?

उत्तर—यह ठीक है कि—जिस दिन ग्रह वक्री होता है उस दिन पहले कुछ समय मार्गगति से चलकर दिन के किसी क्षण पर वह स्थिर होकर उसी समय वक्रगति से चलने लगता है। पंचांगों में उस दिन की उस ग्रह की मार्ग और वक्र गतियां पृथक्-पृथक् नहीं

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अशुभ बतलाते हैं,—"ग्रहेरवीन्द्वोरवनिप्रकम्पे केतूद्गमोल्कापतनादिदोषे। त्यजेद्दशाहानि वदन्ति तज्ज्ञास्त्रयोदशाहानि वदन्ति केचित् ॥" धर्मसिन्धुकार खग्रास चन्द्रग्रहण होने पर द्वादशी तिथि से लेकर तृतीया तिथि के अन्त तक शुभकार्यों को वर्जित मानते हैं। "मंगल कार्येषु पूर्णग्रासे चन्द्रग्रहे द्वादश्यादि तृतीयान्तं दिन सप्तकं वर्ज्यम् ॥" इस प्रकार धर्मसिन्धुकार खग्रास चन्द्रग्रहण के बाद तीन दिन अशुभ मानते हैं। हारीत तो ग्रहण के बाद विवाह के लिये केवल ? दिन को ही अशुभ बतला रहे हैं,—"एक रात्रि त्रिरात्रि च सप्तरात्रं तथैव च। विवाह व्रतयात्रासु वर्जयेद् राहु दर्शनात् ॥" हारीत का यह एकमात्र वाक्य जो ग्रहण परवर्ती काल एक ही दिन को विवाह के लिये त्याज्य बतला रहा है, शेष सभी आचार्यों और ऋषियों के वाक्यों से समन्वय नहीं रखता। अतः हारीत के इस वाक्य को पादाल्प ग्रास वाले ग्रहण के विषय में ही लागू करना चाहिए; अन्यथा सर्वग्रास ग्रहण के अनन्तर सात या आठ दिन अशुभ बतलाने वाले अनेक वाक्य व्यर्थ हो जायेंगे। अधिकतर ऋषि और आचार्य तो सम्पूर्ण ग्रहण होने पर परवर्ती सात या आठ दिनों को ही अशुभ मानते हैं। धर्मसिन्धुकार ने खग्रास चन्द्रग्रहण के पूर्व एवं परवर्ती तीन-तीन दिनों तथा ग्रहण वाले दिन को अशुभ लिखा है। धर्मसिन्धुकार का यह मत भी अत्यावश्यकता में ही प्रवृत्त होता है। 'तत्त्वविवेककार' ने भी अत्यावश्यकता में सभी प्रकार के ग्रहणों की स्थिति में ग्रहण से पहला एक दिन; ग्रहण वाला दिन और ग्रहण से परवर्ती केवल तीन दिन ही शुभकृत्यों में त्याज्य लिखे हैं। —"प्रागेकाह्नस्त्र्यहं पश्चात्तद्दिनं ग्रहणस्य च। त्यजेद् गत्यन्तराभावे सर्वग्रासेऽपि कर्मणाम् ॥" —इस प्रकार उपरोक्त सभी मतभेदों का समन्वय एकमात्र इसी से हो सकता है कि खग्रास होने पर विकल्पान्तर के अभाव में ग्रहण से पूर्व एक दिन, ग्रहण वाला दिन एवं ग्रहण के बाद के कम से कम तीन दिन तो शुभकृत्यों में छोड़े ही जाएं। इसी सिद्धान्त के अनुसार वैशाख शुक्ल पूर्णिमा शनिवार (सं. २०४३) के खग्रास चन्द्र ग्रहण के बाद के तीन दिन (२३, २४ और २५ वैशाख) तो विवाहादि कृत्यों के लिए अशुभ माने ही जायेंगे। इसीलिये इन दिनों में हमने कोई विवाह आदि शुभकृत्य का मुहूर्त्त अपने पंचांग में नहीं लिखा। कुछ पंचांगकारों ने अपने पंचांगों में इन दिनों में विवाहादि मुहूर्त्त लगाए हैं; हम उन्हे शास्त्र सम्मत नहीं मानते।

दूसरी बात यह भी समझलेनी चाहिए, कि—यदि ग्रहण ग्रस्तोदय हो तो ग्रहण-शूल केवल परवर्ती तीन दिन तक ही होता है। अर्थात् सब शुभकृत्यों में केवल ग्रहण के तीन दिन ही वर्जित किये जाते हैं। ग्रहण से पूर्ववर्ती दिन इस इसस्थिति में ग्राह्य रहते हैं, और इसी तरह ग्रस्तास्त ग्रहण होने पर ग्रहण से पूर्ववर्ती तीन दिनों में ही शुभकृत्यों को वर्जित करने का निर्देश है। गुरु का वाक्य है, —"ग्रस्तास्ते त्रिदिनं पूर्वं पश्चाद् ग्रस्तोदये तथा।" ग्रहण वाला दिन तो सभी स्थितियों में शुभकृत्यों के लिये वर्जित है ही।

प्रश्न—मैंने अपने बच्चे की कुण्डली स्वयं तैयार की, उसमें जन्म-लग्न वृश्चिक है। एक दिल्ली के ज्योतिषी ने धनु लग्न बताया है। लेकिन 'मार्त्तण्ड पंचांग' में दी गई सारणियों से वृश्चिक लग्न ही सिद्ध होता है;—ऐसा क्यों ?

—श्री रमेश मिश्र, A.G. Office, (शिमला)

उत्तर—आकाश में लग्न और ग्रहों के भोगांश (Longitudes) दो विभिन्न बिन्दुओं से मापे जाते थे। एक बिन्दु स्थिर बिन्दु है जो आकाशस्थ तारो से लगभग सम्बद्ध है। क्योंकि तारे चलते नहीं, अतः इस बिन्दु को "स्थिर बिन्दु" कहा जाता है। इस मत के अनुसार जो मेषारम्भ बिन्दु (क्रान्तिवृत्त का प्रारम्भ बिन्दु=Zero Point है उसे 'स्थिरारम्भ बिन्दु' कहा जाता है। दूसरा बिन्दु 'वसन्त सम्पात' से सम्बद्ध है इसे चल बिन्दु कहते हैं। क्योंकि 'वसन्त सम्पात' प्रतिवर्ष लगभग ५० विकला पश्चिम की ओर खिसकता जाता है; इस मतानुसार वसन्त सम्पात को 'चलमेषारम्भ बिन्दु' कहा जाता है। स्थिरारम्भ बिन्दु से मापे गये लग्न और ग्रहों की स्थिति को निरयण स्थिति या Sidereal Position और चलारम्भ बिन्दु से मापी गई लग्न ग्रहों की स्थिति को सायन स्थिति या Tropical Position कहा जाता है। सायन और निरयण-स्थितियों के अन्तर को ही अयनांश कहा जाता है। निरयण स्थिति में अयनांश जोड़ने पर सायन स्थिति बन जाती है। आज कल (सन् १९८५ ई.) में अयनांश ३२°-३९' है। भारतीय ज्योतिष और भारतीय पंचांगों में लग्न और ग्रहों के भोगांश (राशि आदि) निरयण ही होते हैं, जबकि पाश्चात्य ज्योतिष और पंचांगों में सायन का ही प्रयोग होता है।

हमारे श्रीमार्त्तण्ड पंचांग में अयनांश का मान दैनिक ग्रहस्पष्टों के ऊपर प्रत्येक मास को पहली तारीख के लिये लिखा रहता है। स्पष्ट है, आपके बच्चे की जन्मपत्री उस ज्योतिषी ने सायन पद्धति से ही बनाई है।

प्रश्न—क्या कारण है, कि—सं. २०४१ में आश्विन कृष्ण चतुर्दशी सोमवार के दिन पिहोवा में फल्गु का मेला मनाया गया, जबकि यह मेला सोमवती आश्विन अमावस्या को ही हुआ करता है ?

—श्री विश्वामित्र शर्मा, ढोल (कुरुक्षेत्र)

उत्तर—फल्गु मेले पर लोग "पितृश्राद्ध" करते हैं, अतः मध्याह्न व्यापिनी सोमवती आश्विन अमा के दिन ही यह मेला लगता है। सं. २०४१ में आश्विन कृष्ण चतुर्दशी सोमवार के दिन ही अमावस्या मध्याह्नकाल में विद्यमान् थी;—यही कारण है कि उस दिन फल्गु मेला मनाया गया। एकोद्दिष्ट श्राद्ध मध्याह्नकाल में ही किया जाता है। दिनमान के तीसरे पञ्चमांश को मध्याह्नकाल माना जाता है। ध्यान रहे—स्नानदान के लिये तो उदय व्यापिनी सोमवती अमा. को ही स्वीकार किया जाता है।

प्रश्न—(१) दग्धादोष मध्यप्रदेश में और युतिदोष गौड़ देश में वर्जित है,—ऐसा मुहूर्त्त ग्रंथों में निर्देश है। क्या इन दोषों को अन्य प्रदेशों में भी वर्जित करना चाहिए ?

(२) दग्धा तिथि में क्या विवाह किया जा सकता है ? तिथिक्षय और तिथिवृद्धि का दोष विवाहादि मुहूर्त्तों में आप क्यों नहीं मानते ?

(३) मृत्युपंचक-बुधवार को सन्ध्याकाल में त्याज्य है। आप इसे सभी वारों को सभी कालों में त्याग देते हैं ? क्या कारण है ?

—पं. मूलचन्द जी ज्योतिषी, म. नं. ३२४८, राजपुरा (पंजाब)

उत्तर—(१) प्रदेश भेद से दग्धा-युति, वेध आदि दोषों को विवाहादि मुहूर्त्तों में अग्राह्य बतलाने वाले अनेक शास्त्र-वाक्यों की अपेक्षा करते हुए भारतीय पंचागकार और ज्योतिषी इन दोषों को सभी प्रदेशों में अग्राह्य मानते हैं; इसके निम्नांकित तीन कारण हैं—

(i) पहिला कारण तो यह है कि—अनेक मुहूर्त्त ग्रंथों में प्रदेश भेद से इन दोषों की अग्राह्यता की चर्चा नहीं है। उनमें सामान्य रूप से इन्हें वर्जित लिखा है।

(ii) दूसरा कारण यह है, कि—एक मुहूर्त्तग्रंथ में जिस दोष को किसी विशेष प्रदेश में वर्जित लिखा है, दूसरे ग्रंथ में उसी दोष को किसी दूसरे ही प्रदेश या प्रदेशों में वर्जित कहा है। जैसे—लत्ता दोष को मुहूर्त्त चिन्तामणि में सौराष्ट्र और शाल्व प्रदेश में वर्ज्य लिखा है। (सौराष्ट्र शोल्वेषु च लत्तितं भम्)। लेकिन 'विवाह पटल' में उसे मालव

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

में ही वर्ज्य कहा है (रत्ना मालवके देशे)। और भी देखिए—आचार्य वराहमिहिर ने वेधदोष को केवल विन्ध्य प्रदेश में अग्राह्य लिखा है, (वेधदोषस्तु विन्ध्यारन्ये देशे नान्येषु केचन)। परन्तु 'विवाह पटल' उसे सभी प्रदेशों में अग्राह्य बतलाता है—(एकार्गलं तु काश्मीरे वेधं सर्वत्र वर्जयेत्)।

(iii) तीसरा कारण यह भी है—इन दग्धायुति आदि दोषों को जिन मध्यदेश, शाल्व, उत्कल, द्विगर्त, कोंकाण, गौण आदि प्रदेशों में अग्राह्य लिखा है, उन प्राचीन प्रदेशों की सीमाएं कहां से कहां तक है—यह यथार्थरूप में निर्धारण आजकल के भूगोल-शास्त्री भी नहीं कर सकते। हाँ, बहुत स्थूल रूप से तो वे उनकी सीमायें बतला देते हैं परन्तु ऐसा स्थूल रूपेण सीमा निर्धारण ज्योतिषियों के विवाद का ही कारण बनता है।

उल्लिखित तीन कारणों से वैमत्य और अनिश्चय के शिकार ज्योतिषियों ने मुहूर्त्तों में किसी भी प्रकार के विवाद को समाप्त करने के लिए यही निर्णय किया, कि इन दोषों को सभी प्रदेशों में समान रूप से अग्राह्य मान लिया जाय। मैं समझता हूं, उनका यह निर्णय बुद्धिमत्तापूर्ण है। मुहूर्त्तग्रन्थों में इन दग्धा आदि दोषों के परिणाम भयावह लिखे गए हैं, इसलिए भी ज्योतिषी और पंचांगकार सुरक्षा की दृष्टि से सभी प्रदेशों में विवाहादि शुभ कार्यों में इन दोषों की उपेक्षा करना उचित नहीं समझते। मांगलिक कृत्यों को किसी भी प्रकार के सन्देहास्पद दुष्परिणाम से भी दूर रखने की दृष्टि से सभी प्रकार के सम्भव दोषों को मुहूर्त्तों से अछूता रखने की ज्योतिषियों की यह प्रवृत्ति वस्तुतः प्रशंसनीय है। जो ग्रहस्थिति किसी एक प्रदेश में परम्परया दोषकारक बनती नजर आ रही हो उसे अन्य-प्रदेशों में दुष्परिणाम का कारण न मानना भी तर्कसंगत नहीं है, वह दूसरे प्रदेश में भी कुछ न कुछ दुष्परिणाम तो देगी ही। इसमें सन्देह नहीं है कि—प्राचीन काल में दग्धा आदि दोष प्राचीन मध्यप्रदेश आदि प्रान्तों में ही परम्परया वर्जित होते थे लेकिन यातायात के साधनों के क्रमिक विकास के कारण धीरे-धीरे भारत के सभी प्रदेशों के लोगों के परस्पर अधिक सिश्रण से इन दोषों को अन्य प्रदेशों के ज्योतिषियों ने भी सुपरीक्षा अनन्तर अपने प्रदेशों मे भी अग्राह्य मान लिया। अब भी ऐसे मुहूर्त्त सम्बन्धी दोष हमें मिलते हैं जो परम्परया भारत के किसी या किन्हीं प्रदेशों में ही वर्जित किए जाते हैं, लेकिन फिर भी उन प्रदेशों के पार्श्ववर्ती प्रदेशों में उन दोषों की वर्ज्यता के बारे में मतभेद मुहूर्त्तशास्त्रियों मे होता देखा गया है।

(२) केन्द्र या त्रिकोण में गुरु-शुक्र या बुध यदि विवाह लग्न में हों तो दग्धातिथि, तिथिक्षय और तिथिवृद्धि के दोष दूर हो जाते है,—ऐसा मुहूर्त्तकार मानते हैं। 'मुहूर्त्त-चिन्तामणि' का यह वचन इसमें प्रमाण है,—"अब्दायनर्तु-तिथि-मास-म-पक्ष-दग्ध; तिथ्यन्ध-काण-बधिरांगमुखाश्च दोषाः। नश्यन्ति विद्गुरु-सितेष्विह केन्द्रकोणे, तद्वच्च पापविधुयुक्त-नवांश दोषाः॥"—इसमें स्पष्ट निर्देश है, कि—केन्द्र या त्रिकोण में गुरु-शुक्र या बुध होने पर ही तिथिक्षय, तिथिवृद्धि और दग्धातिथि मे मुहूर्त्त लगा दिए जाते हैं।

(३) मृत्युपंचक (मृत्युबाण) को यद्यपि मुहूर्त्तकारों ने बुधवार के दिन सन्ध्याकाल में अग्राह्य लिखा है फिर भी नितान्त अशुभफल कारक (मृत्युकारक) होने से इसे सभी वारों को सभी कालों में विवाहकृत्य के समय ज्योतिषी लोग त्याज्य मानते हैं, भारत के सभी पंचांगकारों में व्यापक परम्परा से मृत्युबाण प्रत्येक स्थिति में अशुभ माना जाता है। हाँ, आवश्यकता की स्थिति एवं विकल्पान्तर के अभाव में बुधवार और सन्ध्याकाल को छोड़कर शेषवारों तथा काल में मृत्युबाण में भी विवाह किया जा सकता है। यह बात "सन्ध्ययोः मृत्युः·····दिवि मृतिः" मुहूर्त्तचिन्तामणि के इस वाक्य से समर्थित तो है फिर भी इसके घातक कुफल को दृष्टि में रखते हुए ज्योतिषी लोग मृत्युबाण के इस परिहार वाक्य का भी आदर करने का साहस नहीं करते।

प्रश्न—आपके 'मार्त्तण्ड पंचांग' में दिए गए अयनांश और अन्य पंचांगों में दिए अयनांशों में कुछ विकलाओं का अन्तर है,—इसका क्या कारण है?

—श्री के. पी. सरल, पाटन पोल, कोटा (राज.)

उत्तर—हमारे पंचांग में दिए गए अयनांश स्पष्ट (धूनन संस्कार-संस्कृत) है। कुछ पंचांगकार स्पष्ट न लिखकर मध्यम अयनांश लिखते हैं। वसन्त सम्पात बिन्दु, जहां से अयनांश मापा जाता है, मध्यममान से प्रतिवर्ष लगभग ५० विकला पश्चिम की ओर खिसकता रहता है लेकिन पृथ्वी के अक्ष के विचलन से, जो सूर्य और चन्द्रमा से उत्पन्न विक्षोभ से होता है, सम्पात बिन्दु की यह गति कुछ विकलाएं न्यूनाधिक होती रहती है,—इस विचलन को ही धूनन कहा जाता है। धूनन संस्कार के बिना वसन्त सम्पात की वास्तविक स्थिति नहीं जानी जा सकती। अतः धूनन संस्कार करने पर ही अयनांशतुल्य वेधसिद्ध होते हैं।

प्रश्न—विभिन्न पंचांगों के स्पष्ट ग्रहों और तिथि नक्षत्र आदि काल में भी अन्तर दिखाई देता है। स्पष्टचन्द्र और दैनिक नक्षत्रों में विकलाओं और मिनटों के अन्तर से दशा-अन्तर्दशा में कई दिन का अन्तर आ जाता है। —श्री के. पी. सरल, पाटन पोल, कोटा

उत्तर—इस अन्तर का कारण अनेक संस्कारों की, जो ग्रहों में दिए जाते है, उपेक्षा है, हम लगभग सभी संस्कार ग्रहों में देते हैं। ध्यान रहे—जिसकी परम सूक्ष्मता आप चाहते हैं, उतनी सूक्ष्मता से तो जातक ग्रन्थ भी फलादेश नहीं कह पाते। दशा-अन्तर्दशा में कुछ दिनों का अन्तर फलादेश के क्षेत्र में नगण्य है।

प्रश्न—२१ मार्च को रात-दिन बराबर-बराबर (१२-१२ घन्टे के) होते हैं, लेकिन दैनिक समाचार पत्रों में प्रतिदिन प्रकाशित होने वाले सूर्योदय और सूर्यास्त-काल के अनुसार २१ मार्च के दिन सूर्योदयास्त काल का अन्तर १२ घन्टा ७ मिनट के लगभग है —ऐसा क्यों? —प्रो. सुरेश शर्मा, एम. ए., गवर्नमेण्ट कालेज, सोलन (हि.प्र.)

उत्तर—सूर्यबिम्ब का केन्द्र जब वस्तुतः पूर्वक्षितिज में होता है उस समय को ज्योतिष-शास्त्रीय Astronomical सूर्योदय कहते हैं। इसी प्रकार जब सूर्य बिम्ब का केन्द्र वस्तुतः पश्चिम क्षितिज में लगा होता है उसे ज्योतिष-शास्त्रीय सूर्यास्त कहा जाता है। २१ मार्च को ज्योतिष-शास्त्रीय सूर्योदय और सूर्यास्त का अन्तर यदि हम कुछ सेकेण्डों की उपेक्षा कर दें तो सिर्फ १२ घन्टे ही होता है। लेकिन हमारी पृथ्वी चारों ओर से घने वातावरण से घिरी है। अतः सूर्यबिम्ब का ऊर्ध्वबिन्दु (Sun's upper Limb) किरण वक्री भवन (Refraction) के कारण ज्योतिष-शास्त्रीय सूर्योदय से ३ से ४ मिनट पहिले ही पूर्व क्षितिज में दिखाई देने लगजाता है। लेकिन इस समय वास्तविक सूर्य केन्द्र पूर्वी क्षितिज से लगभग ४७' (लगभग ¾ अंश) नीचे ही होता है। इसी प्रकार किरण वक्री भवन के ही कारण ज्योतिष-शास्त्रीय सूर्यास्त के ३ से ४ मिनट बाद भी सूर्यबिम्ब का ऊर्ध्वबिन्दु पश्चिमी क्षितिज में लगा दीखता रहता है जबकि इस समय वास्तविक सूर्यकेन्द्र पश्चिमी क्षितिज से लगभग ४७' नीचे खिसक चुका होता है। इस तरह स्पष्ट है—किरण वक्री भवन-संस्कृत अर्थात् (दृश्य) सूर्योदय ज्योतिष-शास्त्री सूर्योदय से ३ से ४ मिनट पहिले तथा किरण वक्री

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

समस्यायें तथा समाधान

यह स्तम्भ इतना लोकप्रिय हुआ है, कि—असंख्य जिज्ञासु पाठकों की समस्यायें हमें इस वर्ष इस स्तम्भ के लिये प्राप्त हुई हैं। इनमें से चुनकर महत्त्वपूर्ण प्रश्नों का ही हम उत्तर दे रहे हैं। अनेक जिज्ञासुओं के प्रश्नों का समाधान हम अगले वर्ष के पञ्चाङ्ग में देंगे। यहां अनेकत्र विस्तारपूर्वक समस्याओं के समाधान दिए गए हैं, ताकि पाठकों की समस्यायें पूरी तरह निवृत्त हो जाएं। इस स्तम्भ के लिये लिखे गये पत्र के ऊपर "समस्याये और समाधान स्तम्भ के लिए" ऐसा अवश्य लिखें। —सम्पादक

लेखक—**प्रियव्रत शर्मा**

प्रश्न—पंचांग में दी गई प्रतिवर्ष छपने वाली दैनिक लग्नसारणी से ज्ञात किये गये किसी लग्न के समाप्ति काल के समय स्पष्ट सूर्य करके जब हम आपके ही पंचांग में (अन्यत्र) दी गई लग्नसारणी से इष्टकाल द्वारा लग्न के अंशादि स्पष्ट करते हैं तब उस लग्न की समाप्ति के पूरे अंशादि अनेक बार उपलब्ध नहीं होते, उसमें कुछ कलाओं, कभी-कभी एक अंश तक का भी अन्तर पाया जाता है;— क्या कारण है ?

—आचार्य गणपति, बम्बई

उत्तर—ये दैनिक लग्न-सारणियां कुछ वर्ष पूर्व के ईस्वी, सन् के लिये बनाई गई हैं; उस वर्ष के लिये ये सर्वथा शुद्ध थीं। यह तो आप जानते ही हैं कि किसी भी स्थल पर किसी भी लग्न के स्पष्ट राश्यादि वहां के सूर्योदयादिष्टकाल और तात्कालिक स्पष्ट सूर्य पर निर्भर करते हैं। क्योंकि प्रतिवर्ष उसी अंग्रेजी तारीख या प्रविष्ठा को उसी समय स्पष्ट सूर्य यद्यपि सामान्यतया अपरिवर्तित ही रहता हैं फिर भी उसमें एक लीपवर्ष से दूसरे लीपवर्ष तक (चार वर्षों के भीतर) कुछ-कुछ (१५-१५ के लगभग कला का) अन्तर बढ़ता रहता है, हां चौथे वर्ष उसी तारीख को उसी समय वह एकदम समाप्त हो जाता है और लौटकर फिर लगभग वही हो जाता है। अतः चार-चार वर्षों की अवधि में इन दैनिक लग्नसारणियों में दिये गए लग्न समाप्ति कालों में ३-३ मिनट तक का अन्तर उत्पन्न होकर चौथे वर्ष में वह अन्तर समाप्त होता रहता है। हां, अयनांश के प्रतिवर्ष ५० विकला बढ़ते रहने के कारण इन सारणियों में Gregorian-Calendar (अंग्रेजी महीनों की तारीखों) के हिसाब से प्रत्येक लगभग ७१ वर्षों में लगभग ४ मिनट का अन्तर तो उत्तरोत्तर बढ़ता ही रहेगा। अतः २०-२५ वर्ष बाद इन दैनिक लग्नसारणियों को पंचांगकारों द्वारा शुद्ध किया ही जाना चाहिए।

प्रश्न—(१) किस ग्रहयोग में उत्पन्न व्यक्ति (जातक) को पक्षिपालन से लाभ होता है ?

(२) किस ग्रहस्थिति में उत्पन्न जातक विषैली चीजों (कीटनाशक आदि औषधियों का व्यापारी बनता है, और विषैले जन्तु पालने से लाभान्वित होता है ?

—पं. चतुर्वेदी नवीन, जैंत आगरा

उत्तर—(१) पक्षी द्रेष्काण में यदि लाभेश या द्रव्येश बली होकर स्थित हो तो जातक को पक्षी सम्बन्धी व्यापार [कुक्कुट पालन (Poultry)] आदि से लाभ होता है।

(२) सर्प द्रेष्काण में यदि जातक का लाभेश या द्रव्येश बलवान होकर पड़ा हो तो विषैली औषधियों (D.D.T.) आदि के व्यापार से उसे लाभ मिलता है। यदि बलवान् राहु लाभ या द्रव्य स्थान में पड़ा हो तो भी यह योग बनता है। इन योगों में जातक की सर्पादि विषैले जन्तुओं के पालन में भी रुचि हो सकती है और इससे उसे लाभ भी होगा।

प्रश्न—वि. सं. २०४२ में वैशाख प्रविष्टा २५ (ज्येष्ठ कृ. ३ मंगलवार) को विवाह नक्षत्र मूल में आपने ग्रहण दोष के कारण विवाह मुहूर्त्त को अशुद्ध लिखा है। लेकिन पंजाब के एक अन्य पंचांग में इस दिन विवाहमुहूर्त्त का लग्न लगा दिया है;—क्या यह ठीक है ?

—पं. श्री जयराम शर्मा शास्त्री, मु. बांजण, सोलन (हि. प्र.)

उत्तर—वैशाख प्रविष्टा २३, २४, २५ (५, ६, ७ मई १९८५ ई.) को ग्रहणशूल दोष होने के कारण विवाहादि शुभकृत्य नहीं हो सकते; क्योंकि २२ वैशाख को खग्रास चन्द्रग्रहण है। खग्रास सूर्य या चन्द्रग्रहण के अनन्तर तो धर्मशास्त्रकारों ने ७ एवं ८ दिन तक शुभकृत्यों का निषेध किया है। 'शार्ङ्गीय विवाह पटल' का वाक्य है—**"सर्वग्रासे दिनान्यष्टौ शुभकार्येषु वर्जयेत्। त्रिभागोने षट्दिवसान् अर्धग्रासे चतुर्दिनम्॥ चतुर्थांशे त्रिरात्रं तु ग्रहणे चन्द्र-सूर्ययोः।"** नारद का भी वचन है—**सप्ताहं निखिलग्रहे"**। दीपिका-कार कहते हैं:—**"अनिष्टे त्रिविधोत्पाते सिंहिका-सुत-दर्शने। सप्तरात्रं न कुर्वीत यात्रोद्वाहादि मंगलम्॥"** गर्ग का यह वाक्य भी ग्रहण के बाद एक सप्ताह को अशुभ कहता है,— **"सूर्यचन्द्रोपरागौ द्वौ महादोषावुभौ स्मृतौ। सप्तरात्रं तयोरूर्ध्वं सर्वशोभन-नाशनम्॥** आष्टिषेण का यह वाक्य भी सामान्यतया ग्रहण के अनन्तर एक सप्ताह को ही त्याज्य बतलाता है,—**"ग्रहणात् त्रिदिनपूर्वं परतो दिन सप्तकम्।"** लेकिन मीमांसक लोग दीपिका आदि के इन सामान्य वाक्यों को खग्रास ग्रहण विषयक ही मानते हैं। मुहूर्तचिन्तामणिकार भी ग्रहण के अनन्तर सात दिन अशुभ बतलाते हैं,—**"ग्रहणतः पूर्वं दिनानां त्रयम्। उत्पात ग्रहतोऽद्यहांश्च·····"** (उत्पातात् ग्रहतः (ग्रहणात् च) परम् अद्यहान्=सप्त-दिनानि, वर्जयेत्—इति शेषः)। यहां पर भी "सर्वग्रास ग्रहण" के बारे में ही मुहूर्त-चिन्तामणिकार 'सात दिनों' को अशुभ कहते हैं,—ऐसा समझना चाहिए। क्योंकि—मुहूर्त-चिन्तामणिकार ने ही **"पूर्वं परस्तादुभयोस्त्रिघस्रा परतोऽस्तगे वाऽभ्युदितेऽर्धखण्डे"**—इस वाक्य में अर्धग्रास ग्रहण के बाद तीनदिन ही अशुभ लिखे हैं। —ऐसा अंगिरा का यह वाक्य भी खग्रास के बाद एक सप्ताह को दूषित मानता है,—**"सर्वग्रासे तु सप्ताहमर्धग्रासे दिनत्रयम्। त्रिद्व्यंकांगुलतो ग्रासे दिनमेकं तु वर्जयेत्॥** अंगिराके इस वाक्य एवं उपरोक्त-शार्ङ्गीय "विवाह पटल" के वाक्य से यह स्पष्ट है, कि—सर्वग्रास ग्रहण के बाद सप्ताह या आठ दिन अशुभ माने जाते हैं। किञ्च—त्रिपाद, द्विपाद और एक पाद आदि ग्रास होने पर अशुभ दिनों की संख्या ग्रास की न्यूनता के अनुसार (अनुपात द्वारा) घटती जाती है। मुहूर्तमार्त्तण्ड में भी यही बतलाया गया है;—**"·····ग्रहात्। तत्पादैर्दिवसान् त्रि-वेद षडिभान् प्रागधितान् संत्यजेत्।** (अर्थात्—एकपाद ग्रास होने पर ग्रहण के बाद तीन दिन, द्विपाद ग्रास होने पर चार दिन, त्रिपाद ग्रास हो तो छः दिन और चतुष्पाद (पूर्ण ग्रास) होने पर आठ दिन शुभकृत्यों में छोड़ देने चाहिए। ग्रहण से पूर्व इनके आधे दिनों के बराबर दिन अशुभ समझने चाहिए।) चण्डेश्वर तो ग्रहण के बाद दस या १३ दिन

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

बृहस्पति मीन राशि में आया है तब-तब तिलहन में पहिले मन्दे का ट्रेंड बनाया है, लगभग ३, ४ महीने तक तिलहन में मन्दे का रुख बना करता है फिर तेजी आया करती है लेकिन इस वर्ष गुरु के साथ बृहस्पति का योग मीन राशि में हुआ है अतः रुई, कपास, चांदी, सोना, गुड़, खाण्ड सभी बाजारों में सामान्यतया तेजी का रुख रह सकता है। रुई, तिलहन एवं सोना, चांदी के व्यापारी विशेष लाभ के लिए प्रत्यक्ष मिलें या फीस भेजकर विचार मंगा सकते हैं, इस वर्ष जबरदस्त लाभ वाले चांस हमारे पास हैं। मीन राशि का गुरु स्वग्रही होता है। गुड़, खाण्ड, चांदी, सोना, रुई, तेलवाना आदि प्रमुख बाजारों के रुख को देखकर व्यापार करें, अन्यथा भारी लाभ की जगह भारी हानि रहेगी। उपरोक्त चीजों में जबरदस्त तेजी और मन्दी के चांस बनेंगे; तेजी-मन्दी की लम्बी लाईन बनेगी, ताजा परामर्श प्राप्त करें, लाभ मिलेगा। ११ फरवरी को मंगल अश्विनी मेष में आता है, ११ फरवरी को शुक्र और नेपच्यून की अंशात्मक-युति भी हो रही है। मंगल तेलबीया मार्केट को प्रभावित करेगा। इस समय तेल, तिलहन एवं गुड़, शक्कर, सोना, चांदी के बाजारों में जोरदार हलचल होगी; बाजार के रुख के खिलाफ काम न करें। हमारे विचार से सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, बिनौला, अलसी, सरसों में अच्छी तेजी से लाभ मिलेगा। रुई के बाजारों में उत्तम तेजी आएगी; आगे जब भी मन्दा आए, खरीदें, आगे फिर तेजी से लाभ मिलेगा। इस समय गेहूं आदि प्रत्येक जाति के अनाज तेज हो सकते हैं। १२ फरवरी को कुम्भ संक्रान्ति बीरवारी है, कुम्भ राशि में बुध पहिले ही है। घी, तेल, नमक, सरसों, मूंगफली, रुई तेज हो। रुई, पाट, अलसी, एरण्ड, गेहूं आदि अनाज तथा गुड़, खाण्ड, शक्कर, तेल, घी, तिलहन में भी शीघ्र ही उत्तम तेजी आएगी क्योंकि तुला राशि में प्लूटो १३ फरवरी को वक्री हो जाता है तथा मंगल की प्लूटो पर पूर्ण दृष्टि है। १५ से १७ फरवरी तक वायदा बाजार में कुछ मन्दे का वातावरण रहेगा। १६ फरवरी को सोना, चांदी, सूत, सण, कपड़ा, तिल, तेल, एरण्ड, सरसों, हींग, जायफल, दाख, छुहारा, सोंठ, हल्दी, गेहूं, गुड़ का भाव तेज रहेगा। २० फरवरी को बुध के अस्त होने पर रुई, पाट, हैसियन और शेयरों में अचानक अच्छा मन्दा आ सकता है; विचारपूर्वक काम करें। २३ फरवरी से तेजी पुनः जोर पकड़ेगी, २५ फरवरी को शुक्र-मकर राशि में आता है तथा मकरस्थ शुक्र पर शनि की नजर है, अतः शेयर, अफीम, गुड़, खांड, घी, गेहूं, चना, रुई, चांदी एवं अनाजों में तेजी का वातावरण रहेगा। २८ फरवरी को सूर्य-बुध की अंशात्मक युति तेलों, तिलहनों, दालवाना एवं मोटे अनाजों में तेजी करेगी। मासान्त में बृहस्पति अतिचारी हो जाता है अतः रुई आदि में विशेष जोरदार तेजी आएगी।

मार्च --मासारम्भ में बृहस्पति अतिचारी है, २ मार्च को मंगल भरणी में आ जाता है; गेहूं आदि अनाजों व सोना, चांदी और रुई में तेजी आएगी। ४ मार्च को सूर्य पू.भा. में आ जाता है, चांदी में कुछ मन्दा और रुई व अनाजों में तेजी आएगी। ६ मार्च को बुध पूर्व में उदित होगा, रुई में पहिले मन्दी होकर बाद में झटके के साथ अच्छी तेजी आएगी। तिल, घी, पाट, हैसियन, लालमिर्च में भी तेजी आएगी। ६ मार्च के लगभग शुक्र के श्रवण नक्षत्र में आने पर सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, मूंग, मोठ, उड़द एवं अनाजों में मन्दी, तिल, तेल में तेजी, रुई में मन्दी होकर फिर तेजी आएगी। १० मार्च को वक्री बुध धनिष्ठा में आकर चावल, स्वांक में तेजी सोना, चांदी में मन्दा एवं रुई में घटा-बढ़ी करेगा। मंगल सूर्य से आगे चलने से वर्षा में कमी होगी, परिणामस्वरूप बाजार आगे तेज रहेंगे। १२ मार्च को बुध के मार्गी होने पर घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, रुई, सोना, चांदी में तेजी आएगी, तेल भी तेज होंगे। रुई में धमाके की तेजी आएगी। १४ मार्च को मीन-संक्रान्ति शनिवारी होने से तिल, तेल, अलसी, घी, सरसों, गुड़, खाण्ड, शक्कर, रुई, सोना, चांदी में तेजी आएगी। प्रत्येक जाति के अनाजों में पहिले कुछ तेजी बाद में कुछ मन्दा आ सकता है; ताजा परामर्श प्राप्त करें तो तात्कालिक-ग्रहगोचर को अच्छी तरह विचार कर अपना सुझाव दे सकते हैं। हमारे विचार से यह समय रुई, सोना, चांदी, तिलहन एवं दालवाना अनाजों में जोरदार तेजी किंवा मन्दे का है, सोच विचार कर समझ से काम लें। हमारा विचार तेजी का है, फिर भी बाजार का रुख देखकर चलें।

१७ मार्च को शुक्र धनिष्ठा में आता है, चावल, मूग, मोठ, उड़द, ज्वार, बाजरा, चांदी, सोना, रुई, कपास तेज होंगे। १८ मार्च को उ.भा. का सूर्य भी अनाज एवं रसकस में तेजी करता है। १८ मार्च को बृहस्पति अस्त होता है, बृहस्पति अतिचारी ही है, शु. शु. रा. तीनों मीन राशि में हैं, नोट करें कि रुई में तूफानी तेजी आएगी और इस समय विचार पूर्वक काम करने वाले एवं ताजी सलाह लेकर चलने वाले व्यापारी लाखों रुपया का लाभ ले सकते हैं। यदि इन दिनों जौ, चना, बाजरा आदि छोटे-मोटे अनाजों में मन्दा हो तो स्टाक करें आगे लाभ होगा। २२ मार्च को कृत्तिका नक्षत्र का मंगल एवं २३ मार्च को कुम्भ का शुक्र (बुध के साथ मेल करके) रुई, चांदी, गुड़, खाण्ड, गेहूं, चना, जौ, मूंग, ज्वार, बाजरा, चावल एवं रुई में आश्चर्यजनक तेजी या मन्दी करेगा। आगे जब भी शुक्र २४ अंश पर आएगा तो रुई में रिकार्ड की तेजी आएगी ;—यह हम अपने व्यापारियों (जिनके नाम हमारे पास दर्ज है) को समय पर सूचना देंगे।

२६ मार्च को सूर्य-गुरु की अंशात्मक युति होगी, २७ मार्च को मंगल बुध राशि में आकर शनि के साथ दृष्टि सम्बन्ध करेगा, शनि-मंगल का दृष्टि सम्बन्ध राजनैतिक हालात को खराब करेगा, कहीं जंगी वातावरण व कहीं अन्दरूनी अशान्ति का प्रभाव व्यापार पर तेजी कारक रहेगा। लाल मिर्च, लाल चन्दन, रुई, कपास, सूत, कुसुम्भ, चन्दन, कपूर, केसर, तेल, घी, सरसों, तिल, एरण्ड, तोरिया, बिनौला, अलसी एवं गुड़, खाण्ड, शक्कर, सोना, चांदी, तांबा, जस्ता व शेयरों के बाजारों में भयंकर तेजी से व्यापारी आगे उत्तम लाभ ले सकेंगे। ३० मार्च को बुध-राहु की अंशात्मक युति भी बाजारों में तेजी कारक रहेगी।

नोट :—इस साल व्यापार में धन कमाने के सर्वोत्तम अनेकों चांस आ रहे हैं, रंक से राजा बना देने वाले चांस, हम अपने उन व्यापारियों को ही भेजेंगे जिनके नाम हमारे पास रजिस्टर में दर्ज हैं, रजिस्टर में नाम दर्ज कराने की फीस २५ रुपये है। लाभ होने पर लाभांश का दशमांश भी ईश्वर को साक्षी रखकर भेजना होगा, अन्यथा आगे चांस न भेज सकेंगे। संवत् आरम्भ होने से पहिले ही अपना नाम दर्ज करा लें ताकि आप हमारे सभी लाभप्रद चांस प्राप्त कर सकें। हम समय-समय पर ताजा मशवरा भी भेजेंगे, कृपया पत्र व्यवहारार्थ ५० पैसे वाला बन्द लिफाफा अपना पता लिखकर अवश्य भेजें। अपना पता व नाम साफ-साफ लिखें।

शुभ चिन्तक

ज्योतिर्भूषण--पं. इन्दुशेखर शर्मा शास्त्री, M. A.,
(सुपुत्र—पं. श्री मुकुन्दवल्लभजी राज ज्योतिषी)
पता—इन्दुशेखर शर्मा शास्त्री, M. A.,
मार्तण्ड भवन, मु. पो.—कुराली,
जि.—रोपड़ (पंजाब)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

संक्रान्ति सोमवारी है, रुई, कपास, सूत, सोना, चांदी आदि में तेजी आएगी, अनाजों में कुछ मन्दा आए। १६ दिसम्बर को पू.भा. नक्षत्र में मंगल का ेश एवं शनि का ज्येष्ठा २ में आना तिल, तेल, मूंगफली, एरण्ड, अलसी, नारियल, सुपारी, रुई, सूत, कपास, सोना, चांदी में तेजी करेगा, अनाजों में भी खूब तेजी आएगी।

१७ दिसम्बर को ज्येष्ठा का बुध, १८ दिसम्बर को मंगल एवं बृहस्पति की युति, १६ दिसम्बर को बुध-शनि का अंशसाम्य व्यापारियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है;—इन दिनों में व्यापारिक वस्तुओं में विशेष उथल-पुथल होगी; व्यापारी बाजार के रुख को ध्यान में रखकर ही काम करें, अन्यथा हानि में रहेंगे। हमारे विचार में तो अण्डी, सरसों, तोरिया, बिनौला, अलसी के तेलों एवं तिलहनों में अच्छी तेजी आएगी, घी, रुई, कपास, ऊन एवं चना, मक्का, ज्वार, बाजरा, चावल आदि अनाजों में भी विशेष तेजी का वातावरण बनेगा। चांदी, सोना में भी तेजी से लाभ ले सकेंगे। २० दिसम्बर को बुध के अस्त होते ही शनि का उदय हो जाता है। रुई, शेयर, अलसी, सरसों, एरण्ड, बिनौला एवं मूंगफली में मन्दा हो। सब्जी, लोहा, जस्ता, सीसा, रंग आदि काले पदार्थ, लहसुन, चावल, गुड़, खाण्ड में तेजी रहेगी। २२ दिसम्बर के लगभग तिलहन के बाजारों में धमाके का मन्दा या तेजी आ सकती है—वायदा व्यापारी सावधान रहें। व्यापारी ताजा परामर्श प्राप्त करें। २५ दिसम्बर को बुध मूल धनु में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। २५ दिसम्बर को ही बुध-यूरेनस एवं शुक्र-शनि की अंशात्मक-युति भी हो रही है। इस सारी ग्रहस्थिति का प्रभाव बाजारों पर तेजीकारक-ही रहेगा। बुध एवं शुक्र जब भी क्रूर ग्रहों के साथ युति करते हैं तब इनमें तेजी लाने की सामर्थ्य चतुर्गुणित हो जाती है। गुड़, खाण्ड, रुई, कपास, सूत, सरसों, बिनौला, एरण्डी आदि तिलहन, जीरा, चांदी, सोना, दालवाना एवं अनाजों में खूब अच्छी तेजी आएगी, तेजी में रहने वाले उत्तम लाभ प्राप्त कर सकेंगे। फिर भी बाजार के रुख को देखकर ही व्यापार बढ़ावें। २७ दिसम्बर को सूर्य एवं यूरेनस युति एवं २८ दिसम्बर को पू.फा. नक्षत्र का सूर्य तिल, तेल, सरसों, बिनौला, गुड़, खाण्ड, हल्दी, गुग्गुल, चमड़ा, कपूर, ऊनी वस्त्र, सण, चांदी एवं छोटे-मोटे अनाजों में तेजी लाएगा।

३० दिसम्बर को मीन राशि में मंगल का राहु के साथ योग एवं ३१ दिसम्बर को शुक्र का वृश्चिक राशि में शनि के साथ सम्बन्ध होगा; व्यापारी नोट कर लें कि—इस समय मासान्त में उड़द, मूंग, मोठ, चना, अरहर, राजमांह, सोयाबीन, एवं मक्का, चना, ज्वार, बाजरा, मटर, गेहूं आदि अनाजों में, सोना, चांदी, रुई, देवदारु लकड़ी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, एवं शेयर बाजारों में तूफानी तेजी बन सकती है, समय पर ताजा मशविरा प्राप्त करें, उत्तम लाभ मिलेगा।

जनवरी (१९८७ ई.)—सन् १९८७ के प्रारम्भ में २ जनवरी को यूरेनस मूल धनु में आता है, सात साल बाद इसने वृश्चिक राशि को छोड़ा है। आपको सावधान कर देना चाहता हूं कि आप दो-चार दिन बाजार के रुख को जांच कर ही व्यापार बढ़ावें, बाजार के विरुद्ध काम करने से आपको भारी हानि उठानी पड़ सकती है। २ जनवरी को ही बुध और नेपच्यून की अंशात्मक-युति भी होगी। हमारे विचार से मासारम्भ में चांदी, सोना, रुई, कपास सभी तिलहन, गुड़, खाण्ड, पाट, वारदाना, एवं शेयरों में तूफानी तेजी बनेगी। ऊन में भी तेजी आएगी। ३ जनवरी को पू.फा. में बुध के आने पर बिनौला तेज होगा। सोना, चांदी में अच्छी मन्दी आने का योग है। ४ जनवरी को उत्तराभाद्रपदा का मंगल एवं अनुराधा नक्षत्र का शुक्र गुड़, खाण्ड, चावल, नमक में थोड़ी मन्दी लाकर देवदारु, चन्दन, कपूर आदि सुगन्धित पदार्थ व सोना, चांदी, रुई, गेहूं, जौ, चना में भी तेजी करेंगे। ११ जनवरी को सूर्य एवं बुध दोनों एक साथ उ.फा. नक्षत्र में दाखिल होते हैं, उड़द, मूंग, चावल, मक्का, चना, गेहूं, गुड़, खाण्ड, लाल शक्कर, कपास, त्रिफलामूल, चमड़ा, सरसों, मूंग एवं सणी में तेजी आएगी। १३ जनवरी को सूर्य एवं बुध की युति होगी, जब भी बुध-सूर्य के साथ युति करता है तो अचानक तेजी बनती है, दालवाना एवं तिलहन के बाजारों में भाव उठेंगे। धनु राशि में सूर्य-बुध की अंशात्मक युति का प्रभाव यद्यपि तेजीकारक है, परन्तु कभी-कभी दुतरफी घटा-बढ़ी के साथ मन्दी कारक भी देखा गया है, अतः बाजार के रुख को देखकर व्यापार बढ़ावें, विचारपूर्वक काम करें, लाभ मिलेगा। १३ जनवरी को ही बुध मकर राशि में आ जाता है, इस पर शनि की नजर भी है अतः हमारे विचार से तिलहन बाजार में अच्छी तेजी आने को है; मन्दी में न रहें। रुई, सोना, चांदी में भी तेजी आएगी।

१४ जनवरी को मकर संक्रान्ति एवं १५ जनवरी को शुक्र-शनि की अंशात्मक-युति होने से घी, तेल, अलसी, गुड़, शक्कर, खाण्ड एवं रुई, चांदी, चावल, तथा दालवाना में अच्छी तेजी का झटका आएगा। शेयर मार्केट के भाव भी ऊंचे उठेंगे। १६ जनवरी को शनि ज्येष्ठा नक्षत्र के तीसरे चरण में आकर अनाजों एवं तेलों में तेजी करेगा, चांदी में भी तेजी बनेगी। १७ जनवरी को अनाज कुछ तेज रहें, सोना, चांदी, चावल, सरसों, तिल, तेल, हींग में मन्दी आएगी; १६ जनवरी को श्रवण नक्षत्र का बुध गुड़, खाण्ड, अलसी, चना एवं चावल में तेजी करेगा। २३ जनवरी को मंगल-रेवती नक्षत्र में आता है साथ ही २३ जनवरी को ही मंगल एवं राहु की युति इस मास में काफी महत्वपूर्ण है। मंगल ग्रह का प्रभाव देश की जलवायु वर्षा-पानी पर पड़ता है; मंगल कभी-कभी तो वर्षा का अवरोधक बन कर बाजारों में तूफानी तेजी ला देता है। तेलवाना, चांदी, सोना, तांबा, जूट, रुई, कपास एवं शेयर बाजारों पर मंगल का सीधा प्रभाव पड़ता है। जब भी मंगल के साथ राहु का सम्पर्क हुआ तो बाजारों में चली आ रही तेजी को तूफानी तेजी में बदला है। लेकिन मंगल मीन राशि में मूल रूप से मन्दी कारक माना है लेकिन राहु के साथ युति का प्रभाव तेजी कारक ही रहेगा, यद्यपि तूफानी तेजी यहां नहीं बनेगी। इस समय २३ जनवरी के लगभग चांदी में अच्छी तेजी आने का योग है। २४ जनवरी को श्रवण नक्षत्र का सूर्य गेहूं, जौ, चावल, रुई, सूत, सण, सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, अलसी, सुपारी, लौंग और दालवाना में तेजी करेगा। २७ जनवरी को बुध धनिष्ठा नक्षत्र में आकर चावल और स्वांक में तेजी करेगा, सोना, चांदी में मन्दी एवं रुई में घटा-बढ़ी करेगा। मासान्त में ३० जनवरी को शुक्र मूल धनु में प्रवेश करेगा तथा ३१ जनवरी को बुध कुम्भ में आ जाता है। ३१ जनवरी को ही शुक्र एवं यूरेनस की अंशात्मक-युति भी होगी, मासान्त के इन तीन-चार दिनों में बाजारों में अच्छी मन्दी या तेजी आएगी, बाजार के रुख को देखकर काम करें। हमारे विचार से अलसी, चांदी, सोना, तांबा, गेहूं, जौ, चना, रुई, सूत, कपास, घी, तेल में कुछ मन्दे के बाद अन्त में अच्छी तेजी आएगी।

फरवरी—यह मास व्यापारियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। व्यापारी इस मास में उत्तम लाभ लेने के लिए ताजा परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। २ फरवरी को बृहस्पति पू. भाद्रपदा के चतुर्थ चरण में एवं मीन राशि में दाखिल होगा। मीन राशि में राहु-मंगल पहिले ही विद्यमान हैं। मंगल-राहु आदि तेजी सूचक ग्रह हैं, बृहस्पति के मन्देपन की प्रकृति को रोकते हैं और तेजी की ओर ले जाते हैं। जब भी

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

चमकेगी । मिर्च आदि तीक्ष्ण वस्तु, केसर, चन्दन, कपूर आदि में तेजी रहेगी। १६ अक्तूबर को रेवती के तीसरे चरण में राहु एवं चित्रा के प्रथम चरण में केतु आने से सरसों, तिल, अलसी, बिनौला, एरण्ड आदि में अचानक काफी मन्दी आने का भी योग है, —विचार से काम करें। २३ अक्तूबर को बुध वृश्चिक में आकर शनि के साथ सम्बन्ध बनाएगा। शनि ग्रह खड़ी फसलों को एवं कच्ची चीजों की फसलों को प्रभावित करता है। शनि ग्रह के अधिकार में विशेषत: तिलहन तथा शेयर बाजार हैं। मूंगफली, अलसी, एरण्ड, कपास बिनौला, सरसों एवं सभी प्रकार के तेलों में जबरदस्त तेजी आएगी, लोहे के शेयरों में भी खूब अच्छी तेजी आएगी। रुई और चांदी में भी तेजी आएगी। यह तेजी उत्तम-मध्यम रूप में चलेगी— ऐसा विचार है। लेकिन २६ अक्तूबर को व्यापारिक-लाईन बदल जाएगी ; क्योंकि शुक्र २६ अक्तूबर को पश्चिम में अस्त हो जाएगा। रुई एवं चांदी में मन्दे का विचार है। लगभग एक सप्ताह तक रुई, कपास, रेयान धागा एवं सीन्थैटिक में मन्दे का रुख रहेगा। चीनी, गुड़, खाण्ड, शक्कर एवं अनाजों में भी मन्दे का विचार है।

नवम्बर—२ नवम्बर को बुध वक्री होगा। शनि और बुध दोनों वृश्चिक राशि में हैं, अत: बुध क्रूर स्वभाव वाला है। बाजारों में तेजी बनेगी। कपास, रुई, तेलवाना के व्यापारी तेजी से लाभ उठा सकेंगे। तिलहन के बाजार ऊंचे रहेंगे। ३ नवम्बर को शुक्र वक्री होकर वापिस स्वाती नक्षत्र में आता है, गुड़, खाण्ड में तेजी आएगी, अनाजों में मन्दी आती है। ४ नवम्बर को सूर्य एवं शनि का अंशसाम्य एवं ५ नवम्बर को सूर्य-शुक्र की अंशात्मक युति महत्वपूर्ण है : शुक्र ने वक्री अवस्था में सूर्य के साथ युति बनाई है यह समय व्यापारियों के लिए महत्वपूर्ण है; काली मिर्च, दालचीनी, सरसों, एरण्डी, तिल, बिनौला, मूंगफली, तोरिया एवं सभी तेल, घी, गेहूं, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, मटर, मूंग, मसूरी, अरहर, माह आदि में जोरदार तेजी आएगी। शेयर मार्केट में भी ऊंचे भाव बनेंगे। इसी उपरोक्त ग्रहस्थिति के बावजूद ५ नवम्बर को मंगल धनिष्ठा नक्षत्र में एवं सूर्य विशाखा नक्षत्र में आएगा—इस ग्रहस्थिति के आधार पर भी रुई, जौ, चावल, गेहूं, मसूर, गुड़, खाण्ड, रुई, सूत, सरसों, तिल, एरण्ड, सोना, चांदी, तांबा, पीतल, जस्ता एवं लोहा तेज होंगे। तात्पर्य यह है कि— ३ नवम्बर से ६ नवम्बर तक उपरोक्त चीजों में अच्छी तेजी आएगी—तेजी में रहने वाले अच्छा लाभ ले सकेंगे।

७ नवम्बर को बुध वक्री अवस्था में अस्त हुआ है तथा इसी दिन गुरु भी मार्गी हो जाता है। अ : ७ नवम्बर के लगभग बाजार का रुख बदल जाएगा। इस वक्त बाजार के रुख को देखकर काम करें अन्यथा हानि सम्भव है। ग्रह स्थिति के अनुसार ६ नवम्बर से ८ नवम्बर के मध्य रुई में, अच्छी मन्दी का झटका आयेगा। चान्दी, चावल एवं चीनी में भी मन्दी रहे। ६ नवम्बर को बुध वक्री अवस्था से वापिस तुला में आकर सूर्य एवं शुक्र के साथ मेल करेगा। ग्रह गति के कारण बाजारों में लम्बी तेजी का ट्रेंड बनेगा; बाजार टूट-टूट कर ऊपर उठेंगे; इस समय मन्दी में निकल जाओ वरना नुकसान रहेगा। कपास, रुई, सरसों, तिल, अलसी, बिनौला, तोरिया, एरण्ड आदि तिलहन में, उड़द, मूंग, मोठ, ज्वार, बाजरा, चना आदि अनाजों में तेजी आएगी, भाव ऊंचे होते जाएंगे। इस समय ताजी सलाह लें तो ठीक रहेगा। चांदी, रुई, कपास में अच्छी तेजी आएगी। ११ नवम्बर को शुक्र पूर्व में उदित होगा; रुई और चांदी के बाजारों में तेजी चलेगी। १३ नवम्बर को सूर्य एवं वक्री बुध की अंशात्मक-युति एवं १४ नवम्बर को शुक्र एवं प्लूटो की अंशात्मक-युति भी महत्वपूर्ण है। बुध जब भी वक्री हालत में सूर्य के साथ युति करता है तो बाजारों में तेजी भयंकर आती है। इस स्थिति में बुध का प्रभाव तेलबीया पर प्रमुख-रूपेण दृष्टिगोचर होगा। तिल, सरसों, तोरिया, एरण्ड, मूंगफली, बिनौला, रुई, कपास, चना, ज्वार, बाजरा, गेहूं एवं दालवाना में तूफानी तेजी आने का योग है, गुड़, खाण्ड, शक्कर में भी तेजी रहेगी।

१६ नवम्बर को वृश्चिक संक्रान्ति इतवारी है, सूर्य-शनि दोनों वृश्चिक में हैं। इसी दिन मंगल कुम्भ में आकर बृहस्पति से मेल करेगा। रुई, चांदी में काफी घटा-बढ़ी होगी। अनाज, गुड़, खाण्ड, सोना, चांदी तेज होंगे। १७ नवम्बर को शनि के अस्त होने पर व्यापारिक वस्तुओं के भावों में अचानक मन्दी या तेजी जोर पकड़ेगी, अनाज, रसादि पदार्थों में तेजी, रुई, पाट, बारदाना में भी तेजी रहे, पशु एवं अनाज भी तेज रहे। कदाचित मन्दा बने तो बिलकुल तेजी में न रहें। १८ नवम्बर को ज्येष्ठा नक्षत्र का शनि कहीं आगे भयानक दुर्भिक्ष का संकेत देता है, खड़ी फसलों को भारी हानि होगी, परिणामस्वरूप अनाज तेज होंगे, चांदी में भी तेजी आएगी। १९ नवम्बर को अनुराधा नक्षत्र का सूर्य एवं वक्री बुध का स्वाती में आना गेहूं, अलसी, मिर्च में तेजी होकर मन्दी बनेगी, गेहूं, जौ, चना, बाजरा, ऊन व धातुओं में तेजी आएगी, सोना, चांदी का भाव मन्दा रहेगा। रुई में भी मन्दा रहेगा। लेकिन १९ नवम्बर को ही बुध पूर्व में उदित होकर रुई में कुछ दिनों में ही अच्छी तेजी करेगा। गेहूं, चना आदि अनाज भी तेज होंगे, तिल, घी, पाट, हैसियन एवं लाल मिर्च में भी तेजी आएगी। इन दिनों सभी बाजार तेज रहेंगे। २० नवम्बर को बुध मार्गी होगा, घी, शक्कर, अलसी तथा औषधियों में तेजी आती है; रुई में पहिले मन्दी बाद में तेजी हो, चांदी में घटा-बढ़ी के बाद तेजी। ८ दिन में गेहूं, जौ, चना, अनाज में तेजी हो। रेशम, तेल, अलसी, एरण्ड, गुड़, बिनौला, मूंगफली, कपूर, चन्दन, अगर आदि सुगन्धित चीजों में मन्दी हो। २४ नवम्बर के लगभग रुई में अचानक झटके की मन्दी आएगी। २६ नवम्बर को मंगल शतभिषा में आता है एवं शुक्र मार्गी हो जाता है, सभी तरह के अनाज, गुड़, घी, रुई, चान्दी, चावल में अच्छी मन्दी आ सकती है। अगर २६ से ३० नवम्बर तक के लगभग रुई में मन्दी हो तो व्यापारियों को चाहिए कि वे स्टाक करें, आगे तेजी से उत्तम लाभ मिलेगा —यह नोट कर लें। २८ नवम्बर को पू.भा. का बृहस्पति भी रुई में मन्दी करेगा, अनाज, सोना, चान्दी, सण, वस्त्र, सूत में भी तेजी आएगी। आगे सोमवती अमावस का प्रभाव मन्दी कारक होगा। यह मासान्त मन्दी प्रधान रहेगा।

दिसम्बर—मासारम्भ में बाजार साधारणतया मध्यम रहेंगे। २ दिसम्बर को ज्येष्ठा नक्षत्र का सूर्य बाजारों में कुछ तेजी का वातावरण बनाएगा। सोना, चांदी, चावल, गेहूं, जौ, चना, अलसी, सरसों, एरण्ड, हींग, गुग्गुल, पारा, गुड़, खाण्ड में तेजी बनेगी। रुई में पहिले मन्दी होकर बाद में तेजी रहे। ५ दिसम्बर को बुध वृश्चिक में आकर शनि के साथ मेल करेगा। घी, तेल, सरसों रुई, चांदी एवं शेयर-बाजार तेज होंगे। सभी प्रकार के तेलों एवं तिलहन के व्यापारी, गुड़, खाण्ड, शक्कर के व्यापारी भी तेजी से अच्छा लाभ ले सकेंगे। तेजी ठहरेगी नहीं, तुरन्त लाभ लें। ७ दिसम्बर को अनुराधा नक्षत्र का बुध सूत, सण, रुई, सोना, चान्दी में मन्दीकारक रहेगा। अनाजों में भी मन्दा चले। १४ दिसम्बर को सूर्य एवं यूरेनस की अंशात्मक-युति का प्रभाव गुड़, खाण्ड, तेल, सरसों, तोरिया, अलसी आदि तिलहनों पर एवं मक्की, ज्वार, बाजरा, चना एवं दालवाना पर होगा। उपरोक्त वस्तुओं के भावों में एकदम तेजी बनेगी। १५ दिसम्बर को धनु

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सितम्बर—मासारम्भ में गुड़, खाण्ड एवं गेहूं आदि अनाज कुछ मन्दे रहेंगे। मिर्च आदि तीक्ष्ण वस्तु एवं केसर, चन्दन, कपूर तेज रहेंगे। ६ सितम्बर के लगभग सूर्य एवं बुध की अंशात्मक-युति एवं इसी दिन शनिवार को चन्द्रदर्शन होने से रुई, सूत, वस्त्र, सोना, चान्दी, सरसों, मूंगफली, तिल, तेल, अलसी आदि में अच्छी तेजी आएगी, अनाजों के भाव भी तेज रहेंगे। सितम्बर के प्रथम सप्ताह में यदि अनाज सस्ते हों तो स्टाक करने से आगे तीन माह में लाभ रहेगा। ७ सितम्बर को स्वाती नक्षत्र का शुक्र गुड़, खाण्ड में तेजी एवं अनाज के भावों में मन्दी लाएगा। ९ सितम्बर को उ.फा. नक्षत्र का बुध उड़द, मूंग, मोठ, मसूर, अरहर में कुछ तेजी एवं रुई में घटा-बढ़ी होकर कुछ मन्दी आए, चांदी भी मन्दी रहे।

११ सितम्बर को बुध कन्या में आकर केतु के साथ मेल करता है। कन्या राशि, बुध की अपनी राशि है खेती एवं कृषकों की प्रतिनिधि भी यही राशि है। कन्या राशि रुई, कपास, तेलवाना आदि जिन्सों को प्रभावित करती है। बुध पर राहु की पूरी नजर है, यह योग तेजी लाने वाला है। फसल को हानि पहुंचने किंवा किसी अन्य कारणवश अफवाहों से मार्केट ऊँची उठेगी। गेहूं, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, मोठ, अरहर एवं अन्य अनाजों में अच्छी तेजी आएगी। गुड़, शक्कर, खाण्ड एवं हल्दी में भी तेजी ही रहेगी। रुई, चांदी में कुछ मन्दा आकर अच्छी तेजी आएगी। १३ सितम्बर को उ.फा. नक्षत्र का सूर्य रुई, कपास, रेशम, सूत, सोना, चांदी, लोहा, घी, तेल, अलसी, सरसों, एरण्ड, चावल, उड़द, ज्वार, सुपारी, नारियल, मूंज, बांस एवं नील तेज होंगे। **१६ सितम्बर को कन्या राशि में बुध-सूर्य इकट्ठे हैं, अतः बुध की तेजी की ताकत और बढ़ जाती है,—कन्या संक्रान्ति मंगलवारी होने से जोरदार तेजी की आशा रक्खें।** रुई, नारियल, सुपारी, तिल, तेल, मजीठ, गुड़ खाण्ड, शक्कर, सोना, चांदी, चना, जौ, मटर, ज्वार, बाजरा एवं दालों में भी अच्छी तेजी आएगी। **नोट करें,**—१९ सितम्बर के लगभग रुई में विशेष तेजी आने का योग है, धान्य, घी, तेल, सरसों, उड़द में भी तेजी आएगी। २२ सितम्बर को बुध पश्चिम में उदित होगा, वस्त्र, रुई शेयरों में आगे मन्दा होने का योग है। आश्विन में बुधोदय होने से कपास की फसल अधिक होगी, रुई, वायदा व्यापार में मन्दा आएगा। २५ सितम्बर को चित्रा का बुध एवं विशाखा का शुक्र रुई व अनाजों में कुछ घटा-बढ़ी के बाद तेजी करेंगे।

२६ सितम्बर को मंगल मकर राशि में आता है। मकर राशि शनि की है; मकर के मंगल पर शनि की नजर है, नोट करें, कि—शनि, मंगल की राशि में है; मंगल, शनि की राशि में आ गया है अतः बाजार के रुख को देखें अगर तेजी में है तो अच्छी तेजी आएगी, वरना मन्दे की उम्मीद रक्खें। हमारे विचार से लगभग २६ सितम्बर से सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल सरसों, अलसी, एरण्ड, तेल, घी में तेजी की लम्बी लाईन बन सकती है। हस्त नक्षत्र का सूर्य २७ सितम्बर को गेहूं, जौ, ज्वार, बाजरा, गुड़, खाण्ड, कपास, रुई, सूत, जूट, घास, हरड़, हींग, धनिया, हल्दी, सण, नमक तेज होंगे। २८ सितम्बर को बुध-केतु की अंशयुति का प्रभाव तिलहन, रसकस एवं अनाजों के व्यापार पर होगा। चना, जौ, ज्वार, बाजरा, गेहूं एवं दालवाना में तेजी आएगी। गुड़, खाण्ड, शक्कर एवं तिलहन में भी तेजी आएगी। २९ सितम्बर को बुध तुला राशि में आकर शुक्र के साथ सम्बन्ध बनाता है। शुक्र-बुध दोनों के एक राशि में आने पर या तो बाजारों में धमाके की जोरदार मन्दी आती है या जोरदार तेजी आती है। अतः व्यापारियों को हमारी सलाह है कि सितम्बर के अन्तिम दिनों में लगभग २८, २९ तारीखों में अगर तेजी है तो जोरदार तेजी आएगी, वरना मन्दी का विचार रखकर काम करें।

अक्तूबर—अक्तूबर के प्रारम्भ में ४ अक्तूबर को स्वाती नक्षत्र का बुध रुई में मन्दा लाकर तेजी करेगा। ५ अक्तूबर को चन्द्रदर्शन इतवार को है; बर्तन, सोना, चान्दी, रुई, सूत तेज होंगे। नमक, तिल, तेल, सरसों, रुई, चांदी, सोना तेज, चना, जौ, गेहूं मन्दे रहेंगे। ८ अक्तूबर को बुध एवं प्लूटो की अंशात्मक युति होगी। शुक्र-बुध एवं प्लूटो ये तीनों ग्रह आजकल तुला राशि में चल रहे हैं। तुला राशि में प्लूटो मन्दी करता है, लेकिन शुक्र-बुध के साथ होने से तथा इस सब पर बृहस्पति की दृष्टि होने से यह ग्रह स्थिति विशेष मन्दी का संकेत देती है, परन्तु गुरु वक्री है बुध-शुक्र योग से तेजी ही करेगी। हां, ***यह ग्रहस्थिति बाजारों में चल रही तेजी या मन्दी को और ज्यादा तेज भी कर सकती है—व्यापारी समय के अनुसार स्वयं बाजार का रुख देखकर निर्णय लें। गुड़, खाण्ड, तिल, सरसों, अलसी, बिनौला, एरण्ड एवं अन्य तिलहनों में तथा चान्दी के व्यापार पर इसका प्रभाव पड़ेगा। मेरे विचार में तो इन चीजों में तेजी की प्रक्रिया और तेज हो जाएगी, या जोरदार मन्दी आएगी। बाजार के रुख के खिलाफ न करें; यही सुझाव है।***

१० अक्तूबर को चित्रा नक्षत्र का सूर्य रुई, सूत, सोना, चान्दी तथा मोती आदि रत्नों, गुड़, खाण्ड, अरहर, गेहूं, चना, तिल, नारियल, सण, केसर, कपूर, लाल कपड़ा तेज होंगे। [मेरे विचार में तो सामयिक परिस्थिति एवं ग्रहगति के सूक्ष्म संकेत से ८ अक्तूबर से १२ अक्तूबर तक तेजी का ही वातावरण रहेगा; विशेष जोरदार मन्दी मुझे नहीं जंचती; समय से पूर्व इस बारे में ताजा सुझाव प्राप्त करें]। १३ अक्तूबर को विशाखा नक्षत्र का बुध रुई में धमाके की मन्दी ला सकता है; चना, ज्वार, बाजरा आदि अनाजों में भी मन्दे का प्रभाव रहेगा। **ध्यान दें, कि—१४ अक्तूबर को ही "सूर्य एवं केतु की अंशात्मक-युति" होगी;** मंगल को तेजी कारक नक्षत्र आने वाला है, अतः इस समय रुई, एरण्ड, अलसी, मूंगफली, तेल, सोना, शेयर, हल्दी, कालीमिर्च एवं गेहूं, जौ, चना, ज्वार, बाजरा तथा दालवाना में उत्तम तेजी आ सकती है, अतः लाभ लें। इस समय मुझे अनाजों में जोरदार तेजी लगती है,—बाजार का रुख भी देखकर काम करें। १५ अक्तूबर को मंगल श्रवण में एवं साथ ही इसी दिन शुक्र वक्री हो जाता है, उच्च-मंगल पर शनि की दृष्टि है, शुक्र-बुध एक राशिस्थ हैं; शुक्र-बुध पर गुरु की दृष्टि है, लेकिन गुरु भी वक्री है; अतः शुक्र अपने वक्री पीरियड में चांदी, रुई, चावल, घी, तेल, गुड़ खाण्ड, शक्कर, गेहूं, जौ, चना में झटके के साथ तेजी करेगा। रुई में पहले तेजी होकर बाद में मन्दी आती है। १७ अक्तूबर को सूर्य का तुला राशि में संक्रमण होगा। तुला राशि में शुक्र-बुध पहिले ही है। इस दिन खग्रास चन्द्रग्रहण रेवती नक्षत्र में होगा; अतः रुई, चांदी, गेहूं, जौ, चना, अलसी, सोना, तांबा तेज रहेंगे। लालचन्दन, मजीठ, श्रीफल, सुपारी, तेल, तिल, सरसों, अलसी, अण्डी, तोरिया आदि में भी अच्छी तेजी आएगी। सूर्य-बुध-शुक्र एक राशिस्थ होने से सभी प्रकार के अनाजों में विशेष तेजी आएगी,—

"एकराशिगता हो ते सौम्य-शुक्र-दिनाधिपाः।
सर्वधान्य महर्घत्वं मेघाः स्वल्पजलप्रदाः॥"

इस समय एवं आगे अनाजों में किंवा दालवाना में भी अच्छी तेजी से उत्तम लाभ मिलेगा। १९ अक्तूबर को शनि अनुराधा के चौथे चरण में आता है साथ ही १९ अक्तूबर के लगभग बुध-शुक्र की अंशात्मक-युति भी होगी, शुक्र वक्री है। कपास, रुई, चांदी, सोना, गुड़ खाण्ड, शक्कर, गेहूं, चना, जौ, ज्वार, बाजरा, मटर एवं दालों में अच्छी तेजी

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

देखकर ही व्यापार बढ़ावें—अन्यथा हानि संभव है। १६ जुलाई को रुई में पहिले कुछ तेजी आकर फिर मन्दा बनेगा ऐसा विचार है। तिल, तेल, सरसों, गुड़, खाण्ड, चावल, गेहूं, जौ, ज्वार, बाजरा, सुपारी, सोंठ, गुग्गल, मोम, हींग, हल्दी, लाख, सण, ऊनी वस्त्र व सिक्का, सोना, चांदी तेज होंगे। २३ जुलाई को 'सूर्य-बुध की अंशात्मक-युति' भी तेजीकारक रहेगी। जब भी बुध वक्री होकर सूर्य के साथ युति करता है तो व्यापारिक क्षेत्र में तेजी जबरवस्त आती है, २३ जुलाई को वक्री बुध ने अंशात्मक-युति की है, अतः सरसों, एरण्ड, तेल, बिनौला में उत्तम तेजी आएगी, इस समय व्यापारियों को तेजी में रहना लाभप्रद रहेगा। २८ जुलाई के लगभग चांदी, रुई, कपास, सूत, सण, में अचानक मन्दे का झटका आ सकता है, इस समय मन्दा आने पर खरीद करें। २९ जुलाई को उ.फा. में शुक्र गेहूं आदि अनाज और रुई में तेजी संभावित है।

[व्यापारी मार्केट में मन्दा आने पर दालों एवं अनाजों का स्टाक कर लें, आगे जबरवस्त तेजी से उत्तम लाभ मिलेगा; सरकारी नीति को ध्यान में रखना भी आवश्यक है। समय पर ताजा परामर्श जरूर प्राप्त करें।]

अगस्त—मास के प्रारम्भ में ही बुध पूर्व में उदित हो रहा है तथा शुक्र कन्या में आ जाता है, रुई में पहिले मन्दी आकर बाद में तेजी आएगी, चांदी में घटा-बढ़ी के बाद तेजी बनेगी। गेहूं, जौ, चना एवं दालों में, गुड़, खाण्ड, तिल, घी, ऊनी व रेशमी कपड़े तेज होंगे। मासारंभ में खाद्यों में विशेष तेजी का झटका आ सकता है। २ अगस्त को आश्लेषा नक्षत्र का सूर्य एक सप्ताह में सोना, चांदी, रुई, बिनौला, गेहूं, चावल, उड़द, शक्कर, घी, तिल, तेल, सरसों, एरण्ड, अलसी, मिर्च, मजीठ एवं नारियल का भाव तेज हो। ४ अगस्त को बुध के मार्गी होने पर रुई में कुछ मन्दे के बाद तेजी आए, चांदी में घटा-बढ़ी होकर तेजी हो। गेहूं, जौ, चना, अनाज भी तेज रहेंगे। रेशम, तेल, अलसी, एरण्ड, गुड़, बिनौला, मूंगफली, कपूर, चन्दन, अगर आदि सुगन्धित चीजें मन्दी, रस, गुड़ मन्दे सरसों तेज रहे।

७ अगस्त को बाजारों में अचानक मन्दा आ सकता है, शनि के मार्गी होने पर वर्षा होने का योग है, जिन वस्तुओं में मन्दा होगा उनमें तेजी आ जाएगी, जिन वस्तुओं में तेजी होगी उनमें मन्दा आने का योग है। अतः यदि अनाजों में मन्दी हो तो स्टाक करें। आगे अवश्य लाभ मिलेगा। ७ अगस्त को पुष्य नक्षत्र का बुध सोना, चांदी, रुई में मन्दे का संकेत देता है। हमारे विचार से १६ अगस्त से पहिले अनाजों, दालों का स्टाक करने वाले आगे अच्छा लाभ ले सकेंगे। ११ अगस्त को हस्त नक्षत्र का शुक्र एवं १२ अगस्त को मंगल भी मार्गी हो जाता है; व्यापारी सावधान रहें, तीन दिन आगे या तीन दिन पीछे रुई में जबरवस्त मन्दी आने का योग है, सरसों, तिल, तेल, एरण्ड, अलसी, बिनौला, घी में भी अच्छी मन्दी या तेजी बनेगी। अगर पहिले तेजी थी तो मन्दी हो जाएगी यदि मन्दी चल रही थी तो तेजी हो जाएगी; हमारे विचार से मन्दा आ सकता है, फिर भी बाजार का रुख देखकर ही काम करने की सलाह है। सावधा बाजार में जिन वस्तुओं में पहिले मन्दी थी उनमें तेजी आएगी, जिन वस्तुओं में तेजी थी उनमें मंदी का विचार रक्खें। अगर अनाजों में मन्दा हो तो खरीदें, आगे लाभप्रद चांस आएंगे।

१६ अगस्त को सिंह संक्रान्ति शनिवारी है; सिंह राशि के सूर्य पर शनि की विशेष दृष्टि है। साथ ही बृहस्पति की सूर्य पर सप्तम दृष्टि भी है। अतः सोना, चांदी, रुई, बिनौला, चावल, उड़द, चना, गुड़, शक्कर, घी, तिल, तेल, सरसों, एरण्ड, अलसी, मिर्च, मजीठ, रक्तवर्ण की चीजें एवं रत्नों के बाजार तेज होंगे, लेकिन बृहस्पति की दृष्टि होने से तेजी देर तक ठहरेगी नहीं। तेजी से तुरन्त निपटने में लाभ है। शेयर बाजार कुछ मन्दे रहेंगे। व्यापारी १८ अगस्त को मीन राशि के राहु को ध्यान में रक्खें; मीन राशि का राहु आगे कहीं दुर्भिक्ष की स्थिति को बनाएगा; कहीं अवर्षण किंवा अतिवर्षण के कारण खड़ी फसल को भारी नुकसान पहुंचने से बाजार तेज होंगे। मीन राशि के राहु पर २६ सितम्बर तक मंगल की दृष्टि है, शुक्र और राहु का समसप्तक भी अगस्त के अन्त तक बना रहेगा—व्यापारियों के लिए आगे का समय महत्त्वपूर्ण है। इस समय ताजा सलाह प्राप्त करने से उत्तम लाभ मिल सकेगा। मीन राशि के राहु का फल शास्त्रों में इस प्रकार लिखा है—

"यस्मिन् संवत्सरे राहुः मीनराशौ प्रजायते।
तस्मिन् वासे भयं विद्या दुःख कष्ट समन्वितम्॥
वर्षमेकं तु दुर्भिक्षं रौरवं परिकीर्तितम्।
प्राप्ते त्रयोदशे मासे सुभिक्षमतुलं भवेत्॥"

अर्थात् मीनस्थ राहु में भय, रोग कष्ट होते हैं, एक वर्ष पर्यन्त भूभाग पर कहीं भारी दुर्भिक्ष की स्थिति से चिन्ता व्याप्त हो, स्थिति चिन्तनीय रहे: एक वर्ष बाद अच्छे सुभिक्ष की स्थिति बनेगी। हमारे विचार से गेहूं, जौ, चना, चावल, मूंग, मोठ, ज्वार, बाजरा एवं दालों में आगे जबरदस्त व्यापक तेजी आएगी, रंक से राजा बनाने वाला योग है, पहिले ही तगड़ा सलाह जरूर प्राप्त करें; लाभ होगा। उल्टा चलने पर भारी हानि से बच सकेंगे। मीन के राहु में तिलहन, अलसी, एरण्ड, सरसों आदि में आगे जोरदार मन्दी आएगी, तिलहन में मन्दा आने पर जी भरकर स्टाक करें, संवत् के अन्त तक उत्तम लाभ मिलेगा।

२३ अगस्त को बुध पूर्व में अस्त हो जाएगा; घी, तेल एवं तिलहन में मन्दा चलेगा। २६ अगस्त को बुध मघा सिंह में प्रविष्ट होकर बाजारों में मन्दे के रुख को कुछ रोक कर तेजी की ओर बढ़ा सकता है क्योंकि अस्त बुध पर बृहस्पति की दृष्टि है लेकिन बुध सूर्य के साथ है। इन पर शनि की दृष्टि भी है। मास के अन्तिम सप्ताह में बुध के अतिचारी होने से एवं २६ अगस्त को बुध के सिंह में आने पर तेल, तिलहन, गुड़ खाण्ड में कुछ तेजी आएगी। गेहूं, जौ, चना, सूत, रुई, वस्त्र और देवदारु तेज होंगे। चान्दी, सोना, सूत, रुई, ऊनी व सूती वस्त्र, देवदारु, खट्टे पदार्थ तेज, कपूर, गुड़, खाण्ड, शक्कर आदि में मन्दा बनेगा। ३० अगस्त को पू.फा. नक्षत्र का सूर्य एवं इसी दिन शु. के. की अंशात्मक युति होने से जीरा, सोना, गुड़, खाण्ड, सरसों, तिल, तेल, घी, गेहूं, ज्वार, चावल, ऊनी कपड़ा, रुई, सूत एवं छोटे-मोटे सब तरह के अनाजों में अच्छी तेजी आएगी, सावधा व्यापारी लाभ लें। ३१ अगस्त को तुला राशि के शुक्र पर बृहस्पति की दृष्टि है। तुला राशि शुक्र की अपनी राशि है, व्यापारिक-वस्तुओं का आयात एवं निर्यात भी इसी राशि से सम्बन्ध रखता है; बाजारों के ऊपर तुला राशि के शुक्र का विशेष प्रभाव होता है। शुक्र गुड़, खाण्ड, रुई, चांदी की मार्केट को विशेषतः प्रभावित करता है। अकेला शुक्र, बृहस्पति की दृष्टि होने से संभवतः जोरदार मन्दा लावे, अतः बाजार का रुख विचार कर ही काम करें। हमारे विचार में तो अनाजों के भाव में मन्दा रहे तथा रुई, चांदी, गुड़ खाण्ड में कुछ तेजी के बाद शीघ्र ही मन्दी आएगी।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

बाद ८ जून को मंगल वक्री हो रहा है। मंगल का धनु राशि पर वक्री होना बाजार में पहले चली आ रही लाईन को बदल देगा, जो पदार्थ पहले तेज होंगे वे मन्दे होंगे और मन्दे पदार्थों में तेजी का रुख रहेगा। रेशम, रुई, सूत, सोना, चांदी, अलसी, एरण्डी, तोरिया, गुड़, लालमिर्च में अच्छी तेजी आएगी; सण, कपूर, कस्तूरी, चन्दन, उड़द, मूग, मोठ, चना, बाजरा, अलसी तथा जलोत्पन्न पदार्थ नारियल आदि तेज होंगे।

१० जून को शुक्र मिथुन राशिस्थ बुध को छोड़कर कर्क राशि में दाखिल हो जाता है, शुक्र बृहस्पति की नजर से दूर हो गया है, अब केवल मंगल की शुक्र पर नजर है, मेरे विचार से इस समय रुई में पहिले मन्दी एवं बाद में रुई, चांदी, चावल में अच्छी तेजी आएगी। अलसी, एरण्ड, गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेजी तथा गेहूं, जौ, चना, मटर, अरहर में कुछ मन्दे का वातावरण रहेगा।

१३ जून के लगभग पुनर्वसु नक्षत्र का बुध एवं पुष्य नक्षत्र का शुक्र मन्दी कारक है। रुई, कपास, सूत, सण में झटके के साथ मन्दी का वातावरण बनेगा। लाख, कपड़ा, कपूर, पारा, शिंगरफ, हींग, गुड़, खाण्ड, शक्कर में कुछ मन्दा आएगा। १५ जून को मिथुन-संक्रान्ति इतवार को हो रही है। रेशम, सूत, कपास, रुई, सरसों, लोहा, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, चीनी, घी, मूग उड़द, गेहूं, चना चावल आदि अनाज तेज होंगे। सोना, चांदी में भी तेजी का रुख रहेगा। १६ जून को राहु अश्विनी नक्षत्र में आता है, अतः दालों में एवं मोटे अनाजों तथा घी में तेजी और जोर पकड़ेगी।

२० जून को बुध कर्क राशि में आकर शुक्र से मेल करेगा, आगे वर्षा की आशा से बाजारों में टैम्परेरी तेजी मन्दी बन सकती है। मंगल-शनि दोनों वक्री होने से वर्षा की अनेक स्थानों पर कमी अनुभव होगी जिससे एवं अफवाहों से बाजार तेज होंगे। **चांदी में मन्दे का झटका आ सकता है, सावधानी से काम करें।** मन्दे में खरीदकर तेजी में बेचें लाभ रहेगा। गुड़, खाण्ड, घी, तिल, तेल, सरसों, सोना में पहले तेजी, पीछे कुछ मन्दी आएगी। २२ जून को आर्द्रा नक्षत्र के सूर्य पर मंगल की दृष्टि होने से रुई, कपास, सूत, खल, अलसी, एरण्ड गेहूं, चना, चावल, जौ, चांदी में तेजी रहेगी। २३ जून को सोना, चांदी एवं रुई, तुअर, चावल में अचानक मन्दी का वातावरण बनेगा, मन्दा आने पर खरीद करें। हमारे विचार से २० जून से लेकर २८ जून तक बाजारों में कुछ मन्दा ही चले, लेकिन व्यापारी ध्यान दें कि जून के दूसरे सप्ताह से लेकर मासान्त तक शनि-मंगल दोनों वक्री चल रहे हैं, अतः वर्षा में रुकावट आने से बाजारों में अच्छी तेजी भी बनेगी अतः बाजार के रुख को देखें तथा हमारे साथ पत्र व्यवहार करके ताजा परामर्श प्राप्त करें। २९ जून को मंगल वक्री होकर पू.षा. नक्षत्र में प्रविष्ट होगा। सोना, चांदी, चावल, उड़द, घी, तिल, तेल, सरसों, मूगफली में तेजी आएगी।

नोट अनाज एवं रुई के व्यापारी व्यक्तिगत रूप से मिलें या २५ रुपये भेजकर ताजा परामर्श प्राप्त करें, आगे उत्तम लाभ के चांस आ रहे हैं।

जुलाई—६ जुलाई को सूर्य पुनर्वसु में एवं शुक्र मघा सिंह में दाखिल होगा। रुई, सोना, तांबा, चांदी, गुड़, खाण्ड, कपास, विनौला, एरण्ड, अलसी, सरसों, लाख, देवदास, तिल, ज्वार, मोठ, बाजरा, उड़द, जौ, चना, चावल, नमक, सब्जी, हरड़, सुपारी, नारियल, काजू, केसर, मजीठ, सोंठ, लाल चन्दन, लाल मिर्च एवं अन्य लालरंग की चीजों में एक, दो दिन की तेजी बनेगी फिर शीघ्र ही ८ जुलाई को लगभग मन्दे का प्रभाव रहेगा, रुई, चांदी, चावल आदि में विशेष मन्दा बन सकता है। ९ जुलाई को बुध के वक्री होने पर बाजार का रुख बदलेगा, वायदा व्यापारी तेजी में रहें लाभ मिलेगा। शेयर मार्केट में भी तेजी आएगी, लाभ लें। रुई में झटके के साथ तेजी आएगी। घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में भी तेजी का रुख रहेगा, अनाजों में साधारण मन्दा।

इस मास में मंगल, बुध, गुरु, शनि, राहु, केतु ये छः ग्रह वक्री हैं। इस मास में कर्क संक्रान्ति एवं आगे मकर-संक्रान्ति दोनों बुधवारी हैं, इस ग्रहस्थिति को ध्यान में रखकर एवं बाजार के रुख को देखकर काम करने वाले व्यापारी उत्तम लाभ ले सकेंगे। इस मास के लगभग शासन व्यापार पर अंकुश लगा सकता है, नई नीति के कारण व्यापार में विशेष उथल-पुथल संभव है, विशेष सावधानी से काम करें। समय-२ पर पत्र व्यवहार करके ताजा सलाह जरूर ले लें यह समय विशेष लाभ का है, लेकिन गलती होने से जबरदस्त नुकसान भी हो सकता है। अगर बाजार मन्दे हों तो खूब स्टाक करें, आगे बहुत उत्तम लाभ की आशा है। व्यापारी सावधान रहें—१२ जुलाई से, जुलाई के अन्त तक रुई में जबरदस्त डाउन ट्रेण्ड चलेगा, बाजार छिटक-छिटक कर मन्दे की तरफ आएगा, तेजी में न रहें। ११ जुलाई के बाद दो-तीन दिन बाजार का रुख देखकर व्यापार बढ़ावें। ११ जुलाई के बाद बृहस्पति वक्री होता है; वक्री गुरु-शनि का काम इस प्रकार लिखा है—

गुरुर्युक्तः शनिर्वक्रं करोति च यदा तदा। सप्तमे मासि गोधूम तिल तेल महर्घता॥
कुम्भ राशिगतो जीवः वक्रतामुपयाति चेत्। सर्वधान्यस्य निष्पत्तिः सर्वधान्यस्य विक्रयः॥

तात्पर्य यह है, कि—अगर बाजारों में मन्दा है तो स्टाक करें। आगे उत्तम लाभ की आशा की जाती है। अगर बाजार तेज हैं तो स्टाक शीघ्र निकाल दें, आगे तूफानी मन्दा आएगा। हमारे विचार से तो गेहूं, जौ, चना, चावल आदि धान्य, अलसी, सरसों, तोरिया, एरण्ड, घी, तेलों में मन्दा आएगा, सोना, चांदी आदि धातु तथा ऊनी वस्त्रों के भाव उठेंगे। तेजी में बेचें, मन्दे में खरीदें—यही नीति रक्खें, उत्तम लाभ मिलेगा। **ताजा परामर्श लें तो और विचार भी लिखेंगे।**

१५ जुलाई को व. बुध पश्चिम में अस्त हो रहा है, रुई में झटके के साथ अच्छी मन्दी आएगी, पाट, हैसियन एवं शेयर बाजार भी मन्दे होंगे। चांदी में मन्दी के बाद तेजी रहेगी।

१६ जुलाई को कर्क संक्रान्ति बुधवार को लगी है। गेहूं, जौ, चना, मटर, अरहर, उड़द, मूग, चावल में मन्दापन आएगा। रुई, सूत, बादाम, सुपारी, फल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, नारियल, सरसों, चांदी, सोना आदि में तेजी आएगी। सिंह राशिस्थ-शुक्र में वर्षा, पानी की प्रायः कमी रहती है, अतः समय पर वर्षा के संकट से किसी प्रान्त विशेष में अचिन्तित दुर्भिक्ष की स्थिति बनेगी, जिससे बाजारों में तेजी का रुख बनेगा। १६ जुलाई को वेंकटेश (प्लूटो) मार्गी हो रहा है। अतः वायदा बाजार का रुख बदल सकता है। मिर्च, केसर, चन्दन, कपूर में तेजी आएगी।

१९ जुलाई को सूर्य पुष्य नक्षत्र में आ जाता है। व्यापारी इस चांस को नोट करें, कि लगभग जुलाई मास के अन्त तक 'रुई के व्यापारी' जबरदस्त मन्दी या उत्तम तेजी से उत्तम लाभ प्राप्त कर सकते हैं, यदि १९, २० जुलाई को मन्दे का ट्रेण्ड रहा तो मन्दी चलेगी, वरना तेजी में रहें, लेकिन हमारे विचार से तो अच्छी मन्दी आएगी, मन्दे का व्यापार करने वाले व्यापारी उत्तम लाभ प्राप्त करेंगे नोट करें, लेकिन बाजार के रुख को

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

राहु के साथ सम्बन्ध करता है तथा १३ अप्रैल को शुक्र के साथ सूर्य का भी मेल हो जाता है, इस प्रकार सूर्य, शुक्र एवं राहु का एक साथ मेष राशि में होना वायदा व्यापार एवं हाजिर व्यापारियों के लिए विशेष महत्वपूर्ण है। शुक्र विशेषतः गुड़, खाण्ड, कपास, पाट, बारदाना, तिलहन, चांदी, चावल, चीनी आदि के व्यापार में अच्छी तेजी या मन्दी लाया करता है। यहां क्रूर ग्रहों के योग में रुई, चांदी, चीनी, चावल, गुड़, खाण्ड, कपास, सरसों, तोरिया, आदि में अच्छी तेजी लाएगा—ऐसा विचार है। क्योंकि जब शुक्र, सूर्य और राहु के साथ होता है तो व्यापारियों की प्रवृत्ति खरीदने की ओर होती है, कपड़ा एवं सूत की ग्राहिकी ज्यादा होती है, रुई के बाजार तेज हो जाते हैं, हाजिर बाजार, कच्ची रुई के व्यापार तेजी की ओर बढ़ा करते हैं अतः व्यापारियों को सलाह है, कि—व्यापारी बाजार का रुख देखकर तेजी का ख्याल रखते हुए लाभ लें।

१८ अप्रैल को कृत्तिका नक्षत्र का शुक्र जौ, चावल, हींग, रुई, सूत, कपड़ा, चांदी, सोना, हीरा आदि में कुछ मन्दा करेगा; लेकिन २१ अप्रैल को शुक्र वृष राशि में आ जाता है। शुक्र अकेला कभी-कभी जोरदार मन्दा भी ला देता है, लेकिन बाजार के रुख को जांच कर व्यापार बढ़ावें। लेकिन—वृष राशि शुक्र की अपनी राशि है। इस समय वृष राशि के शुक्र पर शनि की पूरी नजर है साथ ही (इसी दिन) सूर्य और राहु की अशात्मकयुति भी हो रही है, यह ग्रहस्थिति महत्वपूर्ण है—व्यापारी नोट करें। २१ अप्रैल के लगभग रुई, कपास, चीनी, चांदी में कुछ घटा-बढ़ी के बाद अच्छी तेजी का झटका आएगा—विचारपूर्वक काम करें, अच्छा लाभ मिल सकता है। २४ अप्रैल को यस्तादित-व्यायाम चन्द्रग्रहण स्वाती नक्षत्र में लगेगा। जौ, गेहूं, चना, बाजरा, ज्वार, उड़द, मूग आदि अनाजों में नीमे माल में तेजी आने से लाभ मिलेगा। २५ अप्रैल को रेवती नक्षत्र में बुध के आने पर केसर, मजीठ, कुसुम्भ, लालमिर्च, चन्दन, गेहूं एवं अन्य लाल चीजें तेज होंगी। गुड़, खाण्ड, तिल तेज होंगे। २७ अप्रैल को भरणी नक्षत्र का सूर्य सरसों, घी, अलसी में टेम्परेरी मन्दा करेगा। २९ अप्रैल को शुक्र रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेगा। शुक्र खास तौर पर कपास, रुई, गुड़, खाण्ड और चांदी के बाजारों पर अपना प्रभाव रखता है, अतः शनि से दृष्ट शुक्र हमारे विचार से मन्दा करने वाला नहीं, मासान्त में साधारण मन्दे के बाद बाजार तेज रहेंगे।

मई—मासारम्भ में ३ मई को बुध मेष राशि में प्रविष्ट होकर सूर्य एवं राहु के साथ मेल कर रहा है, जब भी बुध क्रूर ग्रहों के सम्पर्क में आता है, तब इसकी प्रकृति क्रूर बन जाती है, उस समय इस ग्रह में बाजारों में तेजी लाने की सामर्थ्य बढ़ जाती है। झूठी या सच्ची अफवाहों से बाजारों में बुध की स्थिति के मुताबिक तेजी-मन्दी टेम्परेरी तौर पर अच्छी आया करती है। अब ध्यान दें, कि मंगल की राशि (मेष) में बुध ने यहां क्रूर ग्रहों से मेल किया है अतः सरसों, तिल, तेल, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, गेहूं, जौ, चना, चावल, मोठ, अलसी, सोना, चांदी, मूंगा, मोती में तेजी बनेगी। १० मई को मृगशिरा नक्षत्र का शुक्र गेहूं, चना, ज्वार में मन्दे का रुख बनेगा और गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेजी आएगी। मूग, उड़द, मोठ, तिल में भी तेजी का विचार है। **११ मई में बाजार का रुख देखकर ही काम करें; अचानक बाजार का रुख बदल जाने का योग है;** अनाज, घी आदि में मन्दा, रुई में घटा-बढ़ी, पहले तेज, बीच में मन्दी, अन्त में फिर तेज, सोना, चांदी में घटा-बढ़ी के बाद तेजी आएगी।

१४ मई को वृष-संक्रान्ति बुधवार को है; जौ, चना, गेहूं, मटर, अरहर, मूग, चावल में कुछ मन्दी आएगी। लेकिन वृष राशि के सूर्य पर शनि की नजर होने से चांदी, सोना, गुड़, खाण्ड, शक्कर, कपास, रुई, सूत, बादाम, सुपारी, नारियल, तिल, तेल, सरसों, आदि में अच्छी तेजी आएगी। इस समय जिन चीजों में मन्दा आएगा उनमें भी जल्द ही तेजी बनेगी, तेजी में रहने वाले व्यापारी लाभ में रहेंगे। व्यापारी ध्यान दें कि इस समय बुध अतिचारी है, अतः बुध विशेषरूपेण प्रभावशाली है। तिलहन बाजारों पर इस ग्रहस्थिति का विशेष प्रभाव पड़ेगा, सरसों एरण्ड, तोरिया, तिल, तेल, घी एवं अनाजों में भी जबरदस्त तेजी का झटका आ सकता है। व्यापारी बाजार के रुख को समझ कर ही काम करें।

१६ मई को शुक्र मिथुन राशि में आ जाता है, इस समय शुक्र पर मंगल की पूरी नजर है, शुक्र यह रुई, गुड़, खाण्ड, चांदी, सोना, कपास, सूत, मिल्क, रेयान आदि के बाजारों को प्रभावित करता है। अतः शुक्र कभी-कभी बाजारों में जोरदार मन्दा ला देता है, मिथुन राशि में शुक्र यद्यपि मन्दा लाता है। लेकिन यहां पर शुक्र पर मंगल की नजर होने से कुछ तेजी ही रहेगी—ऐसा विचार है, ध्यान दें कि—शुक्र पर बृहस्पति की दृष्टि भी है अतः—विशेष तेजी की उम्मीद भी न करें। बाजार का रुख देखकर काम करने की सलाह है। इस समय बुध अतिचारी है तथा शनि वक्री है, राजनैतिक गतिविधि एवं नीति से बाजार उठेंगे, जौ, गेहूं, चना, चावल, चांदी, रुई, गुड़, खाण्ड, कपास, मिल्क, रेयान के बाजारों में तेजी अच्छी आएगी। तुरन्त मौका देखकर तेजी से निकल जाइए, बाजार मन्दे के बन सकते हैं।

१९ मई को बुध, वृष राशि में आकर सूर्य के साथ योग करेगा, सूर्य-बुध पर शनि की पूरी नजर है, अतः जिन वस्तुओं में पहिले तेजी चल रही थी उनमें और जोरदार तेजी आ सकती है, लेकिन बुध अस्त होने से विशेष तेजी की उम्मीद भी नहीं की जा सकती। २० मई के लगभग मिर्च आदि तीक्ष्ण वस्तु, केसर, चन्दन, कपूर आदि तेज हों। २१ मई के लगभग गेहूं आदि में अचानक मन्दे का वातावरण बन सकता है। २३ मई को रोहिणी नक्षत्र का बुध ऊन, रुई, कपास, सूत, मण, सोना, चांदी, अलसी, एरण्ड, तिल, तेल, सरसों, चावल, गुड़, खाण्ड, घी, गेहूं, जौ, चना, ज्वार, बाजरा में तेजी आएगी। **२३ मई को सूर्य-बुध की अशात्मक युति का प्रभाव भी तेजी को ऊंचा उठाने वाला है, हमारे विचार से २० मई से २८ मई तक अलसी, एरण्ड, तोरिया, सरसों, तिल तेल, रुई, कपास, घी, गेहूं, जौ, चना, ज्वार, बाजरा एवं दालों में अच्छी तेजी आएगी;—लाभ लें। मासान्त के एक दो दिनों में चांदी में घटा-बढ़ी के बाद मन्दी, गेहूं, तिल, सरसों, उड़द में भी कुछ मन्दा आएगा।**

जून—जून के शुरू में ही पुनर्वसु नक्षत्र का शुक्र, बृहस्पति से देखा गया है, अतः सोना, चांदी, रुई, कपास मन्दे होंगे। २ जून को बुध भी मिथुन राशि में आकर शुक्र से सम्बन्ध करेगा; मिथुन बुध की अपनी राशि है, इस समय व्यापारी ध्यान दें। कि अगर बाजार मन्दे के हैं तो जोरदार मन्दी और बनेगी, अगर बाजार तेजी में हैं तो जोरदार तेजी आएगी—हमारा विचार मन्दा आने का है। रुई, सोना, चांदी में मन्दा, गुड़, खाण्ड, तेल, तिलहन, पाट, बारदाना, हल्दी, कपास में भी मन्दे का रुख रहे। [जैसे मासारम्भ में ग्रहों के अशादि के आधार पर आगे सूर्य पीछे बृहन्नन्दन, बीच में सोमसुत होने से अनाजों में तेजी का योग बनता है, फिर भी ग्रहस्थिति को ध्यान में रखकर ही काम करें।] ३ जून को पश्चिम में बुध उदित हो रहा है, वस्त्र, रुई एवं शेयरों के भावों में शीघ्र ही मन्दा आएगा। ५ जून को आर्द्रा नक्षत्र का बुध गेहूं, तिल, उड़द, जौ, चना, मूंग, मोठ में मन्दा बनेगा। लेकिन—७ जून को ज्येष्ठ कृष्ण अमावस शनिवारी है, शनैश्चरी अमावस के तुरन्त

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

व्यापार विमर्श सं. २०४३ वि.

'व्यापारे वसति लक्ष्मीः'—यह युक्ति अनुभव के आधार पर खरी उतरती है; क्योंकि सेवावृत्ति-वाला व्यक्ति कभी लक्षाधीश नहीं देखा गया। हां, व्यापार के माध्यम से व्यक्ति कोट्यधीश बने हैं।

जीवन के सभी पहलुओं पर विचार करने से यह बात निस्सन्देह सत्य सिद्ध हो चुकी है, कि भाग्य में जितना आपको लाभ होना लिखा है, उतना ही होगा। भाग्य के द्वारा निर्धारित अधिकार से अधिक आपका परिश्रम एवं विद्या भी आपको नहीं दिला सकते—"भाग्यं फलति सर्वत्र न विद्या न च पौरुषम्।" मनुष्य की बुद्धि भी भाग्य के संकेत पर ही मनुष्य को हानि-लाभ की ओर प्रेरित करती है। मनुष्य के भाग्य में हानि-लाभ के संकेत को पढ़ने के लिए ग्रहगति का रहस्यात्मक-ज्ञान मनुष्य को ऋषियों से प्राप्त हुआ है। अतः व्यापार बढ़ाने से पहिले संभावित हानि से बचने के लिए अपनी व्यक्तिगत ग्रहगति को ध्यान में रखना परमावश्यक है, अपनी कुण्डली में नेष्ट ग्रह से सम्बन्धित-वस्तु का व्यापार न करें, आपके लिए इस वर्ष जो ग्रह लाभप्रद है, उससे सम्बन्धित वस्तु के व्यापार से लाभ ले सकते हैं। अतः वर्षारम्भ में ही जन्मपत्र भेजकर व्यापारिक दृष्टि से विचार करा लेना आवश्यक है।

संवत २०४३ में गुरु, शनि, राहु, मंगल, यूरेनस, नैपच्यून और प्लूटो आदि के चार एवं युति-प्रतियुति के आधार पर यह स्पष्ट घोषणा की जाती है, कि इस साल व्यापारिक जगत में विशेष उथल-पुथल होगी। रुई में भयंकर तेजी आएगी, सरसों, तिल, तेल, घी, रुई, गुड़, खांड एवं रेयान, चांदी, सोना आदि के भावों में भी जबरदस्त उतार-चढ़ाव आयेंगे। कहने का तात्पर्य यह है, कि इस वर्ष व्यापारिक क्षेत्र में रंक से राजा एवं राजा से रंक बना देने वाले विशेष योग हैं। अतः वार्षिक ग्राहक बनकर समय-समय पर ताजा परामर्श प्राप्त करके उत्तम लाभ प्राप्त करें। इस वर्ष ग्रहचाल के खिलाफ चलने वाले व्यापारी भारी हानि में रहेंगे। नोट कर लें।

'व्यापार विमर्श' में हम ग्रहचाल के मुताबिक सभी व्यापारियों को सावधान करते रहे हैं, गत वर्ष भी हजारों व्यापारी सोना, चांदी एवं अन्य जिसों में लाभ उठा चुके हैं। ताजा परामर्श प्राप्त करके हमारे ग्राहक व्यापारी लाखों का लाभ उठा गए हैं। इस वर्ष भी हम सं० २०४३ में ग्रहगति के अनुसार तेजी-मन्दी की विशेष लाइनों का संकेत यहां देंगे तथा सामयिक तेजी-मन्दी का भी विवेचन करेंगे। फिर भी व्यापारियों से आग्रह है, कि वे निम्नांकित हिदायतों को ध्यान में रखते हुए अपनी ग्रहचाल के अनुकूल होने पर ही व्यापार करने के लिए आगे बढ़ें।

वायदा-व्यापारियों के लिए हिदायतें

(१) सदैव उतने ही लाभ की आशा करके व्यापार करें, जितनी साधारणतया हानि उठाने की सामर्थ्य हो। (२) सदैव याद रखो, कि वायदा व्यापार में नुकसान की लिमिट बांधकर काम करें, ज्यादा नुकसान व घबराहट से बच जाओगे, कम नुकसान में सौदा काट देना अक्लमन्दी है। (३) व्यापार करते समय ध्यान रहे कि सबसे पहले अपने मन में व्यापारिक आधार के साथ-साथ ग्रह-गति के आधार पर निर्णय करलें, कि यह समय इस वस्तु में मोटी तेजी का है या मोटी मन्दी का? मन में यह धारणा बांध कर बाजार का रुख देखें। यदि व्यापार की लहर तेजी की चल रही हो तो हमारे परामर्श से तेजी का व्यापार करके लाभ उठावें। (४) यदि ग्रह योग भी मन्दे का हो और बाजार में मन्दी के मोटे कारण भी दिखलाई देने लगें और व्यापार के वक्त भी बाजार का रुख मन्दे का हो तो ऐसी स्थिति में हर बड़े भाव में बेचाव करते रहिए, थोड़ा-थोड़ा सौदा काट कर नफा से सुलटते रहिए। (५) व्यापार की लहर तेजी की है या मन्दी की? यह जानने के लिए 'खास' वस्तु के भावों को देखना चाहिए। यदि उस वस्तु में हर तीसरे, चौथे, आठवें दिन मन्दी के या तेजी के नए-नए भाव आते चले जाएं जैसे तीसरे दिन नया भाव मन्दी का आवे तो जान लो, कि वस्तु में अब मन्दे की लहर चल रही है, उसे मन्दे के उछाले में बेच दें। (६) यदि मन्दी के भाव छूटते चले जाएं और तेजी के भाव तीसरे या चौथे दिन नए बनते जाएं तो समझ लें कि तेजी की लहर चल रही है, ऐसे समय जब ग्रहचाल से भी तेजी नजर आए तो तेजी का व्यापार करके प्रायः लाभ उठाया जा सकता है। (७) बाजार के खिलाफ कभी काम न करें। मानलो, आपने तेजी का काम [illegible]। उधर सौदा करते ही बाजार में मन्दे की लहर चल रही हो तो किसी भी समय तेजी का उछाला आते ही सौदा खत्म कर दो, बड़े नुकसान से बच जाओगे। हमेशा ग्रहयोग को आधार मान कर और बाजार के रुख को ध्यान में रखते हुए अपनी पाराशरी शुभ दशा में व्यापार से अच्छा लाभ उठाया जा सकता है। इसके विरुद्ध खोटी ग्रहस्थिति वाले व्यापारियों को वायदों का व्यापार भूलकर भी नहीं करना चाहिए, क्योंकि भारी हानि हो सकती है, सट्टा तो सितारे का साथी है। अतः समयानुसार पत्र द्वारा अपनी दशा के अनुसार हमारे सुझावों द्वारा लाभ उठा सकते हैं।

अप्रैल—इस मास के प्रारम्भ में लगभग ८, १० दिन तक हल्दी, सुपारी, केसर, मजीठ, सोना, चांदी, लालमिर्च, सरसों, तिल, तेल, अलसी, घी एवं नारियल आदि में मन्दे का रुख रहेगा। चना, मूंग, मोठ, ज्वार, बाजरा, तूअर में घटा-बढ़ी एवं रुई में तेजी का रुख रहेगा। ११ अप्रैल को बुध मीन में आकर रुई, गुड़, खाण्ड, शक्कर में मन्दे का वातावरण बना देगा लेकिन तेजी में ही रहें। वायदा के व्यापारी समझ से काम लें। इस समय सोना, चांदी में घटा-बढ़ी के बाद मन्दा आएगा। **मीन राशि के बुध पर मंगल की दृष्टि है, अतः क्रूर ग्रह दृष्टि होने से मंगल स्वभावतः तेजी कारक हो जाता है, हमारा विचार है, कि—वायदा व्यापारी रुई, गुड़, खाण्ड, सरसों, तेल, घी, चावल, सोना, चांदी में तेजी लगाकर लाभ ले सकते हैं।** लेकिन बाजार के रुख को जांच कर ही काम करें।

१३ अप्रैल को मेष संक्रान्ति इतवार को है, जौ, गेहूं, चना आदि अनाज, हाथी के दांत, लाख, मोम, मजीठ, केसर तेज रहेंगे। १३ अप्रै. के लगभग रुई, कपास, घी, तेल, तिल, सरसों, नारियल, सुपारी, बादाम एवं फल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, चांदी, सोना तेज होंगे। इस समय रुई, चावल, चांदी के व्यापारी भी अच्छा लाभ ले सकते हैं।

[अप्रैल के पूर्वार्ध में हैली धूम्रकेतु निरायण तुला में होने से घी, तिल, तेल, चांदी, चावल एवं रुई में तेजीकारक ही रहेगा।]

व्यापारी नोट करें, कि—२८ मार्च १९८६ ई. से २१ अप्रैल तक शुक्र मेष राशि में

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

—: दुनियाँ के कुछ देशों के स्टैं० टा० का भारतीय स्टैं० टा० से अन्तर :—

देश या प्रदेश के आगे लिखे घं० मि० को उस देश या प्रदेश के स्टैं० टा० में धन (+) ऋण (—) चिह्न के विपरीत घटाने या जोड़ने से उस समय का भा० स्टैं० टा० ज्ञात हो जायेगा।

देश तथा प्रदेश	देश या प्रदेश के स्टैं टा. का भा. स्टैं.टा. से अन्तर
	घं. मि.
अदन	— २।३०
अफगानिस्तान	— १।००
अर्जेण्टाइना	— ८।३०
आस्ट्रेलिया कैपिटल टैरिटरी, विक्टोरिया, न्यू साऊथ वेल्स, क्वीन्स लैण्ड, तस्मानिया	+ ४।३०
साऊथ आस्ट्रेलिया, नार्दन टैरिटरी, ब्रोकन हिल एरिया	+ ४। ०
प. आस्ट्रेलिया	+ २।३०
आस्ट्रिया	— ४।३०
बेलिजियम	— ४।३०
बर्मा	+ १। ०
कनाडा	
न्यू फाउण्ड लैण्ड	— ९। ०*
एटलांटिक टाईम (A.T.)	— ९।३०*
ईस्टर्न टाईम (E.T.)	— १०।३०*
सैन्ट्रल टाईम (C.T.)	— ११।३०*
माउण्टेन टाईम (M.T.)	— १२।३०*
पैसिफिक टाईम (P.T.)	— १३।३०*
सिलोन	०। ०
चीन	+ २।३०
कोलम्बिया	— १०।३०
क्यूबा	— १०।३०*
चैकोस्लावाकिया	— ४।३०
डेन्मार्क	— ४।३०
इजिप्ट (मिस्र)	— ३।३०*
इथोपिया	— २।३०

देश तथा प्रदेश	देश या प्रदेश के स्टैं.टा. का भा. स्टैं.टा. से अन्तर
	घं. मि.
फिन्लैण्ड	— ३।३०
फ्रांस	— ४।३०
जर्मनी	— ४।३०
घाना	— ५।३०
ग्रीस	— ३।३०
हांग कांग	+ २।३०
हंगरी	— ४।३०
इन्डोनेशिया	
सुमात्रा, जावा, बाली, बांगका, बिलीटान	+ १।३०
बोर्नियो, सेलीबिस, टिमोर, फ्लोर्स	+ २।३०
आरु, केई, टनि- मवर, मोलुक्कस प० इरियन	+ ३।३०
ईरान (पर्सिया)	— २। ०
इराक	— २।३०
आयरलैंड (उ.)	— ५।३०*
इजरायल	— ३।३०
इटली, सिसिली	— ४।३०*
जापान	+ ३।३०
जार्डन	— ३।३०
केन्या	— २।३०
कोरिया	+ ३।३०
कुवैत	— २।३०
मलयेशिया गणतन्त्र	
मलाया	+ २। ०
सरवक	+ २।३०
मारिशस	— १।३०

देश तथा प्रदेश	देश या प्रदेश के स्टैं. टा. का भा. स्टैं. टा. से अन्तर
	घं. मि.
मैक्सिको	
सैण्ट्रल टाईम (C.T.)	— ११।३०
माउण्टेन टाईम (M.T.)	— १२।३०
पेसिफिक टाईम (P.T.)	— १३।३०
नीदर लैण्ड्स (हालैण्ड)	— ४।३०
न्यूजीलैण्ड	+ ६।३०
पाकिस्तान	— ०।३०
बंगला देश	+ ०।३०
फिलिप्पाइन गणतन्त्र	+ २।३०
पोलैण्ड	— ४।३०*
पुर्त्तगाल	— ४।३०*
राडेशिया, न्यासालैण्ड	— ३।३०
रोमानिया	— ३।३०
सऊदी अरब	
जेद्दा	— २।३०
बहरान, कतर	— १।३०
सिंगापुर	+ २। ०
सोमाली लैण्ड, सोमालिया	— २।३०
साऊथ अफ्रीकन गणतन्त्र	— ३।३०
स्पेन	— ४।३०
सूडान	— ३।३०
स्वीडन	— ४।३०
स्विट्जरलैण्ड	— ४।३०
सीरिया	— ३।३०*
थाईलैण्ड (स्याम)	+ १।३०
टर्की	— ३।३०*
युगांडा	— २।३०
इंग्लैण्ड	— ५।३०*
अमेरिका (U.S.A.)	
ईस्टर्न टाईम (E.T.)	— १०।३०*
सैण्ट्रल टाईम (C.T.)	— ११।३०*

देश तथा प्रदेश	देश या प्रदेश के स्टैं.टा. का भा. स्टैं.टा. से अन्तर
	घं. मि.
अमेरिका	
माउण्टेन टाईम (M.T.)	— १२.३०*
पेसिफिक टाईम (P.T.)	— १३।३०*
रूस (U.S.S.R.)	
मास्को,	— २।३०
'ब्लैक सी, से कैप्सियन सी' तक	— १।३०
स्वेर्दलोवस्क, प. कजक	— ०।३०
ओम्स्क, पू. कजक	+ ०।३०
क्रस्नोयार्स्क न्यू साईबेरिया	+ १।३०
इर्कुत्स्क	+ २।३०
याकुत्स्क, चितिन्स्क द. सकलिन	+ ३।३०
खबरोव्स्क, ब्लादिवोस्तक उ. सखलिन	+ ४।३०
मगदन	+ ५।३०
पेत्रोपब्लोव्स्क	+ ६।३०
वियतनाम	
उत्तरी	+ १।३०
दक्षिणी	+ २।३०
वेनेजुएला	— ९।३०
युगोस्लाविया	— ४।३०
नेपाल	०। ०
सिक्कम	०। ०
भूटान	०। ०

* इन स्थलों पर Summer time (ग्रीष्मकालीन समय) प्रचलित है। ग्रीष्मकालीन समय स्टैं. टा. से एक घण्टा आगे रहता है।

जिन देशों में Summer time प्रचलित है वहां गर्मी के दिनों में घड़ियां एक घण्टा आगे कर दी जाती हैं। इसी 'एक घण्टा आगे किये गए' टाईम को Summer time कहा जाता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

राजस्थान के नगरों के अक्षांश आदि

नगर	अक्षांश (उत्तर) अं. क.	रेखांश (पूर्व) अं. क.	स्टैण्डर्ड अन्तर (ऋण) मि. से.	नगर	अक्षांश (उत्तर) अं. क.	रेखांश (पूर्व) अं. क.	स्टैण्डर्ड अन्तर (ऋण) मि. से.	नगर	अक्षांश (उत्तर) अ. क.	रेखांश (पूर्व) अ. क.	स्टैण्डर्ड अन्तर (ऋण) मि. से.	नगर	अक्षांश (उत्तर) अ. क.	रेखांश (पूर्व) अं. क.	स्टैण्डर्ड अन्तर (ऋण) मि. से.
टाडगढ़	२५।४२	७४। ०	३४। ०	पिपलादा	२३।३५	७४।५०	३०।४०	भीम	२५।३६	७४। ६	३३।२४	शाहपुरा (जयपुर)	२७।२३	७५।५८	२६। ८
टोडारायसिंह	२६। ०	७५।२६	२८। ४	पिराबा	२४।१३	७६। ३	२५।४८	भीलवाड़ा	२५।२१	७४।४०	३१।२०	शाहपुरा (भीलवाड़ा)	२५।४०	७४।५०	३०।४०
टौंक	२६।११	७५।५०	२६।४०	पिलानी	२८।२३	७५।३५	२७।४०	मकराना	२७। ३	७४।४३	३१। ८	शेओ	२६।११	७१।१५	४५। ०
डीग	२७।२८	७७।२०	२०।४०	पीपार रोड	२६।२७	७२।२७	३६।१२	मण्डलगढ़	२५।१२	७५। ६	२६।२४	शेरगढ़ (जोधपुर)	२६।२५	७२।२१	४०।३६
डोडबाना	२७।२४	७४।३४	३१।४४	पुनासर	२७। २	७३। २	३७।५२	महलां	२६।५०	७५।३०	२८। ०	शेरगढ़ (झालावाड़)	२४।४०	७६।३२	२३।५२
डूंगरपुर	२३।५०	७३।४३	३५। ८	पुष्कर	२६।३०	७४।३३	३१।४८	महाजन	२८।४८	७३।५६	३४।१६	श्री गंगानगर	२६।४६	७३।५०	३४।४०
डेगाना	२६।५०	७४।१८	३२।४८	पूगल	२८।३१	७२।४७	३८।५२	मांगरोल	२५।२०	७६।३०	२४। ०	श्री डूंगरगढ़	२८। ६	७४। १	३३।५६
तिजारा	२७।५५	७६।५०	२२।४०	प्रसाद	२४।११	७३।४२	३५।१२	मारवाड़-जक्शन	२५।४३	७३।४५	३५। ०	श्री माधोपुर	२७।२५	७५।३२	२७।५२
थाना कस्बा	२५।१३	७७।२०	२०।४०	फतेहपुर	२८। ०	७५। ०	३०। ०	मालपुरा	२६।१८	७५।२५	२८।२०	श्री मोहनगढ़	२७।१७	७१।१२	४५।१२
थाना गाज़ी	२७।२५	७६।१६	२४।४४	फलौदी	२७। ६	७२।२२	४०।३२	मावली	२४।४७	७३।५८	३४। ८	नम	२६।५०	७०।३१	४७।५६
दान्ता	२४।१२	७२।४७	३८।५२	फुलेरा	२६।५२	७५।१६	२८।५६	मेड़ता	२६।३६	७४। ६	३३।३६	ममदरी	२५।४६	७२।३५	३६।४०
देओरा	२६।३०	७०।४२	४७।१२	बड़ी मादड़ी	२४।२५	७४।२८	३२। ८	मेड़तारोड	२६।४३	७३।५५	३४।२०	मरदार शहर	२८।२७	७४।३०	३२। ०
देचू	२६।४७	७२।२०	४०।४०	पोखरन	२६।५५	७१।५५	४२।२०	मियालजर	२६।१८	७०।२२	४८।३२	मरवार	२६। २	७४।५५	३०।२०
देवलिया	२४। ३	७४।४३	३१। ८	बनस्थली	२६।२३	७५।५०	२६।४०	मुकन्दवाड़ा	२४।४६	७५।५६	२६। ४	मरुप सर	२६।२२	७३।३७	३५।३२
देवली	२५।४६	७५।२५	२८।२०	बयाना	२६।५४	७७।१७	२०।५२	मुनवाओ	२५।४३	७०।१५	४६। ०	मवाई माधोपुर	२५।५८	७६।२५	२४।२०
देवीकोट	२६।४२	७१।१२	४५।१२	बान्दनवाड़ा	२६। ६	७४।४२	३१।१२	मोदरी	२४।२५	७३।२५	३६।२०	महारा	२५।१५	७४।१६	३२।५६
देशनोके	२७।४८	७३।२१	३६।३६	बस्वा	२७। ६	७६।३२	२३।५२	मोहनगढ़	२७।१७	७१।१८	४४।४८	मागवाडा	२३।४१	७४। १	३३।५६
देसुरी	२५।२०	७३।३७	३५।३२	बान्दीकुई	२७। ३	७६।३४	२३।४४	रतनगढ़	२८। ५	७४।३६	३१।२४	मांगानेर	२६।४६	७५।४६	२६।४४
धौलपुर	२६।४२	७७।५३	१८।२८	बाड़मेर	२५।४५	७१।२५	४४।२०	राजगढ़	२८।३६	७५।२६	२८।१६	मागोद	२४।५५	७६।२१	२४।३६
नरैना	२६।५०	७४।११	३३।१६	बाड़ी	२६।३६	७७।३६	१६।३६	रानीवाड़ा	२४।४५	७२।१३	४१। ८	मांचेर	२४।४०	७१।५०	४२।४०
नवलगढ़	२७।५१	७५।१८	२८।४८	बाप	२७।२२	७२।२२	४०।३२	रामगढ़ (जयपुर)	२७।१५	७५।१०	२६।२०	माम्भर	२६।५४	७५।१०	२६।२०
नसीराबाद	२६।१८	७४।४६	३०।५६	बारन	२५। ६	७६।३०	२४। ०	रामगढ़ (जैसलमेर)	२७।२२	७०।३०	४८। ०	मादूलपुर	२८।३८	७५।२४	२८।२४
नागौर	२७।११	७३।४४	३५। ४	बांसवाड़ा	२३।३०	७४।२४	३२।२४	रामदेवरा	२७। ०	७१।५२	४२।३४	सिन्दरी	२५।३३	७१।५५	४२।२०
नाचना	२७।२६	७१।४५	४३। ०	बाली	२५।५०	७४। ५	३३।४०	रायसिंह नगर	२६।३२	७३।२७	३६।१२	सिरमुटरा	२६।३१	७७।२२	२०।३२
नाथद्वारा	२४।५६	७३।५०	३४।४०	बालोतरा	२५।४६	७२।१४	४१। ८	रिखभदेव	२४। ४	७३।४०	३५।२०	सिरोही	२४।५३	७२।५४	३८।२४
निम्बहेड़ा	२४।३७	७४।४५	३१। ०	बिरसलपुर	२८।१०	७२।१५	४१। ०	रोगस	२७।२१	७५।३४	२७।४४	सिवाना	२५।३६	७२।२७	४०।१२
नीम का थाना	२७।४४	७५।४८	२६।४८	बिलारा	२६।१०	७३।४२	३५।१२	रूप नगर	२६।४८	७४।५४	३०।२८	सूरतगढ़	२६।१६	७३।५७	३४।२२
नोखा	२७।३५	७३।२६	३६। ४	बीकानेर	२८। १	७३।२०	३६।४०	रेनी	२८।४१	७५। ५	२६।४०	सीकर	२७।३६	७५। ६	२६।२४
नैनवा	२५।४५	७५।५७	२६।१२	बून्दी	२५।२७	७५।४०	२७।२०	लक्ष्मनगढ़	२७।४५	७५। ४	२६।४४	सुजानगढ़	२७।४२	७४।३०	३२। ०
नोहर	२६।११	७४।४६	३०।५६	ब्यावर	२६। ६	७४।२०	३२।४०	लाठी	२७। ३	७१।३०	४४। ०	सोजत	२५।५६	७३।४२	३५।१२
पचपदरा	२५।५५	७२।२१	४०।३६	भरतपुर	२७।१५	७७।३०	२०। ०	लाडनू	२७।३६	७४।२३	३२।२८	हनुमानगढ़	२६।३५	७४।२१	३२।३६
प्रतापगढ़	२४। २	७४।४७	३०।५२	भवारी	२५।४३	७२।५२	३८।३२	लालसोत	२६।३४	७६।२३	२४।२८	हिन्दौन	२६।४३	७७। १	२१।५६
पर्बतसर	२६।५२	७४।४७	३०।५२	भंवरगढ़	२५। ६	७६।५०	२७।४०	लूनी	२६। ०	७२।५२	३८।३२				
पल्लू	२८।५६	७४।१३	३३। ८	भाद्रा	२६।१५	७५।२०	२८।४०	लोहारिया	२३।४८	७४।५५	३३। ०				
पाली	२५।४६	७३।२०	३६।४०	भीनमाल	२५। ०	७२।१६	४०।४४	शाहगढ़	२७। ८	७६।५७	५०।१२				

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अक्षांशादि सारणी (भारत के प्रमुख नगरों के अक्षांश आदि)

नगर	अक्षांश (उत्तर) अं. क.	रेखांश (पूर्व) अं. क.	स्टैण्डर्ड अन्तर मि. से.	नगर	अक्षांश (उत्तर) अं. क.	रेखांश (पूर्व) अं. क.	स्टैण्डर्ड अन्तर मि. से.	नगर	अक्षांश (उत्तर) अं. क.	रेखांश (पूर्व) अं. क.	स्टैण्डर्ड अन्तर मि. से.	नगर	अक्षांश (उत्तर) अं. क.	रेखांश (पूर्व) अं. क.	स्टैण्डर्ड अन्तर मि. से.
शिमला (हि.प्र.)	३१। ६	७७।१३	—२१। ८	सांगली (म.)	१६।५२	७४।३६	—३१।३६	सीकर (रा.)	२७।३६	७५।१२	—२६।१२	हनुमान गढ़ (रा.)	२९।३५	७४।२१	—३०।३६
शिलांग (आ.)	२५।३४	९१।५४	+३७।३६	सांगानेर (रा.)	२६।४९	७५।४९	—२६।४४	सीतापुर (उ.प्र.)	२७।३२	८०।४३	— ७। ८	हरदोई (उ.प्र.)	२७।२३	८०।१०	— ९।२०
श्रीनगर (का.)	३४। ६	७४।५१	—३०।३६	साम्भर (रा.)	२६।५४	७५।१३	—२९। ८	सुन्दर नगर (हि.प्र.)	३१।३२	७६।५३	—२२।२८	हरिद्वार (उ.प्र.)	२९।५८	७८।१३	—१७। ८
श्रीमाधोपुर (रा.)	२७।२५	७५।३२	—२७।५२	सिकन्दराबाद (आं.)	१७।२७	७८।३३	—१५।४८	सूरत (गु.)	२१।१२	७२।५२	—३८।१२	हावरस (उ.प्र.)	२७।३६	७८। ६	—१७।३६
संगकर (पं.)	३०।१२	७५।५३	—२६।२८	सिन्दरी (रा.)	२५।३३	७१।५५	—४२।२०	सूरतगढ़ (रा.)	२९।१९	७३।५७	—३४।१२	हापुड़ (उ.प्र.)	२८।४३	७७।५०	—१८।४०
सतारा (म.)	१७।४२	७४। २	—३३।५२	सिन्दरी (बं.)	२३।४५	८६।४२	+१६।४८	सोजत (रा.)	२५।५६	७३।४२	—३५।१२	हासी (ह.)	२९। ६	७६। ०	—२६। ०
सनावर (पं.)	३०।१८	७६।३०	—२४। ०	सिरसा (ह.)	२९।३२	७५। ४	—२९।४४	सोनहाट (म.प्र.)	२३।२९	८२।३०	— ०। ८	हिसार (ह.)	२९।१०	७५।४६	—२६।५६
सरदार शहर (रा.)	२८।२७	७४।३२	—३१।५२	सिरोही (रा.)	२४।५३	७२।५४	—३८।२४	सोमनाथ (गु.)	२१। ४	७०।२६	—४८।१६	हुबली (क.)	१५।२०	७५।१२	—२९।१२
सरहिन्द (पं.)	३०।३८	७६।२५	—२४।२०	सिलीगुड़ी (ब.)	२६।४२	८८।२५	+२३।४०	सोलन (हि.प्र.)	३०।५५	७७। ६	—२२।२८	हैदराबाद (आं.)	१७।२०	७८।३०	—१६। ०
सवाईमाधोपुर(रा.)	२६। ०	७६।३०	—२४। ०	सिवाना (रा.)	२५।३६	७२।२७	—४०।१२	हजारी बाग (बि.)	२३।५९	८५।२५	+ ११।४०	होशंगाबाद (म.प्र.)	२२।४६	७७।४५	—१६। ०
ससाराम (बि.)	२४।५७	८४। ३	+ ६।१२	सिहोरा (म.प्र.)	२३।२९	८०। ६	— ६।२८	हमीरपुर (उ.प्र.)	२५।५८	८०।१२	— ६।१२	होशियारपुर (पं.)	३१।३२	७५।५७	—२६।१२
सहारनपुर (उ.प्र.)	२९।५८	७७।३३	—१९।४८	सिंहभूम (बि.)	२२।२४	८५।३०	+१२।००	हमीरपुर (हि.प्र.)	३१।४१	७६।३१	—२३।५९	होसुर (ता.)	१२।४४	७७।५२	—१८।३२
सागर (म.प्र.)	२३।५०	७८।४५	—१५। ०												

राजस्थान के नगरों के अक्षांश आदि

नगर	अक्षांश (उत्तर) अं. क.	रेखांश (पूर्व) अं. क.	स्टैण्डर्ड अन्तर (ऋण) मि. से.	नगर	अक्षांश (उत्तर) अं. क.	रेखांश (पूर्व) अं. क.	स्टैण्डर्ड अन्तर (ऋण) मि. से.	नगर	अक्षांश (उत्तर) अं. क.	रेखांश (पूर्व) अं. क.	स्टैण्डर्ड अन्तर (ऋण) मि. से.	नगर	अक्षांश (उत्तर) अं. क.	रेखांश (पूर्व) अं. क.	स्टैण्डर्ड अन्तर (ऋण) मि. से.
अकलेरा	२४।२३	७६।३६	२३।३६	एरिनपुरा	२५। ६	७३। ६	३७।३६	खेडब्रह्मा	२४। ५	७३। ३	३७।४८	चामू	२७। ८	७५।४७	२६।५२
अजमेर	२६।२७	७४।४२	३१।१२	ओसिया	२६।४३	७२।५५	३८।२०	खेरवाड़ा	२४। ०	७३।३५	३५।४०	छबरा	२४।४०	७६।५०	२२।४०
अनूपगढ़	२९। ७	७३। ६	२७।३६	करौली	२६।३०	७७। १	२१।५६	गंगानगर	२९।४९	७३।५०	३४।४०	छोटी सादड़ी	२४।२४	७४।४२	३१।१२
अमेट	२५।२०	७३।५६	३४। ४	कांकरोली	२५। ४	७३।५४	३४।२४	गंगापुर (भीलवाड़ा)	२५।१३	७४।१६	३२।५६	जयपुर	२६।५५	७५।५२	२६।३२
अलवर	२७।३४	७६।३८	२३।२८	कामन	२७।३६	७७।१६	२०।५६	गंगापुर (टोंक)	२६।२९	७६।४६	२२।५६	जसरासर	२७।४५	७३।५०	३४।४०
अलीगढ़	२५।५८	७६। ७	२५।३०	किशनगढ़	२६।३४	७४।५२	३०।३२	गिराव	२६। २	७०।३५	४७।४०	जसवन्तपुरा	२४।४८	७२।३०	४०। ०
आबू	२४।४०	७२।४५	३९। ०	कुशालगढ़	२३।१०	७४।२७	३२।१२	गागरिया	२५।४४	७०।४२	४७।१२	जहाजपुर	२५।३८	७५।१२	२९।१२
आबू रोड	२४।२९	७२।४७	३८।५२	कुचामन	२७। ६	७४।५२	३०।३२	गूढ़ा	२५।१२	७१।४८	४२।४८	जालन	२७।१५	७४।१२	३३।१२
आमेर	२६।५९	७५।५२	२६।३२	कूरी	२६।४२	७०।४०	४७।२०	घोटारू	२७।१८	७०। ४	४९।४४	जालोर	२५।२२	७२।३८	३९।२८
आसपुर	२३।५८	७४। ३	३३।४८	कोकड़ी	२५।५६	७५।१०	२९।२०	चाम्पू	२६।३६	७५।५९	२६। ४	जैसलमेर	२६।५५	७०।५४	४६।२४
आहोर	२५।२३	७२।५२	२८।३२	कोटरा	२४।२२	७३।१०	३७।२०	चारनवाला	२७।५३	७२।१०	४१।२०	जोधपुर	२६।१८	७३। ४	३७।४४
इन्द्रगढ़	२५।४४	७६।१२	२५।१२	कोटा	२५।१०	७५।५२	२६।३२	चित्तौड़गढ़	२४।५४	७४।४०	३१।२०	जोधासर	२८। ७	७३।५०	३४।४०
उतारनी	२६। ६	७१।५८	४२। ८	कोलायत	२७।५०	७२।५७	३८।१२	चिराना	२८।१५	७५।३८	२७।२८	झालरापाटन	२४।३३	७६।१०	२५।२०
उदयपुर	२४।३५	७३।४१	३५।१६	खण्डेला	२७।३६	७५।३२	२७।५२	चीमो	२७।२२	७३।३०	३६। ०	झालावाड़	२८। ६	७५।२५	२८।२०
एकलिंगजी	२४।४३	७३।४६	३४।५६	खुईआला	२७। ६	७०।२५	४८।२०	चूरू	२८।१६	७५। १	२६।५६	झुंझुनु			

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अक्षांशादि सारणी (भारत के प्रमुख नगरों के अक्षांश आदि)

नगर	अक्षांश (उत्तर) अं. क.	रेखांश (पूर्व) अं. क.	स्टैण्डर्ड अन्तर मि. से.	नगर	अक्षांश (उत्तर) अ. क.	रेखांश (पूर्व) अ. क.	स्टैण्डर्ड अन्तर मि. से.	नगर	अक्षांश (उत्तर) अं. क.	रेखांश (पूर्व) अं. क.	स्टैण्डर्ड अन्तर मि. से.	नगर	अक्षांश (उत्तर) अं. क.	रेखांश (पूर्व) अं. क.	स्टैण्डर्ड अन्तर मि. से.
देव प्रयाग (उ.प्र.)	३०। ९	७८।३७	--१५।३२	पाटन (गु.)	२३।५३	७२।१०	—४१।२०	बालासोर (उ.)	२१।३०	८६।५४	+१७।३६	मुगलसराय (उ.प्र.)	२५।१७	८३।११	+ २।४४
देहरादून (उ.प्र.)	३०।१६	७८। ४	—१७।४४	पाण्डिचेरी	११।५६	७९।५३	—१०।२८	बालोतरा (रा.)	२५।४९	७२।१५	—४१। ०	मुंगेर (बि.)	२५।२३	८६।३०	+१६। ०
द्वारिका (गु.)	२२।१४	६९। ७	—५३।३२	पालमपुर (हि.प्र.)	३२। ७	७६।३२	—२३।५२	बिजनोर (उ.प्र.)	२९।२३	७८।११	—१७।१६	मुजफ्फर न. (उ.प्र.)	२९।२८	७७।४४	—१९। ४
धनबाद (बि.)	२३।४७	८६।३०	+१६। ०	पाली (रा.)	२५।४६	७३।२५	—३६।२०	बिलासपुर (म.प्र.)	२२। ५	८२।१३	— १। ८	मुजफ्फरपुर (बि.)	२६। ७	८५।२७	+११।४८
धर्मशाला (हि.प्र.)	३२।१६	७६।२३	—२४।२८	पुंछ (का.)	३३।५१	७४। ८	—३३।२८	बिलासपुर हि.प्र.)	३१।१९	७६।५०	—२२।४०	मुरादाबाद (उ.प्र.)	२८।५१	७८।४९	—१४।४४
धारवाड़ (क.)	१५।२७	७५। ५	—२९।४०	पुरनिया (बि.)	२५।४९	८७।३१	+२०। ४	बीकानेर (रा.)	२८। १	७३।२२	—३६।३४	मेरठ (उ.प्र.)	२९। १	७७।४५	—१९ ।०
धौलपुर (रा.)	२६।४२	७७।५३	—१८।२८	पुरी (उ.)	१९।४८	८५।५२	+१३।२८	बीजापुर (म.)	१६।५०	७५।४७	—२६।५२	मैनपुरी (उ.प्र.)	२७।१४	७९। ३	—१३।४८
नडियाद (गु.)	२२।४१	७२।५५	—३८।२०	पूना (म.)	१८।३०	७३।५३	—३४।२८	बुलन्दशहर (उ.प्र.)	२८।२४	७७।५४	—१८।२४	मोगा (प.)	३०।४८	७५।१०	—२९।२०
नरैना (रा.)	२६।५०	७४।११	—३३।१६	पोरबन्दर (गु.)	२१।३७	६९।४९	—५०।४४	बूंदी (रा.)	२५।२७	७५।४१	—२७।१६	मोरार (म.प्र.)	२६।१३	७८।१४	—१७। ४
नवलगढ़ (रा.)	२७।५१	७५।१८	—२८।४८	पोर्टब्लेअर	११।४०	९२।४६	+४१। ४	बृन्दावन (उ.प्र.)	२७।३२	७७।४४	—१९। ४	मोरेना (म.प्र.)	२६।२६	७८। ४	—१७।४४
नसीराबाद (रा.)	२६।१८	७४।४६	—३०।५६	प्रतापगढ़ (उ.प्र.)	२५।५४	८१।५९	— २। ४	बुद्धगया (बि.)	२४।४२	८४।५९	+ ९।५६	यवतमाल (म.)	२०।२३	७८।११	—१७।१६
नागपुर (म.)	२१। ९	७९। ९	—१३।२४	प्रतापगढ़ (म.प्र.)	२४। २	७४।४०	—३१।२०	भद्रवाह (का.)	३३। १	७५।४३	—२७। ८	चोल (हि.प्र.)	३२।११	७६।२३	—२४।२८
नागौर (रा.)	२७।११	७३।४०	—३५।२०	प्रयाग (उ.प्र.)	२५।२८	८१।५४	— २।२४	भटिण्डा (पं.)	३०।११	७५। ०	—३०। ०	रतलाम (म.प्र.)	२३।२०	७५। ७	—२९।३२
नाचना (रा.)	२७।२९	७१।४५	—४३। ०	फगवाड़ा (पं.)	३१।१४	७५।४६	—२६।५६	भरतपुर (रा.)	२७।१५	७७।३०	—२०। ०	रत्नागिरि (म.)	१७। २	७३।१९	—३६।४४
नाथद्वारा (रा.)	२४।५६	७३।५२	—३४।३२	फतेहाबाद (उ.प्र.)	२७। १	७८।१९	—१६।४०	भरूच (गु.)	२१।४१	७३। १	—३७।५६	राजकोट (गु.)	२२।१८	७०।५०	—४६।४०
नान्देड़ (म.)	१९। ९	७७।२७	—२०।१२	फतेहाबाद (ह.)	२९।३१	७५।३०	—२८। ०	भागलपुर (बि.)	२५।१४	८६।५९	+१७।५६	राजमहेन्द्री (आं.)	१७। ५	८१।४८	— २।४८
नाभा (पं)	३०।२५	७६। ९	—२५।३६	फरीदकोट (पं.)	३०।४०	७४।४०	—३१।२०	भिवानी (ह.)	२८।४६	७६।१८	—२४।४८	रांची (बि.)	२३।२०	८५।२०	+११।२०
नारनौल (ह.)	२८। २	७६।१४	—२५। ४	फरीदाबाद (ह.)	२८।२५	७७।२२	—२०।३२	भीनमाल (रा.)	२५। ०	७२।१९	—४०।४४	रानीखेत (उ.प्र.)	२९।४०	७९।३०	—११।४८
नालागढ़ (हि.प्र.)	३१। ३	७६।४२	—२३।१२	फर्रुखाबाद (उ.प्र.)	२७।२४	७९।३७	—११।३२	भुज (गुज.)	२३।१६	६९।४४	—५१। ४	रापर (गु.)	२३।३२	७०।४०	—४७।२०
नाहन (हि.प्र.)	३०।३३	७७।२१	—२०।३६	फाजिल्का (पं.)	३०।२५	७४। ४	—३३।४४	भुवनेश्वर (उ.)	२०।१५	८५।५२	+१३।२८	रामपुर बुशहर(हि.)	३१।२७	७७।३८	—१९।२८
नासिक (म.)	२०। २	७३।५०	—३४।४०	फिरोजपुर (पं.)	३०।५५	७४।४०	—३१।२०	भोपाल (म.प्र.)	२३।१६	७७।२३	—२०।२८	रायपुर (म.प्र.)	२१।१५	८१।४१	— ३।१६
निम्बेहेड़ा (रा.)	२४।३७	७४।४५	—३१। ०	फुलेरा (रा.)	२६।५२	७५।१६	—२८।५६	मऊ (उ.प्र.)	२५।५८	८३।३६	+ ४।२४	रायबरेली (उ.प्र.)	२६।१२	८१।१४	— ५। ४
नीमच (म.प्र.)	२४।२७	७४।५२	—३०।३२	फैजाबाद (उ.प्र.)	२६।४७	८२।१२	— १।१२	मछलीपट्टण (आं.)	१९। ९	८१। ८	— ५।२८	रामेश्वरम् (ता.)	९।१७	७९।२२	—१२।३२
नूरपुर (हि.प्र.)	३२।१८	७५।५६	—२६।१६	बंगलोर (क.)	१२।५८	७७।३८	—१९।२८	मण्डी (हि.प्र.)	३१।४३	७६।५८	—२२। ८	रिवाड़ी (ह.)	२८।१२	७६।४०	—२३।२०
नैनवा (रा.)	२५।४५	७५।५७	—२६।१२	बटाला (पं.)	३१।४९	७५।१४	—२९। ४	मद्रास (ता.)	१३। ४	८०।१७	— ८।५२	रीवां (म.प्र.)	२४।३१	८१।१९	— ४।४४
नैनीताल (उ.प्र.)	२९।२३	७९।३०	—१२। ०	बदायू (उ.प्र.)	२८। २	७९।१०	—१३।२०	मथुरा (उ.प्र.)	२७।२८	७७।४१	—१९।१६	रोपड़ (प.)	३०।५७	७६।३०	—२४। ०
नोहर (राज.)	२९।११	७७।४९	—३०।५६	बड़ोदा (गु.)	२२।१८	७३।१२	—३७।१२	मन्दसोर (म.प्र.)	२४। ४	७५। ५	—२९।४०	रोहतक (ह.)	२८।५४	७६।३८	—२३।२८
नौधेरा (का.)	३३।१३	७४।१७	—३२।५२	बम्बई (म.)	१९। ०	७२।५४	—३८।२४	मसूरी (उ.प्र.)	३०।२७	७८। ६	—१७।३६	लखनऊ (उ.प्र.)	२६।५५	८०।५९	— ६। ४
पचपदरा (रा.)	२५।५५	७२।२१	--४०।३६	बद्रीनाथ (उ.प्र.)	३०।४४	७९।३२	—११।५२	महेसाणा (गु.)	२३।३५	७२।२७	—४०।१२	लाडवा (ह.)	२९।५९	७७। ५	—२१।४०
पंचमढ़ी (म.प्र.)	२२।३०	७८।२२	—१६।३२	बर्दवान (बं.)	२३।१६	८७।५२	+२१।२८	माऊीबाड़ा (पं.)	३०।५५	७६।१५	—२५। ०	लुधियाना (प.)	३०।५५	७५।५४	—२६।२४
पंचकूला (ह.)	३०।४६	७६।५६	—२२।१६	बलिया (उ.प्र.)	२५।४४	८४।११	+ ६।४४	महेन्द्रगढ़ (हरि.)	२८।१७	७६।१४	—२५। ४	लेह (का.)	३४।१०	७७।४०	—१९।२०
पंजिम (गोवा)	१५।२९	७३।४९	—३४।४४	बागलकोट (क.)	१६।१२	७५।४८	—२७। ४	माण्डवी (गु.)	२२।५१	६९।३०	—५२। ०	लोहारू (ह.)	२८।२९	७५।४७	—२६।५२
पटना (बि.)	२५।३७	८५।१३	+ १०।५२	बांकीपुर (बि.)	२५।४०	८५।१२	+१०।४८	मारवाड़ जं. (रा.)	२५।४३	७३।४०	—३५।२०	वर्धा (म.)	२०।४५	७८।३९	—१५।२४
पटियाला (प.)	३०।२०	७६।२५	—२४।२०	बांसवाड़ा (रा.)	२३।३०	७४।२४	—३२।२४	मालेगांव (म.)	२०।३०	७४।४०	—३१।२०	विजयवाड़ा (आं.)	१६।३१	८०।३९	— ७।२४
पठौदी (ह.)	२८।१८	७६।४८	—२२।४८	बांदा (उ.प्र.)	२५।३०	८०।२२	— ८।३२	मालेरकोटला (पं.)	३०।३१	७५।५९	—२६। ४	विशाखापट्टनम्(आं.)	१७।४२	८३।२०	+ ३।२०
पठानकोट (पं.)	३२।१७	७५।४२	—२७।१२	बाराबंकी (उ.प्र.)	२६।५९	८१।१३	— ५। ८	मिर्जापुर (उ.प्र.)	२५।१०	८२।३३	— ०।१२	शाहदरा (दिल्ली)	२८।४०	७७।२०	—२०।४०
पन्ना (म.प्र.)	२४।४४	८०।१४	— ९। ४	बारामूला (का.)	३४।१०	७४।२०	—३२।४०	मीरपुर (का.)	३३। २	७३।५१	—३७।३६	शाहाबाद (उ.प्र.)	२७।३०	८०। ०	—१९। ०

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अक्षांशादि सारणी (भारत के प्रमुख नगरों के अक्षांश आदि)

नगर	अक्षांश (उत्तर) अं. क.	रेखांश (पूर्व) अं. क.	स्टैण्डर्ड अन्तर मि. सै.	नगर	अक्षांश (उत्तर) अं. क.	रेखांश (पूर्व) अं. क.	स्टैण्डर्ड अन्तर मि. सै.	नगर	अक्षांश (उत्तर) अं. क.	रेखांश (पूर्व) अं. क.	स्टैण्डर्ड अन्तर मि. सै.	नगर	अक्षांश (उत्तर) अं. क.	रेखांश (पूर्व) अं. क.	स्टैण्डर्ड अन्तर मि. सै.
अकोला (म.)	२०।४२	७७। २	—२१।५२	ऊना (हि.प्र.)	३१।३२	७६।१८	—२४।४८	कोल्हापुर (म.)	१६।४२	७४।१६	—३२।५६	जोधपुर (राज.)	२६।१८	७३। ४	—३७।४४
अगरतल्ला (त्रि.)	२३।४९	९१।१८	+३५।१२	एकलिंगजी (रा.)	२४।४३	७३।४६	—३४।५६	कोहिमा (ना.)	२५।४१	९४। ७	+४६।२८	जौनपुर (उ.प्र.)	२५।४६	८२।४४	+ ०।५६
अंकलेश्वर (गु.)	२१।३८	७३। ३	—३७।४८	एटा (उ.प्र.)	२७।३५	७८।४०	—१५।२०	खन्ना (पं.)	३०।४२	७६।१३	—२५। ८	ज्वालाजी (हि.प्र.)	३१।५३	७६।२२	—२४।३२
अखनूर (का.)	३२।५४	७४।४५	—३१। ०	एर्नाकुलम् (के.)	१०। ०	७६।१५	—२५। ०	खुर्जा (उ.प्र.)	२८।१५	७७।५०	—१८।४०	जालना (म.)	१९।५१	७५।५६	—२६।१६
अजन्ता (म.)	२०।३३	७५।४८	—२६।४८	एलिचपुर (म.)	२१।१८	७७।३३	—१९।४८	गया (बिहार)	२४।४९	८५। १	+१०। ४	झरिया (बि.)	२३।५०	८६।३३	+१६।१२
अजमेर (रा.)	२६।२७	७४।४२	—३१।१२	एलेप्पे (के.)	९।३०	७६।२३	—२४।२८	गंगटोक (सि.)	२७।२०	८८।४०	+२४।४०	झांसी (उ.प्र.)	२५।२७	७८।३७	—१५।३२
अनन्तनाग (का.)	३३।४३	७५।१७	—२८।५२	ऐलोरा (म.)	२०। २	७५।१३	—२९। ८	गढ़शंकर (पं.)	३१।१३	७६।११	—२५।१६	झालरापाटन (रा.)	२४।३२	७६।१२	—२५।१२
अनामलै (ता.)	१०।३४	७६।५०	—२२।४०	औरंगाबाद (आं.)	१९।५३	७५।२३	—२८।२८	गाजियाबाद (उ.प्र.)	२८।४०	७७।२८	—२०। ८	झालावाड़ (रा.)	२४।३६	७४। ९	—३३।२४
अनूपशहर (उ.प्र.)	२८।२१	७८।१६	—१६।५६	कटक (उ.)	२०।२८	८५।५४	+१३।३६	गाजीपुर (उ.प्र.)	२५।३४	८३।३५	+ ४।२०	झुंझुनू (रा.)	२८। ६	७५।२५	—२८।२०
अमरावती (म.)	२०।५६	७७।४८	—१८।४८	कटनी (म.प्र.)	२३।५०	८०।२३	— ८।२८	गिलगित (का.)	३५।५५	७४।२२	—३२।३२	टांडाउरमुर (पं.)	३१।४०	७५।४१	—२७।१६
अमरेली (गु.)	२१।३६	७१।१५	—४५। ०	कठुआ (का.)	३२।१७	७५।३६	—२७।३६	गुड़गांव (हरि.)	२८।२७	७७। ४	—२१।४४	टिहरी (उ.प्र.)	३०।२०	७८।३०	—१६। ०
अमरोहा (उ.प्र.)	२८।५४	७८।३१	—१५।५६	कण्डाघाट (हि.प्र.)	३०।५७	७७। ६	—२१।३६	गुर्दासपुर (पं.)	३२। २	७५।२७	—२८।१२	टोंक (राज.)	२६।११	७५।५०	—२६।४०
अमृतसर (पं.)	३१।३७	७४।५५	—३०।२०	कन्नौज (उ.प्र.)	२७। ३	७९।५८	—१०। ८	गोंडा (उ.प्र.)	२७।१०	८१।५७	— २।१२	टोडारायसिंह (रा.)	२६। ०	७५।२९	—२८। ४
अमेठी (उ.प्र.)	२६। ८	८१।५०	— २।४०	कपूर्थला (पं.)	३१।२३	७५।२५	—२८।२०	गोरखपुर (उ.प्र.)	२६।४५	८३।२४	+ ३।३६	ट्रावनकोर	९। ०	७७। ०	—२२। ०
अम्बाला (ह.)	३०।२१	७६।५२	—२२।३२	करतारपुर (पं.)	३१।२७	७५।३२	—२७।५२	गोहाटी (आसाम)	२६।११	९१।४५	+३७। ०	डगशई (हि.प्र.)	३०।५३	७७। ६	—२१।३६
अयोध्या (उ.प्र.)	२६।४८	८२।१४	— १। ४	करनाल (हरि.)	२९।४२	७७। २	—२१।५२	ग्वालियर (म.प्र.)	२६।१४	७८।१०	—१७।२०	डलहौजी (हि.प्र.)	३२।३२	७५।५९	—२६। ४
अरकोणम् (ता.)	१३। ५	७९।४३	—११। ८	करौली (रा.)	२६।३०	७७। ४	—२१।४४	चण्डीगढ़ (पं.)	३०।४४	७६।५२	—२२।३२	डिबाई (उ.प्र.)	२८।१२	७८।१५	—१७। ०
अर्की (हि.प्र.)	३१। ९	७६।५८	—२२। ८	कलकत्ता (बं.)	२२।३४	८८।२४	+२३।३६	चन्दौसी (उ.प्र.)	२८।२७	७८।४९	—१४।४४	डिब्रूगढ़ (आ.)	२७।२९	९४।५६	+४९।४४
अल्मोड़ा (उ.प्र.)	२९।३७	७९।४०	—११।२०	कसौली (हि.प्र.)	३०।५३	७७। १	—२१।५६	चम्बा (हि.प्र.)	३२।२९	७६।१०	—२५।२०	डीडवाना (राज.)	२७।२४	७४।३४	—३१।४४
अलवर (रा.)	२७।३४	७६।३८	—२३।२८	कांगड़ा (हि.प्र.)	३२। ५	७६।१८	—२४।४८	चित्तौड़गढ़ (रा.)	२४।५४	७४।४२	—३१।१२	डीसा (गु.)	२४।१४	७२।१३	—४१। ८
अलीगढ़ (उ.प्र.)	२७।५४	७८। ६	—१७।३६	कांचीपुरम् (ता.)	१२।५०	७९।४५	—११। ०	चीरापूंजी (मे.)	२५।१७	९१।४७	+३७। ८	डूंगरपुर (राज.)	२३।५०	७३।४३	—३५। ८
अहमदनगर (म.)	१९। ५	७४।४८	—३०।४८	काठियावाड़ (गु.)	२२। ०	७१। ०	—४६। ०	चूरू (राज.)	२८।१९	७५। १	—२९।५६	तिरुपति (आंध्र.)	१३।४०	७९।२०	—१२।४०
अहमदाबाद (गु.)	२३। २	७२।३८	—३९।२८	कानपुर (उ.प्र.)	२६।२७	८०।२४	— ८।२४	छतरपुर (म.प्र.)	२४।५४	७९।३८	—११।२८	त्रिचनापल्ली (ता.)	१०।५०	७८।४६	—१४।५६
आगरा (उ.प्र.)	२७।१०	७८। ५	—१७।४०	कारगिल (का.)	३४।३०	७६।१३	—२५। ८	छपरा (बिहार)	२५।४७	८४।४१	+ ८।४४	त्रिचूर (के.)	१०।३०	७६।१५	—२५। ०
आजमगढ़ (उ.प्र.)	२६। ५	८३।१२	+ २।४८	कालका (ह.)	३०।५०	७७। १	—२१।५६	जबलपुर (म.प्र.)	२३।१०	७९।५९	—१०। ४	त्रिवेन्द्रम् (के.)	८।३०	७६।५७	—२२।१२
आनन्द (गु.)	२२।३२	७३। ०	—३८। ०	काशी (उ.प्र.)	२५।२०	८३। ०	+ २। ०	जम्मू (का.)	३२।४४	७४।५४	—३०।२४	थराड (गु.)	२४।२३	७१।३७	—४३।३२
आबू (राज.)	२४।४०	७२।४५	—३९। ०	किसनगढ़ (राज.)	२७।५३	७०।३७	—४७।३२	जयपुर (राज.)	२६।५५	७५।५२	—२६।३४	थानेसर (हरि.)	२९।५८	७६।५६	—२३।१६
आरा (बि.)	२५।३४	८४।३४	+ ८।१६	कुराली (पं.)	३०।५०	७६।३५	—२३।४०	जलगांव (म.)	२१। ५	७५।४०	—२७।२०	दतिया (म.प्र.)	२५।३९	७८।२७	—१६।१२
आसनसोल (बं.)	२३।४२	८७। १	+१८। ४	कुरुक्षेत्र (हरि.)	३०। ०	७६।४८	—२२।४८	जलपाईगुड़ी (बं.)	२६।३२	८८।४६	+२५। ४	दमोह (म.प्र.)	२३।५०	७९।२९	—१२। ४
इटारसी (म.प्र.)	२२।३७	७७।४५	—१९। ०	कुल्लू (हि.प्र.)	३१।५८	७७। ६	—२१।३६	जामनगर (गुज.)	२२।२७	७०। ७	—४९।३२	दरभंगा (बिहार)	२६।१०	८५।५७	+१३।४८
इटावा (उ.प्र.)	२६।४७	७९। २	—१३।५२	कुमारी अन्तरीप	८। ५	७७।३४	—१९।४४	जालंधर (पं.)	३१।१९	७५।३४	—२७।४४	दसूआ (पं.)	३१।४९	७५।४२	—२७।१२
इन्दौर (म.प्र.)	२२।४४	७५।५०	—२६।४०	कुम्भकोणम् (ता.)	१०।५८	७९।२५	—१२।२०	जालोर (राज.)	२५।२२	७२।३८	—३९।२८	दार्जिलिंग (बं.)	२७। ३	८८।१८	+२३।१२
इम्फाल (मणि.)	२४।४४	९३।५८	+४५।५२	कैथल (ह.)	२९।४८	७६।२६	—२४।१६	जलौन (उ.प्र.)	२६। ८	७९।२३	—१२।२८	दिल्ली	२८।३८	७७।१२	—२१।१२
उज्जैन (म.प्र.)	२३। ९	७५।४३	—२७। ८	कोचीन (के.)	९।५८	७६।१७	—२४।५२	जीन्द (हरि.)	२९।१९	७६।२३	—२४।२८	दीनानगर (पं.)	३२। ८	७५।३१	—२७।५६
उदयपुर (रा.)	२४।३५	७३।४२	—३५।१२	कोटरबाई (हि.प्र.)	३१। ८	७७।३६	—१९।३६	जूनागढ़ (गु.)	२१।३१	७०।३६	—४७।३६	देवबन्द (उ.प्र.)	२९।४२	७७।४३	—१९। ८
उन्नाव (उ.प्र.)	२६।३४	८०।३०	— ८। ०	कोटा (राज.)	२५।१०	७५।५२	—२६।३२	जैसलमेर (राज.)	२६।५५	७०।५७	—४६।१२	देवरिया (उ.प्र.)	२६।३३	८३।४५	+ ५। ०
ऊधमपुर (का.)	३२।५५	७५। ७	—२९।३२	कोडैकनाल (ता.)	१०।१३	७७।३२	—१९।५२	जोगिन्दर नगर (हि.)	३१।५०	७६।४५	—२३। ०	देवास (म.प्र.)	२२।५८	७६। ६	—२५।३६

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

दिशा शूल ले जावे वामे । राहु योगिनी पूठ ॥
सम्मुख लेवे चन्द्रमा । लावे लक्ष्मी लूट ॥

यात्रा से सदैव चल रही नासिका के श्वास की ओर का पांव आगे उठाकर चले इसी तरह सवारी पर चढ़े, कार्यसिद्धि, यात्रा सफल होगी।

नौका यात्रा मुहूर्त—चि. ह. पु. मृ. पूर्वा. ३, अनु. श्र. ध. एषु भेषु सतिथौ शुभेऽहनि चन्द्रताराकृत्ये सति शुभम्।

यात्रा निवृत्ती प्रवेश मुहूर्त—म.रे.चि.अनु.रो..उ. ३, ह.अ. पुष्य, स्वा. श्र. ध. श. एषु भेषु च. बु. गु.शु.श. वारेषु १।२।३।५।७।१०।११।१३ तिथिषु ३।५।६।८।९।११।१२ एषु लग्नेषु, १।४।७।१०।५।९ स्थानेषु शुभैः ३।६।११ स्थानेषु पापैः ४।८ शुद्धौ शुभः। वि. कृ. पू. ३ भ. म. मू. ज्ये. आर्द्रा आश्ले, नक्षत्राणि ।४।६।१४।६।१२।८।३० तिथयः सू. मं. वारौ १।४।७।१० लग्नानि सर्वदा वर्जनीयानि। मंगल का मिलाप कष्टप्रद सिद्ध होता है। विशेष :—प्रवेशान्निर्गमश्चैव निर्गमाच्च प्रवेशनम्।

नवमे जातु नो कुर्याद्दिनेवारे तिथाविति ॥

धातचन्द्र, धातवार आदि का चक्र

मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी.	राशयः
मे.	क.	कु.	सि	मं.	मि.	ध.	वृष	मीन	सिंह	धनु	कुम्भ	धातचन्द्र
र.	श.	च.	बु,	श.	श	वृ.	शु.	शु.	मं.	वृ.	शु.	धातवार
मं.	ह.	स्वा	अनु	मू.	श्र.	श	रे	भ.	रो.	आ.	श्लेषा	धातनक्षत्र
मे.	ध.	ध.	मि.	वृश्चि	वृश्चि.	मी.	ध.	कन्या	वृश्चि.	मि.	मेष	स्त्रीच.घात
का.	मार्ग	पौ.	माघ	फा.	चैत्र	वै.	ज्ये.	अ.	श्राव	भा.	आ.	घातमास
वि.	शु.	प.	धृ	प्री.	सु.	अ.गं.	वृद्धि	वैधृ.	गं.	व्या	व.	घातयोग
१	२	४	७	१०	१२	६	८	९	११	३	५	घातलग्न
१	५	२	२	३	५	४	१	३	४	३	५	घाततिथि
६	१०	७	७	८	१०	९	६	८	९	८	१०	,,
११	१५	१२	१२	१३	१५	१४	११	१३	१४	१३	१५	,,

कार्य सिद्ध्यर्थ यात्रा में, युद्ध, विवाद, राजदर्शन, वाहन तथा रोगादि कार्यों में घातचन्द्र देखें। तीर्थयात्रा, विवाह एवं उपनयन आदि शुभ कार्यों में घाततिथि आदि देखने की आवश्यकता नहीं। "घात-तिथिर्घात-वारः घात-नक्षत्रमेव च। यात्रायां वर्जयेत्प्राज्ञस्त्वन्य कर्मसु शोभनम् ॥" कार, स्कूटर, बाईसाइकिल आदि की खरीद घातचन्द्र में वर्जित है।

छिपकली कोढ़-किरली गिरने का फल

अग्रिम चक्रोक्त सर्वफल पुरुषों के दक्षिण अंग में और स्त्रियों के वामांग में विचार करना, पुरुषों के वाम भाग में और स्त्रियों के दक्षिण भाग में विपरीत अशुभ भयकारी फल होता है। जो फल पल्लीपात का कहा है, वही फल सरट (गिरगिट) के चढ़ने का जाने। सरट के गिरने का तथा पल्ली के चढ़ने का फल वृथा होता है।

अवांग-विभागे पल्ली-(छिपकली कोढ़ किरली) पतन फलम्

स्थानम	फलम्	स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्
शिरसि	राज्यलाभः	भ्रू मध्ये	राज्य सम्बन्धः	वामपादे	नाशः
नासाग्रे	व्याधिः	वामकर्णे	बहु नाशः	अधरोष्ठे	ऐश्वर्य लाभः
वामभुजे	राज्यभयम्	स्तनयोः	दौर्भाग्यम्	दक्षिणभुजे	नृप तुल्यता
जानुद्वये	शुभागमः	हस्तयोः	वस्त्र लाभ	पृष्ठदेशे	बुद्धिनाशः
कटिभागे	अश्व लाभः	वाममणिबधे	कांति नाशः	नाभौ	बहुधनम
गुल्फद्वये	बन्धनम	दक्षिणपादे	गमनम	मुखे	मिष्ठान्न भोजनम
ललाटे	बन्धुदर्शनम्	उत्तरोष्ठे	धननाशः	पादमध्ये	स्त्री नाशः
दक्षिणकर्णे	आयुवृद्धि	नेत्रयोः	धन प्राप्तिः	पादान्ते	मृत्युः
कण्ठे	शत्रुनाशः	उदरे	भूषणलाभः	केशान्ते	मरण
जंघयोः	शुभम्.	स्कन्धयोः	विजयः	नखेषु	धान्य लाभः
द. मणिबंधे	मनस्तापः	हृदये	धनलाभः	दक्षागुष्ठे	धन लाभः

पल्ली-पतने प्रशस्त वार-तिथ्यर्क्षाणि—यदि छिपकली १।२।३।५।६।१०।११।१२।१३ इन तिथियों में गिरे तो श्रेष्ठ फलदायक है। तथा च. बु. गु. शु. इन वारों में भी शुभ फल देती है। पु. अश्विनी. रो. मृ. पुनः उफा. ह. चि. स्वा. ध. रे. अनु. श. ये नक्षत्र शुभ फलदायक है। अतोऽन्येषु भेषु निन्द्याः।

पल्लीपाते कर्त्तव्यं कर्म—पत्नी (किरली) तथा सरट (गिरगिट) स्पर्श होने पर वस्त्र सहित स्नान करें। जन्म नक्षत्र, मृत्युयोग, दग्धा दिन भद्रा आदि से दूषित दिन को पाप-ग्रह युक्त लग्न में तथा अष्टम चन्द्रमा से पत्नी आदि के स्पर्श होने से अरिष्ट होता है। उसकी शान्ति के लिए जप, होम, मृत्युञ्जय का जप वा तिल-स्वर्ण दान पञ्चगव्य से स्नान तथा घृत का छाया पात्र दान करना भी उत्तम है।

छिक्का फलम्—छिक्का प्रायः सब दिशाओं की नेष्ट होती है, गौ की छिक्का मरण करती है। मदिरा के योग अथवा—छींक सूघनी छल कर लीन्ही पीन सरदी घास फल हीनी। छींकि पीठि की कुशल उचारे, बाई कारज सब सवारे ॥१॥ सम्मुख छींक लड़ाई भारे। छींक दाहिनी द्रव्य विनाशे ॥२॥ ऊंची छींक कहे जयकारी। नीची छींक होय भय कारी। अपनी छींक महा दुखदाई। ऐसे छींक विचारे भाई ॥३॥ कन्या विधवा मालन धोबिन रजस्वला वैश्या चमारी की छींक विशेष अशुभप्रद होती है। भोजनान्त में छींक होय तो दूसरे दिन प्रिय भोजन मिले।

अथ शुभ छिक्का—आसने शयने शौचे दाने चैव तु भोजनं। वामागे पृष्ठतश्चैव षट् छिक्कास्तु शुभावहा ॥ सन्ध्या वन्दन जपादि के आरम्भ में भी छिक्का शुभ है। एक नाक दो छींक काम बने सब ठीक ॥

यात्रा में प्रथम बार अपशकुन होवे तो ११ स्वास तक ठहर कर चले द्वितीय बार १६ स्वास तक ठहरे और तीसरी बार के अपशकुन में कदापि न जावे। यदि एक कोस के बाद शुभाशुभ शकुन हो तो उसका कुछ फल न समझें।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

यात्रा में काल ज्ञान

योगिनी-वास चक्रम्

शनौ	पूर्व
शुक्रे	आग्नेय्यां
गुरौ	दक्षिणे
बुधे	नैऋत्ये
भौमे	पश्चिम
चन्द्रे	वायव्ये
रवौ	उत्तरे

पू०	अग्नि०	दक्षि०	नैऋ	पश्चिम	वाय०	उत्तरे०	ईशा०दिशः
१।९	३।११	५।१३	४।१२	६।१४	७।१५	२।१०	८।३०तिथि

सम्मुखेनस्टः पृष्ठे शुभः

योगिनी साधारण यात्रा में सामने और दाहने अशुभ होती है, पीछे और बाएं की शुभ, युद्ध यात्रा की बाएं ओर की और सम्मुख की विशेष त्याज्य है। समयशूल :—उषाकाल में पूर्व की, गोधूलि में पश्चिम को, अर्द्ध रात्रि में उत्तर की और मध्याह्नकाल में दक्षिण की नहीं जाना चाहिए। गर्गगुरु अङ्गिरामुहूर्त गर्ग जी के मत से ५ या ४ घड़ी रात रहे, गमन करे। बृहस्पति के मत से अच्छा शकुन मिलने पर यात्रा करे। अङ्गिरा के मत से जब मन प्रफुल्लित हो तब ही चला जाए। भगवान् के मत से ब्राह्मण की आज्ञा लेकर यात्रा करने से शुभ होता है। पञ्च पञ्च (५५) उषाकालः सप्तपञ्च (५७) अरुणोदयः। अष्टपञ्च (५८) भवेत्प्रातः जेयं सूर्योदयो भवेत्।

चन्द्र-वास चक्रम्

पूर्व	दक्षि.	पश्चि.	उत्तर
मेष	वृष	मिथुन	कर्क
सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि
धनु	मकर	कुम्भ	मीन

एकदिवसीय राशौ आवश्यके तात्कालिक यात्रायां घट्यात्मक चन्द्र-वास चक्रम्

पू	द.	प.	उ.	पू	द.	प.	उ.	दिशा
१७	१५	२१	१६	१७	१५	१०	१०	घटी

घट्यात्मक चन्द्रवास

जिस दिशा का चन्द्र होवे उस दिशा से गिनना चाहिए। कुम्भ और मीन के चन्द्रमा में दक्षिण को कदापि न जावे।

चन्द्रफलम्—सम्मुखे अर्थलाभाय दक्षिणे सुखसम्पदः। पृष्ठतो मरणं चैव वामे चन्द्रे धनक्षयः ॥१॥ सर्वे दोषाःक्षयं यान्ति पूर्णचन्द्रे हि सम्मुखे ॥इति॥ सम्मुखे चन्द्रप्रशंसा—करण-भगणदोषं, वारसंक्रान्ति-दोषं, कुलिकुलिकदोषं, यामयामार्धदोषम्। कुजशनिरविदोषं राहुकेत्वादिदोषं हरति सकलदोषं चन्द्रमा सम्मुखस्थः।

सर्वार्द्ध सिद्धि योगः—शुक्लादि तिथि वार की संख्या के जोड़ को तीन जगह रखे कृपश ७।८।३ का भाग दे। शेष प्रथम स्थान में शून्य हो तो क्लेश, मध्य में हो तो धनक्षति और अन्त में हो तो मृत्यु होती है। सर्वतत्रैक जाने से सौख्य, जय, लाभ हो। विजयादशमी को बिना सर्वार्द्धादि मुहूर्तों के भी यात्रा सफल होती है। बायां स्वर चलते समय पूर्व व ईशान को, दायां चलते समय दक्षिण व नैऋत को मत जाओ हानि होती है। जाने वाले का अच्छे मुहूर्त और अच्छे शकुन में भी जाने को मन न चाहे तो कदापि न जावे, क्योंकि मुहूर्त शकुन से मन की इच्छा प्रबल है। नोट—श्वास खींचते हुए सवारी पर पैर रखें तो यात्रा सुरक्षित होती है।

वर्णक्रमेण प्रस्थान विधानम्—यदि यात्रा मुहूर्त में किसी अत्यावश्यक कार्यवश विलम्ब हो जाये तो उसी मुहूर्त में ब्राह्मण जनेउ माला, क्षत्रिय शस्त्र, वैश्य मधु घृत व रुपया और शूद्र खट्टे फल को अपने वस्त्र में बाँध किसी घर के या नगर के बाहर जाने की दिशा में प्रस्थान से पूर्व रक्खे। अथवा सब लोग मन की सबसे प्यारी वस्तु को रख दें। प्रस्थान (पैंता) रखने के दिन से तीन दिन के अन्दर ही चल देना चाहिए।

यात्रा से पहले त्याज्य वस्तु—यात्रा के तीन दिन पहले दूध त्याग दें, पाँच दिन पूर्व हजामत, तीन दिन पूर्व तैल, सात दिन पूर्व मैथुन, समर्थ न हो तो एक दिन पहले तो सब त्याज्य वस्तुओं का त्याग अवश्य करें। अशुभ मुहूर्त में यात्रा करने पर हानि का भय रहता है। यदि यात्रा का मुहूर्त शुभ न हो और यात्रा भी न टाली जा सकती हो तो चतुर्घटिका या होरा मुहूर्त देख यात्रा करें।

दिने चतुर्घटिका मुहूर्तम्

सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	बृह.	शुक्र	शनि
उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल
चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ
लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग
अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग
काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर
शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ
रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत
उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल

रात्री चतुर्घटिका मुहूर्तम्

घटी	सू.	च.	मं	बु.	गु	शु	श.
३।।।	शु.	श	का.	उ.	अ.	रो.	ला.
७।।	अ.	रो	ला.	शु.	च.	का.	उ.
११।	च.	का	उ.	अ	रो.	ला.	शु.
१५	रो.	ला	शु.	चं.	का.	उ.	अ.
१८।।	का.	उ	अ	रो	ला.	शु.	च.
२२।।	ला.	शु.	च	का.	उ.	अ.	रो.
२६।	उ	अ	रो	ला.	शु.	च.	का.
३०	शु.	च.	का	उ.	अ	रो.	ला.

चतुर्घटिका मुहूर्त में चर लाभ अमृत शुभ हैं शेष अशुभ हैं।

सूचना—यदि ३० घटी से न्यूनाधिक दिन या रात्रि का मान हो तो उसमें ८ का भाग देने से एक आगे घटी पल ज्ञात होंगे।

यात्रायां शुभ शकुनानि—मृग बांयें दाहिने जो आवे तत्काल। अन्न धन लक्ष्मी बहु मिले चलते प्रातःकाल। विप्र, दो अश्व, गजमद, फल, अन्न, दुग्ध, शीशा, श्वेत वृषभ गोदधि सर्षप, कज्जल निर्मलवस्त्र, वाद्य, वैश्या, मयूर, नकुल, सिंहासन, शस्त्र, सौम्य दीप्ताग्नि, मत्स्य, रोदनरहित मृतक, मंगल गान, वेदध्वनि सुसुलक्षी, गोरी कन्या, छोवा, कार्यसिद्ध वाक्य, सजलपूर्णघट, पश्चादिक्त घट यात्रा समय देखने शुभ हैं। **अशुभ शकुनानि**—वन्ध्या स्त्री, चर्म अस्थि, इन्धन, सन्यासी, रिक्त-घट भैंसों का युद्ध, सर्प, शत्रु, माजीर-युद्ध, कटुम्बकलह, विधवा, जातिभ्रष्ट, अंगहीन छिनका, दुष्ट-वाणी, दक्षिणा का रोना, भैंस पर सवार, नंगा-मनुष्य, दक्षिण में गर्दभ शब्द, यात्रा समय देखना अशुभ तथा कष्टप्रद है।

रामदैवज्ञोक्त आवश्यक यात्रा मुहूर्त चक्रम्

पौ.	मा	फा	चै.	वै	ज्ये	आ	श्रा	भा	आ	का	मा.	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	सौख्य	क्लेश	भीति	लाभ
२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	शून्य	दारिद्र्य	दारिद्र्य	मिश्र
३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	हानि	दुःख	लाभ	लाभ
४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	लाभ	सौख्य	शुभ	लाभ
५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	लाभ	लाभ	कष्ट	सौख्य
६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	भय	लाभ	मृत्यु	लाभ
७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	लाभ	कष्ट	लाभ	सुख
८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	कष्ट	सौख्य	क्लेश	सुख
९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	सौख्य	लाभ	सिद्धि	कष्ट
१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	क्लेश	सिद्धि	लाभ	धन
११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	मृत्यु	लाभ	लाभ	सुख
१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	शुभ	सौख्य	मृत्यु	कष्ट

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

हवन में शाकल्य-विचार—तिल का आधा चावल, चावल का आधा यव, यव का आधा शक्कर और सब का आधा घृत, असमर्थता में यथाशक्ति घृत लेना चाहिये।

पापग्रहमुखे हवने कृते शान्तिः—क्रूरग्रहमुखे चैव सञ्जाते हवने शुभे। शांति विधाय गां दद्याद् ब्राह्मणाय कुटुम्बिने। आयसीं प्रतिमां कृत्वा निक्षिपेत्तामधोमुखीम्॥ गोमूत्र-मधुगन्धाद्यैरर्चितां प्रतिमां ततः। कुण्डे निधाय सम्पूज्य तत्र होमो विधीयते॥

अथ ऋणी-धनी विचारः—स्ववर्गं द्विगुणं कृत्वा परवर्गेण योजयेत्। अष्टभिश्च हरेद् भागं योऽधिकः स ऋणी भवेत्॥

यथा—अपने नाम के 'अ' वर्गादिवर्ग को दूना कर दूसरे वर्ग को जोड़ना, फिर ८ से भाग देना। फिर दूसरे का वर्ग दुगुना करके अपना वर्ग जोड़ना, फिर ८ का भाग देना; जिसका भाग शेषांक अधिक बचे वह ही कम बचने वाले का ऋणी जानना। ऋणी नौकर रखना हितकर होता है। राशि के अनुसार अपने से उच्च वर्ण की राशि का नौकर रखना निषिद्ध है, समान वर्ण प्रीतिकारक है।

भूमि का लेन-देन—गुरु, शुक्रवार १,५,६,११,१५, तिथि, मृग. पुन. ऽश्ले. म., पू. फा., वि., ऽनु., मूल, पू. षा., उ. भा. नक्षत्र में-घर जमीन का सौदा करना शुभ है।

तुला १०	वृश्चिक ३	कर्क १८	मीन १५	मकर ५	कन्या २७	मेष २०	धनु १५	मिथुन १५	नीचराशय: नीचांशा:
सिंह	कर्क	मि. वृश्चि	मि. क.	ध. मी.	वृष. तु.	म. कु	कन्या	मीन	स्वगृहाणि
सिंह	वृष	मेष	कन्या	धनु	तुला	कुम्भ	कर्क	मकर	मूलत्रिकोण
क्षत्रिय	वैश्य	क्षत्रिय	शूद्र	विप्र	विप्र	शूद्र निषाद	निषाद	निषाद	वर्ण
पुरुष	स्त्री	पुरुष	नपुसक	पुरुष	स्त्री	नपुसक	पुरुष	पुरुष	पुं. स्त्री. नपुसक
मध्याह्न	अपराह्न	मध्याह्न	प्रभात	प्रभात	अपराह्न	अपराह्न	अपरा.	अपरा.	समय
पूर्व	वायव्य	दक्षिण	उत्तर	ईशान	आग्नेय	पश्चिम	नैऋत्य	नैऋत्य	दिशा
सुवर्ण	रौप्य	सुवर्ण	कांस्य	सुवर्ण	रौप्य	लोह	लोह	लोह	धातु
चतुष्पद	बहुपद	चतुष्पद	द्विपद	द्विपद	द्विपद	भुजगपद	अपद	अपद	पाद
उग्र	सौम्य	उग्र	शुभ	शुभ	शुभ	पाप	पाप	पाप	सौम्यादि
सत्व	सत्व	तम	रज	सत्व	रज	तम	तम	तम	गुण
स्थिर	चर	चर	द्विस्व.	स्थिर	चर	पञ्चिस्थिर	चर	पक्षी	चरादि
तिक्त	क्षार	कटु	सर्व रस	मधुर	अम्ल	कषाय	कषाय	कषाय	रस
पशु	जलभू	दुग्ध	श्मशान	वाणी	जल	उत्कट	ऊषर	ऊषर	भूमि
पित्त	श्लेष्म	पित्त	समधातु	समधातु	कफशुक्र	वायु	शुभ्र	वायु	पित्तादि
वृद्ध	युवा	युवा	युवा	वृद्ध	युवा	अतिवृद्ध	वृद्ध	वृद्ध	अवस्था
पाटल	गौरश्वेत	रक्त	नील	पीत	श्वेत	नील	धूम्र	धूम्र	रंग
मूल	जीव	धातु	जीव	जीव	मूल	मूल	धातु	धातु	धात्वादि
वन	जल	वन	ग्राम	ग्राम	ग्राम	सन्धि	बिवर	बिवर	स्थान

वर्ष में योगिनी के लिए जन्म-नक्षत्र संख्या में गताब्द जोड़ ३ और जोड़ ८ से शेष बचे तो मंगलादि योगिनी दशा होती है।

२०	०	मं.	३	६	९	१२	१५	१८	२१
२०	१०	बु.	४	७	१०	१३	१६	१९	२२
१०	२०	गु.	५	८	११	१४	१७	२०	२३
२०	०	शु.	१	२	३	४	५	६	७
०	१०	श.	२	३	४	५	६	७	८
१०	२०	रा.	३	४	५	६	७	८	९

जन्मपत्री न हो तो वर्ष बनाने की रीति

स्पष्ट प्रश्न लग्न की राशि को छोड़कर अंशादिक की कला करना, फिर उसमें १५०(डेढ़ सौ) का भाग देना। लब्ध जो राश्यादि चार पल आवे उसकी राशि के अंक में प्रश्न लग्न की राशि अंक मिलाना, वहसुषा का स्पष्ट लग्न जानना। और प्रश्नलग्न से चतुर्थ राशि का स्वामी लग्नेश जानना अर्थात् पंचाधिकारियों में जन्म लग्न पति के स्थान में प्रश्न लग्न से चतुर्थ राशि का स्वामी जो हो वह लिखना। प्रश्न पत्र पर वर्ष बनाने में इतना ही विशेष जानना।अन्य सर्व रीति में कुछ न्यूनाधिक नहीं है।

अरिष्ट योग—यदि जन्म लग्न ही वर्ष लग्न हो और जन्म नक्षत्र भी वर्ष में वही आ जाए तो यह द्विजन्मा वर्ष अशुभ है। वर्ष में गुरु चन्द्र शभनहो तो अशुभ कष्ट भयप्रद होता है। वर्ष में गुरु चन्द्र शुभ हो तो अशुभ फल नहीं होगा।

गर्भ योग—वर्ष कुण्डली में लग्नेश पाँचवें या सातवें पड़ा हो का पंचमेश और सप्तमेश लग्न में पड़ा हो तो उस वर्ष गर्भयोग होता है।

सूर्येश और चन्द्रमा बली होकर पाँचवें हो और पंच मेश भी बली ही तो गर्भ होता है।

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

CC-0 In Public Domain. Kulkant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

आवश्यक मुहूर्त

कोई भी कार्य हो, वह शास्त्र-सम्मत शुभ-मुहूर्त में करें, तो अवश्य सफल हो कर सुखप्रद होता है। गया-गोदावरी यात्रा में, नवरात्र कृत्य में एवं चातुर्मास्य व्रत में गुरु-शुक्रास्त का दोष नहीं होता। शुक्ल पक्ष की द्वितीया एवं कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा सर्व कार्यों में शुभ मानी है। प्रथम बार देव दर्शन एवं प्रथम तीर्थ यात्रा में गुरु-शुक्रास्त अवश्य विचार्य है।

चन्द्र-शुद्धि—अपनी राशि से ४, ८, १२वीं छोड़ अन्य राशियां हों तो चन्द्र-शुद्धि समझें। अभिषेक निषेक, यज्ञोपवीत तथा विवाह में द्वादशस्थ चन्द्र पुरुष को ग्राह्य है। कन्या को १२ चन्द्र का निषेध है।

तारा शुद्धि—अपने नक्षत्र से इष्ट दिन के नक्षत्र तक की संख्या में ९ का भाग देकर २।४।६।८ या ९ शेष बचे तो तारा शुद्धि समझें।

गर्भाधान संस्कार का मुहूर्त

शुभ तिथियां—१, २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३। **शुभ नक्षत्र**—तीनों उत्तरा, मृ.ह.अनु.रा.स्वा.श्र.ध.श.। **शुभ लग्न**—जब लग्न और ४, ५, ७, ९, १० स्थानों में शुभ ग्रह हों, ३, ६, ११ स्थानों में पाप ग्रह हों, सूर्य, मंगल या गुरु लग्न को देखते हों, विषम राशि के नवांशक में चन्द्रमा हो, रजोदर्शनकाल से पहली चार रात्रि छोड़ १६ रात्रि तक सम रात्रि में गर्भ हो तो पुत्र, विषम में कन्या होती है।

चित्रा, पुन., पुष्य, अश्विनी गर्भाधान के लिए मध्यम है।

गर्भाधान के लिए अशुभ काल

भद्रा, ४, ६, ८, ९, १४, १५, ३० तिथियां, संक्रांति का दिन। सन्ध्या काल, मंगल, रवि, शनिवार, रजोदर्शनकाल की पहली चार रात्रियां, ज्येष्ठा, रेवती और आश्लेषा नक्षत्रों के अन्त की दो घड़ी, मूल, अश्विनी और मघा के आदि की २ घड़ी निधन तारा, जन्म नक्षत्र मूल, भरणी, अश्विनी, रेवती, मघा नक्षत्र, ग्रहण के दिन व्यतिपात, वैधृति योग, माता-पिता के श्राद्ध का दिन, दिन का समय, परिघ योग का आधा भाग, जन्म राशि से अष्टम लग्न पाप युक्त लग्न तथा नक्षत्र गर्भाधान के लिए वर्जित हैं।

गर्भ के मासों के स्वामी

मास	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
स्वामी	शुक्र	मंगल	गु०	सूर्य	चन्द्रमा	शनि	बुध	गर्भाधान समय का लग्नेश	चन्द्रमा	सूर्य

स्त्री-पुरुष के चन्द्रबल की विशेषता

विवाह और गर्भाधान संस्कार में स्त्री का चन्द्रबल रखना चाहिए, और अन्य कर्मों में पति का चन्द्रबल देखना चाहिए, यह सदा स्मरण रखें।

पुंसवन का मुहूर्त—यह गर्भाधान के तीसरे मास में गुरु, रवि, मंगलवार को मृ. पुन. पु. ह. मूल और श्रवण नक्षत्र में १, २, ३, ५, ७, १०, ११, १३, १५ तिथियों में जब लग्न से १, ४, ५, ७, ९ और १० स्थानों में शुभ ग्रह और ३, ६, ११ स्थानों में पाप ग्रह हों तब शुभ होता है। तीनों उत्तरा, रोहिणी और रेवती नक्षत्र तथा सोम, बुध और शुक्रवार भी शुभ हैं।

सीमांत संस्कार का मुहूर्त—गर्भाधान से छठे या आठवें मास में, जब मास का स्वामी बली हो तब पुंसवन के मुहूर्त में कही गई तिथियों, वारों, नक्षत्रों और लग्नों में सीमान्त शुभ होता है।

सीमान्तजातकादीनि प्राशनान्तानि यानि वै। न दोषोमलमासस्य मोढ्यस्य गुरु-शुक्रयोः॥

गर्भ-रक्षा के लिए विष्णु पूजा—गर्भाधान के आठवें मास में श्रवण, रोहिणी और पुष्य नक्षत्र में, शुभ लग्न, वार और तिथियों में जब लग्न से आठवां स्थान शुद्ध हो तब विष्णु की पूजा करनी चाहिए।

मेधा-जनन संस्कार—बालक उत्पन्न होने के अनन्तर नाल काटने से पहले दाहिने हाथ की अनामिका अंगुली के अग्रभाग में सुवर्ण लगाकर सुवर्ण सहित अंगुली से शहद और गौ के घी को मिलाकर "ॐ भूरस्वयि दधामि, ॐ भुवस्वयि दधामि, ॐ स्वस्त्वयि दधामि, ॐ भूर्भुवः स्वः सर्वं त्वयि दधामि" इन चारों मन्त्रों से बालक को थोड़ा-थोड़ा चार बार मधु चटावें। ऐसा करने से बालक बुद्धिमान् और यशस्वी होता है।

स्तन पान कराने या सूतिका पथ्य का मुहूर्त—रिक्तामा, भद्रा, व्यतिपात, वैधृति को छोड़कर शुभ तिथियां हों, वार चं. बु. गु. श. हों, नक्षत्र-मृग. पुन. पु. श्र. रे. म. हों, तब स्तन पान कराना शुभ है। आगे अन्न-प्राशन में कही गई तिथि नक्षत्रों में सूतिका पथ्य शुभ है।

प्रसूता स्त्री के स्नान का मुहूर्त—रेवती, तीन-उत्तरा, रो., मृ., ह., स्वा. अश्विनी और अनुराधा नक्षत्रों में रवि, गुरु और भौम वारों में, १, २, ३, ५, ७, १०, ११, १३, १५ तिथियां शुभ हैं। आर्द्रा पुन. पु. श्र. म. भ. कृ. वि. मू. और चित्रा नक्षत्र तथा शनि और बुधवार त्याज्य है अन्य नक्षत्र और वार मध्यम हैं।

प्रसूता स्त्री के जल पूजन का मुहूर्त—मास समाप्त होने पर बुध, गुरु या चन्द्रवार की ४, ९, १४ तिथियों को छोड़कर अन्य तिथियों में, श्र पुन. पु. मृ. ह. मू. अनु. नक्षत्रों में जल पूजन उत्तम है। परन्तु गुरु और शुक्र के अस्त में चैत्र, पौष या अधिक मास में (मास पूरा होने पर भी) जल पूजन नहीं करना चाहिए।

जातकर्म और नामकरण का मुहूर्त—संक्रान्ति का दिन, भद्रा और व्यतिपात को छोड़कर १, २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३ तिथियों में जन्मकाल से ११वें या १२वें दिन सोम, बुध और शुक्रवार को मृ. रे. चि. अनु. तीनों उत्तरा रो. ह. अश्विनी पुष्य अभि. स्वा. पुन. श्र. ध. श. नक्षत्रों जब लग्न से १, ४, ५, ७, १० स्थानों में शुभ ग्रह तथा ३, ६, ११ स्थानों में पाप ग्रह हों, शुभ होता है।

अथ दोला (झूला) आरोहण मुहूर्त

सूर्य नक्षत्र से चन्द्र नक्षत्र तक गिनें					जन्म दिन से १०।१२।१६।१८।२२ दिन
५	५	५	५	७	शुभ वार में, मृ. रे चि. अनु. ह. अश्वि. पुष्य. अभि. तीनों उत्तरा रो. नक्षत्रों में ४।९।१४।३० इनसे रहित तिथियों में १।४।५।६।७।९।१० इन. लग्नों में शुभ ग्रह से युक्त होने पर १।४ ११वें शुभ ग्रह हों ३।६।११वें पाप ग्रह हों तो उत्तम होता है।
नैरुज्य	मरण	कृशता	व्याधि	सौख्य	

निष्क्रमण मुहूर्त—स्वा. अश्वि. पुन. ह. मृ. पु. अनु. श्र. रो. ध. नक्षत्रों में भौम-शनि को छोड़कर अन्य वारों में, रिक्ता अमा भद्रादि से रहित शुभ दिन में तीसरे-चौथे मास में शुभ है। शीघ्रता होवे तो १२वें दिन बालक का निष्क्रमण करें। इसी दिन सूर्य और नक्षत्र पूजन पूर्वक सूर्य नक्षत्रों का दर्शन करावें।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

भूम्युपवेशन मुहूर्त—पांचवें महीने में पृथ्वी वराह का पूजन करके भौम के पूर्णबल में तीनों उत्तरा, रो. मृ. ज्ये. अनु. अश्वि ह. पुष्य. अभि. इन नक्षत्रों में, ४।६।१४।३० इन तिथियों को छोड़कर स्थिरलग्न में शुभदिन में बालक के करधनी का डिसूत्र बांध कर पृथ्वी पर बैठावें।

भूम्युपवेशन के लिए मन्त्र—"रक्षंतु वसुधे देवि सदा सर्वगतं शुभे। आयुः प्रमाण सकलं निक्षिपस्व हरिप्रिये! इति॥" इसी समय बालक के सामने पुस्तक, कलम, वस्त्र, शस्त्र, स्वर्ण, चांदी, तुला आदि वस्तु रखे, जिसको बालक ग्रहण करे, उससे उसकी आजीविका होती है।

अन्नप्राशन का मुहूर्त—जन्ममास से ६, ८, १० या १२वें मास में पुत्र का और ५, ७, ९ या ११वें में कन्या का भद्रादि-दोष रहित १, ३, ५, ७, १०, १३, १५ तिथियों में सोम, बुध, गुरु और शुक्रवार को म. रे. चि. अनु. ह. अश्वि. पु. अभि. स्वा. पुन. श्र. ध. श. तीनों उत्तरा, रोहिणी नक्षत्रों में, जन्मराशि या जन्मलग्न से आठवें लग्न या नवांशक तथा मेष वृश्चिक और मीन लग्न को छोड़ कर ऐसे लग्न में कि १, ३, ४, ५, ७, ९, १० स्थानों में शुभग्रह हों या शुभग्रह की दृष्टि हो, ३, ६, १२ स्थानों में पापग्रह हों दशम स्थान पापग्रह-रहित हो, १, ६, ८ स्थान में चन्द्रमा न हो तो शुभ होता है। किसी किसी के मत से जन्म-नक्षत्र अनु. शत-तारका और स्वाती अशुभ हैं।

कर्णवेध का मुहूर्त—चैत्र पौष देवशयन (आषाढ़ शुक्ल ११ से कार्तिक शुक्ल ११ तक) जन्ममास, जन्मनक्षत्र ४, ९, १४ तिथियां, जन्मतारा क्षयतिथि और समवर्षों को छोड़कर जन्म से १२वें दिन या १६वें दिन, ६वें ७वें, ८वें मास या विषम वर्षों में सोम, बुध, गुरु, शुक्रवार को, श्र. ध. पुन. मृ. रे चि. अनु. ह. अश्वि. पु. अभि. नक्षत्रों में जब लग्न से अष्टम स्थान शुद्ध हो, १, ४, ५, ७, ९, १० स्थानों में शुभ ग्रह हों, ३, ६, ११ स्थानों में पाप ग्रह हों तुला, वृष, धनु, या मीन लग्न में बृहस्पति हो तो कर्णछेदन श्रेष्ठ है। इस संस्कार के समयपर करने से मनुष्य के हार्निया (आंत्रवृद्धि) जैसे भयानक रोग की जड़ ही कट जाती है।

कन्या का नासिका छेदन का मुहूर्त—कर्णवेधोक्त नक्षत्रों में तथा उत्तरा ३, शत. स्वा में शुभ तिथ्यादिक शुक्लपक्ष में दिनके प्रथमप्रहर के समय नासिका-वेध शुभ है।

मुण्डन मुहूर्त—गर्भाधानकाल से या जन्मकाल से विषम अर्थात् ३ रे ५वें, ७वें वर्ष में (मनु जी के मत से प्रथम वर्ष में भी) चैत्र को छोड़कर उत्तरायण सूर्य में चन्द्र, बुध, गुरु और शुक्रवार, लग्न तथा नवांशक में, जन्मराशि या जन्मलग्न से अष्टम लग्न को छोड़ २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ तिथियों में संक्रांति के दिन को छोड़ कर जब लग्न से आठवां स्थान शुद्ध (ग्रह रहित) हो, ३, ६, ११ स्थानों में पापग्रह हों, ज्ये. मू. रे. चि. स्वा. पुन. श्र. ध. शत. ह. अश्वि. पुष्य और अभिजित नक्षत्रों में शुभ है। लड़के की माता को पांचमास का गर्भ हो तो मुण्डन निषिद्ध है, परन्तु ५ वर्ष में अधिक अवस्था के बालक के लिए निषेध नहीं है। जेठे लड़के का मुण्डन ज्येष्ठ मास में नहीं करना चाहिए।

मुण्डन कर्म में विशेष—स्व-कुल शिष्टाचारानुसार पूर्वोक्त नक्षत्र तिथ्यादि शुभ समय में अपने अपने इष्टदेव के स्थानों में मुण्डन तथा कर्णवेध का होना देखा जाता है, सो "यथाकुलधर्म वः" इस स्मृति के स्मरण से ठीक ही है।

और बनवाने का मुहूर्त—मुण्डन के लिए जो तिथियां और नक्षत्र शुभ बतलाए गये हैं, वे ही हजामत बनवाने के लिए शुभ हैं। वर्जित काल अनि, रवि, भौमवार, हजामत में नौवें दिन, संध्याकाल, ४, ८, ९, १४, १५, ३० तिथियां, संक्रान्ति का दिन, रात्रि में बिना आखन, संग्राम में, यात्रा करने के दिन, स्नान करके, शरीर में उबटन लगवाकर या भोज के पीछे हजामत बनवाना अशुभ है।

विशेष फल—यज्ञ विवाह, मृतक कर्म में, कारागार से छूटने पर, ब्राह्मण और राजा की आज्ञा से किसी भी समय हजामत बनवाई जा सकती है। किसी आचार्य का मत है कि जो लोग राजकार्य से नियुक्त हैं वे रूपजीवी जैसे नट, भांड आदि किसी दिन हजामत बनवा सकते हैं। वर्णभेद से क्षौर का वार—ब्राह्मण रविवार को, क्षत्रिय सोमवार को, वैश्य और शूद्र शनिवार को क्षौरोक्त तिथ्यादि में हजामत बनवा सकते हैं।

अक्षरारम्भ का मुहूर्त—जन्म से ५वें या ७वें वर्ष में उत्तरायण सूर्य में गणेश, विष्णु. सरस्वती और लक्ष्मी का पूजन करके सोम, बुध, गुरु और शुक्रवार को ह., अश्वि., पुष्य, अभि. श्र. स्वा. रे. पुन. आर्द्रा, चित्रा, अनुराधा नक्षत्रों के बुरे योगों और भद्रा को छोड़ कर २, ३, ५, ६, १०, ११, १२ तिथियों में (शुक्लपक्ष उत्तम) अक्षरारम्भ शुभ होता है। लग्न में मेष, कर्क, तुला, और मकर राशियां नहीं होनी चाहिएं।

विद्यारम्भ का मुहूर्त—उत्तरायण में (कुम्भ का सूर्य छोड़कर) रवि, बुध, गुरु और शुक्रवार को २, ३, ५, ६, १०, ११, १२ तिथियों में म., आर्द्रा, पुन., हस्त, चि., स्वा., श्र. ध. शत., अश्विनी, मू., तीनों उत्तरा, रो, पुष्य, आश्ले., अनु., रेवती नक्षत्रों में, जब लग्न से १, ४, ५, ७, ९, १० स्थान में शुभ ग्रह हों तो विद्यारम्भ शुभ है।

फारसी अंग्रेजी विद्यारम्भ का मुहूर्त—सूर्य, भौम, शनिवार हों, ४।६।१४ तिथि हों, ज्ये. आश्ले. म. तीनों पूर्वा. भ. कृ. वि. आर्द्रा उ. षा. शत. नक्षत्र शुभ हैं।

सीने पिरोने (सूचि कर्म) का मुहूर्त—अश्वि. पु. चि. अनु. ध. ये नक्षत्र, सूर्य, बुध, चन्द्र, बृ. श. ये वार, १।२।३।५।६।७।८।१०।११।१३।१५ ये तिथियां शुभ हैं।

यज्ञोपवीत संस्कार का मुहूर्त—यज्ञ और उपवीत इन दो शब्दों से यज्ञोपवीत बना है। देवताओं की पूजा, संगति (सम्मेलन या कान्फ्रेंस) और जिसमें दान हो, उसे यज्ञ कहते हैं। उपवीत का अर्थ है पिरो देने वाला अर्थात् देवपूजा. सम्मेलन और दान के साथ पुरुष को मिला देने वाला संस्कृत (तन्तु-धागा-विशेष) यह यज्ञोपवीत का अर्थ हुआ। बालक की गुरु, चन्द्र शुद्धि देखकर जन्म से या गर्भ से (गर्भाज्जनेर्वा इति पारस्करमन्वादीनां मते विकल्पः) ब्राह्मण आठवें वर्ष, क्षत्रिय ११वें, वैश्य १२वें, इन वर्षों में यदि न किया जाए तो ब्राह्मण १६ तक, क्षत्रिय २२ तक और वैश्य २४ वर्ष तक संस्कार कर सकते हैं। उसके बाद सावित्री पतित व्रात्य संज्ञा वाले होते हैं। माघादि पांच मासों में देवशयनी से पूर्व ह. अश्वि. पुष्य, अभि. उत्तरा, रो., आश्ले., स्वा., श्र., ध., मू., मृ., रे., चि., अनु., तीनों पूर्वा, आर्द्रा वेध रहित इन नक्षत्रों में (क्षत्रिय वैश्यों के लिए पुनर्वसु भी ग्राह्य है) शु. चं. बु, (बुधास्त हो तो बुधवार त्याज्य) श. गुरुवार को, शुक्ल २।३।१०।११।१२ तथा कृष्ण २।३।५ तिथियों में शुभ है। किन्तु लोपदा तिथी जैसे आषाढ़ शुक्ल १०, ज्येष्ठ शुक्ल २, पौष शुक्ल ११, माघशुक्ल १२ को और संक्रांति दिन को तथा रोग बाण को छोड़कर मध्यान्ह से पहले शुभ है। शु. गु. चं. और लग्नेश, ६।८ वे स्थान में, च. श. १२वें स्थान में, और १।५।८वें में पापग्रह अशुभ है। शुभग्रह ६।८।१२ स्थानों के सिवाय अन्य स्थानों में, पापग्रह ३।६।११ स्थानों में, वृष या कर्क का सम्पूर्ण चन्द्रमा; लग्न में हो तो शुभ होता है। गुरु शुक्र के बाल्य, वृद्धत्व, अस्त के समय को छोड़कर उपनयन शुभ है। यदि गोचराष्टक वर्ग से बालक से उपनयन संस्कार के लिए समय शुद्धि न मिले। अथवा सिंह, मकर किंवा अशुभ स्थान में गुरु हो तो सौर चैत्र में उपनयन संस्कार किया जा सकता है ऐसी शास्त्र की आज्ञा है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

योनि-नाड्यादि-ज्ञान चक्र

सांझ व्यापार (सांझेदारी) में परस्पर अशुभ षडष्टक तथा गण-दोष नहीं होना चाहिए।

नक्षत्र	योनि	महावैर योनि	नाड़ी	गण	मुख	नेत्र	संज्ञा	स्वरूप	कितने तारा साथ में	पंच शलाका में विद्ध	सप्त शलाका में विद्ध
अ.	अश्व	महिष	आदि	देव	तिर्यक्	मंद	क्षिप्रलघु	अश्वमुख	३	पू.फा.	पू.फा.
भ.	गज	सिंह	मध्य	मनुष्य	अधो.	मध्य	उग्रक्रूर	योनि	३	अनु.	म.
कृ.	मेष	वानर	अन्त्य	राक्षस	अधो.	सुलो.	मिश्रसाधा	क्षुर	६	वि.	श्र.
रो.	सर्प	नकुल	अन्त्य	मनुष्य	ऊर्ध्व.	अंध	ध्रुवस्थिर	शकट	५	अभि.	अभि
मृ.	सर्प	नकुल	मध्य	देव	तिर्यक्	मंद	मृदुमैत्र	मृगमुख	३	उषा.	उषा.
आ.	श्वान	मृग	आदि	मनुष्य	ऊर्ध्व.	मध्य	तीक्ष्णदारु	मणि	१	पूषा	पूषा.
पुन.	मार्जार	मूषक	आदि	देव	तिर्यक्	सुलो.	चरचल	गृह	४	मू.	मू.
पुष्य	मेष	वानर	मध्य	देव	ऊर्ध्व.	अंध	क्षिप्रलघु	बाण	३	ज्ये.	ज्ये
आश्ले.	मार्जार	मूषक	अन्त्य	राक्षस	अधो.	मंद	तीक्ष्णदारु	चक्र	५	ध.	अनु.
म.	मूषक	मार्जार	अन्त्य	राक्षस	अधो.	मध्य	उग्रक्रूर	गृह	५	श्र.	भ.
पू.फा.	मूषक	मार्जार	मध्य	मनुष्य	अधो.	सुलो.	उग्रक्रूर	मंचक	२	अश्वि	अश्वि.
उ.फा.	गौ	व्याघ्र	आदि	मनुष्य	ऊर्ध्व.	अंध	ध्रुवस्थिर	शय्या	२	रे.	रे.
ह.	महिष	अश्व	आदि	देव	तिर्यक्	मंद	क्षिप्रलघु	कर	५	उभा	उभा
चि.	व्याघ्र	गौ	मध्य	राक्षस	तिर्यक्	मध्य	मृदुमैत्र	मुक्ता	१	पूभा	पूभा
स्वा.	महिष	अश्व	अन्त्य	देव	तिर्यक्	सुलो.	चरचल	मृगा	१	श.	श.
वि.	व्याघ्र	गौ	अन्त्य	राक्षस	अधो.	अंध	मृदुमैत्र	तोरण	४	कृ.	ध.
अनु.	मृग	श्वान	मध्य	देव	तिर्यक्	मंद	मिश्रसाधा.	बलिनिभ	४	म.	आश्ले.
ज्ये.	मृग	श्वान	आदि	राक्षस	तिर्यक्	मध्य	तीक्ष्णदारु	कुंडल	३	पुष्य	पु.
मू.	श्वान	मृग	आदि	राक्षस	अधो.	सुलो.	तीक्ष्णदारु	सिंहपुच्छ	११	पुन	पुन.
पू. षा.	वानर	मेष	मध्य	मनुष्य	ऊर्ध्व.	अंध	उग्रक्रूर	गजदन्त	२	आ	आ.
उ. षा.	नकुल	सर्प	अन्त्य	मनुष्य	ऊर्ध्व.	मंद	ध्रुवस्थिर	मंचक	२	मृ.	मृ.
अभि.	नकुल	सर्प	०	०	०	मध्य	क्षिप्रलघु	त्रिकोण	३	रो.	रो.
श्र.	वानर	मेष	अन्त्य	देव	ऊर्ध्व.	सुलो.	चरचल	वामन	३	म.	कृ.
ध.	सिंह	गज	मध्य	राक्षस	ऊर्ध्व.	अंध	चरचल	मर्दुल	४	आश्ले	वि.
श.	अश्व	महिष	आदि	राक्षस	ऊर्ध्व.	मंद	चरचल	बर्तुल	१००	स्वा.	स्वा.
पू. भा.	सिंह	गज	आदि	मनुष्य	अधो.	मध्य	उग्रक्रूर	मंचक	२	चित्रा.	चित्रा.
उ. भा.	गौ	व्याघ्र	मध्य	मनुष्य	ऊर्ध्व.	सुलो.	ध्रुवस्थिर	यमलाभ	२	ह.	ह.
रे.	गज	सिंह	अन्त्य	देव	तिर्यक्	अंध	मृदुमैत्र	मृदंग	३२	उफा.	उफा.

नामाक्षरों के वर्ग देखने का कोष्ठक।

स्वकीय वर्ग से पंचम वर्ग वैरी और चतुर्थ मित्र समझना चाहिए।

अ ई उ ए	क ख ग घ ङ	च छ ज झ ञ	ट ठ ड ढ ण	त थ द ध न	प फ ब भ म	य र ल व	श ष स ह
गरुड़	मार्जार	सिंह	श्वान	सर्प	मूषक	मृग	मेढा

वर्ण ज्ञान चक्र

वर्ण→	ब्राह्मण	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र
राशि→	१२।४।८	१।५।९	२।६।१०	३।७।११

मेलापक सारिणी देखने की रीति

मुहूर्त शास्त्रोक्त गुण दोषों के अनुसार आगे वर-कन्या मेलापक सारिणी एकत्र की हुई दी जाती है। देखने वाले को वर-कन्या के नक्षत्र और चरणमात्र के जानने की आवश्यकता है। कन्या के नक्षत्र पड़े और वर के खड़े स्तम्भ में मिलेंगे। जब नक्षत्र और चरण दोनों के मिलें तो देखिये कि खड़े और पड़े स्तम्भ किस कोष्ठक पर जाकर मिलते हैं। जिस कोष्ठक में मिले उस में गुणों की संख्या दी हुई है। बस उतने ही गुण मिलते हैं। गुणों वाली संख्या के नीचे उसी खाने में प्रायः कोई संख्या वा चिन्ह भी है। उसका विवरण यह है: कि—नाड़ी दोष की जगह (३), गण महादोष की जगह (१), भकूट महादोष षड़ष्टक में (६), नवपञ्च में (५), द्विर्द्वादश में (४), और योनिवैर में (२), जहां कन्या का नक्षत्र वर के नक्षत्र से पहले है वहां शून्य (०) रखा है। जहां थोड़ा दोष समझा गया, वहां ऋण का (—) और जहां अधिक समझा गया वहां धन का चिन्ह (+) दिया गया है। गुणों की संख्या के नीचे कोई अंक व चिह्न नहीं है। वहां निर्दोष समझना चाहिए। जैसे वर का जन्म शतभिषा नक्षत्र के चतुर्थ चरण में और कन्या का जन्म आर्द्रा के दूसरे चरण में हुआ हो तो इन नक्षत्रों के पड़े और खड़े स्तम्भ जहां मिलते हैं वहां ऊपर १२ और नीचे १३५ लिखा है, जिससे यह समझना चाहिए कि ३६ गुण में केवल १२ मिलते हैं और गण महादोष, नाड़ीदोष और भकूट का नवम पञ्चम दोष हैं इसलिए सम्बन्ध अशुभ है। यदि भकूट दोष न हो तो २० गुण मिलने पर मध्य और इसमें अधिक मिले तो श्रेष्ठ है। परन्तु दुष्ट भकूट में २५ गुण तक मध्यम और उसके ऊपर श्रेष्ठ समझना चाहिए। शुभ भकूट में १६ गुण से कम हों और दुष्ट भकूट में २० गुण से कम हों तो विवाह के लिए विचार नहीं करना चाहिए। क्योंकि अशुभ है।

नाड़ी-दोष-परिहार—यदि वर कन्या की राशि एक हो और जन्म नक्षत्र भिन्न हो, अथवा दोनों का जन्मनक्षत्र एक हो राशि भिन्न हो तो नाड़ीदोष एवं गणदोष नहीं होता। यदि दोनों का नक्षत्र एक हो, परन्तु चरणभेद हो तो भी नाड़ीदोष नहीं होता। आवश्यके दोष शान्ति—द्विर्द्वादश दोष होने पर ताम्र-सुवर्ण, वर्णादि दोष में अन्न वस्त्र, सुवर्ण, नव पंचम में कांसी चांदी, अशुभ षडष्टक में गोमिथुन अथवा गाय अन्न वस्त्र सुवर्णादि का दान करने पर पाणिग्रहण करें। "गावोऽन्नं वसनं हेम सर्व दोषापहारकम्।—(गुरुः)। महादोष एकनाड़ी हो तो अत्यावश्यकता में शान्त्यर्थ महामृत्युंजय का जप तथा कम से कम ३१ रत्ती स्वर्ण की नाड़ी एवं गोदान करने पर ही पाणिग्रहण करें अन्यथा नहीं।

अपवाद—न वर्गवर्णो न गणो न योनिर्द्विर्द्वादशे नैव षडष्टके वा। तारा विरुद्धे नव पञ्चमे वा राशीशमैत्री शुभदा विवाहे॥ राशीशयोः सुहृद्भावे मित्रत्वे वांशनाथयोः। गणादि दौष्ट्येऽप्युद्वाहः पुत्रपौत्रप्रवर्धनः॥

मिलान के बिना ही विवाह—जो कन्या स्वयं वर का वरण करे, अथवा जहां वर-कन्या को परस्पर देखने से ही वर-कन्या के मन एवं नेत्रों को सन्तोषानुभूति हो, अथवा पुनर्भू एवं क्रीता—स्त्री के साथ सम्बन्ध स्थापित करने के लिए गुण-ग्रह मेलापनादि विचार शास्त्र-विहित नहीं है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

मेलापक सारिणी

राशि	मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या			तुला			वृश्चिक			धनु			म.			रा.			मीन		
	अ	च	ल	क	खे	घ	छ	के	को	हा	डा	मा	म	टा	टी	उ	ह	वि	वि	वा	वी	वि	वु	ध	भ	पू	ढा	ध	ज	ख	दा	च	झ	थ	द	च
	१	१	१	॥	१	॥	॥	१	॥	१	१	१	१	१	१	॥	१	॥	॥	१	॥	॥	१	१	१	१	॥	॥	॥	१	॥	॥	१	१	१	१
अ	२८	११	२७॥	२७॥	२३॥	२२॥	२२॥	१६॥	१७॥	२२॥	३०	२७	२०॥	२४॥	१४॥	९॥	१०॥	१२॥	२८	२८	२२	१८॥	२४॥	१३	१२॥	२४॥	२३	२५	२६	२०	१६॥	१४॥	१५॥	१४॥	२३॥	२६
	३	०		४	-४	-४	३	३	३	३			+५	५	३५	३६	२३६	६	-२			-६	-६	३६	३५	+५	५ +				३	३	३४	४ +	४ +	
च	२३	२८	२८	१८	२६॥	१४॥	३०॥	२५॥	२५॥	३०॥	२२॥	२४॥	१९	१७	२४	८९	१०॥	३॥	२३	२८	२१	१८॥	१७॥	१९॥	१९॥	१७॥	२५॥	२७॥	२६	१०	६॥	१६॥	२३	२२॥	१६॥	२४॥
		०१		०४	-४	३४					३	१	-१५	३५	५ +	६	६	१३६	३		-१	-१६	३६	-१६	-१५	३५	५ +			१२३	३३२	-१	-२	२४	३४	४ +
कु.	२६॥	२८	२८	१८	१०	१६॥	१६॥	१६॥	१६॥	२४॥	२६॥	२२॥	१५॥	१९	२०	१५	१४	१७॥	२७	१४	१६	१६॥	१६॥	२५॥	२५	१९	११॥	१३॥	१३॥	२५	२४॥	२५॥	१८॥	१७॥	१६॥	१८॥
		१	१	३४	०१३४	४		१	१			३	३४	१५	१५	१६	६	६		३	३	-६	-६	३६	५ +	१२५	३१५	१२	२३				१	१४	१८	३४
कु. ॥	१९	१६	१६॥	२८	१८॥	२६॥	१७	१७	१७	२१	२३	१६	१६	२१	२२	२०	१८	२३	२२	६	१४	२१॥	२४॥	३०॥	२२	१५	७	१२	१०॥	२४॥	२६	३०	२३	२०	२२	१३
	४	१४	३४	३	१३		४ +	१४	४ +				३	१	१	५ +	५ +	-६	३६	३६		३१			६	१२६	१३६	१३५	३५२	+ ५				१	१	३
रो	२३॥	२३॥	१९	२०	२८	३६	२६॥	२३	२२	२६	२७	१२	१०॥	२४॥	२७	२५॥	२५॥	१८॥	१७॥	१५	८	१४॥	२६॥	२३॥	१३॥	१६॥	११	१६	१८	१६	२४॥	२४	२६	२०	२२	१३
	-४	-४	३४	३१	३	०	०४	४ +	४ +			३१	३१			५ +	५ +	-१५	-१६	३६	३१६	३१			१६	६	३६२	३५२	३५	-१५	-१	-१	२९	१	१	३
शु. ॥	२३॥	१४॥	१८॥	२७॥	३५	२८	१८॥	२३॥	२२॥	२६	१६	२१	१६॥	३॥	२४॥	२३	२५॥	११॥	१०॥	२४॥	१७	२३॥	२१॥	२४॥	१४॥	१०॥	१६॥	२१॥	२६	१८	१६	२५२	३५	-१५	२६	२७	१६
	-४	३४	-४				३४	०४	४ +		३					५ +	५ +	३५	३६	-६	-६				६	३६	२६	२५ +	५ -	३५						३
शु. ॥	२६॥	१७॥	२१॥	१६	२६॥	१६॥	२८	३३	३१॥	१८॥	११॥	१३॥	२२॥	३॥	२७॥	३१॥	३४	२०	१३	२७	१६॥	१३	१३	१४	२३	१६	२५	१६॥	२४	१०	१२	२१	२२॥	२४	१७	२१
		३		+४	४ +	३४	३	०		-४	३४	४						३	३५	+ ५	५ +				६	३६	३	२ +	-२६	-६	३६	३५	५ +	५ +		३	
आ ॥	१८॥	२६॥	२१॥	१६	२४	२५॥	३४	२८	२५	१२	२०॥	१२॥	२१॥	२७॥	२०॥	२४॥	२४॥	२७	२०	२७	२०	१३॥	१९	५	१५	२८	२७	२१॥	२२॥	१७	१६	१२	१७	१८॥		
	३	१		१४ +	४ +	४ +				०३४	-४	१४	३	३	३	३	३	१	-१५	५ +	१५	१६	२६	१३६२	१३				-६	-६	-१६	१५+	१३५	३५	३	२६	२६
शु. ॥	२१॥	२८॥	२४॥	२१	२४	२५	१९	१०	१३	२८	३४	२८	१६॥	२०॥	१४॥	२६॥	१७॥	१६॥	१९	२६॥	२०॥	१४॥	२०॥	६	१४	२७	२७	२१॥	२२॥	१६॥	१८॥	१३	१६	१७॥	२६॥	२६
	३						४	३४	३४	३	०		२४	२४	३४	३	३					६	६	३६	३				-६	-६	-६	+५	३५	३५	३		
बु ॥	२६॥	२०॥	२६॥	२३	२५	१८	१०॥	१८॥	२४	३४	२८	२६	१८॥	१४॥	२३॥	२५॥	२५॥	११॥	११	२५	२०॥	२६	१७	२०॥	७॥	२०॥	२०॥	२६	२७	२१	१२	५॥	६॥	१६	२५	२४॥
		३				३	३४	४	४				+४	३४	४ +			३	३			-५	३५		३६	-६	-६				६	३६	३६	३५	५ +	१ +
ब्रु ॥	२५	२३	२१॥	२२॥	११	१६	२१॥	११॥	१३	२७॥	२८	३	१५	१५॥	१७॥	१८॥	१९॥	२४॥	२४	११	१६	२४॥	३	३	४	१३	६	२६	२७	१३	४	१३	१७॥	२६	१८	२६
		१	३	३	३१		३	१४	४				३४२	१४२	१४	१	१		३	३		३५	-५		६	१६	३१६	२३	३	२६	३६	६	६	५ +	३५	५ +
म १	१९	१९	१५॥	१८॥	९॥		१७॥	२०॥	२०॥	१६॥	१८॥	१६	२८	३०	२६॥	१४॥	१४॥	१६॥	२३॥	१०॥	१५॥	२४॥	२४॥	३२	२४	१९	८॥	३॥	४॥	१७॥	१७	१८	१३	१७॥	२०	१२
	+५	१५	३५	३	३१			१	-२	०४४	३४२		३	०१	१	१४	४+	४		३	१५॥				-५	१९	३५	३१६	३६	६	६	६	६	१५	१५	३५
मी कर	२५	१७	१९	२०			२८॥	२६॥	२५॥	२०॥	१६॥	१६॥	१०	२८	३४	२४	२०॥	५॥	९॥	२४॥	१७॥	२३॥	२३॥	२४॥	२०	१७	२४	१९	१८॥	५॥	२३॥	२४॥	१७॥	१७॥	१८॥	१३
	५ +	३५	-१५	१	२३॥	१५॥	३		-२	२४	३४	-१२४	३	-१	३	०४	४ +	१३४	१३	२४॥	१	-१	२३॥	१	-१	-१	३	६	६	१३६	३	१	१	३६	१६	३६
वृष	१५॥	२५	२१	२१	१	२६	२७॥	१९॥	१७॥	१४॥	२६॥	२८	२६॥	३४	२८	१६	२४	१२॥	१६॥	२५॥	१६॥	२२॥	३०॥	१६॥	९॥	२५	२४	२०	२०	१६॥	२३	२३॥	१६॥	२४॥	२६॥	२४॥
	३५	५ +	-१५				३	३	३	३४	४ +	-१४	३			३४	३४	१४२	१२		१२	-१२			१३५	५ +	५ +	६	६	१३६	३	१	१	-६	३६	-६
उषा ॥	११	२१	१६	२०॥	२५॥	२४	११॥	२३॥	२०॥	१५॥	२३	१७	२८	२७	२४॥	१६॥	२५॥	१६॥	१८	२६	१८॥	२०॥	२६॥	१३	१३॥	२५	२४	२०	२०	१६॥	१७॥	१०॥	१५॥	२४॥	२६॥	२४॥
	३६	६	१६		+५	५ +		३	३	१४	४ +	३४	३	३०	१२	३४	४ +	१२४	१२		१२				१३५	५ +	५ +	६	६	१६	१	१३	३	३६	-६	६ -
ए ॥	११	१८॥	८	२०॥	२५॥	२४॥	२१॥	२	२	१६	२०	१५	२६	२८	२८	२०	२६॥	१८॥	१८	२६	२०	२६	१३॥	१५	२४	२४	१५॥	१८	६॥	१४॥	२६॥	१७	२८	२६		
	३६	६	१६		+५	५ +		३	३	+४	४ +		३	३	०	०४	४ +								३	३	+१५		-१६	३१६	३६	३				
वि ॥	१२॥	४॥	१८॥	२०	१८॥	२०॥	२८	२२	१	२४॥	१६॥	२५॥	२७	२८	३	१६	१२	२५॥	२७	३१	२५	२७	१३	२१	१८	१६	१०	१३॥	२६	२६	२६				
	४	१३६	६	४ +	३५	२५	३		१	-४	१३४	१२४	१२			०४	४ +						३	१				-६	३६२	३६	३				

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

नेमापक संहिता

राशि →	मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या			तुला			वृश्चिक			धनु			मकर			कुम्भ			मीन		
नाम	अ	आ	इ	उ	ऊ	ऋ	ए	ऐ	ओ	औ	क	ख	ग	घ	ङ	च	छ	ज	झ	ञ	ट	ठ	ड	ढ	ण	त	थ	द	ध	न	प	फ	ब	भ	म	य
वि.	२२	१४ १३	२८	२१ ६+	१८॥ २६	१०॥ ३६	१२ ३४	२० १५	१८॥ ५+	९	११ ३	२५	२४॥	१०॥ १३	१७॥ १२	२७॥ २४॥	२० ४+	१८॥ ४+	२८ ३	२७॥	१	२१॥ ६॥ ४	२०॥ ४	२७	१३ १२	२१ ९	२३॥ १	२३	२३	२८ ३५	२६ ५+	१८॥ ३	१२ ३५	६	१
ध्रु.	२१ ३+	२८	१६ ३	११ ३६	१४ ३६	२४ -६	२६ ५+	२६ ५+	२७ ५+	२७॥	२६	२३ ३	२४॥			२५॥ ४	२७॥ ४+	२० ०३	२८ ३	२० ४+		९ ३४०	२१॥ ४	१९॥ ४	२३	२७	१८ ३	२१॥ ३	२२॥ ३	२६	२१ ५+	२२ ५२+	२६ ५-	२८॥ ६	१६ ६	१२ १३६२	९
वि.	२२ ३	२० ३	२० ४+	१९॥ ३	१३॥ १३	२७	१८॥ ४+	२० १५	२० ४+	२०॥	२०॥	१७ ३	२६॥ ३	१८॥ १	१७॥ १२	१७॥ ४+	४+	२६ ४+	१९ ३	२८ ३	३३॥	१९ ३४	१९ ०४	२१॥ ४	२७	२१ १	१३ १३	१९॥ १३	२९॥	२४ ५+	२६ ५+	२० ५+	१३॥ १६	१२॥ १६२	३६
ध्रु.	२६॥ ६+	१६॥ १६	१४॥ ३६	१९॥ ३	१३॥ १३	२७	११ ६	१२॥ १६	१२६ ६	१८ -५	१८ ५-	१४॥ -३५	२४॥ ३	२२॥ १	२१ १२	१७ १२	१८ २५		२८ ३	७ ३४	३१॥	२१॥ ४	७ ४१	१५॥ १३॥ ४+	२१ ३४	४+	२४	२४॥	१६॥ ३	१३॥ ३	१२ ३	१२ ३६२	१८ ३५	३६
शु.	२३॥ ६	१४॥ ३६	१८॥ -६	२३॥	२७॥	२७ ३	१० ३६	१५ ३६	१७ ६	२५ -५	१७ ३५	२० -५	२४॥	२०॥ ३	२८ ३	२४	२५	२१ ३	६॥ ३४	२०॥ ४	१६ ४	२८	१५ ३४	३१॥	२८ ३	१५॥ २४+	१३॥ ३४	२१॥ ४+	२४	२६	१२ ३	११ ३	२० १	२७॥	२४ ५+	१७ ३	१२ ३
बु.	२१॥ ६	१४॥ ३६	१८॥ -६	२७॥	२७॥	२७ ३	१० ३६	१५ ३६	१७ ६	२५ -५	१७ ३५	२० -५	२४॥	२०॥ ३	२८ ३	२४	२५	२१ ३	६॥ ३४	२०॥ ४	१६ ४	२८	१५ ३४	३१॥	२८ ३	१५॥ २४+	१३॥ ३४	२१॥ ४+	२४	२६	१२ ३	११ ३	२० १	२७॥	२४ ५+	१७ ३	१२ ३
मं.	१० ६५	१७॥ १६	२४॥ -६	२७॥	२२॥ १	२९॥	१२ ६	२ ३१६२	४ ६३	१९॥ ४३	१६ ४+	२४ -५	३१	२७॥ १	१५॥ १३	११ १३	११ १३	२४	१६॥ ४	१४॥ ४	१६॥ ४	३१॥	३०	२८ ३	१४ ०२३४	१६॥ १४	१८॥ ०४	२० १	३०	२७	१७ ३	१० ३	२३	२४ ४+	१७ ३	२० ३	१९० ४५
बु.	२१॥ ३५	१६ ३६	२५ ४+	१९॥ ६	१२॥ १६	१२॥ ६	२१	१४ १३	१२	७॥ ३६	१७॥ ६	२३ ६	२४ ४+	१८॥ १५	१९॥ १५३	१३ ३१	१३ ३	२६	२६	२१	२६	२२॥ ४+	१९ ४	१८॥ ४	२८ ३	१५॥ ४	१४ ४	१९॥ ४	३३॥	१४ ४	१४ ४	१८॥ ४	२८॥	२१॥ ३	१९॥ ३	२३ ३
शु.	२३॥ ३५	१८॥ ३६	१९॥ -१२	१४ ३५	१०॥ ६	१० ३६	१४ ३५२	२० ३५६	१९॥ २६	१८ -१५	१७ ३५	२५ ४+	२६	२१ ३	२६	२६	२० १	२० १	१९॥ -१४	१५॥ ३४	१४ -१४	२८ ३	२८ ०१	१५॥ १	३३॥ ०४	१४॥ ४	१४ ४	२८॥	२१॥ ३	१४ ३	२४॥ ३	२१	२७॥ ६	२१	२० ३
बु.	२४ ५+	२४॥ ४	१६॥ १३४	६ १३६	१० २३६	१६॥ २६	२५ ३+	२६	२७	८॥ १४३	२ ४+	४+	२८॥	२१॥ ६	२१॥ १६३	८॥ १४३	२ ४+	४+	२० १	१९ ३	१२ १३	१३॥ ४+	१३ -१४	१७॥ -१४	२५ -१	२८ ३	१६ ०३४	१५ ३४	१३॥ ०४	२२॥ १	२३॥ १	२८॥	२२॥ ३	२८॥	३० ३	३२॥
शु.	२७	२८॥	१४॥ १३	१२ १३४	१६ २३४	२१॥ २५+	१६॥ २६+	२४॥ -६	२१॥ -६	४॥ १२६	२० ६	२१ ६	२४ ४+	४ १५	१५॥	२२॥ -१	१९ ३	२६	१२ ३१	२३	२१	१४॥ २४	२४ ४	१७ ३४	२८ ३	२३ ०३	२५॥ ३	१४॥ ४	२१॥	१४ ४	२१ ४	२१॥ ३	२९॥	३० ३	३२॥ ३	३
बु.	२८	२७	१४॥ ३३	१२ ३४	१६ २३४	२६ ४+	२३ -६	१६॥ -६	२१॥ -६	२८	२८ ३+	१४ १३	२॥ १३६	१९॥ ६	२० ६	२३ ४+	२४ ४	१५ ४	२८॥	२१॥ ३	१९॥ १३	१२ ३१	२३	२१	१४॥ २४	२४ ४	१७ ३४	२८ ३	२७ ०३	२५॥ ३	१४॥ ४	२१॥ ४+	२९॥	३०॥	३२॥ ३	३
बु.	२०	२०	१४॥ ३३	२१ ३२२	२३	२७	२३ -६	१६॥ -६	२१॥ -६	१८॥ ३	२७	२७	२४॥ ४	१०॥ १३६	१६	१५॥ ४+	१७ ३५	१५	१९ ३	२४	२६	१२ ३	२१	१७॥ ४	२४ ४	१७ ३४	१४	१८॥ ४	२७ ०३	१३ ४+	१७॥ ४+	२०॥ ४+	२९॥	२६॥	३२॥ ३	३
बु.	१९॥	२०॥ १३२	२४॥	३०	२४॥ ३	१७॥ ३	११ ३५	१८ १५	१७	१२ ६	४ ३६	१८ ६	२४॥	१०॥ १३	१८॥ १	१७॥ ४	१६ ६	२० -४	२४॥ ४	२५	११ ३	२६	१८ ३	२८	१७ ३४	१४	२४॥ १	२७	१७ ३४	१४	२२॥ ४	२४॥ १	१५	२३ ४	१७॥ ३	१४	२२॥ ४
बु.	१४॥ ३	२०॥ ३	२६॥	२१	२५ ४	२६॥	२० १२	१२ १३४	१४ ३५	६॥ ६	६	६	२४॥	१०॥ १३	१८॥ १	१७॥ १६	१६ ६	१८ -४	२४॥ ४	२५	११ ३	२६	१८ ३	२८	१७ ३४	१४	२४॥ १	२७	१७ ३४	१४	२२॥ ४	२४॥ १	१५	२३ ४	१७॥ ३	१४	२२॥ ४
बु.	१७॥ ३	२०॥ ३	२६॥	३० -१	२४॥ ३	२६॥	२० १२	१२ १३४	१४ ३५	६॥ ६	६	६	२४॥	१०॥ १३	१८॥ १	१७॥ १६	१६ ६	१८ -४	२४॥ ४	२५	११ ३	२६	१८ ३	२८	१७ ३४	१४	२४॥ १	२७	१७ ३४	१४	२२॥ ४	२४॥ १	१५	२३ ४	१७॥ ३	१४	२२॥ ४
बु.	१४॥ ३४	२१॥ ४७	१९॥ -१४	१६ ३१	२५	२५	२४	१७॥	१९॥ -१६	१७ ६+	२३॥	१४	१९ ६	१३॥	१९॥ ३	१६ ३	१६ ३	१६ ३	११ ६	१९॥	१८॥ ६	१२ -१५	२५ ४+	१८ १३५	१४	२८॥	१४	२८॥	१४	२२॥ -४	१४॥ -१४	२८॥ -१	१३	२८	३४	२२ ०४	१६॥ ४२
बु.	२३॥ ४+	१४॥ ३४	१८॥ -१४	२१ ३	२६	१८ ३	२० ३	२५	२६॥	१४ -१६	१८ ५-	१४॥ -३५	२७ ३	१९	१ १३२	११ ६	१८॥ १६	१८ ६+	१२ ३६२	२८ ३५	२० -१५	१२ ४	२८॥	२८॥	२८॥	१४	२८॥ -१	२८॥	२८॥	१४॥ १३	३ १३४	१५ ३४	२८ ३	२८ ०४	२२ ४२	३
बु.	२५ ४+	२३॥ ४	१०॥ ३४	१३ ३	१७ ३	२६	२५	२७	२५	२४॥ ४	२६ ५+	१३ ४+	२४	१९	१३२	२२ ६	१९० ४	२० ४+	२०॥ ३	२६	१२ ४	२८॥	२८॥	२८॥	२८॥	२८॥	२८॥	१४॥ १३	३	१५ ३४	२८ ३	३० ०४	३२	३	३	३

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

ग्रह-मेलापक-विचार—वर की कुण्डली में जन्मलग्न, चन्द्रमा से यदि १।४।७।८।१२ इन स्थानों में मंगल पड़ा हो तो कन्या का नाशक जानना, यदि कन्या के जन्मलग्न अथवा चन्द्रमा से १।४।७।८।१२ स्थानों में मंगल हो तो वर का नाशक होता है।

अपवाद—वर की कुण्डली में यदि पूर्वोक्त स्थानों में मंगल हो और कन्या की जन्म-कुण्डली में उन्हीं स्थानों में मंगल पड़ा हो तो उसका दोष नहीं होता। यदि एक की कुण्डली में मंगल हो दूसरे की कुण्डली में उन स्थानों में से किसी स्थान में शनि पड़ जाय तो भी मंगल का दोष दूर हो जाता है और जितने ग्रह कन्या की कुण्डली में अशुभ होकर पड़े हों उतने या उनसे ज्यादा वर की कुण्डली में अशुभ ग्रह पड़े हों तो शुभ जानें। इसी प्रकार कन्या के जन्मलग्न में ७।८ स्थान तथा वर का २।७ स्थान अवश्य विचार लेना चाहिए और दोनों का पंचम भाव विशेषता से देखना चाहिए। कन्या के सप्तमेश तथा शुक्र आदि शुभ ग्रहों के शुभ स्थान में होने तथा शुभ ग्रहों की उन पर दृष्टि होने से सौभाग्य योग का विचार अत्यावश्यक है। अथवा—वैधव्ययोग वाली कन्या को शालिग्राम या कुम्भ से यथाविधि विवाह करके दीर्घायु वाले वर के साथ विवाह करे।

विवाहार्थ वर के गुण—कुल, शीलस्वभाव, अवस्था, शरीर का रूप, विद्या, धन, सनाथता ये सात गुण जिस वर में उत्तम मिलें उसको कन्या देनी चाहिए।

वर के दोष—दूरदेश वाला, द्वीपान्तरवासी, अत्यन्त समीपस्थ, जाति से पतित, आचारहीन नास्तिक, आजीविका से रहित अत्यन्त गरीब, अत्यन्त धनाढ्य, मूर्ख, शूर, मोक्ष की चाह वाला, संसार से विरक्त, वृद्ध, कन्या से छोटा ऐसे २ दोषों से युक्त वर कन्या नहीं देनी चाहिए।

विवाहार्थ कन्या के दोष—अत्यन्त चौड़े मस्तक वाली, कुबड़ी, लज्जाहीन, झूठ बोलने वाली, रोगग्रस्त, अंगहीन, अतिस्थूल अथवा अतिदुर्बल लम्बी व पतली झगड़ालू अन्धी तथा बहिरी (बोली) ऐसे व किसी भी दोषवाली कन्या को सुखार्थी वर्जित करे।

गोत्र में विवाह निषेध—समान गोत्रप्रवर में विवाह से उत्पन्न सन्तान चाण्डाल होती है तथा वर-वधु जाति से च्युत हो जाते हैं तुल्यसपिण्ड मातृगोत्र या तुल्य पितृगोत्र का सम्बन्ध भाई-बहन का सा होता है।

वाग्दान—(कुड़माई सगाई) से पहले नीचे लिखी बातों का विचार कर लेना जरूरी है—सपिण्डता, ऋषिगोत्रशुद्धि, शील, सामुद्रिक तथा ज्योतिष-शास्त्र में कहे हुए दोषा दिका मेलापक सारिणी से विचार लेना, और कुण्डली मिलान के समय निम्नलिखित पांच महादोष भी यत्नपूर्वक वर्जित करने चाहिए—(१) दारिद्र्य, (२) मृत्यु, (३) वैधव्य, (४) व्यभिचार (५) सन्तान का अभाव।

वर-वरण मुहूर्त—उ. ३, रो. कृ. पूर्वा ३, रिक्ता-अमावस्या को छोड़कर शुभ तिथि तथा शुभवार में चन्द्रबल देखकर शुभलग्न में पुरोहित अथवा कन्या का भ्राता वर के घर पर उत्तर वा पश्चिमाभिमुख बैठकर पूर्वाभिमुख बैठे वर के मस्तक पर केशर चन्दनादि से तिलक लगाये। तदनन्तर वस्त्र यज्ञोपवीत तथा यथोचित द्रव्य से वर को संस्कृत करे और वर के मुख में एक छुवारा या मीठा, (गुड़, बतासा) देकर यह मन्त्र पढ़े "तस्मिन् कालेऽग्नि सान्निध्ये स्नातः स्नाते ह्यरोगिणे। अव्यंगेऽपतितेऽक्लीबे पिता तुभ्यं प्रदास्यति॥" यदि भ्राता से भिन्न पुरोहितादि वाग्दान करे तो "पिता तुभ्यं प्रदास्यति" के स्थान में "दाता तुभ्यं प्रदास्यति" कहे।

कन्या-वरण मुहूर्त—उ. वा., स्वा., श्र., पूर्वा. ३, अनु., ध., कृ. विवाहोक्त नक्षत्रों में शुभ समय देखकर वस्त्रालंकार फलपुष्पों से कन्यावरण (सगाई) करना चाहिए।

विवाह काल-निर्णय—२० वर्ष पहले पुरुष को और ८ वर्ष से पहले तथा रजोदर्शन के पीछे कन्या का विवाह करने में दोष लगता है। अतः रजोदर्शन पूर्व (कुचों के प्रादुर्भाव से रजोदर्शन का अनुमान कर) ८ वर्ष से लेकर १६ वर्ष तक सर्वसम्मत श्रीपतिनिबन्धोक्त वर्षों में गुरुचन्द्र शुद्धि देखकर विवाह कर देवें। तद्यथा "मासत्रया-दूर्ध्वमयुग्म वर्षे युग्मे तु मासत्रयमेव यावत्। विवाहशुद्धिं प्रवदन्ति सन्तो वात्स्यादयो गर्गवराहमुख्याः॥ द्विरागमन रजोधर्म होने पर करना योग्य है। यदि किसी योग्य वर के अन्वेषण में पिता के लगे रहने से देर हो जाने पर कन्या रजस्वला होने लगे तो माता पितादि को कोई विशेष दोष नहीं लगता। वात्स्यः—रजस्वलायाः कन्यायाः गुरु-शुद्धिं न चिन्तयेत्।' वशिष्ठः-तस्यास्तारेन्दुलग्नानां शुद्धौ पाणिग्रहोमतः॥ विवाह लग्न के समय कन्या ऋतुमती हो तो—स्नापयित्वा तु तां कन्यामर्चयित्वा यथाविधिः। युंजानामाहुतिं हुत्वा ततः कर्मणि योजयेत्।

आजकल वर से कितनी कम उमर कन्या की हो—विवाह के समय पति की उमर को दो से भाग देवें जो आवे उसमें ६ जोड़ने से जो वर्ष आवे वह विवाह के समय पत्नी की उमर होनी चाहिए। यथा वर की उमर यदि ३० वर्ष की हो तो वधु की उमर २१ वर्ष की होनी चाहिए, यह सुखी विवाह का फार्मूला है।

विवाह के पहले कन्या का नाम बदलना—यदि कन्या और वर के नाम परस्पर मिलान में शुभ न हो तो आवश्यकता में कन्या का नाम बदला जा सकता है, वर का नहीं कन्या का नाम रखने के लिए मेलापक सारिणी में वर के नक्षत्र के नीचे जहां दोषांक का अभाव हो या दोष थोड़ा समझ कर ऋण (—) का चिह्न लिखा हो उसी खाने में ऊपर गुण संख्या भी १८ से अधिक मिले उसी के बाईं ओर जो नक्षत्र लिखा हो उसी अक्षर के अनुसार निर्दोष शुद्ध नाम रख लेना चाहिए। बहुत से विद्वान् कन्या संकल्प के समय "वरस्य पञ्चमे कन्या कन्यायाः नवमे वर" बोलते हुए नाम बदल लेते हैं। ऐसे नाम बदलना व्यर्थ है अतः पहिले सारिणी आदि देखें।

प्रयोग चक्रम्

सूर्य के नक्षत्र से प्रयोग प्रारम्भ नक्षत्र तक गणना करें।

स्थान	नक्षत्र	फलानि
शीर्ष	३	नार्थसिद्धिः
मुखे	३	सुमंत्रसिद्धिः
कंठे	३	मृत्युदायकः
हस्ते	४	शत्रुभीतिः
हृदि	४	इष्टाप्तिः
उदरे	३	धनहानिः
कट्यां	३	साधनादर्थः
चरणे	४	साधनाद्धितः

मंत्र-दीक्षा मुहूर्त—अधिकमास रहित वै. श्रा. आश्वि. का. मार्ग. मा. फा. इन मासों में, शुक्लपक्ष की २।३।५।७।१०।११।१३ तिथियों में तथा कृष्णपक्ष की २।३।५ तिथियों में, शुभवार में वृष मि. सिंह. क. तु. ध. मी. लग्न हो, लग्न से १।५।७।१० वें शुभग्रह हो, ३।६।११ वें पापग्रह हो तब मंत्रदीक्षा लेना उत्तम है। विशेष—सत्तीर्थ पर सूर्यचन्द्रग्रहण के समय तथा श्रावणीपर्व में मंत्रदीक्षा लेते समय मास तथा पञ्चांगशुद्धि का विचार नहीं करना चाहिए।

अनुष्ठानारम्भ मुहूर्त—वै. श्रा. आश्वि. का. मार्ग. मा. फा. मासों की २।६।७।१०।१३।१५ तिथियों में अथवा या तिथि-र्यस्य देवस्य तस्यां वा) रो. मृ. पुन. पु. उ. ३, ह. स्वा. वि. अनु. ज्ये. श्र. ध. श. रे. (स्वस्वामि नक्षत्रे वा) चन्द्रतारा अनुकूल होने पर गुरु शुक्र के उदय में शुभ लग्न से १२वां स्थान शुद्ध होने पर (विष्णुमन्त्रे स्थिरे, शिवस्य चरे, दुर्गायाः द्विस्वभावे लग्ने) प्रारम्भ करना श्रेष्ठ है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

लग्न-गण्डान्त—कर्क सिंह वृश्चिक धनु मीन और मेष के अन्त एवं आदि की आधी घड़ी लग्न-गण्डान्त होता है। वह भी जन्म में भयप्रद होता है।

अथ विवाह मासः—(विवाहशुद्धौ)-मीनार्कञ्च विना प्रोक्तमुत्तरायणमुत्तमम्। त्याज्यो ऽर्को धनुषश्चान्ये मध्यमाः स्युः करग्रहे॥ वर्षासु पाणिग्रहणं न केचित् केचिद् वदन्तीत्यपरो विशेषः। तस्मात्सदाचार इह प्रमाणं देशे यथा यत्र तथैव तत्र॥१॥केशवेन यदि नोररीकृतं श्रावणादिषु च पाणिपीडनम्। तेन चोक्तमपरैरुदाहृतं तद्विकल्प इति मन्यते मया॥२॥

अथ जन्म-मासादिषु निषेधः—सबसे बड़े (जेठे) लड़के अथवा सबसे बड़ी लड़की (जेठी) के जन्ममास(अर्थात् जन्मतिथि से ३० दिन), जन्मनक्षत्र अथवा जन्म तिथि में विवाह करना शुभ नहीं है। द्वितीयादि गर्भोत्पन्न को दोष नहीं। अत्यावश्यके परिहारः—जातं दिनं दूषयते वसिष्ठः पञ्चैव गर्गस्त्रिदिनं तथात्रिः। तज्जन्मपक्षं किल भागुरिश्च व्रते विवाहे गमने क्षुरे च॥

यदि दो कार्यों की आवश्यकता हो तो—एक घर में दो शुभ काम करना निषिद्ध है परन्तु अति आवश्यकता में ९ दिन का अन्तर देकर दो घरों में अलग २ मण्डप बनाकर जो पुरोहित पहला कार्य करा चुका है, उसी से दूसरा कार्य न करावें, दूसरे आचार्य से करावें। इसी प्रकार जिस गृह में पहला कार्य हुआ हो तो दूसरे कार्य में दूसरे घर में मंडप गाड़ कर कार्य को करे।

अथ ज्येष्ठ विचार—ज्येष्ठ पुत्र व कन्या का ज्येष्ठ मास में विवाह करना अशुभ है। अत्यावश्यकता में कृत्तिका सूर्य को छोड़कर दानादिपूर्वक करें।

षट्मास के भीतर दो विवाह आदि का निर्णय—दो सगी बहिनों का विवाह एक साथ या छः मास के अन्दर करे तो निस्सन्देह ३ वर्ष के अन्दर अशुभ फल हो। पुत्र के विवाह के पीछे षट्मास तक कन्या का विवाह न करे और कन्या व पुत्र के पीछे छः मास तक यज्ञोपवीत न करे अर्थात् पहले करने और मंगल कार्य के पीछे अमंगल अर्थात् श्राद्धतिलतर्पण भी न करे और मुण्डन भी विवाह जनेऊ के पीछे न करे। वर्ष पलटने पर फिर भले ही शुभ कार्य करले। वहां छः मास का विचार नहीं है। यह ६ महीने का निषेध तीन पीढ़ी तक ही है।

विवाहादि शुभकार्यों में मरणाशौच—साहेचिट्ठी (कुंकुमपत्रिका) आने पर विवाह दिन निश्चय हो जाने पर किसी की मृत्यु हो जावे तो माता के मरण से ६ मास, पिता के मरण से १ साल, स्त्री के मरण से ३ मास, भाई व पुत्र के मरण से १॥ मास कुलवालों के मरण से २२॥ दिन तक कोई शुभ कार्य न करे। अति संकट में ३० दिन के बाद शान्ति करके अथवा विशेष शान्ति और गोदान करके अशौच के बाद करे।

विवाह के शुद्ध मुहूर्त पंचांग के अन्त में दिये गये हैं। उनमें से उत्तम मुहूर्त देखकर और उसी दिन वर की राशि में सूर्य चन्द्र देखिए और कन्या राशि से चन्द्र गुरु देखिए, बस इसी को त्रिबलशुद्धि कहते हैं। यह त्रिबलशुद्धि जिस उत्तम विवाहलग्न के दिन मिले वही विवाह-दिन उत्तम है। यदि रवि—गुरु पूज्य हो तो मध्यम है, यदि सूर्य नेष्ट हो तो विवाह नहीं बनेगा, ऐसा कहना। इसी प्रकार कुमार के उपनयन में भी त्रिबल (मु. सू. चं.) शुद्धि प्रथम देखें। "झष-चाप-कुलीरस्थो जीवोप्यशुभगोचरः। अतिशोभनतां दद्याद्विहोपनयनादिषु॥ बृहस्पतिः॥ अत्यावश्यकता में "द्विरर्च्यो द्वादशस्तुर्योऽष्टमस्त्रिगुणार्चनात्। उच्चे उच्चांशके ग्राह्यः चन्द्रादष्टमगो रविः। नीचे नीचांशके त्याज्यः अरिजा भादिगोऽपि चेत्॥ (रणवीर ज्यो. नि.)

तुलाराशौ अपूज्यः रविः—धर्म-धी-धन-गतो दिवाकरस्तौलिराशि-जनितस्य शोभनः। आवश्यके पूज्यरवि-परिहारः—गार्ग्याङ्गिरोवत्स-वशिष्ठ गौतम-पराशराद्या मुनयो वदन्ति। द्वितीयपञ्चांकगतो दिवाकरस्त्रयोदशाहात्परतः शुभावहः। (मु०प्र०सा०)।

विवाहादौ त्रिबल-शोधनम्

पूज्यगुरुः—१०।६।३।१
श्रेष्ठगुरुः—९।५।११।२।७
नेष्टगुरुः—४।८।१२
श्रेष्ठरविः—३।६।१०।११
पूज्यरविः—२।५।९
विशेष पूज्य रविः—१।७
नेष्टरविः—४।८।१२
नेष्टचन्द्रः—४।८
श्रेष्ठचन्द्रः—१।२।३।५।६।७।९।१०।११।१२

ध. मी. कर्क राशि में हो तो नेष्ट गुरु भी श्रेष्ठ है।

कन्या-वरयोः तैलादि-लापन (बन्न) दिन संख्या

राशि →	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
तैल सं. →	७	१०	५	१०	५	७	७	५	५	५	५	७

अथ विवाहे तिथि वार नक्षत्राणि

रो. म. उत्तरा ३; भ. ह. स्वा. अनु. मू. रे. एतद्वेध-रहितेषु शुभेऽह्नि क्षमाक्षय-रहित-तिथिषु कात्यायन-मते अश्वि. चि. श्र. धनिष्ठास्वपि शुभम्॥ विवाह में विशेष कर लग्न और नक्षत्र की प्रधानता है।

सभी कार्यों में लग्नशुद्धि—जन्म राशि से आठवीं, बारहवीं राशि न हो तथा लग्न से आठवें बारहवें कोई ग्रह न हो तो लग्न शुद्धि समझें।

अथ विवाहाङ्गकृत्यारम्भ मुहूर्त—वर कन्या की चन्द्रशुद्धि विचार कर विवाह दिन से पहिले ३।६।९ इन दिनों को छोड़कर विवाह के नक्षत्रों में चन्द्रशुद्धि वाली सौभाग्यवती स्त्री के प्रथमोद्योग से हल्दी हाथ, दलना, पसीना, कूटना, मंगल कलशादि स्थापन करना, घर लीपना, आंगन सफाई, भूषण घढ़ाना, वस्त्र सिलाना, वेदी रचना चन्दोया बांधना, गणेशादि पूजन और नान्दीश्राद्ध मंगल स्नानादि सर्वकार्य का आरम्भ करना शुद्ध होता है।

विवाह-मुहूर्त में दस दोषों का विचार

विवाह के मुहूर्त में लता, पात, युति, वेध, जामित्र, पञ्चबाण, एकार्गल, उपग्रह, क्रान्तिसाम्य और दग्धातिथि—इन दस दोषों का विचार करना आवश्यक है। इन सब का विचार करके इसवर्ष के विवाह मुहूर्त लग्न दिये हुये हैं। इन दसों दोषों में जो जिस मुहूर्त में हैं वे क्रमानुसार टेढ़ी रेखा से सूचित किये गये हैं। उक्त दसों दोषों का विचार इस प्रकार किया जाता है—

(१) लत्तादोष-ज्ञानाय चक्रम्

सूर्य	पूर्णचन्द्र	भौम	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	ग्रहा
१२ दक्षिण धननाशः	२२ वाम भयम्	३ दक्षिण मृत्युः	७ वाम् भयम्	६ दक्षिण बन्धुनाशः	५ वाम कार्यहानिः	८ दक्षिण कुलक्षयः	९ वाम मरणं	लग्ननक्षत्र दिशा फलम्

यथा—सूर्य अश्विनी नक्षत्र पर हो और विवाह उ. फा. का हो; सूर्यस्थित अश्विनी नक्षत्र से गिना तो, उ. फा. १२वां हुआ यह सूर्य की लत्तादोषयुक्त साहा हुआ। इसी प्रकार अन्य ग्रहों की लत्ता भी जानें।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

(२) पातदोष-ज्ञानार्थ चक्र

रा.	मृ.	मघा	उफा	ह.	स्वा.	अनु	मू.	उषा	उभा.	रे	वि.	नक्षत्र
आर्द्रा	मृ.	अ.	कृ	च	कृ	अ	रो	च	भ	अ		सूर्याधिष्ठित नक्षत्र
पुन.	आ	मृ.	आ	मृ	अ	आ.	ज्ये	पुन	श	ज्ये		
शत.	ज्ये	ज्ये	वि	श	ध	उषा	ध	श	वि	ध		
पूफा	ध.	पुष्य	पूफा	पूभा	पुष्य	पूभा	श्ले	वि	उफा.	म		
चि.	म.	ह.	उभा	स्वा	ह	पूषा	मू	ऽनु	पूफा.	पूफा		
मू.	ह.	रे.	पूभा	म.	रे	पूफा.	उभा	उषा	मू.	स्वा.		

हर्षण वैधृति साध्य व्यतिपात गंड और शूल योगों का अन्त जिस नक्षत्र में हो वह पात से दूषित होता है। इन नक्षत्रों में विवाह करने से पात दोष होता है।

(३) युति—जिस नक्षत्र का विवाह हो उसी नक्षत्र में यदि कोई ग्रह हो तो उस ग्रह की युति का दोष समझा जाता है। चन्द्र उच्च मित्र वा स्वक्षेत्री हो तो युति दोष नहीं होता किन्तु श्रेष्ठ है। सू. मं. शु. श. रा. के. की युति दारिद्रय मृत्यु आदि भयप्रद मानी गई है। शुक्र की युति विशेष करके वर्जित है।

(४) वेधदोष चक्रम्

रो.	मृ.	म.	उफा.	ह.	स्वा.	अनु.	मू.	उषा.	उभा.	रे.
अभि.	उषा	श्रवण.	रे.	उभा.	श.	भ.	पुन.	पूषा.	ह.	उफा.

ऊपर के नक्षत्र का विवाह हो और नीचे के नक्षत्र पर ग्रह हो तो वेधदोष होता है। यह सर्वत्र अवश्य ही त्याग करना चाहिए।

(५) जामित्र दोष चक्रम्

रो	मृ.	अ.	उफा	ह.	स्वा	ऽनु	मू.	उ. षा.	उ. भा. रे.	विवाह न.
अनु	ज्ये	श.	पू. भा.	उ. भा	अ	कृ.	मृ.	पुन	उ ह. फा.	ग्रह नक्षत्र

विवाह लग्न से सातवें ग्रह होने पर जामित्र दोष होता है। ऊपर वैवाहिक नक्षत्र है और नीचे ग्रह नक्षत्र है, याने १४वें नक्षत्र में शनीग्रह का जामित्र दोष [illegible]।

(७) एकार्गल-दोष

व्याघात, गण्ड; व्यतिपात, विष्कुम्भ शूल, वैधृति, वज्र, परिघ, अतिगण्ड ये योग हो और सूर्य के नक्षत्र से विवाह का नक्षत्र अभिजित् सहित गिनने से विषम हो तो एकार्गल दोष होता है।

(८) उपग्रह

सूर्य के नक्षत्र से ५वें ७वें, ८वें, १०वें, १४वें, १५वें, १८वें, १९वें, २१वे, २२वें, २३वें, २४वें और २५वें नक्षत्र पर चन्द्रमा हो तो उपग्रह दोष होता है।

(९) स्थूल-क्रांतिसाम्य-दोष चक्रम्

मे०	वृ०	मि०	क०	क०	तुला
सिंह०	म०	ध०	वृश्चि०	मी०	कु०

नीचे और ऊपर की राशि पर सूर्य एवं चन्द्रमा हों तो स्थूल रूप से क्रांति-साम्य दोष होता है यह सर्वत्र वर्जित है। जैसे मेष के सूर्य, सिंह के चन्द्रमा में वा सिंह के सूर्य, मेष के चन्द्रमा में। सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य ही सर्वत्र वर्जित है, जिसका निर्णय महापात गणित से करना चाहिए।

(६) बाणदोष ज्ञानार्थ चक्रम्

बाण नाग	मतांशाः प्रति राशौ अर्कस्य	क्रमंसु वर्ज्याः	बाणः वर्ज्याः	समयपरत्वेन वर्ज्याः
रोग	८।१७।२६	व्रतबन्ध	रवौ	रात्रौ त्याज्यम्
अग्नि	२।११।२०।२९	गेहगोपे	भौमे	सदैव वर्ज्यम्
नृप	४।१३।२२	नृपसेवायां	मन्दे	दिवा त्याज्यम्
चोर	६।१५।२४	यात्रायां	भौमे	रात्रौ वर्ज्यम्
मृत्यु	१।१०।१९।२८	विवाहे	बुधे	संध्ययोः वर्ज्यम्

(१०) दग्धातिथि दोषः

९	२	४	६	५	१०	सूर्य
१२	११	१	३	८	७	राशयः
२	४	६	०	१०		तिथय

इन संक्रांतियों में ये तिथियां दग्धा होती हैं। विशेषतः ये मध्य प्रदेश में ही वर्ज्य हैं। —कश्यप

भुजंगं क्रान्तिसाम्यञ्च बाणवेधं तथैव च। लग्नहीनं विवाहन्तु कलौ पञ्च विवर्जयेत्॥

लत्तादि-दोषाणां परिहार वाक्यानि—लत्ता मालवके (उज्जैन प्रान्त) दशे, पातश्च कुरु (कुरुक्षेत्रे, बांगर) जांगले (फिरोजपुर; भटिण्डा प्रान्त)। एकार्गलं च काश्मीरे वेधं सर्वत्र वर्जयेत्।॥ उपग्रहक्षं कुरु वाह्लीकेषु (आगरा प्रान्त) कलिंगवंगेषु (जगन्नाथपुरी बंगाल अयोध्या) च पातितं भम्। सौराष्ट्र (काठियावाड) शाल्वे (उज्जैन प्रान्ते) च लत्तितं भं त्याज्यंतुविद्धं किल सर्वदेशे॥ युतिदोषो भवेद् गौडे (बंगाले) यामित्रस्य च यामने (मथुरादि प्रान्ते)। मासदग्धाश्च तिथयो मध्यदेशे विवर्जिताः॥

विशेष-परिहार—चित्रां गते पातविचित्रदेशे मैत्रे मघा मालवके निषिद्धा।
पौष्णश्रुतिश्चोत्तरदेशजातं सर्वत्र वर्ज्यश्च भुजंगपातः॥

युति-परिहार—स्वक्षेत्रगः स्वोच्चगो वा मित्रक्षेत्रगतो विधुः। युतिदोषाय न भवेद्दाम्पत्योः श्रेयसे तदा॥ अत्यावश्यके वेधपरिहारः—पादमेकं शुभैर्विद्धमशुभेनैव कृत्स्नतः (नारदः)॥ ग्रह प्रथम चरण में हो तो दूसरे नक्षत्र के चतुर्थ चरण में वेध होता है, यदि चतुर्थ चरण में हो तो प्रथम चरण विद्ध होता है। द्वितीय में हो तो तृतीय, तथा तृतीय चरण में ग्रह हो तो द्वितीय चरण विद्ध होता है। आवश्यकता में चरणमात्र का त्याग किया जाता है। भुक्तं भोग्यं तथाक्रान्तं विद्धे पापग्रहेण च। शुभाशुभेषु कार्येषु वर्जनीयं प्रयत्नतः॥ अस्यापवादः—ऋक्षाणि क्रूरविद्धानि क्रूरयुक्तादिकानि च। भुक्त्वा चन्द्रेण युक्तानि शुभार्हाणि प्रचक्षते।—एकार्गलोपग्रहपात-लत्ता-जामित्रकर्तर्युदयास्त दोषाः। नश्यन्ति चन्द्रार्क-बलोपपन्ना लग्ने यथार्काभ्युदये तु दोषाः॥ मु. वि.।

उक्तानुक्ताश्च ये दोषास्तान्निहन्ति बली गुरुः।
केन्द्रसंस्थः सितो वाऽपि पन्नगान् गरुडो यथा॥

विवाहे लग्न-शुद्धि चक्रम्

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	भावेषु
चं पाप	०	शु	रा.	०	चं. शु. लग्नेशः	सर्वे	चं. मं. शुभाः लग्नेशः	०	मं.	०	श.	त्याज्याः
चं. मं.	कुलिकं क्रांतिसाम्यञ्च				चं.	म.	चं. मं.	विद्धंभञ्च				गोधूली त्याज्याः

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

[illegible]—व्यये शनि केऽब्जनिजस्तृतीये भृगुस्तनौ चन्द्रखला न शस्ताः। लग्नेट् कविर्ग्लौ च रिपौ मृतौ ग्लौ लग्नेट् शुभादाश्च मदे च सर्वे (अस्तेऽब्जगुरुसमौ) ॥ वर्गोत्तमं विनान्त्यांशो विवाहो न शुभप्रदः। वर्गोत्तमश्चेदन्त्यांशः पुत्रपौत्रादि वृद्धिदः ॥ दम्पत्योरष्टमं लग्नं त्वष्टमो राशिरेव च। यदि लग्नगतः सोऽपि दम्पत्योर्निधनप्रदः ॥ पञ्चर्न्धादिलग्नानां गौडमालवयोरेव त्यागः, बादरायणः—मासशून्याह्वयास्तारा राशयो बधिरादयः। गौडमालवयोस्त्याज्यास्त्वन्यदेशे न गर्हिताः।

कर्तरी दोषः—लग्नस्य पृष्ठाग्रगयोश्च साध्वोः, सा कर्तरी स्यादृजु-वक्रगत्योः। तावेव शीघ्रौ यदि वक्रचारौ न कर्तरी चेति पितामहोक्तिः ॥ इयं कर्तरी चन्द्रस्यापि द्रष्टव्या" केषांचिल्लग्नदोषाणां परिहारः—पापौ कर्तरीकारकौ रिपुगृहनीचास्तगौ कर्तरी दोषो नैव सितेऽरिनीचगृहगे तत्षष्ठदोषोऽपि न। भौमेऽस्ते रिपुनीचगे नहि भवेद् भौमोऽष्टमो दोषकृन्नीचे नीच नवांशके शशिनि रिःफाष्टारिदोषोऽपि न ॥

दोषापवादाः ज्योतिर्निबन्धे—दोषाश्च बहवः सन्ति गुणाः स्वल्पाः कलौ युगे। तथापि दोषा नश्यन्ति स्वापवादगणैः सह ॥ अपवादान्तरम्—उक्तानुक्ताश्च ये दोषास्तान्निहन्ति बली गुरुः। केन्द्रसंस्थः सितो वापि पन्नगान्गरुडो यथा ॥ मुहूर्तलग्न-षड्वर्गकुनवांश ग्रहोद्भवाः। ये दोषास्तान्निहन्त्येव यत्रैकादशगः शशी ॥ अब्दायनर्तुभा-सोत्था पक्षतिथ्यर्क्ष सम्भवाः। ते सर्वे नाशमायान्ति केन्द्रसस्थे शुभग्रहे ॥ लग्नाधिपो यदा केन्द्रेलग्नादेकादशालये। सर्वग्रहकृतं रिष्टमेकोपि विलयं नयेत ॥ बलवान् केन्द्रगः सौम्यो हन्ति दोषशतत्रयम्। द्यूनं विहाय दैत्येज्यः सहस्रं लक्षमंगिरा ॥ स्मरण रहे, कि—पूर्वोक्त अपवाद-वाक्यों में सप्तम रहित केन्द्र (१।४।१०) ही ग्रहण करना।

तारा शुद्धि—अपने जन्मनक्षत्र से अभीप्सित दिन के नक्षत्र तक की संख्या गिन कर ९ से भाग दें। यदि २, ४, ६, ८ या ९ शेष बचे तो तारा शुद्धि समझें।

विवाहे ग्रहाणां रेखाप्रद स्थानानि

र.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	केतु	ग्रहा.	मुहूर्त गणपती
३	२	३	१	१	१	३	३	३	स्थानानि	लग्नं शुभं विवाहे स्याद्दश विशोपकाधिकम्।
६	३	६	२	२	२	६	६	६		
८	११	११	३	३	४	८	८	८		
११			४	४	५	११	११	११		
			५	५	९					
			६	६	१०					
			९	९	११					
			१०	१०						
			११	११						
४॥	५	१॥	२	३	२	१॥	१॥	१॥		विशोपका बलम्

अत्र गोधूलि लग्न विचार—यत्र चैकादशश्चन्द्रो द्वितीयो वा तृतीयकः। गोधूलिकः सः विज्ञेयः शेषाः धूलिमुखाः स्मृताः ॥ लग्नशुद्धिर्यदा नास्ति कन्या यौवनशालिनी। तदा वै सर्व वर्णानां लग्नं गोधूलिकं शुभम् ॥ लग्नं यदा नास्ति विशुद्धमन्यद् गोधूलिकं साधु तदा वदन्ति। लग्नं विशुद्धं यदि वीर्यमुक्तं गोधूलिकं नैव फलं विधत्ते ॥ मार्ग, माघ, फाल्गुन में संध्या समय सूर्य गोलक समान दृष्टिगोचर होने पर, चै. वै. में गौओं की धूलि से आकाश आच्छादित होने पर ज्येष्ठ आषाढ़ में सूर्य आधा अस्त होने पर, श्रा. मा. अश्वि. का. में सूर्य पूर्ण अस्त होने पर गोधूलि लग्न होता है।

गोधूलिके त्याज्य दोषः—कुलिक क्रातिसाम्यञ्च लग्ने षष्ठेऽष्टमे शशी। तथा गोधूलिके त्याज्यः पञ्चदोषैस्तु दूषितः। "अस्त याते गुरुदिवस सौरे सार्के" अर्थात् बृहस्पतिवार को सूर्य अस्त होने के पीछे (क्योंकि सूर्य अस्त में पहले वारवेला होगी) और शनिवार को सूर्य अस्त से पहले (क्योंकि सूर्य अस्त हो जाने में कुलिक मुहूर्त होगा) गोधूलि समझना।

संकीर्ण वर्णसंकर चाण्डालादि जाति का विवाह मुहूर्त—कृष्णपक्ष क्रूरवार निषिद्ध नक्षत्र योगों में संकीर्ण जाति वालों का विवाह धन, पुत्र, आयु, प्रीति लाभ देता है। ऐसा शौनकादि मुनि कहते हैं।

पुनर्विवाहे (रीत) सूर्यभात् शुभाशुभज्ञानाय चक्रम्।

३	३	३	३	३	३	३	३	३	नक्षत्र
मृत्यु	धन	मरण	मृत्यु	पुत्र	मृत्यु	दुर्भग	श्री	उन्नति	फल

अन्यच्च—सूर्यभात् ४।११।१८।२५ संख्यक साभिजिद्भेषु पुनर्विवाहे मृत्युः। अत्र तिथि-मासवेध भृगु-गुर्वस्तादि दोषोऽपि नावलोकनीयः।

वधु प्रवेश का मुहूर्त—जब वधु विवाह होने पर पति के घर पहले आती है वह वधुप्रवेश कहा जाता है। विवाह से १६ दिन के भीतर सम दिनों में अथवा ५, ७, ९वें दिन, इनके उपरान्त एक मास तक विषम दिनों में, एक वर्ष के भीतर विषम मास में और एक वर्ष के उपरान्त ३रे, ५वे वर्ष में भी स्थिर लग्न में वधुप्रवेश शुभ है। ५ वर्ष के उपरान्त जब चाहे तब शुभ मुहूर्त में हो सकता। १६ दिन के भीतर पूर्वोक्त दिनों में तिथ्यादि पंचांगशुद्धि चन्द्रबल गुरुशुक्र के मूढत्व का भी विचार नहीं करना। व्यतिपाते क्षयतिथौ ग्रहणे वैधृतौ तथा। अमासक्रांति-तिथ्यादौ प्राप्तकालेऽपि नाचरेत् ॥ रे. अश्वि रो. मृ. श्र. ध. ह. चि. स्वा. म. मू. उत्तरा ३, पुष्य, अनु. इन नक्षत्रों में और चं. बु. बृ. शु. श. इन वारों में १। २। ३। ५। ६। ७। ८। १०। ११। १२। १३। १५ तिथियों में ५। ८। ११ लग्नों में चतुर्थाष्टम शुद्ध हो तो वधुप्रवेश शुभ है।

वधु-प्रवेश-समय :—वधुप्रवेशो न दिवा प्रशस्तः राजप्रवेशो न निशि प्रशस्तः। दिवा च रात्रौ च गृहप्रवेशः सत्कीर्तिदः स्यात्त्रिविधः प्रवेशः।

विवाहतः प्रथमे वर्षे वधु-निवास फलम्—विवाह के बाद आषाढ़ मास में कन्या पति के घर रहे तो अपनी सास को, क्षयमास में अपने शरीर को, ज्येष्ठ में ज्येष्ठ को, पौष में श्वसुर को, अधिक मास में पति को नाश करती है। विवाह के बाद चैत्र मास में पिता के घर रहे तो पिता को अशुभ है, सास आदि के अभाव में उसमास का कोई दोष नहीं।

द्विरागमन का मुहूर्त—प्योके (पितृगृह) से दूसरी बार पति के घर जाने को द्विरागमन कहते हैं। विवाह से एक वर्ष के भीतर अथवा तीसरे या पांचवें वर्ष वृश्चिक, कुम्भ, मेष के १४ में जब सूर्य और बृहस्पति शुद्ध हो तब सोम. बुध. गुरु. शुक्रवार को, २. ३. ६, ७ या १२ वीं राशि के लग्न में ह. अश्वि. पु. अभिजित्. तीनों उत्तरा. रा. स्वा. पुन. श्र. ध. श. मृ. मू. रे. चि. अनुराधा नक्षत्रों में शुभ है। शुक्र सामने या दाहिने हो तो अशुभ है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

विशेष :—द्विरागमः षोडशवासरान्ते एकादशाहे समवासरेषु ।
न चात्र ऋक्षे न तिथिर्नयोगो न वारशुद्ध्यादि विचारणीयम् ।

मतान्तरेण शुक्रस्य सम्मुखे दक्षिणे निषेध :—जिस दिशा में शुक्र उदय हो, वह दिशा 'सम्मुख' होती है। अथवा मेष, सिंह, धनु में शुक्र हो तो पूर्व में; वृष, कन्या, मकर में हो तो दक्षिण में; मिथुन, तुला, कुम्भ में हो तो पश्चिम में; कर्क, वृश्चिक, मीन में हो तो उत्तर में शुक्र का वास माना जाता है। ऐसे सम्मुख या दक्षिण शुक्र में यदि युवति वधू जावे तो वन्ध्या हो, छोटे बालक को साथ लेकर जावे तो बालक की मृत्यु हो, गर्भिणी जावे तो गर्भ का सुख न पावे। यदि ऐसे समय राजविद्रोह राजपीडन आदि उपद्रव या दुर्भिक्ष के दुःख से यात्रा करनी पड़े एवं विवाह सम्बन्धी यात्रा में या देवतीर्थ यात्रा के सम्बन्ध में जाना पड़े तो सम्मुख या दक्षिण शुक्र का दोष नहीं होता। यदि रेवती से मृगशिर तक के चन्द्रमा में भी जावे तो दोष नहीं, क्योंकि तब तक शुक्र अन्धा होता है।

नोट :—यात्रा के समय शुक्र की पूर्व-पश्चिम कपाल में स्थिति के अनुसार ही पूर्व पश्चिम समझें।

विशेष :—सिंहस्थे वा गुरौ शुक्रे सम्मुखेऽस्तंगतेऽपि वा। शुभो दीपोत्सवे कृत्वाः प्रवेशः पतिमन्दिरे ॥ अत्यावश्यकेऽभिमुखे शुक्रदोषनाशाय शान्तिः—राजते वाऽथ सौवर्णे कांस्यपात्रेऽथवा पुनः। शुक्लपुष्पांबरयुते श्वेततण्डुलपूरिते ॥ निधाय राजतं शुक्रं शचिमुकाफलान्वितम्। महार्घवेतसवा युक्तं सामगाय निवेदयेत्।

प्रथम स्त्रीसंगम मुहूर्तः—रजोदर्शनात्तर १६ रात्रि पर्यन्त ४ रात्रि के बाद समरात्रि में, (पञ्चदशवर्षोपरि रजोदर्शनाभावेऽपि) रो. मृ. पुष्य ह. चि. अनु. ध. उत्तरा ३, रिक्ता अमावस रहित तिथि में, शुभवार, रात्रि में प्रथम पहर को छोड़कर शुभ समय में चित्त को प्रसन्न कर प्रथम दिन स्त्री संगम करे। मनुष्य का स्त्री के प्रति कर्तव्य—स्त्री का अपमान या तिरस्कार न करे, आदर सत्कार करे। विशेष गुप्त बात न कहे। और विशेषाधिकार भी न दें, क्योंकि स्त्री जाति पुरुष की समान कोटि में नहीं आ सकती। अपवाद में एक दो हो सकती हैं। प्रभुकृत शरीर रचना भी कोई वस्तु है, उसे समझना चाहिए। उनका दिल और दिमाग तथा ओज प्रकृति ने पुरुष से न्यून बनाया है। पशुपक्षियों में भी तोता, चिड़ा तथा बन्दर आदि अपनी स्त्री पर पूर्ण प्रभुत्व रखते हैं।

नवपरिणीतायाः पाक-कर्म मुहूर्तः—द्विरागमनोत्तर म. उत्तरा. पुष्य. कृ. ज्ये. श्र. ध. श. रो. वि रे. एषु. नक्षत्रेषु शुभवासरे (रविभौमवर्जिते), रिक्ताद्वयरहित तिथौ, २।५।८।११ लग्नेषु, चतुर्थाष्टमुद्धे सप्तमभावे च बलान्विते सति पाककर्म शुभम्।

सधवा-स्त्रीणां वस्त्रसुवर्णरत्नभूषण विधारण मुहूर्तः—ह. चि. स्वा. अनु. धनि. रे. अश्वि. एषु भेषु बु. गु. शु. वारेषु रिक्तातिथिवारस्वारहित तिथिषु, नूतनवस्त्र सौवर्णरत्नराजतादिभूषणानां धारणं प्रशस्तम् ॥

चूड़ी चक्रम्—सूर्यनक्षत्राद् गणना ८ अशुभ। ११ तक श्रेष्ठ, १३ तक नेष्ट, २० तक श्रेष्ठ, २२ तक नेष्ट, २६ तक श्रेष्ठ, २७ तक नेष्ट। गुरुशुक्रोदय में शुभ वार भी हो।

वस्त्रधारणे विशेष :—विप्रादेशात्तथोद्वाहे क्षमापालेन समर्पितम्।
निन्द्येऽपि दिवसे वारादौ धार्यंच्च नवाम्बरम्।

(२) रक्षा-बन्धन:— रक्षा बन्धन अपराह्णव्यापी श्राव. पूर्णिमा में मनाया जाता है। भद्रा में यह निषिद्ध है "**भद्रायां द्वे न कर्तव्ये श्रावणी फाल्गुनी तथा**"। जब पहिले दिन अपराह्ण में भद्रा हो दूसरे दिन पूर्णिमा मुहूर्त द्वय व्यापिनी हो और वह अपराह्ण से पूर्व ही समाप्त हो जाए (जैसा कि इस वर्ष है) तब दूसरे दिन अपराह्ण में रक्षाबन्धन करना चाहिए; क्योंकि उस समय शास्त्रोक्त बोधित पूर्णिमा का अस्तित्व होगा। 'पुरुषार्थ चिन्तामणि' कार का वचन है—"**यदा द्वितीया पराह्णात् पूर्वं समाप्ता, तदापि "भद्रायां द्वे न कर्तव्ये:—"इति भद्रायां निषेधाद्बुतरैव। तत्र तिथ्यनुरोधेन अपराह्णात्पूर्वं अनुष्ठाने अपराह्णस्य सर्वथा बाधापत्तेः अपराह्णे ज्योतिश्शास्त्र प्रसिद्ध-तिथ्यभावेऽपि शास्त्रोक्त बोधित तिथि सत्वात्तत्रैव अनुष्ठानम्।**" जब दूसरे दिन पूर्णिमा मुहूर्त द्वय व्यापिनी न हो तब अपराह्ण में शास्त्रोक्तापादित पूर्णिमा भी नहीं होगी— ऐसी स्थिति में पहिले दिन भद्रा समाप्त होने पर प्रदोष के प्रहर में रक्षा-बन्धन करना चाहिए। पुरुषार्थ चिन्ता मणि का ही वाक्य है—"**यदात्र तत्र मुहूर्त द्वय मध्य किंचित् न्यूना पौर्णमासी तदापराह्णे सर्वथा तदभावात् "प्रदोष-पश्चिमौ यामौ दिन-वत्कर्म चाचरेत्" इति पराशरात् भद्रान्ते प्रदोषयामे ऽनुष्ठानम्।** परन्तु इस वर्ष दूसरे दिन पूर्णिमा मुहूर्तात्मिक व्यापिनी है, अतः रक्षाबन्धन इसी दिन (ति. १५ मंगल वार को) अपराह्ण में शास्त्रोक्तापादित पूर्णिमा के मध्य मनाया जाएगा।

धर्मसिन्धुकार आदि कुछ आचार्य तिथि के द्विमुहूर्त व्यापित्व को ही शास्त्रोक्त प्रयोजक मानते हैं और 'पुरुषार्थ चिन्तामणि' कार आदि आचार्यों के मत में शास्त्रोक्त प्रयोजकत्व द्विमुहूर्त व्यापिनी तिथि में है। इस वर्ष दूसरे दिन (मंगल-वार को) पूर्णिमा तीन मुहूर्त से कम है, अतः 'धर्म सिन्धु' कार आदि आचार्यों के मतानुसार इस दिन शास्त्रोक्तापादित तिथि के अभाव में पहिले दिन चन्द्र वार को भद्रा की समाप्ति पर

पुरुषार्थ चिन्तामणि कार के मत के समर्थन के पक्ष में है, क्योंकि विष्णुधर्मोत्तर आदि पुराणों के अनुसार तिथि का सूर्योदय के अनन्तर द्विमुहूर्त व्यापित्व देव कार्य के लिए और सूर्यास्त से पूर्व द्विमुहूर्त व्यापित्व पितृकार्य के लिए शास्त्रोक्त प्रयोजक है— उदिते वैष्णवे भानौ दिव्यं शास्त्रविदो रवौ। द्वि मुहूर्त द्वितीयत्व सा तिथि: तत्र शस्यते॥

अतः इस वर्ष रक्षा बन्धन मंगल वार को ही शास्त्र संगत है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

कल्याणप्रद मुहूर्त

बैंक या पोस्ट आफिस में खाता खोलने का मुहूर्त–अपनी राशि से चन्द्रमा चौथे, आठवें एवं बारहवें न हो। चतुर्थी, नवमी, चतुर्दशी एवं अमावस तिथियां न हों। रवि-शनि-मंगलवार को एवं अशुभ ग्रह की होरा तथा चर-द्विस्वभाव लग्न को छोड़कर स्थिर लग्न में खाता खोलने, पैसा जमा करने का मुहूर्त है। वारों में बुधवार विशेष शुभ है।

निम्नलिखित शुभ मुहूर्तों में ट्रक आदि खरीदने से कारोबार में 'दिन दुगनी रात चौगुनी तरक्की होती है और सुख ऐश्वर्य बढ़ते हैं; अनिष्टकारक दुर्घटना आदि का भय नहीं होता।

ट्रक, लारी, कार, ट्रैक्टर, टैम्पू, एवं स्कूटर आदि लाने का मुहूर्त––अपनी राशि से शनि की अशुभ ढैया साढ़सती न हो, तब घातमास, घात तिथि, घात नक्षत्र एवं घात चन्द्र को छोड़कर शुभ नक्षत्रों (जैसे–रो. मृ. आ. पुन. पुष्य, आश्ले., ह. स्वा, वि., अनु., मू., तथा श्रव. तीनों उत्तरा––ये क्रूर युति रहित नक्षत्र शुभ हैं) में, एवं विष्कंभ; शूल, व्य,. ग. वै. वज्र इन योगों को छोड़कर अन्य योगों में, तथा अपनी राशि से चतुर्थाष्टम– द्वादश-स्थान के चन्द्र को छोड़कर शुभ स्थान में चतुर्थी, नवमी, चतुर्दशी, अमावस, तथा शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को छोड़कर अन्य शुभ तिथियों में. क्रूर वार––रवि, मंगल एवं शनिवार को छोड़कर अन्य शुभवारों में, शुभ होरा में ट्रक आदि खरीदें लाभप्रद रहेगा। लग्नों में चर लग्न हो और लग्न से शनि, मंगल ३।६।११ वें में हों तो अत्युत्तम है।

साइकिल खरीदने का मुहूर्त––शनि-मंगलवार को छोड़कर अन्य शुभ वारों में, रिक्ता तिथि––चतुर्थी नवमी, चतुर्दशी एवं अमावस को छोड़ कर अन्य शुभ तिथियों में अपनी राशि से चतुर्थाष्टम एवं द्वादशस्थ चन्द्र को छोड़कर घातचन्द्र, घातनक्षत्र त्याग कर शुभ स्थानस्थ चन्द्र में. साईकिल खरीदें, कल्याणप्रद रहेगा।

सभी प्रकार की लोहे की मशीनरी एवं (ट्यूबवैल) इञ्जन आदि को लाने एवं फिट करने का मुहूर्त––अपनी राशि से घात चन्द्र व घात नक्षत्र तथा चतुर्थाष्टम चन्द्र त्याज्य हैं। गोचर में शनि की साढे साती या ढैय्या न हो, मंगल भी चतुर्थाष्टम या द्वादशस्थ न हो, तिथियों में रिक्ता (४–९–१४, अमावस तथा शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा न हो, वारो में शनि मंगल न हों, एवं लारी कार आदि लाने के लिए ऊपर जो नक्षत्र कहे हैं, उनमें मशीनरी लाना अच्छा है।

मशीन फिट करने में स्थिर लग्न शुभ है, लग्न से शनि, मंगल ३।६।११ वें में हों तो अत्युत्तम है।

सिलाई मशीन लाने में रिक्ता रहित शुभ तिथि, शुभ वार तथा चन्द्रबल देखना आवश्यक है। रविवार एवं शनिवार में न खरीदें।

आपका यह वर्ष कैसा रहेगा ?

"वयो-राशि-स्व- नक्षत्रमेकीकृत्य पृथक् पृथक्।
द्विचतुस्त्रिगुणं कृत्वा सप्ताष्ट-रस-भाजितम्॥
आद्यन्तयोर्भवेद् दुःखी मध्ये शून्यं धन-क्षयः॥
स्थानत्रयेऽभ्रशेषे तु मृत्युः साङ्केषु वै जयी॥"

आयु के वर्तमान वर्ष की संख्या, जन्म-राशि की संख्या तथा जन्म नक्षत्र की संख्या––इन तीनों को जोड़कर तीन अलग–अलग स्थानों पर रखकर उन्हें क्रमशः २, ४, एवं ३ से गुणा करके इन गुणनफलों को क्रमशः ७, ८ एवं ६ से भाग दें। भाग देने पर यदि पहिले और तीसरे स्थान पर शून्य बचे तो वर्ष दुख मय बीते। दूसरे स्थान पर शून्य शेष बचे तो उस वर्ष धन-हानि हो। तीनों स्थानों पर शून्य बचे तो मृत्यु अथवा मृत्यु-तुल्य कष्ट हो। यदि तीनों स्थानों पर शून्य के अतिरिक्त और कोई अंक बचे तो वह वर्ष विजय देने वाला समझना चाहिए।

उदाहरण––मान लीजिए, आपकी आयु का चालू वर्ष ३५, जन्म राशि कर्क ४ एवं जन्म-नक्षत्र पुष्य ८ है। इन तीनों संख्याओं का योग ४७ हुआ। इसे अलग-अलग २, ४, ३ से गुणा करने पर गुणनफल क्रमशः ९४, १८८ एवं १४१ हुए। क्रमशः ७, ८ एवं ६ से भाग देने पर पहिले स्थान पर ३, दूसरे स्थान पर ६ और तीसरे स्थान पर १ शेष बचा। क्योंकि तीनों स्थानों पर शेष शून्य नहीं, अतः यह वर्ष आपको सब कामों में विजय लाभ, सुख देने वाला शुभ रहेगा।

आज का दिन कैसा बीतेगा ?

जिस दिन का शुभाशुभ जानना हो, उस दिन पञ्चाङ्ग से ज्ञात करो, कि उस समय कौन-सा नक्षत्र है। जो नक्षत्र हो, उस नक्षत्र से आपके नाम का नक्षत्र ४, ५, ११, १२, १८, १९, २५, या २६ वां हो तो समझो कि आपका सारा दिन सुख शान्तिपूर्वक व्यतीत होगा, शुभ समाचार से मन प्रसन्न रहेगा, कार्य में सफलता मिलेगी। यदि आपके नाम का नक्षत्र २, ३, ६, ७, ८, १०, १३, १४, १६, १७, २०, २१, २३, २४, २७, या २८ वां नक्षत्र हो तो आधादिन खुशी से और शेष आधादिन चिन्ता, दुःख आदि में व्यतीत होगा। यदि १, ८, १५, या २२ वां नक्षत्र हों तो सारा दिन दुःख, शोक चिन्ता, क्रोध भय, पराजय को देने वाला होगा। चोर, वा बीमारी आदि से परेशानी भी रहे।

*

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

वर्षा आदि के विश्वामान— वर्षाविश्वा ७, धान्य, ५, तृण ७, शीत १७, तज १७, वायु १३, वृद्धि १५, क्षय १५, विग्रह, ११, क्षुधा १५, तृषा ७, निद्रा ५, आलस्य १३, उद्यम १५, शान्ति ५, क्रोध ५, दम्भ ५, लोभ ३, मैथुन १५ रसनिष्पत्ति ९, फल निष्पत्ति १३, उत्साह ११, उग्रता ११, पाप ९, पुण्य १७, व्याधि १५, व्याधि नाश, ७, आचार १५, अनाचार ९, मृत्यु ९, जन्म १, देशोपद्रव ५, देशस्वास्थ्य ७, चौर भय ९, चौरनाश १३ अग्निभय ३, अग्नि शान्ति १५, उद्भिज ११, जरायुज १७, अंडज ११, स्वेदज १५, द्विडी १९, तांता १५, मूषक १९, सोना ५ ताम्बा १७, स्वचक्र ५, परचक्र १३, वृष्टि १३, वृष्टिनाश ५, संवत् विश्वा २०।

वर्षस्तम्भ चतुष्टयविचार— (१) **जल स्तम्भ**—(चैत्र शु. १ को रेवती) ७७ प्रतिशत है; अतः वर्षा अच्छी हो।

(२) **तृणस्तम्भ**—(वैशा. शु. १ को भर.) ६१ प्रतिशत है; अतः चारावास की उत्पत्ति मध्यम रहे। (३) **वायु स्तम्भ**—(ज्येष्ठ शुक्ल १ को मृग.) ५१ प्रतिशत है, अतः वायु वेग साधारण रहे। (४) **अन्नस्तम्भ** (आषा. शु. १ को पुन.) ६१ प्रतिशत है; अतः अनाज पर्याप्त हो। निष्कर्ष—स्तम्भ-चतुष्टय के विचार से यह वर्ष तृण वायु एवं अनाज के लिए अच्छा है।

आर्द्रमान-विचार (वर्ष रक्षा के लिए चार दुर्ग) (१) **प्रथम आर्द्र**—अक्षय तृतीया को रोहिणी नक्षत्र ६९ प्रतिशत है; (२) **द्वितीय आर्द्र** गत संवत् २०२९ पौष अमा को मूल नक्षत्र ४४ प्रतिशत है (३) **तृतीय आर्द्र**—श्रावण पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र ६७ प्रतिशत है (४) **चतुर्थ आर्द्र**— कार्तिक पूर्णिमा को कृत्तिका नक्षत्र का अभाव है। **फल**— आर्द्रमान विचार से यह वर्ष अच्छा है।

"अखैतीज रोहिणी न होई पौष अमावस मूल न जोई।
राखी श्रवणों हीन विचारों कार्तिक पुन्यों कृत्तिका टारो॥
मही मांह खलबली प्रकाशै, कहै, भड्डली साख विनाशै॥"

संवत्सर के शरीर का फल— वर्षारम्भ में लगभग एक पक्ष तक शनि रोहिणी में है, बाद में मृग. में आता है। रोहिणी नक्षत्र संवत् की देह है, अतः वायु पीडा रहे।

पु. पा. में राहु वर्षारम्भ से अढाई मास तक रहेगा, पु. पा. संवत् की नाभि है, प्रजा में क्षुधा भय रहे। मंगल संवत् की देह (अर्थात् कृत्तिका रोहि. में) फर. १९७४ के दूसरे सप्ताह में आता है, और वर्षान्त तक इसी में है, अतः प्रजा में वायु रोगादि भय रहे। **कूर्मचक्रानुसार**—शनि रोहि. मृग. में लगभग जुलाई के तृतीय सप्ताह के अन्त तक रहेगा, बाद में जन. १९७४ के प्रथम सप्ताह के अन्त में पुनः वक्रगति से मृग. में आजाता है, और वर्षान्त तक इसी नक्षत्र में है,। अतः साकेत, मिथिला, कौशाम्बी, प्रयाग एवं कन्नौज में अशुभ फल हो।

नववर्ष-प्रवेश—गत सं. २०२९ वि. चैत्र कृ.३० मंगलवार, तदनुसार ३ अप्रैल, १९७३ ई. को २७।३० इष्ट पर कन्या लग्न में नव वर्ष प्रवेश होगा। फल— अनाज घी, महंगे रहें, कई जगह खेती बाड़ी की फसल को हानि पहुंचे। दक्षिण में अनाज कम, पश्चिम में विग्रह, बंगाल में अशान्ति रहे।

वर्षेशलग्न—चैत्र शु: ११ शुक्रवार, तदनुसार, १३ अप्रैल, १९७३ ई. को ३२।४६ इष्ट पर तुला लग्न में सूर्य भगवान मेष राशि में प्रविष्ट होंगे। फल— फसल मध्यम रहे, कहीं खड़ी फसल को हानि पहुंचे।

आर्द्रा प्रवेश लग्न—आषाढ कृष्ण ५ गुरुवार को तदनुसार २१ जून १९७३ को ४।१२ इष्ट पर मकर लग्न एवं धनिष्ठा नक्षत्र में [illegible] में प्रविष्ट होंगे। **फल**:— वर्षा अधिक हो, प्रजा में सुभिक्ष एवं सुवैश्वर्य वृद्धि हो, धान्य उत्पत्ति अच्छी हो।

जगल्लग्न से व्यक्तिगत फल विचार:— जन्म कुण्डली में लग्न बलवान् हो तो जन्म लग्न से, चन्द्र बलवान हो तो जन्म राशि से, जगल्लग्न जिस स्थान में आए वह भाव शुभ या स्वामी ग्रहों से युक्त दृष्ट और बलवान हो तो वर्ष में उस भाव की वृद्धि कहनी चाहिए। यदि पापी ग्रह की दृष्टि या योग हो तो, उस भाव की हानि कहे। जन्म लग्न, जन्म राशि और अपने वर्ष प्रवेश लग्न से वर्षेश (जगल्लग्न) आठवें– बारहवें हो तो वह वर्ष उस व्यक्ति के लिए शुभ नहीं होता। इसी प्रकार देश और ग्राम के शुभाशुभ विचार में भी देश, नगर व ग्राम की जो राशि हो, उससे जगल्लग्न आठवें वा बारहवें हो तो उस देश, ग्राम व नगर के लिए वह वर्ष हानिप्रद एवं अशुभ समझना चाहिए।

वर्ष-लग्न



वर्षेश (जगत्) लग्न



आर्द्रा प्रवेश लग्न



अपने जन्म लग्न से जगत् लग्न का फल:—१ देह सुख, २ धन लाभ, ३ कुटुम्ब वृद्धि, ४ मित्र सौख्य, ५ पुत्र सौख्य, ६ शत्रु जय, ७ स्त्री सुख, ८ रोग भय, ९ धर्मलाभ, १० धन लाभ, ११ लाभ सुख, १२ व्यय दुःख।

गुर्रा फल—मुस्लिम नव-वर्ष हिजरी सन् १३९३ का प्रारम्भ ५ फरवरी १९७३ ई. (गत सं. २०२९) को सोमवार के दिन हो रहा है।

फल—अनाज सस्ते हों, पश्चिमी देशों में संकट व्यापे, अत्यधिक वायु चले। दूध कपास तिल पर्याप्त हों, संक्रामक रोग फैलें।

इस गुर्रा का फल १२ माघ २४ जनवरी १९७४ ई. तक रहेगा तत्पश्चात् शुक्रवारी गुर्रा का फल होगा, जिसका फल वि. सं. २०३१ के पंचांग में देंगे)

लाभ-व्यय चक्र (विंशोत्तरी मतानुसार)

राशि	म.	वृ.	मि.	क.	सि.	क	तु.	वृ.	ध.	म.	कु.	मी.
लाभ	२	११	२	११	१४	२	११	२	१४	८	८	१४
व्यय	५	११	११	५	२	११	११	५	८	११	११	८

लाभ व्यय देखने की रीति—अपनी राशि के लाभ व्यय अंकों को जोड़ कर उसमें से १ घटाकर, शेष को ८ से भाग देने पर यदि १, २., ६, ७ बचे तो वर्ष में उत्तम लाभ, ३, ४, ५, ८ बचें, तो लाभ बहुत कम हो, चिन्ता भी रहे।

"इतीदं वत्सर-फलं वत्सरादि-तिथौ शुभम्।
यः शृणोति नरो भक्त्या स सुखी वत्सरं भवेत्॥"

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

आयु ४३२०००वर्ष की है। इससे भगवान् के अवतार श्री बुद्ध और श्रीकल्कि (निष्कलंक) हैं, जिनमें अहिंसा धर्म का उद्धारक श्री बुद्धावतार तो हो चुका है, और कल्कि अवतार जब कलियुग के ८२१ वर्ष रहेंगे तब शंभल ग्राम में विष्णुयश ब्राह्मण के घर होगा। इस अवतार द्वारा दुष्टों का नाश होकर पृथ्वी पर लुप्तधर्म की स्थापना के साथ-साथ न्यायपरायण क्षत्रिय राज्य भी कायम होगा। इस युग में एक पैर वाला धर्म रह जायेगा। गौएं दूध कम देंगी। मृण्मय पात्र और ताम्र पात्र तथा कर्गल मुद्रा प्रायः चलेगी। अतिवृष्टि और अनावृष्टि से देशों में भय का संचार होगा। ब्राह्मण लोग वेद ज्ञान से शून्य तथा स्नान, संध्या, तपश्चर्या से भी हीन होंगे। क्षत्रिय लोग अपने धर्म को तिलांजलि दे देंगे। वैश्य लोग व्यापार में असत्य व्यवहार विशेष रूप से उपयोग में लाने लगेंगे। शास्त्रनिन्दित मृतचर्म (जूता आदि) के व्यापार से लाभ उठायेंगे। शूद्र लोग पाखण्डी होकर बहुधा उच्च वर्ग वालों के उपदेष्टा होंगे। प्रजा में वर्णसंकरत्व बढ़ जायगा। धूर्तों की पूजा होगी। अनेक कुकर्मों की वृद्धि होगी। स्त्रियां ज्यादा हस्तिनी पैदा होंगी। व्यभिचारिणी-स्त्री अपने को सती कहेंगी। पतिव्रता कहीं-कहीं देखने में आयेंगी। पुरुष स्त्रियों के वश में होकर चलेंगे। स्त्रियों के छोटी आयु में गर्भ होने लगेगा। पिता कन्या-विक्रय करेगा। गौ-ब्राह्मण की हत्या से भय न करेंगे। पुत्रों का माता-पिता के साथ सकारण प्रेम रहेगा। राज-व्यवस्था में धर्म का स्थान शून्य के बराबर होगा। धर्म-कर्म और तीर्थ पर लोगों की श्रद्धा कम होगी। पाप १५, पुण्य ५ विश्वे रह जाएगा। प्रधान तीर्थ गंगा हरिद्वार होगा।

अथ कलिरूपं चोक्तं चिरन्तनैः—पिशाच-वदनः क्रूरः कलिश्च कलहप्रियः। धृत्वा वामे करे शिश्नं दक्षे जिह्वाञ्च नृत्यति ॥ **कलिमाहात्म्यम्**—धर्मः प्रव्रजितस्तपः प्रचलितं सत्यं च दूरे गतं, पृथ्वी मन्दफला नराः कपटिनश्चित्तञ्च शाठ्योर्जितम्। राजानो-र्यपरा अरक्षणपराः पुत्राः पितुर्द्वेषिणः, साधुः सीदति दुर्जनः प्रभवति प्राप्ते कलौ दुर्युगे ॥ निर्बीजा पृथ्वी निरौषधिरसा नीचा महत्त्वं गताः, भूपाला निजधर्म-कर्म-रहिता विप्राः कुमार्ग गताः। भार्या भर्तृविरोधिनी पररता पुत्राः पितुर्द्वेषिणः। हा ! कष्टं खलु वर्तते कलियुगे धन्या मृता ये नराः ॥ न देवे देवत्वं कपटपटवस्तापस जनाः जनो मिथ्यावादी विरलतर पुष्टिजलधरः। प्रसन्ना नीचाश्च अवनि-पतयो दुष्टमतयो, जनाः, शिष्टा नष्टा अहह ! कलिकालौ विलसति ॥ **कलौ गंगायाः स्थितः**— पृथिवी गंगया हीना भविष्यत्यन्तिमे कलौ। तदैव विष्णुस्त्यजति मेदिनीं नरपुंगवः। **भगीरथं प्रति गंगावाक्यञ्च** यावद्धरण्यां तुलसी प्रपूज्यते गुरुर्नभस्थो दिवि कल्पपादपः। यावत्समुद्रे बड़वानलश्च वसामि तावत्तव चक्रखाते ॥ इति ॥ कलौ दशसहस्राणीति वाक्यमन्तिमकलौ ज्ञेयम्, नान्येषु, कलिष्विति ॥

॥ अथ वर्ष-राजादि फल-विचार (सं० २०३० वि०) ॥

कल्पादि से गतवर्ष १९७२९४९०७४, सृष्टि सं० १९५५८८५०७४ **श्री वि. सं.** २०३० शक सं. १८९५ श्री कृष्ण जन्म सं. ५२०९, कलि सं. ५०७४ श्री महावीर जैन निर्वाण सं. २४९९-२५००, हिजरी सन् १३९३-९४ फसली सन् १३८०-८१, ईस्वी सन् १९७३-७४।

वर्ष के आदि में गुरुमान से प्रभव आदि संवत्सरों में रुद्र-विंशति का क्षय नामक संवत्सर जिसका फल इस प्रकार है :—

"कार्पास-गन्ध-तैलेक्षु-मधु-सस्य-विनाशनम् ।
"क्षीयमाणाश्चापि नरा जीवन्ति क्षय-संवत्सरे ॥"

किञ्च—क्षय संवत्सरे राहुः स्वामी, चैत्रे कर्कापातः, वैशाखे उत्पातः, भूमि-कम्पः, ज्येष्ठा-षाढ़यो : रोग चारकः, नवीन मुद्रा उदयः, अल्पमेघः, अन्न समर्घ, भाद्रपदे खण्डवृष्टि, चतुष्पद हानिः, फदीया ५५ नाणकैः, धान्य— कलषिका एका, अश्विने रोगः, परमन्न समता, सर्वधातु समता, मध्यम समयः, राजविरोधः, पश्चिमायां सुभिक्षमन्नं समर्घम्, सिन्धु देशात्स्थल देशाद्वा अन्न समागमः, पूर्वस्यां विड्वरमन्न समता।

इस वर्ष का राजा (ग्रह परिषद् के प्रधान) **बुध, मन्त्री शुक्र, सस्येश** (चौमासी फसलों के स्वामी) **चन्द्र, धान्येश** (शीतकालीन फसलों के स्वामी) **शनि, मेघेश** (वर्षा के स्वामी) **गुरु, रसेश** (गुड़, खाण्ड, रस कस आदि के स्वामी) **मंगल, नीरसेश** (सभी प्रकार की धातु और व्यापार के स्वामी) **रवि, फलेश** (फल-फूल आदि के स्वामी) **गुरु, धनेश** (कोष के स्वामी) **रवि, दुर्गेश** (सुरक्षा-प्रतिरक्षा आदि के स्वामी गुरु हैं।

इस वर्ष के इन दस अधिकारियों के फल क्रमशः इस प्रकार हैं:—

राजा बुध का फल—वर्षा पर्याप्त हो, प्रजा में मांगलिक कृत्य, सुभिक्ष एवं धन धान्य समृद्धि रहे।

मन्त्री शुक्र का फल—टिड्डी चुहा आदि से हानि भय, धान्य सस्ता, वर्षा अधिक एवं रोगभय रहे।

सस्येश चन्द्र का फलः— प्रजा सुखी, वर्षा पर्याप्त, शासकों में सद्बुद्धि एवं धन धान्य प्रचुर मात्रा में हो।

धान्येश शनि का फलः— वर्षा कम, दुर्भिक्ष, प्रजा में कलह, गुजरात में अव्यवस्था, कहीं युद्ध प्रमत्त शासकों को हानि पहुंचे।

मेघेश गुरु का फलः—वर्षा पर्याप्त, प्रजा में सुख-ऐश्वर्य; शासक स्वधर्मरत रहे; स तरह के रस प्रचुर मात्रा में हों।

रसेश मंगल का फलः— रसाल्पता, शासक एवं प्रजा में परस्पर वैमत्य, वर्षा कम हो।

नीरसेश रवि का फलः—ताम्बा चन्दन, रत्न एवं माणिक्य आदि की मूल्य वृद्धि हो।

फलेश गुरु का फलः— वृक्षों की रक्षार्थ प्रयत्न हों, मांगलिक कार्य अधिक हों प्रायः सभी व्यक्ति स्व-कर्तव्य निष्ठ रहें।

धनेश रवि का फलः—हाथी, घोड़े, गधे एवं ऊंट आदि के व्यापार से पर्याप्त धनलाभ हो।

दुर्गेश गुरु का फलः—शासक नयमार्ग पर चलें, सर्वत्र सुख समृद्धि हो, द्विज स्वकर्तव्य-निष्ठ हों।

सूचनाः—यद्यपि वर्ष के इन दस अधिकारियों का फल तो सर्वत्र होता है, किन्तु विशेषकर राजा का फल काश्मीर, अफगानिस्तान एवं बराड़देश में, मन्त्री का फल आन्ध्र प्रदेश, वाल्हीक उज्जैन एवं मालवा में, सस्येश का पौण्ड्र विदर्भ में, धान्येश का गुजरात-नर्मदा के तटवर्ती प्रदेशों एवं मध्यप्रदेश में, मेघेश का मगध एवं बंगाल में, रसेश का कोंकण एवं गोआ में, नीरसेश का मालवा व बिहार में, धनेश का राजस्थान एवं मारवाड़ में, फलेश—दुर्गेश एवं राजा का फल सब जगह विशेष होता है।

नव मेघों में पुष्कर नामक मेघ का फल—वर्षा मध्यम हो। **द्वादश नागों में सुबुद्ध नामक नाग का फल**—वर्षा पर्याप्त हो। **इस वर्ष रोहिणी का वास समुद्र में एवं संवत्सर का वास माली के घर है फल**—वर्षा अधिक हो। **संवत्सर का वाहन गीदड़ है, शनि की दृष्टि पूर्व में है; फल**-पूर्वी प्रदेश एवं पूर्वी गोलार्ध के देशों में कहीं क्रान्ति, भय-रोग उपद्रव एवं अकाल आदि से स्थिति बिगड़े। **सोमवती अमावस्या एक हैं**—पौष में। **शनैश्चरी अमावस्याएं तीन हैं**—आषाढ-मार्गशीर्ष एवं चैत्र में, **भौमवती अमावस्या एक हैं**:— भाद्र पद में **बुधाष्टमी एक है**; पौष शुक्ल में।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

।। चैत्र शुक्ल १ को वर्षफल श्रवण ।।

अचिन्त्याव्यक्त रूपाय निर्गुणायगुणात्मने । समस्त-जगदाधार-मूर्तये ब्रह्मणे नमः ।।१।।
विनायकं प्रणम्यादौ देवीं वाग्देवता गुरुम् । संवत्सर-फलं वक्ष्ये लोकानां हितकाम्यया ।।२।।
सम्यग् विचार्य गणितं दैवज्ञजन तुष्टिदम् । मुकुन्द वल्लभेनेदं तिथिपत्रं विनिर्मितम् ।।३।।
अनेन धार्मिक जनः कालज्ञान सहायिना । तिथिपत्रेण सन्तुष्टो भवत्वित्येव याच्यते ।।४।।
तिथिर्वारश्च नक्षत्रं योगः करणमेव च । पञ्चांगस्य फलं श्रुत्वा गंगास्नानफलं लभेत ।।५।।

चैत्र शुक्ल १ को नूतन संवत्सर प्रारम्भ होता है, उस दिन प्रति घर पर ध्वजा लगावें। तोरण आदि से गृह सुशोभित कर, मंगलस्नान कर, देवता, ब्राह्मण, गुरु की पूजा करें; स्त्रियां शिशु आदि वस्त्र-आभूषण परिधान कर उत्सव मनावें। ज्योतिषी जी का सत्कार कर उनसे नूतन संवत्सर फल श्रवण करें। कटु निम्ब के कोमल पत्र और पुष्प लावें, उसमें काली मिर्च, भुनी हुई, हींग, (सेंधा), नमक अजवायन, सफेद जीरा और खाण्ड बराबर मात्रा में मिला कर चूर्ण बनावें, कुछ इमली मिलावें और वह ३ से ६ माशे तक की मात्रा में चै. शु. १ से १५ तक लगातार स्नानादि से निवृत्त होकर निराहार-मुख खावें। इस प्रयोग से अनेक रोगों की शान्ति होती है। (वर्ष पर्यन्त रक्त-विकार ज्वरादि नहीं होते)। यदि १५ दिन सेवन न कर सकें तो चैत्र शुक्ल १ को तो अवश्य करें।

पञ्चांगस्थ गणेश और ब्राह्मण ज्योतिषी की पूजा कर वाचकों को यथाशक्ति दानादि से प्रसन्न करें। मिष्टान्न आदि भोजन करावें। गीत (गायन), वाद्य, कथा-श्रवण आदि कर सम्पूर्ण दिन आनन्द से व्यतीत करें। गृहस्थियों को विलास-युक्त आनन्द पूर्वक वर्षारम्भ-दिन व्यतीत करने से सम्पूर्ण वर्ष आनन्दमय जाता है।

वर्षफल श्रवण का महात्म्य :—ये चैत्रशुक्लप्रतिपत्तिथौ फलं शृण्वन्ति भक्त्या प्रतिवार्षिकं नराः। ते दुःखदारिद्र्यरुगादि वर्जिता नन्दन्ति लोके धनधान्य-संकुलाः ।।१।। शाकस्य श्रवणात्सुपुण्य-जनन संवत्सरस्याढ्यतां, राज्ञां राजकुले जयो विजयते मन्त्रिफलं बुद्धिदम्। धान्यं धान्यपते रसं रसपतेः क्षेत्रेषु बुद्धिस्तथा, सस्यं सर्व सुखञ्च वत्सरफलं संशृण्वतां सिद्धिदम् ।।२।। इति संवत्सरादि-फलश्रुतिः।

सृष्टिक्रम वर्णन :—सृष्टि के संक्षिप्त इतिहास की अवतरणिका—समस्त जगत-की उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय के कारणरूप ब्रह्मा की आयु अपने ही दिनों के मान से सौ वर्ष की होती है। अब ब्रह्मा की आयु के ५० वर्ष व्यतीत होकर, ५१ वें वर्ष के प्रथम दिन का उदय है। इस दिन का १३ घड़ी, ४२ पल, ३ विपल, ४३ प्रतिविपल, व्यतीत हो चुके हैं। मनुष्यमान से ब्रह्मा की आयु का विस्तार इस प्रकार है—एक चतुर्युगी का एक महायुग होता है, उसकी सौर मान से वर्ष संख्या ४३, २०,००० है। इस प्रकार के एक हजार युगों का ब्रह्मा का एक दिन होता है। ऐसे ब्रह्मा के हजार युगों की विष्णु की एक घड़ी होती है। विष्णु के १२ लाख युगों का रौद्र कलार्ध होता है। रुद्र के अर्बुद-संख्यक युगों का अक्षरात्मक ब्रह्म होता है। ब्रह्मा के इस एक दिन में जो १४ मन्वन्तर होते हैं, उनमें से १ स्वायम्भुव, २ स्वारोचिष ३ उत्तम, ४ तामस, ५ रैवत, ६ चाक्षुष, छः मनु व्यतीत हो गये हैं। अब सातवां वैवस्वत मन्वन्तर चल रहा है, उसमें भी २७ चतुर्युगी गत होकर अठाइसवीं चतुर्युगी के ३ युग व्यतीत हो गये हैं और यह २८ वां कलियुग है।

अथ युगकाल-व्यवस्था—सतयुग—कार्तिक शुक्ल नवमी बुधवार के प्रथम प्रहर श्रवणनक्षत्र, वृद्धियोग में, सत्ययुग की उत्पत्ति हुई है, इसकी आयु १७, २८, ००० वर्ष की थी। इसमें श्रीनारायण, मत्स्य, कच्छप, बराह और नृसिंह ये ४ अवतार हुए। श्रीमत्स्यजी ने वेदों के चोर, शंखासुर को मारकर ब्रह्मा को वेद लाकर दिये। भगवान् कच्छप ने पृथ्वी की रक्षार्थ मन्दराचल को पीठ पर धारण कर शेषनाग की डोर से देवदैत्यों द्वारा समुद्र-मन्थन कराकर चौदह रत्न प्रकट किए। श्री बराहजी ने हिरण्याक्ष का वध करके पृथ्वी का उद्धार किया, श्री नृसिंहावतार ने हिरण्यकश्यप का वध करके भक्त प्रह्लाद की रक्षा की। इस युग में पाप ० पुण्य २० विश्वे था और धर्म अपने चारों पद पर कायम था, गौएं कामधेनु के समान होती थीं। प्रायः स्वर्ण के पात्र और सिक्के के स्थान में रत्न का परस्पर व्यवहार था। इच्छित वर्षा होती थी, एकबार बीज बोकर २१ बार काटते थे। ब्राह्मण चारों वेदों के जानकार तथा सत्यभाषी पर-द्रव्य-परस्त्री-पराङ्मुख और त्यागी होते थे। शाप देने और वरदान प्रदान करने में भी समर्थ थे। स्त्रियां पद्मनी और पतिव्रता होती थीं। शासक (राजवंश) वर्ग न्यायपरायणान्तः-करण से प्रजा को स्वपुत्रवत् समझते हुए राज्य करते थे। इनकी तीन लोक तक जाने की गति थी। वैश्य लोग सत्यवक्ता, धर्मात्मा व्यापारी और शूद्र लोग सेवाधर्म में रहते हुए जीवन व्यतीत करते थे। इस युग में तीर्थ पुष्कर प्रधान था।

त्रेतायुग—वैशाख शुक्ल तृतीया चंद्रवार के द्वितीय प्रहर रोहिणी नक्षत्र शोभन-योग में त्रेता-युग की उत्पत्ति हुई। इसकी आयु १२, ९६, ००० वर्ष की थी। इसमें भगवान के श्री वामन, श्री परशुराम और श्री रामचन्द्र ये तीन अवतार हुए। श्री वामन जी ने राजा बलि से ३ पैर पृथ्वी दान लेकर समग्र पृथ्वी को ३ पैर में नाप बलि को पाताल का राज्य दिया। श्री परशुराम जी ने अभिमानी क्षत्रियों का २१ बार नाश करके ब्राह्मण राज्य स्थापित किया था। श्री रामचन्द्र जी ने महाभिमानी राक्षसराज रावण का वध करके देवता और ऋषियों को निर्भय किया था। इस युग में पाप ५, पुण्य १५ विश्वे था और धर्म तीन पैर का रह गया था। गौएं त्रिकाल दूध देनेवाली होती थीं, प्रायः चांदी के पात्र और स्वर्ण के सिक्के का व्यवहार था। वर्षा मौके पर होती थी, एक बार बोकर सात बार काटते थे। ब्राह्मण तीन वेदों के वक्ता और किञ्चिन्यून तपोनिष्ठ, परस्त्री-पर द्रव्य से पराङ्मुख होते थे, वह शाप देने में समर्थ थे। स्त्रियां चित्रिणी, पतिव्रता होती थीं। इस युग में सूर्यवंशी धर्मात्मा क्षत्रिय का राज्य था। विचित्र विमान द्वारा वह इन्द्र लोक पर्यन्त भी जाते थे। वैश्य लोग सत्यवादी और सत्य की तुला पर तोलते थे। शूद्र सेवा में तत्पर रहते थे। इस युग में तीर्थ नैमिषारण्य प्रधान था। द्वापर-माघ कृष्ण ३० शुक्रवार तृतीय प्रहर धनिष्ठा- नक्षत्र वरीयान् योग में द्वापर युग की उत्पत्ति हुई। इसकी आयु ८६,४०,०० वर्ष की थी। इसमें पूर्ण ब्रह्म के श्रीकृष्ण श्री बलदेव ये दो अवतार हुए। भगवान् श्रीकृष्ण ने दैत्यराज कंसादि दुष्टों का वध किया। तथा अर्जुन को लक्ष्य करके गीता ज्ञान का उपदेश दिया। श्री बलदेव जी ने दुष्टों का नाश करके धर्म का उद्धार किया। इस युग में पाप १०, पुण्य १० विश्वे था और धर्म दो पैर वाला रह गया था। गौए दो वक्त घटपूर्ण दुग्ध देने वाली होती थीं। प्रायः ताम्र पीतल के पात्र और स्वर्ण तथा रौप्यमयी मुद्राओं का व्यवहार होने लगा था। वर्षा समय पर हो जाती थी। एक बार अन्न का बीज बोकर ३ बार काटते थे। ब्राह्मण लोग दो वेदों के पारंगत होते थे और कुछ असत्य, विशेषतया सत्यवक्ता तथा तप-यज्ञ देव-पूजनादि करने वाले, किञ्चित् लोभयुक्त, वाक्यसिद्धि वाले अर्थात् वर और शाप देने में समर्थ थे। स्त्रियां शंखिनी जाति की सुशीला धर्मयुक्ता होती थीं। इस युग में धर्म प्राण चंद्रवंशी राजा हुए। इनकी समेरु पर्यन्त गति थी और प्रायः चारों वर्ण अपने-अपने धर्मपर कायम थे। परस्त्री परद्रव्य से लोग डरते थे। इस युग में तीर्थ कुरुक्षेत्र प्रधान था। कलियुग भाद्रपद कृष्ण १३ अर्धरात्रि के समय आश्लेषा नक्षत्र व्यतिपात योग में कलियुग की उत्पति हुई थी, इसकी

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

आयु ४३२०००वर्ष की है। इससे भगवान् के अवतार श्री बुद्ध और श्रीकल्कि (निष्कलंक) हैं, जिनमें अहिंसा धर्म का उद्धारक श्री बुद्धावतार तो हो चुका है, और कल्कि अवतार जब कलियुग के ८२१ वर्ष रहेंगे तब शंभल ग्राम में विष्णुयश ब्राह्मण के घर होगा। इस अवतार द्वारा दुष्टों का नाश होकर पृथ्वी पर लुप्तधर्म की स्थापना के साथ-साथ न्यायपरायण क्षत्रिय राज्य भी कायम होगा। इस युग में एक पैर वाला धर्म रह जायेगा। गौएं दूध कम देंगी। मृण्मय पात्र और ताम्र पात्र तथा कर्गल मुद्रा प्रायः चलेगी। अतिवृष्टि और अनावृष्टि से देशों में भय का संचार होगा। ब्राह्मण लोग वेद ज्ञान से शून्य तथा स्नान, संध्या, तपश्चर्या से भी हीन होंगे। क्षत्रिय लोग अपने धर्म को तिलांजलि दे देंगे। वैश्य लोग व्यापार में असत्य व्यवहार विशेष रूप से उपयोग में लाने लगेंगे। शास्त्रनिन्दित मृतचर्म (जूता आदि) के व्यापार से लाभ उठायेंगे। शूद्र लोग पाखण्डी होकर बहुधा उच्च वर्ग वालों के उपदेष्टा होंगे। प्रजा में वर्णसंकरत्व बढ़ जायगा। धूर्तों की पूजा होगी। अनेक कुकर्मों की वृद्धि होगी। स्त्रियां ज्यादा हस्तिनी पैदा होंगी। व्यभिचारिणी-स्त्री अपने को सती कहेंगी। पतिव्रता कहीं-कहीं देखने में आयेंगी। पुरुष स्त्रियों के वश में होकर चलेंगे। स्त्रियों के छोटी आयु में गर्भ होने लगेंगे। पिता कन्या-विक्रय करेगा। गौ-ब्राह्मण की हत्या से भय न करेंगे। पुत्रों का माता-पिता के साथ सकारण प्रेम रहेगा। राज-व्यवस्था में धर्म का स्थान शून्य के बराबर होगा। धर्म-कर्म और तीर्थ पर लोगों की श्रद्धा कम होगी। पाप १५, पुण्य ५ विश्वे रह जाएगा। प्रधान तीर्थ गंगा हरिद्वार होगा।

अथ कलिरूपं चोक्तं चिरन्तनैः—पिशाच-वदनः क्रूरः कलिश्च कलहप्रियः। धृत्वा वामे करे शिश्नं दक्षे जिह्वाञ्च नृत्यति ॥ **कलिमाहात्म्यम्**—धर्मः प्रव्रजितस्तप्तः प्रचलितं सत्यं च दूरं गतं, पृथ्वी मन्दफला नराः कपटिनश्चित्तञ्च शाठ्ययोजितम्। राजानोऽर्थपरा अरक्षणपराः पुत्राः पितुर्द्वेषिणः, साधुः सीदति दुर्जनः प्रभवति प्राप्ते कलौ दुर्युगे ॥ निर्बीजा पृथ्वी निरौषधिरसा नीचा महत्त्वं गताः, भूपाला निजधर्म-कर्म-रहिता विप्राः कुमार्ग गताः। भार्या भर्तृ विरोधिनी पररता पुत्राः पितुर्द्वेषिणः। हा ! कष्टं खलु वर्तते कलियुगे धन्या मृता ये नराः ॥ न देवे देवत्वं कपटपटवस्तापस जनाः जनो मिथ्यावादी विरलतर वृष्टिर्जलधरः। प्रसन्ना नीचाश्च अवनि-पतयो दुष्टमतयो, जनाः, शिष्टा नष्टा अहह ! कलिकाली विलसति ॥ कली गंगायाः स्थितिः— पृथिवी गंगया हीना भविष्यत्यन्तिमे कली। तदैव विष्णुस्त्यजति मेदिनीं नरपुंगवः। **भगीरथं प्रति गंगावाक्यञ्च** यावद्धरण्यां तुलसी प्रपूज्यते गुरुर्नभस्यो दिवि कल्पपादपः। यावत्समुद्रे बड़वानलश्च वसामि तावत्तव चक्रखाते ॥ इति ॥ कली दशसहस्राणीति वाक्यमन्तिमकली ज्ञेयम्, नान्येषु, कलिष्विति ॥

॥ अथ वर्ष-राजादि फल-विचार (सं० २०३० वि०) ॥

कल्पादि से गतवर्ष १९७२९४९०७४, सृष्टि सं० १९५५८८५०७४ **श्री वि. सं.** २०३० शक सं. १८१५ श्री कृष्ण जन्म सं. ५२०९, कलि सं. ५०७४ श्री महावीर जैन निर्वाण सं. २४९९-२५००, हिजरी सन् १३९३-९४ फसली सन् १३८०-८१, ईस्वी सन् १९७३-७४।

वर्ष के आदि में गुरुमान से प्रभव आदि संवत्सरों में रुद्र-विंशति का क्षय नामक संवत्सर है, जिसका फल इस प्रकार है :—

"कार्पास-गन्ध-तैलेक्षु-मधु-सस्य-विनाशनम् ।
"क्षीयमाणाश्चापि नरा जीवन्ति क्षय-संवत्सरे ॥"

किञ्च—क्षय संवत्सरे राहुः स्वामी, चैत्रे कर्कीपातः, वैशाखे उत्पातः, भूमि-कम्पः, ज्येष्ठा-षाढ़यो: रोग चारकः, नवीन मुद्रा उदयः, अल्पमेघः, अन्न समर्घ, भाद्रपदे खण्डवृष्टि, चतुष्पद हानिः, फदीया ५५ नाणकं., धान्य— कलपिका एका, अश्विने रोगः, परमन्न समता, सर्वधातु समता, मध्यम समयः, राजविरोधः, पश्चिमायां सुभिक्षमन्नं भमर्घम्, सिन्धु देशात्स्थल देशाद्वा अन्न समागमः, पूर्वस्यां विड्वरमन्न समता।

इस वर्ष का राजा (ग्रह परिषद् के प्रधान) **बुध, मन्त्री शुक्र, सस्येश** (चौमासी फसलों के स्वामी) **चन्द्र, धान्येश** (शीतकालीन फसलों के स्वामी) **शनि, मेघेश** (वर्षा के स्वामी) **गुरु, रसेश** (गुड़, खाण्ड, रस कस आदि के स्वामी) **मंगल, नीरसेश** (सभी प्रकार की धातु और व्यापार के स्वामी) **रवि, फलेश** (फल-फूल आदि के स्वामी) **गुरु, धनेश** (कोष के स्वामी) **रवि, दुर्गेश** (सुरक्षा-प्रतिरक्षा आदि के स्वामी गुरु हैं।

इस वर्ष के इन दस अधिकारियों के फल क्रमशः इस प्रकार हैं:—

राजा बुध का फल—वर्षा पर्याप्त हो, प्रजा में मांगलिक कृत्य, सुभिक्ष एवं धन धान्य समृद्धि रहे।

मन्त्री शुक्र का फल—टिड्डी चुहा आदि से हानि भय, धान्य सस्ता, वर्षा अधिक एवं रोगभय रहे।

सस्येश चन्द्र का फलः— प्रजा सुखी, वर्षा पर्याप्त, शासकों में सद्बुद्धि एवं धन धान्य प्रचुर मात्रा में हो।

धान्येश शनि का फलः— वर्षा कम, दुर्भिक्ष, प्रजा में कलह, गुजरात में अव्यवस्था, कहीं युद्ध प्रमत्त शासकों को हानि पहुंचे।

मेघेश गुरु का फलः—वर्षा पर्याप्त, प्रजा में सुख-ऐश्वर्य; शासक स्वधर्मरत रहें; सब तरह के रस प्रचुर मात्रा में हों।

रसेश मंगल का फलः— रसाल्पता, शासक एवं प्रजा में परस्पर वैमत्य, वर्षा कम हो।

नीरसेश रवि का फलः—ताम्बा चन्दन, रत्न एवं माणिक्य आदि की मूल्य वृद्धि हो।

फलेश गुरु का फलः— वृक्षों की रक्षार्थ प्रयत्न हों, मांगलिक कार्य अधिक हों प्रायः सभी व्यक्ति स्व-कर्तव्य निष्ठ रहें।

धनेश रवि का फलः—हाथी, घोड़े, गधे एवं ऊंट आदि के व्यापार से पर्याप्त धनलाभ हो।

दुर्गेश गुरु का फलः—शासक नयमार्ग पर चलें, सर्वत्र सुख समृद्धि हो, द्विज स्वकर्तव्य-निष्ठ हों।

सूचनाः—यद्यपि वर्ष के इन दस अधिकारियों का फल तो सर्वत्र होता है, किन्तु विशेषकर राजा का फल काश्मीर, अफगानिस्तान एवं बराड़देश में, मन्त्री का फल आन्ध्र प्रदेश, वाल्हीक उज्जैन एवं मालवा में, सस्येश का पौण्ड्र विदर्भ में, धान्येश का गुजरात-नर्मदा के तटवर्ती प्रदेशों एवं मध्यप्रदेश में, मेघेश का मगध एवं बंगाल में, रसेश का कोंकण एवं गोआ में, नीरसेश का मालवा व बिहार में, धनेश का राजस्थान एवं मारवाड़ में, फलेश—दुर्गेश एवं राजा का फल सब जगह विशेष होता है।

नव मेघों में पुष्कर नामक मेघ का फल—वर्षा मध्यम हो। **द्वादश नागों में सुबुद्ध नामक नाग का फल**—वर्षा पर्याप्त हो। **इस वर्ष रोहिणी का वास समुद्र में एवं संवत्सर का वास माली के घर है फल**—वर्षा अधिक हो। **संवत्सर का वाहन गीदड़ है, शनि की दृष्टि पूर्व में है**: फल-पूर्वी प्रदेश एवं पूर्वी गोलार्ध के देशों में कहीं क्रान्ति, भय-रोग उपद्रव एवं अकाल आदि से स्थिति बिगड़े। **सोमवती अमावस्या एक है**—पौष में। **शनैश्चरी अमावस्याएं तीन हैं**—आषाढ-मार्गशीर्ष एवं चैत्र में, **भौमवती अमावस्या एक है**:— भाद्र पद में **बुधाष्टमी एक है**: पौष शुक्ल में।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

।। चैत्र शुक्ल १ को वर्षफल श्रवण ।।

अचिन्त्याव्यक्त रूपाय निर्गुणायगुणात्मने । समस्त-जगदाधार-मूर्तये ब्रह्मणे नमः ।।१।।
विनायकं प्रणम्यादौ देवीं वाग्देवता गुरुम् । संवत्सर-फलं वक्ष्ये लोकानां हितकाम्यया ।।२।।
सम्यग् विचार्य गणितं दैवज्ञजन तुष्टिदम् । मुकुन्द वल्लभेनेदं तिथिपत्रं विनिर्मितम् ।।३।।
अनेन धार्मिक जनः कालज्ञान सहायिना । तिथिपत्रेण सन्तुष्टो भवत्वित्येव याच्यते ।।४।।
तिथिर्वारश्च नक्षत्रं योगः करणमेव च । पञ्चांगस्य फलं श्रुत्वा गंगास्नानफलं लभेत ।।५।।

चैत्र शुक्ल १ को नूतन संवत्सर प्रारम्भ होता है, उस दिन प्रति घर पर ध्वजा लगावें। तोरण आदि से गृह सुशोभित कर, मंगलस्नान कर, देवता, ब्राह्मण, गुरु की पूजा करें; स्त्रियां शिशु आदि वस्त्र-आभूषण परिधान कर उत्सव मनावें। ज्योतिषी जी का सत्कार कर उनसे नूतन संवत्सर फल श्रवण करें। कटु निम्ब के कोमल पत्र और पुष्प लावें, उसमें काली मिर्च, भुनी हुई, हींग, (सैंधा), नमक अजवायन, सफेद जीरा और खाण्ड बराबर मात्रा में मिला कर चूर्ण बनावें, कुछ इमली मिलावें और वह ३ से ६ माशे तक की मात्रा में चै. शु. १ से १५ तक लगातार स्नानादि से निवृत्त होकर निराहार-मुख खावें। इस प्रयोग से अनेक रोगों की शान्ति होती है। (वर्ष पर्यन्त रक्त-विकार ज्वरादि नहीं होते)। यदि १५ दिन सेवन न कर सकें तो चैत्र शुक्ल १ को तो अवश्य करें।

पञ्चांगस्थ गणेश और ब्राह्मण ज्योतिषी की पूजा कर वाचकों को यथाशक्ति दानादि से प्रसन्न करें। मिष्ठान्न आदि भोजन करावें। गीत (गायन), वाद्य, कथा-श्रवण आदि कर सम्पूर्ण दिन आनन्द से व्यतीत करें। गृहस्थियों को विलास-युक्त आनन्द पूर्वक वर्षारम्भ-दिन व्यतीत करने से सम्पूर्ण वर्ष आनन्दमय जाता है।

वर्षफल श्रवण का महात्म्य :—ये चैत्रशुक्लप्रतिपत्तिथौ फलं शृण्वन्ति भक्त्या प्रतिवार्षिकं नराः। ते दुःखदारिद्र्यरुगादि वर्जिता नन्दन्ति लोके धनधान्य-संकुलाः ।।१।। शाकस्य श्रवणात्सुपुण्य-जनन संवत्सरस्याढ्यतां, राज्ञां राजकुले जयो विजयते मन्त्रिफलं बुद्धिदम्। धान्यं धान्यपते रसं रसपतेः क्षेत्रेषु बुद्धिस्तथा, सस्यं सर्व सुखञ्च वत्सरफलं संशृण्वतां सिद्धिदम् ।।२।। इति संवत्सरादि-फलश्रुतिः।

सृष्टिक्रम वर्णन :—सृष्टि के संक्षिप्त इतिहास की अवतरणिका—समस्त जगत-की उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय के कारणरूप ब्रह्मा की आयु अपने ही दिनों के मान से सौ वर्ष की होती है। अब ब्रह्मा की आयु के ५० वर्ष व्यतीत होकर, ५१ वें वर्ष के प्रथम दिन का उदय है। इस दिन का १३ घड़ी, ४२ पल, ३ विपल, ४३ प्रतिविपल, व्यतीत हो चुके हैं। मनुष्यमान से ब्रह्मा की आयु का विस्तार इस प्रकार है—एक चतुर्युगी का एक महायुग होता है, उसकी सौर मान से वर्ष संख्या ४३, २०,००० है। इस प्रकार के एक हजार युगों का ब्रह्मा का एक दिन होता है। ऐसे ब्रह्मा के हजार युगों की विष्णु की एक घड़ी होती है। विष्णु के १२ लाख युगों का रौद्र कलार्ध होता है। रुद्र के अर्बुद-संख्यक युगों का अक्षरात्मक ब्रह्म होता है। ब्रह्मा के इस एक दिन में जो १४ मन्वन्तर होते हैं, उनमें से १ स्वायम्भुव, २ स्वारोचिष ३ उत्तम, ४ तामस, ५ रैवत, ६ चाक्षुष, छः मनु व्यतीत हो गये हैं। अब सातवां वैवस्वत मन्वन्तर चल रहा है, उसमें भी २७ चतुर्युगी गत होकर अठाइसवीं चतुर्युगी के ३ युग व्यतीत हो गये हैं और यह २८ वां कलियुग है।

अथ युगकाल-व्यवस्था—सतयुग—कार्तिक शुक्ल नवमी बुधवार के प्रथम प्रहर श्रवणनक्षत्र, वृद्धियोग में, सत्ययुग की उत्पत्ति हुई है; इसकी आयु १७, २८, ००० वर्ष की थी। इसमें श्रीनारायण, मत्स्य, कच्छप, वराह और नृसिंह ये ४ अवतार हुए। श्रीमत्स्यजी ने वेदों के चोर, शंखासुर को मारकर ब्रह्मा को वेद लाकर दिये। भगवान् कच्छप ने पृथ्वी की रक्षार्थ मन्दराचल को पीठ पर धारण कर शेषनाग की डोर से देवदैत्यों द्वारा समुद्र-मन्थन कराकर चौदह रत्न प्रकट किए। श्री वराहजी ने हिरण्याक्ष का वध करके पृथ्वी का उद्धार किया, श्री नृसिंहावतार ने हिरण्यकश्यप का वध करके भक्त प्रह्लाद की रक्षा की। इस युग में पाप ० पुण्य २० विश्वे था और धर्म अपने चारों पद पर कायम था, गौएं कामधेनु के समान होती थीं। प्रायः स्वर्ण के पात्र और सिक्के के स्थान में रत्न का परस्पर व्यवहार था। इच्छित वर्षा होती थी, एकबार बीज बोकर २१ बार काटते थे। ब्राह्मण चारों वेदों के जानकार तथा सत्यभाषी पर-द्रव्य-परस्त्री-पराङ्मुख और त्यागी होते थे। शाप देने और वरदान प्रदान करने में भी समर्थ थे। स्त्रियां पद्मनी और पतिव्रता होती थीं। शासक (राजवंश) वर्ग न्यायपरायणान्तः-करण से प्रजा को स्वपुत्रवत् समझते हुए राज्य करते थे। इनकी तीन लोक तक जाने की गति थी। वैश्य लोग सत्यवक्ता, धर्मात्मा व्यापारी और शूद्र लोग सेवाधर्म में रहते हुए जीवन व्यतीत करते थे। इस युग में तीर्थ पुष्कर प्रधान था।

त्रेतायुग—वैशाख शुक्ल तृतीया चंद्रवार के द्वितीय प्रहर रोहिणी नक्षत्र शोभन-योग में त्रेता-युग की उत्पत्ति हुई। इसकी आयु १२, ९६, ००० वर्ष की थी। इसमें भगवान के श्री वामन, श्री परशुराम और श्री रामचन्द्र ये तीन अवतार हुए। श्री वामन जी ने राजा बलि से ३ पैर पृथ्वी दान लेकर समग्र पृथ्वी को ३ पैर में नाप बलि को पाताल का राज्य दिया। श्री परशुराम जी ने अभिमानी क्षत्रियों का २१ बार नाश करके ब्राह्मण राज्य स्थापित किया था। श्री रामचन्द्र जी ने महाभिमानी राक्षसराज रावण का वध करके देवता और ऋषियों को निर्भय किया था। इस युग में पाप ५, पुण्य १५ विश्वे था और धर्म तीन पैर का रह गया था। गौएं त्रिकाल दूध देनेवाली होती थीं, प्रायः चांदी के पात्र और स्वर्ण के सिक्के का व्यवहार था। वर्षा मौके पर होती थी, एक बार बोकर सात बार काटते थे। ब्राह्मण तीन वेदों के वक्ता और किञ्चिन्यून तपोनिष्ठ, परस्त्री-पर द्रव्य से पराङ्मुख होते थे, वह शाप देने में समर्थ थे। स्त्रियां चित्रिणी, पतिव्रता होती थीं। इस युग में सूर्यवंशी धर्मात्मा क्षत्रिय का राज्य था। विचित्र विमान द्वारा वह इन्द्र लोक पर्यन्त भी जाते थे। वैश्य लोग सत्यवादी और सत्य की तुला पर तोलते थे। शूद्र सेवा में तत्पर रहते थे। इस युग में तीर्थ नैमिषारण्य प्रधान था। द्वापर-माघ कृष्ण ३० शुक्रवार तृतीय प्रहर धनिष्ठा- नक्षत्र वरीयान् योग में द्वापर युग की उत्पत्ति हुई। इसकी आयु ८६,४०,०० वर्ष की थी। इसमें पूर्ण ब्रह्म के श्रीकृष्ण श्री बलदेव ये दो अवतार हुए। भगवान् श्रीकृष्ण ने दैत्यराज कंसादि दुष्टों का वध किया। तथा अर्जुन को लक्ष्य करके गीता ज्ञान का उपदेश दिया। श्री बलदेव जी ने दुष्टों का नाश करके धर्म का उद्धार किया। इस युग में पाप १०, पुण्य १० विश्वे था और धर्म दो पैर वाला रह गया था। गौएं दो वक्त घटपूर्ण दुग्ध देने वाली होती थीं। प्रायः ताम्र पीतल के पात्र और स्वर्ण तथा रौप्यमयी मुद्राओं का व्यवहार होने लगा था। वर्षा समय पर हो जाती थी। एक बार अन्न का बीज बोकर ३ बार काटते थे। ब्राह्मण लोग दो वेदों के पारंगत होते थे और कुछ असत्य, विशेषतया सत्यवक्ता तथा तप-यज्ञ देव-पूजनादि करने वाले, किञ्चित् लोभयुक्त, वाक्यसिद्धि वाले अर्थात् वर और शाप देने में समर्थ थे। स्त्रियां शंखिनी जाति की सुशीला धर्मयुक्ता होती थीं। इस युग में धर्म प्राण चंद्रवंशी राजा हुए। इनकी समेरु पर्यन्त गति थी और प्रायः चारों वर्ण अपने-अपने धर्मपर कायम थे। परस्त्री परद्रव्य से लोग डरते थे। इस युग में तीर्थ कुरुक्षेत्र प्रधान था। कलियुग भाद्रपद कृष्ण १३ अर्धरात्रि के समय आश्लेषा नक्षत्र व्यतिपात योग में कलियुग की उत्पत्ति हुई थी, इसकी

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

द्वादश-राशियों का मासिक-फलादेश सं० २०३० वि० (सन् १९७४)

माघ (१३ जन. १९७४ स ११ फर. तक)

मेष — उच्चाधिकारियों से भय, कारोबार से लाभ, व्यर्थ खर्च से परेशानी, छाती व पैर में पीड़ा। जन.१८, १९,२८,२९, फरव. ५, ६ अशुभ।

वृष — लाभ से खर्च अधिक, मित्र बन्धुओं की मदद से हिम्मत, नई चिन्ता, सहयोगी से बिगाड़, यात्रा में भय। जन. २०, २१, २२, ३०, ३१, फर. ७, ८ अशुभ।

मिथुन — लेन देन एवं कारोबार की चिन्ता, सहयोगी से भय, लाभ-मध्यम, पुत्र वा स्त्री की ओर से कष्ट, पशु हानि। जन. १३,१४,२३,२४,फर. १, २, ९, १० अशुभ।

कर्क — उन्नति में रुकावट, बड़े अधिकारी जनों से भय, मास के उत्तरार्ध में लाभ, स्वास्थ्य नर्म। जन. १५,१६, १७,२५,२६, २७, फर. ३, ४, ११ अशुभ।

सिंह — मस्तक वा टांग में पीड़ा, लाभ अच्छा, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार, भाग्य वा उत्साह बढ़े। जन. १८, १९, २८, २९, फर. ५, ६ अशुभ।

कन्या — विवाद में जय, सुख समृद्धि बढ़े, कारोबार ठीक, शत्रु परास्त, बन्धु वर्ग की चिन्ता बने। जन. २०,२१, २२,३०, ३१, फर. ७, ८ अशुभ।

तुला — इच्छित सफलता में देर हो, लाभ मध्यम, धर्म में रुचि, वस्त्रादि पर व्यय, मिथ्या अपवाद। जन. १३,१४, २३, २४, फर. १, २, ९, १० अशुभ।

वृश्चिक — स्वास्थ्य अच्छा, घरेलू झञ्झट से हैरानी, बड़े जनों को कष्ट व खर्च, चित्त उदास लाभ कम। जन. १५, १६, १७, २५, २६, २७, फर. ३, ४, ११ अशुभ।

धनु — कारोबार, मध्यम, लाभ खर्च समान, राजपक्ष शुभ, कफ वायु पीड़ा, गुप्त शत्रु भय। जन. १८, १९, २८, २९, फर. ५, ६, अशुभ।

मकर — कारोबार, यथावत्, जमीन मकान की चिन्ता, लड़ाई या नीच से विवाद, व्यर्थ खर्च, संधि-वात पीड़ा। जन. २०,२१,२२,३०,३१, फर. ७, ८ अशुभ।

कुंभ — इच्छित कार्य में बिगाड़, सकारण यात्रा, कारोबार स्त्री से लाभ कम, है या पुत्र से हैरानी। जन. १३,१४ २३, २४, फर, १, २, ९, १०, अशुभ।

मीन — उद्योगों में असफलता, आलस्य वश कार्यों में बाधा, कार्य सिद्धि न होने से पश्चाताप, लाभमध्यम। जन. १५, १६, १७, २५, २६, २७,फर. ३, ४, ११ अशुभ।

फाल्गुन (१२ फर. से १३ मार्च तक)

स्वास्थ्य ठीक, बन्धु वर्ग की चिन्ता व खर्च, कारोबार से लाभ, स्त्री पुत्रों से सन्तोष, अकस्मात् यात्रा,। फर. १४,१५ २४, २५, मार्च ५, ६, १३ अशुभ।

कार्य निर्वाह जैसे तैसे हो, स्त्री आदि से कष्ट, वायु विकार, पैसे की चिन्ता, पशु पीड़ा,। फर. १६, १७, १८, २६ २७, मार्च, ७, ८ अशुभ।

कारोबार की तरक्की के लिए दौड़ धूप, नई चिन्ता, लाभ कम, स्वाभाव में चिड़ चिड़ापन, धर्म में रुचि। फर. १९, २० २१, २८, मार्च, १, २, ९, १० अशुभ।

स्त्री पुत्रादि से प्रसन्नता, मिथ्या अपवाद, वाहन भय, जुकाम आदि से कष्ट, कारोबार, की विशेष चिन्ता। फर. १२, १३, २२, २३, मार्च, ३, ४, ११, १२ अशुभ।

अपने पारक्रम से लाभ, दुस्वप्न से चिन्ता, अकस्मात् यात्रा, उदर विकार, शत्रुभय। फर. १४, १५, २४, २५, मार्च ५, ६, १३ अशुभ।

कुल वृद्धि, मित्रादि से सहयोग, राजपक्ष शुभ, कारोबार से लाभ, वायु विकार। फर. १६, १७, १८, २६, २७ मार्च ७.८ अशुभ।

नित्यकर्म के भग, पैसे की तगी, कारोवार मध्यम, स्वास्थ्य में गड़बड़, ठग व चालबाजों से भय.। फर. १९, २०, २१, २८, मार्च, १, २, ९, १० अशुभ।

वायु विकार, कारोबार में गिरावट, दुष्ट भय, यात्रा में कष्ट, सत्संग लाभ। फर. १२, १३, २२, २३, मार्च. ३, ४, ११, १२ अशुभ

परिवार के झगड़ों से हैरानी, लाभ के कुछ चान्स मिलें। कारोबार की नई योजना, पुत्रादि द्वारा खर्च। फर. १४, १५, २४, २५, मार्च. ५, ६, १३, अशुभ।

कार्यों में सफलता, स्वास्थ्य मध्यम, नई समस्याएँ उत्पन्न हों पर वह शीघ्र सुलझ जावेंगी। फर. १६, १७, १८, २६, २७, मार्च ७, ८ अशुभ

वृथा झगड़ा, अजनबी व्यक्ति से भय, कारोबार कुछ ठीक, लेन देन की चिन्ता। फर. १९, २०, २१, २८, मार्च १. २, ९, १० अशुभ।

बरकत की कमी, स्वास्थ्य कमजोर, निजी व्यक्ति भी नाराज, वृथा यात्रा। फर. १२, १३, २२, २३, मार्च ३, ४, ११, १२ अशुभ।

चैत्र (१४ मार्च से १३ अप्रै. तक)

लाभ अधिक, कारोबार में वृद्धि, बन्धु वर्ग द्वारा खर्च विशेष, जीव वृद्धि, शुभ कार्य की योजना। मार्च १४, १५, २३, अशुभ।

गतमास की अपेक्षा कारोबार कुछ ठीक, लाभ भी अच्छा, चित्त में अकारण क्रोध, बन्धु विवाद, मार्च १६,१७ अशुभ।

उदर विकार, वायु पीड़ा, अकारण गृह कलह, लाभ के के चान्स मिलते रहें, प्रियजन मिलाप। मार्च १८, १९, २० अशुभ।

स्वास्थ्य में बिगाड़. वाहनादि से भय, व्यवसाय में गड़बड़, मास के मध्य में लाभ का अच्छा मौका बने। मार्च २१, २२ अशुभ।

मानवृद्धि, सुखसमृद्धि, कारोबार बढ़े, नई योजना से लाभ, प्रिय जन की चिन्ता। मार्च १४, १५, २३ अशुभ।

विवाद मे जय, व्यवसाय में वृद्धि, शुभ यात्रा, सन्तति चिन्ता, अकस्मात्, चोट वा रोग भय। मार्च १६, १७ अशुभ।

अनुचित कार्यों की ओर मन, किसी समाचार से चिन्ता, अकस्मात्, अच्छा लाभ, यात्रा से सावधान,। मार्च१८, १९, २० अशुभ।

स्त्री पुत्र से चिन्ता, लाभ खर्च समान, मित्र बन्धु सुख वाहन से भय, वायु विकार। मार्च २१, २२ अशुभ।

स्वास्थ्य की चिन्ता, लाभ मध्यम, किसी कार्य की निष्फलता से खेद, प्रिय व्यक्ति से मिलाप। मार्च.१४, १५, २३ अशुभ।

विवाद में जय, कारोबार में सुधार व परिवर्तन, शुभ कार्य की सफल योजना, स्वास्थ्य नर्म। मार्च १६, १७ अशुभ।

शुभ में खर्च, स्वास्थ्य ठीक, लाभ अच्छा, मन में वृथा विचार, उथल पुथल, शत्रु भय। मार्च १८, १९, २० अशुभ।

गत मास की अपेक्षा लाभ अच्छा, स्त्री पुत्र की चिन्ता, वृथा खर्च, उत्साह ठीक, विचार शुभ। मार्च २१,२२ अशुभ।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

द्वादश-राशियों का मासिक-फलादेश सं० २०३० वि० (सन् १९७३-७४)

राशि	कार्तिक, (१३ अक्तू. से १४ नवं. तक)	मार्गशीर्ष (१५ नवं. से १४ दिसं. तक)	पौष (१५ दिस. से १२ जन. सन् १९७४ तक)
मेष	सेवक वा किसी प्रियजन से मन खिन्न, अपमान भय, लाभ अच्छा, राजपक्ष से चिन्ता, यात्रा में भय। अक्तू. १९, २०, २८, २९, नवं. ७, ८ अशुभ।	सहयोगी से मतभेद, विशेष परिश्रम से लाभ, स्त्री से सन्तोष, सन्तान से मन खिन्न, वायु कफ विकार। नवं. १५, १६, २४, २५, २६, दिसं. ४, ५, १२, १३ अशुभ।	स्वास्थ्य कमजोर, कारोबार कुछ ठीक, पारिवारिक झंझटों से अशांति, खर्च विशेष, राजपक्ष शुभ। दिसं. २१, २२, २३, ३१, जन. १, २, ९, १० अशुभ।
वृष	राजपक्ष से चिन्ता, मित्र बन्धु से मन मुटाव, अपमान भय, लाभ अच्छा, बनते काम में विघ्न। अक्तू. २१, २२, ३०, ३१, नवं १, ९, १० अशुभ।	कारोबार में उलझन, व उलट फेर, रोग वा चोट का भय, राज पक्ष से भय, मित्र बन्धु से सन्तोष। नवं १७, १८, २७, २८, दिसं. ६, ७, १४ अशुभ।	दुष्ट से भय, शुभ में प्रवृत्ति, स्त्री वा पुत्र से हैरानी कमर तोड़ खर्च, कारोबार मध्यम। दिसं. १५, १६, २४, २५ जन. ३, ४, ११, १२ अशुभ।
मिथुन	वृथा विवाद, क्रोध वृद्धि, परस्पर में फूट, शुभ में प्रवृत्ति, लाभ से खर्च अधिक, चोट वा शत्रु से भय। अक्तू. १६, २३, २४, नवं. २, ३, ११, १२ अशुभ।	नई चिन्ता व्यापे, स्वास्थ्य खराब होकर फिर सुधरे, सत्संग लाभ, नये काम की योजना। नवं १९, २०, २१, २९, ३०, दिसं. १, ८, ९ अशुभ।	मान प्रतिष्ठा अच्छा, सन्तान चिन्ता, कारोबार ढीला पशु लाभ, मास के उत्तरार्द्ध में लाभ। दिसं. १७, १८, २६, २७, २८, जन. ५, ६ अशुभ।
कर्क	बन्धु चिन्ता, स्वास्थ्य खराब, ठगी का भय, कारोबार में गड़बड़ी, धर्म में रुचि, यात्रा भी हो। अक्तू. १७, १८, २५, २६, २७, नवं ४, ५, ६, १३, १४ अशुभ।	ठगी का भय, जमीन मकान की चिन्ता, अचानक अशुभ समाचार से कष्ट, कारोबार शिथिल, पुत्रादि द्वारा व्यय। नवं. २२, २३, दिसं. २, ३, १०, ११ अशुभ।	शत्रु, रोग भय, कारोबार मध्यम, शत्रु कमजोर, सन्तति की ओर से खुशी, महापुरुषों से मिलाप। दिसं. १९, २०, २९, ३०, जन. ७, ८ अशुभ।
सिंह	विलासिता में मन, व्यय अधिक, प्रिय व्यक्ति से मेल, लाभ होकर हानिभय, स्वास्थ्य में बिगाड़। अक्तू. १९, २०, २८, २९, नवं. ७, ९ अशुभ।	लाभ मध्यम, राजपक्ष शुभ, मस्तक वा उदर में पीड़ा, अचानक यात्रा, बड़े पुरुषों का दर्शन। नवं. १५, १६, २४, २५ २६, दिसं. ४, ५, १२, १३ अशुभ।	कारोबार से लाभ अच्छा, राजपक्ष शुभ, नई योजना, मान प्रतिष्ठा बढ़े, भाई बन्धु से मिलाप, रोग भय। दिसं. २१, २२, २३, ३१, जन. १, २, ९, १० अशुभ।
कन्या	उद्योग में शिथिलता, वायु पीड़ा, गुप्त रूप से शत्रु भय, कारोबार ठीक, लाभ से व्यय अधिक। अक्तू. २१, २२, ३०, ३१, नवं. १, ९, १०, अशुभ।	मित्र बन्धुओं से मन खिन्न, कारोबार में नई योजना, लाभ अच्छा, राजपक्ष से चिन्ता, यात्रा में भय। नवं. १७, १८, २७, २८, दिसं. ६, ७, १४ अशुभ।	लाभ होकर पुनः हानि का भय, मानसिक चिन्ता, किसी बने काम में विघ्न, घरेलू झंझटों से हैरानी। दिसं. १५, १६, २४, २५, जन. ३, ४, ११, १२ अशुभ।
तुला	अनेक उलझनों का सामना करना पड़े, कारोबार से लाभ, शुभ यात्रा, मित्र मिलाप। नये काम का विचार। अक्तू. १६, २३, २४, नवं २, ३, ११, १२ अशुभ	शत्रु हानि, काम में रुचि, लाभ मध्यम, स्त्रीपुत्र द्वारा खर्च, प्रिय मित्र मिलाप, वाहन सुख, स्वास्थ्य ठीक। नवं. १९, २०, २१, २९, ३०, दिसं. १, ८, ९ अशुभ।	काम में सफलता, सुख शान्ति लाभ, कारोबार ठीक, स्वास्थ्य अच्छा, आफिसर लोगों से मेल, मानवृद्धि। दिसं. १७, १८, २६, २७, २८, जन. ५, ६ अशुभ।
वृश्चिक	वस्त्रादि में व्यय, पुत्र स्त्री द्वारा व्यय, स्वास्थ्य मध्यम, शत्रु नाश, कारोबार की चिन्ता। अक्तू. १७, १८, २५, २७, नवं. ४, ५, ६, १३, १४ अशुभ।	विशेष परिश्रम हो ते हुए भी उन्नति में बाधा, घरेलू झंझटों से हैरानी। शिर वा उदर में पीड़ा, लाभ मध्यम। नवं. २२, २३, दिसं. २, ३, १०, ११ अशुभ।	नये शत्रु उत्पन्न हों, रोग व चोट भय, पारिवारिक सुख ठीक, खर्च अधिक, शुभ में प्रवृत्ति, जमीन मकानादि की चिन्ता। दिसं. १९, २०, २९, ३०, जन. ७, ८, अशुभ।
धनु	स्त्री की तरफ से चिन्ता, कारोबार ठीक, नये कारोबार की योजना, घर में वृद्ध बच्चों को कष्ट वा उदर विकार। अक्तू. १९, २०, २८, २९, नवं. ७, ८, अशुभ	दान धर्म में रुचि, पैर वा उदर में पीड़ा, स्त्री व बच्चा का रोग-भय, खर्च अधिक, बड़े पुरुषों की कृपा से खुशी। नवं. १५, १६, २४, २५, २६, दिसं. ४, ५, १२, १३ अशुभ।	कारोबार ठीक चलते हुए भी लाभ कम, राजकीय कामों में उलझनें, सन्तति चिन्ता, काम में विघ्न,। दिसं. २१, २२, २३, ३१, जन. १, २, ९, १० अशुभ।
मकर	लाभ मध्यम, घर में द्रव्य का दुरुपयोग, दुष्ट जनों से हैरानी, वृथा यात्रा, शत्रु नाश। अक्तू. २१, २२, ३०, ३१, नवं. १, ९, १० अशुभ।	खर्च बढ़े, लाभ मध्यम, कारोबार में बाधा, वृथा विवाद, नए नए विचार, बड़ों से शान्ति लाभ। नवं. १७, १८, २७, २८, दिसं. ६, ७, १४ अशुभ।	सन्तति व स्त्री से मन मुटाव, लाभ अच्छा, चिन्तित योजनाओं में विघ्न, चोर, वा रोग भय। दिसं. १५, १६, २४, २५, जन. ३, ४, ११, १२ अशुभ।
कुंभ	किसी शुभ कृत्य की योजना, लाभ अच्छा, शत्रु-नाश, रुका काम बने, बन्धु चिन्ता। अक्तू. १६, २३, २४, नवं. २, ३, ११, १२ अशुभ।	शुभ में खर्च, वृथा विवाद, मकान व जमीन की चिन्ता, लाभ मध्यम, ठग चोर से सावधान, व्यय विशेष। नवं. १९, २१, २०, २९, ३० दिसं. १, ८, ९ अशुभ।	मित्र बन्धुओं से मेल, लाभ यथावत्, दुष्ट से अपमान भय, गुप्त शत्रु से सावधान, यात्रा में कष्ट। दिसं. १७, १८, २६, २७, २८, जन. ५, ६ अशुभ।
मीन	लाभ में रुकावट, गुप्त मानसिक चिन्ता, ऋण लेने का विचार, खर्च से हैरानी, वृथा यात्रा। अक्तू. १७, १८, २५, २६, २७, नवं. ४, ५, ६, १३, १४ अशुभ	वन्धु को कष्ट, पशु पीड़ा, नीच से भय, किसी घटना से हैरानी, वृथा खर्च, कारोबार कमजोर,। नवं. २२, २३, दिसं. २, ३, १०, ११ अशुभ।	कार्य में विघ्न, गृह कलह से अशान्ति, धर्म में रुचि, वायु व कफ विकार, पैर में कष्ट। दिसं. १९, २०, २९, ३०, जन. ७, ८ अशुभ।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

द्वादश-राशियों का मासिक-फलादेश. स० २०३० वि० (सन् १९७३ ई.)

राशि	श्रावण (१६ जुला. से १६ अग. तक)	भाद्रपद (१७ अग. से १६ सित. तक)	आश्विन (१७ सित. से १६ अक्तू. तक)
मेष	मित्र बन्धु विवाद, उदर वा पैर में पीड़ा, शुभ में प्रवृत्ति, उत्साह वृद्धि, लाभ अच्छा। जुला. २०,२१, २२, २९, ३०, अग. ७, ८ अशुभ।	स्वास्थ्य ठीक, मान प्रतिष्ठा वृद्धि, नये कारोबार का विचार, लाभ पूर्ववत्, चिन्ता नाश,। अग. १७,१८, २५, २६, सित. ३, ४, ५, १३, १४ अशुभ।	मान वृद्धि, घरेलू स्थिति में सुधार, सहयोगी से हानि, परिश्रम से शरीर में कष्ट, स्त्री से सन्तोष,। सित, २२, २३, ३० अक्तू, १, २, १०, ११, अशुभ।
वृष	मकान आदि की चिन्ता, निजी व्यवसाय में उलझन, शुभ में प्रवृत्ति, मित्र मिलाप, कफ विकार। जुला. २३, २४, ३१, अग. १, ९, १०, ११ अशुभ।	कारोबार कमजोर, बुद्धि उलझन में, वायु विकार, सन्धि पीड़ा, मिलता नफा हाथ न आवे। अग. १९, २०,२७, २८, सितं. ६, ७, १५ अशुभ।	लेन-देन-सम्बन्धी विवाद, पैर व छाती में पीड़ा, असफलता से उदासी, कारोबार की चिन्ता। सित. १६,२४ २५, अक्तू. ३, ४, १२, १३, १४, अशुभ।
मिथुन	मार्ग में भय, बन्धु कष्ट, कारोबार मध्यम, सम्पत्ति की चिन्ता, मास के उत्तरार्द्ध में लाभ। जुला. १६, १७, २५, २६,अग.२,३,१२,१३अशुभ।	बेचैनता से हैरानी, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार, लाभ से व्यय अधिक, निजी जनों से धोखा, सहयोगी का भय। अग. २१, २२, २९, ३०, ३१, सितं. ८, ९, १० अशुभ।	विवाद से हानि, कारोबार की अव्यवस्था से चिन्ता कोष में कमी, अशुभ समाचार से खेद, कमर तोड़ खर्च, सित. १७, १८,२६,२७, अक्तू. ५, ६, ७, १५ अशुभ।
कर्क	वृथा खर्च, हैरानी, धर्म में रुचि, अचानक स्वास्थ्य खराब, लाभ कम। जुला. १८, १९, २७, २८, अग. ४, ५, ६, १४, १५ अशुभ।	मास के शुरु में नई चिन्ताएं, परिणाम शुभ, सन्तति व बन्धुओं के कारण खर्च, लाभ में रुकावट, बुद्धि-भ्रम। अग. १६, २३, २४, सित. १, २, ११, १२, अशुभ।	वायु विकार, जलभय, सन्तति की ओर से खुशी, व्यवसाय से लाभ कम, सत्संग लाभ। सितं. १९, २०, २१, २८, २९, अक्तू. ८, ९ अशुभ।
सिंह	मित्र बन्धु आदि से खुशी, शुभ में व्यय, निजी काम के अलावा भी लाभ। जुला. २०, २१, २२, २९, ३०, अग. ७, ८ अशुभ।	लाभ अच्छा, विवाद में जय, बगीचे आदि की चिन्ता, शत्रु पारस्त, नजीकी यात्रा। अग. १७, १८,२५, २६, सित. ३, ४, ५, १३, १४. अशुभ।	स्वास्थ्य में कुछ बिगाड़, परिणाम शुभ, लाभ अच्छा, प्रतिष्ठा बढ़े, कार्य सिद्धि। सितं. २२, २३, ३०, अक्तू. १, २, १०, ११ अशुभ।
कन्या	कुछ चिन्ताओं से मुक्ति मिले, सन्तति सुख, कारोबार मध्यम, स्त्री द्वारा व्यय। जुला. २३, २४, ३१, अग. १, ९, १०, ११ अशुभ।	प्रिय व्यक्ति को कष्ट, विवाद में जय, धर्म में रुचि, जल भय, सत्संग लाभ, कारोबार ठीक। अग. १९,२०, २७, २८, सित. ६, ७, १५, अशुभ।	सफलता में बाधा, लाभ मध्यम, अचानक खर्च का बोझ आ पड़े, गृह कलह से कष्ट। सितं. १६, २४, २५, अक्तू. ३, ४, १२, १३. १४ अशुभ।
तुला	व्यय विशेष, गुप्त शत्रुभय, पशु कष्ट, कारोबार में अल्प लाभ, स्वास्थ्य में अचानक बिगाड़। जुला. १६, १७, २५, २६ अग. २, ३, १२, १३ अशुभ।	इच्छित लाभ न मिलने से कष्ट, बन्धु वैमनस्य, राजपक्ष शुभ, वायु कफ विकार, पशु लाभ। अग. २१, २२, २९, ३०, ३१. सित. ८, ९, १०, अशुभ।	बन्धु चिन्ता, प्रियजन वियोग, धर्म में अरुचि, विलासिता की ओर झुकाव, लाभ मिलता रहे, सितं. १७, १८, २६, २७, अक्तू. ५, ६, ७. १५ अशुभ।
वृश्चिक	लाभ मध्यम, व्यवसाय में गड़बड़ी, पुत्र स्त्री की चिन्ता, शत्रु पीड़ा, स्वास्थ्य नर्म, वृथा व्यय। जुला. १८,१९,२७, २८, अग. ४, ५, ६, १४, १५ अशुभ।	लाभ से खर्च अधिक, नई परेशानी उत्पन्न हों, सत्पुरुषों से मिलाप, कभी कभी पैर व छाती में पीड़ा। अग. १६,२३, २४'सितं. १, २, ११, १२, अशुभ।	अचानक नई, चिन्ता, सुख समृद्धि में कमी, लाभ मध्यम, धर्म में रुचि, स्वास्थ्य नर्म। सितं. १९, २०, २१, २८, २९, अक्तू. ८, ९ अशुभ।
धनु	स्त्री चिन्ता, उदर वा सन्धियों में पीड़ा, कोष में कमी, सट्टे आदि व्यवसाय से हानि। जुला. २०, २१, २२, २९, ३०, अग. ७, ८ अशुभ।	विवाद से भय, अस्थाई उद्योग से लाभ, चित्त उदास, सुख में विघ्न, वायु विकार। अग. १७, १८, २५, २६, सितं ३, ४, ५, १३, १४ अशुभ।	सत्संग से मन शान्त, सट्टे आदि से हानि, लाभ कम, लेन देन की चिन्ता, वाहन भय। सितं. २२, २३, ३०, अक्तू. १, २, १०, ११ अशुभ।
मकर	चोर ठगों से सावधान, लाभ मध्यम, गुप्त चिन्ता, यात्रा में कष्ट, पैर वा उदर, में पीड़ा। जुला. २३, २४, ३१, अग. १, ९, १०, ११ अशुभ।	कारोबार, मध्यम, सन्तति चिन्ता, शरीर अस्वस्थ, बुद्धि भ्रम, उदासी, पशु सुख। अग. १९, २०, २७, २८, सित. ६, ७, १५ अशुभ।	मित्र बन्धुओं से सन्तोष, नये काम का विचार, धर्म में रुचि, अचानक रोग व शत्रुभय, व्यवसाय ठीक, सितं. १६, २४, २५, अक्तू. ३, ४, १२, १३, १४ अशुभ।
कुम्भ	सन्तति वा भ्रातृ वर्ग से कष्ट, वृथा खर्च, बुद्धि स्थिर न रहे। दुष्ट से भय, पैसे की तंगी। जुला. १६, १७, २५, २६, अग. २, ३, १२, १३. अशुभ।	लेन देन की चिन्ता, विलासिता की ओर रुचि, अपने ही विचार से हानि, पश्चाताप। अग. २१, २२, २९, ३०, ३१, सितं. ८, १० अशुभ।	कुछ लाभ हाथ से निकले, चित्त में भय, कारोबार मध्यम, पड़ौसी व मित्रों से विवाद, राजपक्ष शुभ। सित. १७ १८, २६, २७, अक्तू. ५, ६, ७, १५ अशुभ।
वृष--माता का दक्षिण में शिर, उपसूतिका ३ या ४, जन्मोपरान्त दो और आईं, जन्मते ही बालक दीर्घ शब्द से रोया, गौरवर्ण, अधोमुख, पाद से प्रसव, घर के पूर्व हिस्से में सूतिका स्थान, श्वेत-स्वच्छ वस्त्र, जन्म से पहले माता ने शुष्क शाकादि भोजन किया, १।२८।३३।४४।६१ वर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के प्रारम्भ में महामृत्युञ्जय का जप और ब्राह्मण भोजन करवाना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मिथुन--माता का सिर पश्चिम में, उपसूतिका ३ या ५, माता का हरा या जीर्ण वस्त्र, शिर से प्रसव, मुख ऊपर को, जन्मते ही दीर्घ शब्द किया, नाल छूटा था, घर के आग्नेय भाग में जन्म, माता ने पहले लवणयुक्त विचित्रान्न भोजन किया, दूध कम उतरे, ४।१०।१४।३८।५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के प्रारम्भ में शिवार्चन और मृत्युञ्जय का जप करवावे। यदि इन वर्षों से बचे तो ६८ वर्ष जीवे।

कर्क--माता का उत्तर में शिर, उपसूतिका ५ या ४, बालक जन्मते ही छींका, नाल छूटा, भूमि पर जन्म, घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान, माता के वस्त्र श्वेत व लाल, माता ने प्रसव के पहले मधुर व शीतल भोजन किया था, दीपक उठाया गया, बालक के वामांग में लहसन आदि का चिन्ह, देर से रोया, ५।२५।४०।५८।६२ इन वर्षों मे बालक कष्ट पावे। इनसे बचे तो १०० वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों में प्रवेशसमय तुलादान, छायादान और मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जाप करवाना कल्याणप्रद है।

सिंह--माता का पश्चिम या पूर्व में शिर, मलीन सा लाल वस्त्र, शुष्क कसैला या खट्टा भोजन किया था, जन्म समय स्त्री ३, पीछे से १ आई, दीपक स्थिर रहा, बालक जन्मते ही तुरन्त रोया, घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान, ५।१३।२८।३६।४८ इन वर्षों में बालक कष्ट पावे। इनसे बचे तो ६७ वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों के प्रवेश होते ही श्रीसूर्य नारायण के मन्त्र का जाप या आदित्यहृदय का पाठ और मीठा भोजन करावे तो कल्याण रहेगा।

कन्या--माता का दक्षिण में शिर, रक्त जीर्ण वस्त्र, मिष्टान्न बासी चीज या बड़े आदि का भोजन, जन्म समय स्त्री ३ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक ने जन्मते ही अर्द्ध शब्द किया। घर के नैऋत कोण में सूतिका-स्थान, ४।१६।२३।३६।५५ वर्ष कष्टकारक है यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

तुला--माता का शिर पश्चिम या पूर्व को, श्वेत जीर्ण वस्त्र, भुना हुआ अन्न, ठंडा जल या कोई मामूली चीज क्रोधपूर्वक खाई थी, जन्म समय स्त्री ३ या ६, वहां एक कन्या भी हो, दीपक उठाया गया, बालक जन्म समय कुछ ठहर कर अर्द्ध शब्द करके रोया, घर के पश्चिम भाग में सूतिका-स्थान, ८।१५।३१।३५।६२।६४ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में नवग्रह का दान, हवन, जप करवाना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ७५ वर्ष जीवे।

वृश्चिक--माता का दक्षिण या उत्तर में शिर, रक्त वा हरा वस्त्र कष्ट अधिक, अमधुर मामूली कांजीपूर्वक भोजन, जन्म समय स्त्री २ या ३, पीछे से भी दो आईं, दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया, छींक भी किया, दीर्घकेश, घर के पश्चिम भाग में प्रसवस्थान, ११।२८।३८।५२।६२ इन कष्टकारक दीर्घ वर्षों के प्रारम्भ में मृत्युञ्जय जप और तुलादान कराना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

धनु--माता का शिर पश्चिम या पूर्व को, पीत वा रक्त वस्त्र, पक्वान्नादि भोजन, जन्म समय स्त्री १ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर तत्काल दीर्घ शब्द से रोया, और छींक भी किया, घर के वायव्यकोण में सूतिकास्थान, २।१०।१८।३१।३८।४२।६७ इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन, महामृत्युञ्जय जप, ब्राह्मण भोजन श्रेष्ठ है, यदि इन वर्षों से बचे तो ८१ वर्ष जीवे।

मकर--माता का शिर दक्षिण में, ऊपर काला वा जीर्ण कमजोर वस्त्र, गुड़, दुग्ध, कसैला भोजन, ठण्डा जल पान किया था जन्म समय स्त्रियां २, पीछे से १ आई, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर अर्द्ध शब्द से रोया और छींक भी किया, घर के उत्तर भाग में पुराना सूतिकास्थान, ५।१३।२७।३६।५७।६३।८७ इन कष्टकारक वर्षों से बचे, तो ९५ वर्ष जीवे।

कुम्भ--माता का शिर पश्चिम को, जीर्ण, धूम्रवर्ण वा कुरूप वस्त्र, मधुर शीत शाकादि कुभोजन, कष्ट अधिक, जन्म समय पास स्त्रियां ४, दो स्त्री पीछे से आईं। उनमें एक स्त्री गर्भिणी भी हो। दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर अर्द्ध शब्द से रोया, वामांग में कोई चिह्न भी हो, घर के उत्तर भाग में सूतिका-गृह, २।२८।३३।४८।६४ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप हितकारक है, इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मीन--माता का शिर उत्तर में, पीत या मलिन वस्त्र, विचित्र सा अल्प भोजन, जन्म समय स्त्री २या ५, दीपक हाथ में उठाया व जलाया गया था, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया, घर के ईशान में सूतिका-स्थान, १।८।१३।३६।४८ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में ग्रह-शान्ति हवन मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जप कराना श्रेष्ठ है, यदि इन वर्षों से बचे तो ८३ वर्ष जीवे।

स्मरण रहे, कि-अधिकांश जिस लग्न के लक्षण मिलें-वही बालक का जन्मलग्न जानना, क्योंकि यह साधारण लग्न के फल बलाबल के कारण सभी नहीं मिल सकते।

सुता जन्म सिंहराशि में, घन-मृग जन्मे बाल। अर्ध-शब्द शिशु करत भयो भाषत बुद्धि रसाल॥

अथादौ पितृपरोक्ष ज्ञानम्--(१) जन्म लग्न को चन्द्रमा न देखे; (२) वृष-शुक्र के मध्य में चन्द्रमा हो, (३) लग्न में शनैश्चर चन्द्रमा से अदृष्ट हो, (४) भौम सप्तम, चन्द्रमा लग्न को न देखता हो, इन चार योगों में से एक भी योग में उत्पन्न हुए बालक का पिता के परोक्ष में जन्म कहना।

जहां राहु शैय्या तहां भंग जहां कुज होय। रविस्थान में दीप कहि शनी लोह कहि सोय॥

जन्मकुण्डली में दिशा ज्ञान--पूर्व, द्वितीय, तृतीय--ईशान। चतुर्थ--उत्तर। पञ्चम, षष्ठ--वायव्य। सप्तम--पश्चिम। अष्टम, नवम--नैऋत। दशम--दक्षिण। एकादश तथा द्वादश भाव को आग्नेय समझना।

अथ प्रसूति-स्थानात् पाकशालादि विचारः

जन्मकुण्डली में सूर्य मंगल जिस दिशा में हों, वहां अग्निस्थान (पाकगृह) जानना, इसी तरह चन्द्रमा से जलस्थान, बुध से भण्डार, गुरु से धनस्थान, शुक्र से, शेषस्थान और

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

शनैश्चर की साढ़ेसाती एवं ढैया का विचार

बृहत्कल्याणी (साढ़साती) साढ़े सात वर्ष की होती है. जो जन्मराशि से बारहवीं राशि में शनि के आने पर २॥ वर्ष तक सिर पर (चढ़ती), जन्मराशि में जाने पर २॥ वर्ष हृदय पर एवं जन्मराशि से दूसरी राशि में आने पर पैरों पर (उतरती) मानी जाती है।

लघुकल्याणी (ढैया) अढ़ाई वर्ष की होती है, जो जन्मराशि से चौथी एवं आठवीं राशि में शनि के आने पर मानी जाती है।

जिसकी जन्मकुण्डली में शनैश्चर का शुभ ग्रह से सम्बन्ध हो अथवा महादशा का अन्तर शुभ चल रहा हो, उसे शनि का अशुभ फल कम होता है। यदि चन्द्र-शनि जन्म में अशुभ ग्रहों से युक्त हों, तो साढ़साती व ढैया महान् अशुभ, चिन्ता, धनहानि, कार्य में विघ्न, रोजगार में कमी, व्यर्थ कलह एवं रोग, पशुपीड़ा हानि आदि का कारण बनती है। शान्त्यर्थ शनिवार के दिन सतनाजा को तेल का हाथ लगाकर पक्षियों को डालना चाहिए या शनिवार को तेल में मुख देखकर उसमें मिष्टान्न गुलगुले बनाकर गरीबों को या भैंसे, कुत्ते को देवें। महावीर जी पर सिन्दूर, तेल चढ़ाना भी कल्याण प्रद है।

जन्मकालिक स्पष्ट चन्द्र के अंशों की स्थितिवश सूक्ष्म रीत्या साढ़साती या ढैया का प्रवेश या समाप्ति समझें। शनि अपनी साढ़साती में किसी को लगते समय, किसी को उतरते समय, किसी को मध्य में खराब होता है। यदि जन्मपत्री में चन्द्र तथा शनि २।६।१२ वें स्थान में पड़े हों, अथवा शत्रु-क्षेत्रीय अस्त तथा नीच या पाप दृष्ट या पाप ग्रह के साथ उक्त स्थानों में पड़े हों, तो साढ़ेसाती में अनेक संकट आवेंगे। जिनके जन्म के शुभ स्थानों में सबल शनि-चन्द्र पड़े हों तो उन्हें व्यापार की धूम धाम, सम्पत्ति की भरभराहट तथा हर प्रकार की सफलता मिलेगी। साढ़ेसाती में शनि का प्रत्येक राशि के लिए अशुभ काल इस प्रकार है— मेष राशि वालों को बीच के ढ़ाई वर्ष खराब, वृषभ राशि को पहले ढ़ाई वर्ष, मिथुन को अन्त के ढाई वर्ष खराब, कर्क को बीच के ढाई वर्ष, सिंह को पहले ५ वर्ष, उसमें भी मध्य के ढ़ाई वर्ष विशेष खराब हैं। कन्या को पहले ५ वर्ष उसमें भी मध्य के ढ़ाई वर्ष विशेष अशुभ हैं। तुला को आखिर के ढ़ाई वर्ष, वृश्चिक को अन्तिम ५ वर्ष नेष्ट हैं, उसमें भी बीच के ढ़ाई वर्ष विशेष अशुभ हैं। धनु को प्रारम्भ के ढ़ाई वर्ष, मकर को पहले ५ वर्ष, उसमें भी पहले ढ़ाई वर्ष विशेष खराब हैं। कुम्भ को आदि अन्त के ढ़ाई वर्ष विशेषकर अन्त के ढ़ाई वर्ष अधिक अशुभ हैं। मीन को पूरे साढ़े सात वर्ष नेष्ट हैं, उनमें भी अन्त के ढ़ाई वर्ष विशेष अशुभ फल वाले होते हैं। शनि के ढ़ाई वर्ष के भ्रमण काल के १०-१० महीने के तीन तीन हिस्से होते हैं, उनमें फलादेश में परिवर्तन आ जाता है। एक राशि के ३० अंश होते हैं और शनि एक राशि पर ३० महीना रहता है, निष्कर्ष यह है कि—शनि एक मास में एक अंश चलता है; इस समय में जब जब उसका राहु, मंगल या सूर्य से सम्बन्ध होता है, तब अशुभ फल करता है। शनि जिस प्रकार अशुभ योगों में अशुभ-फल देता है, उसी प्रकार शुभ-योगों में शुभ फल भी करता है। इसी प्रकार यह साढ़ेसाती लग्न की तथा सूर्य की भी देखी जाती है। सूर्य की साढ़े साती में व्यापार खराब हो जाता है और लग्न की साढ़े साती में स्वास्थ्य खराब होता है, चिन्ताएं बढ़ती हैं।

मिथुन में शनि—वि. सं. २०२८ की वैशाख शु. ४ बु. (२८ अप्रै, १९७१) को वृष-राशिस्थ चन्द्रमा के समय शनिदेव वृष-राशि में प्रविष्ट हुए थे। वि. सं. २०२९ में भी शनि देव वृष-राशि में ही रहे हैं। परन्तु वि. सं. २०३० के ज्येष्ठ शु. १० शनिवार, तदनुसार १० जून सन् १९७३ ई. को शनि देव वृष-राशि को छोड़कर कन्या-राशिस्थ चन्द्रमा के समय मिथुन-राशि में प्रविष्टे होंगे, संवत के अन्त तक एवं बाद तक शनिदेव इसी राशि में रहेंगे।

मेषादि राशियों का साढ़सती एवं ढया का सुवर्णादि पाद विचार इस प्रकार है — (शेष-वृष राशि के शनि की साढ़सती एवं ढैया का मेषादि राशियों के लिए सुवर्णादि पाद विचार वि. स. २०२९ के श्री मार्तण्ड पंचांग में देखें।)

वृष—साढ़ेसाती पैरों पर, अढ़ाई वर्ष शेष हैं, चांदी के पाए लाभप्रद, शुभ है। **मिथुन**—साढ़ेसाती छाती पर, पांच वर्ष शेष, लोहे के पाए, कष्टप्रद है। **कर्क**—साढ़ेसाती मस्तक (सिर) पर, साढ़े सात वर्ष शेष, तांबे के पाए, शुभ हैं। **वृश्चिक**—ढैया, सुवर्ण के पाए, चिन्ताकारक। **मीन**—ढैया, तांबे के पाए, शुभ है। मेष, सिंह, कन्या, तुला धन, मकर एवं कुम्भ राशि वालों के लिए शनि की साढ़े साती एवं ढैया इस वर्ष नहीं है।

गुरु का शुभाशुभ फल—वि. सं. २०२९. माघ कृ. ७ बुधवार (२५ जन. १९७३) से गुरु मकर में आया है और फाल्गुन कृ. २ शुक्रवार (८ फर्वरी, १९७४ ई.) तक गुरु मकर में रहता है। तत्पश्चात् फाल्गुन कृ. ३ शनिवार (९ फर्व. १९७४) से वर्षान्त तक गुरु कुम्भ राशि में रहेगा। प्रत्येक राशि के लिए इसका शुभाशुभ फल निम्नांकित चक्रों से जानिए—

मकर राशि के गुरु का शुभाशुभ फल

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
मध्यम	शुभ	अशुभ	शुभ	मध्यम	शुभ	अशुभमध्यम	शुभ मध्यम	अशुभ	शुभ		

कुम्भ-राशि के गुरु का शुभाशुभ फल

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
शुभ	मध्यम	शुभ	अशुभ	शुभ	मध्यम	शुभ	अशुभ	मध्यम	शुभ	मध्यम	अशुभ

गुरु का विशेष फल—गुरु जब तक जिस राशि का शुभ फलप्रद होते हैं, तब तक उस राशि वालों को विद्या व सन्तति की ओर से सुख, मित्र-बन्धु मिलाप, मान वृद्धि, खुशी, धन लाभ, शुभ यात्रादि अच्छे फल प्रदान करते हैं और जिन राशि वालों को यह मध्यम होते हैं, उन्हें शुभाशुभ मिले-जुले फल प्रदान करते हैं और जिन राशि वालों को अशुभ फलप्रद होते हैं, उन्हें धन-मान हानि, विद्या व सन्तति की ओर से चिन्ता, वृथा यात्रा, शारीरिक कष्ट, बड़ों से वैमनस्य आदि अशुभ फल होते हैं।

शान्त्यर्थ गुरुवार का व्रत, दान फल तथा चिड़ी आदि पक्षियों को हल्दी से पीले किए हुए कच्चे चावल, डालने चाहिए।

राहु का शुभाशुभ फल—वि. सं. २०२९, भाद्र, कृ. १३, (५ सित १९७२) से राहु धनु में चल रहा है। इस वर्ष भी वि. सं. २०३० के अन्त तक राहु धनु में ही रहेगा, जिसका शुभाशुभ प्रत्येक राशि के लिए इस प्रकार है :—

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
मध्यम	अशुभ	मध्यम	शुभ	मध्यम	अशुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ	अशुभ	शुभ	मध्यम

राहु का विशेष फल—राहु जब तक जिस राशि का शुभ-फल-प्रद होता है, तब तक उस राशि वालों को प्रिय-मिलन, द्रव्य-लाभ, स्वास्थ्य सुख, घर में सन्तोष, कुटुम्ब में वृद्धि आदि शुभ फल देता है। जिन राशि वालों को मध्यम होता है, उन्हें यदा कदा किंचित शत्रु-भय, कुछ हानि, लाभ कम, वृथा कलह, द्रव्यचिन्तादि देता है और जिन राशि वालों को यह अशुभ होता है, उन्हें अकस्मात् हानि, चोट-रोग, भय, खर्च, अधिक, मित्र-बन्धु वियोग, गृह-कलह, अशुभ विचारों की ओर मन की दौड़, इत्यादि फल देता है।

शान्त्यर्थ प्रत्येक मास के पहिले बुधवार की रात को तेलपक्व वस्तु गरीबों को वा कुत्तों को डालते रहें।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection.

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

विश्व के प्रमुख राष्ट्र

ब्रिटेन— इस देश की कुण्डली में १८ अक्तू. ७३ को यूरेनस पंचम भाव में आएगा, यही ग्रह आयरलैण्ड की प्रभाव राशि वृष से छठे भाव में होगा। प्लूटो और यूरेनस १७ अक्तू. तक इंग्लैंड के चतुर्थ भाव में एक साथ होंगे। ब्रिटेन की प्रभाव राशि से गुरु अष्टम भाव में फर. १९७४ तक रहेगा। ये सारी ग्रहस्थिति आयरलैण्ड की स्थिति के लिए अनुकूल है। अष्टमस्थ नीच का गुरु किसी विशेष संकट को जन्म देगा। उ. आयरलैण्ड की समस्या जोर पकड़ेगी, धार्मिक आधार पर संघर्ष बढ़े, ब्रिटिश सरकार इस समस्या को सुलझाने एवं इस क्रान्ति को कुचलने में असफल रहेगी। उ. आयरलण्ड के आयारिश गणराज्य में मिलाने के लिए भरसक प्रयत्न होंगे, परन्तु क्योंकि आयरलैण्ड के नवम भाव में नीचस्थ गुरु ८ फर्व.१९७४ तक रहेगा, तब तक इन प्रयत्नों में अभीष्ट सफलता मिलने का कोई विशेष योग नहीं। उ. आयरलैण्ड की जनता को कठिन समस्याओं का सामना करना पड़े। आगे कुम्भस्थ गुरु में (९ फर. १९७४ के बाद) ग्रहस्थिति उत्तरी आयरलैण्ड के अनुकूल है, इस राशि में गुरु के रहते संयुक्त आयारिश गणराज्य बनने के योग हैं। ब्रिटेन के धनभाव का नीचस्थ गुरु देख रहा है, एवं अन्य ग्रहस्थिति के विचार से सितं. १९७३ तक पौण्ड का अवमूल्यन सभव है, मुद्रा विनिमयकी नई दर निश्चित होगा, जिसका प्रभाव अन्य मुद्राओं पर विशेषकर यूरोपीय सांझा व्यापार की मुद्राओं पर पड़ेगा। यूरेनस की गोचर स्थिति के विचार से ज्ञात होता है, कि सन् १९७९ तक इस देश में विशेष राजनैतिक परिवर्तन होंगे।

रूस— इस देश की प्रभाव राशि कुम्भ है, शनि १० जून से इस देश के पंचम भाव में होगा, १८ अक्तू. १९७३ तक यूरेनस अष्टम भाव में रहेगा। प्लूटो भी इसी राशि में है, नीचस्थ गुरु द्वादशस्थ है। १८ अक्तू. ७३ के बाद दो वर्ष के अन्दर विज्ञान में आश्चर्य-जनक उन्नति एवं नई खोज में यहां के वैज्ञानिकों को विशेष सफलता मिले। अन्तरिक्ष-विज्ञान में आश्चर्यजनक सफलता से विश्व में सम्मान बढ़े। U. S. S. R. का जन्म-लग्न सिंह है, राहु की महादशा में शुक्र की अन्तर्दशा चल रही है, राहु दशमस्थ है, अतः अन्तर्राष्ट्रीय समस्याओं में उलझने पर भी यश-प्रतिष्ठा बढ़ेगी ही, अन्य विपक्षी देश हतप्रभ हों। दशमस्थ नेप्च्यून है, आगे ९ फर. ७४ से गुरु लग्न में आजाएगा, अतः आगामी समय समुद्री व्यापार एवं युद्धोपयोगी सामग्री के व्यापार में विशेष प्रगति हो। क्षेपणास्त्रों एवं आणविक अस्त्रों के निर्माण एवं परीक्षण में भी विशेष व्यय हो। अष्टम भाव में यूरेनस प्लूटो का होना किसी उच्च व्यक्ति के पदरिक्त होने का संकेत देता है। राजनैतिक दृष्टि से यह वर्ष विशेष अच्छा नहीं। अमेरिका और चीन के साथ सम्बन्ध खराब हों। भारत एवं रूस की ग्रह स्थिति से ज्ञात होता है, कि-इन दोनों के सम्बन्ध अधिक दृढ़ होंगे। व्यापारिक-सम्बन्ध बढ़ेंगे।

अमेरिका—इस देश की प्रभाव राशि से चतुर्थ भाव में प्लूटो एवं यूरेनस हैं। १८ अक्तू. के बाद यूरेनस पंचम भाव में आजाएगा। नेप्च्यून छठे भाव में चल रहा है, नीचस्थ गुरु अष्टम भाव में है, यह ग्रह स्थिति इस देश की आन्तरिक-स्थिति के लिए अच्छी नहीं है। गतवर्ष श्री मार्तण्ड पञ्चांङ्ग में पृष्ठ १२–१३ पर लिखा था कि :—

"द्वादशस्थ वृष के शनि में मुद्रा विषयक समस्याएं सामने आएंगी, डालर संकट में पड़ेगा। अन्तर्राष्ट्रीय जगत् में प्रतिष्ठा को धक्का लगे, पाकिस्तान की ओर झुकाव रहेगा १९७२ में यहां की विदेश नीति में विशेष परिवर्तन दिखाई देगा"

ठीक तदनुसार डालर का अवमूल्यन हो चुका है। निक्सन की नीति ने बंगला देश में हुई घटनाओं को नगण्य मानकर पाकिस्तान की मदद करके अपने देश की प्रतिष्ठा को धक्का पहुचाया है। निक्सन ने अपने सुचिर विरोधी चीन के साथ मैत्री सम्बन्ध स्थापित करने के लिए वहां की यात्रा करके अप्रत्याशित प्रयत्न किए हैं। आगे मिथुन एवं कर्क के शनि (अर्थात् आगामी पांच वर्षों) में डालर की कीमत और गिर जाएगी। १८ अक्तू. के बाद का समय भी इस देश के अनुकूल नहीं; आन्तरिक तथा अन्तर्राष्ट्रीय राजनैतिक क्षेत्र में विरोधीदल बल पकड़े, उग्रप्रदर्शन और हड़तालों से जन साधारण में परेशानी बढ़े। छठे भाव में नेप्च्यून का होना लेबर पार्टी में दृढ़ता तथा वायु-समुद्री सेना में विशेष वृद्धि का सूचक है। दशमेश गुरु के अष्टम भाव में नीचस्थ होने से वहां की कुछ जनता में बेकारी आदि से असन्तोष व्याप्त हो। ९ फर. ७४ के बाद यह ग्रह त्रिकोण में होगा, अतः इसके बाद आगे के एक दो वर्ष में बेकारी की समस्या के समाधान में सफलता मिले। विशेषकर मीन के बृहस्पति (सन् १९७५ ई.) में समय अनुकूल होगा। भारत के साथ सम्बन्ध अपेक्षा कृत ठीक होने लगेंगे।

चीन—इस देश की प्रभाव राशि से द्वादशस्थ प्लूटो एवं द्वितीयस्थ नेप्च्यून है। यह ग्रहस्थिति शत्रुओं में वृद्धि एवं गुप्तचर विभाग के विशेष सक्रिय होने की सूचक है। परन्तु आर्थिक स्थिति और अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में विशेष वृद्धि का योग बनाती है। इस दृष्टि से चतुर्थ भाव में गुरु का होना भी शुभ है। ९ फर. ७४ को गुरु पंचम भाव में आजाएगा और शनि पहले ही नवम में चल रहा है। गुरु-शनि का त्रिकोण में होना यहां सन् १९७४ई. में विशेष वैज्ञानिक उन्नति की ओर संकेत करता है। व्यापार में भी वृद्धि होगी। गतवर्ष के श्री मार्तण्ड पंचांग में पृ. १३ पर लिखा था :—**"(चीन का) राजनैतिक दृष्टि से विश्व पर प्रभाव बढ़ेगा, अन्तर्राष्ट्रीय जगत् में विश्व की शक्तियों में गणना होगी"** तदनुसार इसने राष्ट्र संघ के वरिष्ठ सदस्यों में स्थान पाकर वीटो का अधिकार प्राप्त किया; यह सर्वविदित है। १८ अक्तू. को यूरेनस का लग्न में आना विरोधी राष्ट्र के साथ तनाव की स्थिति पैदा कर सकता है। यूरेनस के तुला में रहते रहते (लगभग ७ वर्ष) तक भारत-चीन सम्बन्धों में पूर्णतया सुधार का योग नहीं, ऊपर से सम भाव दिखाने पर भी अन्दरूनी तौर पर भारत का विरोध करने में निष्क्रिय न रहेगा। पाकिस्तान के प्रति चीन की दुमुंही नीति रहेगी, स्वार्थवश हिन्द महासागर में प्रभाव को बनाए रखने के लिए पाकिस्तान की मदद करता रहेगा। प्रछन्न रूप से हनेई की मदद करते हुए भी प्रत्यक्ष रूप में वाशिंगटन से सम्बन्ध-प्रदर्शन का नाटक रच सकता है। सन् १९७३ के अन्त एवं १९७४ के प्रारम्भ में योग इस देश के लिए हानिप्रद हैं। यह समय यहां के प्रधान पुरुषों के लिए नेष्ट है, अराजकता का समाचार मिले। कोई विशेष पद रिक्त हो। जापान के साथ सम्बन्ध बढ़ेंगे, व्यापारिक सन्धियां होंगी। परन्तु पाकिस्तान के साथ चीन की मैत्री सन् १९७४ ई. के बाद क्षीण होती हुई अन्ततः लुप्तप्रायः हो जाएगी।

अरब गणराज्य— इस देश की कुण्डली में द्वादशभाव में नेपच्यून ८ फर्व. १९७४ तक द्वितीय भाव में बृहस्पति होगा। लग्न में राहु चल रहा है। यह सारी ग्रह स्थिति

(शेष पृष्ठ १३९ देखें)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

भारत का वायुमण्डल व वर्षा—अप्रैल में मंगल-गुरु एक राशिस्थ हैं,— यह योग वर्षा में अवरोध करता है—**"एक राशि गतावेती धरा-पुत्रांगिरः-सुतौ। तदा मेघा न वर्षन्ति वर्षा काले न संशय॥** परन्तु १० से १२ अप्र. तक जलचर-राशि कर्क में स्थिति चन्द्र से सप्तम मंगल मकर राशिस्थ है, १४,१५, १६ अप्र. को शनि से पंचम चन्द्र गुरु से पूर्ण दृष्ट है, अतः भूटान सिक्कम लंका के पश्चिमी छोर और बंगाल में वर्षा हो। २५ से २७ अप्रै. तक गुरु चं. मं. मकर-राशिस्थ एवं अमृत नाडी में हैं,

"एक-राशि गतावेती चन्द्रमो-धरणी-सुतौ। यदि तत्र भवेज्जीवस्तदा हीकर्णवा मही॥"

किन्तु—मकर जलचर-राशि एवं अमृत-नाडी महावृष्टिप्रद हैं। अतः इन दिनों सिक्कम, हि. प्र., बंगला देश में भारी वर्षा का योग बनता है। कहीं कहीं से हानि भी हो। १६, १७ जून को मिथुनस्थ शनि से सप्तम चन्द्र शुक्र से पूर्ण दृष्ट है, अतः जून के तृतीय सप्ताह में गोआ, शिलांग, बम्बई और पश्चिमी तट पर वर्षा हो।

जुलाई के दूसरे सप्ताह में पंजाब एवं हरियाणा में आंधी के साथ कुछ वर्षा के योग अवश्य बनते हैं। १५ से २६ अक्तू. तक और आगे ११ से २४ नव. तक प्रायः बहुत जगह सूखा रहेगा। नव. के दूसरे एवं तीसरे सप्ताह में संक्रामक रोग पशु आदि का प्रकोप रहे। आगे भी डेढ़ मास के करीब (दिसं. एवं जन. के प्रथम सप्ताह तक) बुध एवं शुक्र के मध्य सूर्य है, अतः दिसंबर मास में अधिक स्थानों में वर्षा का अवरोध रहे;, **"बुध-भृग्वोर्मध्यगतः भानुश्चेज्जल शोषकः।"** इस योग के बाद भी आगे जन. ७४ के तृतीय सप्ताहान्त तक भी कोई वर्षा का विशेष योग नहीं बनता। १२ से २९ जन. ७४ तक बुध गुरु शुक्र सूर्य मकर राशि में घातयोग बनाते हैं और २२ एवं २३ जनवरी को शु. चं. गु. शु. बु. मकर राशि में हैं, यह पञ्चग्रहयोग बनता है। वायु प्रकोप शीतलहर से हानि हो, धूल भी उड़े।

गुरु-शुक्रार्क शशिजाः यदैकत्र समाश्रिता :।
घातयोगं विजानीयात् पांसु-वृष्टिस्तदा भवेत्॥

२२ जन. से २ दिन के लिए इन चारों ग्रहों के साथ चन्द्रमा भी आ जाता है। इस पञ्चग्रह योग में तो नैऋत्य दिशा में वर्षा होती है।

रवीन्दु शुक्रेज्य शशांकपुत्राः यदैकराशौ सहिताः भवन्ति।
मेघाः प्रवर्षन्ति महार्घता स्यात् प्रजा विनाशो दिशि नैर्ऋते स्यात्॥

अतः लगभग २१जन.'७४ तक चतुर्ग्रही घात योगमें तो प्रायः सर्वत्र वायुका जोर रहे, धूल की वर्षा हो। परन्तु वर्षा का अवरोध रहे। आगे दो तीन दिन के लिए पंचग्रह योग में नैर्ऋत्य दिशा में बहुत वर्षा हो, निमोनिया आदि से तथा कहीं अतिवृष्टि से जनता को कष्ट हो। अनाजों के भाव भी बढ़ने से गरीबों में असन्तोष बढ़े। ९ फर.'७४ को गुरु का कुम्भ में संचार, १५फर. को मंगल का वृष में आना और १२ फर. को कुम्भ संक्रान्ति कालीन ग्रह स्थिति के विचार से बहुत जगह अच्छी वर्षा के संकेत मिलते हैं। किन्तु—२१ जन. '७४ से २७ फर. तक गुरु अतिचारी और शनि वक्री हैं जो कि वर्षा में अवरोध का योग है, अतः विभिन्न प्रान्तों में कहीं वर्षा की खैंच रहे एवं कहीं अधिक वर्षा से हानि भी हो। नैर्ऋत्य दिशा में वर्षा का प्रकोप हो। पुनरपि शारदीय धान्यों की फसल अच्छी ही होगी। फर. के चौथे सप्ताह से वर्षान्त तक मंगल सूर्य से आगे चल रहा है, अतः वर्षा का अवरोध रहे। गुरु संवत्सर (पौष संवत्सर) के विचार से इस वर्ष पूर्व-दक्षिण में दुर्भिक्ष की सी स्थिति रहे। इस वर्ष उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उड़ीसा बिहार आदि में कई स्थानों पर बाढ़ से नुकसान भी होगा, कई स्थानों पर सूखा से भी नुकसान होगा। पूर्वोक्त पंचग्रही के दिनों में प्राकृतिक प्रकोप दुर्घटना शीत लहर हिम पात आदि से नुकसान होगा।

पंजाब—इस प्रान्त की प्रभाव राशि मिथुन से नैपच्यून छठे भाव में है, ३१ मई से शनि लग्न में आ रहा है। यह ग्रहस्थिति इस प्रान्त की आर्थिक स्थिति के लिए अच्छी नहीं है। यहां की सरकार के विरुद्ध विरोधी पक्ष किसी भी स्थिति में टिक न सकेगा। प्रान्त में प्रायः अन्य सब प्रकार से खुशहाली रहे। किसी राजनैतिक समस्या को लेकर प्रधान नेता को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। नए उद्योग धन्धों के लिए नई योजनाएं बनेंगी। पहले उलझी हुई किसी समस्या का हल निकलेगा।

हरयाणा—प्रधान नेता का प्रभाव बना रहे, विशेष समस्या के हल में सफलता मिले। शिक्षा एवं औद्योगिक क्षेत्रों में अधिक प्रगति हो। नई नई समृद्धिप्रद योजनाओं में रुपया लगेगा।

हिमाचल प्रदेश— ८ फर. '७४ तक का समय आर्थिक दृष्टि से अच्छा है, इसके बाद भी केन्द्र की सहायता से व्यय साध्य योजना सम्बन्धी कार्य पूर्ण होंगे। पिछड़े हुए स्थानों की उन्नत्यर्थ यत्न होगा। बागबानी में तरक्की हो। फलों की फसल अच्छी हो, फलों का निर्यात भी हो?। परिवहन सम्बन्धी योजनाओं में भी उन्नति हो।

उत्तर प्रदेश—विद्यार्थी वर्ग में असन्तोष दिख पड़े, पश्चिमोत्तरीय कुछ भाग स्वतन्त्र-प्रान्तीयता चाहे, उत्तराखण्ड में हिमपात जलप्लाव आदि प्राकृतिक प्रकोप से जनता पीड़ित हो। १० जून को शनि मिथुन में आरहा है, अतः जनता को कष्ट हो, कर्मचक्र नुमार शनि दृष्टि विचार से संकेत मिलता है कि आगामी २—२½ वर्षों में रोग एवं बेकारी आदि समस्या से जनता में असन्तोष रहेगा। कई जगह अतिवृष्टि एवं कई जगह अनावृष्टि से नुकसान हो।

बिहार—शनि दृष्टि विचार से यहां भय रोगोपद्रव आदि होंगे, कहीं अकाल की स्थिति बनेगी। कहीं जलप्लाव से हानि भी संभव है। **बंगाल** — में भय—उपद्रव हों, अशान्ति रहे, कहीं दुर्भिक्ष की स्थिति बने।

सौराष्ट्र—**महाराष्ट्र**—राजनैतिक दृष्टि से शासन में दृढ़ता रहे, १८ अक्तू. १९७३ के बाद का समय आर्थिक दृष्टि से ठीक है।

राजस्थान—१८ अक्तू.' ७३ के बाद लग्न में यूरेनस आरहा है, चतुर्थ भाव में नीचस्थ शनि चल रहा है, अतः सर्वविध उन्नति होते हुए भी कुछ नई आर्थिक समस्यायें पैदा होंगी। जनता में असन्तोष पैदा होगा;

काश्मीर—काश्मीर की प्रभाव-राशि तुला में यूरेनस अक्तू.' ७३ में आरहा है और शनि जून के आरम्भ में ही नवम भाव में आजाएगा, सन् १९७३ के जून एवं जुला. के करीब पाकिस्तान काश्मीर के बारे में फिर से गड़बड़ करेगा। षड्यन्त्र के कारण, यवन प्रशासित एवं भारत प्रशासित काश्मीर में खून खराबा की होगी। सैनिक हलचल रहेगी, युद्ध भय व्यापेगा। काश्मीर के विषय में भारत का संकट बढ़ेगा। भारत को इस ओर से सावधान रहना नितान्त आवश्यक है। इन दिनों छठे भाव में मंगल है, अतः शत्रु के षड्यन्त्र अन्ततः विफल सिद्ध होंगे। फर.' ७४ की २१ ता. से लगभग ३ दिन के लिए सू. गु. चं. कुम्भ राशि में हैं— यह योग भी काश्मीर की जनता में अशान्ति एवं उलझनें पैदा करने वाला है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh,Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

प्रभाव राशि के सापेक्ष इस ग्रह की स्थिति के विचार से ज्ञात होता है, कि ७ वर्ष के भीतर (यूरेनस के तुला में रहते रहते) व्यापार में भारत उन्नति की ओर अग्रेसर रहेगा, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापार बढ़ेगा, अन्य देशों के साथ व्यापारिक सान्धियां होंगी, भारतीय मशीनरी औषधी एवं फलों आदि का निर्यात जोर पकड़ेगा, देश को आत्म निर्भर होने में बहुत हद तक सफलता प्राप्त हो जाएगी।

२४ नवं के करीब तिल तेल सरसों आदि में मन्दी आते ही स्टाक करने से दूसरे या तीसरे मास में अच्छा लाभ मिल सकता है। ९–१० दिस. को वृष-राशि में चन्द्रग्रहण हो रहा है;–इन दिनों मोटी घी खाण्ड तेल सोना एवं पीतल तेज हों, गाय एवं बैल के व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़े। २८ दिस. के करीब सरसों बिनौला गुग्गुल कपूर सण तेज हों। ४ जन. '७४ को शुक्र के वक्री होते ही लाईन बदलेगी। ५ जन. से संवत् के अन्त तक शनि मृग. के चतुर्थ चरण में रहेगा, गुड़, तेल घी आदि में तेजी आएगी। २२–२३ जन.' ७४ को सूर्य-शुक्र, बुध, गुरु, चन्द्र ये पांचों ग्रह मकर राशिस्थ होकर पञ्चग्रही योग बना रहे हैं,–

"रवीन्दु शुक्रेज्य-शशांक-पुत्रा यदैक-राशौ सहिता भवन्ति
मेघा प्रवर्षन्ति महर्घता स्यात् प्रजा-विनाशो दिशि नैर्ऋते स्यात् ॥"

उपरोक्त पञ्चग्रही योग के कारण इन दिनों सभी व्यापारिक-वस्तुओं के भाव चढ़ेंगे, और कुछ समय के लिए किसी भी वस्तु में गिरावट के आसार दिखाई न देंगे। परन्तु आगे २१ से २३ फर.' ७४तक सूर्य-चन्द्र एवं गुरु तीनों कुम्भ राशि में एकत्रित हो रहे हैं, अतः इन दिनों केवल जौ, गेहूं आदि अनाज मूंग और वस्त्रों के भाव में कुछ नरमी आए, इस समय स्टाक करने से आगे सातवें मास में अच्छा लाभ मिले, क्योंकि आगे वर्षार्ति में इन वस्तुओं के भाव प्रायः बढ़ते ही रहेंगे। यथा :—

"दिननाथेन्दु-गुरवः यदैकत्र समाश्रिताः,
यवान्न मुद्गवस्त्राणां संग्रहे च कृते सति।
मासे सप्तमके चैव लाभो भवति पुष्कलः॥"

यद्यपि पहले पञ्चग्रही योग के कारण अधिकतर वस्तुओं में प्रायः मंहगाई ही रहेगी, परन्तु ९ फर्व. को गुरु कुम्भ में आ रहा है, अतः रुई के भाव में मन्दी आकर लगभग ६ मास बाद अच्छी मंहगाई आने पर अच्छा लाभ ले सकते हैं। फर्व. के चतुर्थ सप्ताह एवं मार्च के प्रथम सप्ताह में सूर्य-शुक्र के मध्य बुध चल रहा है;—

"अग्रे याति दिवानाथः पृष्ठे च भृगुनन्दनः।
मध्ये सोमसुतो याति भवत्यन्नमहर्घता॥"

अतः अनाज का भाव चढ़ेगा, खाद्य पदार्थों, में महगाई आने से गरीब जनता में असन्तोष दिखाई देगा। मार्च' ७४ के दूसरे सप्ताह के लगभग लकड़ी, लाख, चमड़ा, सरसों में तेजी आने के योग हैं। इस वर्ष शनि पहले मृगशिर में, तत्पश्चात् ३ अग. '७३ से ५ जन. ७४ तक आर्द्रा में रहकर पुनः मृगशिर में आजाएगा। इस मन्द ग्रह का प्रभाव व्यापारिक उतार चढ़ाव में विशेष रहता है। मृगशिर में शनि के रहते ही हाथियों में रोग व्याप्त हो परिणाम स्वरूप इनके व्यापारी एवं मालिकों को हानि हो। किञ्च इन दिनों राहु धनु राशि में है घोड़ो हाथियों को खरीदना मंहगाई के कारण कठिन हो जाए। मृग. के शनि में ही अन्य वस्तुओं में थोड़े उतार चढ़ाव के बावजूद सभी प्रकार के कपड़ों में मंहगाई ही बनी रहेगी, मंहगाई बढ़ती ही जाएगी। परन्तु आर्द्रा के शनि में सभी प्रकार के धान्यों का संग्रह करना अधिक लाभ प्रद हो सकता है, दूसरे या तीसरे मास में काफी लाभ की आशा है।

व्यापारियों की सुविधा के लिए वि. स. २०३० में आने वाले गुड़ घी सरसों आदि की तेजी मन्दी के कुछ योग अलग से नीचे दिए जा रहे हैं; इन योगों के आधार पर कार्य करने से पूर्व व्यापारी वर्ग को अच्छे दैवज्ञ से परामर्श ले लेना आवश्यक है, परामर्श अधिक लाभप्रद सिद्ध हो सकता है।

(१) **गुड़ -खाण्ड के लिए तेजी मन्दी के योग** — ११ जुला. को वक्री बुध कर्क में अस्त हो रहा है, २८–२९ जुला. को इसके साथ चन्द्रमा का योग भी है, अतः गुड़ खाण्ड में अच्छी तेजी का योग है।

(२) १ सित. से ८ अक्तू. तक मंगल भरणी नक्षत्र में मघा का वेध करता है, और ३१ अगस्त से २५ अक्तू. तक गुरु के उ.फा. में रहते ही गुड़ में भारी तेजी आएगी, विशेषकर मंगलवारी कर्क संक्रान्ति (१६ अक्तू. के लगभग) को अच्छा लाभ मिलते ही स्टाक फरोखत करके लाभ ले सकते हैं। अक्तू. के बाद १० जन.' ७४ तक गुड़ खाण्ड के भाव में कोई विशेष तेजी मन्दी का योग नहीं। परन्तु ११ जन.' ७४ से ८ फर. तक मंगल पुनः भरणी में मघा का वेध करता है, अतः इन दिनों गुड़ खाण्ड के भाव फिर से उठेंगे, परिणाम स्वरूप इस वर्ष गुड़ खाण्ड प्रायः चढ़ेंगे ही; ऐसा विचार है।

घी में तेजी मन्दी के योग— (१) ४ अप्रैल (चैत्र शु. प्रतिपदा को बुधवार है), के करीब घी में कुछ मन्दी आए (२) १५ दिसं. को धनु संक्रान्ति शनि वारी है, १३ जन. '७४ को मकर संक्रान्ति के समय मंगल मेष में है और सूर्य गुरुयुत है, एवं १४ मार्च ७४ को मीन संक्रान्ति गुरुवारी है अतः घी में दिसं. के तीसरे सप्ताह से तेजी आकर जनवरी '७४ के दूसरे सप्ताह में विशेष मन्दी आकर संवत् के अन्त तक प्रायः मन्दी ही रहेगी।

गेहूं आदि के लिए योग— (१) २८ मई से ३ जुलाई तक शनि अस्त एवं गुरु वक्री चल रहा है, और आगे ३० जुलाई तक बुध गुरु दोनों वक्री हैं, अतः गेहूं जौ चना में जून में मन्दी चलकर जुलाई में तेजी हो। (२) १२ दिस. '७३ से १० जन.' ७४ तक गुरु शुक्र दोनों श्रवण नक्षत्र में हैं, और २३-२४-२५ फर. को कुम्भ-राशिस्थ गुरु अस्त चल रहा है, चन्द्र मीन में है अतः इन दिनों में गेहूं जौ चना और अनाज मन्दे हों, इस प्रकार यह वर्ष गेहूं आदि अनाज के लिए कोई विशेष तेजी लाने वाला नहीं, प्रायः भावों में एक रूपता रहे।

तिल तेल सरसों एरण्ड आदि के लिए योग:— ९ मई से २७ मई तक पूर्वाभाद्रपदा का मंगल स्वाती को विद्ध करता है। अतः सरसों तेज रहे। (२) १५ जून. ७३ को सूर्य एवं शनि की समकल युति हो रही है और आगे ६ जुला. से ३० जुला. तक बुध-गुरू दोनों वक्री अतः इन दिनों सरसों मूंगफली और एरण्ड में मन्दी आए। ध्यान रहे–वक्रीशनि में यदि एरण्ड का भाव पहले मन्दा हो तो आगे तेज हो जाएगा, यदि एरण्ड का भाव तेज हो तो मन्दा हो जाएगा (३) १ सितं से ८ अक्तू. तक भरणीस्थ मंगल का मघा नक्षत्र पर वेध चल रहा है और आगे भी मार्गी होने पर ११ जनं. ७४ से ८ फर्व. तक भरणीस्थ. मंगल का वेध है, अतः सरसों एरण्ड मूंगफली एवं अलसी तेज हों। (४) धनु संक्रन्ति (१५ दिसं. को) शनिवारी होने से तिल तेल में तेजी आए, इससे पहले खरीदने वालों को अच्छा लाभ मिले। (५) १७ अक्तू. १९७३ से २७ फर. ७४ तक शनि वक्री है, इस अवधि में खल और बिनौला तेज रहेंगे।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

कारण भारत सरकार को आर्थिक समस्याओं, बेकारी; खाद्य एवं प्रोपर्टी सीलिंग आदि सम्पत्ति-विषयक अनेकों समस्याओं के समाधान के लिए अनेकों कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। स्वतन्त्र भारत की २७ वें वर्ष की कुण्डली में भी धन स्थान में नीचस्थ गुरु है, अतः इस स्वतन्त्रता वर्ष में भारत सरकार को काला धन नियन्त्रण में आशानुकूल सफलता न मिलेगी, समृद्धिप्रद योजनाओं को सफल बनाने के लिए आर्थिक संकट का समना करना पड़ेगा। कुछ नए टैक्स लगेंगे। २४ वें गणराज्य प्रवेश की कुण्डली में शनि-यूरेनस-प्लूटो त्रिकोण में है। मंगल और नपच्यून एकादश भाव में हैं, लग्न में नीचस्थ गुरु है। अप्रैल १९७३ से भारतीय गणतन्त्र को सूर्य की महादशा में शनि की अन्तर्दशा प्रारम्भ होगी। यह ग्रह स्थिति भारत की शासन सत्ता में यद्यपि सुदृढ़ता की सूचक है, पुनरपि गुरु की स्थिति के प्रभाव से भारत सरकार को अपनी नीति में विशेष प्रकार के परिवर्तन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

इस वर्ष गुरुमान से रुद्र विंशति का अन्तिम 'क्षय' नामक संवत्सर है, इसका फल बृहत्संहिता में इस प्रकार लिखा है; —

"क्षयमिति युगस्यान्त्यस्यान्त्यं बहुक्षय कारकम्,
जनयति भये तद्विप्राणां कृषिबलवृद्धिदम्।
उपचयकरं विट्शूद्राणां परस्वहृतां तथा॥"

इस संवत्सर में परिगणित और दलित वर्ग, शूद्र आदि जातियों के उत्थान के लिए सरकार कुछ नए सुझाव से काम लेगी, कृषक वर्ग को अनेक सुविधाएं मिलेंगी, कृषि के लिए नये नये साधनों के निर्माण पर बल दिया जाएगा। समाजवाद का लक्ष्य पूरा करने के लिए भारत सरकार धनिक एवं निर्धनों में समीकरण स्थापित करने के लिए एवं पूंजीपतियों की आर्थिक और सम्पत्तिविषयक सीमा को निर्धारित करने के लिए प्रयत्नशील रहेगी। परन्तु विशेष समस्या को लेकर सत्ता प्राप्त कांग्रेस में परस्पर मत-भेद पैदा हो जाएगा जिससे समस्या समाधान में बिलम्ब होगा। नए नए उद्योग चलाकर बेकारी को खत्म करने के प्रयास होंगे। विशेषतः कुभ के गुरु में बड़े बड़े मिल एवं कारखाने एव अन्य बड़े उद्योगों के राष्ट्रीयकरण की नौबत आएगी। अनेकों निर्धनों को बहुत स्थानों पर भूमि वितरण द्वारा कार्यरत किया जाएगा। इस कर्मठ भावना को लेकर आगे बढ़रहे भारत को अपनी सीमा सम्बन्धी विवादों पर भी विशेष रूप से ध्यान देना होगा। वर्ष लग्न की कुण्डली में वृश्चिकस्थ मगल-नेपच्यून की स्थिति जल स्थल एवं नभ सेना में वृद्धि एवं सुदृढ़ता की सूचक है। आधुनिकतम शस्त्रास्त्रों से युक्त भारत की सेनाओं का मनोबल और बढ़ेगा। भारत को पाकिस्तान की गतिविधि से भी आगे भी सावधान रहना होगा। पाकिस्तान अपनी उद्दण्ड नीति को फिर से अपनाएगा। गतवर्ष भारत पर पाकिस्तान ने आक्रमण करके मुंह की खाई है। इस बारे में हम लगातार वि. सं. २०२६ एवं वि. सं. २०२७ के श्री मार्तण्ड पचाङ्ग में भारत सरकार को सावधान करते आए हैं, देखें मार्तण्ड पचाग (२०२६ वि.) अकाशी कौसल में लिखा है :—

भारत सरकार को ई. सन् १९७२ तक शत्रुओं के कारनामों से सावधान रहना आवश्यक है। इसी बात की पुनरावृत्ति (वि. सं. २०२७ के) श्री मार्तण्ड पंचाङ्ग में इस प्रकार की है, (देखें पृ. ९) कि,— "१९७२ तक शासन के समक्ष विषम परिस्थितियें पैदा होंगी, अतः इस अवधि में आक्रान्ता देशों की गतिविधि की उपेक्षा एवं आन्तरिक अन्य दुष्काण्डों की उपेक्षा घातक सिद्ध हो सकती हैं; — शासन सावधान रहे।" भारत सरकार ने बड़ी सूझबूझ से कार्य करके विजय प्राप्त की। अब आगे भी शासन को देश कल्याणार्थ सावधान रहते हुए गरीबी से लड़ने को सन्नद्ध रहना चाहिए।

शिमला समझौता:—२८-६-७२ को सायं ५ बजकर १५ मिनट पर शिमला शिखर सम्मेलन प्रारम्भ हुआ था, जिसमें भारत एवं पाकिस्तान दोनों देश कुछ सीमा तक एक परिणाम पर पहुंचे। तात्कालीन कुण्डली के अध्ययन से ज्ञात होता है, कि कुछ समय पाकर (मकर राशि में गुरु के रहते) पारस्परिक समझौते से विमुख होकर पाकिस्तान पूर्ववत् फिर से उद्दण्ड नीति अपनाएगा। शिखर सम्मेलन की कुण्डली में तृतीय भाव का मकरस्थ शनि एवं एकादश भाव में यूरेनस प्लूटो की स्थिति से इस समझौते का परिणाम दोनों देशों की सेनाओं के अपनी अपनी सीमा पर आने के अतिरिक्त और कुछ न होगा। काश्मीर के बारे में सीमा निर्धारण का प्रश्न विवादास्पद ही रहे। कुण्डली में दशमेश सूर्य के रन्ध्र स्थान में होने से ज्ञात होता है, कि यह समझौता विशेष सफल एवं चिरस्थायी न होगा। भुट्टो का रूप नाटकीय सिद्ध होगा।

भारत का वाणिज्य -व्यवसाय:—वर्षारम्भ में ही मंगल का श्रवण में होना गेंहूं आदि अनाजों में तेजी लाएगा। १९ अप्रैल १९७३ से ८ मई तक मंगल धनिष्ठा में रहेगा। इस अवधि में राई पीतल तांबा और जस्ता तेज होंगे। २२ से २६ मई तक सूर्य-बुध-शुक्र तीनों एक ही राशि एवं रोहिणी नक्षत्र में हैं:—

"एक राशिगता ह्येते सौम्य-शुक्र-दिना धिपाः।
सर्वधान्य महर्घत्वं मेघाः स्वल्प जलप्रदाः॥
एक नक्षत्रगा ह्येते तदा भय-विवर्धनाः।"

इन दिनों गेहूं चना जौ बाजरा आदि में तेजी का वातावरण रहेगा। साथ ही १५ मई से १० जून तक शनि मृगशिर के दूसरे चरण में रहेगा, परिणाम स्वरूप कपास एवं सभी प्रकारके अनाजों में विशेष तेजी होगी, महगाई के कारण जनता में हड़ताल -प्रदर्शन आदि प्रतिक्रियायें भी सभव हैं। जून के दूसरे या तीसरे सप्ताह में पशुओं के भाव में मन्दी के योग हैं, जून के अन्त में सूर्यग्रहण-कालीन ग्रहस्थिति के विचार से ज्ञात होता है, कि सभी प्रकार की धातुएं, लाल रग की वस्तुएं तेज हों परन्तु इन दिनों घी का स्टाक करने से आगे पांचवें मास लाभ सभव है। ६ जुलाई को शनि मृगशिर के चतुर्थचरण में आता है एवं तीन अगस्त तक इसी चरण में रहेगा; — इन दिनों गुड़ तेल और घी आदि के व्यापारियों को महगाई होने से अच्छा लाभ मिले। अगस्त के पहले और दूसरे सप्ताह में अन्तर्राष्ट्रीय-व्यापार में समुद्री जहाज, पनडब्बियां आदि महगे हों। ३ अगस्त के बाद आर्द्रा के शनि में अनाज का स्टाक करने से दूसरे या तीसरे मास अच्छा लाभ मिले। १९ सित. से २५ नवं. तक मंगल मेष राशि में वक्री रहेगा, जोकि मर्शानरी, तांबा, लोहा, ऊन, लाल गेहूं, सरसों एवं पशम में तेजी लाए, साथ ही महत्वपूर्ण औषधियों में तेजी आने से इनके व्यापारियों को अच्छा लाभ मिले। १९ नव. के लगभग इन वस्तुओं में विशेष लाभ के योग बनते हैं।

इस वर्ष १८ अक्तूबर को यूरेनस निरयण तुला राशि में आ रहा है, भारत की

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

जून के आरम्भ में ही बुध का अतिचार समाप्त हो जाता है, फिर शनि अतिचारी एवं गुरु वक्री हो जाते हैं, अतः तब विश्व में अमन चैन दिखाई देगा — "यदातिचारगो मन्दः वक्री भूतोऽगिरः सुतः। तदा नन्दति राजानो नन धान्याकुला धरा।" इस प्रकार १० जून को शनि के मिथुन में आने से पूर्व अन्तरराष्ट्रीय स्थिति साधारण ही रहेगी, शनि की दृष्टि तथा भारत एवं पाक की कुण्डलियों में ग्रहस्थिति के विचार से इन दिनों काश्मीर एवं उत्तरी-सीमा-प्रान्तों में अशान्ति की आशंका है, मिथुन का शनि इस वर्ष उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल, मद्रास, गुजरात, उड़ीसा, आन्ध्रप्रदेश आदि प्रान्तों में रोग-उपद्रव एवं अन्य किसी समस्या को लेकर वातावरण क्षुब्ध करे, उग्र प्रदर्शन, लूट-चोरी आदि की घटनाओं से अशान्ति पैदा होगी। कहीं दुर्भिक्ष की स्थिति बने। पश्चिमी पाकिस्तान एवं अन्य पश्चिमी देशों में क्रान्ति भड़केगी, जनता में असन्तोष एवं शासकों को विकट-स्थिति को संभालना कठिन होगा, अरब आदि की स्थिति चिन्तनीय हो सकती है। पाक आदि में दुर्भिक्ष आदि की स्थिति से समस्या और भी उलझे। कहीं प्राकृतिक प्रकोप—यान दुर्घटना आदि से हानि हो। कहीं पश्चिमी देशों में युद्ध का वातावरण बने, पाक आदि देशों के प्रधान नेता के लिए अग्नि परीक्षा का समय है, समय अच्छा नहीं।

"मिथुने च यदा सौरिः दुर्भिक्षं तत्र रौरवम्।
पश्चिमे दारुणं युद्धं नृपाणां च महद् भयम्॥"

१४ जून से २० जून तक शु. श. बु. के. सू. मिथुन राशि में पंचग्रही योग बना रहे हैं, चौपायों में रोग भय से हानि हो। २९–३० जून को चतुग्रही योग, है, मिथुन राशि एवं आर्द्रा नक्षत्र में सूर्य ग्रहण लगेगा, शासकों में आपसी मत भेद बढ़ने से अस्थिरता आए। मारवाड़, सौराष्ट्र पुष्कर एवं आबू में अशान्ति रहे। ज्ये. शु. प्रतिपदा को शनिवार, आषाढ़ में ५ शनिवार एवं रविवार हैं तथा श्रावण में ५ मंगलवार भी नेष्ट हैं;—मध्यपूर्व एशिया, वियतनाम, अरब इजराइल, रूस, चीन, पाक एव ईरान, अफगानिस्तान, टर्की एव जापान आदि में कहीं प्राकृतिक प्रकोप भूकम्प जलजला आदि से जन धन की हानि सभव है, कहीं पाक वियतनाम अरब, युगाण्डा आदि में आन्तरिक क्रान्ति सुलगे, शासन के विरोध में उग्रप्रदर्शन आदि से अव्यवस्था रहे। अगस्त के दूसरे सप्ताह में बुध के अतिचारी होने पर प्रान्तीय मन्त्रि मण्डलों में हेर फेर के आसार बनने पर भी शासन में स्थिरता रहे, जैसा कि प्लूटो एवं यूरेनस की स्थिति से ज्ञात होता है। २९ अगस्त से १२ सितं. तक का समय साधारण है। आग २६ सितं. तक मेष में वक्री मंगल और मिथुन का शनि मजदूरों में असन्तोष, हड़ताल प्रदर्शन आदि गतिविधियां, मद्रास, बंगाल, तेलंगाना उड़ीसा आदि की पार्टियों में मत विरोध की ओर संकेत देता है, इस वर्ष भारत के सम्बन्ध विरोधी देशों के साथ भी स्वस्थ होने लगग, अक्तूबर में अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में विशेष परिवर्तन संभावित हैं। ४, ५, ८, एवं ९ दिसं. को दिग्दाह योग बनता है— "सूर्यात् विबुः पंचम सप्तमः स्यात् क्षोणीसुतो याति तथारि गेहे। दिग्दाह योगो मुनिना प्रदिष्टः।" विश्व में किसी विशिष्ट राजनीतिज्ञ व्यक्ति के निधन का समाचार मिले! इन्हीं दिनों यम के स्वामित्व में ९–१० दिसं. को चन्द्र-ग्रहण हो रहा है, बुद्धिजीवी लोगों, व्यापारियों एवं किसानों में भी सरकार की नीति से असन्तोष बढ़ेगा। काश्मीर बिहार बंगाल आदि में अशान्ति हो। दिसं. के दूसरे तीसरे सप्ताह में कहीं सैनिक रक्त क्रान्ति हो। इन्हीं दिनों आगे गुरु-शुक्र का युद्ध होते होते बचा है, आठ जून को प्लूटो वक्री हो रहा है, शीघ्र ही विश्व की समस्याओं के हल के लिए सन्धिवार्ताएं हों, स्थिति संभले, क्रान्ति असफल हो। २१ जून से २७ फर. १९७४ तक के समय में गुरु-अतिचारी और शनि -वक्री चल रहा है, १ फर्व. ७४ को यूरेनस तुला में वक्री हो रहा है, २२, २३ जन. ७४ को पंचग्रही योग भी बनता है। कहीं अति वृष्टि, कहीं अनावृष्टि से हानि, मुस्लिम राष्ट्र अरब पाक आदि एव युगाडा आदि द. अफ्रीका में वातावरण क्षुब्ध होगा, इन देशों में जनता शासकों के खिलाफ बगावत कर सकती है।

"अतिचार गते जीवे शनौ वक्रत्वमागते।
हा हा भूतं जगत् सर्वं विशेषाद् दक्षिणा पथे॥"

जन. १९७४ का अन्तिम और फर. का प्रथम सप्ताह तानाशाह एवं राज्य तन्त्रों के लिए अशुभ है। इराक, ईरान, अफगानिस्तान, घाना, कुवैत, टर्की, लीबिया, पाक, अरब ए वं युगाण्डा के शासकों को विषम स्थितियों में से गुजरना पड़ेगा। ९ फर. को गुरु का कुम्भ में आना, ओले आदि से खेती का नाश वा अनावृष्टि से हानि तथा भारत के पूर्वीय प्रान्तों में कहीं महगाई का सूचक है। गर्ग के फल के अनुसार भी इन दिनों राज्य तन्त्र एवं तानाशाह देशों की जनता में शासन के प्रति असन्तोष एवं अविश्वास के वातावरण से वहां शासकों में चिन्ता व्याप्त हो। २१ से २३ फर. ७४ तक चं. सू. गु. कुम्भ राशि में हैं, उत्तरीय देश चीन आदि में आन्तरिक अशान्ति का वातावरण बने :—

"दिन-नाथन्दु-गुरवः यदैकत्र समाश्रिताः।
उत्तरस्यां दिशिभयं प्रजाः क्रन्दन्ति नित्यशः॥"

किञ्च इस वर्ष १५ दिसं. ७३ को धनु संक्रान्ति शनिवारी, १३ जन. ७४ को मकर संक्रान्ति रविवारी एवं १२ फर्व. को कुम्भ संक्रान्ति मंगलवारी है,—इस प्रकार खप्पर योग बनता है, यह योग कहीं हत्याकाण्ड, प्राणियों को महाकष्ट का सूचक है।

भारत एव भारत सरकार:— भारत की ग्रहगति अनुकुल एवं उन्नति प्रद है इस बात की भविष्यवाणी हम गतवर्ष के श्री मार्तण्ड पञ्चांग पृ. ११ पर कर चुके हैं; कि :—

"अगस्त १९७२ के प्रारम्भ से ही प्लूटो सायन तुला राशि में आ रहा है, ये दोनों ग्रह भारत की प्रभाव राशि से दशम भाव में होंगे। प्लूटो के सायन तुला में रहते रहते ही भारत एक दृढ़ स्थायी समर्थ राज्य बनेगा, एक विशेष शक्ति के रूप मे आगे बढ़ेगा।"

तदनुसार भारत-पाक युद्ध में पाकिस्तान की भारी ऐतिहाविक पराजय ने भारत को एक बल विशिष्ट शक्ति के रुप में उपस्थित किया है।

निरयण गणित के अनुसार भारत की प्रभावराशि मकर से यूरेनस १८ अक्तू. ७३ को दशम भाव में आएगा, यह ग्रहदशा भारत की आर्थिक स्थिति के लिए अनुकूल है। साधारण रूप से ७ वर्षों में भारत आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ तकनीकी क्षेत्र में सबल हो जाएगा। बेकारी एव खाद्य की समस्या को सुलझाने में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। विरोधी देश भी भारत के साथ सम्बन्ध स्थापित करने को उत्सुक होंगे। यद्यपि उपरोक्त समयावधि में ग्रह गोचर वशात् कई बार आर्थिक समस्या उपस्थित होगी परन्तु अन्ततः भारत सफल रहेगा। अब समय दूर नहीं, कि प्लूटो आदि गोचर ग्रहों के प्रभाव से आगामी ३० वर्षों में भारत को विश्व की उच्च शक्तियों में गौरवास्पद स्थान प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। अगामी ७ वर्ष अच्छा होने पर भी सन् १९७३ में नीचस्थ गुरु के दशम भाव में गोचर के

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

आकाशी-कौंसिल का विचार (सं० २०३० वि०)

विश्व की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक-स्थिति का ग्रह-स्थिति के आधार पर विवेचन

ईश्वर की असीम अनुकम्पा से "श्री मार्त्तण्ड पञ्चांग ने ४६ वें वर्ष में प्रवेश किया है। इस अवधि में श्री मार्त्तण्ड-पञ्चांग को फलित-ज्योतिष एवं सिद्धान्त-ज्यौतिष के आधार पर जो ख्याति प्राप्त हुई, वह सर्व-विदित ही है। दृक्पक्ष की शास्त्रीयता प्रतिपादन करके दृग्गणित को सार्वभौम बनाने का श्रेय भी इस पञ्चांङ्ग के कर्ताओं को ही है। प्रत्येक वर्ष सर्वाङ्ग शुद्ध-गणित एवं आश्चर्य-जनक भविष्य-वाणियें तथा फलित एवं सिद्धान्त ज्यौतिष के विभिन्न विषयों पर वैज्ञानिक लेख इस की अपनी विशेषता रही है।

स्व. प्रधान मंत्री श्री जवाहर लाल नेहरू भी इस पंचांग की भविष्य वाणियों से बहुत प्रभावित थे जैसा कि उनके २५-२-४२ के पत्र से ज्ञात हुआ था। विगत विश्व महायुद्ध की सूचना, श्री नेहरू जी के निधन, रूस के प्रधान मंत्री श्री बुलगानिन एवं ख्रुशचेव के अपदस्थ होने का समाचार, ईराक में सैनिक क्रान्ति आदि की अनेकों आश्चर्यजनक भविष्य वाणियों ने इस पंचांग की ख्याति को विदेशों में भी पहुंचा दिया है। विगत-निर्वाचनों में सत्तारूढ़ कांग्रेस की अद्वितीय विजय की सूचना एवं निजलिंगप्पा कांग्रेस के समाप्त प्रायः हो जाने की भविष्य वाणी, एवं पाकिस्तान में रक्तक्रांति आदि की भविष्यवाणी हम गत सं. २०२८ में कर चुके हैं इन सभी भविष्य वाणियों की सफलता पर श्री मार्त्तण्ड पंचांग की विद्वानों ने भूरि भूरि प्रशंसा की है। सभी भविष्य वाणियों को हम स्थानाभाव के कारण यहां अक्षरशः उद्धृत नहीं कर सकते। भविष्य में हम प्रयत्न अवश्य करेंगे।

कुछ भविष्यवाणियें हम समय समय पर भी करतें हैं-जिससे जनता की ज्योतिष शास्त्र पर निष्ठा और भी दृढ़ हुई है। सन् १९७१ के दिसं. में भारत एवं पाकिस्तान के युद्ध के शुरु होते ही विभिन्न प्रान्तों के प्रेमी सज्जनों के आग्रह पर हमने 'युद्धारंभ की कुण्डली' एवं निम्नलिखित ग्रह-स्थित के आधार पर भविष्य-वाणी की थी, कि—

२४ अक्तूबर, सन् १९७१ से कुम्भ राशिस्थ मंगल का शनि के साथ पूर्ण दृष्टि-सम्बन्ध चल रहा है। १ दिसं. को मेष के अपने नवांश म आकर मंगल ने ३ दिसं. को पाक के राष्ट्रपति द्वारा युद्ध की घोषणा करादी, अब आगे १६ दिसं. १९७१ को ही यह उपरोक्त मंगल शनि का पूर्ण दृष्टि संबन्ध समाप्त हो जाएगा। मंगल शान्तिप्रद गुरु की मीन राशि में आकर इसी के साथ पूर्ण दृष्टि सम्बन्ध करेगा। मंगल के मीन राशि में आन पर १६ दिसंम्बर की शाम को यह युद्ध समाप्त हो जाएगा, जिसमें भारत की विजय निश्चित है।"

यह भविष्यवाणी नव भारत टाइम्स में प्रकाशनार्थ भेजी गई थी, परन्तु किसी कारण वश वे इसे प्रकाशित न कर सके। नगर के गण्यमान्य म्युनिसिपिल कमेटी के प्रधान श्री पं. खुशी राम जी, ला. धनिराम-मदनगोपाल, श्री प. बहारी लाल बजाज, पं. रामलाल, पंजाब-विश्वविद्यालय चण्डीगढ़ के प्राध्यापक श्री रमाकान्त आंगिरस, एवं अन्य अनेकों प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने जिन्हें इस बारे में पहले ही बताया जा चुका था, इस भविष्य वाणी की सत्यता पर ज्योतिष-शास्त्र की बहुत प्रशंसा की है। इस बारे में हमने पट्टी (अमृतसर) निवासी प्रिय सज्जन श्री हंसराज चावला को भी उनके पूछने पर सूचित किया था, उन्होंने इसकी सफलता के ऊपर जो पत्र हमें लिखा है उसमें से कुछ पंक्तियां नीचे उद्धृत कर रहे हैं।" **"आपने हमें अपने ७-१२-७१ के खत में लिखा था, कि यह भारत पाक की लड़ाई १६ दिसं. की शाम तक बन्द हो जाएगी, आपकी यह भविष्यवाणी बिल्कुल सही निकली। १६ दिसंबर को आपकी भविष्यवाणी की सफलता पर हम सभी पट्टी निवासी चकित रह गए हैं।"**— इस प्रकार ज्यौतिष शास्त्र की तथ्यता को तिरोहित नहीं किया जा सकता।

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विभिन्न देशों की कुण्डलियें ग्रह गोचर दशान्त-र्दशाओं और मेदिनी ज्योतिष (Mundane Astrology) तथा वर्ष के दशाधि-कारियों के आधार पर गभीर विचार करके विश्व में घटित होने वाली घटनाओं, परिवर्तनों तथा देशों के आपसी सम्बन्ध आदि में सारगर्भित निष्कर्ष संक्षेप में यथामति यहां प्रस्तुत कर रहे हैं।

इस वर्ष आकाशी कौंसल (ग्रह परिषद्) के चुनाव में ६ अधिकार शुभ ग्रहों को एवं ४ अधिकार अशुभ ग्रहों को मिले हैं। राजा बाल ग्रह बुध है, दैत्यगुरु शुक्र मन्त्री हैं जो कि वर्षारम्भ में अस्त एवं कमजोर हैं। अतः इस वर्ष मन्त्रि मंडलों में परस्पर झड़पें एवं हंगामें होते रहेंगे, युद्ध एवं प्राकृतिक प्रकोप उत्पात आदि से जनधन की हानि भी संभव है। परन्तु अप्रैल में शुक्र एवं यूरेनस की प्रतियुति, यूरेनस-गुरु का त्रिकोण योग एवं शुक्र शनि के पीछे बुध का होना अन्तर्राष्ट्रीय स्थिति में सुख शान्ति के सूचक हैं, इस अवधि में उग्र समस्यायें भी दबी रहेंगी, कई मुस्लिम राष्ट्रों में उग्र समस्याओं के समाधानार्थ प्रयास भी होंगे प्रजा में नया उत्साह, सन्तोष एवं समृद्धि दिखाई दे; —

" गच्छतोऽग्रे शुक्र-शनी बुधः पृष्ठं समाश्रितः।
धन-धान्याकुला पृथ्वी प्रजाः नन्दन्ति नित्यशः॥"

परन्तु मई में वृषराशि में बुध अतिचारी हो जाता है, अरब लीबिया ईरान, चीन पाकिस्तान एवं अमेरिका युगाण्डा आदि देशों के शासकों के समक्ष प्रतिकूल परिस्थितियां पैदा होंगी। इन देशों के प्रधान पुरुषों के लिए समय अनुकूल नहीं हैं, कहीं क्रान्ति होगी, कहीं दुर्भिक्ष की स्थिति से स्थिति विषम होगी। मुस्लिम देशों में कहीं सत्ता हस्तान्तरण एवं प्रधान नेता का पद रिक्त होना भी संभव है :—

"यदा शुभ ग्रहः कश्चिदतिचारं करोति च।
तदा नृपाः क्षयं यान्ति दुर्भिक्षं तत्र दारुणम्॥"

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

अन्तर्न्यास कोष्ठक

इष्ट घ मि	प्रथम गुणक	द्वितीय गुणक	इष्ट घ मि	प्रथम गुणक	द्वितीय गुणक	इष्ट घ मि	प्रथम गुणक	द्वितीय गुणक	इष्ट घ मि	प्रथम गुणक	द्वितीय गुणक
०।१४	३	२	६।१४	५६	४०	१२।१४	६२	६७	१८।१४	३८	५३
०।२९	६	३	६।२९	५७	४२	१२।२९	६२	६३	१८।२९	३६	५२
०।४३	१०	५	६।४३	५८	४३	१२।४३	६१	६४	१८।४३	३५	५१
०।५८	१३	७	७।५८	५९	४४	१३।५८	६०	६४	१८।५८	३३	४९
१।१२	१५	८	७।१२	५९	४५	१३।१२	६०	६४	१९।१२	३२	४८
१।२६	१८	१०	७।२६	६०	४७	१३।२६	५९	६४	१९।२६	३१	४६
१।४१	२१	१२	७।४१	६१	४८	१३।४१	५८	६४	१९।४१	२९	४५
१।५५	२४	१३	७।५५	६२	४९	१३।५५	५८	६४	१९।५५	२८	४३
२।१०	२६	१५	८।१०	६२	५०	१४।१०	५७	६४	२०।१०	२६	४१
२।२४	२८	१६	८।२४	६३	५१	१४।२४	५६	६४	२०।२४	२४	३९
२।३८	३१	१८	८।३८	६३	५२	१४।३८	५५	६४	२०।३८	२३	३७
२।५३	३३	२०	८।५३	६३	५३	१४।५३	५४	६४	२०।५३	२१	३५
३। ७	३५	२१	९। ७	६४	५४	१५। ७	५३	६३	२१। ७	२०	३३
३।२२	३७	२३	९।२२	६४	५५	१५।२२	५२	६३	२१।२२	१८	३०
३।३६	३९	२४	९।३६	६४	५६	१५।३६	५१	६३	२१।३६	१६	२८
३।५०	४१	२६	९।५०	६४	५७	१५।५०	५०	६२	२१।५०	१५	२६
४। ५	४३	२८	१०।५	६४	५८	१६। ५	४९	६२	२२। ५	१३	२४
४।१९	४५	२९	१०।१९	६४	५८	१६।१९	४८	६१	२२।१९	१२	२१
४।३४	४६	३१	१०।३४	६४	५९	१६।३४	४७	६०	२२।३४	१०	१८
४।४८	४८	३२	१०।४८	६४	६०	१६।४८	४५	५९	२२।४८	८	१५
५। २	४९	३३	११। २	६४	६०	१७। २	४४	५९	२३। २	७	१३
५।१७	५१	३५	११।१७	६४	६१	१७।१७	४३	५८	२३।१७	५	१०
५।३१	५२	३६	११।३१	६३	६२	१७।३१	४१	५७	२३।३१	३	६
५।४६	५३	३८	११।४६	६३	६२	१७।४६	४०	५६	२३।४६	२	३
६। ०	५५	३९	१२। ०	६२	६२	१८। ०	३९	५५	२४। ०	०	०

अन्तर्न्यास पद्धति

(सर्वथा शुद्ध इष्टकालिक ग्रहस्पष्ट करने की विधि)—

ग्रंथगणित द्वारा इष्ट कालिक ग्रह स्पष्ट करने हेतु गणक, ग्रह की दैनिक गति को २४ घण्टों या १४४० मिनटों में समान रूप से विभाजित करता है, जो गलत है। क्योंकि सभी ग्रहों की (विशेषत चन्द्र, बुध की) गति प्रतिक्षण बदलती रहती है। अत ग्रंथगणित द्वारा ज्ञात चालन सूक्ष्म नहीं होता है। इसीलिए इष्टकालिक सूक्ष्मतम ग्रह स्पष्ट करने के लिए एक विशेष पद्धति का अविष्कार किया गया है जिसे **"अन्तर्न्यास (Interpolation) पद्धति"** कहते हैं। इसका विवरण इस प्रकार है —

पंचांग में दिए गए दैनिक स्पष्ट ग्रहों को **'पंक्ति के ग्रह'** या **'पंक्ति ग्रह'** कहते हैं। **'पंक्ति ग्रह'** का काल **'पंक्ति का समय'** कहलाता है। आपका इष्ट काल जिन पंक्तियों के समय के बीच पड़ता हो उन दोनों पंक्तियों के स्पष्ट ग्रह के राश्यादि पंचांग से उठाए। इन दोनों पंक्तियों से पहिली और आगे की तारीख के स्पष्ट ग्रह के राश्यादि भी पंचांग से लें। इन चारों पंक्तियों के ग्रह के राश्यादि को क्रमवार (तारीख के क्रम के अनुसार) ऊपर नीचे लिख लें। इन चार पंक्तियों को हम क्रमश प्रथमपंक्तिग्रह, द्वितीयपंक्तिग्रह तृतीयपंक्तिग्रह एवं चतुर्थपंक्तिग्रह कहेंगे।

प्रथम और द्वितीय पंक्ति ग्रह का अन्तर **'प्रथम गति,'** द्वितीय और तृतीय पंक्तिग्रह का अन्तर **द्वितीय गति** एवं तृतीय और चतुर्थ पंक्ति ग्रह का अन्तर **'तृतीय गति'** कहलाएगा वक्रीगति ऋण (—) और मार्गीगति धन (+) चिह्नवाली होगी। अब प्रथम गति और द्वितीय गति का अन्तर **'प्रथम गत्यन्तर'** और द्वितीयगति तथा तृतीयगति का अन्तर **द्वितीय गत्यन्तर'** कहलाएगा। यदि प्रथम गति और द्वितीय गति दोनों धन हों और द्वितीय गति प्रथम गति से अधिक हो तो प्रथमगत्यन्तर धन एवं द्वितीयगति प्रथमगति से कम हो तो ऋण होगा। यदि दोनों गतियां ऋण हों और प्रथम गति द्वितीय गति से कम हो तब प्रथम गत्यन्तर ऋण अन्यथा धन होगा। यदि प्रथम गति और द्वितीय गति दोनों के चिह्न भिन्न२ हों तब इन दोनों का योग करने पर प्रथम गत्यन्तर प्राप्त होगा और इसका चिह्न द्वितीय गति के चिह्न वाला होगा इसी प्रकार द्वितीय गत्यन्तर के बारे में भी समझें (अर्थात्—द्वितीय गति और तृतीय गति—दोनों धन हों और तृतीय गति द्वितीय गति से अधिक हो तब द्वितीय गत्यन्तर धन होगा—इत्यादि)।

जिस समय आप यह स्पष्ट करना चाहते हैं—वह समय पंक्ति के समय से कितना आगे है—यह ज्ञात करो। इसे **'इष्ट काल'** कहेंगे। इष्ट काल के घण्टा मिनटों द्वारा चालन-कोष्ठक में दी गई संख्या उठाओ। इस संख्या से द्वितीय गति की विकलाओं को गुणा करो। गुणनफल के दाईं ओर के पहिले तीन अंकों को छोड़कर शेष अंकों को विकलात्मक चालन जानिए) यदि द्वितीयगति धन है तो चालन की विकलाओं को द्वितीय पंक्तिग्रह में जोड़िये अन्यथा घटाइए। इस प्रकार **आसन्न स्पष्ट ग्रह"** (लगभग स्पष्ट ग्रह) हो जाएगा।

अब **"अन्तर्न्यास कोष्ठक"** में अपने इष्ट काल के घ मि (इष्ट घ मि न हो तो उनके आसन्नतम घ मि) के आगे लिखे दो गुणक (प्रथम गुणक और द्वितीय गुणक) उठाए। प्रथम गुणक से प्रथमगत्यन्तर की और द्वितीय गुणक से द्वितीयगत्यन्तर की विकलाओं को पृथक २ गुणा करो। दोनों गुणन फलों के दाईं ओर के पहिले तीन तीन अंकों को छोड़ दीजिए। शेष विकलाएं होंगी। यदि गत्यन्तर धन है तो इन विकलाओं को **'आसन्न स्पष्ट ग्रह'** में से घटाइए अन्यथा जोड़ें। इस प्रकार सूक्ष्म ग्रह स्पष्ट हो जाएगा।

उदाहरण—

सन् १९७२ की १६ नवम्बर को शाम के ७ बजकर ३६ मिनट (आ स्टे टा) पर सूक्ष्म बुध स्पष्ट कीजिए—इस पंचांग में दैनिक ग्रह गति ५ घ ३० मि (आ स्टे टा) के है। हमारा इष्टकाल १६ एवं १७ नव की पंक्तियों के समय के मध्य पड़ता है, अत इन दोनों पंक्तियों और १५ तथा १८ नव की पंक्तियों के स्पष्ट बुध के राश्यादि क्रमानुसार रखकर उनकी गतियां तथा गत्यन्तर निकालिए —

	रा	अ	क	वि
(१५नव १९७२)	७	१८	५५	१२ (प्रथम पंक्ति ग्रह)
				+ ३क १०वि (प्रथम गति) क वि
				—९क १७वि (प्रथम गत्यन्तर)
(१६ नव ")	७	१८	५८	१२ (द्वितीय पंक्ति ग्रह)
				—३क ७वि (द्वितीयगति)
				—९क ५४वि (द्वितीयगत्यन्तर)
(१७ नव ")	७	१८	५२	१५ (तृतीय पंक्ति ग्रह)
				—१६क १वि (तृतीय गति)
(१८ नव ")	७	१८	३६	१४ (चतुर्थपंक्ति ग्रह)

हमारा इष्ट काल (साय ७ घ ३६ मि) पंचांग की पंक्ति के समय (प्रात ५ घ ३० मि) से १४ घ ६ मि आगे है। अत १४घ ६मि हमारा इष्ट काल हुआ। चालन कोष्ठक में १४घ के नीचे ६मि के आगे ५८७ लिखा है। द्वितीय गति की विकलाओं (३६७) को ५८७ से गुणा करने पर २१५४२९ मिला। इसके दाईं ओर के पहिले तीन अंक (४२९) छोड़ देने पर २१५ विकलाए (३ क ३५ वि) चालन हुआ। क्योंकि द्वितीय गति ऋण है अत इस चालन को द्वितीय पंक्तिग्रह (७।१८।५८।१२) में से घटाया तो ७।१८।५८।३७ आसन्न स्पष्ट बुध हुआ। 'अन्तर्न्यास कोष्ठक' में १४ घ १० मि (इष्ट काल के घ मि के आसन्नतम घ मि) के आगे प्रथमगुणक ५७ और द्वितीय गुणक ९४ मिला। प्रथमगुणक (५७) द्वारा प्रथमगत्यन्तर की विकलाओं (५५७) को गुणा करने पर ३१७४९ मिलीं। इसके दाईं ओर के पहिले तीन अंक (७४९) छोड़ देने पर शेष ३१ विकलाए हुईं। प्रथम गत्यन्तर के ऋण होने से इन विकलाओं को आसन्न स्पष्ट बुध ७।१८।५८।३७ में जोड़ा तो ७।१८।५८।६८ हुआ। द्वितीय गुणक ९४ से द्वितीय गत्यन्तर की विकलाओं (५९४) को गुणा करने पर गुणनफल ३८०१६ आया। इसके दाईं ओर के पहिले तीन अंकों (०१६) को छोड़ देने पर शेष ३८ विकलाए मिलीं। द्वितीयगत्यन्तर भी ऋण है अत इन विकलाओं को ७।१८।५८।८ में जोड़ने पर ७।१८।५८।४६ सूक्ष्म बुध स्पष्ट हो गया।

अथ विवाहमासः–विवाहशुद्धौ-मीनार्कञ्च विना प्राक्तमुत्तरायणमुत्तरम्। त्याज्यो ऽर्कौ धनुषश्चान्त्ये मध्यमाः स्युः करग्रहे ॥ वर्षासु पाणिग्रहणं न केचित् केचिद् वदन्तीत्यपरो विशेषः। तस्मात्सदाचार इह प्रमाणं देशे यथा यत्र तथैव तत्र ॥१॥ केशवेन यदि नोररीकृतं श्रावणादिषु च पाणिपीडनम्। तेन चोक्तमपरैरुदाहृतं तद्विकल्प इति मन्यते मया ॥२॥

अथ जन्म-मासादिषु निषेधः–सबसे बड़े (जेठे) लड़के अथवा सबसे बड़ी लड़की (जेठी) के जन्म मास (अर्थात् जन्मतिथि से ३० दिन), जन्म नक्षत्र अथवा जन्म तिथि में विवाह करना शुभनहीं है। द्वितीयादि गर्भोत्पन्न को दोष नहीं। अत्यावश्यके परिहारः–जातं दिनं दूषयते वसिष्ठः पञ्चैव गर्गस्त्रिदिनं तथात्रिः। तज्जन्मपक्षं किल भागुरिश्च व्रते विवाहे गमने क्षुरे च॥

यदि दो कार्यों की आवश्यकता हो तो–एक घर में दो शुभ काम करना मना है परन्तु अति आवश्यकता में ९ दिन का अन्तर देकर दो घरों में अलग २ मण्डप गाड़कर वर और जो पुरोहित पहला कार्य करा चुका है, उसी से दूसरा कार्य न करावें, दूसरे आचार्य से करावें। इसी प्रकार जिस गृह में पहला कार्य हुआ हो तो दूसरे कार्य में दूसरे घर में मंडप गाड़ कर कार्य को करो।

अथ ज्येष्ठ विचारः–ज्येष्ठ पुत्र व कन्या का ज्येष्ठ मास में विवाह करना अशुभ है। अत्यावश्यकता में कृत्तिकासूर्य को छोड़ कर दानादिपूर्वक करें।

षट्मास के भीतर दो विवाह आदि का निर्णय–दो सगी बहनों का विवाह एक साथ या छः मास के अन्दर करे तो निस्सन्देह ३ वर्ष के अन्दर अशुभ फल हो। पुत्र के विवाह के पीछे षट् मास तक कन्या का विवाह न करे और कन्या व पुत्र के पीछे छः मास तक यज्ञोपवीत न करे अर्थात् पहले करले और मंगल कार्य के पीछे अमंगल अर्थात् श्राद्धतिलतर्पण भी न करे और मुण्डन भी विवाह जनेऊ के पीछे न करे। वर्ष पलटने पर फिर भले ही शुभ कार्य करले। वहां छः मास का विचार नहीं है। यह ६ महीने का निषेध तीन पीढ़ी तक ही है

विवाहादि शुभ कार्यों में मरणाशौच–साहे चिट्ठी (कुंकुम पत्रिका) आने पर विवाह दिन निश्चय हो जाने पर किसी की मृत्यु हो जावे तो माता के मरण से ६ मास, पिता के मरण से १ साल, स्त्री के मरण से ३ मास, भाई व पुत्र के मरण से १॥ मास, कुलवालों के मरण से २२॥ दिन तक कोई शुभ कार्य न करे। अति संकट में ३० दिन के बाद शान्ति करके अथवा विशेष शान्ति और गोदान करके अशौच के बाद करे।

विवाह के शुद्ध मुहूर्त अन्यत्र दिये गये हैं। उनमें से उत्तम मुहूर्त देखकर और उसी-दिन वर की राशि में सूर्य चन्द्र देखिए और कन्या की राशि से चन्द्र गुरु देखिए बस इसी को त्रिबलशुद्धि कहते हैं। यह त्रिबलशुद्धि जिस उत्तम विवाहलग्न के दिन मिले वही विवाह-दिन उत्तम है। यदि रवि, गुरु पूज्य हो तो मध्यम है, यदि सूर्य नेष्ठ हो तो विवाह नहीं बनेगा ऐसा कहना। इसी प्रकार कुमार के उपनयन में भी त्रिबल (गु० सू० चं०) शुद्धि प्रथम देखें। "क्षय-चाप-कुलीरस्थो जीवोप्यशुभगोचरः। अतिशोभनतां दद्याद्विवाहोपनयनादिषु ॥ अत्यावश्यकता में "द्विरर्क्षो द्वादशस्तुर्योऽथाष्टमस्त्रिगुणार्चनात्। उच्च उच्चांशके ग्राह्यः चन्द्रादष्टमगो रविः। नीचे नीचांशके त्याज्यःअरिलाभादिगोऽपि वेत् ॥ (रणवीर ज्यो. नि.)

(बृ०)। तुलाराशौ अपूज्यरविः–घर्मं वी घन गतो दिवाकरस्तौलिराशि जनितस्य शोभतः। आवश्यके पूज्य रवि परिहारः– गार्ग्याङ्गिरोवत्स वशिष्ठ गौतम पराशराद्या मुनयो वदन्ति। द्वितीयषड्वांकगतो दिवाकरस्त्रयोदशाहात्परतः शुभावहाः ॥ (मु० प्र० सा०)।

विवाहादौ त्रिबल-शोधनम्

पूज्यगुरुः— १०।६।३।१
श्रेष्ठगुरुः—९।५।११।२।७
नेष्टगुरुः—४।८।१२
श्रेष्ठरविः—३,६।१०।११
पूज्यरविः—२।५।९
विशेष पूज्य रवि—१।७
नेष्टरविः—४।८।१२
नेष्टचन्द्रः—४।८ पूज्यचन्द्रः—१२
श्रेष्ठचन्द्रः—१।२।३।५।६।७।९।१०।११

घ. मी. कर्क राशि में हो तो नेष्ठ गुरु भी श्रेष्ठ है।

कन्या-वरयोः तैलादि-लापने (बन्ने) दिन संख्या

राशि	१।२।३।४।५।६।७।८।९।१०।११।१२
तैलादि ला.	७।५।९।२।५।७।७।९।५।९।५।७

अथ विवाहे तिथिवारनक्षत्राणि

रो. मृ. उत्तरा ३, भ. ह. स्वा. अमु. मू. रे. एतद्वेध-रहितेषु शुभेऽह्नि अमाक्षयरहित-तिथिषु कात्यायन मते अश्वि. चि.श्र. धनिष्ठास्वपि शुभम् ॥

अथ विवाहाङ्गकृत्यारम्भ मुहूर्त—वर कन्या की चन्द्रशुद्धि विचार कर विवाहदिन से पहले ६।६।९ इन दिनों को छोड़कर विवाह के नक्षत्रों में चन्द्रशुद्धि वाली सौभाग्यवती स्त्री के प्रथमोद्योग से हल्दी हाथ, दलना पीसना, कूटना, मंगलकलशादि स्थापन करना, घर लीपना, आंगन सफाई, भूषण घढ़ाना, वस्त्र सिलाना, वेदी रचना, चन्दोवा बाँधना, गणेशादि पूजन और नान्दीश्राद्ध मंगल स्नानादि सर्व कार्यं का आरम्भ करना शुभ होता है।

विवाह-मुहूर्त में दस दोषों का विचार

विवाह के मुहूर्त में लत्ता, पात, युति, वेध, जामित्र, पञ्चबाण, एकार्गल, उपग्रह, क्रान्तिसाम्य और दग्धातिथि— इन दसदोषों का विचार करना आवश्यक है। इन सब का विचार करके इस वर्ष के विवाह मुहूर्त लग्न दिये हुये है। इन दस दोषों में जो जिस मुहूर्त में ह वे क्रमानुसार टेढी रेखा से सूचित किये गये । उक्त दसों दोषों का विचार इस प्रकार किया जाता है—

लत्तादोष-ज्ञानाय चक्रम्

सूर्य	पूर्णचन्द्र	भौम	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	ग्रहा
१२	२२	३	७	६	५	८	९	लग्ननक्षत्र
दक्षिण	वाम	दक्षिण	वाम	दक्षिण	वाम	दक्षिण	वाम	दिशा
धननाशः	भयम्	मृत्युः	भयम्	बन्धुनाशः	कार्यहानिः	कुलक्षयः	मरणं	फलम्

यथा—सूर्य अश्विनी नक्षत्र पर हो और विवाह उ. फा. का हो, सूर्यस्थित अश्विनी नक्षत्र से गिना तो, उ. फा. १२ वां हुआ यह सूर्य की लत्तादोषयुक्त साहा हुआ। इसी प्रकार अन्य ग्रहों की लत्ता भी जानें।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

२ पातदोषज्ञानाय चक्रम्

	रो.	मृ.	म.	उफा.	ह.	स्वा.	अनु.	मू.	उषा.उभा.	रे.	विवाहित
अश्विन्यादि नक्षत्र	०	मृ.	अ	कृ	भ	कृ	अ	रो	भ	भ	अ
	पुन	आ	मृ	आ	मृ	श्र	आ	ज्ये	पुन	श	ज्ये
	श	ज्ये	ज्ये	वि	श	ध	उषा	ध	श	सि	ध
	पूफा	ध	पुष्य	पूभा	पूभा	पुष्य	पूभा	श्ले	वि	उफा	म
	चि	म	ह	०	स्वा	ह	पूषा	मू	ऽनु	०	पूषा
	मू.	ह	रे	पूभा	म	रे	पूफा	उभा	उषा	मृ	स्वा

हर्षण, वधृति, साध्य, व्यतिपात, गंड और शूल योगों का अन्त जिस नक्षत्र में हो वह पात से दूषित होता है। इन नक्षत्रों में विवाह करने से पात दोष होता है।

३ युति—जिस नक्षत्र का विवाह हो उसी नक्षत्र में यदि कोई ग्रह हो तो उस ग्रह की युति का दोष समझा जाता है। चन्द्र उच्च मित्र वा स्वक्षे ी हो तो युति दोष नहीं होता किन्तु श्रेष्ठ है। सू. मं. शु. श. रा. के. की युति दारिद्रय मृत्यु आदि भयप्र मानी गई है। शुक्र की विशेष करके वर्जित है।

४ वेधदोष चक्रम्

रो.	मृ.	म.	उफा.	ह.	स्वा.	अनु.	मू.	उषा.	उभा.	रे.
अश्वि.	उभा.	श्रवण	रे.	उभा.	ह.	म.	पुन.	म.	ह.	उफा.

ऊपर के नक्षत्र का विवाह हो और बीच के नक्षत्र पर ग्रह हो तो वेध दोष होता है। वह सर्वत्र अवश्य ही त्याग करना चाहिए।

५ जामित्र दोष चक्रम्

मृ.	म.	उ. फा.	ह.	स्वा	ऽनु	मू.	उ. षा.	उ. भा.	रे.	वि. न.	
ज्ये.	ध.	पू. भा.	उ. भा.	अ.	मृ.	मृ.	पुन.	उ. फा.	ह.		ग्रहनक्षत्र

विवाह लग्न से सातवें ग्रह होने पर जामित्र दोष होता है। ऊपर वैवाहिक नक्षत्र हैं और नीचे ग्रह नक्षत्र हैं, याने १४वें नक्षत्र में पापीग्रह का जामित्र दोष वर्जनीय है।

७ एकार्गल-दोष

व्याघात, गण्ड, व्यतिपात, विष्कम्भ शूल, वैधृति, वज्र, परिघ, अतिगण्ड ये योग हों और सूर्यके नक्षत्र से विवाहका नक्षत्र अभिजित् सहित गिननेसे विषम हो तो एकार्गल दोष होता है।

८ उपग्रह

सूर्य के नक्षत्र से ५वें, ७वें, ८वें, १०वें, १४वें, १५वें, १८वें, १९वें, २१वें, २२वें, २३वें २४वें और २५वें नक्षत्रपर चन्द्रमा हो तो उपग्रह दोष होता है।

९ स्थूलक्रांतिसाम्यदोषचक्रम्

मे०	वृ०	मि०	क०	कं०	तु०
सिंह०	मि०	ध०	वृश्चि०	मी०	कुं०

नीचे और ऊपर की राशि पर सूर्य एवं चन्द्रमा हों तो स्थूल क्रांतिसाम्य दोष होता है यह सर्वत्र वर्जित है। जैसे मेष के सूर्य, सिंह के चंद्रमा में वा सिंह के सूर्य, मेष के चन्द्रमामें। सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य का निर्णय महापात गणितसे करना चाहिए।

६ बाणज्ञानाय सुलभचक्रम्

बाण नाम	गतांशाः राशौ	प्रति अर्कस्य	५ कर्म वार-समयपरत्वेन वर्ज्याः	वर्ज्याः	वर्ज्याः
रोग	८।१७।२६	व्रतबन्ध	रवौ	रात्रौ	त्याज्यम्
वह्नि	२।११।२०।२९	गेहगोपे	भौमे	सदैव	वर्ज्यम्
नृप	४।१३।२२	नृपसेवायां	मन्दे	दिवा	त्याज्यम्
चोर	६।१५।२४	यात्रायां	भौमे	रात्रौ	वर्ज्यम्
मृत्यु	१।१०।१९।२८	विवाहे	बुधे	संध्ययोः	वर्ज्यम्

भुजंगं क्रान्तिसाम्यञ्च बाणवेधं तथैव च। लग्नहीनं विवाहान्तु कलौ पञ्च विवर्जयेत्॥

लत्तादिदोषाणां परिहारवाक्यानि—लत्ता मालवके (उज्जैन प्रान्त) देशे, पातश्च कुरु (कुरुक्षेत्रे बांगर)-जांगले (फिरोजपुर भटिण्डा प्रान्त), एकार्गलं च काश्मीरे वेधं सर्वत्र वर्जयेत्। ॥ उपग्रहर्क्षे कुरुवाह्निकेषु (आगरा प्रान्त अवधस्थान) कलिंगबंगेषु (जगन्नाथपुरी बंगाल अयोध्या) च पातितं भम्। सौराष्ट्र (काठियावाड़) शाल्वे (उज्जैन प्रान्ते) च त्यजेद लत्ताभं त्यजेद् सिद्धं किल सर्वदेशे॥ युतिदोषो भवेद् गौडे (बंगाले) जामित्रस्य च यामने (मथुरादि प्रान्ते)। मासदग्धाश्च तिथयो मध्यदेशे विवर्जिताः॥

विशेषपरिहार—चित्रां गते पातविचित्रदेशे मैत्रे मघा मालवके निषिद्धाः। पौष्णश्रुतिश्चोत्तरदेशजातः सर्वत्र वर्ज्यश्च भुजंगपातः॥

युतिपरिहारः—स्वक्षेत्रगः स्वोच्चगो वा मित्रक्षेत्रगतो विधुः। युतिदोषाय न भवेद्दम्पत्योः श्रेयसे तदा॥ अत्यावश्यके वेधपरिहारः—पादमेव शुभैर्विद्धमशुभैर्न व कृत्स्नतः (नारदः)॥ अतोन्त्यपादमादिगो द्वितीयकस्तृतीयकम्। तृतीयको द्वितीयकं चतुर्थगस्तु चादिमम्॥ भिनत्ति वेधकृद्ग्रहो न चान्यपादमादरात् (वशिष्ठः)॥ अथ पापग्रहेण भुक्तभोग्यक्रान्तनक्षत्रस्य शुभेषु त्यागः। भुक्तं भोग्यं तथाक्रान्तं विद्धं पापग्रहेण च। शुभाशुभेषु कार्येषु वर्जनीयं प्रयत्नतः॥ अस्यापवादः—ऋक्षाणि क्रूरविद्धानि क्रूरयुक्तादिकानि च। भुक्त्वा चन्द्रेण भुक्त्वानि शुभार्हाणि प्रचक्षते। जामित्रपरिहारः—(व्यवहारसमुच्चये)—स्वोच्चे सौम्यालये चन्द्रे स्ववर्गे मित्रवर्गगः। हत्वा जामित्रकृद्दोषं करोति विपुलं सुखम्॥ मुहूर्तचिन्तामणावपि—एकार्गलोपग्रहपातलत्ताजामित्रकर्तर्यदयास्तदोषाः। नश्यन्ति चन्द्रार्कबलोपपन्ना लग्ने यथार्काभ्युदये तु दोषाः॥

१० दग्धातिथिदोषः

१	२	४	६	५	१०	सूर्य
१२	११	१	३	८	७	राशयः
२	४	६	८	१०	१२	तिथयः

इन संक्रांतियों में ये तिथियां दग्धा होती हैं तो विवाह में वर्जनीय हैं।

विवाहे लग्न-शुद्धिचक्रम्

	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	भावेषु
चं.						चं.	सर्वे	चं. मं.				श.	
पाप		०	०	रा.	०	शु. लग्नेशः		शुभाः लग्नेशः	०	०	०		त्याज्याः
चं.	कुलिकं क्रांतिसाम्यञ्च					चं		चं.		विद्धंभञ्च			गोधूली त्याज्या

CC-0.In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

लग्न अंग-योगाः—व्यये शनिः खेऽवनिजस्तृतीये भृगुस्तनौ चन्द्रबला न शस्ताः । लग्नेट् कविर्ली च रिपौ मृतौ ग्लौ लग्नेट् शुभाराश्च मदे च सर्वे (अस्तेऽज्जगुरुसमौ) ॥ वर्गोत्तमं विनान्त्यांशो विवाहे न शुभप्रदः । वर्गोत्तमश्चेदन्त्यांशः पुत्रपौत्रादिवृद्धिदः ॥ दम्पत्योरष्टमं लग्नं त्वष्टमो राशिरेव च । यदा लग्नगतः सोऽपि दम्पत्योर्निधनप्रदः ॥ पंगवन्धादिलग्नानां गौडमालवयोरेव त्यागः, वादरायणः—मासशून्याब्दवास्तारा राशयो दधिरादयः । गौडमालवयोस्त्याज्यास्त्वन्यदेशे न गर्हिताः ॥

कर्तरी दोषः—लग्नस्य पृष्ठाग्रगयोश्च साब्दोः सा कर्तरी स्याद्ऋजुवक्रगत्योः । तावेव शीघ्रौ यदि वक्रचारौ न कर्तरी चेति पितामहोक्तिः ॥ "इयं कर्तरी चन्द्रस्यापि द्रष्टव्या" केषाञ्चिल्लग्नदोषाणां परिहारः—यापौ कर्तरीकारकौ रिपुगृहनीचास्तगौ कर्तरीदोषौ चैव सितेऽरिनीचगृहगे तत्यष्ठदोषोऽपि न । भौमेऽस्ते रिपुनीचगे नहि भवेद् भौमोऽष्टमे शेषकृन्नीचे नीचनवांशके शशिनि रिःफाष्टारिदोषोऽपि न ॥

दोषापवादाः ज्योतिर्निबन्धे—दोषाश्च बहवः सन्ति गुणाः स्वल्पाः कलौ युगे । तथापि दोषा नश्यन्ति स्वापवादगुणैः सह ॥ अपवादान्तरम्—उक्तानुक्ताश्च ये दोषास्तान्निहन्ति गली गुरुः । केन्द्रसंस्थः सितो वापि पद्मगान्गरुडो यथा ॥ मुहूर्तलग्नषड्वर्गकुनवांश-ग्रहोद्भवाः । ये दोषास्तान्निहन्त्येव यत्रैकादशगः शशी ॥ अब्दायनर्तुमासोत्थाः पक्षतिथ्यर्क्षसम्भवाः । ते सर्वे नाशमायान्ति केन्द्रसंस्थे शुभग्रहे ॥ लग्नाधिपो यदा केन्द्रलग्नादेकादशालये । सर्वग्रहकृतं रिष्टमेकोपि विलयं नयेत ॥ बलवान् केन्द्रगः सौम्यो हन्ति दोषशतत्रयम् । घूनं विहाय दैत्येज्यः सहस्रं लक्षमंगिराः ॥ स्मरण रहे, कि—पूर्वोक्त अपवाद वाक्यों में सप्तम रहित केन्द्र (१।४।१०) ही ग्रहण करना ।

विवाहे ग्रहाणां रेखाप्रदस्थानानि

र.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.	ग्रहाः	मुहूर्त गणपतौ
३	२	३	१	१	१	३	३			
६	३	६	२	२	२	६	६	३		
८	११	११	३	३	४	८	८	८		लग्नं शुभं विवाहे स्याद्दशविशोपकाधिकम् ।
११			४	४	५	११	११	११		
			५	५	९					
			६	६	१०					
			९	९	११					
			१०	१०						
			११	११						
३॥	५	१॥	२	३	२	१॥	१॥	१॥		विंशोपकाबलम्

अथ गोधूलिलग्नविचारः—लग्नशुद्धिर्यदा नास्ति कन्या यौवनशालिनी । तदा वै सर्व वर्णानां लग्नं गोधूलिकं शुभम् ॥ लग्नं यदा नास्ति विशद्धमन्यद् गोधूलिकं साधु तदा वदन्ति । लग्ने विशुद्धे सति वीर्य्ययुक्ते गोधूलिकं नैव फलं विधत्ते ॥ मार्ग., माघ, फाल्गुन संध्या समय सूर्य गोलक समान दृष्टिगोचर होने पर चै. वै. में गौओं की धूली से आकाश आच्छादित होने पर ज्येष्ठ आषाढ़ में सूर्य आधा अस्त होने पर श्रा. मा. अश्वि. का. में सूर्य पूर्ण अस्त होने पर गोधूलि लग्न होता है ।

गोधूलिके त्याज्यदोषः—कुलिकं क्रांतिसाम्यञ्च लग्ने षष्ठेऽष्टमे शशी । तथा गोधूलिके त्याज्यः पञ्चदोषस्तु दूषितः । "अस्तं याते गुरुदिवस सौरे सार्के" अर्थात् बृहस्पतिवार को सूर्य अस्त होने के पीछे (क्योंकि सूर्य अस्त में पहले बारवेला होगी) और शनिवार को सूर्य अस्त से पहले (क्योंकि सूर्य अस्त हो जाने में कुलिक मुहूर्त होगा) गोधूलि समझना ।

संकीर्ण वर्णसंकर चाण्डालादि जाति का विवाहमुहूर्तः—कृष्णपक्ष कूरवार निषिद्ध नक्षत्र योगों में संकीर्ण जाति वालों का विवाह धन, पुत्र, आयु प्रीति लाभ देता है। ऐसा शौनकादि मुनि कहते हैं ।

पुनर्विवाहे (रीत) सूर्यभात् शुभाशुभज्ञानम् चक्रम् ।

३	३	३	३	३	३	३	३	नक्षत्र
मृत्यु	धन	मरण	मृत्यु	पुत्र	दुर्भग	श्री	उन्नति	फल

अन्यच्च—सूर्यभात् ४।११।१८।२५ संख्यकसाभिजिद्भेषु पुनर्विवाहे मृत्युः । अस्य तिथि-मासवेध भृगु-गुर्वस्तादि दोषोऽपि नावलोकनीयः ।

वधू प्रवेश का मुहूर्त—जब वधू विवाह होने पर पति के घर पहले आती है वधू वधूप्रवेश कहा जाता है । विवाह से १६ दिन के भीतर सम दिनों में अथवा ५, ७, ९वें दिन, इनके उपरान्त एक मास तक विषम दिनों में, एक वर्ष के भीतर विषम मास में और एक वर्ष के उपरान्त ३रे, ५वें वर्ष में भी स्थिर लग्न में वधूप्रवेश शुभ है । ५ वर्ष के उपरान्त जब चाहे तब शुभ मुहूर्त में हो सकता है। १६ दिन के भीतर पूर्वोक्त दिनों में तिथ्यादि पंचांगशुद्धि चन्द्रबल गुरुशुक्र के मूढ़त्व का भी विचार नहीं करना । व्यतिपाते क्षयतिथौ ग्रहणे वैधृतौ तथा । अमासंक्रांतितिथ्यादौ प्राप्तकालेऽपि नाचरेत् ॥ रे. अश्वि. रो. मृ. श्र. घ. ह. चि. स्वा. म. मू. उत्तरा ३, पुष्य, अनु. इन नक्षत्रों में और च. बु. वृ. शु. श. इन वारों में १। २। ३। ५। ६। ७। ८। १०। ११। १२। १३। १५ तिथियों में ५। ८। ११लग्नों में चतुर्थाष्टम शुद्ध हो तो वधूप्रवेश शुभ है ।

वधू-प्रवेशस्य समयमाह—वधूप्रवेशो न दिवा प्रशस्तः राजप्रवेशो न निशि प्रशस्तः ।
दिवा च रात्रौ च गृहप्रवेशः सत्कीर्तिदः स्यात्त्रिविधः प्रवेशः ॥

विवाहतः प्रथमवर्षे वधूनिवासफलम्—विवाह के बाद आषाढ़ मास में कन्या पति के घर रहे तो अपनी सास को, क्षय मास में अपने शरीर को, ज्येष्ठ में ज्येष्ठ को, पौष में श्वसुर को, अधिक मास में पति को नाश करती है । विवाह के बाद चत्र मास में पिता के घर रहे तो पिता को अशुभ है, सास आदि के अभाव में उस मास का कोई दोष नहीं ।

द्विरागमन का मुहूर्त—प्योके से दूसरी बार पति के घर जाने को द्विरागमन कहते हैं । विवाह से एक वर्ष के भीतर अथवा तीसरे या पांचवें वर्ष वृश्चिक, कुम्भ, मेष के १४ में जब सूर्य और बृहस्पति शुद्ध हो तब सोम, बुध, गुरु, शुक्रवार को २, ३, ६, ७ या १२ वीं

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

राशि के लग्न में ह. अश्वि. पु. अभिजित्, तीनों उत्तरा. रो. स्वा. पुन. श्र. ध. श. मु. म. रे. चि. और अनुराधा नक्षत्रों में शुभ है। शुक्र सामने या दाहिने हो तो अशुभ है।

विशेषः—द्विरागमः षोडशवासरान्ते एकादशाहे समवासरेषु। न चात्र ऋक्षं न तिथि-संयोगो न वारशुद्धयादि विचारणीयम् ॥

शुक्रस्य मतांतर से सम्मुखे दक्षिणे निषेधः—जिस दिशा में शुक्र उदय हो, वह दिशा 'सम्मुख' होती है। अथवा मेष, सिंह, धनु में शुक्र हो तो पूर्व में वृष, कन्या मकर में हो तो दक्षिण में, मिथुन, तुला, कुंभ में हो तो पश्चिम में, कर्क, वृश्चिक, मीन में हो तो उत्तर में शुक्र का वास माना जाता है। ऐसे सम्मुख या दक्षिण शुक्र में यदि युवति वधू आवे तो कन्या हो, छोटे बालक को साथ लेकर आवे तो बालक को मृत्यु हो, गर्भिणी आवे तो गर्भ का सुख न पावे। यदि ऐसे समय राजविद्रोह राजपीडन आदि उपद्रव या दुर्भिक्ष के दुःख से यात्रा करनी पड़े एवं विवाहसम्बन्धी यात्रा में या देवतीर्थ यात्रा के सम्बन्ध में जाना पड़े तो सम्मुख या दक्षिण शुक्र का दोष नहीं होता। यदि रेवती से मृगशिर तक के चन्द्रमा में भी जावे तो दोष नहीं क्योंकि तब तक शुक्र अन्धा होता है।

विशेषः—सिंहस्थे वा गुरौ शुक्रे सम्मुखेऽस्तगतेऽपि वा। शुभो दीपोत्सवे वध्वा. प्रवेशः पतिमन्दिरे॥ अत्यावश्यकेऽभिमुखे शुक्रदोषनाशाय शान्तिः—राजते वाऽथ सौवर्णे कांस्य-पात्रेऽथवा पुनः। शुक्लपुष्पांबरयुते श्वेततण्डुलपूरिते ॥ निधाय राजतं शुक्रं शुक्तिमुक्ता-फलान्वितम्। महाश्वेतगवा युक्तं सामगाय निवेदयेत्।

प्रथमस्त्रीसंगम मुहूर्त—रजोदर्शनानन्तर १६ रात्रि पर्यन्त ४ रात्रि के बाद कमरात्रि में, (पञ्चदशवर्षोपरि रजोदर्शनाभावेऽपि) रो. मृ. पुष्य ह. चि. अनु. ध. उत्तरा ३, रिक्ता अमावस रहित तिथि में, शुभवार, रात्रि के प्रथम पहर को छोड़कर शुभ समय में चित्त को प्रसन्न कर प्रथम दिन स्त्री संगम करे। मनुष्य का स्त्री के प्रति कर्तव्य—स्त्री का अपमान या तिरस्कार न करे, आदर-सत्कार करे। विशेष गुप्त बात न कहे। और विशेषा-धिकार भी न दे, क्योंकि स्त्री जाति पुरुष की समान कोटि में नहीं आ सकती। अपवाद में एक दो हो सकती हैं। प्रभुकृत शरीर रचना भी कोई वस्तु है, उसे समझना चाहिए। उनका दिल और दिमाग तथा ओज प्रकृति ने पुरुष से न्यून बनाया है। पशु-पक्षियों में भी तोता, चिड़ा तथा बंदर आदि अपनी स्त्री पर पूर्ण प्रभुत्व रखते हैं।

नववध्वाः पाक-कर्म मुहूर्तः—द्विरागमनोत्तरं मृ. उत्तरा. पुष्य. कृ. ज्ये. श्र.ध.श. रो. वि. रे. एषु नक्षत्रेषु शुभवासरे (रविभौमवर्जिते), रिक्ताक्षयरहिततिथौ, २।५।८।११ लग्नेषु, चतुर्थाष्टशुद्धे सप्तमभावे च बलान्विते सति पाककर्म शुभम्।

सधवास्त्रीणां वस्त्रसुवर्णरत्नभूषणविधारण मुहूर्तः—ह. चि. स्वा. अनु. धनि. रे. अश्वि. एषु भेषु बु. गु. शु. वारेषु रिक्तामावस्यारहित तिथिषु, नूतनवस्त्र सौवर्णरत्नरजत-दन्तादिभूषणानां धारणं प्रशस्तम् ॥

चूड़ीचक्रम्—सूर्यनक्षत्राद् गणना ८ अशुभ। ११ तक श्रेष्ठ, १३ तक नेष्ठ, २० तक श्रेष्ट, २२ तक नेष्ट, २६ तक श्रेष्ट, २७ तक नेष्ट। गुरुशुक्रोदय में शुभ वार भी हो।

वस्त्रधारणे विशेषः—विप्रादेशात्तथोद्वाहे क्ष्मापालेन समर्पितम्। निन्द्येऽपि विघ्न्य-धारादौ धारयेच्च नवाम्बरम्।

भूषण-घट्टन मुहूर्त—ह. अ. पुष्य. अभि. स्वा. पुन. श्र. ध. श. उत्तरा ३. रो. एषु नक्षत्रेषु रिक्तामाक्षयरहित तिथौ, शुभवासरे द्विपुष्करत्रिपुष्करयोगे वा भूषणं कार्यम्॥

दुकान खोलने का मुहूर्तः—ह. चि. रो. रे. उत्तरा ३, पुष्य. अश्वि. अभि. इन नक्षत्रों में ४।९।१४।३० इन तिथियों को छोड़कर अन्य तिथियों में, मंगलवार को छोड़कर अन्य वारों में, कुम्भ लग्न को छोड़ कर अन्य लग्नों में, २।१०।११ स्थानों में शुभ ग्रह बैठे हों, ३।६ में पापग्रह हों, ८।१२ वां स्थान पाप रहित हो, अपनी शुभ दशा भी चलती हो तो दुकान करना शुभ है, चन्द्र लग्न में हो तो अत्यन्त शुभ है।

भर्तृगृहात्पितृगृहागमन मुहूर्तः—पूर्वा ३ भ. मू. म. ज्ये. आ. आश्ले. एतद्भिन्नेषु, बं. बु. शु. वारेषु सत्तिथौ शुभलग्ने कुयोगादिरहित्ये प्रशस्तः ॥

घोड़े पर चढ़ने का मुहूर्तः—भ. आर्द्रा. आश्ले. म. पु. ३. ज्ये. भू. इन नक्षत्रों को छोड़ कर शेष नक्षत्रों में रविवार को शुभ है।

हड्डचक्र—सूर्य नक्षत्र से दुकान खोलने के दिन तक नक्षत्र अभिजित सहित गिनकर चक्र से शुभाशुभ फल जाने।

नक्षत्र	२	३	४	४	३	४	४	४
स्थान	आसन	मुख	अग्नि	नैर्ऋत्य	सन्मुख	वायव्य	ईशान	मध्य
फल	पीड़ा	विकृतनाश	अर्थनाश	सुख	महाश्रेष्ठ	चोर भय	सर्वहानि	शुभप्रद

सेवाकर्म (नौकरी)—मुहूर्तः—अ. मृ. चि. ह. पुष्य. अनु. रे. एषु भेषु रिक्तामा रहित-तिथौ. र. बु. बृ. शु. वारेषु शुभः। लग्नस्थे, १०।११ सूर्य मे वा स्वामिसेवकयोः राशी-शयोनिमैत्र्यां सत्यां शुभः।

व्यवहार (बही)—पत्रारम्भ-मुहूर्तः—अश्वि. रो. मृ. पुन. पु. उत्तरा ३, ह. चि. अनु. श्र. रे. एषु भेषु रिक्तामारहिततिथौ, सू. चं. बु. बृ. श. वारेषु शुभयुते शुभे लग्ने चरे द्विस्वभाव च व्ययाष्टरहिते पापैः केन्द्रकोणगः शुभः स्यात्।

द्रव्यप्रयोग मुहूर्तः—पुन. स्वा. मृग. रे. चि. ऽनु. वि. पुष्य. श्र. ध. श. अश्वि. एषु नक्षत्रेषु, १।४।७।१० लग्नेषु ९।५।८ शुद्धिरहिते द्रव्यप्रयोगः शुभः। अत्रावसरे ९।५ शुभ ग्रहाणां तु न कोऽपि दोषः।

ऋण लेने के लिये वर्जित काल—मंगलवार संक्रान्ति दिन, वृद्धियोग हस्तनक्षत्रयुक्त रविवार को ऋण ले तो कभी मुक्त न हो। मंगलवार को ऋण चुकाना अच्छा है। बुध वार को धन नहीं देना चाहिए। कृ. रो. आर्द्रा. श्ले. उ. ३, वि. ज्ये. मू. नक्षत्रों में भद्रा व्यतिपात और अमावस में गया धन फिर मिलता नहीं या झगड़े आदि पर उतारू होना पड़ता है।

ईंट के भट्टा—में आग देने में शाम का समय शुभ चौघड़िया तथा मंगल रवि और शनैश्चर वार शुभ माने जाते हैं। बुधवार नई ईंट बनाने में विशेष शुभ है।

श्रीकाशीनाथ-मते क्रयविक्रय मुहूर्तः—पुष्य., पू. भा., अनु. श्र.ह. म. स्वा. उत्तरा.३, आश्ले. रे. एषु भेषु, सत्तिथौ शभदिने उत्तमशकुनं विचार्य क्रयविक्रयणं कार्यम्।

वस्तु खरीदने का नक्षत्र—रे. शत. अश्वि. स्वा. श्र. चि., वारों में बुध और रवि श्रेष्ठ माने गये हैं।

वस्तु बेचने के नक्षत्रः—पू. फा. पू. षा. पू. भा. वि. कृ. श्ले. म. ये ७ नक्षत्र और गुरुवार, चन्द्रवार श्रेष्ठ माने गये हैं।

नोट—बेचने के नक्षत्रों में खरीदना और खरीदने के नक्षत्रों में बेचने वालों को ९५फीसदी नुकसान रहेगा, इसमें संशय नहीं। पट्टे में भी प्रथम बार व्यापार करने वाले व्यापारी

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अवश्य ध्यान करें तभी मालूम होगा कि ऋषियों के वाक्य कहां तक सच हैं ।

नालिश (अर्जी) का मुहूर्त:—४।९।१४ तिथि हो, मं. श. वार हो, कृ. आर्द्रा. घ. अ. श्ले. म. ज्ये. मू. वि. पूर्वा ३. नक्षत्र हो, भद्रा होवे तो अत्युत्तम है ।

गृहादि निर्माण में आय विचार

ग्रामभात् वासकर्तुनक्षत्रं यावद् गणना कार्या स्थान-नक्षत्र-फलम		
मस्तके	७	धनलाभः
पृष्ठे	७	हानिःनैःस्वम्
हृदये	७	सुखलाभः
पादे	७	पर्यटनम्

गृहस्वामी के हस्तादि लम्बाई चौड़ाई को परस्पर गुणा कर आठ का भाग देवे, जो शेष रहे वह क्रम से ध्वजादि आय होते हैं । १ ध्वजा, २ धूम्र, ३ सिंह, ४ स्वान, ५ वृषभ, ६ गदर्भः, ७ हस्ती, ८(०)। इनमें एकादि विषम संख्या की आय शुभ और दो आदि सम संख्या की अशुभ जानना । गृह की भूमि को अन्दर से मापना चाहिए और देवस्थान की भूमि को बाहर से मापना चाहिए । ३२ हाथ लम्बे चौड़े घर में आयादि विचार का आवश्यकता नहीं है, और न चार द्वार वाले घर में ही । ब्राह्मण को ध्वजाय, क्षत्रिय को सिंहाय, वैश्य को गजाय और शूद्र को वृषभाय विशेष शुभ होती है । अन्य आय नीच जाति के लिए शुभ हैं ।

घर का नक्षत्र और व्यय ज्ञान

घर के क्षेत्रफल (हस्तादि लम्बाई चौड़ाई के गुणन) को आठ से गुणा कर २७ का भाग दे । जो अंक शेष रहे तदनुसार अश्विन्यादि गृह का नक्षत्र जाने । इस नक्षत्र को ८ से भाग देवे । शेषांक तुल्य व्यय जाने । आय से व्यय कम हो तो शुभ अन्यथा अशुभ ।

वास्तुभूमि का शुभाशुभ जानना

नई बस्ती में गृहादि बनाना हो तो भूमिपूजनपूर्वक शाम को एक हाथ चौड़ा, एक हाथ लम्बा, एक हाथ गहरा गड्ढा बनाकर उसको जल से भर देवे । प्रातःकाल उसको देखें । यदि जलयुक्त हो तो शुभ, निर्जल मध्यम, निर्जल फटा हुआ हो तो अशुभ है ।

मकान बनाने के लिए पृथ्वी की शुभाशुभपरीक्षा

सूर्य राशि के अनुसार खात दिशा देख मकान की नींव को इतना गहरा खोदे कि दूसरी मिट्टी निकल आवे । अथवा साढ़े तीन हाथ गहरी खोदे । खोदते समय जो जमीन में पत्थर वा काली ईंट निकले तो धन आय की वृद्धि हो और जो गठली निकले तो धन नाश हो और जो हाड़ राख कोला बाल निकले तो मकान बनानेवाले को व्याधि पीड़ा हो ।

गृहारम्भ मुहूर्त—वैशा. श्रा. मार्ग. माघ. फाल्गुन और सौर महीने गृहारम्भ में श्रेष्ठ कहे हैं, भाद्रपद और कार्तिक मास मध्यम है । २।३।५।६।७।१०।११।१२।१३।१५ और कृष्णपक्ष की प्रतिपदा इन तिथियों में, चं. बु. गु. शु. श. वारों में, रो. मृ. चित्रा ह. स्वा. अनु. उत्तरा ३. ध. श. रे. वेध रहित नक्षत्रों में, २।३।५।६।८।११।१२ लग्नों में, पञ्चबाण और भूमिशयन से रहित दिनों में लग्न से केन्द्र त्रिकोण स्थानों में शुभग्रह और ३।६।११ वें स्थान में पापग्रह तथा अष्टम स्थान शुद्ध होने पर गृहारम्भ मुहूर्त शुभ होता है । केवल तृणमय गृहारम्भ में वत्स चक्र व मासादि का विचार नहीं करना ।

गृहारम्भे वत्सचक्रम्

सूर्यनक्षत्र से गृहारम्भ नक्षत्र तक अभिजित् सहित गणना करें ।

स्थानानि	न.	फलानि
शीर्षे	३	अग्निदाह
अ. पादे	४	शून्यमसत्
पृ. पादे	४	स्थिरता
पृष्ठे	३	लक्ष्मीप्राप्ति ।
द. कुक्षौ	४	लाभः शुभम्
पुच्छे	३	स्वामिनाशः
वामकुक्षौ	४	निर्धनता
मुखे	३	पीड़ा असत्

विशेषः—पुष्य. उ. ३ रो. म. आश्ले. पू. षा. इनमें से जिस पर बृहस्पति हो उस नक्षत्र में और बृहस्पति को गृहारम्भ हो तो पुत्र और सम्पत्तिदायक होता है । रो. ह. अ. उफा. चि. इनमें से जिस पर बुध हो उस नक्षत्र में बुधवार को गृहारम्भ हो तो सुख और पुत्र होते हैं वि. बृ. चि. ध. श. आर्द्रा इनमें से जिस पर शुक्र हो उस नक्षत्र में और शुक्रवार को गृहारम्भ हो तो धनधान्यदायक होता है ।

प्रसुप्त-भूमि-ज्ञानम्—'संक्रांति मिति दिन पांचवें सप्तम नवम जोय । दस इक्कीस २४ में षट् दिन पृथ्वी सोय । तत्रात्यावश्यके क्रमात्: ५।११।७।६।२।१०एता घटिका भूमिकर्मण्यवश्यं वर्जनीयाः । अन्यच्च—सूर्य के नक्षत्र से ५।७।९।१२।१९।२६ इतनी संख्या के नक्षत्रों में पृथ्वी शयन के कारण मकान की नींव, तड़ाग, वापी, कूपादि का खोदना उत्तम नहीं होता ।

गृहमध्ये कूप-विचारः

मध्य	ई.	पू.	आ.	द.	नै.	प.	उ.	वा.
अर्थहानिः	सुपुष्टिः	सुप्राप्तिः	पुत्रनाशः	स्त्रीनाशः	गृहेशनाशः	संपत्	सुखम्	शत्रुभयम्

नक्षत्रवारौ तिथिसंप्रयुक्तौ वेदाहृतं तद्गणकेन कार्यम् । एकावशिष्टे च जलं हि नागे द्वाभ्यां च शेष सलिलं च स्वग । त्रिशून्यशेषभुवि संस्थितं च भूतंस्थितं सुष्ठु वदन्ति विज्ञाः

अथ चुल्लिचक्रविचारः

सूर्य के नक्षत्र से ४ नक्षत्र पीठ के सुखप्रद । ४ मस्तक के मृत्युप्रद : ८ बाहु के सुन्दर-सुख भोगदायक । ५ गर्भ के नाशक । २ भुज के भोगदायक । २ चरण के नाशक । यह चुल्लिचक्र गर्गाचार्य ने कहा है, पण्डितजन विचार करें । उपरोक्त शुभ नक्षत्रों में चूल्हा तंदूर बनावे तथा इन्हीं शुभ नक्षत्रों में प्रथम अग्नि जलावे ।

नूतन-गृहप्रवेश मुहूर्त

माघ-फाल्गुन-वैशाख-ज्येष्ठमासेषु शोभनः । प्रवेशो मध्यमो ज्ञेयः सौम्य (मार्ग.) कार्तिकमासयोः ।। (यहां चान्द्रमास लेना) उत्तरा ३. अनु. रो. मृ. चि. रे. इन नक्षत्रों में रिक्तामा रहित तिथियों में चं. बु. श. इन वारों में २।५।८।११ लग्नों में अत्यावश्यक ३।६।९।१२ लग्न में भी, लग्न से १।२।३।५।७।९।१० इन स्थानों में शुभग्रह हों, ३।६।११ में क्रूर हों, १।६।८।१२ में चन्द्रमा न हो, चौथा ८वां स्थान शुद्ध हो, जन्म लग्न या जन्म राशि से ८वीं राशि लग्न में न हो, चन्द्र तारा शुभ हों और कुम्भ चक्र की भी शुद्धि हो तो आगे गौ कन्या जलपूर्ण पुष्पमाला युक्त कलश शंखध्वनि मंगल गान के साथ दम्पति को गृहप्रवेश शुभ है ।

गृहप्रवेश का विशेष मुहूर्त—पुराने अर्थात् जीर्ण या तृण कुटीर अथवा अग्नि-वर्षा. इत्यादि के भय से बनवाये हुए नए घर में भी वै. श्रा. का. मार्ग. फा. मास में शत. पुष्य. स्वा. और ध्रु. नक्षत्रों में तथा गुरु शुक्र के अस्त में भी गृहप्रवेश हो सकता है ।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सूर्यराशिवशात्–ज्ञान

देवालय की नींव खोदनी हो तो सौर चैत्र, वैशा०, ज्ये० में आग्नेय, आषा., श्रा., भा. में ईशान, आश्वि. कार्ति., मार्ग. में वायव्य, पौ० माघ० फा० में नैर्ऋत्य कोण में शुभ है।

जलाशयारम्भ समय–वैशा. ज्ये. आषा. ईशान श्रा. भा. आश्वि. में वायव्य कार्तिक मार्ग. पौष में नैर्ऋत्य माघ फा. चैत्र में आग्नेय कोण में नींव खोदना।

गृहारम्भ समय–वैशाख में वायव्य ज्येष्ठ श्रावण में नैर्ऋत्य, भादों कार्तिक में आग्नेय मार्ग. माघ में ईशान में और फाल्गुन में वायव्य कोण में नींव खोदना शुभ है।

द्वारशाखा (देहली) चक्रम् सूर्यनक्षत्रात्

स्थान.	न. फलानि
शिरसि	४ श्रीप्राप्तिः
कोण	८ उद्वसनं
शाखा	८ सौख्यम्
देहल्यां	३ गृहेशनाश
मध्ये	४ सौख्यम्

चक्रमिदं विलोक्य सुधिया द्वारं विधेयं शुभम्।

गृहप्रवेशे कुम्भचक्रम् सूर्यभात्

५	८	८	६
अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ

नलकूप, तालाब और बावड़ी खुदवाने का मूहूत––अनु. ह. तीनों, उ., रो. ध. श. म. पू. षा., रे. पुष्य. मृ. नक्षत्र हों लग्न में बुध या गुरु हो, शुक्र १० वें स्थान में हो और पापग्रह निर्बल हों तो शुभ है। यदि २।१०।४।११।१२ लग्न हों तो अत्युत्तम है। जलाशयखात सूर्य राशि से देखें।

सूर्यनक्षत्रात्कूप-नल चक्रम्

ईशान ३ क्षार जल	पूर्व ३ खण्डितजल	आग्ने. ३ सुजल	ई. २ जलनाश	पूर्व २ शोक	आ. २ जलाधिक्य
उत्तर ३ उत्तम जल	मध्य ३ स्वादु तथा शीघ्रजल	दक्षिण ३ निर्जल	उ. २ अमृत जल	मध्य ५ बहुजल	द. २ जलनाश
वायव्य ३ मिश्रितजल	पश्चिम ३ जल	नैर्ऋत्य ३ अमृत जल	वा. २ जलनाश	प. २ बहुजल	नै. २ अमृतजल

गणना क्रम––मध्यपूर्व आग्नेय दक्षिणादिक्रमेण बोध्यम्, जल का वास भी १२७पृष्ठ से भूमि पर विचारे।

अवशिष्टानि ६ नक्षत्राणि 'वारिवाह' संज्ञकानि सन्ति तत्फलम्––वारिवाहे वारिहानिः। गणनाक्रम––पूर्व आग्नेय द० नै० प० वा० उ० ई० मध्ये वारिवाहः।

रोहिणीभात् वापीचक्रम्

ईशान अ.भ.कृ. मध्यजल	पूर्व पुन.पु.श्ले. जलाभाव	आग्नेय म.पूफा.उषा. मध्यजलम्
उत्तर पूभा.उभा.रे. मिष्टजलम्	मध्य रो.मृ.आर्द्रा शीघ्रजलम्	दक्षिण ह.चि.स्वा. जलाभाव
वायव्य श्र.ध.श. क्षारजलम्	पश्चिम मू.पू.उषा. अमृतजलम्	नैर्ऋत्य वि.अनु.ज्ये. बहुजलम्

जलाशयाराम देव-प्रतिष्ठा मुहूर्त

देवतारामवाप्यादिप्रतिष्ठामुत्तरायणे। माघादिपञ्चमासेषु कृष्णेऽप्यापञ्चमीदिवे॥ मातृभैरव वाराहमारसिंह त्रिविक्रमाः। महिषासुर हंत्री च स्थाप्या वै दक्षिणायने।

अश्वि० रो० मृ० पुष्य०, ह० चि० स्वा० अनु० श्र० ध० श० उत्तरा० ३, रे० एषु भेषु कुजशनिवर्जितवारेषु २। ३। ५। ७। ८। १०।११।१२।१३ एतत्तिथौ शुक्ले १। २। ३। ५ तिथिषु कृष्णे, गुरुशुक्रयोः नीचनिर्बलास्तादिरहितकाले, कर्तुः सूर्यचन्द्रतारानुकूल्ये सति जन्मलग्नयोरष्टमराशिलग्नरहिते स्थिर (२।५।८।११) लग्नेषु लग्नात् १।४।७।१०।९।५।२।११ स्थानेषु शुभैः, ६।११ सेन्दुभिः पापैः पूर्वाह्णे देवप्रतिष्ठा कार्या।

देवताविशेषेणलग्नम्––सिंहे सूर्यो शिवो द्वन्द्वे लग्ने स्थाप्यः स्त्रियां हरिः। एवं वेधाश्चरे क्षुद्राद्यं गदेव्यः स्थिरेऽखिलाः॥ यस्य देवस्य यत्तिथिवारनक्षत्रादिकं तद्दिने यदि तस्य प्रतिष्ठा मुहूर्तो भवेत्तदा अत्युत्तमः।

॥ श्री रामायणादि कथा प्रारम्भ का मुहूर्त ॥

गुरु के नक्षत्र से दिननक्षत्र १६ तक अर्थलाभ सिद्धि २४ तक मृत्यु, राजभय, २७ तक मोक्षप्रद होता है। शुभवार तिथ्यादि विचारपूर्वक देवप्रीत्यर्थ शुक्ल पक्ष में और पितृ व प्रेतशान्त्यर्थ कृष्णपक्ष में करे।

वास्तुशान्ति मुहूर्त––श्र० ध० मृ० अनु० रे० ह० चि० स्वा० उत्तरा ३. पुन. पु. रो० अश्वि० एषु भेषु शुभेऽह्नि सत्तिथौ बलिदान पुरस्सरं वास्त्वर्चनं कार्यम्।

अग्नि का वास किस लोक में है––जिस दिन हवन करना हो उस दिन तिथि और वार की संख्या जोड़कर एक और जोड़ना पुनः ४ का भाग देना यदि पूरा भाग लग जाय (०शेष रहे) अथवा तीन शेष रहे तब अग्नि का वास पृथ्वी पर सुखकारक होता है, शेष १ बचने पर आकाश में प्राणहानिकारक, शेष २ बचने पर पाताल में धनहानि करता है। तिथि की गणना शुक्ल प्रतिपदा से, वार गणना रविवार से करनी। इसके बाद आहुतिचक्र जरूर देखिए।

ग्रहनुखे होमाहुतिज्ञानाय चक्रम्

(सूर्य नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनना)

सू.	बु०	शु०	श०	चं०	मं०	गु०	रा०	के०	ग्रहा
३	३	३	३	३	३	३	३	३	नक्षत्र
नेष्ट	श्रेष्ठ	श्रेष्ठ	नेष्ट	श्रेष्ठ	नेष्ट	श्रेष्ठ	नेष्ट	नेष्ट	फलम्

विशेषः––यात्राविवाहव्रतगोचरेषु चोलापनीताद्यखिलव्रतेषु। दुर्गाविधानेषु सूतप्रसूतौ नैवाग्निचक्रं परिचिन्तनीयम्। महारुद्रव्रतेऽमायां ग्रस्तेन्दुकास्तराहुणा। नित्यनैमित्तिके कार्ये अग्निचक्रं न दर्शयेत्॥ दिग्दाहेष्वथवा घोरग्रहास्ते भूमिकम्पम्। केतूनामुदये शान्तौ चक्रं यत्नेन चिन्तयेत्॥ लक्षकोटिहवने मखेऽखिले चातिरुद्रकरणे महाविधौ। देवखातभवने सुरालयादग्निचक्रमवलोकयेत्सुधीः॥ दुर्गभंगे गृहे वाऽपि विवादः शत्रुविग्रहे। शान्तिकार्ये नृपक्रोधे चक्रं तत्र निरीक्षयेत्॥

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

हवन में शाकल्य-विचार—तिल का आधा चावल, चावल का आधा यव, यव का आधा शक्कर और सब का आधा घृत, असमर्थता में यथाशक्ति घृत लेना चाहिये।

पापग्रहमुखे हवने कृते शान्तिः—क्रूरग्रहमुखे चैव सञ्जाते हवने शुभे। शांतिं विधाय गां दद्याद् ब्राह्मणाय कुटुम्बिने। आयसीं प्रतिमां कृत्वा निक्षिपेत्तामधोमुखीम्॥ गोमूत्र-मन्नगन्धाद्यैरर्चितां प्रतिमां ततः। कुण्डे निधाय सम्पूज्य तत्र होमो विधीयते॥

अथ ऋणी-धनी विचारः—स्ववर्गद्विगणं कृत्वा परवर्गेण योजयेत्। अष्टभिश्च हरेद् भागं योऽधिकः स ऋणी भवेत्॥

यथा—अपने नाम के 'अ' वर्गादिवर्ग को दूना कर दूसरे वर्ग को जोड़ना फिर ८ से भाग देना। फिर दूसरे का वर्ग दुगुना करके अपना वर्ग जोड़ना फिर ८ का भाग देना; जिसका भाग शेषांक अधिक बचे वह ही कम बचने वाले का ऋणी जानना। राशि के अनुसार अपने से उच्च वर्ग की राशि का नौकर रखना निषिद्ध है, समान वर्ग प्रीतिकारक है।

भूमि का लेन-देन—गुरु, शुक्रवार १, ५, ६, ११, १५, तिथि मृग. पुन. श्लेः. म., पू. फा., वि., ज्ये., मूल, पू. षा., उ. भा. नक्षत्र में घर-जमीन का सौदा करना शुभ है।

हल-प्रवहण मुहूर्तः—मृ. रे. चि. अनु. रो. उत्तरा. ३. ह. अश्वि. पुष्य. अभि. स्वा. पु. श्र. ध. श. म. म. वि. एषु भेषु रिक्तामासषष्ठचष्टमीरहितसत्तिथौ शुभग्रहस्य वासरे, १।५।७।१०।११ लग्नेषु भमिशयनभद्रादीन् वर्जयित्वा हलचक्रशुद्धौ सत्यां हलप्रवहणं शभम्।

हलचक्रम्					बीजवपने राहुचक्रम्					
सूर्य-भुक्त नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिने					राहु नक्षत्रात् दिनभं यावत् गणना कार्या					
३	८	९	८	नक्षत्र	८	३	१	३	१	३	१	३	४
अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	फलम्	अशुभ	शुभ	अशुभ	शभ	अशभ	शुभ	अशुभ	शभ	अशभ

बीज वपने मुहूर्तः—ह. अश्वि. पुष्य. उत्तरा ३. चि. अनु. मृ. रे. स्वा. ध. एषु भषु सत्तिथौ भौमातिरिक्तवारेषु सुशकुने राहुचक्रशुद्धौ सत्यां शुभः।

विशेषः—रवौ रौद्रा (आर्द्रा) द्यपादस्थे भूमौ संजायते रजः।
तस्मादित्त्रयं तत्तु बीजवापे परित्यजेत्॥

नवान्न भक्षण मुहूर्तः—मृ. र. चि. अनु. ह. अश्वि. पुष्य. अभि. स्वा. पुन. श्र. घ. श. विषघटी रहित नक्षत्रों में शुभ है; नन्दा रिक्ता तिथियों और पौष चत्र को छोड़कर सू. ब. गु. शुक्रवार शुभ हैं।

गो आदि पशु लेने का मुहूर्त—अश्वि. पुन. पु. ह. वि. ज्ये. धनि. शत. र. नक्षत्र में गौ लेना, बेचना। अन्य पशु पुन. पूर्वा ३. ह. अनु. ज्ये. मू. धनि. रे. में लेना बचना शभ है। गाय लेनी हो तो उ. फा. से दिन नक्षत्र तक गिने, ३ तक लाभदायक, ५ तक हानि, ११ तक अर्थलाभ, १६ तक सुख, २२ तक महालाभ, २३ तक वृद्धि, २७ तक भय होता है। वृषभ (बैल) लेना हो तो ६ नक्षत्र लाभदायक फिर दो दो के क्रम से गाय के समान फल जानो। महिषी (भैंस) लेनी हो तो भी गौनक्षत्रगणना क्रम से शुभाशुभ-फल सूर्य नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनें (नौमी चौदस चौथ चौपाया। मंगल हानि करे घर आया)

सूर्यनक्षत्रात्मकाष्ठादि (गृहारा आदि) संस्थापन चक्रम्

६	२	४	४	४	४	४	नक्षत्र
उत्तमपाक	शवदहन	सर्पभय	मित्रलाभ	रोगभय	क्वाथकर्म	सुख	संख्या
शभ	नेष्ट	नेष्ट	शभ	नेष्ट	नेष्ट	शभ	फलम

क्षौरमुहूर्तः—मृ. रे. चि. अनु. उत्तरा ३ रो. ह. पुष्य, अश्वि. मू. वि. नक्षत्रों में रिक्तामा रहित शुभ तिथियों में और वं. बु. बृ. शुक्रवार हों, शुक्लपक्ष में ४।१।११ लग्न में शुभ है। तृणकाष्ठादिसंग्रहनिषेधः—तृण काष्ठ का सञ्चय और पलंग बुनवाना आदि कर्म कुम्भ, मीन के चन्द्र में नहीं करना चाहिए।

सिंगी (फस्त) लगाने का मुहूर्त—शुक्ल पक्ष में रिक्ता तिथि एवं करवार को सिंगी (फस्त) और जोंक लगवाना रोगी के लिए आरोग्यप्रद होता है।

कुलदेवता-स्थापन मुहूर्त—शुभ वार, तिथि अश्वि. रो. मृ. पुष्य, उफा. ह. चि. स्वा. अनु. उषा. उमा. रे. नक्षत्र स्थिर लग्न भद्रादिदोष-रहित समय में शुभ है।

मशीनरी चालू करने का मुहूर्त—धनि, अश्वि., हस्त., चित्रा., अनु., पुष्य., ज्ये., पुन., व रेवती नक्षत्र में शनि की होरा में तथा मशीनरी चालू करने के लग्न में श. मं. शु. चं. शुभ स्थान में हों तब चालू करनी चाहिए, इसके लिए वारों में बुधवार उत्तम है

औषध का मुहूर्त—ह. अ. पुष्य. अभि. मृ. रे. चि. अनु. स्वा. पुन. श्र. ध. श. मूल और जन्म-नक्षत्र को छोड़ कर इन नक्षत्रों में ४।९।१४ को छोड़ कर शुभ तिथियों मे, भौम, शनि को छोड़कर अन्य वारों में शुभ है।

अथ यात्रा मुहूर्तः—

ह. म. श्र. अश्वि. पुष्य. पुन. ध. अनु. रे. एषु भेषु यात्रा अत्युत्तमा; रो. उत्तरा ३. पूर्वा ३. एषु भषु मध्या; भ. कृ. आर्द्रा, आश्ले. म. चि. स्वा. वि. ज्ये. एषु भेषु निन्द्या। तत्रात्यावश्यकत्वेऽपि यात्रायां भरण्यादिभानां क्रमात् ७।२१।१४।१४।११।४०।१४।१४।१४ एता घटिका गमन-कर्मण्यवश्यं वजनीयाः, २।३।५।७।१०।११।१२ कृष्णपक्षस्य प्रतिपत्सु दिग्द्वारलग्नेषु वा यात्रा शुभा।

दिग्द्वारलग्नानि

१।५।९	२।६।१०	३।७।११	४।८।१२	शुभम्
२।६।१०	३।७।११	४।८।११	१।५।९	मध्यम
४।८।१२	१।५।९	२।६।१०	३।७।११	अधम
३।७।११	४।८।१२	१।५।९	२।६।१०	म० म०

यात्रा में शुभाशुभ लग्न—जन्मलग्न और जन्मराशि से अष्टमलग्न तथा कुम्भ या कुम्भ के नवांश में यात्रा कदापि न करें। शुभ लग्न वह है जब १।४।५।७।९।१० स्थानों में शभ ग्रह और ३।६।१०।११ वें पापग्रह हों। अशुभ लग्न वह है जब १।६।८।१२ वें चन्द्रमा १० वें शनि, ६ वें शुक्र, १२।६।८ वें लग्नेश हो। अन्यच्च, यात्रायामष्टमं शुद्धं विवाहे सप्तमं तथा। दशमं तु गृहारम्भे चतुर्थं तु प्रवेशने॥

जन्म लग्नेश दशमेश अस्त हों वा मारक दशा हो तो मुमुहूर्त में भी दूर की यात्रा न करे, प्रथम तीर्थ-यात्रा वा देव-दर्शन गुरुशुक्रास्त में वर्जित है।

दिक्शूल-ज्ञानाय चक्रम्

पूर्व	आ.	दक्षि.	नैर्ऋ.	पश्चि.	वाय.	उत्तर.	ईशा.
चं. श.	चं.श.	गुरु	मू.शु.	सू.शु.	भौम	मं.	बु.श.

नक्षत्र-शूल चक्रम्

दिशा पू.	द.	प	उ.
नक्ष. ज्ये.	पू.भा.	रोहि.	उ.फा

दिक्शल-परिहारः—न वारदोषाः प्रभवन्ति रात्रौ देवेज्य-दैत्येज्य-दिवाकराणाम्। दिवा शशांकाकजभूसुतानां सर्वत्र निन्द्यो बुधवारदोषः॥१॥ सूर्यवारे घृतं प्राश्यं चन्द्रवारे पयस्तथा। गुडमंगारके वारे बुधवारे तिलानपि। गुरुवारे दधि प्राश्यं शुक्रवारे यवानपि माषान्भुक्त्वा शनिवारे शूले यच्छेन्न दोषभाक्॥२॥

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

यात्रा में काल-ज्ञान	
शनौ	पूर्वे
शुक्रे	आग्नेय्यां
गुरौ	दक्षिणे
बुधे	नैर्ऋत्ये
भौमे	पश्चिमे
चन्द्र	वायव्ये
रवौ	उत्तरे

सम्मुखे नेष्टः पृष्ठे शुभः

योगिनी-वास चक्रम्

पू०	अग्नि०	दक्षि०	नैर्ऋ०	पश्चिम	वाय०	उत्तरे	ईशा०	दिशा
१।९	३।११	५।१३	४।१२	६।१४	७।१५	२।१०	८।३०	तिथि

योगिनी साधारण यात्रा में सामने और दाहिने अशुभ होती है, पीछे और बांये की शुभ, युद्ध यात्रा की बांये ओर की और सम्मुख की विशेष त्याज्य है। समयशूल उषाकाल में पूर्व को, गोधूलि में पश्चिम को, अर्द्ध रात्रिमें उत्तर को और मध्या ह्नकालमें दक्षिण को नहीं जाना चाहिए। गर्गगुरु अङ्गिरामुहूर्त गर्ग जी के मत से ५ या ४ घड़ी रात रहे, गमन करे। बृहस्पति के मत से अच्छा शकुन मिलने पर यात्रा करे। अङ्गिरा के मत से जब मन प्रफल्लित हो तब ही चला जाय। भगवान् के मत से ब्राह्मण की आज्ञा लेकर यात्रा करनें से शुभ होता है। पञ्च पञ्च (५५) उषाकालः सप्तपञ्च (५७) अरुणोदयः अष्टपञ्च (५८) भवेत्प्रातः शेषं सर्योदयो भवेत् ॥

चन्द्र-वास चक्रम्			
पूर्वे	दक्षि.	पश्चि-	उत्तरे
मेष	वृष	मिथुन	कर्क
सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि
धनु	मकर	कुम्भ	मीन

एकस्मिन् राशौ आवश्यके-

घट्यात्मक-चन्द्र-वास चक्रम्

पू.	द०	प०	उ०	पू०	द०	प०	उ०	दिशा
१७	१५	२१	१६	१७	१५	२०	१४	घटी

घट्यात्मक चन्द्रवास जिस दशा का चन्द्र होवे उस दिशा से गिनना चाहिये। कुम्भ और मीन के चन्द्रमा में दक्षिण को कदापि न जावे।

चन्द्रफलम्—सम्मुखे अर्थलाभाय दक्षिणे सुखसम्पदः। पृष्ठतो मरणं चैव वामे चन्द्रे धनक्षयः ॥१॥ सर्वे दोषा लयं यान्ति पूर्णचन्द्रे हि सम्मुखे ॥इति॥ सम्मुखे चन्द्रप्रशंसा-करण-भगणदोषं, वारसंक्रान्ति-दोषं, कुतिथिकुलिदोषं, यामयायार्द्धदोषम्। कुजशनिरविदोषं राहुकेत्वादिदोषं हरति सकलदोषं चन्द्रमा सम्मुखस्थः।

सर्वाङ्ग-सिद्धि योगः—शुक्लादि तिथि वार की संख्या के जोड़ को तीन जगह रख क्रमशः ७।८।३ का भाग दे। शेष प्रथम स्थान में शून्य हो तो क्लेश, मध्य में हो तो धनक्षति और अन्त में हो तो मृत्यु होती है। सर्वत्र अंक आने से सौख्य, जय, लाभ हो। विजयदशमी को बिना सर्वांकादि मुहूर्तों के भी यात्रा सफल होती है। बायां स्वर चलते समय पूर्व व ईशान को, दाया चलते समय दक्षिण व नर्ऋत को मत जाओ, हानि होती है। जाने वाले का अच्छे मुहूर्त और अच्छे शकुन में भी जाने को मन न चाहे तो कदापि न जावे क्योंकि मुहूर्त शकुन से मन की इच्छा प्रबल है।

वर्ण क्रमेण स्थान विधानम्—यदि यात्रा मुहूर्त किसी अत्यावश्यक कार्यवश विलम्ब हो जाय तो उसी मुहूर्त में ब्राह्मण जनेउ माला, क्षत्रिय शस्त्र, वैश्य मधु घृत व रुपया और शूद्र खट्टे फल को अपने वस्त्र में बांध किसी घर के या नगर के बाहर जाने की दिशा में प्रस्थान से पूर्व रक्खे। अथवा सब लोग मन की सबसे प्यारी वस्तु को रख दें।

यात्रा से पहले त्याज्य वस्तु—यात्रा के तीन दिन पहले दूध त्याग दे, पांच दिन पूर्व हजामत, तीन दिन पूर्व तैल, सात दिन पूर्व मैथुन, समर्थ न हो तो, एक दिन पहले तो सब त्याज्य वस्तुओं का त्याग अवश्य करे। अशुभ महूर्त में यात्रा करने पर हानि का भय रहता है। यदि यात्रा का मुहूर्त शुभ न हो और यात्रा भी न टाली जा सकती हो तो चतुर्घटिका या होरा मुहूर्त देख यात्रा करें।

दिने चतुर्घटिका मुहूर्तम						
सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	बृह.	शुक्र	शनि
उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल
चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ
लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वग	अमृत	रोग
अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग
काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर
शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ
रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत
उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल

रात्रौ चतुर्घटिका मुहूर्तम							
घटी	स.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.
३।।।	शु.	चं.	का	उ.	अ.	रो.	ला.
७।।	अ.	रो.	ला.	शु.	चं.	का	उ.
११।	चं.	का.	उ.	अ.	रो.	ला	शु.
१५	रो.	ला.	शु.	चं.	का.	उ	अ
१८।।।	का.	उ.	अ.	रो.	ला.	शु	चं
२२।।	ला.	शु.	चं.	का.	उ.	अ	रो.
२६।	उ.	अ.	रो.	ला.	शु.	चं.	का
३०	श.	चं.	का.	उ.	अ.	रो.	ला

सूचना—यदि ३० घटी से न्यूनाधिक दिन या रात्रि का मान हो तो उसमें ८ का भाग देने से एक भाग के घटी फल ज्ञात होंगे।

यात्रायां शुभ शकुनानि—मृग बाय दाहिन जो आवे तत्काल। अन्न धन लक्ष्मी बहु मिले चलते प्रातःकाल। विप्र, दो अश्व, गजमद, फल, अन्न, दुग्ध, गोदधि, सर्षप, कमल निर्मल वस्त्र, वाद्य, वेश्या, मयूर, नकुल, सिंहासन, शस्त्र, मांस, दीप्ताग्नि, मत्स्य, ससुतस्त्री, गोरीकन्या, धोबी, कार्यसिद्ध वाक्य, सजलपूर्णघट, यात्रा पश्चाद्रिक्त घट, यात्रा समय देखने में शुभ हैं। अशुभ शकुनानि—वन्ध्या स्त्री, चर्म, अस्थि, इन्धन, सन्यासी, भसों का युद्ध, सर्प, शत्रु, मार्जार युद्ध, कुटुम्बकलह, विधवा, जातिभ्रष्ट, अंगहीन, छिक्का, दुष्ट वाणी, दुखिया का रोना, भैंस पर सवार नंगा मनुष्य यात्रा समय देखना अशुभ तथा कष्टप्रद है

रामदैवज्ञोक्तम् आवश्यके यात्रा मुहूर्त-चक्रम्

पौ०	मा.	फा.	चै.	वै.	ज्ये	आ.	श्रा.	भा.	आ.	का.	मा.	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	सौख्य	क्लेश	भीति	लाभ
२	३	४	५		७	८	९	१०	११	१२	१	शून्य	दारिद्र्य	दारिद्र्य	मिश्र
३	४	५	६		८	९	१०	११	१२	१	२	हानि	दुःख	लाभ	लाभ
४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	लाभ	सौख्य	शुभ	लाभ
५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	लाभ	लाभ	कष्ट	सौख्य
६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	भय	लाभ	मृत्यु	लाभ
७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	लाभ	कष्ट	लाभ	सुख
८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	कष्ट	सौख्य	क्लेश	सुख
९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	सौख्य	लाभ	सिद्धि	कष्ट
१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	क्लेश	सिद्धि	लाभ	धन
११	१	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	मृत्यु	लाभ	लाभ	शुभ
१२	[illegible]	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	शुभ	सौख्य	मृत्यु	कष्ट

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

तृतीया-त्रयोदशी, चतुर्थी-चतुर्दशी, पञ्चमी-पूर्णमासी [illegible] अमावस्या में यात्रा वर्जित है, पक्ष का विचार नहीं है।

यात्रा में सदैव चल रही नासिका के श्वास की ओर का पांव आगे उठाकर चले, इसी तरह सवारी पर चढ़े, कार्यसिद्धि, यात्रा सफल होगी।

नौका यात्रा मुहूर्त--चि. ह. पु. मृ. पूर्वा ३, अनु. श्र. ध. एषु भेष सत्तिथौ शुभेऽह्नि चन्द्रतारानुकूल्ये सति शुभ

यात्रा निवृत्तौ प्रवेश मुहूर्त--मृ. रे अनु. रो. उ. ३. ह. अ. पुष्य, स्वा. श्र. ध. एषु भेषु चं. बु. बृ. शु. श. वारेषु १।२। ३।५।७।१०।११।१३ तिथिषु, ३।५।६।८।९।११।१२ एषु लग्नेषु, १।४।७।१०।५।९ स्थानेषु शुभैः ३।६।११ स्थानेषु पापैः ४।८ शुद्धौ शुभः वि. कृ. पू. ३ भ. म. म. ज्ये. आर्द्रा. आश्ले. नक्षत्राणि। ४।९।१४।६।१२।८।३० तिथयः सू. मं. वारौ. १।४।७।१० लग्नानि सर्वदा वर्जनीयानि। मंगल को मिलाप कष्टप्रद सिद्ध होता है—विशेषः--प्रवेशान्निर्गमश्चैव निर्गमाच्च प्रवेशनम्। नवमे जातु नो कुर्याद्दिने वारे तिथाविति ॥

अथ घातचन्द्रवारादीनां चक्रम्

मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	क.	त.	वृ.	ध.	म.	कु.	मी.	राशयः
मे.	कं.	कु.	सि.	म.	मि.	ध	वृष.	मीन	सिंह	ध.	कुम्फ	घातचन्द्र
र.	श.	च.	बु.	श.	श.	बृ.	शु.	शु.	मं.	बृ.	शु.	घातवार
म.	ह.	स्वा	अनु.	मू.	श्र.	श.	रे	भ.	रो.	आ.	श्लेषा	घातनक्षत्र
मे.	ध.	ध.	मि	वृश्चि.	वृश्चि.	मी.	ध.	कन्या	वृश्चि	मि.	मेष	स्त्रीचं.घात
का.	मा	पौ.	मा.	फा	चैत्र	वै.	ज्ये.	आ	श्राव.	भा.	आ.	घातमास
वि.	सू.	प.	धृ.	प्री.	सू.	गं	वृद्धि	वै.	गं	व्या.	व.	तियोग
१	२	४	७	१०	१२	६	८	९	११	३	५	घातलग्न
१	५	२	२	३	५	४	१	३	४	३	५	घाततिथि
६	१०	७	७	८	१०	९	६	८	९	८	१०	,,
११	१५	१२	१२	१३	१५	१४	११	१३	१४	१३	१५	,,

युद्ध, विवाद, राजसेवा, वाहन, रोगादि कार्यों में घातचन्द्र देखना और तीथयात्रा तथा विवाहादि शुभ कार्यों में घाततिथि आदि देखने की आवश्यकता नहीं है।

"घाततिथिघातवारः घातनक्षत्रमेव च। यात्रायां वर्जयेत्प्राज्ञस्त्वन्यकर्मसु शोभनम् ॥"

वाम दक्षिण निर्देश

अग्रिम चक्रोक्त सर्व फल पुरुषों के दक्षिण अंग में और स्त्रियों के वामांग में विचार करना, पुरुषों के वाम भाग में और स्त्रियों के दक्षिण भाग में विपरीत अशुभ भयकारी फल होता है। जो फल पल्लीपात का कहा वही सरट (गिरगिट) के चढ़ने का जाने। सरट के गिरने का तथा पल्ली के चढ़ने का फल वृथा होता है।

[illegible] (छिपकली, कोढ किरली) पतन फलम्

स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्
शिरसि	राज्यलाभः	भूमध्ये	राज्य संबंधः	वामपादे	नाशः
नासाग्रे	व्याधिः	वामकर्णे	बहु लाभः	अधरोष्ठे	ऐश्वर्य लाभः
वामभुजे	राज्यभयम्	स्तनयोः	दौर्भाग्यम्	दक्षिणभुज	नृप तुल्यता
जानुद्वये	शुभागमः	हस्तयोः	वस्त्र लाभः	पृष्ठदेशे	बुद्धि नाशः
कटिभागे	अश्व लाभः	वाममणिबंधे	कांति नाशः	नाभौ	बहुधनम्
गुल्फद्वये	बन्धनम्	दक्षिणपादे	गमनम्	मुखे	मिष्ठान्नभोजनम्
ललाटे	बन्धुदर्शनम्	उत्तरोष्ठे	धननाशः	पादमध्ये	स्त्री नाशः
दक्षिणकण	आयुवृद्धि	नेत्रयोः	धनप्राप्तिः	पादान्ते	मृत्युः
कण्ठे	शत्रुनाशः	उदरे	भूषणलाभः	केशान्ते	मरण
जंघयोः	शुभम्	स्कन्धयोः	विजयः	नखेषु	धान्य लाभः
द. मणिबंधे	मनस्तापः	हृदये	धनलाभः	दक्षांगुष्ठे	धन लाभः

पल्लीपतने प्रशस्तवारतिथ्यृक्षाणि--यदि छिपकली १।२।३।५।६।१०।११।१२।१३ इन तिथियों में गिरे तो श्रेष्ठ फलदायक है। तथा चं. बु. गु. शु. इन वारों में भी शुभ फल देती है। पु. अश्विनी, रो. मू. पुन. उफा. ह. चि. स्वा. ध. रे. अनु. श. ये नक्षत्र शभ फलदायक हैं। अतोऽन्येषु भेषु निन्द्याः।

पल्लीपाते कर्त्तव्य कर्म--पल्ली (किरली) तथा सरट (गिरगट) स्पर्श होने पर वस्त्र सहित स्नान करे। जन्म नक्षत्र, मृत्युयोग, दग्ध दिन भद्रा आदि से दूषित दिन को पापग्रहयुक्त लग्न में तथा अष्टम चन्द्रमा से पल्ली आदि के स्पर्श होने से अरिष्ट होता है। उसकी शान्ति के लिए जप, होम, मृत्युञ्जय का जप वा तिल-स्वर्ण दान पञ्चगव्य से स्नान तथा घृत का छाया-यात्र दान करना भी उत्तम है।

छिक्का फलम्--छिक्काप्रायः सबदिशाओं की नेष्ट होती है, गौ की छिक्का मरण करती है। मदिरा के योग अथवा--छींक सूंघनी छल कर लीन्हीं, पीन सरदी घास फल हींनी। छीकि पीठि की कुशल उचारे; बाई कारज सबै सवारे ॥१॥ सम्मुख छीक लड़ाई भारे। छींक दाहिनी द्रव्य विनाशै ॥२॥ ऊंची छींक कहे जयकारी। नीची छींक होय भयकारी। अपनी छींक महा दुखदाई। ऐसे छींक विचारे भाई ॥३॥ कन्या विधवा मालन धोबिन रजस्वला वैश्या चमारी की छींक विशेष अशुभप्रद होती है। भोजनान्त में छींक होय तो दूसरे दिन प्रिय भोजन मिले।

यात्रा में प्रथम बार अपशकुन होवे तो ११ स्वास तक ठहर कर चले द्वितीय बार १६ स्वास तक ठहरे और तीसरी बार के अपशकुन में कदापि न जावे।

अथ शुभ छिक्का--आसने शयने शौचे दाने चैव तु भोजने। वामांगे पृष्ठ तश्चैव षट् छिक्कास्तु शुभावहाः ॥ एक नाक दो छींक काम बने सब ठीक ॥

यात्रा में अशुभ शकुन

गवन समय जो स्वान। फरफराय दे कान। एक सूद्र दो वैस असार।
तीन विप्र औ छत्री चार। सनमुख आवै जो नौ नार। कहै भड्डरी अशुभ विचार ॥
स्वान घन जो भंग अथवा तौटै भूमि पर। तो विच कारज अंग, अतिहि कुसगुन जानिये ॥

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सिद्ध होरा मुहूर्त

सूर्य की होरा—टेण्डर देने, नौकरी व राजकार्य के चार्ज लेने-देने के लिए अच्छी होती है।
चन्द्र की होरा—सब कार्यों के लिए अच्छी होती है।
मंगल की होरा—युद्ध, द्यूत, यात्रा, कर्ज देना, सभा सोसाइटी में जाना, मकदमा के कार्य में उत्तम होती है।
बुध की होरा—विद्या (कला काव्य) का आरम्भ, कोष संग्रह करना, नवीन व्यापार करना, नवीन लेख पुस्तक प्रकाशन, प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत करने के लिए शुभ होती है।
गुरु की होरा—विवाह सम्बन्धी कार्यक्रम, बड़ों से मिलन, कोष संग्रह, नवीन काव्य लेखन प्रकाशन आदि अनेक शुभ कार्यों के लिए शुभ है।
शुक्र की होरा—यात्रा, भूषण, नवीन वस्त्र धारण, सौभाग्य-वर्धक कार्य के लिए शभ होती है।
शनि की होरा—द्रव्य संग्रह, भूमि, मकान की नींव, नूतन गृहारम्भ, मशीनरी मिल्स कार्यारम्भ, समस्त स्थिर कार्यों के लिए शुभ होती है।

सम्पूर्ण कार्यों की सिद्धि के लिए ज्योतिश्शास्त्र में होरा (क्षणवार) मुहूत पूर्ण फलदायक माना है। सात ग्रहों की सात ही होरा हैं। प्रत्येक वार को एक घन्टे की सूर्योदय के समय उसी वार की पहली होरा होती है। फिर दिन-रात के २४ घन्टों में २४ होरे व्यतीत होने से अगले वार के सूर्योदय के समय उसी वार के स्वामी की होरा आ जाती है। होरा का समय ढाई घटी, यानि एक घन्टा का होता है। दूसरे वार की होरा उसी वार के छठे छठे वार के क्रम से स्वामी की होती है। इसी प्रकार प्रत्येक घन्टे की होरा समझनी चाहिए।

निम्नलिखित चक्र द्वारा दिन-रात के जिस किसी घन्टे की अभीष्ट काय-सिद्धयर्थ ग्रह-होरा देखनी हो, सहज में ज्ञात हो सकेगी।

वार	हो. १	हो. २	हो. ३	हो. ४	हो. ५	हो. ६	हो. ७	हो. ८	हो. ९	हो. १०	हो. ११	हो. १२	हो. १३	हो. १४	हो. १५	हो. १६	हो. १७	हो. १८	हो. १९	हो. २०	हो. २१	हो. २२	हो. २३	हो २४
सू.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	च.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	म.	सू.	शु.	ब.
चं.	च.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	ब.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु	चं.	श.	बृ.
मं.	मं.	सू.	शु.	बु	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	ब.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	ब.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.
बु.	बु.	चं.	श.	बृ.	म.	सू.	श	बु.	चं.	श.	ब.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बृ.	चं.	श.
बृ.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श	बृ.	मं.	सू.	श.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.
शु.	शु.	बु.	चं.	श.	ब.	मं.	सू.	शु	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	ब.	मं.	सू.	शु.	ब.	चं.
श.	श.	ब.	मं.	सू.	शु.	ब	चं.	श.	बृ.	म.	सू.	ब.	च.	श.	ब.	मं.	सू.	शु.	ब.	चं.	श.	गु.	मं.	सू.

उदाहरण—कल्पना करो, कि—आज मंगलवार है। आपने कार्य-सिद्धयर्थ किसी बड़े पुरुष से मिलने जाना है। तो इसके लिए उपरोक्त पंक्तियों में गुरु की होरा उत्तम होती है—ऐसा लिखा है। अतः उस दिन गुरु की होरा मालूम करनी है कि—किस-किस समय पर होता है। उपरोक्त चक्र में मंगलवार के सामने खाने में देखा तो उस दिन सातवें चौदहव और अठारहवें घन्टे में गुरु की होरा मिली। अतः मंगलवार को स्थानीय सूर्योदय से छठे वा तेरहव अथवा सत्रहवें घन्टे के बाद एक-एक घन्टे तक की गुरु की होरा में आपको बड़े व्यक्ति से मिलने जाना फलप्रद है। इसी प्रकार अन्य दिनों में अन्य कार्यों के लिए भी समझकर कार्य करना चाहिए। जिस वार को जो काम करना है, वह वार न मिले तो वह कार्य उस वार की होरा में कर सकते हैं। जैसे—दक्षिण में जरूरी यात्रा करनी है परन्तु उस दिन गुरुवार है। इस दिन दिग्शूल के कारण दक्षिण दिशा की ओरप्रस्थान अशुभ माना जाता है। ऐसी स्थिति में उस दिन गुरु की होरा छोड़कर शुक्र की होरा में जाएं तो शुभ रहेगा।

ठेकेदारों को टेंडर देने का समय—सू. चं. बु. गु. शु. की होरा में टेंडर देना लाभप्रद रहता है।

सद्यः नई गद्दी-स्थापना वा नई बही लगाने का शुभ मुहूर्त—दीपमाला के दिन या जब भी समय नियत हो, प्रातः सूर्योदय के बढ़ते सूर्य में मध्याह्न तक मंगलवार ४।९।१४ तिथि तथा भद्रा को छोड़कर शुभ लाभ वा अमृत के चौघड़ियों में या शुभग्रहों की होरा में करें, मध्याह्नोत्तर उतरते सूर्य में नहीं।

सूर्यादि वारेषु कुयोग-सारिणी—

	सू.	च.	म.	बु.	ब.	शु.	श.
सर्वकार्येषु वर्ज्या०	ति. ५ न. ह.	ति. ६ न. मृ	ति. ७ न. अ	ति. ८ न. अनु.	ति. ९ न. पु.	ति.१० न. रे.	ति.११ न. रो.
मृत्युयोगः (अधम तिथयः)	१।६।११	२।७ १२	१।६।११	३।८ १३	४।९। १४	२।७ १२	५।१०।१५
ककच योगः	ति. १२	ति. ११	ति. १०	ति. ९	ति. ८	ति. ७	ति.६
दग्धा तिथिः	१२	११	५	३	६	८	९
विषाख्य तिथिः	४	६	७	२	८	९	७
हुताशन तिथिः	१२	६	७	५	९	१०	११
रव्या जन्मति	७	१४	१०	१२	९	८	१५
दग्ध नक्षत्र	भ	चि	उषा	ध.	उफा.	ज्ये.	रे.
कुलिकमुहूर्त	१४	१२	१०	८	६	४	२
कालवेलामुहूत	८	६	४	२	१४	१२	१०
यमघंटकमुहूर्त	१०	८	६	४	२	१४	८
कण्टकमुहूर्त	६	४	२	१४	१२	१०	१२
दुर्मुहूर्त	१४	९।१२	४।७	८	६	९	१।२
यमघण्टयोगः	म	वि	आ	म.	क.	रो.	ह.

CC-0.In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अंग-स्फुरण-फलम्

पुरुषों का दायां अंग और स्त्रियों का बायां अंग फरकना शुभ है।
मस्तक का स्फुरण (फड़कना) स्त्री पुरुष दोनों के शुभ है।

स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्
मस्तक	पृथ्वीलाभ	वक्षःस्थल	विजय	ओष्ठ	प्रियवस्तु
ललाट	स्थानलाभ	हृदय	इष्टसिद्धि	हनु	महाभाग
स्कन्ध	भोगसमृद्धि	कटि	प्रमाद	कण्ठ	ऐश्वर्यलाभ
भ्रूमध्य	सुखप्राप्ति	कटिपार्श्व	प्रीति	ग्रीवाधः	शत्रुभय
भ्रूयुग्म	महत्सौख्य	नाभि	स्त्रीनाश	पृष्ठ	पराजय
कपोल	शुभाप्ति	आन्त्रिक	कोषवृद्धि	मुख	मित्रप्राप्ति
नेत्र	धनाप्ति	भग	पतिप्राप्ति	भुज	मधुरभोजन
नेत्रकोण	लक्ष्मीलाभ	कुक्षि	सुप्रीति	भुजमध्य	धनागम
नेत्रसमीप	प्रियसंगम	उदर	कोषलाभ	वस्तिदेश	अभ्युदय
नेत्रपक्ष्म	राज्यलाभ	लिंग	स्त्रीलाभ	ऊरु	वस्त्रलाभ
हस्त	सद्द्रव्यलाभ	गुदा	वाहनलाभ	जानु	शत्रुवृद्धि
नेत्रोर्ध्व	विजय	वृषण	पुत्रलाभ	जंघा	स्वामीप्रीति
पादोपरि	स्थानलाभ	पादतल	नृपत्वबुद्धि		

इन्हीं अंगों में तिल, लसन, मस्सा हो वा खुजली उठे तो भी चक्रोक्त फल जानना। पैर के तलुओं में खुजली उठे तो यात्रा हो। राजाओं के हाथ में तिल वा खाज हो तो जय होती है। साधारण व्यक्ति को लाभ होता है।

उत्पात-फल-चक्रम्

उत्पात	फल	उत्पात	फल	उत्पात	फल
दिग्दाह	वर्षा न हो	भूकम्प	प्रजा को भय	सर्वग्रहअतिचार	शुभ फल
धूल वर्ष	दुर्भिक्ष पड़े	पहाड़ टूटे	राजा की मृत्यु	मूसल निकले	युद्धमहर्वता
पत्थर वर्षे	अकाल हो	वृक्ष टूटे	राजा का भय	धूम्रकेतु उदय	राजभंग करे
तारे टूटें	जनक्षय	उलटी ऋतु	रोग विशेष	२।३।४ शनीद	राजनाश
बिजली टूटे	जल सूखे	आदमीकेपशुहो	राजविघ्न	सुवर्ण पंक्ति	राजनाश
दिनअंधेरा	प्रजाक्षय	गृहयुद्ध	राजाओंमेंविग्रह	त्रिकोणतारः	प्रजानाश
ग्रहसंयुति	अकाल	सूर्यचन्द्र मंद पड़ें	देश क्षय	वनपशुगांव बसे	मनु. शून्य
श्वेतमण्डल	भय हो	कृष्णमंडल	राज्य नाश	घर उल्लू बोले	गृह शून्य
पीतमंडल	रोग हो	धूम्र मंडल	बर्फ पत्थर पड़े	बांबी कबूतर-	गृहस्वा. न
नीलमंडल	वर्षा हो	बिना ऋतु फल	अन्न नाश	घर में बसे	
रक्तमंडल	युद्ध हो	भूखीभूमिगीली	बहुत वर्षा	मू. चं. बिम्ब	रोगभय
स्त्री वध हो	दुर्भिक्ष पड़े	विप्रबालक वध	दुर्भिक्ष पड़े	अधिक देखपड़े	राजनाश
देवध्वंस	राजनाश	सर्वग्रास	सबवस्तु मंहगी	भूमिकम्प	दुर्भिक्ष
ग्रहास्तोदय	भयंकर वर्षा	भौमादिक वक्र	दुर्भिक्ष पड़े	१३दिन का पक्ष	प्रजानाश

अथ वारपरत्वेन तैलाभ्यंगे फलं-विधिश्च | तलाभ्यङ्गे वर्ज्यानि

मू.	च.	म.	बु.	गु.	शु.	श.	वाराः	तदाह--
	सुकांति	मृति	श्रीः	वित्त	विपत्ति	सुख	फलम्	रवौ भौम व्यतिपाते संक्रांतौ
तापम्				हानि		सुयोग		विधृतावपि। षष्ठचष्टम्योश्च
पुष्पं	०	मृति	०	दूर्व्वा	गोमय	०	पातनं	विष्ट्यां च तलाभ्यंगो न पर्वसु।

विशेषः--यदि प्रतिदिन तेल लगाने का स्वभाव हो तब अथवा उत्सव के दिन व वातरोग में तेल लगाने में दोष नहीं है। अभिमन्त्रित, औषधि में पकाया हुआ सरसों का तेल, सुगंधित तेल लगाने से किसी दिन दोष नहीं है।

यहां हमने नाड़ी दोष प्रतिशत में जानने के लिए (अर्थात् मिलान में नाड़ी दोष कितने प्रतिशत है यह जानने के लिए) दो सारणियां दी हैं। इनकी सहायता से कोई भी ज्योतिषी लड़के और लड़की के जन्मकालिक स्पष्ट चन्द्र के द्वारा उनके नाड़ी दोष का प्रतिशत बल एकदम मालूम कर सकता है। ध्यान रहे—आर्द्रा-पुन., उ फा.,-हस्त, ज्येष्ठा-मूल, शत.-पू भा. ये चार नक्षत्र-युगल आदि नाड़ी वाले और कृत्ति.-रोहि., आश्ले.-मघा, स्वा.-विशा., उ.षा.-श्रवण ये चार नक्षत्र-युगल अन्त्य नाड़ी वाले हैं। इन नक्षत्र युगलों में एक ही नाड़ी (आदि और अन्त्य) लगातार चलती है। जैसे—आर्द्रा के प्रारम्भ से आदि नाड़ी शुरू होकर पुनर्वसु के अन्त तक वही नाड़ी चलती है। ऐसे नक्षत्र-युगलों के मध्यवर्ती चार चरणों में नाड़ी का बल पूर्ण (शत-प्रतिशत) माना गया है। जैसे—आर्द्रा नक्षत्र के पहले दो चरणों में आदि नाड़ी का बल क्रमशः बढ़ते हुए आर्द्रा नक्षत्र के मध्य में शत-प्रतिशत हो गया है और फिर पुनर्वसु के दूसरे चरण के अन्त तक वह शत-प्रतिशत ही है। तदनन्तर पुनर्वसु के मध्य से वह क्रमशः घटते हुए पुनर्वसु के अन्तिम (चतुर्थ) चरण के अन्त में शून्य हो गया है। (देखें—'नाड़ी बल सारणी') यह उपपत्ति-संगत है।

जहां मिलान में लड़का-लड़की की एक नाड़ी हो वहां सबसे पहले "मुहूर्त्त-चिन्तामणि" में बतलाए गए (गतवर्ष के पंचांग में पृष्ठ २२ पर दिए गए) नाड़ी दोष के परिहार देखिए। यदि उनमें से कोई परिहार वहां मिल जाये तो मिलान को स्पष्टतया निर्दोष समझना चाहिए। यदि उनमें से कोई परिहार वहां न मिले तो उन दोनों (लड़का-लड़की) का नाड़ी बल "नाड़ी बल सारणी" (पृष्ठ ७-८) से उन दोनों के जन्मकालीन स्पष्ट चन्द्र द्वारा अलग-अलग जान लें। तदनन्तर उन दोनों के नाड़ी बलों द्वारा "नाड़ी दोष प्रतिशत बल सारणी" (पृष्ठ १५) की सहायता से नाड़ी दोष का प्रतिशत (अर्थात् नाड़ी दोष कितने प्रतिशत है) यह जान लें। यदि नाड़ी दोष ५० प्रतिशत से कम हो तो वहां नाड़ी दोष का परिहार समझना चाहिए और उस स्थिति में मंगली दोष आदि का विचार करके उन दोनों का सम्बन्ध किया जा सकता है। यदि नाड़ी दोष ५० प्रतिशत से ज्यादा हो तब समझना चाहिये कि वहां नाड़ी दोष का परिहार नहीं है और इस स्थिति में उन दोनों का सम्बन्ध नहीं हो सकता।

उदाहरण द्वारा इसे स्पष्ट करते हैं—मान लीजिये लड़के का जन्म भरणी के चौथे चरण में है, उस समय स्पष्ट चन्द्र ० रा., २६ अं., ० क. है एवम् लड़की का जन्म मृग. के तीसरे चरण में है उस समय स्पष्ट चन्द्र २ रा., ० अं., ४० क. है। दोनों की नाड़ी मध्य है अतः नाड़ी दोष है। यहां पर नाड़ी दोष के परिहारों में से कोई भी परिहार (जैसे-दोनों की राशि एक, नक्षत्र भिन्न-भिन्न, नक्षत्र एक राशियां भिन्न-भिन्न अथवा दोनों की राशि और नक्षत्र एक लेकिन नक्षत्र चरण भिन्न-भिन्न) नहीं मिलता। अतः हम यहां नाड़ी दोष का प्रतिशत बल निकालेंगे। 'नाड़ी बल सारणी' (पृष्ठ ७-८) में ० रा., २६ अं., ० क. स्पष्ट चन्द्र के आगे मध्य नाड़ी का बल १० और २ रा., ० अं., ४० क. स्पष्ट चन्द्र के आगे मध्य नाड़ी का बल ६० लिखा है। "नाड़ी दोष प्रतिशत बल सारणी" (पृष्ठ १५) में नाड़ी बल १० के आगे ६० नाड़ी बल के नीचे २० मिला। इसका अभिप्राय यह हुआ कि यहां मिलान में मध्य नाड़ी दोष केवल २० प्रतिशत है। अतः पूर्वोक्त नियमानुसार यहां नाड़ी दोष ५० प्रतिशत से कम होने से नाड़ी दोष का परिहार हो गया है।

ध्यान रहे—जैसा कि पहले भी बतलाया जा चुका है, इन सारणियों के आधार पर नाड़ी दोष का परिहार तभी देखा जाए जबकि 'मुहूर्त्त चिन्तामणि' में ("राश्यैक्ये चेद्भिन्नमृक्षम्·····" इस श्लोक में) बतलाए परिहारों में से कोई भी न मिले। पादवेध न होने पर नाड़ी दोष के परिहार के बारे में संहिताकार एवं अनेक आचार्य सहमत नहीं हैं। 'मुहूर्त्त चिन्तामणि' कार ने भी इसे स्वीकार नहीं किया है, अतः पादवेध होने पर और पादवेध न होने पर-दोनों स्थितियों में इन सारणियों द्वारा नाड़ी दोष का प्रतिशत बल निकाल कर परिहार जानना चाहिए। ध्यान रहे—पादवेध के अनुसार नाड़ी दोष का परिहार सभी नक्षत्रों में ठीक नहीं बैठता। इस बात का विश्लेषण यहां दी गई इन दो सारणियों के आधार पर "ग्रहयोग एवं दाम्पत्य जीवन" में किया गया है।

इसी प्रकार गण वर्ण आदि शेष कूटों के प्रतिशत बल जानकर उनके भी परिहार मालूम करने चाहिएं। इसके लिए विस्तृत सारणियां हमारी "ग्रहयोग एवं दाम्पत्य जीवन" पुस्तक में आपको मिलेंगी। इस पुस्तक का विज्ञापन इसी पंचांग में दिया जा रहा है-देखें।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

नाड़ी बल सारणी (भाग १ म)

स्पष्ट चन्द्र रा. प्रं. क.	नक्षत्र	चरण	नाड़ी बल	स्पष्ट चन्द्र रा. अं. क.	नक्षत्र	चरण	नाड़ी बल	स्पष्ट चन्द्र रा. प्रं. क.	नक्षत्र	चरण	नाड़ी बल	स्पष्ट चन्द्र रा. प्रं. क.	नक्षत्र	चरण	नाड़ी बल	स्पष्ट चन्द्र रा. प्रं. क.	नक्षत्र	चरण	नाड़ी बल
०। ०। ०	अश्वि. १	आदि	००	१।१०। ०	रोहि. १	अन्त्य	१००	२।२०। ०	पुन. १	आदि	१००	४। ०। ०	मघा १	अन्त्य	१००	५।१०। ०	हस्त १	आदि	१००
०। ०।४०			१०	१।१०।४०			१००	२।२०।४०			१००	४। ०।४०			१००	५।१०।४०			१००
०। १।२०			२०	१।११।२०			१००	२।२१।२०			१००	४। १।२०			१००	५।११।२०			१००
०। २। ०			३०	१।१२। ०			१००	२।२२। ०			१००	४। २।००			१००	५।१२। ०			१००
०। २।४०			४०	१।१२।४०			१००	२।२२।४०			१००	४। २।४०			१००	५।१२।४०			१००
०। ३।२०	२		५०	१।१३।२०	२		१००	२।२३।२०	२		१००	४। ३।२०	२		१००	५।१३।२०	२		१००
०। ४। ०			६०	१।१४। ०			१००	२।२४। ०			१००	४। ४। ०			१००	५।१४। ०			१००
०। ४।४०			७०	१।१४।४०			१००	२।२४।४०			१००	४। ४।४०			१००	५।१४।४०			१००
०। ५।२०			८०	१।१५।२०			१००	२।२५।२०			१००	४। ५।२०			१००	५।१५।२०			१००
०। ६। ०			९०	१।१६।००			१००	२।२६। ०			१००	४। ६। ०			१००	५।१६। ०			१००
०। ६।४०	३		१००	१।१६।४०	३		१००	२।२६।४०	३		१००	४। ६।४०	३		१००	५।१६।४०	३		१००
०। ७।२०			९०	१।१७।२०			९०	२।२७।२०			९०	४। ७।२०			९०	५।१७।२०			९०
०। ८। ०			८०	१।१८। ०			८०	२।२८। ०			८०	४। ८। ०			८०	५।१८। ०			८०
०। ८।४०			७०	१।१८।४०			७०	२।२८।४०			७०	४। ८।४०			७०	५।१८।४०			७०
०। ९।२०			६०	१।१९।२०			६०	२।२९।२०			६०	४। ९।२०			६०	५।१९।२०			६०
०।१०। ०	४		५०	१।२०। ०	४		५०	३। ०। ०	४		५०	४।१०। ०	४		५०	५।२०। ०	४		५०
०।१०।४०			४०	१।२०।४०			४०	३। ०।४०			४०	४।१०।४०			४०	५।२०।४०			४०
०।११।२०			३०	१।२१।२०			३०	३। १।२०			३०	४।११।२०			३०	५।२१।२०			३०
०।१२। ०			२०	१।२२।००			२०	३। २। ०			२०	४।१२। ०			२०	५।२२। ०			२०
०।१२।४०			१०	१।२२।४०			१०	३। २।४०			१०	४।१२।४०			१०	५।२२।४०			१०
०।१३।२०	भर. १	मध्य	००	१।२३।२०	मृग. १	मध्य	००	३। ३।२०	पुष्य १	मध्य	००	४।१३।२०	पू.फा. १	मध्य	००	५।२३।२०	चित्रा १	मध्य	००
०।१४। ०			१०	१।२४। ०			१०	३। ४। ०			१०	४।१४। ०			१०	५।२४। ०			१०
०।१४।४०			२०	१।२४।४०			२०	३। ४।४०			२०	४।१४।४०			२०	५।२४।४०			२०
०।१५।२०			३०	१।२५।२०			३०	३। ५।२०			३०	४।१५।२०			३०	५।२५।२०			३०
०।१६। ०			४०	१।२६। ०			४०	३। ६।००			४०	४।१६। ०			४०	५।२६। ०			४०
०।१६।४०	२		५०	१।२६।४०	२		५०	३। ६।४०	२		५०	४।१६।४०	२		५०	५।२६।४०	२		५०
०।१७।२०			६०	१।२७।२०			६०	३। ७।२०			६०	४।१७।२०			६०	५।२७।२०			६०
०।१८।००			७०	१।२८। ०			७०	३। ८। ०			७०	४।१८। ०			७०	५।२८। ०			७०
०।१८।४०			८०	१।२८।४०			८०	३। ८।४०			८०	४।१८।४०			८०	५।२८।४०			८०
०।१९।२०			९०	१।२९।२०			९०	३। ९।२०			९०	४।१९।२०			९०	५।२९।२०			९०
०।२०। ०	३		१००	२। ०। ०	३		१००	३।१०। ०			१००	४।२०। ०	३		१००	६। ०। ०			००
०।२०।४०			९०	२। ०।४०			९०	३।१०।४०			९०	४।२०।४०			९०	६। ०।४०			९०
०।२१।२०			८०	२। १।२०			८०	३।११।२०			८०	४।२१।२०			८०	६। १।२०			८०
०।२२। ०			७०	२। २। ०			७०	३।१२। ०			७०	४।२२। ०			७०	६। २। ०			७०
०।२२।४०			६०	२। २।४०			६०	३।१२।४०			६०	४।२२।४०			६०	६। २।४०			६०
०।२३।२०	४		५०	२। ३।२०	४		५०	३।१३।२०	४		५०	४।२३।२०	४		५०	६। ३।२०	४		५०
०।२४। ०			४०	२। ४। ०			४०	३।१४। ०			४०	४।२४। ०			४०	६। ४। ०			४०
०।२४।४०			३०	२। ४।४०			३०	३।१४।४०			३०	४।२४।४०			३०	६। ४।४०			३०
०।२५।२०			२०	२। ५।२०			२०	३।१५।२०			२०	४।२५।२०			२०	६। ५।२०			२०
०।२६। ०			१०	२। ६। ०			१०	३।१६। ०			१०	४।२६। ०			१०	६। ६। ०			१०
०।२६।४०	कृत्ति. १	अन्त्य	००	२। ६।४०	आर्द्रा १	आदि	००	३।१६।४०	अश्ले. १	अन्त्य	००	४।२६।४०	उ.फा. १	आदि	००	६। ६।४०	स्वा. १	अन्त्य	००
०।२७।२०			१०	२। ७।२०			१०	३।१७।२०			१०	४।२७।२०			१०	६। ७।२०			१०
०।२८। ०			२०	२। ८। ०			२०	३।१८। ०			२०	४।२८। ०			२०	६। ८। ०			२०
०।२८।४०			३०	२। ८।४०			३०	३।१८।४०			३०	४।२८।४०			३०	६। ८।४०			३०
०।२९।२०			४०	२। ९।२०			४०	३।१९।२०			४०	४।२९।२०			४०	६। ९।२०			४०
१। ०। ०	२		५०	२।१०। ०	२		५०	३।२०। ०	२		५०	५। ०। ०	२		५०	६।१०। ०	२		५०
१। ०।४०			६०	२।१०।४०			६०	३।२०।४०			६०	५। ०।४०			६०	६।१०।४०			६०
१। १।२०			७०	२।११।२०			७०	३।२१।२०			७०	५। १।२०			७०	६।११।२०			७०
१। २। ०			८०	२।१२। ०			८०	३।२२। ०			८०	५। २। ०			८०	६।१२। ०			८०
१। २।४०			९०	२।१२।४०			९०	३।२२।४०			९०	५। २।४०			९०	६।१२।४०			९०
१। ३।२०	३		१००	२।१३।२०	३		१००	३।२३।२०	३		१००	५। ३।२०	३		१००	६।१३।२०	३		१००
१। ४। ०			१००	२।१४। ०			१००	३।२४। ०			१००	५। ४। ०			१००	६।१४। ०			१००
१। ४।४०			१००	२।१४।४०			१००	३।२४।४०			१००	५। ४।४०			१००	६।१४।४०			१००
१। ५।२०			१००	२।१५।२०			१००	३।२५।२०			१००	५। ५।२०			१००	६।१५।२०			१००
१। ६। ०			१००	२।१६।००			१००	३।२६। ०			१००	५। ६। ०			१००	६।१६। ०			१००
१। ६।४०	४		१००	२।१६।४०	४		१००	३।२६।४०	४		१००	५। ६।४०	४		१००	६।१६।४०	४		१००
१। ७।२०			१००	२।१७।२०			१००	३।२७।२०			१००	५। ७।२०			१००	६।१७।२०			१००
१। ८। ०			१००	२।१८। ०			१००	३।२८। ०			१००	५। ८। ०			१००	६।१८। ०			१००
१। ८।४०			१००	२।१८।४०			१००	३।२८।४०			१००	५। ८।४०			१००	६।१८।४०			१००
१। ९।२०			१००	२।१९।२०			१००	३।२९।२०			१००	५। ९।२०			१००	६।१९।२०			१००
१।१०। ०	रोहि. १	अन्त्य	१००	२।२०। ०	पुन. १	आदि	१००	४। ०। ०	मघा १	अन्त्य	१००	५।१०। ०	हस्त १	आदि	१००	६।२०। ०	विशा. १	अन्त्य	१००

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

नाड़ी बल सारणी (भाग २ य)

स्पष्ट चन्द्र रा. अं. क.	नक्षत्र	चरण	नाड़ी बल	स्पष्ट चन्द्र रा. अं. क.	नक्षत्र	चरण	नाड़ी बल	स्पष्ट चन्द्र रा. अं. क.	नक्षत्र	चरण	नाड़ी बल	स्पष्ट चन्द्र रा. अं. क.	नक्षत्र	चरण	नाड़ी बल
६।२०।०	विशा. १	अन्त्य	१००	८।०।०	मूल १	आदि	१००	९।१०।०	श्रव. १	अन्त्य	१००	१०।२०।०	पू.भा.१	आदि	१००
६।२०।४०			१००	८।०।४०			१००	९।१०।४०			१००	१०।२०।४०			१००
६।२१।२०			१००	८।१।२०			१००	९।११।२०			१००	१०।२१।२०			१००
६।२२।०			१००	८।२।०			१००	९।१२।०			१००	१०।२२।००			१००
६।२२।४०			१००	८।२।४०			१००	९।१२।४०			१००	१०।२२।४०			१००
६।२३।२०	२		१००	८।३।२०	२		१००	९।१३।२०	२		१००	१०।२३।२०	२		१००
६।२४।०			१००	८।४।०			१००	९।१४।०			१००	१०।२४।०			१००
६।२४।४०			१००	८।४।४०			१००	९।१४।४०			१००	१०।२४।४०			१००
६।२५।२०			१००	८।५।२०			१००	९।१५।२०			१००	१०।२५।२०			१००
६।२६।०			१००	८।६।००			१००	९।१६।०			१००	१०।२६।०			१००
६।२६।४०	३		१००	८।६।४०	३		१००	९।१६।४०	३		१००	१०।२६।४०	३		१००
६।२७।२०			९०	८।७।२०			९०	९।१७।२०			९०	१०।२७।२०			९०
६।२८।००			८०	८।८।०			८०	९।१८।०			८०	१०।२८।०			८०
६।२८।४०			७०	८।८।४०			७०	९।१८।४०			७०	१०।२८।४०			७०
६।२९।२०			६०	८।९।२०			६०	९।१९।२०			६०	१०।२९।२०			६०
७।०।०	४		५०	८।१०।०	४		५०	९।२०।०	४		५०	११।०।०	४		५०
७।०।४०			४०	८।१०।४०			४०	९।२०।४०			४०	११।०।४०			४०
७।१।२०			३०	८।११।२०			३०	९।२१।२०			३०	११।१।२०			३०
७।२।०			२०	८।१२।००			२०	९।२२।०			२०	११।२।०			२०
७।२।४०			१०	८।१२।४०			१०	९।२२।४०			१०	११।२।४०			१०
७।३।२०	अनु. १	मध्य	००	८।१३।२०	पू.षा. १	मध्य	००	९।२३।२०	धनि.१	मध्य	००	११।३।२०	उ.भा.१	मध्य	००
७।४।०			१०	८।१४।०			१०	९।२४।०			१०	११।४।०			१०
७।४।४०			२०	८।१४।४०			२०	९।२४।४०			२०	११।४।४०			२०
७।५।२०			३०	८।१५।२०			३०	९।२५।२०			३०	११।५।२०			३०
७।६।०			४०	८।१६।०			४०	९।२६।००			४०	११।६।०			४०
७।६।४०	२		५०	८।१६।४०	२		५०	९।२६।४०	२		५०	११।६।४०	२		५०
७।७।२०			६०	८।१७।२०			६०	९।२७।२०			६०	११।७।२०			६०
७।८।००			७०	८।१८।०			७०	९।२८।०			७०	११।८।०			७०
७।८।४०			८०	८।१८।४०			८०	९।२८।४०			८०	११।८।४०			८०
७।९।२०			९०	८।१९।२०			९०	९।२९।२०			९०	११।९।२०			९०
७।१०।०	३		१००	८।२०।०	३		१००	१०।०।०	३		१००	११।१०।०	३		१००
७।१०।४०			९०	८।२०।४०			९०	१०।०।४०			९०	११।१०।४०			९०
७।११।२०			८०	८।२१।२०			८०	१०।१।२०			८०	११।११।२०			८०
७।१२।०			७०	८।२२।०			७०	१०।२।०			७०	११।१२।०			७०
७।१२।४०			६०	८।२२।४०			६०	१०।२।४०			६०	११।१२।४०			६०
७।१३।२०	४		५०	८।२३।२०	४		५०	१०।३।२०	४		५०	११।१३।२०	४		५०
७।१४।०			४०	८।२४।०			४०	१०।४।०			४०	११।१४।०			४०
७।१४।४०			३०	८।२४।४०			३०	१०।४।४०			३०	११।१४।४०			३०
७।१५।२०			२०	८।२५।२०			२०	१०।५।२०			२०	११।१५।२०			२०
७।१६।०			१०	८।२६।०			१०	१०।६।०			१०	२१।१६।०			१०
७।१६।४०	ज्ये. १	आदि	००	८।२६।४०	उ.षा. १	अन्त्य	००	१०।६।४०	शत. १	आदि	००	११।१६।४०	रेव. १	अन्त्य	००
७।१७।२०			१०	८।२७।२०			१०	१०।७।२०			१०	११।१७।२०			१०
७।१८।०			२०	८।२८।०			२०	१०।८।०			१०	११।१८।०			२०
७।१८।४०			३०	८।२८।४०			३०	१०।८।४०			२०	११।१८।४०			३०
७।१९।२०			४०	८।२९।२०			४०	१०।९।२०			३०	११।१९।२०			४०
७।२०।०	२		५०	९।०।०	२		५०	१०।१०।०	२		४०	११।२०।०	२		५०
७।२०।४०			६०	९।०।४०			६०	१०।१०।४०			५०	११।२०।४०			६०
७।२१।२०			७०	९।१।२०			७०	१०।११।२०			६०	११।२१।२०			७०
७।२२।०			८०	९।२।०			८०	१०।१२।०			७०	११।२२।०			८०
७।२२।४०			९०	९।२।४०			९०	१०।१२।४०			८०	११।२२।४०			९०
७।२३।२०	३		१००	९।३।२०	३		१००	१०।१३।२०	३		९०	११।२३।२०	३		१००
७।२४।०			१००	९।४।०			१००	१०।१४।०			१००	११।२४।०			९०
७।२४।४०			१००	९।४।४०			१००	१०।१४।४०			१००	११।२४।४०			९०
७।२५।२०			१००	९।५।२०			१००	१०।१५।२०			१००	११।२५।२०			८०
७।२६।०			१००	९।६।००			१००	१०।१६।०			१००	११।२६।०			७०
७।२६।४०	४		१००	९।६।४०	४		१००	१०।१६।४०	४		१००	११।२६।४०	४		६०
७।२७।२०			१००	९।७।२०			१००	१०।१७।२०			१००	११।२७।२०			५०
७।२८।०			१००	९।८।०			१००	१०।१८।०			१००	११।२८।०			४०
७।२८।४०			१००	९।८।४०			१००	१०।१८।४०			१००	११।२८।४०			३०
७।२९।२०			१००	९।९।२०			१००	१०।१९।२०			१००	११।२९।२०			२०
८।०।०	मूल १	आदि	१००	९।१०।०	श्रव.१	अन्त्य	१००	१०।२०।०	पू.भा.१	आदि	१००	०।०।०	अश्वि.१	आदि	१० ००

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

मंगली दोष का यथार्थ निर्णय

लेखक :—प्रियव्रत शर्मा

वि. सं. २०४० के पंचांग में भी हमने मंगली दोष (कुज-दोष) का कुछ विवेचन किया था। वह विवेचन अत्यन्त संक्षिप्त था, वह केवल दिग्दर्शन मात्र था। यहां हम इस दोष का कुछ विस्तार से विवेचन प्रस्तुत करेंगे :—

मंगली दोष का सूक्ष्मतापूर्वक यथार्थ निर्णय करने के लिए एक लम्बी श्रम साध्य गणित प्रक्रिया करनी पड़ती है। लगभग सभी ज्योतिषी लोग इसकी बहुकालापेक्षी और उलझाने वाली प्रक्रिया से बचने के लिए मंगली दोष का निर्णय अत्यन्त ही स्थूल पद्धति से करते हैं। ठीक बात तो यह है—इन अधिकतर ज्योतिषियों को मंगली दोष के निर्णायक तत्त्वों का पूरा ज्ञान भी नहीं है। वे लोग "लग्ने व्यये च पाताले याम्यित्रे चाष्टमे कुजे। कन्या मृतं विनाशाय भर्त्ता मरति विनाशकृत्।" इस प्रकार के गिने चुने वाक्यों के आधार पर ही इस महत्त्वपूर्ण दोष का निर्णय सहसा कर डालते हैं। ऐसा करना ज्योतिष शास्त्र की दृष्टि में महान् अपराध है। हम यहां मंगली दोष के यथार्थ निर्णय की पूरी प्रक्रिया, जिसमें गणित प्रमुख रूप से समाविष्ट है, का सांगोपांग सोदाहरण विवेचन तो नहीं कर सकेंगे, हां, इसके सभी आवश्यक तत्त्वों के बारे में पर्याप्त जानकारी आपको अवश्य देंगे।

मंगली दोष के निर्णय के लिए आवश्यक पदार्थ

मंगली दोष का यथार्थतापूर्वक निर्णय करने के लिए दैवज्ञ के पास लड़का और लड़की—दोनों के जन्मकालिक नीचे लिखे ये पदार्थ अनिवार्य रूप से होने चाहिए।

१) सभी ग्रहों के राश्यादि (अर्थात्-ग्रह स्पष्ट)।
२) द्वादश भावों के राश्यादि (अर्थात्-भाव स्पष्ट)।
३) जन्म कुण्डलियां।
४) भाव (चलित) कुण्डलियां।

भावों के आधार पर मंगली दोष का निर्णय

क्योंकि सभी जातक ग्रन्थों में भौम आदि की सप्तम भाव के लिए दोषपूर्ण स्थिति (अशुभ फल) का निर्देश भावों के आधार पर ही किया गया है, अतः जन्म कुण्डली के आधार पर उसका निर्णय करना बिल्कुल गलत है, क्योंकि ऐसा करते हुए ज्योतिषी अनेक बार गलती कर बैठता है। उदाहरणार्थ नीचे एक जातक की जन्म कुण्डली और भाव (चलित) कुण्डली दी गई है—

जन्म कुण्डली



भाव कुण्डली



यदि दैवज्ञ इस जातक की केवल जन्म कुण्डली में लग्न से सप्तमस्थ, चन्द्र से द्वादशस्थ मंगल और लग्न से अष्टमस्थ, चन्द्रयुक्त शनि को देख कर जातक को भारी मंगली बतलाएगा तो वह गलती करेगा, क्योंकि, जैसाकि भाव कुण्डली बतला रही है, स्पष्ट भावों के अनुसार मंगल षष्ठ भाव में और शनि नवम भाव में गुरु के साथ है। अतः इन दोनों ग्रहों से जन्म कुण्डली के अनुसार उत्पन्न दोष सर्वथा समाप्त हो गया है। स्पष्ट है—जन्म कुण्डली के ही आधार पर मंगली दोष के निर्धारण की ज्योतिषियों में चली हुई परम्परा सर्वथा भ्रामक है। भाव स्पष्ट और ग्रह स्पष्ट की गणित कुछ परिश्रम चाहती है। इस परिश्रम से बचने के लिए ये ज्योतिषी केवल जन्म कुण्डली से ही सभी जातकोक्त भावफल भी कह डालते हैं—यह स्पष्ट है।

मंगली दोष के निर्णय में जन्म कुण्डली का प्रयोग

जातक ग्रन्थों में ग्रहों की विभिन्न राशियों में स्थिति का भी फलादेश निर्दिष्ट है। उसके निर्णय के लिए ही जन्म कुण्डली का प्रयोग ज्योतिषी को करना चाहिए। मंगली दोष के निर्णय में भी मंगल आदि ग्रहों की विभिन्न राशियों में स्थिति को जातक ग्रन्थों में पर्याप्त रूप से आधार माना गया है। उदाहरणार्थ—मंगल यदि लग्न, चतुर्थ आदि (मंगली दोष कारक) किसी भाव में नीच राशिस्थ हो तो पूर्ण (शत-प्रतिशत) मंगली दोष उत्पन्न करेगा। वहां यदि वह उच्च राशिस्थ हो तो दोष कारक नहीं होगा। इसी प्रकार जातक ग्रन्थों में यह भी लिखा है कि यदि सप्तम भाव पाप राशि में हो तो सप्तम भाव दूषित हो जाता है—इत्यादि। स्पष्ट है—जातक ग्रन्थोक्त इस प्रकार के राशि सम्बन्धी कुप्रभाव या सुप्रभाव का निर्णय करने के लिए जन्म कुण्डली का ही प्रयोग होगा। जहां भावों से सम्बद्ध फलादेश का निर्णय करना है, वहां भी जन्म कुण्डली को प्रयोग में लाना सर्वथा गलत है।

मंगली दोष के निर्णय के लिए विचारणीय विषय

मंगली दोष का यथार्थरूपेण यदि निर्णय करना है तो निम्नलिखित सात बातों का निर्णय दैवज्ञ को अनिवार्य रूप में करना होगा।—

१) लग्न से द्वितीय भाव और द्वितीयेश का बल।
२) चन्द्र से द्वितीय भाव और द्वितीयेश का बल।
३) लग्न से सप्तम भाव और सप्तमेश का बल।
४) चन्द्र से सप्तम भाव और सप्तमेश का बल।
५) लग्न से अष्टम भाव और अष्टमेश का बल।
६) चन्द्र से अष्टम भाव और अष्टमेश का बल।
७) सप्तम के कारक (शुक्र) बल।

इन सब का हम यहां संक्षेप में विवेचन करेंगे—

चन्द्र एवं लग्न से द्वितीय-द्वितीयेश, सप्तम-सप्तमेश, अष्टम और अष्टमेश का बल

सप्तम भाव दाम्पत्य जीवन का प्रतिनिधित्व करता है, अतः जातक-शास्त्रानुसार सप्तम भाव और सप्तमेश दोनों का बलवान् होना दाम्पत्य सुख के लिए नितान्त आवश्यक है। क्योंकि जातकशास्त्र का सिद्धान्त है—भावों की गणना लग्न और चन्द्र दोनों से समान रूप से की जाती है, अतः लग्न और चन्द्र दोनों से जो सप्तमभाव और सप्तमेश हों उनका बलवान् होना पति-पत्नी (जीवन साथी) के सुख के लिए समान रूप से आवश्यक है। इस लिए दैवज्ञ को चाहिए कि वह लग्न और चन्द्र दोनों से सप्तम और सप्तमेश के बलाबल का विचार करें।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

लग्न और चन्द्र से सप्तम और सप्तमेश के बल का निर्णय करने के लिए सबसे पहले इन दोनों (सप्तम भाव और सप्तमेश) पर अलग-अलग क्रूर और शुभ ग्रहों की दृष्टि केशव, श्रीपति आदि द्वारा बतलाई पद्धति से गणित-प्रक्रिया द्वारा ज्ञात कर लें। इसके बाद क्रूर और शुभ ग्रहों की दृष्टि का अन्तर निकाल कर सप्तम और सप्तमेश पर पड़ने वाला इबल अलग-अलग निकालें। सप्तम भाव और सप्तमेश पर यदि क्रूर ग्रहों की दृष्टि की मात्रा शुभ ग्रहों की दृष्टि की मात्रा से ज्यादा हो तो सप्तम भाव और सप्तमेश निर्बल माने जाएंगे, अन्यथा वे बलवान् होंगे। इसी प्रकार सप्तम भाव और सप्तमेश की क्रूर ग्रह से युति और उन पर क्रूर ग्रह की कर्त्तरी (सप्तम भाव और सप्तमेश के दोनों ओर के भावों में क्रूर ग्रहों की स्थिति) से भी सप्तम भाव और सप्तमेश निर्बल होते हैं। सप्तम या सप्तमेश की राशि शुभ या अशुभ होने पर, सप्तमेश की उच्च-नीच, शत्रु-मित्र, मूल त्रिकोण-त्रिक केन्द्र में स्थिति से भी सप्तम भाव और सप्तमेश का बल न्यूनाधिक होता है तथा सप्तम भाव सप्तमेश की दृष्टि से बलवान् होता है। इन्हें भी दैवज्ञ द्वारा दृष्टि में रखना आवश्यक है।

द्वितीय भाव से कुटुम्ब का विचार किया जाता है। पति-पत्नी कुटुम्ब के प्रधान अंग हैं, अतः द्वितीय भाव और द्वितीयेश के बलाबल का भी सप्तम भाव और सप्तमेश के बलाबल की भांति दाम्पत्य जीवन के सुख-दुःख से पूरा सम्बन्ध है। यहां कुछ जातककारों का यह भी तर्क है कि सप्तम भाव के लिए अष्टम और द्वितीय भाव दोनों मारक भाव हैं, अतः अपने जीवन साथी की आयु के निर्णय के लिए इन भावों के बलाबल की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए। इसलिए द्वितीय-द्वितीयेश और अष्टम-अष्टमेश के बलाबल का निर्णय किए बिना दाम्पत्य जीवन की सुखमयता या दुःखमयता का निर्धारण अपूर्ण माना गया है। जातक शास्त्रियों ने, यही कारण है, सप्तम भाव और सप्तमेश की भांति द्वितीय-द्वितीयेश और अष्टम-अष्टमेश पर क्रूर-शुभ ग्रहों की दृष्टि-युति आदि को सौभाग्य, वैधव्य, विधुरता आदि का कारण बतलाया है। कुछेक जातककारों ने तो द्वितीय भाव और द्वितीयेश के बलाबल की सप्तम भाव के शुभाशुभ फल के विषय में सर्वथा उपेक्षा की है, लेकिन मेरा मत है—यह उनकी उपेक्षा गलत है। अष्टम भाव को अधिकतर आचार्यों ने केवल स्त्रियों के सौभाग्य निर्णय का ही आधार माना है। यदि सप्तम के मारक भाव के रूप में हम विचार करें तो पुरुषों की कुण्डली में भी अष्टम भाव से पत्नी सुख का विचार करना तर्क-संगत है।

द्वितीय-द्वितीयेश और अष्टम-अष्टमेश के बलाबल का निर्णय भी सप्तम और सप्तमेश के बलाबल की ही भांति क्रूर-शुभ ग्रहों की दृष्टि-युति आदि के आधार पर पूर्वोक्त पद्धति से अलग-अलग मालूम करना चाहिए।

ध्यान रहे—यहां भी द्वितीय-द्वितीयेश और अष्टम-अष्टमेश का विचार चन्द्र से भी करना होगा।

ध्यान दें—"लग्ने व्यये च पाताले..." वाक्य, जिसे मंगली दोष के निर्णय के लिए ज्योतिषी लोग प्रमुख रूप से प्रयोग में लाते हैं, सप्तम और अष्टम भाव पर मंगल की पूर्ण दृष्टि और युति की ही चर्चा करता है। क्योंकि लग्न, चतुर्थ और द्वादश भाव में स्थित मंगल की सप्तम पर पूर्ण दृष्टि होती है, इसीलिए इन भावों में मंगल की स्थिति को सप्तम भाव के लिए अशुभ कहा गया है। कुछ वाक्यों में सभी (सूर्य-शनि आदि) क्रूर ग्रहों की लग्न, चतुर्थ और द्वादश में स्थिति को भी मंगल के समान ही दोष कारक लिखा गया है। लेकिन सूर्य-शनि, राहु-केतु लग्न से तो सप्तम को पूर्ण दृष्टि से देखते हैं, परन्तु चतुर्थ और द्वादश भाव से तो सप्तम पर इनकी पूर्ण दृष्टि नहीं होती, अपितु त्रिपाद दृष्टि ही होती है। अतः इन (सूर्यादि) चार क्रूर ग्रहों की चतुर्थ और द्वादश में स्थिति को भौम की इन भावों में स्थिति के बिल्कुल समान दोषावह मानना संगत नहीं है। हां, लगभग समान दोषावह तो माना जा सकता है। यदि हम सभी क्रूर ग्रहों की विभिन्न भावों में स्थिति से उत्पन्न दोष को सूक्ष्मता से यथार्थ रूप में जानना चाहते है, तब हमें लग्न और चन्द्र से सप्तम-सप्तमेश, द्वितीय-द्वितीयेश और अष्टम-अष्टमेश पर इन क्रूर ग्रहों की दृष्टि के बल का निर्णय इनकी अपनी-अपनी एकपाद, द्विपाद, त्रिपाद, चतुष्पाद दृष्टि के आधार पर ही करना चाहिए। जैसे—शनि की तृतीय और दशम भाव पर भी पूर्ण (चतुष्पाद) दृष्टि है, अतः यदि शनि पंचम या दशम भाव में स्थित हो तो वहां भी वह सप्तम भाव को पूर्ण दृष्टि से देखेगा। इस प्रकार वह इन भावों में बैठ कर सप्तम भाव के लिए ठीक उतना ही दोष कारक है जितना कि मंगल चतुर्थ और द्वादश में बैठ कर होगा। इसी प्रकार सूर्य आदि शेष ग्रहों की अपनी-अपनी एकपाद, द्विपाद आदि दृष्टियों के आधार पर ही उनका द्वितीय, सप्तम, अष्टम भावों तथा इन भावों के स्वामी ग्रहों पर इबल मालूम करना चाहिए। स्पष्ट है—"लग्ने व्यये च पाताले..."—आदि प्रचलित वाक्य आसन्न मान से मंगली दोष के निर्णय के लिए लिखे गए हैं। विभिन्न जातक ग्रन्थों ने सूर्य-शनि-मंगल आदि द्वारा सप्तम भाव आदि के कुफल एवं सुफल की चर्चा में उनकी अपनी-अपनी विशेष दृष्टि को आधार बनाया है। दैवज्ञ को भी ऐसा ही करना चाहिए, अन्यथा वह मंगली दोष का निर्णय ठीक से नहीं कर पाएगा।

शुक्र का बल—भाव, भावेश और भावकारक—यदि तीनों बलवान् हों तो वह भाव पूरी तरह बलवान् होगा, अर्थात् तब उस भाव से सम्बद्ध शुभ फल पूर्ण मिलेगा—यह जातक शास्त्र का सिद्धान्त है ("भवन्ति भाव-भावेश-कारकाः बलसंयुताः। तदा पूर्णं फलं, ह्याभ्यामेकेनाल्पं फलं वदेत् ॥") इस सिद्धान्त के अनुसार सप्तम का शुभाशुभ फल तब तक ठीक तरह से ज्ञात नहीं हो सकेगा जब तक सप्तम भाव के कारक शुक्र का भी बलाबल नहीं ज्ञात कर लिया जाता। अतः शुक्र का बलाबल भी सप्तमेश आदि की ही भांति शुभाशुभ ग्रहों की दृष्टि, युति आदि के अनुसार केशव, श्रीपति आदि द्वारा बतलाई पद्धति से ज्ञात करना चाहिए।

शुक्र से चतुर्थ और अष्टम में क्रूर ग्रह की स्थिति पत्नी के लिए अशुभ है—इस प्रकार के कुछ अन्य शुक्र सम्बन्धी योगों को भी ध्यान में रखना होगा।

यहां द्वितीय भाव-द्वितीयेश, सप्तम भाव-सप्तमेश, अष्टम भाव-अष्टमेश और शुक्र के बलाबल निर्णय करते हुए निम्नलिखित कुछ बातें दैवज्ञ को ध्यान में अनिवार्य रूप से रखनी चाहिएं—

१) द्वितीयभाव-द्वितीयेश, सप्तमभाव-सप्तमेश, अष्टमभाव-अष्टमेश और शुक्र के साथ क्रूर एवं शुभ ग्रहों की युति से उत्पन्न अशुभ और शुभ फल के निर्णय के लिए भाव स्पष्ट और ग्रह स्पष्टों के राश्यादि मानों को आधार मानना चाहिए। उदाहरणार्थ—मान लीजिए यदि अष्टम भाव का मध्य (या स्पष्ट अष्टमभाव) ६ रा. १अं. ० क. है, और इसकी परवर्त्ती सन्धि (अर्थात् अष्टम की समाप्ति का बिन्दु) ६ रा. १५ अं. ० क. है। यहां यदि मंगल स्पष्ट ६ रा. १४ अं. ० क. हो, तो मंगल अष्टमभाव में स्थित तो होगा, लेकिन उसका भावबल बहुत ही कम होगा, न के बराबर होगा। वह अष्टम भाव के

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

लगभग-अन्त में स्थित है, जिसे उसकी अष्टम में स्थिति से होने वाला फल शून्य के बराबर है। किसी ग्रह का भावफल कितने प्रतिशत है—यह निर्णय भावस्पष्ट, भाव की पूर्वा पर सन्धियों एवं ग्रह के स्पष्ट राश्यादि द्वारा केशवीय जातक पद्धति से ("भाव-प्रवृत्तौ हि फल-प्रवृत्तिः पूर्णं फलं भाव-समांशकेषु···" इस नियमानुसार) निकाला जा सकता है।

२) द्वितीयभाव-द्वितीयेश, सप्तमभाव-सप्तमेश आदि पर भौम आदि शुभाशुभ ग्रहों की दृष्टि का यथार्थ निर्णय भी केशवीय जातक पद्धति से ही करना होगा। जिन भावों में स्थित ग्रह एकपाद, द्विपाद, त्रिपाद और चतुष्पाद दृष्टि से देखता है उन भावों के मध्यवर्ती बिन्दुओं पर स्थित उस ग्रह की शुभाशुभ दृष्टि (प्रतिशत में) अनुपात द्वारा केशवीय जातक पद्धति से निकालनी चाहिए।

३) द्वितीयभाव-द्वितीयेश आदि के साथ युति आदि करने वाले एवं इन्हें देखने वाले शुभाशुभ ग्रहों के शुभाशुभ फलों का ठीक से निर्णय करने के लिए दैवज्ञ को "बृहज्जातक" कार के इस निर्देश का पूरा पालन करना चाहिए—

उच्च-त्रिकोण-स्व-सुहृच्छत्र-नीचगृहार्गतः ।
शुभं सम्पूर्ण-पादोन-दल-पादाल्प-निष्फलम् ॥

इसका अभिप्राय है—ग्रह यदि अपने उच्च में हो तो उससे उत्पन्न शुभ फल पूर्ण (शत-प्रतिशत), अपने मूल त्रिकोण में हो तो ७५ प्रतिशत, स्वराशि में हो तो ५० प्रतिशत, अपने मित्र की राशि में हो तो २५ प्रतिशत शत्रु की राशि में हो तो १२½ प्रतिशत एवम् नीचस्थ या अस्त हो तो शून्य होता है। अशुभ फल के लिए इसके विपरीत (अर्थात् ग्रह उच्च में हो तो उससे उत्पन्न अशुभ फल शून्य, अपने मूलत्रिकोण में हो तो १२½ प्रतिशत··· इत्यादि) समझना चाहिए।

उदाहरणार्थ—यदि मकरस्थ (उच्चस्थ) मंगल जातक के लग्न में हो तो उसकी सप्तम पर दृष्टि से उत्पन्न मंगली दोष शून्य माना जाएगा। इसी प्रकार यदि मंगल नीचस्थ (कर्कस्थ) होकर लग्न में हो तो मंगली दोष पूर्ण (शत-प्रतिशत) होगा। इसी तरह नीच (मकरस्थ) गुरु लग्नस्थ होकर सप्तम में स्थित कर्कस्थ भौम को यद्यपि पूर्ण दृष्टि से ही देखेगा, फिर भी वह (गुरु) नीचस्थ होने से सप्तमस्थ भौम के दोष को तनिक भी कम नहीं कर सकेगा। हां, यदि वह उच्चस्थ (कर्कस्थ) होकर सप्तमस्थ भौम को पूर्ण दृष्टि से देखेगा तो वह भौम के दोष को शत-प्रतिशत समाप्त कर डालेगा। इसी प्रकार उच्च-नीच-मूल त्रिकोण आदि में शुभाशुभ ग्रहों की युति-दृष्टि आदि के अनुसार शुभाशुभ फल की न्यूनाधिकता का निर्णय दैवज्ञ को सावधानी से करना चाहिए।

योगु कारक अशुभ ग्रहों की दृष्टि और युति भी अशुभकारक नहीं होती है इसका भी ध्यान रखना चाहिए।

इस प्रकार लड़के और लड़की के लग्न तथा चन्द्र से द्वितीय भाव-द्वितीयेश, सप्तमभाव-सप्तमेश, अष्टमभाव-अष्टमेश एवम् शुक्र के बलाबल का गणित द्वारा प्रतिशत के रूप में सूक्ष्मतापूर्वक निर्णय कर लेने के बाद उन्हें अलग-अलग (लड़के का अलग और लड़की का अलग) जोड़ लें। इस जोड़ को "बलयोग" कहते हैं। यदि लड़का और लड़की दोनों के "बलयोग" समान हों तो उन दोनों का मंगली दोष भी समान समझना चाहिए। अथवा यू कहना चाहिए कि उन दोनों के मिलान में मंगली दोष का कुफल सर्वथा समाप्त हो गया है। अतः उन दोनों का विवाह सम्बन्ध कर देना चाहिए। यदि दोनों के बलयोगों में परस्पर अन्तर ५० प्रतिशत हो तो भी मिलान ठीक है—ऐसा समझना चाहिए। यदि अन्तर ५० प्रतिशत से ज्यादा हो तो समझना चाहिए कि मिलान ठीक नहीं है (अर्थात् उन दोनों का मंगली दोष समान नहीं है। अतः उनका सम्बन्ध करना ज्योतिष की दृष्टि से ठीक नहीं है।

लड़का-लड़की के मंगली दोष का निर्णय यदि दैवज्ञ ईमानदारी से शास्त्रानुसार एवम् तर्क संगत पद्धति से यथार्थतापूर्वक करना चाहता है तो उसे उपरोक्त पूरी प्रक्रिया का अनुसरण करना जरूरी है, अन्यथा मिलान दोष पूर्ण ही नहीं, स्पष्ट रूप में शास्त्रविरुद्ध भी होगा। केवल जन्म कुण्डलियों में दी गई ग्रह स्थिति मात्र को आधार मानकर सप्तम भाव-सप्तमेश आदि का बलाबल गणित-प्रक्रियानुसार निर्धारण किए बिना स्थूल रूप से ही लड़का-लड़की के मंगली दोष की समानता या असमानता का निर्णय कर डालना एक अक्षम्य ज्योतिश्शास्त्रीय अपराध है। (शेष ३७ पर)

ग्रह गोचर-पद्धति पर नवीन विचार

गोचर-पद्धति

अवकाश प्राप्त मेजर एस. जी. खोत "ज्योतिष-वाचस्पति" द्वारा रचित अनुपम ग्रंथ है। लेखक की अन्य पुस्तकें लघु-पाराशरी सिद्धान्त, ज्योतिष और परिवार नियोजन (हिन्दी एवं अंग्रेजी में), एस्ट्रोलॉजी एण्ड साइन्स (अंग्रेजी में), भारतीय संस्कृति एवं युग प्रणाली, ज्योतिष और आध्यात्म आदि पुस्तकें इससे पहले प्रकाशित हो चुकी हैं। ज्योतिष प्रेमी सज्जनों ने इनमें से कोई पुस्तक अवश्य पढ़ी होगी और वे मेजर खोत की विद्वता ज्ञान तथा उत्तम शैली से परिचित होंगे।

प्रस्तुत पुस्तक में ग्रहों, राशियों, नक्षत्रों, भावों के बारे में प्रारम्भिक ज्ञान अंक, उनके शब्द ग्रहों के स्वामी क्षेत्र, मूल-त्रिकोण, उच्च-नीच स्थान, शत्रुता-मित्रता, तात्कालिक मैत्री, पंचधा मैत्री, शरीर के अंग में राशियों का स्थान, दृष्टि बलबल आदि का ज्ञान देकर नवग्रहों के १२ राशियों में भ्रमण करने पर किस राशि के व्यक्ति को क्या-क्या फल होते हैं? यह विस्तार से बताया गया है। नाम के अक्षरों से राशि ज्ञान तथा तदनुसार फल, ग्रहों का वेध युति आदि के प्रभाव से फल, बीमारी औषधि शल्य क्रिया, आपरेशन जन्म कुण्डली में ग्रहों की स्थिति के अनुसार प्रत्येक ग्रह का गोचर अर्थात् १२ राशियों में भ्रमण का फल। दशा, अन्तरदशा के अनुसार गोचर फल में भिन्नता, राहु, केतु, हर्षल, नेपच्यून के भी गोचर फल विस्तार से बताये गये हैं। शनि के चरण, पाद, वाहन के अनुसार ढैय्या, साढ़ेसाती का फल सभी ग्रहों का भोग तथा अन्य ग्रहों से स्थानीय भावों के अनुसार फल दिये गये हैं।

गोचर विषय पर अब तक प्रकाशित सभी पुस्तकों से अधिक जानकारी देने वाली भविष्य कथन में पूर्ण सहायक यह अनुपम पुस्तक है। पृष्ठ की पुस्तक का मूल्य नाम मात्र को ३१) रखा गया है जो उसकी मूल्यवान सामग्री को देखते हुए कुछ भी नहीं है।

धर्मसन प्रकाशन नई सड़क, दिल्ली-११०००६

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

ज्योतिष शास्त्र के गूढ़ रहस्य

जन्मकालीन ग्रह स्थिति पर गोचरस्थ ग्रहों के भ्रमण का चमत्कारी फल

['फलितशास्त्र के गूढ़ रहस्य' अनुभव जन्य उपलब्धि का परिणाम है जोकि परीक्षा निकष पर खरा उतरने पर ही हम आपके समक्ष उपस्थित कर रहे हैं। पाठकों को इन रहस्यों से अभूतपूर्व लाभ होगा—ऐसा विश्वास है। --सम्पादक]

सूर्य—सूर्य जन्मकुण्डली के जिस स्थान पर गोचर भ्रमणवश आता है, उस स्थान में स्थित ग्रह का फल देता है। क्योंकि सूर्य का दूसरे ग्रहों की अपेक्षा विशेष महत्त्व है, जैसे-जैसे सूर्य शुभाशुभ ग्रहयोग व राशि पर आता है वैसा ही उस मास में शुभाशुभ फल देने में सहायक होता है।

चन्द्रमा—चन्द्रमा मन कारक है, जैसे-जैसे ग्रह के साथ चन्द्र का भ्रमण होगा, वैसे-वैसे उन्हीं ग्रहों के धर्मकर्मानुरूप व्यक्ति की मनःस्थिति होगी। यदि चन्द्र के साथ पापग्रहों का योग हुआ हो तो जब चन्द्र एकत्र होगा तो मानसिक उद्विग्नता आदि नेष्ट फल देगा। इसी प्रकार शुभ योग का फल भी चन्द्रमा के योग के समय ही होगा।

जन्मकालिक-चन्द्र और राशिचार भ्रमण गोचर चन्द्र दोनों का ग्रहों के पाप या शुभयोग से अकस्मात् शुभाशुभ फल होता है। क्षीण व नीच चन्द्र शुभफल नहीं करेगा। गोचर का चन्द्र जब-जब दशेश या अन्तर्दशेश के मित्रादि शुभ क्षेत्र में भ्रमण करेगा, तब-तब शुभफल देगा। जब गोचर का चन्द्र दशेश या अन्तर्दशेश के शत्रु आदि पापक्षेत्र में जाएगा, तब-तब अशुभ फल करेगा। इस प्रकार के अभ्यास से दैनिक फल की कल्पना बुद्धि पूर्वक की जा सकती है।

चन्द्रमा होरा के समान सभी ग्रहों के योगों का फल देने वाला होता है। चन्द्रमा की जिस-जिस ग्रह के साथ युति-प्रतियुति या परस्पर दृष्टि हो तब उक्त ग्रहों के धर्मानुकूल फल होता है। जब चन्द्र उक्त योगकारक ग्रहों से दृष्टि-सम्बन्ध करता है, तभी ग्रहों का फल अनुभव होता है। दिन व समय निश्चय करने के लिए चन्द्र का भ्रमण व होरा का विचार मुख्य समझना चाहिए।

मंगल—मंगल का भ्रमण जन्मकालिक शनि आदि पापग्रहों की स्थिति पर या उनकी जहां-जहां दृष्टि हो वहां राशिचार से परस्पर दृष्टि या स्थान-सम्बन्ध होने पर दुःख ही देता है। उपचय (३।६।१०।११) स्थान पर बली शनि के साथ शुभ ही होता है। परन्तु राहु के साथ महाकष्ट अशुभ फल ही देता है। उच्च-मित्र राशि पर मंगल का भ्रमण शुभ फलप्रद होता है। नीच-शत्रु राशि पर मंगल का भ्रमण अशुभ तथा उपचय (३।६।१०।११) स्थान से अतिरिक्त स्थान पर भ्रमण भी नेष्ट फलप्रद है। यदि वहां मंगल वक्र भी हो तो महा अशुभ होता है। मंगल का भ्रमण जन्मकालिक पापग्रहों की स्थिति पर एवं जहां (मंगल की) दृष्टि हो वहां-वहां का भ्रमण नेष्टफल करता है। जन्म के पापग्रह से राशिचार के मंगल का परस्पर दृष्टि सम्बन्ध बनने पर दुःखद-स्थिति ही बनेगी।

बुध—बुध का भ्रमण तथा जन्मकालिक बुध की राशि पर शुभाशुभ ग्रहों का भ्रमण आश्चर्यजनक फलप्रद होता है। शुभ ग्रहयोग से शुभफल तथा अशुभ ग्रह योग से अशुभ फलप्रद होता है। स्वराशि तथा मित्र राशि का बुध (३।६।२।७ में हो तो) अशुभ-स्थानस्थ भी शुभ फल देता है। नीच व शत्रु राशि का बुध अशुभफल देता है। जन्मकालिक और राशिचार के पापग्रहों के साथ, या इन ग्रहों से सातवीं राशि पर बुध का भ्रमण नेष्टफल देता है। शुभग्रह गुरु-शुक्र की दृष्टि एवं एक ही राशि (भाव) में बुध का भ्रमण शुभफल देता है। बुध बुद्धिकारक होने से प्रायः बुद्धि के कार्य में ही सुधार और बिगाड़ अधिकतर करता है। व्यापार, गणितविद्या में यह ग्रह विशेष महत्त्व रखता है। बुद्धि एवं वाणी से आजीविका कमाने वाले वकीलों के लिए भी इस ग्रह का विशेष महत्त्व है। वकीलों के लिए बुध का भ्रमण तथा जन्मकालिक-बुध की स्थित राशि पर शुभाशुभ ग्रहों का भ्रमण अद्भुत फलप्रद देखा गया है।

बुद्धि के कार्य में सुधार और बिगाड़ प्रायः बुध ही करता है। व्यापार में, गणित विद्या में इसकी प्रधानता है। यह वाणी के धन्धे में यशलाभ करता है। वकीलों को बुध का भ्रमण तथा जन्मकालिक बुध की स्थित राशि पर शुभाशुभ ग्रहों का भ्रमण अद्भुत रूपेण चमत्कृत करने वाला है।

जन्मकुण्डली में बुध-शुक्र-शनि-चन्द्र एवं गुरु की स्थिति जहां हो या इनकी जिस स्थान पर दृष्टि हो उस स्थान पर शुक्र का गोचर भ्रमण हो उस पर उपरोक्त मित्रग्रह और शुभग्रह की दृष्टि हो तब अपने धन्धे में लाभ एवं स्त्रीसुख देता है। ऐसे ही शुक्र के भ्रमण पर गोचर भ्रमण के पापग्रह की दृष्टि हो तब उपरोक्त लाभ तथा स्त्रीसुख में बाधा आदि नेष्टफल होता है।

ध्यान रहे—जन्मकाल और गोचरभ्रमण के ग्रह का सम्बन्ध दोनों ग्रहों के परस्पर ५ अंश का अन्तर होते ही फल होने लगता है। यदि एक ग्रह शुभ, दूसरा अशुभ हो तो अधिक बली ग्रह के अनुसार ही शुभाशुभ फल होगा।

गुरु भ्रमण का फल

जन्मकालिक और गोचर के शुभग्रह की स्थिति और दृष्टि जहां-जहां हो वहां-वहां गुरु का गोचरभ्रमण शुभफल देता है। पापग्रह से दृष्ट या पापग्रह की स्थिति के स्थान पर गुरु का भ्रमण अशुभ फलप्रद रहता है। गुरु धनकारक और ज्ञान देने वाला ग्रह है इस गुरु की जिस-जिस ग्रह पर त्रिकोण दृष्टि होती है, उस-उस भाव और ग्रह के धर्म की वृद्धि करता है। लग्न से ३।५।७।११ में जब गुरु रहता है तो लाभ स्थान को देखता है ऐसी स्थिति में लाभ उत्तम रहता है। स्थान ९ पर स्थित गुरु १।५।३ स्थान को देखता है, तब पराक्रम वृद्धि, बुद्धि प्रकाश आदि शुभ फल करता है। यदि जन्मकालिक गुरु पर या गोचर में पाप दृष्टि हो वा पापग्रह साथ हों तो शुभफल नहीं होता, परन्तु पापग्रह बली हों और उन पर गुरु की अमृत त्रिकोण ९।५ दृष्टि हो तो उस समय 'विशेष-शुभफल' करता है।

जन्म में पापग्रह से दृष्ट या पापग्रह की स्थिति के स्थान पर गुरु का गोचर भ्रमण अशुभ रहता है। जन्मकाल के गुरु से त्रिकोण स्थान पर गुरु का गोचर भ्रमण भाग्योदय, उन्नति, तरक्की करता है। जन्मकालिक स्थान पर राशिचार से गुरु की दृष्टि व योग सम्बन्ध हो तब नौकरी लगती है वा कोई लाभप्रद कार्य बनता है। ऐसे ही जन्म के सप्तम स्थान एवं सप्तमेश पर जिस मास में भ्रमणवश गुरु की दृष्टि हो सगाई आदि स्त्री लाभ सम्बन्धी योग बनता है।

गुरु का भ्रमण जिस स्थान पर हो उस स्थान सम्बन्धी तथा जन्मकालिक ग्रह की स्थिति तथा भ्रमण के ग्रहों पर जिस-जिस समय बृहस्पति की दृष्टि हो उस भाव व ग्रह के अनुकूल वृद्धि व सुख उस वर्ष में होता है।

वर्ष लग्नेश की बृहस्पति का साथ जैसा शुभाशुभ योग व दृष्टि सम्बन्ध बनेगा, तदनुरूप फल वर्ष में होगा। बृहस्पति का भ्रमण शुभ स्थान व बलीराशि पर हो तो शुभ, अन्यथा अशुभ फल समझना चाहिए।

(शेष ६० पर)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

समस्याएं और समाधान

[प्रियव्रत शर्मा]

[श्रीमार्तण्ड पंचांग के पाठकों के असंख्य ऐसे पत्र प्रतिवर्ष हमें प्राप्त होते हैं, जिनके माध्यम से वे ज्योतिष की विभिन्न शाखाओं से सम्बद्ध अपनी अनेक समस्याओं का समाधान हमसे मांगा करते हैं। इस वर्ष से हम यह स्तम्भ प्रारम्भ कर रहे हैं, जिसमें हम प्रति वर्ष पाठकों की ऐसी समस्याएं एवं उनके समाधान प्रकाशित किया करेंगे, जो हमारे अन्य पाठकों की भी ज्ञान वृद्धि करेंगे। आप भी हमें फलित (संहिता, होरा, जातक, आदि) सिद्धान्त ज्योतिष (Astronomy) एवं पंचांग से सम्बद्ध अपनी समस्याएं लिख भेजिए, हम पत्र द्वारा तो उनका उत्तर आपको व्यक्तिगत रूप से देंगे ही, साथ ही यदि वे समस्याएं अन्य पाठकों के लिए भी ज्ञानवर्धक हुईं, तो हम उनके समाधान अगले वर्ष इस स्तम्भ में भी प्रकाशित करेंगे, साथ ही आपका पता भी प्रकाशित किया जाएगा। —सम्पादक]

जोधपुर की कुण्डली

प्रश्न—जोधपुर शहर की शिलान्यास कालीन कुण्डली मैंने बनाई है। शिलान्यास की तिथि और काल, जिसे मैं अपने अनुसन्धान के आधार पर प्रामाणिक मानता हूं, सेवा में भेज रहा हूं। कृपया इस कुण्डली के बारे में अपने विचार लिखें, साथ ही जोधपुर नगर के संस्थापक राव जोधा जी की कुण्डली भी प्रेषित है, जो मुझे अपने संग्रहालय से प्राप्त हुई है। यह कुण्डली श्री जगदीश सिंह गहलोत ने भी अपने जोधपुर के इतिहास में प्रकाशित की है। मैं समझता हूं यह सर्वथा शुद्ध है।

—श्री अमरचन्द-महेश चन्द जी ज्योतिषी, जोधपुर (राज.)

उत्तर—आसन्नगणना से ज्ञात होता है। आप द्वारा बनाई जोधपुर की कुण्डली में राहु-केतु की स्थिति गलत है। इसे पुनः देखें। शेष ग्रहों की स्थिति के बारे में तब तक कुछ नहीं कहा जा सकता जब तक मूल-रूप से गणित न की जाए। गणित के लिए हमारे पास अवकाश नहीं है।

जो राव जोधा जी की कुण्डली आपने भेजी है, वह तो बिल्कुल गलत है। सोजत (राजस्थान) में राव जोधा जी का जन्म, जैसा कि आप ने लिखा है, सूर्योदयात् इष्ट ५ घ. ५१ प. पर हुआ है। कुण्डली में लग्न मेष है। क्योंकि सोजत (अक्षांश २५°।५६' उ.) में उस समय निरयण मेष लग्न का स्वोदय ४ घड़ी के लगभग था, अतः ५ घड़ी ५१ पल इष्ट पर मेष लग्न कदापि नहीं हो सकता, वृष लग्न ही होगा। किन्तु इस कुण्डली में राहु-केतु और गुरु की राशियों में भी अक्षम्य अशुद्धि है—यह आसन्न गणना बतलाती है। इस कुण्डली में शेष ग्रहों की राशियां भी संशयास्पद हैं।

सूक्ष्म क्रान्ति साम्य

प्रश्न—आपके पंचांग में दिए गए विवाह आदि मुहूर्त्तों में जो क्रान्तिसाम्य दोष दिया रहता है, वह अनेक बार सूर्य-चन्द्र की राशियों के आधार पर निर्णीत क्रान्ति साम्य से मेल नहीं खाता—क्या कारण है? —के. ऐन. शर्मा, आदम पुर (जालन्धर)

उत्तर—सूर्य और चन्द्रमा की राशियों के अनुसार किया जाने वाला क्रान्तिसाम्य दोष का निर्णय नितान्त स्थूल होता है। क्रान्तिसाम्य का सूक्ष्मता पूर्वक निर्णय करने के लिए सूर्य सिद्धान्त और सिद्धान्त-शिरोमणि आदि ग्रन्थों में एक विस्तृत गणित-प्रक्रिया बतलाई गई है। इस गणित को 'महापात गणित' कहा जाता है। महापात गणित के आधार पर ही हम क्रान्तिसाम्य दोष का निर्णय करते हैं। क्रान्तिसाम्य जानने की यही सूक्ष्म प्रक्रिया है।

नाड़ी दोष परिहार

प्रश्न—नाड़ी दोष के परिहार के प्रसंग में "रोहिण्यार्द्रा मृगेन्द्राग्नि-पुष्य-श्रवण पौष्णभम्। अहिर्बुध्न्यर्क्षमेतेषां नाड़ी दोषो न विद्यते॥"—यह वाक्य उपलब्ध है। इसे आप कहां तक प्रामाणिक मानते हैं। —श्री बाबू राम शास्त्री बी. ए., मु. जरोट (कांगड़ा)

उत्तर—इस वाक्य की प्रामाणिकता सन्दिग्ध है। इस वाक्य के लेखक का आधार क्या है—यह स्पष्ट नहीं है। वसिष्ठ संहिता 'मुहूर्त चिन्तामणि', 'महूर्त मार्त्तण्ड' आदि प्रचलित प्रामाणिक संहिता एवं मुहूर्त्त ग्रन्थों में इस वाक्य की सर्वथा उपेक्षा की गई है। गम्भीरता से इस वाक्य का विश्लेषण करने पर भी इस की कोई उपपत्ति स्पष्ट नहीं मिलती, अतः इस वाक्य को हम भी प्रामाणिक नहीं मानते।

नाड़ी आदि कूटों का परिहार होने पर गुण वृद्धि

प्रश्न—गण, नाड़ी आदि कूटों के दोष का परिहार होने पर, आपने अपने पंचांग में लिखा है, कि उन (परिहृत) कूटों के आधे गुण मानने चाहिएं। क्या इस बारे में कोई शास्त्र प्रमाण है?

उत्तर—अष्ट कूटों में से किसी भी कूट का गुण तभी शून्य होता है, जबकि वह कूट दोष पूरी तरह विद्यमान हो। उदाहरण के रूप में—जब नाड़ी दोष होता है, तब उसका गुण शून्य माना जाएगा। जब नाड़ी कूट का परिहार मिल जाता है तब शून्य गुण कैसे माना जा सकता है? दोष के परिहार से अभिप्राय कुछ विद्वान् दोष का सर्वथा अभाव और कुछ विद्वान् दोष की अल्पता लेते हैं। यही कारण है दोष परिहार की स्थिति में उस दोष के पूरे गुण मिलान में हम ने स्वीकार नहीं किए, आधे गुण ही स्वीकार किए हैं। ऐसा करने से दोनों मतों (दोष का सर्वथा अभाव और दोष की अल्पता) को मानने वाले विद्वानों को किसी प्रकार की आपत्ति नहीं हो सकती। गणना में किसी कूट का दोष पूरी तरह विद्यमान होने पर शून्य गुण माना जाता है—इस से अनुवृत्त है कि उस के दोष का परिहार मिल जाने पर उस कूट के गुण कम से कम आधे तो मानने ही चाहिएं। यह मत पूरी तरह तर्क संगत है।

नृदूर दोष

प्रश्न—नृदूर दोष किसे कहते हैं? इसका परिहार भी बतलाएं?

उत्तर—वर (लड़के) का नक्षत्र लड़की के नक्षत्र से आगे वाले आठ नक्षत्रों के मध्य पड़ता हो तो मिलान दोषपूर्ण माना जाता है। इसे नृदूर दोष कहा जाता है। यदि

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

लड़की के नक्षत्र से नौवें नक्षत्र से लेकर अट्ठारहवें नक्षत्र तक लड़के का नक्षत्र पड़े तो मिलान साधारण होगा। यदि लड़की के नक्षत्र से आगे अट्ठारहवें नक्षत्र से २७वें नक्षत्र तक लड़के का नक्षत्र पड़े तो मिलान शुभ माना जाता है। यदि लड़की का नक्षत्र लड़के के नक्षत्र से एकदम पहले हो तो भारी नृदूर दोष माना गया है। नृदूर दोष का परिहार न मिले तो उन दोनों का सम्बन्ध नहीं करना चाहिए। नृदूर दोष के परिहार ये हैं :—

(१) दोनों (लड़का-लड़की) के नक्षत्र एक हों लेकिन राशियां भिन्न-भिन्न हों।

(२) दोनों की राशियां एक और नक्षत्र भिन्न-भिन्न हों।

(३) दोनों की राशियों के स्वामियों में परस्पर मित्रता हो।

गोधूलि लग्न का समय

प्रश्न—गोधूलि लग्न का निश्चित प्रामाणिक समय क्या है ?

—श्री धुनी चन्द शास्त्री, प्राध्यापक-हिन्दू सभा संस्कृत कालेज, अमृतसर

उत्तर—सूर्य केन्द्रास्त काल से आधी घटी (१२ मि.) पहले और आधी घटी बाद—इस प्रकार गोधूलि लग्न सामान्यतया एक घटी का माना गया है—"अत्रोभयत्र घटिका-दलमिष्ट माहुः ग्राह्यं तदम्बरमलेरपि चार्धबिम्बात् ॥" (केशवार्क)। लेकिन शीत ऋतु (मार्गशीर्षादि चार मासों) में सूर्य केन्द्रास्त से १२ मि. पहले, ग्रीष्मकाल (चैत्रादि चार मासों) में सूर्य केन्द्रास्त के समय एवं वर्षा ऋतु (श्रावणादि चार मासों) में पूरी तरह सूर्यास्त हो जाने के बाद ही १२ मि. तक गोधूलि लग्न शुभ माना जाता है। इसी प्रकार गुरुवार के दिन सूर्य अस्त के बाद १२ मि. तक और शनिवार को सूर्यास्त से पहले १२ मि. तक ही गोधूलि लग्न की विवाह में ग्राह्यता मानी गई है।

लग्न से दशम-लग्न की दूरी ?

प्रश्न—मैंने आप के पंचांग में दी गई लग्न-दशम लग्न की सारणियों के आधार पर एक बच्चे के जन्म के समय लग्न एवं दशम लग्न स्पष्ट किए हैं। यहां लग्न से दशम लग्न की राशि ग्यारहवीं आई है, जब कि दसवीं आनी चाहिए—पूरी गणित भेज रहा हूं, बतलाने की कृपा करें मैंने कहां गलती की है।

—श्री जय गोपाल शर्मा, ४२२, राम नगर, रुड़की (उ.प्र.)

उत्तर—आप द्वारा साधित लग्न एवं दशम की गणित अच्छी तरह देख ली गई है, इस में कोई गलती नहीं है। ध्यान रहे—दशम भाव का यह अर्थ कदापि नहीं कि वह लग्न की राशि से दशम राशि में होता है। दशम भाव लग्न भाव (प्रथम भाव) से दसवां भाव है। यह कोई आवश्यक नहीं है कि वह (दशम भाव) लग्न की राशि से दसवीं राशि में ही हो। ये भाव (द्वादश भाव) ३०-३० अंशों के ही नहीं होते। इन में से कोई भाव ३० अंश से कम और कोई ३० अंश से अधिक होता है। ३० अंश का भाव बहुत कम उपलब्ध होता है। भावों और राशियों में यही अन्तर है। यदि भाव भी राशियों की भांति ३०-३० अंशों के ही होते तो दशम भाव स्पष्ट करने की आवश्यकता ही न होती। तब तो लग्न स्पष्ट के राशि आदि में ९ राशि जोड़ने से ही दशम भाव बन जाता। ध्यान रहे—एक मत ऐसा भी है, जो सभी भावों को ठीक ३०-३० अंशों का मान कर फलादेश कहने के पक्ष में है। इस मत को मान्यता देने वाले विद्वान् अब अपेक्षाकृत बहुत कम हैं।

दो जन्माष्टमियां, कौन सी मानें ?

प्रश्न—अनेक बार पंचांगों में दो दिन जन्माष्टमी लिखी होती है। भारत सरकार केवल एक ही दिन अवकाश करती है। साधारण जनता बड़ी दुविधा में रहती है, कि वह किस दिन व्रत रखे।

उत्तर—वैष्णव और स्मार्त्त इन दो सम्प्रदायों में जन्माष्टमी व्रत का निर्णय करने के भिन्न-भिन्न सिद्धान्त हैं। वैष्णव लोग रोहिणी नक्षत्र द्वारा निर्णय करते हैं, जब कि स्मार्त लोग आधी रात के समय अष्टमी देखकर इस का निर्णय करते हैं। कभी-कभी (किसी वर्ष) इन दोनों सम्प्रदायों की जन्माष्टमी एक ही दिन भी हो जाती है, जैसे कि इस वर्ष (१९८५ ई. में) है। जब वैष्णवों और स्मार्त्तों के लिए जन्माष्टमी अलग-अलग दो दिन पड़े तब वैष्णवों को वैष्णवों वाली और स्मार्त्तों को स्मार्त्तों वाली जन्माष्टमी के दिन ही व्रत रखना चाहिए। वैष्णव सम्प्रदाय वाले सन्यासी वैष्णव कहलाते हैं। किसी वैष्णव सन्यासी से कण्ठी माला और गुरु मन्त्र जिसने लिया हो वह व्यक्ति भी वैष्णव कहलाता है। जो वैष्णव नहीं है वह स्मार्त्त कहलाता है। लगभग सभी गृहस्थी लोग स्मार्त्त हैं। ध्यान रहे—दो दिन जन्माष्टमी हो तो भारत सरकार केवल वैष्णवों की जन्माष्टमी के दिन ही अवकाश करती है।

अष्टम भाव में मंगल से मंगली दोष क्यों ?

प्रश्न—१, ४, ७, ८, १२वें भाव में मंगल की स्थिति से मंगली दोष (कुज दोष) पैदा होता है। स्पष्ट है—१, ४ और १२वें भाव में स्थित मंगल की सप्तम पर पूर्ण दृष्टि होती है। सप्तम में उस की स्थिति भी सप्तम भाव को दूषित करती है। लेकिन अष्टमस्थ मंगल तो सप्तम पर दृष्टि बिल्कुल नहीं रखता। तो क्या कारण है, यहां (अष्टम में) मंगल की स्थिति को सप्तम भाव का दूषक क्यों माना गया है ?

—पं. श्री केसरी लाल जी आचार्य, ४ अंकपात मार्ग, उज्जैन

उत्तर—अष्टम भाव से सौभाग्य का विचार किया जाता है ("वैधव्यं निधनेन"—जातक पारिजात)। जातक ग्रन्थों का निर्देश है कि इस भाव में क्रूर ग्रह की स्थिति सौभाग्य के लिए अच्छी नहीं मानी जाती ("क्रूरेऽष्टमे विधवता"—बृहज्जातक)। क्योंकि जातक ग्रन्थों में निर्दिष्ट भावफल स्त्री-पुरुषों के लिए समान हैं, अतः अष्टम भाव से पुरुषों की विधुरता का भी विचार किया जाता है। अपिच अष्टम और द्वितीय, दोनों भाव सप्तम भाव के लिए मारक भाव हैं। इसी लिए जातक ग्रन्थकारों ने अष्टम और द्वितीय भाव में भी क्रूर ग्रह की स्थिति एवं इन भावों पर क्रूर ग्रह की दृष्टि को दाम्पत्य जीवन के लिए दोषावह कहा है।

मंगली दोष के परिहार के लिए शनि की स्थिति

प्रश्न—१, ४, १२वें भाव में स्थित मंगल की तो सप्तम पर पूर्ण दृष्टि से कुज दोष युक्तियुक्त है, लेकिन शनि के लिए यह बात युक्त नहीं है। शनि तो पञ्चम एवं दशम भाव में स्थिति होकर सप्तम को पूर्ण दृष्टि से देखता है, फिर क्या कारण है—पञ्चमस्थ और दशमस्थ शनि से कुज दोष के परिहार का उल्लेख क्यों नहीं मिलता ?

—श्री केसरी लाल जी आचार्य, उज्जैन

उत्तर—आप बिल्कुल ठीक हैं। पञ्चमस्थ और दशमस्थ शनि की सप्तम पर पूर्ण दृष्टि है, अतः सप्तम को पूर्ण दृष्टि से देखने वाले मंगल के दोष का पूर्ण परिहार लग्नस्थ, पञ्चमस्थ एवं दशमस्थ शनि से ही हो सकता है। द्वादशस्थ एवं चतुर्थस्थ शनि भी त्रिपाद दृष्टि से सप्तम को देखता है, अतः उस की वहां स्थिति भी मंगल दोष को ७५ प्रतिशत दूर करती है। (इस विषय पर विशेष विवेचन हम ने अपनी पुस्तक "ग्रह दोष एवं दाम्पत्य जीवन" में किया है)।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

क्या उच्चस्थ मंगल-मंगली दोष कारक नहीं है ?

प्रश्न:—उच्च (मकर) स्थ मंगल मंगली दोष नहीं करता—ऐसा अनेक दैवज्ञों का मत है। कुछेक विद्वानों का यह भी मत है कि नीच (कर्क)-स्थ मंगल से उत्पन्न मंगली दोष नगण्य होता है। इनमें से कौन-सा मत ठीक है ?

उत्तर:—यहां पहला मत ही शास्त्रीय है। नीचस्थ मंगल से उत्पन्न मंगली दोष तो पूर्ण (शत प्रतिशत) माना जाएगा। जातक ग्रन्थकारों ने एक स्वर से इस सिद्धान्त का समर्थन किया है कि उच्चस्थ ग्रह शुभ फल पूर्ण और अशुभ फल शून्य तथा नीचस्थ ग्रह शुभ फल शून्य और अशुभ फल पूर्ण किया करता है। देखिए—"नीचर्क्षगः सकलमेव करोति पापं न्यूनं च किंचिदरिमे विफलं स्वतुङ्गे। पादत्रयं हित-गृहे विहगोऽशुभस्य स्वर्क्षे फलं च चरणं स्थितवांस्त्रिकोणे ॥ (सारावली)।

('नाड़ी दोष परिहार' पृष्ठ १ का शेष)

नाड़ी दोष प्रतिशत बल सारणी

लड़की का नाड़ी बल \ लड़के का नाड़ी बल	००	१०	२०	३०	४०	५०	६०	७०	८०	९०	१००
०	१००	९०	८०	७०	६०	५०	४०	३०	२०	१०	००
१०	९०	१००	९०	८०	७०	६०	५०	४०	३०	२०	१०
२०	८०	९०	१००	९०	८०	७०	६०	५०	४०	३०	२०
३०	७०	८०	९०	१००	९०	८०	७०	६०	५०	४०	३०
४०	६०	७०	८०	९०	१००	९०	८०	७०	६०	५०	४०
५०	५०	६०	७०	८०	९०	१००	९०	८०	७०	६०	५०
६०	४०	५०	६०	७०	८०	९०	१००	९०	८०	७०	६०
७०	३०	४०	५०	६०	७०	८०	९०	१००	९०	८०	७०
८०	२०	३०	४०	५०	६०	७०	८०	९०	१००	९०	८०
९०	१०	२०	३०	४०	५०	६०	७०	८०	९०	१००	९०
१००	००	१०	२०	३०	४०	५०	६०	७०	८०	९०	१००

राजस्थान के ज्योतिषियों के लिए शुभ समाचार

अगले वर्ष (सं. २०४३) के "श्री मार्त्तण्ड पंचाग" के साथ राजस्थान के ज्योतिषियों के लिए परम उपयोगिता वाला "राजस्थान परिशिष्टांक" लगाया जाएगा। इस परिशिष्टांक में राजस्थान के २५० से भी अधिक नगरों एवं कस्बों के अक्षांश, रेखांश, स्टैण्डर्ड टाइम और स्थानीय काल का अन्तर, दिनमान, सूर्योदय-सूर्यास्त, लग्न सारणियां तथा और बहुत-सी सामग्री, जिसकी जन्मपत्री, वर्ष फल बनाने के लिए ज्योतिषियों को जरूरत रहती है, दी जाएगी।

यह परिशिष्टांक जिस ज्योतिषी के पास होगा उसे राजस्थान के किसी भी नगर या कस्बे में पैदा हुए जातक की जन्म पत्री आदि बनाने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी, क्योंकि राजस्थान के छोटे-छोटे (१०—१२ हजार की आबादी वाले) नगरों के भी अक्षांश, रेखांश, सूर्योदय, सूर्यास्त, दिनमान यहां ज्योतिषियों को तैयार मिलेंगे, जो अन्यत्र कहीं भी उपलब्ध नहीं हैं। इन सभी नगरों की दैनिक लग्न-सारणियां भी इस परिशिष्टांक में होंगी, जिनसे किसी भी दिन किसी भी नगर में किसी भी लग्न का प्रारम्भ और समाप्ति काल तुरन्त जाना जा सकता है। इस के साथ ही इन सभी राजस्थानी नगरों के लिए सूक्ष्म लग्न स्पष्ट और दशम स्पष्ट करने की सारणियां भी इस में होंगी।

इस "राजस्थान परिशिष्टांक" के पृष्ठ सं २०४३ के श्री मार्त्तण्ड पंचाग की उन कुछ प्रतियों में ही लगाए जायेंगे जो राजस्थान के बुक सेलर्ज के पास उपलब्ध होंगी। आप अपनी "राजस्थान परिशिष्टांक" वाली 'श्री मार्त्तण्ड पंचाग' (सं २०४३) की प्रति के लिए अपने पुस्तक विक्रेता से पहले ही कह दीजिए। इस परिशिष्टांक वाले श्री मार्त्तण्ड पंचाग के लिए आप को कुछ अतिरिक्त मूल्य अवश्य देना होगा।

निवेदक :
मै. धर्मसन प्रकाशन,
नई सड़क, दिल्ली-११०००६

एक आदर्श ज्योतिष सम्मेलन

(अखिल भारतीय ज्योतिष सम्मेलन कानपुर, १४—१६ जन. १९८४ ई.)

इन दिनों भारत में ज्योतिष सम्मेलनों की बाढ़ सी आई हुई है। अनेक छोटी-मोटी वैयक्तिक ज्योतिष संस्थाएं भी तथा कथित अखिल भारतीय एवं विश्व स्तर के ज्योतिष सम्मेलनों का आयोजन कर अपने प्रचार के लिए बुरी तरह लालयित हैं। इस प्रकार के ज्योतिष सम्मेलनों की शास्त्रीय उपलब्धि आज तक शून्य ही रही है। हाँ, क्षणिक प्रचार और पर्याप्त आर्थिक लाभ के रूप में इन सम्मेलनों के आयोजकों को कुछ उपलब्धि अवश्य हो जाती है। इन सम्मेलनों के ये 'गुणग्राही' आयोजक महानुभाव कुछ ज्योतिर्विदों को, जिनमें से अनेक तो योग्यता की कोटि में भी नहीं आते, स्वर्ण पदकों, उपाधियों द्वारा सम्मानित करके अपनी महत्ता प्रतिष्ठापित करते हैं। लेकिन १४ से १६ जनवरी १९८४ ई. को कानपुर में "रश्मि विज्ञान" पत्रिका के अनुभवी विद्वान् सम्पादक श्री उमाशंकर दुबे जी द्वारा आयोजित "अखिल भारतीय ज्योतिष महासम्मेलन" ज्योतिष सम्मेलनों की इस स्वार्थभरी प्रचलित परम्परा से कहीं हटकर हमारे सम्मुख आया। भारत के लगभग सभी प्रदेशों से आमन्त्रित सभी उपस्थित विद्वानों को सम्मेलन की ओर से आने जाने का किराया दिया गया। किसी से भी कोई सदस्यता शुल्क नहीं लिया गया। विद्वानों के आवास-भोजनादि की प्रशंसनीय व्यवस्था, सम्मेलन स्थल की कला पूर्ण भव्य साज-सज्जा एवम् आयोजन का उच्चस्तर किसी अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन के स्तर से कम नहीं था। उपस्थित सभी विद्वानों एवं दर्शकों ने इसे अन्य ज्योतिष सम्मेलनों के आयोजकों के लिए आदर्श एवं ईर्ष्या का विषय बतलाया। इस प्रकार की निःस्पृह भावना से यदि ज्योतिष सम्मेलनों के आयोजित करने की गरिमापूर्ण परम्परा देश में बन जाए तो विश्वास है, भारतीय ज्योतिष जगत् को एक उचित नई दिशा मिल सकेगी।

सम्पादक मण्डल :—श्री मार्त्तण्ड पंचांग, पो. कुराली (रोपड़) पंजाब

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सन् १९८६ ई० में हैली धूम्रकेतु का उदय

(सन् १९१० ई० के ७६ वर्ष बाद पुनः इस विशालकाय-धूम्रकेतु का उदय विश्व के लिए उत्सुकता का विषय होगा)

[लेखक—डा. शक्तिधर शर्मा]

★ हैली धूम्रकेतु प्रायः सदा वक्री केतु है। अक्तूबर १९८४ ई. से जून १९८६ ई. के लगभग यह केतु सायन मिथुन से सायन तुला राशियों (लगभग नौ राशियों) को पार कर जाएगा, शेष तीन (कन्या, सिंह, कर्क) में इसकी गति इतनी मन्द होगी कि पूरा चक्र ७६ वर्ष में तय कर पाएगा।

★ वैज्ञानिक धूम्रकेतु के प्रभाव के विषय में क्या सोचते हैं? और फलित ग्रन्थ इस के विश्व पर प्रभाव के विषय में क्या लिखते हैं?

★ जनवरी १९८६ ई. के प्रारम्भ में ही वक्र हैली धूम्रकेतु सूर्यास्त बाद पश्चिम में (दक्षिण-पश्चिम कोण में) दीखना आरम्भ होगा।

★ जनवरी के अन्तिम सप्ताह में यह पश्चिम में अस्त हो जाएगा। फरवरी के तीसरे सप्ताह के अन्त तक यह अदृश्य रहेगा।

★ मार्च के प्रारम्भ में ही हैली धूम्रकेतु काफी बड़ी हुई पूंछ के साथ सूर्योदय से पहले पूर्व में (पूर्व-दक्षिण कोण में) देखा जा सकेगा। मार्च के अन्तिम सप्ताह में धूम्रकेतु की पूंछ अधिकतम होगी। इस समय यह पृथ्वी के भी निकटतम होगा।

★ अप्रैल के तीसरे सप्ताह में यह उत्तरीय गोलार्ध के लगभग ४५° अक्षांश के ऊपर के देशों के लिए क्षितिज में आ जाने से अदृश्य हो जाएगा। अन्य स्थानों में विशेषतः दक्षिणी गोलार्ध में इसका दृश्य रोचक होगा।

★ अप्रैल के तीसरे सप्ताह में यह पुनः सूर्यास्त बाद दृश्य होगा और कुछ दिनों में इसकी ऊंचाई अधिक होती जाएगी, पूंछ समाप्त-प्राय हो जाएगी और कुछ ही दिनों में आंखों से ओझल होकर यह ७६ वर्षों के लिए प्रवास कर जाएगा। पुनः सन् २०६२ ई. में ही इसे देखा जा सकेगा।

आकाश दर्शन में रुचि रखने वाले पाठकों ने ग्रहों के अतिरिक्त टूटते हुए तारे (उल्काएं Meteors) तथा दुम वाले तारे (धूम्रकेतु Comets) भी देखे होंगे। टूटते दीखने वाले तारे (उल्काएं) वस्तुतः सूर्य की अथवा पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले बड़े-छोटे पत्थरनुमा पदार्थ हैं जो कि पृथ्वी के वातावरण में आकर रगड़ के कारण जल उठते हैं—और एक जलती तार सी छोड़ते हुए गिरते प्रतीत होते हैं। इनके अतिरिक्त धूम्रकेतु पूंछ वाले तारे जैसा दृश्य दिखलाते हैं। इनकी पूंछ सूर्य व पृथ्वी के पास आने पर ही बनती है, कुछ दिनों के लिए बढ़कर बाद में घटनी शुरू हो जाती है और अन्त में यह पुनः तारानुमा हो जाता है। भारतीय ज्योतिष-साहित्य में 'बृहत् संहिता,' 'भद्रबाहु संहिता' आदि में इनके विषय में बहुत कुछ लिखा गया है। इनके विभिन्न प्रकारों का वर्गीकरण तथा इनसे नक्षत्रों की युति (Occultation with Stars) आदि के रिकार्ड प्राचीन ज्योतिष साहित्य में मिलते हैं। काफी धूम्रकेतु सौर परिवार के सदस्य हैं और ग्रहों की तरह सूर्य की परिक्रमा करते हैं परन्तु इनकी कक्षाएं बहुत बड़ी हैं और इन्हें पूरा तय करने में ग्रहों की अपेक्षा बहुत ज्यादा समय भी लग सकता है। जनवरी १९८६ में हैली धूम्रकेतु दिखाई देगा जिसका एक विशेष महत्त्व है। प्रो. हैली ने १७वीं शताब्दी ईसा (१६८२ ई.) में इसे उदित होते (आते) देखा और पुराने रिकार्डों के आधार पर यह दावा किया कि यह ७६ वर्ष बाद पुनः लौट कर आयेगा। उसके दावे पर वैज्ञानिकों को विश्वास नहीं हुआ और वे प्रो. हैली के इस दावे के विषय में यह टीका-टिप्पणी ही करते रहे कि उसने ७६ वर्ष की अवधि इसलिए ही दी कि उसके मरने के बाद कौन इस दावे की सत्यता की परीक्षा करेगा? परन्तु जब ७६ वर्ष बाद यही धूम्रकेतु पुनः लौट कर आया तो वैज्ञानिकों को प्रो. हैली के सिद्धान्त की सत्यता पर आस्था हो गई। उसके बाद यह धूम्रकेतु प्रो. हैली के नाम से ही पुकारा जाने लगा। इस प्रकार इस धूम्रकेतु का बहुत महत्त्व बना हुआ है क्योंकि यह माना जाता है कि यही एक ऐसा धूम्रकेतु है जिसके विषय में सबसे पहले भगणकाल व लौटने का समय निश्चित किया जा सका। (वस्तुतः भारतीय-परम्परा में इस से पूर्व भी कुछ धूम्रकेतुओं के विषय में ऐसे निर्णय किये जा चुके थे-इस का विवेचन हम आगे करेंगे।) विगत १९१० ई. में यह दीखा था अब पुनः १९८६ ई. में दिखाई देगा। सन् १९१० में यह बहुत चमकीला दिखाई दिया, परन्तु दुर्भाग्यवश इस बार सन् १९८६ में यह बहुत मन्द दिखाई देगा। वैज्ञानिक यन्त्रों की सहायता से इसका अध्ययन सभी देश करेंगे।

प्राचीन भारतीय परम्परा में धूम्रकेतु—धूम्रकेतुओं की कक्षाएं बहुत बड़ी होने के कारण ये काफी समय के लिये आंखों से ओझल हो जाते हैं। इस समय को ज्योतिष साहित्य में (बृहत्संहिता आदि ग्रन्थों में) प्रवास समय कहा गया है। हैली धूम्रकेतु ७५½ वर्ष के प्रवास के बाद पुनः अब दिखाई देगा। प्रवास समय के बाद जब धूम्रकेतु दृष्टि गोचर होता है तब इसका प्रादुर्भाव हुआ माना जाता है। बृहत् संहिता, भद्रबाहु संहिता आदि ग्रन्थों में संकलित रिकार्डों से यह ज्ञात होता है कि धूम्रकेतुओं के अध्ययन एवं रिकार्ड-संकलन की परम्परा भारतीय ज्योतिषज्ञों में काफी प्राचीन काल से रही है। विभिन्न दिशाओं में इनका अचानक प्रादुर्भाव होना देखकर इन्हें दिशाओं के पुत्रों के रूप में वर्गीकृत किया गया। इन के रंग आदि के आधार (व समीपतम पहुंचने के आधार) पर इनका वर्गीकरण ग्रहों के पुत्रों के रूप में किया गया। (आजकल आकर्षण तारतम्य के आधार पर इन का वर्गीकरण ग्रहों के परिवारों के रूप में किया जाता है।) इन की गति स्थिति की गणित के विषय में पहले तो यही माना गया कि इनके प्रादुर्भाव की भविष्यवाणी नहीं की जाती। परन्तु संकलित साहित्य में वराह मिहिर आदि ने कुछ धूम्रकेतुओं के निश्चित मार्गों का विवरण दिया है। उदाहरणार्थ-चल केतु आदि के मार्ग पर आने वाले नक्षत्रों तथा इनकी पूंछ एवं दिशाओं

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

में उदयास्त आदि का विवेचन किया है। उन के इन मार्गों को वे निश्चित मानते थे ऐसा उन श्लोकों के विश्लेषण से स्पष्ट है। अतः यह स्पष्ट है--कि आचार्यों ने प्राचीन मत की परवाह न करते हुए अध्ययन जारी रखा और कुछ धूम्रकेतुओं के नक्षत्र चक्र में निश्चित मार्ग ज्ञात कर लिये। यही परम्परा भटोत्पल की (१०वीं शती ई.) वराह मिहिर की बृहत् संहिता की टीका में दी गई। धूम्रकेतुओं की लिस्ट तथा उनके भ्रमणकालों से ज्ञात होती है। आचार्य भटोत्पल ने लिखा है कि पैतामह धूम्रकेतु ५०० वर्ष बाद लौटता है तथा उद्दालक धूम्रकेतु का लौटने का समय ११० वर्ष है, काश्यप श्वेत केतु १५०० वर्ष बाद दिखाई देता है इत्यादि। यह स्पष्ट है कि पितामह तथा उद्दालक आदि ऋषियों के ही नाम पर इन के नाम रखे गए जिन्होंने इनके विषय में अध्ययन किया। आजकल की वैज्ञानिक परम्परा भी ऐसी ही है। जो भी वैज्ञानिक किसी धूम्रकेतु का पता लगाता है वह धूम्रकेतु उसी के नाम से पुकारा जाता है। भारतीय परम्परा में आगे मध्यकालीन ४ आचार्यों ने भी धूम्रकेतुओं का अध्ययन किया। यह स्पष्ट है कि यह परम्परा बहुत समय तक निरन्तर चलती रही जिसमें तैयार किए रिकार्डों के आधार पर ही हजार व इससे अधिक समय तक के भ्रमणकाल निश्चित किये जा सके। अतः यह मानना होगा कि हैली ने ही प्रथम बार धूम्रकेतु के भ्रमणकाल का पता लगाया और इनके पुनः पुनः दीखने की भविष्यवाणी सर्वप्रथम की, यह मानना ठीक नहीं। भारतीय परम्परा में आचार्य भी धूम्रकेतुओं को पुनः लौटकर दीखने वाले मानते रहे हैं।

अन्य सभ्यताओं में धूम्रकेतुओं का अध्ययन चलता रहा है। प्रो. टी. क्यांग (चीन) तथा प्रो. डैंडी (अमेरिका) ने चीन तथा यूरोप के प्रकीर्णक साहित्य में से हैली धूम्रकेतु के दर्शनों का पुराना रिकार्ड तैयार किया है। इनकी लिस्ट ईसा पूर्व कई शताब्दियों तक है। यह लिस्ट साथ दी गई सारणी में स्पष्ट कर दी है। ऐसी लिस्ट भारतीय हिन्दू साहित्य के रिकार्डों से भी बनाई जा सकती है। संहिता ग्रन्थों में दिये गए विवरणों के आधार पर हैली धूम्रकेतु के प्रचीन दर्शनों के विषय में भी जानकारी एवं पहचान सम्भव है।

हैली धूम्रकेतु का भ्रमणकाल :—धूम्रकेतुओं के विषय में यह जान लेना आवश्यक है कि काफी धूम्रकेतु पुनः लौटकर नहीं आते। इनकी कक्षाएं या तो परवलय (Parabala) या अतिपरवलय (Hyperbala) होती हैं। जिनकी कक्षाएं दीर्घ वृत्ताकार होती हैं वे पुनः पुनः आते हैं, यह भी सम्भव है कि कोई धूम्रकेतु पहले अतिपरवलय या परवलय कक्षा में आ रहा हो और ग्रहों के आकर्षण के कारण उसकी कक्षा दीर्घ वृत्त बन जाए। इनके भ्रमणकाल थोड़े होते जाते हैं। हैली धूम्रकेतु भी कुछ ऐसी परिस्थितियों में से गुजरा होगा—परन्तु पिछली शताब्दियों के अध्ययन से यह तथ्य स्पष्ट है कि हैली धूम्रकेतु का भ्रमणकाल अन्य काफी धूम्रकेतुओं के भ्रमणकालों की तुलना में थोड़ा है और विशेष बात यह है कि प्रायः निश्चित सा ही है इसमें अधिक परिवर्तन नहीं हो रहा। हां पिछले दर्शन में (1910 A.D. में) गणित करने पर कुछ अन्तर अवश्य आया जिसके अनुसार इसकी कक्षा के विषय में जानकारी और बढ़ी एवं इसके भ्रमणकाल का सूक्ष्मतर निश्चय हो सका। अब वैज्ञानिक विभिन्न वेधशालाओं में उन्हीं प्राप्त परिणामों के आधार पर गणित करके उसी दिशा में टैलीस्कोप फिट किये हुए हैं और इसे निरन्तर देख रहे हैं। सन् १९८६ में यह पुनः सूर्य के समीपतम बिन्दु पर पहुंच जाएगा। उस समय यह बिना टैलीस्कोप कोरी आंख से भी दीखेगा। ७५ वर्ष के प्रवास के बाद इसे पुनः देखना सभी देशों के लिये उत्सुकता का विषय रहेगा।

हैली धूम्रकेतु पिछली शताब्दियों में कब-कब देखा गया ?

(प्रो. हैली के समय एवं उससे पहले का रिकार्ड)

अगस्त/सित.	१६८२	ई.	मई/जून	२९५	ई.	अप्रै.	११४३ ई. पू.
सित./अक्तू.	१६०७	ई.	मई/जून	२१८	ई.	फर.	१२१९ ई. पू.
अग./सित.	१५३१	ई.	मार्च/अप्रै.	१४१	ई.	जन.	१२९५ ई. पू.
मई/जुला.	१४५६	ई.	फर./मार्च	६६	ई.	मार्च	१३६९ ई. पू.
सित./नवं.	१३७८	ई.	अग./अक्तू.	१२	ई. पू.	जून	१४४५ ई. पू.
सित./अक्तू.	१३०१	ई.	अगस्त	८७	ई. पू.	अग.	१५२१ ई. पू.
सित./अक्तू.	१२२२	ई.	अक्तू.	१६४	ई. पू.	फर.	१५९४ ई. पू.
अप्रै./जून	११४५	ई.	नवं.	२४१	ई. पू.	फर.	१६७० ई. पू.
अप्रै./जून	१०६६	ई.	अक्तू.	३१७	ई. पू.	सित.	१७४६ ई. पू.
अग./सित.	९९९	ई.	अप्रै.	३९३	ई. पू.	नवं.	१८२० ई. पू.
जुला./अग.	९१२	ई.	जुला.	४६८	ई. पू.	मार्च	१८९५ ई. पू.
मार्च/अप्रै.	८३७	ई.	अप्रै.	५४४	ई. पू.	जून	१९७१ ई. पू.
मई/जून	७६०	ई.	अक्तू.	६२०	ई. पू.	अक्तू.	२०४५ ई. पू.
सित./अक्तू.	६८४	ई.	नवं.	६९४	ई. पू.	दिस.	२१२१ ई. पू.
अप्रै./मई	६०७	ई.	मई	७६९	ई. पू.	जन.	२१९६ ई. पू.
अग./सित.	५३०	ई.	दिस.	८४५	ई. पू.	जन.	२२७० ई. पू.
जून/अग.	४५१	ई.	अक्तू.	९१८	ई. पू.	जुला.	२३४७ ई. पू.
मार्च/मई	३७४	ई.	जुला.	१०६९	ई. पू.		

ध्यान रहे उल्लिखित हैली धूम्रकेतु दर्शन के मासों में कुछ अन्तर संभव है। विशेषतः प्राचीनकाल के केतु दर्शन मासों में अधिक अन्तर हो सकता है, क्योंकि इसकी गणित में आकर्षणजन्य सभी संस्कारों का उपयोग नहीं किया जा सका।

हैली धूम्रकेतु के प्राचीन काल के तथा सन् १९१० ई. का दर्शन

हैली धूम्रकेतु के प्रचीन काल के दर्शनों की लिस्ट तत्सम्बद्ध वर्षों तथा गणित द्वारा सम्भावित मासों के साथ ऊपर सारणी में दी गई है। इतिहास के विद्वान् इसके दर्शन को ऐतिहासिक घटनाओं से सम्बद्ध करने का प्रयत्न करते हैं। कुछ विद्वानों ने बहुत से प्राचीन युद्धों के समय उदित हुए धूम्रकेतुओं से इसे सम्बद्ध किया है। कुछ लोग क्राइस्ट के जन्म के समय इस धूम्रकेतु के उदय को मानते हैं। कुछ एक विद्वानों ने जैन तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी के निर्वाण के साथ इसका सम्बद्ध जोड़ा है। रूसी तथा अन्य विद्वानों ने भी पिछली घटनाओं तथा विविध राज्यों के उत्थान-पतन, प्राकृतिक प्रकोप आदि के साथ इस धूम्रकेतु के दर्शनों को सम्बन्ध जोड़ा है। कुछ भी हो प्रचीन काल से प्रत्येक देश के लोग इस धूम्रकेतु को देखते तो रहे ही होंगे। पिछले चार-पांच दर्शनों का रिकार्ड काफी सुव्यवस्थित है। सन् १९१० ई. में यह साधारण जनता ने भी बड़ी उत्सुकता से देखा। कोडैकैनाल (मद्रास) वेधशाला में तथा श्री वेंकटेश बाबू केतकर आदि ने स्वतन्त्र रूप से इसका अध्ययन किया। विदेशों में भी वेधशालाओं ने इसका गहन अध्ययन किया। सन् १९१० ई. में यह पिछले २००० वर्षों की अपेक्षा अधिकतम चमकीला था। परन्तु सन् १९८६ ई. में यह मन्दतम होगा। फिर भी अब नव्य विकसित यन्त्रों के आधार पर इसका अध्ययन अधिक अच्छा ही होगा।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सन् १९१० ई. में जब यह धूम्रकेतु दिखाई दिया था, तब ज्योतिषज्ञों की गणना के आधार पर यह अनुमान था कि इसकी पूछ पृथ्वी के पास पहुंचने तक इतनी बड़ी हो जाएगी कि इसकी लम्बाई सूर्य से पृथ्वी तक की दूरी से भी अधिक होगी। उस बार गणित के अनुसार पृथ्वी इस पूछ में भी आ पड़ रही थी। इस स्थिति के कारण वैज्ञानिकों को काफी चिन्ता थी कि पूंछ के पदार्थों तथा गैसों से पृथ्वीवासी हम लोगों को हानि न हो जाए एवं बीमारियों का प्रकोप न हो जाए। इस समय पूंछ के पदार्थों की उल्काएं गिरने से जन-क्षति की भी आशंकाएं थीं। भारत एवं इंग्लैण्ड आदि के काफी डाक्टरों ने तो इस धूम्रकेतु की गैसों से बचने के लिये औषध (Comet pills) बनाई और बेची। परन्तु जब यह धूम्रकेतु पृथ्वी के निकट आया तो ऐसी कोई घटना नहीं घटी, न ही पृथ्वी इसकी पूछ में पड़ी। गणितज्ञों के गणित में थोड़ा अन्तर रहा जिसका आगे संशोधन कर लिया गया। अस्तु उस समय तो परमात्मा की कृपा से ऐसी कोई घटना नहीं घटी धूम्रकेतु के भगणकाल में ही कुछ अन्तर आ गया। इस बार तो ऐसी किसी घटना की आशंका ही नहीं है। सन् १९१० में हैली धूम्रकेतु देखें चित्र नं. १) का नाभिक, सिर बहुत चमकीला था। पूंछ इतनी लम्बी एवं फैलाव वाली बनी थी कि इसमें काफी तारे नजर आ रहे थे। श्री वेंकटेश बापू केतकर ने मई के द्वितीय-तृतीय सप्ताह में धारवाड़ में समुद्र के पास इसका अध्ययन किया। मई के प्रथम सप्ताह में इस की पूंछ प्रातः पूर्व में देखने पर लगभग ५ या ६ डिग्री ही थी और मई के तृतीय सप्ताह तक यह बढ़कर ७०° या इससे भी अधिक हो गई। यह धूम्रकेतु धनिष्ठा नक्षत्र से कुछ दूरी पर से गुजरा। मई १७ के लगभग इसकी पूंछ बहुत बड़ी एवं चौड़ी हो गई। इसके एक-दो दिन बाद यह पूर्व में दीखना बन्द हो गया। ये सब दृश्य बहुत ही रोचक थे। परन्तु इस बार यह धूम्रकेतु काफी मन्द होगा। कोरी आंख से देखने के लिये वातावरण प्रदूषण रहित साफ होना आवश्यक है। अब हम इसके दीखने का पूरा विवरण नीचे दे रहे हैं।

हैली धूम्रकेतु को कैसे देखा जाए ?

जैसा हम पहले बता चुके हैं कि इस वर्ष यह धूम्रकेतु गत दो हजार वर्षों की तुलना में मन्दतम दिखाई देगा। प्रकाश से दूर अन्धकार में बिना यन्त्र की सहायता के भी इस धूम्रकेतु का अच्छा दृश्य देखा जा सकता है। साधारण दूरबीन या बाईनोकुलर की सहायता से तो इसका दृश्य बहुत ही मनोरंजक ढंग से पूर्णरूपेण देखा जा सकेगा। यन्त्र को इसके सिर से पूंछ तक पृष्ठभूमिस्थ तारों के मध्य चलाने से इसका पूरा दृश्य (चमकीले एवं मन्द भागों को) स्पष्ट रूप से देखा जा सकेगा। इस प्रकार अच्छे कैमरे से इसके चित्र भी लिए जा सकते हैं।

हैली धूम्रकेतु का मार्ग :—साथ दिए चित्र नं. २ में हैली धूम्रकेतु का राशि चक्र में मार्ग दिखलाया गया है। यह जनवरी १९८५ में मृगशीर्ष नक्षत्र के पास से गुजरेगा और वक्रगति से सन् १९८५ के अन्त तक सायन कुम्भ राशि में पहुंच जाएगा। चित्र २ में ०—० रेखा विषुवत् वृत्त को बतलाती है। जनवरी १९८६ के प्रारम्भ में ही यह उत्तरी गोलार्ध से दक्षिणीय गोलार्ध में आ जाएगा और उसी समय कोरी आंख से भी देखा जा सकेगा। नवम्बर १९८६ तक यह कन्या राशि पार कर चुका होगा।

आकाश में धूम्रकेतु को कब और कहां देखा जाए ?

हैली धूम्रकेतु साधारण छोटी दूरबीनों से सन् १९८५ ई. के अगस्त/सितम्बर में भी देखा जा सकेगा। दिसम्बर १९८५ ई. में साधारण बाईनोकुलर्स से भी इसे देख सकेंगे। इन दिनों सूर्यास्त होने पर लगभग एक घण्टा बाद क्षितिज और खमध्य के बीच दक्षिण-पश्चिम कोण में देखें। जनवरी सन् १९८६ ई. के प्रारम्भ से ही बिना यन्त्र की सहायता से भी इसे देख सकेंगे। प्रतिदिन सायंकाल देखने वाले अनुभव करेंगे कि जैसे ही यह पश्चिम क्षितिज की तरफ सूर्य के पास पहुंच रहा है, इसकी पूंछ धीरे-धीरे बढ़ रही है।

ध्यान रहे धूम्रकेतु की नीच बिन्दु पर गति बढ़ने पर ही सूर्य किरण जन्य प्रतिसारण से पूंछ बनती है। सूर्य से दूर तो यह तारानुमा शक्ल का ही होता है। चित्र नं. ३ में ३० अक्षांश वाले स्थानों के लिए इस धूम्रकेतु की स्थिति की गणित करके जनवरी'८६ की ५, १५, २५ तारीखों को सूर्यास्त बाद की पोजीशनें दिखाई गई हैं। इस चित्र में खस्वस्तिक (Zenith) वह बिन्दु है, जो कि दर्शक के सिर के सीधे ऊपर आकाश की स्थिति बतलाता है। इस चित्र में पू. द. प. उ. क्षितिज में पूर्व-पश्चिम-दक्षिण-उत्तर दिशाओं को बतलाते हैं। इस क्षितिज वृत्त में ० से ३६० अंश तक ३०-३० डिग्री के अन्तर पर अंक (दिगंश) [Azimuthal angles] लिखे हैं। तारीखों के साथ लगाए गए बिन्दु आकाश में धूम्रकेतु की स्थिति को बतलाते हैं। तारीखों के साथ कोष्ठकों में लिखे अंक धूम्रकेतु की उन-उन तारीखों को क्षितिज से ऊंचाई (उन्नतांश altitude) द्योतित करते हैं।

चित्र ३ में खस्वस्तिक से धूम्रकेतु पर से गुजरती हुई (टूटी दिखाई गई) रेखाएं लम्बवृत्त (Vertical Circle) हैं। ये उस दिशा को सूचित करती हैं जिसमें आंख को खस्वस्तिक से क्षितिज की तरफ नीचे की ओर चलाते हुए देखना चाहिए। उदाहरण के लिए ५ जनवरी को यदि इसे सूर्यास्त के एक घन्टा बाद पश्चिम में देखा जाए तो यह दक्षिण से पश्चिम की ओर लगभग २४०° दिगंश, (अर्थात् दक्षिण से २४०—१८०= ६०°) पर पश्चिम की ओर या पश्चिम से दक्षिण की ओर ३०° पर लगभग ३३° ऊंचाई पर दीखेगा।

जनवरी की अन्तिम तारीखों में यह सूर्य के निकट होने से उसी के साथ उदित एवं अस्त होगा। अतः फरवरी में सूर्य केन्द्रिक अस्त हो जाने के कारण नहीं देखा जा सकेगा। मार्च के प्रारम्भ में ही यह पुनः दीखेगा परन्तु पूर्व दिशा में सूर्योदय से पहले। मार्च तथा अप्रैल के प्रथम सप्ताह की स्थिति चित्र नं. ४ में दिखाई गई है। ६ मार्च'८६ को इसकी पूंछ काफी बड़ी हो गई है और आगे बढ़ती हुई २६ मार्च या इसके बाद अधिकतम होगी।

मार्च के प्रथम सप्ताह में यह पूर्व से दक्षिण की ओर लगभग ३०° के अन्तर पर लगभग ९° ऊंचाई पर खुली जगह में ही देखा जा सकेगा। मार्च २६ के लगभग यह पूर्व से लगभग ५०° दक्षिण की ओर लगभग १६°-१७° ऊंचाई पर दिखाई देगा। इन दिनों इसकी पूंछ अधिकतम होने से दृश्य मनोरंजक होगा। अप्रैल के तीसरे सप्ताह में यह मध्य उत्तरी गोलार्ध के काफी स्थानों के लिए अदृश्य हो जाएगा और कम अक्षांश वाले स्थानों पर देखा भी जा सकेगा। दक्षिण अक्षांश वाले स्थानों में यह दृश्य ही रहेगा एवं इसका दृश्य बहुत ही मनोरंजक होगा। ध्यान रहे इन दिनों धूम्रकेतु का सूर्य केन्द्रिक पूर्वास्त नहीं होगा अपितु उच्च उत्तरी अक्षांशों के लिए यह क्षितिज में आ जाने से अदृश्य हो जाएगा। कुछ स्थानों पर इसे प्रातः एवं सायं दोनों समय देखा जा सकेगा।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अप्रैल में सूर्यास्त बाद पू. द. कोण में इसकी स्थिति चित्र नं. ५ में स्पष्ट की गई है। १८ अप्रैल के लगभग यह धूम्रकेतु पश्चिम से दक्षिण की ओर लगभग १२०° के अन्तर पर अर्थात् दक्षिण से ३०° पूर्व की ओर १४° ऊंचाई पर दीखेगा और अप्रैल में इसकी ऊंचाई बढ़ती जाएगी। २५ अप्रैल को यह पश्चिम से दक्षिण की ओर लगभग १०५° के अन्तर पर अर्थात् दक्षिण से लगभग १५° पूर्व की ओर लगभग ३५° ऊंचाई पर दीखेगा। कुछ दिन बाद बिना यन्त्र नहीं देखा जा सकेगा। भविष्य में ७५ वर्ष तक के प्रवास में इस धूम्रकेतु को नहीं देख सकेंगे। आगे सन् २०६१-६२ ई. में यह पुनः लौटकर आएगा और देखा जा सकेगा।

धूम्रकेतु का विश्व पर प्रभाव—फलित शास्त्रों में धूम्रकेतु का विश्व की राजनैतिक, आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति पर प्रभाव का वर्णन मिलता है। विश्व की सभी सभ्यताओं में धूम्रकेतु के उदय को समय-समय पर विभिन्न राज्यों के उत्थान और पतन के साथ जोड़ा जाता रहा है। केवल यही नहीं, किसी न किसी रूप में वैज्ञानिक भी इनका प्रभाव मानते हैं। धूम्रकेतु के पृथ्वी के समीप आने पर इसकी पूंछ बनते समय उसकी गैसें तथा कणसंघात लघु उल्काओं के रूप में पृथ्वी पर आकर वातावरण को प्रभावित कर सकते हैं। सन् १९१० ई. में जब हैली धूम्रकेतु अप्रैल/मई में देखा गया तो वह पृथ्वी के निकटतम था। दो हजार वर्ष के इतिहास में यह स्थिति विशेष थी। जैसा पहिले लिखा गया है। इन दिनों वैज्ञानिकों की गणना के अनुसार इसकी पूंछ पृथ्वी से सूर्य तक के अन्तर से भी लम्बी बनी थी, उस समय यह भी खतरा था कि कहीं पृथ्वी इसकी पूंछ की लपेट में आकर इसकी गैसों एवं लघु उल्काओं से प्रभावित न हो जाए। उस समय अखबारों ने लोगों को भय भीत कर दिया। तेहरान में जनता ने गैसों से बचने के लिये तहखाने बना डाले। पेरिस में पादरी लोग जनता से प्रार्थना प्रायश्चित करवाने में जुटे थे। परन्तु इसकी स्थिति-गति-गणित में कुछ अन्तर रहा जिसका आगे संशोधन कर लिया गया। इसमें सन्देह नहीं कि यदि धूम्रकेतु की पूंछ से निकली गैसें तथा कण पृथ्वी तक पहुंच जाएं तो उनका प्रभाव भयंकर सिद्ध हो सकता है इतना तो वैज्ञानिक भी स्वीकार करते हैं। प्राचीन संहिता ग्रन्थों में तो धूम्रकेतु-दर्शन का फलादेश विस्तृत रूप से लिखा है।

नवम्बर १९८५ में अश्विनी नक्षत्रगत यह धूम्रकेतु कृषक वर्ग, दलित वर्ग के लिए अशुभ एवं अनाज की फसल के लिए नेष्ट फल प्रद लिखा है। कहीं दुर्भिक्ष की स्थिति बनेगी। दिसम्बर १९८५ में यह धूम्रकेतु मीन राशि में होगा। रेवती नक्षत्र गत इस धूम्रकेतु का प्रभाव भूटान-आसाम के लिए नेष्ट है। उ. भा., पू. भा. में इस धूम्रकेतु की स्थिति बंगाल तथा नैमिष (उ. प्र. के कुछ भाग) के लिए भद्रबाहु संहिता में नेष्टफल प्रद लिखी है। यह धूम्रकेतु वक्री है, वक्रगति-धूम्रकेतु का फल अशुभ माना गया है।

यह धूम्रकेतु जनवरी के प्रथम सप्ताह में पश्चिम दिशा में (कुछ दक्षिण की ओर) उदित होगा; अतः जनवरी १९८६ ई. पश्चिमवर्ती राष्ट्रों के लिए विशेष अशुभ है। मार्च में इस केतु का पूर्वोदय पूर्ववर्ती राष्ट्रों के लिए नेष्ट फलप्रद होगा। इस की पूंछ दक्षिण एवं पश्चिम की ओर होगी अतः दक्षिण पश्चिम देशों के लिये अशुभ फलप्रद है।

यस्यां दिशुदयं याति केतुस्तामभियोजयेत्।
यतो यतः शिखा याति राजानश्चेततस्ततः॥

अप्रैल के पूर्वार्ध में हैली धूम्रकेतु निरयण तुला में आ जाएगा इस समय कम्बोज देश में अशान्ति कारक होगा, कहीं विशिष्ट व्यक्ति का पद रिक्त हो।

ज्योतिष शास्त्र के महाविद्वान् गणक-शिरोमणि श्री पं० बंशीधर जी जोशी को श्रद्धांजलि

१३ सितम्बर १९८४ ई० को इक्पक्षीय पञ्चाङ्गगणित के अनुभवी महाविद्वान् श्री पं० बंशीधर जी [सिमारला, सीकर, राजस्थान] के आकस्मिक देहावसान से पश्चिमोत्तर भारत के ज्योतिषजगत् को सचमुच अपूर्व क्षति हुई है। श्री पं० बंशीधर जी "शताब्दी पंचांग" के प्रतिष्ठित विद्वान् सम्पादक श्री पं० ईश्वरदत्त जी ज्योतिषाचार्य के पट्टशिष्य थे। "शताब्दी पंचांग", का श्रमसाध्य तिथ्यादि, ग्रहस्पष्ट, ग्रहणादि गणित का पर्याप्त भाग पं० बंशीधर जी द्वारा अपने गुरु श्री ईश्वरदत्त जी के तत्त्वावधान में स्वयं किया गया। आपने उत्तर भारत के अनेक पंचांगों को आधी शताब्दी से भी अधिक काल तक अपने ही सुदक्ष हाथों से की गई प्रौढ़ गणित द्वारा अलंकृत कर प्रतिष्ठित स्तर तक पहुंचाया है। पंचांग गणित, धर्मशास्त्र एवं ज्योतिश शास्त्र के विभिन्न स्कन्धों पर आपका अभूतपूर्व आधिपत्य था। आप नितान्त सरल प्रकृति के व्यक्ति थे, जिन्हें प्रतिष्ठा और वैभव की लालसा छू तक नहीं गई। वैदुष्य और सौजन्य का आदर्श रूप आप में समन्वित था।

मुझे भी इक्पक्षीय पंचांग गणित का क्रियात्मकज्ञान एवं पंचांग से सम्बद्ध अनेक महत्त्वपूर्ण तत्त्वों से पूर्ण परिचय आपकी कृपा से प्राप्त हुआ। हमारे पिताजी के आप अनन्यमित्रों में से थे। आपके देहावसान से हमारे परिवार में भी एक अपूर्व रिक्तता अनुभव हुई है। प्रभु से प्रार्थना है, कि उनकी दिवंगत आत्मा को शाश्वत शान्ति और उनकी धर्मपत्नी, सुपुत्रों तथा आत्मीय बन्धुजनों को उनका विछोह सहने की क्षमता दे।

शोक एवं समवेदना भरे हृदय से— प्रियव्रत शर्मा

(शेष २२ का)

कुत्ते की घ्राणशक्ति के चमत्कार सभी जानते हैं। यह भी सम्भव है कि प्रकृति ने इनके नाड़ी संस्थानों में वह सूक्ष्म संवेदन शीलता भर दी हो कि ये भूकम्प आदि की तरंगों से अनुनाद (Resonance) कर सकते हों। इनकी अपनी भाषा है जिससे ये मनुष्य को बतलाने का प्रयत्न भी करते हों। ऐसी स्थिति में यह मनुष्य की अपनी कमी होगी—कि वह उन की भाषाओं या संकेतों को नहीं समझता। कई स्थितियों में ऐसा भी सम्भव है कि मनुष्य उनके संकेत गलत समझ जाएं। ऐसा होने पर वह शकुन विशेष एक भ्रान्तधारणा या अन्धविश्वास-मात्र होगी। परन्तु इतना तो सत्य है—कि विज्ञान को अपनी पद्धतियों से इन की परीक्षा करना है। निःसन्देह ही काफी धारणाएं सचाई-निकष पर खरी उतरेंगी।

शकुन भारतीय संस्कृति में ही हों ऐसी बात नहीं। लेखक जब अमेरिका में था तब वहां विभिन्न देशों से आए छात्रों की गोष्ठी में जब ऐसे विषयों पर चर्चा चली तो सभी देशों के छात्र अपनी-अपनी सभ्यता के तथाकथित अन्धविश्वास शकुन बतलाने लगे। जानने पर पता लगा कि सभी सभ्यताओं में एक जैसे शकुन विश्वास आदि हैं। जब लेखक ने तथा अन्य छात्रों ने इनकी समानताओं पर आश्चर्य प्रकट किया तो एक अमेरिकन ने टिप्पणी की कि इसमें आश्चर्य की बात क्या है? ऐसी धारणाओं को तो अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट व वीजा प्राप्त हैं। कहने का अभिप्राय है कि प्रत्येक सभ्यता में मनुष्य सदैव शकुन शास्त्र आदि सम्बन्धी धारणाओं को तर्क संगत रूप में मान्यता देता रहा है—

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



(हैली धूमकेतु सूर्यास्त बाद पश्चिम में) (जन. १९८६ ई०)

चित्र नं. ३



(हैली धूमकेतु सूर्योदय से पहिले पूर्व में पूंछ के साथ)
(मार्च एवं अप्रैल प्रथम सप्ताह सन् १९८६ ई०)

चित्र नं० ४



हैली धूमकेतु का मार्ग (१९८५-८६ ई०)

चित्र नं. २

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

चित्र नं. १

उस समय यह बहुत चमकीला दिखाई दिया। इसकी पूंछ १००° से भी अधिक थी। सन् १९८९ में यह काफी मन्द दीख पड़ेगा।



(हेली धूमकेतु लौटते समय सूर्यास्त बाद)
(अप्रैल १९८६ ई०)

चित्र नं. ५

(शेष २७ का)

तन्त्रशास्त्र के प्रयोग

(१) वन्ध्या भी पुत्रवती हो।

सफेद कटेली की जड़ एवं जटामांसी के पत्ते को दूध में पीस कर तीन दिन पीने से अवश्य पुत्र लाभ होता है। भोजन हल्का ही लें।

श्रावण मास कृष्ण पक्ष में रोहिणी नक्षत्र के समय एक नए कलश में गंगाजल भरकर लावें। गंगाजल लाते समय पीछे मुड़ कर न देखें, आते-जाते समय कहीं टोके भी नहीं। ऐसा विधिपूर्वक लाया गया जल वन्ध्या स्त्री को चार मास तक प्रातः प्रतिदिन पिलाने से वन्ध्या भी गर्भ धारण कर लेती है। रजोधर्म से शुद्ध होने पर गोखरू के बीज निर्गुण्डी के रस में डाल कर सात दिन पिलावें तो वन्ध्यापन दूर हो एवं गर्भ धारण हो।

(२) शुक्ल पक्ष में आर्द्रा नक्षत्र के समय मूलेर का बंदा लाकर यदि अपने खजाने में रखेंगे तो धन बढ़ेगा, यदि अनाज के स्टाक में रखेंगे तो अनाज में कमी न आएगी। अनुभव करें।

कुछ अनुभूत टोटके

[नोट—निम्नांकित टोटकों को आप अपने अनुभव में लाने से पूर्व अपने विश्वस्त वैद्य या हकीम से परामर्श अवश्य कर लें, निम्नांकित टोटके अनुभवी विद्वानों के निजी अनुभव के आधार पर जनता हितार्थ लिख रहे हैं। —सम्पादक]

नाखूना दूर करने के लिए

यदि आंख में नाखूना नजर आए तो बारहसींगे का सींग गाय के दूध में घिस कर आंख में लगाने से एवं एक सप्ताह में एक बार नाखूने पर शुद्ध लाहौरी नमक लगाने से शीघ्र लाभ होता है।

शुण्ठी (सोंठ) की गठड़ी को गाय के दूध में खरल करके नेत्रों में लगाने से फोला कट जाता है। अगर फोला चेचक के कारण हुआ है तो गधे की दाढ़ घिस कर लगाने से फोला दूर हो जाता है (अच्छे वैद्य का मशवरा जरूरी है)।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सारांश—आकाशवाणी जालन्धर वार्ता (ता. ८-५-८४)

भारतीय संस्कृति में शकुन

[डा. शक्तिधर शर्मा]

भारतीय संस्कृति में "शकुन" (वे संकेत जिन से भविष्य की बातों का अनुमान लगाया जाता है।) प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होते हैं। वस्तुतः शकुन शब्द का अर्थ पक्षी है। सम्भवतः प्राचीन काल से मनुष्य पक्षियों की चेष्टाओं तथा उन के बोलने आदि से ही भविष्य की घटनाओं का अनुमान करता रहा है। इसी कारण ऐसी धारणाओं का नाम शकुन पड़ गया। अब यह शब्द अन्य पद्धतियों पर आधारित शुभाशुभ संकेत देने वाली सभी प्रकार की धारणाओं के लिये भी लाक्षणिक रूप में प्रयुक्त होने लगा है। यह भी स्पष्ट है कि शाश्वत पक्षियों से सम्बद्ध शकुन ही प्राचीनतम शकुन हों। मनुष्य के साथ जीवजन्तु सदैव रहे हैं। पक्षी उड़-उड़ कर बहुत सी घटनाओं के विषय में जानकर आते हैं। इन जीव जन्तुओं की अपनी भाषाएं हैं—जिन्हें मनुष्य समझ नहीं सकता। केवल चेष्टाओं तथा ध्वनियों के आधार पर कुछ अनुमान लगा सकता है। यदि आज हम सीसमिक तरंगों के आधार पर मन्त्रों की सहायता से भूकम्प का अनुमान लगाते हैं—सम्भव है इन जीव जन्तुओं के शरीरों का नाड़ी संस्थान ऐसा हो जो यन्त्र तुल्य काम करते हुए भूकम्प आदि का पता दे सके। प्रकृति ने इन्हें ऐसी देन दी होगी। कुत्ता एक विशेष प्रकार की सूंघने की शक्ति रखता है जो मनुष्य में कभी नहीं हो सकती। भूकम्प आने से पहले ही बहुत से जीवजन्तु व्याकुल हो उठते हैं जिन के आधार पर भूकम्प का ज्ञान चीन साहित्य में भी मिलता है। भले ही आज तक हम बहुत वैज्ञानिक उपकरण बना चुके हैं और काफी रहस्य समझने में सफल हुए हैं। परन्तु हम जीव-जन्तुओं की भाषा नहीं जानते। उन्हें जो इन्द्रियों की विशेष शक्ति से ज्ञान-अनुभूति होती है और उसे हमें बतलाने का प्रयत्न करते होंगे-उसे हम समझने में असमर्थ हैं।

शकुनों के विषय में सम्पूर्ण संस्कृत साहित्य में यत्र-तत्र उदाहरण मिलते ही हैं। परन्तु संग्रहीत रूप में हमें आचार्य वराहमिहिर की 'बृहत् संहिता' तथा 'भद्रबाहु संहिता' एवं अन्य संहिता ग्रन्थों (जो कि पुराने विश्व कोष हैं) में मिलते हैं। बृहत् संहिता के शाकुनाध्याय, अन्तर-चक्रमाध्याय, विस्ताध्याय तथा पशु पक्षियों की चेष्टाओं एवं शब्दों को समझने के लिये पृथक्-पृथक् अध्यायों में पशुओं-पक्षियों के संकेतों के आधार पर फलादेश लिखे गए हैं। उदाहरणार्थ—बृहत् संहिता के अनुसार यदि किसी मनुष्य की यात्रा के प्रारम्भ होने के समय बन्दर किलकिल शब्द करें तो अशुभफल होता है और यदि "चुलु" शब्द करे तो शुभफल का संकेत है। इस प्रकार पशुओं एवं पक्षियों के शब्दों में सूक्ष्मता से अन्तर अध्ययन कर के आचार्य लोग इन परिणामों पर पहुंचे। इसी तरह उल्लू के हुंगुलुक्, किक्किस, बलबल, ठटहट्ट आदि शब्दों में अन्तर जाना गया और इनके आधार पर फल लिखे गए। पशु-पक्षी सम्भवतः इन शब्दों से उन्हें प्रत्यक्ष दीखने वाली अथवा निकट भविष्य में घटित होने वाली घटनाओं के आसार प्रकट करते हैं। मनुष्य उन्हें समझने में भले ही असमर्थ हो। गीदड़, गाय, घोड़ा, हाथी, कौआ एवं कुत्ते की चेष्टाओं तथा शब्दों से निकट भविष्य फल जानने के लिये विशेष अध्याय संहिता ग्रन्थों में मिलते हैं। फलादेश के उदाहरण के रूप में कुत्ते की चेष्टाएं लें। आचार्य वराहमिहिर ने बृहत्-संहिता में लिखा है कि—यदि कुत्ता अनावृष्टि के दिनों में जल में लोटता हुआ उसे ताड़-ताड़ कर पीए, तो कुछ ही दिनों में वर्षा अवश्य होती है। इसी प्रकार अन्य पशुओं की चेष्टाओं से भी शकुन लिखे हैं—जिन की प्राकृतिकता की दृष्टि से तर्क-संगति स्पष्ट है।

पशु-पक्षियों के अतिरिक्त अन्य जीवों से सम्बद्ध धारणाएं भी शकुन बन गईं। छिपकली तथा कोढकिरले का अंग विशेष पर अचानक गिर पड़ना भी अशुभ फल का सूचक माना गया है। चींटियों की गतिविधियों से वर्षा का अनुमान बतलाया गया है। यदि ये अनावृष्टि के दिनों में अपने अण्डों को जल में डालें तो वर्षा आगे भी नहीं होगी। यदि ये अपने अण्डों को ऊँचे स्थान पर ले जाएं तो वर्षा अवश्य होती है।

जीवों की चेष्टाओं, शब्दों के अतिरिक्त प्रकृति-विपर्यासों (अर्थात् कुछ ऐसी घटनाओं से जो कि प्रकृति नियमों के विरुद्ध हों।) उत्पातों का अनुमान लग जाता है। ऋतुओं में गड़बड़ होने से गर्मी में सर्दी तथा सर्दी में गर्मी पड़ने से छः मास के भीतर राष्ट्र में कठिन समस्याएं आती हैं। मेघ रहित आकाश में दिन व रात्रि के समय इन्द्र धनुष दीखने को भी राज्य भय का संकेत माना गया है। निर्घात-वायु अर्थात् वे वायु जो आपस में टकरा कर भूमि पर बड़े दबाव से टकराती हैं—अशुभ-सूचक शकुन मानी गई हैं। सूर्य एवं चन्द्रमा के चारों ओर परिवेष (मण्डल-सा) दीखना वर्षा की सूचना देता है।

उल्काओं (Meteors) का गिरना अशुभ माना गया है जो कि वैज्ञानिकों द्वारा भी स्वीकृत तथ्य है। कुछ उल्काओं के गिरने से आग लगने की घटनाओं के भी उल्लेख हैं। उल्काओं के अध्ययन में इनका वर्गीकरण नारियल के आकार की, शूलाकार, गोलाकार, पुष्पाकार आदि मिलते हैं। इन के अलग-अलग फलादेश लिखे गए हैं। इन के अतिरिक्त धूम्रकेतुओं के आधार पर भी फलादेश संहिता-ग्रन्थों में मिलते हैं।

इस प्रकार के प्रकीर्णक विषयों के अतिरिक्त वर्षा आदि सम्बन्धी शकुन विचार ज्योतिष साहित्य में उपलब्ध होते हैं। संहिता ग्रन्थों में "गर्भधारण" शीर्षक के अन्तर्गत इन का विस्तृत विवेचन मिलता है। मेघ वृष्टि के लिये समय मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष तथा अन्य चान्द्रमास पक्ष माने गए हैं। मेघ गर्भधारण के १६५ या १६६ दिन बाद वर्षा होती है। इस विषय पर कुछ विद्वान् वैज्ञानिकों ने शोधकार्य किया है—और यह स्पष्ट कर दिया है कि ये सूत्र आजकल के वातावरण विज्ञान के अनुसार ठीक हैं। गर्भ-लक्षण नोट करते समय मेघों की दिशा पूर्व-पश्चिम, उत्तर-दक्षिण तथा वायु का जोर एवं अन्य वातावरण-सम्बन्धी परिवर्तनों का ध्यान रखना पड़ता है। इन शकुनों के आधार पर अग्रिम वर्षा की भविष्य वाणी की जाती है। घाघ एवं भड्डरी के वाक्य भी इस क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं।

इस प्रकार हमारा साहित्य शकुनों के विषय में बहुत सी विविधताएं रखता है। इस में सन्देह नहीं कि जीव-जन्तुओं की कुछ ज्ञानेन्द्रियें मनुष्य से कहीं अधिक विकसित हैं।

(शेष १६ पर)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

ग्रहण विवरण (संवत् २०४२ वि.)

गणित कर्त्ता—प्रियव्रत शर्मा, शक्तिधर शर्मा

इसवर्ष (सं २०४२ वि. में) भूगोल पर निम्नांकित पांच ग्रहण दिखाई देंगे—

(१) ४-५ मई १९८५ ई.,—खण्ड चन्द्रग्रहण,
(२) २० मई १९८५ ई.,—खण्डग्रास सूर्यग्रहण,
(३) २८-२९ अक्तूबर १९८५ ई.,—खण्ड चन्द्रग्रहण,
(४) १२ नवम्बर १९८५ ई.,—खग्रास सूर्यग्रहण,
(५) ९ अप्रैल १९८६ ई.,—खण्डग्रास सूर्यग्रहण,

ऊपर लिखे इन ग्रहणों में से दोनों चन्द्रग्रहण भारत में दिखाई देंगे; शेष तीनों सूर्यग्रहण भारत में कहीं भी दिखाई नहीं देंगे।

भारत में दिखाई न देने वाले ग्रहणों का संक्षिप्त विवरण

(१) **खण्डग्रास सूर्यग्रहण** (२० मई १९८५ ई.)—यह ग्रहण १९ और २० मई १९८५ ई. की मध्यगत रात्रि में ० घं ३५ मि. (भा. स्टैं. टा.) पर होक्कैडो द्वीप (जापान) से दक्षिण की ओर पेसिफिक सागर में प्रारम्भ होकर २० मई को प्रातः ५ घं. १२ मि. (भा. स्टैं. टा.) पर लेब्रेडर (U.S.A.) के पूर्व की ओर एटलांटिक सागर में समाप्त होगा। यह ग्रहण कनाडा के उत्तरी भाग, अलास्का (U.S.A.), ग्रीनलैण्ड, रूस और चीन के पूर्वी भाग, जापान तथा उत्तरी ध्रुवस्थान में दिखाई देगा। भारत एवं इसके पड़ौसी (पाकिस्तान, नेपाल, लंका, बंगला देश एवं बर्मा आदि) देशों में यह ग्रहण दिखाई नहीं देगा।

(२) **खग्रास सूर्यग्रहण** (१२ नवम्बर १९८५ ई.)—यह ग्रहण द. अमेरिका के सुदूर पश्चिम की ओर पेसिफिक सागर में १२ नव. १९८५ ई. को १७ घं ३९ मि. (I.S.T.) पर प्रारम्भ होकर मेलागासी गणतन्त्र के काफी नीचे (दक्षिण में) २१ घं ४२ मि. (I.S.T.) पर समाप्त होगा। यह ग्रहण दक्षिण अमेरिका के अर्जेन्टायना और चिली देशों तथा लगभग पूरे एण्टार्कटिका प्रदेश में दिखाई देगा। इस ग्रहण की खग्रास आकृति न्यूजीलैण्ड से नीचे पूर्व-दक्षिण की ओर एण्टार्कटिका के पास पेसिफिक सागर में देखी जा सकेगी। यह ग्रहण भी भारत एवं इसके पड़ौसी देश में नजर नहीं आएगा।

(३) **खण्डग्रास सूर्यग्रहण** (९ अप्रैल १९८६ ई.)—यह ग्रहण मध्य एवं पूर्वी आस्ट्रेलिया, तस्मानिया और न्यूजीलैण्ड में एवं एण्टार्कटिका के कुछ भाग में खण्डग्रास के रूप में दिखाई पड़ेगा। यह ग्रहण भी भारत एवं भारत के किसी भी पड़ौसी देश में दिखाई नहीं पड़ेगा।

भारत में दिखाई देने वाले ग्रहणों का विस्तृत विवरण

(१) **खग्रास चन्द्रग्रहण** (४-५ मई १९८५ ई.)—यह ग्रहण वैशाख पूर्णिमा शनिवार के दिन ४ और ५ मई १९८५ ई. की मध्यगत रात्रि में सारे भारत में खग्रास (पूर्ण ग्रहण) के रूप में दिखाई देगा। इस ग्रहण के प्रारम्भ आदि का काल (भा. स्टैं. टा.) इस प्रकार है—

ग्रहण प्रारम्भ	=	२३ घं. ४७ मि.	(४ मई)
खग्रास प्रारम्भ	=	० घं. ५२ मि.	(५ मई)
ग्रहण मध्य	=	१ घं. २६ मि.	(५ मई)
खग्रास समाप्त	=	२ घं. १ मि.	(५ मई)
ग्रहण समाप्त	=	३ घं. ६ मि.	(५ मई)
पर्वकाल	=	३ घं. १९ मि.	

यह ग्रहण भारत और भारत के सभी पड़ौसी देशों में प्रारम्भ से अन्त तक दिखाई देगा।

ग्रहण का सूतक—इस ग्रहण का सूतक ४ मई १९८५ ई. को दिन के २ बजकर ४७ मि. पर प्रारम्भ हो जाएगा।

ग्रहण का राशिफल—यह ग्रहण स्वाती और विशाखा नक्षत्र तथा तुला राशि में हो रहा है, अतः स्वाती-विशाखा नक्षत्र एवं तुला राशि वालों के लिए यह ग्रहण विशेष अशुभ, कर्क, वृश्चिक, मीन राशि वालों के लिए अशुभ, मेष, मिथुन, कन्या, कुम्भ राशि वालों के लिए मध्यम तथा शेष राशि वालों के लिए शुभ है।

ग्रहण का अन्यफल—लोहा, तिल, तेल, मूंग, रुई, सूती कपड़ा एवं काले पदार्थ तेज हों। विश्व में कहीं युद्धाग्नि भड़के। कहीं अग्निकाण्ड से हानि व सूखा से खेती को हानि पहुंचे।

(२) **खग्रास चन्द्रग्रहण** (२८-२९ अक्तूबर १९८५ ई.)—यह ग्रहण आश्विन पूर्णिमा चन्द्रवार के दिन २८-२९ अक्तूबर १९८५ ई. की मध्यगत रात्रि में सारे भारत में दिखाई देगा। इस ग्रहण के प्रारम्भ आदि का काल (भा. स्टैं. टा.) इस प्रकार है—

ग्रहण प्रारम्भ	=	२१ घं. २५ मि.	(२८ अक्तूबर)
खग्रास प्रारम्भ	=	२२ घं. ५० मि.	(,, ,,)
ग्रहण मध्य	=	२३ घं. १२ मि.	(,, ,,)
खग्रास समाप्त	=	२३ घं. ३५ मि.	(,, ,,)
ग्रहण समाप्त	=	१ घं. ०० मि.	(२९ अक्तूबर)
पर्वकाल	=	३ घं. ३५ मि.	

भारत और भारत के पड़ौसी (नेपाल, बंगलादेश, बर्मा, पाकिस्तान आदि) देशों में यह ग्रहण प्रारम्भ से अन्त तक दिखाई देगा।

यह चन्द्रग्रहण चन्द्रवार को हो रहा है, अतः यह "चूड़ामणि चन्द्रग्रहण" है। "चूड़ामणि चन्द्रग्रहण" में स्नान, दान, जप का विशेष माहात्म्य माना जाता है।

ग्रहण का सूतक—इस ग्रहण का सूतक २८ अक्तूबर १९८५ ई. को दिन के १२ बजकर २५ मिनट पर प्रारम्भ हो जाएगा।

ग्रहण का राशिफल—यह ग्रहण अश्विनी नक्षत्र और मेष राशि में हो रहा है, अतः यह ग्रहण अश्विनी नक्षत्र और मेष राशि वालों के लिए विशेष अशुभ, वृष-कन्या-मकर राशि वालों के लिए अशुभ, सिंह, तुला, धनु, मीन राशि वालों के लिए मध्यम और शेष राशि वालों के लिए शुभ है।

ग्रहण का अन्यफल—चीन, सिन्ध, अफगानिस्तान आदि में कहीं राजनैतिक अस्थिरता व कहीं प्राकृतिक-प्रकोप से हानि हो। उड़ीसा, आन्ध्र प्रदेश एवं मध्य प्रदेश में कहीं वातावरण अशान्त बने। किसी भाग में दुर्भिक्ष से व्याकुलता व्याप्त हो।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

खग्रास चन्द्र ग्रहण (४-५ मई १९८५ ई)



प्रियव्रत शर्मा

खग्रास चन्द्रग्रहण (२८-२९ अक्तूबर १९८५ ई०)



प्रियव्रत शर्मा

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

यन्त्र-मन्त्र-तन्त्र साधना के लिए महत्त्वपूर्ण काल

(सं. २०४२ वि. में किन-किन दिनों में कब-कब यन्त्र-मन्त्र आदि सिद्ध करें ?)

जप एवं यन्त्र-मन्त्र आदि की साधना के लिए शास्त्रों द्वारा बारह सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल तथा सूर्य-चन्द्र के क्रान्तिसाम्य (महापात) के काल को ठीक सूर्य-चन्द्र ग्रहण के समान ही महत्त्वपूर्ण माना गया है। संहिता और ज्योतिष ग्रन्थों में इस विषय में अनेक वचन उपलब्ध हैं। क्रान्तिसाम्य को तन्त्रादि की सिद्धि के लिए ऋषियों ने स्पष्ट रूप से फलप्रद माना है। आचार्य भास्कर ने भी 'सिद्धान्त शिरोमणि' में कहा है; कि—यदि क्रान्तिसाम्य के समय जप अनुष्ठानादि किया जाए तो उसकी वृद्धि होती है;—"यातः स्थितिकालान्तर्गत-मंगलकृत्यं न शस्यते तज्ज्ञैः। स्नान-जप-होम-दानादिकमत्रोर्ध्वति खलु वृद्धिम् ॥" यन्त्र-मन्त्र तन्त्रों की साधना में विशेष रुचि रखने वाले पाठकों के लिए हम नीचे सं. २०४२ की बारह संक्रान्तियों के पुण्यकाल तथा क्रान्तिसाम्य के प्रारम्भ और समाप्तिकाल दे रहे हैं। इन कालों में यन्त्र-तन्त्रों के निर्माण से एवं मन्त्र जाप से अभीष्ट सिद्धि प्राप्त कर सकेंगे।

सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल (सं. २०४२ वि.)

प्रारम्भ काल		समाप्त काल	
तारीख सन् १९८५-८६ ई.	भा.स्टैं.टा. घं. मि.	तारीख सन् १९८५-८६ ई.	भा.स्टैं.टा. घं. मि.
२० अप्रैल'८५	३। १	२० अप्रैल'८५	१५। १
२१ मई	२।४२	२१ मई	१४।४२
२१ जून	१०।२७	२१ जून	२२।२७
२२ जुला.	२१।१०	२३ जुला.	६।१०
२३ अग.	४।१०	२३ अग.	१६।१०
२३ सितं.	१।४२	२३ सितं.	१३।४२
२३ अक्तू.	१०।५७	२३ अक्तू.	२२।५७
२२ नवं.	८।२६	२२ नवं.	२०।२६
२१ दिसं.	२१।४५	२२ दिसं.	६।४५
२० जन.'८६	८।२३	२० जन.'८६	२०।२३
१८ फर.	२२।४६	१७ फर.	१०।४७
२० मार्च	२१।४३	२१ मार्च	६।४३

नोट :— (१) यहां सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल एवं क्रान्तिसाम्य का समय 'भारतीय स्टैण्डर्ड टाईम' में दिया गया है। (२) यहां क्रान्तिसाम्य का काल लगभग है।

सावधान :—यन्त्र-मन्त्र-तन्त्रों के प्रयोग को प्रभावशाली रूप में सद्यः सफल बनाने के लिए शास्त्र-विहित-काल में ही साधना कीजिये, अन्यथा सिद्धि की अप्राप्ति से आगम-शास्त्र पर साधक की निराधार अनास्था होने की पूर्ण आशंका है।

क्रांतिसाम्य (सं० २०४२ वि०)

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
तारीख सन् १९८५-८६ ई०	भा.स्टैं.टा. घं. मि.	तारीख सन् १९८५-८६ ई०	भा.स्टैं.टा. घं. मि.
२२ मार्च'८५	३।३४	२२ मार्च '८५	८। ०
४ अप्रैल	६।१६	४ अप्रैल	६।४८
१६ ,,	१२।३५	१६ ,,	१७। १
३० ,,	५।४०	३० ,,	६।५८
१२ मई	४।२१	१२ मई	६।५५

क्रान्तिसाम्य (सं. २०४२ वि.)

प्रारम्भ काल		समप्ति काल	
तारीख सन् १९८५-८६ ई.	भा.स्टैं.टा. घं. मि.	तारीख सन् १९८५-८६ ई.	भा.स्टैं.टा. घं. मि.
२६ मई	३।२७	२६ मई	६।३३
७ जून	८।११	७ जून	१३।१५
१७ ,,	०।११	१७ ,,	७।३३
३० ,,	६।५५	३० ,,	१३।२६
१३ जुला.	१६।३६	१४ जुला.	२।४५
२६ जुला.	१७। २	२६ जुला.	२२।१४
८ अग.	१६।४८	८ अग.	२२।१२
२१ ,,	१३। ६	२१ ,,	१७। ६
३ सितं.	६।५८	३ सितं.	११।४६
१५ ,,	१२।२०	१५ ,,	१५।५४
२८ ,,	१६।५५	२६ ,,	०। ६
१२ अक्तू.	७।४८	१२ अक्तू.	११।२६
२४ ,,	१२।२५	२४ ,,	१६।५५
७ नवं.	५।४१	७ नवं.	१०।२५
२० ,,	०।४४	२० ,,	५।४०
३ दिसं.	३। १	३ दिसं.	८।४७
१५ ,,	६।२१	१५ ,,	१५।१५
२४ ,,	२१। ३	२४ ,,	२१।५१
७ जन.'८६	६।३४	७ जन.'८६	१४।२१
२० ,,	७।३७	२० ,,	११।१७
२ फर.	६।३२	२ फर.	१४।४६
१५ ,,	२।३६	१५ ,,	६।४१
२८ ,,	३।३६	२८ ,,	७।२२
११ मार्च	७।१७	११ मार्च	११।१७
२६ ,,	१३। ३	२६ ,,	१६।३७
७ अप्रै.	३। ६	७ अप्रैल	७।२४

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

यन्त्र-मन्त्र-तन्त्र का चमत्कार

इस स्तम्भ के अन्तर्गत कुछ यन्त्र-मन्त्र गत कई वर्षों से देते आ रहे हैं। मन्त्रों को शुभ मुहूर्त में गुरु-मुख से प्राप्त करें एवं दृढ़ निश्चयी होकर जप अनुष्ठानादि द्वारा सिद्धि प्राप्त करके यशोलाभ करें। ध्यान रहे—दीपमाला की रात्रि को या ग्रहण के समय यन्त्रों को लिख कर मन्त्रों को जप पूर्वक सिद्ध करके अविलम्ब ही चमत्कार देख सकते हैं। यन्त्र-मन्त्रों के बल पर ही देवता अपने वैदुष्य से अक्षुण्ण यश को प्राप्त कर सकता है :—

"सिद्धिर्भूयते विद्याम्"।

—सम्पादक

धन देने वाली यक्षिणी का मन्त्र

पीपल के वृक्ष पर चढ़कर एकाग्र मन से यक्षिणी के निम्नांकित मन्त्र का जाप करे तो शीघ्र ही आकस्मिक धन लाभ (सट्टा लाटरी आदि से लाभ) होता है—

मन्त्र—"ॐ ऐं ह्रीं श्रीं धनं मम देहि-देहि स्वाहा।"

स्वप्न में प्रश्न का उत्तर पाने के लिए अद्भुत मन्त्र प्रयोग

मन्त्र—"ॐ नमः स्वप्न चक्रेश्वरी स्वप्ने अवतर-अवतर गतं वर्तमानं कथय-कथय स्वाहा।"

विधि—स्थान शुद्धि करके गाय के गोबर का चौका लगाकर घी का दीपक जला लें। पूर्व की तरफ मुंह करके ४१ दिन में सवा लाख मन्त्र जाप करें तो मन्त्र सिद्ध हो जाता है। मन्त्र सिद्ध होने पर रात को सोने से पहले उक्त मन्त्र का जाप करके शयन करें, प्रश्न सोचकर सो जावें। स्वप्न में आपको आपके प्रश्न का सही उत्तर मिल जाएगा।

मन्त्रों द्वारा रोगोपचार

नोट—निम्नांकित मन्त्रों को ग्रहण के समय या दीपमाला की रात्रि में जपकर या मन्त्र सिद्धि के लिए निर्दिष्ट समय में जपकर (उज्जीवित) सिद्ध कर लेना चाहिए। प्रतिदिन प्रत्येक मन्त्र की १० माला जप संख्या है। मन्त्र जैसे लिखे हैं उसी तरह जप करें, इन्हें व्याकरण दृष्टि से शुद्ध करने का प्रयास न करें; —ये आर्ष मन्त्र हैं। मन्त्र के बीजाक्षरों का ध्यानपूर्वक स्पष्ट (शुद्ध) उच्चारण करने से शीघ्र लाभ होता है। स्वर कम्पन की लहरें व्याधिग्रस्त स्थान पर पहुंचकर अपने प्रभाव परिधि में रोग का समूलोन्मूलन कर देती हैं।

पागलपन किंवा हिस्टीरिया दूर हो

जो व्यक्ति मानसिक रोग से परेशान हो उसे या उसके पुरोहित ब्राह्मण को उस व्यक्ति के निमित्त संकल्प करके निम्नांकित मन्त्र का जाप करना चाहिए—

मन्त्र—"ॐ उं उन्मादेभ्यां नमः।"

१० माला प्रतिदिन करने से लाभ होगा।

नासारोग शान्त्यर्थ मन्त्र

मन्त्र—"ॐ घं घमघन्टाभ्यां नमः।"

इस मन्त्र के जाप से नाक सम्बन्धी सभी रोग शान्त होते हैं।

नेत्र विकार शान्त्यर्थ मन्त्र

मन्त्र—"ॐ शां शंखिनीभ्यां नमः।"

इस मन्त्र जाप से नेत्र विकारों पर नियन्त्रण हो जाता है, औषध फलीभूत होती है। अगर आंख में 'नया फूला' आदि विकार आ गया हो तो सूर्योदय से पूर्व लाल फूल लेकर उक्त मन्त्र उच्चारण करते हुए आंख झाड़ने से उक्त विकार नष्ट हो जाता है।

कर्ण विकार शान्त्यर्थ

कानों में बधिरपन, कानों का दुःखना, कानों में 'सां सां' आवाजें सुनाई देना आदि विकारों की शान्ति के लिए निम्नांकित मन्त्र का जाप करें औषध प्रतिफलित होगी।

मन्त्र—"ॐ द्वां द्वारवासिनीभ्यां नमः।"

गले के रोगों के लिए मन्त्र

कण्ठगत विकारों पर नियन्त्रण के लिए विशेषतः 'गले में कैंसर' के उपचार के लिए निम्नांकित मन्त्र अद्भुत प्रभावकारी सिद्ध हुआ है—

मन्त्र—"ॐ चिं चित्रघन्टाभ्यां नमः।"

जिह्वा विकारों के लिए मन्त्र

तुतलाना आदि विकारों पर इस मन्त्र का प्रत्यक्ष प्रभाव अनुभव किया है—

मन्त्र—"ॐ सं सर्वमंगलाभ्यां नमः।"

रीढ़ की हड्डी के विकार दूर हों

रीढ़ की हड्डी से अनेकों लोग परेशान हैं, आप इस मन्त्र का संकल्प देकर अपने यजमान से अथवा स्वयं श्रद्धापूर्वक जाप करें अद्भुत प्रभाव होगा।

मन्त्र—"ॐ धं धनुर्धारिण्यां नमः।"

हृद्रोग से मुक्ति

निम्नांकित मन्त्र के जाप से हृद्रोगी भयानक हृद्रोग किंवा हृदयविकारजन्य परेशानियों से छुटकारा पा लेता है; आत्मबल बढ़ता है, जीवन में आरोग्य लाभ होता है।

मन्त्र—"ॐ लं ललिता देवीभ्यां नमः।"

उदर विकार से मुक्ति

पेट की समस्त बीमारियों पर नियन्त्रण पाने के लिए, तथा जलोदर आदि भयानक रोग की शान्ति के लिए यह मन्त्र उपयोगी है। माताओं के प्रसवन वेदना से शीघ्र मुक्ति पाने के लिए यह मन्त्र बहुत काम करता है।

मन्त्र—"ॐ शूं शूलधारिणीभ्यां नमः।"

आन्त्र विकार शान्त

आंतों के विकार, अल्सर आमांश आदि के लिए यह मन्त्र अनुभूत है।

मन्त्र—"ॐ कां कालरात्रिभ्यां नमः।"

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

ब्लड-प्रैशर से मुक्ति

आजकल व्यस्त जीवन में ब्लड-प्रैशर से परेशानी बढ़ रही है, समस्त वायु विकारों एवं ब्लड-प्रैशर से मुक्ति के लिए आप नीचे लिखे मन्त्र का जाप शान्त मन से प्रातः या सोते समय करें लाभ होगा।

मन्त्र— ॐ वं वज्रहस्ताभ्यां नमः।"

दन्तरोगों पर नियन्त्रणार्थ

बच्चों को दांत निकलते समय कष्ट से मुक्ति दिलाने के लिए इस मन्त्र से अभिमन्त्रित जल बच्चे को प्रतिदिन प्रातः पिलादें, बड़े लोगों को दन्त रोग से मुक्ति के लिए जाप करना पड़ता है।

मन्त्र—ॐ कौं कौमारीभ्यां नमः।"

गुप्त रोगों पर नियन्त्रणार्थ

प्रमेह, ल्यूकोरिया, बवासीर आदि के रोगी स्नानोपरान्त प्रतिदिन एक माला शुद्धि पूर्वक करें, लाभ होगा।

मन्त्र—"ॐ गुं गुह्येश्वरीभ्यां नमः।"

अस्थि रक्तमज्जा विकार शान्ति

रक्त मज्जा एवं अस्थिगत रोगों पर नियन्त्रण के लिए कुष्ठ रोगी भी इसका अधिक से अधिक जाप करें तो औषध प्रभाव करेगी—

मन्त्र—"ॐ पां पार्वतीभ्यां नमः।"

ज्वर शान्त्यर्थ मन्त्र

"ॐ मुं मुकुटेश्वरीभ्यां नमः।"

रक्त पित्त, अमलपित्त विकारों पर नियन्त्रणार्थ एवं ज्वर शान्त्यर्थ इस मन्त्र का प्रयोग करें।

टी. बी. (T. B.) आदि रोगों पर नियन्त्रणार्थ

कफ व्याधि ग्रस्त किंवा क्षय रोगी श्रद्धा विश्वासपूर्वक मन्त्र का जाप करें तो औषध सेवन से निस्सन्देह शीघ्र लाभ होगा।

मन्त्र—"ॐ पं. पद्मावतीभ्यां नमः।"

भूत-प्रेत बाधा से मुक्ति मिले

इस मन्त्र के जाप से समस्त ग्रह, भूत-पिशाच से होने वाले अपमृत्यु आदि अनर्थों से मुक्ति मिल जाएगी, जाप विश्वास पूर्वक करें।

मन्त्र—"ॐ कं कल्याणशोभनाभ्यां नमः।"

शोक-कलह-क्लेशादि से मुक्ति के लिए

समस्त मानसिक-व्याधियों से मुक्ति पाने के लिए, पति-पत्नी के मध्य क्लेश शान्ति के लिए तथा आकालिक-मृत्युभय आदि मानसिक क्लेशों से मुक्ति पाने के लिए नीचे लिखे मन्त्र का विधिपूर्वक जाप करें।

मन्त्र—"ॐ शों शोक विनाशिनीभ्यां नमः।"

विधि—इस मन्त्र को मंगलवार के दिन रक्तचन्दन और अनार की कलम से भोजपत्र पर लिखकर शुद्ध शहद में डुबा दें। मन्त्र के साथ रोगी का नाम भी नीचे लिख दें। मन्त्र के साथ जिसका नाम लिखा होगा उसका क्रोध शान्त हो जाएगा तथा मनःस्थिति ठीक हो जाएगी, क्लेश शान्त होगा।

स्त्रियों के स्तनविकार शान्त्यर्थ

जिन माताओं के दूध न आता हो, दूध में विकार हो, या स्तन पर कोई अन्य कष्ट हो तो बच्चे का पुराना (प्रयुक्त) कपड़ा लेकर नीचे लिखे मन्त्र को पढ़ते हुए प्रतिदिन ७ बार झाड़ने से एक सप्ताह में ही विकार शान्त हो जाएगा। यह विधि दिन में ३ बार सात दिन तक करनी चाहिए।

यही मन्त्र भोजपत्र पर अनार की कलम चन्दन से लिखकर चांदी के ताबीज में मढ़ाकर बच्चे के गले में डालने से बच्चे को दृष्टि दोष एवं चिड़चिड़ापन आदि से राहत मिलती है।

मन्त्र—"ॐ मं महादेवीभ्यां नमः।"

नोट—उल्लिखित मन्त्रों की प्रतिदिन जाप संख्या १००८ है। परिस्थिति के अनुसार जप संख्या अधिक से अधिक करना उत्तम रहेगा। रोगी मन्त्रजाप स्वयं करे तो अत्युत्तम है; अन्यथा सुशील विद्वान ब्राह्मण से करावें।

स्वास्थ्य लाभ होने पर कुमारी एवं बटुक (बच्चे) का पूजन करें, ब्राह्मण भोजन वस्त्रदान तथा साधुसन्तों की सेवा करें। भगवती माता राजराजेश्वरी की कृपा से सर्वसुख प्राप्त हो सकेंगे।

हर्टफेल से बचने के लिए अनुभूत ऋग्वेद का मन्त्र

मन्त्र—"ॐ उद्यन्नद्य मित्रमहः आरोहन्नुत्तरां दिवम्।
हृद्रोगं मम सूर्य हरिमाणं च नाशय॥"

विधि—प्रातः प्रतिदिन सूर्योदय के समय सूर्य के सम्मुख उक्त मन्त्र को १०८ बार जाप करें।

हृदयशूल, वक्ष में बांई ओर की भयंकर पीड़ा दूर हो। 'आदित्यहृदय स्तोत्र' के साथ इस उक्त मन्त्र का जाप विशेष चमत्कारपूर्ण सिद्ध होता है श्रद्धा एवं शान्तिपूर्वक करें तथा अनुभव का लाभ उठावें।

राजदरबार में विजय एवं सम्मान प्राप्ति के लिए

१०	६०	६०	१०
९०	१२	१३	८०
२०	७०	७०	४०
श्री	ह्रीं	श्री	ह्रीं

इस यन्त्र को अष्टगन्ध और तुलसी की लकड़ी की कलम से पीपल के पत्ते पर लिखकर पूजन करके सोने के यन्त्र में मढ़ा लें। राजदरबार में जाते समय भुजा पर बांध कर जाएं विजयश्री का वरण होगा, सम्मान मिलेगा। (शेष २१ पर)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

मिलान पर प्रामाणिक, मौलिक महत्त्वपूर्ण प्रकाशन

ग्रह योग एवम् दाम्पत्य जीवन

[लेखक :—प्रियव्रत शर्मा M.A. सिद्धान्त ज्योतिषाचार्य, साहित्याचार्य]

विवाह-सम्बन्ध के निर्णय के लिए लड़के और लड़की के अष्ट कूटों के गुणों की गणना और उनकी कुण्डलियों के मिलान पर आज तक कोई प्रामाणिक पुस्तक नहीं लिखी गई है। "ग्रह योग एवम् दाम्पत्य जीवन" पुस्तक जो हमारे "गणकमार्त्तण्ड" ग्रन्थ का ही एक भाग है, इस अभाव की पूरी तरह पूर्त्ति करती है। इस पुस्तक में दिए इन विषयों पर दृष्टिपात कीजिए :—

(१) लड़का-लड़की के नक्षत्रों के आधार पर विस्तृत गुण मिलान सारणी २४ पृष्ठों में, जिसमें सभी अष्ट कूटों के नाम और गुण तथा अपवाद एक ही दृष्टि में देखे जा सकते हैं।

(२) अष्ट कूटों के बल और उनके दोष का प्रतिशत बल बतलाने वाली मौलिक सारणियां।

(३) वर्ण, गण, नाड़ी आदि दोषों के परिहार वाक्यों का सोपपत्तिक विवेचन तथा उनका वैज्ञानिक, मौलिक विश्लेषण तथा निराधार परिहार वाक्यों का सप्रमाण निराकरण।

(४) मंगलीक दोष का सांगोपांग विवेचन।

(५) मंगली दोष के अनेक परिहार वाक्यों की प्रामाणिकता पर विस्तृत सप्रपञ्च विचार-विमर्श एवं मंगली दोष के निराधार परिहार-वाक्यों का विश्लेषण पूर्वक खण्डन।

(६) मंगली दोष का प्रतिशत बल बतलाने वाली अद्भुत, विस्तृत अनेक मौलिक सारणियां जिनकी सहायता से लड़का-लड़की के मंगली दोष का बल अत्यन्त सूक्ष्मता पूर्वक बिना गणित के जाना जा सकता है।

(७) मिलान में उपयोगी अन्य बीसों मौलिक सारणियाँ जो लेखक के विस्तृत गम्भीर अध्ययन एवम् अथक परिश्रम का परिणाम है।

(८) मिलान पर मिलने वाले विभिन्न मत-मतान्तरों का विश्लेषण।

इस के अलावा इस पुस्तक में अनेक ऐसे विषय आपको मिलेंगे, जो गुण मिलान और कुण्डली मिलान पर आप की विशेष ज्ञान वृद्धि करेंगे। "क्या नाड़ी दोष होने पर भी सम्बन्ध किया जा सकता है ?"—"वर कन्या की कुण्डलियों का मिलान होने पर भी सम्बन्ध करने का ज्योतिष शास्त्र में निर्दिष्ट शास्त्रीय विधान क्या है ?"—इस प्रकार की अनेक मिलान सम्बन्धी समस्याओं का शास्त्र प्रतिपादित समाधान इस पुस्तक में सप्रमाण प्रस्तुत किया गया है।

विष कन्या योग और मंगलीक दोष के उद्गम तथा विकास पर विशेष ऐतिहासिक विवेचन दिया गया है। सप्तम भाव से सम्बद्ध सारावली, मानसागरी आदि सभी जातक और संहिता ग्रन्थों में शुभ-अशुभ फलों के निर्देशक संस्कृत मूलवाक्य भी हिन्दी अनुवाद सहित संगृहीत हैं।

मंगल आदि ग्रहों के सूक्ष्म भावबल, दृग्बल के अनुसार मंगली दोष का यथार्थ रूप में निर्णय करने के लिए ऐसी सारणियां दी गई हैं, जिनकी मदद से मिलान पूरी तरह वैज्ञानिक एवम् शुद्ध रूप में बिना किसी श्रम के मिनटों में किया जा सकता है। स्पष्टता के लिए अनेकों उदाहरण दिए गए हैं।

यह पुस्तक आपको वह सब कुछ बतलाएगी जो मिलान के लिए अपेक्षित है। इसे पढ़कर आपको आश्चर्य होगा कि मिलान में अनेक मूर्धन्य दैवज्ञ भी कितनी अक्षम्य त्रुटियां करते हैं, और इस विषय में उनका ज्ञान कितना अधूरा है।

पुस्तक प्रेस में है, शीघ्र प्रकाशित होगी। पूरा मूल्य नीचे लिखे पते पर एडवान्स में भेजिए। प्रकाशित होते ही पुस्तक रजिस्टर्ड पोस्ट से भेजी जाएगी। जिनका एडवान्स मार्च १९८५ ई. से पहले हमें मिल जाएगा उन्हें यह पुस्तक निश्चित रूप में मिलेगी, शेष के लिए हम वचनबद्ध नहीं हैं। क्योंकि इसका प्रकाशन सीमित संख्या में ही किया जा रहा है।

मूल्य ६५ रुपए (डाक व्यय सहित)।

मैनेजर :- मार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय मु. पो.—कुराली (रोपड़), पंजाब

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सं. २०४२ विक्रम का सामूहिक व्यापार भविष्य

[लेखक—ओंकार प्रसाद, देशबन्धु ज्योतिषी]

[कार्यालय फोन २२३८, पोस्ट हापुड़, जिला गाजियाबाद (यू.पी.)]

श्री गणेशाय नमः। श्री दुर्गा देव्यै नमः॥

सम्वत् २०४२ विक्रम में वर्ष का राजा शुक्र व मन्त्री शनि, सस्येश भौम, धान्येश रवि, मेघेश शुक्र, रसेश गुरु, नीरेश भौम, फलेश शुक्र, धनेश चन्द्र, दुर्गेश शुक्र इन दस पदाधिकारियों में से छह स्थान शुभ ग्रहों ने प्राप्त किये हैं, शेष चार स्थान पाप ग्रहों ने प्राप्त किये हैं, रोहिणी का निवास तट पर, समय निवास रजक ग्रह होने से यह वर्ष मध्यम रहेगा।

चैत्र शुक्ल पक्ष—सं. २०४२ में प्रतिपदा के दिन शुक्रवार होने से वर्ष का राजा शुक्र बन जाता है। इस वर्ष नवरात्रि में तिथि घटी बढ़ी हुई है, लेकिन इसी पक्ष में द्वादशी तिथि घट जायेगी। शुक्र श्वेत वस्तुओं का मालिक होता है इसीलिए चावल अन्न आदि १०% अधिक होंगे। शुदी एकम् से चौथ तक बादल वर्षा जहां भी होगी, वहां वर्षा काल उत्तम, इस पक्ष में गर्म वायु चलकर पतझड़ जोर से जिस क्षेत्र में होगा वहां वर्षा अधिक होगी। इस पक्ष में बुध, शुक्र, शनि तीन ग्रह वक्र अवस्था में चलने शुरू हो जायेंगे। शुभ ग्रह वक्री मन्दा, पाप ग्रह वक्री तेज किया करते हैं। इसलिए चांदी, सोना, जस्ता, पीतल आदि धातु पदार्थों में चैत्र शुदी एकम् से पंचमी तक घटाबढ़ी रहकर बाद में जोरदार तेजी शुरू होगी, अतः अगाऊ सट्टे, बदनी के व्यापार में खरीददारी करें। शुदी सप्तमी से १ सप्ताह में जोरदार तेजी आयेगी। जल राशि में सूर्य, बुध, शुक्र चलने से वर्षा, वायु वेग होगा और खाद्यान्न की तेजी खत्म होकर जोरदार मन्दी आयेगी। शेयर, जूट, पाट, बारदाना, रुई आदि चैत्र शुदी दसमी के बाद तेज होंगे। इस पक्ष का विशेष चान्स तेजी में और मन्दी में तथा बायदे सट्टे के व्यापारों में चैत्र शुदी पंचमी को लास्ट घन्टी पर नजराने लगाना लाभदायक रहेंगे। शुदी दशमी से गुड़-खांड, चीनी आदि में जोरदार तेजी हाजिरी में और बदनी में चलेगी।

वैसाख—में ५ रविवार तिलहन, दलहन, गुड़-खांड में तेजी कारक, जूट, पाट, बारदाना, शेयर के भाव सम रहकर तेज, सोना, चांदी पर भी कोई जोरदार प्रभाव अवश्य ही होगा। लगते वैशाख तृतीया का क्षय जोरदार मन्दी गेहूं, चना, जौ, मटर आदि में करेगा। मामूली रियक्शन गुड़ में मन्दी का आयेगा और सरसों तेल आदि अलसी, अरहा, मूंगदाना में मेष संक्रांति शनिवारी, वैशाख बदी नवमी से प्रारम्भ होने के कारण जोरदार तेजी चमकेगी लेकिन गेहूं, मटर आदि में मन्दी आयेगी। वैशाख बदी चौदस को जब मार्गी बुध होगा इस दिन से आगे एक सप्ताह में जूट, पाट, बारदाना और धातु पदार्थ चांदी, सोना आदि में जोरदार तेजी आयेगी। वैशाख शुदी में मार्गी शुक्र पंचमी पर होने से चांदी के मार्केटों में जोरदार उछाला आयेगा। सारांश यह है कि इस माह में ५ शनिवार जोरदार तेजी कारक और अग्नि भय आदि उपद्रव विशेष से होंगे। तिलहन, गुड़, शेयर, जूट, पाट में वैशाख बदी सप्तमी को और बदी चौदस को तथा शुक्ल पक्ष में पंचमी को लास्ट घन्टी पर तथा पूर्णमासी को खग्रास चन्द्रग्रहण होने से बायदों के नजराने विशेष रूप से फलीभूत होंगे। लाल वस्तुओं तथा गुड़, खांड में जोरदार तेजी चमकेगी।

ज्येष्ठ—बदी पंचमी को मेषे बुध होने से १ सप्ताह में सर्वधातु तेज लेकिन गेहूं, चना, मटर, जौ में जोरदार मन्दी आयेगी। बदी दशमी मंगलवार को वृष संक्रान्ति तीस मुहूत धान्यादि भावों में समता आगे मंगलवारी चन्द्र दर्शन होने से तेल, घी, सरसों, चना, गुड़, खांड व धातु पदार्थों में जोरदार तेजी चलेगी। ज्येष्ठ कृष्णा एकादशी बुधवार को १ बजे तक चालू लाइनों के पिछले तीन दिनों के निचले भाव जिस वस्तु में न कटे उसमें जोरदार तेजी जानें। ज्येष्ठ शुदी में तीज को राष्ट्रीय ज्येष्ठ आरम्भ के दिन रमजान का महीना आरम्भ होगा और शुदी में अष्टमी का क्षय होना, खांड, जूट, पाट, सूत, कपड़ा, गुड़, कपास, गेहूं व लाल और काली वस्तुओं में तेजी होगी। शुदी सप्तमी को लास्ट घन्टी पर तेजी सरसों, तेल, गुड़, चांदी, सोना में होगी।

इसमें औषधियां तैयार करने की भिन्न-भिन्न विधियां, नाप तौल (ग्रेन, ड्राम, औंस, पौंड, मिनिम, सी० सी०, किलोग्राम, स्टोन, टीकपफुल, क्वार्ट, मन, सेर, तोले इत्यादि), ब्रिटिश फार्मेकोपिया में वर्णित औषधियों के भिन्न-भिन्न रूप (एक्टिा, ऐसिड्स इलिक्सर्स, ऐक्सट्रैक्ट्स, डिकौक्शन्स, लिनिमेन्ट्स, स्पिरिट्स टिंचर्स, सी प्स, ट्रेब्लेट्स इत्यादि), एम्प्यूल्स, बाथ्स, चेट्स, कैप्स्यूल्स, डूश, एनिमा, आइस बैग, पिग्मेन्ट्स इत्यादि का वर्णन, औषधियों को शरीर में प्रविष्ट करने के भिन्न-भिन्न तरीके, औषधियों की मात्रा निश्चित करना, परस्पर विरोधी गुण रखने वाली औषधियां, विस्फोटक संयोग, औषधियों की सेवन विधि, बच्चों के नुस्खे, बच्चों के लिए भिन्न-भिन्न औषधियों की मात्रा, औषधियों की घुलन-शीलता, भांति-भांति के लोशन तैयार करना, सैकड़ों पारिभाषिक शब्द, शरीर के विभिन्न अङ्गों पर विभिन्न औषधियों का क्या प्रभाव पड़ता है, भिन्न-भिन्न प्रकार के एमिडस, ऐक्वा, इमल्शन्स, लिनीमेन्ट्स, लिकर्स, लोशन्स, मिक्सचर्स, पाउडर्स इत्यादि तैयार करने के तरीके, तथा लगभग २००० एलोपैथिक पेटन्ट एवं साधारण औषधियों का वर्णन (मात्रा, मुख्य अवयव, गुण आदि) लिखा हुआ है। यह पुस्तक वैद्यों, हकीमों तथा ग्राम चिकित्सकों के लिये अनिवार्य और आयुर्वेदिक विद्यालयों के विद्यार्थियों तथा जन साधारण के लिए अत्युपयोगी है। आप इस पुस्तक की एक प्रति शीघ्र खरीदें पहला संस्करण केवल छ महीने में समाप्त हुआ

मोतीलाल बनारसीदास, प्रकाशक तथा पुस्तक विक्रेता

नैपाली खपरा (पो० बा० ७५) बनारस ८ चाँदनी चौक (पो० बा० १२८६) दिल्ली।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

में अशान्तिपूर्ण वातावरण बनेगा। कुछ देशों में आतंकवाद एक व्यापक नासूर के रूप में परेशानी का कारण बनेगा। १७, १८ एवं २१, २२ जुलाई को सूर्य से चन्द्रमा पांचवें एवं सातवें स्थान पर होगा एवं मंगल सूर्य से छठे स्थान पर होने से 'विस्फोटयोग' बनता है; इस योग का फल इस प्रकार लिखा है।—

"सूर्याद् द्विधु: पंचम-सप्तम: स्यात्। क्षोणीसुतो यदि तथारिगेहे।
दिग्दाह योगो मुनिना प्रदिष्ट:। स जात उल्का पतनादिकारी॥

अर्थात् कहीं प्राकृतिक उत्पात भीषण आँधी, तूफान एवं समुद्रतटवर्ती क्षेत्रों एवं देशों में अकस्मात् तूफान आने से जन-धन हानिकारक योग है। कहीं उल्कापात, अकालिक ओला गिरने आदि से कृषि को हानि पहुंचेगी। इस वर्ष कर्क एवं मकर संक्रान्तियां बुधवारी होने से कहीं अचिन्तित दुर्भिक्ष की स्थिति बनेगी एवं जून से अगस्त के मध्य किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का पद रिक्त होगा। खाड़ी के देशों में युद्ध भड़केगा; परस्पर युद्धाग्नि को उत्तेजित करने में किसी बड़े देश का हाथ होगा। श्रावण शुक्ल पक्ष में तिथिक्षय है, जिसका फल इस प्रकार लिखा है—"श्रावणे शुक्ल पक्षे च क्षीणा वापि तिथि र्भवेत्। तदैव कार्तिके मासि युद्धभंग: प्रजायते॥" आगे कार्तिक मास में विश्व के नेता का पद रिक्त होने का संकेत मिलता है। १३ से १५ एवं १६ से २६ अगस्त तक पुन: दिग्दाह योग बनता है, इस समयावधि में कहीं भूकम्प, तूफान, चक्रवात, एवं अन्यविविध प्राकृतिक प्रकोप से हानि होने का योग है। कहीं जन-धन हानि का समाचार मिलेगा। १८ अगस्त को राहु मीन राशि में दाखिल होगा; मंगल की राहु पर दृष्टि भी है। मीन राशि का फल शास्त्र में इस प्रकार लिखा है।—

"अस्मिन् संवत्सरे राहु: मीनस्थो प्रजा-। ...स्मिन् मासे भयं विद्यु द्दु:ख-कष्ट समागतम्॥
वर्षमेकं तु दुर्भिक्षं रौरवं परिकीर्तितम्। प्राप्ते त्रयोदशे मासे सुभिक्षमतुलं भवेत्॥"

मीनस्थ राहु कुछ क्षेत्रों में भयंकर दुर्भिक्ष का कारण बनेगा। एक वर्ष तक विश्व के लगभग ७० देशों में खाद्य समस्या अभी भी बनी रहेगी; अन्य देश अनाज देकर उन्हें जीवित रखेंगे। अगस्त के उत्तरार्ध में वृष अतिचारी हो रहा है; शास्त्रोक्त-फलानुसार विश्व के किसी देश के वरिष्ठ नेता का पद रिक्त होगा एवं किसी क्षेत्र विशेष में अराजकता का वातावरण बनेगा। कहीं दुर्भिक्ष की स्थिति बनेगी। ३० अगस्त को शुक्र-केतु की युति होगी और शुक्र-केतु पर शनि की दृष्टि भी है; टर्की, ईराक-ईरान एवं दक्षिण देशों में वातावरण अशान्त रहेगा। विश्व के इजराइल आदि अनेक देशों में मुद्रास्फीति बढ़ेगी। विश्व में मंहगाई बेरोजगारी बढ़ेगी। सितम्बर में राजनैतिक गतिविधियों में गतिरोध पैदा होगा। ८ अक्तूबर को बुध—प्लूटो की अशात्मक युति, १४ अक्तूबर को सूर्य-केतु, १६ अक्तूबर को बुध-शुक्र, २० को बुध-शुक्र एवं ३० अक्तूबर को सूर्य-प्लूटो की युति भी इस मास में विशेष घटनाकारक रहेगी। आर्थिक संकट बढ़ेगा, शनि की मंगल पर दृष्टि होने से कहीं युद्ध की चिनगारी सुलगेगी लेकिन युद्ध रूप धारण न कर सकेगी। १६ नवम्बर के बाद स्थिति में सुधार होगा। दिसम्बर में सूर्य-यूरेनस, मंगल-गुरु, बुध-शनि, बुध-यूरेनस, शुक्र-शनि एवं सूर्य-नेपच्यून की युति में भी विशेष घटनाएं घटित होंगी। यह मास अमरीका, चीन, जपान, अफगानिस्तान, फ्रांस, बंगला देश एवं पाकिस्तान में कोई ऐतिहासिक घटना घटेगी। किसी नेता का पद रिक्त होगा। कहीं सत्ता हस्तान्तरण भी होगा। सन् १९८७ ई. के प्रारम्भ में ही यूरेनस धनु राशि में आ जाता है। २ जनवरी को बुध-नेपच्यून की अशात्मक युति होगी, १५ जनवरी को शुक्र-शनि की अशयुति एवं २३ जनवरी को मंगल-राहु की अशयुति बहुत ही महत्त्वपूर्ण है, कहीं यान दुर्घटना एवं कहीं बर्फानी तूफान, कहीं भूकम्प व कहीं आगजनी की घटना में भयंकर जन-धन हानि होने का संकट है। कहीं भयंकर बाढ़ से भी विनाशलीला का दृश्य उपस्थित होगा। फरवरी के प्रारम्भ में बृहस्पति मीन राशि में मंगल राहु के साथ योग करेगा। मीन राशि के बृहस्पति का फल शास्त्र में इस प्रकार लिखा है।—

"मीने गुरौ फाल्गुने स्याद्दुत्तर: संभवोघन:। खण्डवृष्टिर्महर्घाणि सर्वधान्यानि भूतले॥
विविधा रोगपीड़ा च देशान्तरं व्रजेज्जन:। मासानां पंचकं यावत् भयंराज विरोधत:॥
पश्चात् सुखं सुनिश्चितं च शालिगोधूम शर्करा। तिल तैल गुड़ानां च महर्घत्वं समीरितम्।"

अर्थात् खण्डवृष्टि हो, सार्वदेशिक वर्षा की कमी रहे। सभी अनाज मंहगे हों, नानाविध रोगों से जनता में परेशानी रहे, किसी विशेष कारणवश किसी स्थान विशेष से लोग स्थानान्तरण करें, आगामी पांच मास तक वातावरण अशान्त रहे। तत्पश्चात् स्थिति में सुधार हो लेकिन तिल, तेल, गुड़, शक्कर, चावल, गेहूं में तेजी बनी रहेगी। ग्रहस्थिति के अनुसार ११ फरवरी को शुक्र और नेपच्यून की युति होगी। १३ फरवरी को प्लूटो वक्री हो जाता है तथा फरवरी के उत्तरार्ध से संवत् के अन्त तक बृहस्पति का अतिचारी होना एवं शनि-मंगल का षडष्टक भी विशेष अशान्त वातावरण को जन्म देगा। शुभ ग्रह का अतिचार विश्व के किसी देश के शासक के लिए अनिष्टकारक रहेगा। आगे संवत् के अन्त तक किसी देश विशेष के शासक के कालकवलित होने का योग है। फरवरी-मार्च का समय विश्व में अनिष्ट ऐतिहासिक घटनाओं वाला होगा। कहीं यान दुर्घटना, किंवा किसी प्रकार के प्राकृतिक प्रकोप से जन-धन हानि होगी। कहीं आन्तरिक अशान्ति से वातावरण क्षुब्ध होगा; कहीं युद्ध प्रक्रिया तीव्र होगी। संवत् के अन्तिम दिनों में शनि-मंगल का दृष्टि सम्बन्ध विश्व में संघर्षमय वातावरण से अशान्ति पैदा करने वाला है।

यूरोप के देश—यूरोपीय देशों की ग्रहस्थिति का सर्वेक्षण करने से ज्ञात होता है कि—यहां की ग्रह-स्थिति इस वर्ष 'कालसर्प योग' से प्रभावित है। तुला और वृश्चिक प्रभाव राशि वाले यूरोप के देशों के लिए समय विशेष उलझन पूर्ण रहेगा। ब्रिटेन, आयरलैण्ड, जर्मनी, फ्रांस, रोम, इटली, स्पेन, पश्चिमी जर्मनी, डैन्मार्क आदि में प्रधान-शासक को विषम स्थिति का सामना करना पड़ेगा। विश्व की प्रमुख यूरोपीय शक्तियों में विरोधी वातावरण अशान्ति का कारण बनेगा। रोडेशिया एवं आयरलैण्ड में अशान्ति का वातावरण बनेगा। अर्जेन्टीना, न्यूजीलैण्ड, इण्डोनेशिया, कांगो टांगानिका ब्राजील एवं दक्षिणी-अफ्रीका में भयंकर अशांति का साम्राज्य बनेगा। यूरोप के देशों में मुद्रास्फीति बढ़ेगी, बेरोजगारी के कारण जनमानस में विदेशियों के प्रति विद्रोह की भावना पैदा होगी। जिससे कुछ स्थानों पर हानि का भी योग बनता है। जून से सितम्बर तक की समयावधि में यूरोप के कुछ देश अन्य छोटे देशों के आन्तरिक समस्याओं में हस्तक्षेप करेंगे, स्थिति बिगड़ेगी।

यूरोपीय देशों की कुण्डली



३१ दिस.'८६ रात को १२ बजे

नामीबिया की स्वतन्त्रता अभी संदिग्ध है। वृश्चिक के शनि में यहां रक्त-क्रांति के आसार बनेंगे। ग्रह-स्थिति के अनुसार २ फरवरी सन् १९८७ के लगभग मीन राशि में बृहस्पति के आने पर नामीबिया के दक्षिण अफ्रीकी नस्लवादियों के क्रूरतापूर्ण व्यवहार से मुक्ति मिल सकेगी।

मीन के बृहस्पति में फरवरी १९८७ ई. से संवत् के अन्त तक का समय यूरोप के देशों के लिये संघर्ष एवं संकट पूर्ण है। कहीं किसी शासक के दुर्घटना ग्रस्त होने से शोक व्याप्त होगा। कहीं प्राकृतिक-प्रकोप से जन-धनहानि किंवा युद्ध के वातावरण से अशांति होगी। यूरोप के कुछ देश रंगभेद नीति कारण आन्तरिक अशान्ति के शिकार होंगे। पारस्परिक

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

स्वरूप कहीं रक्तपात एवं शासक-शासित में तनाव बढ़ेगा। अफ्रीकी देशों में इस कारण से विशेष अशांति का योग बनता है।

मुस्लिम देश—इस वर्ष मुस्लिम राष्ट्रों की कुण्डली में सारे ग्रह पहले वर्ष की तरह दाई ओर ही स्थित हैं। इस प्रकार मुस्लिम-राष्ट्र भी कालसर्पयोग के प्रभाव में हैं। गोचरस्थ ग्रह-स्थिति के अनुसार जनवरी १९८६ ई. से मार्च १९८६ ई. तक की समयावधि में अफगानिस्तान, फ्रांस, पाकिस्तान, बंगलादेश, ईराक, ईरान में संघर्षमय वातावरण बनेगा। कहीं आन्तरिक विद्रोह एवं कहीं देशों में परस्पर तनाव से स्थिति उलझेगी। अफ्रीकी गणराज्य के किसी उपनिवेश में आगे क्रांति सम्भव है। सम्वत् २०४३ में मई से अगस्त एवं फरवरी १९८७ ई. से संवत् के अन्त तक का समय विशेष रूप से मुस्लिम-राष्ट्रों के लिए नेष्ट फलप्रद सिद्ध होगा। खाड़ी का युद्ध भड़क सकता है। फिलस्तीनी गृह देशों में भी इस समय अशांति का वातावरण बनेगा। दक्षिण-पश्चिम अफ्रीकी देशों में खाद्य-समस्या खड़ी होगी। कहीं अकाल की स्थिति से जनता में अशांति का वातावरण बनेगा। पश्चिमी बेरुत पर शीया मुसलमानों का प्रभाव बढ़ेगा, बेरुत में आन्तरिक अशांति एवं जनधन हानि का योग है। लेबनान में भी शासन के विरुद्ध विरोधी पक्ष प्रबल होगा। फिलस्तीन में मुक्ति संगठन के नेता के लिए समय नेष्ट है, हत्या का प्रयास होगा। पाकिस्तान एवं बंगलादेश में प्रधान शासकों की नीति में नाटकीय परिवर्तन करने की घोषणा अप्रभावी होगी। बलूचिस्तान एवं सिन्ध के क्षेत्र में वृश्चिक के शनि में अशांति का वातावरण बनेगा। २ फरवरी सन् १९८७ ई. से सम्वत् के अन्त तक का समय पश्चिमी-यवन-राष्ट्रों के विशिष्ट-नेताओं के लिए अशुभ किंवा चिन्ता जनक है। कहीं अकस्मात् सत्ता हस्तान्तरण किंवा प्रधान नेता का पदरिक्त होने का भी योग है। इस अवधि में भूकम्प, समुद्री तूफान, चक्रवात व अन्य प्रकार के प्राकृतिक-प्रकोप से जनधन-हानि का भी योग बनता है। टर्की, यूनान, अरब गणराज्यों में भी अशांति कारक ग्रह-स्थिति है।

मुस्लिम देशों की कुण्डली



भारत एवं भारत सरकार

भारत सरकार का ३९वां वर्ष



१५ अगस्त १९८५ इष्ट २९।४५
(मा.स्टं.टा. १७।५२)

भारतीय गणतन्त्र का ३७वां वर्ष लग्न



इष्ट २१।२३ (१५ घं. ४९ मि. मा.स्टं.टा.)
२६ जनवरी सन् १९८६ ई.

स्वतन्त्र भारत के ४०वें वर्ष पर दृष्टिपात करने से पहले १४ अगस्त सन् १९८५ तक की ग्रह गति का अध्ययन करने के लिये हमें स्वतन्त्र भारत के ३९वें वर्ष लग्न पर विचार करना आवश्यक है। ३९वें वर्ष की ग्रह-स्थिति के पर्यवेक्षण से स्पष्ट ज्ञात होता है कि, सप्तमभाव स्थित चन्द्र, मंगल, सूर्य-बुध भारत का भविष्य गरिमामय बनाते हैं।

भारत आत्म-निर्भर एवं सुदृढ़ राष्ट्र बनेगा

३९वें वर्ष की ग्रह-स्थिति के आधार पर सप्तमभावस्थ उच्चशनि का बैकंटेश केतु के साथ सम्बन्ध देश में आत्मनिर्भरता एवं सुदृढ़ शासन सत्ता के संकल्प को जन्म देता है। भारत की प्रभाव राशि मकर का स्वामी उच्चस्थ शनि देश में विषमता, शोषण, सामाजिक अन्याय एवं गरीबी दूर करने की समाजवाद की भावना को जन्म देगा। जिससे भारतीय संविधान के प्राणभूत मनु जी का समाजवाद आगामी दशाब्द में भारत में भी मूर्तिमान होता नजर आएगा—

"यावद् भ्रियेद्धि जठरं तावत् स्वत्वं हि देहिनः।
अधिकं योऽभिमन्येत स स्तेनो दण्डमर्हति ॥" (मनुस्मृति)

मनुजी के अनुसार, आवश्यकता से अधिक पाने वाला व्यक्ति चोर है, दण्डनीय है। भारत वर्ष के आगामी दशकों की ग्रह-स्थिति भारत को आत्म-निर्भरता की ओर प्रेरित करती है। साथ ही ग्रह-स्थिति मनुजी के साम्यवाद की ओर भी ले जाने वाली है। गांधी-वाद की सादगी एवं अर्थव्यवस्था के विकेन्द्रीकरण से इस वर्ष कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा। इस प्रकार भारत के ग्राम भी प्रगति की ओर उन्मुख एवं आत्म-निर्भर होंगे।

सितम्बर १९८५ के मध्य से शनि वृश्चिक राशि में आकर मकर राशि पर दृष्टिपात करेगा। भारत के शासक कुछ विदेशी समस्याओं एवं पड़ोसी देशों से पैदा की गई परिस्थितियों एवं उलझनों से कुछ परेशान होंगे। वृश्चिक के शनि में कुछ विदेशी समस्याओं पर मध्यस्थता करने से देश को शांति के क्षेत्र में यश प्राप्त होगा। प्रधान नेता को एतदर्थ विशेष सम्मान भी प्राप्त होने का योग है। इस वर्ष भारत की विदेश नीति में सफलता के कारण भारत को अक्षुण्ण यश प्राप्त होगा। महंगाई रोकने के लिये बहुमुखी नई योजनायें कार्यान्वित होंगी। धनेश शनि के मंगल की राशि (वृश्चिक) में आने पर सरकार उदारवादी नीति को तिलाञ्जलि दे देगी और कालाधन, चोर बाजारी आदि को समाप्त करके स्वच्छ सुन्दर प्रशासन देने के लिये विशेष पग उठाने पड़ेंगे। विशेष दण्डनीति का निर्धारण करना पड़ेगा जिससे आर्थिक दृष्टि से दलितवर्ग को राहत मिलेगी। भूख और कुपोषण पर विजय पाने के लिये भारत सरकार सक्रिय पग उठायेगी। इस वर्ष सन् १९८६ ई. की ग्रह-स्थिति के अनुसार केन्द्रीय सरकार द्वारा कई क्रांतिकारी संशोधन होंगे। भू-संरक्षण एवं भूमिसुधार के लिये विशेष क्रियात्मक पग उठाने पड़ेंगे। कृषिकर्मियों को विशेष सुविधायें मिलेंगी, जन-जीवन में भूपति एवं भूमिहीन व्यक्तियों में भारी असमानता को दूर करने के लिये भी विशेष कानून लागू होंगे। विकास की जटिलताओं की ओर सरकार का विशेष ध्यान होगा। 'गरीबी हटाओ' इस घोषणा को नया रूप देकर आगामी दशक में इसे साकार रूप मिल जायेगा। भारत सुदृढ़ राष्ट्र बनेगा।

जनवरी १९८६ से मार्च १९८६ तक का समय भारत के लिये काफी कठिनाइयों वाला है। इस अवधि में शनि-मंगल का एक राशि सम्बन्ध सीमा प्रान्तों पर कहीं भयंकर अशांति का कारण बन सकता है। सीमावर्ती देश पाकिस्तान, चीन, लंका, एवं बंगलादेश की गतिविधि से सावधान रहना देश के हित में आवश्यक है। लद्दाख क्षेत्र में पाक एवं चीन की मिलीभगत से पाकिस्तान सीमा प्रान्त पर किसी विशेष पहलू को लेकर विवाद खड़ा कर

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सकता है। अतः इस अवधि में भारतीय सैन्यबल को सन्नद्ध रखना होगा। सं. २०४३ में भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में राज्यों के सीमा विवाद और आक्रामक क्षेत्रवाद के कारण कहीं अशांति का वातावरण बनेगा। पाकिस्तान की साइलिन पर स्वस्थ स्थापित करने की लालसा उसे मंहगी पड़ेगी। काश्मीर समस्या इस वर्ष पुनः सिरदर्द बनेगी। आतंकवादियों द्वारा काश्मीर में अवैध घुसपैठ को रोकने के लिये बल का प्रयोग करना पड़ेगा। सीमाक्षेत्रों पर पाक सैनिकों की गतिविधि तीव्र होगी। परिणामस्वरूप भारतीय सैन्यबल को सीमा प्रांतों पर तैयार रखना पड़ेगा।

सं. २०४३ में मई से सितम्बर तक का समय विशेष महत्त्वपूर्ण एवं घटनापूर्ण होगा। ७ मई को बुध-राहु की युति एवं २३ मई को सूर्य-बुध की युति होगी। मई मध्य में बुध अतिचारी एवं शनि वक्री है। इस प्रकार सारी ग्रह-स्थिति मई में किसी दुर्घटना से हानि की सूचक है। कहीं आगजनी से जनधन हानि का समाचार मिले। कहीं दुर्भिक्ष का वातावरण बने। जून में कहीं चक्रवात, आंधी, तूफान से हानि होगी। जुलाई में मंगल, बुध, गुरु, शनि एवं राहु-केतु—ये ग्रह वक्री हैं। यह ग्रह-स्थिति किसी अघटित घटना को जन्म देगी। कुम्भ राशिस्थ बृहस्पति जब वक्री होता है तब प्रधान नेता के सामने राष्ट्रीय उलझनें खड़ी होती हैं परन्तु उन्हें सुलझाकर उसे विशेष सम्मान, यश एवं गौरव प्राप्त होता है—

"कुम्भराशिगतो जीवः करोति यदि वक्रताम्।
आरोग्यं सर्वस्वस्यत्वं राज्ञां श्रीजय संभवः॥"

इस शास्त्र-वाक्यानुसार, जुलाई में राष्ट्रीय गतिविधि में विशेष सुधार एवं संशोधन होंगे। विशेष आचार संहिता के आधार पर आतंकवाद-कालाधन एवं चोराबजारी समाप्ति की तथा राष्ट्रीय चेतना में नवजीवन फूंक देने की प्रक्रिया तीव्र होगी। राष्ट्र में नई जागृति आयेगी। देश में आन्तरिक अस्थिरता का युग समाप्त होने की आशा बंधेगी; लेकिन देश में आन्तरिक अस्थिरता को दूर करने के लिये अभी समय अवश्य लगेगा ऐसा ग्रह गति से संकेत मिलता है। जुलाई में दिग्दाहयोग बनता है, इस योग का प्रभाव व्यापारिक क्षेत्र पर पड़ेगा। ऋतु-विपर्यय एवं आकस्मिक उल्कापात किंवा तूफान, भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप से हानि होगी। २३ जुलाई को सूर्य-बुध की अंशात्मक युति कहीं आगजनी की घटना से हानि होने का संकेत देती है। जून से सितम्बर के मध्य भारत सरकार व्यापारिक क्षेत्र में विशेष सुधार एवं हस्तक्षेप करेगी, मंहगाई को रोकने के लिये नये क्रान्तिकारी पग उठाये जायेंगे, मुद्रास्फीति एवं चोरबजारी, मिलावट आदि के उन्मूलनार्थ नई योजनायें कार्यान्वित होंगी। कुछ क्षेत्रों में राष्ट्रीयकरण के आसार भी बनेंगे।

श्रावण शुक्ल पक्ष में तिथिक्षय कहीं किसी नेता के पद रिक्त होने का संकेत देता है। १८ अगस्त को राहु मीन राशि में आकर राष्ट्रीय अर्थ व्यवस्था को प्रभावित करेगा। आर्थिक स्थिति में उलझन आने में गति की प्रक्रिया कुछ मन्द पड़ेगी, लेकिन शीघ्र ही भारत आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होगा। परमुखापेक्षी रहना अब अधिक समय तक नहीं चलेगा। मीन के बृहस्पति में भारत में आश्चर्यजनक प्रगति होगी। इस अवधि में भारत में क्रान्तियुग का सूत्रपात होगा। जिससे विश्व के देश आगे भारत को प्रतिष्ठा देंगे। राष्ट्रीय उपग्रह योजना सन् १९८७ को प्रारम्भ होकर भारत को आन्तरिक विज्ञान में यश प्रदान करेगी। सन् १९९०-९१ के लगभग भारत अन्तरिक्ष युग में अपना प्रतिष्ठापूर्ण स्थान पा लेगा। खनिज उत्पादन में भारत के आत्मनिर्भर बनने का युग प्रारम्भ हो गया है। आगामी दशक में खनिज उत्पादन में भी भारत विश्व के मान चित्र में अपना प्रमुख स्थान बना लेगा।

ज्योतिष शास्त्र पर निष्ठा न रखने वाले व्यक्ति यह नोट कर लें कि, इक्कीसवीं शताब्दी प्रारम्भ होने से पूर्व ही भारत की विश्व की महानतम शक्तियों में गणना होने लगेगी। खनिज उत्पादन, आन्तरिक विज्ञान में प्रगति, अणु ऊर्जा शक्ति के क्षेत्र में भारत आश्चर्यजनक रूप से प्रगति करेगा। भारत एक समृद्ध शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में अपने गणतन्त्र की भावना को अक्षुण्ण बनाये रखेगा। भाद्रपद कृष्ण पक्ष में (अगस्त के उत्तरार्ध में) बुध अतिचारी हो रहा है, किसी दुर्घटना में प्रतिष्ठित व्यक्ति का पद रिक्त हो किंवा दुःखद घटना घटे। २६ सितम्बर को मंगल मकर राशि में आकर शनि दृष्ट है, २८ सितम्बर को बुध-केतु की युति भी हो रही है, परिणामस्वरूप, सितम्बर के उत्तरार्ध में यान दुर्घटना में जन-धन हानि होगी। आगे ८ अक्तूबर से नवम्बर तक के मध्य होने वाली अंशात्मक युतियों का प्रभाव भी नेष्ट फलप्रद है। कहीं दुर्घटना में हानि, देश के उत्तर-पूर्वी राज्यों में अशान्ति हिंसा की घटनायें घटें। सीमान्त क्षेत्रों में सतर्कता अनिवार्य है। पाक सैनिकों एवं सैनिक गुप्तचरों की गतिविधि बढ़ेगी; कोई क्षेत्र विवाद का विषय बन सकता है। १३ नवं. को सूर्य-बुध संक्रमण का प्रभाव भी शुभ-फलप्रद नहीं। वर्षा का अभाव, राजनीतिज्ञों में परस्पर वैमत्य फूट पड़े, मित्रराष्ट्रों की संधिवार्ताएं टूटें, किसी बात पर मित्रराष्ट्रों में संघर्ष का वातावरण भी बने। दिसं. के उत्तरार्ध से जन. ('८७ ई. तक) सूर्य-यूरेनस, बुध-शनि, बुध-यूरेनस एवं २५ दिसम्बर को शुक्र-शनि की युति भी देश में अवांछित घटना को जन्म देगी। आतंकवाद से कहीं पुनः अशान्ति बढ़ेगी, हत्याकाण्ड की घटनाएं भी होंगी। शासन को शान्त्यर्थ कठोर पग उठाने होंगे। विदेशी ताकतें प्रच्छन्नरूप से घात में रहेंगी। दक्षिणी अमरीका के उत्तर-पश्चिमी भागों में भारत विरोधी योजनायें बनेंगी। इस समय सीमा प्रान्तों पर दृढ़ रहना होगा। भारत को उत्तर-पूर्वी राज्यों के संगठनों पर विशेष नजर रखनी होगी। राहु-मंगल का योग कहीं युद्धमय वातावरण को जन्म देगा। किसी भाग में अकाल की छाया दिखाई देगी। दिसम्बर से जनवरी अन्त तक यान दुर्घटना में भारी जनधन हानि का योग बनता है। फरवरी १९८७ को बृहस्पति मीन राशि में प्रविष्ट होगा। इस समय शासन किसी आन्तरिक समस्या को सुलझाने का एवं देश में शान्ति का वातावरण स्थापित करने का प्रयत्न दृढ़तापूर्वक करेगा। फरवरी के अन्तिम दिनों से संवत के अन्त तक बृहस्पति अतिचारी रहता है। शुभ ग्रह का अतिचार देश के वरिष्ठ शासकों के लिये शुभ नहीं माना गया। इस समय सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत एवं सचेत रहना चाहिये। भारतीय गणतन्त्र के ३७वें गणतन्त्र की कुण्डली में ग्रह-स्थिति का परिशीलन करने से ज्ञात होता है कि—यह वर्ष गणतन्त्र के प्रधान पदों के लिये विशेष उलझन पूर्ण एवं कष्टमय है। सप्तम भाव खलयुत-खलाक्रान्त होने से प्रधान पुरुषों में परस्पर विचार वैमत्य भी सम्भव है, परिणामस्वरूप कुछ संवैधानिक समस्यायें उत्पन्न होंगी। लेकिन वरिष्ठ नेता के विवेक एवं सन्तुलित प्रज्ञा के कारण मीन के बृहस्पति में सभी समस्यायें हल होकर देश प्रगति की ओर उन्मुख होगा।

भारत का अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार—इस वर्ष सम्वत् के उत्तरार्ध में व्यापारिक क्षेत्र में विशेष परिवर्तन-परिवर्धन होंगे। भारत एवं फ्रांस में मैत्रीपूर्ण सम्बन्धों में उत्तरोत्तर वृद्धि होगी। व्यापार एवं सहयोग के नये क्षेत्र खुलेंगे। रूस एवं अफ्रीकी देशों के साथ भी सम्बन्ध दृढ़ होंगे। जापान, कनाडा से भी व्यापारिक सम्बन्ध बढ़ेंगे। ऊनी, रेशमी कपड़े, इञ्जीनीयरिंग का सामान, तम्बाकू एवं चमड़े के व्यापार से विदेशी मुद्रा का उपार्जन होगा।

भारत की जलवायु एवं वर्षा—यह सम्वत् वर्षा की दृष्टि से प्रायः ठीक रहेगा। २८ अप्रैल से जून मध्य तक जोरदार गर्मी पड़ेगी। २२ जून से ५ जुलाई तक वर्षा का योग है। ६ से १६ जुलाई तक तूफान के साथ कहीं खण्डवृष्टि हो। परन्तु वायुवेग के साथ बादल

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

उठेंगे। जुलाई प्रथम सप्ताह के बाद मंगल-बुध-गुरु-शनि ये ग्रह वक्री चलते हैं। अगस्त के प्रारम्भ तक यह स्थिति कहीं वर्षा के अभाव से व कहीं भारी वर्षा से हानि की सूचक है। प्रायः इन दिनों वर्षा की भारी कमी अनुभव होगी, कृषक चिन्तित रहेगा। अगस्त के पूर्वार्ध में उत्तर-पूर्वी भागों में वर्षा होगी। १८ अगस्त को मीन राशि का राहु कहीं आकाशीय बिजली गिरने से हानि करेगा। २६, २८, ३१ अगस्त को वर्षा होगी। सितम्बर के उत्तरार्ध में हिमाचल के उत्तुंग शिखरों पर हिमपात के समाचार मिलेंगे एवं ऋतुविपर्यय अनुभव होगा। दिसम्बर एवं जनवरी में वर्षा होगी, हिमाचल में भारी बर्फ गिरेगी, शीत लहर चलेगी।

भारत के कुछ प्रान्तीय राज्यों की ग्रह-स्थिति का अध्ययन

पंजाब—इस प्रान्त की प्रभाव राशि मीन है। वृश्चिक में शनि के आने पर पंजाब में लोकप्रिय सरकार बनेगी। यहां लोकसभा एवं राज्यसभा के निर्वाचनों में कांग्रेस (इ) को बहुमत प्राप्त न होगा। विधानसभाई चुनावों में अकालीदल बहुमत प्राप्त करके मन्त्रिमंडल बनायेगा। अकालीदल प्रधान यह सरकार स्थिति पर नियन्त्रण पाने में अनन्तः असफल रहेगी। आपसी विरोध एवं फूट के कारण यह सरकार अपनी अवधि पूर्ण न कर सकेगी। २४ जुलाई को प्रधानमन्त्री एवं अकालीदल के मध्य समझौते पर हस्ताक्षर सायं पौने छः बजे धनु लग्न में हुये थे। इस समय शनि-मंगल का दृष्टि सम्बन्ध शुभ नहीं। यह समझौता चिरकाल तक चलने वाला नहीं—ऐसा ग्रहस्थिति से संकेत मिलता है। पंजाब में कृषि, अर्थ-व्यवस्था एवं औद्योगिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। पंजाब के सीमा प्रान्तों पर शत्रुदेश की गतिविधि से सावधान रहना चाहिये। मीन में राहु के आने पर अगस्त के बाद सम्वत् के अन्त तक यहां उग्रवादी पुनः कुछ सक्रिय होंगे। प्रधान शासक को विषमतम परि-स्थिति का सामना करना होगा। सीमा प्रान्तों पर विशेष नजर रखनी होगी क्योंकि विदेशी तत्वों की घुसपैठ से स्थिति पर नियन्त्रण पाना सम्भव न होगा। राजनैतिक हत्यायें भी होंगी।

हरियाणा—इस प्रान्त की प्रभाव राशि मिथुन है। सत्तारूढ़ पार्टी का प्रभाव बढ़ेगा। प्रान्त की प्रगति एवं राजनैतिक दृष्टिकोण से यह वर्ष कुछ उलझन पूर्ण अवश्य है। प्रान्त की सीमा सम्बन्धी उलझन का हल निकलेगा। नवीन सुन्दर निर्माण कार्य में व्यय होगा। फरवरी से पूर्व इस प्रान्त में विशेष प्रगतिप्रद योजनायें कार्यान्वित होंगी। इस प्रान्त की आर्थिक स्थिति सुधरेगी। हरियाणा के अन्दरूनी क्षेत्र में पेयजल की समस्या भी हल होगी। प्रधान नेता का प्रभाव यथावत् बना रहेगा।

हिमांचल प्रदेश—प्रभाव राशि मीन है। अगस्त से पूर्व यहां प्रगतिप्रद योजनायें बनेंगी। लेकिन कार्यान्वित करण में आर्थिक समस्या खड़ी होगी। आगामी दो वर्षों में हिमांचल अन्तरिक्ष-युग में प्रवेश करेगा। विशेष महत्वपूर्ण भू-उपग्रह केन्द्रों की स्थापना होगी। यह वर्ष एवं आगामी वर्ष हि. प्र. के लिये क्रांतिकारी योजनाओं वाला होगा। अगस्त के बाद यहां मन्त्रिमण्डल में कुछ उलटफेर किंवा विस्तार होगा। मीन के बृहस्पति में (सम्वत् १९८७ प्रारम्भ से) हिमांचल में विशेष प्रगति होगी। विद्युत उत्पादन में विशेष प्रगति होगी, एतदर्थ नई योजनायें बनेंगी। बागवानी में विशेष अनुसंधान एवं फलों के उत्पादन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। वृश्चिक राशि का शनि इस प्रान्त की आर्थिक स्थिति को उत्तरोत्तर सुधारेगा। प्रान्त में औद्योगीकरण जोर पकड़ेगा। आगामी दशक में यह प्रान्त प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र बन जायेगा। यह वर्ष इस प्रांत के लिये उत्तम है।

उत्तर-प्रदेश—प्रभाव राशि धनु है। प्रभाव राशीश बृहस्पति शनि की राशि में है। मई से अगस्त तक ग्रहों की वक्री गति की प्रधानता के कारण प्रधान शासक को कठिन परि-स्थिति का सामना करना पड़ेगा। अगस्त से राहु एवं बृहस्पति का राशि सम्बन्ध यहां के मन्त्रिमण्डल में उलट-फेर या मन्त्रिमण्डल में विस्तार की सूचना देता है। अगस्त से अक्टूबर तक प्रदेश के किसी भाग में तूफान, बाढ़, भूकम्प, महामारी किंवा अन्यविध प्राकृतिक प्रकोप से हानि होगी। कुछ बड़े नगरों में अग्निकांड, तूफान, हड़ताल, खेराब आदि की घटनायें भी होंगी। फरवरी १९८७ में मीन में बृहस्पति के आने पर अनेक समस्याओं का समाधान होगा।

मध्य-प्रदेश—यह प्रान्त वृष राशि के प्रभाव क्षेत्र में है। प्रभाव क्षेत्र शनि से दृष्ट होने से यहां के शासन तन्त्र में गतिरोध पैदा होगा। उपेक्षित क्षेत्रों के विकासार्थ नई योजनायें बनेंगी। लघु उद्योगों में प्रगति होगी। प्रधान शासक को विषम परिस्थिति का सामना करना पड़ेगा, प्रधान पद में परिवर्तन का योग है। दिसम्बर से जनवरी १९८७ तक का समय एवं इससे पूर्व जून से अगस्त १९८६ तक का समय इस प्रान्त के लिये नेष्ट है।

राजस्थान—प्रभाव राशि कर्क है परन्तु मारवाड़ का कुछ क्षेत्र तुला राशि के प्रभाव प्रभाव क्षेत्र में आ जाता है। सम्वत् का पूर्वार्ध इस प्रान्त की योजनाओं में बाधक ग्रह-स्थिति वाला है। जून से अगस्त तक मंगल-बुध-गुरु-शनि का वक्र होना यहां की राजनीति में कुछ उलट-फेर कर सकता है, मन्त्रिमण्डल में कुछ विस्तार भी होगा। इस अवधि में भूकम्प, तूफान, बाढ़, किंवा अकाल से जनजीवन क्षुब्ध होने का योग भी है। पाक से लग रही सारी सीमा पर कड़े सुरक्षा प्रबन्ध रखने होंगे। विदेशी तत्वों की घुसपैठ से कहीं अशांति हो। मीन राशि के बृहस्पति में (जनवरी १९८७ के बाद) यहां का वातावरण ठीक होगा, समस्याओं का समाधान होगा। रेगिस्तान किंवा मारवाड़ के क्षेत्रों की प्रगति के लिये समय उत्तम रहेगा।

दिल्ली—वृष प्रभाव राशि है। वृश्चिक के शनि की वृष राशि पर पूर्ण दृष्टि है। जून से अगस्त तक का समय प्रधान नेता के लिये अग्नि-परीक्षा का है। प्रधान नेता अपने विवेक एवं बुद्धिबल से सारी समस्याओं को पार कर लेंगे। प्रधान नेता की प्रतिष्ठा उत्तरो-त्तर बढ़ेगी। लेकिन वृश्चिक राशि के शनि की अवधि में (अर्थात् दो वर्ष तक) प्रधान नेता को आत्मरक्षार्थ विशेष सावधान रहना होगा।

प्रधानमन्त्री श्री राजीव गांधी का जन्मांग



यद्यपि प्रधानमन्त्री श्री राजीव जी का जन्माङ्ग अभी विवादास्पद रहा है फिर भी ज्योतिष शास्त्र के नामाक्षर ग्रह वर्गेश्वर रूप के नियमानुसार एवं घटना क्रम के आधार पर सिंह लग्न ही सही मालूम होता है।

इस जन्माङ्ग के आधार पर लग्नस्थ पंचग्रही योग प्रधानमन्त्री को मायामोह एवं स्वार्थ से दूर रहकर देश हितार्थ सर्वस्व न्यौछावर कर देने की प्रेरणा करता है। भारत को उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाने वाली ग्रह-स्थिति है। कुम्भ के बृहस्पति में आपको अन्तर्राष्ट्रीय जगत् में विशेष यश प्राप्त होगा। लेकिन वृश्चिक के शनि में देशद्रोही व्यक्तियों से सावधान रहें—यह आवश्यक है। इस वर्ष जून से फरवरी '८७

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

तक का समय भी अग्नि-परीक्षा का है। आगामी २० वर्ष आपके लिये राजयोग कारक है। तत्पश्चात् मिथुन का शनि विशेष ऐतिहासिक घटनाक्रम को जन्म देगा और राजनीति में आप स्वत: निवृत्त-से हो जायेंगे।

आसाम—ग्रह-स्थिति के अनुसार राज्य के विशेष विकास हेतु, अन्य सम्पत्ति का उपयोग होगा। किसी सीमावर्ती प्रान्त से सीमा विवाद रहे। भू-सुधार के लिए विशेष योजना बनेगी। विदेशी नागरिकों की समस्या पुन: कुछ सिरदर्द बनेगी, लेकिन समस्या तुरन्त हल होगी।

केरल—अगस्त के बाद सरकार में परिवर्तन होगा। त्रिपुरा में उग्रवादी जोर पकड़ें।

बिहार—शनि की दृष्टि एवं राशि सम्बन्ध के अनुसार शासक वर्ग से जनता असन्तुष्ट रहेगी। विरोध में आन्दोलन घेराव एवं अन्य उपद्रव होंगे। लूटपाट, डकैती बलात्कार आदि की घटनायें अधिक होंगी। अष्टाचार कैंसर की तरह सर्वत्र फैलता नजर आयेगा। इस वर्ष यहां के प्रधानपद में परिवर्तन का योग है।

महाराष्ट्र—प्रभाव राशि वृश्चिक है। शनि के प्रभाव में यह राज्य विशेष संघर्षों में से गुजरेगा। किसी क्षेत्र में भयंकर प्राकृतिक-प्रकोप से भीषण जनधन हानि होने का भी योग है। प्रधान-नेता को कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ेगा। अचानक मन्त्रिमण्डल में परिवर्तन होगा। आर्थिक संकट के कारण विकासशील योजनाओं को क्रियान्वित करने में बाधा आयेगी।

बंगाल—प्रभाव राशि मकर है। शनि की पूर्ण दृष्टि प्रभाव राशि पर है। जून से अगस्त तक का समय उलझन पूर्ण है। आगे मार्च १९८७ ई. से भी समय इस प्रान्त के लिये नेष्ट है। कहीं अकाल का वातावरण बनेगा, कहीं प्राकृतिक-प्रकोप से हानि होगी। शासक-दल परेशान रहे, विशेष परिवर्तन हों।

जम्मू काश्मीर—प्रभाव राशि तुला है। अब शनि के प्रभाव से कुछ मुक्ति मिली है। सम्वत् के प्रारम्भ के लगभग ही मन्त्रिमण्डल भंग होने का योग है। केन्द्र का नाटकीय परिवर्तन अप्रत्याशित होगा। जून से अगस्त तक केन्द्र ने शनि लिस्ट तत्वों को एकत्र करके स्थायी सरकार बनाने का प्रयत्न करेगा। पुन: अनुभवी लोकप्रिय प्रधान नेता को पद प्राप्त होगा, व्यवस्था में सुधार होगा। यहां सीमा प्रान्तों पर सुरक्षा व्यवस्था को दृढ़ बनाना होगा। अन्यथा विरोधी देश की कुदृष्टि से हानि भय है।

विश्व के कुछ प्रमुख राष्ट्र

अमेरिका—प्रभाव राशि मिथुन है। कुम्भ राशि का बृहस्पति इस देश की प्रतिष्ठा को बढ़ायेगा। यह वर्ष प्रधान नेता के स्वास्थ्य के लिये कष्टप्रद है। दूसरे देशों की स्वतन्त्रता लड़ाइयों में अमेरिका सक्रिय भाग लेगा। शस्त्रास्त्र देकर विश्व शांति को भंग करने का प्रयास बना रहेगा। निकारगुआ की समस्या को लेकर रूस के साथ झगड़ा बढ़ेगा। परन्तु धनुराशि में शनि के आने पर यह समस्या यथावत् बनी रहेगी। विश्व में प्रतिष्ठा बढ़े एवं विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति होगी।

रूस—प्रभाव राशि कुम्भ है। यह वर्ष इस राष्ट्र के लिए विशेष प्रतिष्ठा देने वाला है। सम्वत् के आरम्भ से पूर्व ही अमेरिका के साथ सम्बन्ध कुछ सुधरने के आसार बनेंगे। लेकिन किसी विशेष पहलू को लेकर पुन: गतिरोध पैदा होगा। सोवियत सत्ता केन्द्र में विशेष उथल-पुथल का योग नहीं। रूस में क्रियात्मक परिवर्तन होंगे। भारत के साथ विशेष मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध रहेंगे।

चीन—प्रभाव राशि तुला है। इस वर्ष यहां की युवाशक्ति का अभ्युदय होगा। युवा शक्ति कम्युनिष्ट पार्टी और प्रशासन की बागडोर संभालेगी। ग्रह-गति के अनुसार चीन में विशेष परिवर्तन के संकेत मिलते हैं। माओवाद की खटिया उठ जायेगी, रूस के साथ तनाव-पूर्ण सम्बन्धों में कुछ सुधार होगा। अणुशक्ति सम्पन्न यह देश प्रच्छन्न रूप से भारत के उग्रवाद को बढ़ावा देगा।

ब्रिटेन—प्रभाव राशि मेष है। आयरलैण्ड में अशांति बढ़ेगी। सरकार-विरोधी शक्तियां सिर उठायेंगी। एशियाई मूल के लोगों को विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। किसी विशिष्ट व्यक्ति का निधन होगा। भारत विरोधी तत्वों को प्रच्छन्नरूप से शरण देगा। दिसं.'८६ से अप्रैल'८७ तक का समय यहां के प्रधान पद के लिए उलझन पूर्ण है।

पाकिस्तान—प्रभाव राशि कन्या है। यहां की राजनीति में इस वर्ष नाटकीय परिवर्तन होंगे। अक्टूबर १९८५ से मार्च १९८६ के अन्दर यहां कुछ विशेष घटना घटेगी। जिससे यहां के शासन तन्त्र में विशेष परिवर्तन होंगे। आन्तरिक स्थिति विस्फोटक बनेगी। सैनिक विद्रोह का खतरा बढ़ेगा। फौजी शासन के उठने का आसार मृगतृष्णा मात्र होगा। युद्ध की तैयारी एवं शस्त्र-भण्डारण की प्रवृत्ति बढ़ेगी। सितम्बर १९८६ के लगभग अणु-शक्ति में विशेष प्रगति होगी। परमाणु शक्ति बनने के स्वप्न दिखाई देने लगेंगे।

उत्तर-पश्चिमी सीमा पर स्थिति को अशान्त बनायेगा। किसी दूसरे देश की समस्या को लेकर किसी अन्य देश से उलझना आगे मंहगा पड़ेगा। यहां शिया-सुन्नी विवाद जोर पकड़ेगा। उत्तर-पश्चिमी सीमा पर विध्वंसकारी तत्वों की घुसपैठ से गृहयुद्ध जैसी स्थिति बन सकती है। साइचिन समस्या को लेकर भारत से सम्बन्ध अशांति कारक होंगे।

पाठको! अतकर्य भविष्य देखने की क्षमता इस कलियुग में कठिन ही है। पुनरपि ज्योविज्ञान रत्नधा एवं श्री प्रभुकृपावशात् राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय जो शुभाशुभ घटनायें अल्पविषया मति में स्फुरित हुई हैं, आपके समक्ष उपस्थित कर दी गई हैं। आगे कर्तुमकर्तु-मन्यथाकर्तुं समर्थ, भविष्य के निर्धारक स्वयं प्रभु ही है। उनकी प्रबल माया-शक्ति के सम्मुख मुझ जैसे अल्पज्ञ की भविष्य लेखन में प्रवृत्ति बालचापल्य ही तो है।

"तत्वं जानेश्वरो वेत्ति नाहं वेद्मि कदाचन।"

शुभ चिन्तक—

इन्दु शेखर शर्मा

श्री मार्कण्ड भवन कुरावली

७ सितम्बर १९८५

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अंग-स्फुरण-फलम्

पुरुषों का दायां अंग और स्त्रियों का बायां अंग फरकना शुभ है।
मस्तक का स्फुरण (फड़कना) स्त्री पुरुष दोनों के लिए शुभ है।

स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्
मस्तक	पृथ्वीलाभ	वक्षःस्थल	विजय	ओष्ठ	प्रियवस्तु
ललाट	स्थानलाभ	हृदय	इष्टसिद्धि	हनु	महाभाग
स्कन्ध	भोगसमृद्धि	कटि	प्रमाद	कण्ठ	ऐश्वर्यलाभ
भ्रूमध्य	सुखप्राप्ति	कटिपार्श्व	प्रीति	ग्रीवाधः	शत्रुभय
भ्रूयुग्म	महत्सौख्य	नाभि	स्त्रीनाश	पृष्ठ	पराजय
कपोल	शुभाप्ति	आंत्रिक	कोषवृद्धि	मुख	मित्रप्राप्ति
नेत्र	धनाप्ति	भग	पतिप्राप्ति	भुज	मधुरभोजन
नेत्रकोण	लक्ष्मीलाभ	कुक्षि	सुप्रीति	भुजमध्य	धनागम
नेत्रसमीप	प्रियसंगम	उदर	कोषलाभ	बस्तिदेश	अभ्युदय
नेत्रपक्ष्म	राज्यलाभ	लिंग	स्त्रीलाभ	ऊरु	वस्त्रलाभ
हस्त	सद्द्रव्यलाभ	गुदा	वाहनलाभ	जानु	शत्रुवृद्धि
नेत्रोर्ध्व	विजय	वृषण	पुत्रलाभ	जंघा	स्वामीप्रीति
पादोपरि	स्थानलाभ	पादतल	नृपत्व-बुद्धि		

इन्हीं अंगों में तिल, लसन, मस्सा हो व खुजली उठे तो भी चक्रोक्त फल जानना। पैर के तलुओं में खुजली उठे तो यात्रा हो। राजाओं के हाथ में तिल या खाज हो तो जय होती है। साधारण व्यक्ति को लाभ होता है।

उत्पात-फल-चक्रम्

उत्पात	फल	उत्पात	फल	उत्पात	फल
दिग्दाह	वर्षा न हो	भूकम्प	प्रजा को भय	सर्वग्रहअतिचार	शुभ फल
धूल वर्षे	दुर्भिक्ष पड़े	पहाड़ टूटे	राजा की मृत्यु	मूसल निकले	युद्ध महर्घता
पत्थर वर्षे	अकाल हो	वृक्ष टूटे	राजा का भय	धूम्रकेतु उदय	राजभंग करे
तारे टूटें	जनक्षय	उलटी ऋतु	रोग विशेष	२।३।४ शूलोद	राजनाश
बिजली टूटे	जल सूखे	आदलीकेपशुहो	राजविघ्न	सुवर्ण पंक्ति	राजनाश
दिन अंधेरा	प्रजाक्षय	गहयुद्ध	राजाओंमेंविग्रह	त्रिकोणतारा	प्रजानाश
ग्रहसंयुति	अकाल	सूर्यचंद्रमंद पड़ें	देश क्षय	वनपशुगांव बसे	मनु. शून्य
श्वेतमण्डल	भय हो	कृष्ण मंडल	राज नाश	घर उल्लू बोले	गह शून्य
पीतमंडल	रोग हो	धूम्र मंडल	बर्फ पत्थर पड़े	बांदी कबूतर	गहस्वा. ना.
नीलमंडल	वर्षा हो	बिना ऋतु फल	अन्न नाश	घर में बसे	
रक्तमंडल	युद्ध हो	सूखीभूमीगोली	बहुत वर्षा	सू. चं. बिम्ब	रोगभय
स्त्री वध हो	दुर्भिक्ष पड़े	विप्रबालक वध	दुर्भिक्ष पड़े	अधिक देख पड़े	राजनाश
देवध्वंस	राजनाश	सर्वग्रास	सबवस्तु महंगी	भूमिकम्प	दुर्भिक्ष
ग्रहास्तोदय	भयंकर वर्षा	भौमादिक वक्र	दुर्भिक्ष पड़े	१३ दिन का पक्ष	प्रजानाश

अथ वारपरत्वेन तैलाभ्यंगे फलं-विधिश्च

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	वाराः
तापम्: पुष्पं	सुकीर्ति ०	मृति मृत्तिका	श्रीः ०	वित्त हानि दूर्वा	विपत्ति गोमय	सुख सुयोग ०	फलम् पातनम्

तैलाभ्यंगे वर्ज्यानि

रवौ भौम व्यतीपाते संक्रांतौ वैधृतावपि। षष्ठ्यष्टम्योश्च विष्ट्यां च तैलाभ्यंगो न पर्वसु।

विशेष—यदि प्रतिदिन तेल लगाने का स्वभाव हो तब अथवा उत्सव के दिन व वातारोग में तेल लगाने में दोष नहीं है। अभिमन्त्रित औषधि में पकाया हुआ सरसों का तेल व सुगंधित तेल लगाने से किसी दिन दोष नहीं है।

काक-स्पर्शादौ फलम्—मस्तक पर काक स्पर्श धननाश, मरण तथा कलह करता है। कमर, कन्धे पर अशुभ होता है। स्त्री के मस्तक पर काक बैठना पति पुत्र का नाश करता है। वृक्ष के नीचे दही आदि के उत्तम भोजन के कारण काक का स्पर्श दोषकारक नहीं होता, किन्तु अकस्मात् स्पर्श दोष करता है। काकमैथुन देखना छः मास में मृत्यु अथवा मृत्युतुल्य कष्ट वा इष्टकार्य नाश करता है। विशेषकर दक्षिण दिशा में कुयोग के समय इसके दोष को दूर करने के निमित्त उड़द के आटे की काक प्रतिमा मृण्मय पात्र में स्थापना कर उड़द, चावल, घी, मीठा, नैवेद्य देवे, ग्राम से दक्षिण की ओर बाहर चौरास्ते पर गन्ध पुष्प, धूप, चतुर्मुख दीप, दक्षिणादि से पूजन कर मृत्युञ्जय का यथाशक्ति जप करे (या करादे)। घृतच्छाया पात्र दान और पञ्चगव्य से स्नान भी करे, यह विधान के करने से सम्पूर्ण दोष नाश होते हैं।

काकविष्ठा विचार—शिरसि—मृत्युः वा कष्टम्। स्कन्धयोः-रोगः। भुजयोः—प्रियार्तिः। उदरे-शोकः। गुह्ये-सन्तान-कष्टम्। जंघयोः—वाहनपीड़ा। पादयोः-प्रवासः।

कौवा उड़ता हुआ या किसी सूखे पेड़ पर बैठा हुआ, या पूर्व की तरफ बैठा हुआ अथवा दक्षिण दिशा की ओर मुंह किये किसी के ऊपर काली बीठ कर देवे तो अशुभ जानो। यदि किसी हरे भरे या फूले फले या पीपल, बड़ आदि श्रेष्ठ पेड पर बैठा हुआ सफेद बीठ करदे तो शुभ जानो।

घर में उल्लू आदि—घर में उल्लू गिरे तो स्थान, मान, आयु की हानि हो। जंगली कबूतर घर में बसे-यह भी अशुभ है। शान्त्यर्थ हवन पूजन जप-दान आदि करना चाहिए।

अंकप्रश्न तथा फल वर्णन—प्रश्नकर्ता से एक सौ आठ अंक के भीतर कोई एक अंक मुख से कहलावें या लिखावें। उसमें बारह का भाग देकर पीछे यदि १।६।७ बचे तो देर से कार्यसिद्धि होवे। यदि ४।५।८।१० बचे तो कार्य नाश होवे। ११ बचे तो सिद्धि २ बचने से वृद्धि. ३।६।१२ (०) बचने से शीघ्र सिद्धि होवे यह फल कहे।

अथ स्वप्न-विचार

स्वप्न ७ प्रकार का होता है, प्रथम दृष्ट (दिन में देखे हुए को देखना), द्वितीय श्रुत (सुने हुए को सुनना), तृतीय अनुभूत (जागृतावस्था में परीक्षा की हुई वार्ता को स्वप्न में देखना), चतुर्थ प्रार्थित (जा तावस्था में इच्छा की हुई बात को देखना), पञ्चम कल्पित

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

(बिन में कल्पना की हुई वस्तु को देखना), दृष्ट भाविक (न देखी न सुनी उसके विलक्षण), उत्तम दोषज (वात, पित्त, कफ के दोष से)। पूर्वोक्त सात प्रकारों में से 'दृष्ट श्रुत, अनुभूत प्रार्थित, कल्पित' ये पांच प्रकार के स्वप्न प्रायः निष्फल होते हैं। छठे भाविक स्वप्न का फल उत्तम मिलता है। सप्तम दोषज का फल रोगी के उत्तम मुताबिक देखने में आता है। इतना विशेष है कि—बहुत बड़ा तथा बहुत छोटा स्वप्न निष्फल होता है। शुभ जन देखकर पुनः स्नानादि से शुद्ध हो देव या गुरु आदि के शुभ स्थान में जाकर किसी पूर्व देवज्ञ के सामने फल, पुण्य दक्षिणा रखे, स्वस्थचित्त से स्वप्न का वर्णन करे, शुभाशुभ तथा सामान्य फल का विचार करावे।

शुभस्वप्न—राजा हाथी, गौ, बैल, विप्र, देवता, अनेक बालक, वृद्ध, गुरु, श्वेतवस्त्र वाली स्त्री, रत्न, इनका दर्शन तथा आशीर्वाद मिलना, महल पर्वत, सिंह, अश्व एवं अन्न की ढेरी पर चढ़ना व दर्शन करना, दूध से स्नान रथ शय्यादि का ज्वलन, स्व-शिर का छेदन, स्व-रुदन, अपना मरण, वेद-ध्वनि श्रवण, रक्त पीत पुष्प दर्शन, दर्पण, प्राप्ति दही चावल भोजन, जुआ, रण विवाद में अपनी जय, इन्द्रधनुष का देखना, छाछ, अस्थि कपास, नमक, इन चार वस्तुओं को छोड़कर अन्य सर्व श्वेत वस्तु, स्वप्न में देखना धनस्वर्ण की प्राप्ति तथा कष्ट की निवृत्ति करता है। यदि कोई क्लर्क वा मुनीम यह स्वप्न देखे कि उसने दफ्तर के रजिस्टरों वा बहियों में गल्तियां की हैं तो उसे उसके मालिक से अच्छा काम करने की शाबाश या तरक्की मिलेगी।

दर्पण में मुख देखें तो प्रेमी से मिलाप हो। यदि स्वप्न में फल-पुष्प सहित वृक्ष पर अथवा श्वेत वृषभ पर चढ़कर आग जाय अथवा दक्षिण हाथ में श्वेत सर्प काट जाय तो निश्चय शीघ्र विशेष धन मिले। स्वप्न में बिच्छू, या सर्प के जल में पैर पर काटने से रक्त निकल आवे तो विपत्ति दूर होकर सुख हो। श्वेतवस्त्र वाली स्त्री का स्नान करना, हाथों में हथकड़ी पैरों में जंजीर का बन्धन पड़ना, नर या नारी के हाथ से जूता व खड़ाऊ छत्र, तीक्ष्ण तलवार का मिलना, टट्टी में सर्प का दीखना, अपने पैर व भुजा के मांस को खाना, अगर कपूर पान का मिलना, ऐसे स्वप्न दीखे तो लक्ष्मी की प्राप्ति व सुख मिले। मणि आदि पात्रों में भोजन करना, अपने शिर के मांस को खाना राज्यलाभ करता है। गौ का ताजा दूध उसी वक्त पीना, सूर्यमण्डल का दीखना, अपना मरना दीखे तो रोगी पुरुष का रोगनाश और नीरोग पुरुष को लाभ होता है। बगला, मुर्गी, कुञ्जर का दीखना चतुर स्त्री प्राप्ति का सूचक है। स्वप्न में रक्त व मद्य का पीना, विप्र को उत्तम विद्या लाभ, क्षत्रियादि को धन प्राप्ति करता है। मांस, चरबी का खाना, विष्ठा अपने अंग में लगाना, श्वेत चन्दन, श्वेत वस्त्र पुष्प से सुसज्जित अपनी देह व अन्य पुरुष की देह देखना, लाभ करता है। हरी सब्जी व सुन्दर अन्न कोई घर पर दे जाय तो भी लाभ हो। नदी समुद्र में तैरना, तालाब में तैर कर पार जाना, सूर्योदय का देखना कोष्ठवृद्धि करता है। ऊंचे मन्दिर पर चढ़कर आग लगी देखना या तारों का देखना भाग्योदय करता है। राजा, गौ, ब्राह्मण को प्रसन्न देखना, पर्वत, वृक्ष, बगीचे, हरे सुन्दरफल संयुक्त देखना बिछड़े काम सिद्ध होंगे, ऐसा जानना। घर में किसी की मृत्यु पर सब रो रहे हों तो लक्ष्मी और सुख मिले। बेड़ी पर चढ़कर पार होने से परदेश गमन हो। अगर कोई दुकानदार स्वप्न में देखे कि ग्राहक उसके दिल चुकाए बिना भाग गया है तो उसका समझ लेना चाहिए कि रुपया कहीं से शीघ्र मिलेगा और नये ग्राहक भी बनेंगे, यदि किसी की बहन स्वप्न देखे कि उसके भाई पर भारी विपत्ति पड़ा है और उसकी जान खतरे में है तो यदि वह कुमारी है तो उसका किसी बड़े आदमी के साथ विवाह हो जाएगा और यदि वह विवाहित है तो उसके घर में सब प्रकार से सुख शान्ति रहेगी।

शुभ स्वप्न के बाद सोने से स्वप्न निष्फल हो जाता है अतः सोवे नहीं।

अशुभ स्वप्न—लालवस्त्र पहिनना, सूर्य-चन्द्र का निस्तेज दीखना, तारों का चढ़ना अपने घर में हंस हंस के किसी स्त्री को मंगल गाते देखना, नीम पलास के वृक्ष पर चढ़ना, रुई, कपास, भस्म, तेल, लोहा मिलना या देखना इससे संकट व मृत्यु हो। शरीर में तेल मलना या किसी के द्वारा तेल से स्नान का होना मृत्यु व भारी कष्ट को सूचित करता है। शिर के सारे बालों का या मुख के दांतों का गिरना, द्रव्य या पुत्र का नाश करता है। मरे मनुष्य का अपने स्थान में भोजन करना व किसी वस्तु को मांगकर ले आना द्रव्य हानि व कष्ट करता है। तैलपक्व गुलगुले तथा तांबे के पैसे मिलना रोग संकट सूचक है। अपनी स्त्री की कमीज को मरी स्त्री ले जावे तो पुत्र कष्ट या मृत्यु हो। हाथ, नाक का काटना, कीच (पंक) में फंसना, ऊंट, गधे, भैंस पर चढ़कर तैल मलकर दक्षिण दिशा को जाना और विवाह-गीत मंगल सुनना, अपने घर को किसी के द्वारा गिराते हुए देखना, काले तथा रक्तवस्त्र वाली स्त्री का आलिंगन करना, बन्दर सर्प पर चढ़ना, श्राद्ध आदि पितृकार्यों का करना, भूतप्रेत चांडालों के साथ मिलना, अथवा भूतादि द्वारा पकड़ा जाकर दक्षिण दिशा में जाना इत्यादि स्वप्न मृत्यु कारक होते हैं। नदी में डूबना अथवा नदी के प्रवाह में बह जाना, बिना ऋतु के वर्षा देखना, बाघ, रीछ गीदड़ बिलाव, भैंस, सर्प मक्खी का दर्शन, पर्वत शिखा का तथा बड़ी महल-ध्वजा का गिरते देखना अशुभ कष्ट व चिन्ताकारक है। गौ, हस्ती, देव, विप्र इन के सिवा सब काले रंग की वस्तु देखना अशुभ व चिन्ताकारक है। अगर "विधवा स्त्री" यह स्वप्न देखे कि उसने शादी करने का किसी ने संकल्प किया है तो उस पर कोई सख्त बीमारी आवे या मृत्यु होवे। कुत्ता शरीर पर कूदकर दांत से मांस काटे तो शत्रु गुप्तभाव से अनिष्ट करेगा। यदि स्वप्न में कोई कुत्ता प्रेम से आपके साथ खेलता दिखाई दे तो लाभ हो। यदि अपने को कैद में देखे तो दुःख से छूटे। बकरी को चरती देखे तो शुभ दिन नजदीक समझे। तूफान देखे तो दुःख के अन्त की सूचना समझें। घर में आग लगी देखे तो जीवन में कोई विशेष परिवर्तन हो। स्वप्न में बिडाल (बिल्ला) दिखाई दे तो किसी से ठगा जाए। दीपक बहुत टिमटिमाता दिखाई दे तो नीरोग व्यक्ति के लिए रोग की सूचना तथा रोगी व्यक्ति के लिए मृत्यु की सूचना देता है। मुण्डित-केश नर, भिक्षुक तथा सूखी-नदी, सूखा पेड़ आदि का दिखाई देना भी रोग कष्ट एवं मृत्यु सूचक है।

स्वप्न का फल कब मिलेगा

रात्रि के प्रथम प्रहर का एक वर्ष में, द्वितीय का ८ मास में, तृतीय का ३ मास में तथा रात्रि के चतुर्थ प्रहर का एक मास में, अरुणोदय का १० दिन में तथा सूर्योदय से कुछ पहले का स्वप्न तत्काल ही फल देता है। अवश्य—रात्रि में जिस समय स्वप्न दिखाई दे, उस समय से जितनी घड़ी रात्रिशेष रहे, उस घटी को चार से गुणा करे, जितनी संख्या हो उतने ही दिनों में स्वप्नफल मिलेगा।

अशुभस्वप्न के दोष की शान्ति

दुष्ट स्वप्न के दोष को दूर करने के निमित्त मृत्युञ्जय का जप, होम, यथाशक्ति स्वर्ण तथा गोदान, अश्वत्थ-पूजन, विष्णुसहस्र नाम, गजेन्द्रमोक्ष व चण्डीपाठ, ब्राह्मण भोजनादि करवाना चाहिए। अशुभ स्वप्नों को देखकर फिर तत्काल सो जाना भी दुःस्वप्न के अनिष्ट फल को दूर करता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

प्रसूति-लग्न विचार

मेष—जन्म समय मेष लग्न हो, तो माता का पूर्व या पश्चिम में सिर, उपसूतिका दो या तीन, प्रसव में माता को कष्ट अधिक, पाद से प्रसव, भूमि में घर के पूर्व भाग में जन्म हुआ, बालक जन्मोपरान्त दीर्घ शब्द से रोया। माता ने लाल एवं मीठा भोजन किया था। वस्त्र लाल मलिन। ४।११।१६।४४।५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप करवाना श्रेष्ठ है। इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

वृष—माता का दक्षिण में सिर, उपसूतिका ३ या ४, जन्मोपरान्त दो और आई, जन्मते ही बालक दीर्घ शब्द से रोया, गौरवर्ण, अधोमुख, पाद से प्रसव, घर के पूर्व हिस्से में सूतिका स्थान, श्वेत-स्वच्छ वस्त्र, जन्म से पहले माता ने शुष्क शाकादि भोजन किया, १।१२८।३३।४४।६१ वर्षों में बालक कष्ट पावे। इन वर्षों के प्रारम्भ में महामृत्युञ्जय का जप और ब्राह्मण भोजन करवाना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मिथुन—माता का सिर पश्चिम में उपसूतिका ३ या ५, माता का हरा या जीर्ण वस्त्र, शिर से प्रसव, मुख ऊपर को, जन्मते ही दीर्घ शब्द किया, नाल छूटा था, घर के आग्नेय भाग में जन्म, माता ने पहले लवणयुक्त विचित्रान्न भोजन किया, दूध कम उतरे, ४।१०।१४।३८।५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन और मृत्युञ्जय का जप करवायें। यदि इन वर्षों से बचे तो ८९ वर्ष जीवे।

कर्क—माता का उत्तर में सिर, उपसूतिका ५ या ४, बालक जन्मते ही छींका, नाल छूटा, भूमि पर जन्म, घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान, माता के वस्त्र श्वेत व लाल, माता ने प्रसव के पहले मधुर व शीतल भोजन किया था, दीपक उठाया गया, बालक के वामांग में लहसन आदि का चिन्ह, देर से रोया, ५।२५।४०।५८।६२ इन वर्षों में बालक कष्ट पावे। इनसे बचे तो १०० वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों में प्रवेशसमय तुलादान, छायादान और मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जाप करवाना-कल्याणप्रद है।

सिंह—माता का पश्चिम या पूर्व में सिर, मलीन सा लाल वस्त्र, शुष्क कसैला या खट्टा भोजन किया था, जन्म समय स्त्री ३, पीछे से १ आई, दीपक स्थिर रहा, बालक जन्मते ही तुरन्त रोया, घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान, ५।१३।२८।३६।४८ इन वर्षों में बालक कष्ट पावे। इनसे बचे तो ६७ वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों के प्रवेश होते ही श्रीसूर्य नारायण के मन्त्र का जाप या आदित्यहृदय का पाठ और मीठा भोजन करावे तो कल्याण रहेगा।

कन्या—माता का दक्षिण में सिर, रक्त जीर्ण वस्त्र, मिष्टान्न बासी-चीज या बड़े आदि का भोजन, जन्म समय स्त्री ३ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक ने जन्मते ही अर्द्ध शब्द किया। घर के नैऋत कोण में सूतिका-स्थान, ४।१६।२३।३६।५५ वर्ष कष्टकारक है। यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

तुला—माता का सिर पश्चिम या पूर्व को, श्वेत जीर्ण वस्त्र, भुना हुआ अन्न, ठंडा अन्न या कोई मामूली चीज क्रोधपूर्वक खाई थी, जन्म समय स्त्री ३ या ६, वहां एक कन्या भी हो, दीपक उठाया गया, बालक जन्म समय कुछ ठहर कर अर्द्ध शब्द करके रोया, घर के पश्चिम भाग में सूतिका-स्थान, ८।१५।३१।३५।६२।६८ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में सवत्स का दान, हवन, जप करवाना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ७५ वर्ष जीवे।

वृश्चिक—माता का दक्षिण या उत्तर में सिर, रक्त या लाल वस्त्र, कष्ट अधिक, अमधुर मामूली क्रोधपूर्वक भोजन, जन्म समय स्त्री २ या ३, पीछे से भी दो आई, दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया, छींक भी किया, दीर्घकेश, घर के पश्चिम भाग में प्रसवस्थान, ११।२८।३८।५२।६२ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में मृत्युञ्जय जप और तुलादान कराना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

धनु—माता का सिर पश्चिम या पूर्व को, पीत या रक्त वस्त्र, पक्वान्नादि भोजन, जन्म समय स्त्री १ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर तत्काल दीर्घ शब्द से रोया, और छींक भी किया, घर के वायव्यकोण में सूतिकास्थान, २।१०।१८।३१।३८।४२।६७ इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन, महामृत्युञ्जय जप, ब्राह्मण भोजन श्रेष्ठ है, यदि इन वर्षों से बचे तो ८१ वर्ष जीवे।

मकर—माता का सिर दक्षिण में, ऊपर काला वा जीर्ण कमजोर वस्त्र, गुड़, दुग्ध, कसैला भोजन, ठण्डा जल पान किया था। जन्म समय स्त्रियां २, पीछे से १ आई, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर अर्द्ध शब्द से रोया और छींक भी किया, घर के उत्तर भाग में पुराना सूतिकास्थान, ५।१३।२७।३६।५७।६३।८७ इन कष्टकारक वर्षों से बचे, तो ९५ वर्ष जीवे।

कुम्भ—माता का शिर पश्चिम को, जीर्ण, धूम्रवर्ण वा कुरूप वस्त्र, मधुर शीत शाकादि कुभोजन, कष्ट अधिक, जन्म समय पास स्त्रियां ४, दो स्त्री पीछे से आई। उनमें एक स्त्री गर्भिणी भी हो। दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर अर्द्ध शब्द से रोया, वामांग में कोई चिह्न भी हो, घर के उत्तर भाग में सूतिका-गृह, २।२८।३३।४८।६४ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप हितकारक है, इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मीन—माता का सिर उत्तर में, पीत या मलिन वस्त्र, विचित्र सा अल्प भोजन, जन्म समय स्त्री २ या ५, दीपक हाथ में उठाया व जलाया गया था, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया, घर के ईशान में सूतिका-स्थान, १।८।१३।३६।४८ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में ग्रह-शान्ति हवन मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जप कराना श्रेष्ठ है, यदि इन वर्षों से बचे तो ८३ वर्ष जीवे।

स्मरण रहे, कि अधिकांश जिस लग्न के लक्षण मिलें-वही बालक का जन्मलग्न जानना, क्योंकि यह साधारण लग्न के फल बलाबल के कारण सभी नहीं मिल सकते।

सुता जन्म सिंहराशि में, धन-मृग जन्मे बाल। अर्ध-शब्द शिशुकरत भयो भाषत बुद्धि रसाल॥

पितृपरोक्ष ज्ञान—(१) जन्म लग्न को चन्द्रमा न देखे, (२) बुध-शुक्र के मध्य में चन्द्रमा हो, (३) लग्न में शनैश्चर चन्द्रमा से अदृष्ट हो, (४) भौम सप्तम, चन्द्रमा लग्न को न देखता हो, इन चार योगों में से एक भी योग में उत्पन्न हुए बालक का पिता के परोक्ष में जन्म कहना।

जहां राहु शैय्या तहां भय जहां कुज होय। रविस्थान में दीप कही शनी लोह कही सोय?

जन्म कुण्डली में दिशा ज्ञान—प्रथम भाव पूर्व, द्वितीय, तृतीय—ईशान। चतुर्थ—उत्तर। पञ्चम, षष्ठ—वायव्य। सप्तम—पश्चिम। अष्टम, नवम—नैऋत। दशम—दक्षिण। एकादश तथा द्वादश भाव को आग्नेय समझना।

प्रसूति-स्थान से पाकशालादि विचार

जन्मकुण्डली में सूर्य मंगल जिस दिशा में हों, वहां अग्निस्थान (पाकगृह) जानना, इसी तरह चन्द्रमा से जलस्थान, बुध से भण्डार, गुरु से धनस्थान, शुक्र से देवस्थान और

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

शनि से अशुभ (भैया) स्थान जानना चाहिए। दोहा—लग्ननाथ जो केन्द्र में तीन दिशा की द्वार। या लग्नपै दिशि जानिए कहत बुद्धि आगार ॥ केन्द्र (१।४।७।१०) स्थान में एक से अधिक ग्रह हों तो उनमें जो बली (स्वराशिमित्रोच्चे व मूल त्रिकोण राशि का) केन्द्र स्थान में स्वमित्र शुभ के नवांश में स्थित ग्रह हो उसकी दिशा में वा-लग्नपति की दिशा में सूतिकागृह का द्वार होता है। ग्रहों की दिशा—सूर्य की पूर्व, चन्द्र की वायव्य, भौम की दक्षिण, बुध की उत्तर, गुरु की ईशान, शुक्र की आग्नेय, शनैश्चर की पश्चिम, राहु केतु की नैर्ऋत।

चन्द्रात्तैल-ज्ञानम्—चन्द्रमा से दीप के तैल का ज्ञान होता है, जैसे रात्रि का जन्म है और जन्मकाल पर चन्द्रमा के कम अंश व्यतीत हुए हैं, तो दीपक में तेल ज्यादा कहना यदि चन्द्रमा आधी राशि भोग कर चुका हो, तो दीपक में आधा तेल कहना, यदि चन्द्रमा शीघ्र ही दूसरी राशि पर बदलने वाला हो तो बहुत ही कम तेल कहना। सो० तनुस्थान शशि जाई, वां शशि षष्ठे भवन में, शिशु जन्म तब आई, तब कहि दीपक तैल नहि। सित शनिदशमे धाम, पंचम तनुपै चन्द्रमा, शिशु जन्मे तब वाम, दीपक तैल सो युक्त कहि।

लग्नाद्दीपवर्ति-ज्ञानम्—जन्म लग्न के कम अंश हो तो बड़ी बत्ती कहना, अधिक अंश हों तो छोटी कहें।

चन्द्रलग्नांतर्गतैर्ग्रहैः स्युरुपसूतिकाः—यदि लग्न की निर्बलता के कारण लग्न फलानुसार उपसूतिका का पूरा पता न लगे तो जन्मकाल में लग्न से चन्द्र पर्यन्त जितने ग्रह उतनी ही उपसूतिका कहना। परन्तु जब कोई ग्रह चन्द्रमा के साथ हो तो उसके अंश देखें। यदि उसके अंश चन्द्रमा से कम हों, तो उसकी गणना करें अन्यथा उसे नहीं जोड़ें। इस प्रकार जो ग्रह लग्न में हो और उसके अंश लग्न से अधिक हों तब ही उसकी संख्या जोड़ें अन्यथा नहीं जोड़ें। लग्नचन्द्रांतर्गत कोई ग्रह वक्र या उच्च का हो तो तीन गुणा करना और स्वराशि स्वनवमांश स्वद्रेष्काण में हो तो द्विगुण करना, इसी प्रकार जितने ग्रह नीचे राशि के अस्त के होवें उनका आधा करके उपसूतिकाओं में जोड़ने से ठीक उपसूतिका स्त्रियों की संख्या का ज्ञान होगा। इस में भी विशेष यह ध्यान में रखने योग्य है कि वह लग्न चन्द्रांतर्गत ग्रहलग्न के भोग्यांश से सप्तम भाव पर्यन्त होवे तो सूतिका ग्रह से बाहर समीप में, और सप्तम भाव से लग्न के भुक्तांश पर्यन्त हों तो सूतिका के समीप में अन्दर जानना। उन ग्रहों में जो शुभ-ग्रह हों वहां धर्मशील सौभाग्यवती स्त्रियां कहना, अशुभ ग्रहों में विधवा व दुश्चरित्रा कहें।

शय्या—शिर व पाद विचार

लग्नदिशि शय्या शिरस्त्रिषड्क्रान्त्येषु पादाः। लग्न की दिशा की तरफ पलंग का सिरहाना कहना, अर्थात् १।२ लग्न में पूर्व, ३ में अग्निकोण, ४।५ में दक्षिण, ६ में नैर्ऋत्य, ७।८ में पश्चिम, ९ में वायव्यकोण, १०।२२ में उत्तर और १२ लग्न में ईशानकोण की तरफ जानना। तीसरा, छठा, नौवां, बारहवां स्थान पाये जानना। इन स्थानों में से जिस स्थान में पाप ग्रह युक्त हो वहां सूतिका के पलंग का पावा फटा टूटा समझना।

दो०—मीन-मिथुन-सिंह-तुला, मेष होय तत्काल। अन्तरिक्ष भयो बालक, शेषे भूमि विशाल ॥

अथ चिह्नज्ञानम्—दोहा षट्त्रिकोण वा लग्न रवि बुध भाषे धरि ध्यान। वामें कुछ लहसन अहै गर्गवचन परमाण ॥ भानु तथा सौरी तनधन कुज कण्टक चन्द। बालक के षट् अंगुली भाषत कविकुलवृन्द। तनु स्थान में शुक्र हो अष्टम जावे राह। वाम कर्ण वा मस्तके अवश चिह्न दरशाह ॥ सुहृद भाव में कवि तब भौम वा सौरी लग्न। वाम पाद के चिह्न को भाषत ज्योतिषमग्न ॥ नौमें पांचे भृगु बसे तनु का चौथे मन्द। मृत्यु जावे बुध गुरु उदरे चिह्न भणंद।

प्रसवकष्ट दूर—प्रसवकाल में पहले शुक्लपक्ष की चतुर्दशी को प्रातः सूर्योदय से पहले सहदेवी या अपामार्ग (पुठकंडा) की जड़ लाकर घृतयुक्त गुग्गुल की धूनि देकर कटि में बांधे और साथ ही "ओमुक्ताः आशा विपाशाश्च मुक्ताः सूर्येण रश्मयः। मुक्ताः सर्वभयाद् गर्भमेहि माचिर माचिर स्वाहा ॥" इस मंत्र से सात बार शुद्ध जल अभिमन्त्रित करके गर्भिणी स्त्री को पिलावे तो सुख से शीघ्र प्रसव होगा। अगर तीस का यन्त्र भी अनार की कलम से कांसे की थाली में लिख धोकर पिला देवें तो गर्भिणी को कोई भय न होवे, बच्चा बिना कष्ट पैदा होवे। स्मरण रहे कि पहले उपरोक्त मन्त्र तथा तन्त्र ग्रहण के समय या दीपमाला की रात्रि को मन्त्र का जाप करके तथा यन्त्र को लिखकर चलता कर लेवें, तब कष्ट को मिटाता है।

बालक के लिए अरिष्ट

दो०-द्यूनाष्टमतनु पाप खग, बरहै शशी जो खीन। कण्टक शुभ लगना असै, वेगि ताहि यमलीन। बसै चन्द्रा द्वादसै अष्ट भवन २ पाप। एक मास में शिशु मरे मातु पिता संताप ॥ लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्म समय जो पाप। एक मास में शिशु मरे मातु पिता संताप। लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्म समय जो पाव। बालक दशवासर जिये कहत बुद्धि गुण भाव ॥

अथ काणयोगा—तनु धन व्ययपतियुक्त भृगु आई बसे त्रिकधाम। वा शशि धन कवि पाप युत, ताहि नेत्र बेकाम। सार्कशुक्र तनुनाथयुत भवन बसै त्रिक जाय। जन्म अन्ध यह योग है भाषत बुध समुदाय ॥ तात मात भ्राता तनय मातुल त्रियाधर नाथ ॥ चन्द्र भौम जो द्वादशे वाम नैन की हान ॥ भानु राहु दहनो नयन, बुधजन कहत बखान ॥

मूकयोगा—पञ्चमेश गुरु युक्त त्रिक मूक बाल तब होय। जौन भौमपतियुक्त गुरु त्रिकहि मूक कहि सोय ॥ शुक्र त्रिके गुरुसिंह अज दशम भानु कुज वास। मूक होय संशय नहीं बुधजन करत प्रकाश।

दुःखदयोगा—रिपु मृत्यु द्वादश गेह में पाप युक्त लग्नेश। जन्म समय जाके परे ताकौ अंग कलेश ॥ पाप युक्त तनु भवन में रिपु मृत्युप के ईश। यथा जोग जाके परे तनु मुख विश्वावीस ॥ पापग्रहयुत लग्नपति परै लग्न में आय। वीर्य्यहीन नर होय तो अधिक व्याधि रुजताय ॥

बन्धनयोगा—क्रूर रहै धन नवम व्यय, और पञ्चम आगार। सो नर सूर कसूर करि निवसै कारागार ॥

सर्पवेष्टितयोगा—यदि अष्टमेश लग्न में राहु सहित हो तो बालक सर्पवेष्टित अर्थात् सर्प जैसे नाल से वेष्टित होता है।

यमल जन्मयोगा—चतुष्पद राशि (मेष, वृष, सिंह, मकर का पूर्वार्द्ध और धन के उत्तरार्द्ध) का सूर्य होवे, शेष ग्रह बलवान् होकर द्विस्वभावराशि के लग्न में स्थित हों तो यमल अर्थात् दो बच्चों का इकट्ठा जन्म कहना। अथवा आधान लग्न (गर्भ वाले दिन का लग्न) का स्वामी लग्न में हो तो यमल का जन्म होता है।

माता बच्चे को त्याग दे—शनि मंगल से ५।७।९ स्थान में चन्द्रमा हो तो माता बालक को त्याग दे, यदि गुरु देखता हो तो त्याग देने पर भी दीर्घायु हो।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

मृत्यु-समय-विचार—जिन अरिष्ट योगों में मरण काल नहीं कहा गया, उन अरिष्ट योगकारक ग्रहों में जो ग्रह बली हों, वह जन्मकाल में जिस राशि में स्थित हो उस राशि में जब चन्द्रमा आता है तब कहना। अथवा—जन्मकाल में जिस राशि में चन्द्रमा स्थित हो जब फिर उसी राशि में चन्द्रमा आता है, तब मरण कहना। अथवा चन्द्रमा जब लग्न राशि में आता है, तब मरण कहना। अथवा, वर्ष के भीतर जब जिस योग युक्त स्थान में जाकर चन्द्रमा बली हो और पापग्रहों द्वारा देखा जाता हो, तब मरण कहना चाहिए। किन्तु जब तक आयु का विचार न हो सके तब तक अन्य विचार करना निरर्थक है, इस वास्ते आयु का प्रथम विचार कर फिर मृत्यु कहे।

सुखक्षयोगः—अंगधीश निज लग्न में बुध गुरु कवि के संग। या केन्द्र गृह २ परे तो जानो सुख संग॥ जन्मलग्न में उच्च ग्रह जो काहू के होय। मित्र दृष्टि ता पर परे सर्व सुखी नर होय॥

क्लीब (नपुंसक) योगः—दशम भवन भृगु मन्द दोउ क्लीब योग तब जान। शुक्र भवन ते रिपफ पट बसे विलब भानु॥

कुष्ठयोगः—लग्नप बुध कुज शशि पुते राहु युक्त या केतु। श्वेत कुष्ठ को योग यह वरणत गुणी सचेतु॥ भौम भास्कर मन्दयुत रक्तकृष्ण कह कुष्ठ। लग्नाधिप रविसाथ त्रिक तापगण्ड अति रुष्ट॥ जलगंडयुत चन्द जो ग्रन्थिगंडे कुज साथ। पित्त रोग तब जानियो बुध त्रिकयुत तनु नाथ॥ वामरोग गुरुयुक्त त्रिक क्षयी रोग भगसून। यमतम शिखि वा युक्त त्रिक, दिन प्रति रुजि कहि दून।

केमद्रुमः—आगे पीछे चन्द्र के जो न परै ग्रह कोय। केमद्रुम यह योग है सब धन डारे खोय॥ उच्च चन्द्र शुभयुक्त दृग केन्द्रधाम में होय। तब केमद्रुम शुभ कहे दोष न मानो कोय॥

स्त्रीजातक

क्रूरलग्नयुक्त क्रूर जो, स्वामी दृष्टि नहीं होय। सो कन्या कुल गरल है, भूलि न ब्याहेउ कोय॥ जाके कुज दशमे बसै ऋणी होय पति तासु। लग्न राहु शनि सातवें पति जीवे नहीं जासु। क्रूर युक्त लग्नेश जो पापग्रहों के बीच। सो कन्या व्याभिचारिणी बुधवर कहै कुज नीच। राहु शुक्र जो लग्न में कन्या को पति और। पाप दृष्टि शनि सातवें कन्या वास कुठौर। लग्न बीच शनि कुज तमसि निर्धन स्वेच्छाचारि। सप्तम कुज राण्ड कहे पति को तजे तमारि॥ छठे आठवें चन्द्र जो क्रूर पर निज अङ्क। भौम आठवें भवन में सो पति करै है भंग॥ राहु सातवें लग्न कुज कंटक शुभ सो हीन ताको पति जीवित रहे वर्ष दोय या तीन॥ द्वादशाष्ट कुज क्रूरयुत राहु बसै त्रिकधाम। आप्त होय कुछ दिवस में कहत गणक गुणधाम॥ पाप ग्रहों के बीच में लग्न होय वा चन्द। सो त्रिय नाशे कुल दुबो भाषत कविकुल वृन्द॥ सप्तम भृगु जाके बसै सो कुल दोषी नारि। रूपवती तनु भृगु बसै बुधजन कहत विचारि॥

वैधव्य विषकन्यायोगः—चौ० रविवार द्वितीया जो होय। श्लेषा ताहि दिन में जोय॥१॥ कृतिका होय शनिश्चर वार॥ साते तिथि का करो विचार॥२॥ होय शतभिषा मंगलवार। कहो द्वादशी तिथि निर्धार॥३॥ इन योगन में कन्या होय। निश्चय विधवा जाने सोय॥४॥ जन्मलग्न है शुभग्रह होय। एक पापग्रह नभ १० में जोय॥५॥ अन्य क्षेत्र में है ग्रह मानो। ता कन्या को विधवा जानो॥६॥ अश्लेषा द्वितीया को होय॥ रविवार युत लीजो जोय॥७॥ परे शतभिषा मंगलवार। साते तिथि लीजो निर्धार॥८॥ रविवार द्वादशी जो होय। नक्षत्र विशाखा जानो होय॥९॥ ऐसो योग लखी जो परे। तो कन्या को विधवा करे॥१०॥ द्यो०—सदन में भूमिसुत जन्म सवन शनि जान। मूर्ख होत सुत सदन में कन्या विधवा मान॥११॥

वैधव्य विषकन्याभंगयोगाः—जन्मलग्न वा चन्द्र ते शुभग्रह सप्तम होय। बच्चा सप्तम लग्नपति सुभगा कन्या होय॥

काकवन्ध्यादियोगः—जे अष्टमे काकवन्ध्या। मन्दाकविष्टमे वन्ध्या। अष्टमे जीवे वा शुक्रे नष्टगर्भा वा मृतापत्या॥

स्त्रीणां राजयोगाः—चौपाई-केन्द्रधात नभगा शुभ होई। नरतनु पाय कलत्र समोई। रानी होय बहुत धन ताके। मन प्रसन्न होई है सुत वाके—चन्द्रज तुग बसे तनु आई। लाभ धन गुरु आवे धाई॥ सो त्रिय होय नृपति की नारी। जन विख्यात होय सुकुमारी॥ जो षट्वर्ग शुद्ध गुरु होई। शशि दृग केन्द्र भवन में होई॥ ऐसे योग जन्म सुकुमारी॥ रानी होय सदन धनभारी॥ दोहा.....कर्क चन्द्रमा सातवें जीव दृष्टि परिपूर। पुत्र पौत्र धन भूरि युत ताकों पति नृप शूर॥ लाभ भवन सित चन्द्र जो सोमज सप्तम भौम। सुरगुरु परिपूर्ण लखे रानी होई है तौन॥

स्त्रीणां पुत्रभावविचारः—पञ्चमे शुभदृष्टे च पञ्चमाधिपतावपि। केन्द्रकोणे तदा नारी बहुपुत्रवती भवेत॥

अशुभ प्रसव वास—कार्तिक में स्त्री, भाद्रपद में गौ, मागशीर्ष में हथिनी, श्रावण में गधी वा घोडी, माघ में भैंस, ज्येष्ठ में बिल्ली, वैशाख में ऊंटनी, पौष में बकरी, चैत में कुत्तिया के बच्चे जन्में तो ६ मास में पिता वा घर वाले की मृत्यु अथवा महाभय होता है। माघ में बुधवार को भैंस, श्रावण में दिन में घोड़ी प्रसूति हो तो महाभय शीघ्र होवे। स्मरण रहे, कि यहां सर्वत्र सौरमास का ग्रहण है, प्रसूता गौ आदि का तत्क्षण दानकर व्याहृति मन्त्रों से घृतक्त श्वेत सरसों का हवन करे, बच्चा जन्मे तो कार्तिक शान्ति करने से शुभ है।

त्रिखलजन्म फल—यदि तीन कन्याओं के पश्चात् पुत्रोत्पत्ति हो अथवा तीन पुत्रों के पश्चात् कन्या का जन्म हो तो त्रिखल नामक दोष के कारण कन्या माता को, लड़का पिता को भय, धनहानि आदि कष्ट होते हैं, कृपणता छोड़ कर त्रिखल शांति करे तो शुभ होता है। तीन अन्न, तीन वस्त्र, तीन धातु (चांदी, सोना, तांबा) दान करे।

बालक की दन्तोत्पत्ति का फल

बालक के जन्मते ही दांत निकले हों तो माता-पिता, को अरिष्ट, ऊपर की पंक्ति में दांत से शुभ जन्म ले तो अधिक अरिष्ट, पड़ोसियों को एवं टेवा बनाने वाले ज्योतिषी को भी भय होता है। ऊपर की प्रथम पंक्ति में दांत निकले तो मातृपक्ष को भय हो, मामा शान्ति करे। पहिले माह में दांत निकले तो शरीर नष्ट, द्वितीय में छोटा भ्राता नष्ट, तृतीय में भगिनी नष्ट, चतुर्थ में भाई नष्ट, पांचवें में ज्येष्ठबन्धु नष्ट, छठे में बहुभोग, ७वें में मित्रसुख, ८वें में पुष्टि, ९वें में धनी, १०वें में सुख, ११वें में सुख, १२वें में धनी।

अश्वैकनक्षत्रजननफलम्—वृद्धगर्ग कहते हैं कि यदि भ्राताओं वा पिता पुत्र माता वा कन्या का एक नक्षत्र हो तो दोनों की अथवा एक की अवश्य मृत्यु होती है। स्वर्णदान से कल्याण होता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

जन्म-कुण्डली से विशेष विचार

लघु-भ्राता का जन्म समय जानना—(१) जन्मलग्न स्पष्ट में दशम भाव का स्पष्ट जो जोड़ें राशि हो उस पर जब गोचर में गुरु ग्रह आवे तो भाई या बहन का जन्म होता है।

(२) तृतीयेश तृतीयस्थग्रह तृतीयस्थ राशि की दशा में छोटे भ्राता का जन्म होता है यदि भ्रातृ-प्रतिबन्धक योग न हो तो।

भ्राता के कष्ट (खतरे) का समय जानना—(१) जन्मलग्न के स्पष्ट में से तृतीयेश के स्पष्ट को घटावे, शेष राश्यादि का जो नक्षत्र हो उस नक्षत्र पर जब गोचर में शनि आता है तब भाई या बहन को कष्ट होता है।

(३) लग्नेश स्पष्ट में से तृतीयेश स्पष्ट घटावे, शेष में दशमेश स्पष्ट और मंगल-स्पष्ट घटावे—(यदा)—ल० तृ० दे०। शेष राशि में से जब गोचर का शनि आता है तब भ्रातृ कष्ट होता है।

(४) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश, भौम इन चारों स्पष्टों को जोड़ कर जो राश्यादि हो उसके नवांश राशि में जब गोचरस्थ शनि होता है उस काल में भ्रातृ-कष्ट होता है।

(५) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश और भौम को जोड़कर जो राश्यादि हो उसके द्रेष्काण राशि में जब गोचर का गुरु होता है, तब भ्रातृ कष्ट जानिये।

माता की मृत्यु का समय जानना—(१) जन्म के सूर्य स्पष्ट में से चन्द्रस्पष्ट को घटावें तो शेष के उस राशि में या त्रिकोण राशि में या उस शेष राशि के नवांश राशि में जब गोचर का शनि वा गुरु होगा तब माता की मृत्यु का समय जानना।

अथ कन्याजन्मनि मूलचक्रम्

जीवे	मुखे	कण्ठे	हृदये	बाह्वो	हस्ते	गुह्ये	जंघा	जान्वो	पादे	स्थानम्
४	६	५	५	५	४	६	४	४	१०	घटी
पशु ना	धन ना	धन ला	कुटिला	धनला	दयावती	कामिनी	मातृना.	भ्रातृना.	वैधव्य	फलम्

कन्याजन्मनि नक्षत्रफलम्

जन्म नक्षत्र	मूल	आश्लेषा	ज्येष्ठा	विशाखा
फलम्	(१।२।३च.) श्वसुरहानि	(२।३।४च.) सास नाश	ज्येष्ठ नाश	(४च) देवर नाश

सुतः सुता वा नियतं श्वसुरं हन्ति मूलजः। तदन्त्यपादजो नैव तथा श्लेषाद्यपादजः।

तिथिगण्डान्त—पूर्णा तिथियों के अन्त की ७ घड़ी, नन्दा तिथियों की शुरू की दो-दो घड़ी तिथि गण्डान्त होता है। यह गण्डान्त जन्म यात्रा विवाह में अनप्रद होता है।

अथ गण्डमूल नक्षत्राणि

अश्विनी	आश्लेषा	मघा	ज्येष्ठा	मूल	रेवती

उपरोक्त ये ६ नक्षत्र गण्डमूल कहलाते हैं, इन नक्षत्रों में उत्पन्न होने वाला बालक माता, पिता, कुल और अपने शरीर का नाश करने वाला होता है। यदि अपना शरीर नष्ट होने से बच जाए, तो धन तथा घोड़ों का स्वामी होता है।

गण्डमूल में उत्पन्न पुत्र के ६ मास अथवा २७ दिन तक पिता को दर्शन नहीं करने चाहिए, तत्पश्चात् शान्ति करके विधि से मुख देखना कल्याणप्रद है।

मूल और आश्लेषा नक्षत्र के चरण जन्मफल

मूल पाद फल		आश्लेषा पाद फल	
चरण	फल	चरण	फल
१	पितृनाश	४	पितृनाश
२	मातृनाश	३	मातृनाश
३	धननाश	२	धननाश
४	शान्ति से सुख	१	शान्ति से सुख

मूलजनले वृक्षविभाग फलम्

मूल	स्तम्भ	त्वचा	शाखा	पत्र	पुष्पे	फलम्	शिखा	विभाग
७	८	१०	११	१२	५	४	३	घटी
मूल	वंश	मातृ	मातुल	मन्त्री	मन्त्री	विपुल	अल्प	फल
नाश	नाश	क्लेश	नाश	पदम्	पदम्	लाभ	जीव	

अथ मूलपुरुष चक्रम्

मूर्ध्नि	मुख	स्कन्धे	बाह्वो.	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुह्ये	जान्वोः	पाद	स्थान
५	७	४	८	४	९	२	१०	६	६	घटी
राजा	पि. मृ.	बली	बली	दानी	मन्त्री	ज्ञानी	कामी	मतिभ्रा.	अतिभ्रा.	फलम्

अथ मूलनिवासचक्रम्

जन्ममासानुसारेण	वै. ज्ये. मार्ग. फा.	चैत्र, श्रा. का. पौ.	आषा. आ. माघ. भा.
जन्मलग्नानुसारेण	२।५।८।११	३।६।९।१२	१।४।७।१०
मूलनिवासस्थानम्	पाताले	भूमौ	स्वर्ग
फलम्	शुभम्	कुलनाशः	शुभम्

मूल का निवास मास व लग्नानुसार दोनों प्रकार से भूमि पर आवे तो महाभयप्रद होता है एक प्रकार से स्वल्पभय होता है। तृतीया, दशमी, षष्ठी शनिभौमसमन्विता। शुक्ला चतुर्दशी मूले जातः संहरते कुलम्॥ यत्र गण्डे क्रूरयुते महादोषकरो भवेत्। शुभग्रहसमायोगे ईषच्छुभकरं भवेत्॥ दिनक्षये व्यतीपाते व्याघाते विष्टिवैधृतौ। मूले गण्डातिगंडे च परिघे यमघण्टके॥ ब्रह्मदण्डे मृत्युयोगे प्राप्ते गंडदिने शिशुः। जातो हन्ति कुलं सर्वं तस्मात् कुर्वीत शान्तिकम्॥

यथा सर्पविषस्यैव मन्त्रश्रवणादिलीयते। तथैव गंडदोषोऽपि विधानेन विलीयते॥ रत्नैः शतौषधीमूलैः सप्तमृद्भिः प्रपूर्यते। शतच्छिद्रं घटं तस्मान्निःसृतेन जलेन हि॥ बालकस्यापि तत्स्नाने विप्रैः सम्पादिते सति। जपहोमप्रदानेन कृतं स्यान्मांगल्यं ध्रुवम्॥ विरुद्धावयवे मूले विधिरेव स्मृतो बुधैः। मुनीनां वचनं सत्यं मन्तव्यं क्षेममीप्सुभिः॥

अबाभुक्तमूलविचार:—ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्तिम चार घटी, किसी के मत से एक घटी एवं मूल नक्षत्र आदि की चार घटी विशेष आती, अभुक्तमूल कहलाता है। इस

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

समय में जो बच्चा जन्म ले उसका परित्याग करदे या आठ वर्ष, असमर्थ हो तो ६ मास अथवा २७ दिन तक पिता मुख न देखे। धनगडे दरिद्रोऽपि शान्ति कुर्यात्स्वशक्तितः। अन्यथा नाशमाप्नोति चाभुक्तर्क्षे विशेषतः ॥

अश्विनीजातस्य फलम्—अश्विनी नक्षत्र के प्रथम चरण में जन्म हो तो पिता को भय, द्वितीय में सुखैश्वर्य, तृतीय में मन्त्री तुल्य, चतुर्थ में नृपति समान होता है।

मघाफलम्—मघा के प्रथम चरण में जन्म हो तो माता या मातृपक्ष को हानि, दूसरे में पिता को भय, तीसरे में सुख, चतुर्थ चरण में धन विद्या लाभ होवे।

ज्येष्ठापाद फलम्—प्रथम चरण में बड़े भाई को नेष्ट, द्वितीय में छोटे का नाश, तृतीय में माता का नाश, चतुर्थ में अपने बाप का नाश होता है। ज्येष्ठांघ्रिपादजो ज्येष्ठं हन्ति बालो न बालिका। न बालिका तु मूलर्क्ष मातरं पितरं तथा।

रेवतीपाद फलम्—रेवती के प्रथम चरण में जन्म हो तो नृप समान दूसरे में मन्त्री या मुक्तार, तीसरे में सुख सम्पत्तियुक्त, चतुर्थ चरण में अनेक कष्ट हों।

गण्डमूलात्पन्न बालक का जन्मकाल फल

दिन में	रात्रि में	सन्ध्या	प्रातः	समय
मू० ज्ये० पिता को भय	मू० श्ले० माता को भय	रे० अश्वि० शरीर भय	पशु हानि	फल

अथ पुरुष जन्मकुण्डल्यां भावस्थ-ग्रह-फलानि

भाव:	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु १	शिरअगपीड़ा	कान्तिसुख	रक्तकोप	सुखी	विद्वान्	सुखी	दुःखी	रोगी	सकाम
धन २	धननाश	सम्पत्तिवान्	ऋणी	धनी गुणी	धनागम	धनो	धनहानि	निर्धन	खल
सहज ३	नीरोगी	कीर्तिमान्	विक्रमी	अरिमर्दन	पापी	पापी	पराक्रमी	विक्रमी	शूर
सुहृत् ४	दुःखी	सुखभोगी	दुःखी	सुखी	सुखी	सुखी	दुःखी	मातृहा	दुःखी
सुत ५	सुतहानि	धनी पुत्रवान्	पुत्रहीन	अल्पपुत्र	प्रतापी	धीमान	पुत्रहीन	कुमति	मूर्ख
शत्रु ६	शत्रुनाश	अल्पायु	शत्रुनाश	रोगी	कामी	रोगी	शत्रुजित्	सबल	सबल
स्त्री ७	स्त्रीदुष्टा	सुभार्यावान्	स्त्रीनाश	धर्मज्ञ	सुभार्या	कामी	स्त्रीकुलटा	स्त्रीरोगी	स्त्रीहा
मृत्यु ८	अल्पायु	योगी	शरीरपीड़ा	गुणी	नीचस्व	नीच	नेत्ररोगी	रोगी	क्लेशयुक्त
धर्म ९	दुष्टमति	धर्मात्मा	पापरत	सुखी	धार्मिक	तपस्वी	दुष्टबुद्धि	दैन्ययुक्त	पापी
कर्म १०	शर	तेजयुत	तेजस्वी	कीर्तिमान्	सपत्तिमान्	सपत्ति	पराक्रमी	मानी	पितृहानि
लाभ ११	धनी	धनी	धनी	धनी	सुलाभ	सुमति	धनवान	सुख्यात	धनी
व्यय १२	दुष्टस्वभाव	कामी	पतितदारहदरिद्री		खल	रोगी	दुःखी	पतित	दुर्जन

अथ स्त्रीजन्मकुण्डल्यां भावस्थग्रहफलानि

भाव:	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु १	क्रोधिनी	गतायुः	विधवा	सौभाग्या	सती	ससुखा	वन्ध्या	पुत्रहीना	दुःखिनी
धन २	दरिद्रा	बहुधन	वन्ध्या	धनाढ्या	धनाढ्या	सुभगा	दुःखिनी	दरिद्रा	दुःखार्त्ता
सहज ३	सुसुता	सुखिनी	विसहजा	पुत्रवती	सुसहजा	धनाढ्या	सुदक्षा	सवित्ता	रोगिणी
सुहृत् ४	सपीड़ा	दुर्भगा	दुःखार्त्ता	सुसुहृा	सुखिनी	सुखिनी	हृद्रोगा	रोगार्त्ता	मातृहा
सुत ५	विपुत्रा	ससुखा	विपुत्रा	धीकीर्तियुत्ता	सगुणा	पुत्रवती	विपुत्रा	विपुत्रा	अपुत्रा
शत्रु ६	सुखिनी	सरोगा	अरोगा	सकोपा	सापदा	दरिद्रा	गुणज्ञा	सधना	धनयुता
पति ७	दुःखार्ता	पतिप्रिया	विधवा	पतिव्रता	कीर्तियुता	पतिप्रिया	विधवा	दुःखिता	विधवा
मृत्यु ८	विधवा	रोगिणी	विधर्मा	कृतघ्ना	सरोगा	विसुखा	दुःखिनी	विधवा	दुःखिनी
धर्म ९	धर्मज्ञा	सुखिनी	दुःखिनी	सुभोगा	पुत्राढ्या	धर्मरता	वन्ध्या	वन्ध्या	शोकयुक्त
कर्म १०	सुकर्मा	धर्मज्ञा	कुपुत्रा	सत्कर्मा	साध्वी	सधना	पापिनी	दुष्कर्मा	पापिनी
लाभ ११	सधना	गुणज्ञा	सलाभा	पतिव्रता	सुपुत्रा	सुपुत्रा	सुलाभा	नीरोगा	सुभगा
व्यय १२	क्रोधिनी	हीनांगी	खला	कृशांगी	सुव्यया	सुव्यया	मूढ़ा	दुष्टा	रोगिणी

अथ मातृसुखनाश योगाः—(१) पापग्रह युक्त चन्द्रमा सातवें भाव में होवे, (२) चन्द्रमा से सातवें पापयुक्त शुक्र होवे, (३) पाप ग्रहों के बीच चन्द्रमा हो अथवा चन्द्रमा से चौथे सातवें पापग्रह हो, (४) तीसरे अथवा सातवें स्थान में सूर्य होवे और लग्न में मंगल होवे, (५) चौथे भाव में शनि पापग्रहों से ही दृष्ट हो, इन पांचों में से एक भी योग मिले तो माता को भय हो, जप दान करना चाहिए।

पितृनाश योगाः—(१) सूर्य मंगल दशवें वा नवमे गये हो (२) दशमेश रवि मंगल से युक्त हो, (३) शत्रु राशि का मंगल १०वें हो, (४) पापग्रह से युक्त सूर्य सातवें हो, इन चार योगों में से एक भी योग हो तो पिता को भय हो।

भ्रातृनाश योगाः—भ्रातृ ग्रह को ईश जो भौम संगत्रिक होय।
जाके ऐसे योग है भ्रातृहीन नर होय ॥

सन्तानसुख नाशयोगाः—गुरु ते पञ्चम गेह पति, जाय परे छिक भाव। ऐसा यो जो लखि परे, ताके पुत्र अभाव। पुत्र धर्म अरु लग्नपति जोय परे, छिक थान। जन्म समय या योग ते सदा पुत्र की हान।

रोगिणी स्त्रीयोगाः—शुक्र और सूर्य सप्तम, पंचम और नवम में हों तो उसकी स्त्री प्रायः रोगयुक्त रहती है।

नीचयोगाः—सहज सप्तम धन सदन में क्रूर बसे खग आई। भवन पांचवें गुरु बसे नीच जाति मनसाई ॥ सिंह लग्न जन्मे शिशु सप्तम शनि विकराल। म्लेच्छ होय कुछ दिवस में यदपि ब्रह्म को बाल। जिनके बुध भग राह सग सप्तम भाव विराज। लहे सर्वदा राजसुख होवे वेश्याबाज।

आंरज योगाः—भानुचन्द्रतनु ना लखै लग्नप लखै न लग्न। सो शिश है परपुरुष को भाषत ज्योतिषमग्न ॥ रवि कुज गुरु तिथि अष्टमी चौथ चतुर्दशी सार। तीन उत्तर जन्म में तब शिशु कहो परार ॥

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

गोचर-ग्रहाणां द्वादशभाव-फल बोध-चक्रम्

ग्रह.	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
सूर्य:	स्थानना.	भय	श्री:	मानभय	दैन्य	विषय:	मार्ग:	पीडा	सुकृना.	सिद्धि:	धनलाभ	द्रव्यना.
चन्द्र:	अन्नला:	धननाश	सुख	रोग:	कोर्यनाश	धनला.	स्त्रीला.	रोग:	धर्मला.	सौख्य	धनलाभ	धनना.
भौम:	शत्रुभी:	धननाश	धनलाभ	शत्रुभी:	धननाश	धनला.	द्रव्यना.	शत्रुभी.	शत्रुभी.	शोक:	धनलाभ	धनना.
बुध:	बन्धनं	धनलाभ	शत्रुभी.	पशुलाभ	सुखं	स्थानला.	पीडा	धनला.	पीडा	सौख्य	धनलाभ	धनना.
गुरु:	भयं	धनलाभ	क्लेश	धननाश:	सुख	शोक:	राजमान	पीडा	सौख्य	दैन्य	धनलाभ	पीडा
शुक्र:	शत्रुना.	धनलाभ	सौख्यं	धनलाभ	पुत्रलाभ	शत्रुभी.	शोक;	धनला.	वस्त्रला.	दु:ख	धनलाभ	धनला.
शनि:	भयं	धननाश	ऐश्वर्यं	शत्रुभी:	पुत्रनाश:	धनला.	दोष:	पीडा	धर्मना.	दौर्मन.	धनलाभ	धनना.
राहु:	हानि:	धननाश	धनलाभ	वैर	शोक:	श्री:	कलह:	मृत्यु	दु:ख	वैर	सुखं	शोक:
केतु:	रोग:	वैर	सुखं	भय	सुख	धनला.	कलह:	रोग:	पाप	शोक:	कीर्ति:	शत्रुभी.

उपरोक्त गोचर फल जन्म राशि या जन्मलग्न के अंश आदि से लेकर अग्रिम राशिके उतने अंश तक प्रथम भाव एवं द्वादश भावों के अंशों पर कल्पना करने से अधिक मिलता है। केवल राशि से फल में अधिक अन्तर रहता है।

अथ ग्रहाणामेकत्र भोगफल-समयादि ज्ञानम्

सू.	चं.	मं	बु.	गु.	शु.	श.	रा	के.	
मा.१	दि. २	मा१।।	मा१	मा१२	मा. १	मा३०	मा १८	एकार्थभोग	
आदौ	अन्ते	आदौ	सदा	मध्ये	मध्ये	अन्ते	अन्ते	फलसमय:	
दि. ५	ब. ३	दि: ८	दि. ७	मा. १	दि. ७	मा. ६	मा. ६	गतव्यराशे: प्राक्फलम्	

अथ ग्रहतुष्ट्यर्थं धारणाय मणय:

सू.	चं.	मं	बु.	गु.	शु.	श.	रा	के.	
माणिक्यम्	मुक्ताफलम्	प्रवाल:	पन्ना	पुष्परागो	हीरा	नीलम	गोमेदम	वैदूर्यम्	
ताम्रम्	रौप्यम्	ताम्रम्	सुवर्णम्	सुवर्णम्	रौप्यम्	लौहम्	सीसम्	लौहम्	

पूतनाग्रसित लक्षण एवं शान्ति

बहुत समय बिछौने पर अकेली जगह में छोटे बच्चे को सुला देने से पूतना नाम राक्षसी का उसमें प्रवेश होने से बच्चा बीमार हो जाता है। तब पूतना की बलि निकालने से अच्छा होता है। जब कभी बच्चा बैठे २ गिर पड़े, या यों मालूम हो कि किसी के पीटने से गिरा है और मूर्छा आ गई है अथवा एकाएक कोई रोग हो गया है तब जानो, कि उसे महापूतना ने ग्रसा है। यदि कोई लोभादि के वश में आकर वनदेवता या नगरदेवता का तिरस्कार कर दे तो उसके बालक में ऊर्ध्वपूतना प्रवेश कर लेती है। यदि कोई मनुष्य अपनी ऋतुस्नाता स्त्री का गमन करने के पश्चात् स्नान न करे या बिना ऋतु के संगम करके हाथ मुंह न धोवे और माता अपवित्रता में ही बालक के साथ सो जावे तो **वालजंता** नाम की राक्षसी का दोष होगा। बच्चे को इतर फुलेल और फूल माला पहिना कर बाहर जाने से रेवती ग्रही का दोष होता है। सिर खुले जूठे बालक को संध्या के समय सोने से भी रेवती का आवेश हो जाता है। संध्या के समय जमीन पर सोने से अथवा खेलने से बालक को पुष्प रेवती का दोष होता है। कदाचित् बालक खेलता २ गिर जाय अथवा उसे उल्टी हो या हाथ-पांव नहीं धुले हों तब उसे शुष्क रेवती का आवेश होता है। जूठा खाने और देवता के स्थान पर मलमूत्र करने से शकुनी ग्रही बालक को पकड़ लेती है। जो नित्य कर्म संध्या वंदनादि नहीं करते या जो लोग पक्षियों को पालते हैं जन्मान्तर में उनके बालकों पर शिशुमुंडिका राक्षसी का दोष हो जाता है। फिर उसका पूजन और बलि धूपादि दान करने से शान्ति होती है।

खेष्टा—जिस बालक के नखों और दांतों में विकार हो, नींद नहीं आवे, डर लगे, मन को उद्वेग रहे, शरीर में दुर्गन्ध उठे, अनेक प्रकार की चेष्टा करे, बल अधिक हो जावे, उसे ग्रहाविष्ट जानना।

उद्वर्तनम्—दूर्वा, कुटकी, नीम के पत्ते, तज, इनका उबटना बालक के शरीर में मलकर पीछे पीपल के पत्ते मुलट्ठी, लसूड़े के पत्ते इनका काढ़ा बनाकर स्नान करावे ग्रह रोग दूर होगा।

सर्वबालग्रहशान्त्यर्थं देवालये ज्योतिदीन निवासश्च तत्र रात्रौ—अहिनस्ति दैत्यतेजांसि स्वनेनापूर्य या जगत्। सा घण्टा पातु नो देवि पापेभ्यो न: सुतानिव॥ इत्यस्य जप: ततोऽनेनैव मन्त्रेण सदीपदधिमाषान्नबलिदाने घण्टाबन्धने च सर्वबालग्रहशान्ति:॥

अथ बाल रक्षा विधि (प्रयोगसारे)

यदि दुष्ट दृष्टि (नजरादिदोषों) के कारण बालक के शरीर में कोई रोग कष्ट हो जाय तो—ॐवासुदेवो जगन्नाथ: पूतनातर्जनो हरि:। रक्षतु त्वरितं बालं मुञ्च मुञ्च मधुकैटभ-मर्दन:। प्रात: सङ्गव मध्याह्ने सायाह्ने सुच सन्ध्ययो॥२॥ महानिशि सदा रक्ष कंसारिष्ट निषूदन:। यदगोरज: शिशाचांश्च ग्रहान् मातृग्रहानपि॥३॥ बालग्रहान्विशेषेण छिन्धि छिन्धि. महाभयान्। त्राहि त्राहि हरेनित्यं त्वदक्षाभूषितं शिशुम्॥४॥

इन चार मन्त्रों से अभिमन्त्रित हुई गौ के गोबर की शुद्ध भस्म को बालक के मस्तक, कण्ठ, हृदयादि अंगों में लगाने से बालक का कष्ट दूर होगा।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

बाल कष्टावली चक्रम्

किस समय कौन पूतना ग्रस्त करती है ?	मूर्ति निर्माणार्थ द्रव्य	पूजन द्रव्य	बलि विधान व समय	स्नान पूजा मार्जन मन्त्र	वृक्ष
प्रथम दिन मास वर्ष में योगिनी	नदी के दोनों किनारों की मृत्तिका	श्वेत चन्दन तिलक, श्वेत पुष्प, ५ रंग की झंडी ५, ५ दीपक, ५ आटे के सतिये, कपूर, लोहबान	श्वेत भात, ५ पूर्ण पोली (सुहाली) १ प्रहर दिन चढ़े पूर्व दिशा में चौरास्ते पर रखना ।	ओं ब्रह्माविष्णुश्च रुद्रश्च स्कन्दो वै श्रवणस्तथा । रक्षन्तु त्वरितं बालं मुञ्च मुञ्च कुमारकम् ।	राई, लूण, आक के फूल, बिल्ली और मनुष्य के बाल, निम्ब-पत्र, गोघृत
द्वितीय दिन मास वर्ष में सुनन्दना	एक सेर चावलों का आटा	१० दीपक, १० झण्डी, पुष्प चावलों के आटे के सतिये १०	भात एक सेर आटे के पूड़े मत्स्य व बकरे का मांस, संध्या समय पश्चिम दिशा में चौरास्ते पर रखना ।	ओं नमश्चामुण्डायै विच्चे हाहा ही ही हूं हूं दुष्टग्रहा गच्छ-त्विवत: स्थानाद्राज्ञया स्वाहा	
तृतीय दिन मास वर्ष में पूतना	एक सेर चावलों का आटा	रक्त चन्दन, रक्त पुष्प, श्वेत ध्वजा, दीपक १०, गेहूं के आटे के सतिये १० ।	एक सेर लाल भात, आधे सेर पूर्ण पौली, (सुहाली) पश्चिम दिशा में किसी वृक्ष के नीचे ।	सुनन्दना विधानोक्त	
चतुर्थ दिन मास वर्ष में मुख मण्डिका	तिल-चूर्ण एक सेर	श्वेत पुष्प श्वेत ध्वजा ५, दीपक, मिल सके तो अर्जुन वृक्ष के पुष्प	भात, सेर आटे के पूड़े आध सेर पूर्ण पौली, सायं. पश्चिम दिशा मे वृक्ष के नीचे ।	सुनन्दना विधानोक्त	कपूर, गोरोचन, सांप की कांचली, नीम के पत्ते, पुष्प और बिल्ली के बाल गोघृत
पञ्चम दिन मास वर्ष में, विडालिका	एक सेर चावलों का आटा	श्वेत चन्दन, श्वेत पुष्प, दीपक ५, श्वेत ध्वजा ५, गेहूं के आटे के सतिये ।	श्वेत भात, ७ पूड़ियां, सायंकाल पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे	ओं भगवती ह्रीं ह्रीं हूं हूं मुञ्च रक्षां कुरु कुरु बलि गृह्ण गृह्णअस्त्र ठ:ठ: चामुंडे सर्वारि चण्डिकेठ:ठ: स्वाहा ।	
षष्ठ दिन मास वर्ष में, वट्कारिका	नदी के दोनों किनारों की मिट्टी	श्वेत चन्दन, श्वेत पुष्प, दीपक ५, श्वेत ध्वजा ५ ।	भात, ५ मिठाई, ५ सुहाली, ७पूड़ियां, १ प्रहर दिनचढ़े पूर्व में चौरास्ते पर	योगिनी विधानोक्त	
सप्तम दिन मास वर्ष में कालिका	चावलों का आटा एक सेर	श्वेत चन्दन, श्वेत पुष्प, दीपक ५, श्वेत ध्वजा ५ ।	भात, ७ पूड़ियां सायं काल पश्चिम में चौरास्ते पर मौन होकर	विडालिका विधानोक्त	कूट, गगुल, राई, हरीदाल, घृत ।
अष्टम दिन मास वर्ष में कामिनी	जल के दोनों किनारों की मिट्टी	रक्त चन्दन ५, रंग की झण्डी५ दीपक ५ ।	गेहूं की रोटी, मसूर की दाल, हरा साग छाग मांस संध्या में चौरास्ते पर	विडालिका विधानोक्त	
नवम दिन मास वर्ष में, मधना	एक सेर गेहू का आटा	चन्दन, पुष्प ५ दीपक, ५ रंग की झण्डी ५ ।	भात, मत्स्य मांस, पापड़ी, सुहाली उत्तर में प्रात: चौरास्ते पर	ओं नमो भगवतेवासुदेवाय कृष्णाय मुडल बलिमादाय हन२ हुंफट्स्वाहा	
दशम दिन मास वर्ष में, रेवती	एक सेर गेहू का आटा	रक्त पुष्प, २५ झण्डी, २५ दीपक, २५ सतिये ।	गुड़ के घी भुने चावल, गौ घृत, सायं, दक्षिण में चौरास्ते पर	ओं नमो भगवते वैश्वदेवाय हन ह फट् स्वाहा	
एकादश दिन मास वर्ष में, सुदर्शना	काले उड़दों का आटा एक सेर	श्वेत पुष्प, २५ दीपक, २५ सफेद झण्डी, २५ आटे के सतिये ।	श्वेत भात, ७ पूड़े, सुहाली ७, सायं व प्रात: दक्षिण में चौरास्ते पर	ओं नमो भगवते रावणाय चन्द्र हास पत्र हस्ताय ज्वल २ दुष्ट ग्रहादीन् ओं ह्रीं फट् स्वाहा	गोरोचन, लहसुन, सांप की कांचली, शिरीषफल, मनुष्य और बिल्ली के बाल, राई, गोघृत
द्वादश दिन मास वर्ष में, अद्भुता	चावलों का आटा एक सेर	१३ दीपक, १३ झण्डी, १३ सतिये आटे के ।	सुहाली, पूड़े ७, पूड़ियां ७, मत्स्य मांस, पापड़ी, सायंकाल दक्षिण में चौरास्ते पर ।	ओं नमो नारायणाय ज्वलदस्ताय हन हन शोषय २ मर्दय २ तापय२ हुं३ हन २ दुष्टानां ह्रांह्रं स्वाहा	

इस बाल पूजा विधान—सभी सिद्ध बाल कष्टावली पूजीता हर एक बालक के नीचे अंकित किस्सा-सार लिख-लिखाकर रखो इस एक ही प्रकार से होता है, विधान सिर्फ तीन दिन तिथवार करें। जैसे दिन पवार, बालक, बिल्ली, मुर्गा, तिस सबके तो कलिए, इनके पत्तों को उबाल कर बालक को मन्त्र पाठपूर्वक स्नान कराना तदनन्तर कल्याणार्थ यथा कथित विधिपूर्वक हवन होने आदि वीजों को विधानानुसार भोजन कराना ॥ तदनन्तर ओं दीर्घतिरन्तरिक्ष ॥ इत्यादि शांति मन्त्रों व मार्जन व मन्त्रों के प्रहण से ही ऐसे के बालक की शिक्षा या विद्या-स्थान-नक्षत्र पूर्वक यह मन्त्र पढ़े—ओं रक्ष रक्ष महारौद्र नीलरौद्र कटाक्षर ! ब्राह्मणो तेहि रक्ष मुख मुद्रय मुद्रय कुमारकम् ॥ ओं नमोस्तर, हन पच्च कंकरणु ह्रां राक्षस स्फोटय २ स्वाहा । गर्ह २ ये २ गच्छ २ आगच्छ २, हिम २, हुर: एवं लिखि छो कारण स्वाहा ॥ इति रक्षा मन्त्र: ॥

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अथ नक्षत्र-कष्टावली

रोग नक्षत्र	रोगशांत्यर्थ दान	नक्षत्रपादवशोद् रोग दिनसंख्या १च २च ३च ४च				रोगशांत्यर्थ जपनीयमन्त्राः	रोगनिवृत्यर्थ बलि
अश्विनी	भोजनदानम्	६	११	१	२०	मृत्युञ्जयमन्त्र जपः	घोड़ी के मुख में सात व्रीही धान्य देवे।
भरणी	गो-अन्नदिदान	०	८०	४०	११	यमायत्वेति मन्त्रः	हाथी के मुख में तिल चावल
कृत्तिका	स्वर्णदानम्	६	११	१६	२७	अग्निर्मर्धेति मन्त्रः	कछुए के मुख में घी दें
रोहिणी	घृतदानम्	३	६	१८	३०	ब्रह्मयवेति मन्त्रः	सर्प को दूध दही खिलावे
मृगशिरा	तिलदानम्	६	५	७	१०	इमं देवेति मन्त्रः	खरगोश को दूध पिलावे
आर्द्रा	गोदान	०	१८	०	०	नमस्ते रुद्रेति मन्त्रः	बकरी के मुख में रक्त डालें
पुनर्वसु	पीतान्नदानम्	७	१४	२	२१	अदितिद्यौ रितिमन्त्रः	सूअर को धान्य खिलावे
पुष्य	तैलान्नदानम्	६	७	१०	२१	बृहस्पतेति मन्त्रः	बकरे के मुख में दही डाले
आश्लेषा	गोघृतादिदानम्	०	०	४१	०	नमोऽस्तुसर्पेति मन्त्रः	बिलाव को दूध पिलावे
मघा	वस्त्रान्नदानम्	१५	७	१७	२०	पितृभ्य इति मन्त्रः	बन्दर को तिल उड़द खिलावे
पू. फा.	भोजनदानम्	०	१५	०	३०	अगन्नग्नेति मन्त्रः	ऊंट के मुख में शहद दे
उ. फा.	अन्नदानम्	७	१४	७	६०	दध्यावढेति मन्त्रः	गाय को शाक खिलावे
हस्त	तैलदानम्	१५	१७	१५	०	उदुत्यजातवेदेति मन्त्रः	भैंसे को कमल के फूल खिलावे
चित्रा	दुग्धदानम्	११	६	६	१६	त्वष्टा तुरीगति मन्त्रः	बाघ के लिए तगर व घतूरे के फूल वन में रखे
स्वाती	गोघृतदानम्	६०	१७	३०	०	वायोरग्नेति मन्त्रः	भैंसे को गुड़ चावल खिलावे
विशाखा	गोस्वर्णदानम्	१५	०	४	१२	इंद्राग्नी इति मन्त्रः	बाघ के मुख में गुड़ भात की बलि दे
अनुराधा	गोघृतदानम्	६०	१२	३६	३०	नमोमित्रेति मन्त्रः	बकरे को कुलथी सहित भात गुड़ दे
ज्येष्ठा	तिलदानम्	६६	६	६	४	त्रातारमिन्द्रमितिमन्त्रः	बन्दरों को गुड़ तिल डाले
मूल	रौप्यपात्रदा	०	६	१५	६	मातापुत्रेति मन्त्रः	बिलाव को दूध पिलावे
पू. षा.	गोमुक्तादानम्	०	१५	२४	१०	आपो धर्मेति मन्त्रः	कछुए के मुख में नागरमोथे की बलि दे
उ. षा.	भोजनदानम्	३०	२४	२६	१६	विश्वेदेवेति मन्त्रः	गौ को धान्य डाले
श्रवण	श्रीफलदानम्	६०	२४	६	६	विष्णोरराट. मन्त्रः	भैंसे के मुख में रक्त मीठा की बलि दे
धनिष्ठा	अन्नान्नदानम्	१५	४	२०	२१	वसोःपवित्रेति मन्त्रः	मनुष्य के मुख में दही अन्न की बलि दे
शतभिषा	भोजनान्नदानम्	४	४५	३	२२	वरुणस्तम्भेति मन्त्रः	गौ को चावल खिलावे
पू. भा.	भोजनदानम्	०	१२	२१	१६	अहिर्बुध्न्येति मन्त्रः	कौए के मुख में फल की बलि दे
उ. भा.	अन्नदानम्	१०	३	६	१५	अहिर्बुध्न्येति मन्त्रः	गाय को चावल खिलावे
रेवती	फल वा. कन्यापू.	१८	१०	६	२०	पूषन्नवेति मन्त्रः	हाथी के मुख में पूरी-पूओं की बलि दे

स्वालमुखी योग

तिथि	१	५	८	९	१०
नक्षत्र	मूल	श्र.	कृ.	रो.	श्लेषा

जन्मी सो जीवे नहीं बसी जो उजड़ जाय। चूड़ा पहिरे कामिनी चटपट विधवा होय। गये गए ना बहुरे कूए नीर सुकाय।

पुत्रोत्पत्ति का समय जानना—(१) जन्मलग्नेश व पुत्रेश के स्पष्ट को जोड़ें। योगफल के राश्यादि और नवांश की राशि में या इन दोनों के त्रिकोण राशि में जब गोचर का गुरु होता है तब सन्तान उत्पन्न होती है।

(२) चं० ल० गु० इन तीनों से पंचम स्थानेश या नवमस्थानेश की दशान्तर्दशा में सन्तान प्राप्ति होती है।

विवाह स्त्रीसुख होने का समय जानना—(१) जन्म लग्नेश सप्तमेश को जोड़कर जो राशि हो उस राशि में ५" गोचर का गुरु हो तब विवाह होता है।

(२) चन्द्र राशीश और अष्टमेश को जोड़े उस राशि में जब गोचर का गुरु आवे तब विवाह होता है।

(३) लग्नेश का नवांशेश जिस राशि में हो उस राशि से द्वितीय भाव में जब गोचर व गुरु चन्द्र होते हैं तब विवाह होता है।

(४) शा० चं० सप्तमेश की दशान्तर्दशा में विवाह होता है।

पिता के खतरे का समय जानना—(१) गुलिक स्पष्ट से सूर्य-स्पष्ट घटावें, शेष राशि के त्रिकोण में जब गोचर का शनि हो तब पिता की मृत्यु होती है।

(२) सूर्य से १।२।७।१२ भाव में जो पापग्रह हो तो उस की दशान्तर्दशा में पिता की मृत्यु होती है।

नोट—

इस कष्टावली में प्रत्येक नक्षत्र का जपनीय मन्त्र पृथक् पृथक् लिखा है वह न कर सकें तो महामृत्युञ्जय ही करें। जिस नक्षत्र के जिस चरण में पहले रोग उत्पन्न हुआ है उस चरणानुसार कष्ट दिन जाने, शून्य से विशेष भय जाने, दान जप करें।

जिस नक्षत्र में रोग पैदा हुआ है उसे यहां कष्टावली में 'रोग नक्षत्र' का नाम दिया है। रोग नक्षत्र को जानकर इन कोष्ठकों में लिखा उपाय एवं यथाशक्ति दान करने से रोग शान्त होगा। 'रोग निवृत्यर्थ बलिदान'—वाले कालम में घोड़ी हाथी आदि के मुख में बलि देने के लिए लिखा है, वह गेहूं के आटे की बैली ही आकृति बनाकर (मन में हाथी आदि की धारणा करके) उसके मुख में बलीद्रव्य देकर धूप-दीपादि करके आटे की आकृति को जल में प्रवाहित कर दें—ऐसा तीन दिन करें। साथ ही दान और जप भी करें।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

रोगोत्पत्तौ कुयोगाः

(१) रोग के शुरु दिन में जन्मराशि नक्षत्र लग्न में या राशि व लग्न से आठवें चन्द्र वा यमघंट कुयोग हो।

(२) सूर्यवार को मघा, द्वादशी या भरणी अनुराधा नक्षत्र हो।

(३) सोमवार को आर्द्रा या उत्तराषाढा नक्षत्र हो।

(४) मंगलवार को कृ. मघा व शतभिषा या नन्दा (१।६।११) हो।

(५) बुधवार को अश्विनी व विशाखा या भद्रा (२।७।१२) आश्ले हो।

(६) गुरुवार छठ व शतभिषा या ज्येष्ठा व मृग. या जया (३।८।१३) व मघा हस्त हो।

(७) शुक्रवार अष्टमी व अश्विनी या आश्लेषा श्रवण या रिक्ता ४।९।१४ आर्द्रा या धनिष्ठा हो।

(८) शनिवार को नवमी व पू.षा. या हस्त व पू.भा. या पूर्णा (५।१०।१५) व भरणी हो।

(९) सूर्य मंगल शनिवारों को ४।६।९।१२।१४।३० तिथि, भरणी कृत्ति आर्द्रा आश्ले. पूर्वा ३ विशा. ज्ये. धनि. शत. नक्षत्र हो तो मृत्युतुल्य कष्ट होता है।

परञ्च जन्मपत्र में मारकेश का और भी विचार कर लेना। क्योंकि बिना मारकेश आये मृत्यु तो होती ही नहीं हां, ऐसे योग में कष्ट जरूर मृत्युतुल्य होता है। उपरोक्त योगों में से किसी भी एक योग में रोगारम्भ होते ही तुला दान, गोदान तथा मृत्युञ्जय जप करना कल्याणप्रद है।

अथ रोगत्रिनाड़ीचक्रम्

आर्द्रा	पू.फा.	उ.फा.	अनु.	ज्ये.	धनि.	शत.	भर.	कृ.	प्रथमा
पुन.	मघा	हस्त	विशा.	मूल.	श्रवण	पू.भा.	अश्वि	रो	मध्या
पुष्य	आश्ले	चित्रा	स्वा	पूषा	उ.षा.	उ.भा.	रेव.	भृ.	अन्त्या

सूर्य नक्षत्र दिन नक्षत्र और जन्म नक्षत्र व नाम नक्षत्र 'रोगत्रिनाड़ीचक्र' में एक ही नाड़ी पर हो तो असाध्य रोगी का मरण होता है, मरने को हो तो प्रतिदिन देखने से जिस दिन यह योग मिले उसी दिन निःसंदेह रोगी की मृत्यु कहे। यह रोग-त्रिनाड़ीचक्र यात्रा तथा रण के समय भी वर्जित करना।

कालस्य मुखदंष्ट्रा ज्ञानम्

दिन नक्षत्र से नाम नक्षत्र ५।१३।२३ संख्या का हो तो काल का मुख होता है और उसी प्रकार १०—१८वां, नक्षत्र दंष्ट्रा (दादड़ा) होती है। काल के मुख दाढ़ में जिस दिन गोचर में नक्षत्र प्राप्त हो उस दिन अत्यन्त रोगग्रस्त पुरुष की मृत्यु पर्यन्त हालत होती है। रोग पर, सर्पादि दर्शन पर, विग्रह-युद्ध में जाने पर काल के मुख दंष्ट्रा में नक्षत्र हो तो अशुभ होता है।

कालांग चक्र से शुभाशुभ फलज्ञान

यदि किसी व्यक्ति के अङ्ग विशेष में पीड़ा कष्ट घाव फोड़ा आदि चर्मविकार किंवा वायु—विकारादिजन्य कोई कष्ट हो तो दैवज्ञ तात्कालिक प्रश्नकुण्डली लगाकर निम्न-लिखित कालांग चक्र में दिए भावों के अनुसार उस 'पीड़ित-भाव' को देखे। यदि उस भाव में कोई अशुभ ग्रह हो, किंवा वह भाव खलदृष्ट, अस्त, नीच तथा शुभग्रह की दृष्टि से रहित हो तो समझें, कि उस अवयव में और विशेष कष्ट की सम्भावना है। शान्ति के लिए उस ग्रह की शान्ति करावे। यदि प्रश्नकुण्डली में पीड़ित भाव शुभग्रह से युक्त किंवा शुभ ग्रह दृष्ट हो तो रोग (कष्ट) शीघ्र निवृत्त हो जाएगा।

कुछ दैवज्ञ यहां भावों की जगह मेषादि राशियों की कल्पना करके इसी तरह से विचार करते हैं।

कालांक चक्र

भाव→	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
अङ्ग→	सिर	मुख	भुजाएं	हृदय	उदर	कटिभाग	बस्ति (मूत्राशा)	लिङ्ग गुदा	जंघाएं	घुटने	पिण्डलियां	पाद-युगल

तिथिकष्टावली यन्त्रम्

ति.	तिथीश	कष्टदि	बलि	दान
१	अग्नि	१२	शर्कराज्यबलि	घृतनदान
२	ब्रह्मा	५	पायसबलि	भोजनदान
३	काम	७	घृतान्नबलि	रक्तवस्त्रदान
४	गणेश	१६	मोदकान्नबलि	मूंगादान
५	सर्प	२१	पायसबलि	दुग्धदान
६	स्कन्द	१२	मोदकान्नबलि	चित्रवस्त्रदान
७	सूर्य	८	पायसबलि	ताम्रपात्रदान
८	ईश्वर	१३	नानाभक्ष्यबलि	पीतवस्त्रदान
९	दुर्गा	१८	मिष्ठान्नबलि	रक्तवस्त्रदान
१०	यम	२५	कृशरान्नबलि	नीलवस्त्रदान
११	विश्वेदेव	७	मोदकान्नबलि	पीतवस्त्रदान
१२	विष्णु	७	मोदकान्नबलि	श्वेतवस्त्रदान
१३	काम	१०	दधिशर्कराबलि	सुवर्णदान
१४	शिव	६०	मिष्टान्नबलि	क्षौद्रशाकभो.
१५	चन्द्र	३	दध्योदनबलि	रौप्यदान
३०	पितर	१८	पूपकान्नबलि	उत्तमान्नभोजन

वारकष्टावली यन्त्रम्

वा.	वारेश	क. दि.	बलि व दान
सू.	रुद्र	५	पायसबलि सूर्यदान
चं.	गौरी	८	नानाभक्ष्यबलि चन्द्रदान
मं.	स्कन्द	५	दुग्धबलि भौमदान
बु.	विष्णु	७	मुद्गान्नबलि बुधदान
बृ.	ब्रह्मा	५	घृतपक्वबलि गुरुदान
शु.	इन्द्र	७	तिलयवाज्यमधु बलि शुक्रदान
श.	यम	१५	माषान्नबलि शनिदान

बाल-रक्षार्थ धूप

राई, लाख, नीम के पत्ते, बांस का छिलका, लहसुन, शिवजी पर चढ़े हुए फूल अगर, गाय का घी, इन सब को मिलाकर धूप देने से सब पूतना तथा अन्य बालग्रह दूर हो जाते हैं। धूप देते समय "खूं खुर्दनं खं हुं फट् स्वाहा"—इस मन्त्र का उच्चारण करे।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

ग्रहगोचरार्द्धदशा क्रमाद्यैर्ग्रहकृतानिष्ट-फल-शमनार्थं प्रत्येक-ग्रह -दान-पदार्थाः												जप संख्या	जपनीय-मंत्राः	दानसमय	हवन-समिधः
सूर्य	माणिक	सुवर्ण	ताम्र	गेहूं	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तपुष्प	केशर	मूंग रक्तगौ	रक्तचन्दन	७०००	ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः	उदय	अर्क
चन्द्र	मोती	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दही	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	शंख	कर्पूर श्वेतबैल	श्वेतचन्दन	११०००	ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्राय नमः	सन्ध्या	पलास
भौम	मूंगा	सुवर्ण	ताम्र	मसूर	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तकनेर	केशर	कस्तूरीरक्तबैल	रक्तचन्दन	१००००	ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः	ध. २शेषदिन	खदिर
बुध	पन्ना	सुवर्ण	कांसी	मूंग	खांड	घी	हरावस्त्र	सर्वपुष्प	हाथीदांत	कर्पूर शस्त्र	फल	१९०००	ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः	ध. ५शेषदिन	अपामार्ग
गुरु	पुखराज	सुवर्ण	कांसी	दालचने	खांड	घी	पीतवस्त्र	पीतपुष्प	हल्दी	पुस्तक घोड़ा	पीतफल	१९०००	ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः	सध्या	अश्वत्थ
शुक्र	हीरा	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दूध	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	सुगंध	दधि श्वेतघोड़ा	श्वेतचन्दन	६०००	ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः	सू. उ.	उदुम्बर
शनि	नीलम	सुवर्ण	लोहा	उदड़	कुलथी	तैल	कृष्णवस्त्र	कृष्णपुष्प	कस्तूरी	कृष्णांग भैंस	उपानह	२३०००	ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः	मध्याह्ने	शमी
राहु	गोमेद	सुवर्ण	सीसा	तिल	सरसों	तिल	नीलवस्त्र	कृष्णपुष्प	खड्ग	कंबल घोड़ा	शंख	१८०००	ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः	रात्रौ	दूर्वा
केतु	लसनी	सुवर्ण	लोहा	तिल	सप्तधान्य	तैल	धूम्रवस्त्र	धूम्रपुष्प	नारियल	कंबल बकरा	शस्त्र	१७०००	ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः	रात्रौ	कुशा
मुन्था	मोती	सुवर्ण	कांसी	चावल	सुवर्ण	घी	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	कर्पूर	मसरी श्वेतचन्दन	हाथीदांत	मुन्थेशवत्	मुन्थेशमन्त्रः	मुन्थेशकाले	

नवग्रहों के व्रत की विधि

यदि किसी व्यक्ति को कोई ग्रह गोचर से या दशा-अन्तर्दशा से खराब चल रहा हो तो निम्नलिखित प्रकार से उस ग्रह का शास्त्रोक्त व्रत-विधान ब्रह्मचर्य पूर्वक करने से अशुभ फल निवृत्ति होती है।

रविवार के व्रत की विधि—सूर्य का व्रत रविवार को करे। यह व्रत शुक्लपक्ष के पहले (जेठे) रविवार से आरम्भ करके वर्ष पर्यन्त तीस या कम से कम १२ व्रत करे। उस रोज केवल गेहूं की रोटी घी लाल खाण्ड के साथ या गेहूं का गुड़ से बना दलिया या हलवा इलायची डाल कर दान करके शेष का दिन में ही सूर्यास्त से पहले भोजन करें। नमक बिलकुल न खावें। भोजन से पूर्व हो सके तो लाल वस्त्र पहनकर ऊपर चक्रोक्त बीज-मन्त्र की पांच माला जप करे। तन्दनतर सूर्य को गन्धाक्षत रक्त पुष्प-दूर्वायुक्त अर्घ प्रदान करे। अपने मस्तक में लाल चन्दन का तिलक करें। जब व्रत का अन्तिम रविवार हो तो हवन पूर्णाहुति के बाद ब्राह्मण भोजन करावे। ऐसा करने से सूर्य का अशुभ फल शुभ फल में परिणत हो जावेगा। तेजस्विता बढ़ेगी। नेत्र रोग, चर्म रोग एवं अन्य शारीरिक रोग भी शान्त होंगे।

सूर्य शान्ति का सरल उपचार :—लाल वस्तुओं का विशेष उपयोग जैसे चादर, परना तथा तांबे की अंगूठी का पहनना।

सोमवार के व्रत की विधि—चन्द्रमा का व्रत शुक्ल-पक्ष के प्रथम (जेठे) सोमवार से प्रारम्भ करके ५४ या १० व्रत करें। व्रत के दिन श्वेत वस्त्र धारण करके चक्र-लिखित बीज-मन्त्र की ११ माला या ३ माला जप करे। सफेद फूलों से पूजन करके सफेद चन्दन का तिलक करे। मध्याह्न के समय नमक के बिना दही—चावल, घी-खाण्ड का यथाशक्ति दान करके स्वयं भोजन करें। जब व्रत का अन्तिम सोमवार हो उस दिन हवन पूर्णाहुति करके खीर-खाण्ड से ब्राह्मण व बटुकों को भोजन करावे। इस व्रत के करने से व्यापार में लाभ, मानसिक कष्टों की शान्ति होती है, विशेष कार्य सिद्धयर्थ भी पूर्ण फलदायक होता है।

चन्द्र शान्ति का सरल उपचार :—सफेद जुराब, रूमाल, सफेद वस्त्र, दूध, दही का उपयोग, चांदी की अंगूठी पहनना।

मंगलवार के व्रत की विधि—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) मंगलवार से प्रारम्भ करके २१ या ४५ व्रत करने चाहिए। हो सके तो यह व्रत आजीवन रखें। बिना सिला हुआ लाल वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की १, ५ या ७ माला जप करे। नमक सेवन न करे, यह जरूरी है। उस दिन गुड़ से बने हलवे का या लड्डुओं का दान करे। और स्वयं भी खावें। गुड़ से बना कुछ हलवा आदि बैल को भी खिलावें। मंगलवार का व्रत ऋण-हर्ता तथा सन्तति—सुखप्रद है। जब व्रत का अन्तिम मंगलवार हो उस दिन हवन-पूर्णाहुति करके लाल वस्त्र, तांबा, मसूर, गुड़, गेहूं तथा नारियल का दान करे। ब्राह्मणों तथा बच्चों को मीठा भोजन करावे।

मंगल शान्ति का सरल उपचार :—लाल रंग की वस्तुओं का उपयोग रात को लाल वस्त्र पहने, तांबे के बर्तन, [illegible] अंगूठी पहनना।

बुधवार का व्रत—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम बुधवार (जेठे) से प्रारम्भ करें। २१ या ४५ व्रत करें। हरा वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की १७ या तीन माला जप करना चाहिए। उस दिन भोजन में नमक-रहित खाण्ड, घी से बने पदार्थ जैसे मूंगी का बना हुआ हलवा, मूंगी की बनी मीठी पंजीरी या मूंगी के लड्डुओं का दान करे। फिर तीन तुलसीदल, गंगाजल या चरणामृत के साथ लेकर स्वयं भी उपरोक्त पदार्थ खावें। व्रत के अन्तिम बुधवार को हवन पूर्णाहुति करके अङ्गहीन भिक्षुक को मूंगीयुक्त भोजन कराकर हरा वस्त्र, मूंगी आदि का दान भी करें। इस व्रत से विद्या-धन-लाभ, व्यापार से तरक्की तथा स्वास्थ्य लाभ होता है। अमावस का व्रत करने से भी बुध ग्रह जन्म नेष्ट फल से मुक्ति मिलती है।

बुध शान्ति का सरल उपचार :—हरा रंग, हरे वस्त्र तथा शृंगार की अन्य वस्तुएं हरा रूमाल आदि रखना, कांसी के बर्तन में भोजन, बुधाष्टमी व्रत।

बृहस्पति के व्रत की विधि—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) गुरुवार से आरम्भ करें। तीन वर्ष पर्यन्त या १६ गुरुवार व्रत करें। उस दिह पीत वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की ११ या तीन माला जप करे। पीत पुष्पों से पूजन-अर्घ्य दानादि के बाद भोजन में चने के बेसन की बनी घी-खाण्ड से बनी मिठाई लड्डू या हल्दी से पीले या केसरी चावल आदि ही खावें और यही दान करे। जब व्रत का अन्तिम गुरुवार हो तो हवन पूर्णाहुति के बाद ब्राह्मण व बटुकों को लड्डू भोजन कर[illegible] स्वर्ण पीत-वस्त्र चने की दान आदि का दान करे। यह व्रत-विद्यार्थियों के लिए बुद्धि[illegible] विद्या-प्रद है, धन की स्थिरता तथा यश-वृद्धि कर है। अविवाहितों के लिए स्त्री प्राप्तिप्रद सिद्ध होता है।

बृहस्पति शान्ति का सरल उपचार :—पीले वस्त्र रूमाल आदि पीले फूल धारण करना, सोने की अंगूठी पहनना।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

रोगोत्पत्तौ कुयोगाः

(१) रोग के शुरु दिन में जन्मराशि नक्षत्र लग्न में या राशि व लग्न से आठवें चन्द्र वा यमघंट कुयोग हो।

(२) सूर्यवार को मघा, द्वादशी या भरणी अनुराधा नक्षत्र हो।

(३) सोमवार को आर्द्रा या उत्तराषाढा नक्षत्र हो।

(४) मंगलवार को कृ. मघा व शतभिषा या नन्दा (१।६।११) हो।

(५) बुधवार को अश्विनी व विशाखा या भद्रा (२।७।१२) आश्ले हो।

(६) गुरुवार छठ व शतभिषा या ज्येष्ठा व मृग. या जया (३।८।१३) व मघा हस्त हो।

(७) शुक्रवार अष्टमी व अश्विनी या आश्लेषा श्रवण या रिक्ता ४।९।१४ आर्द्रा या धनिष्ठा हो।

(८) शनिवार को नवमी व पू.षा. या हस्त व पू.भा. या पूर्णा (५।१०।१५) व भरणी हो।

(९) सूर्य मंगल शनिवारों को ४।६।९।१२।१४।३० तिथि, भरणी कृत्ति आर्द्रा आश्ले. पूर्वा ३ विशा. ज्ये. धनि. शत. नक्षत्र हो तो मृत्युतुल्य कष्ट होता है।

परञ्च जन्मपत्र में मारकेश का और भी विचार कर लेना। क्योंकि बिना मारकेश आये मृत्यु तो होती ही नहीं हां, ऐसे योग में कष्ट जरूर मृत्युतुल्य होता है। उपरोक्त योगों में से किसी भी एक योग में रोगारम्भ होते ही तुला दान, गोदान तथा मृत्युञ्जय जप करना कल्याणप्रद है।

अथ रोगत्रिनाड़ीचक्रम्

आर्द्रा	पू.फा.	उ.फा.	अनु.	ज्ये.	धनि.	शत.	भर.	कृ.	प्रथमा
पुन.	मघा	हस्त	विशा.	मूल.	श्रवण	पू.भा.	अश्वि	रो	मध्या
पुष्य	आश्ले	चित्रा	स्वा	पूषा	उ.षा.	उ.भा.	रेव.	भृ.	अन्त्या

सूर्य नक्षत्र दिन नक्षत्र और जन्म नक्षत्र व नाम नक्षत्र 'रोगात्रिनाड़ीचक्र' में एक ही नाड़ी पर हो तो असाध्य रोगी का मरण होता है, मरने को हो तो प्रतिदिन देखने से जिस दिन यह योग मिले उसी दिन निःसंदेह रोगी की मृत्यु कहे। यह रोग-त्रिनाड़ीचक्र यात्रा तथा रण के समय भी वर्जित करना।

कालस्य मुखदंष्ट्रा ज्ञानम्

दिन नक्षत्र से नाम नक्षत्र ५।१३।२३ संख्या का हो तो काल का मुख होता है और उसी प्रकार १०—१८वां, नक्षत्र दंष्ट्रा (दादढ़ा) होती है। काल के मुख दाढ़ में जिस दिन गोचर में नक्षत्र प्राप्त हो उस दिन अत्यन्त रोगग्रस्त पुरुष की मृत्यु पर्यन्त हालत होती है। रोग पर, सर्पादि दर्शन पर, विग्रह-युद्ध में जाने पर काल के मुख दंष्ट्रा में नक्षत्र हो तो अशुभ होता है।

कालांग चक्र से शुभाशुभ फलज्ञान

यदि किसी व्यक्ति के अङ्ग विशेष में पीड़ा कष्ट घाव फोड़ा आदि चर्मविकार किंवा वायु—विकारादिजन्य कोई कष्ट हो तो दैवज्ञ तात्कालिक प्रश्नकुण्डली लगाकर निम्न-लिखित कालांग चक्र में दिए भावों के अनुसार उस 'पीड़ित-भाव' को देखे। यदि उस भाव में कोई अशुभ ग्रह हो, किंवा वह भाव खलदृष्ट, अस्त, नीच तथा शुभग्रह की दृष्टि से रहित हो तो समझें, कि उस अवयव में और विशेष कष्ट की सम्भावना है। शान्ति के लिए उस ग्रह की शान्ति करावे। यदि प्रश्नकुण्डली में पीड़ित भाव शुभग्रह से युक्त किंवा शुभ ग्रह दृष्ट हो तो रोग (कष्ट) शीघ्र निवृत्त हो जाएगा।

कुछ दैवज्ञ यहां भावों की जगह मेषादि राशियों की कल्पना करके इसी तरह से विचार करते हैं।

कालांक चक्र

भाव→	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
अङ्ग→	सिर	मुख	भुजाएं	हृदय	उदर	कटिभाग	बस्ति (मूत्राशय)	लिङ्ग गुदा	जंघाएं	घुटने	पिण्डलियां	पाद-युगल

तिथिकष्टावली यन्त्रम्

ति.	तिथीश	कष्टदि	बलि	दान
१	अग्नि	१२	शर्कराज्यबलि	घृतनदान
२	ब्रह्मा	५	पायसबलि	भोजनदान
३	काम	७	घृतान्नबलि	रक्तवस्त्रदान
४	गणेश	१६	मोदकान्नबलि	मूंगादान
५	सर्प	२१	पायसबलि	दुग्धदान
६	स्कन्द	१२	मोदकान्नबलि	चित्रवस्त्रदान
७	सूर्य	८	पायसबलि	ताम्रपात्रदान
८	ईश्वर	१३	नानाभक्ष्यबलि	पीतवस्त्रदान
९	दुर्गा	१८	मिष्ठान्नबलि	रक्तवस्त्रदान
१०	यम	२५	कृशरान्नबलि	नीलवस्त्रदान
११	विश्वेदेव	७	मोदकान्नबलि	पीतवस्त्रदान
१२	विष्णु	७	मोदकान्नबलि	श्वेतवस्त्रदान
१३	काम	१०	दधिशर्कराबलि	सुवर्णदान
१४	शिव	६०	मिष्टान्नबलि	क्षौद्रशाकभो.
१५	चन्द्र	३	दध्योदनबलि	रौप्यदान
३०	पितर	१८	पूपकान्नबलि	उत्तमान्नभोजन

वारकष्टावली यन्त्रम्

वा.	वारेश	क. दि.	बलि व दान
सू.	रुद्र	५	पायसबलि सूर्यदान
चं.	गौरी	८	नानाभक्ष्यबलि चन्द्रदान
मं.	स्कन्द	५	दुग्धबलि भौमदान
बु.	विष्णु	७	मुद्गान्नबलि बुधदान
वृ.	ब्रह्मा	५	घृतपक्वबलि गुरुदान
शु.	इन्द्र	७	तिलयवाज्यमधु बलि शुक्रदान
श.	यम	१५	माषान्नबलि शनिदान

बाल-रक्षार्थ धूप

राई, लाख, नीम के पत्ते, बांस का छिलका, लहसुन, शिवजी पर चढ़े हुए फूल अगर, गाय का घी, इन सब को मिलाकर धूप देने से सब पूतना तथा अन्य बालग्रह दूर हो जाते हैं। धूप देते समय "खूं खुर्दनं खं हुं फट् स्वाहा"—इस मन्त्र का उच्चारण करे।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

ग्रहगोचरार्तदशा अनार्तग्रहकृतानिष्ट-फल-शमनार्थ प्रत्येक-ग्रह -दान-पदार्थाः											जप संख्या	जपनीय-मंत्राः दानसमय	हवन-सुविधाः
सूर्य	माणिक	सुवर्ण	ताम्र	गेहू	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तपुष्प	केशर	मूंग रक्तगौ	रक्तचन्दन	७०००	ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः उदय	आक
चन्द्र	मोती	सुवर्ण	रजत	चावल	मिश्री	दही	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	शंख	कर्पूर श्वेतबैल	श्वेतचन्दन	११०००	ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्राय नमः सन्ध्या	पलाश
भौम	मूंगा	सुवर्ण	ताम्र	मसूर	गुड	घी	रक्तवस्त्र	रक्तकनेर	केशर	कस्तूरीरक्तबैल	रक्तचन्दन	१००००	ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः ध. २शेषदिन	खदिर
बुध	पन्ना	सुवर्ण	कांसी	मूंग	खांड	घी	हरावस्त्र	सर्वपुष्प	हाथीदांत	कर्पूर शस्त्र	फल	१९०००	ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः ध. ५शेषदिन	अपामार्ग
गुरु	पुखराज	सुवर्ण	कांसी	दालचने	खांड	घी	पीतवस्त्र	पीतपुष्प	हल्दी	पुस्तक घोड़ा	पीतफल	१९०००	ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः सन्ध्या	अश्वत्थ
शुक्र	हीरा	सुवर्ण	रजत	चावल	मिश्री	दूध	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	सुगंध	दधि श्वेतघोड़ा	श्वेतचन्दन	६०००	ॐ द्रां द्रीं द्रौं स. शुक्राय नमः सू. उ.	उदुम्बर
शनि	नीलम	सुवर्ण	लोहा	उड़द	कुलथी	तैल	कृष्णवस्त्र	कृष्णपुष्प	कस्तूरी	कृष्णगौ भैंस	उपानह	२३०००	ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः मध्याह्न	शमी
राहु	गोमेद	सुवर्ण	सीसा	तिल	सरसों	तिल	नीलवस्त्र	कृष्णपुष्प	खड्ग	कंबल घोड़ा	शस्य	१८०००	ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः रात्रौ	दूर्वा
केतु	लहसनी	सुवर्ण	लोहा	तिल	सप्तधान्य	तैल	धूम्रवस्त्र	धूम्रपुष्प	नारियल	कंबल बकरा	शस्त्र	१७०००	ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः रात्रौ	कुशा
सूत्र	मोती	सुवर्ण	कांसी	चावल	सुवर्ण	घी	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	कर्पूर	मसूरी श्वेतचन्दन	हाथीदांत	मृत्युंजयवत्	मृत्युंजयमन्त्रः	मृत्युंजयकाले

नवग्रहों के व्रत की विधि

यदि किसी व्यक्ति को कोई ग्रह गोचर से या दशा-अन्तर्दशा से खराब चल रहा हो तो निम्नलिखित प्रकार से उस ग्रह का शास्त्रोक्त व्रत-विधान ब्रह्मचर्य पूर्वक करने से अशुभ फल निवृत्ति होती है।

रविवार के व्रत की विधि—सूर्य का व्रत रविवार को करे। यह व्रत शुक्लपक्ष के पहले (जेठे) रविवार से आरम्भ करके वर्ष पर्यन्त तीस या कम से कम १२ व्रत करे। उस रोज केवल गेहूं की रोटी घी, लाल खाण्ड के साथ या गेहूं का गुड़ से बना दलिया या हलवा इलायची डाल कर दान करके शेष का दिन में ही सूर्यास्त से पहले भोजन करें। नमक बिलकुल न खावें। भोजन से पूर्व हो सके तो लाल वस्त्र पहनकर ऊपर चक्रोक्त बीज-मन्त्र की पांच माला जप करे। तदनन्तर सूर्य को गन्धाक्षत रक्त पुष्प-दूर्वायुक्त अर्घ प्रदान करे। अपने मस्तक में लाल चन्दन का तिलक करें। जब व्रत का अन्तिम रविवार हो तो हवन पूर्णाहुति के बाद ब्राह्मण भोजन करावे। ऐसा करने से सूर्य का अशुभ फल शुभ फल में परिणत हो जावेगा। तेजस्विता बढ़ेगी। नेत्र रोग, चर्म रोग एवं अन्य शारीरिक रोग भी शान्त होंगे।

सूर्य शान्ति का सरल उपचार:—लाल वस्तुओं का विशेष उपयोग जैसे चादर, परना तथा तांबे की अंगूठी का पहनना।

सोमवार के व्रत की विधि—चन्द्रमा का व्रत शुक्ल-पक्ष के प्रथम (जेठे) सोमवार से प्रारम्भ करके ५४ या १० व्रत करें। व्रत के दिन श्वेत वस्त्र धारण करके चक्र-लिखित बीज-मन्त्र की ११ माला या ३ माला जप करे। सफेद फूलों से पूजन करके सफेद चन्दन का तिलक करे। मध्याह्न के समय नमक के बिना दही—चावल, घी-खाण्ड का यथाशक्ति दान करके स्वयं भोजन करें। जब व्रत का अन्तिम सोमवार हो उस दिन हवन पूर्णाहुति करके खीर-खाण्ड से ब्राह्मण व बटुकों को भोजन करावे। इस व्रत के करने से व्यापार में लाभ, मानसिक कष्टों की शान्ति होती है, विशेष कार्य सिद्धयर्थ भी पूर्ण फलदायक होता है।

चन्द्र शान्ति का सरल उपचार:—सफेद जुराब, रूमाल, सफेद वस्त्र, दूध, दही का उपयोग, चांदी की अंगूठी पहनना।

मंगलवार के व्रत की विधि—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) मंगलवार से प्रारम्भ करके २१ या ४५ व्रत करने चाहिए। हो सके तो यह व्रत आजीवन रखें। बिना धिया हुआ लाल वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की १, ५ या ७ माला जप करें। नमक सेवन न करे, यह जरूरी है। उस दिन गुड़ से बने हलवे का या लड्डुओं का दान करे। और स्वयं भी खावें। गुड़ से बना कुछ हलवा आदि बैल को भी खिलावें। मंगलवार का व्रत ऋण-हर्ता तथा सन्तति—सुखप्रद है। जब व्रत का अन्तिम मंगलवार हो उस दिन हवन-पूर्णाहुति करके लाल वस्त्र, तांबा, मसूर, गुड़, गेहूं तथा नारियल का दान करें। ब्राह्मणों तथा बच्चों को मीठा भोजन करावे।

मंगल शान्ति का सरल उपचार:—लाल रंग की वस्तुओं का उपयोग रात को लाल वस्त्र पहने, तांबे के बर्तन, तांबे की अंगूठी पहनना।

बुधवार का व्रत—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम बुधवार (जेठे) से प्रारम्भ करें। २१ या ४५ व्रत करें। हरा वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की १७ या तीन माला जप करना चाहिए। उस दिन भोजन में नमक-रहित खाण्ड, घी से बने पदार्थ जैसे मूंगी का बना हुआ हलवा, मूंगी की बनी गीठी पंजीरी या मूंगी के लड्डुओं का दान करें। फिर तीन तुलसीदल, गंगाजल या चरणामृत के साथ लेकर स्वयं भी उपरोक्त पदार्थ खावें। व्रत के अन्तिम बुधवार को हवन पूर्णाहुति करके अङ्गहीन भिक्षुक को मूंगीयुक्त भोजन कराकर हरा वस्त्र, मूंगी आदि का दान भी करें। इस व्रत से विद्या-धन-लाभ, व्यापार से तरक्की तथा स्वास्थ्य लाभ होता है। अमावस का व्रत करने से भी बुध ग्रह जन्म नेष्ट फल से मुक्ति मिलती है।

बुध शान्ति का सरल उपचार:—हरा रंग, हरे वस्त्र तथा शृंगार की अन्य वस्तुएं हरा रूमाल आदि रखना, कांसी के बर्तन में भोजन, बुधाष्टमी व्रत।

बृहस्पति के व्रत की विधि—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) गुरुवार से आरम्भ करें। तीन वर्ष पर्यन्त या १६ गुरुवार व्रत करें। उस दिन पीत वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की ११ या तीन माला जप करें। पीत पुष्पों से पूजन-अर्घ्य दानादि के बाद भोजन में चने के बेसन की बनी घी-खाण्ड से बनी मिठाई लड्डू या हल्दी से पीले या केसरी बावल आदि ही खावें और यही दान करें। जब व्रत का अन्तिम गुरुवार हो तो हवन पूर्णाहुति के बाद ब्राह्मण व बटुकों को लड्डू भोजन करावे। स्वर्ण पीत-वस्त्र चने की दान आदि का दान करें। यह व्रत-विद्यार्थियों के लिए बुद्धि तथा विद्या-प्रद है, धन की स्थिरता तथा यश-वृद्धि कर है। अविवाहितों के लिए स्त्री प्राप्तिप्रद सिद्ध होता है।

बृहस्पति शान्ति का सरल उपचार:—पीले वस्त्र रूमाल आदि पीले फूल धारण करना, सोने की अंगूठी पहनना।

CC-0.In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

शुक्र के व्रत की विधि—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) शुक्रवार से प्रारम्भ होता है। ३१ या २१ व्रत करे। श्वेत वस्त्र धारण करके बीजमन्त्र की ३ या २१ माला जपें। भोजन में चावल, खाण्ड या दूध से बने पदार्थ ही सेवन करे। यही पदार्थ यथा-शक्ति संभव हो तो एकाक्षी (एक आंख वाले) भिक्षुक को या श्वेत गाय को दें। जब व्रत का अन्तिम शुक्रवार हो, हवन पूर्णाहुति के बाद खीर-खण्ड से बने पदार्थ ब्राह्मण बटुकों को खिलावे। चांदी, श्वेतवस्त्र, खाण्ड, चावल का दान करे। इस व्रत से स्त्री सुख एवं ऐश्वर्य की वृद्धि होती है।

शुक्र शान्ति का सरल उपचार :-सफेद वस्त्र, सफेद रूमाल आदि सफेद फूल, गाय को बुरा घास या पेड़ा देना, शिव पूजन।

शनि के व्रत की विधि—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम शनिवार से आरम्भ करे : व्रत ५१ या १९ करने चाहिए। व्रत के दिन काला वस्त्र धारण करके बीजमन्त्र की १९ या तीन माला का जप करे। फिर एक बर्तन में शुद्ध जल, काले तिल, काले फूल या लवंग (लौंग) गङ्गाजल तथा शक्कर थोड़ा दूध डालकर पश्चिम की ओर मुह करके पीपल-वृक्ष की जड़ में डाल दे। भोजन में उड़द के आटे का बना पदार्थ, पञ्जीरी कुछ तेल से पका हुआ पदार्थ कुत्ते व गरीब को दे तथा तैलपक्व वस्तु के साथ केला व अन्य फल स्वयं प्रयोग में लाना चाहिए। यही पदार्थ दान भी करे। व्रत के अन्तिम शनिवार को हवन पूर्णाहुति के बाद तेल में पकी हुई वस्तुओं को देने के बाद काला वस्त्र, केवल उड़द तथा देसी जूता, तेल लगाकर दान करे। इस व्रत से सब प्रकार की सांसारिक हैरानी दूर हो जाती है। झगड़े में विजय होती है। लोह-मशीनरी कारखाने वालों के व्यापार में उन्नति होती है।

शनि शान्ति का सरल उपचार :—घर के परदे, जूते, जुराब, घड़ी का पट्टा, रूमाल आदि काले रंग के धारण करें।

राहु केतु के व्रत की विधि—शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) शनिवार से यह व्रत शुरू करना चाहिए। यह व्रत १८ करे। काला वस्त्र धारण करके १८ या ३ बीजमन्त्र की माला जपे। तदनन्तर एक बर्तन में जल, दूर्वा और कुशा लेकर पीपल की जड़ में डाले। भोजन में मीठा चूरमा, मीठी रोटी समयानुसार रेवड़ी, भुग्गा, तिल के बने मीठे पदार्थ सेवन करे और यही दान में भी दे। रात को घी का दीपक जलाकर पीपल की जड़ में रख दे। इस व्रत से शत्रुभय दूर तथा राजपक्ष से विजय मिलती है।

राहु, केतु शान्ति का सरल उपचार :-नीला रूमाल, नीला घड़ी का पट्टा, नीला पेन, लोहे की अंगूठी पहनें।

ग्रहों के अरिष्ट-निवृत्त्यर्थं स्नान-विधि

यथा सिद्धौषधैः रोगाः नश्येयुर्मन्त्रतो भयम्।
तथा स्नान-विधानेन ग्रह-दोषः प्रणश्यति ॥

रवि ग्रह के दोष की शान्ति के लिए कभी-कभी व्रत के दिन बिल्ववृक्ष की जड़, देवदारु, मुलेठी, लाल फूल, केसर, गर्म पानी में उबाल कर स्नान करे। सोमवार के व्रत के दिन खिरनी की जड़, श्वेत, चन्दन, सिप्पी, पञ्चगव्य उबाल कर स्नान करे। ऐसे ही मंगल के दिन अनन्त मूल, रक्त चन्दन, मौलश्री, लाल फूल ये सब उबाल कर बुध के दिन गोबर, मधु, चावल, विधारा उबाल कर, गुरु के दिन भारंगी, मुलेठी श्वेत सरसों, मालती पुष्प उबाल कर, शुक्र के दिन इलायची, मजीठ तथा शनि के दिन काले तिल, सौंफ, सुरमा, अमलबेत, सफेद बिनौला उबाल कर स्नान करे। ऐसे ही राहु केतु की शान्ति के लिए शनिवार के दिन देवदारु, सरसों तथा लोहबान उबाल कर स्नान करे, तो ग्रह शान्ति होती है।

नोट—स्नानोक्त कोई वस्तु उपलब्ध न हो तो जो वस्तु मिले, उससे ही स्नान करें।

सर्वग्रहाणां दोषोपशान्तये सामान्यमौषधि स्नानम्

लाजवन्ती (छुई-मुई), कूट, खिलां, कांगनी, जौ, सरसों, देवदारु, हल्दी, सर्वौषधि लोध इन औषधियों के जल एवं से सतीर्थोदक स्नान करने से सब ग्रहों की पीड़ा नष्ट होती है तथा पूर्व ही जो दान कह चुके हैं उनके करने से शान्ति होती है। गुरु, वचन, देवता ब्राह्मणों की वेदना, वेदादि श्रवण, साधुओं से बातें, मन की शुद्धता, जप, दान, होम तथा यज्ञ के करने से दुष्ट स्थानों में स्थित ग्रह पीड़ा नहीं करते (श्रीपतिः) ॥

शनिविचार—अथ लघु कल्याणी (ढैया) फलम्—कल्याणी प्रददाति वा रविसुते राशेश्चतुर्थाष्टमे व्याधिः बन्धु-विरोध देशगमनं क्लेशं च चिन्ताधिकम्। मृत्युं चैव करोति चापि मनुजं दुःखादि वह्नेर्भयं लोहं शस्त्रभयं सदैवासुखं कुर्यादसौ सर्वदा ॥१॥ अथ बृहत्-कल्माणी (साढेसाती) फलम्...राशौ द्वादश (१२) मूर्ध्नि जन्म (१) हृदये पादौ द्वितीये (२) शनिः। नानाक्लेशकरोऽति दुर्जनभयं पुत्रान्पशून्पीडयेत् ॥ हानिः स्यान्मरणं विदेश-गमनं सौख्यं च साधारणम्, रामाऋद्धिविनाशनं प्रकुरुते तुर्याष्टमे वाऽथवा ॥२॥

सप्तधान्य—उड़द १. मूंगी २. गेहूं ३. चने ४.जौ ५. धान्य (तंदुल) ६. कंगनी ७. अष्टगंध—अंगर, कस्तूरी, कुकुम कर्पूर, चन्दन, टोपीदार लौंग, गोरोचन देवदारु।

अष्टगंध धूप—अगर, छरीला, जटामासी, कर्पूर-कचरी, गुग्गुल, देवदारु गोघृत सफेद चन्दन।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

नक्षत्र-राशिज्ञान चक्र

राशिज्ञाने विशेषः— नक्षत्र या राशि में श और स में, ब और व में कोई भेद नहीं होता। जिसके नाम का पहला अक्षर संयुक्त हो, वहां प्रथमाक्षर ग्रहण करें। (संयोग जाक्षरे 'नाम्नि ग्राह्यं तत्रादिमाक्षरम्)

राशयः	मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या			तुला			वृश्चिक			धनु			मकर			कुम्भ			मीन		
नक्षत्राणि	अश्विनी	भरणी	कृत्तिका	कृत्तिका	रोहिणी	मृगशिर	मृगशिर	आर्द्रा	पुनर्वसु	पुनर्वसु	पुष्य	आश्लेषा	मघा	पू. फा.	उ. फा.	उ. फा.	हस्त	चित्रा	चित्रा	स्वाती	विशाखा	विशाखा	अनुराधा	ज्येष्ठा	मूल	पू. षा.	उ. षा.	उ. षा.	अभिजित	श्रवण	धनिष्ठा	धनिष्ठा	शतभिषा	पू. भा.	पू. भा.	उ. भा.	रेवती
प्रथमचरण	चू	ली	अ	०	ओ	वे	०	कु	के	०	हु	डी	मा	मो	टे	०	पू	पे	०	रू	ती	०	ना	नो		भू	भे	०	जू	खी	गा	०	गी	से	०	दू	दे
द्वितीय च०	चे	लू	०	ई	वा	वो	०	व	को	०	हे	डू	मी	टा	०	टो	ष	पो	०	रे	तू	०	नी	य		ध	०	भो	जे	खू	गी	०	सा	सो	०	थ	दो
तृतीय च०	चो	ले	०	उ	वी	०	का	ङ	ह	०	हो	डे	मू	टी	०	पा	ण	०	रा	रो	ते	०	नू	यी	भा	फ	०	जा	जो	खे	०	गू	सी	दा	०	झ	चा
चतुर्थ च०	ला	लो	०	ए	वू	०	की	छ	०	हि	डा	डा	मे	टू	०	पी	ठ	०	री	ता	०	तो	ने	यू	भी	ढ	०	जी	खा	सो	०	मे	सू	०	दी	ञ	चि

ध्यान दें,—नामों का प्रारम्भ ङ, ञ, ण इन अक्षरों से नहीं होता। यदि नक्षत्र के आधार पर इन अक्षरों से नाम प्रारम्भ हो रहा तो ङ की जगह घ, ञ की जगह दु तथा ण की जगह पू से नाम प्रारम्भ करें। ऐसा करने से नक्षत्र भेद नहीं होता।

॥१॥ बहूनि यस्य नामानि नरस्य स्युः कथञ्चन। ततः पश्चाद्भवं नाम ग्राह्यं स्वर-विशारदैः ॥२॥ प्रसुप्तो भाषते येन येनागच्छति शब्दितः। तस्य नामाद्यवर्णे या मात्रा स स्वर एव हि ॥३॥ अथ जन्मराशि-नामराश्योः प्रधानता निर्णीयते—विवाहे सर्व मांगल्ये यात्रादौ ग्रहगोचरे। जन्मराशेः प्रधानत्वं नामराशिं न चिन्तयेत् ॥४॥ देशे ग्रामे गृहे युद्धे सेवायां व्यवहारके ॥ नामराशेः प्रधानत्वं जन्मराशिं न चिन्तयेत् ॥५॥ काकिण्यां वर्ग शुद्धौ च दाने द्यूते ज्वरोदये। मन्त्रे पुनर्भूवरणे च नामराशेः प्रधानता ॥६॥ कुर्यात्षोडश कर्माणि जन्मराशौ बलान्विते। सर्वाण्यन्यानि कर्माणि नामराशौ बलान्विते ॥७॥ विवाह घटनं चैवं लग्नजं ग्रहजं बलम्। नामभाक्चिन्तयेत् सर्वं जन्म न ज्ञायते यदा ॥८॥

अभिजित्-निर्णय—वैश्यप्रान्त्याधिः श्रुति-तिथि-भागतोऽभिजित्स्यात् ॥ उत्तराषाढ़ा का चौथा चरण श्रवण का पहला १५वां भाग जोड़कर उसके चार भाग करो। उसको अभिजित का एक चरण मानकर नाम रखने आदि के विचार में उपयोग करो। उत्तराषाढ़ा ये तीन चरणों के ही चार भाग करके उत्तराषाढ़ा का एक-एक चरण मानो। श्रवण का १५वां भाग छोड़कर जो शेष रहे उसके चार भाग करो, उसको श्रवण १-१ चरण मानो। इस प्रकार को प्रायः सामान्य गणक नहीं जानते, एतदर्थ यहां लिखा गया है।

राशि ज्ञानम्—चूल अ मेषः, इ वो वृषः, क च ङ छ ह मिथुनम् ॥
हीडो कर्कः, माटे सिंहः, टो ष ण ठ पो कन्या ॥
राते तुला तो ना यू वृश्चिक ये धफढभे धनुः।
भोजा खागी मकरः गुशद कुम्भः दीथझञची मीनः ॥

उपरोक्त राशि-ज्ञान में प्रत्येक राशि के आदि और अन्त का अक्षर लिया है और जहां जो अक्षर बदलता है, वहां वह भी ले लिया गया है। जैसे—मेष में पहला अक्षर 'चू' लेने से अश्विनी के तीन चरण (चू चे चो) का ग्रह होता है और 'ल' से (ला ली लू ले लो) पांचों का ग्रहण हुआ अर्थात् एक चरण (चौथा चरण) अश्विनी का और चतुर्थ चरण भरणी का ग्रहण हुआ और उसे कृत्तिका के प्रथम चरण इन नौ चरणों की एक राशि मेष हुई। इसी तरह अन्य राशियों का ज्ञान करें।

टिप्पणी—(१) जओर्ज्ञः यथा ज्ञानचन्द्रस्य मकर-राशिः। कष-संयोगे क्षः, यथा क्षेमचन्द्रस्य मिथुनराशिः। एवं द्यालारानस्य कुम्भराशि। (२) गर्भाधानं पुंसवनं सीमन्तोन्नयनं ततः। जातकर्माभिधेयं च निष्क्रम-प्राशने क्रमात्। चूडोपनयनं वेदव्रतानां च चतुष्टयम्। गोदान-मेखलोन्मोकौ विवाहः षोडशी क्रिया ॥

नोट—चन्द्रमा की राशि एवं नक्षत्र के अनुसार जातक का नाम रखने से फलितज्ञ को काफी सुभाता रहती है। नाम जानने से ही ज्योतिषी जातक के जन्म के समय चन्द्रमा की राशि एवं नक्षत्र जान लेता है तथा फलित-शास्त्र में काफी महत्त्वपूर्ण फलादेश चन्द्रमा की स्थिति पर ही निर्भर है। इसका एक वैज्ञानिक रहस्य भी है। निकटतम होने से चन्द्रमा का प्रभाव भू-स्थित-वनपति एवं प्राणियों पर अन्य सभी ग्रहों की अपेक्षा अधिक होता है। ज्वार भाटा लाने में भी चन्द्रमा की देन सूर्य की देन से दुगुनी है। चन्द्रमा का ज्वार-भाटांक (Tide Factor) सूर्य के ज्वार-भाटांक से दुगुना है। चन्द्रमा के भगणकाल का स्त्री के मासिक-धर्म से साक्षात् सम्बन्ध है। आजकल वैज्ञानिकों ने कुछ प्रयोग भी किए हैं, जिससे अचर-जगत् (वनस्पति आदि) पर चन्द्रमा का प्रभाव स्पष्ट रूप से ज्ञात होता है। अतः जन्म-पत्र आदि के अभाव में चन्द्रमा की स्थिति से ही फलादेश करने की पारिपाटी फलितज्ञों में है।

नवीन-फलितवेत्ता जन्म-पत्र की अंग्रेजी तारीखों के हिसाब से भी फलादेश करने लग गए हैं। इस पद्धति में लायन सूर्य की राशि के आधार पर ही फलादेश होता है। चन्द्रमा की राशि के आधार पर फलादेश करना अधिक उपयुक्त है। अतः प्राचीन फलित-शास्त्रियों ने जन्म-कालीन चन्द्रमा की स्थिति को जन्म राशि के नाम से कहा है। हमारे ज्योतिष के अनुसार इसी का महत्त्व है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अचिन्त्याव्यक्तरूपाय निर्गुणायगुणात्मने । समस्त-जगदाधार-मूर्तये ब्रह्मणे नमः ॥१॥
विघ्नध्वंस प्रधान्यादौ देवों वाग्देवतां गुरुम् । सवत्सर-फलं वक्ष्ये लोकानां हितकाम्यया ॥२॥
तत्पश्चात् विचार्य पञ्चिलं वैष्णवजन तुष्टिदम् । सृष्टिक्रमवल्लभेनेद लिखितं प्रवर्तितम् ॥३॥
अनेन ज्ञानिनश्चाग्र: कालज्ञानलहारिना । लिखितेनैव सन्तुष्टो भवत्यित्येव वाञ्छते ॥४॥
लिखितेरस्य गलत्रयोग: करणमेव च । पञ्चांगस्य फलं श्रुत्वा गणेशस्य फलं लभेत ॥५॥

चैत्र शुक्ल १ को नूतन संवत्सर प्रारम्भ होता है, उस दिन प्रति घर पर ध्वजा लगावे तोरण आदि से गृह सुशोभित कर, मंगल स्नान कर, देवता, ब्राह्मण, गुरु की पूजा करे; स्त्रियां शिशु आदि जरूर आभूषण परिधान कर उत्सव मनावे। ज्योतिषी जी का सत्कार कर उनसे नूतन संवत्सर फल श्रवण करें। कटुनिम्ब के कोमल पत्र और पुष्प लावे, उसमें काली मिर्च, भुनी हुई हींग, (सैंधा) नमक, अजवायन, सफेद जीरा और खाण्ड बराबर मात्रा में मिला कर चूर्ण बनावें, कुछ इमली मिलावें और वह ३ से ६ माशे तक की मात्रा में चै. शु. १ से १५ तक लगातार स्नानादि से निवृत्त होकर निराहार-मुख खावें। इस प्रयोग से अनेक रोगों की शान्ति होती है। (वर्षपर्यन्त रक्त-विकार ज्वरादि नहीं होते)। यदि १५ दिन सेवन न कर सकें तो चैत्र शुक्ल १ को तो अवश्य करें।

पञ्चांगस्य गणेश और ब्राह्मण ज्योतिषी की पूजा (वाचकों को यथाशक्ति दानादि से प्रसन्न) करें। मिष्टान्न आदि भोजन करावें। गीत गायन, वाद्य, कथा-श्रवण आदि कर सम्पूर्ण दिन आनन्द से व्यतीत करें। गृहस्थियों को विलास-युक्त आनन्दपूर्वक वर्षारम्भ-दिन व्यतीत करने से सम्पूर्ण वर्ष आनन्दमय जाता है।

वर्षफल श्रवण का माहात्म्य :—ये चैत्रशुक्लप्रतिपत्तिथौ फलं शृण्वन्ति भक्त्या प्रतिवार्षिकं नराः। ते दुःखदारिद्र्यरुगादि वर्जिता नन्दन्ति लोके धनधान्य-संकुलाः ॥१॥ शाकस्य श्रवणात्पुण्य-जननं संवत्सरस्याञ्जनं, राज्ञां राजकुले जयो विजयते मन्त्रिफलं बुद्धिदम्। धान्यं धान्यपतेः रसं रसपतेः क्षेत्रेषु बुद्धिस्तथा, सस्यं सर्वं सुखञ्च वत्सरफलं संशृण्वतां सिद्धिदम् ॥२॥ इति संवत्सरादि-फलश्रुतिः।

सृष्टिक्रम वर्णन :—सृष्टि के संक्षिप्त इतिहास की अवतरणिका—समस्त जगत् की उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय के कारणरूप ब्रह्मा की आयु अपने ही दिनों के मान से सौ वर्ष की होती है। अब ब्रह्मा की आयु के ५० वर्ष व्यतीत होकर, ५१ वें वर्ष के प्रथम दिन का उदय है। इस दिन का १३ घड़ी, ४२ पल, ३ विपल, ४३ प्रतिविपल, व्यतीत हो चुके हैं। मनुष्यमान से ब्रह्मा की आयु का विस्तार इस प्रकार है—एक चतुर्युगी का एक महायुग होता है, उसकी सौर मान से वर्ष संख्या ४३,२०,००० है। इस प्रकार के एक हजार युगों का ब्रह्मा का एक दिन होता है। ऐसे ब्रह्मा के हजार युगों की विष्णु की एक घड़ी होती है। विष्णु के १२ लाख युगों का रौद्र कलार्ध होता है। रुद्र के अर्बुद-संख्यक युगों का अक्षरात्मक ब्रह्म होता है। ब्रह्मा के इस एक दिन में जो १४ मन्वन्तर होते हैं, उनमें से १ स्वायम्भव, २ स्वारोचिष ३ उत्तम, ४ तामस, ५ रैवत, ६ चाक्षुष, ७ मनु व्यतीत हो गये हैं। अब सातवां वैवस्वत मन्वन्तर चल रहा है, उसमें भी २७ चतुर्युगी के ३ युग व्यतीत हो गये हैं और यह २८वां कलियुग है।

अथ युगकाल-व्यवस्था-सतयुग— कार्तिक शुक्ल नवमी बुधवार के प्रथम प्रहर श्रवण-नक्षत्र, वृद्धियोग, में सत्ययुग की उत्पत्ति हुई है, इसकी आयु १७२८००० वर्ष की थी। इसमें श्रीनारायण, मत्स्य, कच्छप, वराह और नृसिंह ये ४ अवतार हुए। श्रीमत्स्यजी ने वेदों के चोर, शंखासुर को मारकर ब्रह्मा को वेद लाकर दिये। भगवान् कच्छप ने पृथ्वी को [illegible] धारण कर सेवनाग की ओर से देवदैत्यों द्वारा समुद्र-मन्थन कराकर चौदह रत्न प्रकट किए। श्री वराहजी ने हिरण्याक्ष का वध करके पृथ्वी का उद्धार किया, श्री नृसिंहावतार ने हिरण्यकश्यप का वध करके भक्त प्रह्लाद की रक्षा की। इस युग में पाप० पुण्य २० विश्वे था और धर्म अपने चारों पद पर कायम था, गौएं कामधेनु के समान होती थीं। प्रायः स्वर्ण के पात्र और सिक्के के स्थान में रत्न का परस्पर व्यवहार था। इच्छित वर्षा होती थी एकबार बीज बोकर २१ बार काटते थे। ब्राह्मण चारों वेदों के जानकार तथा सत्यभाषी पर-द्रव्य परस्त्री-पराङ्मुख और त्यागी होते थे। शाप देने और वरदान प्रदान करने में भी समर्थ थे। स्त्रियां पद्मिनी और पतिव्रता होती थीं। शासक (राजवंश) वर्ग न्यायपरायणान्तःकरण से प्रजा को स्वपुत्रवत् समझते हुए राज्य करते थे। इनकी तीन लोक तक जाने की गति थी। वैश्य लोग सत्यवक्ता, धर्मात्मा व्यापारी और शूद्र लोग सेवाधर्म में रहते हुए जीवन व्यतीत करते थे। इस युग में तीर्थ पुष्कर प्रधान था।

त्रेतायुग—वैशाख शुक्ल तृतीया चन्द्रवार के द्वितीय प्रहर रोहिणी नक्षत्र शोभन-योग में त्रेतायुग की उत्पत्ति हुई। इसकी आयु १२,९६,००० वर्ष की थी। इसमें भगवान के श्री वामन, श्री परशुराम और श्री रामचन्द्र ये तीन अवतार हुए। श्री वामन जी ने राजा बलि से ३ पैर पृथ्वी दान लेकर समग्र पृथ्वी को ३ पैर में नाप बलि को पाताल का राज्य दिया। श्री परशुराम जी ने अभिमानी क्षत्रियों का २१ बार नाश के ब्राह्मण राज्य स्थापित किया था। श्री रामचन्द्र जी ने महाभिमानी राक्षसराज रावण का वध करके देवता और ऋषियों को निर्भय किया था। इस युग में पाप ५, पुण्य १५ विश्वे था और धर्म तीन पैर का रह गया था। गौएं त्रिकाल दूध देने वाली होती थीं, प्रायः चांदी के पात्र और स्वर्ण के सिक्के का व्यवहार था। वर्षा मौके पर होती थी, एक बार बोकर सात बार काटते थे। ब्राह्मण तीन वेदों के वक्ता और किञ्चिन्न तपोनिष्ठ, परस्त्री-पर द्रव्य से पराङ्मुख होते थे, वह शाप देने में समर्थ थे। स्त्रियां वन्हिणी, पतिव्रता होती थीं। इस युग में सूर्यवंशी धर्मात्मा क्षत्रिय का राज्य था। विचित्र विमान द्वारा वह इन्द्र लोक पर्यन्त भी जाते थे। वैश्य लोग सत्यवादी और सत्य की तुला पर तोलते थे। शूद्र सेवा में तत्पर रहते थे। इस युग में तीर्थ नैमिषारण्य प्रधान था। द्वापर—माघ कृष्ण ३० शुक्रवार तृतीय प्रहर धनिष्ठा-नक्षत्र वरीयान् योग में द्वापर युग की उत्पत्ति हुई। इसकी आयु ८६,४०,०० वर्ष की थी। इसमें पूर्ण ब्रह्म के श्रीकृष्ण श्री बलदेव ये दो अवतार हुए। भगवान् श्रीकृष्ण ने दैत्यराज कंसादि दुष्टों का वध किया। तथा अर्जुन को लक्ष्य करके गीता ज्ञान का उपदेश दिया। श्री बलदेव जी ने दुष्टों का नाश करके धर्म का उद्धार किया। इस युग में पाप १०, पुण्य १० विश्वे था और धर्म दो पैर वाला रह गया था। गौएं दो वक्त घटपूर्ण दुग्ध देने वाली होती थीं। प्रायः ताम्र पीतल के पात्र और स्वर्ण तथा रौप्यमयी मुद्राओं का व्यवहार होने लगा था। वर्षा समय पर हो जाती थी। एक बार अन्न का बीज बोकर ३ बार काटते थे। ब्राह्मण लोग दो वेद के पारंगत होते थे और कुछ असत्य, विजेयतया सत्यवक्ता तथा तप-यज्ञ देव-पूजनादि करने वाले, किञ्चित् लोभयुक्त, वाक्यसिद्धि वाले अर्थात् वर और शाप देने में समर्थ थे। स्त्रियां शंखिनी जाति की सुशीला धर्मयुक्ता होती थीं। इस युग में धर्मप्राण चंद्रवंशी राजा हुए। इनकी समेरु पर्यन्त गति थी और प्रायः चारों वर्ण अपने-अपने धर्म पर कायम थे। परस्त्री परद्रव्य से लोग डरते थे। इस युग में तीर्थ कुरुक्षेत्र प्रधान था। **कलियुग**—भाद्रपद कृष्ण १३ अर्धरात्रि के समय आश्लेषा नक्षत्र व्यतिपात योग में कलियुग की उत्पत्ति हुई थी, इसकी

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अथ वर्षराजादि फल विचार सं. २०४३ वि.

कल्यादि से गतवर्ष १९७२९४९०८७, सृष्टि संवत् १९५५८८५०८७, श्री विक्रमी संवत् २०४३, शक संवत् १९०८, श्रीकृष्ण जन्म संवत् ५२२२, कलि संवत् ५०८७, श्री महावीर जैन निर्वाण संवत् २५११-२५१२, श्री बुद्ध संवत् २६०९-२६१०, हिजरी सन् १४०७-१४०८, फसली सन् १३९३-१३९४; ईस्वी सन् १९८६-१९८७।

वर्षारम्भ में गुरुमान से ब्राह्मी विंशति का प्रभवादि संवत्सरों में 'प्रमाथी' नामक संवत्सर है; इसका फल इस प्रकार है :—

"न मुंचति तोयवाहः कुत्रचित्प्रचुरं जलम्।
मध्यमा वृष्टिरर्घश्च नूनमब्दे प्रमाथिनि॥"

अर्थात् प्रमाथी वर्ष में कहीं भी वर्षा अधिक न हो, अर्थात् वर्षा मध्यम होगी।

किन्तु—"प्रमाथिनि स्वामी रविः, आषाढ़े, श्रावणे, चाल्पमेघः, भाद्रपदे षड्चन्यां किञ्चिन्मेघः, चैत्रे गोधूम युगन्धरी महर्घता, वैशाखे, ज्येष्ठे सर्वत्र धान्यमहर्घता, परं कृष्ण सप्तम्यमावास्ययोर्महामेघः, परमतीवारिष्टं कार्तिकादि मासपञ्चसु, सर्वरस महर्घता, मज्जिष्ठा-पूगी हिंगुल कार्पासीरजागरूप्पट्टसूत्रनारिकेल एतद्वस्तु महर्घता।"

इस वर्ष का राजा (ग्रहपरिषद् के प्रधान) गुरु एवं मन्त्री सूर्य है। इस वर्ष सस्येश (खरीफ की फसलों के स्वामी) बुध, धान्येश (शीतकालीन फसलों के स्वामी) चन्द्र, मेघेश (वर्षा पानी के स्वामी) सूर्य, रसेश (गुड़, खाण्ड, रसकस आदि के स्वामी) शुक्र, नीरसेश (सर्वविध धातु तथा व्यापार आदि के स्वामी) बुध, फलेश (फल, फूल आदि के स्वामी) शनि, धनेश (खजाना के स्वामी) मंगल, दुर्गेश (सुरक्षा प्रतिरक्षा आदि के स्वामी) शनि है।

प्रत्येक पदाधिकारी का फल इस प्रकार है :—

(१) राजा गुरु का फल—"गुरौ नृपे वर्षति कामदं फलं महीतले कामदुधाश्च धेनवः।
यजन्ति विप्राः बहवोऽग्निहोत्रिणो महोत्सवः सर्वजनेषु वर्तते॥"

वर्षा पर्याप्त हो, गाएं अच्छा दूध दें, ब्राह्मण लोग धर्म कर्म में व्यस्त हों, सर्वविध लोगों के मन में उल्लास रहे, उत्सव हों।

(२) मन्त्री सूर्य का फल—"नृपभयं गदतोपि हि तस्करात् प्रचुरधान्य धनादि महीतले।
रसचयं हि समर्घतमं तदा रविरमात्यपदं हि समागतः॥"

प्रधान शासक को भय, प्रजा में रोग, चोरों से क्षोभ, धनधान्य पर्याप्त मात्रा में हो, रसों के संग्रह में आगे तेजी बने, मंहगाई बढ़े।

(३) सस्येश बुध का फल—"जलधरा जलराशिभृतो भृशं सुखसमृद्धियुतं निरुपद्रवम्।
द्विजगणः श्रुतिपाठकरः सदा प्रथम सस्यपतौ सति बोधने॥"

वर्षा प्रचुर मात्रा में हो, प्रजा में सुख समृद्धि रहे, उपद्रव समाप्त हों, ब्राह्मण वेदपाठ एवं मांगलिक कार्यों में व्यस्त रहें।

(४) धान्येश चन्द्र का फल—"चन्द्रे धान्याधिपे जाते प्रजावृद्धिः प्रजायते।
गोधूमाः सर्षपाश्चैव गोघृक्षीरं तदा बहु॥"

जनसंख्या में विशेष वृद्धि हो, गेहूं, सरसों, तेल एवं घी पर्याप्त मात्रा में हों।

(५) मेघेश सूर्य का फल—"जलदपे यदि वासरपे तदा सरसि वै रमते जनता रसम्।
यव चणेक्षु-निवार-सुशालिभिः सुखचयं सुलभं भुवि वर्तते॥"

जौ, चना, ईख, धान की फसल अच्छी हो, प्रजा में सुख समृद्धि हो।

(६) रसेश शुक्र का फल—"यजन याजनकोत्सवकौतुका जनपदा जनतोषित मानसाः।
सुख सुभिक्ष सुमोदवती धरा धरणिपा हतपापगणप्रियाः॥"

जनता में यजादि करने कराने की धार्मिक मनोवृत्ति बनी रहेगी, जनता में सन्तोष रहे। पृथ्वी पर सुख-सुभिक्ष तथा आनन्द रहे, शासक वर्ग पाप कर्म से दूर रहें।

(७) नीरसेश बुध का फल—"चित्र-वस्त्रादिकं चैव शंख चन्दन पूर्वकम्।
अर्घवृद्धिः प्रजायेत नीरसेशो बुधो यदि॥"

चित्र, वस्त्र, शंख एवं चन्दन आदि के मूल्य ऊपर उठें।

(८) फलेश शनि का फल—"यदि शनिः फलयः फलहा भवेज्जनित पुष्पगणस्य द्रुमः सदा।
हिममयं वरतस्कर-जन्तुभीर्जनपदो गदराशि महाकुलः॥"

फलों की फसल को हानि पहुंचे, वृक्षों में पुष्प निष्फल जावें, (शीत में) हिमपात से हानिभय, ठगी, चोरी की घटनाएं अधिक हों, बीमारी से जनता परेशान हो।

(९) धनेश मंगल का फल—"असम सौख्यकरो धरणीसुतः शरदि तापकरस्तुष धान्यहृत्।
सहसि मासि भवेद्विगुणं तदा नरपतिर्जन शोक विधायकः॥"

व्यापारिक क्षेत्र में अस्थिरता रहे, जौ एवं गेहूं आदि की फसल खराब हो, स्टाक की हुई व्यापारिक वस्तुओं के मार्गशीर्ष में बेचने से द्विगुणित लाभ हो, शोकप्रद घटना घटे।

(१०) दुर्गेश शनि का फल—"रविसुते गदपालिनि विग्रहे सकलदेशगताश्चलिता जनाः।
विविध वैरि-विशोषित नागराः कृषिधनशलभैर्मुषितं भुवि॥"

युद्धादि अशान्त वातावरण से कहीं जनता को स्थानान्तरण करना पड़े, नागरिकों को शत्रुजन्य नानाविध यातनाओं का सामना करना पड़े, टिड्डी, चूहा आदि से कुछ भागों में खड़ी फसल को हानि पहुंचे।

सूचना—यद्यपि वर्ष के इन दस अधिकारियों का साधारण फल तो सर्वत्र ही होता है, किन्तु विशेषकर राजा का फल काश्मीर, अफगानिस्तान एवं बराड देश में, मन्त्री का फल आन्ध्र, वाल्हीक, उज्जैन एवं मालवा में, सस्येश का पौण्ड्र-विदर्भ में, धान्येश का गुजरात, नर्मदा के निकटवर्ती प्रदेशों एवं मध्य प्रदेश में, मेघेश का मगध एवं बंगाल में, रसेश का कोंकण व गोआ में, नीरसेश का मालवा व बिहार में, धनेश का राजस्थान एवं मारवाड़ में, फलेश-दुर्गेश एवं राजा का फल सब जगह विशेष होता है।

नवमेघों में "तम" नामक मेघ का फल—रोग अधिक, वर्षा कम, धान्य हानि, प्रजा में कष्ट असन्तोष रहे।

द्वादशनागों में 'नन्दसारी' नामक नाग का फल—"नन्दसारी महावृष्टिः नन्दते च महाजनः।" कुछ प्रान्तों में वर्षा अत्यधिक हो, व्यापारी वर्ग प्रसन्न रहे।

रोहिणी का वास समुद्र में है। फल—अधिक जल चाहने वाले अनाज चावल, बाजरा आदि की फसल उत्तम होगी, न्यून वर्षा वाले राजस्थान के बाजरा आदि में भी वर्षा होने से कृषक लोग प्रसन्न रहें। कुछ प्रान्तों में महावृष्टि होने से खड़ी फसलों को हानि एवं कहीं बाढ़ से जन-धन हानि के समाचार भी मिलें।

संवत्सर का वास थाली के घर है—वर्षा अधिक हो।

संवत् का वाहन 'चातक' है—कुछ प्रान्तों में वर्षा की कमी एवं कुछ प्रान्तों में वर्षा पर्याप्त मात्रा में हो।

शनि की दृष्टि—वर्षारम्भ से अन्त तक शनि की दृष्टि पश्चिम में रहेगी। फल—यह संवत् पश्चिमी राष्ट्रों के लिए विशेष भयावह है; पश्चिमी राष्ट्रों में प्राकृतिक प्रकोप,

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

॥ चैत्र शुक्ल १ को वर्षफल श्रवण ॥

अचिन्त्याव्यक्तरूपाय निर्गुणायगुणात्मने । समस्त-जगदाधार-मूर्तये ब्रह्मणे नमः ॥१॥
विनायकं प्रणम्यादौ देवीं वाग्देवतां गुरुम् । संवत्सर-फलं वक्ष्ये लोकानां हितकाम्यया ॥२॥
सत्यम् विचार्य गणितं दैवज्ञजन तुष्टिदम् । मुकुन्दवल्लभेनेदं तिथिपत्रं प्रवर्तितम् ॥३॥
अनेन धार्मिकजनः कालज्ञानसहायिना । तिथिपत्रेण सन्तुष्टो भवत्वित्येव याच्यते ॥४॥
तिथिर्वारश्च नक्षत्रयोगः करणमेव च । पञ्चांगस्य फलं श्रुत्वा गंगास्नान फलं लभेत ॥५॥

चैत्र शुक्ल १ को नूतन संवत्सर प्रारम्भ होता है, उस दिन प्रति घर पर ध्वजा लगावे तोरण आदि से गृह सुशोभित कर, मंगल स्नान कर, देवता, ब्राह्मण, गुरु की पूजा करे; स्त्रियां शिशु आदि वस्त्र आभूषण परिधान कर उत्सव मनावे । ज्योतिषी जी का सत्कार कर उनसे नूतन संवत्सर फल श्रवण करें । कटुनिम्ब के कोमल पत्र और पुष्प लावे, उसमें काली मिर्च, भुनी हुई हींग, (सैंधा) नमक, अजवायन, सफेद जीरा और खाण्ड बराबर मात्रा में मिला कर चूर्ण बनावें, कुछ इमली मिलावें और वह ३ से ६ माशे तक की मात्रा में चै. शु. १ से १५ तक लगातार स्नानादि से निवृत्त होकर निराहार-मुख खावें । इस प्रयोग से अनेक रोगों की शान्ति होती है । (वर्षपर्यन्त रक्त-विकार ज्वरादि नहीं होते) । यदि १५ दिन सेवन न कर सकें तो चैत्र शुक्ल १ को तो अवश्य करें ।

पञ्चांगस्थ गणेश और ब्राह्मण ज्योतिषी की पूजा (वाचकों को यथाशक्ति दानादि से प्रसन्न) करें । मिष्ठान्न आदि भोजन करावें । गीत गायन, वाद्य, कथा-श्रवण आदि कर सम्पूर्ण दिन आनन्द से व्यतीत करें । गृहस्थियों को विलास-युक्त आनन्दपूर्वक वर्षारम्भ-दिन व्यतीत करने से सम्पूर्ण वर्ष आनन्दमय जाता है ।

वर्षफल श्रवण का माहात्म्य :—ये चैत्रशुक्लप्रतिपत्तिथौ फलं शृण्वन्ति भक्त्या प्रतिवार्षिकं नराः । ते दुःखदारिद्र्यरुगादि वर्जिता नन्दन्ति लोके धनधान्य-संकुलाः ॥१॥ शाकस्य श्रवणात्सुपुण्य-जननं संवत्सरस्याञ्जनतां, राज्ञां राजकुले जयो विजयते मन्त्रिफलं बुद्धिदम् । धान्यं धान्यपतेः रसं रसपतेः क्षेत्रेषु बुद्धिस्तथा, सस्यं सर्वं सुखञ्च वत्सरफलं संशृण्वतां सिद्धिदम् ॥२॥ इति संवत्सरादि-फलश्रुतिः ।

सृष्टिक्रम वर्णन :—सृष्टि के संक्षिप्त इतिहास की अवतरणिका—समस्त जगत् की उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय के कारणरूप ब्रह्मा की आयु अपने ही दिनों के मान से सौ वर्ष की होती है । अब ब्रह्मा की आयु के ५० वर्ष व्यतीत होकर, ५१ वें वर्ष के प्रथम दिन का उदय है । इस दिन का १३ घड़ी, ४२ पल, ३ विपल, ४३ प्रतिविपल, व्यतीत हो चुके हैं । मनुष्यमान से ब्रह्मा की आयु का विस्तार इस प्रकार है—एक चतुर्युगी का एक महायुग होता है, उसकी सौर मान से वर्ष संख्या ४३,२०,००० है । इस प्रकार के एक हजार युगों का ब्रह्मा का एक दिन होता है । ऐसे ब्रह्मा के हजार युगों की विष्णु की एक घड़ी होती है । विष्णु के १२ लाख युगों का रौद्र कलार्ध होता है । रुद्र के अर्बुद-संख्यक युगों का अक्षरात्मक ब्रह्मा होता है । ब्रह्मा के इस एक दिन में जो १४ मन्वन्तर होते हैं, उनमें से १ स्वायम्भव, २ स्वारोचिष ३ उत्तम, ४ तामस, ५ रैवत, ६ चाक्षुष, छः मनु व्यतीत हो गये हैं । अब सातवां वैवस्वत मन्वन्तर चल रहा है, उसमें भी २७ चतुर्युगी के ३ युग व्यतीत हो गये हैं और यह २८वां कलियुग है ।

अथ युगकाल-व्यवस्था-सतयुग— कार्तिक शुक्ल नवमी बुधवार के प्रथम प्रहर श्रवण-नक्षत्र, वृद्धियोग, में सत्ययुग की उत्पत्ति हुई है, इसकी आयु १७२८००० वर्ष की थी । इसमें श्रीनारायण, मत्स्य, कच्छप, वराह और नृसिंह ये ४ अवतार हुए । श्रीमत्स्यजी ने वेदों के चोर, शंखासुर को मारकर ब्रह्मा को वेद लाकर दिये । भगवान् कच्छप ने पृथ्वी की रक्षार्थ मन्दराचल को पीठ पर धारण कर शेषनाग की डोर से देवदैत्यों द्वारा समुद्र-मन्थन कराकर चौदह रत्न प्रकट किए । श्री वराहजी ने हिरण्याक्ष का वध करके पृथ्वी का उद्धार किया, श्री नृसिंहावतार ने हिरण्यकश्यप का वध करके भक्त प्रह्लाद की रक्षा की । इस युग में पाप० पुण्य २० विश्वे था और धर्म अपने चारों पद पर कायम था, गौएं कामधेनु के समान होती थीं । प्रायः स्वर्ण के पात्र और सिक्के के स्थान में रत्न का परस्पर व्यवहार था । इच्छित वर्षा होती थी एकबार बीज बोकर २१ बार काटते थे । ब्राह्मण चारों वेदों के जानकार तथा सत्यभाषी पर-द्रव्य परस्त्री-पराङ्मुख और त्यागी होते थे । शाप देने और वरदान प्रदान करने में भी समर्थ थे । स्त्रियां पद्मिनी और पतिव्रता होती थीं । शासक (राजवंश) वर्ग न्यायपरायणान्तःकरण से प्रजा को स्वपुत्रवत् समझते हुए राज्य करते थे । इनकी तीन लोक तक जाने की गति थी । वैश्य लोग सत्यवक्ता, धर्मात्मा व्यापारी और शूद्र लोग सेवाधर्म में रहते हुए जीवन व्यतीत करते थे । इस युग में तीर्थ पुष्कर प्रधान था ।

त्रेतायुग—वैशाख शुक्ल तृतीया चद्रवार के द्वितीय प्रहर रोहिणी नक्षत्र शोभन-योग में त्रेतायुग की उत्पत्ति हुई । इसकी आयु १२,९६,००० वर्ष की थी । इसमें भगवान के श्री वामन, श्री परशुराम और श्री रामचन्द्र ये तीन अवतार हुए । श्री वामन जी ने राजा बलि से ३ पैर पृथ्वी दान लेकर समग्र पृथ्वी को ३ पैर में नाप बलि को पाताल का राज्य दिया । श्री परशुराम जी ने अभिमानी क्षत्रियों का २१ बार नाश [illegible] के ब्राह्मण राज्य स्थापित किया था । श्री रामचन्द्र जी ने महाभिमानी राक्षसराज रावण का वध करके देवता और ऋषियों को निर्भय किया था । इस युग में पाप ५, पुण्य १५ विश्वे था और धर्म तीन पैर का रह गया था । गौएं त्रिकाल दूध देने वाली होती थी, प्रायः चांदी के पात्र और स्वर्ण के सिक्के का व्यवहार था । वर्षा मौके पर होती थी, एक बार बोकर सात बार काटते थे । ब्राह्मण तीन वेदों के वक्ता और किञ्चिन्मात्र तपोनिष्ठ, परस्त्री-पर द्रव्य से पारङ्मुख होते थे, वह शाप देने में समर्थ थे । स्त्रियां चित्रिणी, पतिव्रता होती थीं । इस युग में सूर्यवंशी धर्मात्मा क्षत्रिय का राज्य था । विचित्र विमान द्वारा वह इन्द्र लोक पर्यन्त भी जाते थे । वैश्य लोग सत्यवादी और सत्य की तुला पर तोलते थे । शूद्र सेवा में तत्पर रहते थे । इस युग में तीर्थ नैमिषारण्य प्रधान था । **द्वापर**—माघ कृष्ण ३० शुक्रवार तृतीय प्रहर धनिष्ठा-नक्षत्र वरीयान् योग में द्वापर युग की उत्पत्ति हुई । इसकी आयु ८६,४०,०० वर्ष की थी । इसमें पूर्ण ब्रह्म के श्रीकृष्ण श्री बलदेव ये दो अवतार हुए । भगवान् श्रीकृष्ण ने दैत्यराज कंसादि दुष्टों का वध किया । तथा अर्जुन को लक्ष्य करके गीता ज्ञान का उपदेश दिया । श्री बलदेव जी ने दुष्टों का नाश करके धर्म का उद्धार किया । इस युग में पाप १०, पुण्य १० विश्वे था और धर्म दो पैर वाला रह गया था । गौएं दो वक्त घटपूर्ण दुग्ध देने वाली होती थीं । प्रायः ताम्र पीतल के पात्र और स्वर्ण तथा रौप्यमयी मुद्राओं का व्यवहार होने लगा था । वर्षा समय पर हो जाती थी । एक बार अन्न का बीज बोकर ३ बार काटते थे । ब्राह्मण लोग दो वेद के पारंगत होते थे और कुछ असत्य, विशेषतया सत्यवक्ता तथा तप-यज्ञ देव-पूजनादि करने वाले, किञ्चित् लोभयुक्त, वाक्यसिद्धि वाले अर्थात् वर और शाप देने में समर्थ थे । स्त्रियां शंखिनी जाति की सुशीला धर्मयुक्ता होती थीं । इस युग में धर्मप्राण चंद्रवंशी राजा हुए । इनकी समेरु पर्यन्त गति थी और प्रायः चारों वर्ण अपने-अपने धर्म पर कायम थे । परस्त्री परद्रव्य से लोग डरते थे । इस युग में तीर्थ कुरुक्षेत्र प्रधान था । **कलियुग**—भाद्रपद कृष्ण १३ अर्धरात्रि के समय आश्लेषा नक्षत्र व्यतिपात योग में कलियुग की उत्पत्ति हुई थी, इसकी

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अथ वर्षराजादि फल विचार सं. २०४३ वि.

कल्पादि से गतवर्ष १९७२९४९०८७, सृष्टि संवत् १९५५८८५०८७, श्री विक्रमी संवत् २०४३, शक संवत् १९०८, श्रीकृष्ण जन्म संवत् ५२२२, कलि संवत् ५०८७, श्री महावीर जैन निर्वाण संवत् २५११-२५१२, श्री बुद्ध संवत् २६०९-२६१०, हिजरी सन् १४०७-१४०८, फसली सन् १३९३-१३९४; ईस्वी सन् १९८६-१९८७।

वर्षारम्भ में गुरुमान से ब्राह्मी विंशति का प्रभवादि संवत्सरों में 'प्रमाथी' नामक संवत्सर है ; इसका फल इस प्रकार है :—

"न मुंचति तोयवाहः कुत्रचित्प्रचुरं जलम् ।
मध्यमा वृष्टिरर्थश्च नूनमब्दे प्रमाथिनि ॥"

अर्थात् प्रमाथी वर्ष में कहीं भी वर्षा अधिक न हो, अर्थात् वर्षा मध्यम होगी।

किञ्च—"प्रमाथिनि स्वामी रविः, आषाढ़े, श्रावणे, चाल्पमेघः, भाद्रपदे पञ्चम्यां किञ्चिन्मेघः, चैत्रे गोधूम युगन्धरी महर्घता, वैशाखे, ज्येष्ठे सर्वत्र धान्यमहर्घता, परं कृष्ण सप्तम्यमावास्ययोर्महामेघः, परमतीवारिष्टं कार्तिकादि मासपञ्चसु, सर्वरस महर्घता, मञ्जिष्ठा-पूगी हिंगुल काश्मीरजागरूपट्टसूत्रनारिकेल एतद्वस्तु महर्घता।"

इस वर्ष का राजा (ग्रहपरिषद् के प्रधान) गुरु एवं मन्त्री सूर्य है। इस वर्ष सस्येश (चौमासी फसलों के स्वामी) बुध, धान्येश (शीतकालीन फसलों के स्वामी) चन्द्र, मेघेश (वर्षा पानी के स्वामी) सूर्य, रसेश (गुड़, खाण्ड, रसकस आदि के स्वामी) शुक्र, नीरसेश (सर्वविध धातु तथा व्यापार आदि के स्वामी) बुध, फलेश (फल, फूल आदि के स्वामी) शनि, धनेश (खजाना के स्वामी) मंगल, दुर्गेश (सुरक्षा प्रतिरक्षा आदि के स्वामी) शनि है।

प्रत्येक पदाधिकारी का फल इस प्रकार है :—

(१) राजा गुरु का फल—"गुरौ नृपे वर्षति कामदं फलं महीतले कामदुघाश्च धनेवः ।
यजन्ति विप्राः बहवोऽग्निहोत्रिणो महोत्सवः सर्वजनेषु वर्तते ॥"

वर्षा पर्याप्त हो, गाएं अच्छा दूध दें, ब्राह्मण लोग धर्म कर्म में व्यस्त हों, सर्वविध लोगों के मन में उल्लास रहे, उत्सव हों।

(२) मन्त्री सूर्य का फल—"नृपभयं गदतोपि हि तस्करात् प्रचुरधान्य धनादि महीतले ।
रसचयं हि समर्घतमं तदा रविरमात्यपदं हि समागतः ॥"

प्रधान शासक को भय, प्रजा में रोग, चोरों से क्षोभ, धनधान्य पर्याप्त मात्रा में हो, रसों के संग्रह में आगे तेजी बने, मंहगाई बढ़े।

(३) सस्येश बुध का फल—"जलधरा जलराशिमुचो भृशं सुखसमृद्धियुतं निरुपद्रवम् ।
द्विजगणः श्रुतिपाठकरः सदा प्रथम सस्यपतौ सति बोधने ॥"

वर्षा प्रचुर मात्रा में हो, प्रजा में सुख समृद्धि रहे, उपद्रव समाप्त हों, ब्राह्मण वेदपाठ एवं मांगलिक कार्यों में व्यस्त रहें।

(४) धान्येश चन्द्र का फल—"चन्द्रे धान्याधिपे जाते प्रजावृद्धिः प्रजायते ।
गोधूमाः सार्षपाश्चैव गोषुक्षीरं तदा बहु ॥"

जनसंख्या में विशेष वृद्धि हो, गेहूं, सरसों, तेल एवं घी पर्याप्त मात्रा में हों।

(५) मेघेश सूर्य का फल—"जलदपे यदि वासरपे तदा सरसि वै रमते जनता रसम् ।
यव चणेक्षु-निवार-सुशालिभिः सुखचयं सुलभं भुवि वर्त्तते ॥"

जौ, चना, ईख, धान की फसल अच्छी हो, प्रजा में सुख समृद्धि हो।

(६) रसेश शुक्र का फल—"यजन याजनकोत्सवकोत्सुका जनपदा जनतोषित मानसाः ।
सुख सुभिक्ष सुमोदवती धरा धरणिपा हतपापगणप्रियाः ॥"

जनता में यज्ञादि करने कराने की धार्मिक मनोवृत्ति बनी रहेगी, जनता में सन्तोष रहे। पृथ्वी पर सुख-सुभिक्ष तथा आनन्द रहे, शासक वर्ग पाप कर्म से दूर रहें।

(७) नीरसेश बुध का फल—"चित्र-वस्त्रादिकं चैव शंख चन्दन पूर्वकम् ।
अर्घवृद्धिः प्रजायेत नीरसेशो बुधो यदि ॥"

चित्र, वस्त्र, शंख एवं चन्दन आदि के मूल्य ऊपर उठें।

(८) फलेश शनि का फल—"यदि शनिः फलयः फलहा भवेज्जनित पुष्पगणस्य द्रुमः सदा ।
हिमभयं वरतस्कर-जन्तुभीर्जनपदो गदराशि महाकुलः ॥"

फलों की फसल को हानि पहुंचे, वृक्षों में पुष्प निष्फल आवें, (शीत में) हिमपात से हानिभय, ठगी, चोरी की घटनाएं अधिक हों, बीमारी से जनता परेशान हो।

(९) धनेश मंगल का फल—"असम मौल्यकरो धरणीसुतः शरदि तापकरस्तुष धान्यहृत् ।
सहसि मासि भवेद्विगुणं तदा नरपतिर्जन शोक विधायकः ॥"

व्यापारिक क्षेत्र में अस्थिरता रहे, जौ एवं गेहूं आदि की फसल खराब हो, स्टाक की हुई व्यापारिक वस्तुओं के मार्गशीर्ष में बेचने से द्विगुणित लाभ हो, शोकप्रद घटना घटे।

(१०) दुर्गेश शनि का फल—"रविसुते गढ़पालिनि विग्रहे सकलदेशगताश्चलिता जनाः ।
विविध वैरि-विशोषित नागराः कृषिधनशलभैर्मुषितं भुवि ॥"

युद्धादि अशान्त वातावरण से कहीं जनता को स्थानान्तरण करना पड़े, नागरिकों को शत्रुजन्य नानाविध यातनाओं का सामना करना पड़े, टिड्डी, चूहा आदि से कुछ भागों में खड़ी फसल को हानि पहुंचे।

सूचना—यद्यपि वर्ष के इन दस अधिकारियों का साधारण फल तो सर्वत्र ही होता है, किन्तु विशेषकर राजा का फल काश्मीर, अफगानिस्तान एवं बराड़ देश में, मन्त्री का फल आन्ध्र, वाल्हीक, उज्जैन एवं मालवा में, सस्येश का पौण्ड्र-विदर्भ में, धान्येश का गुजरात, नर्मदा के निकटवर्ती प्रदेशों एवं मध्य प्रदेश में, मेघेश का मगध एवं बंगाल में, रसेश का कोंकण व गोआ में, नीरसेश का मालवा व बिहार में, धनेश का राजस्थान एवं मारवाड़ में, फलेश-दुर्गेश एवं राजा का फल सब जगह विशेष होता है।

नवमेघों में "तम" नामक मे काघ फल—रोग अधिक, वर्षा कम, धान्य हानि, प्रजा में कष्ट असन्तोष रहे।

द्वादशनागों में 'नन्दसारी' नामक नाग का फल—"नन्दसारी महावृष्टिः नन्दते च महाजनः।" कुछ प्रान्तों में वर्षा अत्यधिक हो, व्यापारी वर्ग प्रसन्न रहे।

रोहिणी का वास समुद्र में है। फल—अधिक जल चाहने वाले अनाज चावल, बाजरा आदि की फसल उत्तम होगी, न्यून वर्षा वाले राजस्थान के बागड़ आदि में भी वर्षा होने से कृषक लोग प्रसन्न रहें। कुछ प्रान्तों में महावृष्टि होने से खड़ी फसलों को हानि एवं कहीं बाढ़ से जन-धन हानि के समाचार भी मिलें।

संवत्सर का वास माली के घर है—वर्षा अधिक हो।

संवत् का वाहन 'चातक' है—कुछ प्रान्तों में वर्षा की कमी एवं कुछ प्रान्तों में वर्षा पर्याप्त मात्रा में हो।

शनि की दृष्टि—वर्षारम्भ से अन्त तक शनि की दृष्टि पश्चिम में रहेगी। फल—यह संवत् पश्चिमी राष्ट्रों के लिए विशेष भयावह है ; पश्चिमी राष्ट्रों में प्राकृतिक-प्रकोप,

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

रोगोपद्रव एवं अकालादि से भी जन-धन हानि होगी। भारत की पश्चिमी-सीमा प्रान्तों पर शत्रु देश की गतिविधि से भय है, सावधान !

इस वर्ष **सोमवती अमावस्याएं** आषाढ़ एवं मार्गशीर्ष में दो हैं। **मंगलवारी अमावस** श्रावण कृष्ण में एक है। **शनिवारी अमावस** ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष में ही है। इस वर्ष **बुधाष्टमियां** श्रावण शुक्ल, भाद्र कृष्ण, पौष कृष्ण एवं पौष शुक्ल में हैं।

वर्षा आदि के विश्वामान—वर्षा विश्वा १५, धान्य ७, तृण १६, शीत १७, तेज १६, वायु ७, वृद्धि १५, क्षय १५, विग्रह ११, क्षुधा ७, तृषा १५, निद्रा ६, आलस्य १५, उद्यम ६, शान्ति १३, क्रोध ५, दम्भ ५, लोभ १७, मैथुन ६, रसनिष्पत्ति ६, फलनिष्पत्ति १३, उत्साह ११, उग्रता १६, पाप १३, पुण्य १३, व्याधि ७, व्याधिनाश १७, आचार १३, अनाचार १५, मृत्यु ६, जन्म १५, देशोपद्रव १६, देश स्वास्थ्य १७, चौर भय ५, चौर नाश १३, अग्नि भय ६, अग्नि शान्ति ११, उद्भिज्ज १५, जरायुज १५, अण्डज ५, स्वेदज ७, तोता ३, मूषक ७, सोना १३, ताम्बा १५, स्वचक्र १३, परचक्र ११, वृष्टि ५, वृष्टि-नाश १६, संवत् विश्वा १२।

वर्ष के चार स्तम्भ—(१) **जल स्तम्भ** (चैत्र शु. १ को रेवती नक्षत्र) ३८ प्रतिशत है।
(२) **वायु स्तम्भ** (ज्येष्ठ शु. १ को मृग. नक्षत्र) ६७ प्रतिशत है।
(३) **तृण स्तम्भ** (वैशा. शु. १ को भर. नक्षत्र) १६ प्रतिशत है।
(४) **अन्न स्तम्भ** (आषा. शु. १ को पुन. नक्षत्र) ६५ प्रतिशत है।

फल—वायुवेग से कहीं हानि के समाचार मिलेंगे। अनाज प्रचुर मात्रा में हो, वर्षा की कमी अनुभव हो, पशुओं के लिए चारा मंहगा हो।

आर्घमान विचार—(वर्ष रक्षा के लिए चार दुर्ग) :
(१) **प्रथम आर्घ** (अक्षय तृतीया को रोहिणी नक्षत्र) २२ प्रतिशत है।
(२) **द्वितीय आर्घ** (सं. २०४२ वि. में पौष अमा. को मूल नक्षत्र) का अभाव है।
(३) **तृतीय आर्घ** (श्रावण शुक्ल १५ को श्रवण नक्षत्र) २८ प्रतिशत है।
(४) **चतुर्थ आर्घ** (कार्ति. शुक्ल १५ को कृत्तिका नक्षत्र) २८ प्रतिशत है।

फल—आर्घमान विचार से यह संवत् कुछ चिन्तनीय परिस्थितियों से आक्रान्त मालूम देता है। पौष मास के लगभग वातावरण अधिक परेशानी वाला रहेगा। कहीं दुर्भिक्ष की स्थिति बनेगी।

"अर्क तीज रोहिणी नहीं होई, पौष अमावस मूल न जोई।
राखी श्रवणों हीन विचारो, कार्तिक पुण्या कृत्तिका टारो।
मही मांह खलबली प्रकाशै, कहे भड्डली साख विनाशै।"

नववर्ष-प्रवेश—सं. २०४२ वि. में चैत्र कृष्ण ३० बुधवार (६ अप्रैल १९८६ ई.) को १३ घटी ५२ पल (११ घं. २६ मि. भा. स्टं. टा.) पर मिथुन लग्न में नववर्ष का शुभारम्भ होगा।

नववर्ष प्रवेश कुं.



फल—पश्चिमी राष्ट्रों में स्थिति बिगड़ेगी, कहीं प्राकृतिक-प्रकोप से हानि एवं कहीं युद्धाग्नि से वातावरण अशान्त होगा। दक्षिणोत्तर में भी राजनैतिक गतिरोध बनेगा। जनजीवनोपयोगी वस्तुओं में आश्चर्यजनक मंहगाई से जनजीवन क्षुब्ध होगा। यह वर्ष शासकों के लिए अग्निपरीक्षा का है।

वर्षेश (जगत् लग्न)—वि. सं. २०४३ में चैत्र शुदी ४ रविवार (१३ अप्रैल '८६ ई.) को ५१ घटी २० पल (२६ घं. ३३ मि.) पर मकर लग्न के समय सूर्य भगवान् मेष राशि में प्रविष्ट होंगे।

वर्षेश (जगत् लग्न) कुं.



फल—विश्व में बेरोजगारी आदि समस्याएं बढ़ेंगी, जनता की आर्थिक स्थिति बिगड़ेगी, विश्व के कुछ राष्ट्रों में तनाव बढ़ेगा, शांति भंग होगी। मध्य-पूर्व के राष्ट्र युद्धरत रहेंगे, कहीं प्राकृतिक प्रकोप से भयंकर हानि होगी।

जगल्लग्न से व्यक्तिगत फल विचार—जन्म-कुंडली में लग्न बलवान् हो तो जन्म-लग्न से, चन्द्र बलवान् हो तो जन्म राशि से, जगल्लग्न जिस स्थान में आए, वह भाव शुभ या स्वामी ग्रहों से युक्त दृष्ट और बलवान् हो तो वर्ष में उस भाव की वृद्धि कहनी चाहिए। यदि पापी ग्रह की दृष्टि या योग हो तो उस भाव की हानि कहे। जन्मलग्न, जन्मराशि और अपने वर्षप्रवेश लग्न से वर्षेश लग्न (लगल्लग्न) आठवें-बारहवें हो तो यह वर्ष उस व्यक्ति के लिए शुभ नहीं होता। इसी प्रकार देश और ग्राम के शुभाशुभ विचार के लिए देश, ग्राम या नगर की जो राशि हो, उससे जगल्लग्न आठवें या बारहवें हो तो उस देश, ग्राम व नगर के लिए वह वर्ष हानिप्रद समझना चाहिए।

जन्म लग्न से जगल्लग्न का फल—१. देहसुख, २. धनलाभ, ३. कुटुम्बवृद्धि, ४. मित्र सौख्य, ५. पुत्र सौख्य, ६. शत्रु जय, ७. स्त्री सुख, ८. रोग भय, ९. धर्म लाभ, १०. धन लाभ, ११. लाभ सुख, १२. व्यय दुःख।

आर्द्रा प्रवेश—ज्येष्ठ शु. १५ रविवार (२२ जून १९८६ ई.) को २ घटी २९ पल (६ घं. २४ मि. भा. स्टं. टा.) पर मिथुन लग्न में सूर्य आर्द्रा में प्रविष्ट होगा।

आर्द्रा प्रवेश कुं.



फल—टिड्डी, चूहा आदि से, कहीं वर्षा की कमी एवं कहीं अत्यधिक वर्षा से खड़ी फसलों को नुक्सान होगा। अनाजों में विशेष तेजी रहेगी।

सस्य जातक—(१) शरत्सस्य जातक कुण्डली के अनुसार मूग, मोठ, बाजरा आदि छोटे-मोटे अनाजों की फसल अच्छी होगी, कहीं वर्षा के अभाव से हानि भी होगी।

(२) **ग्रीष्मसस्य जातक कुं.** के अनुसार जौ, चना आदि अनाजों को हानि होगी, मंहगाई अत्यधिक होने से जनता में रोष बढ़े। अनाजों के व्यापार पर शासन को अकुश लगाना पड़ेगा।

गुर्रा फल—१७ सितम्बर १९८५ ई. मंगलवार (भाद्रपद शु. तृतीया) को हिजरी सन् १४०६ प्रारम्भ होगी।

फल—मंगलवार को हिजरी सन् का प्रारम्भ होने से कहीं अकाल पड़े, समय पर वर्षा की कमी अनुभव हो। कहीं युद्ध भय व्यापे। गुड़, शक्कर, कपास, खांड, तिल, तेल, गेहू मंहगे हों।

(देखें शेष पृष्ठ २७ पर)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सन् १९८५ में दशहरा की तारीख के विषय में—

स्वपक्षीय शुद्ध सूक्ष्म गणित वाले सारे पंचांगों में सं. २०४२ में दशहरा २२ अक्तू. को ही लिखा था,—जोकि पूर्णतः शास्त्रशुद्ध एवं धर्म-शास्त्र सम्मत था। लेकिन स्थूल गणित के पक्षपाती कुछ पंचांगकारों के आग्रह पर केन्द्रीय सरकार ने अवकाश बदलकर २३ अक्तू. को कर दिया। तदनुसार उत्तर भारत के प्रान्तों ने भी अवकाश बदल दिए, जिससे जनता में भारी भ्रान्ति पैदा हो गई: हिन्दू धर्म का उपहास हुआ। फिर भी धर्मप्राण जनता ने दशहरा पूजन अपने घरों में २२ अक्तूबर को ही किया परन्तु अवकाश २३ अक्तू. का होने से रावणदाह, मेला आदि अधिकतर २३ अक्तूबर को हुआ। पंजाब में जालन्धर एवं लुधियाना में तो रावणदाह भी शास्त्रीय पक्ष के आधार पर ही हुआ। उत्तर भारत को छोड़कर अन्य अनेक प्रान्तों की सरकारों ने अवकाश नहीं बदले एवं दशहरा २२ अक्तूबर को ही मनाया गया। (देखें Indian Express Delhi २३ अक्तूबर)।

वस्तुतः विजयादशमी अपराह्णव्यापिनी ही धर्मशास्त्र सम्मत है अगर दशमी दो दिन अपराह्णकाल व्यापिनी हो तो प्रथम दिन ही धर्मशास्त्र के अनुसार विजयादशमी के लिए स्वीकार्य माना है। २२ अक्तूबर को श्रवण नक्षत्र वाली अपराह्णव्यापिनी दशमी ही एतदर्थ ग्राह्य थी।

स्थूल गणितानुसारी पंचांगों के अनुसार दशमी तिथि में तीन घण्टे से भी अधिक अशुद्धि होने से केवल २३ अक्तूबर को ही दशमी अपराह्णव्यापिनी थी, अतः इस वर्ष दशहरा पर मतभेद हुआ। नोटकरें—कि स्थूल गणित के पंचांगों में सं. २०४२ के आश्विन मास में सर्वाधिक अशुद्धि चल रही थी। यह अशुद्धि अष्टमी तिथि के लगभग ४-५ घण्टे एवं दशमी के दिन ३ घण्टे से अधिक तथा पूर्णिमा के दिन लगभग १ घण्टे की थी। ऐसी स्थिति लगभग १० वर्ष बाद पुनः आएगी। इन स्थूल गणितानुसारी पंचांगों की तिथियों की परीक्षा २८ अक्तूबर के खग्रास चन्द्रग्रहण से स्पष्टतः हो जाती है। इनकी पूर्णिमा के अनुसार यह चन्द्रग्रहण लगभग ८ घं. ३० मि. रात्रि में प्रारम्भ होना चाहिए, जबकि वस्तुतः इस ग्रहण का प्रारम्भ लगभग १ घण्टा बाद (९ घं. २५ मि.) पर हुआ। स्थूल गणित के पंचांगों के अनुसार पूर्णिमान्त लगभग १० बजकर १५ मिनट पर था। अतः इनके मुताबिक ग्रहण मध्य भी इसी समय होना चाहिए था। परन्तु जनता इन स्थूलगणितानुयायी पंचांगों की गलती को कहीं पकड़ न ले; अतः इन पंचांगकारों ने ग्रहण गणित तो सूक्ष्म स्वपक्षीय पंचांगों में दिये गये पूर्णिमान्तर काल के अनुसार लगभग ११ बजकर १२ बजे तक ही ग्रहणमध्य लिखा;—यह इनकी दुरंगी नीति आखिर कब तक धर्मप्राण जनता को अवकाश बदलवाकर भ्रान्त करती रहेगी। स्थूल गणित के आधार पर धर्मशास्त्र के विरुद्ध निर्णय लेकर अवकाश बदलवाना हिन्दूधर्म के साथ मजाक है। इससे हिन्दूधर्म के प्रति आस्था उठेगी, भविष्य में ऐसा न हो, इसी में कल्याण है।

परम्परागत सिद्धान्तों से एकवाक्यता सम्भव नहीं

(एकवाक्यता के लिए पंचांगकार बृहत्पक्ष का आश्रय लें)

समय के अन्तर से अंकों में अशुद्धि एकत्रित होने से अक्षम्य गलती आने लगती है। इसी कारण समय समय पर आर्यभट सिद्धान्त, ब्रह्म सिद्धान्त, सूर्य सिद्धान्त की रचना हुई। जिनको विविध प्रांतों में मान्यता प्राप्त हुई। क्योंकि इनमें भी अन्तर है अतः पहिले भी भारत के पंचांगों में ऐक्यमत्य नहीं रहा। यदि दक्षिण भारत में एक अधिमास है और उत्तर भारत में दूसरा। पहिले गणित की अशुद्धि का निर्णय सहज सभव न था, आज तो सब साधन प्राप्त हैं। अतः पंचांगों को एकमात्र सत्य, सूक्ष्म, शुद्ध दृश्य गणित को अपनाना ही पड़ेगा। यदि परम्परागत सिद्धान्तों में ही स्थूलगणित के पंचांगकारों का आग्रह है तो वे वेदाङ्गज्योतिष के अनुसार गणित क्यों नहीं करते?—जोकि सबके लिए पवित्र वेदाङ्ग है। ध्यान रहे, इससे तो अशुद्धि और भी अक्षम्य अधिक आयेगी।

ध्यान रहे—रामलीलाओं के निर्णय से गवर्नमेण्ट के अवकाश परिवर्तन आदि में तिथियां नहीं बदला करतीं। सूर्य-चन्द्र प्रकृति के नियम से ही चलते हैं किसी के आदेश से नहीं। एक सिद्धान्त ज्योतिषज्ञ के लिये दशमी एक दृश्य कोण आकाशीय पदार्थ है।

इसके विषय में दुराग्रह करना ऐसा ही है जैसे कि—दिन को रात्रि या रात्रि को दिन कहना। पंचांग के ५ अंगों में से केवल वार मनुष्य की बनाई व्यवस्था है—बाकी अंग नहीं। यहां तक कि—गवर्नमेण्ट के आदेश से तो जनता शायद इतवार को सोमवार मानना स्वीकार नहीं करेगी। तिथि के परिवर्तन की क्षमता न तो हमारे उत्सवों को है न ही शासन व किसी व्यक्ति विशेष को। दशहरा सं. २०४२ में २२ अक्तूबर को ही शास्त्रसम्मत था—इसमें सन्देह नहीं। [पृष्ठ 52 का शेष]

आयु ४३२००० वर्ष की है। इसमें भगवान के अवतार श्री बुद्ध और श्री कल्कि (निष्कलंक) है, जिनमें अहिंसा धर्म का उद्धारक श्री बुद्धावतार तो हो चुका है और कल्कि अवतार अब कलियुग के ८२१ वर्ष रहेंगे तब शंभल ग्राम में विष्णुयश ब्राह्मण के घर होगा। इस अवतार द्वारा दुष्टों का नाश होकर पृथ्वी पर लुप्तधर्म की स्थापना के साथ-साथ न्यायपरायण क्षत्रिय राज्य भी कायम होगा। इस युग में एकपैर वाला धर्म रह जायेगा। गौए दूध कम देंगी। मृण्मय पात्र नाममात्र तथा कर्तल मद्रा प्राय चलेगी। अतिवृष्टि और अनावृष्टि से देशों में भय का संचार होगा। ब्राह्मण लोग वेदज्ञान से शून्य तथा म्लान, सन्ध्या तपश्चर्या से भी हीन होंगे। क्षत्रिय लोग अपने धर्म को तिलाञ्जलि दे देंगे। वैश्यलोग व्यापार में असत्य व्यवहार विशेष रूप से उपयोग में लाने लगेंगे एवं शास्त्रनिन्दित मृतवर्ष (जूता आदि) के व्यापार से लाभ उठायेंगे। शूद्रलोग पाखण्डी होकर बहुधा उच्चवर्ण वालों के उपदेष्टा होंगे। प्रजा में वर्णसंकरत्व बढ़ जायेगा। धनों की पूजा होगी। अनेक कुकर्मों की वृद्धि होगी। स्त्रियां व्याधा हस्तिनी पैदा होंगी। व्यभिचारिणी स्त्री अपने को सती कहेंगी। पतिव्रता कहीं-कहीं देखने में आवेगी। पुरुष स्त्रियों के वश में होकर चलेंगे। स्त्रियों को छोटी आयु में गर्भ होने लगेगा। पिता कन्या-विक्रय करेगा। गो-ब्राह्मण की हत्या से भय न करेंगे। पुत्रों का माता-पिता के साथ सकारत्व प्रेम रहेगा। राज-व्यवस्था में धर्म का स्थान वृत्य के बराबर होगा। धर्म-कर्म और तीर्थ पर लोगों की श्रद्धा कम होगी। प्रधान तीर्थ गंगा हरिद्वार होगा।

अथ कलिकपंचोक्तं चिरन्तनै —पिशाच-वदनः क्रूरः कलिश्च कलहप्रियः। धूम्रा वाने करे शिश्नं दक्षे जिह्वाञ्च नृत्यति।। कलि-ब्रह्मास्त्रयो-धर्मः प्रव्रजितस्तपः प्रचलित तत्वं च दूरे गतं पृथ्वी-मन्दफला नराः कपटिनश्चित्तञ्च शाठ्योजितम्। राजानोऽर्थपरा अरक्षणपराः पृथाः पितृद्वैषिणः। साधु सीदति दुर्जनः प्रभवति प्राप्ते कली दुर्युगे।। निर्बीजा पृथ्वी निरौषधिरसा नीचा महत्व गता:, भूपाला निजधर्म-कर्म-रहिता विप्राः कुमार्गं गताः। भार्या भर्तृविरोधिनी परस्ता पुत्राः पितृद्वैषिणः। हा! कष्टं खलु वर्तते कलियुगे धन्यामृता ये नराः।। देवेदेयत्व कपटपटवस्तापस जना:, जनी मिथ्यावादी विरलतर वृष्टिर्जलधरः। प्रसन्ना नीचाश्च अवनि—पतयो दुष्टमतयो जनाः शिष्टा नष्टा अहह! कलिकाली विलसति।। कली पंचाशाः स्थितिः- पृथिवी गंगया हीना कलिकालिनाथे कली। तदैव विष्णुस्त्यजति मेदिनी नरपुंगव। अधीरत्वं प्रीति पंचाशत्पञ्चश्च— वाक्यानां एतत्कली प्रपूज्यते गुरुर्नभस्थो दिवि कल्पादपः। यावत्समुद्रे वडवानलश्च वसति तावत्त्व चञ्चलाः।। इति।। कली दशहस्राणीति वाक्यमन्तिमेकली ज्ञेयम्। नान्येषु कलिष्विति।।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

संदिग्ध व्रत-पर्व व्यवस्था (सं. २०४३ वि.)

[लेखक— प्रियव्रत शर्मा]

श्रीरामनवमी आदि व्रत-पर्व अनेक बार वैष्णवों और स्मार्त्तों के लिए दो अलग-अलग दिनों में आपके पंचांग में लिखे रहते हैं। क्या धार्मिक लोगों को आप इस प्रकार भ्रान्त नहीं करते? —इस प्रकार के अनेक पत्र हमें मिले हैं; इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है। हमारा धार्मिक जनसमुदाय व्रतपर्वों के विषय में वैष्णव और स्मार्त इन दो प्रधान सम्प्रदायों में परम्परया बटा हुआ है। एकादशी, श्रीरामनवमी, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आदि आदि व्रतों की तिथियों के निर्णय के लिए इन दोनों सम्प्रदायों के अलग-अलग मापदण्ड हैं, जिनका विस्तृत विवरण सभी व्रत-पर्व निर्णायक धर्मग्रन्थों में मिलता है। अनेक बार वैष्णव सम्प्रदाय के निर्णायक तत्त्वों के आधार पर कोई व्रत-पर्व किसी एक दिन और स्मार्त्त सम्प्रदाय के तत्त्वों के अनुसार वही व्रत-पर्व दूसरे दिन पड़ता है, जिसका निर्देश पंचांगों में अलग-अलग किया जाता है। जो लोग परम्परया वैष्णव सम्प्रदाय के अनुसार अपनी ही तरह का मस्तक पर तिलक लगाते हैं; गले में कण्ठी धारण करते हैं; या वैष्णव सन्यासी महात्मा से जिन्होंने दीक्षा ले रखी है वे गृहस्थी लोग वैष्णव कहलाते हैं। अन्य गृहस्थी लोग स्मार्त्त कहलाते हैं। अपनी कुलक्रमागत परम्परा के अनुसार ही लोग अपने आपको स्मार्त्त मानते चले आ रहे हैं—"**अत्र स्व पारम्पर्यं प्रसिद्धमेव वैष्णवत्वं स्मार्त्तत्वं च वृद्धा मन्यन्ते तदेव ग्राह्यम्**"—(धर्मसिन्धुः)।

हमारे सभी धर्म ग्रन्थों में रामनवमी आदि व्रत-पर्वों के निर्णायक मापदण्ड भिन्न-भिन्न हैं। वैष्णव अपने मापदण्डों को और स्मार्त्त अपने मापदण्डों को ही प्रमाणिक मानकर व्रतपर्वों की तिथियों का निर्णय करने का आग्रह नहीं छोड़ते। तभी (पंचांगकारों) को भी इन दोनों मतों के अनुसार इन व्रत-पर्वों की तिथियां अपने पंचांगों में भिन्न-भिन्न लिखनी पड़ती हैं। केवल हम ही नहीं, भारत के सभी पंचांगों में आपको दो मत मिलेंगे। यदि वैष्णव और स्मार्त्तों में से कोई एक अपने मत को दूसरे के मत से समन्वित कर दे तो हम पंचांगकार रामनवमी आदि व्रतों को दो भिन्न-भिन्न तिथियों में नहीं दिखाएंगे। लेकिन ऐसा संभव नहीं है, क्योंकि वैष्णव एवं स्मार्त्त दोनों सम्प्रदाय अपना अलग-अलग अस्तित्व बनाए रखना चाहते हैं, परम्परा का त्याग बहुत कठिन है।

अक्षय तृतीया—वैशाख शुक्ल तृतीया कृतयुगादि तिथि मानी जाती है। इस दिन बिना पिण्ड के श्राद्ध करने का विधान है। शुक्ल पक्ष में युगादि कृत्य (श्राद्ध) पूर्वाह्न में किया जाता है। कृष्ण पक्ष में अपराह्न में,—"**पूर्वाह्णे तु सदा कार्याः शुक्ला मनुयुगादयः। दैवे कर्मणि पित्र्ये च कृष्णे चैवापराह्णिकाः॥**"—(पद्मपुराण)। यहां दिनमान के दो बराबर भाग करके दिन के पूर्वार्ध का निर्णय करना चाहिए।

इस वर्ष ११ मई रविवार और १२ मई सोमवार को दोनों दिन तृतीया पूर्वार्ध व्यापिनी है। लेकिन यहां **अक्षय तृतीया दूसरे दिन (१२ मई को) ही मनाई जाएगी। क्योंकि इसी दिन तृतीया त्रिमुहूर्त से अधिक काल को व्याप्त करती है।** धर्मसिन्धु का वचन है;—"**दिनद्वयेचेत् (पूर्वार्ध व्यापिनी तृतीया तदा) त्रिमुहूर्त्ताधिक व्याप्ति सत्वे परा, त्रिमुहूर्त्त न्यूनत्वे पूर्वा।**"

ध्यान रहे—इस दिन १२ मई को तृतीया तिथि को सोमवार से भी योग है, जिसका विशेष माहात्म्य है।—"**वैशाखे शुक्ल पक्षे तु तृतीया रोहिणी युता। दुर्लभा बुधवारेण सोमेनापि युता तथा॥**"—(नारदः)। किञ्च—श्राद्धकाल गान्धर्व, कुतुप और रौहिण—इन तीन मुहूर्त्तों में सम्पन्न होता है। १२ मई को तृतीया केवल गान्धर्वकाल व्यापिनी है और वह ११ मई को गान्धर्वादि तीन मुहूर्त्तों को व्याप्त करती है, फिर भी ११ मई के दिन द्वितीयाविद्धा होने से अक्षय तृतीया नहीं मनाई जा सकती। गोभिल का वचन है;"—**वैशाखस्य तृतीयां यः पूर्वविद्धां करोति वै। हव्यं देवा न गृह्णन्ति कव्यं च पितरस्तथा॥**" नारद का वचन है;—"**रोहिणी बुध युक्तापि पूर्वविद्धा विवर्जिता।**"—इस प्रमाण से यह मत भी खण्डित हो जाता है कि रोहिणी योग के कारण ११ मई को अक्षय तृतीया मनाई जाए। **अतः इस वर्ष अक्षय तृतीया प्रत्येक दृष्टि से निस्सन्देह १२ मई को मनाई जाएगी।**

श्रीगणेश चतुर्थी व्रत—यदि कृष्ण चतुर्थी दोनों दिन चन्द्रोदय व्यापिनी हो तो श्रीगणेश चतुर्थी पूर्व विद्धा ली जाती है। यदि दोनों दिन चन्द्रोदय व्यापिनी न हो तो इसे दूसरे दिन ही मनाया जाता है। **इस वर्ष आषाढ़ कृष्ण चतुर्थी २४ और २५ जून दोनों दिन चन्द्रोदय का स्पर्श नहीं करती। अतः २५ जून को ही श्रीगणेश चतुर्थी मनाई जाएगी।** —"**उभयदिने चन्द्रोदयव्यापित्वे तृतीयायुतैव ग्राह्या। दिन द्वये चन्द्रोदय-व्याप्त्यभावे परैव।**" —(धर्मसिन्धुः)।

रक्षाबन्धन—भद्रा में रक्षाबन्धन और होलिका दहन निषिद्ध है,—**भद्रायां द्वे न कर्त्तव्ये श्रावणी फाल्गुनी तथा। श्रावणी नृपतिं हन्ति ग्रामं दहति फाल्गुनी॥**" अपराह्णकाल में रक्षाबन्धन का विधान है—"**तं तोऽपराह्णे समये रक्षा-पोटलिकां शुभाम्। कारयेदक्षतैः शस्तैः सिद्धार्थैः हेम भूषितैः॥** (भविष्य)। अपराह्ण में भद्रा होने पर—"**तत्सत्त्वे तु रात्रावपि तदन्ते कुर्यात्,**" इति निर्णयामृते।

इस वर्ष (संवत् २०४३ में) १९ अगस्त १९८६ ई. को १३ घं. ३६ मि. तक भद्रा है और अपराह्णकाल १३ घं. ४४ मि. से १६ घं. २० मि. तक रहेगा। अतः स्पष्ट है, कि अपराह्णकाल में इसदिन भद्रा नहीं है। इसलिए रक्षाबन्धनार्थ पूरा अपराह्ण काल शुभ है। पंजाब, दिल्ली आदि में परम्परया श्रावणी पूर्णिमा के दिन प्रातः ही राखी बांधी जाती है, भद्रा दोष का वहां विचार नहीं करते—लेकिन शास्त्र की दृष्टि से यह ठीक नहीं है।

ऋग्वेदियों का उपाकर्म—ऋक् उपाकर्म के तीन काल हैं;—श्रावण शुक्ल में श्रवण नक्षत्र, श्रावण शुक्ल पंचमी, श्रावण शुक्ल में हस्त नक्षत्र। इनमें श्रवण मुख्य है। यदि ग्रहण, संक्रांति आदि के कारण श्रवण में उपाकर्म संभव न हो तो पंचमी युक्त या केवल हस्त में ही उपाकर्म करना चाहिये। "**पर्वणि ग्रहणे कार्यं ग्रहसंक्रान्त्यदूषिते। अध्वर्युभिर्बह्वृचैश्च कथंचित्तदसंभवे। तत्रैव हस्त पंचम्यां तयोः केवलयोरपि।** (कालतत्त्व विवेचन)। श्रावण शुक्ल में जो श्रवण नक्षत्र आता है, वह ऋग्वेदियों के लिए उपाकर्म का मुख्य काल है।

यदि श्रवण दो दिन हो और दूसरे दिन वह सूर्योदय के बाद तीन मुहूर्त्त तक हो तो दूसरे ही दिन उपाकर्म किया जाता है। यदि पहले दिन श्रवण पूरा दिन व्याप्त हो तो पहले दिन ही उपाकर्म किया जाता है। यदि श्रवण दूसरे दिन त्रिमुहूर्त्त हो और पहले दिन सूर्योदय के समय वह न हो तो भी दूसरे दिन ही उपाकर्म करने का विधान है, क्योंकि उ.षा.

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

विद्ध श्रवण को वर्जित किया जाता है। यदि पहले दिन श्रवण उत्तराषाढ़ा विद्ध हो और दूसरे दिन वह त्रिमुहूर्त से न्यून हो तब श्रावण शुक्ल पंचमी या हस्त नक्षत्र में उपाकर्म किया जाता है।

इस वर्ष काश्मीर, पंजाब, हि. प्र. में १९ अगस्त ८६ को श्रवण नक्षत्र तीन मुहूर्त से कुछ कम है। इस दिन पंजाब, हि. प्र., काश्मीर में प्रातः ८ घं. ३१ मि. पर तीन मुहूर्त समाप्त हो जाते हैं जबकि इसीदिन श्रवण नक्षत्र ८ घं. २६ मि. पर समाप्त हो जाता है और पहले दिन (१८ अगस्त को) वह उ.षा. विद्ध है, अतः शास्त्रोक्त नियमानुसार ऋग्वेदी लोग श्रावण शुक्ला पंचमी (१० अगस्त'८६) के दिन हस्त नक्षत्र में उपाकर्म करेंगे। उ. प्र. आदि पूर्वी भारत में १९ अगस्त'८६ को श्रवण नक्षत्र तीन मुहूर्त से अधिक ही विद्यमान रहता है। अतः इन प्रदेशों में ऋक् उपाकर्म श्रावणी पूर्णिमा (१९ अगस्त'८६) को ही मनाया जायेगा।

बहुला चतुर्थी—बहुला चतुर्थी चन्द्रोदय व्यापिनी भाद्रकृष्ण चतुर्थी को मनाई जाती है। इस वर्ष पंजाब, हि. प्र., हरियाणा, जम्मू-काश्मीर, दिल्ली एवं राजस्थान के अधिकतर भाग में तथा उनके पार्श्ववर्ती स्थलों पर २२ अगस्त को ही चतुर्थी चन्द्रोदय व्यापिनी होगी। अतः इन सभी स्थलों पर बहुला चतुर्थी २२ अगस्त को ही मनाई जायेगी। पूर्वी भारत (यू. पी., बिहार, बंगाल आदि) में चतुर्थी में चन्द्रोदय २२ अगस्त को नहीं होगा। अतः इन प्रदेशों में बहुला चतुर्थी २३ अगस्त को ही मनाई जाएगी।

दूर्वाष्टमी—भाद्रपद शुक्ल अष्टमी के दिन स्त्रियों को दूर्वाष्टमी व्रत करना चाहिये, यह एक सामान्य नियम है। लेकिन अगस्त्य तारा उदित होने पर और कन्या में सूर्य की स्थिति के समय यह व्रत करने का शास्त्रों में निषेध है। सिंहस्थ-सूर्य में इस व्रत को करने का विशेष माहात्म्य लिखा है। "सिंहार्के एव कर्त्तव्या न कन्यार्के कदाचन। सिंहस्थे सोत्तमा सूर्येऽनुदिते मुनि सत्तम॥" स्कन्द का यह भी वाक्य है—"अगस्त्ये उदिते तात पूजयेदमृतोद्भवाम्। वैधव्यं पुत्रशोकं च दशजन्मानि पञ्च च॥"

इस वर्ष भाद्रपद शुक्ल अष्टमी के दिन सूर्य तो सिंह में है, लेकिन उसदिन लगभग सारे उत्तरी भारत में अगस्त्योदय हो चुका है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, हि. प्र., जम्मू-काश्मीर में अगस्त्य लगभग भाद्रपद कृष्ण चतुर्दशी (३ सितम्बर १९८६ ई.) को उदय होगा। अतः भाद्रपद कृष्ण अष्टमी बुधवार (२७ अगस्त १९८६ ई.) के दिन ही दूर्वा व्रत करना होगा जबकि अगस्त्य तारा अस्त रहेगा और इस दिन सूर्य भी सिंह राशि में होगा। शास्त्र-वचन है,—"अधिमासे तु सम्प्राप्ते नभस्य उदये मुनेः। अर्वाक् दूर्वाव्रतं कार्यं परतोनैव कुत्रचित्॥" हेमाद्रि का भी कहना है—"भाद्रशुक्लाष्टम्यामगस्त्योदये भाविनि सति। पूर्वकृष्णाष्टम्यामेव कुर्यात्॥"

ध्यान रहे—भारत के (Central Station) पर भाद्रपद कृष्ण अष्टमी (२७ अगस्त'८६) के दिन भी अगस्त्य उदित है, अतः वहां और वाराणसी, प्रयाग आदि में दूर्वा व्रत श्रावण शुक्ल अष्टमी बुधवार (१३ अगस्त'८६) को ही मनाना होगा।

शारद नवरात्र प्रारम्भ—सूर्योदय के अनन्तर १० घटी के मध्य या मध्याह्न में अभिजित् मुहूर्त में नवरात्र का आरम्भ करना चाहिए। "आदित्योदयमारभ्य यावत्तु दशनाड़िकाः। 'प्रातःकाल' इति ख्यातः स्थापनारोपणादिषु॥" प्रतिपदा की पहली १६ घड़ियों को भी नवरात्रारम्भ के लिये ठीक नहीं माना जाता। "आद्याः षोडश नाड़ीस्तु लब्ध्वा यः कुरुते नरः। कलश स्थापनं तत्र अरिष्टं जायते ध्रुवम्॥" चित्रा और वैधृति का पूर्वार्ध भी नवरात्रारम्भ में अच्छा नहीं माना जाता। "प्रतिदद्याश्विने मासि भवेद् वैधृतिचित्रया। आद्यपादौ परित्यज्य प्रारभेन्नवरात्रकम्॥"

इस वर्ष (सं. २०४३ में) ४ अक्तूबर १९८६ ई. को आश्विन शुक्ल प्रतिपदा के दिन १४ घं. ० मि. बाद ही चित्रा नक्षत्र आरम्भ होता है। वैधृति योग तो इसदिन प्रतिपदा में दिन के समय है ही नहीं। अतः सूर्योदय के बाद १० घड़ी के मध्य प्रतिपदा की पहली १६ घड़ियों (अर्थात् ४ अक्तूबर को ६ घं. ४९ मि. के बाद १० घं. २२ मि. तक) का काल काल नवरात्रारम्भ, कलशस्थापन के लिए शुभ है।

आश्विन कृष्ण पंचमी का श्राद्ध—आश्विन कृष्ण में किए जाने वाले लगभग सभी श्राद्ध 'पार्वण श्राद्ध' हैं, जोकि अपराह्णकाल-व्यापिनी 'मृत्युतिथि' में ही किए जाते हैं। जो तिथि दो दिन अपराह्ण व्यापिनी हो उस तिथि का श्राद्ध पहले दिन ही किया जाए; क्योंकि उस दिन वह तिथि सूर्यास्तकाल में भी विद्यमान रहती है। शास्त्रों का निर्देश है कि जो तिथि सूर्यास्तकाल व्यापिनी भी हो, उस तिथि में किए कव्य (श्राद्ध, पिण्डादि दान) को पितर विशेष हर्ष से स्वीकार करते हैं। —"देवकार्ये तिथिर्ज्ञेया यस्यामभ्युदितो रविः। पितृकार्ये तिथिर्ज्ञेया यस्यामस्तमितो रविः॥"—(वृद्धयाज्ञवल्क्य)। तथा च—उदिते दैवतं भानौ पित्र्यं चास्तमिते रवौ। द्विमुहूर्त्तं त्रिरह्नश्च सा तिथिः हव्य-कव्ययोः॥"—(बौधायनः)।

इस वर्ष २२ और २३ सितम्बर १९८६ ई० को दोनों दिन आश्विन कृष्ण पंचमी अपराह्ण व्यापिनी है। अतः उपरोक्त शास्त्र वाक्यानुसार पंचमी का श्राद्ध २२ सितम्बर को ही किया जाएगा; क्योंकि इस दिन पंचमी अपराह्ण सूर्यास्तकाल दोनों समय विद्यमान है।

चतुर्दशी का श्राद्ध—चतुर्दशी में जिनका देहावसान हुआ हो उनका महालय श्राद्ध चतुर्दशी में नहीं किया जाता अपितु उनका अमावस्या में किया जाता है। चतुर्दशी में उन्हीं लोगों का श्राद्ध होता है जिनकी विष-शस्त्र आदि के कारण किसी भी तिथि को अपमृत्यु हुई हो;—श्राद्धं शस्त्रहतस्यैव विद्युज्जल-विषादिभिः। नखि-दंष्ट्रि-विपन्ना ये तेषां शस्ता चतुर्दशी॥" अतः जिनका निधन सामान्य रूप से हुआ है (अपमृत्यु नहीं हुई है), उनका महालय (श्राद्ध) अमावस्या को ही करना चाहिए।

(८) अक्षय नवमी:—कार्ति. शुक्ल नवमी युगादि तिथि है। कृष्ण की मनु-युगादि तिथियां अपराह्ण व्यापिनी और शुक्ल पक्ष की पूर्वाह्ण व्यापिनी ली जाती है। इस नियम के अनुसार यहां कार्तिक शुक्ल नवमी पूर्वाह्ण व्यापिनी ली जाएगी। यहां दिनमान के दो समान-२ खण्ड करने पर पहिले खण्ड को पूर्वाह्ण माना है। यदि दोनों दिन तिथि पूर्वाह्ण के एक देश में व्याप्त हो तो उस स्थिति में युगादि-तिथि सम्बन्धी श्राद्ध लिये के पहिला दिन ही स्वीकार किया जाता है, जबकि दूसरे दिन वह तिथि तीन मुहूर्त्त से कम काल को व्याप्त करे। **("द्वेधा विभक्ते दिन पूर्वाधिके देश व्यापिनी दिन द्वये चेत् त्रिमुहूर्त्ताधिक व्याप्ति सत्त्वे परा, त्रिमुहूर्त्त न्यूनत्वे पूर्वा"** —धर्मसिन्धु)।

इस वर्ष कार्तिक शुक्ल नवमी ३० और ३१ अक्तू. '८७ दोनों दिन पूर्वाह्ण के एक देश को (आंशिक रूप से) व्याप्त करती है, और वह दूसरे दिन तीन मुहूर्त से कम है, अतः उपर्युक्त नियमानुसार अक्षय नवमी ३० अक्तू. को ही होगी।

(९) मेला पिहोवा कुरुक्षेत्र:—मध्याह्ण व्यापिनी चैत्र कृष्ण चतुर्दशी के दिन पिहोवा (कुरुक्षेत्र) में मेला लगता है। इस दिन मध्याह्ण के समय चतुर्दशी तिथि में अपमृत्यु वाले पितरों का एकोद्दिष्ट श्राद्ध किया जाता है। इस वर्ष (सं. २०४४ वि. में) चैत्र कृष्ण चतुर्दशी दोनों दिन (१६ और १७ मार्च '८८ को) मध्याह्ण का स्पर्श नहीं करती है। अतः शास्त्रानुसार एकोद्दिष्ट श्राद्ध १६ मार्च को ही किया जाएगा, क्योंकि ऐसी स्थिति में सूर्यास्तकाल व्यापिनी तिथि को ही श्राद्ध के लिए स्वीकार किया जाता है—**"उदिते दैवतं भानौ पित्र्ये चास्तमिते रवौ।"** —(बौधायन)। **"देव कार्ये तिथिर्ज्ञेया यस्यामभ्युदितो रविः। पितृकार्ये तिथिर्ज्ञेया यस्यामभ्युदितो रविः।"**—(वृद्धयाज्ञवल्क्य)। इन वाक्यों के अनुसार पिहोवा में पितृ कार्य (श्राद्ध) के लिए १६ मार्च की अस्तकाल व्यापिनी चतुर्दशी ही ग्राह्य होगी, अतएव हमने पिहोवा मेला इसी दिन लिखा है।

'इतीदं वत्सरफलं वत्सरादि-तिथौ शुभम्। यः शृणोति नरो भक्त्या स सुखी वत्सरं भवेत्॥

॥ अथ विंशोत्तरी मत से आय-व्यय चक्र ॥

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
आय	११	५	११	५	८	११	५	११	८	२	२	८
व्यय	१४	८	५	२	१४	५	८	१४	५	८	८	५

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

बारह राशियों का मासिक फलादेश (सं. २०४४ वि.)

	वैशाख (१४ अप्रै. से १४ मई तक)	ज्येष्ठ (१५ मई से १४ जून तक)	आषाढ़ (१५ जून से १५ जुलाई तक)
मेष	स्थानान्तरण योग, अकस्मात् व्यय अधिक, द्रव्य लाभ, शत्रु प्रबल, सेहत कमजोर, शिव पूजन से कल्याण। तारीख अप्रै. १६, १७, २५, २६, मई ४, ५, ६, १४ अशुभ।	शत्रु हतोत्साह, स्वतंत्र कार्य में हानिभय, लाभ होकर हाथ न लगे, उत्साह वृद्धि, चोटभय, स्त्रीसुख, मासान्त में सेहत कमजोर। ता. मई १५, २२, २३, जून १, २, १०, ११ अशुभ।	बंधनभय, संपत्तिलाभ, शत्रु कमजोर, घरेलू झंझट, दुःखद समाचार, निजीजन विरोध, खर्च विशेष हो। ता. जून १८, १६, २०, २८, २६, जुलाई ७, ८, ६ अशुभ।
वृष	भय पीड़ा, रक्तचाप से परेशानी, निजीजन से हानि, विद्या व सन्तान से चिन्ता, गुप्त चिन्ता, चोटभय, खर्च अधिक। ता. अप्रै. १८, १६, २७, २८, मई ७,८ अशुभ।	स्थानान्तर व कार्यान्तर का विचार, धनहानि, नेत्रकष्ट, नीच से भय, मन चिन्तित, स्त्री पक्ष से चिन्ता, वृथा व्यय हो। ता. मई १६, १७, २४, २५, २६, जून ३, ४, ५, १२, १३ अशुभ।	विरोधी पक्ष कमजोर, नेत्र व शिर रोग, योजना असफल, गुप्त चिन्ता, मूत्र सम्बन्धी रोग, राजभय, वृथा व्यय। तारीख जून २१, २२, ३०, जुलाई १, २, १०, ११ अशुभ।
मिथुन	निजीजनों से मनमुटाव, द्रव्य लाभ, सुख, सांझेदारी में हानि, रोगभय, कारोबार कुछ ठीक, क्रोध बढ़े। मंगलवार को गाय को पेड़ा दें। ता. अप्रै. २०,२१,२२,२६,३०, मई १,१०,११ अशुभ।	क्रोध बढ़े, मित्र-बन्धु से अनबन, नीच से अपमान भय, रोग से कष्ट, कारोबार यथावत्। ता. मई १८, १६, २७, २८, जून ६, ७, १४ अशुभ।	रक्तपित्त विकार, स्थिर सम्पत्ति लाभ, राजपक्ष अशुभ, सुखवित्त लाभ, दुर्घटनाभय, कारोबार से लाभ होकर हानिभय। तारीख जून १५, २३, २४, जुलाई ३, ४, १२, १३ अशुभ।
कर्क	वायुविकार, बन्धु से बिगाड़, मन अशान्त, विद्या में परिश्रम के अनुरूप लाभ न मिले, सन्तति कष्ट, भाग्य साथ दे। ता. अप्रै. १४, १५, २३, २४, मई २, ३, १२, १३ अशुभ।	उत्साह बना रहे, असफल योजना, विद्या में आशानुकूल सफलता न मिले, मन परेशान रहे, कारोबार में हानि, कार्यान्तर से लाभ। ता. मई २०, २१, २६,३०,३१, जून ८, ६ अशुभ।	सेहत प्रायः ठीक, आर्थिक स्थिति कमजोर, निजीजनों से कुछ वैमनस्य, सन्तान की ओर से चिन्ता, कार्यान्तर का विचार। ता. जून १६,१७,२५,२६,२७, जुलाई ५, ६, १४, १५ अशुभ।
सिंह	धन हानि होकर लाभ, मन शान्त, जायदाद सम्बन्धी विवाद, मित्रों से अनबन, वैभव में मन लगे, वायुविकार, प्रभाव बढ़े, ता. अप्रै. १६, १७, २५, २६, मई ४, ५, ६, १४ अशुभ।	वृथा व्यय, निजीजन से अनबन, वृथा विवाद से बचें, चिन्ता रहे, कारोबार पूर्ववत्, वायु विकार, शिवपूजन से लाभ। ता. मई १५, २२, २३, जून १, २, १०, ११ अशुभ।	आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत अच्छी, सेहत ठीक, घरेलू झंझट, कारोबार ठीक, मासान्त में व्यय विशेष। ता. जून १८, १६, २०, २८, २८, जुलाई ७, ८, ६ अशुभ।
कन्या	वायुरोग, वृथा व्यय, उद्यम बढ़े, बन्धु से अनबन, लाभ हो, स्त्री पक्ष से शुभ, शत्रु प्रबल, भाग्योदय में बाधा। ता. अप्रै. १८, १६, २७, २८, मई ७, ८ अशुभ।	पेट में विकार, स्नेहीजनों से भी वैमनस्य, मन चिन्तित, सन्तान व शिक्षा हेतु विशेष व्यय, कर्जा चढ़े। ता. मई १६, १७, २४, २५, २६, जून ३, ४, ५, १२, १३ अशुभ।	सेहत ठीक, आय से खर्च अधिक, पराक्रम बढ़े, नई योजनाएं, चिन्ता रहे, स्त्री रुग्णा, साझेदारी में हानि। ता. जून २१, २२, ३०, जुलाई १, २, १०, ११ अशुभ।
तुला	सेहत ठीक, वृथा व्यय, कोष में कमी, मित्रों का सहयोग, सन्तति पक्ष शुभ, रोगभय, स्त्रीकष्ट, वृथाक्रोध। ता. अप्रै, २०, २१, २२, २६, ३०, मई १, १०, ११ अशुभ।	घन संकट, कार्य में मन न लगे, शत्रु-प्रबल, स्त्री सुख, वायु विकार, कारोबार कमजोर, घरेलू झंझट, वृथा क्रोध बढ़े। ता. मई १८, १६, २७, २८, जून ६, ७, १४ अशुभ।	कोष में कमी, सेहत ठीक, सद्व्यक्ति से मेल, स्थायी सम्पत्ति बनाने की योजना, नीच व्यक्ति से सावधान, रोग, कारोबार में हानि। ता. जून १५,२३,२४, जुलाई ३,४,१२,१३ अशुभ।
वृश्चिक	शत्रु प्रबल, मनोबल कमजोर, निजीजन विवाद, सन्तत्यर्थ विशेष व्यय, अकारण कलह से बचें, हानिभय, शिवपूजन से लाभ। ता. अप्रै. १४, १५, २३, २४, मई २,३,१२,१३ अशुभ।	विवाद में न उलझें, हानिभय, हाथ तंग, आय से व्यय अधिक, निजीजनों से असन्तोष, सन्तति से सुख, शनि स्तोत्रपाठ से लाभ। ता. मई २०, २१, २६, ३०, ३१, जून ८, ६ अशुभ।	नीच से हानिभय, निजीजन सहयोग, सन्तति सुख, विलासिता से दूर रहें, कारोबार ठीक, शनिवार को तेलदान से कल्याण। ता. जून १६, १७, २५, २६, २७, जुलाई ५, ६, १४, १५ अशुभ।
धनु	सम्पत्ति लाभ, व्यय अधिक, लाभ भी अच्छा, विरोधीवर्ग प्रबल, कारोबार में परिवर्तन की योजना, निजीजनों से अनबन। ता. अप्रै. १६, १७, २५, २६, मई ४, ५, ६, १४ अशुभ।	प्रिय मिलन, वंशवृद्धि, शत्रु कमजोर, स्त्री पक्ष से अशान्ति, कारोबार में लाभ की आशा। ता. मई १५, २२, २३, जून १, २, १०, ११ अशुभ।	जमीन-जायदाद की योजना, आर्थिक लाभ होकर भी चिन्ता, मित्र सहयोग, गुप्त चिन्ता, कारोबार कुछ ठीक स्त्रीकष्ट। ता. जून १८, १६, २०, २८, २६, जुलाई ७, ८, ६ अशुभ।
मकर	सुखलाभ, रोग किंवा गुप्त शत्रु से हानि, अपमान भय, सन्तान हेतु विशेष व्यय, स्थिर सम्पत्ति लाभ, व्यवसाय की चिन्ता। ता. अप्रै. १८, १६, २७, २८, मई ७, ८ अशुभ।	निजीजनों से सहयोग, धनलाभ, उत्साह वृद्धि, रक्तपित्त विकार, मन अशान्त, गुप्त चिन्ता, कारोबार प्रायः ठीक। ता. मई १६, १७, २४, २५, २६, जून ३, ४, ५, १२, १३ अशुभ।	मन में चिन्ता बनी रहे, प्रियजन सहयोग से कार्य बनें, वंश वृद्धि, रोगभय, स्त्रीसुख, कार्यान्तर से लाभ, वृथा व्यय। ता. जून २१, २२, ३०, जुलाई १, २, १०, ११ अशुभ।
कुम्भ	शत्रु हतप्रभ, धनलाभ, मनोबल ऊंचा, वृथा कलह, क्रोध बढ़े, अचानक कारोबार में रुकावट, मासान्त कष्टप्रद। ता. अप्रै. २०, २१, २२, २६, ३० मई १, १०, ११ अशुभ।	धनलाभ होकर हानिभय, बन्धु से सुखलाभ, वायु विकार, सम्पत्ति से लाभ, पराक्रम बढ़े। स्त्रीकष्ट, कारोबार कमजोर। ता. मई १८, १६, २७, २८, जून ६, ७, १४ अशुभ।	अर्थ लाभ, सेहत ढीली, मित्र-बन्धु से मदद, सन्तान की ओर से चिन्ता, कारोबार कमजोर, आय-व्यय बराबर। ता. जून १५, २३, २४, जुलाई ३, ४, १२, १३ अशुभ।
मीन	राजभय, अकस्मात् कष्टयोग, स्वतन्त्र कार्य में हानिभय, निजीजनों से मनमुटाव, स्त्रीसुख, गुप्तचिन्ता, भाग्य कमजोर। ता. अप्रै. १४, १५, २३, २४, मई २, ३, १२, १३ अशुभ।	वायुविकार, धनलाभ, शत्रुभय, मन शान्त, स्त्री पक्ष शुभ, भाग्य साथ न दे, बनते काम बिगड़ें। ता. मई २०, २१, २६, ३०, जून ८, ६ अशुभ।	उदरविकार, रक्तचाप, स्त्रीचिन्ता, कारोबार में बाधा, मासान्त में हाथ तंग, मित्र वर्ग से अनबन। ता. जून १६, १७, २५, २६, २७, जुलाई ५, ६, १४, १५ अशुभ।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

बारह राशियों का मासिक फलादेश (सं. २०४४ वि.)

	श्रावण (१६ जुलाई से १६ अगस्त तक)	भाद्रपद (१७ अगस्त से १६ सितंबर तक)	आश्विन (१७ सितं. से १६ अक्तूबर तक)
मेष	कष्टभय, निजीजनों से अनबन, लाभ होकर हाथ न लगे, सन्तति चिन्ता, स्त्री सुख, शरीर कष्ट। ता. जुला. १६, १७, २५, २६, २७, अगस्त ४, ५, १२, १३ अशुभ।	क्रोध बढ़े, आर्थिक स्थिति कमजोर, निजीजनों से वैमत्य, जमीन-जायदाद सम्बन्धी विवाद, सन्तान सुख, शत्रु बढ़ें। ता. अग. २१, २२, २३, ३१, सितं. १, ८, १६ अशुभ।	सेहत ठीक, निजीजनों का सहयोग, कारोबार में असफलता, शत्रु प्रबल, पुराना कारोबार ठीक। ता. सितं. १८,१९,२७, २८, अक्तू. ६, ७, १५, १६ अशुभ।
वृष	धन लाभ, सेहत ठीक, बन्धुओं से वैमनस्य, मित्रों से लाभ, सन्तान हेतु खर्च, स्त्रीकष्ट, कारोबार ठीक, खर्च अधिक हो। ता. जुला. १८, १९,२८, २९, अग. ६, ७, १४, १५ अशुभ।	अर्थलाभ, निजीजनों से मेल-मुलाकात, दोस्तों से अनबन, सन्तति व स्त्री कष्ट, नीच से अपमान भय, व्यय अधिक। ता. अग. २४, २५, सितं. २, ३, १०, ११, १२ अशुभ।	सेहत में बिगाड़, सन्तान के लिए खर्च विशेष, स्त्री कष्ट, मन अशान्त, कारोबार प्रायः ठीक। ता. सितं. २०, २१, २२, २९, ३०, अक्तू. १, ८, ९ अशुभ।
मिथुन	शरीर सुख, धन हानि, नेत्र कष्ट, मित्रों से अनबन, सन्तान की ओर से चिन्ता, गृह कलेश, आय से व्यय अधिक। ता. जुला. २०, २१, २२, ३०, ३१, अग. १, ८, ९, १६ अशुभ।	धनलाभ, हिम्मत बढ़े, जायदाद सम्बन्धी विवाद, शत्रु हतप्रभ, नये कार्यान्तर का विचार, शुभ में खर्च। ता. अग. १७, १८, २६, २७, २८, सितं. ४, ५, १३, १४ अशुभ।	नई सफल योजना, जमीन-जायदाद सम्बन्धी लाभ, भाई से अनबन, पैर में चोट भय, स्त्री सुख, कार्यान्तर से लाभ। ता. सितं. २३, २४, अक्तू. २, ३, १०, ११ अशुभ।
कर्क	क्रोध बढ़े, वृथा व्यय, शिरपीड़ा, धन लाभ होकर हानि, जमीन-जायदाद सम्बन्धी विवाद, गुप्त चिन्ता, कारोबार में बाधा। ता. जुला. २३, २४, अग. ५, ६, १४, १५ अशुभ।	सेहत ठीक, लाभ होकर हाथ न लगे, बन्धु वर्ग से वैमनस्य, योजना असफल, भाग्य साथ दे, आमदन से खर्च अधिक। ता. अग. १९, २०, २९, ३०, सितं. ६,७,१५,१६ अशुभ।	सेहत कमजोर, कोष में कमी, निजीजनों से वैमत्य, अकारण मन खिन्न, कार्यान्तर की असफल योजना। ता. सितं. १७, २५, २६, अक्तू. ४, ५, १२, १३, १४ अशुभ।
सिंह	शरीर कष्ट, धनहानि, मित्र-बन्धु कष्ट, सन्तान से चिन्ता, शत्रु बढ़ें, रोग भय, भाग्य साथ दे, हाथ तंग रहे। ता. जुला. १६, १७, २५, २६, २७, अग. ४, ५, १२, १३ अशुभ।	अकारण क्रोध बढ़े, खर्च अधिक, वृथा विवाद से दूर रहें, शत्रु प्रबल, लाभ अच्छा। ता. अग. २१, २२, २३, ३१, सितं. १, ८, १६ अशुभ।	वृथा विवाद से बचें, अर्थहानि का भय, दुर्घटना में चोट भय, स्त्री से अनबन, कारोबार ठीक। ता. सितं. १८, १९, २७, २८, अक्तू. ६, ७, १५, १६ अशुभ।
कन्या	उदर विकार, गुप्त शत्रु भय, भाई से अनबन, पराक्रम बढ़े, मित्र सहयोग, योजना असफल, स्त्री कष्ट, कारोबार ठीक। ता. जुला. १८, १९, २८, २९, अग. ६,७,१४,१५ अशुभ।	उदर विकार, धन लाभ, उत्साह बढ़े, स्त्रीकष्ट, कारोबार ठीक, मासान्त में हानि भय। ता. अग. २४, २५, सितं. २, ३, १०, ११, १२ अशुभ।	सेहत प्रायः ठीक, धन लाभ होकर हानि भय, हिम्मत बढ़े, गुप्त चिन्ता, कारोबार में रुकावट। ता. सितं. २०, २१, २२, २९, ३०, अक्तू. १, ८, ९ अशुभ।
तुला	मन शान्त, नई योजना लेकिन हाथ तंग रहे, बन्धु सहयोग, सम्पत्ति विवाद, शत्रु प्रबल, स्त्री सुख, कारोबार ठप्प। ता. जुला. २०, २१, २२, ३०, ३१, अग. १, ८, ९, १६ अशुभ।	हाथ तंग, नजदीकी लोगों से मदद मिले, शत्रु कमजोर, स्त्री सुख, रोग भय, आमदन से खर्च अधिक। ता. अग. १७, १८, २६, २७, २८, सितं ४, ५, १३, १४ अशुभ।	सेहत गड़बड़, खजाने में कमी, फिजूल खर्च, चोट भय, स्त्री सुख, किस्मत साथ देगी, मंगल का दान करें। ता. सितं. २३, २४, अक्तू. २, ३, १०, ११ अशुभ।
वृश्चिक	वृथा कलह, धनलाभ, स्थानान्तर व कार्यान्तर का विचार, शत्रु प्रबल, भाग्य कमजोर, शनि-मंगल यन्त्र धारण से लाभ। ता. जुला. २३, २४, अग. ५, ६, १४, १५ अशुभ।	वृथा विवाद से बचें, सन्तति कष्ट, कारोबार ठीक, आमदन-खर्च बराबर, शनिदान व यन्त्र धारण करने से लाभ। ता. अग. १९, २०, २९, ३०, सितं. ६, ७, १५, १६ अशुभ।	घरेलू झंझट, मन अशान्त, वृथा विवाद से दूर रहें, कारोबार में रुकावट, खर्च विशेष। ता. सितं. १७, २५, २६, अक्तू. ४, ५, १२, १३, १४ अशुभ।
धनु	सेहत ठीक, धन लाभ होकर भी हाथ तंग रहे, निजीजन विवाद, जायदाद से लाभ, वृथा विवाद से बचें, सफल योजना। ता. जुला. १६,१७,२५,२६,२७, अग. ४,५,१२,१३ अशुभ।	मित्रों से हानि, सन्तान से सुख, कारोबार ठीक, मासान्त में हानि भय, वायु विकार। ता. अग. २१, २२, २३, ३१, सितं. १, ८, १६ अशुभ।	मन शान्त, सन्तान की तरफ से सुख, माली हालात ठीक, कारोबार में कुछ बहतरी। ता. सितं. १८, १९, २७, २८, अक्तू. ६, ७, १५, १६ अशुभ।
मकर	क्रोध बढ़े, कोष में कमी, उत्साह में वृद्धि, निजीजन सहयोग, प्रगतिप्रद योजना, गुप्त चिन्ता, कारोबार में बाधा। ता. जुला. १८, १९, २८, २९, अग. ६, ७, १४, १५ अशुभ।	वायु-कफ विकार, निजीजनों से बिगाड़, जमीन-जायदाद लाभ, स्त्री सुख, हानि भय, गुप्त शत्रु से सावधान, कार्यान्तर का विचार। ता. अग. २४, २५, सितं. २,३,१०,११,१२ अशुभ।	सेहत ठीक, निजीजनों से सावधान, सत्पुरुष से मेल-मुलाकात, मासान्त में क्रोध बढ़े, कारोबार ठीक। ता. सितं. २०, २१, २२, २९, ३०, अक्तू. १, ८, ९ अशुभ।
कुम्भ	वायुविकार, नेत्र कष्ट, भ्रातृसुख, वंशवृद्धि, शत्रु हतप्रभ, स्त्री से हानिभय, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार। ता. जुला. २०, २१, २२, ३०, ३१, अग. १, ८, ९, १६ अशुभ।	हानि भय, निजीजनों का सहयोग मिले, क्रोध बढ़े, कारोबार में नुकसान, शिवपूजन से कल्याण। ता. अग. १७, १८, २६, २७, २८, सितं. ४, ५, १३, १४ अशुभ।	सेहत ठीक, लाभ होकर खर्च हो, निजीजनों से मेल, नई योजना, स्त्री पक्ष से चिन्ता, कारोबार में बाधा। ता. सितं. २३, २४ अक्तू. २, ३, १०, ११ अशुभ।
मीन	[illegible] निजीजन सहयोग, शिक्षा में [illegible] कार्य में बाधा। ता. [illegible]	उदर व्याधि, आमदन ठीक, निजीजनों से मेल-मुलाकात, नई योजना, चोट भय, स्त्री की तरफ से चिन्ता, खर्च अधिक। ता. अग. १९, २०, २९, ३०, सितं. ६, ७, १५, १६ अशुभ।	शिर व नेत्र पीड़ा, चोट भय, अच्छे लोगों से मेल, गुप्त शत्रु भय, कारोबार कमजोर। ता. सितं. १७, २५, २६, अक्तू. ४, ५, १२, १३, १४ अशुभ।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

बारह राशियों का मासिक फलादेश (सं. २०४४ वि.)

	कार्तिक (१७ अक्तूबर से १५ नवम्बर तक)	मार्गशीर्ष (१६ नवं. से १५ दिसं. तक)	पौष (१६ दिसं. से १३ जनवरी तक)
मेष	रक्त पित्त विकार, रक्तचाप, शत्रु प्रबल, विवाद में न उलझें, मन अशान्त। ता. अक्तू. २५, २६, नवं. २, ३, ११, १२, १३ अशुभ।	सेहत ठीक, रोग भय, स्त्रीकष्ट भय, विरोधी प्रबल, खर्च विशेष, कारोबार में विशेष उलझन। ता. नवं. २१, २२, २६, ३०, दिसं. १, ६, १० अशुभ।	रोग भय, धन हानि, निजीजनों से मेल, कारोबार कमजोर, गुप्त शत्रु से हानि। ता. दिसं. १८, १६, २७, २८, जन. ५, ६ अशुभ।
वृष	सेहत गड़बड़, नीच से हानि, हाथ तंग, व्यर्थ खर्च। ता. अक्तू. १७, १८, १६, २७, २८, नवं. ४, ५, १४, १५ अशुभ।	सेहत ठीक फिर भी गुप्त चिन्ता, सन्तति सुख, स्त्री कष्ट, आमदन हो, मासान्त में विशेष खर्च। ता. नवं. २३, २४, दिसं. २, ३, ११, १२, १३ अशुभ।	चिन्ता, अकारण विवाद से दूर रहें, श.-मं. को यात्रा में हानि, स्त्रीकष्ट, कारोबार ठीक। ता. दिसं. २०, २१, २६, ३०, जन, ७, ८, ६ अशुभ।
मिथुन	सेहत ठीक, अर्थ लाभ, निजीजनों से मेल, मित्र से अनबन, सन्तान की तरफ से चिन्ता, स्त्री सुख। ता. अक्तू. २०, २१, २६, ३०, नवं. ६, ७, ८ अशुभ।	सेहत ठीक, सम्पत्ति सुख, योजना असफल, स्त्रीसुख, कारोबार ठीक। ता. नवं. १६, १७, १८, २५, २६, दिसं. ४, ५, १४, १५ अशुभ।	वायु विकार, निजीजन सुख, वंश वृद्धि, शत्रु प्रबल, स्त्रीसुख, कारोबार प्रायः ठीक। ता. दिसं. २२, २३, ३१, जन. १, १०, ११ अशुभ।
कर्क	धन लाभ, मित्रों द्वारा धन हानि भय, सन्तान की तरफ से कष्ट, कार्यान्तर से लाभ। ता. अक्तू. २२, २३, २४, ३१, नवं. १, ६, १० अशुभ।	सेहत गड़बड़, वायुविकार, सन्तति कष्ट, स्त्रीसुख, कार्यान्तर का विचार। ता. नवं. १६, २०, २७, २८ दिसं. ६, ७, ८ अशुभ।	वायु पीड़ा, जायदाद सम्बन्धी चिन्ता, मुकद्दमे से बचें, हानि भय, स्त्री सुख। ता. दिसं. १६, १७, २४, २५, २६, जन. २, ३, ४, १२, १३ अशुभ।
सिंह	मन खुश, रोग भय, धन लाभ होकर ज्यादा खर्च हो, विवाद से दूर रहें, चोट भय। ता. अक्तू. २५, २६, नवं. २, ३, ११, १२, १३ अशुभ।	सम्पत्ति लाभ में बाधा, क्रोध बढ़े, निजीजनों से वैमनस्य, स्त्री चिन्ता, कारोबार यथावत्। ता. नवं. २१, २२, २६, ३०, दिसं. १, ६, १० अशुभ।	नेत्र कष्ट, निजीजनों से अनबन, सन्तति हेतु खर्च, घरेलू झंझट। ता. दिसम्बर १८, १६, २७, २८, जनवरी ५, ६ अशुभ।
कन्या	शरीर कष्ट, स्वतंत्र कारोबार से हानि, पराक्रम बढ़े, स्त्रीकष्ट, कारोबार यथावत्। ता. अक्तू. १७, १८, १६, २७, २८, नवं. ४, ५, १४, १५ अशुभ।	वायु विकार, नेत्र कष्ट, मन अशान्त, स्त्रीसुख, कारोबार अपेक्षाकृत ठीक। ता. २३, २४, दिसं. २, ३, ११, १२, १३ अशुभ।	वायुविकार, धन हानि, बन्धु वैमनस्य, स्त्री सुख, कारोबार कमजोर। ता. दिसं. २०, २१, २६, ३०, जन. ७, ८, ६ अशुभ।
तुला	नेत्र व शिर पीड़ा, शत्रु प्रबल, स्त्रीकष्ट, कारोबार में उलझन, ता. अक्तू. २०, २१, २६, ३०, नवं. ६, ७, ८, अशुभ।	वृथा विवाद से दूर रहें, शिर व नेत्र कष्ट, चोट भय, स्त्री सुख, कारोबार ठीक, ता. नवं. १६, १७, १८, २५, २६, दिसं. ४, ५, १४, १५ अशुभ।	रक्त पित्त विकार, धन हानि भय, शत्रु प्रबल, स्त्री से सहयोग, कारोबार में बाधा। ता. दिसं. २२, २३, ३१, जन. १, १०, ११ अशुभ।
वृश्चिक	रक्तचाप घरेलू झंझट बढ़ें, आमदन से खर्चा ज्यादा, मन अशान्त। ता. अक्तू. २२, २३, २४, ३१, नवं. १, ६, १० अशुभ।	विवाद भय, अर्थ लाभ हो, सन्तति कष्ट, कारोबार बिगड़े, कर्जा हो। ता. नवं. १६, २०, २७, २८, दिसं. ६, ७, ८ अशुभ।	समय अनुकूल नहीं, शान्ति से काम करें, निजीजनों से हानि, वंश वृद्धि, कारोबार यथावत्। ता. दिसं. १६, १७, २४, २५, २६, जन. २, ३, ४, १२, १३ अशुभ।
धनु	निजीजनों द्वारा उलझन, मित्रों से सहयोग, स्त्रीसुख, कारोबार ठीक होने पर भी आशानुकूल लाभ न हो। ता. अक्तू. २५, २६, नवं. २, ३, ११, १२, १३ अशुभ।	सेहत ठीक, मुखलाभ, स्त्रीकष्ट, कारोबार में उलझनें। ता. नवं. २१, २२, २६, ३०, दिसं. १, ६, १० अशुभ।	वायुविकार, धनलाभ, खर्च विशेष, मित्रों से मदद, कार्यान्तर का विचार। ता. दिसं. १८, १६, २७, २८, जन. ५, ६ अशुभ।
मकर	सेहत ठीक, हिम्मत बढ़े, सन्तान की तरफ से चिन्ता, स्त्रीसुख, कारोबार में रुकावट। ता. अक्तू. १७, १८, १६, २७, २८, नवं. ४, ५, १४, १५ अशुभ।	सेहत ठीक, निजीजन सहयोग, सन्तति सुख, कारोबार कुछ कमजोर। ता. नवं. २३, २४, दिसं. २, ३, ११, १२, १३ अशुभ।	मनोबल प्रबल, निजीजन सहयोग, स्त्री सुख, पराक्रम बढ़े, खर्च विशेष। ता. दिसं. २०, २१, २६, ३०, जन. ७, ८, ६ अशुभ।
कुम्भ	पित्तविकार, नेत्र कष्ट, निजीजनों से सहयोग, स्त्रीसुख, रोग भय, कारोबार कमजोर। ता. अक्तू. २०, २१, २६, ३०, नवं. ६, ७, ८ अशुभ।	वृथा विवाद से दूर रहें, अर्थ लाभ, भ्रातृ सुख, सन्तति चिंता, कार्य में लाभ हो, खर्च विशेष। ता. नवं. १६, १७, १८, २५, २६, दिस. ४, ५, १४, १५ अशुभ।	स्त्री सुख, अर्थ लाभ, कारोबार में बाधा, कार्यान्तर से लाभ। ता. दिसं. २२, २३, ३१, जन. १, १०, ११ अशुभ।
मीन	रक्तचाप भय, मन अशान्त, अर्थ लाभ, कारोबार कमजोर, हाथ तंग। ता. अक्तू. २२, २३, २४, ३१, नवं. १, ६, १० अशुभ।	उदर विकार, स्त्री सुख, कारोबार कुछ ठीक, वायु पीड़ा। ता. नवं. १६, २०, २७, २८, दिसं. ६, ७, ८ अशुभ।	मन शान्त, रोग भय, स्त्री सुख, क्रोध बढ़े, हिस्सेदारी में नुक्सान। ता. दिसं. १६, १७, २४, २५, २६, जन. २, ३, ४, १२, १३ अशुभ।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

बारह राशियों का मासिक फलादेश (सं. २०४४ वि.)

	माघ (१४ जनवरी से १२ फरवरी तक)	फाल्गुन (१३ फरवरी से १३ मार्च तक)	चैत्र (१४ मार्च से १२ अप्रैल तक)
मेष	रक्तचाप भय, अर्थ हानि, स्त्री चिन्ता, कारोबार कमजोर। ता. जन. १५, १६, २३, २४, फर. १, २, ३, ११, १२ अशुभ।	मन प्रशन्न, पैर पर चोट भय, दुर्घटना भय, शनि, मंगल के दान से कल्याण। ता. फर. १६, २०, २८, २९, मार्च १, ६, १०, ११ अशुभ।	कफ, वायु विकार, सेहत गड़बड, शुभ कार्य में खर्च, सन्तान के लिए विशेष खर्च, स्त्री सुख, भाग्योदय में बाधा, चोट भय। ता. मार्च १८, १९, २६, २७, २८, अप्रै. ५, ६ अशुभ।
वृष	वृथा व्यय, उलझन से बचें, पुत्र सुख, स्त्री सुख, भाग्य कमजोर। ता. जनवरी १७, १८, २५, २६, फरवरी ४, ५ अशुभ।	सन्ततिकष्ट, गुप्त शत्रु से सावधान, किसी निजी व्यक्ति से अनबन, मन अशान्त, कारोबार में बाधा। ता. फर. १३, १४, २१, २२, २३, मार्च २, ३, १२, १३ अशुभ।	सेहत गड़बड़, सम्पत्ति विवाद, शत्रु प्रबल, दुर्घटना-से बचें, कारोबार में हानि। ता. मार्च २०, २१, २९, ३०, अप्रैल ७, ८, ९ अशुभ।
मिथुन	सेहत गड़बड़, धन लाभ होकर हाथ न लगे, भूमि विवाद, नीच से हानि भय, कार्यान्तर से लाभ। ता. जन. १९, २०, २७, २८, २९, फर. ९, ७, ८ अशुभ।	समय ठीक नहीं, वृथा विवाद से दूर रहें, चोटभय, स्त्री कष्ट, गुप्त चिन्ता, कार्यान्तर से लाभ। ता. फर. १५, १६, २४, २५, मार्च ४, ५, ६ अशुभ।	सेहत कुछ कमजोर, निजी व्यक्ति से अनबन, मन अशान्त, विवाद में पराजय चिन्ता, स्त्री कष्ट। ता. मार्च १४, १५, २२, २३, ३१, अप्रैल १, २, १०, ११ अशुभ।
कर्क	मन चिन्तित, जायदाद लाभ योग, उत्साह बढ़े, पैर में चोट भय, स्त्री सुख में बाधा। ता. जन. १४, २१, २२, ३०, ३१, फर. ९, १० अशुभ।	शत्रु प्रबल, निजीजन से विवाद, स्त्री पक्ष शुभ, कारोबार ठीक। ता. फर. १७, १८, २६, २७, मार्च ७, ८, अशुभ।	सेहत ठीक, धन लाभ, शत्रु प्रबल, चोट भय, कारोबार ठीक। ता. मार्च १६, १७, २४, २५, अप्रैल ३, ४, १२ अशुभ।
सिंह	नेत्र कष्ट, योजना असफल, स्त्री सुख, वायु रोग, आय से व्यय अधिक। ता. जन. १५, १६, २३, २४, फर. १, २, ३, ११, १२ अशुभ।	सेहत ठीक, शिर पीड़ा भय, सन्तति कष्ट, शत्रु प्रबल, स्त्री कष्ट, कारोबार कुछ कमजोर। ता. फर. १६, २०, २८, २९, मार्च १, ६, १०, ११ अशुभ।	उदर विकार, सन्तान की तरफ से विशेष चिन्ता, स्त्री कष्ट, कारोबार अच्छा हो। ता. मार्च १८, १९, २६, २७, २८, अप्रै. ५, ६ अशुभ।
कन्या	उदर विकार, आर्थिक चिंता, निजीजनों से मन मुटाव, स्त्री सुख, कारोबार कुछ ठीक। ता. जन. १७, १८, २५, २६, फर. ४, ५ अशुभ।	उदर विकार, मित्र वर्ग से हानि व अनबन, स्त्री सुख, कारोबार यथावत्। ता. फर. १३, १४, २१, २२, २३, मार्च २, ३, १२, १३ अशुभ।	सेहत ठीक, जमीन-जायदाद सम्बन्धी झगड़ा खड़ा हो, सन्तति कष्ट, स्त्री सुख, कारोबार में कुछ रुकावट। ता. मार्च २०, २१, २९, ३०, अप्रै. ७, ८, ९ अशुभ।
तुला	गुप्त चिन्ता, धन लाभ, वंश वृद्धि, कारोबार में कुछ तबदीली का योग, पक्षियों को सफेद चावल डालें। ता. जन. १९, २०, २७, २८, २९, फर. ६, ७, ८ अशुभ।	वायु विकार, भाइयों से विरोध व वैमनस्य, सन्तति चिन्ता, स्त्री सुख, मन अशान्त। ता. फर. १५, १६, २४, २५, मार्च ४, ५, ६ अशुभ।	निजी लोगों से विशेष अनबन, सन्तान हेतु खर्च, स्त्री से सुख व सहयोग, कारोबार में कुछ तबदीली का योग। ता. मार्च १४, १५, २२, २३, ३१, अप्रैल १, २, १०, ११ अशुभ।
वृश्चिक	सेहत ठीक, धन लाभ होकर हाथ न लगे, सन्तति सुख, कारोबार ठीक। ता. जन. १४, २१, २२, ३०, ३१, फर. ९, १० अशुभ।	धरेलू झंझट, कारोबार सम्बन्धी विवाद से सावधान, मंगल का दान करें, स्त्री सुख। ता. फर. १७, १८, २६, २७, मार्च ७, ८ अशुभ।	कर्जा शिर चढ़े, निजी लोग सहयोग न दें, वृथा विवाद भय, शत्रु शिर उठायें, कार्यान्तर का विचार। ता. मार्च १६, १७, २४, २५, अप्रै. ३, ४, १२ अशुभ।
धनु	हानि भय, साझेदारी में लाभ, कार्यान्तर का विचार, आय से व्यय अधिक। ता. जन. १५, १६, २३, २४, फर. १, २, ३, ११, १२ अशुभ।	वृथा कलह, मन चिन्तातुर, उलझनें बढ़ेंगी, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, कारोबार यथावत्। ता. फर. १९, २०, २८, २९, मार्च १, ६, १०, ११ अशुभ।	उलझनें बढ़ेंगी, विवेक से काम लें, शिवपूजन करें, मनअशान्त, धन हानि, कारोबार में बाधा एवं झंझट। ता. मार्च १८, १९, २६, २७, २८, अप्रैल ५, ६ अशुभ।
मकर	शिर पीड़ा, वायु विकार, धन लाभ हो, सत्पुरुष से मेल, अचानक शुभ सूचना। ता. जन. १७, १८, २५, २६, फर. ४, ५ अशुभ।	सेहत कमजोर, निजी काम में हानि, मित्रों से मदद, सन्तति सुख, स्त्री सुख। ता. फर. १३, १४, २१, २२, २३, मार्च २, ३, १२, १३ अशुभ।	हानि भय, आर्थिक संकट, निजीजन सहयोग, सन्तति सुख, कारोबार प्राय ठीक। ता. मार्च २०, २१, २९, ३०, अप्रै. ७, ८, ९ अशुभ।
कुम्भ	धन लाभ, चोट भय, अचानक चिन्ता, कारोबार कमजोर, ता. जन. १९, २०, २७, २८, २९, फर. ६, ७, ८ अशुभ।	वायु विकार, यर्थ लाभ, धरेलू झंझट बढ़ें, स्त्री सुख, कारोबार कमजोर। ता. फर. १५, १६, २४, २५, मार्च ४, ५, ६ अशुभ।	रक्तचाप, स्वतन्त्र कार्य में कुछ हानि भय, निजीजन सहयोग, गुप्त चिन्ता। ता. मार्च १४, १५, २२, २३, ३१, अप्रैल १, २, १०, ११ अशुभ।
मीन	सेहत ठीक, नीच से हानि भय शत्रु प्रबल, कारोबार में विघ्न बाधा, नीले वस्त्र पहनने से लाभ। ता. जन. १४, २१, २२, ३१, फर. १, १० अशुभ।	वैभव में मन लगे, धन लाभ होकर हानि भय, स्त्री सुख, कारोबार में हानि, हाथ तंग। ता. फर. १७, १८, २६, २७, मार्च ७, ८ अशुभ।	धन लाभ, सन्तति सुख, शत्रु कमजोर, कारोबार सम्बन्धी झगड़े, शिवपूजन से कल्याण। ता. मार्च १६, १७, २४, २५, अप्रैल ३, ४, १२ अशुभ।

CC-0.In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

व्यापार विमर्श (सं. २०४४ वि.)

'व्यापारे वसति लक्ष्मी'—यह युक्ति अनुभव के आधार पर खरी उतरती है; क्योंकि सेवावृत्ति-वाला व्यक्ति कभी लक्षाधीश नहीं देखा गया। हां, व्यापार के माध्यम से व्यक्ति कोट्यधीश बने हैं।

जीवन के सभी पहलुओं पर विचार करने से यह बात निस्सन्देह सत्य सिद्ध हो चुकी है, कि भाग्य में जितना आपको लाभ होना लिखा है, उतना ही होगा। भाग्य के द्वारा निर्धारित अधिकार से अधिक आपका परिश्रम एवं विद्या भी आपको नहीं दिला सकते—"भाग्यं फलति सर्वत्र न विद्या न च पौरुषम्।" मनुष्य की बुद्धि भी भाग्य के संकेत पर ही मनुष्य को हानि-लाभ की ओर प्रेरित करती है। मनुष्य के भाग्य में हानि-लाभ के संकेत को पढ़ने के लिए ग्रहगति का रहस्यात्मक-ज्ञान मनुष्य को ऋषियों से प्राप्त हुआ है। अतः व्यापार बढ़ाने से पहले संभावित हानि से बचने के लिये अपनी व्यक्तिगत ग्रहगति को ध्यान में रखना परमावश्यक है, अपनी कुण्डली में नेष्ट ग्रह से सम्बन्धित वस्तु का व्यापार न करें, आपके लिये इस वर्ष जो ग्रह लाभप्रद है, उससे सम्बन्धित वस्तु के व्यापार से लाभ ले सकते हैं। अतः वर्षारम्भ में ही जन्मपत्र भेजकर व्यापारिक दृष्टि से विचार करा लेना आवश्यक है।

संवत् २०४४ में गुरु, शनि, राहु, मंगल, यूरेनस, नेपच्यून और प्लूटो आदि के चार एवं युति-प्रतियुति के आधार पर यह स्पष्ट घोषणा की जाती है, कि इस साल व्यापारिक जगत् में विशेष उथल-पुथल होगी। रुई में भयंकर तेजी आयेगी सरसों, तिल, तेल, घी, रुई, गुड़, खांड एवं रेशम, चांदी, सोना आदि के भावों में भी जबरदस्त उतार-चढ़ाव आयेंगे। कहने का तात्पर्य यह है, कि इस वर्ष व्यापारिक क्षेत्र में रंक से राजा एवं राजा से रंक बना देने वाले विशेष योग हैं। अतः वार्षिक ग्राहक बनकर समय-समय पर ताजा परामर्श प्राप्त करके उत्तम लाभ प्राप्त करें। इस वर्ष ग्रहचाल के खिलाफ चलने वाले व्यापारी भारी हानि में रहेंगे। नोट कर लें।

'व्यापार विमर्श' में हम ग्रहचाल के मुताबिक सभी व्यापारियों को सावधान करते रहे हैं। गत वर्ष भी हजारों व्यापारी सोना, चांदी एवं अन्य जिंसों में लाभ उठा चुके हैं। ताजा परामर्श प्राप्त करके हमारे ग्राहक व्यापारी लाखों का लाभ उठा गये हैं। इस वर्ष भी हम सं. २०४४ में ग्रहगति के अनुसार तेजी-मन्दी की विशेष लाइनों का संकेत यहां देंगे तथा सामयिक तेजी-मन्दी का भी विवेचन करेंगे। फिर भी व्यापारियों से आग्रह है, कि वे निम्नांकित हिदायतों को ध्यान में रखते हुये अपनी ग्रहचाल के अनुकूल होने पर ही व्यापार करने के लिये आगे बढ़ें।

वायदा-व्यापारियों के लिए हिदायतें

(१) सदैव उतने ही लाभ की आशा करके व्यापार करें, जितनी साधारणतया हानि उठाने की सामर्थ्य हो। (२) सदैव याद रखो, कि वायदा व्यापार में नुकसान की लिमिट बांधकर काम करें, ज्यादा नुकसान व घबराहट से बच जाओगे, कम नुकसान में सौदा काट देना अक्लमन्दी है। (३) व्यापार करते समय ध्यान रहे कि सबसे पहले अपने मन में व्यापारिक आधार के साथ-साथ ग्रहगति के आधार पर निर्णय कर लें, कि यह समय इस वस्तु में मोटी तेजी का है या मोटी मन्दी का? मन में यह धारणा बांधकर बाजार का रुख देखें। यदि व्यापार की लहर तेजी की चल रही हो तो हमारे परामर्श से तेजी का व्यापार करके लाभ उठावें। (४) यदि यह योग भी मन्दे का हो और बाजार में मन्दी के मोटे कारण भी दिखलाई देने लगें और व्यापार के वक्त भी बाजार का रुख मन्दे का हो तो ऐसी स्थिति में हर बढ़े भाव में बेचाव करते रहिए, थोड़ा-थोड़ा सौदा काट कर नफा से सुलटते रहिए। (५) व्यापार की लहर तेजी की है या मन्दी की? यह जानने के लिये 'खास' वस्तु के भावों को देखना चाहिये। यदि उस वस्तु में हर तीसरे, चौथे, आठवें दिन मन्दी के या तेजी के नये-नये भाव आते चले जाएं, जैसे तीसरे दिन नया भाव मन्दी का आवे तो जान लो, कि वस्तु में अब मन्दे की लहर चल रही है, उसे मन्दे के उछाले में बेच दें। (६) यदि मन्दी के भाव छूटते चले जाएं और तेजी के भाव तीसरे या चौथे दिन नये बनते जायें तो समझ लें कि तेजी की लहर चल रही है, ऐसे समय जब ग्रहचाल से भी तेजी नजर आये तो तेजी का व्यापार करके प्रायः लाभ उठाया जा सकता है। (७) बाजार के खिलाफ कभी काम न करें। मानलो, आपने तेजी का काम किया। उधर सौदा करते ही बाजार में मन्दे की लहर चल रही हो तो किसी भी समय तेजी का उछाला आते ही सौदा खत्म कर दो, बड़े नुकसान से बच जाओगे। हमेशा ग्रहयोग को आधार मान कर और बाजार के रुख को ध्यान में रखते हुये अपनी पाराशरी शुभ दशा में व्यापार से अच्छा लाभ उठाया जा सकता है। इसके विरुद्ध खोटी ग्रह स्थिति वाले व्यापारियों को वायदों का व्यापार भूलकर भी नहीं करना चाहिये, क्योंकि भारी हानि हो सकती है, सट्टा तो सितारे का साथी है। अतः समयानुसार पत्र द्वारा अपनी दशा के अनुसार हमारे सुझावों द्वारा लाभ उठा सकते हैं।

अप्रैल—मासारम्भ से पूर्व ही शनि वक्री हो गया है, वक्र शनि की मंगल पर नजर है, शनि-मंगल का दृष्टि सम्बन्ध व्यापारियों के लिये महत्त्वपूर्ण है। मास के आरम्भ में ही बाजार के रुख को देखकर काम करें, अन्यथा हानि संभव है। गुड़, खांड, घी, तेल, अलसी, सरसों, तम्बाकू, सीमेन्ट, गेहूं, ज्वार, चावल में शीघ्र ही अकस्मात् तेजी आ सकती है। ज्येष्ठा नक्षत्र में शनि का वक्री होना तेजी कारक है। २ अप्रैल को सूर्य-राहु की अंशात्मक-युति मीन राशि में होगी, इस युति का प्रभाव भी तिलहनों पर तेजी कारक ही रहेगा। इस समय सट्टा के व्यापारी रुई एवं तिलहनों में एकदिन की तेजी लगाकर कुछ लाभ ले सकेंगे। मासारंभ में बुध-शुक्र का कुंभ राशि में एक जगह होना भी रुई, गुड़, खांड, शक्कर, तिल, तेल, सरसों, सोना, चांदी में तेजी का सूचक है। ८ अप्रैल को बुध, शुक्र का साथ छोड़कर मीन राशि में गुरु, राहु, सूर्य के साथ मेल करेगा। इस समय कुछ मन्दे का झटका आकर तेजी का रुख पुनः बनेगा। रुई, गुड़, खांड, शक्कर में कुछ मन्दी आकर अच्छी तेजी होगी पुनः मन्दा आ सकता है। बिनौला, सरसों, तिल में तेजी आयेगी। ९ अप्रैल को पू.भा. का शुक्र रुई में तेजी और अनाजों में मन्दी लाएगा। ११ अप्रैल को चांदी में अच्छी घटा-बढ़ी होगी। रुई, कपास, सूत, वस्त्र, रेशम, सरसों, तिल, तेल, चावल, गुड़, खांड, तेज रहेंगे। राई, तूअर, सण, ऊनी व रेशमी धागे में मन्दी रहेगी। १३ अप्रैल के लगभग केसर, मजीठ, कुसुम्भ, लाल चन्दन, लालमिर्च आदि लाल चीजों में तेजी आयेगी। गुड़, खाण्ड, तिल, तेल, सरसों एवं घी में कुछ मन्दा आयेगा।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

१४ अप्रैल को मेष संक्रांति मंगलवारी है, मंगल पर शनि की दृष्टि है, अतः रुई, कपास, सूत, घी, तेल, तिल, सरसों, नारियल, सुपारी, बादाम, गुड़, खांड, शक्कर, हींग, मेंथी, लौंग, इलायची, कालीमिर्च एवं दालबाना में तेजी का रुख रहेगा। सट्टा के व्यापारी लाभ लें।

१७ अप्रैल के लगभग व्यापारी सावधानी से काम करें, बृहस्पति के उदय होने पर **व्यापारिक-वस्तुओं के भाव मन्दे की ओर हो सकते हैं। बाजार का रुख देखकर ही काम करें।** तिल, तेल, घी, गुड़, शक्कर, सोना एवं तेलबाना में अचानक मन्दे का रुख बन सकता है, बाजार के खिलाफ काम करने वाले व्यापारी हानि में रहेंगे। हाँ यह बात **१७ अप्रैल को विशेष ध्यान देने योग्य है, कि इसीदिन शुक्र भी मीन राशि में आकर बुध-राहु एवं बृहस्पति के साथ मेल करेगा। बुध-शुक्र का एक राशि में सम्बन्ध कभी-कभी भयंकर तेजी को भी जन्म देता है। अतः गोचर ग्रहचाल के मुताबिक १७ अप्रैल को या** लगभग अचानक क्षणिक मन्दा आकर जोरदार तेजी बनेगी, फिर भी व्यापारी इस समय ताजा मशवरा हासिल करें तो ठीक रहेगा। अनाज, सरसों, तेल, अलसी, अरण्ड, गुड़, खांड में कुछ मन्दा आकर अच्छी तेजी आयेगी। रुई में भी इस योग से धमाके की तेजी आयेगी। १७ अप्रैल को गुरु-राहु की युति से सोना, सरसों, घी में तेजी आयेगी।

१६ अप्रैल को बुध-राहु की मीन राशि में अंशात्मक युति होगी। इस युति का असर सट्टे के व्यापार पर पड़ेगा। इस समय सटटा के व्यापारी गुड़, खांड, शक्कर, केसर, कुसुम्भ, लाल चन्दन, लालमिर्च, सरसों, घी में तेजी से लाभ ले सकते हैं। **२० अप्रैल को बुध-गुरु की अंशात्मक युति का प्रभाव सोना, चांदी पर होगा।** सोना, चांदी के व्यापारी बाजार के रुख को देखकर तेजी या मन्दी लगाकर लाभ लें। चावल, मोती, चांदी, नमक, खांड, रुई, कपास में मन्दा आने का योग है। २५ अप्रैल को बुधास्त हो जाने से मन्दे के बाजार को और जोर मिलेगा, तेजी का काम करने वाले व्यापारी हानि में रहेंगे।

२६ अप्रैल को बुध मेष राशि में प्रवेश करेगा। मेष राशि का बुध गेहूं, ज्वार, बाजरा, जौ, चना, अलसी, मूग, मौठ में तेजी का संकेत देता है। घी, गुड़, खांड, शक्कर, सरसों, रुई, कपास, तिल, तेल में भी मन्दा आयेगा। **इस समय चांदी में धमाके की मन्दी आ सकती है, व्यापारी सावधान रहें।** यह चांस हाजर का काम करने वाले व्यापारियों के लिए लाभ-प्रद रहेगा। लेकिन **२७ अप्रैल को सोना, चांदी, तांबा, पीतल तथा गेहूं, जौ, चना, चावल, मौठ, अलसी, सरसों, गुड़, खांड, घी में तेजी का वातावरण बनेगा, सट्टा के व्यापारी लाभ लें।** २८ अप्रैल को भौमवती अमावस का प्रभाव भी तेजी कारक ही रहेगा। तात्पर्य यह है, कि मासान्त में प्रायः सभी व्यापारिक वस्तुओं में तेजी ही रहेगी। मूग, मौठ, उड़द, घी, सरसों, चावल, जौ, चना तेज रहेंगे।

मई—१ मई को शुक्र-राहु की अंशात्मक युति होगी। इस समय छोटे-मोटे अनाज, सरसों, मूग, मौठ, घी, तेल, चांदी, चावल एवं सीमेन्ट आदि में अकस्मात् तेजी का माहौल बनेगा। यद्यपि रेवती नक्षत्र का शुक्र तथा मृगशिर नक्षत्र का मंगल बीच-बीच में मन्दे का कारण बन सकते हैं। लेकिन बाजार बन्द होने पर तेजी रहेगी। हमारे विचार से मई मास की शुरुआत तेजी से होगी, अनाजों एवं रुई, चांदी में अच्छी तेजी आयेगी। ३ मई को अश्वणी नक्षत्र का बुध चावल, गेहूं आदि अनाजों में अच्छी तेजी लाएगा। ७ मई को सूर्य-बुध की युति अनाजों में तेजी करेगी। यह तेजी १० मई तक चल सकती है। **१० मई के लगभग कृत्तिका नक्षत्र का बुध एवं सूर्य तथा ११ मई को वृष राशि के बुध पर शनि की नजर होने से व्यापारिक वस्तुओं में बढ़िया तेजी बनेगी। लेकिन शनि की नजर से मंगल ११ मई को दूर हट रहा है अतः बाजार का रुख देखकर ही काम करें अन्यथा हानि भय है, अचानक बाजारों में उलट-फेर की आशा है।**

१२ मई को शुक्र मेष राशि में आकर सूर्य के साथ योग बनाता है, सरसों, रुई, ऊन, धातु, सोंठ, जौ, चना, गेहूं, उड़द, अरहर, मूंग, मोठ में कुछ मन्दी के रियक्शन के बाद तुरन्त तेजी आयेगी। **जौ, चना, गेहूं आदि अनाज, घी, सोना, चांदी में भी अच्छी तेजी का ध्यान रखते हुये व्यापार करें।** रुई में विशेष घटा-बढ़ी होगी, अन्त में तेजी रहेगी। प्रायः मेष राशि का शुक्र अनाजों में तेजी करता है—"यदा दैत्यगुरुर्मंत्रे सर्वधान्य महर्घता" अर्थात् छोटे-मोटे सभी तरह के अनाजों में इस समय तेजी आयेगी ऐसा समझें। यह तेजी झटके के साथ आकर शीघ्र ही समाप्त हो जायेगी।

१५ मई को वृष संक्रांति के समय बुध-सूर्य का सान्निध्य सोना, चांदी, गुड़, खांड, शक्कर, कपास, रुई, सूत, सुपारी, नारियल, तिल तेल, सरसों में तेजी करेगा। जौ, चना, गेहूं, मटर, अरहर, मूग, चावल में कुछ मन्दा भी रह सकता है।

१८ मई को बाजार के रुख का ध्यान रखें, अचानक बाजार का रुख बदल सकता है। जिन चीजों में तेजी हो उनमें मन्दा आ सकता है, जिन चीजों में मन्दा हो उनमें तेजी का रुख बनेगा। हमारे विचार से वस्त्र, रुई एवं शेयर बाजारों में १५ दिन में मन्दा आयेगा। रुई में अचानक अच्छी तेजी आ सकती है। **व्यापारी ध्यान दें, कि—१८ से २१ मई तक रुई, सूत, कपास, एरण्ड, गुड़, खांड, तिल तेल नमक में अच्छी तेजी और मन्दा बनेगा। मन्दे में खरीद कर तेजी में बेचने से लाभ मिलेगा।** २३ मई के लगभग सोना, चांदी, अफीम, लालमिर्च, सरसों, तिल, तेल, अलसी, घी, उड़द एवं नारियल में मन्दा, चना, मूग, मोठ, ज्वार, तूअर में घटा-बढ़ी तथा रुई में तेजी रहेगी। **सूर्य और शनि की परस्पर दृष्टि-१५ मई से ही चल रही है। सूर्य-शनि का दृष्टि सम्बन्ध अनाजों में जोरदार तेजी का वातावरण बना देगा। किसी भाग में अचानक दुर्भिक्ष किंवा विशेष कारणवश या अफवाह से अनाजों में जोरदार तेजी बनेगी। चना, जौ, ज्वार, बाजरा, मूंग, मोठ एवं दालबाना के व्यापारी इस चांस से लाभ ले सकते हैं, ताजा मशवरा के लिये पत्र-व्यवहार करें या प्रत्यक्ष मिलें।** हमारे विचार से अनाजों में तेजी की यह लाईन लम्बी चलेगी। २५ मई को रोहिणी नक्षत्र का सूर्य एवं २६ मई को बुध मिथुन राशि में प्रविष्ट होकर मंगल के साथ मेल करेगा, यह योग भी गुड़, खांड, लालमिर्च, तिल तेल, एरण्ड, अलसी, सरसों, गेहूं, जौ, चना, ज्वार, बाजरा में तेजी के व्यापार को बढ़ावा देगा। सोना, चांदी के व्यापारी भी तेजी से लाभ ले सकेंगे।

२६ मई को रेवती नक्षत्र का बृहस्पति रुई में विशेष तेजी-मन्दी लायेगा। हमारे विचार से चांदी, रुई, चावल, सोना में झटके की तेजी आयेगी। मासान्त में आर्द्रा नक्षत्र का बुध गेहूं, तिल, उड़द, जौ, चना, मूग, मोठ में अस्थाई मन्दा लायेगा।

जून—१ जून को कृत्तिका नक्षत्र के शुक्र का प्रभाव अनाजों पर मन्दी कारक रहेगा। जौ, चावल, तिल, तेल, सरसों, रुई, सूत, वस्त्र, चांदी, सोना, हीरा, मणि, मोती आदि जवाहरात में मन्दा आयेगा। यह मन्दे का रुख ५ जून तक चलेगा। ६ जून को शुक्र वृष राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। शुक्र एवं सूर्य पर शनि की पूर्ण दृष्टि है, अतः वृष राशि के सूर्य-शुक्र का प्रभाव व्यापारिक वस्तुओं पर तेजी कारक ही रहेगा। लेकिन अनाजों में कुछ मन्दे का ही रुख रह सकता है। रुई, कपास, चांदी, सोना में अच्छी घटा-बढ़ी रहेगी, रुई, कपास में पहले कुछ मन्दी आकर तेजी आयेगी। गुड़, खांड, तिल, सरसों, तेल में तेजी रहेगी। घी भी तेज रहेगा।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

८ जून को मृगशिर नक्षत्र का सूर्य रुई, सूत, रेशम, सण, कपूर, कस्तूरी, चन्दन, सोना, चांदी, उड़द, मूग, मोठ, चना, बाजरा, अलसी, चावल व फल तेज करेगा।

११ जून को पुनर्वसु नक्षत्र के मंगल का सम्बन्ध बुध (वक्री) के साथ चल रहा है। यह नमक, खांड, तिल तेल, सरसों में तेजी करता है। इसी दिन पुनर्वसु नक्षत्र के साथ बुध का सम्बन्ध चांदी, रुई, कपास, सूत, सण में विशेष मन्दे का संकेत देता है।

१३ जून को रोहिणी नक्षत्र का शुक्र चांदी, सोना आदि धातु, अलसी, एरण्ड, सरसों, घी, तेल, गुड़, खांड, दाख, छुहारा, सुपारी, नारियल, ऊन में मन्दी करेगा। लेकिन १४ जून को मिथुन का सूर्य वारदाना, रेशम, सूत, कपास, रुई, सरसों, लोहा, तिल तेल, गुड़, खांड, शक्कर, चीनी, घी, मूंग, उड़द, गेहूं, चना, चावल एवं प्रमेक जाति के अनाजों में अचानक तेजी बना देगा—व्यापारी सावधान रहें। मिथुन राशि में मंगल एवं वक्री बुध के साथ सूर्य का सम्बन्ध विशेष तेजी का झटका लायेगा—व्यापारी लाभ उठा सकते हैं। इस समय सोना, चांदी में भी एकदम तेजी आयेगी।

१५ जून को तारीख रुई के व्यापारी नोट करें, इस दिन बृहस्पति मेष राशि में प्रविष्ट होगा। बृहस्पति प्रायः सवा साल एक राशि में रहा करता है, परन्तु इस वर्ष बृहस्पति लगभग साढ़े चार महीने बाद ही राशि बदल रहा है तथा २५ अक्तूबर तक बृहस्पति मेष राशि में ही बना रहता है। सन् १९८७ ई. में बृहस्पति ने कुम्भ-मीन-मेष इन तीन राशियों को स्पर्श किया है—ऐसी स्थिति संसार के लिये नेष्ट मानी गई है। कहीं अप्राकृतिक-प्रकोप से खड़ी फसलों में हानि होगी, कहीं दुर्भिक्ष (अकाल) की स्थिति बनेगी, कहीं युद्ध का आतंक व्याप्त होगा। इस परिस्थिति का प्रभाव व्यापार पर पड़ेगा। हमारी व्यापारियों को राय है कि—इस समय बाजार के रुख को देखकर ही काम करें अन्यथा हानि मय है। अलसी, गुड़, खांड, सोना, चांदी, तिल, तेल, सरसों, रुई, ऊन, सोंठ, जौ, चना, गेहूं, उड़द, अरहर, मूंग, मोठ में झटके के साथ मन्दा आ जाने का योग है। रुई में अचानक जबरदस्त झटके की मन्दी या तेजी आयेगी। व्यापारी नोट करें, जब मन्दा आये तुरन्त खरीद लो आगे एकदम तेजी आने पर बेचो, उत्तम लाभ का चांस है। इस समय गुड़, श्रीफल, मूंगा, सोना, चांदी, तांबा एवं रेशमी कपडे में भी मन्दे का वातावरण रहेगा। २० जून को शनि वक्र होकर ज्येष्ठा के दूसरे चरण में प्रविष्ट होगा। दालबाना एवं अनाजों में एकदम तेजी के आसार बनेंगे, कहीं दुर्भिक्ष पड़ने के समाचार से तेजी जोर पकड़ेगी। इस समय चांदी में भी तेजी आयेगी। २१ जून को बुध वक्री होकर तेजी को बढ़ावा देगा। इस समय गुड़, तिलहन एवं अनाजों में विशेष तेजी का योग बनता है; बाजार का रुख देखकर लाभ लें। घी, गुड़, खांड, शक्कर में भी अच्छी तेजी से लाभ मिलेगा। रुई में भी झटके के साथ तेजी जोर पकड़ेगी। २२ जून को आर्द्रा नक्षत्र का सूर्य रुई, सूत, कपास, अलसी, एरण्ड, मोती, गेहूं, चावल, चना, जौ, चांदी में तेजी करेगा। २५ जून को मृगशिर का शुक्र अनाजों में कुछ मन्दा करके गुड़, खांड, शक्कर में तेजी बनायेगा।

२५ जून को अचानक बाजारों का रुख बदल सकता है, सावधानी से काम करें। रुई में अचानक मन्दे का झटका आयेगा। सट्टा के व्यापारी समय पर लाभ ले सकते हैं। २६ जून को कर्क राशि में मंगल का प्रवेश बाजार में विशेष मन्दा ला सकता है, अतः बाजार के विरुद्ध काम करने वाले व्यापारी हानि में रहेंगे। हमारे विचार से रुई, एरण्ड, सरसों, अलसी तेलों में मन्दा आएगा। गुड़, शक्कर आदि में तेजी की आशा है।

३० जून को शुक्र मिथुन राशि में आकर मंगल, सूर्य, बुध के साथ सम्बन्ध करेगा। इस समय रुई, कपास, सूत, वस्त्र आदि में काफी मन्दी आकर तेजी आयेगी। गेहूं, जौ, चना, चावल में तो तेजी आयेगी।

नोट—यह मास विशेष तेजी-मन्दी वाला है, अतः व्यापारी पत्र द्वारा समय पर ताजा मशबरा प्राप्त करें एवं २५) रुपये फीस भेजकर रजिस्टर में नाम दर्ज करा लें, ताकि आगे भी समय पर सलाह भेज सकें।

जुलाई—मासारम्भ में चांदी व रुई में घटा-बढ़ी चलेगी, सोने में इस समय विशेष तेजी का उछाला आ सकता है, हाजर के व्यापारी लाभ ले सकते हैं। ३ जुलाई को मंगल अस्त होने पर रुई में मन्दा बनेगा और गेहूं, अलसी में विशेष तेजी का झटका आने का योग है। जौ, चना, गुड़ में भी तेजी का वातावरण रहेगा। ४ जुलाई को सूर्य-बुध की अंशात्मक युति का प्रभाव चना, जौ, ज्वार, बाजरा, तेल, तिलहन पर तेजी का होगा। ६ जुलाई को पुनर्वसु नक्षत्र का सूर्य है, रुई, सोना, चांदी, गुड़, खांड, कपास, बिनौला, एरण्ड, अलसी, सरसों, लाख, देवदारु, तिल, ज्वार, मोठ, बाजरा, उड़द, चावल, नमक, सब्जी, हरड़, सुपारी, नारियल, काजू, केसर, मजीठ आदि में तेजी आयेगी। ७ जुलाई के लगभग गेहूं आदि में अचानक मन्दे का वातावरण बनेगा।

१० जुलाई के लगभग व्यापारी बड़ी सूझ से काम करें, क्योंकि शुक्र मिथुन राशि में आकर बुध और सूर्य के साथ मेल करेगा। मिथुन बुध की अपनी राशि है, सूर्य-बुध मित्र हैं। जब बुध-सूर्य एक राशि में संचार करते हैं तो बाजार में जोरदार तेजी या मन्दी ला दिया करते हैं। अतः व्यापारियों को हिदायत है, कि बाजार के रुख को देखकर व्यापार को आगे बढ़ावें, एकतरफा लम्बी लाईन बन सकती है या चली आ रही लाईन में जोरदार तेजी या मन्दी बनेगी। रुई, कपास, सूत, वस्त्र, पाटे, बारदाना, एरण्डी, तिल, तेल, सरसों, अरहर, गुवार आदि में झटके के साथ मन्दी आकर तेजी बनेगी, अलसी, गुड़, घी में अच्छी घटा-बढ़ी चलेगी। गेहूं, चना, जौ, चावल में जोरदार तेजी रहेगी। १२ जुलाई को बुध-शुक्र की अंशयुति हाजर के व्यापार में तेजी बनाकर तेजी में रहने वाले व्यापारियों को विशेष लाभ देगी। १३ जुलाई को वक्री होकर यूरेनस ज्येष्ठा के चतुर्थ चरण वृश्चिक में पदार्पण करेगा, शनि वृश्चिक में वक्र होकर पहले ही चल रहा है। इस प्रकार शनि-यूरेनस का वक्री होकर एक राशि में होना व्यापारिक वस्तुओं में जोरदार तेजी करेगा—व्यापारी नोट कर लें।

१५ जुलाई को बुध के उदित होने पर बाजार में चल रही लाईन बदल सकती है, विचारपूर्वक काम करें। रुई में कुछ मन्दा आकर बाद में तेजी आयेगी। चांदी में घटा-बढ़ी के बाद तेजी बने। तिल घी, पाट, हैसियन, लालमिर्च में तेजी का ही वातावरण रहेगा। १६ जुलाई को कर्क संक्रांति एवं शुक्र पुनर्वसु में दाखिल होगा। बादाम, गुड़, खांड, शक्कर, तिल, नारियल तेज होंगे। गेहूं, चना, जौ, मटर, अरहर, उड़द, मूंग, चावल, रुई, कपास में भी सामान्यतः तेजी का रुख रहेगा। २० जुलाई को पुष्य नक्षत्र का सूर्य तिल, तेल, सरसों, मघ, गुड़, खांड, चावल, गेहूं, जौ, ज्वार, बाजरा, सुपारी, सोंठ, गुग्गल, हींग, हल्दी, लाख, सण, ऊनी कपड़े, सिक्का, सोना, चांदी में तेजी के बाद मन्दा करेगा। २१ जुलाई को व्यापारी सावधान—प्लूटो मार्गी होकर बाजार के रुख को बदल सकता है। चांदी और रुई में मन्दे का वातावरण बन सकता है।

२५ जुलाई को शुक्र कर्क राशि में आकर मंगल-सूर्य के साथ मेल करेगा। अतः रुई में पहले अच्छी मन्दी का झटका आ सकता है, इस मन्दी में रुई खरीदो, बाद में

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अच्छी तेजी से लाभ मिलेगा। २५ जुलाई से १८ अगस्त तक यह चांस बनेगा। अलसी, एरण्ड, तेल, घी, गुड़, खांड, शक्कर में तेजी रहेगी। २७ जुलाई के लगभग अनाज एवं शेयरों के भाव मन्दे होंगे। रुई, सूत, सण, रेशम, ऊन व धान्य में तेजी एवं गुड़, खांड, शक्कर में कुछ मन्दे का रुख बनेगा। २८ जुलाई से चांदी, रुई, कपास, सूत, सण में जोरदार मन्दा आने का योग है।

नोट—२५ जुलाई से मासान्त व आगे तक रुई, चांदी, चावल एवं अन्य कुछ बाजारों के भाव मन्दे ही चलेंगे, ऐसा विचार है—इस समय आपको ताजा मशवरा लेना चाहिए; लाभ उठा सकेंगे।

अगस्त—१ अगस्त को शुक्र का पूर्व में अस्त होना बहुत ही महत्वपूर्ण है; इस समय बाजार के रुख को नजरन्दाज करने वाले व्यापारी नुकसान में रहेंगे; अचानक बाजार का रुख बदल सकता है, मन्दे की जगह तेजी या तेजी की जगह मन्दा आ सकता है; या चली आरही लाईन के मुताबिक मन्दा या तेजी को जोरदार बढ़ावा मिलेगा। इसलिए इस समय बाजार के रुख को ध्यान में रक्खें और हमारे साथ पत्र-व्यवहार करके ताजा विचार हासिल करें, सर्वोत्तम लाभ का चांस आने वाला है। यदि शुक्रास्त होने पर बाजार मन्दा चले तो एक-दो दिन देख कर मन्दे का काम करें वरना तेजी में रहें—लम्बी लाईन तेजी या मन्दे की बनेगी। हमारे विचार से रुई में मन्दे की लाईन बनेगी, चांदी में घटाबढ़ी होकर तेजी आएगी। तांबा, पीतल, जस्ता व हींग में तेजी रहेगी।

३ अगस्त को आश्ले. नक्षत्र का सूर्य एवं कर्क का बुध सोना, चांदी, बिनौला, गेहूं, चावल, उड़द, चना, गुड़, शक्कर, घी, तिल, तेल, सरसों, एरण्ड, अलसी, मिर्च, मजीठ में तेजी का वातावरण बनाकर मन्दा करेगा, रुई में झटके से और मन्दा आजाने का योग है। हां, एक बात यहां ध्यान रक्खें कि, कर्क राशि का बुध शुक्र के साथ सम्बन्ध करेगा। क्योंकि जब भी बुध-शुक्र का मेल होता है तभी बाजारों में जोरदार तेजी या मन्दी बना करती है अतः बाजार के रुख के खिलाफ काम न करें।

५ अगस्त को बुध के पुष्य नक्षत्र में आने पर सोना, चांदी, रुई में और मन्दा आ सकता है, मणि, मोती, जवाहरात में तेजी बनेगी। ७ अगस्त को बुध अस्त होकर चल रही लाईन में परिवर्तन कर सकता है। व्यापारी सावधान। घी में मन्दा रहे, रुई में घटाबढ़ी, पहले रुई तेज, बीच में मन्दी, अन्त में फिर तेज, सोना में घटाबढ़ी के बाद फिर तेजी का योग है। अनाजों में तेजी का रुख रहेगा।

१२ अगस्त को बुध आश्ले. नक्षत्र में प्रविष्ट होगा। १५ दिन में तिल, तेल, सरसों, गुड़, खांड, उड़द, मूंग, मूंगफली, तिल में अच्छी तेजी आएगी। ध्यान दें—इस समय सूर्य, शुक्र, बुध ये तीनों ग्रह आश्लेषा नक्षत्र में चल रहे हैं। खांड, गुड़, शक्कर, तिलहन एवं छोटे-मोटे अनाजों में यह अच्छी तेजी का चांस है।

१२ अगस्त को ही मंगल मघा नक्षत्र में एवं सिंह राशि में प्रवेश करेगा। सिंह राशि में स्थित मंगल पर शनि की विशेष दृष्टि है, तथा मंगल भी शनि को विशेष नजर से देख रहा है—यह योग उच्च लाभ का द्योतक होता है, जबकर तेजी से व्यापारी अवश्य लाभ लेंगे—यह हमारा विश्वास है। यहां से मूंग, ज्वार, बाजरा, मोठ, उड़द, तिल, अलसी, सरसों, मूंगफली, रुई, चांदी, सोना, तांबा, लोहा, गुड़, खांड, शक्कर, तिल-तेल, लालमिर्च, सोना में अच्छी तेजी बनेगी, यह तेजी १७ अगस्त तक चलेगी, ऐसा विचार है। फिर भी आप इस पर ताजा मशवरा लेते रहें तो ठीक रहेगा।

१७ अगस्त को सिंह राशि में सूर्य एवं १८ अगस्त को सिंह राशि में बुध एवं शुक्र आने से सूर्य, मंगल, बुध, शुक्र ये चारों शनि की नजर में आजाते हैं; इस प्रकार बाजार टूट-टूट कर तेजी की ओर रहेंगे।

आगे के समय में व्यापारियों के लिए बहुत विचारपूर्वक काम करने की सलाह है, बाजारों के रुख एकदम बदल जाएंगे, होशयारी से काम लें, बाजारों में अचानक तबदीली से भारी हानि संभव है। १६ अगस्त को बृहस्पति मेष राशि में वक्री हो रहा है (साथ ही) इसी दिन शनि मार्गी हो जाता है अतः बाजारों में विशेष उथल-पुथल एवं रद्दोबदल होगी। सरकार की व्यापारिक नीति को भी ध्यान में रखें। गेहूं, जौ, चना, चावल आदि अनाज, अलसी, घी में टेम्परेरी मन्दा बनेगा। १६ अगस्त को सूर्य-बुध एवं बुध-शुक्र की अंशात्मक-युति भी हो रही है, रुई में तेजी आएगी। तिल, तेल, सरसों आदि तिलहन में बाजार का रुख देखें, हमारा विचार तेजी का है। वायदा के व्यापारी लाभ लें। अदरक, मिर्च आदि तेज रहेंगे।

२१ अगस्त को मंगल-बुध की अंशात्मक युति का प्रभाव गुड़, खांड, शक्कर, तिल, सरसों एवं तेलों में तेजी का ही रहेगा। २३ अगस्त को यह तेजी अधिक हो सकती है। लेकिन २४ अगस्त को सोमवती अमावस का प्रभाव व्यापारिक वस्तुओं पर मन्दे का ही नजर आता है। बाजार का रुख बदल सकता है, सावधानी से काम करें? गुड़, खांड, गेहूं आदि अनाज मन्दे होंगे।

२८ अगस्त को मं.-शु. की अंशयुति का प्रभाव वायदा व्यापार पर होगा, तिलहन एवं गुड़, आदि में अचानक तेजी आने का विचार है, शीघ्र ही मन्दा भी आएगा। इस समय तेजी से तुरन्त निपट लेना चाहिए। २९ अगस्त पू. फा. नक्षत्र का शुक्र छोटे-मोटे अनाजों में अचानक मन्दे का कारण बन सकता है। ३० अगस्त को पू. फा. नक्षत्र का सूर्य एवं उ. भा. के द्वितीय चरण का राहु जीरा, सोना, गुड़, खांड, सरसों, तिल, तेल, घी, गेहूं, ज्वार, चावल, ऊनी वस्त्र, रुई एवं सूत में तेजी करेगा।

सितम्बर—मासारम्भ में उड़द, मूंग, मोठ, मसूर, अरहर कुछ तेज, रुई में घटाबढ़ी होकर मन्दा बने, चांदी में भी मन्दे का वातावरण रहे। २ सितंबर के लगभग तिल, तेल, मूंगफली, एरण्ड, अलसी, नारियल, सुपारी, रुई, सूत, कपास, सोना, चांदी में तेजी रहेगी।

३ सितंबर को अस्त बुध कन्या राशि में प्रविष्ट होकर बृहस्पति की नजर से निकल जाता है और केतु के साथ मेल करता है। कन्या राशि बुध की अपनी राशि है, इसमें बुध उच्च माना जाता है; मूंगी, मटर, अरहर, सरसों, मूंगफली, गेहूं, जौ, चना, गुड़, शक्कर, खांड, हल्दी में तेजी आती है। ३ सितम्बर को यूरेनस भी मार्गी हो रहा है अतः बाजार के रुख को देख कर काम करें, बाजार के विरुद्ध काम न करें।

४ सितंबर को बुध पश्चिम में उदित होगा; वस्त्र, रुई एवं शेयरों के बाजारों में विशेष मन्दी आ सकती है। ७ सितंबर तक बाजारों में सामान्यतया मन्दा चलेगा।

६ सितंबर को हस्त नक्षत्र में बुध है एवं इसी दिन बुध-केतु की अंशात्मक-युति भी हो रही है अतः गेहूं आदि अनाजों में भारी मन्दी की आशा न करें, कुछ मन्दा आकर फिर तेजी आजायेगी।

अब ११ सितंबर की ग्रह चाल पर व्यापारी खास गौर करें; शुक्र कन्या राशि में आकर बुध-केतु के साथ मेल करेगा, अब इन पर बृहस्पति की नजर भी नहीं है, राहु की छाया इन पर पड़कर है, अतः ११ सितंबर से १७ सितंबर तक रुई, कपास, रेशम, सूत,

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सोना, चांदी, लोहा, घी, तेल, अलसी, सरसों, एरण्ड, चावल, उड़द, ज्वार, सुपारी, नारियल, मूंज, नील में तेजी का रुख रहेगा। इन दिनों में चावलों में विशेष तेजी का झटका आएगा तेजी में रहने वाले व्यापारी लाभ ले सकेंगे। शेयर बाजारों में कुछ मन्दा आएगा। १८ सितं. को चित्रा नक्षत्र का बुध गेहूं आदि अनाजों में मन्दा लाएगा।

१६ सितम्बर को वायदा व्यापारी एवं हाजर के व्यापारी सावधान रहें, क्योंकि इस दिन बुध-शनि, शुक्र-केतु एंव बुध-राहु की अंशात्मक-युति हो रही है, साथ ही इस दिन नेपच्यून मार्गी हो जाता है एवं शुक्र हस्त नक्षत्र में प्रवेश करता है। अतः १६ सितम्बर के लगभग का समय विशेष सावधानी का है बाजार के रुख को देख कर काम करें, झटके के साथ बाजारों में तेजी-मन्दी आयेगी; मन्दे में खरीद कर तेजी आने पर बेच कर लाभ लेते रहें। अगर अनाजों में अच्छी मन्दी आये तो स्टाक करें, आगे उत्तम लाभ मिलेगा। रुई, चांदी, चावल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तेल, तिलहन एवं अनाजों में तथा सोना, चांदी में उत्तम लाभ का अवसर है, ताजा मशवरा हासिल करें, उत्तम लाभ मिलेगा। इस समय १६ से २२ सितम्बर तक शुरू से तेजी-मन्दी खेलने वाले व्यापारी लाखों का लाभ लेंगे।

२३ सितम्बर को तुला राशि के बुध पर बृहस्पति की नजर होने से एकदम बाजारों में मन्दा बनेगा। घी, तेल, सरसों, अलसी, एरण्ड, बिनौला, मूंगफली में जोरदार मन्दा हो जाये तो कोई आश्चर्य नहीं। रुई, गुड़, खाण्ड, शक्कर, सोना में कुछ तेजी का रुख रह सकता है; मार्केट का रुख देखकर व्यापार बढ़ावें।

२३ सितंबर को अस्तोदित सूर्य ग्रहण का प्रभाव चावल, चना पर अच्छी तेजी वाला रहेगा। सभी प्रकार की धातुओं में भारी घटाबढ़ी के बाद तेजी का वातावरण रहेगा।

२६ सितं. को सूर्य-केतु की अंशात्मक युति होगी एवं २७ सितं. को सूर्य हस्त नक्षत्र में आकर गेहूं, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, गुड़, खाण्ड, कपास, रुई, सूत, नमक, हरड़, हींग, बनियें, हल्दी में तेजी का वातावरण बनेगा। २८ सितं. को मंगल कन्या राशि में प्रविष्ट होकर शुक्र-केतु एवं सूर्य के साथ मेल करेगा; अतः रुई, चांदी, चावल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, अलसी, गेहूं, सरसों, तिल, तेल, घी, मूंगफली एवं लालमिर्च आदि में अच्छी तेजी आयेगी; व्यापारी बढ़िया लाभ ले सकेंगे। २६ से २६ सितं. तक तेजी चल सकती है, इन दिनों जब भी लाभ मिले लें, आखरी तारीख की प्रतीक्षा न करें।

मासान्त में ३० सितम्बर को वक्र बृहस्पति अश्विनी के प्रथम चरण में आ जाता है साथ ही शुक्र चित्रा नक्षत्र में प्रवेश करेगा। इस समय रुई में झटके के साथ कुछ तेजी तथा चांदी में घटाबढ़ी के बाद मन्दी एवं अनाजों में भी कुछ मन्दे का वातावरण बन सकता है।

अक्तूबर—मासारम्भ से ४ अक्तूबर तक बाजारों के भाव सामान्य रहेंगे। ५ अक्तू. को शुक्र तुला राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा। इस समय बुध-शुक्र पर मंगल की दृष्टि है, अतः बाजारों में अच्छी मन्दी आने की आशा है, बाजार का रुख देखकर काम करें। हमारे विचार से इस समय सोना, चांदी, चावल, रुई एवं छोटे-मोटे सभी प्रकार के अनाजों में अच्छा मन्दा आयेगा, तेजी का काम न करें, फिर भी बाजार का रुख ध्यान में रखें। यह मन्दी कम-ज्यादा तौर पर ६ अक्तूबर तक चल सकती है।

१० अक्तूबर को चित्रा नक्षत्र का सूर्य रुई, सूत, सोना, चांदी, मोती आदि रत्नों, गुड़, अरहर, गेहूं, चना, तिल, नारियल, सण, केसर, कपूर, लालमिर्च में तेजी लायेगा, १० अक्तूबर को ही पश्चिम में शुक्र का उदय होगा, घी, खाण्ड में मन्दे का रुख रहेगा। रुई, वस्त्र, सूत, सण, सोना, चांदी, तिल, चावल तेज होंगे।

११ अक्तूबर को स्वाती नक्षत्र का सूर्य एवं इसी दिन मंगल-केतु की अंशात्मक-युति का प्रभाव गुड़, खाण्ड, घी, तिल, सरसों, मूंगफली एवं तेलों में अच्छी तेजी करेगा, विचार-पूर्वक काम करने से लाभ मिलेगा। यह तेजी की लम्बी लाईन बनेगी—ऐसा विचार है।

१४ अक्तूबर को हस्त नक्षत्र का मंगल, १५ अक्तूबर को ज्येष्ठा के तीसरे चरण में शनि का प्रवेश एवं शनि का उदय होना महत्वपूर्ण है, बाजार के रुख को देख कर काम करें। हमारे विचार से धान्य, घी, गुड़, खांड, नमक, रुई, उड़द, तिल-तेल, मूंगफली, अलसी में तेजी जोर पकड़ेगी; चांदी में भी झटके के साथ तेजी आयेगी।

१६ अक्तूबर को बुध वक्री हो जाता है; तेजी और जोर पकड़ेगी, धमाके की तेजी आकर मन्दा बनेगा, घी, गुड़, खांड, शक्कर में तेजी बनी रहेगी, गेहूं, जौ, चना भी तेज रहेंगे। १७ अक्तू. शनिवार को तुला संक्रान्ति एवं १८ अक्तू. को शनि-प्लूटो की अंशयुति चल रही तेजी में और बल देगी। रुई, चांदी में कुछ मन्दे का रिएक्शन आ सकता है। गेहूं, जौ, चना, अलसी, लालचन्दन, मजीठ, श्रीफल, सुपारी, सोना, तांबा में तेजी चलती रहेगी।

[सारांश यह है कि, ११ अक्तूबर से १६ अक्तूबर तक सभी तरह के बाजार तेज रहेंगे। इसके बाद बाजार अस्थायी रूप से कुछ मन्दे बनेंगे।

२० अक्तूबर को यूरेनस मूल १ धनु राशि में प्रविष्ट होता है, बृहस्पति की यूरेनस पर पूर्ण दृष्टि है, अतः अचानक बाजारों में मन्दे का ट्रेण्ड बन सकता है, इस समय बाजार की चाल के खिलाफ काम करने वाले व्यापारी हानि में रहेंगे—ऐसा विचार है।

२१ अक्तूबर को विशाखा नक्षत्र का शुक्र एवं २२ अक्तूबर को बुध पश्चिम में उदय होगा; रुई, अनाज एवं शेयर बाजारों में मन्दे का रुख रहेगा। २४ अक्तूबर को सूर्य-स्वाती नक्षत्र में प्रविष्ट होगा। रुई, सूत, सण, रेशम, कपड़ा, सोना, चांदी, गुड़, शक्कर, बिनौला, सुपारी, मिर्च, अलसी, सरसों, राई, हींग, गुग्गल तेज रहेंगे।

२५ अक्तूबर को गुरु वक्र-स्थिति में रहते हुये रेवती के चतुर्थ चरण एवं मीन राशि में दाखिल होगा। यह ग्रहचाल बहुत ही महत्वपूर्ण है; व्यापारी सावधान; आगे बाजारों में धमाके की तेजी आने वाली है। रुई में तीन मास तक भयंकर तेजी आकर बाद में मन्दा आयेगा। घी, तिल, तेल, सरसों में पहले मन्दे की लाईन लम्बी आकर बाद में तेजी आयेगी। गेहूं, गुड़, शक्कर, उड़द, मोठ, सुपारी, नारियल, कपूर और नमक में तेजी रहेगी।

२८ अक्तूबर की सूर्य-बुध की अंशात्मक-युति होगी एवं २६ अक्तूबर को शुक्र वृश्चिक राशि में दाखिल होकर शनि के साथ मेल करेगा। यह ग्रह स्थिति भी बाजारों में जोरदार तेजी का संकेत देती है। रुई, चांदी, शेयर, गेहूं, जौ, उड़द, मूंग, मोठ, बाजरा, अलसी, मूंगफली, एरण्ड, तिल, सरसों, तेल, घी, गुड़, खांड, शक्कर में उत्तरोत्तर तेजी बनेगी—ऐसा विचार है। ३१ अक्तूबर को वक्री बुध चित्रा नक्षत्र में आकर तेजी ही करेगा।

[निष्कर्ष यह है कि, २५ अक्तूबर के लगभग से मासान्त तक बाजारों में जोरदार तेजी की आशा है, फिर भी बाजार का रुख देख कर काम करें, समय पर पत्र व्यवहार से उत्तम लाभ ले सकेंगे।]

नवम्बर—मासारम्भ में ही शुक्र अनुराधा में आता है, साथ ही इस दिन राहु उ.भा. के प्रथम चरण में तथा केतु उ.फा. के तृतीय चरण में आकर चना, ज्वार, बाजरा आदि अनाजों में, ऊन व धातुओं में तेजी का वातावरण रहेगा। अलसी आदि तिलहन व मिर्च में

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

तेजी होकर मन्दा आएगा; सोना, चांदी में मन्दे का रुख रहेगा।

३ नवंबर को सूर्य-प्लूटो की अंशात्मक-युति सभी अनाजों, दालबाना एवं तिलहन में तेजी लायेगी। ४ नवंबर को चित्रा का मंगल एवं बुध का पूर्व दिशा में उदय गेहूं, चावल, चना, सोना, चांदी, तांबा, पीतल, रुई, तिल, घी, पाट, हैसियन, लालमिर्च में तेजी करेंगे।

६ नवं. को बुध के मार्गी होने पर बाजार के रुख में तबदीली आ सकती है, विचार-पूर्वक काम करें। रेशम, तेल, अलसी, एरण्ड, गुड़, बिनौला मूंगफली कपूर, चन्दन एवं अत्तर आदि सुगन्धित चीजों में कुछ मन्दा बनेगा, गेहूं, जौ, चना तेज रहेंगे, रुई में पहले मन्दी बाद में तेजी रहेगी। यह तेजी का असर १० नवं. तक चल सकता है।

११ नवं. को मंगल और केतु की अंशयुति का प्रभाव तिलहन, दालबाना, तेल, घी एवं गुड़, खांड, शक्कर पर तेजी का रहेगा व्यापारी लाभ ले सकते हैं।

१२ नवं. को स्वाती नक्षत्र का बुध एवं ज्येष्ठा नक्षत्र का शुक्र सोना, चांदी, चावल, सरसों, तिल, तेल, रुई एवं हींग में अचानक मन्दा लाएगा—ऐसा विचार है।

१४ नवंबर को मंगल तुला राशि में प्रविष्ट होकर सूर्य-बुध के साथ मेल करेगा। एवं इसी दिन प्लूटो स्वाती नक्षत्र के चौथे चरण में दाखिल होगा। लेकिन मंगल-सूर्य पर शनि की दृष्टि होने से रुई, कपास सूत, सण, बारदाना, मूंगफली, गुड़, खांड, गेहूं, उड़द, मूंग आदि अनाजों में तेजी का रुख बनकर बाद में साधारण मन्दा बनेगा।

१६ नवं. को वृश्चिक संक्रान्ति सोमवारी है, रुई, तांबा, चांदी, सोना, ऊनी कपड़े कुछ तेज रहेंगे तथा लाल चीजों में कुछ मन्दा रहेगा। १८ नवंबर को ज्येष्ठा के चतुर्थ चरण में शनि प्रविष्ट होगा; अनाज. तेल तेज रहेंगे। १९ नवं. को अनुराधा नक्षत्र का सूर्य जौ, चना आदि धान्य तथा ऊन धातुओं में तेजी। गेहूं, अलसी, मिर्च में तेजी आकर मन्दा आएगा। २० नवं. को शुक्र-शनि की अंशयुति तेल, तिलहन एवं रुई, चावल, चांदी में जोरदार तेजी लाएगी।

२१ नवम्बर को शनैश्चरी अमावस का प्रभाव बाजारों पर तीखी तेजी का रहेगा। २२ नवम्बर को शुक्र वृश्चिक राशि से निकल कर धनु राशि में दाखिल होगा। धनु राशि का शुक्र गेहूं, घी, चना आदि अनाजों, रुई, सूत, कपास में पहले मन्दी आकर तेजी का वातावरण बनायेगा। हमारे विचार से २२ नवम्बर के लगभग रुई में अच्छी मन्दी आ सकती है, विचारपूर्वक काम करें।

२४ नवम्बर के लगभग रुई, वस्त्र, गेहूं, तिल, तेल तेज, चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी, सोना कुछ मन्दा रहे। २६ नवम्बर को बृहस्पति वक्री स्थिति में रेवती के चतुर्थ चरण में आता है; रुई में विशेष घटाबढ़ी होगी, चांदी में पहले मन्दी फिर तेजी बनेगी।

२९ नवम्बर को शनि अस्त होने पर रुई, शेयर, सोना में मन्दी एवं घी, अनाज तेज रहेंगे। २९ नवम्बर को ही बुध वृश्चिक में आकर शनि-शुक्र सूर्य के साथ आ जाता है,—इस समय बाजार के रुख को जांच कर काम करें; अचानक जोरदार मन्दा या तेजी का ट्रेण्ड बन सकता है। हमारे विचार से घी, तेल, सरसों, रुई, चांदी में तेजी आएगी, फिर भी बाजार के रुख को देख कर काम करें।

३० नवम्बर को अचानक बाजार का रुख बदल सकता है, विचारपूर्वक काम करें।

दिसम्बर—दिसम्बर में रंक से राजा बना देने वाले चांस हैं, व्यापारी विशेष ताजा समाचार के लिए पत्र-व्यवहार करें।

साधारणतया में सूत, वस्त्र, रुई, सोना, चांदी, मन्दे रहेंगे। ३ दिसम्बर के लगभग सोना, चांदी, चावल, गेहूं, जौ, चना, अलसी, सरसों, एरण्ड एवं गुड़, खांड में तेजी रहेगी। मूंग, मोठ, उड़द, तिल, तेल, सरसों एवं नमक मन्दे रहेंगे।

६ दिसम्बर को बुध-प्लूटो की युति बाजारों में तेजी लाएगी। १० दिसं. को ज्येष्ठा नक्षत्र का बुध एवं ११ दिसम्बर को मंगल-प्लूटो की युति भी घी, गुड़, खाण्ड, चावल, चांदी एवं तिलहन में तेजी करेगी।

१४ दिसं. का दिन विशेष महत्वपूर्ण है, इस दिन गुरु मार्गी होता है तथा विशाखा नक्षत्र का मंगल रुई, कपास, गेहूं, लालमिर्च, लाल चन्दन, लाल रंग की चीजों में तेजी बनायेगा। फिर भी तेजी के बाद मन्दे का झटका शीघ्र ही बनेगा, सावधान।

इस मास में १५ दिसम्बर से आगे का समय सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। १६ दिसं. को सूर्य-शनि की अंशात्मक युति हो रही है तथा सूर्य वृश्चिक राशि छोड़ कर धनु राशि में दाखिल होगा। इसी दिन सूर्य के साथ ही शनि भी लगभग अढ़ाई साल बाद वृश्चिक राशि को छोड़ कर धनु राशि में प्रवेश करता है—अतः व्यापारियों को हम इस समय ताजा परामर्श देंगे; बाजारों में तूफानी तेजी या मन्दी बनेगी। हमारे विचार से रुई, कपास, सूत, सण, तिल, तेल, सरसों, एरण्ड, बिनौला, मूंगफली, अलसी, घी, रसकस, सेन्धा नमक, मक्का, चना, गेहूं, चावल, दालें, गुड़, खांड, शक्कर में जोरदार तेजी आयेगी; फिर भी ताजा मशवरा हासिल करें, लाभ में रहेंगे। अनाजों के व्यापारी लाखों रुपया कमा सकेंगे। बाजार का रुख देख कर काम करें; अन्यथा हानि भी संभव है। तेजी-मन्दी की लम्बी लाईन बनेगी, पत्र-व्यवहार करें या प्रत्यक्ष मिलें।

१७ दिसम्बर को शुक्र मकर राशि में आकर शेयर, गुड़, खांड, घी, गेहूं, चना आदि सारे अनाजों में विशेष तेजी आएगी। रुई, चांदी में पहले घटाबढ़ी होकर अन्त में फिर तेजी होगी, अनाजों, दालबाना का स्टाक सितम्बर-अक्टूबर में ही करेंगे तो लाभ मिलेगा।

१८ दिसं. को बुध मूल धनु में आकर सूर्य-शनि के साथ राशि सम्बन्ध बनायेगा। रुई, कपास, वस्त्र, सूत, चांदी में विशेष तेजी आ सकती है। अनाजों तथा दालबाना में तेजी को और भी बल मिलेगा।

२० दिसम्बर को बुध-यूरेनस एवं सूर्य-यूरेनस की अंशात्मक-युति के कारण तेजी की लाईन बरकरार रहेगी।

[१५ दिसं. से २४ दिसम्बर तक उत्तम-मध्यम रूप से बाजार तेज रहेंगे]

२५ दिसम्बर को चांदी, सोना, गुड़, खांड, शक्कर, मूंग, मोठ, उड़द, अनाज मन्दे; तिल, तेल में तेजी रहेगी। रुई मन्दी होकर तेज होगी। २७ दिसम्बर से बिनौला तेज, सोना, चांदी में अचानक मन्दे का झटका आ सकता है। २५ से २७ दिसम्बर तक बाजारों में कुछ मन्दे का रुख रहेगा।

२९ दिसम्बर को पू.षा. नक्षत्र का सूर्य तिलहन, गुड़, खांड आदि में पुनः तेजी बना देगा—ऐसा विचार है।

३० दिसं. को मंगल वृश्चिक राशि में दाखिल होकर शनि से वृष्ट है अतः रुई, गुड़, सोना, चांदी में तथा अन्य चीजों में भी साधारण तेजी बनेगी।

जनवरी १९८८ ई.—१ जनवरी को शनि के उदित होने पर बाजार का रुख देख-कर ही काम करें, शनि-बुध-सूर्य एक राशि में एकत्र हैं। हमारे विचार से शेयर, अलसी, सरसों, एरण्ड, बिनौला, मूंगफली में मन्दा बनेगा। चावल, गुड़, खांड एवं धातुओं में तेजी का वातावरण बनेगा। रुई में विशेष घटाबढ़ी होगी, चांदी में पहले मन्दी, फिर तेजी आएगी।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

६ जनवरी को बुध मकर राशि में आकर शुक्र के साथ राशि-सम्बन्ध बनाएगा; बुध-शुक्र कभी जोरदार तेजी लाते हैं कभी मन्दी। अतः बाजार के रुख को देखकर तेजी या मन्दी बढ़ावें। हमारा विचार रुई, सोना, चांदी, चावल तथा तिलहन में अच्छी तेजी आएगी।

१० जनवरी को शुक्र कुम्भ राशि में जाता है तथा मंगल की शुक्र पर पूरी नजर है। अतः रुई, चांदी, गुड़, खांड, गेहूं, चना, जौ, मूंग, ज्वार, बाजरा तथा गुड़, खांड, शक्कर, तेल, तिलहन में अच्छी तेजी आयेगी।

१४ जन. को सूर्य मकर राशि में आकर घी, तेल, तिल, अलसी, गुड़, खांड, शक्कर, रुई में तेजी का वातावरण रक्खेगा। अनाजों में जौ तेजी रहेगी। इसी दिन शनि कुंभ लग्न के दूसरे चरण में भी आ जाता है। यह जौ रुई, कपास, बिनौला, चांदी, रसकस, लेन्स लग्न में तेजी का ही सूचक है। हां, इस दिन बुध का पश्चिम में उदय होने से बाजारों में कुछ तबदीली आ सकती है, गौर से काम करें।

१५ जनवरी को शतभिषा नक्षत्र का शुक्र गेहूं, गुड़, खांड, चावल, घी, सरसों, रुई, सोना, चांदी में तेजी लाएगा। १६ जनवरी को मंगलवारी अमावस भी तेजी करने वाली है, व्यापारी तेजी में रहें।

२० जनवरी को धनिष्ठा का बुध चावल में तेजी का संकेत देता है, सोना, चांदी में मन्दे का संकेत देता है। २४ जनवरी को श्रवण नक्षत्र में सूर्य प्रविष्ट होगा, गेहूं, जौ, चावल, रुई, सूत, सण, चांदी, गुड़, खांड, अलसी, सुपारी, लौंग तेज होंगे।

२५ जनवरी को बुध कुम्भ राशि में आकर शुक्र के साथ सम्बन्ध बनायेगा। यह योग चावल, रुई, चांदी, घी, तेल, रस, गुड़, खांड में तेजी का वातावरण चलेगा बाजार के रुख को ध्यान में रक्खें, कदाचित् लाईन विपरीत चले तो जोरदार मन्दा भी बन सकता है, व्यापारी सावधान रहें।

२६ जनवरी को पू.भा. का शुक्र रुई में तेजी करेगा। १४ जनवरी से वातान्त तक बाजार सामान्यतः तेजी में रहेंगे।

फरवरी—२ फरवरी को बृहस्पति मेष राशि में आ जाता है, साथ ही बुध वक्री हो जाता है। इस समय रुई में ६०-७० टका की घटाबढ़ी के चांस आयेंगे, मजीठ, औषल, मूंग, सोना, चांदी, तांबा, गुड़ एवं रेशमी कपड़े के भाव कुछ मन्दे रहेंगे, जल्दी ही तेजी भी बनेगी। मन्दे में खरीदें तेजी में बेचने से उत्तम लाभ मिलेगा। इस समय रुई के व्यापारी सावधानी से काम करें, घी, गुड़, खांड, शक्कर में तेजी का विचार है।

४ फरवरी को शुक्र मीन राशि में आकर राहु के साथ मेल करेगा, मंगल की इन पर दृष्टि है। चीनी, चावल, चांदी, रुई, मक्का, गेहूं, चना, ज्वार, बाजरा, सरसों, तेल, अलसी, एरण्डी, गुड़, खांड में अच्छी तेजी है। चांदी में चमाके की तेजी आयेगी—ऐसी आशा है।

६ फर. को सूर्य धनिष्ठा में एवं शुक्र उ.भा. में आते हैं; सोना, चांदी, सूत, सण, कपड़ा, तिल, तेल, एरण्ड, सरसों, दाख, छुहारा, हल्दी, गेहूं, गुड़, चावल, मोती, चांदी, कपूर, नमक, खांड, रुई, कपास में तेजी आती है।

९ फरवरी को बुध वक्र गति से चल कर मकर राशि में फिर से आकर सूर्य से सम्बन्ध करेगा। रुई, सोना, चांदी में तेजी, अनाजों में भी तेजी चलेगी। तेजी का वायदा लाभप्रद रहेगा।

१३ फरवरी को कुंभ संक्रान्ति शनिवार को है' शनि की सूर्य पर विशेष दृष्टि है; अतः घी, तेल, तिलहन, सरसों, मूंगफली, अलसी, एरण्ड, राई में तेजी एवं रुई, गेहूं, चना, जौ, ज्वार, बाजरा में एकदम तेजी बनेगी; लाभ ले सकेंगे। इसी दिन अर्थात् १३ फरवरी को मंगल धनु राशि में आकर शनि के साथ राशि सम्बन्ध बनायेगा, भयंकर तेजी से मार्केट उछलेगी। रुई, चांदी, लकड़ी, सूत, सण, बिनौला, सरसों, घी, गुड़, खांड, शक्कर एवं दालों में तथा मोटे अनाजों में जोरदार तेजी आयेगी, तेजी में रहने वाले उत्तम लाभ लेंगे—नोट कर लें। यह तेजी लम्बी चलेगी। १८ फर. को यह तेजी और बढ़ेगी। २३ फर. के लगभग बाजार का रुख बदल सकता है, सावधानी से काम करें। २९ फर. को मेष राशि का शुक्र, बृहस्पति के साथ मेल करेगा, इस समय बाजार के रुख को देखकर काम करें, अकस्मात् तेजी-मन्दी के उछाले आयेंगे।

मार्च—मार्च के आरम्भ में सोना, चांदी, चावल, तिल, तेल, एरण्ड, सरसों, दाख, छुहारा, सोंठ, हल्दी, गेहूं, चना, उड़द, चावल, ज्वार, बाजरा, घी, गुड़ का भाव तेज रहेगा।

६ मार्च का दिन व्यापारियों के लिये महत्वपूर्ण है, राहु इस दिन कुंभ में आयेगा, कुंभस्थ राहु पर शनि की विशेष दृष्टि है, व्यापारी नोट करें—सरसों आदि तिलहन में भयंकर तेजी का बोलबाला होगा, ऊँचे से ऊँचे भाव बन सकते हैं। इस समय तिलहन के व्यापारी एवं रुई के व्यापारी तेजी से उत्तम लाभ लेंगे। इस बारे में हम अपने व्यापारियों को (जिनका नाम हमारे रजिस्टर में दर्ज है) समय पर ताजा मशवरा भेजेंगे। पत्र-व्यवहार करें।

११ मार्च को बुध कुंभ राशि में आकर तेजी को और ऊँचा उठाएगा, संवत् के अन्त तक तेजी में रहें।

२३ मार्च को रुई में तेजी का झटका आएगा। २८ मार्च को वृष राशि का शुक्र एवं मकर राशि का मंगल रुई और कपास में अच्छी मन्दी, सोना, चांदी में पहले घटाबढ़ी हो कर अन्त में तेजी रहती है। अनाजों के व्यापारी सावधान रहें, अनाजों में अचानक अच्छा मन्दा बनने का योग है।

३० मार्च को रेवती नक्षत्र में सूर्य आता है। अलसी, सरसों, एरण्ड, मूंगफली, लहसुन, मोती, लाख, सब्जी, रुई, गेहूं, जौ, चना, चावल में सामान्यतः तेजी बनेगी।

नोट:—इस साल व्यापार में धन कमाने के सर्वोत्तम अनेकों चांस आ रहे हैं, रंक से राजा बना देने वाले चांस, हम अपने उन व्यापारियों को ही भेजेंगे जिनके नाम हमारे पास रजिस्टर में दर्ज हैं, रजिस्टर में नाम दर्ज कराने की फीस २५ रुपये है। लाभ होने पर लाभांश का दशमांश भी ईश्वर को साक्षी रखकर भेजना होगा, अन्यथा आगे चांस न भेज सकेंगे। संवत् आरम्भ होने से पहले ही अपना नाम दर्ज करा लें ताकि आप हमारे सभी लाभप्रद चांस प्राप्त कर सकें। हम समय-समय पर ताजा मशवरा भी भेजेंगे, कृपया पत्र व्यवहारार्थ ५० पैसे वाला बन्द लिफाफा अपना पता लिखकर अवश्य भेजें। अपना पता व नाम साफ-साफ लिखें।

शुभ चिन्तक

ज्योतिर्भूषण—पं. इन्दुशेखर शर्मा शास्त्री, M.A.,
(सुपुत्र—पं. श्री मुकुन्दवल्लभजी राज ज्योतिषी)
पता—इन्दुशेखर शर्मा शास्त्री, M.A.,
मार्तण्ड भवन, मु. पो.—कुराली,
जि.—रोपड़ (पंजाब)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

जन्मपत्र आदि की गणित में कितनी सूक्ष्मता युक्तियुक्त है

[लेखक:— प्रियव्रत शर्मा]

[अपने व्रत से ऐसे जन्मपत्र व वर्षफल बनते होंगे जिनमें लग्न और ग्रहों के भोग विकलान्त तथा दशा-अन्तर्दशा आदि का काल घट्यन्त या पलान्त किया होता है। जन्मपत्र आदि की गणित में इतनी सूक्ष्मता की यथार्थता को इस लेख में गणितीय निकष पर कसा है। इस लेख को पढ़िये—आपको स्पष्ट हो जाएगा कि जन्मपत्र आदि की गणित में देवज्ञों द्वारा प्रदर्शित की जाने वाली यह सूक्ष्मता सर्वथा भ्रामक है। इस लेख से आपको यह भी स्पष्ट होगा कि ये ज्योतिषी लोग फलितोपयोगी गणित में अत्यधिक सूक्ष्मता लाने का जारी प्रयास करते हुए भी ऐसी अनेक स्थूलताओं का शिकार बनते हैं, जिनका प्रतीकार उनके बस की बात नहीं है। सच्ची बात तो यह है—अधिकतर ज्योतिषी इस स्थूलता के ज्ञान के ज्ञान से वंचित भी हैं। —सम्पादक]

जन्मपत्र और वर्षफल बनाने वाले अधिकतर ज्योतिषी लोग अपने गणित को सूक्ष्मतम सिद्ध करने के उद्देश्य से ग्रहों के भोगांश और लग्न-दशम आदि भावों को विकलान्त एवं स्थानीय सूर्योदयास्त, दिनमान तथा दशा-अन्तर्दशा आदि कालों को विकलान्त या सेकण्ड तक स्पष्ट करने का प्रयास करते हैं। हम इस लेख में गणितीय विश्लेषण से स्पष्ट करेंगे कि उनका इस प्रकार का यह प्रयास उनके उद्देश्य की पूर्ति करने में सर्वथा असमर्थ है।

जन्मपत्र आदि की फलितोपयोगी पूरी गणित की सूक्ष्मता या शुद्धता मूलरूपेण अक्षांश, रेखांश, सूर्योदयास्त, लग्न और स्पष्ट ग्रहों के राश्यादि (भोगांशों) की सूक्ष्मता पर ही आधारित होती है। अतः हम यहां यह निर्धारण करेंगे कि इन आधारभूत तत्त्वों की सूक्ष्मता की युक्ति संगत सीमा क्या होनी चाहिए :—

अक्षांश-रेखांशों की सूक्ष्मता

ज्योतिष सम्बन्धी गणित का मुख्य आधार काल है, जिससे लग्न-दशम और ग्रहों के भोगांश आदि का निर्णय अनुबद्ध है। काल, लग्न-दशम आदि भी अक्षांश-रेखांश पर अवलम्बित हैं, अतः यथार्थ काल, लग्न आदि की गणना के लिए हमें अपने अभीष्ट स्थान (जातक के जन्म स्थान आदि) के अक्षांश-रेखांश अपेक्षित सूक्ष्मता से ज्ञात होने चाहिएं।

लग्न फलितोपयोगी एक ऐसा तत्त्व है, जो अक्षांश-रेखांशों की अशुद्धि या स्थूलता से सर्वाधिक प्रभावित होता है। यदि कोई दैवज्ञ लग्नादि भावों को विकलान्त (विकला तक) सूक्ष्मता से जानना चाहता है तो उसे अभीष्ट स्थान के अक्षांश एवं रेखांश दोनों कम से कम विकला तक सूक्ष्म जानने जरूरी हैं। विषुवत् (भूमध्य) रेखा से उत्तर-दक्षिण की ओर अपेक्षाकृत अधिक हटे स्थलों पर तो यह सूक्ष्मता विकला से भी कहीं अधिक अपेक्षित होती है—यह बात हम आगे चल कर स्पष्ट करेंगे।

यह ठीक है कि विकलान्त लग्न साधन के लिए अक्षांश-रेखांश—दोनों कम से कम विकलान्त सूक्ष्म होने आवश्यक हैं। लेकिन हमें यह भी देखना है कि किसी स्थान के विकलान्त अक्षांश और रेखांश ज्ञात कर सकना क्या सम्भव भी है?

एक अक्षांश (अक्षांश का एक अंश) हमारी पृथ्वी पर लगभग १११ किलोमीटर स्थान को व्याप्त करता है। अर्थात् अक्षांश की एक कला में १८५० मीटर और एक विकला में लगभग ३१ मीटर होते हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि पृथ्वी पर भूमध्य रेखा से उत्तर और दक्षिण की ओर अधिक से अधिक प्रत्येक ३१ मीटर की दूरी पर स्थित सभी स्थलों के अक्षांश ज्ञात करने पर ही हमें भूगोल पर स्थित स्थानों के विकलान्त अक्षांश ज्ञात हो सकेंगे। अर्थात्—कोई भी स्थान यदि किसी दूसरे स्थान से ३१ मीटर उत्तर या दक्षिण की ओर खिसका हो तो उन दोनों के अक्षांशों में एक विकला का अन्तर होगा। इससे स्पष्ट है—अगर कोई मकान ३१ मीटर उत्तर-दक्षिण की ओर फैला हुआ है, इस मकान के उत्तर और दक्षिण भाग के कमरों में उत्पन्न बालकों के जन्म स्थानों के अक्षांशों में एक विकला का अन्तर होगा।

इसी प्रकार भूमध्य रेखा के समीप एक रेखांश (रेखांश का एक अंश) भी १११ कि.मी. के बराबर होता है, और इसीलिए वहां परस्पर पूर्व-पश्चिम में ३१ मीटर की दूरी पर स्थित दो स्थलों के रेखांशों में एक विकला का अन्तर होगा। क्योंकि रेखांशों की रेखाओं का परस्पर अन्तर भूमध्य रेखा पर परम होता है, और वे सभी रेखाएं उसके (भूमध्य रेखा के) दोनों ओर उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव स्थान पर जा मिलती हैं, अतः उनका पारस्परिक अन्तर भूमध्य रेखा के दोनों ओर उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव तक उत्तरोत्तर घटता हुआ शून्य हो जाता है। इसलिए भूमध्य रेखा से ६६ अंश उत्तर और ६६ अंश दक्षिण वाले स्थानों पर, जहां तक भूगोल पर अधिकतर आबादी है, रेखांश के एक अंश का मान १११ कि. मी. से घटकर ४५ कि. मी. हो जाता है, जिससे वहां रेखांश की एक विकला का मान केवल १२½ (साढ़े बारह) मीटर ही रह जाता है। स्पष्ट है—वहां पूर्व-पश्चिम में परस्पर समीप स्थित दो स्थलों की दूरी पर १२½ मीटर हो तो उनके रेखांशों में एक विकला का अन्तर आ जाएगा।

इस प्रकार स्पष्ट है—यदि हम लग्न आदि भावों को विकलान्त सूक्ष्म बनाने के उद्देश्य से अक्षांश-रेखांशों को विकला तक सूक्ष्म जानने का आग्रह करें तो हमें भूगोल के आबादी वाले क्षेत्र (Area) के उत्तर-दक्षिण में प्रत्येक ३१ मीटर की दूरी पर एवं पूर्व-पश्चिम में प्रत्येक १२½ से ३१ मीटर तक की दूरी पर स्थित प्रत्येक स्थल का अक्षांश-रेखांश ज्ञात करना होगा। भारत के मानचित्र से स्पष्ट है—भारत के क्षेत्र (Area) में लगभग कुल ३०० वर्गांश हैं! (अक्षांश-रेखांशों के एक-एक अंश की लम्बाई-चौड़ाई से बने क्षेत्रों को यहां हमने "वर्गांश" का नाम दिया है)। वैसे तो भूगोल के किसी भी स्थल पर (समुद्र में, वन में, रेगिस्तान आदि में—कहीं भी) कोई बच्चा जन्म ले सकता है, फिर भी यदि हम यह मानें कि भारत के कुल क्षेत्रफल के चतुर्थांश में ही आबादी है (वहीं पर बच्चे उत्पन्न होते हैं) तो आबादी वाले वर्गांश ७५ ही होंगे। इन ७५ वर्गांशों में कुल विकलाएं ६७,२०,००,००० होंगी। यदि हम आबादी वाले इस भारतीय क्षेत्र के सभी स्थलों के विकलान्त अक्षांश-रेखांश किसी एक पुस्तक के रूप में प्रकाशित करना चाहें तो हमें ३,८८८ भागों (Volumes) वाला एक महाग्रंथ बनाना पड़ेगा, जिसके प्रत्येक भाग में १००० पृष्ठ और प्रत्येक पृष्ठ पर २५० स्थलों के विकलान्त अक्षांश-रेखांश होंगे। इस ३,८८८ भागों

CC-0. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

६ जनवरी को बुध मकर राशि में आकर शुक्र के साथ राशि-सम्बन्ध बनाएगा; बुध-शुक्र कभी जोरदार तेजी लाते हैं कभी मन्दी। अतः बाजार के रुख को देखकर तेजी या मन्दी बढ़ावें। हमारा विचार रुई, सोना, चांदी, चावल तथा तिलहन में अच्छी तेजी आएगी।

१० जनवरी को शुक्र कुम्भ राशि में जाता है तथा मंगल की शुक्र पर पूरी नजर है। अतः रुई, चांदी, गुड़, खांड, गेहूं, चना, जौ, मूंग, ज्वार, बाजरा तथा गुड़, खांड, शक्कर, तेल, तिलहन में अच्छी तेजी आयेगी।

१४ जन. को सूर्य मकर राशि में आकर घी, तेल, तिल, अलसी, गुड़, खांड, शक्कर, रुई में तेजी का वातावरण रखेगा। अनाजों में भी तेजी रहेगी। इसी दिन शनि मूल नक्षत्र के दूसरे चरण में भी आ जाता है। यह भी रुई, कपास, बिनौला, चांदी, रसकस, केन्द्र तक में तेजी का ही सूचक है। हां, इस दिन बुध का पश्चिम में उदय होने से बाजारों में कुछ तबदीली आ सकती है, गौर से काम करें।

१५ जनवरी को शतभिषा नक्षत्र का शुक्र गेहूं, गुड़, खांड, चावल, घी, सरसों, रुई, सोना, चांदी में तेजी लाएगा। १६ जनवरी को मंगलवारी अमावस भी तेजी करने वाली है, व्यापारी तेजी में रहें।

२० जनवरी को धनिष्ठा का बुध चावल में तेजी का संकेत देता है, सोना, चांदी में मन्दे का संकेत देता है। २४ जनवरी को श्रवण नक्षत्र में सूर्य प्रविष्ट होगा, गेहूं, जौ, चावल, रुई, सूत, सण, चांदी, गुड़, खांड, अलसी, सुपारी, लौंग तेज होंगे।

२५ जनवरी को बुध कुम्भ राशि में आकर शुक्र के साथ सम्बन्ध बनायेगा। यह योग अलसी, रुई, चांदी, घी, तेल, रस, गुड़, खांड में तेजी का वातावरण चलेगा बाजार के रुख को ध्यान में रखें, कदाचित् लाईन विपरीत चले तो जोरदार मन्दा भी बन सकता है, व्यापारी सावधान रहें।

२६ जनवरी को पू.भा. का शुक्र रुई में तेजी करेगा। १४ जनवरी से मासान्त तक बाजार सामान्यतः तेजी में रहेंगे।

फरवरी—२ फरवरी को बृहस्पति मेष राशि में आ जाता है, साथ ही बुध वक्री हो जाता है। इस समय रुई में ६०-७० टका की घटाबढ़ी के चांस आयेंगे, मजीठ, श्रीफल, मूंग, सोना, चांदी, तांबा, गुड़ एवं रेशमी कपड़े के भाव कुछ मन्दे रहेंगे, जल्दी ही तेजी भी बनेगी। मन्दे में खरीदें तेजी में बेचने से उत्तम लाभ मिलेगा। इस समय रुई के व्यापारी सावधानी से काम करें, घी, गुड़, खांड, शक्कर में तेजी का विचार है।

४ फरवरी को शुक्र मीन राशि में आकर राहु के साथ मेल करेगा, मंगल की इन पर दृष्टि है। सोना, चावल, चांदी, रुई, मक्का, गेहूं, चना, ज्वार, बाजरा, सरसों, तेल, अलसी, एरण्डी, गुड़, खांड में अच्छी तेजी है। चांदी में चमाके की तेजी आयेगी—ऐसी आशा है।

६ फर. को सूर्य धनिष्ठा में एवं शुक्र उ.भा. में आते हैं; सोना, चांदी, सूत, सण, कपड़ा, तिल, तेल, एरण्ड, सरसों, दाख, छुहारा, हल्दी, गेहूं, गुड़, चावल, मोती, चांदी, कपूर, नमक, खांड, रुई, कपास में तेजी आती है।

९ फरवरी को बुध वक्र गति से चल कर मकर राशि में फिर से आकर सूर्य से सम्बन्ध करेगा। रुई, सोना, चांदी में तेजी, अनाजों में भी तेजी चलेगी। तेजी का वायदा लाकर रहेगा।

१३ फरवरी को कुंभ संक्रान्ति शनिवार को है' शनि की सूर्य पर विशेष दृष्टि है; अतः घी, तेल, तिलहन, सरसों, मूंगफली, अलसी, एरण्ड, राई में तेजी एवं रुई, गेहूं, चना, जौ, ज्वार, बाजरा में एकदम तेजी बनेगी; लाभ ले सकेंगे। इसी दिन अर्थात् १३ फरवरी को मंगल धनु राशि में आकर शनि के साथ राशि सम्बन्ध बनायेगा, भयंकर तेजी से बाजार उछलेगी। रुई, चांदी, लकड़ी, सूत, सण, बिनौला, सरसों, घी, गुड़, खांड, शक्कर एवं दालों में तथा मोटे अनाजों में जोरदार तेजी आयेगी, तेजी में रहने वाले उत्तम लाभ लेंगे—नोट कर लें। यह तेजी लम्बी चलेगी। १८ फर. को यह तेजी और बढ़ेगी। २३ फर. के लगभग बाजार का रुख बदल सकता है, सावधानी से काम करें। २९ फर. को मेष राशि का शुक्र, बृहस्पति के साथ मेल करेगा, इस समय बाजार के रुख को देखकर काम करें, अकस्मात् तेजी-मन्दी के उछाले आयेंगे।

मार्च—मार्च के आरम्भ में सोना, चांदी, चावल, तिल, तेल, एरण्ड, सरसों, दाख, छुहारा, सोंठ, हल्दी, गेहूं, चना, उड़द, चावल, ज्वार, बाजरा, घी, गुड़ का भाव तेज रहेगा।

६ मार्च का दिन व्यापारियों के लिये महत्वपूर्ण है, राहु इस दिन कुंभ में आयेगा, कुंभस्थ राहु पर शनि की विशेष दृष्टि है, व्यापारी नोट करें—सरसों आदि तिलहन में भयंकर तेजी का बोलबाला होगा, ऊँचे से ऊँचे भाव बन सकते हैं। इस समय तिलहन के व्यापारी एवं रुई के व्यापारी तेजी से उत्तम लाभ लेंगे। इस बारे में हम अपने व्यापारियों को (जिनका नाम हमारे रजिस्टर में दर्ज है) समय पर ताजा मशवरा भेजेंगे। पत्र-व्यवहार करें।

११ मार्च को बुध कुंभ राशि में आकर तेजी को और ऊँचा उठाएगा, संवत् के अन्त तक तेजी में रहें।

२३ मार्च को रुई में तेजी का झटका आएगा। २८ मार्च को वृष राशि का शुक्र एवं मकर राशि का मंगल रुई और कपास में अच्छी मन्दी, सोना, चांदी में पहले घटाबढ़ी हो कर अन्त में तेजी रहती है। अनाजों के व्यापारी सावधान रहें, अनाजों में अचानक अच्छा मन्दा बनने का योग है।

३० मार्च को रेवती नक्षत्र में सूर्य आता है। अलसी, सरसों, एरण्ड, मूंगफली, लहसुन, मोती, लाख, सब्जी, रुई, गेहूं, जौ, चना, चावल में सामान्यतः तेजी बनेगी।

नोट :—इस साल व्यापार में धन कमाने के सर्वोत्तम अनेकों चांस आ रहे हैं, रंक से राजा बना देने वाले चांस, हम अपने उन व्यापारियों को ही भेजेंगे जिनके नाम हमारे पास रजिस्टर में दर्ज हैं, रजिस्टर में नाम दर्ज कराने की फीस २५ रुपये है। लाभ होने पर लाभांश का दशमांश भी ईश्वर को साक्षी रखकर भेजना होगा, अन्यथा आगे चांस न भेज सकेंगे। संवत् आरम्भ होने से पहले ही अपना नाम दर्ज करा लें ताकि आप हमारे सभी लाभप्रद चांस प्राप्त कर सकें। हम समय-समय पर ताजा मशवरा भी भेजेंगे, कृपया पत्र व्यवहारार्थ ५० पैसे वाला बन्द लिफाफा अपना पता लिखकर अवश्य भेजें। अपना पता व नाम साफ-साफ लिखें।

शुभ चिन्तक

ज्योतिर्भूषण—पं. इन्दुशेखर शर्मा शास्त्री, M.A.,
(सुपुत्र—पं. श्री शुकुन्दवल्लभजी राज ज्योतिषी)
पता—इन्दुशेखर शर्मा शास्त्री, M.A.,
मार्तण्ड भवन, मु. पो.—कुराली,
जि.—रोपड़ (पंजाब)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

चक्रमार्तण्ड से उद्धृत—

जन्मपत्र आदि की गणित में कितनी सूक्ष्मता युक्तियुक्त है

[लेखक:— प्रियव्रत शर्मा]

[अपने यजमानों के ऐसे जन्मपत्र व वर्षफल देखे होंगे जिनमें लग्न और ग्रहों के भोग विकलान्त तथा दशा-अन्तर्दशा आदि का काल घट्यन्त या पलान्त दिया होता है। जन्मपत्र आदि की गणित में इतनी सूक्ष्मता की यथार्थता को इस लेख में गणितीय निकष पर कसा है। इस लेख को पढ़िये—आपको स्पष्ट हो जाएगा कि जन्मपत्र आदि की गणित में दैवज्ञों द्वारा प्रदर्शित की जाने वाली यह सूक्ष्मता सर्वथा भ्रामक है। इस लेख से आपको यह भी स्पष्ट होगा कि ये ज्योतिषी लोग फलितोपयोगी गणित में अत्यधिक सूक्ष्मता लाने का भारी प्रयास करते हुए भी ऐसी अनेक स्थूलताओं का शिकार बनते हैं, जिनका प्रतीकार उनके बस की बात नहीं है। सच्ची बात तो यह है—अधिकतर ज्योतिषी इस स्थूलता के ज्ञान के ज्ञान से वंचित भी हैं। —सम्पादक]

जन्मपत्र और वर्षफल बनाने वाले अधिकतर ज्योतिषी लोग अपने गणित को सूक्ष्मतम सिद्ध करने के उद्देश्य से ग्रहों के भोगांश और लग्न-दशम आदि भावों को विकलान्त एवं स्थानीय सूर्योदयास्त, दिनमान तथा दशा-अन्तर्दशा आदि कालों को विकलान्त या सेकण्ड तक स्पष्ट करने का प्रयास करते हैं। हम इस लेख में गणितीय विश्लेषण से स्पष्ट करेंगे कि उनका इस प्रकार का यह प्रयास उनके उद्देश्य की पूर्ति करने में सर्वथा असमर्थ है।

जन्मपत्र आदि की फलितोपयोगी पूरी गणित की सूक्ष्मता या शुद्धता मूलरूपेण अक्षांश, रेखांश, सूर्योदयास्त, लग्न और स्पष्ट ग्रहों के राश्यादि (भोगांशों) की सूक्ष्मता पर ही आधारित होती है। अतः हम यहां यह निर्धारण करेंगे कि इन आधारभूत तत्त्वों की सूक्ष्मता की युक्ति संगत सीमा क्या होनी चाहिए :—

अक्षांश-रेखांशों की सूक्ष्मता

ज्योतिष सम्बन्धी गणित का मुख्य आधार काल है, जिससे लग्न-दशम और ग्रहों के भोगांश आदि का निर्णय अनुबद्ध है। काल, लग्न-दशम आदि भी अक्षांश-रेखांश पर अवलम्बित हैं, अतः यथार्थ काल, लग्न आदि की गणना के लिए हमें अपने अभीष्ट स्थान (जातक के जन्म स्थान आदि) के अक्षांश-रेखांश अपेक्षित सूक्ष्मता से ज्ञात होने चाहिएं।

लग्न फलितोपयोगी एक ऐसा तत्त्व है, जो अक्षांश-रेखांशों की अशुद्धि या स्थूलता से सर्वाधिक प्रभावित होता है। यदि कोई दैवज्ञ लग्नादि भावों को विकलान्त (विकला तक) सूक्ष्मता से जानना चाहता है तो उसे अभीष्ट स्थान के अक्षांश एवं रेखांश दोनों कम से कम विकला तक सूक्ष्म जानने जरूरी हैं। विषुवत् (भूमध्य) रेखा से उत्तर-दक्षिण की ओर संकेन्द्रित अधिक हटे स्थलों पर तो यह सूक्ष्मता विकला से भी कहीं अधिक अपेक्षित होती है—यह बात हम आगे चल कर स्पष्ट करेंगे।

यह ठीक है कि विकलान्त लग्न साधन के लिए अक्षांश-रेखांश—दोनों कम से कम विकलान्त सूक्ष्म होने आवश्यक हैं। लेकिन हमें यह भी देखना है कि किसी स्थान के विकलान्त अक्षांश और रेखांश ज्ञात कर सकना क्या सम्भव भी है?

एक अक्षांश (अक्षांश का एक अंश) हमारी पृथ्वी पर लगभग १११ किलोमीटर स्थान को व्याप्त करता है। अर्थात् अक्षांश की एक कला में १८५० मीटर और एक विकला में लगभग ३१ मीटर होते हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि पृथ्वी पर भूमध्य रेखा से उत्तर और दक्षिण की ओर अधिक से अधिक प्रत्येक ३१ मीटर की दूरी पर स्थित सभी स्थलों के अक्षांश ज्ञात करने पर ही हमें भूगोल पर स्थित स्थानों के विकलान्त अक्षांश ज्ञात हो सकेंगे। अर्थात्—कोई भी लग्न यदि किसी दूसरे लग्न से ३१ मीटर उत्तर या दक्षिण की ओर खिसका हो तो उन दोनों के अक्षांशों में एक विकला का अन्तर होगा। इससे स्पष्ट है—अगर कोई मकान ३१ मीटर उत्तर-दक्षिण की ओर फैला हुआ है, इस मकान के उत्तर और दक्षिण भाग के कमरों में उत्पन्न बालकों के जन्म स्थानों के अक्षांशों में एक विकला का अन्तर होगा।

इसी प्रकार भूमध्य रेखा के समीप एक रेखांश (रेखांश का एक अंश) भी १११ कि.मी. के बराबर होता है, और इसीलिए वहां परस्पर पूर्व-पश्चिम में ३१ मीटर की दूरी पर स्थित दो स्थलों के रेखांशों में एक विकला का अन्तर होगा। क्योंकि रेखांशों की रेखाओं का परस्पर अन्तर भूमध्य रेखा पर परम होता है, और वे सभी रेखाएं उसके (भूमध्य रेखा के) दोनों ओर उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव स्थान पर जा मिलती हैं, अतः उनका पारस्परिक अन्तर भूमध्य रेखा के दोनों ओर उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव तक उत्तरोत्तर घटता हुआ शून्य हो जाता है। इसलिए भूमध्य रेखा से ६६ अंश उत्तर और ६६ अंश दक्षिण वाले स्थानों पर, जहां तक भूगोल पर अधिकतर आबादी है, रेखांश के एक अंश का मान १११ कि. मी. से घटकर ४५ कि. मी. हो जाता है, जिससे वहां रेखांश की एक विकला का मान केवल १२½ (साढ़े बारह) मीटर ही रह जाता है। स्पष्ट है—वहां पूर्व-पश्चिम में परस्पर समीप स्थित दो स्थलों की दूरी पर १२½ मीटर हो तो उनके रेखांशों में एक विकला का अन्तर आ जाएगा।

इस प्रकार स्पष्ट है—यदि हम लग्न आदि भावों को विकलान्त सूक्ष्म बनाने के उद्देश्य से अक्षांश-रेखांशों को विकला तक सूक्ष्म जानने का आग्रह करें तो हमें भूगोल के आबादी वाले क्षेत्र (Area) के उत्तर-दक्षिण में प्रत्येक ३१ मीटर की दूरी पर एवं पूर्व-पश्चिम में प्रत्येक १२½ से ३१ मीटर तक की दूरी पर स्थित प्रत्येक स्थल का अक्षांश-रेखांश ज्ञात करना होगा। भारत के मानचित्र से स्पष्ट है—भारत के क्षेत्र (Area) में लगभग कुल ३०० वर्गांश हैं! (अक्षांश-रेखांशों के एक-एक अंश की लम्बाई-चौड़ाई से बने क्षेत्रों को यहां हमने "वर्गांश" का नाम दिया है)। वैसे तो भूगोल के किसी भी स्थल पर (समुद्र में, वन में, रेगिस्तान आदि में—कहीं भी) कोई बच्चा जन्म ले सकता है, फिर भी यदि हम यह मानें कि भारत के कुल क्षेत्रफल के चतुर्थांश में ही आबादी है (वहीं पर बच्चे उत्पन्न होते हैं) तो आबादी वाले वर्गांश ७५ ही होंगे। इन ७५ वर्गांशों में कुल विकलाएं १७,२०,००,००० होंगी। यदि हम आबादी वाले इस भारतीय क्षेत्र के सभी स्थलों के विकलान्त अक्षांश-रेखांश किसी एक पुस्तक के रूप में प्रकाशित करना चाहें तो हमें ३,८८८ भागों (Volumes) वाला एक महाग्रंथ बनाना पड़ेगा, जिसके प्रत्येक भाग में १००० पृष्ठ और प्रत्येक पृष्ठ पर २५० स्थलों के विकलान्त अक्षांश-रेखांश होंगे। इस ३,८८८ भागों

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सभी विशालकाय पुस्तक को रखने के लिए एक अच्छे पुस्तकालय की जरूरत होगी। इसी प्रकार यदि हम विश्व भर के सभी उन आबादी वाले स्थलों के, जो भूगोल पर परस्पर एक-एक विकला की पूर्वापरीय और उत्तर-दक्षिणीय दूरी पर स्थित हैं, विकलान्त अक्षांश-रेखांश संगृहीत करना चाहें तो केवल इसी के लिए एक बहुत विशाल पुस्तकालय की जरूरत रहेगी। देखिए—विश्व के लगभग सभी देश उत्तरी अक्षांश ६६° और दक्षिणी अक्षांश ६६° के मध्य भाग के क्षेत्र में ही स्थित है और लम्न का सूत्र भी लगभग इसी क्षेत्र तक लग्न साधन करने में समर्थ है। इसी क्षेत्र में कुल ४७,५२० वर्गांश हैं। यदि हम यह मान लें कि विश्व के इन वर्गांशों के बीसवें भाग में ही आबादी है, शेष भाग (वर्गांश) समुद्र, निर्जन उन आदि के कारण आवास-शून्य हैं, तो विश्व के आबादी वाले कुल वर्गांश २,३७६ होंगे। इन वर्गांशों की कुल विकलाएँ ३०,७६,२६,६०,००० होंगी। यदि हम विश्व के आबादी वाले इस पूरे क्षेत्र के सभी स्थलों के विकलान्त अक्षांश-रेखांश प्रकाशित करना चाहें तो हमें १,२३,१७२ भागों (Volumes) वाला एक भीमकाय ग्रन्थ बनाना पड़ेगा, जिसके प्रत्येक भाग में १००० पृष्ठ और प्रत्येक पृष्ठ पर २५० स्थलों के विकलान्त अक्षांश-रेखांश दिये होंगे।

एक-एक विकला के अन्तर पर स्थित स्थलों के अक्षांश-रेखांशों का संकलन कितनी असाध्य और सुविशाल योजना है—यह बात उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है। अब हम इस बात पर विचार करेंगे कि क्या इस योजना को क्रियान्वित करना सम्भव भी है?

अक्षांश-रेखांशों की प्रत्येक विकला के अन्तर पर स्थित बिन्दुओं (स्थलों) की परस्पर दूरी १२½ से ३१ मी. तक रहती है। इसका अर्थ यह हुआ कि विकलान्त अक्षांश-रेखांशों के लिए एक साधारण लम्बाई-चौड़ाई वाले मकान के विभिन्न उत्तरी-दक्षिणी और पूर्वी-पश्चिमी भागों या स्थलों के भी अक्षांश-रेखांश अलग-अलग हमें ज्ञात करने होंगे। एक ही घर के विभिन्न संलग्न कमरों में उत्पन्न जातकों की तथाकथित सूक्ष्मतम जन्मपत्री बनाने के लिए हमें उन विभिन्न कमरों के अक्षांश-रेखांश पृथक्-पृथक् ज्ञात करने होंगे। और तो और यदि कोई बड़े साईज का हॉल या कोई ड्राइंग रूम वगैरा है तो उसके विभिन्न भागों के भी अक्षांश-रेखांश अलग-अलग ज्ञात करने की समस्या आ पड़ेगी। लेकिन ऐसा कर सकना कहां तक सम्भव है—यह आप ही निर्णय करें।

विश्व के प्रामाणिक बड़े-बड़े (Britannica आदि) एटलसों में भी प्रसिद्ध-प्रसिद्ध नगरों के ही अक्षांश-रेखांश दिये रहते हैं, जो कलान्त ही होते हैं। इन कलान्त अक्षांश-रेखांशों के बारे में भी उनका कहना है कि ये भी लगभग ही हैं। यही कारण है, विभिन्न प्रामाणिक एटलसों में भी अनेक नगरों के अक्षांश-रेखांशों में कलाओं तक का अन्तर उपलब्ध होता है।

आजकल के एटलसों में विभिन्न नगरों के जो कलान्त अक्षांश-रेखांश दिए रहते हैं वे यद्यपि आसन्नमान के होते हैं, तथापि उनकी सूक्ष्मता हमारे प्राचीन (सूर्यसिद्धांत आदि) ग्रन्थों में निर्दिष्ट प्रणाली से ज्ञात अक्षांश-रेखांशों से कहीं अधिक है।

हमारे प्राचीन ज्योतिष ग्रन्थों में पलभा (विषुवदिन की मध्यान्ह कालिक बारह अंगुल के शंकु की छाया) से अक्षांश का साधन करने की प्रक्रिया लिखी है। पलभा से विकलान्त अक्षांश का ज्ञान तभी सम्भव है जब कि याम्योत्तर वृत्त में स्थित सूर्य की क्रान्ति सर्वथा शून्य हो। ध्यान रहे—ऐसी स्थिति एक स्थान पर अक्सर कई शताब्दियों में कहीं एक बार आती है। दूसरी बात यह भी है—यदि ऐसी स्थिति कहीं मिल भी जाए अथवा अनुपात आदि द्वारा पलभा जानने का प्रयास भी किया जाए तब भी केवल दृष्टि द्वारा शंकु की छाया को सर्वथा इतने यथार्थ रूप में मापना सम्भव भी नहीं है, जिससे विकलान्त-अक्षांश जाने जा सकें। शंकु के शीर्ष पर लगी नलिका से दृष्टि द्वारा सूर्यवेध से ज्ञात यथाशक्य सूक्ष्म पलभा में स्पष्ट किए गए अक्षांशमान में भी कलाओं तक की स्थूलता अपरिहार्य है।

अपि च हमारे प्राचीन ज्योतिष ग्रन्थों द्वारा साधित सूर्यक्रान्ति की शून्यता का काल भी इतना सूक्ष्म नहीं, जो इतनी सूक्ष्म पलभा बतला सके।

ध्यान रहे—सूर्य सिद्धांत आदि में विषुवदिन के अलावा अन्य दिनों में भी मध्याह्न कालिक सूर्य के नतांश जान कर उसमें तात्कालिक सूर्यक्रान्ति का संस्कार करके अक्षांशज्ञान की जो प्रक्रिया है, वह भी सूक्ष्म अक्षांश नहीं बतला पाती, क्योंकि सूर्य-सिद्धांत आदि प्राचीन ज्योतिष ग्रन्थों में सूर्य की परमक्रान्ति वास्तविक परमक्रान्ति से लगभग ३४ कला अधिक बतलाई गई है, जिससे सूर्य की तात्कालिक क्रान्ति में स्थूलता होने के कारण उससे ज्ञात अक्षांश भी स्थूल रहते हैं। अयन के दिन सूर्यक्रान्ति, जो उस समय परम होती है, प्रति वर्ष लगभग समान रहती है। उस दिन उसकी (सूर्यक्रान्ति की) गति भी परमाल्प होती है, अतः उस दिन मध्याह्न के समय सूर्यवेध द्वारा अक्षांश का ज्ञान अपेक्षाकृत सूक्ष्म होता है। लेकिन सूर्यसिद्धांतीय सूर्य की परमक्रान्ति सूक्ष्म (शुद्ध) परमक्रान्ति से आजकल लगभग ३४ कला अधिक रहती है, अतः अयन के दिन तो सूर्यसिद्धांतीय सूर्यक्रान्ति से ज्ञात किए जाने वाले अक्षांश में आजकल लगभग ३४ कला की अशुद्धि रहेगी। सूर्य की परम क्रान्ति में प्रतिवर्ष लगभग २९ प्रति विकला का ह्रास होता आ रहा है। इस ह्रास के अनुसार गणना करने पर सूर्यसिद्धांत के निर्माणकाल (पांचवी शताब्दी) में भी सूर्यसिद्धांतीय परमक्रान्ति वास्तविक परमक्रान्ति से २२ कला अधिक थी। अतः उस समय भी सूर्यवेध से साधित अक्षांशों में २२ कला तक की अशुद्धि तो रहती ही थी।

इस प्रकार स्पष्ट है—प्राचीन काल से ही हमारे ज्योतिषी लोग आसन्न अक्षांशों को ही प्रयोग में लाते रहे हैं, जिनमें विकला की तो बात छोड़िये कलाओं तक की स्थूलता रहती ही थी।

यही बात रेखांश (रेखान्तर) के बारे में भी है। सूर्यसिद्धांत आदि ग्रन्थों द्वारा किसी स्थान के रेखांश, जो उन दिनों उज्जैन, जयपुर आदि से गुजरने वाली प्रामाणिक रेखा (Standard Meridian) से मापे जाते थे, उज्जैन रेखा के कालानुसार स्पष्ट किए गए चन्द्रग्रहण के उन्मीलन (ग्रास समाप्ति) काल से ज्ञात किए जाते थे। ध्यान रहे—गणितागत उन्मीलन और दृष्टिग्राह्य उन्मीलनकाल में कम से कम १५ सेकण्ड का अन्तर प्रतीत होना एक बहुत ही साधारण बात है। इस १५ सेकण्ड के अन्तर से रेखांश में लगभग ४ कलाओं की अशुद्धि आ जाती है। यदि हम इस अन्तर को ४ सेकण्ड भी मान लें तो भी उन्मीलन से ज्ञात रेखांश में एक कला का स्पष्ट अन्तर रहेगा ही। विकला तक सूक्ष्म रेखांश जानने के लिए तो उन्मीलनकाल को दृष्टि में पकड़ने में सेकण्ड के पन्द्रहवें भाग से अधिक की अशुद्धि नहीं होनी चाहिए। मानव दृष्टि में इतनी शुद्धता की आशा रखना असम्भव कल्पना है।

दूसरी बात यह भी है कि सूर्यसिद्धांत आदि की प्राचीन गणित प्रक्रिया से साधित चन्द्रग्रहण काल में सामान्यतया पंद्रह-बीस मिनट का, कभी-कभी तो इससे भी कहीं अधिक अन्तर देखने को मिलता है। ऐसी स्थिति में तो चन्द्रग्रहण के उन्मीलन से ज्ञात रेखांश में

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

एक अंश से भी अधिक तक की अशुद्धि होने का अनेक बार भय रहता है।

उपरोक्त विवेचन का अभिप्राय यह है कि प्राचीन काल में भारतीय सिद्धांत ज्योतिष के आविर्भाव काल से लेकर आज से लगभग सौ-सवा सौ वर्ष पहले तक, जब तक कि अक्षांस-रेखांश के ज्ञापक आधुनिक सूक्ष्म यंत्र भारत में प्रचलित नहीं हुए थे, हमारे ज्योतिषी लोग गणित और फलित दोनों क्षेत्रों में काफी स्थूल अक्षांश-रेखांशों का ही प्रयोग करते रहे, जिसके कारण उनके द्वारा स्पष्ट किए गए लग्न आदि में भी स्थूलता का रहना स्वाभाविक था। यही बात नहीं है—आज के वैज्ञानिक युग में भी पाश्चात्य और भारतीय दोनों ज्योतिषी अक्षांश-रेखांशों में कुछ कलाओं की स्थूलता की परवाह नहीं करते, क्योंकि, जैसा कि हम पहिले स्पष्ट कर चुके हैं, अक्षांस-रेखांशों में कलान्त सूक्ष्मता लाना भी एक टेढ़ी खीर है।

जन्म काल की सूक्ष्मता

जन्म समय की सूक्ष्मता जन्मपत्र आदि की गणित की सूक्ष्मता से पर्याप्त सम्बन्ध रखती है। वास्तविक जन्मकाल के बारे में काफी मत-भेद है। कुछ विद्वान् कहते हैं, बच्चे का कोई भी अवयव जिस क्षण योनि से बाहर आता है, वही उसका जन्म समय है। कुछ लोग उस क्षण को जन्मकाल मानते हैं, जब बच्चे का सिर बाहर आता है। कुछ दैवज्ञों का कहना है, जिस क्षण नालच्छेद किया जाता है वही क्षण जन्मकाल है। कुछ ज्योतिषियों का कहना है—जिस क्षण बच्चा जन्म के बाद पहिली बार रोता है या प्रथम श्वास लेता है वही क्षण उसका जन्मकाल है। जन्मकाल की परिभाषा कुछ भी हो, जन्मकाल को सेकण्ड तक की सूक्ष्मता से जानना वस्तुतः एक समस्या है। साधारणतया लोग बच्चे के जन्मकाल में एक-दो मिनट की स्थूलता की तो परवाह करते ही नहीं। प्राचीन काल में जब कि आधुनिक घटीयन्त्र (Watches etc.) प्रयोग में नहीं आए थे तब जन्मकाल में ५-१० मिनट की अशुद्धि होना कोई अस्वाभाविक बात नहीं थी, क्योंकि जलघटी आदि प्राचीन यन्त्रों द्वारा ज्ञात काल में स्थूलता अधिकतर रहती ही थी। पुनरपि यदि आजकल कोई बहुत सावधानी बरते तो भी काल में पांच-सात सेकण्ड की अशुद्धि से बचना सम्भव नहीं है।

ध्यान रहे—यदि जन्मकाल में $\frac{1}{2}$ सेकण्ड की भी अशुद्धि रह जाए तो लग्न में अक्षांश भेद से १ विकला से लेकर ४२ विकला तक की अशुद्धि आ जाएगी—यह हम आगे स्पष्ट करेंगे।

सूर्योदयास्तकाल की सूक्ष्मता

सूर्योदयास्तकाल भी जन्मपत्र-गणित में महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है क्योंकि परम्परागत प्रणाली से जन्मपत्र बनाने के लिए सूर्योदय से इष्टकाल जानना जरूरी है। इसी तरह इसी प्रणाली में दशमलग्न साधन के लिए सूर्योदय और सूर्यास्तकाल दोनों का ज्ञान आवश्यक है। सूर्योदयास्तकाल की सूक्ष्मता के लिए स्थानीय अक्षांश-रेखांशों में अपेक्षित सूक्ष्मता आवश्यक है। यदि रेखांश में १५ विकला की अशुद्धि हो तो सूर्योदयास्तकाल में १ सेकण्ड की अशुद्धि आती है। इसी तरह भारतीय अक्षांस में १ कला की अशुद्धि होने पर सूर्योदयास्त में लगभग पौने तीन सेकण्ड तक की अशुद्धि आती है। यह अशुद्धि अधिक अक्षांशीय स्थलों पर उत्तरोत्तर बढ़ती जाती है। ६०° अक्षांश पर यह अशुद्धि ११ सेकण्ड तक चली जाती है। ध्यान रहे—क्योंकि सूर्य सिद्धान्तादि प्राचीन सिद्धान्त-करण ग्रंथों में सूर्य की परमक्रान्ति में २४ कला की स्थूलता है, अतः इन ग्रन्थों के अनुसार साधित सूर्योदयास्तकाल में अशुद्धि विषुवद्दिन से अयनबिन्दु तक उत्तरोत्तर बढ़ती जाती है। अक्षांशों की वृद्धि के साथ-साथ यह अशुद्धि और भी अधिक होती जाती है। भारत में यह अशुद्धि उत्तरायण और दक्षिणायण के दिन सूर्योदय एवं सूर्यास्त में २ मिनट तथा दिनमान में ४ मिनट तक और ६५° अक्षांशीय स्थलों पर सूर्योदय-सूर्यास्त में १७ मिनट तथा दिनमान में ३४ मिनट तक हो जाती है। अतः हम कह सकते हैं—सूर्यसिद्धान्त आदि प्राचीन भारतीय ज्योतिष ग्रन्थों द्वारा सूर्योदय-सूर्यास्त एवं दिनमान को सेकण्ड तक की सूक्ष्मता में स्पष्ट करने वाले प्राचीन ज्योतिषियों का प्रयास अक्सर विफल ही रहता था।

यदि सूर्योदयकाल में $\frac{1}{2}$ सेकण्ड की भी अशुद्धि रह जाए तो उससे बनाए गए इष्ट-काल में स्पष्ट किए गये लग्न में १ से ४२ विकला तक की अशुद्धि आ जाएगी, यह आगे चल कर स्पष्ट हो जाएगा।

साम्पातिककाल की सूक्ष्मता

आधुनिक लग्न साधन प्रणाली में "सूर्योदयाद् इष्टकाल" के स्थान पर साम्पातिक-काल (Sidereal time) का ही प्रयोग किया जाता है। जैसा कि पाठक जानते हैं—साम्पातिककाल के साधन के लिए सूर्योदयकाल की अपेक्षा नहीं रहती। क्योंकि साम्पातिक-काल का निर्णायक स्थानीय रेखांश और जन्मकाल होता है, अतः इसमें सेकण्ड तक की सूक्ष्मता लाने के लिए जन्मकाल और रेखांश दोनों १५ विकला तक सूक्ष्म होने चाहिए। लेकिन, जैसाकि पहिले बतला चुके हैं, रेखांश में कलान्त सूक्ष्मता भी सन्देहास्पद होती है, अतः साम्पातिककाल में कुछ सेकण्डों की अशुद्धि प्रायः रहती ही है जिससे लग्न में अनेक विकलाओं की अशुद्धि से बचाव सम्भव नहीं होता। एक यह बात बहुत कम ज्योतिषियों को शायद ज्ञात हो कि पंचांगों एवं लग्न-सारणियों की पुस्तकों में प्रकाशित होने वाली साम्पा-तिककाल साधक सारणियों से प्राप्त होने वाला साम्पातिककाल मध्यम होता है, स्पष्ट नहीं। मध्यम और स्पष्ट साम्पातिककाल में अन्तर, जिसे (Equation of Equinoxes) कहा जाता है, सवा सेकण्ड तक हो जाता है। अतः इस प्रचलित मध्यम साम्पातिककाल से ज्ञात लग्न में शून्य अक्षांशीय स्थल पर १८ विकला तक की अशुद्धि उत्पन्न होती है। यह अशुद्धि अधिक अक्षांश वाले स्थलों पर तो अनेक कलाओं तक पहुंच जाती है।

लग्न की सूक्ष्मता

इष्टकाल (या साम्पातिककाल) एवं स्थानीय अक्षांश की सूक्ष्मता पर लग्न की सूक्ष्मता आश्रित है।

इष्टकाल या साम्पातिककाल में १ सेकण्ड की स्थूलता से शून्य अक्षांश वाले स्थलों पर लग्न में लगभग १५ विकला, ३५ अक्षांश वाले स्थलों पर २३ विकला, ४८ अक्षांश वाले स्थलों पर ३२ विकला, ६० अक्षांश वाले स्थलों पर ६६ विकला और ६६ अक्षांश वाले स्थलों पर ६३० विकला तक की अशुद्धि आती है—यह गणित सिद्ध है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि लग्न में विकलान्त सूक्ष्मता के लिए हमारा इष्टकाल या साम्पातिक काल सेकण्ड से भी अधिक सूक्ष्म होना जरूरी है। जैसा कि हम पहिले भी बतला चुके हैं इसमें इतनी सूक्ष्मता लाना सरल नहीं है। जबकि अक्षांश-रेखांश में कला तक की सूक्ष्मता प्राप्त करना ही कठिन है तब लग्न में विकला तक की सूक्ष्मता की बात सोचना भी व्यर्थ है।

लग्न-सारणियां अधिकतर एक-एक अक्षांश के अन्तर पर बनी मिलती हैं। आधा-आधा अक्षांश के अन्तर पर बनी लग्न-सारणियां बहुत कम हैं। आधा-आधा अक्षांश के अन्तर पर बनी लग्न-सारणियों से भी अभीष्ट स्थान के विकलान्त अक्षांशों का प्रयोग करते हुए यदि अनुपात द्वारा लग्न स्पष्ट किया जाए तो उसमें भी अनेक विकलाओं का अन्तर

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

रहेगा। अधिक अक्षांश वाले स्थानों पर तो यह अन्तर अनेक कलाओं तक चल जाएगा।

किसी एक स्थल से दूसरे स्थल का अक्षांश यदि केवल एक ही कला अधिक या कम हो तो एक ही समय उन दोनों स्थलों पर लग्न में अन्तर देखने को मिलता है। जैसे—१ अक्षांशीय स्थल के आस-पास यह अन्तर लगभग २४ विकला, २१ अक्षांशीय स्थल के आस-पास २८ विकला, ३६ अक्षांशीय स्थल के आस-पास ४० विकला, ५१ अक्षांशीय स्थल के आस-पास ९२ विकला, ६१ अक्षांशीय स्थल के आस-पास ३१० विकला, ६३ अक्षांशीय स्थल के आस-पास ५३५ विकला और ६६ अक्षांशीय स्थल के आस-पास १६८० विकला तक पाया जाता है। ध्यान रहे—यदि हमारे पास अक्षांशों की एक-एक कलाओं के अन्तर पर बनी, साम्पातिककाल के एक-एक मिनट पर विकलान्त लग्न बतलाने वाली लग्न-सारणियां भी हों तो उनसे भी विकलान्त अक्षांश द्वारा अनुपात से लग्न स्पष्ट करने पर कुछ विकलाओं का अन्तर लग्न में अनेकत्र रहेगा ही।

यह तो रही बात लग्न पर अक्षांश के प्रभाव की। अब हम लग्न पर रेखांश की स्थूलता के प्रभाव की बात करेंगे :—

रेखांश में यदि १ विकला की स्थूलता (अन्तर) हो तो काल (इष्टकाल या साम्पातिक काल) में $\frac{1}{15}$ सेकण्ड (सेकण्ड के पन्द्रहवें भाग) की अशुद्धि आ जाती है, जिससे लग्न में शून्य अक्षांशीय स्थलों पर लगभग १ विकला, ३५ अक्षांशीय स्थलों पर $1\frac{1}{2}$ विकला, ४८ अक्षांशीय स्थलों पर २ विकला, ६० अक्षांशीय स्थलों पर $4\frac{1}{2}$ विकला और ६६ अक्षांशीय स्थलों पर ४२ विकला तक की अशुद्धि आ जाती है। जैसा कि हम पहिले विस्तार पूर्वक सिद्ध कर चुके हैं कि रेखांशों को कलान्त सूक्ष्मता से जानना भी भारी समस्या है, अतः हमारे स्थानीय रेखांशों में कला तक की अशुद्धि का होना एक साधारण बात है। केवल एक कला की अशुद्धि रेखांश में होने पर आपके लग्न में अशुद्धि उपरोक्त अशुद्धि से साठ गुणा हो जाएगी।

लग्न साधन की प्राचीन प्रक्रिया में स्थूलता

लग्न साधन की हमारी प्राचीन परम्परागत प्रक्रिया कितनी स्थूल रही है इसका यहां निर्देश करना अप्रासङ्गिक नहीं होगा। सभी प्राचीन सिद्धान्त एवं करण ग्रन्थों में राशियों के स्वोदय पलों से अनुपात द्वारा ("तत्काले लग्नार्कस्य ....." प्रक्रिया से) इष्टकालिक लग्न की राशि, अंश, कला, विकला स्पष्ट करने की पद्धति बतलाई गई है, जिसका प्रयोग अनेक ज्योतिषी करते रहे हैं। इस प्रक्रिया से साधित लग्न में भारी अशुद्धि पाई जाती है। यह अशुद्धि शून्य अक्षांशीय स्थलों पर कुछ कम और अधिक अक्षांशीय स्थलों पर उत्तरोत्तर बढ़ती जाती है। जैसे—शून्य अक्षांश पर यह अशुद्धि लगभग १८ कला, १५ अक्षांश पर ३० कला, २५ अक्षांश पर ३७ कला, ३० अक्षांश पर ४४ कला, ३६ अक्षांश पर ५४ कला, ४० अक्षांश पर ६५ कला, ६० अक्षांश पर १८० कला और ६६ अक्षांश पर ८ अंश तक बढ़ जाती है।

लग्न साधन की यह प्रक्रिया प्राचीन काल में खूब प्रचलित रही है, अब भी कुछ लोग लग्न साधनार्थ इस प्रक्रिया का आश्रय लेते हैं, और इससे विकलान्त लग्न स्पष्ट कर उसमें परम सूक्ष्मता का दावा करते हैं। स्पष्ट है—इस प्रक्रिया द्वारा साधित लग्न अधिकतर कलान्त भी शुद्ध नहीं होता।

लग्न को सूक्ष्मता से स्पष्ट करने के लिए ऐसी लग्न सारणियां भी बनाई गई हैं जिनमें राशियों के एक-एक अंशों के सूक्ष्म स्वोदय स्पष्ट करके दिए रहते हैं। भिन्न-भिन्न अक्षांशों की ऐसी लग्न सारणियां आज-कल प्रयोग में लाई जाती हैं, जिनसे इष्टकालिक स्पष्ट सूर्य के राश्यादि एवं इष्टकाल के घटी-पलों से अनुपात द्वारा इष्टकालिक लग्न को विकलान्त स्पष्ट करने की परम्परा है। ध्यान रहे—इन लग्न सारणियों से स्पष्ट किए गए लग्नों में भी अन्तर रहता है। भारतीय स्थलों के लग्नों में यह अन्तर ४-५ विकला तक रहता है। ६६ अक्षांश पर तो यह अन्तर अनेक कलाओं तक पहुंच जाता है।

इस प्रकार स्पष्ट हो जाता है, कि लग्न को विकलान्त सूक्ष्मता से स्पष्ट करना तो बहुत दूर की बात है, इसे कोई कलान्त सूक्ष्मता से भी स्पष्ट करले तो उसकी यह एक बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी।

यहां एक यह बात भी ध्यान देने योग्य है कि सूर्यसिद्धान्त आदि सिद्धान्त-करण ग्रन्थों में निर्दिष्ट सूर्य की परमक्रान्ति में आज-कल ३४ कला की अशुद्धि के कारण इन प्राचीन सिद्धान्तकरण ग्रन्थों द्वारा निर्धारित विषुवद्वृत्त वास्तविक विषुवद्वृत्त से विलग है, जिससे क्रान्तिवृत्त के विभिन्न बिन्दुओं के चर, राशियों के स्वोदयकाल और सूर्योदयास्तकाल, जो सूर्य की परमक्रान्ति के अशुद्धमान (२४ अंश) के आधार पर निर्धारित किए जाते हैं, इतने सूक्ष्म (शुद्ध) नहीं हो सकते। इनमें अन्तर अपरिहार्य है। यह अन्तर भविष्य में उत्तरोत्तर बहुत धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है; क्योंकि सूर्य की वास्तविक परमक्रान्ति प्रतिवर्ष लगभग आधी विकला की दर से कम होती जा रही है। अतः वर्त्तमान शुद्ध परमक्रान्ति से बनाई गई विकलान्त लग्न सारणियां भी भविष्य में कुछ वर्षों बाद हमें तात्कालिक परिवर्त्तित परमक्रांति के आधार पर नए तौर पर बनानी होंगी, अन्यथा उन लग्न सारणियों द्वारा निर्दिष्ट लग्न-विकलाएं प्रामाणिक नहीं होंगी। परमक्रान्ति में इस स्वल्प ह्रास का प्रभाव कर्क-मकर और उनकी पार्श्वस्थ राशियों के स्वोदय कालों पर अपेक्षाकृत जल्दी और अधिक पड़ता है।

स्पष्ट ग्रहों की सूक्ष्मता

जन्मपत्र, वर्षफल आदि में स्पष्ट ग्रहों के राश्यादि अक्सर विकलान्त पाए जाते हैं। ये अधिकतर इष्टकालिक ग्रह पंचाङ्गों में दिए गए दैनिक स्पष्ट ग्रहों से दैनिक गति द्वारा त्रैराशिक गणित के अनुसार स्पष्ट किए होते हैं। ध्यान रहे—सूर्य एवं राहु को छोड़ कर अन्य किसी भी ग्रह की त्रैराशिक द्वारा इष्टकालिक बनाकर उसमें विकलान्त सूक्ष्मता की आशा करना व्यर्थ है। जो ग्रह शीघ्र गति वाला हो और उसकी दैनिक गति में प्रतिदिन वृद्धि या ह्रास हो रहा हो उस ग्रह को त्रैराशिक द्वारा इष्टकालिक बनाने में अशुद्धि से नहीं बचा जा सकता। यह अशुद्धि विकलाओं और अनेकत्र कलाओं तक पाई जाती है। दैनिक स्पष्ट ग्रहों से त्रैराशिक द्वारा इष्टकालिक ग्रह बनाने पर गुरु में लगभग २ विकला, शनि में १ विकला, बुध में २ कला, शुक्र और मंगल में कई विकलाओं तथा चन्द्रमा में ४ कलाओं तक का अन्तर आ जाता है। सूर्य में कोई खास अन्तर नहीं आता।

हमारे सभी सिद्धान्त करण ग्रन्थकारों ने तिथि, नक्षत्र और योग के समाप्तिकाल के साधन के लिए भी सूर्य-चन्द्र की गतियों से त्रैराशिक का ही प्रयोग किया, जिससे इनके समाप्तिकालों में ६-७ मिनट तक की स्थूलता का होना स्वाभाविक ही है।

एक यह बात ज्योतिषियों को ध्यान में रखना चाहिए—हमारे सूर्यसिद्धान्त आदि ग्रन्थों में जो ग्रहों के स्पष्टीकरण की प्रक्रिया बतलाई गई है, उससे ग्रहों के भोगांशों (राश्यादि) में विकला तक की सूक्ष्मता की आशा रखना सिद्धान्तानभिज्ञता है। क्योंकि इन सभी ग्रन्थों में ज्याप्रकृतिक (Sinusoidal) फलों में भी जगह-जगह पर त्रैराशिक का प्रयोग किया गया है। यहां तक कि सूर्यसिद्धान्त में २२५ कलाओं के अन्तर पर पठित ज्या, उत्क्रमज्या पिण्डों के मध्यस्थ ज्यामान और चापकलाओं के लिए भी त्रैराशिक का आश्रय लिया गया है, जिससे ग्रहों के भोगांशों में विकलाओं का अन्तर तो आता ही है, कलाओं का

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अन्तर भी अक्सर घटित होता रहता है। इस प्रकार स्पष्ट है—सूर्यसिद्धान्त, ब्राह्मसिद्धान्त आदि प्राचीन सिद्धान्त ग्रन्थों से साधित ग्रहों के भोगांश उन ग्रन्थों के सिद्धान्तों के अनुसार भी यथार्थ नहीं होते। दृक्सिद्ध प्रणाली द्वारा साधित ग्रहों से तो उनका अन्तर अनेकत्र लक्ष्य होता ही है। और भी देखिए—इन प्राचीन सिद्धान्तों के रचयिता ऋषि-आचार्य लोग ग्रहों की कलान्त ही स्पष्ट कर गये पदे-पदे चर्चा करते हैं। तिथि, नक्षत्र आदि के साधन में भी सूर्य और चन्द्र के कलान्त भोगांशों का ही इन्होंने प्रयोग किया ("रवीन्दु योग-लिप्तास्तत योगा अयोग भाजिताः।.....अर्कोन चन्द्र लिप्तास्तु तिथयो भोगभाजिताः।..... घटिका नक्षत्रयोगाप्ता भानि ....."—सूर्यसिद्धान्त)। ग्रहयुत्यध्याय में भी ग्रहों की समकल-भोगांशों की स्थिति को ही ग्रह युति की संज्ञा दी है। ग्रह लाघव आदि करण ग्रन्थों द्वारा निर्दिष्ट प्रक्रिया भी कलान्त ही परिणाम देती है। लेकिन इन प्राचीन ग्रन्थों में निर्दिष्ट ग्रह साधनादि प्रक्रिया की उपपत्ति बतलाती है कि इन ग्रन्थों के द्वारा प्रतिपादित गणना पद्धति से प्राप्त परिणाम इन (ग्रन्थों) के मूलभूत सिद्धान्तों के अनुसार भी काफी स्थूल होते हैं, इनमें अनेक विकलाओं और कलाओं का अन्तर होना एक सामान्य सी बात है।

इन सिद्धान्त और करण ग्रन्थों से साधित इन अन्तरित दैनिक स्पष्ट ग्रहों से वैराशिक द्वारा इष्टकालिक ग्रह स्पष्ट करने की प्रक्रिया पुनः इनमें और अन्तर (स्थूलता) लाती है। इस प्रकार जन्मपत्र आदि में दिए जाने वाले ग्रह भोगांशों में स्थूलता और भी बढ़ जाती है।

सूक्ष्म दृक्सिद्ध पंचांग वाले आधुनिक पंचांगों में दिए गए दैनिक स्पष्ट ग्रहों से भी वैराशिक द्वारा ही अधिकतर ज्योतिषी इष्टकालिक ग्रह स्पष्ट करने की प्रकृति रखते हैं। दृक्सिद्ध (सूक्ष्म) ग्रहों से वैराशिक द्वारा साधित इष्टकालिक ग्रहों में भी उसी प्रकार अन्तर आता है जिस प्रकार सिद्धान्तागत दैनिक ग्रहों से वैराशिक द्वारा साधित ग्रहों में। हां, यदि दैनिक ग्रहों से इष्टकालिक ग्रहसाधनार्थ अन्तर्यात (Interpolation) पद्धति का आश्रय लिया जाए तो साधित इष्टकालिक ग्रहों में कला या कलाओं की अशुद्धि तो नहीं रहेगी, हां, विकलाओं तक की अशुद्धि तो फिर भी अनेकत्र शीघ्र गति वाले ग्रहों में घटित होगी। चन्द्रमा के भोगांशों को तो अन्तर्यात पद्धति के प्रयोग से भी विकलाओं की अशुद्धि से अधिकतर नहीं बचाया जा सकता।

४०–४५ वर्ष पूर्व के लगभग सभी भारतीय पंचांगों में केवल साप्ताहिक या प्रत्येक कला-सूचिका और अष्टमी तिथि के ही स्पष्ट ग्रह दिए रहते थे। उनसे वैराशिक द्वारा ज्योतिषी लोग अपने अभीष्ट दिन के इष्टकालिक ग्रह स्पष्ट किया करते थे। आश्चर्य की बात तो यह है—उन साप्ताहिक ग्रहों से भी इष्ट दिन के इष्टकालिक ग्रहों को वे लोग वैराशिक द्वारा विकला तक स्पष्ट करके जन्मपत्र आदि में लिखते थे, जबकि उपपत्ति बतलाती है, वैराशिक द्वारा निकाले गए उन स्पष्ट ग्रहों में अनिवार्यतः विकलाओं और अनेकत्र कलाओं की भी अशुद्धि रहती है। कुल में तो यह अशुद्धि अनेकत्र एक अंश से भी अधिक हो जाती है। अब आप ही देखिए—ऐसे स्पष्ट ग्रहों के भोगांशों से नवांशादि का निर्धारण कहां तक प्रामाणिक हो सकता है।

दशान्तर्दशा की सूक्ष्मता

अनेक ज्योतिषी लोग जन्मपत्र आदि में दशा के भुक्त-भोग्य और प्रारम्भ-समाप्ति के कालों को घटी-पलों तक स्पष्ट करके लिखते हैं। उन्हें मालूम होना चाहिए कि दशान्तर्दशाओं का भुक्त-भोग्य काल चन्द्रमा के जिन भोगांशों पर आधारित है, उसमें जैसाकि पहिले बतला चुके हैं, ४ कलाओं तक की अशुद्धि हो सकती है। चन्द्रमा में ४ कला की अशुद्धि होने पर सूर्य, चन्द्र, मंगल, राहु, गुरु, शनि, बुध, केतु और शुक्र की दशाओं के भुक्त-भोग्य काल में क्रमशः ११, १८, १२, ३२, २८, ३४, १०, १२ और १६ दिनों का अन्तर पड़ जाता है। इस प्रकार स्पष्ट है, यहां घटी-पलों तक की तथाकथित सूक्ष्मता के प्रदर्शन में ज्योतिषी का या तो अज्ञान निहित है अथवा आडम्बर। दशा के भुक्त-भोग्यकाल में घटी तक की शुद्धि लाना तभी सम्भव है जबकि जन्म-कालिक चन्द्र का भोगांश सामान्यतया प्रति विकला तक शुद्ध हो। दशा के भुक्त-भोग्य में पल तक की शुद्धि के लिए तो चन्द्रमा में विप्रतिविकला तक की शुद्धि चाहिए। जैसे कि पहले प्रकट कर चुके हैं, अन्तर्यात पद्धति भी चन्द्रमा में विकलाओं की अशुद्धि का भी निवारण करने में असमर्थ है। उसमें प्रतिविकला और विप्रतिविकला तक की सूक्ष्मता लाने की बात तो हम सोच भी नहीं सकते। अतः उपरोक्त विवरण को ध्यान में रख कर गणक को दशा-अन्तर्दशाओं में कुछ दिनों की स्थूलता से भी घबराहट नहीं होनी चाहिए।

उपरोक्त विस्तृत चर्चा का सारांश यह है इष्टकालिक लग्न और स्पष्ट ग्रहों के भोगांशों में यथासम्भव लगभग कला तक जन्मकाल और सूर्योदयास्तकाल में लगभग मिनट तक एवं दशान्तर्दशा-कालों में लगभग दिन तक की सूक्ष्मता पर ही दैवज्ञ को सन्तोष कर लेना चाहिए, क्योंकि विकला और सेकण्ड आदि तक की सूक्ष्मता के लिए किया गया उसका परिश्रम उपरोक्त अनेक कारणों से वस्तुतः अर्थहीन रहता है।

ऊपर दिए गए हमारे विवेचन का अर्थ यह कदापि नहीं समझना चाहिए कि किसी स्थल के अक्षांश-रेखांश और किसी समय के लग्न ग्रह भोगांश आदि का सर्वथा सूक्ष्मतम मान जाना ही नहीं जा सकता। आजकल ऐसे अति नवीन वेध-यन्त्र एवं Computer उपलब्ध हैं जिनसे इन सभी तत्त्वों के सूक्ष्मातिसूक्ष्म मान जाने जा सकना पूरी तरह सम्भव है। लेकिन ग्रह-गणित के सभी मूल सिद्धान्तों पर परिपूर्ण आधिपत्य रखने वाले एवं यन्त्र प्रयोग में सुदक्ष, ज्योतिष के कुछ विशिष्ट विद्वान् ही इन यन्त्रों का प्रयोग कर सकते हैं, और यह कार्य श्रमसाध्य भी है। दूसरी बात यह भी है कि इतनी यथार्थ सूक्ष्मता के लिए ज्योतिषी को जातक के ठीक जन्म-स्थान पर (प्रसूति गृह आदि में) अपेक्षित बहुमूल्य वेधयन्त्र आदि अनिवार्यतः उपलब्ध भी होने चाहिएं।

ध्यान रहे—यदि इन नव्यतम अभ्युन्नत यन्त्रों की सहायता से जन्मकालीन और जन्मस्थानीय इन तत्त्वों को पर्याप्त सूक्ष्मता से कोई वैज्ञानिक ज्योतिषी भारी परिश्रम से ज्ञात कर भी ले तो भी उससे कोई उपलब्धि फलादेश के क्षेत्र में होने वाली नहीं है। विकलान्त या प्रतिविकलान्त सूक्ष्म लग्न-ग्रह भोगांशों तथा विपलान्त या प्रतिविपलान्त सूक्ष्म दशा-न्तर्दशाओं के आधार पर की जाने वाली दैवज्ञ की भविष्यवाणी में कोई विशेषता आ जाएगी—ऐसी कोई बात भी तो है नहीं॥

(यह लेख हमारे अप्रकाशित ग्रन्थ "गणक मार्तण्ड" से लिया गया है)

"गणक मार्तण्ड" को प्राप्त करने के इच्छुक ग्राहकों के अनेकों पत्र हमारे कार्यालय को प्रतिदिन प्राप्त होते हैं। पुस्तक प्रकाशित होते ही हम उन महानुभावों को स्वयं सूचित करेंगे, जिनको आरक्षण नं. दिए जा चुके हैं। कृपया इस बारे में पत्र न लिखें, और नहीं कोई एडवांस भेजने का कष्ट करें।

मैनेजर
श्री मार्तण्ड ज्योतिष कार्यालय,
पो. कुरावली (रोहड़)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

समस्याएं और समाधान

(लेखक—प्रियव्रत शर्मा)

प्रश्न—(१) ऋषभ कुमार की कौनसी नाम राशि होनी चाहिए, वृष या तुला ?

(२) आपने लग्न की भांति चन्द्र से भी १, ४, ७, १०वें या १२वें भाव में क्रूरग्रह की स्थिति को कुजदोष कारक माना है। मैं समझता हूं, चन्द्रमा सवा दो दिन एक राशि में रहता है और लग्न केवल दो घण्टा ही, अतः "स्थूलात् सूक्ष्मं ज्यायः"—न्याय से लग्न को ही अधिक महत्त्व देना चाहिए। 'बृहज्जातक' में चन्द्र-लग्न में से जो अधिक बलवान् हो उसी से फलादेश कहने का निर्देश है।

(३) द्वादशस्थ और चतुर्दस्थ शनि सप्तम भाव को ७५ प्रतिशत दृष्टि से देखता है, अतः इससे कुजदोष का परिहार हो जाता है—ऐसा आपने लिखा है। लेकिन शत-प्रतिशत क्रूर (मङ्गल) दृष्टि का ७५ प्रतिशत क्रूर दृष्टि से कैसे परिहार हो सकता है ? किञ्च वहां पूर्ण दृष्टि का ही ग्रन्थकारों ने ग्रहण किया है, एक पाद, द्विपाद या त्रिपाद दृष्टि का नहीं।

—आचार्य श्री केसरी लाल शास्त्री, ५ अङ्कपात मार्ग, उज्जैन

उत्तर—(१) ऋकार का मूल उच्चारण अब लुप्त हो गया है। उत्तर भारत में इसे इकारयुक्त रकार (अर्थात् 'रि') के रूप में और दक्षिण भारत में उकारयुक्त रकार (अर्थात् 'रु') के रूप में ही उच्चरित किया जाता है। अतः ऋषभ कुमार, जिसे रिषभ कुमार या रुषभ कुमार बोला जाता है रकारादि ही माना जाएगा, जिससे इसकी नाम राशि तुला ही होगी। ध्यान रहे—नाम राशि का निर्णय वर्ण के उच्चारण से ही सम्बद्ध है। हम किसी वर्ण को किसी भी रूप में लिख सकते हैं। लेकिन उसकी राशि का निर्णय उसके उच्चारण पर ही निर्भर करेगा। निःसन्देह हम ऋकार को एक स्वर मानते हैं लेकिन इसका उच्चारण हम इकारान्त या उकारान्त रकार के रूप में ही करते हैं, जिसकी राशि तुला ही है। इसी प्रकार 'ज्ञान चन्द' का उच्चारण हम "ग्यान चन्द" के रूप में करते हैं अतः इस नाम की राशि मकर और नक्षत्र धनिष्ठा ही होगा। यदि हम इसका उच्चारण "ज्ञानचन्द" के रूप में करें तो इसकी राशि तो मकर ही रहेगी (क्योंकि जकार और गकार दोनों मकर राशि के अन्तर्गत ही आते हैं) लेकिन नक्षत्र उ.षा. होगा। सारांश यह है—**किसी वर्ण की राशि उसके उच्चारण पर अवलम्बित है, उसकी लिखित आकृति पर नहीं।**

(२) लग्न और चन्द्र को जातक ग्रन्थों में समान रूप से भावफल निर्णायक लिखा है। "फल-दीपिका" आदि जातक ग्रन्थों में इसके पोषक अनेक वाक्य हैं। अतः जिस प्रकार लग्न से तन्वादि भावों की स्थिति मानी जाती है, वैसे ही चन्द्र से भी। 'बृहज्जातक' में एक स्थल पर यह निर्देश अवश्य है कि लग्न-चन्द्र में जो बलवत्तर हो उसके आधार पर भावफल का निर्णय किया जाए। लेकिन यह निर्देश विशेष के लिए है। सामान्यतया भाव-फल के निर्णय के सम्बन्ध में लग्न-कुण्डली की भांति चन्द्र-कुण्डली को भी प्रयोग में लाने के निर्देशों से हमारे जातक ग्रन्थ भरे पड़े हैं, यही कारण है सभी जन्म-पत्रियों में लग्न-कुण्डली के साथ प्रत्येक स्थिति में चन्द्र-कुण्डली लगाने की भी परम्परा है।

"स्थूलात् सूक्ष्मं ज्यायः"—न्याय एक ही पदार्थ की दो स्थूल और सूक्ष्म विधाओं में से सूक्ष्म विधा की ग्राह्यता बतलाता है, दो विभिन्न पदार्थों में इसकी प्रवृत्ति नहीं होती। उदाहरणार्थ—इसका अर्थ यह है कि जहां सूक्ष्म गणित उपलब्ध हो वहां स्थूल गणित स्वीकार नहीं करनी चाहिए। इस न्याय का अर्थ यह कदापि नहीं कि तलवार के स्थान पर सुई का प्रयोग उत्तम है।

(३) ज्योतिष के ग्रन्थों में एकपाद—द्विपादादि ग्रह दृष्टियों के प्रभावों का वर्णन मिलता है। 'जातक पद्धति' आदि ग्रन्थों में भावबल निकालते समय इन सभी प्रकार की दृष्टियों का पूरा विचार किया गया है। किसी भाव पर ग्रहबल के निर्णय में एक पादादि सभी दृष्टियों का पूरा विचार श्रीपति आदि पद्धतियों में है, अन्यथा इन एकपाद, द्विपाद और त्रिपाद दृष्टियों की जातक ग्रन्थों में चर्चा ही नहीं होती।

प्रश्न—जातक के जन्मकाल (भा. स्टैं. टा.) में से जन्मस्थान का सूर्योदयकाल (भा. स्टैं टा.) घटा कर इष्टकाल बनाया जाता है। लेकिन मेरे एक मित्र ज्योतिषी इस प्रक्रिया को गलत बतलाते हैं, उनका कहना है कि जन्मकाल में से स्टैण्डर्ड अन्तर के मिनटों को चिह्नानुसार जोड़-घटा कर उसे (जन्मकाल को) पहिले स्थानीय काल बनाना जरूरी है। क्या मेरे ये मित्र ठीक कहते हैं ?

—पं. श्याम दत्त ब्रह्मज्ञ, पराशर ज्योतिष कार्यालय, सोलन हि. प्र.)

उत्तर—आपके मित्र महोदय बुरी तरह भ्रान्त हैं। भा. स्टैं. टा. वाले जन्मकाल में से ही भा. स्टैं. टा. वाला सूर्योदयकाल घटाने पर शुद्ध इष्टकाल बन सकेगा। यदि जन्म-काल को स्टैंडर्ड अन्तर चिह्नानुसार जोड़-घटाकर स्थानीय मध्यमकाल बनाना है तो यह भी जरूरी है कि सूर्योदयकाल (भा. स्टैं. टा.) को भी स्टैण्डर्ड अन्तर जोड़-घटाकर स्थानीय मध्यमकाल बना लिया जाए अन्यथा इष्टकाल अशुद्ध होगा। कहने का अभिप्राय यह है कि जन्मकाल और सूर्योदयकाल दोनों सजातीय होने चाहिएं, अर्थात् या तो ये दोनों भा.स्टैं.टा. में हों या स्थानीय मध्यमकाल में। जब कि जातकों का जन्मकाल भा. स्टैं. टा. में ही हम ज्ञात करते हैं और पंचांगों में दिया सूर्योदयकाल भी भा.स्टैं.टा. में ही होता है तब बिना किसी परिवर्तन किए इन दोनों का अन्तर लेकर इष्टकाल बनाना सरल है।

प्रश्न—कुछ गढ़वाली पंचांगों के सूर्य संक्रान्तिकाल आपके एवं अन्य अधिकतर पंचांगों से भिन्न होते हैं।

—श्री उमेश नथानी, ५३ इंजीनियर रेजिमेण्ट, C/o 56 A.P.O.

उत्तर—हमारे पंचांग में दिए सूर्य संक्रान्तिकाल वेधसिद्ध (सूक्ष्म, इक्तुल्य) गणित के अनुसार होते हैं, जबकि गढ़वाल के अधिकतर पंचांग अभी तक सूर्य सिद्धान्तीय संक्रान्तिकाल ही देते हैं, जो सूक्ष्म (वेधसिद्ध) नहीं होते।

प्रश्न—(१) क्या गुरु-शुक्रास्तकाल और मलमास में महामृत्युंजय का जप किया जा सकता है ?

(२) स्पष्ट लग्न सर्वथा सन्धि में हो तो उसका क्या फल होगा ? यदि स्पष्ट लग्न ३ रा. ० अं. ० क. ० वि. हो तो लग्न मिथुन माना जाएगा या कर्क ?

(३) क्या गण्डमूल नक्षत्रों के शुभ फल वाले भाग में उत्पन्न जातक की भी गण्ड-मूल शान्ति करवाना आवश्यक है ?

—श्री राजेन्द्र बड़कुलिया शास्त्री, कठुआ, (काश्मीर)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

उत्तर—(१) अनन्य गतिक ऐसे कार्यों को जिन्हें सामान्यतया मलमास और गुरु-शुक्रास्त के काल में निषिद्ध किया है, मलमास और गुरु-शुक्रास्त में कर लेना चाहिए—ऐसी शास्त्रानुमति है। महामृत्युंजय का जप गम्भीर अस्वास्थ्य एवं आशंकित मृत्यु की स्थिति में किया जाता है, अतः मलमास और गुरु-शुक्रास्त के काल में यह किया जा सकता है, क्योंकि इस जप के लिए कालक्षेप सह्य नहीं है—"मलेऽनन्यगति कुर्यान्नित्यां नैमित्तिकीं क्रियाम्।"

(२) लग्न यदि सर्वथा सन्धिगत हो तो उसका राशिफल शून्य होगा। यदि स्पष्ट लग्न ३ रा. ० अं. ० क. ० वि. हो तो लग्नराशि कर्क मानी जाएगी। यहां यह जान लेना चाहिए—ऐसे राशि-नक्षत्र आदि से सर्वथा सन्धिगत बिन्दुओं पर स्थित लग्न या ग्रह को उस राशि या नक्षत्र में समझना चाहिए जिसकी ओर वह (लग्न या ग्रह) प्रवृत्त (जा रहा) हो। ऐसे सर्वथा सन्धिगत बिन्दुओं पर एक राशि या नक्षत्र आदि की समाप्ति और उससे अग्रिम राशि या नक्षत्र आदि का प्रारम्भ हो रहा होता है। अतः ऐसा बिन्दु दोनों पूर्वापरवर्त्ती राशि-नक्षत्रादि की सीमा के बाहर भी माना जा सकता है भीतर भी। इस बिन्दु की स्थिति ठीक वैसी ही होती है जैसी कि दो प्रान्तों को विभाजित करने वाली सीमा रेखा की। लेकिन उस सीमा पर पहुंचे व्यक्ति को उस प्रान्त में प्रविष्ट मान लिया जाता है जिस प्रान्त की ओर वह प्रवृत्त हो रहा (जा रहा) होता है। ठीक इसी प्रकार राशि-मण्डल के ऐसे सर्वथा सन्धिगत बिन्दु पर स्थित ग्रह या लग्न को उसी राशि या नक्षत्र आदि में प्रविष्ट मान लिया जाता है जिसकी ओर वह बढ़ रहा होता है। यहां यह ध्यान में रहे कि जब कोई वक्र ग्रह ऐसी स्थिति में (दो राशि-नक्षत्र आदि के सर्वथा सन्धि बिन्दु पर) हो तब उसे पूर्ववर्त्ती राशि-नक्षत्र आदि में ही प्रविष्ट माना जाएगा क्योंकि वह वक्र गति के कारण पिछली (पूर्ववर्त्ती) राशि आदि की ओर ही प्रवृत्त हो रहा होता है। उदाहरणार्थ—राहु के राश्यादि यदि ३।०।०।० हों तो राहु को मिथुन राशि में ही प्रविष्ट माना जाएगा। इसी प्रकार जब सूर्य ४।०।०।० राश्यादि होगा, तब उसे मघा नक्षत्र और सिंह राशि में प्रविष्ट माना जाएगा। यदि इतने राश्यादि राहु के होंगे तो उसे आश्लेषा नक्षत्र और कर्क राशि में प्रविष्ट मानेंगे।

(३) रेवती, अश्विनी, आश्लेषा, मघा, ज्येष्ठा और मूल नक्षत्रों को अमुक्तमूल या गण्डान्त नक्षत्र कहा जाता है। पंजाब आदि प्रदेशों में इन नक्षत्रों को "गण्डमूल" के नाम से पुकारा जाता है। शास्त्रानुसार इन गण्डान्त नक्षत्रों के सभी भाग या चरण दोष कारक नहीं हैं। पुनरपि ज्योतिषी लोग एवं अनेक ग्रन्थकार भी इन्हें सर्वतोभावेन दोषावह मानकर इनमें उत्पन्न जातकों के लिए गण्डान्त-शान्ति (गण्डमूल शान्ति) का परामर्श देते हैं। वैसे इन नक्षत्रों के शुभ फलप्रद या अशुभ फल रहित भाग में उत्पन्न जातक के लिए गण्डान्त-शान्ति करवाना आवश्यक नहीं है। अशुभ फलप्रद काल के प्रतिवेशी काल को भी सुरक्षा की दृष्टि से वर्जित करने की ज्योतिषियों की यह प्रवृत्ति भी प्रकृति सिद्ध है।

"धर्मसिन्धु" कार ने गण्डान्त नक्षत्रों के दोषमुक्त भागों में उत्पन्न जातक के लिए गण्डान्त शान्ति को अनपेक्षित ही बतलाया है—

"रेवत्यन्त घटीद्वये ऽश्विन्याद्यघटीद्वये जनने नक्षत्र-गण्डान्त शान्ति-गो प्रसव-ग्रहमखाः कार्याः; रेवत्यश्विन्योरितर भागेषु मघान्तिमपादत्रये च दोषविशेषानुक्तेः न शान्त्यादिकम्।"

'होरारत्न' में श्री बलभद्र मिश्र ने लिखा है कि—वैसे तो गण्डान्त नक्षत्रों के जो भाग दोष कारक हैं उन्हीं में गण्डान्त-शान्ति करवाई जाए, लेकिन यदि सम्भव हो तो उन नक्षत्रों के 'अन्य भागों' में उत्पन्न जातकों के लिए भी शान्ति करवा देनी चाहिए।

इस प्रकार स्पष्ट है—गण्डान्त नक्षत्रों के दोषावह भाग में जन्म के लिए शान्ति करवाना जहां यथार्थता की दृष्टि से युक्तियुक्त है, वहां इनके अन्य दोषमुक्त भागों में जन्म के लिए भी शान्ति करवाने का आग्रह मनोवैज्ञानिक तथ्य से च्युत नहीं है।

यद्यपि गण्डान्त नक्षत्रों के दोषाक्रान्त भागों के बारे में मत-मतान्तर हैं, पुनरपि इस विषय में बहुमत और प्रामाणिक शास्त्र वाक्यों के आधार पर हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि रेवती का अन्तिम, अश्विनी का प्रथम, आश्लेषा के अन्तिम तीन, मघा के पहिले दो, ज्येष्ठा और मूल के सभी चरण दोष कारक हैं, अतः इनमें उत्पन्न जातक के लिए तो गण्डान्त शान्ति करवानी ही चाहिए।

प्रश्न—(१) हमारी सारी ज्योतिष निरयण गणना पर आधारित है, फिर यन्त्र-मन्त्र-तन्त्र साधनोपयोगी काल के लिए आप सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल को ही क्यों महत्त्व देते हैं?

(२) भयात-भभोग और स्पष्ट चन्द्र द्वारा पृथक्-पृथक् निकाली गई महादशा के भुक्त-भोग्य काल में अक्सर अन्तर क्यों आता है?

—श्री वेद प्रकाश शर्मा, त्रीनगर, दिल्ली-३५

उत्तर—(१) यह ठीक है कि भारतीय ज्योतिष का आधार अधिकतर निरयण गणना ही है, फिर भी वसिष्ठ आदि ऋषियों-आचार्यों ने सायन संक्रान्ति को जप, मन्त्र आदि साधना के लिए निरयण संक्रान्ति की अपेक्षा कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण बतलाया है। वसिष्ठ ने तो निरयण संक्रान्ति को अजा गल स्तन की भांति निरर्थक तक कह डाला है और कहा है कि वास्तविक संक्रान्ति तो सायन संक्रान्ति ही है—

चलसंस्कृततिग्मांशोः संक्रमः यः स संक्रमः। अजा गलस्तन इव राशि संक्रान्तिरुच्यते॥

पुलस्त्य ने भी निरयण संक्रान्ति को अमुख्य संक्रान्ति कहा है और सायन (चल) संक्रान्ति में किए गए दान-जप आदि को उन्होंने विशेष अक्षय फलप्रद कहा है—"अमुख्या राशि संक्रान्ति·····सुकृतं चलसंक्रान्तावक्षयं फलमश्नुते"। इत्यादि अनेक शास्त्र वाक्यों से स्पष्ट है कि दान-जप आदि में निरयण संक्रान्ति के पुण्यकाल की अपेक्षा सायन संक्रान्ति का पुण्यकाल कहीं अधिक माहात्म्य रखता है। लेकिन निरयण परम्परा के प्रचुर प्रचार में सायन संक्रान्तियों का यह महत्त्व सर्वसाधारण की दृष्टि से ओझल सा हो गया। वैसे निरयण संक्रान्तियों के पुण्यकाल में भी यन्त्र-मन्त्रादि साधना की जा सकती है।

ध्यान रहे—प्राचीन भारतीय ज्योतिष में सायन गणना का ही प्रयोग होता था—ऐसा विद्वानों का मत है।

(२) दशा के भुक्त-भोग्यकाल का निर्णय चन्द्र के भोगांशों (या यूं कहिए—चन्द्रमा के भुक्त-भोग्य नक्षत्रों) पर ही आधारित है, अतः दैवज्ञ को इसके लिए इष्टकालिक स्पष्ट चन्द्र अथवा चन्द्र के नक्षत्र का भुक्त-भोग्य काल ज्ञात करना आवश्यक है। क्योंकि चन्द्रमा की गति प्रतिक्षण परिवर्त्तनशील है, अतः चन्द्रमा को त्रैराशिक द्वारा पूर्णतया शुद्ध रूप में इष्टकालिक बनाना सम्भव नहीं है। यदि चन्द्रसाधन के मूल सूत्रों के आधार पर एक ही दिन में कुछ-कुछ काल के अन्तर चन्द्रमा की दैनिक (२४ घण्टे की) गति स्पष्ट की जाए उन विभिन्न गतियों में कलाओं तक का अन्तर अक्सर मिलेगा। कारण स्पष्ट है—चन्द्रमा समान गति से नहीं चलता। उदाहरण के रूप में लीजिए—यदि १ जनवरी १९८६ ई. को प्रातः ५ घं. ३० मि. (भा.स्टैं.टा.) पर और इसी दिन शाम के ५ घं. ३० मि. (भा.स्टैं.टा.) बजे मूल सूत्रों से चन्द्र की दैनिक (२४ घण्टे की) गतियां स्पष्ट की जाएं तो आप इनमें

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अन्तर पाएंगे। पंचांगों में दिए गए पंक्तिस्थ दैनिक स्पष्ट चन्द्रमा द्वारा एक विशेष निश्चित समय पर (जैसे हमारे इस पंचांग में प्रातः ५ घं. ३० मि. पर) चन्द्रमा का राश्यादिभोग और दैनिक गति ज्ञात होती है, दैनिक नक्षत्र कालों द्वारा उसी चन्द्रमा का अश्विनी आदि नक्षत्रों में प्रवेश या निर्गम बतलाया जाता है। चन्द्रमा का नक्षत्रों में प्रवेश या निर्गम का यह काल प्रतिदिन बदलता रहता है। यह दिन या रात के किसी भी क्षण में हो सकता है। दूसरे शब्दों में हम यह कह सकते हैं कि पंचांग के दैनिक नक्षत्र भी प्रकारान्तर से पंक्तिस्थ चन्द्र की ही भांति चन्द्रमा का भोग ही बतलाते हैं। इनमें अन्तर केवल इतना ही है कि पंक्तिस्थ चन्द्र प्रतिदिन एक निश्चित काल पर चन्द्र के दैनिक भोगांश (राश्यादिमान) बतलाता है, जबकि दैनिक नक्षत्र यह बतलाता है कि चन्द्रमा अमुक काल (जो प्रतिदिन लगभग बदलता रहता है) में अमुक नक्षत्र के प्रारम्भ या अन्त में होगा। जैसा कि हम पहिले बतला चुके हैं—एक ही दिन के दो भिन्न-भिन्न कालों में चन्द्रमा की दैनिक (२४ घण्टा की) गति अक्सर भिन्न-भिन्न होती है, अतः एक ही दिन में पंक्तिस्थ चन्द्र और दैनिक नक्षत्र से ज्ञात चन्द्र की दैनिक (२४ घण्टा की) गतियां समान नहीं होंगी। इसलिए पंक्तिस्थ चन्द्र और दैनिक नक्षत्र के भुक्त-भोग्य काल द्वारा एक ही इष्टकाल में पृथक्-पृथक् स्पष्ट किए गए चन्द्रमा में कुछ विकलाओं या कलाओं का भी अन्तर रहेगा, जिसके फलस्वरूप उन दोनों से पृथक्-पृथक् स्पष्ट किए गए दशा के भुक्त-भोग्य कालों में दिनों तक का अन्तर आना स्वाभाविक है।

ध्यान रहे—किसी इष्टकाल पर दशा के भुक्त-भोग्य काल को दिनों तक शुद्ध जानना तब तक सम्भव नहीं है जब तक कि इष्टकालिक चन्द्र साधन के लिए अन्तर्न्यास आदि सूक्ष्म पद्धतियों का प्रयोग न किया जाए। यहां यह भी जान लेना चाहिए कि चन्द्रमा को कम्प्यूटर के बिना सर्वथा शुद्ध रूप में विकला तक की सूक्ष्मता से स्पष्ट कर सकना लगभग असम्भव ही है। अन्तर्न्यास पद्धति भी इतना सूक्ष्म परिणाम नहीं दे पाती, अतः दशा के भुक्त-भोग्य काल में दैवज्ञों की इतनी सूक्ष्मता लाने की चेष्टा अर्थहीन ही है। यदि दशा में कुछेक दिनों या एक-आध मास की स्थूलता रहे तो भी फलादेश में कोई अक्षम्य अन्तर नहीं पड़ता। दशाओं के आधार पर, दिनों की तो बात छोड़िए मासों तक की सूक्ष्मता से फलादेश कह सकना एक मानवीय शक्ति से तो बाहर की बात है। अतः दशा साधन में ऐसी छोटी-मोटी स्थूलता, जिसका प्रतीकार असम्भव सा ही है, की दैवज्ञ को परवाह भी नहीं करनी चाहिए।

प्रश्न काश्मीर के दो पंचांगों में दिए गए अक्तू. और नवं. के जम्मू नगरीय सूर्योदय काल मूल गणित द्वारा सिद्ध नहीं होते। उदाहरणार्थ—७ अक्तू., २३ अक्तू. और १२ नवं. को जम्मू में सूर्योदयकाल काश्मीर के इन पंचांगों में क्रमशः ६ घं. ४६ मि., ७ घं. ३ मि. और ७ घं. २० मि. लिखा है। क्या ये सूर्योदयकाल शुद्ध हैं?

—श्री त्रिभुवन नाथ शास्त्री, गणपतियार, श्रीनगर १

उत्तर—मूलरूप से गणित करने पर स्पष्ट होता है कि ७ अक्तू., २३ अक्तू. और १२ नवं. को जम्मू (अक्षांश ३२°।४४' उ., रेखांश ७४°।५४' पू., स्टैण्डर्ड अन्तर —३० मि. २४ से.) में स्थानीय मध्यमकाल के अनुसार लगभग सूर्योदयकाल क्रमशः ६ घं. २ मि., ६ घं. १३ मि. और ६ घं. ३० मि. है। भा.स्टैं.टा. के अनुसार यहां इन तारीखों को लगभग सूर्योदयकाल क्रमशः ६ घं. ३२ मि., ६ घं. ४३ मि. और ७ घं. ० मि. है। स्पष्ट है—इन काश्मीरी पंचांगों के ऊपर दिए गए ये सूर्योदयकाल न तो स्थानीय मध्यमकाल को और न ही भा.स्टैं.टा. को बतलाते हैं। इनका सम्बन्ध स्थानीय स्पष्ट काल से भी नहीं है। हम समझने में असमर्थ हैं कि ये सूर्योदयकाल किस काल विशेष से सम्बद्ध हैं।

ध्यान रहे—ऊपर हमारे दिए गए शुद्ध सूर्योदयकाल किरण वज्री भवन संस्कार-रहित हैं और ये सूर्य केन्द्रोदय को बतलाते हैं।

प्रश्न—(१) धार्मिक अनुष्ठानों के प्रारम्भ में पढ़े जाने वाले संकल्प में "श्वेत वाराह कल्प" की चर्चा की जाती है। क्या इसका सम्बन्ध श्री वराह अवतार से है? क्या मन्वन्तरों की भांति कल्पों के भी अलग-अलग नाम हैं?

(२) कल्प संवत् और सृष्टि संवत्—दोनों में अन्तर क्यों हैं? क्या कल्पादि से ही सृष्टि का आरम्भ नहीं हुआ?

(३) क्या चतुर्युग के वर्षों की संख्या को २८ से गुणा करके कलियुग के गताब्द जोड़ने पर सृष्टि संवत् प्राप्त हो जाएगा?

(४) कलि संवत् और श्रीकृष्ण संवत् में जो अन्तर है, क्या वह भगवान् श्रीकृष्ण की पूर्णायु का बोधक है?

(५) युधिष्ठिर संवत् श्रीकृष्ण संवत्, से कितने वर्ष बाद प्रारम्भ हुआ?

—श्री भगवती स्वरूप शास्त्री, देवीदास रोड, लोअर बाजार. कालका (हरियाणा)

उत्तर—(१) मत्स्य पुराण में ३० कल्पों के नाम दिए गए हैं, जिनमें से १५ कल्प ब्रह्मा की शुक्ल पक्ष की १५ तिथियां और शेष १५ कल्प ब्रह्मा की कृष्ण पक्ष की तिथियां माने गए हैं। शुक्ल पक्ष के १५ कल्प ये हैं जो क्रमशः प्रतिपदा से पूर्णिमा तक की तिथियों को प्रकट करते हैं—(१) श्वेत कल्प (या श्वेत वाराह कल्प), (२) नील लोहित, (३) वामदेव, (४) रथन्तर, (५) रौरव, (६) प्राण, (७) बृहत्कल्प, (८) कन्दर्प, (९) सद्यः, (१०) ईशान, (११) व्यान, (१२) सारस्वत, (१३) उदान, (१४) गारुड़, (१५) कौर्म। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष के १५ कल्प इस प्रकार हैं जो क्रमशः प्रतिपदा से अमा. तक की तिथियों को प्रकट करते हैं—(१) नारसिंह, (२) समान, (३) आग्नेय, (४) सोम, (५) मानव, (६) पुमान्, (७) वैकुण्ठ, (८) लक्ष्मी, (९) सावित्री, (१०) घोर, (११) वाराह, (१२) वैराज, (१३) गौरी, (१४) माहेश्वर, (१५) पितृ कल्प।

कल्पों के इन ३० नामों में वराह, गरुड़, नरसिंह, लक्ष्मी, कूर्म, गौरी आदि अनेक देव, अवतार और देवियों के नाम हैं। यह सम्भव है—इन देव, अवतार आदि का इन कल्पों से सम्बन्ध हो। इन नामों में श्वेत वाराह और वाराह—दो भिन्न-भिन्न कल्प हैं, वराहावतार से किस कल्प का सम्बन्ध है, यह यहां स्पष्ट नहीं है।

(२) कल्प का प्रारम्भ होते ही सृष्टि का प्रारम्भ नहीं होता अपितु कल्पारम्भ के बाद सृष्टि का निर्माण करने में ब्रह्मा को ४७,४०० दिव्य वर्ष (४७४०० × ३६० = १,७०,६४,००० सौर वर्ष) लगे—ऐसा सूर्य सिद्धान्त में लिखा है। अतः कल्पादि संवत् सृष्टयादि संवत् से १,७०,६४,००० वर्ष अधिक है। वि. सं. २०४४ के प्रारम्भ में (मेष संक्रान्ति के दिन) कल्पादि संवत् १,९७,२९,४९,०८८ और सृष्टयादि सं. १९,५५,८८,५०,८८ है।

(३) क्योंकि सूर्य सिद्धान्त के अनुसार इस वर्तमान कल्प के छः मन्वन्तर सात सन्धियों सहित व्यतीत होकर २७ महायुग बीत चुके हैं और अब इसके बाद कृत, त्रेता और द्वापर युग पूरे तथा कलियुग के ५०८८ वर्ष भी (सं. २०४४ वि. के प्रारम्भ में) व्यतीत हो चुके हैं। अतः यदि इन बीते छः मन्वन्तरों, सात मन्वन्तर सन्धियों, २७ महायुगों और कृत, त्रेता, द्वापर युगों के वर्षों में कलियुग के बीते ५०८८ वर्ष जोड़ दें तो वि. सं. २०४४ के

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

ग्रहगोचराद्यैर्दशा क्रमाद्यैर्ग्रहकृतानिष्ट-फल-शमनार्थं प्रत्येक-ग्रह -दान-पदार्थाः												जप संख्या	जपनीय-मंत्राः	दानसमय	हवन-समिधः
सूर्य	माणिक	सुवर्ण	ताम्र	गेहूं	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तपुष्प	केशर	मूंग रक्तगौ	रक्तचन्दन	७०००	ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः	उदय	अर्क
चन्द्र	मोती	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दही	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	शंख	कर्पूर श्वेतबैल	श्वेतचन्दन	११०००	ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्राय नमः	सन्ध्या	पलास
भौम	मूंगा	सुवर्ण	ताम्र	मसूर	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तकनेर	केशर	कस्तूरीरक्तबैल	रक्तचन्दन	१००००	ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः	घ. २शेषदिन	खदिर
बुध	पन्ना	सुवर्ण	कांसी	मूंग	खांड	घी	हरावस्त्र	सर्वपुष्प	हाथीदांत	कर्पूर शस्त्र	फल	१९०००	ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः	घ. ५शेषदिन	अपामार्ग
गुरु	पुखराज	सुवर्ण	कांसी	दालचने	खांड	घी	पीतवस्त्र	पीतपुष्प	हल्दी	पुस्तक घोड़ा	पीतफल	१९०००	ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः	संध्या	अश्वत्थ
शुक्र	हीरा	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दूध	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	सुगंध	दधि श्वेतघोड़ा	श्वेतचन्दन	६०००	ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः	सू. उ.	उदुम्बर
शनि	नीलम	सुवर्ण	लोहा	उदड़	कुलथी	तैल	कृष्णवस्त्र	कृष्णपुष्प	कस्तूरी	कृष्णांग भैंस	उपानह	२३०००	ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः	मध्याह्ने	शमी
राहु	गोमेद	सुवर्ण	सीसा	तिल	सरसों	तिल	नीलवस्त्र	कृष्णपुष्प	खड्ग	कंबल घोड़ा	शंख	१८०००	ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नम	रात्री	दूर्वा
केतु	लसनी	सुवर्ण	लोहा	तिल	सप्तधान्य	तैल	धूम्रवस्त्र	धूम्रपुष्प	नारियल	कंबल बकरा	शस्त्र	१७०००	ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः	रात्री	कुशा
मुन्ना	मोती	सुवर्ण	कांसी	चावल	सुवर्ण	घी	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	कर्पूर	मसरी श्वेतचन्दन	हाथीदांत	मुन्थेशवत्	मुन्थेशमन्त्रः	मुन्थेशकाले	

नवग्रहों के व्रत की विधि

यदि किसी व्यक्ति को कोई ग्रह गोचर से या दशा-अन्तर्दशा से खराब चल रहा हो तो निम्नलिखित प्रकार से उस ग्रह का शास्त्रोक्त व्रत-विधान ब्रह्मचर्य पूर्वक करने से अशुभ फल निवृत्ति होती है।

रविवार के व्रत की विधि—सूर्य का व्रत रविवार को करे। यह व्रत शुक्लपक्ष के पहले (जेठे) रविवार से आरम्भ करके वर्ष पर्यन्त तीस या कम से कम १२ व्रत करे। उस रोज केवल गेहूं की रोटी घी लाल खाण्ड के साथ या गेहूं का गुड़ से बना दलिया या हलवा इलायची डाल कर दान करके शेष का दिन में ही सूर्यास्त से पहले भोजन करें। नमक बिलकुल न खावें। भोजन से पूर्व हो सके तो लाल वस्त्र पहनकर ऊपर चक्रोक्त बीज-मन्त्र की पांच माला जप करे। तन्दनतर सूर्य को गन्धाक्षत रक्त पुष्प-दूर्वायुक्त आर्घ प्रदान करे। अपने मस्तक में लाल चन्दन का तिलक करें। जब व्रत का अन्तिम रविवार हो तो हवन पूर्णाहुति के बाद ब्राह्मण भोजन करावे। ऐसा करने से सूर्य का अशुभ फल शुभ फल में परिणत हो जावेगा। तेजस्विता बढ़ेगी। नेत्र रोग, चर्म रोग एवं अन्य शारीरिक रोग भी शान्त होंगे।

सूर्य शान्ति का सरल उपचार :—लाल वस्तुओं का विशेष उपयोग जैसे चादर, परना तथा तांबे की अंगूठी का पहनना।

सोमवार के व्रत की विधि—चन्द्रमा का व्रत शुक्ल-पक्ष के प्रथम (जेठे) सोमवार से प्रारम्भ करके ५४ या १० व्रत करें। व्रत के दिन श्वेत वस्त्र धारण करके चक्र-लिखित बीज-मन्त्र की ११ माला या ३ माला जप करे। सफेद फूलों से पूजन करके सफेद चन्दन का तिलक करे। मध्याह्न के समय नमक के बिना दही—चावल, घी-खाण्ड का यथाशक्ति दान करके स्वयं भोजन करें। जब व्रत का अन्तिम सोमवार हो उस दिन हवन पूर्णाहुति करके खीर-खाण्ड से ब्राह्मण व बटुकों को भोजन करावे। इस व्रत के करने से व्यापार में लाभ, मानसिक कष्टों की शान्ति होती है, विशेष कार्य सिद्धयर्थ भी पूर्ण फलदायक होता है।

चन्द्र शान्ति का सरल उपचार :—सफेद जुराब, रूमाल, सफेद वस्त्र, दूध, दही का उपयोग, चांदी की अंगूठी पहनना।

मंगलवार के व्रत की विधि—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) मंगलवार से प्रारम्भ करके २१ या ४५ व्रत करने चाहिए। हो सके तो यह व्रत आजीवन रखें। बिना सिला हुआ लाल वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की १, ५ या ७ माला जप करे। नमक सेवन न करे, यह जरूरी है। उस दिन गुड़ से बने हलवे का या लड्डुओं का दान करे। और स्वयं भी खावें। गुड़ से बना कुछ हलवा आदि बैल को भी खिलावें। मंगलवार का व्रत ऋण-हर्ता तथा सन्तति—सुखप्रद है। जब व्रत का अन्तिम मंगलवार हो उस दिन हवन-पूर्णाहुति करके लाल वस्त्र, तांबा, मसूर, गुड़, गेहूं तथा नारियल का दान करे। ब्राह्मणों तथा बच्चों को मीठा भोजन करावे।

मंगल शान्ति का सरल उपचार :—लाल रंग की वस्तुओं का उपयोग रात को लाल वस्त्र पहनें, तांबे के बर्तन, तांबे की अंगूठी पहनना।

बुधवार का व्रत—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम बुधवार (जेठे) से प्रारम्भ करें। २१ या ४५ व्रत करें। हरा वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की १७ या तीन माला जप करना चाहिए। उस दिन भोजन में नमक-रहित खाण्ड, घी से बने पदार्थ जैसे मूंगी का बना हुआ हलवा, मूंगी की बनी मीठी पंजीरी या मूंगी के लड्डुओं का दान करे। फिर तीन तुलसीदल, गंगाजल या चरणामृत के साथ लेकर स्वयं भी उपरोक्त पदार्थ खावे। व्रत के अन्तिम बुधवार को हवन पूर्णाहुति करके अङ्गहीन भिक्षुक को मूंगीयुक्त भोजन कराकर हरा वस्त्र, मूंगी आदि का दान भी करें। इस व्रत से विद्या-धन-लाभ, व्यापार से तरक्की तथा स्वास्थ्य लाभ होता है। अमावस का व्रत करने से भी बुध ग्रह जन्म नेष्ट फल से मुक्ति मिलती है।

बुध शान्ति का सरल उपचार :—हरा रंग, हरे वस्त्र तथा शृंगार की अन्य वस्तुएं हरा रूमाल आदि रखना, कांसी के बर्तन में भोजन, बुधाष्टमी व्रत।

बृहस्पति के व्रत की विधि—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) गुरुवार से आरम्भ करें। तीन वर्ष पर्यन्त या १६ गुरुवार व्रत करें। उस दिह पीत वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की ११ या तीन माला जप करें। पीत पुष्पों से पूजन-अर्घ्य दानादि के बाद भोजन में चने के बेसन की बनी घी-खाण्ड से बनी मिठाई लड्डू या हल्दी से पीले या केसरी चावल आदि ही खावें और यही दान करे। जब व्रत का अन्तिम गुरुवार हो तो हवन पूर्णाहुति के बाद ब्राह्मण व बटुकों को लड्डू भोजन करावे। स्वर्ण पीत-वस्त्र चने की दान आदि का दान करे। यह व्रत-विद्यार्थियों के लिए बुद्धि तथा विद्या-प्रद है, धन की स्थिरता तथा यश-वृद्धि करू है। अविवाहितों के लिए स्त्री प्राप्तिप्रद सिद्ध होता है।

बृहस्पति शान्ति का सरल उपचार :—पीले वस्त्र रूमाल आदि पीले फूल धारण करना, सोने की अंगूठी पहनना।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

शुक्र के व्रत की विधि—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) शुक्रवार से प्रारम्भ होता है। ३१ या २१ व्रत करे। श्वेत वस्त्र धारण करके बीजमन्त्र की ३ या २१ माला जपे। भोजन में चावल, खाण्ड या दूध से बने पदार्थ ही सेवन करे। यही पदार्थ यथा-शक्ति संभव हो तो एकाक्षी (एक आंख वाले) भिक्षुक को या श्वेत गाय को दें। जब व्रत का अन्तिम शुक्रवार हो, हवन पूर्णाहुति के बाद खीर-खण्ड से बने पदार्थ ब्राह्मण बटुकों को खिलावे। चांदी, श्वेतवस्त्र, खाण्ड, चावल का दान करे। इस व्रत से स्त्री सुख एवं ऐश्वर्य की वृद्धि होती है।

शुक्र शान्ति का सरल उपचार :-सफेद वस्त्र, सफेद रूमाल आदि सफेद फूल, गाय को दूध घास या पेड़ा देना, शिव पूजन।

शनि के व्रत की विधि—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम शनिवार से आरम्भ करे : व्रत ५१ या १९ करने चाहिए। व्रत के दिन काला वस्त्र धारण करके बीजमन्त्र की १९ या तीन माला का जप करे। फिर एक बर्तन में शुद्ध जल, काले तिल, काले फूल या सर्वांग (साँग) गङ्गाजल तथा शक्कर थोड़ा दूध डालकर पश्चिम की ओर मुह करके पीपल-वृक्ष की जड़ में डाल दे। भोजन में उड़द के आटे का बना पदार्थ, पञ्जीरी कुछ तेल से पका हुआ पदार्थ कुत्ते व गरीब को दे तथा तैलपक्व वस्तु के साथ केला व अन्य फल स्वयं प्रयोग में लाना चाहिए। यही पदार्थ दान भी करे। व्रत के अन्तिम शनिवार को हवन पूर्णाहुति के बाद तेल में पकी हुई वस्तुओं को देने के बाद काला वस्त्र, केवल उड़द तथा देसी जूता, तेल लगाकर दान करे। इस व्रत से सब प्रकार की सांसारिक हैरानी दूर हो जाती है। कचहरी में विजय होती है। लोह-मशीनरी कारखाने वालों के व्यापार में उन्नति होती है।

शनि शान्ति का सरल उपचार :—घर के परदे, जूते, जुराब, घड़ी का पट्टा, रूमाल आदि काले रंग के धारण करें।

राहु केतु के व्रत की विधि—शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) शनिवार से यह व्रत शुरू करना चाहिए। यह व्रत १८ करे। काला वस्त्र धारण करके १८ या ३ बीजमन्त्र की माला जपे। तदनन्तर एक बर्तन में जल, दूर्वा और कुशा लेकर पीपल की जड़ में डाले। भोजन में मीठा चूरमा, मीठी रोटी समयानुसार रेवड़ी, भुग्गा, तिल के बने मीठे पदार्थ सेवन करे और यही दान में भी दे। रात को घी का दीपक जलाकर पीपल की जड़ में रख दे। इस व्रत से मनुभय दूर तथा राजपक्ष से विजय मिलती है।

राहु, केतु शान्ति का सरल उपचार :-नीला रूमाल, नीला घड़ी का पट्टा, नीला पेन, लोहे की अंगूठी पहनें।

ग्रहों के अरिष्ट-निवृत्यर्थं स्नान-विधि

यथा सिद्धौषधैः रोगाः नश्येयुर्मन्त्रतो भयम्।
तथा स्नान-विधानेन ग्रह-दोषः प्रणश्यति ॥

रवि ग्रह के दोष की शान्ति के लिए कभी-कभी व्रत के दिन बिल्ववृक्ष की जड़, देवदारु, मुलेठी, लाल फूल, केसर, गर्म पानी में उबाल कर स्नान करे। सोमवार के व्रत के दिन खिरनी की जड़, श्वेत, चन्दन, सिप्पी, पञ्चगव्य उबाल कर स्नान करे। ऐसे ही मंगल के दिन अनन्त मूल, रक्त चन्दन, मौलश्री, लाल फूल ये सब उबाल कर बुध के दिन गोबर, मधु, चावल, बिधारा उबाल कर, गुरु के दिन भारंगी, मुलेठी श्वेत सरसों, मालती पुष्प उबाल कर, शुक्र के दिन इलायची, मजीठ तथा शनि के दिन काले तिल, सौंफ, सुरमा, अमलबेत, सफेद बिनौला उबाल कर स्नान करे। ऐसे ही राहु केतु की शान्ति के लिए शनिवार के दिन देवदारु, सरसों तथा लोहबान उबाल कर स्नान करे, तो ग्रह शान्ति होती है।

नोट—स्नानोक्त कोई वस्तु उपलब्ध न हो तो जो वस्तु मिले, उससे ही स्नान करें।

सर्वग्रहाणां दोषोपशान्तये सामान्यमौषधि स्नानम्

लाजवन्ती (छुई-मुई), कूट, खिला, कांगनी, जौ, सरसों, देवदारु, हल्दी, सर्वौषधि लोध इन औषधियों के जल एवं से सर्वदोषक स्नान करने से सब ग्रहों की पीड़ा नष्ट होती है तथा पूर्व ही जो दान कह चुके हैं उनके करने से शान्ति होती है। यज्ञ, वचन, देवता ब्राह्मणों की वेदना, वेदादि श्रवण, साधुओं से बातें, मन की शुद्धता, जप, दान, होम तथा यज्ञ के करने से दुष्ट स्थानों में स्थित ग्रह पीड़ा नहीं करते (श्रीपतिः) ॥

शनिविचार—अथ लघु कल्याणी (ढैया) फलम्—कल्याणी प्रददाति या रविसुतें राशेश्चतुर्थाष्टमे व्याधिः बन्धु-विरोध देशगमनं क्लेशं च चिन्ताधिकम्। मृत्युं वैव करोति चापि मनुजं दुःखादि वह्नेर्भयं लोहं शस्त्रभयं सदैवासुखं कुर्यादेसौ सर्वदः ॥१॥ अथ पूर्ण-कल्याणी (साढेसाती) फलम्...राशौ द्वादश (१२) मूर्ध्नि जन्म (१) हृदये पादौ द्वितीये (२) शनिः। नानाक्लेशकरोऽति दुर्जनभयं पुत्रान्यशून्पीडयेत् ॥ हानिः स्यान्मरणं विदेश-गमनं सौख्यं च साधारणम्, रामाऋद्धिविनाशनं प्रकुरुते तुर्याष्टमे वाऽथवा ॥२॥

सप्तधान्य—उड़द १. मूंगी २. गेहूं ३. चने ४.जौ ५. धान्य (तंदुल) ६. कंगनी ७. अष्टगंध—अंगर, कस्तूरी, कुंकुम कर्पूर, चन्दन, टोपीदार लौंग, गोरोचन देवदारु।

अष्टगंध धूप—अगर, छरीला, जटामासी, कर्पूर-कचरी, कृष्णक, देवदारु गोकुल सफेद चन्दन।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

नक्षत्र-राशिज्ञान चक्र

राशिज्ञाने विशेषः—
नक्षत्र या राशि में ब और स में, व और व में कोई भेद नहीं होता। जिसके नाम का पहला अक्षर संयुक्त हो, वहां प्रथमाक्षर ग्रहण करें। (संयोगे चाक्षरे 'नाम्नि ग्राह्यं तत्प्रारम्भिकाक्षरम्)

राशयः	मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या			तुला			वृश्चिक			धनु			मकर			कुम्भ			मीन		
नक्षत्राणि	अश्विनी	भरणी	कृत्तिका	कृत्तिका	रोहिणी	मृगशिर	मृगशिर	आर्द्रा	पुनर्वसु	पुनर्वसु	पुष्य	आश्लेषा	मघा	पू. फा.	उ. फा.	उ. फा.	हस्त	चित्रा	चित्रा	स्वाती	विशाखा	विशाखा	अनुराधा	ज्येष्ठा	मूल	पू. षा.	उ. षा.	उ. षा.	श्रवण	धनिष्ठा	धनिष्ठा	शतभिषा	पू. भा.	उ. भा.	उ. भा.	रेवती
प्रथमचरण	चू	चे	चो	ला	ली	लू	ले	लो	आ	ई	उ	ए	ओ	वा	वी	वू	वे	वो	रा	री	रू	रे	रो	ता	ती	तू	ते	तो	ना	नी	नू	नो	या	यी	यू	ये
द्वितीय च०	चे	चो	ला	ली	लू	ले	लो	आ	ई	उ	ए	ओ	वा	वी	वू	वे	वो	रा	री	रू	रे	रो	ता	ती	तू	ते	तो	ना	नी	नू	नो	या	यी	यू	ये	यो
तृतीय च०	चो	ला	ली	लू	ले	लो	आ	ई	उ	ए	ओ	वा	वी	वू	वे	वो	रा	री	रू	रे	रो	ता	ती	तू	ते	तो	ना	नी	नू	नो	या	यी	यू	ये	यो	भा
चतुर्थ च०	ला	ली	लू	ले	लो	आ	ई	उ	ए	ओ	वा	वी	वू	वे	वो	रा	री	रू	रे	रो	ता	ती	तू	ते	तो	ना	नी	नू	नो	या	यी	यू	ये	यो	भा	भी

ध्यान दें,—नामों का प्रारम्भ ड, ञ, ण इन अक्षरों से नहीं होता। यदि नक्षत्र के आधार पर इन अक्षरों से नाम प्रारम्भ हो रहा तो ड की जगह ध, ञ की जगह ज तथा ण की जगह पू से नाम प्रारम्भ करें। ऐसा करने से नक्षत्र भेद नहीं होता।

॥१॥ बहूनि यस्य नामानि तस्य स्युः कवयश्चन । ततः पश्चाद्भवं नाम ग्राह्यं स्वर-विशारदैः ॥२॥ प्रसुप्तो भाषते येन येनागच्छति चोद्यतः । तस्य नामाद्यवर्णं वा मात्रा वा स्वर एव हि ॥३॥ अथ जन्मराशि-नामराश्योः प्रधानता निर्णीयते—विवाहे सर्व मांगल्ये यात्रायां प्रवृगोचरे। जन्मराशेः प्रधानत्वं नामराशिं न चिन्तयेत् ॥४॥ देशे ग्रामे गृहे युद्धे सेवायां व्यवहारके ॥ नामराशेः प्रधानत्वं जन्मराशिं न चिन्तयेत् ॥५॥ काकिण्यां वर्षे बुद्धौ च क्षये चूते ज्वरोदये। मन्त्रे पूनर्भूवरणे च नामराशेः प्रधानता ॥६॥ कुर्यात्षोडश कर्माणि जन्मराशौ बलान्विते। एकोनविंशतिकर्माणि नामराशौ बलान्विते ॥७॥ विवाह व्रतबन्धं च नामर्क्षं बहुलं बलम्। नामभाक्चिन्तयेत् सर्वं जन्म न ज्ञायते यदा ॥८॥

अभिजित्-निर्णय—वैश्यप्रान्त्यांघ्रिः श्रुति-तिथि-भागतोऽभिजित्स्यात् ॥ उत्तराषाढ़ा का चौथा चरण श्रवण का पहला १५वां भाग जोड़कर उसके चार भाग करो। उसकी अभिजित् का एक चरण मानकर नाम रखने आदि के विचार में उपयोग करो। उत्तराषाढ़ा के तीन चरणों के ही चार भाग करके उत्तराषाढ़ा का एक-एक चरण मानो। श्रवण का १५वां भाग जोड़कर जो शेष रहे उसके चार भाग करो, उसकी श्रवण १-१ चरण मानो। इस प्रकार की प्रायः सामान्य नक्षत्र नहीं मानते, एतदर्थ यहां लिखा गया है।

राशि ज्ञानम्—चूल च मेषः, इ वी वृषः, क च क ख हृ मिथुनम् ॥
ही हो कर्कः, डा डी सिंहः, टो प च ठ पो कन्या ॥
रा री तुला तो ना यू वृश्चिके ये धनुषे धनुः।
भोजा खी मकरः गुरुव कुम्भः दीपचन्द्रमती मीनः ॥

उपरोक्त राशि-ज्ञान में प्रत्येक राशि के आदि और अन्त का अक्षर लिखा है और जहां जो अक्षर उपयुक्त है, वहां वह भी ले लिया गया है। जैसे—मेष में पहला अक्षर 'चू' लेने से अश्विनी के तीन चरण (चू चे चो) का ग्रहण होता है और 'ल' से (ला ली लू ले लो) पांचों का ग्रहण हुआ अर्थात् एक चरण (चौथा चरण) अश्विनी का और चतुर्थ चरण भरणी का ग्रहण हुआ और उसे कृत्तिका के प्रथम चरण इन नौ चरणों की एक राशि मेष हुई। इसी तरह अन्य राशियों का ज्ञान करें।

टिप्पणी—(१) अजोर्णः यथा ज्ञानचन्द्रस्य मकर-राशिः। कर्क-संयोगे क्षः, यथा क्षेमचन्द्रस्य मिथुनराशिः। एवं ज्ञानारानस्य कुम्भराशिः। (२) गर्भाधानं पुंसवनं सीमन्तोन्नयनं ततः। जातकर्माभिधेयं च निष्क्रम-प्राशने क्रमात्। चूडोपनयनं वेदव्रतानां च चतुष्टयम्। गोदान-मेखलोन्मोकौ विवाहः षोडशी क्रिया॥

बोध—चन्द्रमा की राशि एवं नक्षत्र के अनुसार जातक का नाम रखने से फलित ज्ञ को काफी सुभीता रहती है। नाम जानने से ही ज्योतिषी जातक के जन्म के समय चन्द्रमा की राशि एवं नक्षत्र जान लेता है तथा फलित-शास्त्र में काफी महत्त्वपूर्ण फलादेश चन्द्रमा की स्थिति पर ही निर्भर है। इसका एक वैज्ञानिक रहस्य भी है। निकटतम होने से चन्द्रमा का प्रभाव भू-स्थित-वनस्पति एवं प्राणियों पर अन्य सभी ग्रहों की अपेक्षा अधिक होता है। ज्वार भाटा लाने में भी चन्द्रमा की देन सूर्य की देन से दुगुनी है। चन्द्रमा का ज्वार-भाटांक (Tide Factor) सूर्य के ज्वार-भाटांक से दुगुना है। चन्द्रमा के जनकाल का स्त्री के मासिक-धर्म से साक्षात् सम्बन्ध है। आजकल वैज्ञानिकों ने कुछ प्रयोग भी किए हैं, जिससे अक्षर-अक्षत् (वनस्पति आदि) पर चन्द्रमा का प्रभाव स्पष्ट रूप से ज्ञात होता है। अतः जन्म-पत्र आदि के अभाव में चन्द्रमा की स्थिति से ही फलादेश करने की पारिपाटी फलितज्ञों में है।

नवीन-फलितवेत्ता जन्म-पत्र की अंग्रेजी तारीखों के हिसाब से भी फलादेश करने लग गए हैं। इस पद्धति में भावन सूर्य की राशि के आधार पर ही फलादेश होता है। चन्द्रमा की राशि के आधार पर फलादेश करना अधिक उपयुक्त है। अतः प्राचीन फलित-आचार्यों ने जन्म-कालीन चन्द्रमा की स्थिति को जन्म राशि के नाम से कहा है। हमारे ज्योतिष के अनुसार इसी का महत्त्व है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

॥ चैत्र शुक्ल १ को वर्षफल श्रवण ॥

अचिन्त्याव्यक्तरूपाय निर्गुणायगुणात्मने । समस्त-जगदाधार-मूर्तये ब्रह्मणे नमः ॥१॥
विनायकं प्रणम्यादौ देवीं वाग्देवतां गुरुम् । संवत्सर-फलं वक्ष्ये लोकानां हितकाम्यया ॥२॥
सम्यग् विचार्य गणितं दैवज्ञजनं तुष्टिदम् । मुकुन्दवल्लभेनेदं तिथिपत्रं प्रवर्तितम् ॥३॥
अनेन धार्मिकजनः कालज्ञानसहायिना । तिथिपत्रेण सन्तुष्टो भवत्वित्येव याच्यते ॥४॥
तिथिर्वारश्च नक्षत्रयोगः करणमेव च । पञ्चांगस्य फलं श्रुत्वा गंगास्नान फलं लभेत ॥५॥

चैत्र शुक्ल १ को नूतन संवत्सर प्रारम्भ होता है, उस दिन प्रति घर पर ध्वजा लगावे तोरण आदि से गृह सुशोभित कर, मंगल स्नान कर, देवता, ब्राह्मण, गुरु की पूजा करे; स्त्रियां शिशु आदि वस्त्र आभूषण परिधान कर उत्सव मनावे। ज्योतिषी जी का सत्कार कर उनसे नूतन सवत्सर फल श्रवण करें। कटुनिम्ब के कोमल पत्र और पुष्प लावे, उसमें काली मिर्च, भुनी हुई हींग, (सैंधा) नमक, अजवायन, सफेद जीरा और खाण्ड बराबर मात्रा में मिला कर चूर्ण बनावें, कुछ इमली मिलावें और वह ३ से ६ माशे तक की मात्रा में चै. शु. १ से १५ तक लगातार स्नानादि से निवृत्त होकर निराहार-मुख खावें। इस प्रयोग से अनेक रोगों की शान्ति होती है। (वर्षपर्यन्त रक्त-विकार ज्वरादि नहीं होते)। यदि १५ दिन सेवन न कर सकें तो चैत्र शुक्ल १ को तो अवश्य करें।

पञ्चांगस्थ गणेश और ब्राह्मण ज्योतिषी की पूजा (वाचकों को यथाशक्ति दानादि से प्रसन्न) करें। मिष्ठान्न आदि भोजन करावें। गीत गायन, वाद्य, कथा-श्रवण आदि कर सम्पूर्ण दिन आनन्द से व्यतीत करें। गृहस्थियों को विलास-युक्त आनन्दपूर्वक वर्षारम्भ-दिन व्यतीत करने से सम्पूर्ण वर्ष आनन्दमय जाता है।

वर्षफल श्रवण का माहात्म्य :—ये चैत्रशुक्लप्रतिपत्तिथौ फलं श्रृण्वन्ति भक्त्या प्रतिवार्षिकं नराः। ते दुःखदारिद्र्यरुगादि वर्जिता नन्दन्ति लोके धनधान्य-संकुलाः ॥१॥ शाकस्य श्रवणात्सुपुण्य-जननं संवत्सरस्याढ्यतां, राज्ञां राजकुले जयो विजयते मन्त्रिफलं बुद्धिदम्। धान्यं धान्यपतेः रसं रसपतेः क्षेत्रेषु बुद्धिस्तथा, सस्यं सर्वं सुखञ्च वत्सरफलं संश्रृण्वतां सिद्धिदम् ॥२॥ इति संवत्सरादि-फलश्रुतिः।

सृष्टिक्रम वर्णन :—सृष्टि के संक्षिप्त इतिहास की अवतरणिका—समस्त जगत् की उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय के कारणरूप ब्रह्मा की आयु अपने ही दिनों के मान से सौ वर्ष की होती है। अब ब्रह्मा की आयु के ५० वर्ष व्यतीत होकर, ५१ वें वर्ष के प्रथम दिन का उदय है। इस दिन का १३ घड़ी, ४२ पल, ३ विपल, ४३ प्रतिविपल, व्यतीत हो चुके हैं। मनुष्यमान से ब्रह्मा की आयु का विस्तार इस प्रकार है—एक चतुर्युगी का एक महायुग होता है, उसकी सौर मान से वर्ष संख्या ४३,२०,००० है। इस प्रकार के एक हजार युगों का ब्रह्मा का एक दिन होता है। ऐसे ब्रह्मा के हजार युगों की विष्णु की एक घड़ी होती है। विष्णु के १२ लाख युगों का रौद्र कलार्ध होता है। रुद्र के अर्बुद-संख्यक युगों का अक्षरात्मक ब्रह्म होता है। ब्रह्मा के इस एक दिन में जो १४ मन्वन्तर होते हैं, उनमें से १ स्वायम्भुव, २ स्वारोचिष ३ उत्तम, ४ तामस, ५ रैवत, ६ चाक्षुष, छः मनु व्यतीत हो गये हैं। अब सातवां वैवस्वत मन्वन्तर चल रहा है, उसमें भी २७ चतुर्युगी के ३ युग व्यतीत हो गये हैं और यह २८वां कलियुग है।

अथ युगकाल-व्यवस्था-सतयुग— कार्तिक शुक्ल नवमी बुधवार के प्रथम प्रहर श्रवण-नक्षत्र, वृद्धियोग, में सत्ययुग की उत्पत्ति हुई है, इसकी आयु १७२८००० वर्ष की थी। इसमें श्रीनारायण, मत्स्य, कच्छप, वराह और नृसिंह ये ४ अवतार हुए। श्रीमत्स्यजी ने वेदों के चोर, शंखासुर को मारकर ब्रह्मा को वेद लाकर दिये। भगवान् कच्छप ने पृथ्वी की रक्षार्थ मन्दराचल को पीठ पर धारण कर शेषनाग की डोर से देवदैत्यों द्वारा समुद्र-मन्थन कराकर चौदह रत्न प्रकट किए। श्री वराहजी ने हिरण्याक्ष का वध करके पृथ्वी का उद्धार किया, श्री नृसिंहावतार ने हिरण्यकश्यप का वध करके भक्त प्रह्लाद की रक्षा की। इस युग में पाप० पुण्य २० विश्वे था और धर्म अपने चारों पद पर कायम था, गौएं कामधेनु के समान होती थीं। प्रायः स्वर्ण के पात्र और सिक्के के स्थान में रत्न का परस्पर व्यवहार था। इच्छित वर्षा होती थी एकबार बीज बोकर २१ बार काटते थे। ब्राह्मण चारों वेदों के जानकार तथा सत्यभाषी पर-द्रव्य परस्त्री-पराङ्मुख और त्यागी होते थे। शाप देने और वरदान प्रदान करने में भी समर्थ थे। स्त्रियां पद्मिनी और पतिव्रता होती थीं। शासक (राजवंश) वर्ग न्यायपरायणान्तःकरण से प्रजा को स्वपुत्रवत् समझते हुए राज्य करते थे। इनकी तीन लोक तक जाने की गति थी। वैश्य लोग सत्यवक्ता, धर्मात्मा व्यापारी और शूद्र लोग सेवाधर्म में रहते हुए जीवन व्यतीत करते थे। इस युग में तीर्थ पुष्कर प्रधान था।

त्रेतायुग—वैशाख शुक्ल तृतीया चद्रवार के द्वितीय प्रहर रोहिणी नक्षत्र शोभन-योग में त्रेतायुग की उत्पत्ति हुई। इसकी आयु १२,९६,००० वर्ष की थी। इसमें भगवान के श्री वामन, श्री परशुराम और श्री रामचन्द्र ये तीन अवतार हुए। श्री वामन जी ने राजा बलि से ३ पैर पृथ्वी दान लेकर समग्र पृथ्वी को ३ पैर में नाप बलि को पाताल का राज्य दिया। श्री परशुराम जी ने अभिमानी क्षत्रियों का २१ बार नाश करके ब्राह्मण राज्य स्थापित किया था। श्री रामचन्द्र जी ने महाभिमानी राक्षसराज रावण का वध करके देवता और ऋषियों को निर्भय किया था। इस युग में पाप ५, पुण्य १५ विश्वे था और धर्म तीन पैर का रह गया था। गौएं त्रिकाल दूध देने वाली होतीं थी, प्रायः चांदी के पात्र और स्वर्ण के सिक्के का व्यवहार था। वर्षा मौके पर होती थी, एक बार बोकर सात बार काटते थे। ब्राह्मण तीन वेदों के वक्ता और किञ्चिन्मात्र तपोनिष्ठ, परस्त्री-पर द्रव्य से पारङ्मुख होते थे, वह शाप देने में समर्थ थे। स्त्रियां चित्रिणी, पतिव्रता होती थीं। इस युग में सूर्यवंशी धर्मात्मा क्षत्रिय का राज्य था। विचित्र विमान द्वारा वह इन्द्र लोक पर्यन्त भी जाते थे। वैश्य लोग सत्यवादी और सत्य की तुला पर तोलते थे। शूद्र सेवा में तत्पर रहते थे। इस युग में तीर्थ नैमिषारण्य प्रधान था। **द्वापर**—माघ कृष्ण ३० शुक्रवार तृतीय प्रहर धनिष्ठा-नक्षत्र वरीयान् योग में द्वापर युग की उत्पत्ति हुई। इसकी आयु ८६,४०,०० वर्ष की थी। इसमें पूर्ण ब्रह्म के श्रीकृष्ण श्री बलदेव ये दो अवतार हुए। भगवान् श्रीकृष्ण ने दैत्यराज कंसादि दुष्टों का वध किया। तथा अर्जुन को लक्ष्य करके गीता ज्ञान का उपदेश दिया। श्री बलदेव जी ने दुष्टों का नाश करके धर्म का उद्धार किया। इस युग में पाप १०, पुण्य १० विश्वे था और धर्म दो पैर वाला रह गया था। गौएं दो वक्त घटपूर्ण दुग्ध देने वाली होती थीं। प्रायः ताम्र पीतल के पात्र और स्वर्ण तथा रौप्यमयी मुद्राओं का व्यवहार होने लगा था। वर्षा समय पर हो जाती थी। एक बार अन्न का बीज बोकर ३ बार काटते थे। ब्राह्मण लोग दो वेद के पारंगत होते थे और कुछ असत्य, विशेषतया सत्यवक्ता तथा तप-यज्ञ देव-पूजनादि करने वाले, किञ्चित् लोभयुक्त, वाक्यसिद्धि वाले अर्थात् वर और शाप देने में समर्थ थे। स्त्रियां शंखिनी जाति की सुशीला धर्मयुक्ता होती थीं। इस युग में धर्मप्राण चंद्रवंशी राजा हुए। इनकी समेरु पर्यन्त गति थी और प्रायः चारों वर्ण अपने-अपने धर्म पर कायम थे। परस्त्री परद्रव्य से लोग डरते थे। इस युग में तीर्थ कुरुक्षेत्र प्रधान था। **कलियुग**—भाद्रपद कृष्ण १३ अर्धरात्रि के समय आश्लेषा नक्षत्र व्यतिपात योग में कलियुग की उत्पत्ति हुई थी, इसकी

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

आयु ४३२००० वर्ष की है। इसमें भगवान् के अवतार श्री बुद्ध और श्री कल्कि (निष्कलंक) हैं, जिनमें अहिंसा धर्म का उद्धारक श्री बुद्धावतार तो हो चुका है और कल्कि अवतार जब कलियुग के ८२१ वर्ष रहेंगे तब शंभल गांव में विष्णुयश ब्राह्मण के घर होगा। इस अवतार द्वारा दुष्टों का नाश होकर पृथ्वी पर लुप्त धर्म की स्थापना के साथ-साथ न्यायपरायण क्षत्रिय राज्य भी कायम होगा। इस युग में एक पैर वाला धर्म रह जायेगा। गौएं दूध कम देंगी। मृण्मय पात्र, ताम्रपात्र तथा कर्गल मुद्रा प्रायः चलेगी। अतिवृष्टि और अनावृष्टि से देशों में भय का संचार होगा। ब्राह्मण लोग वेदज्ञान से शून्य तथा स्नान, संध्या तपश्चर्या से भी हीन होंगे। क्षत्रिय लोग अपने धर्म को तिलांजलि दे देंगे। वैश्य लोग व्यापार में असत्य व्यवहार विशेष रूप से उपयोग में लाने लगेंगे एवं शास्त्रनिन्दित मृतचर्म (जूता आदि) के व्यापार से लाभ उठायेंगे। शूद्रलोग पाखण्डी होकर बहुधा उच्चवर्ण वालों के उपदेष्टा होंगे। प्रजा में वर्णसंकरत्व बढ़ जायेगा। धूर्तों की पूजा होगी। अनेक कुकर्मों की वृद्धि होगी। स्त्रियां ज्यादा हस्विनी पैदा होंगी। व्यभिचारिणी स्त्री अपने को सती कहेगी। पतिव्रता कहीं-कहीं देखने में आयेंगी। पुरुष स्त्रियों के वश में होकर चलेंगे। स्त्रियों को छोटी आयु में गर्भ होने लगेगा। पिता कन्या-विक्रय करेगा। गौ-ब्राह्मण की हत्या से भय न करेंगे। पुत्रों का माता-पिता के साथ सकारण प्रेम रहेगा। राज-व्यवस्था में धर्म का स्थान शून्य के बराबर होगा। धर्म-कर्म और तीर्थ पर लोगों की श्रद्धा कम होगी। प्रधान तीर्थ गंगा हरिद्वार होगा।

अथ कलिकपंचोक्तं चिरन्तने— पिशाच-वदनः क्रूरः कलिश्च कलहप्रियः। धृत्वा वामे करे शिश्नं दक्षे जिह्वाञ्च नृत्यति॥ कलि-महात्म्यम्-धर्मः प्रव्रजितस्तपः प्रचलितं सत्यं च दूरे गतं पृथ्वी-मन्दफला नराः कपटिनश्चित्तञ्च शाठ्योजितम्। राजानोर्ध्वपरा अरक्षणपराः पुत्राः पितुर्द्वेषिणः। साधुः सीदति दुर्जनः प्रभवति प्राप्ते कलौ दुर्युगे॥ निर्बीजा पृथ्वी निरौषधिरसा नीचा महत्वं गताः, भूपाला निजधर्म-कर्म-रहिता विप्राः कुमार्गं गताः। भार्या भर्तृविरोधिनी परगता पुत्राः पितुर्द्वेषिणः। हा! कष्टं खलु वर्तते कलियुगे धन्यामृता ये नराः॥ देवेदेयत्वं कपटपटवस्तापन जनाः, जनो मिथ्यावादी विरलतर वृष्टिर्जलधरः। प्रसन्ना नीचाश्च अवनि-पतयो दुष्टमतयो जनाः शिष्टा नष्टा अहह! कलिकालो विलसति॥ कलौ गंगायः स्थितिः-पृथिवी गंगया हीना भविष्यत्यन्तिने कलौ। तदैव विष्णुस्त्यजति मेदिनीं नरपुंगव। भगीरथं प्रति गङ्गायावयञ्चयावद्धरण्यां तृणसी प्रपूज्यते गुरुर्नभस्थो दिवि कल्पपादपः। यावत्समुद्रे वडवानलश्च वसामि तावत्तव चक्रजाते॥ इति॥ कलौ दशहस्त्राणीति वाक्यमन्तिमेकलौ ज्ञेयम्। नान्येषु कलिष्विति॥

पहली बार प्रकाशित

सरल विवाह पद्धति

विद्वान्मण्डली द्वारा रचित—विवाह संस्कार पर सरल विवाह पद्धति पुस्तक प्रकाशित की है इसमें संस्कृत के श्लोकों का सरल हिन्दी में अनुवाद भली प्रकार से समझाया गया है सरल विवाह पद्धति पुस्तक विवाह संस्कार के लिए अनुपम मार्ग दर्शक है।

पुस्तक अपने निकटवर्ती बुक स्टाल से प्राप्त करें, कोई कठिनाई हो तो १०) रु० मनीआर्डर अथवा डाक टिकट भेजकर घर बैठे प्राप्त करें।

मंगाने का पता :—

रामेश्वर दास गुप्त धर्मार्थ ट्रस्ट

बी-३५, लाजपत एक्सटेंशन [भाग-१] नई दिल्ली-११००४९

[पृष्ठ १०६ का शेष]

से प्रथम गत्यन्तर की और द्वितीय गुणक से द्वितीय गत्यन्तर की विकलाओं को पृथक्-पृथक् गुणा करें। दोनों गुणन फलों के दाईं ओर के पहिले तीन-तीन अंकों को छोड़ दीजिये। शेष अंक विकलाएं होंगी। यदि गत्यन्तर धन है तो इन विकलाओं को आसन्न स्पष्ट ग्रह में से घटाएं अन्यथा जोड़ें। इस प्रकार सूक्ष्म ग्रह स्पष्ट हो जाएगा।

उदाहरण :—सन् १९७२ की १६ नवम्बर को शाम के ७ बजकर ३६ मिनट (भा. स्टैं. टा.) पर सूक्ष्म बुध स्पष्ट कीजिए। इस पंचांग में दैनिक ग्रह प्रातः ५ घं. ३० मि. (भा. स्टैं. टा.) के हैं, अर्थात् हमारा इष्टकाल १६ एवं १७ नवं. के पंक्ति कालों के मध्य पड़ता है, अतः इन दोनों पंक्तियों और १५ तथा १८ नवं. की पंक्तियों के स्पष्ट बुध के राश्यादि क्रमानुसार रखकर उन की गतियां तथा गत्यन्तर निकालिए—

	रा. अं. क. वि.	
(१५ नवं. १९७२ ई.)	७।१८।५५।२ (प्रथम पंक्ति ग्रह)	+३क. १०वि. (प्रथम गति)
		—९क. १७वि. (प्रथम गत्यन्तर)
(१६ नवं. ,, ,,)	७।१८।५८।१२ (द्वितीय पंक्ति ग्रह)	—६क. ७वि. (द्वितीय गति)
		—९क. ५४वि. (द्वितीय गत्यन्तर)
(१७ नवं. ,, ,,)	७।१८।५२।५ (तृतीय पंक्ति ग्रह)	—१६क. १वि. (तृतीय गति)
(१८ नवं. ,, ,,)	७।१८।३६।४ (चतुर्थ पंक्ति ग्रह)	

हमारा इष्टकाल (सायं ७ घं. ३६ मि.) पंचांग के पंक्ति काल (प्रातः ५ घं. ३० मि.) से १४ घं. ६ मि. आगे है। अतः १४ घं. ६ मि. हमारे इष्ट घं. मि. हुए। चालन कोष्ठक में १४ घं. के नीचे ६ मि. के आगे ५८७ लिखा है। द्वितीय गति की विकलाओं (३६७) को ५८७ से गुणा करने पर २१५४२९ मिला। इसके दाईं ओर के पहिले तीन अंक (४२९) छोड़ देने पर २१५ विकलाएं (३क. ३५वि.) चालन हुआ क्योंकि द्वितीय गति ऋण है अतः इस चालन को द्वितीय पंक्ति ग्रह (७।१८।५८।१२) में से घटाया तो ७।१८।५४।३७ आसन्न स्पष्ट बुध हुआ। अन्तर्न्यास कोष्ठक में १४ घं. १० मि. (इष्ट घं. मि. के आसन्नतम घं. मि.) के आगे प्रथम गुणक ५७ और द्वितीय गुणक ६४ मिला। प्रथम गुणक (५७) द्वारा प्रथम गत्यन्तर की विकलाओं (५५७) को गुणा करने पर ३१७४९ मिला। इसके दाईं ओर के पहिले तीन अंक (७४९) छोड़ देने पर शेष ३१ विकलाएं हुईं। प्रथम गत्यन्तर के ऋण होने से इन विकलाओं को आसन्न स्पष्ट बुध ७।१८।५४।३७ में जोड़ा तो ७।१८।५५।८ हुआ। द्वितीय गुणक ६४ से द्वितीय गत्यन्तर की विकलाओं (५९४) को गुणा करने पर गुणनफल ३८०१६ आया। इसके दाईं ओर के पहिले तीन अंकों (०१६) को छोड़ देने पर शेष ३८ विकलाएं मिलीं। द्वितीय गत्यन्तर भी ऋण है, अतः इन विकलाओं को ७।१८।५५।८ में जोड़ने पर ७।१८।५५।४६ सूक्ष्म बुध स्पष्ट हो गया।

यह लेख हमारे अप्रकाशित ग्रन्थ 'गणक मार्त्तण्ड' में दी गई अन्तर्न्यास पद्धति का संक्षिप्त रूप है। 'गणक मार्त्तण्ड' में अन्तर्न्यास पद्धति को और भी सरल रूप में प्रस्तुत किया गया है। यदि आप इस पद्धति में गुणन क्रिया के लिए पाकेट कैल्क्युलेटर प्रयोग में लायें तो यह पद्धति अत्यन्त सरल हो जाती है।

विशेष :—वैसे फलादेश के लिए त्रैराशिक द्वारा स्पष्ट किए गए कलान्त स्पष्ट ग्रह ही पर्याप्त होते हैं, परन्तु जो ग्रहों का सूक्ष्मतम मान निकालने के लिए विशेष आग्रह रखते हैं उन्हें अन्तर्न्यास पद्धति को ही प्रयोग में लाना चाहिए। ग्रहण, ग्रहयुति, तिथि, नक्षत्र, योग तथा राशि नक्षत्र प्रवेश आदि कालों को अधिक सूक्ष्मतापूर्वक ज्ञात करने के लिए यह पद्धति विशेष महत्त्व रखती है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

॥ अथ वर्षराजादि फल विचार सं. २०४४ वि. ॥

कल्यादि से गत वर्ष १९७२९४९०८८, सृष्टि सम्वत् १९५५८८५०८८, श्री विक्रम संवत् २०४४, शक संवत् १९०९, श्रीकृष्ण जन्म संवत् ५२२३, कलि संवत् ५०८८, श्री जैन महावीर निर्वाण संवत् २५१२-२५१३, श्री बुद्ध संवत् २६१०-२६११, हिजरी सन् १४०८-१४०९, फसली सन् १३९४-१३९५, ईसवी सन् १९८७-१९८८।

वर्षारम्भ में गुरुमान से "विक्रम" नामक संवत्सर है। इसका फल इस प्रकार लिखा है।

"विक्रमाब्दे धराधीशा विक्रमाक्रान्तभूमयः।
सर्वत्र सर्वदा मेघाः मुञ्चन्ति प्रचुरं जलम् ॥"

अर्थात्— राजा पराक्रमी हों तथा वर्षा अधिक हो।

किन्तु— विक्रम संवत्सरे चन्द्रः स्वामी, राजा-प्रजा सुखी, अतिमेघः, चैत्रे-वैशाखे महर्घम्, अन्ने द्विगुणो लाभः, परं वैशाखे म्लेच्छभयात् नगर उद्वसत्वम्, अरण्ये वासः, वैशाखे दिनक्षय महान् वायुर्भूमिकम्पः, प्रजापीड़ा, ज्येष्ठमासे दुर्भिक्षम्, आषाढ़े प्रलयः, श्रावणे-भाद्रपदे महामेघः, प्रजासुख सर्वधान्यं समर्घम्, सर्ववस्तु समर्घता, आश्विने रोगः, सर्वरस समता, कार्तिकादि मास पञ्चके सर्वान्न समता।

इस वर्ष का राजा (ग्रह परिषद् के प्रधान) चन्द्र एवं मन्त्री मंगल है। इस वर्ष सस्येश (चौमासी फसलों के स्वामी) गुरु, धान्येश (शीतकालीन फसलों के स्वामी) बुध, मेघेश (वर्षा, पानी के स्वामी) चन्द्र, रसेश (गुड़, खांड, रसकस आदि के स्वामी) शनि, नीरसेश (सर्वविध धातु एवं व्यापारादि के स्वामी) गुरु, फलेश (फल-फूल आदि के स्वामी) चन्द्र, धनेश (खजाने के मालिक) गुरु, दुर्गेश (सुरक्षा, प्रतिरक्षा आदि के स्वामी) चन्द्र हैं।

प्रत्येक पदाधिकारी का फल इस प्रकार है—

(१) राजा चन्द्र का फल :—"चन्द्रेनृपे मंगल शोभनानि प्रभूत वृष्टिः प्रचुरं च धान्यम्।
सौख्यं जनानामुदयो नृपाणाम्। प्रशाम्यति व्याधिजरा नराणाम्"।

अर्थात्— मांगलिक एवं शुभ कार्य अधिक हो। वर्षा अधिक एवं अनाज की फसल उत्तम रहेगी। प्रजा में परस्पर स्नेह, सद्भाव एवं शासकों की प्रतिष्ठा बढ़े। जनता में वार्धक्य रोग शान्त हो।

(२) मन्त्री मंगल का फल :—"अवनिजे ननु मन्त्रिपदंगते भवति वस्तु गदादिज वेदना।
जनपदेषु जयं सुख संचयं न बहुगोषुपयो द्विजकर्म च ॥"

अर्थात् चोरी, ठगी की घटनाएं अधिक हों। प्रजा में रोग से परेशानी हो। शहरी क्षेत्रों में प्रायः जनता सुखी रहे। दूध की कमी एवं धार्मिक कृत्य कम हों।

(३) सस्येश गुरु का फल :—प्रजा में स्नेह, सद्भाव रहे। वर्षा पर्याप्त हो। पशुओं के लिए चारा प्रचुर मात्रा में हो। प्रजा में सुख समृद्धि रहे।

(४) धान्येश बुध का फल :— वर्षा काफी हो। सिंध देश एवं कुछ पश्चिमी भू-भाग पर वर्षा की कमी रहे।

(५) मेघेश चन्द्रमा का फल :—दूध पर्याप्त मात्रा में सुलभ हो। पृथ्वी पर धन-धान्य समृद्धि रहे। प्रजा में आनन्द मंगल रहे।

(६) रसेश शनि का फल :—गुड़, खांड, रसकश आदि महंगे हों। वर्षा कम एवं रोग फैले। हाथी, घोड़े आदि चौपाए पशुओं में रोग फैले। जन-जीवन में महंगाई के प्रति आक्रोश रहे।

(७) नीरसेश गुरु का फल :— हल्दी आदि पीली वस्तुओं में विशेष तेजी-मन्दी आए। कपड़ा आदि के व्यापार में भी लाभ हो।

(८) फलेश चन्द्र का फल :—फल-फूल प्रचुर मात्रा में हों, उत्तम वर्ण के लोग शुभचिन्तन करें, राजकीय कार्यों एवं प्रशासन में नाटकीय उलटफेर हों।

(९) धनेश गुरु का फल :— व्यापार में विशेष वृद्धि हो। व्यापारी वर्ग में सन्तोष रहे। फल-फूल में वृद्धि तथा जनता नानाविध द्रव्यों का उपभोग करे।

(१०) दुर्गेश चन्द्र का फल :—राजा एवं प्रजा में परस्पर स्नेह, सद्भाव रहे। ईख, दूध, दही एवं रस पदार्थ पर्याप्त मात्रा में हों।

नीलांजनसमाभासं रविपुत्रं यमाग्रजम्।
छायामार्तण्डसंभूतं तं नमामि शनैश्चरम्॥
अर्धकायं महावीर्यं चन्द्रादित्यविमर्दनम्।
सिंहिकागर्भसंभूतं तं राहुं प्रणमाम्यहम्॥
पलाशपुष्पसंकाशं तारकाग्रहमस्तकम्।
रौद्रं रौद्रात्मकं घोरं तं केतुं प्रणमाम्यहम्॥
इति व्यासमुखोद्गीतं यः पठेत्सुसमाहितः।
दिवा वा यदि वा रात्रौ विघ्नशांतिर्भविष्यति॥
नरनारीनृपाणां च भवेत् दुःस्वप्ननाशनम्।
ऐश्वर्यमतुलं तेषामारोग्यं पुष्टिवर्धनम्॥

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

ॐ

।। श्री गणेशाय नमः ।।

आकाशी कौंसिल का विचार

(सं० २०४६ वि०, सन् १९९२-९३ ई०)

–विश्व की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक स्थिति का ग्रहगतिजन्य सर्वेक्षण–

सं. २०४६ में शनि-राहु-गुरु एवं यूरेनस नेपच्यून प्लूटो के चार अनुसार विश्व में अघटित-घटनाचक्र चलेगा, जिसका जनता अनुमान भी न लगा सकेगी।

इस वर्ष में क्रूर ग्रहों की युति, वक्रमार्ग के अनुसार कहीं सत्ता पलट, कहीं प्राकृतिक-प्रकोप भूकम्प-अग्निकाण्ड आदि से जन-धन हानि योग।

विश्व के वरिष्ठ नेताओं की ग्रहस्थिति पर विहंगम दृष्टि, कई नेता राजनैतिक चक्रव्यूह में उलझ जाएंगे, परिणामस्वरूप कहीं नेता को पदत्याग के लिए विवश होना पड़े, किसी वरिष्ठ नेता की आकस्मिक मृत्यु से शोक व्याप्त भी होगा।

बंगलादेश, लंका, जापान, अफगानिस्तान, टर्की, यूनान एवं एशिया एवं यूरोप के कुछ अनार्य देशों में तूफान, भूकंप एवं अप्रिय घटनाओं से हानि, पाकिस्तान में सत्ता पलट एवं आन्तरिक क्रान्ति, विस्फोट से अराजकता, कहीं अलगाववादी तत्त्व सक्रिय।

भारत के उत्तरी भूभाग में प्राकृतिक प्रकोप से हानि, कुछ अप्रत्याशित राजनैतिक सुधार, मन्त्रिमण्डल किंवा शासन पद्धति में नए सुधारात्मक आयाम, प्रधान नेतृत्व राजनैतिक चक्रव्यूह में उलझेगा, चिन्ताजनक राजनैतिक हलचल। किसी विशिष्ट व्यक्ति का पद रिक्त। मुद्रा अवमूल्यन से महंगाई और बढ़े, जन असन्तोष।

काश्मीर, पंजाब, असम, तमिलनाडु, त्रिपुरा में फौजी मदद से शान्ति के प्रयास होंगे। लेकिन समस्या का पूर्ण समाधान अभी संभव नहीं।

विश्व के कुछ देशों की अर्थनीति चरमरा जाएगी। किसी प्रमुख महाशक्ति सम्पन्न देश की नीति से विश्व के देश विशेष रूप से प्रभावित होंगे। परिणाम स्वरूप विश्व में शक्ति सन्तुलन बिगड़ेगा। विश्व के मानचित्र पर कुछ नए राष्ट्रों का उदय।

विश्व के प्रमुख कम्युनिस्ट देशों में नए राजनैतिक सुधारों के लिए पुनः संघर्ष की स्थिति बने, कहीं आन्दोलन, कहीं आन्तरिक स्थिति विषम बने।

उल्लिखित घटनाओं का ज्योतिषीय दृष्टि से विश्लकलन एवं विश्वजनीन-घटनाक्रम को पढ़े प्रस्तुत लेख में–

'ज्योतिर्विज्ञान' एक अद्भुत-विज्ञान है, जिसमें छिपे गूढ़-रहस्यों को प्रत्यक्ष अनुभव करने के लिए अभी युगों तक अनुसन्धान की आवश्यकता है। हमें थोड़े से वैज्ञानिक-रहस्यों का अन्वेषण एवं अनुसन्धान करने में लाखों वर्ष लगाने पड़े हैं, फिर अंकगणित किंवा अज्ञात-ग्रहनक्षत्रों की एवं उनके मध्यवर्ती-आकाश की स्थिति को जानने के लिए एवं ग्रहनक्षत्रों का प्राणीमात्र एवं प्रकृति पर प्रभाव को अनुभव करने के लिए जितना समय, श्रम एवं साधन चाहिए, उन्हें जुटा पाना हमारे लिए अभी भी सहज-संभव नहीं। हमें किसी न किसी रूप में सर्वोच्च प्रभुसत्ता को स्वीकार करना ही पड़ेगा।

यह दृश्य-जगत् पदार्थों से बना है। पदार्थ, अणुओं से बने हैं। विखण्ड तरंगों के घनीभूत रूप हैं। विज्ञान बताता है, कि यह विश्वजनीन सब कुछ तरंगों का ही परिणाम है, तरंगमय है, तरंग ही है। सब कार्यकलापों के पीछे तरंगें ही काम करती हैं, यहाँ तरंगों के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। इन तरंगों एवं इस सांसारिक गतिशीलता का नियामक 'ईश्वर' है। ईश्वर का अस्तित्व उदीयमान सूर्य से भी अधिक प्रत्यक्ष है, क्योंकि यदि इस विश्व में चल रही प्रत्येक स्पन्दन की गणित प्रक्रिया किसी सर्वोच्च व्यक्ति विशेष के हाथ न होती तो सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड एकरस न होता। हर परमाणु एक निर्धारित समय पर काम करता है, यदि इसमें रंचीभर भी अव्यवस्था किंवा अनुशासनहीनता आ जाए तो विराट् ब्रह्माण्ड एक क्षण के लिए भी नहीं टिक पाता। क्षणिक विस्फोट से अनन्त प्रकृति में आग लग जाती और यह संसार अग्निज्वालाओं के अतिरिक्त कुछ न होता। इस प्रकार प्रत्येक स्पन्दन किंवा कर्म निर्धारित विधान के अनुसार चल रहा है। यह सम्पूर्ण विधान, सूर्य आदि ग्रह, अनन्त कोटि तारे सब अचिन्त्य-अव्यक्त के नियन्त्रण में ही हैं।

इस सम्पूर्ण विश्व का आधार सूर्य है। सूर्य ही महनीय ज्योतिष शास्त्र के प्राण तथा आत्मा हैं और ज्योतिष चक्रों के प्रवर्तक भी। यह सूर्य १० करोड़ ३० लाख मील की दूरी से अपनी प्रकाश किरणें भेजता है, जो ८ मिनट में पृथ्वी पर पहुँचती हैं। यह सूर्य भी अनन्त अन्तरिक्ष का एक नन्हा तारा है। सूर्य से बड़ा 'रीजल' तारा है जो उससे १५ हजार गुणा बड़ा है। यही नहीं करोड़ों रहस्यमय पिण्ड आकाश में विचरण कर रहे हैं जिन्हें खोज निकालने के लिए प्रयास ज्योतिष शास्त्री किंवा खगोलविद् अहर्निश प्रयत्नशील है। ज्योतिष शास्त्रानुसार सूर्य ही समस्त ग्रह नक्षत्र मंडल के अधिष्ठाता तथा समय के मूलभूत नियामक हैं।

"देवतिर्यङ्मनुष्याणां सरीसृप सवीरुधाम्।
सर्वजीव निकायानां सूर्य आत्मा दृगीश्वरः।।"

'समय' का निर्धारण सूर्य सापेक्ष है। समय ही चतुर्थ आयाम है। जिसके आधार पर वर्तमान का परिवेश बदलता रहता है। समय एवं घटनाओं को हम अलग-अलग कर नहीं देख सकते, ये एक-दूसरे में इतने संश्लिष्ट हैं, कि एक के बिना दूसरे की सत्ता ही नहीं। यही कारण है, कि आइन्स्टीन जैसे महान् वैज्ञानिक भी ब्रह्माण्ड के तीन आयामों को न स्वीकार करके समय का चौथा आयाम स्वीकार करते हैं। **"समय"** सर्वोपरि है। इसे ईश्वरीय प्रेरणा कहें या कुछ और– समझना कठिन है। परमाणु से परमविशिष्ट तेज पञ्च सूर्यादि तक कोई भी ऐसी वस्तु नहीं है जो समय से प्रभावित न हो। 'समय' ईश्वरीय सत्ता है, जोकि कहीं तेज, कहीं अदृश्य आकर्षण, शक्ति नभ में व्याप्त ग्रह नक्षत्र, उपग्रह उल्का धूमकेतुओं के रूप में एवं कहीं परमाणु में निहित अथाह शक्ति के रूप में समय-समय पर घटनाचक्र रूप में अपनी सत्ता को व्यक्त करता है। इस 'समय रूपी' विश्वसंचालक शक्ति को यथार्थरूप में समझने का प्रयास ही 'ज्योतिष' है, जिसे

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

व विधानशास्त्र' भी कहा गया है। **"वेदा हि यज्ञार्थमभिप्रवृत्ताः कालानुपूर्व्या विहिताश्च यज्ञाः। तस्मादिदं कालविधानशास्त्रं यः ज्योतिषं वेद स वेद यज्ञान्।।"** जीवन के अनेक महत्त्वपूर्ण क्रिया-कलापों में समय का ज्ञान सर्वोपरि है। फिर भी समयानुसार विश्व के क्रिया-कलापों को संचालित करने वाली कोई अदृश्य शक्ति अवश्य है, उसे दार्शनिक 'गूढ़ात्मा' एवं वैज्ञानिक ग्रहों के आकर्षण-विकर्षण की संज्ञा देते हैं। परन्तु प्रभु की रहस्यपूर्ण शक्ति को समझने के लिए ऋषिकल्प सूक्ष्मबुद्धि होना आवश्यक है—

"एषु सर्वेषु भूतेषु गूढ़ात्मा न प्रकाशते।
दृश्यते त्वग्रया बुद्ध्या सूक्ष्मया सूक्ष्मदर्शिभिः।।"

सर्वत्र व्याप्त गूढ़ात्मा एवं विभिन्न-शक्तिपुञ्ज के इस प्रभाव से विश्व में घटित होने वाले ऋषि लोग दिव्य दृष्टि से पहले ही देखते आए हैं।

साक्षात् कृतधर्माणः ऋषयो बभूवुः। तेऽवरेभ्यो असाक्षात्कृतधर्मभ्य उपदेशेन मन्त्रान् सम्प्रददुः। उपदेशाय ग्लायन्तोऽवरे बिल्म ग्रहणाय समाम्नासिषुर्वेदं वेदाङ्गानि च।"

—यास्काचार्य

स्पष्ट है कि हमारे पूर्वज-ऋषि सौरमण्डल में घटित घटनाक्रम को किसी माध्यम से ही जान पाते होंगे, इसके लिए उन्होंने वेदों के अङ्गभूत 'ज्योतिष शास्त्र' को जन्म दिया। यही कारण है कि ज्योतिष को नेत्र की संज्ञा दी गई है। साक्षात्कृत धर्मा ऋषि 'ज्योतिषशास्त्र' मनुष्य की 'ज्ञानेन्द्रिय' की तरह पुरातनकाल से ही महत्त्वपूर्ण रही है और गुरु-शिष्य परम्परया यह आज भी दैवज्ञों को भावी घटनाक्रम का पूर्व ही भान करा रहा है।

"वर्तमान" अतीत से ही निकला है, आज हम जो भी कुछ देख रहे हैं, वह कल का ही तो परिणाम है। अतीत में वर्तमान कैसे निहित है एवं वर्तमान का भविष्य के साथ कैसा सम्बन्ध है एवं घटनाक्रम को जन्म देकर यह कालचक्र निर्मोही योगी की तरह पीछे न देखता हुआ अबाध गति से क्यों अहर्निश आगे ही बढ़ता जाता है और वर्तमान को जीर्ण बनाकर भूत बना देने के प्रयत्न में लगा रहता है। इस विधान के पीछे ज्योतिषशास्त्र के आधारभूत ग्रह ही तो हैं। जिस प्रकार शब्द में अर्थ, अग्नि में तेज एवं जल में शीलता प्रच्छन्नरूप से विद्यमान रहते हैं, उसी प्रकार प्रत्येक कार्य में कारण अवश्य छुपा रहता है। विश्व में जो भी घटनाक्रम चल रहा है, उसका कारण अवश्य है। भले ही हम आज प्रत्येक कार्य के कारण की उपपत्ति का स्पष्टीकरण देने में समर्थ न हों, परन्तु यह तथ्य है कि **भविष्य में जो भी घटित हो रहा है, वह अतीत से विच्छिन्न नहीं है। कल जो होंगे, वह आज का ही जोड़ होगा, आज जो कुछ हैं, वे गत दिनों का ही परिणाम है। स्पष्ट है कि जो कल को घटित होने वाला है, वह किसी सूक्ष्म अर्थ में कल भी विद्यमान होना चाहिए। इस मौलिक चिन्तन ने हजारों वर्ष पूर्व ज्योतिषशास्त्र को जन्म दिया था।**

हार्वर्ड विश्वविद्यालय अमेरिका के एक प्रोफेसर एवं नक्षत्रविद् ने भी यह स्वीकार किया है कि **"प्राणी के शरीर में जितने तत्त्व हैं वे सबके सब पृथ्वी की ठोस पपड़ी में या उसके ऊपर अवश्य विद्यमान हैं, इन तत्त्वों का अधिकांशतः तारों किंवा ग्रहों के उत्तप्त वातावरण में भी परिचय मिलता है। जन्तुओं के शरीर के किसी प्रकार के भी ऐसे परमाणु नहीं हैं जिनकी उपस्थिति अजीब-परिवेष में सुपरिचित न हो, स्पष्ट है कि सभी प्राणी तारों के साधारण द्रव्य से ही बने हैं।"** प्राणीमात्र द्वारा निर्मित एवं प्राणियों के परिवेष से उत्पन्न घटनाक्रम का सम्बन्ध भी ग्रहों से अवश्य है। इस सम्बन्ध पर अभी भरपूर वैज्ञानिक चिन्तन की आवश्यकता है, **"ज्योतिष शास्त्र"** नक्षत्रों किंवा ग्रहों का अध्ययन मात्र ही नहीं है, अपितु भविष्य को टटोलने की एक चेष्टा भी है। यह ब्रह्माण्ड इकाई है, इससे पृथक् होकर कोई भी वस्तु अस्तित्वहीन हो जाती है, इसमें कोई भी चीज अलग नहीं, सब संयुक्त होकर एक ब्रह्माण्ड रूप में दिखाई दे रही हैं।

इस ब्रह्माण्ड में ग्रहों की प्रतिक्रियाएं गुरुत्वाकर्षण, गैसो तथा विकिरण नियमों के अनुसार होती रहती हैं। कोई भी ग्रह कितनी ही दूरी पर क्यों न हो जब भी वह अपनी स्थिति को बदलता है, तो विश्व की परिस्थितियों को प्रभावित अवश्यमेव करता है। सूर्य भले ही कितनी दूरी पर हो, जब वह अधिक उत्तप्त होता है तो उस समय पृथ्वी के जलवायु एवं प्राणीमात्र के रक्त-प्रवाह में विशेष गतिमत्ता अनुभव होती है, जिससे सम्पूर्ण विश्व प्रभावित होता है। इस प्रकार नई घटनाओं का जन्म भी देखा गया है—क्योंकि प्राणी की शिराओं में रक्त प्रवाह ही स्फूर्ति ऊर्जा प्रेरणा का स्रोत है। जोकि कुछ करने को प्रेरित करता रहता है।

उल्लिखित विवरण से स्पष्ट होता है कि—**ज्योतिष शास्त्र के प्राणभूत ग्रह कोई निष्क्रिय पिण्ड ही नहीं हैं अपितु वे अत्यन्त सक्रिय जीवन्त संगठन हैं। ग्रहराज सूर्य की तरंगों में प्रतिपल विलक्षण-रूपान्तरण होते रहते हैं। सूर्य की तरंगों में क्षणिक-रूपान्तरण भी पृथ्वी के प्राणों को कम्पित करता है।**

इस पृथ्वी पर कुछ ऐसा कभी नहीं होता, जो ग्रहों पर कुछ घटित हुए बिना यहां घटित हो जाता है। जब सूर्य-ग्रहण होता है, तो जंगलों में पक्षी चौबीस घण्टों पहले गीत गाना बन्द कर देते हैं। पूरे ग्रहण के समय सारी पृथ्वी मौन हो जाती है। जंगली जानवर भयभीत हो जाते हैं, किसी बड़ी आशंका से त्रस्त मालूम देते हैं। बन्दर वृक्षों को छोड़कर नीचे आ जाते हैं, भीड़ जुटाकर किसी सुरक्षा के उपाय में लगे मालूम देते हैं। बन्दर, जो निरन्तर शोरगुल और चंचल क्रिया-कलाप में व्यस्त रहते हैं, वे सूर्य-ग्रहण के समय इतने मौन हो जाते हैं, जितने कि साधु और सन्यासी ध्यान में नहीं होते। स्पष्ट है, कि आकाशीय-पिण्डों का विश्व की घटनाओं से कुछ सम्बन्ध अवश्य है-इस बात को विश्व के अठत्तर प्रतिशत व्यक्ति स्वीकार करते हैं। इन अठत्तर प्रतिशत व्यक्तियों में सामान्यजन ही नहीं, अपितु वैज्ञानिक, विचारक एवं बुद्धिजीवियों का एक बड़ा वर्ग भी सम्मिलित है।

ग्रह गतिवश विश्व की परिस्थितियां करवट लेती आई हैं और विश्व की घटनाओं को साक्षित्व प्रदान करने वाले इतिहास का निर्माण होता आया है। घटनाक्रम का शुभा-शुभत्व सफलता किंवा असफलता के परिणामस्वरूप व्यक्ति अपने भाग्य पर इतराता या भाग्य को कोसता देखा गया है। आखिर इस घटनाक्रम की जन्मदात्री कौन-सी अदृश्य शक्ति है, जिसे मनुष्य 'भवितव्यता' या 'ईश्वरीय इच्छा' नाम से स्वीकार करता है। तर्क-संगत विश्लेषण एवं अनुसंधान के परिणामस्वरूप **कालविधान-शास्त्र-ज्योतिष 'शास्त्र'** ने अघटित घटनाक्रम को जन्म देने में ग्रहजन्य आकर्षण-विकर्षण एवं युति-प्रतियुति को प्रमुखतः कारण माना है। इसमें सन्देह नहीं, कि भूकम्प, भयरोग, विग्रह आदि अभी विश्वजनीन घटनाओं को जन्म देने में ईश्वरीय प्रेरणा से संचालित-ग्रहों की गति भी एक महत्त्वपूर्ण कारण है।

पच्चानवें हजार वर्ष पूर्व ग्रह-नक्षत्रों की जैसी स्थिति थी, उसका वर्णन ऋग्वेद में मिलता है। चिरन्तन काल से ही महर्षियों द्वारा प्रस्फुरित इस शास्त्र पर परम्परया चिन्तन होता आ रहा है। इस शास्त्र से प्राप्त संकेत के आधार पर अपनी बुद्धि के अनुसार सूक्ष्म ग्रह गति से प्राप्त संकेत-ग्रहों की ही **'भविष्यवाणी'** के रूप में प्रतिफलित करके विश्व में घटित होने वाली घटनाओंका चित्र अपने लाखों प्रिय पाठकों के समक्ष उपस्थिपित करते हुए ६३ गौरवपूर्ण वर्ष व्यतीत हो चुके हैं।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri. Funding by MoE-IKS

भविष्यवाणियों में साधारण वर्ग के व्यक्ति से लेकर भारतरत्न श्री जवाहर लाल नेहरू, श्रीमती इन्दिरा गांधी, प्रथम राष्ट्रपति श्री राजेन्द्र प्रसाद एवं अन्य गणमान्य प्रतिष्ठित महापुरुषों की अभिरुचि रही है। आज भी यह पञ्चाङ्ग अपनी सफल आश्चर्यचकित कर देने वाली भविष्यवाणियों के कारण तथा ग्रहण आदि पञ्चाङ्ग गणित की सूक्ष्मता एवं शुद्धि के कारण भारत में सर्वोपरि लोकप्रिय है।

इस पञ्चाङ्ग की सर्वाङ्गशुद्ध गणित एवं विद्वत्तापूर्ण आकर्षक लेखों के कारण यह पञ्चाङ्ग भारत के मूर्धन्य धर्माचार्यों द्वारा सम्मानित हो चुका है। सूक्ष्मातिसूक्ष्म ग्रहगणित, विद्वत्तापूर्ण शोध लेख एवं अन्य उपयोगी विषयवस्तु के कारण विद्वद्वर्ग एवं धर्माचार्यों के आशीर्वाद के रूप में जो पेय एवं गौरव इस पञ्चाङ्ग को आज तक प्राप्त हो रहा है, वह हमारे जीवन की उपलब्धि है। यह पञ्चाङ्ग इन सभी विद्वान्-धर्माचार्यों का हृदय से ऋणी है, जिनका आशीर्वाद इसे प्राप्त है। श्री मार्तण्ड पञ्चाङ्ग की विगत वर्षों की भविष्यवाणियों की संक्षिप्त चर्चा यहां विहङ्गम दृष्टि से कर देना उचित समझते हैं—

भारत के स्वतन्त्र होने की घोषणा, श्री महात्मा गांधी, नेहरू जी एवं श्रीमती इन्दिरा गांधी आदि भारत के गण्यमान्य व्यक्तियों के निधन किंवा हत्याकाण्ड की आश्चर्य चकित कर देने वाली भविष्यवाणी, रूस के बुल्गानिन एवं ख्रुश्चेव के अचानक अपदस्थता व पदत्याग की भविष्यवाणी, चीन में चाऊ-माऊ युगान्त की घोषणा, कांग्रेस का विभाजन, जनता पार्टी की विजय एवं पतन की आश्चर्य-चकित कर देने वाली भविष्यवाणी, श्रीमती गांधी के पुनः सत्तारूढ़ होने की घोषणा, भारत-पाक युद्ध, ईरान-इराक युद्ध एवं भूतपूर्व ऐतिहासिक भूकम्प किंवा प्रलयकारी तूफानों की भविष्यवाणी २१ जून १९६० ई. में ईरान भूकम्प, सन् १९६१ ई. में देहली के भयंकर अग्निकाण्ड, सन् १९६१ ई. में गल्फवार ईराक-ईरान युद्ध की भविष्यवाणी, सन् १९६० ई. में श्रीमती बेनजीर भुट्टो के अपदस्थ होने की भविष्यवाणी, निर्वाचनों में कांग्रेस की प्रतिष्ठा को आघात एवं अन्यविध भविष्यवाणियां की गई थीं, जो शत प्रतिशत सफल रहीं। इसके अतिरिक्त भारत एवं देशान्तरों में घटित होने वाली असंख्य सफल भविष्यवाणियों की अक्षरशः सफलता का श्रेय आपके इस पञ्चाङ्ग को प्राप्त हो चुका है। **यद्यपि स्थानाभाव के कारण सभी सफल भविष्यवाणियों को यहां अंकित करना सम्भव नहीं, पुनरपि कुछेक आश्चर्यजनक भविष्यवाणियां सं० २०४८ से यहां प्रस्तुत कर देना प्रासंगिक समझते हैं—**

(1) वत सवत् 2048 के श्रीमार्तण्ड पंचाग में पृष्ठ 15 पर 'मुस्लिम देश' शीर्षक के अन्तर्गत 'गल्फ युद्ध' की सूचना निम्नांकित शब्दों में दी गई थी -

"एक मुस्लिम राष्ट्र पड़ोसी की सीमा का अतिक्रमण करेगा सैन्यबल से अशान्ति का रण बनेगा परन्तु इस प्रकार की कुनीति उसे महंगी पड़ेगी प्रधान नेता को कठिन स्थिति का सामना करना पड़ेगा।"

स्पष्ट है, कि ईराक ने कुवैत की सीमा का अतिक्रमण किया और उसे मुंह की खानी पड़ी और प्रधान नेता के विरुद्ध कुर्द लोगों ने आवाज उठाई, अमेरिका की नीति से अब भी प्रधान नेता को भारी कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

"किसी विशेष परिस्थितियों वश सैन्य से जनता अशान्त क्षेत्र को छोड़कर शान्तक्षेत्र की तरफ पलायन करेगी"।

पाठक जानते हैं, कि ईराक में युद्धभय से ग्रस्त कुर्द लोगों को लाखों की संख्या में स्थानान्तरण करने के लिए विवश होना पड़ा था।

(3) सं० 2047 वि० के पंचाग में 'पाकिस्तान' शीर्षक के अन्तर्गत पृष्ठ 20 पर पाक प्रधानमंत्री श्रीमती बेनजीर भुट्टो के बारे में स्पष्ट घोषणा की गई थी, "प्रभाव राशिफल कन्या है। प्रधान नेता की स्थिति चुनौतीपूर्ण एवं संघर्षमय है श्रीमती बेनजीर का धनु लग्न है। धनुराशि में स्थित वक्री शनि का मंगल के साथ षडष्टक ..... इसके लिए अग्नि परीक्षा का है"

श्रीमती बेनजीर के विरुद्ध आन्दोलन हुए, परिणामस्वरूप संविधान के विपरीत उन्हें अपदस्थ कर दिया गया। और अब उनके एवं उनके पति के विरुद्ध अभियोग चल रहे हैं।

(4) सं० 2048 वि० के पंचागों में लिखी गई भविष्यवाणी पर ध्यान दें 'पाकिस्तान" शीर्षक के अन्तर्गत पृष्ठ 18 पर स्पष्टशब्दों में लिखा था -

"पाकिस्तान - प्रभाव राशि कन्या है। पंचमभाव में 11 अप्रैल से राहु मंगल का समसप्तक, 15 मई से 5 जुलाई तक शनि मंगल का समसप्तक वहां की शासन सत्ता में दमन की नीति को बढ़ावा देगा। वहां आन्तरिक-अशान्ति बढ़ेगी एवं सेना का शासन पर दबदबा रहेगा। आन्तरिक-अशान्ति के कारण सीमाप्रान्तों पर सेना की हलचल पैदा करेगा, परिणाम शुभ मालूम नहीं देते। आगे 7 अक्टूबर से 19 नवम्बर तक एवं जनवरी (1992 ई०) से फरवरी तक का समय वहां राजनैतिक अस्थिरता वाला है। पड़ौसी देश से सम्बन्ध तनावपूर्ण एवं विषम होंगे। सिन्ध-बलूचिस्तान में आन्तरिक क्रान्ति से स्थिति उल्लङ्घनपूर्ण एवं अलगाववाद बढ़ेगा"।

ये भविष्यवाणी अक्षरशः सत्यसिद्ध हो रही है, इस भविष्यवाणी के अनुसार आगे आने वाली घटनाएं इसकी यथार्थता को प्रमाणित करती जा रही है।

(5) सं० 2048 वि० में 'श्री लंका' शीर्षक में पृष्ठ 18 पर 'श्रीलंका' के बारे में स्थिति स्पष्ट इन शब्दों में की थी -

"श्रीलंका - शनि-राहु एवं मंगल की युति एवं राशि सम्बन्ध के अनुसार यहां इस वर्ष भयंकर अशान्ति का साम्राज्य समाप्त न होगा, सत्ता में परिवर्तन एवं किसी विशिष्ट व्यक्ति को पद त्याग के लिए विवश होना पड़ेगा। हत्याकाण्ड उत्तरोत्तर बढ़ेंगे। सेना प्रभावी रहेगी।"

ठीक इस घटनाचक्र को पहिले ही लिखने से ज्योतिषशास्त्र की सत्यता प्रमाणित हो रही है।

(6) सं० 2048 वि० में पृ० 18 पर 'जम्मू-कश्मीर' शीर्षक के अन्तर्गत जो भी लिखा गया था वह अक्षरशः सत्यघटित हुआ है -

"- प्रभाव राशि तुला है। मकर के शनि का प्रभाव इस प्रान्त के लिए विशेष कष्टप्रद एवं घटनापूर्ण रहेगा। ग्रहस्थिति के अनुसार शान्ति स्थापित करने के भरपूर प्रयासों के बाद भी स्थिति विषम रहे। गुरिल्ला युद्ध की सी स्थिति को विदेशी तत्व जन्म देंगे। वहां आतंकवाद एवं अलगाववाद को तूल देने वाले विदेशी तत्व स्थिति को भयावह बनाएंगे। इस सीमावर्ती प्रान्त में सैन्यबल का प्रयोग हो एवं सीमा पर पाक की कुनीति को मुंहतोड़ उत्तर देना पड़ेगा, सेना को सीमा पर सुसज्जित रखना पड़ेगा।"

ऊपर अंकित काश्मीर का शब्दचित्र अक्षरशः सत्यापित हुआ है, - यह पाठक अच्छी तरह जानते हैं।

(7) सं० 2048 में पृ० 18 पर पंजाब, हिमाचल, उ० प्रदेश के बारे में जो भी भविष्यवाणी की थी, वह अक्षरशः सिद्ध हो चुकी है, स्थानाभाव के कारण उद्धृत करना यहां सम्भव नहीं है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

(8) सं0 2048 वि0 के पंचाग में पृ0 14 पर रूस के बारे में की गई भविष्यवाणी तो आश्चर्यचकित कर देने वाली है: जोकि इन शब्दों में की गई थी,- पृ0 14, कालम पहला, पंक्ति 13 पर देखें -

"ग्रहस्थिति के अनुसार - शनि राहु का गुरु के साथ समसप्तक वर्षारम्भ से ही चल रहा है विश्व के प्रमुख देशों में विशेष परिवर्तनों की आँधी आएगी, किसी देश विशेष की सत्ता के ढांचे में व्यापक परिवर्तन होंगे, जिससे विश्व की महाशक्तियों की राजनैतिक-प्रणाली में दूरगामी रुपान्तरणों की शुरुआत होगी। रूस में व्यापक जनवादीकरण के साथ-साथ राजनैतिक बहुदलीय प्रणाली का विकास होगा। कुछ प्रमुख देश जनतन्त्र की ओर बढ़ेंगे।"

साथ ही पृष्ठ 14 पर सं0 2048 में कालम दो में अन्तिम स्टैंजा में पढ़ें -

"सोवियत संघ में आर्थिक सुधार एवं नियोजित - विकास की प्रक्रिया पर जोर दिया जाएगा। नए युग का सूत्रपात होगा, देश विशेष प्रगति की ओर उन्मुख होगा। परन्तु सोवियत जनतन्त्रों में, विशेषतः ट्रांसकाकेशिया में अलगाववादी एवं जातीय झगड़े भी होंगे। यूरोप में सामरिक-सन्तुलन के पक्ष में प्रगति होगी सेना एवं शस्त्रास्त्रों में कटौती पर वार्ताएं होगी।"

इस भविष्यवाणी की सम्यता पर हमें देश-विदेशान्तरों से प्रशंसापत्र मिले हैं। यह कल्पनातीत भविष्यवाणी की सफलता फलित-ज्योतिष की गरिमा का ज्वलन्त निदर्शन है।

"(9) पाठक जानते है, कि गत संवत् 2048 वि0 भारत की राजनीति में ऐतिहासिक - घटनाओं वाला रहा है। श्री विश्वनाथ प्रतापसिंह से प्रधानमंत्री पद श्री चन्द्रशेखर जी के हाथ गया, तत्पश्चात वही पद श्री नरसिंहाराव जी को प्राप्त हुआ। इस प्रकार राजनैतिक घटना चक्र की भविष्यवाणी निम्नांकितरुप से पृ0 15 कालम दो पर इन शब्दों की गई थी -

"जन्मलग्न के सापेक्ष स्वतन्त्र भारत के 44वें वर्ष (जो कि 15 अगस्त 1990 से 14 अगस्त 1991 ई0 तक प्रभावी रहेगा) का लग्न भी वृष ही आ रहा है। स्पष्ट है, कि जन्म लग्न एवं वर्ष लग्न दोनों एक ही आ रहे हैं, वह एक तरह से द्विजन्मा की भान्ति नेष्ट फलप्रद वर्ष मालूम देता है। भारतीय शासनतन्त्र के समक्ष अनेक प्रश्नचिन्ह उपस्थित होंगे। अगस्त 1990 ई0 से इस ग्रहस्थिति का प्रभाव प्रत्यक्ष अनुभव करेंगे, कि अक्टूबर के अन्त एवं नवम्बर के पूर्वार्ध तक भारत में विषम-घटना चक्र चलेगा, जिसका प्रभाव वर्तमान - राजनीति एवं जनसाधारण पर भी होगा। नेतावर्ग को इस विषम परिस्थिति -चक्रव्यूह से निकल पाना संभव प्रतीत नहीं होता। द्विजन्मा योग जैसी वर्ष लग्न की ग्रहस्थिति से ज्ञात होता है कि घटनाचक्र की विषमता गंभीररुप धारण कर सकती है, जिसका प्रभाव लगभग 12 अप्रैल सन् 1991 ई0 तक सामने आएगा। भारत शासन तन्त्र की विषमतम-सामाजिक -धार्मिक एवं राजनैतिक परिस्थितियों में उलझने का योग है, परिणामस्वरुप अराजकता जैसा वातावरण उपस्थित होगा, हत्याकाण्ड, परस्पर तनाव से शान्ति भंग होगी। इस समय की ग्रहस्थिति के परिपाक का परिणाम चिन्ताजनक एवं राजनैतिक अस्थिरता देने वाला होगा। अगस्त तक भारत की राजनीति किंवा नेतृत्व में विशेष उलटफेर होने वाले प्रतीत होते हैं।"

इस भविष्यवाणी की सफलता का आकलन पाठक स्वयं करें। वस्तुतः इस शब्दचित्र को पढ़कर कुछ पाठकों ने तो हमें पत्र में लिखा है: - कि 'सं0 2048 का वर्ष का शब्दचित्र का आपने संदर्भ में ही दे दिया है', एतदर्थ उन्होंने पत्र लिखकर जो हमारा उत्साह बढ़ाया है: तदर्थ हम उनके आभारी है।

(10) सं0 2048 वि0 में पृष्ठ 15 पर मुस्लिम देश शीर्षक के अन्तर्गत लिखी भविष्यवाणी भी आक्षरशः सत्यसिद्ध घटित हो रही है -

"कन्या (प्रभाव) राशि वाले देश विशेषतः पाकिस्तान, बंगलादेश में आन्तरिक अशान्ति बढ़ेगी मई से अगस्त के मध्य एवं अक्टूबर से नवम्बर तक समुद्री तूफान किंवा भूकम्प आदि प्राकृतिक-प्रकोप से जनधनहानि का योग है। ..... पाक में जनतन्त्र पर आघात होगा। सिन्ध आदि में भीषण संघर्ष की स्थिति बनेगी।"

बंगलादेश में तूफान से भीषण हानि हो चुकी है। पाकिस्तान में गणतन्त्रीय संविधान को ताक में रखकर श्रीमती बेनजीर भुट्टो को अपदस्थ करके गणतन्त्र में जो विस्फोटक स्थति बन रही है: - वह पाठक जानते ही हैं।

(11) सं0 2048 वि0 में श्री राजीवगांधी की अप्रत्याशित किंवा दुःखद हत्या हुई। हमने इस घटना का संकेत ज्योतिषशास्त्र के आधार पर (व्यक्तिगत कुण्डली को ध्यान में न रखकर) किसी बड़े नेता की मृत्यु से देश के शोकग्रस्त हो जाने की भविष्यवाणी निम्नांकित शब्दों में गतसंवत् 2048 वि0 में पृष्ठ 14 पर कालम पहला, पंक्ति- अन्तिम में इन शब्दों में की थी।

"15 मई से 4 जून तक की स्थिति वरिष्ठ नेता के लिए नेष्ट सिद्ध होगी। किसी नेता की मृत्यु से शोक व्याप्त होगा।"

(12) गत सं0 2048 में भारत सरकार एवं राजनीति का जो चित्र (पृ0 17 कालम पहला, स्टैंजा अन्तिम में ब्लैक लैटर्स में) हमने दिया था, वह शतप्रतिशत सत्य सिद्ध हो चुका है, विश्वनाथ प्रतापसिंह जी की सरकार का पतन हुआ, अब जनतादल विभाजन के कगार पर आ गया है, वोटनीति, अल्पसंख्यक के तुष्टीकरण, मण्डल कमीशन आदि नीति से जो देश में हानि हुई है, वह छुपाई नहीं जा सकती।

पाठको! गतवर्ष भविष्यवाणी की सत्यता फलितज्योतिष की वैज्ञानिकता का ज्वलन्त उदाहरण है। ये भविष्यवाणियां गतवर्ष 3 सितम्बर 1990 ई0 को लिखी गई थीं। जिन भविष्यवाणियों की सफलता पर पाठकगण हमें पत्र लिख कर उत्साहित करते हैं, उन सबका श्रेय पूर्वाचार्यों एवं ज्योति-शास्त्र-मर्मज्ञ गुरुजनों को ही जाता हैं, जिन्होंने हमारा आज तक मार्ग-दर्शन किया है। हम जनता जनार्दन के भी आभारी है, जो विभिन्न-प्रान्तों से पत्रों द्वारा भविष्यवाणियों की सफलता पर बधाई देकर भावी वर्षों के लिए भी कुछ लिखने के लिए प्रतिवर्ष प्रेरित करते रहते है।

इस वर्ष आन्तरिक-विषमताएं बढ़ेगी। उग्रवाद के अलावा बढ़ रही मंहगाई से जनता में रोष फैलेगा। शासनकाल में पारस्परिक बढ़ रही विषमताओं से दृष्टिगत हो रही अस्थिरता से सरकार के प्रति जनता का मोहभंग अधिक देर टाला नहीं जा सकेगा। ग्रहों की युति प्रतियुतियों के परिणामस्वरुप जनता दल में गृहयुद्ध की सी स्थिति बनेगी, शनि-मंगल की स्थति-दृष्टि विचार से सत्तादल एवं जनता दल में विखराव अवश्यभावी है, परिणामस्वरुप अस्थिरता का वातावरण बनेगा। जनता एवं वामपंथी दलों में भी संवत् के पूर्वार्ध में ही गतभेद बढ़ेंगे। इस वर्ष दलित वर्ग का प्रतिनिधि शनि ग्रह वर्ष में तीन बार मंगल के साथ दृष्टि सम्बन्ध करेगा, अतः अल्पसंख्यकों के तुष्टीकरण की नीति, वोट की राजनीति एवं जनमानस में विभाजन की राजनीति से मध्यावधि चुनाव की संभावना बढ़ेगी। लेकिन राष्ट्रीय मोर्चा सरकार की नीति एवं जनता दल में असन्तुष्ट नेतृत्व इस सरकार को भारी दलदल में ले जाकर खड़ा कर देगा। पार्टी विशेष में आपसी खेमेबाजी, व्यक्तिवाद एवं राजनैतिक-महत्वाकांक्षाओं का टकराव इस वर्ष और अधिक गंभीर हो जाएगा।

सं0 2049 वि0 की ग्रहस्थिति का विश्व पर प्रभाव -

इससे पहिले कि हम संवत् 2049 वि0 की ग्रहस्थिति पर विशद विवेचन करें, सं0 2048 के अन्तिम चरण पर विहंगम दृष्टपात करना प्रासंगिक समझते हैं।

संवत् 2048 में 7 अक्टूबर 1991 ई0 को मंगल तुला राशि में आकर मकरस्थ शनि के साथ दृष्टि-सम्बन्ध बनाएगा। शनि मंगल का यह दृष्टि सम्बन्ध दिसम्बर तक किसी देश विशेष की राजनीति में विशेष गतिरोध पैदा करेगा, प्रधान नेता के लिए समय चुनौतिपूर्ण होगा। कहीं प्रधाननेता को पदत्याग

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

आपके इस लोकप्रिय पञ्चाङ्ग में प्रतिवर्ष प्रकाशित होने वाली आश्चर्यजनक अभ्यर्थिरित भविष्यवाणियों में साधारण वर्ग के व्यक्ति से लेकर भारतरत्न श्री जवाहर लाल नेहरू, श्रीमती इन्दिरा गांधी, प्रथम राष्ट्रपति श्री राजेन्द्र प्रसाद एवं अन्य गणमान्य प्रतिष्ठित महापुरुषों की अभिरुचि रही है। आज भी यह पञ्चाङ्ग अपनी सफल आश्चर्यचकित कर देने वाली भविष्यवाणियों के कारण तथा ग्रहण आदि पञ्चाङ्ग गणित की सूक्ष्मता एवं शुद्धि के कारण भारत में सर्वोपरि लोकप्रिय है।

इस पञ्चाङ्ग की सर्वाङ्गशुद्ध गणित एवं विद्वत्तापूर्ण आकर्षक लेखों के कारण यह पञ्चाङ्ग भारत के मूर्धन्य धर्माचार्यों द्वारा सम्मानित हो चुका है। सूक्ष्मातिसूक्ष्म ग्रहगणित, विद्वत्तापूर्ण शोध लेख एवं अन्य उपयोगी विषयवस्तु के कारण विद्वद्वर्ग एवं धर्माचार्यों के आशीर्वाद के रूप में जो गेय एवं गौरव इस पञ्चाङ्ग को आज तक प्राप्त हो रहा है, वह हमारे जीवन की उपलब्धि है। यह पञ्चाङ्ग इन सभी विद्वान्-धर्माचार्यों का हृदय से ऋणी हैं, जिनका आशीर्वाद इसे प्राप्त है। श्री मार्त्तण्ड पञ्चाङ्ग की विगत वर्षों की भविष्यवाणियों की संक्षिप्त चर्चा यहां विहङ्गम दृष्टि से कर देना उचित समझते हैं—

भारत के स्वतन्त्र होने की घोषणा, श्री महात्मा गांधी, नेहरू जी एवं श्रीमती इन्दिरा गांधी आदि भारत के गण्यमान्य व्यक्तियों के निधन किंवा हत्याकाण्ड की आश्चर्य चकित कर देने वाली भविष्यवाणी, रूस के बुल्गानिन एवं ख्रुश्चेव के अचानक अपदस्थता व पदत्याग की भविष्यवाणी, चीन में चाऊ-माऊ युगान्त की घोषणा, कांग्रेस का विभाजन, जनता पार्टी की विजय एवं पतन की आश्चर्य-चकित कर देने वाली भविष्यवाणी, श्रीमती गांधी के पुनः सत्तारूढ़ होने की घोषणा, भारत-पाक युद्ध, ईरान-इराक युद्ध एवं भूतपूर्व ऐतिहासिक भूकम्प किंवा प्रलयकारी तूफानों की भविष्यवाणी २१ जून १९६० ई. में ईरान भूकम्प, सन् १९६१ ई. में देहली के भयंकर अग्निकाण्ड, सन् १९६१ ई. में गल्फवार ईराक-ईरान युद्ध की भविष्यवाणी, सन् १९६० ई. में श्रीमती बेनजीर भुट्टो के अपदस्थ होने की भविष्यवाणी, निर्वाचनों में कांग्रेस की प्रतिष्ठा को आघात एवं अन्यविध भविष्यवाणियां की गई थीं, जो शत प्रतिशत सफल रहीं। इसके अतिरिक्त भारत एवं देशान्तरों में घटित होने वाली असंख्य सफल भविष्यवाणियों की अक्षरशः सफलता का श्रेय आपके इस पञ्चाङ्ग को प्राप्त हो चुका है। **यद्यपि स्थानाभाव के कारण सभी सफल भविष्यवाणियों को यहां अंकित करना सम्भव नहीं, पुनरपि कुछेक आश्चर्यजनक भविष्यवाणियां सं० २०४८ से यहां प्रस्तुत कर देना प्रासंगिक समझते हैं—**

(1) गत सवत् 2048 के श्रीमार्तण्ड पञ्चाङ्ग में पृष्ठ 15 पर 'मुस्लिम देश' शीर्षक के अन्तर्गत 'गल्फ युद्ध' की सूचना निम्नांकित शब्दों में दी गई थी -

"एक मुस्लिम राष्ट्र पडोसी की सीमा का अतिक्रमण करेगा सैन्यबल से अशान्ति का रण बनेगा परन्तु इस प्रकार की कुनीति उसे महंगी पड़ेगी प्रधान नेता को कठिन स्थिति का सामना करना पड़ेगा।"

स्पष्ट है, कि ईराक ने कुवैत की सीमा का अतिक्रमण किया और उसे मुंह की खानी पड़ी और प्रधान नेता के विरुद्ध कुर्द लोगों ने आवाज उठाई, अमेरिका की नीति से अब भी प्रधान नेता को भारी कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

(2) 'तारण नामक संवत्सर' का फल लिखते समय पृष्ठ 16 कालम में 1 में स्पष्ट लिखा था कि "किसी विशेष परिस्थितिवश किया युद्धभय से जनता अशान्त क्षेत्र को छोड़कर शान्तक्षेत्र की तरफ पलायन करेगी"।

पाठक जानते हैं, कि ईराक में युद्धभय से त्रस्त कुर्द लोगों को लाखों की संख्या में स्थानान्तरण करने के लिए विवश होना पड़ा था।

(3) सं० 2047 वि० के पंचाग में 'पाकिस्तान' शीर्षक के अन्तर्गत पृष्ठ 20 पर पाक प्रधानमंत्री श्रीमती बेनजीर भुट्टो के बारे में स्पष्ट घोषणा की गई थी, "प्रभाव राशिफल कन्या है। प्रधान नेता की स्थिति चुनौतीपूर्ण एवं संघर्षमय है श्रीमती बेनजीर का धनु लग्न है। धनुराशि में स्थित वक्री शनि का मंगल के साथ षडष्टक ..... इसके लिए अग्नि परीक्षा का है"

श्रीमती बेनजीर के विरुद्ध आन्दोलन हुए, परिणामस्वरूप संविधान के विपरीत उन्हें अपदस्थ कर दिया गया। और अब उनके एवं उनके पति के विरुद्ध अभियोग चल रहे है।

(4) सं० 2048 वि० के पंचागों में लिखी गई भविष्यवाणी पर ध्यान दें 'पाकिस्तान" शीर्षक के अन्तर्गत पृष्ठ 18 पर स्पष्टशब्दों में लिखा था -

"पाकिस्तान - प्रभाव राशि कन्या है। पंचमभाव में 11 अप्रैल से राहु मंगल का समसप्तक, 15 मई से 5 जुलाई तक शनि मंगल का समसप्तक यहां की शासन सत्ता में दमन की नीति को बढ़ावा देगा। यहां आन्तरिक-अशान्ति बढ़ेगी एवं सेना का शासन पर दबदबा रहेगा। आन्तरिक-अशान्ति के कारण सीमाप्रान्तों पर सेना की हलचल पैदा करेगा, परिणाम शुभ मालूम नहीं देते। आगे 7 अक्टूबर से 19 नवम्बर तक एवं जनवरी (1992 ई०) से फरवरी तक का समय यहां राजनैतिक अस्थिरता वाला है। पड़ौसी देश से सम्बन्ध तनावपूर्ण एवं विषम होंगे। सिन्ध-बलूचिस्तान में आन्तरिक क्रान्ति से स्थिति उलझनपूर्ण एवं अलगाववाद बढ़ेगा"।

ये भविष्यवाणी अक्षरशः सत्यसिद्ध हो रही है, इस भविष्यवाणी के अनुसार आगे आने वाली घटनाएं इसकी यथार्थता को प्रमाणित करती जा रही है।

(5) सं० 2048 वि० में 'श्री लंका' शीर्षक में पृष्ठ 18 पर 'श्रीलंका' के बारे में स्थिति स्पष्ट इन शब्दों में की थी -

"श्रीलंका - शनि-राहु एवं मंगल की युति एवं राशि सम्बन्ध के अनुसार यहां इस वर्ष भयंकर अशान्ति का साम्राज्य समाप्त न होगा, सत्ता में परिवर्तन एवं किसी विशिष्ट व्यक्ति को पद त्याग के लिए विवश होना पड़ेगा। हत्याकाण्ड उत्तरोत्तर बढ़ेंगे। सेना प्रभावी रहेगी।"

ठीक इस घटनाचक्र को पहिले ही लिखने से ज्योतिषशास्त्र की सत्यता प्रमाणित हो रही है।

(6) सं० 2048 वि० में पृ० 18 पर 'जम्मू-कश्मीर' शीर्षक के अन्तर्गत जो भी लिखा गया था वह अक्षरशः सत्यघटित हुआ है -

"- प्रभाव राशि तुला है। मकर के शनि का प्रभाव इस प्रान्त के लिए विशेष कष्टप्रद एवं घटनापूर्ण रहेगा। ग्रहस्थिति के अनुसार शान्ति स्थापित करने के भरपूर प्रयासों के बाद भी स्थिति विषम रहे। गुरिल्ला युद्ध की सी स्थिति को विदेशी तत्व जन्म देंगे। यहां आतंकवाद एवं अलगाववाद को तूल देने वाले विदेशी तत्व स्थिति को भयावह बनायेंगे। इस सीमावर्ती प्रान्त में सैन्यबल का प्रयोग हो एवं सीमा पर पाक की कुनीति को मुंहतोड़ उत्तर देना पड़ेगा, सेना को सीमा पर सुसन्नद्ध रखना पड़ेगा।"

ऊपर अंकित काश्मीर का शब्दचित्र अक्षरशः सत्यापित हुआ है, - यह पाठक अच्छी तरह जानते है।

(7) सं० 2048 में पृ० 18 पर पंजाब, हिमाचल, उ० प्रदेश के बारे में जो भी भविष्यवाणी की थी, वह अक्षरशः सिद्ध हो चुकी है, स्थानाभाव के कारण उद्धृत करना यहां सम्भव नहीं है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

(8) सं0 2048 वि0 के पंचांग में पृ0 14 पर रूस के बारे में की गई भविष्यवाणी तो आश्चर्यचकित कर देने वाली है; जोकि इन शब्दों में की गई थी,- पृ0 14, कालम पहला, पंक्ति 13 पर देखें -

"ग्रहस्थिति के अनुसार - शनि राहु का गुरु के साथ समसप्तक वर्षारम्भ से ही चल रहा है विश्व के प्रमुख देशों में विशेष परिवर्तनों की आँधी आएगी, किसी देश विशेष की सत्ता के ढांचे में व्यापक परिवर्तन होंगे, जिससे विश्व की महाशक्तियों की राजनैतिक-प्रणाली में दूरगामी रूपान्तरणों की शुरुआत होगी। रूस में व्यापक जनवादीकरण के साथ-साथ राजनैतिक बहुदलीय प्रणाली का विकास होगा। कुछ प्रमुख देश जनतन्त्र की ओर बढ़ेंगे।"

साथ ही पृष्ठ 14 पर सं0 2048 में कालम दो में अन्तिम स्टैंजा में पढ़ें -

"सोवियत संघ में आर्थिक सुधार एवं नियोजित - विकास की प्रक्रिया पर जोर दिया जाएगा। नए युग का सूत्रपात होगा, देश विशेष प्रगति की ओर उन्मुख होगा। परन्तु सोवियत जनतन्त्रों में, विशेषत: ट्रांसकाकेशिया में अलगाववादी एवं जातीय झगड़े भी होंगे। यूरोप में सामरिक-सन्तुलन के पक्ष में प्रगति होगी सेना एवं शस्त्रास्त्रों में कटौती पर वार्ताएं होंगी।"

इस भविष्यवाणी की सत्यता पर हमें देश-विदेशान्तरों से प्रशंसापत्र मिले हैं। यह कल्पनातीत भविष्यवाणी की सफलता फलित-ज्योतिष की गरिमा का ज्वलन्त निदर्शन है।

"(9) पाठक जानते है, कि गत संवत् 2048 वि0 भारत की राजनीति में ऐतिहासिक - घटनाओं वाला रहा है। श्री विश्वनाथ प्रतापसिंह से प्रधानमंत्री पद श्री चन्द्रशेखर जी के हाथ गया, तत्पश्चात वही पद श्री नरसिंहाराव जी को प्राप्त हुआ। इस प्रकार राजनैतिक घटना चक्र की भविष्यवाणी निम्नांकितरूप से पृ0 15 कालम दो पर इन शब्दों की गई थी -

"जन्मलग्न के सापेक्ष स्वतन्त्र भारत के 44वें वर्ष (जो कि 15 अगस्त 1990 से 14 अगस्त 1991 ई0 तक प्रभावी रहेगा) का लग्न भी वृष ही आ रहा है। स्पष्ट है, कि जन्म लग्न एवं वर्ष लग्न दोनों एक ही आ रहे हैं, यह एक तरह से द्विजन्मा की भान्ति नेष्ट फलप्रद वर्ष मालूम देता है। भारतीय शासनतन्त्र के समक्ष अनेक प्रश्नचिन्ह उपस्थित होंगे। अगस्त 1990 ई0 से इस ग्रहस्थिति का प्रभाव प्रत्यक्ष अनुभव करेंगे, कि अक्टूबर के अन्त एवं नवम्बर के पूर्वार्ध तक भारत में विषम-घटना चक्र चलेगा, जिसका प्रभाव वर्तमान - राजनीति एवं जनसाधारण पर भी होगा। नेतावर्ग को इस विषम परिस्थिति -चक्रव्यूह से निकल पाना संभव प्रतीत नहीं होता। द्विजन्मा योग जैसी वर्ष लग्न की ग्रहस्थिति से ज्ञात होता है कि घटनाचक्र की विषमता गंभीररूप धारण कर सकती है, जिसका प्रभाव लगभग 12 अप्रैल सन् 1991 ई0 तक सामने आएगा। भारत शासन तन्त्र की विषमतम-सामाजिक -धार्मिक एवं राजनैतिक परिस्थितियों में उलझने का योग है, परिणामस्वरूप अराजकता जैसा वातावरण उपस्थित होगा, हत्याकाण्ड, परस्पर तनाव से शान्ति भंग होगी। इस समय की ग्रहस्थिति के परिपाक का परिणाम चिन्ताजनक एवं राजनैतिक अस्थिरता देने वाला होगा। अगस्त तक भारत की राजनीति किंवा नेतृत्व में विशेष उलटफेर होने वाले प्रतीत होते हैं।"

इस भविष्यवाणी की सफलता का आकलन पाठक स्वयं करें। वस्तुत: इस शब्दचित्र को पढ़कर कुछ पाठकों ने तो हमें पत्र में लिखा है - कि 'सं0 2048 का वर्ष का शब्दचित्र का आपने संदर्भ में ही दे दिया है', एतदर्थ उन्होंने पत्र लिखकर जो हमारा उत्साह बढ़ाया है, तदर्थ हम उनके आभारी हैं।

(10) सं0 2048 वि0 में पृष्ठ 15 पर मुस्लिम देश शीर्षक के अन्तर्गत लिखी भविष्यवाणी भी आक्षरश: सत्यसिद्ध घटित हो रही है -

"कन्या (प्रभाव) राशि वाले देश विशेषत: पाकिस्तान, बंगलादेश में आन्तरिक अशान्ति बढ़ेगी मई से अगस्त के मध्य एवं अक्टूबर से नवम्बर तक समुद्री तूफान किंवा भूकम्प आदि प्राकृतिक-प्रकोप से जनधनहानि का योग है। ..... पाक में जनतन्त्र पर आघात होगा। सिन्ध आदि में भीषण संघर्ष की स्थिति बनेगी।"

बंगलादेश में तूफान से भीषण हानि हो चुकी है। पाकिस्तान में गणतन्त्रीय संविधान को ताक में रखकर श्रीमती बेनजीर भुट्टो को अपदस्थ करके गणनन्त्र में जो विस्फोटक स्थति बन रही है: - वह पाठक जानते ही हैं।

(11) सं0 2048 वि0 में श्री राजीवगांधी की अप्रत्याशित किंवा दु:खद हत्या हुई। हमने इस घटना का संकेत ज्योतिषशास्त्र के आधार पर (व्यक्तिगत कुण्डली को ध्यान में न रखकर) किसी बड़े नेता की मृत्यु से देश के शोकग्रस्त हो जाने की भविष्यवाणी निम्नांकित शब्दों में गतसंवत् 2048 वि0 में पृष्ठ 14 पर कालम पहला, पंक्ति- अन्तिम में इन शब्दों में की थी।

"15 मई से 4 जून तक की स्थिति वरिष्ठ नेता के लिए नेष्ट सिद्ध होगी। किसी नेता की मृत्यु से शोक व्याप्त होगा।"

(12) गत सं0 2048 में भारत सरकार एवं राजनीति का जो चित्र (पृ0 17 कालम पहला, स्टैंजा अन्तिम में ब्लैक लैटर्स में) हमने दिया था, वह शतप्रतिशत सत्य सिद्ध हो चुका है, विश्वनाथ प्रतापसिंह जी की सरकार का पतन हुआ, अब जनतादल विभाजन के कगार पर आ गया है, वोटनीति, अल्पसंख्यक के तुष्टीकरण, मण्डल कमीशन आदि नीति से जो देश में हानि हुई है, वह छुपाई नहीं जा सकती।

पाठको! गतवर्ष भविष्यवाणी की सत्यता फलितज्योतिष की वैज्ञानिकता का ज्वलन्त उदाहरण है। ये भविष्यवाणियां गतवर्ष 3 सितम्बर 1990 ई0 को लिखी गई थीं। जिन भविष्यवाणियों की सफलता पर पाठकगण हमें पत्र लिख कर उत्साहित करते हैं, उन सबका श्रेय पूर्वाचार्यों एवं ज्योति-शास्त्र-मर्मज्ञ गुरुजनों को ही जाता है, जिन्होंने हमारा आज तक मार्ग-दर्शन किया है। हम जनता जनार्दन के भी आभारी है, जो विभिन्न-प्रान्तों से पत्रों द्वारा भविष्यवाणियों की सफलता पर बधाई देकर भावी वर्षों के लिए भी कुछ लिखने के लिए प्रतिवर्ष प्रेरित करते रहते है।

इस वर्ष आन्तरिक-विषमताएं बढ़ेगी। उग्रवाद के अलावा बढ़ रही मंहगाई से जनता में रोष फैलेगा। शासनकाल में पारस्परिक बढ़ रही विषमताओं से दृष्टिगत हो रही अस्थिरता से सरकार के प्रति जनता का मोहभंग अधिक देर टाला नहीं जा सकेगा। ग्रहों की युति प्रतियुतियों के परिणामस्वरूप जनता दल में गृहयुद्ध की सी स्थिति बनेगी, शनि-मंगल की स्थति-दृष्टि विचार से सत्तादल एवं जनता दल में विखराव अवश्यभावी है, परिणामस्वरूप अस्थिरता का वातावरण बनेगा। जनता एवं वामपंथी दलों में भी संवत् के पूर्वार्ध में ही मतभेद बढ़ेंगे। इस वर्ष दलित वर्ग का प्रतिनिधि शनि ग्रह वर्ष में तीन बार मंगल के साथ दृष्टि सम्बन्ध करेगा, अत: अल्पसंख्यकों के तुष्टीकरण की नीति, वोट की राजनीति एवं जनमानस में विभाजन की राजनीति से मध्यावधि चुनाव की संभावना बढ़ेगी। लेकिन राष्ट्रीय मोर्चा सरकार की नीति एवं जनता दल में असन्तुष्ट नेतृत्व इस सरकार को भारी दलदल में ले जाकर खड़ा कर देगा। पार्टी विशेष में आपसी खेमेबाजी, व्यक्तिवाद एवं राजनैतिक-महत्वाकांक्षाओं का टकराव इस वर्ष और अधिक गंभीर हो जाएगा।

सं0 2049 वि0 की ग्रहस्थिति का विश्व पर प्रभाव -

इससे पहिले कि हम संवत् 2049 वि0 की ग्रहस्थिति पर विशद विवेचन करें, सं0 2048 के अन्तिम चरण पर विहंगम दृष्टपात करना प्रासंगिक समझते है।

संवत् 2048 में 7 अक्टूबर 1991 ई0 को मंगल तुला राशि में आकर मकरस्थ शनि के साथ दृष्टि-सम्बन्ध बनाएगा। शनि मंगल का यह दृष्टि सम्बन्ध दिसम्बर तक किसी देश विशेष की राजनीति में विशेष गतिरोध पैदा करेगा, प्रधान नेता के लिए समय चुनौतिपूर्ण होगा। कहीं प्रधाननेता को पदत्याग

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

के लिए विवश होना पड़ेगा, अथवा वरिष्ठ नेता की मृत्यु से शोक व्याप्त होगा। अक्टूबर 1991 से 20 नवम्बर 1191 ई० तक दो पड़ौसी देश, सीमाविवाद किंवा किसी चिर से उलझे हुए विवाद के हल करने में असफल रहें। परिणामस्वरूप सीमाप्रान्तों पर फौजी हलचल से वातावरण अशाना हो उठेगा। सम्बन्ध कटु होंगे।

1 जनवरी 1992 ई० से 8 फरवरी तक धनुराशि में मंगल-राहु का सम्बन्ध रहेगा। उसके बाद 9 फरवरी से 18 मार्च तक शनि-मंगल का एक राशि सम्बन्ध रहने से संवत् 2048 वि० का उत्तरार्ध अधिक कठिन परिस्थिति को जन्म देने वाला मालूम देता है। युद्धाग्नि प्रज्वलित होगी, सीमा, विवाद उभरेंगे, किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति की मृत्यु किंवा अपदस्थ होने का समाचार मिलेगा। जनवरी 1992 ई० से 18 मार्च तक यान दुर्घटना में जनधन हानि किंवा अग्निकाण्ड से हानि होगी। इस प्रकार सं० 2048 वि० की पूर्णता कुछ क्षुब्ध वातावरण के साथ ही होगी।

संवत् 2049 वि० की ग्रह परिषद्

आखिल ब्रह्माण्ड में अलौकिक शक्ति का परिज्ञान कराने वाले अनन्तकोटी तारे आकाशमण्डल में हमें दिखाई देते है, उनमें जिन तारों किंवा ग्रहों का हमारी पृथ्वी से घनिष्ठ सम्बन्ध है, उन्हीं की उच्च-नीच स्थिति एवं वक्र-मार्ग आदि अष्टधा गतियों के भ्रमणवश इस पृथ्वी पर स्थित राष्ट्रों में सुभिक्ष-दुर्भिक्ष युद्ध विग्रह, रोग, राजनैतिक उलटफेर, शांति किंवा अशान्ति का वातावरण आदि अचिन्तित अकल्पित परिवर्तन हुआ करते है। श्री वृहस्पति महाराज ने इस तथ्य को स्वीकार करते हुए लिखा है -

"ग्रहाधीनं जगत्सर्वं ग्रहधीना नरावराः।
सृष्टि-रक्षण-संहाराः सर्वे चापि ग्रहानुगाः।।"

नववर्ष प्रवेश कुण्डली



जिस तरह पृथ्वी पर लोकतान्त्रिक-राज्य की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री आदि के चुनाव होते है और उन निर्वाचित व्यक्तियों के गुण-कर्म, स्वभाव-योग्यता का प्रभाव उनके अधिकृत क्षेत्र पर पड़ता है, इसी प्रकार अखिलेश्वर प्रभु की इच्छा से निर्मित आकाशीय-शिशुमार चक्रस्थ ग्रहों की परिषद् में संसारचक्र को चलाने के लिए प्रतिवर्ष दिव्य एवं अद्भुत शक्तिमती आकाशी कौंसिल का निर्माण होता है। इस आकाशीय कौंसिल में ग्रहों की शुभाशुभ प्रकृति के अनुकूल संसार में जो उलटफेर एवं अघटित घटनाएं घटित होती हैं। वह अपनी तुच्छमति के अनुसार त्रिकालज्ञ ज्योतिषियों के ग्रन्थों के आधार पर यहां संक्षेपतः लिख रहे है।

संवत् 2049 की घटनाओं पर प्रकाश डालने से पहले हमें नववर्ष प्रवेश कुण्डली पर ध्यान देना होगा।

सं० 2048 वि० में चैत्र कृष्ण अमावस शुक्रवार (3 अप्रैल सन् 1992 ई०) को 10 घड़ी 46 पल (10 बजकर 31 मि०) पर रेवती नक्षत्र एवं ऐन्द्रयोग के समय मिथुन लग्न में सं० 2049 वि० का शुभारम्भ होगा।

सं० 2049 वि० की जन्मकुण्डली के अनुसार उत्तर एवं दक्षिण प्रान्तों में वर्षा की अधिकता किंवा कहीं सूखे से हानि हो। कहीं प्रतिष्ठित व्यक्ति के अपदस्थ किंवा निधन से शोक व्याप्त हो। पश्चिमोत्तर में कहीं नाटकीय राजनैतिक परिवर्तन होंगे। संवत् के अन्त किंवा उत्तरार्ध में विश्व के प्रमुख देशों में राजनैतिक उलझनें बढ़ेंगी, नए राजनैतिक समीकरण बनेंगे। पाकिस्तान, रूस, चीन एवं ब्रिटेन में शासकों को विशेष कठिन स्थिति का सामना करना पड़ेगा। नववर्ष कुण्डली के अनुसार वैशाख, कार्तिक, मार्गशीर्ष एवं पौषमास विश्व के देशों के लिए संकटपूर्ण होंगे कहीं प्राकृतिक प्रकोप से जनधन हानि के समाचार मिलेंगे।

मेहा महोदय में मिथुनलग्न में वर्ष प्रवेश का फल इस प्रकार लिखा है:-

"मिथुने बहुलं युद्धं पूर्वस्यां धान्य विक्रयः।
पश्चिमायां स्वल्पमेघाः छत्रभंगश्च विग्रहः।।"

अर्थात - विश्व के कुछ विशेष देशों में युद्धमय वातावरण बने, पूर्व में अनाज का विक्रय करना चाहिए। पश्चिमी भूभाग पर वर्षा की कमी रहे तथा कहीं छत्रभंग (सत्ता हस्तान्तरण) किंवा प्रधान नेता की मृत्यु से शोकव्याप्त हो एवं युद्धाग्नि तीव्र हो। वर्ष प्रवेश कुण्डली के अनुसार पूर्व एवं पश्चिमी देशों के लिए यह वर्ष विशेष राजनैतिक-विषमताओं को लेकर उपस्थित होगा।

जगत् लग्न कुण्डली की ग्रहस्थिति के अनुसार घटनाचक्र - सं० 2049 वि० में चैत्र शुक्ल एकादशी चन्द्रवार (13 अप्रैल 1992 ई०) को 25 घड़ी 15 पल (16 घं० 7 मि० भा.स्टै.सं.) पर मघा नक्षत्र एवं गण्डयोग में तात्कालिक सिंहस्थचन्द्र एवं सिंह लग्न के समय सूर्यदेव मेषराशि में प्रविष्ट होंगे।

जगत् लग्न कुण्डली में लग्नस्थ गुरु एव चन्द्र शुभ है। यह वर्ष विश्व में नए आयाम उपस्थित करने वाला एवं नई नई शान्ति की योजनाएं बनाने वाला ऐतिहासिक - घटनाओं के लिए उत्तरदायी सिद्ध होगा। वर्षारम्भ में राजनैतिक - सामाजिक वातावरण अनुकूल रहेगा। लेकिन धनु, कुम्भ, मकर एवं कन्या प्रभावराशियों वाले (स्पेन, भारत, पाकिस्तान, टर्की, ईरान, बंगलादेश, लंका, चीन, जापान, आदि) देशों के लिए आषाढ़ भाद्रपद आश्विन एवं कार्तिक मास कहीं तूफान, समुद्री प्रकोप, भूकम्प, ज्वालामुखी आदि प्राकृतिक प्रकोप से कहीं आन्तरिक अशान्ति किंवा राजनैतिक गतिरोध से अशान्तिपूर्ण रहेंगे। आगे फाल्गुल मास भी उत्तर की तरफ किंवा पश्चिमी देशों में उलटफेर वाला सिद्ध होगा।

१ जगत् लग्न कुण्डली



इस संवत् में शनि की दृष्टि - 4 मार्च 1993 ई० तक शनि मकर राशि में ही रहेगा, इसके बाद शनि कुम्भ राशि में आ जाता है; इस प्रकार एवं मकर एवं कुम्भ राशि के शनि की दृष्टि उत्तर दिशा की तरफ ही रहती है। अतः इस वर्ष उत्तरी गोलार्द्ध के देशों एवं प्रान्तों में कहीं दुर्भिक्ष, कहीं विभाजन, कहीं युद्धाग्नि से जनधन हानि होगी। कहीं राजनैतिक अशान्ति से स्थिति विषम बनेगी। इस वर्ष चीन, पाकिस्तान, बंगलादेश, श्रीलंका एवं कुछ अन्य यावन राष्ट्रों में राजनैतिक स्थिति बिगड़ेगी, प्रधाननेता को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। पाकिस्तान किंवा श्रीलंका में सत्ता परिवर्तन अवश्यभावी है।

संवत् 2049 की ग्रहपरिषद् के अनुसार इस वर्ष पांच अधिकार क्रूरग्रहों को एवं पांच अधिकार शुभग्रहों को प्राप्त है। लेकिन वर्ष का राजा शनि अत्यधिक क्रूर है एवं सारासाल मकर-कुम्भ

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

(अपनी) राशियों में ही रहता है अतः और भी प्रबल है, वर्षा पर्याप्त न होगी, कहीं वर्षा कहीं सूखा रहे। अनेक प्रकार के एड्स रोगों से जनता पीड़ित होगी। कहीं भयंकर भुखमरी व युद्धभय से जनता एक जगह से दूसरी जगह स्थानान्तरण के लिए विवश हो जाएगी।

यह वर्ष विश्व के कुछ देशों में विशेष उथलपुथल वाली सिद्ध होगा। शनि - युरेनस नेपच्यून एवं प्लूटो - राहु की ग्रहस्थिति के अनुसार कुछ देशों के प्रधानपद में परिवर्तन होगा, राजनैतिक - हत्या एवं आन्तरिक अशान्ति से कुछ देश संकटग्रस्त होंगे। किसी देश में प्राकृतिक प्रकोप से भारीजन - धनहानि होने का योग है।

19 अप्रैल को राहु - युरेनस - नेपच्यून ये तीनों ग्रह धनुराशि में वक्र स्थिति में आ जाते हैं अतः अरब देश, स्वीडन, रूस, पौलैण्ड, मिश्र, ब्रिटेन, अमेरिका, पू० टर्की, नार्वे आदि देश तथा पाकिस्तान आदि देशों में अशान्ति का वातावरण बनेगा। कहीं प्राकृतिक - प्रकोप से भारी जनधनहानि, कहीं सत्तापलट की नाटकीय - घटना घटेगी।

जून में सू० बु० शु० तीनों एकत्र हैं एवं बुध अतिचारी है। इस ग्रहस्थिति का प्रभाव विश्व के प्रमुख देशों पर होगा। प्रधान नेताओं को अन्तरराष्ट्रीय स्थितियों को हल करने के लिए कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। धार्मिक आस्थाओं किवा जातीय कारणों से दुनिया के विभिन्न भागों में संघर्ष की स्थितियां पुनः उजागर होंगी। इन स्थितियों में कहीं विस्फोटक स्थिति बनेगी। विश्व में भयंकर रोगों से मानवजाति को खतरा पैदा होगा।

27 अप्रैल से मीन राशि में मंगल के आने पर शनि - मंगल का परस्पर दृष्टि - सम्बन्ध बन जाता है और यह दृष्टि सम्बन्ध 7 जून तक बना रहता है। स्पष्ट है कि 27 अप्रैल से 7 जून तक विश्व में अघटित - घटनाएं घटेंगी। किसी राष्ट्रविशेष में विशेष राजनैतिक उथल पुथल होगी। बम विस्फोट से हानि, प्रधान वरिष्ठ नेता की हत्या से शोक व्याप्त होगा। कुछ देश आपस में उलझ जाएंगे परिणामस्वरूप अशान्ति का वातावरण बनेगा। दक्षिणी अफ्रीका में अश्वेत गुटों के साथ संघर्ष समाप्त करने के लिए शान्ति योजनाएं विफल मालूम देंगी। किन्हीं दो देशों की सीमापर सैन्यबल से अशान्त वातावरण रहेगा एवं युद्ध से कहीं जनधन हानि के समाचार मिलेंगे। यह समय मुस्लिम देशों के लिए अधिक भयानक है।

जुलाई - अगस्त में प्राकृतिक प्रकोप से जन-धन हानि के समाचार मिलेंगे। कहीं अतिवर्षण से हानि होगी, इन दो मासों में किसी बड़े नेता के निधन से शोक व्याप्त होगा। 11 सितम्बर को गुरु कन्या राशि में आकर शनि को देखेंगे, जिससे विश्व के देशों की स्थिति में काफी सुधार होगा। नई सन्धि योजनाएं बनेंगी, बड़े देशों की मध्यस्थता से प्रगतशील देशों में शान्ति एवं प्रगतिप्रद योजनाओं का निर्माण होगा। लेकिन 1 सितम्बर से मंगल मिथुन में आकर राहु के साथ दृष्टि सम्बन्ध बनालेता है जो कि 28 अक्टूबर तक बना रहेगा। यह स्थिति कहीं, दुर्भिक्ष, कहीं, आन्तरिक अशान्ति, कहीं प्रक्षेपणास्त्रों से हानि, कहीं अग्निकाण्ड से जनधन हानि का संकेत देती है। इस समयावधि (सितम्बर से अक्टूबर तक) किसी बड़े नेता की हत्या किवा आकस्मिक निधन से शोकव्याप्त होगा। कहीं बम विस्फोट की घटनाएं घटित होंगी। पाकिस्तान आदि में कहीं सत्तापलट की घटना संभव है।

29 अक्टूबर से वृश्चिक का राहु मध्यएशिया के देशों को प्रभावित करेगा। मध्य एशिया में कहीं प्राकृतिक आपदा से हानि एवं कहीं शस्त्रभय व्याप्त होगा। 3 नवम्बर को मंगल अपनी नीच राशि में आकर शनि के साथ समसप्तक योग बनाएगा। यह स्थिति (अर्थात शनि - मंगल का सप्तक) 21 दिसम्बर तक चलेगा। यह समय विश्व के कुछ देशों के लिए ऐतिहासिक घटनाओं वाला होगा। कहीं राजनैतिक उलटफेर, हत्याकाण्ड, अप्रत्याशित घटनाओं का क्रम जारी रहेगा। कहीं सीमाप्रान्तों पर भयंकर युद्ध का सूत्रपात होने की स्थिति को बड़े देश की मध्यस्थ से हल किया जा सकेगा। प्राकृतिक प्रकोप से इस समय जनधन हानि का योग है।

जनवरी (1993 ई०) में चार ग्रह वक्री हैं, प्लूटो राहु के साथ एक राशि में है, 5 मार्च को शनि कुम्भ में आकर राहु - प्लूटो को देखेगा। यह संवत् संघर्षमय वातावरण एवं राजनैतिक विप्लव, कहीं रोग, शोक एवं प्राकृतिक अपदा से हानि, राष्ट्रीय तनाव आदि घटनाओं के साथ पूर्ण होगा।

यूरोप के देशों की नववर्ष में ग्रह स्थिति



यूरोप के देश -

यूरोपीय - देशों की ग्रहस्थिति के अनुसार यहां की आर्थिक स्थिति में विशेष परिवर्तन करने होंगे, कहीं मुद्रास्फीति बढ़ेगी। कुण्डली में नीच चन्द्र, आवेश होकर पराक्रम स्थान में है जो कि कुछ देशों की स्थिति को बिगाड़ेगा। आन्तरिक समस्याएं उग्र होंगी। चतुर्थस्थान में राहु-मंगल युरेनस नेपच्सून होने से किन्हीं मित्र देशों में व्यापारिक एवं राजनैतिक उलझनें बनेंगी। अरबराष्ट्रों के प्रति एवं कुछ अफ्रीकन गणराज्यों के प्रति तथा नीति - निर्धारण करने में कुछ यूरोप के देश उलझ जाएंगे। परिणामस्वरूप कुछ यूरोप के देशों में ही आपसी वैमत्य पैदा होगा।

18 अप्रैल से अगस्त तक यूरोप के देशों में कहीं राजनैतिक गतिरोध पैदा होगा, अन्तर्राष्ट्रीय, समस्याएं उलझेंगी। कुछ राष्ट्र गणतन्त्र की ओर अग्रसर होंगे। ब्रिटेन के लिए आयरलैण्ड आदि नई समस्याएं उलझेंगी। कुछ राष्ट्र गणतन्त्र की ओर अग्रसर होंगे। ब्रिटेन के लिए आयरलैण्ड आदि नई समस्याएं उभर कर सामने आएगी। यह वर्ष ब्रिटेन एवं कुछ अन्य देशों के लिए नई योजनाओं वाला सिद्ध होगा। विश्वजनीन - शान्ति के लिए नए आयाम बनेंगे, लेकिन कुछ देशों की नीति विपरीत दिशा में जाएगी।

अगस्त में मंगल राहु का दृष्टि सम्बन्ध एवं नवम्बर - दिसम्बर में शनि - मंगल का सप्तक युरोपीय देशों में कहीं प्राकृतिक - प्रकोप, कहीं कुछ देशों में राजनैतिक, उलझनों को जन्म देगा। किसी देश विशेष में वरिष्ठनेता के निधन से शोक व्याप्त होगा। कहीं-आन्तरिक - अशान्ति से वातावरण क्षुब्ध रहे।

5 मार्च से संवत् के अन्त तक भी समय अनुकूल नहीं।

हिजरी सनू १४१२ के प्रारम्भ की ग्रह स्थिति

हिजरी सनू १४१३ के प्रारम्भ की ग्रह स्थिति



मुस्लिम -वर्षकुण्डली में स्थित ग्रहस्थिति में 14 जुलाई 1991 ई० की ग्रहस्थिति के अनुसार

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

मुस्लिम राष्ट्रों की संख्या में वृद्धि के आसार बनते है। सोवियत एशियाई गणराज्य एक इस्लामी कट्टरवाद की लहर के लपेट में आ जाने का योग है। शनि - राहु - यूरेनस-नेप्च्यूस की स्थिति दृष्टि के अनुसार इस्लाम - बहुत संख्या वाले कुछ नवोदित राष्ट्र अधिकांशतः राष्ट्रवादी दवावों की अभूतपूर्व लहर से प्रेरित रहेंगे। लेकिन इस्लाम के अनुयायी होने पर भी कुछ छोटे राष्ट्र अपने रवैय्ये में एकरुपता किंवा एकरसता नहीं रख पाएंगे। शिया एवं सुन्नी की दरार अधिक बढ़ती जाएगी: परिणामस्वरुप मुस्लिम राष्ट्रों में नया ध्रुवीकरण जन्म लेगा। कन्या प्रभावराशि वाला मुस्लिम कोई एक बड़ा राष्ट्र विघटन के कगार पर आ खड़ा होगा। अन्दरुनी विवाद समस्याए उत्तरोत्तर बढ़ेगी। सुन्नी गणराज्यों को अरब देशों से एवं शिया गणराज्यों का झुकाव ईरान की ओर होगा। अगस्त 1992 तक का समय मुस्लिम देशों के लिए भारी संकटमय मालूम देता है। अगस्त के बाद, संवत् के अन्त तक का समय यावन देशों में प्राकृतिक आपदा से हानि एवं अन्दरुनी अशान्ति किंवा बम विस्फोट से हानि का है। संवत् के उत्तरार्ध में मुस्लिम राष्ट्रों में भारी उलटफेर होंगे यह समय विशिष्ट नेताओं के लिए राजनैतिक उलझन एवं विषम सिद्ध होगा। कहीं सत्ता का हस्तान्तरण, कहीं सैनिक हलचल से अशान्ति, कहीं प्रधान नेता को आन्तरिक क्रान्ति से विवश होकर पदत्याग करने को विवश होना पड़ेगा।

भारत और भारतसरकार

स्वतन्त्र भारत का जन्मलग्न



स्वतन्त्र भारत का 46 वां वर्ष प्रवेश



भारत गणतन्त्र 43 वां वर्ष प्रवेश



स्वतन्त्र भारत के जन्मांग के अनुसार लग्न में राहु एवं वृश्चिक में केतु है। लग्नेश-शुक्र, सूर्य के सन्निकर्ष में है: स्वतन्त्र भारत की कुण्डली देखें - सभी ग्रह राहु एवं केतु के दांई तरफ स्थित हैं, इस प्रकार स्वतन्त्र भारत का उदय 'कालसर्प योग' में हुआ है। यह कालसर्प योग भारत के लिए अनेकों राष्ट्रीय - अन्तराष्ट्रीय समस्याओं को विरासत में लाया है काश्मीर, पंजाब, असम, प्रान्तीयता, क्षेत्रवाद, सीमा विवाद आदि अनेकों झगड़े उत्तरोत्तर विषम होते गए है। समवानुसार इन समस्याओं का रुप कुछ बदला है परन्तु समस्या अभी तक किसी न किसी रुप में भारत के कर्णधारों को चिन्तित किए हुए है।

15 अगस्त 1991 ई० की ग्रहस्थिति के अनुसार चन्द्रमा तुला में नीचाकांक्षी है, साथ ही चन्द्रमा पर शनि की दृष्टि भी है। अतः देश के प्रधान नेता को अनेक विघ्न समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। 45 वें वर्षप्रवेश के समय बुध-गुरु-शुक्र-राहु- केतु ये पांचग्रह अस्त है तथा बुध-शुक्र-शनि-राहु-केतु ये पांचग्रह वक्री है: इस ग्रहस्थिति का प्रभाव 14 अगस्त 1992 ई० तक चलेगा। ग्रहस्थिति के अनुसार भारत शासनतन्त्र विषमतम सामाजिक - आर्थिक - राजनैतिक एवं कहीं कुछ धार्मिक परिस्थितियों में उलझ जाएगा। कुछ प्रतिष्ठित विरोधी पार्टी के नेता अल्पसंख्यकों के तुष्टीकरण, दलितों के उत्थान किंवा अन्य कुछ घोषणाओं को लेकर सत्तारुढ़ दल के लिए नई समस्याओं को असमय ही खड़ा कर देंगे, जिससे अल्पमत कांग्रेस (ई०) की सरकार एक विशेष प्रकार के चक्रव्यूह में फँस जाएगी, लेकिन सरकार गिरने का यह प्रयत्न अभी विफल जाएगा। स्वतन्त्र भारत के 46 वें वर्ष की ग्रहस्थिति के अनुसार भारत की आर्थिक नीति पर विशेश ध्यान दिया जाएगा, क्योंकि धनेश मंगल, धनस्थान को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है। कर्मेश चन्द्र, शत्रुक्षेत्र में है, परन्तु गुरु-शुक्र की चन्द्र पर दृष्टि है अतः सत्तारुढदल के समक्ष अनेकों समस्याओं के बावजूद सत्ता में बने रहने का संकेत मिलता है। तृतीय भावस्थ - राहु एवं चतुर्थ भावस्थ स्वक्षेत्रीय शनि भी नए आयाम नई दिशा, नए ध्रुवीकरण को जन्म देगा। स्वतन्त्र भारत की अखण्डता एवं अक्षुण्णता रखने वाली ग्रहस्थिति वर्ष लग्न में अभी चल ही रही है। प्रधान नेता के स्वास्थ्य के बारे में यह वर्ष कुछ चिनतनीय संकेत देता है अतः उन्हें अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान चाहिए। राष्ट्रीय मोर्चा एवं जनतादल में इस वर्ष विभाजन अवश्यभावी है। जनता दल में असन्तुष्ट नेतृत्व जनतादल को ऐसे दलदल में ले जा कर खड़ा कर देगा इसका विभाजन होकर इसपार्टी को हानि पहुंचेगी।

जनता दल का जन्म लग्न



जनतादल के जन्मांग के आधार पर शनि की राहु पर दृष्टि है, एवं नवमभाव में स्थित - सूर्य बुध पर भी शनि म० की दृष्टि है चन्द्र नीचा कांक्षी कर्मक्षेत्र में है। अतः इस वर्ष इस पार्टी के - प्रतिष्ठित व्यक्तियों की महत्वाकाक्षाएं इस पार्टी को विघटन की ओर ले जाएगी। विशेषतः नवम्बर 1991 ई० से 5 जून 1992 ई० तक की ग्रहस्थिति इस पार्टी के लिए विषम सिद्ध होगी। इस पार्टी की रणनीति से देश की क्षेत्रीय एवं कुछ राष्ट्रीय पार्टियां उलझन में पड़ेगी। लेकिन इस पार्टी का व्यवहार सत्तारुढ दल के विपरीत रहेगा: परिणामस्वरुप देश की राजनीति में अस्थितरता का भय बना रहेगा।

सत्तारुढ दल (कांग्रेस ई०) की जन्मकलिक ग्रहस्थिति के अनुसार कर्मस्थान पर कर्मेश-गुरु की गोचर में विशेष दृष्टि बनी हुई है जो कि 11 सितम्बर 1992 ई० तक रहेगी, परिणामस्वरुप अनेक उलझनों के समक्ष होने पर भी यह पार्टी अभी सत्ता में बनी रहेगी। सितम्बर में मिथुनस्थ - मंगल की, धनुस्थ - राहु पर दृष्टि होने से विशेष -राजनैतिक - अस्थिरता का सूत्रपात होगा, जिसका परिणाम 5 मार्च 1993 के बाद अनुभव होगा। इस वर्ष सत्तारुढदल कांग्रेस (ई०) की सरकार का

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

पतन ग्रहस्थिति के आधार पर मालूम नहीं देता। संवत् के अन्तिम दिनों मासों में नेतृत्व में कुछ संशोधन संभावित है।

कांग्रेस (ई) का जन्माङ्ग



भारतीय गणतन्त्र की वर्ष कुण्डली के अनुसार भाग्येश गुरु, कर्मस्थान को एवं कर्मेश - मंगल भाग्य स्थान को देख रहा है अतः भारत - गणतन्त्र की अक्षुण्णता अभी निर्विवाद है। लेकिन लग्नेश - चन्द्रमा, चतुर्थस्थान में नीचाकांक्षी है अतः भारत के प्रान्तीय राज्यों में स्थिति विषमरूप धारण करेगी। पंजाब, काश्मीर, असम, नागालैण्ड, आदि प्रान्तों की स्थिति उत्तरोत्तर चिन्ता का विषय बनेगी। इस दृष्टि से शासनसत्ता को सीमाप्रान्तों पर एवं अन्दरूनी विघटनकारी तत्वों पर विशेष नजर रखनी पड़ेगी, अन्यथा स्थिति नियन्त्रण से बाहर होने का योग है।

सं० 2049 वि० कि ग्रहस्थिति के अनुसार संवत् का प्रवेश शनिवार को है, ग्रहपरिषद् में 5 ग्रह क्रूर है एवं 5 ग्रह सौम्य है, जिनमें दो स्थान ग्रह बुध को प्राप्त हुए है, अतः इस वर्ष क्रूरग्रहों का प्रभुत्व अधिक रहेगा। सबसे महत्वपूर्ण पद राजा एवं प्रतिरक्षामन्त्री का शनि-सूर्य को प्राप्त हैं, ये दोनों पिता-पुत्र होकर परस्पर शत्रु है। इस ग्रहस्थिति से संकेत मिलता है कि सत्तारूढ दल में प्रधान नेता को विपक्षीदल से उतना भय नहीं होगा, जितना निजीपार्टी के महत्त्वाकांक्षी लोगों से। प्रधान नेता को दलगत - गतिविधि से सावधान रहना चाहिए, अन्यथा प्रधानपद चिन्ता का विषय बन जाएगा। शनि का वर्षेश फल इस प्रकार लिखा है: -

"अनो घनो वर्षति खण्डशः क्षितौ, जनास्तु रोगा उदिता प्रभञ्जनाः।
करा नृपाणां विषमाश्च तस्कराः भ्रमन्ति लोकाः बहुधा क्षुधातुराः।।"

स्पष्ट है, कि इस वर्ष वर्षा पर्याप्त किंवा समयानुकूल न हो, नानाविध महामारियों से देश में जनता को परेशानी का सामना करना पड़े। शासन द्वारा नई आर्थिक नीति के परिणामस्वरूप नए नए करों का बोझ जनता पर पड़ेगा तथा किसी विशेष कारणवश जनता को स्थानान्तरण किंवा फाकापरस्ती का सामना करना पड़ेगा।

19 अप्रैल को राहु-यूरेनस नेपच्यून वह महाक्रूरग्रहों की त्रिपुटी धनराशि में वक्रस्थिति में होने से देश की आर्थिक - स्थिति को और कमजोर कर सकते हैं। इस समय ध्यान देने योग्य बात यह है, कि 27 अप्रैल को शनि - मंगल का दृष्टि- सम्बन्ध प्रारम्भ होकर 5 जून तक देश को नानाविध समस्याओं में उलझा देगा, इस समय देश में आन्तरिक - समस्याओं को लेकर अशान्ति का वातावरण बन सकता है। लेकिन गुरु की मंगल पर विशेष दृष्टि होने से बुद्धिमान प्रधान नेताओं के मार्गदर्शन से किंवा नीति से स्थिति अनुकूल हो सकेगी। इस अवधि में (जून तक) किसी यान दुर्घटना किंवा किसी विशेष विद्या से किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का पदच्युत होने का संकेत है। राहु-यूरेनस-नेपच्यून इस त्रिपुटी का प्रकोप यद्यपि 20 अक्टूबर तक देश की राजनीतिक एवं शासन सत्ता को प्रभावित करता ही रहेगा। परन्तु इस ग्रहस्थिति का क्रूर प्रभाव विशेषतः 1 सितम्बर से मंगल के मिथुन में आने पर अक्टूबर तक अनुभव करेंगे।

इस वर्ष क्रूरग्रहों की गतिविधि के अनुसार कुछ विरोधी मोर्चा किंवा पार्टियां अल्पमत सरकार के लिए सरदर्द बनी रहेगी। राष्ट्रव्यापी संघर्ष उभरेंगे, बढ़ती हुई कीमतों को रोकना सरकार के लिए असंभव होगा, विरोधी पक्ष इस प्रकार की विवशताओं को उभार कर चुनावी मैदान प्रशस्त बनाना चाहेगा। इसलिए इस वर्ष की ग्रहगति को ध्यान में रखते हुए हमें स्पष्ट मालूम देरहा है, कि आर्थिक संकट देश पर बना रहेगा, अन्तराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि सुधारने के लिए नए आयाम बनाने होंगे, क्योंकि भारत की गंभीर समस्याओं को विदेशों से मदद मांगकर पूरा नहीं कर सकते। सामाजिक अन्याय एवं भेदभावपूर्ण सामाजिक व्यवस्था को लेकर भी सत्तारूढ दल पर विशेष प्रहार होंगे, क्योंकि शनि जो कि वर्षेश है, दलित वर्गों का नेता है, अतः सरकारी नीतियों को दुरुस्त करके ही देश का संचालन कर सकेंगे, अन्यथा अल्पमत सरकार को शस्त्र गिरा देने पड़ेंगे, जिससे देश का भारी अहित होगा। नवम्बर 1991 से ही सरकार को फूंक फूंक कर कदम रखने पड़ेंगे, यह वर्ष सत्तारूढ दल के लिए परीक्षा की घड़ी है।

11 सितम्बर को गुरु कन्या राशि में प्रवेश करके मकर राशि पर दृष्टिपात करेगा। मकर राशि, भारत की प्रभावराशि है। अतः देश की सुधारात्मक - प्रणाली में परिवर्तन - परिवर्धन होंगे। लेकिन 3 नवम्बर को शनि-मंगल का समसप्तक बनेगा, यह शनि - मंगल का दृष्टि सम्बन्ध 22 दिसम्बर 1992 ई० तक बना रहेगा। इस शनि - मंगल के सप्तक में शनि पर गुरु की दृष्टि है अतः किसी बड़े युद्ध की संभावना तो नहीं है, परन्तु देश की आन्तरिक - स्थिति विषम हो सकती है। प्राकृतिक आपदा तूफान, भूकम्प, अग्निकाण्ड आदि से हानि का योग है कहीं, यान दुर्घटना एवं 7 दिसम्बर को राहु वृश्चिक राशि में आकर प्लूटो के साथ मेल करेगा, इस प्रकार संवत् के अन्तिम मास राजनैतिक एवं आर्थिक सामाजिक दृष्टि से विशेष उलझनपूर्ण सिद्ध होंगे।

जनवरी में चारग्रह वक्र होकर कहीं प्राकृतिक - प्रकोप हिमस्खलन, विषम हिमपात आदि से जनजीवन को अस्त व्यस्त करेंगे।

5 मार्च को शनि कुम्भ राशि में आकर राहु एवं प्लूटो को देखेगा इस समय सरकार के समक्ष किसी और गंभीर समस्या को लेकर परीक्षा की घड़ी उपस्थित होगी, संवत् के अन्ततक का समय ऐसीदा मालूम देता है सत्तारूढ दल एवं प्रधान पद के लिए समय राजनैतिक दृष्टि से नाजुक दौर का है।

शपथ ग्रहण कालीन कुण्डली



संक्षेप से कहें तो इस संवत् की ग्रहस्थिति सत्तारूढ पार्टी एवं प्रधान नेता के लिए विषम परिस्थितियों को जन्म देने वाली है। नाजुक दौर में प्रधान नेता का निकलना कठिन मालूम देता है। आर्थिक नीति को कटुसत्य समझकर यदि जनता सहर्ष स्वीकार करले तो राजनीति में स्थिरता संभव है अन्यथा विरोधी पक्ष अपनी कुटिल नीति से सत्तारूढ दल की छवि को खराब करने में कसर न छोड़ेगा। मुद्रा का अवमूल्यन होगा, व्यापारिक स्थिति कमजोर होगी। फिर भी प्रधान मन्त्री श्री नरसिंह राव की शपथ ग्रहण कालीन कुण्डली पर ध्यान देने से मालूम देता है कि लग्नेश शुक्र

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

मुस्लिम राष्ट्रों की संख्या में वृद्धि के आसार बनते है। सोवियत एशियाई गणराज्य एक इस्लामी कट्टरवाद की लहर के लपेट में आ जाने का योग है। शनि - राहु - यूरेनस-नेप्च्यूस की स्थिति दृष्टि के अनुसार इस्लाम - बहुत संख्या वाले कुछ नवोदित राष्ट्र अधिकांशतः राष्ट्रवादी दवावों की अभूतपूर्व लहर से प्रेरित रहेंगे। लेकिन इस्लाम के अनुयायी होने पर भी कुछ छोटे राष्ट्र अपने रवैय्ये में एकरुपता किंवा एकरसता नहीं रख पाएंगे। शिया एवं सुन्नी की दरार अधिक बढ़ती जाएगी। परिणामस्वरुप मुस्लिम राष्ट्रों में नया ध्रुवीकरण जन्म लेगा। कन्या प्रभावराशि वाला मुस्लिम कोई एक बड़ा राष्ट्र विघटन के कगार पर आ खड़ा होगा। अन्दरुनी विवाद समस्याए उत्तरोत्तर बढ़ेगी। सुन्नी गणराज्यों को अरब देशों से एवं शिया गणराज्यों का झुकाव ईरान की ओर होगा। अगस्त 1992 तक का समय मुस्लिम देशों के लिए भारी संकटमय मालूम देता है। अगस्त के बाद, संवत् के अन्त तक का समय वाकन देशों में प्राकृतिक आपदा से हानि एवं अन्दरुनी अशान्ति किंवा बम विस्फोट से हानि का है। संवत् के उत्तरार्ध में मुस्लिम राष्ट्रों में भारी उलटफेर होंगे यह समय विशिष्ट नेताओं के लिए राजनैतिक उलझन एवं विषम सिद्ध होगा। कहीं सत्ता का हस्तान्तरण, कहीं सैनिक हलचल से अशान्ति, कहीं प्रधान नेता को आन्तरिक क्रान्ति से विवश होकर पदत्याग करने को विवश होना पड़ेगा।

भारत और भारतसरकार

स्वतन्त्र भारत का जन्मलग्न



स्वतन्त्र भारत का 46 वां वर्ष प्रवेश



भारत गणतन्त्र 43 वां वर्ष प्रवेश



स्वतन्त्र भारत के जन्मांग के अनुसार लग्न में राहु एवं वृश्चिक में केतु है। लग्नेश-शुक्र, सूर्य के सन्निकर्ष में है। स्वतन्त्र भारत की कुण्डली देखे - सभी ग्रह राहु एवं केतु के दांई तरफ स्थित है, इस प्रकार स्वतन्त्र भारत का उदय 'कालसर्प योग' में हुआ है। यह कालसर्प योग भारत के लिए अनेकों राष्ट्रीय - अन्तराष्ट्रीय समस्याओं को विगासत में लाया है काश्मीर, पंजाब, असम, प्रान्तीयता, क्षेत्रवाद, सीमा विवाद आदि अनेकों झगड़े उत्तरोत्तर विषम होते गए है। समयानुसार इन समस्याओं का रुप कुछ बदला है परन्तु समस्या अभी तक किसी न किसी रुप में भारत के कर्णधारों को चिन्तित किए हुए है।

15 अगस्त 1991 ई० की ग्रहस्थिति के अनुसार चन्द्रमा तुला में नीचाकांक्षी है, साथ ही चन्द्रमा पर शनि की दृष्टि भी है। अतः देश के प्रधान नेता को अनेक विघ्न समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। 45 वें वर्षप्रवेश के समय बुध-गुरु-शुक्र-राहु- केतु ये पांचग्रह अस्त है तथा बुध-शुक्र-शनि-राहु-केतु ये पांचग्रह वक्री है: इस ग्रहस्थिति का प्रभाव 14 अगस्त 1992 ई० तक चलेगा। ग्रहस्थिति के अनुसार भारत शासनतन्त्र विषमतम सामाजिक - आर्थिक - राजनैतिक एवं कहीं कुछ धार्मिक परिस्थितियों में उलझ जाएगा। कुछ प्रतिष्ठित विरोधी पार्टी के नेता अल्पसंख्यकों के तुष्टीकरण, दलितों के उत्थान किंवा अन्य कुछ घोषणाओं को लेकर सत्तारुढ दल के लिए नई समस्याओं को असमय ही खड़ा कर देंगे, जिससे अल्पमत कांग्रेस (ई०) की सरकार एक विशेष प्रकार के चक्रव्यूह में फँस जाएगी, लेकिन सरकार गिरने का यह प्रयत्न अभी विफल जाएगा। स्वतन्त्र भारत के 46 वें वर्ष की ग्रहस्थिति के अनुसार भारत की आर्थिक नीति पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, क्योंकि धनेश मंगल, धनस्थान को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है। कर्मेश चन्द्र, शत्रुक्षेत्र में है, परन्तु गुरु-शुक्र की चन्द्र पर दृष्टि है अतः सत्तारूढदल के समक्ष अनेकों समस्याओं के बावजूद सत्ता में बने रहने का संकेत मिलता है। तृतीय भावस्थ - राहु एवं चतुर्थ भावस्थ स्वक्षेत्रीय शनि भी नए आयाम नई दिशा, नए ध्रुवीकरण को जन्म देगा। स्वतन्त्र भारत की अखण्डता एवं अक्षुण्णता रखने वाली ग्रहस्थिति वर्ष लग्न में अभी चल ही रही है। प्रधान नेता के स्वास्थ्य के बारे में यह वर्ष कुछ चिन्तनीय संकेत देता है अतः उन्हें अपने स्वास्थय का विशेष ध्यान चाहिए। राष्ट्रीय मोर्चा एवं जनतादल में इस वर्ष विभाजन अवश्यभावी है। जनता दल में असन्तुष्ट नेतृत्व जनतादल को ऐसे दलदल में ले जा कर खड़ा कर देगा इसका विभाजन होकर इसपार्टी को हानि पहुंचेगी।

जनता दल का जन्म लग्न



जनतादल के जन्मांग के आधार पर शनि की राहु पर दृष्टि है, एवं नवमभाव में स्थित - सूर्य बुध पर भी शनि मं० की दृष्टि है चन्द्र नीचा कांक्षी कर्मक्षेत्र में है। अतः इस वर्ष इस पार्टी के - प्रतिष्ठित व्यक्तियों की महत्वाकाक्षाएं इस पार्टी को विघटन की ओर ले जाएगी। विशेषतः नवम्बर 1991 ई० से 5 जून 1992 ई० तक की ग्रहस्थिति इस पार्टी के लिए विषम सिद्ध होगी। इस पार्टी की रणनीति से देश की क्षेत्रीय एवं कुछ राष्ट्रीय पार्टियां उलझन में पड़ेगी। लेकिन इस पार्टी का व्यवहार सत्तारुढ दल के विपरीत रहेगा: परिणामस्वरुप देश की राजनीति में अस्थितरता का भय बना रहेगा।

सत्तारुढ दल (कांग्रेस ई०) की जन्मकलिक ग्रहस्थिति के अनुसार कर्मस्थान पर कर्मेश-गुरु की गोचर में विशेष दृष्टि बनी हुई है जो कि 11 सितम्बर 1992 ई० तक रहेगी, परिणामस्वरुप अनेक उलझनों के समक्ष होने पर भी यह पार्टी अभी सत्ता में बनी रहेगी। सितम्बर में मिथुनस्थ - मंगल की, धनुस्थ - राहु पर दृष्टि होने से विशेष -राजनैतिक - अस्थिरता का सूत्रपात होगा, जिसका परिणाम 5 मार्च 1993 के बाद अनुभव होगा। इस वर्ष सत्तारुढदल कांग्रेस (ई०) की सरकार का

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

पतन ग्रहस्थिति के आधार पर मालूम नहीं देता। संवत् के अन्तिम दिनों मासों में नेतृत्व में कुछ संशोधन संभावित है।

कांग्रेस (ई) का जन्माङ्ग



भारतीय गणतन्त्र की वर्ष कुण्डली के अनुसार भाग्येश गुरु, कर्मस्थान को एवं कर्मेश - मंगल भाग्य स्थान को देख रहा है अतः भारत - गणतन्त्र की अक्षुण्णता अभी निर्विवाद है। लेकिन लग्नेश - चन्द्रमा, चतुर्थस्थान में नीचाकांक्षी है: अतः भारत के प्रान्तीय राज्यों में स्थिति विषमरूप धारण करेगी। पंजाब, काश्मीर, असम, नागालैण्ड, आदि प्रान्तों की स्थिति उत्तरोत्तर चिन्ता का विषय बनेगी। इस दृष्टि से शासनसत्ता को सीमाप्रान्तों पर एवं अन्दरूनी विघटनकारी तत्वों पर विशेष नजर रखनी पड़ेगी, अन्यथा स्थिति नियन्त्रण से बाहर होने का योग है।

सं० 2049 वि० कि ग्रहस्थिति के अनुसार संवत् का प्रवेश शनिवार को है, ग्रहपरिषद् में 5 ग्रह क्रूर है एवं 5 ग्रह सौम्य है, जिनमें दो स्थान ग्रह बुध को प्राप्त हुए हैं, अतः इस वर्ष क्रूरग्रहों का प्रभुत्व अधिक रहेगा। सबसे महत्वपूर्ण पद राजा एवं प्रतिरक्षामन्त्री का शनि-सूर्य को प्राप्त है, ये दोनों पिता-पुत्र होकर परस्पर शत्रु हैं। इस ग्रहस्थिति से संकेत मिलता है कि सत्तारूढ दल में प्रधान नेता को विपक्षीदल से उतना भय नहीं होगा, जितना निजीपाटी के महत्वाकांक्षी लोगों से। प्रधान नेता को दलगत - गतिविधि से सावधान रहना चाहिए, अन्यथा प्रधानपद चिन्ता का विषय बन जाएगा। शनि का वर्षेश फल इस प्रकार लिखा है: -

"अनौ घनो वर्षति खण्डशः क्षितौ, जनास्तु रोगा उदिता प्रभञ्जनाः।
करा नृपाणां विषमाश्च तस्कराः भ्रमन्ति लोकाः बहुधा क्षुधातुराः।।"

स्पष्ट है, कि इस वर्ष वर्षा पर्याप्त किंवा समयानुकूल न हो, नानाविध महामारियों से देश में जनता को परेशानी का सामना करना पड़े। शासन द्वारा नई आर्थिक नीति के परिणामस्वरूप नए नए करों का बोझ जनता पर पड़ेगा तथा किसी विशेष कारणवश जनता को स्थानान्तरण किंवा फाकापरस्ती का सामना करना पड़ेगा।

19 अप्रैल को राहु-यूरेनस नेपच्यून यह महाक्रूरग्रहों की त्रिपुटी धनराशि में वक्रस्थिति में होने से देश की आर्थिक - स्थिति को और कमजोर कर सकते हैं। इस समय ध्यान देने योग्य बात यह है, कि 27 अप्रैल को शनि - मंगल का दृष्टि- सम्बन्ध प्रारम्भ होकर 5 जून तक देश को नानाविध समस्याओं में उलझा देगा, इस समय देश में आन्तरिक - समस्याओं को लेकर अशान्ति का वातावरण बन सकता है। लेकिन गुरु की मंगल पर विशेष दृष्टि होने से बुद्धिमान प्रधान नेताओं के मार्गदर्शन से किंवा नीति से स्थिति अनुकूल हो सकेगी। इस अवधि में (जून तक) किसी यान दुर्घटना किंवा किसी विशेष विधा से किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का पदरिक्त होने का संकेत है। राहु-यूरेनस-नेपच्यून इस त्रिपुटी का प्रकोप यद्यपि 20 अक्टूबर तक देश की राजनीतिक एवं शासन सत्ता को प्रभावित करता ही रहेगा। परन्तु इस ग्रहस्थिति का क्रूर प्रभाव विशेषतः 1 सितम्बर से मंगल के मिथुन में आने पर अक्टूबर तक अनुभव करेंगे।

इस वर्ष क्रूरग्रहों की गतिविधि के अनुसार कुछ विरोधी गोर्चा किंवा पार्टियां अल्पमत सरकार के लिए सरदर्द बनी रहेगी। राष्ट्रव्यापी संघर्ष उभरेंगे, बढ़ती हुई कीमतों को रोकना सरकार के लिए असंभव होगा, विरोधी पक्ष इस प्रकार की विवशताओं को उभार कर चुनावी मैदान प्रशस्त बनाना चाहेगा। इसलिए इस वर्ष की ग्रहगति को ध्यान में रखते हुए हमें स्पष्ट मालूम देरहा है, कि आर्थिक संकट देश पर बना रहेगा, अन्तराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि सुधारने के लिए नए आयाम बनाने होंगे, क्योंकि भारत की गंभीर समस्याओं को विदेशों से मदद मांगकर पूरा नहीं कर सकते। सामाजिक अन्याय एवं भेदभावपूर्ण सामाजिक व्यवस्था को लेकर भी सत्तारूढ दल पर विशेष प्रहार होंगे, क्योंकि शनि जो कि वर्षेश है, दलित वर्गों का नेता है, अतः सरकारी नीतियों को दुरुस्त करके ही देश का संचालन कर सकेंगे, अन्यथा अल्पमत सरकार को शस्त्र गिरा देने पड़ेंगे, जिससे देश का भारी अहित होगा। नवम्बर 1991 से ही सरकार को फूंक फूंक कर कदम रखने पड़ेंगे, यह वर्ष सत्तारूढ दल के लिए परीक्षा की घड़ी है।

11 सितम्बर को गुरु कन्या राशि में प्रवेश करके मकर राशि पर दृष्टिपात करेगा। मकर राशि, भारत की प्रभवराशि है। अतः देश की सुधारात्मक - प्रणाली में परिवर्तन - परिवर्धन होंगे। लेकिन 3 नवम्बर को शनि-मंगल का समसप्तक बनेगा, यह शनि - मंगल का दृष्टि सम्बन्ध 22 दिसम्बर 1992 ई० तक बना रहेगा। इस शनि - मंगल के सप्तक में शनि पर गुरु की दृष्टि है अतः किसी बड़े युद्ध की संभावना तो नहीं है, परन्तु देश की आन्तरिक - स्थिति विषम हो सकती है। प्राकृतिक आपदा तूफान, भूकम्प, अग्निकाण्ड आदि से हानि का योग है कहीं, यान दुर्घटना एवं 7 दिसम्बर को राहु वृश्चिक राशि में आकर प्लूटो के साथ मेल करेगा, इस प्रकार संवत् के अन्तिम मास राजनैतिक एवं आर्थिक सामाजिक दृष्टि से विशेष उलझनपूर्ण सिद्ध होंगे।

जनवरी में चारग्रह वक्र होकर कहीं प्राकृतिक - प्रकोप हिमस्खलन, विषम हिमपात आदि से जनजीवन को अस्त व्यस्त करेंगे।

5 मार्च को शनि कुम्भ राशि में आकर राहु एवं प्लूटो को देखेगा इस समय सरकार के समक्ष किसी और गंभीर समस्या को लेकर परीक्षा की घड़ी उपस्थित होगी, संवत् के अन्तक का समय ऐंधीदा मालूम देता है सत्तारूढ दल एवं प्रधान पद के लिए समय राजनैतिक दृष्टि से नाजुक दौर का है।

शपथ ग्रहण कालीन कुण्डली



संक्षेप से कहें तो इस संवत् की ग्रहस्थिति सत्तारूढ पार्टी एवं प्रधान नेता के लिए विषम परिस्थितियों को जन्म देने वाली है। नाजुक दौर से प्रधान नेता का निकलना कठिन मालूम देता है। आर्थिक नीति को कटुसत्य समझकर यदि जनता सरल स्वीकार करले तो राजनीति में स्थिरता संभव है अन्यथा विरोधी पक्ष अपनी कुटिल नीति से सत्तारूढ दल की छवि को खराब करने में कसर न छोड़ेगा। मुद्रा का अवमूल्यन होगा, व्यापारिक स्थिति कमजोर होगी। फिर भी प्रधान मन्त्री श्री नरसिंह राव की शपथ ग्रहण कालीन कुण्डली पर ध्यान देने से मालूम देता है कि लग्नेश चन्द्र

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अस्त है, राहु से दृष्ट है चन्द्रमा नीचाकांक्षी है। शनि एवं अष्टमेश नीच मंगल का परस्पर दृष्टि सम्बन्ध है अतः इनके स्वास्थ्य के लिए समय विचारणीय है, अन्यथा देश के संचालन की क्षमता तो बनती ही है परन्तु ये अपनी अवधि पूर्णकर पाएंगे यह इनके जन्मांग से ही कहा जा सकता है, जो कि उपलब्ध नहीं है।

भारत की जलवायु एवं वर्षा -

इस वर्ष वर्षा पानी के स्वामी सूर्य है। सूर्य, वर्षा का शोषक है। स्पष्ट है, कि वर्षा की कमी रहेगी। सरकार की तरफ से किंवा नीति से कृषक असन्तुष्ट रहें, जिसका लाभ विपक्ष लेगा। मँहगाई उत्तरोत्तर बढ़ेगी।

"मेघाधिपतौ सूर्ये स्वल्पं मेघाः जलं विमुंचन्ति।
राजक्षोभस्तस्कर भीतिः स्वादर्घबाहुल्यम्।।"

लेकिन इस वर्ष रोहिणी का वास समुद्र में होने से हमें तो सर्वत्र अच्छी वर्षा का भान हो रहा है:-

"यदा पयोनिधि स्थले गतं विसचभं तदा।
अतीव वर्षणं भवेत् समस्त धान्य वर्धनम्।।"

इस वर्ष सार्वजनिक वर्षा अधिक होगी। मारवाड़, राजस्थान आदि सूखाग्रस्त क्षेत्रों में भी वर्षा होगी। वर्षा विश्वा 9 है।

इस वर्ष 21 जून को 19 घं० 23 मि० पर सूर्य आर्द्रानक्षत्र में प्रविष्ट हुआ है। -"सन्ध्या स्विंतार्दा कुरुते सुमिश्रं रात्रौ स्विता सर्वसुखाव लोके", - इस प्रमाणानुसार वर्षा पर्याप्त होगी, देश में सुमिश्र की स्थिति रहे। लेकिन आर्द्राप्रवेश कुण्डली में लग्नस्थ राहु पर सूर्य-शुक्र केतु की दृष्टि होने से कहीं अधिक वर्षा से बाढ़ की स्थिति बनेगी, कहीं सूखा भी रहेगा। ऐसा संकेत मिलता है।

संवत् के प्रारम्भ में तापमान ऊंचा रहेगा लेकिन 8, 11, 12, 14, 15, 17, 26, 27, 28, 30, अप्रैल को लंका के पश्चिमी छोर, बंगलादेश, पूर्वी आसाम बंगाल में वर्षा हो। लेकिन 27 अप्रैल से 5 जून तक शनि - मंगल का सम्बन्ध वर्षा में अवरोधक है। लेकिन इन दिनों में कहीं प्राकृतिक - प्रकोप से हानि का योग बनता है। उत्तरी भारत में इन दिनों गर्मी का प्रकोप बढ़ेगा। 6 जून को मेष के मंगल पर बृहस्पति की दृष्टि होने से जलवायु अनुकूल मालूम देने लगेगी 6, 7, 10, 11, 14, 16, 17, 21, 30 जून के लगभग सर्वत्र वर्षा व खण्डवृष्टि होगी। जुलाई मास में व्यापक वर्षा के योग हैं। लेकिन 2 अगस्त को शुक्र सिंह राशि में आकर गुरु से मेल करेगा। - "गुरु-शुक्रौ वदैकस्थौ कुरुत एकार्णवां महीम्" इस प्रमाणानुसार कहीं भयंकर बाढ़ की स्थिति बनेगी जिससे किसानों को हानि एवं जनधन हानि का भी योग बनता है नदियों में भयंकर बाढ़ आने से अनेकत्र हानि होगी। कुछ प्रान्त वर्षा की कमी भी अनुभव करेंगे। अगस्त 1, 2, 3, 10, 13, 16, 22, 23, 25, 26, 30 को सर्वत्र वर्षा के योग बनते हैं। सितम्बर 1, 2, 6, 7, 10, 11, 12, को भी वर्षा पानी का योग है, लेकिन 1 सितम्बर से ही शनि - मंगल का दृष्टि सम्बन्ध वर्षा में रुकावट पैदा कर देगा। गर्मी पुनः कुछ अनुभव होने लगेगी। अक्टूबर में ऋतुविपर्यय का प्रभाव अनुभव होने लगेगा। तापमान गिरेगा। अक्टूबर 14, 15, 16, 24, 29, 30 को लंका, द० पूर्वी मद्रास, में किंवा 30 भारत में कहीं बादल वर्षा के योग हैं। 3 नवम्बर को मंगल कर्क में आकर 22 दिसम्बर तक शनि नं० का सप्तक वर्षा है। रुकावट पैदा करेगा, इस समय किसानों को अपने सिंचाई के साधन ठीक रखने चाहिए। फिर भी 2 से 10 एवं 15 से 24 एवं 27 नवम्बर को वर्षा पानी के योग है। इन दिनों कहीं बादल, कहीं वर्षा से शीत का प्रभाव बढ़ेगा। दिसम्बर 22, 23, 27, 29, 30, 31, जनवरी (1993 ई०) 4, 13, से 16, तक शीत जोरों पर होगा, हिमाचल काश्मीर में जोरदार हिमपात, उत्तरीभारत में धुन्द एवं खण्ड वर्षा बूंदाबांदी से शीतलहर चलेगी। 13 जनवरी को सूर्य मकर में आकर शनि के साथ मेल करेगा, इन पर मंगल की दृष्टि भी है अतः फरवरी मध्यतक वर्षा में रुकावट एवं ऋतु विपर्यय अनुभव होने लगेगा। कहीं प्राकृतिक -प्रकोप से हानि भी होने का योग है। 5 मार्च को कुम्भ का शनि यद्यपि अच्छी वर्षा पानी का संकेत देता है, फिर भी शनि का सूर्य के साथ सम्बन्ध होने से वर्षा - पानी में कुछ अवरोधक ही रहेगा।

नोट - उल्लिखित वर्षा का विचार किसी स्थान - विशेष के आधार पर नहीं है, जिन जिन तारीखों में वर्षा के योग मिलते हैं, उनमें वर्षा की चर्चा की गई है। स्थानीय वर्षा की भविष्यवाणी भी सहीरूप में की जा सकती है एतदर्थ अभी अनुसन्धान एवं समय की अपेक्षा है।

भारत के कुछ प्रान्त

पंजाब - प्रभावराशि मीन है। मीनराशि का स्वामी गुरु, मंगल - दृष्ट है तथा मीन राशि पर शनि की दृष्टि है अतः अभी पंजाब में इस संवत् के पूर्वार्ध में शान्ति की संभावना नहीं, संवत् प्रारम्भ होने से ही पंजाब में निर्वाचन का पुरोगम बनेगा, इस अवधि में कुछ समुदायों में असन्तोष व्याप्त होगा, यह वर्ष भी पंजाब प्रान्त के लिए पूर्ववत् ही मालूम देता है।

हरियाणा - प्रभावराशि मिथुन है। मिथुन राशि पर यूरेनस - नेपच्यून एवं राहु की दृष्टि है जो कि यहां की राजनीति में कुछ नए विशेष घटनाक्रम को जन्म देगी। जून में मिथुन राशि का स्वामी - बुध अतिचारी हो जाता है, जो कि प्रधान नेता के समक्ष कठिन परिस्थितियों को जन्म देगा। विपक्षी लोग नए राजनैतिक ध्रुवीकरण बनाएंगे, जिससे इस वर्तमान सरकार को वे न हिला सकेंगे। पुनरपि कई बार राजनीतिक गतिरोध का वे कारण बनेंगे। 1 सितम्बर से मंगल कन्या राशि में आगया है, कन्या राशि में मंगल एवं राहु का सम्बन्ध प्रधान नेता के लिए शुभ नहीं। अनेक उलझने प्रस्तुत होंगी, विरोधी पक्ष प्रबल होगा, जनता का विश्वास क्षीण होने लगेगा। 29 अक्टूबर तक यहां स्थिति खराब होगी, राजनीतिक संकट उभरेगा। संवत् के उत्तरार्ध में विशेष राजनीतिक परिवर्तन संभावित है।

हिमाचल प्रदेश - प्रभावराशि मीन है। शनि की दृष्टि है संवत् का पूर्वार्ध विशेष उलझनपूर्ण रहेगा। 27 अप्रैल से 5 जून तक 1 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक तथा 3 नवम्बर से 22 दिसम्बर तक का समय मुख्यमंत्री महोदय के लिए संघर्षमय रहेगा, लेकिन अन्ततः उनका स्थापित्व प्रमाणित हो जाएगा। नई आर्थिक - योजनाएं, नए कार्यक्रम प्रान्त की प्रगति में आदर्श होंगे।

उत्तर प्रदेश -प्रभावराशि मीन है। नई योजनाएं, नए प्रगतिप्रद कार्यक्रम बनेंगे। उत्तराखण्ड की समस्या सामने आएगी। 27 अप्रैल से 5 जून तक एवं सितम्बर से 15 अक्टूबर तक गम्भीर धार्मिक समस्या सामने आएगी। नवम्बर से 22 दिसम्बर तक केन्द्र किसी किसी अन्यकारण से राजनैतिक गतिरोध पैदा होगा, समस्या का समाधान संभव नहीं। संवत् के उत्तरार्ध में यहां के मंत्रिमण्डल में विशेष परिवर्तन के योग है।

काश्मीर - प्रभावाराशि तुला है। तुला राशि के स्वामी शुक्र पर शनि की दृष्टि है, तुला राशि पर शनि की दृष्टि है। यहां राष्ट्र विरोधी गतिविधियां तीव्र होंगी, 18 अप्रैल से 15 जुलाई तक यहां

(पृ० १२० पर देखें)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

व्यापार-विमर्श

सं० २०४६ की ग्रह चाल के आधार पर व्यापारिक-वस्तुओं में तेजी-मन्दी का विवरण

संसार के सभी पदार्थों पर ग्रहों का नियत्रंण है, सभी पदार्थों का समावेश बारह राशियों में है । जब ग्रह भ्रमण करता हुआ राशि भोग करता है, तो उस राशि में समाहित सभी पदार्थ, ग्रह की प्रकृति के अनुसार प्रभावित होते हैं । प्रभावित वस्तु में परिवर्तन आते हैं, और इन्हीं परिवर्तनों से बाजारों में घटाबढ़ी होती है, जिसे हम तेजी मन्दी कहते हैं । व्यापारी 'तेजी-मन्दी' इन दो शब्दों से ही अपने भाग्य को आजमाता है । परन्तु मनुष्य का भाग्य मनुष्य के कर्मफल किंवा ग्रहचाल के मुताबिक मनुष्य की स्थिति को कभी सुधारता है, कभी बिगड़ता है । रथ के पहिए में लगे आरों की भांति मनुष्य कभी ऊपर उठता है, कभी नीचे गिरता है- "चक्रारपक्तिरिव गच्छति भाग्यपंक्तिः" । कहने का तात्पर्य यह है कि जो व्यक्ति आज व्यापार में घाटा खा चुका है, वह सदा के लिये डूबा ही रहेगा - यह धारणा भ्रामक है, व्यापार में बहुत ही आश्चर्यजनक उतार चढ़ाव आते हैं, न जाने आपको शीघ्र उत्तम लाभ हो जाए ? जो व्यक्ति धनाढ्य होकर सट्टे का काम विचारपूर्वक नहीं करते वे शीघ्र ही डूब सकते हैं । व्यापार तो किस्मत के सिकन्दर का ही प्रत्यक्ष साथ देता है । अतः किसी भी तरह का व्यापार करने से पहिले आप पत्राचार द्वारा या प्रत्यक्ष मिलकर ग्रहस्थिति पर विचार करा लें, विश्वास रखें ग्रहस्थिति के आधार पर किए गए व्यापार में आप हानि में न रहेंगे । आप भारी हानि से भी बच सकते हैं ।

जीवन में ग्रहस्थिति के प्रभाव का अध्ययन करने से यह निस्सन्देह सत्य सिद्ध हो चुका है कि, जितना लाभ आपको होना है, उतना ही होगा, अधिक नहीं,- **"वरस्मदीयं नहि तत्परेषाम्"** अर्थात् 'जो मेरा है वह मिलेगा ही, उसे और कोई नहीं ले सकता । अतः जीवन पर ग्रहों का संकेत समझकर ही व्यापार करना बुद्धिमत्ता है ।

खुलकर व्यापार करने से पहिले अप्रत्याशित हानि से बचने के लिए अपनी व्यक्तिगत ग्रहचाल को ध्यान में रखना सतर्कता है। हानिप्रद ग्रह से सम्बन्धित वस्तु का व्यापार न करें। वर्ष में जो ग्रह लाभप्रद है, उन ग्रहों के अधिकार क्षेत्र में आने वाली वस्तुओं का ही व्यापार करें। तभी आप लाभ ले सकेंगे।

हाजर एवं वायदा व्यापारी जो अपने व्यापारी को अपने व्यापारिक-जीवन से निराश हो चुके हैं, उनके लिए हम यहां विचार-विमर्श में ग्रहों का पूर्ण अध्यन करके तेजी मन्दी का मशवरा देते हैं, व्यापारियों, निराश न हो, हमसे प्रत्यक्ष मिलें, आपकी उलझी हुई व्यापारिक समस्या का समाधान हम करेंगे ।

संवत् २०४६ में गुरू, शनि, राहु, मंगल, यूरेनस, नेपच्यून और प्लूटो आदि के चार एवं युक्ति-प्रतियुति के आधार पर यह स्पष्ट घोषणा की जाती है कि इस साल व्यापारिक जगत् में विशेष उथल-पथल होगी । गुड़, ज्वार, मक्का, बाजरा, चना, ग्वार, खांड, एवं दालवान में भयंकर तेजी आयेगी । सरसों, तिल, घी, एवं रेयान, कपास, बिनौला एवं चांदी, सोना आदि के भावों में भी जबरदस्त उतार-चढ़ाव आयेंगे । कहने का तात्पर्य यह है कि इस वर्ष व्यापारिक क्षेत्र में रंक से राजा एवं राजा से रंक बना देने वाले विशेष योग हैं। अतः वार्षिक ग्राहक बनकर समय-समय पर ताजा परामर्श प्राप्त करके उत्तम लाभ प्राप्त करें। इस वर्ष ग्रहचाल के खिलाफ चलने वाले व्यापारी भारी हानि में रहेंगे । जिस जगह व्यापार के लेख में हम ताजा मशविरा हासिल करने की बात लिखते हैं, वहां व्यापारी अगर कुराली आकर मशवरा लें तो अच्छा रहेगा, वरना अपना पूरा पता लिखकर जवाबी बन्द लिफाफा साथ भेजें पत्र हिन्दी में दें। तेजी मन्दी की रिपोर्ट की एक मास की १०१ रु० फीस साथ भेजें, उत्तर तुरन्त मिलेगा। नोट कर लें।

व्यापार विमर्श लेख में हम ग्रहचाल के मुताबिक सभी व्यापारियों को प्रतिवर्ष बाजारों के उतार-चढ़ाव से सावधान करते रहे हैं ।

सं० २०४४ वि० में तिलहन एवं तेलों में भयंकर तेजी से व्यापारी लाखों का लाभ उठा चुके है।, और मन्दे की ग्रहचाल बनते ही हमने पृष्ठ ३१, कालम २ में १६ अगस्त के व्यापारिक-फलादेश में व्यापारियों को **"सरकार की व्यापारिक-नीति को ध्यान में रखकर काम करने की सलाह"** दी थी एवं तेल तिलहन में जबरदस्त मन्दी की घोषणा की थी, तदनुसार तेल एवं तिलहनों में एकदम भयंकर मन्दी आई, व्यापारी हानि से बच गए । इस साल रूई के व्यापारी हमारी सलाह से करोड़ों का लाभ प्राप्त कर चुके हैं।

सं० २०४६ वि० में चना के व्यापारी हमारे परामर्श से भारी लाभ उठा चुके हैं । इस वर्ष भी सरसों, तेल, तिलहन में मन्दे का सं. २०४८ वि० में तो व्यापारी जो हमारे सम्पर्क में रहे, लाखों का लाभ उठा गए हैं । हमने तेल, सरसों, बिनौला, अलसी, सूरजमुखी, मूंगफली एवं रूई में अपने व्यापारियों को भयंकर तेजी बताई थी, सो छःगुणित लाभ इस साल के व्यापारियों को हमारे परामर्श से प्राप्त हुआ है । 'व्यापार विमर्श' लेख में लिखे गए व्यापारिक उतार-चढ़ाव एवं प्रत्यक्ष मिलकर व्यापार मशवरा हासिल करने वाले व्यापारियों ने लाभ होने पर जो पत्रों द्वारा हमारा उत्साहवर्धन किया है, उसके लिए हम आभारी हैं ।

सं० २०४६ वि० में ग्रहों मा वक्रमार्ग, युक्ति, गति के अनुसार हम इस वर्ष तेजी मन्दी की विशेष लाईनों का संकेत नीचे हम लेख में देंगे साथ ही सामयिक-तेजी मन्दी का विवेचन भी करेंगे । फिर भी व्यापारियों से निवेदन है, कि वे निम्नांकित हिदायतों को ध्यान में रखकर, अपनी ग्रहचाल के अनुकूल होने पर ही व्यापार करें ।

वायदा व्यापार या हाजर सौदों के व्यापार कर लाईन अगर हमारे लिखे या बताए गए विचार के विपरीत चले तो तुरन्त सौदा काटकर नुकसान यापार करते समय से बचें, और ताजा मशवरा हासिल करें।-ऐसी स्थिति में किसी प्रकार के नुकसान (हानि) की जिम्मेदारी हम नहीं लेते। अर्थात्-व्यापार में हानि होने पर हम जिम्मेदान न होंगे, यह नोट कर लें।

वायदा-व्यापारियों के लिए हिदायतें

(१) सदैव उतने ही लाभ की आशा करके व्यापार करें, जितनी साधारणतया हानि उठाने की सामर्थ्य हो । (२) सदैव याद रखो कि वायदा व्यापार में नुकसान की लिमिट बांध कर काम करें, ज्यादा नुकसान व घबराहट से बच जाओगे, कम नुकसान में सौदा काट देना अक्लमन्दी है । (३) व्यापार करते समय ध्यान रहे कि सबसे पहले अपने मन में व्यापारिक आधार के साथ-साथ ग्रहगति के आधार पर निर्णय कर लें कि यह समय इस

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

वस्तु की मोटी तेजी का है या मोटी के मन्दी का । मन में यह धारणा बांधकर बाजार का रुख देखें । यदि व्यापार की लहर तेजी की चल रही हो तो हमारे परामर्श से तेजी का व्यापार करके लाभ उठावें । (४) यदि यह योग भी मन्दी का हो बाजार में मन्दी के मोटे कारण भी दिखलाई देने लगें और व्यापार के वक्त भी बाजार का रुख मन्दे का होतो ऐसी स्थिति में हर भाव में बचाव करते रहिये । थोड़ा-थोड़ा सौदा काट कर नफा से सुलठते रहिए । (५) व्यापार की लहर तेजी की है या मन्दी की यह जानने के लिए 'खास' वस्तु के भावों को देखना चाहिए । यदि उस वस्तु में हर तीसरे, चौथे, आठवें दिन मन्दी के या तेजी के नये-नये भाव आते चले जाएं, जैसे तीसरे दिन नया भाव मन्दी का आवे तो जान लो वस्तु में अब मन्दी की लहर चल रही है, उसे मन्दी से उछाल में बेच दें । (६) यदि मन्दी के भाव छूटते चले जायें और तेजी के भाव तीसरे सा चौथे दिन नये बनते जायें तो समझ लें कि तेजी की लहर चल रही है, ऐसे समय जब ग्रह चाल से भी तेजी नजर आये तो तेजी का व्यापार करके प्रायः लाभ उठाया जा सकता है । (७) बाजार के खिलाफ कभी काम न करें । मान लो, आपने तेजी का काम किया । उधर सौदा करते ही बाजार में मन्दी की लहर चल रही हो तो किसी भी समय तेजी का उछाल आते ही सौदा खत्म कर दो, बड़े नुकसान से बच जाओगे । हमेशा ग्रहयोग को आधार मानकर और बाजार के रुख को ध्यान में रखते हुए अपनी पाराशरी शुभ दशा में व्यापार से अच्छा लाभ उठाया जा सकता है । इसके विरुद्ध खोटी ग्रह स्थिति वाले व्यापारियों को वायदों का व्यापार भूलकर भी नहीं करना चाहिए, क्योंकि भारी हानि हो सकती है, सट्टा तो सितारे का साथी है । अतः समयानुसार पत्र द्वारा अपनी दशा के अनुसार हमारे सुझावों द्वारा लाभ उठा सकते हैं ।

सं० २०४९ की **शरत् सत्यकालीन कुण्डली** के अनुसार चन्द्र पर बुध-शुक्र की दृष्टि है, बुध-शुक्र पर बृहस्पति की दृष्टि है, बृहस्पति केन्द्र में है । शरत्कालीन फसलों के बारे में स्पष्ट संकेत मिलता है कि मूंग, मोठ, बाजरा आदि की फसल अच्छी होगी, (वृक्षलग्न कुण्डली के अनुसार) कोई भी ग्रह सूर्य के अतिरिक्त केन्द्र में नहीं है, चन्द्र से चतुर्थेश शनि है, अतः खरीफ की फसल अच्छी होने पर भी सरकार की आर्थिक व्यापारिक-नीति के कारण मंहगाई कम होने का संकेत नहीं मिलता । दालवाना में तेजी ही रहेगी । वृष संक्रान्ति कालीन कुण्डली के अनुसार सिंह लग्न से सप्तम भाव, छठे शनि एवं अष्टमस्थ मंगल से आक्रान्त है, शीतकालीन फसलों को प्राकृतिक-प्रकोप से हानि एवं उत्तशंतर मंहगाई का संकेत मिलता है ।

ग्रीष्म सत्यकालीन कुण्डली के अनुसार कन्या से तीसरे बुध-सूर्य-राहु है, तथा वृश्चिकस्थ सूर्य से दूसरे शुक्र है, कुण्डली में शनि-मंगल का दृष्टि सम्बन्ध केन्द्र में होने से जौ, गेहूं, चना आदि की फसल को हानि पहुंचेगी, मंहगाई चरम सीमा पर पहुंचेगी, जनता में असन्तोष भड़केगा । यदि जन जीवन उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि पर आवश्यक अंकुश न लगाया गया तो शासन अपना विश्वास खो बैठेगा ।

इस वर्ष चार स्तम्भों के विचार से जल स्तम्भ ७६ प्रतिशत एवं अन्न स्तम्भ ५२ प्रतिशत है । लेकिन मेषेश-सूर्य होने से जल का शोषक है, अतः कहीं अत्यधिक वर्षा से हानि होगी एवं सूखा से कृषक चिन्तित रहेगा । - **"मेषाधिपतौ सूर्ये स्वल्पं मेघाः वर्षं विमुञ्चन्ति । राजक्षेमस्तस्कर भीतिः स्यादर्घ-बहुल्यम् ।।"** प्रधाननेता क्षुब्ध हों, वर्षा की कमी, मंहगाई चरम सीमा पर पहुंचे ।

इस वर्ष **सूर्य सायंकाल को आर्द्रा नक्षत्र** में प्रवेश करता है - **" संध्यास्थितार्द्रा कुरुते सुनिस्सं रात्रौ स्थिता सर्वसुखाय लोके । " स्पष्ट है, कि सूर्य का आर्द्राप्रवेश सुनिश (अच्छी फसल) की सूचना देता है पुनरपि आर्द्राप्रवेश कुण्डली के अनुसार लग्न स्थान पर शनि-मंगल** की दृष्टि आर्थिक स्थिति की विषमता से मंहगाई पर नियन्त्रण पाना संभव न होने देगी ।

इस वर्ष रोहिणी का वास 'समुद्र' में होने से कम वर्षा वाले मूखण्ड बागड आदि (राजस्थान) में भी वर्षा से किसानों को राहत मिलेगी । चावल, जौ, मोंठ, बाजरा आदि की फसल पर्याप्त मात्रा में होगी, -

"यदा पयोनिधिस्थले गतं विरोचिषं तदा ।
अतीव वर्षणं भवेत् समस्त धान्य वर्धनम् ।।"

स्पष्ट है, कि इस वर्ष वर्षा काफी अच्छी होगी, अधिक जल चाहने वाले अन्न धान, जीरा एवं अन्य विविध अनाजों की फसल पर्याप्त होगी । लाभेच्छु किसान जीरा आदि अधिक बीजें तो उत्तम लाभ प्राप्त होगा ।

इस वर्ष चौमासी फसलों के स्वामी 'गुरु' हैं ; भारत के अधिकतर भूभाग पर भारी वर्षा होगी । सभी प्रकार के धान्य अधिक मात्रा में होगे । टंकण एवं मगध में वर्षा मध्यरूप से हो :-

"सस्यपतौ दिविजगुरौ बहुविध सस्यार्घवृष्टिः स्यातु ।
कंकण-मागध देशे मध्यम सस्यार्घवृष्टिः स्यातु ।।"

पाठकों ! गतवर्ष के पंचांग में दालवाना, तेल, सरसों आदि तिलहन एवं रूई, बिनौला में जोरदार तेजी की घोषण की थी, मेरठ, मुजफ्फर नगर, बठिंडा, गंगानगर (राजस्थान), सिरसा, बरेटा, उठावाली, कालांकली, मोगा, हिसार आदि प्रमुख क्षेत्रों के व्यापारी प्रत्यक्षरूप से मिलकर उत्तम लाभ ले चुके हैं, उनसे हमें ईनाम भी प्राप्त हुए हैं हमारा व्यापारियों से अनुरोध है, कि समय-समय पर प्रत्यक्ष मिलकर तेजी मन्दी के हाजर व वायदा व्यापार के चांस प्राप्त करें तो उत्तम लाभ रहेगा । हमारा आफिस 'रेलवे स्टेशन मण्डी, मु० पो० कुराली, जि० रोपड़ (पंजाब)" में स्थित है । रात को ठहरने का प्रबन्ध सुरक्षित एवं उत्तम है ।

इस साल उत्तम लाभ के चांस हैं, प्रत्यक्ष मिलकर ताजा मजबरा हासिल करते रहें ।

सं० २०४९ का प्रारम्भ ४ अप्रैल, शनिवार को होगा । संवत् का राजा शनि होने से पृथ्वी पर खण्डवृद्धि, वायुवेग से हानि हो, प्रजा पर टैक्स अधिक बढ़ेंगे, अनैतिक घटनाएं अधिक एवं जनता में विवशतापूर्ण पलायन हो ।

अब हम सं० २०४९ में प्रत्येक अंग्रेजी मास की तेजी मन्दी का विवरण नीचे सुविस्तृत देंगे, - आशा है, व्यापारी विचारपूर्वक काम करके उत्तम लाभ प्राप्त कर सकेंगे ।

अप्रैल- मास के प्रारम्भ में २ अप्रैल को शुक्र मीन राशि में आकर सूर्य-बुध एवं चन्द्रमा के एक साथ राशि सम्बन्ध बनाएगा, इसी दिन बुध पूर्व दिशा में उदित होगा । बुध-गुरु बक्री है । ध्यान दें :— कि मीन राशि में शुक्र-सूर्य-बुध पर शनि की दृष्टि भी है अतः यह योग तेजी का है । रूई, सोना, चांदी में विशेष तेजी का झटका आएगा । इस समय ज्वार बाजारों में अच्छी तेजी बनेगी, व्यापारी लाभ लें । (शुक्र-बुध एवं सूर्य ये जब एक साथ होते हैं । कपड़ा-सूत रूई का व्यापार पर जोर पकड़ता है) । शुक्र ग्रह का प्रभाव विशेषतः रूई गुड़ खाण्ड चांदी पर ही अनुभव किया गया है । इस समय भारत सरकार कुछ चीजों के निर्यात की घोषणा करेगी, जिससे तेजी का वातावरण बनेगा ।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

संवत् के प्रारम्भ में मंगल कुछ दिनों के लिए अतिचारी रहेगा। मंगल का अतिचारी होना भी विशेष महत्वपूर्ण है। महत्वपूर्ण है । कुम्भ राशि का मंगल यद्यपि तेजी का सूचक है लेकिन मंगल पर बृहस्पति की दृष्टि होने से उम्मीद के अनुसार तेजी न आ सकेगी । हां, बाजारों में अफवाहों से तेजी-मन्दी के रिएक्शन आएंगे । वायदा व्यापारी अच्छा लाभ ले सकते हैं।

४ अप्रैल को शुक्र उ. भा. में आएगा एवं इसी दिन शनिवार को सं. २०४६ विक्रमी का शुभारम्भ होगा । राजनैतिक वातावरण का प्रभाव व्यापार पर होगा । राजनैतिक अस्थिरता किंवा राजनैतिक गतिरोध पैदा होने से वायदा व्यापार प्रभावित होगा। चावल, मोती, चांदी, कपूर, नमक, खाण्ड, रूई, कपास, में मन्दा बनेगा

७ अप्रैल को बुध-शुक्र की अंशात्मक-युति होगी,— [illegible] युति का प्रभाव वायदा-व्यापार शेयर बाजारों पर प्रत्यक्षत अनुभव कर सकेंगे। क्योंकि बुध [illegible] के साथ सूर्य का होना भी तेजी का सूचक है। इस समय सोना, चांदी-चावल रूई, सूती धागा, गुड़ खाण्ड, पाट, बारदाना में अच्छी तेजी बनेगी। (जब बुध-शुक्र की अंशात्मक युति होती है, तो शेयर बाजारों में २,४ दिन का मन्दा आया करता है, लेकिन यहां पर बुध-शुक्र के साथ सूर्य होने से पूर्व इन पर शनि की नजर होने से हमें शेयर बाजारों में मन्दे की आशा होने पर भी तेजी की सम्भावना मालूम देती है। अतः शेयर व्यापारी एवं वायदा व्यापारी तेजी में रहें, तथा बाजार का रुख देखकर काम करें- यही हिदायत है।)

८ अप्रैल को बुध मार्गी हो जाता है, - अचानक बाजारों का रूख बदल सकता है, अफवाहों से तेजी मन्दी के झटके बसजारों में आएंगे, - सावधानी से काम करें । रूई में पहले मन्दी, बाद में तेजी, चांदी में घटा बढ़ी के बाद तेजी हो । गेहूं, जौ, चना आदि अनाज एवं रेशम, तेल, अलसी, अरण्ड, मूंगफली, बिनौला, रसकस, सोना, चांदी तेज होंगे ।

१२ अप्रैल को सूर्य मेष राशि में आने पर रूई, कपास, घी, तेल, तिल, सरसों, नारियल, सुपारी, बादाम, गुड़, खाण्ड, शक्कर, चांदी, सोना तेज होंगे । गेहूं चावल, उड़द, मूंग, अरहर, चना, जौ, मटर, आदि छोटे अनाजों में मन्दा आने का योग है । (सूर्य का ग्रह का प्रयास प्रत्येक वायदा एवं हाजर बाजारों पर प्रत्यक्षतः अनुभव हुआ है लेकिन हल्दी, धनियां, कालीमिर्च, एरण्ड, अलसी, मूंगफली, तेल, खल, सोना, चांदी शेयर बजारों पर भी इसका प्रभाव प्रत्यक्षतः देखा जा सकता है ।)

१४ अप्रैल को मंगल पू. भा. में आता है । मंगल की गति इन दिनों ४ ४६ क. ११ वि. से अधिक होने से अतिचारी है । मंगल का भूमि से विशेष सम्बन्ध होने से जलवायु पर प्रभाव विशेष देखा गया है । तेलवाना, रूई, कपास, जूट, चांदी, सोना एवं शेयर बाजारों पर इसका प्रभाव विशेष पड़ता है । लेकिन यहां मंगल पर बृहस्पति की हाजिर होने से शेयर बाजार एवं वायदा व्यापार में विशेष तेजी की भावना लेकर चलने वाले व्यापारी हानि में रहेंगे । बाजार अस्थिर एवं आशा के विपरीत चलेंगे, - बाजार का रूख देखकर काम करें । लेकिन हमारे विचार से अप्रैल में मंगल का कुछ दिनों का अतिचार तिलहन एवं गुड़ खाण्ड में अच्छी तेजी लाकर व्यापारियों को चकमा दे सकता है, लम्बी तेजी या मन्दे की लाईन नहीं बनेगी, अतः जब भी नफा मिले, तुरन्त लाभ लें हानि से बचें ।१५ अप्रैल को बुध उ. भा. में एवं शुक्र के रेवती में आने पर रूई, जौ, गेहूं, मोठ, चना, चावल, मूग, उड़द, मंसूर, बाजरा, एवं ज्वार में तेजी बनेगी । १५ अप्रैल से १८ अप्रैल तक बाजार अस्थिर किंवा मन्दे की ओर रहे । १८ अप्रैल को नेपच्यून वक्री होगा साथ ही २१ अप्रैल को यूरेनस भी वक्री हो जाता है । ध्यान दें, कि - नेपच्यून - यूरेनस एवं राहु ये तीनों महाक्रूर ग्रह धनु राशि में एक साथ हैं ये तीनों १९ नवम्बर के बाद उल्टी (वक्रगति) से चलने लगे हैं ;- यह गोचर ग्रहस्थिति व्यापारियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है । इन अशुभग्रहों की त्रिपुटी बाजारों में भयंकर तेजी बनाएगी - नोट कर लें । इस समय राजनैतिक विशेष गतिविधि से बाजारों में जबरदस्त तूफान आएगा । लेकिन धनुराशि में इन तीनों महाक्रूर ग्रहों पर बृहस्पति की दृष्टि है, लेकिन इस मास के अन्त तक गुरू भी वक्री हो है, अतः तेजी का विचार बनाएं । 'पैदावार कम या फसल खराब' - आदि अफवाहों से बाजारों में जोरदार तेजी बनेगी । इस समय वायदा व्यापारी एवं हाजर के व्यापारी अग्रिम (मिती कर का) सौदा करके लाभ ले सकेंगे । रूई, चांदी, तेल, खल, बिनौला, सरसों, मूंगफली, एरण्ड, गुड़, शक्कर आदि में भाव ऊंचे उठेंगे । यूरेनियम का सोना-चांदी के बाजारों पर बड़ा प्रभाव पड़ता है, अतः तेजी से लाभ लें । इस समय रूई के व्यापारी भी लाभ लेंगे । इस समय ताजा मजबरा हासिल करें तो उत्तम लाभ प्राप्त कर सकेंगे ।

२४ अप्रैल को मूल ३ में राहु एवं आर्द्रा १ में राहु आते ही पहले चली आ रही तेजी जोर पकड़ जाएगी । रूई, कपास, चांदी, सोना, पाट, बारदाना, सरसों, बिनौला, तिल, एरण्ड, सूरजमुखी, मूंगफली, खल, एवं खाद्य तेलों में भारी तेजी आएगी, छोटे एवं मोटे अनाज भी तेज होंगे । इस समय तिलहन के व्यापारी भारी तेजी से उत्तम लाभ लेंगे । शेयर बाजार भी तेज रहेंगे ।

(१६ अप्रैल से २५ अप्रैल तक वायदा एवं शेयर बाजारों के व्यापारी भारी तेजी से लाभ लें,- इस अवधि में यदि व्यापारी कुशली आकर ताजा मजबरा हासिल करें, तो सर्वोत्तम लाभ मिल सकेगा ।)

२६ अप्रैल को शुक्र मेष राशि में आकर सूर्य के साथ राशि-सम्बन्ध बनाएगा । लेकिन शुक्र-सूर्य पर बृहस्पति की विशेष दृष्टि है, लेकिन शुक्र शीघ्र गति है, अतः बाजारों का रूख तेजी का होने पर भी विशेष तेजी में न रहें, तेजी रुक जाएगी । रूई, गुड़, खाण्ड, चांदी, अलसी, सोना, तिल, तेल, ऊन, सोंठ, जौ, चना, गेहूं, उड़द, अरहर, मूंग, मोठ, में तेजी मन्दे के झटके आएंगे । बाजार के रुख को देखकर काम करो, वरना हानि का भय है ।

२६ अप्रैल को सूर्य भरणी में, बुध रेवती में एवं मंगल मीन में आ जाता है इस स्थिति में मंगल का सम्बन्ध बुध से एवं मंगल पर शनि की दृष्टि भी पड़ रही है । यह चांस कुछ चीजों में अच्छी तेजी का है, सोना चांदी तांबा मूंग, पीतल, के बर्तन, गेहूं, जौ, चना, चावल, मोठ, अलसी, रूई, सरसों, गुड़, खाण्ड, घी, केसर, मजीठा, कुसुम्भ, लाल चन्दन, गेरू, लाल मिर्च में तेजी का वातावरण रहेगा । (मीन राशि का मंगल यद्यपि मूल रूप से मन्दी का कारक है, परन्तु यहां मंगल पर शनि की दृष्टि होने से वातावरण सामान्यतः तेजी का रहेगा, फिर भी बाजार के खिलाफ काम न करें, हानि से बचें ।)

३० अप्रैल के लगभग बृहस्पति के मार्गी हो जाने पर बाजार का रूख अचानक बदलेगा, इसलिए मासान्त में व्यापारी बड़ा सावधानी से काम करें, यदि आपने अग्रिम सौदा कर रखा है तो अच्छा तो यह भी होगा कि २६ अप्रैल से पहिले या लगभग ही सौदा सैटल करके हानि से निकल जाएं, वरना पूरा लाभ लेने के चक्कर में हानि हो सकती है ।

मई— वर्षारम्भ में ही मंगल (२ मई को) पू भा में आजाएगा, मंगल-बुध पर इस समय शनि कर दृष्टि भी है । ठीक २ मई को ही शनैश्चरी आमावस है, राहु-यूरेनस-नेपच्यून ये तीनों वक्री चल रहे हैं । इस स्थिति

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

में बाज़ार तेज़ ही रहेंगे। रूई में खास तेजी आएगी। घी, तेल, सरसों वारदाना, गुड़, खांड, शक्कर और दालों में तेजी का खास झटका आएगा। इस वक्त तेजी का काम करने वाले व्यापारी लाभ में रहेंगे—ऐसा विचार है। ७ मई को बुध अश्विनी नक्षत्र में होगा। मेष राशि में बुध की सूर्य और शुक्र सेयुति होगी। इन पर गुरु की दृष्टि होने से व्यापारियों के अनुमान गलत हो सकते हैं। बाज़ार की चाल को दृष्टि में रखते हुए, हमारा विचार है गेहूँ, ज्वार, बाजरा, जौ, चना, अलसी, मूँग, मोठ, घी, गुड़, खाँड, शक्कर, सरसों, तिल, तेल, रूई, कपास, सोना, चाँदी में ज़बरदस्त तेजी और मन्दा के झटके आएंगे। क्योंकि ७ मई को शुक्र भी भरणी में आकर मनदे का संकेत करता है। १ मई से ४ मई तक तेजी आएगी ओर ७ से ६ मई तक तेजी और मन्दे के झटके आएंगे। मन्दे में खरीदकर तेजी में बेचने पर लाभ होगा। १० मई को कृत्तिका नक्षत्र का सूर्य १५ दिन में घी, रूई, सोना, चाँदी, अलसी, एरण्ड, गेहूँ, जौ, चना, मूँग, मोठ, चावल और सरसों में तेजी करेगा।

११ मई के लगभग शुक्र का पूर्व में अस्त होना भी महत्त्वपूर्ण है। इस समय यदि बाज़ार में तेजी चल रही हो तो आगे मन्दा, मन्दा चल रहा हो तेजी समझनी चाहिए। हमारे अनुसार रूई में मन्दा और चाँदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी। सोना, ताम्बा, पीतल में भी तेजी का रुख रहेगा। इस समय सरकार की आयात नीति को दृष्टि में रखकर काम करना चाहिए। १० मई के लगभग शेयर बाजार डावाँडोल नज़र आएंगे। बुध शुक्र की युति के कारण शेयर बाजारों में अकस्मात् मन्दा आएगा। शेयरों के व्यापारी अगर जल्दी करेंगे तो हानि उठाएंगे—यह संकेत है। लेकिन यहाँ विशेष विचार अपेक्षित है। समय पर मिलकर परामर्श लें।

शेयर मार्कीट के हमारे अनुभव के अनुसार जब सूर्य-बुध किसी भी राशि में इकट्ठे हों, विशेषकर जब इनकी अंशात्मक युति हो रही हो तब, शेयर बाजार में तेज़ी आती है। अगर सूर्य-बुध मेष राशि में आएं तब शेयर बाजारों में तेजी निश्चित आती है। अब वर्तमान ग्रहचाल के अनुसार यहाँ ७ मई को बुध मेष राशि में आकर सूर्य ओर शुक्र के साथ युति करता है। इस समय शेयर बाजारों में तेजी का रुख बनेगा। मेष राशि के सूर्य बुध, शुक्र पर गुरु की दृष्टि होने से अच्छी तेजी आ सकती है। ७ से १४ मई तक शेयर बाजार तेज रहेंगे—ऐसा विचार है।

१४ मई को सूर्य वृष में आकर सोना, चाँदी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, कपास, रूई, सूत, बादाम, सुपारी, नारियल, तिल, तेल, सरसों वगैरह तिलहनों में तेजी करेगा। लेकिन दालों में मन्दा आ सकता है—सावधानी से काम करें।

१५ मई को मरणी नक्षत्र का बुध अनाजों में कुछ तेजी बनाएगा। १८ मई को कृत्तिका का शुक्र चावल, हींग, तिल, तेल, सरसों, रूई, सूती कपड़ा, चाँदी, सोना वगैरह में मन्दे का वातावरण बनाएगा।

१६ मई को रेवती नक्षत्र का मंगल गेहूँ, जौ, मूँग, मोठ, ज्वार, बाजरा में अच्छी मन्दी बनाता है। रूई और चाँदी में ज़ोरदार मन्दा के झटके आ सकते हैं।

२० मई के लगभग व्यापारियों को सावधानी सेकाम करना चाहिए। अचानक बाज़ारों का रुख बदलेगा। तेजी से मन्दा और मन्दे से तेजी बनेगी। ग्रहचाल के अनुसार १४ से २० मई तक बाज़ारों में मन्दे का वातावरण रहेगा। मई के दूसरे सप्ताह से मासान्त बुध अतिचारी रहेगा, जो कि तिलहन बाजारों में जोरदार तेजी का तूफान ला देगा।

२२ मई को वृष राशि में सूर्य और शुक्र और बुध एकत्र हो रहे हैं, जब कभी बुध क्रूर ग्रह के साथ मेल करता है तब वह तेजी लाता है, और जब वह शुभ ग्रह के साथ युति करता है तब बाजारों में मन्दा लाया करता है। क्योंकि इस समय इसकी युति सूर्य के साथ होगी अतः यह तेजी का कारण होगा। लेकिन ध्यान देने योग्य बात यह भी है कि जब बुध की शुक्र से युति होती है तब बाजारों में चली आ रही तेजी और मन्दे को यह प्रबल बना देता है। इस समय बाजार के रुख को दृष्टि में रखते हुए काम करना चाहिए, अन्यथा हानि हो सकती है। हमारे विचारानुसार रूई, गुड़, खाण्ड, चीनी, खल, सरसों, एरण्ड, बिनौला, अलसी, सूरजमुखी, सोयाबीन, मूँगफली, तिल, घी और तेलों में तेजी का बोलबाला रहेगा। सोना, चाँदी, गेहूँ, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, मक्का और दालों में हमें जोरदार तेजी का चांस नजर आता है।

२४ मई को रोहिणी का सूर्य तिलहन, गुड़, खांड, घी, अनाज, मिर्च व रूई में तेजी करेगा। २८ मई को रोहिणी का बुध भी इन पदार्थों में तेजी की ओर संकेत करता है। (२२ से २८ मई तक कभी बाजारों में इकतरफा तेजी चलेगी। लेकिन इस समय हमसे परामर्श लेना लाभप्रद होगा।)

२८ मई को बुध और शुक्र की अंशात्मक युति हो रही है। शेयर बाजारों में तीन-चार दिन के लिए मन्दा बन सकता है—ध्यान से काम करें।

२६ मई को शुक्र रोहिणी में आएगा और शनि वक्री होगा। अतः बाजारों में विशेष हलचल होगी। ३१ मई को सूर्य-बुध की स्थिति के अनुसार बाजार मन्दे रहेंगे।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

जून—ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष में अमावस (१ जून) सोमवारी है, जोकि बाजारों में मन्दे का संकेत देती है। लेकिन २ जून को मंगलवारी चन्द्रदर्शन पुनः तेजी का वातावरण बनाएगा। लेकिन इस क्षणिक (टम्परेरी) तेजी से विशेष लाभ की आशा नहीं; क्योंकि-३ जून को मृगुशिर नक्षत्र का बुध चान्दी में घबबढ़ी गेहूं, तिल, सरसों, उड़द में भी मन्दा करेगा; रूई में इस समय तेजी रहे। (५ जून तक बाजार अनिश्चित किंवा मन्दे ही रहेंगे बार में सावधानी से काम करें।)

६ जून को मंगल अश्विनी नक्षत्र एवं मेष राशि में प्रवेश करेगा। साथ ही इसीदिन बुध मिथुन राशि में आकर केतु के साथ सम्बन बनाएगा। मंगल की राशि मेष एवं बुध की राशि मिथुन है, दोनों ग्रह अपनी अपनी राशि में जा रहे हैं। तिलहन बाजारों की जन्म कुण्डली का लग्न मिथुन है। मंगल पर गुरू की नजर है। इसलिए मन्दी के झटके आएंगे तथा मन्दे की अफवाहों से बाजार टूटेंगे। लेकिन बुध के साथ केतु इस मन्दे को और बढ़ावा दे सकता है, इसलिए बहुत सावधानी से बाज़ार के रूख एवं सरकारी चाल को ध्यान में रखकर काम करें।

(एक अनुभवी व्यक्ति के अनुसार "जब भी मंगल, मेष-वृश्चिक एवं मकर राशि में आता है, तो वस्तु से सम्बन्धित शेयर, चाय के शेयर तेज होते ही हैं"— यह पाठक भी अनुभव करें।)

उपस्थित ग्रह स्थिति के अनुसार यहां मंगल मेष में भी आया है और मंगल पर बृहस्पति की नजर भी है अतः खोल-तांबा आदि धातुओं से सम्बन्धित शेयर, सीमेन्ट एवं चाय के शेयर भी मन्दे होने की संभावना है।

हमारे अनुसार इस समय गेहूं आदि प्रत्येक जाति के अनाज ज्वार, बाजरा, चना, मूंग गेहूं आदि अनाज, दालवाना, गुड़, खाण्ड, रूई, सोना, चांदी, मूंगा, मोती, ऊन, रूई, कपास, पाट, वारदाना, गुड़ एवं रसादि पदार्थों में आशा के अनुरूप तेजी नहीं आएगी, हाँ, साधारण तेजी के बाद मन्दा आ सकता है। ७ जून को मृगशिर नक्षत्र का सूर्य रूई, सूत, रेशम, सण, सोना, चांदी, उड़द, मूंग, मोठ, चना, बाजरा, अलसरी, नारियल व फल तेज हों। ८ जून को गेहूं चना ज्वार मन्दे और गुड़ चना ज्वार मन्दे और गुड़ खाण्ड शक्कर तेज रहें। ९ जून को बुध आर्द्रा नक्षत्र में आकर गेहूं, तिल, उड़द, जौ, चना, मूंग, मोठ में मन्दा बनाएगा। १० जून को यूरेनस वक्री हालत में उ. भा. नक्षत्र के तीसरे चरण में आजाएगा। खड़ी फसलों को हानि पहुंचेगी। सोना चांदी एवं सरसों आदि तिलहन, तेलों में भी अच्छी तेजी से लाभ मिलेगा। ११ जून को बुध पश्चिम में उदित होगा तथा बृहस्पति पू.फा. के प्रथम चरण में आएगा। परिणाम स्वरूप बाजार के रूख में परिवर्तन होगा, संभलकर काम करें, बाजारों में अनेक तरह की अफवाहों से तेजी एवं मन्दे के रिएक्शन आएंगे। इसलिए मन्दे में खरीदें और तेजी में बेचकर लाभ लेते रहें। (६ से ११ जून तक बाजारों में अस्थिरता रहेगी; खासकर बाजार मन्दे की मरफ रहेंगे। —इसलिए विचारपूर्वक करें।)

१२ से १६ जून तक का समय विशेष नोट करने लायक है; १४ जून को सूर्य शुक्र दोनों मिथुन राशि में आ जाते हैं। इन दिनों में सूर्य एवं शुक्र बराबर अंशों पर एक साथ चल रहे हैं अर्थात् इनकी अंशात्मक युति व्यापार के क्षेत्र में विशेष महत्वपूर्ण है।

सूर्य-बुध दोनों १२ जून से अंशयुति बनाकर १६ जून तक एक साथ चल रहे हैं। इस समय बाजारों में जोरदार घटाबढ़ी चलेगी। —विचारपूर्वक बाजार के रुख को देखकर काम करें। ताजा मजबरा प्राप्त करके इस समय उत्तम लाभ प्राप्त कर सकेंगे। हमारे विचार से रूई, एरण्ड, अलसी, मूंगफली, तेल, तिलहन, अनाज, खल, चांदी,हल्दी, काली मिर्च एवं शेयर बाजार पर प्रभाव विशेष रूप से होगा। मिथुन राशि में सूर्य तेजी का सूचक है। इस राशि में इस समय शुक्र बुध-सूर्य तीनों एवं केतु ये चारों ग्रह इकट्ठे हो गए हैं शुक्र अस्त भी है। इस समय अनेक तरह की अफवाहों का प्रभाव बाजारों पर पड़ेगा। हमारे अनुभव के अनुसार जब शुक्र अस्तावस्था में सूर्य के साथ युति करता है तो उस अवधि में बाजारों की घटाबढ़ी के लिहाज से विशेष सावधान रहने की जरूरत है। हमारे विचार से पाट, बारदाना, सूती वस्त्र, रेशम, रूई, सरसों, अरहर, ज्वार, लोहा, तिल तेल, गुड़ खाण्ड, शक्कर, घीनी, घी, मूंग, उड़द, गेहूं, चना, चावल आदि अनाजों में तेजी या मन्दी जोरदार आएगी यदि बाजार तेजी के रहें तो जोरदार तेजी आएगी, यदि बाजार मन्दे के चलें तो जोरदार मन्दा बनेगा, —यह बात नोट करके व्यापार करें। सोना चांदी के व्यापारी भी इस समय अच्छा लाभ लेंगे। यह चांस वायदा व्यापारियों के लिए उत्तम लाभ देने वाला है। १६ जून को बुध पुनर्वसु नक्षत्र में आकर चांदी रूई कपास सूत सण वारदाणा में खासी मन्दी ला सकता है, सावधान रहें।

१९ जून को आर्द्रा नक्षत्र का शुक्र भी दालवाना एवं गेहूं आदि अनाजों के भावों में अचानक मन्दे का वातावरण बनाएगा। २१ जून को सूर्य के आर्द्रा नक्षत्र में आने पर रूई, सूत, कपास, खल, अलसी, एरण्ड, चावल, चना, जौ एवं चान्दी में तेजी का वातावरण बनाएगा।

२२ जून को बुध कर्क राशि में आएगा। कर्क राशि के बुध पर मंगल एवं शनि की पूरी नजर होगी। इस समय चांदी, गुड़, शक्कर, चीनी, घी, खाण्ड, सरसों, मूंगफली, आदि तिलहन, खल, सोना चांदी में तथा खाद्य तेलों में जोरदार तेजी आएगी; वायदा व्यापारी वा हाजर के व्यापारी इस समय तेजी में सौदा काटकर अच्छा लाभ ले सकते हैं।

२४ जून को मंगल भरणी में एवं बुध पुष्य में आएगा; गेहूं, जौ, चना, ज्वार, बाजरा एवं दालवाना में तेजी तथा सोना-चांदी रूई में अच्छे मन्दे का झटका आएगा। मणि, मोती आदि जवाहरात तथा ऊनी कपड़ों का भाव तेज रहेगा।

२६ जून को राहु मूल नक्षत्र के दूसरे चरण में एवं केतु मृगशिर के चतुर्थ चरण में दाखल होगा। रूई, कपास, चांदी, सोना, पाट, वारदाना, तिलहन, बिनौला में इस समय जोरदार तेजी की उम्मीद है; इस समय छोटे मोटे अनाजों में भी तेजी बनेगी। गुड़, तेल, नमक भी तेज हों।

(२६ से २९ जून तक तेल, तिलहन, खल, दालों, मोटे अनाजों में तेजी का वातावरण रहेगा।)

३० जून को पुनर्वसु नक्षत्र का शुक्र धान्य, बिनौला तेज करेगा, सोना चांदी रूई कपास में मन्दा बनने का योग है। लेकिन ३० जून को मंगलवारी अमावस होने से बाजारों में मन्दा ठहरेगा नहीं, अचानक तेजी का बोलबाला होगा, अतः व्यापारी विचारपूर्वक काम करें।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

जुलाई– १ जुलाई बुधवार को चन्द्र दर्शन को पुनर्वसु-पुष्य नक्षत्र का संयोग बाजारों में मन्दे की हवा बनाने वाला है ।

५ जुलाई को सूर्य पुनर्वसु नक्षत्र में एवं बृहस्पति पू.फा. के २ चरण में प्रवेश करेगा ; सोना, चांदी, लाख, देवदारु, तिल, ज्वार, मोठ, बाजरा, उड़द, चावल, नमक, सब्जी, हरड़, सुपारी, नारियल, माजू, केसर, मजीठ, नील, सौंठ, गुग्गल, आदि सुगन्धित पदार्थ भी तेज रहेंगे । लेकिन गुड़ खाण्ड शक्कर का बाजार कुछ मन्दा रहे एवं रूई में घटाबढ़ी से मन्दी बने ।

६ जुलाई को बुध आश्लेषा नक्षत्र में आएगा । बुध पर शनि की नजर है । आश्लेषा नक्षत्र सर्प नक्षत्र माना जाता है; यह तेजीकारक है । तिल, तेल, सरसों, गुड़ खाण्ड, उड़द, मूंग, मूंगफली, सरसों, बिनौला, खल, घी आदि में तेजी बनेगी; यह तेजी ठहरेगी नहीं; तुरन्त लाभ ले लेना चाहिए ।

यही नहीं, दक्षिण अयनान्त बिन्दु (जहां सूर्य 22दिसम्बर को होता है) का ज्ञान भी इस वेध प्रक्रिया में हुआ। दक्षिण गोल में भी "विराज" दिनों का ज्ञान बढ़ता रहा और अन्त में सायन मकर संक्रान्ति के दिन का ज्ञान हुआ। इस दिन सबसे छोटा दिन होता है। हम आगे यह स्पष्ट करने का प्रयत्न करेंगे कि कर्क एवं मकर संक्रान्ति के पुण्यकालों का निर्णय शायद प्रारम्भ में सायन संक्रान्तियों के सूक्ष्म ज्ञान के लिये प्रयत्न करते समय ही किया गया।

(4) उत्तरगोल में रहने वाले सदैव उत्तरायण को महत्त्व देते रहे है। उनके विचार से दक्षिण गोल में असुर निवास करते हैं। दक्षिणायन का समय उन्होंने सदैव बहुत कामों के लिये वर्ज्य माना है। उत्तरी ध्रुव पर उनके लिये अगर सुमेरु है तो दक्षिणी ध्रुव पर कुमेरु है। सभी शुभकार्य उत्तरायण में ही विहित थे। दक्षिणायन वर्ज्य रहा है। भीष्म पितामह ने तो अपने प्राण भी दक्षिणायन में न छोड़कर उत्तरायण में छोड़े। पुण्यकाल के निर्णय में उत्तरायण के महत्त्व के सम्बन्ध में इस प्रकार की मानसिकता (Psyche) ने भी मुख्य भूमिका निभाई है। विशेषतः सायन कर्क एवं मकर संक्रान्तियों के पुण्यकाल निर्धारण में इन धारणाओं की पृष्ठभूमि मुख्य रही है।

(5) पुण्यकाल के निर्णयन में प्रतिमास महीने के आरम्भ में पर्व मनाने धार्मिक कृत्य पुण्य आदि करने की प्रवृत्ति ने काम किया। सूर्य के केन्द्र का राशि संक्रमण काल तो एकक्षणमात्र है जिसे जानना बहुत कठिन था। परन्तु सूर्य का बिम्ब काफी बड़ा है। इस का पहिला परिधिप्रान्तभाग जब अग्रिम राशि के प्रारम्भ के बिन्दु को स्पर्श करता है उस समय पुण्य काल का प्रारम्भ होगा। जब तक पूरा सूर्य उस बिन्दु के ऊपर से न गुजर जाय तब तक पुण्यकाल रहेगा। इस प्रकार पुण्यकाल संक्रान्ति के क्षण से पहिले एवं बाद बराबर अवधि का है। साधारणतया सभी सायन व निरयण संक्रान्तियों के पुण्यकालों का यही आधार होना चाहिए। परन्तु जैसा कि हम पहिले बतला चुके है सायन कर्क एवं मकर संक्रान्तियों के समय सूर्य बिम्ब के उदय के समय कुछ दिनों के लिये पूर्वक्षितिज पर स्थिरप्राय होने से पुण्य कालावधि का निर्णय कठिन होगा। अतः इन दिनों के पुण्यकाल निर्णय करने में उत्तरायण के प्रति पक्षपात ने काफी भूमिका निभाई होगी।

(6) किंच संक्रान्ति - पुण्यकाल की उपयोगिता दिन में ही है, क्योंकि प्रातः से सायंकाल तक ही स्नान जप दानादि पुण्यकार्य किये जा सकते हैं। रात्रि के समय नहीं। अतः व्यावहारिक रूप में पुण्यकाल दिन में ही लेना चाहिए।

अब हम पुण्यकाल के निर्णयों की गणितीय उपपत्तियों का विवेचन करते है। ध्यान रहे - संक्रान्ति के पुण्यकालों का निर्धारण शायद उस समय हुआ जब सायन एवं निरयण में अन्तर न था। क्योंकि पुण्यकाल-निर्धारण सम्बन्धी प्रवृत्ति का सम्बन्ध सूर्य संक्रान्ति के तात्कालिक क्षण के सूक्ष्म ज्ञान से है। गणित में अधिकाधिक शुद्धता आए - एतदर्थ यह प्रयास था। ये प्रयास प्राचीन काल से ही चल रहे थे, जब गणित में सायन एवं निरयण का भेद नहीं था। सुख से बैठे आदमी की आँखे जितने समय में फड़कती है - उसके 30 वें भाग को "पर" कहा जाता है। "पर" के 100 वें भाग को त्रुटि कहते है। त्रुटिका हजारवा भाग बहुत ही सूक्ष्मकाल है। इसे मनुष्य आदि तो क्या ब्रह्मा भी नहीं जान सकता। इतने क्षण में सूर्य संक्रान्ति होती है - इसी को जानने के लिये गणितीय प्रयास किये जाते हैं। इसके अतिरिक्त सूर्य के व्यास का सूक्ष्म ज्ञान हो - एतदर्थ प्रयास भी गणितज्ञों को अभीष्ट था। आचार्यों ने भी विवेचनाओं में काल को मूर्त एवं अमूर्त दो रूप में विभक्त किया है अमूर्त काल का मापन सम्भव नहीं, जबकि मूर्तकाल का मापन घटी आदि यन्त्रों द्वारा सम्भव है। युग, कल्प आदि मूर्त समय है। त्रुटि काल अमूर्त है। आजकल वैज्ञानिक लोगों ने काल मापन में काफी सूक्ष्मता तक सफलता प्राप्त कर ली है। फिर भी किसी प्राकृतिक घटना का क्षण अमूर्त रूप में सूक्ष्मता से नहीं जाना जा सकता, भले ही आजकल परमाणु घड़ी आदि द्वारा एक सैकिण्ड के 1000000000 वें भाग का मापना सम्भव हो गया है, फिर भी वैज्ञानिक लोग इससे भी अधिक सूक्ष्म क्षणों का चिन्तन करते हैं। यही प्रवृत्ति प्राचीन आचार्यों गणितज्ञों में रही है। संक्रान्ति के पुण्यकाल निर्धारण में सूक्ष्म संक्रमण काल का ज्ञान जानने की यही प्रवृत्ति रही है। ऐसे विवेचन सिद्धान्त के माना ध्याय में पुण्यकाल जानने की विधि देने वाले श्लोक की विविध प्राचीन व्या...ओं में मिलते हैं। इस श्लोक में गणित की प्रक्रिया दी गई है। श्लोक यह है -

अर्क मानकलाः षष्ट्या गुणिता भुक्ति भाजिताः।
तदर्धनाडवः संक्रान्तेरर्वाक् पुण्यं तथा परे।।

अर्थात् सूर्य के बिम्ब के कलात्मक मान को 60 से गुणा करके सूर्य की गति से भाग दे। प्राप्त लब्धि का आधा घट्यात्मक मान ही संक्रान्ति क्षण से पहिले एवं बाद का पुण्य काल होगा। इस गणितीय प्रक्रिया को सूत्र रूप में इस तरह लिखेंगे:-

$$\text{कुल संक्रान्ति पुण्यकाल} = \frac{60 \times \text{सूर्य बिम्ब काला}}{\text{सूर्य गतिकला}} \text{(घड़ी)}$$

इसका आधा ही संक्रान्ति से पहिले एवं बाद का पुण्यकाल होगा। नीचे चित्र में सूर्य संक्रान्ति की तीन स्थितियां दिखालाई गई है।

चित्र (1)
(संक्रान्ति पुण्य काल)



स्थिति (1) स्थिति (2) स्थिति (3)
(क = अग्रिम राशि का प्रारम्भ बिन्दु)

पहली स्थिति में सूर्य का पहिला परिधि प्रान्तभाग राशि के प्रारम्भ बिन्दु "क" को स्पर्श करता दिखाया गया है। यह स्थिति ..... कटी लाईनों से बाईं ओर दिखाई है। इस स्थिति में संक्रान्ति का पुण्यकाल प्रारम्भ होता है।

दूसरी स्थिति में सूर्य का केन्द्र अग्रिम राशि के प्रारम्भ बिन्दु "क" पर है। यह स्थिति अविच्छिन्न रेखाओं से बनी परिधि से दिखाई है। यह संक्रान्ति के क्षण की स्थिति है।

तीसरी स्थिति में सूर्य का अन्तिम परिधि-प्रान्तभाग "क" बिन्दु पर है। इस समय पूरा सूर्य-बिम्ब

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अग्रिम राशि में जा चुका है। यहां संक्रान्ति पुण्यकाल समाप्त हो जाता है। यह स्थिति चित्र 1 में दाई ओर है।

संक्रान्ति काल में यदि सूर्य बिम्ब व्यास = व (कला)

सूर्य की दैनिक गति = ग (कला)

तो पूरे सूर्य बिम्ब के राशि में प्रवेश करने में जितना समय लगेगा उसे ज्ञात करने के लिये अनुपात करें। यदि सूर्य गति कला (ग) में 60 घड़ी (एक दिन) लगता है तो सूर्य बिम्ब कला (व) में क्या? लब्धि संक्रान्ति का पूर्ण पुण्यकाल होगा।

$$\text{पूर्ण संक्रान्तिपुण्यकाल} = \frac{60 \times \text{व}}{\text{ग}} \text{ (घड़ी)}$$

यद्यपि इस सूत्र में व एवं ग प्रतिक्षण बदलते है - परन्तु व्यहारार्थ मध्यम मान से ही काम चलाना चाहिये। ध्यान रहे - ऊपर दिये सूत्र के प्रतिपादक ऊपर लिखे श्लोक की टीकाओं में प्राचीन ज्योतिषज्ञों ने अमूर्त क्षण त्रुटि एवं उसके शतांश आदि का विचार किया है परन्तु सूत्र साधन में एकदिन में सूर्य की गति एवं कोणात्मक बिम्बमान स्थिर माने है। फिर भी उनका काल के अमूर्त रूप के विषय में चिन्तन उनकी काल सम्बन्धी धारणाओं में दार्शनिक प्रवृत्ति घोषित करता है।

ध्यान रहे - सूर्य का कोणात्मक बिम्ब का व्यासमान गति के घटने से छोटा होता है। गति बढ़ने पर इस का मान बढ़ता है क्योंकि उच्चबिन्दु पृथ्वी से बहुत दूर हैं और नीच बिन्दु समीपतम है। अतः संक्रान्ति पुण्यकाल की गणित में तात्कालिक बिम्बमान एवं तात्कालिक गति लेकर गणित करनी चाहिए। परन्तु व्यवहार में मध्यममान से ही पुण्यकाल लेना ज्यादा संगत होगा।

जब व = 32 कला (मध्यम मान से), ग = 1^0 = 60 कला (मध्यममान से)

तब संक्रान्ति पुण्यकाल = 32 घड़ी।

अतः संक्रान्ति क्षण 16 घड़ी पहिले एवं इतना ही बाद में संक्रान्ति काल मानना चाहिये।

उपर्युक्त विवेचन साधारणतया सभी संक्रान्तियों के लिये मान्य होना चाहिये। परन्तु सायन कर्क व मकर संक्रान्तियों के लिये पुण्यकाल निर्णय के आधार प्राचीन काल की वर्षमान साधन की परम्परा में प्राप्त परिणाम ही है। जैसा पहिले भी कहा जा चुका है - प्रतिदिन प्रातः सूर्य की उत्तर अयन एवं दक्षिण अयन गति का अध्ययन किया जाता था। प्रातः काल प्रतिदिन सायन मकर संक्रान्ति के दिन (22 दिसम्बर) से सायन कर्क संक्रान्ति के दिन (21 जून) तक सूर्य के बिम्ब का पूर्व क्षितिज में वर्षभर वेध किया जाता था। यह गति उत्तर एवं दक्षिण की ओर होती है। सायन मकर संक्रान्ति से सूर्य उत्तर की ओर चलना प्रारम्भ करता है। गति प्रतिदिन बढ़ती हुई सायन मेष संक्रान्ति के दिन (विषुव दिन व रात दिन बराबर वाले दिन, 21 मार्च को अधिकतम हो जाती हैं और इस समय सूर्य उत्तर गोल में प्रवेश करता है। गति यहाँ से कम होने लगती है और कर्क संक्रान्ति के दिन (21 जून को) यह पुनः शून्यप्राय हो जाती है। इसके बाद दक्षिण की ओर गति प्रारम्भ होती हैं। इस समय दक्षिणायन प्रारम्भ होता है। सायन तुला संक्रान्ति के दिन (22 सितम्बर को) पुनः यह गति अधिकतम हो जाती है और रातदिन पुनः बराबर हो जाते हैं। इस समय सूर्य दक्षिणी गोलार्ध में प्रवेश करता है। यहां से दक्षिण की ओर गति कम होने लगती है और पुनः सायन मकर संक्रान्ति के दिन (22 दिसम्बर को) शून्यप्राय हो जाती है।

नीचे चित्र में वेध प्रक्रिया का विवरण दिखाया गया है -



चित्र (२)

(वर्षमान सायन के लिए प्रतिदिन प्रातः सूर्य वेध)

यदि प्रतिदिन वेध किया जाए तो ज्ञात होगा कि सायन कर्क एवं मकर में संक्रान्ति के दिन सूर्य स्थिरप्राय सा हो गया है। जैसा कि हम पहिले विवेचन कर चुके हैं - विराज का समय वेध पद्धति के विकास के साथ-साथ कम होता गया। और यह भी स्वाभाविक रूप से स्पष्ट है कि सायन मकर संक्रान्ति के दिन विराज की अवधि कुछ अधिक ही होगी क्योंकि दक्षिण अयनान्त बिन्दु उत्तरीय गोलार्द्ध में स्थित द्रष्टा के लिये अधिक दूरी पर है ओर उत्तर अयनान्त बिन्दु अपेक्षाकृत कम दूरी पर है। जैसा कि पहिले कहा जा चुका है कि कर्क एवं मकर संक्रान्ति के पुण्य कालों के निर्णयन में उत्तरायण गति को अधिक महत्व दिया गया है अतः आचार्यों ने कर्क संक्रान्ति के दिन पहिली 30 घड़ी (जिनमें सूर्य उत्तर अयन में होता है।) को ही व्यवहारार्थ पुण्यकाल घोषित किया। क्योंकि सायन मकर संक्रान्ति के दिन संक्रमण के बाद सूर्य उत्तर अयन में होता है अतः उत्तर अयन की 40 घड़ी (अर्थात् सायन मकर संक्रान्ति के बाद की चालीस घड़ी) पुण्यकाल माना गया, क्योंकि यहां विराज का कुछ ज्यादा वेध सिद्ध होना स्वाभाविक है। अतः ऊपर दिये गए श्लोकों में (प्रतिपादित नियम नं. 1 में) सायन कर्क एवं मकर संक्रान्तियों के लिये विशेषतः क्रमशः पूर्व 30 घड़ी एवं बाद की 40 घड़ी पुण्यकाल विधान तथा साधारण रूप से अन्य सभी संक्रान्तियों के लिये 16 - 16 घड़ी का विधान गणितीय दृष्टि से संगत है। जब अयनांश अधिक हो जाने पर निरयण का प्रचलन हुआ तो यही नियम चलते रहे - यह स्पष्ट ही है।

अन्य नियम नं. 2 से 5 तक रात्रि में पुण्य विधान वर्ज्य तथा केवल दिन में पुण्यकाल विधान उचित मान कर बनाए गए - यह स्पष्ट ही हैं। कर्क एवं मकर संक्रान्ति में उत्तरायण को अधिकमहत्व दिया गया तथा - दिन में ही पुण्य विधान उचित माना। इन विवेचनों से ये सभी नियम तर्क संगत के सिद्ध होते हैं।

ऊपर के विवेचनों से भी यही स्पष्ट है कि सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल भी इन्हीं नियमों के अनुसार ही लेने चाहिये। हम अपने मार्तण्ड पंचाग में पिछले वर्षों में सायन कर्क एवं मकर संक्रान्ति के लिये भी 16 - 16 घड़ी आगे पीछे के लिये लेते रहे है। वस्तुतः यहां उत्तर अयन के 30 घड़ी एवं 40 घड़ी तुल्य समय ही लेने चाहिये, जिससे दक्षिण अयन का वर्ज्य समय उसमें शामिल न हो। भविष्य में यह सुधार कर लिया जाएगा।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

—मास प्रवेश—

लेखक :—प्रियव्रत शर्मा

यदि जातक के प्रथम (जन्म) वर्ष के १२ मासों का प्रवेश काल व तारीख हमें ज्ञात हो तो उस की आयु के किसी भी वर्ष के किसी भी मास का प्रवेश काल व तारीख ज्ञात करना बहुत सरल है। प्रथम वर्ष के १२ मासों का प्रवेश काल व तारीख ज्ञात करना भी कठिन नहीं है—

जातक के जन्म (प्रथम) वर्ष के प्रथम मास का प्रवेश काल वही है जोकि उस के जन्म का है। यदि जन्म काल में १० घं. ३० मि. ४६ से. जोड़ दें तो हमें उस के द्वितीय मास का प्रवेश काल और द्वितीय मास के प्रवेश काल में पुनः १० घं. ३० मि. ४६ से. जोड़ने पर तृतीय मास का प्रवेश काल और तृतीय मास के प्रवेश काल मे १० घं. ३० मि. ४६ से. जोड़ने पर चतुर्थ मास का प्रवेश काल ज्ञात हो जाएगा। इसी प्रक्रिया से शेष पञ्चमादि मासों का प्रवेश काल भी ज्ञात किया जा सकता है। किसी भी मास के प्रवेश की तारीख अपने पूर्ववर्ती मास के प्रवेश की तारीख से ३० दिन या ३१ दिन बाद में पड़ती है। यदि पूर्ववर्ती मास के प्रवेश का काल १३ घं. २६ मि. १४ से. से कम हो तो मास प्रवेश की तारीख उस के पूर्ववर्ती मास के प्रवेश की तारीख के ३० दिन बाद पड़ेगी, अन्यथा (१३ घं. २६ मि. १४ से. हो या इस से अधिक हो तो) वह ३१ दिन बाद होगी। स्पष्टता के लिए यह उदाहरण देखिए—

राजीव (जातक) का जन्म २० मार्च १९६० ई. को प्रातः १० घं. १० मि. (भा. स्टै. टा.) पर हुआ। इस के प्रथम वर्ष के प्रथम मास के प्रवेश की तारीख व समय यही है। जन्मकाल १० घं. १० मि. में १० घं. ३० मि. ४६ से. जोड़ने पर २० घं. ४० मि. ४६ से. मिले, यह द्वितीय मास के प्रवेश का प्रवेश काल (भा. स्टै. टा.) है। द्वितीय मास के प्रवेश की तारीख इस के पूर्ववर्ती मास (प्रथम मास) के प्रवेश की तारीख (२० मार्च) से ३० दिन बाद की (यानि १९ अप्रैल) होगी, क्योंकि पूर्ववर्ती मास का प्रवेश काल १३ घं. २६ मि. १४ से. से कम है। इस प्रकार यह स्पष्ट हुआ कि जातक के प्रथम वर्ष का द्वितीय मास १९ अप्रैल को २० घं. ४० मि. ४६ से. (भा. स्टै. टा.) पर प्रारम्भ होगा।

तृतीय मास का प्रवेश काल जानने के लिए द्वितीय मास के प्रवेश काल (२० घं. ४० मि. ४६ से.) में फिर १० घं. ३० मि. ४६ से. जोड़े तो ७ घं. ११ मि. ३२ से. मिले। (यहाँ योगफल में घण्टे २४ से अधिक हो गए थे इस लिए इन में से २४ घण्टे घटाकर शेष घण्टे लिए गए हैं)। यह तृतीय मास का प्रवेश काल (भा. स्टै. टा.) है। क्योंकि यहाँ द्वितीय मास का प्रवेश काल १३ घं. २६ मि. १४ से. से कम नहीं है, अतः तृतीय मास के प्रवेश की तारीख द्वितीय मास के प्रवेश की तारीख (१९ अप्रैल) से ३१ दिन बाद की (अर्थात २० मई) होगी। इस प्रकार स्पष्ट है कि जातक के प्रथम वर्ष के तृतीय मास का प्रवेश (प्रारम्भ) २० मई १९६० को ७ घं. ११ मि. ३२ से. (भा. स्टै. टा.) पर होगा। इसी प्रकार शेष मासों का प्रवेश काल व तारीख ज्ञात कर लेनी चाहिए।

इस उपरोक्त विधि से जातक के प्रथम वर्ष के १२ मासों के प्रवेश की तारीख व काल ज्ञात कर लेने पर उस की आयु के किसी भी वर्ष में किसी भी मास के प्रवेश की तारीख व काल ज्ञात करने का प्रकार इस प्रकार है—

आयु के जिस वर्ष में मास प्रवेश जानना है जातक की आयु के उस वर्ष के गताब्दों द्वारा यहाँ दी गई "सूक्ष्म वर्ष प्रवेश सारणी" से वारादि संस्कार (वार, घण्टा, मिनट) लेकर उसे प्रथम वर्ष के अभीष्ट मास के वारादि प्रवेश काल में (अर्थात् यदि प्रथम मास का प्रवेश काल जानना है तो प्रथम वर्ष के प्रथम मास के वारादि प्रवेश काल में, यदि द्वितीय मास का प्रवेश काल जानना है तो प्रथम वर्ष के द्वितीय मास के वारादि प्रवेश काल में - - - - - -) जोड़ दें। योगफल उस वर्ष के अभीष्ट मास के प्रवेश का वारादि काल होगा। प्रत्येक मास के प्रवेश की तारीख प्रतिवर्ष लगभग वही रहती है। उस में अधिक से अधिक एक दिन का अन्तर हो सकता है। मास प्रवेश की वास्तविक तारीख का निर्णय मास प्रवेश के वार के द्वारा ठीक उसी प्रकार किया जाता है जैसे वर्ष प्रवेश की तारीख का किया जाता है।

उदाहरण—पहले दिए गए उदाहरण में राजीव (जिस का जन्म २० मार्च' ६० को प्रातः १० घं. १० मि. पर हुआ था) के प्रथम (जन्म) वर्ष में तृतीय मास का प्रवेश २० मई' ६० को ७ घं. ११ मि. ३२ से. (भा. स्टै. टा.) पर हमने निकाला है। इस तृतीय मास प्रवेश के दिन रविवार (१ वार) था। अब राजीव के तृतीय वर्ष में तृतीय मास के प्रवेश की तारीख व वारादि काल जानना है, यहाँ गताब्द दो (२) हुए। "सूक्ष्म वर्ष प्रवेश सारणी" से गताब्द २ द्वारा २ वार १२ घं. १८ मि. मिले। इन्हें जन्म वर्ष के तृतीय मास के वारादि प्रवेश काल १ वार ७ घं. ११ मि. ३२ से. में जोड़ने पर ३ वार १९ घं. २९ मि. ३२ से. हुए। यह वारादि काल राजीव के तीसरे वर्ष में तीसरे मास के प्रवेश का है, अर्थात् राजीव के तीसरे वर्ष का तीसरा मास ३ वार (मंगलवार) को १९ घं. २९ मि. ३२ से. पर प्रारम्भ होगा। यह वार (मंगलवार) १९९२ ई. की २० मई को या इस के आसपास अधिक से अधिक एक दिन के अन्तर पर होना चाहिए। पंचाग से पता चलता है कि १९ मई' ९२ को मंगलवार है, अतः स्पष्ट हो गया है कि राजीव के तीसरे वर्ष के तीसरे मास का प्रवेश १९९२ ई. की १९ मई को मंगलवार के दिन १९ घं. २९ मि. ३२ से. (भा. स्टै. टा.) पर होगा।

यहाँ एक यह बात स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि नीलकण्ठ दैवज्ञ (ताजिक नीलकण्ठी के प्रणेता) ने मास प्रवेश का निर्णय स्पष्ट सूर्य की राश्यादि के अनुसार किया है। लेकिन मेरा मत है कि इस का निर्णय मध्यम सूर्य के अनुसार ही होना चाहिए, क्योंकि आयुर्दाय एवं दशा साधन आदि की गणित प्रक्रियाएं स्पष्ट सूर्य से मास प्रवेश का समर्थन नहीं करती हैं। यदि किसी का आग्रह है कि मासप्रवेश की तारीख व समय स्पष्ट सूर्य के अनुसार ही होना चाहिए, उस के लिए (स्पष्ट मान से मास प्रवेश की तारीख व काल जानने के लिए) गणित प्रक्रिया का निर्देश अगले वर्ष के पंचाग में किया जाएगा।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सूक्ष्म वर्ष प्रवेश सारणी

गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.
१	१।६।९	२१	५।९।१२	४१	२।१२।१६	६१	६।१५।१९	८१	३।१८।२२	१०१	०।२१।२५
२	२।१२।१८	२२	६।१५।२२	४२	३।१८।२५	६२	०।२१।२८	८२	५।००।३१	१०२	२।३।३४
३	३।१८।२७	२३	०।२१।३१	४३	५।००।३४	६३	२।३।३७	८३	६।६।४०	१०३	३।९।४४
४	५।००।३७	२४	२।३।४०	४४	६।६।४३	६४	३।९।४६	८४	०।१२।५०	१०४	४।१५।५३
५	६।६।४६	२५	३।९।४९	४५	०।१२।५२	६५	४।१५।५६	८५	१।१८।५९	१०५	५।२२।२
६	०।१२।५५	२६	४।१५।५८	४६	१।१९।१	६६	५।२२।५	८६	३।१।८	१०६	३।४।११
७	१।१९।४	२७	५।२२।७	४७	३।१।११	६७	०।४।१४	८७	४।७।१७	१०७	१।१०।२०
८	३।१।१३	२८	०।४।१६	४८	४।७।२०	६८	१।१०।२३	८८	५।१३।२६	१०८	२।१६।२९
९	४।७।२२	२९	१।१०।२६	४९	५।१३।२९	६९	२।१६।५२	८९	६।१९।३५	१०९	३।२२।३९
१०	५।१३।३२	३०	२।१६।३५	५०	६।१९।३८	७०	३।२२।४१	९०	१।१।४५	११०	५।४।४८
११	६।१९।४१	३१	३।२२।४४	५१	१।१।४७	७१	५।४।५०	९१	२।७।५४	१११	६।१०।५७
१२	१।१।५०	३२	५।४।५३	५२	२।७।५६	७२	६।११।०	९२	३।१४।३	११२	०।१७।६
१३	२।७।५९	३३	६।११।२	५३	३।१४।६	७३	०।१७।९	९३	४।२०।१२	११३	१।२३।१५
१४	३।१४।८	३४	०।१७।११	५४	४।२०।१५	७४	१।२३।१८	९४	६।२।२१	११४	३।५।२४
१५	४।२०।११	३५	१।२३।२१	५५	६।२।२४	७५	३।५।२७	९५	०।८।३०	११५	४।११।३४
१६	६।२।२७	३६	३।५।३०	५६	०।८।३३	७६	४।११।३६	९६	१।१४।४०	११६	५।१७।४३
१७	०।८।३६	३७	४।११।३९	५७	१।१४।४२	७७	५।१७।४५	९७	३।२०।४९	११७	६।२३।५२
१८	१।१४।४५	३८	५।१७।४८	५८	३।२०।५१	७८	६।२३।५५	९८	४।२।५८	११८	१।६।१
१९	३।२०।५४	३९	६।२३।५७	५९	४।३।०	७९	१।६।४	९९	५।९।७	११९	२।१२।१०
२०	४।३।३	४०	१।६।६	६०	५।९।१०	८०	२।१२।१३	१००	३।१५।१६	१२०	३।१८।१९

--सूक्ष्म (वेधसिद्ध) वर्षमान से वर्ष प्रवेश--

प्राचीन परम्परा से हमारे पंचांगों में छपती चली आ रही 'वर्ष प्रवेश सारणी' सूर्य सिद्धान्तीय सौरवर्षमान के अनुसार बनी है। अत्यन्त सूक्ष्म परिणाम देने वाले आधुनिक वेध यन्त्रों द्वारा यह सिद्ध हो गया है कि सूर्य सिद्धान्त में बतलाया गया वर्षमान (३६५ दिन ९५ घ. ३१ प. ३० वि.) वास्तविक (वेधसिद्ध) वर्षमान से साढ़े आठ फल अधिक है। अतः यह आवश्यक है कि इसके स्थान पर शुद्ध (वेधसिद्ध) वर्षमान को ही वर्ष प्रवेश साधन के लिए प्रयोग में लाया जाए। भारत के दूसरे पंचांगकार भी अब सूर्य सिद्धान्तीय वर्ष प्रवेश सारणी के स्थान पर वेध सिद्ध वर्ष प्रवेश सारणी को मुद्रित करने लगे हैं। जो दैवज्ञ वेध सिद्ध गणितानुसार वर्षफल बनाना चाहते हैं उन्हें वेध सिद्ध वर्ष प्रवेश सारणी द्वारा ही वर्ष प्रवेश काल की गणित करनी चाहिए। विगत वर्षों से हमारे पाठकों का आग्रह रहा है कि 'मार्त्तण्ड पंचांग' में 'वेध सिद्ध वर्ष प्रवेश सारणी' दी जाए। लीजिए—यहाँ ऊपर सूक्ष्म वर्ष प्रवेश सारणी दी जा रही है। यह वेध सिद्ध वर्ष प्रवेश सारणी ही है। वर्षसाधनार्थ इसे प्रयोग में लाइए।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

भावफल की मात्रा

(भाव में कहाँ बैठा ग्रह कितना फल देगा ?)

लेखक—प्रियव्रत शर्मा, ५९/६ (अभिजित्)
पंचकूला, (हरियाणा)

(भावफल की मात्रा के निर्धारण के लिए दिया जा रहा यह विवेचन मेरी पुस्तक "ग्रहयोग एवं दाम्पत्य जीवन" से लिया गया है। इस विवेचन द्वारा वर और कन्या दोनों के मंगलीक (कुज) दोष की मात्रा का निर्धारण करके तदनुसार ही मिलान की ग्राह्याग्राह्यता का निर्णय करने पर बल दिया गया है। लेकिन यह विवेचन अन्य सभी भावों के फल की मात्रा के निर्धारण के लिए भी समान रूप से उपयोगी है—**प्रियव्रत**)

प्रत्येक क्रिया या घटना के उद्गम, विकास एवं विलय किसी न किसी विशेष क्रमानुसार वृद्धि तथा ह्रास के नियम से बंधे हैं। प्रकृति में इसका अपवाद नहीं है। कोई भी पदार्थ जब स्थिर स्थिति से गति की ओर प्रवृत्त होता है तब उसकी गति में एक क्रमानुबद्ध वृद्धि रहती है। वह अपनी चरम गति सहसा प्राप्त नहीं कर लेता। जब वह अपनी परम गति से स्थिर स्थिति (शून्य गति) की ओर जाने लगता है तब भी उसकी गति में एक क्रमबद्ध ह्रास होता है, जो उसे क्रमशः स्थिर स्थिति में ले आता है। रात्रि के अन्धकार से दिन का उज्ज्वल प्रकाश भी सहसा प्रकट नहीं हो जाता। दिन का प्रकाश भी रात्रि के गहन अन्धकार में एकदम परिणत नहीं होता। वहाँ भी प्रकाश के उद्गम और विलय की प्रक्रिया में एक विशेष क्रमानुसरण दिखाई देता है। यही नहीं, मनुष्य, पशु, पक्षी आदि चेतन एवं वृक्ष आदि अचेतन पदार्थों, ऋतुओं, बाल्य, यौवन वार्धक्य आदि अवस्थाओं तथा अन्य प्रकृतिगत निःशेष पदार्थों और घटनाओं की प्रवृत्ति, विकास और विलय में कहीं भी आकस्मिकता या सहसाभाव नहीं है। उनमें निरपवाद रूप से सर्वत्र उत्तरोत्तर उपचय एवं अपचय नियमित क्रम में अवश्य दिखाई देता है। वस्तुतः कोई भी घटना या परिणाम सहसा या अकस्मात् प्रवृत्त नहीं होता। यह बात अलग है कि हमें कई बार सामान्य स्थलों की भान्ति उसकी प्रवृत्ति या निवृत्ति की क्रिया में यह क्रमिक ह्रास-वृद्धि का नियम लक्षित नहीं हो पाता। क्योंकि आकस्मिक प्रतीत होने वाली ऐसी प्रवृत्ति-निवृत्तियों में उपचय-अपचय इतनी संक्षिप्त कालावधि में अत्यन्त द्रुत गति से क्रियाशील होता है जिसे भांप पाना हमारी बुद्धि की क्षमता के बाहिर होता है।

फलित ज्योतिष के आचार्यों ने फलित ज्योतिष के सिद्धान्तों को भी प्रकृति के इस नियम से बहिर्भूत नहीं माना। सामान्य न्याय एवं तर्क से यह निर्विवाद रूपेण स्वीकृत सिद्धान्त है कि कोई भी ग्रह जब किसी राशि या भाव प्रविष्ट होता है, तब उसका जातकादि शास्त्रों में निर्दिष्ट फल सहसा (एकदम) चरम (पूर्ण, शतप्रतिशत) रूप में घटित नहीं होने लगता। वह ज्यों-ज्यों उस राशि/भाव की सीमा में प्रविष्ट होकर आगे-आगे बढ़ने लगता है, त्यों-त्यों उसका उस राशि/भाव सम्बन्धी फल उत्तरोत्तर क्रमशः अस्पष्ट से स्पष्ट, स्पष्ट से स्पष्टतर एवं स्पष्टतम (या क्षीण से प्रबलतम) रूप में घटित होने लगता है। राशि/भाव के फलों का परमत्व, इनके मध्य बिन्दु तक ग्रह के पहुँचने पर माना गया है। तदनन्तर पुनः इनके (राशि/भावों के) फलों का अपचय क्रमशः होने लगता है और वह (अपचय) राशि/भाव की उत्तरवर्ती (समाप्ति की) सीमा तक ग्रह के पहुँचने पर राशि/भाव के शास्त्रोक्त फल को क्रमशः क्षीण से क्षीणतर, क्षीणतम करते हुए शून्य स्थिति में ले आता है।

राशि/भावों के जातकादिशास्त्रों में निर्दिष्ट फलों के क्रमिक उपचय, अपचय का यह नियम प्राकृतिक नियमों के सादृश्य से तो समर्थित होता ही है तर्क एवं अनुभव भी इसके समर्थन में हैं। राशि/भाव के प्रारम्भ बिन्दु का स्पर्श करते ही ग्रह शास्त्रोक्त फलपूर्ण (शत प्रतिशत) रूप में देने लगेगा, और राशि/भाव के मध्य तथा अन्तिम बिन्दु पर भी उस के फल की मात्रा उतनी ही (शत प्रतिशत) होगी– यह मानना किसी भी दृष्टि से तर्कसंगत नहीं है। यदि कोई अतार्किक ऐसा मानता है कि राशि/भाव के प्रारम्भ बिन्दु को छूते ही ग्रह उस राशि/भाव का शत प्रतिशत फल देने लगता है, उसे यह भी मानने के लिए बाधित होना पड़ेगा कि राशि/भाव के समाप्ति (अन्तिम) बिन्दु पर भी वह (ग्रह) उस राशि/भाव का शत प्रतिशत फल रखता है। लेकिन यह तर्क विरुद्ध है क्योंकि किसी राशि/भाव का प्रारम्भ बिन्दु उस राशि/भाव के पूर्ववर्ती राशि/भाव का समाप्ति बिन्दु भी है। अतः स्पष्ट है—वह अतार्किक व्यक्ति प्रत्येक राशि/भाव के प्रारम्भ बिन्दु पर अग्रिम और पूर्ववर्ती -दोनों राशि-भावों के फलों की मात्रा शतप्रतिशत मानता है। यह स्पष्ट विरोध है। ऐसा मानने से पूर्ववर्ती राशि/भाव के फल की शून्यता का काल सिद्ध नहीं होता है। जब तक पूर्ववर्ती राशि/भाव का फल शून्य नहीं होगा, तब तक परवर्ती राशि/भाव के फल की प्रवृत्ति की कल्पना किसी भी दृष्टि से तर्कस्पर्शी नहीं है। पूर्ववर्ती राशि/भाव के शत प्रतिशत क्रियाशील फल की सहसा शून्यता का सिद्धान्त भी सर्वथा बेहूदा, तर्कच्युत है। ऐसा मानने पर असंख्य विसंगतियां उपस्थित होंगी। यहाँ फल परिवर्तन में क्रमिक उपचय और अपचय का प्रकृतिगत नियम हमें स्वीकार करना ही होगा। अन्यथा एक ही बिन्दु पर ग्रहस्थिति के परस्पर विरोधी प्रकार के दो फलों की क्रियाशीलता हमें स्वीकार करनी पड़ेगी।

प्रकृति के निरपवाद नियम "क्रमिक उपचय-अपचय" को फलित ज्योतिष के तार्किक दैवज्ञों ने फलित ज्योतिष के योगायोग आदि में भी पूरी तरह मान्यता दी है और श्रीपति, केशव आदि अनेक जातक पद्धतिकारों ने षड्बल, इष्ट, कष्ट आदि की मात्राओं के निर्धारण में इस नियम का पूरी तरह अनुसरण किया है। यद्यपि भावों के अतिरिक्त राशि, नवांश, होरा, द्रेष्काण आदि वर्गों तथा उच्च आदि तत्वों से उत्पाद्यमान फलों की मात्रा के क्रमिक चयापचय का साधन इन पद्धतिकारों ने अपनी पद्धतियों में स्पष्ट किया है लेकिन हम यहाँ केवल भावों की सीमाओं में ग्रहों के जातकादिशास्त्रोक्त फलों की मात्रा के निर्धारण की प्रक्रिया ही बतलाएंगे। यह प्रक्रिया इन पद्धतियों में निर्दिष्ट प्रक्रिया से कहीं अधिक सरल शैली में यहाँ प्रस्तुत कर रहे हैं, जिसके प्रयोग में जातक पद्धतियों में दी गई गणित प्रक्रिया की तनिक भी आवश्यकता नहीं पड़ती।

विभिन्न भावों में विभिन्न ग्रहों की स्थिति के फलों का निर्देश जातक ताजिक संहिता ग्रन्थों में विस्तार से किया मिलता है। सामान्यतया अधिकतर ज्योतिषी लोग भाव के किसी भी बिन्दु (अंश कला) पर स्थित ग्रह का जातकादिशास्त्रोक्त फल पूर्ण मान कर भविष्यवाणी करने की भारी गलती करते हैं। जैसा कि हम पहिले ही कह चुके हैं—भाव की प्रारम्भिक सीमा पर स्थित ग्रह का फल शून्य होता है। वहाँ से क्रमशः बढ़ते हुए वह फल भाव के मध्य बिन्दु पर ग्रह के पहुँचने पर परम (शत प्रतिशत) हो जाता है। तदनन्तर भावमध्यबिन्दु से वह क्रमशः क्षीण होने लगता है और जब ग्रह उस भाव की अन्तिम सीमा पर पहुँचता है तब वह फल पुनः शून्य हो जाता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

यही नियम श्रीपति ने जातक पद्धति में "भाव प्रवृत्तौ हि फल प्रवृत्तिः ____ फलस्य नाशः कथितो मुनीन्द्रैः।" इस पद्य द्वारा स्पष्ट किया है—

पद्धतिकारों ने इस ऊपर लिखे सिद्धान्त के अनुसार स्पष्ट ग्रह और स्पष्ट भाव की राशि-अंश-कलाओं के अन्तर से अनुपात द्वारा कलात्मक भाव फल निकालने की प्रक्रिया बतलाई है। यह कलात्मक भाव फल बतलाता है कि अमुक राशि-अंश-कलाओं पर स्थित ग्रह का अमुक भाव का फल कितने प्रतिशत होगा। यहाँ हम एक सारणी (भाव फल मात्रा सारणी) दे रहे हैं। इसकी मदद से ग्रह के भाव फल की प्रतिशत मात्रा बिना किसी गुणा-भाग के जानना बाललीला है।

इस सारणी से भावफल की मात्रा के साधन की विधि को बतलाने से पहिले यहाँ कुछेक आवश्यक बातें बतला देना ज़रूरी है—

स्पष्ट लग्न के राश्यादि (रा. अं. क. वि.) लग्न (प्रथम भाव) के मध्य बिन्दु के राश्यादि होते है। यहाँ हम सभी भावों को बराबर-बराबर (३०-३० अंश के) मान कर चलेंगे। इस प्रकार यहाँ शेष सभी (११) भावों के मध्य बिन्दु के अंशादि (अं. क. वि.) भी ठीक वही होंगे जो प्रथम (लग्न) भाव के हैं। स्पष्ट है—इस पद्धति में सभी भावों की पूर्व और पर सीमाएं उनके मध्य बिन्दुओं से १५-१५ अंश आगे-पीछे मानी जाएंगी।

भाव में जिस ग्रह की स्थिति के फल की मात्रा हमें ज्ञात करनी है उसे यहां हम **"इष्ट ग्रह"** और जिस भाव में इष्ट ग्रह की स्थिति के फल की मात्रा का निर्णय करना है, हम उसे **"इष्ट भाव"** कहेंगे।

इष्ट ग्रह के राश्यादि और इष्ट भाव के मध्य बिन्दु के राश्यादि का अन्तर जान लीजिए, (अर्थात् यह ज्ञात कीजिए कि इष्ट ग्रह इष्ट भाव के मध्य बिन्दु से कितना आगे या कितना पीछे है)। इस अन्तर को हमने यहाँ **"ग्रह-भावान्तर"** की संज्ञा दी है। "भावफल मात्रा सारणी" में ग्रह भावान्तर की अंश कलाओं से भाव की प्रतिशत मात्रा ज्ञात कर लीजिए। भावफल की यह मात्रा बतलाती है कि इष्ट ग्रह की इष्ट भाव में स्थिति से उत्पन्न फलविशेष कितना प्रबल या निर्बल है।

उदाहरण—जातक का जन्म कालिक स्पष्ट लग्न २ रा. १८ अं. ३० क. १० वि. और स्पष्ट मंगल ५ रा. ४ अं. २० क. ५ वि. है। यह स्पष्ट है—मंगल चतुर्थ भाव की सीमा में विद्यमान है। अतः यहाँ मंगल "इष्ट ग्रह" और चतुर्थ भाव "इष्ट भाव" है। यहाँ इष्ट भाव का मध्य बिन्दु ५ रा. १८ अं. ३० क. १० वि. है। अतः इष्ट ग्रह के राश्यादि और इष्ट भाव के मध्य बिन्दु के राश्यादि का अन्तर (अर्थात् 'ग्रह भावान्तर') १४ अं. १० क. ५ वि. है। "भावफल मात्रा सारणी" में १४ अं. १० क. का भावफल ६ लिखा है। अतः स्पष्ट है—इस जातक की कुण्डली में यद्यपि मंगल चतुर्थ भाव में विद्यमान है लेकिन उसकी चतुर्थ भाव में स्थिति से पैदा होने वाला मंगलीक दोष केवल ६ प्रतिशत ही है। दूसरे शब्दों में हम यह कह सकते हैं कि यह जातक लगभग न के बराबर मंगलीक है। सामान्यतया ९९ प्रतिशत ज्योतिषी इस जातक की कुण्डली मात्र को देखते ही चतुर्थ भौम के आधार पर इसे पूर्ण मंगलीक घोषित कर डालेंगे, जो कि शत प्रतिशत भ्रामक होगा।

ध्यान रहे—इसी (पूर्वोक्त) प्रकार से वर और कन्या दोनों के 'ग्रह भावान्तर' के आधार पर मंगलीक दोष की मात्रा का निर्धारण करते हुए ही मिलान की ग्राह्यता या अग्राह्यता का निर्णय करना तर्कसंगत है। मान लें—यदि वर के मंगल की लग्न आदि में स्थिति से उत्पन्न मंगलीक दोष की मात्रा केवल २ प्रतिशत और कन्या के मंगलीक दोष की मात्रा ८० प्रतिशत मिले तो इन दोनों कुण्डलियों में मंगल की लग्नादि में स्थितिमात्र को देखकर दोनों को समानरूपेण मंगलीक मानकर उन दोनों के सम्बन्ध की अनुमति देने वाला दैवज्ञ शास्त्र की दृष्टि से अपराधी होगा।

यहाँ भावफल की मात्रा के साधन के लिए हमने प्रत्येक भाव को ३० अंशों का माना है क्योंकि हमारे प्राचीन आचार्यों ने असमान भावों के सिद्धान्त को अनार्ष यावन) बतलाया है। इसे अब अनेक आधुनिक ज्योतिषियों ने भी मान्यता दी है। यह प्रचलित असमानभाव प्रणाली वस्तुतः दोषपूर्ण है। अधिक अक्षांश वाले प्रदेशों में तो इस प्रणाली द्वारा साधित द्वादश भाव अनेक समस्याएं पैदा करते हैं, यदि पुनरपि कोई दैवज्ञ इसी विषमभाव प्रणाली के अनुसार ही भावफल की मात्रा के निर्धारण का आग्रह रखता है, उसके लिए "ग्रहयोग एवं दाम्पत्य जीवन" में एक सहायक सारणी भी दी गई है जिसकी सहायता से वह अपने इस मतानुसार भी भावफल मात्रा का साधन कर सकता है।

भाव फल मात्रा सारणी

ग्रह-भावान्तर अं. क.	भावफल	ग्रह-भावान्तर अं. क.	भावफल	ग्रह-भावान्तर अं. क.	भावफल	ग्रह-भावान्तर अं. क.	भावफल	ग्रह-भावान्तर अं. क.	भावफल
०/०	१००	३/०	८०	६/०	६०	९/०	४०	१२/०	२०
०/९	९९	३/९	७९	६/९	५९	९/९	३९	१२/९	१९
०/१८	९८	३/१८	७८	६/१८	५८	९/१८	३८	१२/१८	१८
०/२७	९७	३/२७	७७	६/२७	५७	९/२७	३७	१२/२७	१७
०/३६	९६	३/३६	७६	६/३६	५६	९/३६	३६	१२/३६	१६
०/४५	९५	३/४५	७५	६/४५	५५	९/४५	३५	१२/४५	१५
०/५४	९४	३/५४	७४	६/५४	५४	९/५४	३४	१२/५४	१४
१/३	९३	४/३	७३	७/३	५३	१०/३	३३	१३/३	१३
१/१२	९२	४/१२	७२	७/१२	५२	१०/१२	३२	१३/१२	१२
१/२१	९१	४/२१	७१	७/२१	५१	१०/२१	३१	१३/२१	११
१/३०	९०	४/३०	७०	७/३०	५०	१०/३०	३०	१३/३०	१०
१/३९	८९	४/३९	६९	७/३९	४९	१०/३९	२९	१३/३९	९
१/४८	८८	४/४८	६८	७/४८	४८	१०/४८	२८	१३/४८	८
१/५७	८७	४/५७	६७	७/५७	४७	१०/५७	२७	१३/५७	७
२/६	८६	५/६	६६	८/६	४६	११/६	२६	१४/६	६
२/१५	८५	५/१५	६५	८/१५	४५	११/१५	२५	१४/१५	५
२/२४	८४	५/२४	६४	८/२४	४४	११/२४	२४	१४/२४	४
२/३३	८३	५/३३	६३	८/३३	४३	११/३३	२३	१४/३३	३
२/४२	८२	५/४२	६२	८/४२	४२	११/४२	२२	१४/४२	२
२/५१	८१	५/५१	६१	८/५१	४१	११/५१	२१	१४/५१	१
३/००	८०	६/००	६०	९/००	४०	१२/००	२०	१५/००	०

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

कुम्भपर्व के आधार व नियम एवं नासिक तथा उज्जैन के कुम्भ वि. सं. २०४६

लेखक—शक्तिधर शर्मा

हरिद्वार प्रयाग उज्जैन एवं नासिक में भिन्न-भिन्न समयों पर कुम्भ पर्व बड़े मेले के रूप में मनाए जाते हैं। ये मेले विश्व के सब से बड़े मेले भी कहे जाएं तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। इन का धार्मिक तथा सामाजिक दृष्टि से बहुत ही महत्व रहा है। अंग्रेज लोक अपने शासन काल में बहुत ही आश्चर्यचकित थे कि ज्योतिषियों द्वारा पञ्चांगों में एक लाइन में कुम्भपर्व लिख देने पर ही (बिना किसी विज्ञापन आदि के) इतनी जनता कैसे एक जगह पर एकत्रित हो जाती है। यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि ये कुम्भ पर्व कब प्रारम्भ हुआ। ज्योतिष शास्त्र अनुसार इन का सम्बन्ध गुरु की विशेष राशियों में स्थिति से है। गुरु १२ वर्ष में पूरा राशि-चक्र तय करता है। प्रत्येक कुम्भ पर्व का बृहस्पति की एक राशि विशेष में स्थिति से सम्बन्ध है। कुछ विद्वानों का मत है कि हरेक राशि में गुरु की स्थिति के लिए कुम्भ पर्व किसी समय में होते रहे हैं। शायद उन के स्थान भारतवर्ष की सीमाओं से बाहिर हैं। इन के उद्भव के विषय में बिना विशेष अनुसंधान किये कुछ नहीं कहा जा सकता।

पौराणिक ऐतिहासिक आधार—पौराणिक कथाओं के अनुसार समुद्रमंथन से प्राप्त अमृतकलश को गरुड़ लेकर उड़ा और इस कलश से अमृत की बूंदें चार स्थानों हरिद्वार, प्रयाग, उज्जैन, नासिक पर गिरीं। पुराणों ने इन स्थानों पर गुरु की राशि स्थिति के अनुसार स्नान, जप, दानादि पुण्यों की महिमा बखानी है।

एक अन्य कथा यह भी है—अमृतमन्थन के बाद अमृतपूर्णकलश को इन्द्र का पुत्र जयन्त ले गया। देवताओं के लिए इस पक्षपात से क्षुब्ध असुरों ने उस का पीछा किया। तब जयन्त ने चार स्थानों, हरिद्वार, प्रयाग, उज्जयिनी एवं नासिक पर इस कुम्भ को छिपाने का प्रयत्न किया। इसी कारण से इन स्थानों का विशेष महत्त्व है।

इस कथा के अतिरिक्त एक और कथा भी है। कश्यप ऋषि की दो पत्नियां कद्रु एवं विनता थीं। इन दोनों में आपसी द्वेष बहुत था। एक बार इन दोनों में शर्त लगी। कद्रु का कहना था कि सूर्य के घोड़े काले हैं और विनता का कहना था कि ये घोड़े सफेद हैं। कद्रु का पुत्र नागराज था और विनता का पुत्र गरुड़ था। नागराज ने अपनी माता को जिताने के लिए सूर्यलोक में जाकर घोड़ों को ढक लिया—इस प्रकार उस ने अपनी माता को विजयी बना दिया। विनता को शर्त के अनुसार कद्रु की दासी बनना पड़ा। गरुड़ अपनी मां के दासी भाव से बहुत क्षुब्ध रहते थे। उन्होंने अपनी माता के दासीभाव से मुक्ति के लिए नागलोक में जाकर अमृत कुम्भ लाने का प्रयत्न किया। रास्ते में हरिद्वार, प्रयाग, उज्जैन तथा त्र्यम्बकेश्वर (नासिक) में अमृतकुम्भ को रखकर उन्हें वहां इन्द्र के साथ युद्ध करना पड़ा। १२ दिनों तक युद्ध चलता रहा। इन स्थानों पर अमृत गिरने से इन का धार्मिक महत्त्व बना। इसी कारण कुम्भ पर्व प्रारम्भ हुए। पुराणों में अन्य कथाएं भी हैं परन्तु सभी में अमृत का पात्र इन स्थानों पर रखने अथवा अमृत के बूंद इन स्थानों पर गिरने आदि का आख्यान एक सा है, भले ही किसी ने किसी के साथ लड़ने के लिए पात्र वहां रक्खा अथवा अमृत का पात्र वहां छिपा दिया। धर्मशास्त्र भी एक से वाक्यों से कुम्भ पर्व के स्थानों का महत्त्व बखानते हैं कि वहां स्नान करने से अमृतत्व की प्राप्ति होती है, इत्यादि। पुराणों में अन्य कथाएँ भी हैं जिनका सम्बन्ध कुम्भ पर्वों से है।

श्रृंगेरी पीठ के अनुसार प्राचीन काल में कुम्भ पर्वों में आने वाले साधु-सन्तों, नागाओं की रक्षा राजा लोग किया करते थे। वहां तीर्थयात्रियों से धन, आभूषण एवं अन्य प्रकार के दान लेने के लिए भिक्षुकों, फकीरों की भी भीड़ें जुटने लगीं थीं। विधर्मी लोग साधुओं पर अत्याचार भी करने लग गए थे। राजाओं द्वारा सुरक्षा प्राप्त होने के बावजूद भी साधुओं को अपने-आप शस्त्रों-अस्त्रों से सुसज्जित हो कर अपनी ही रक्षा-वाहिनी उन्हें बनानी पड़ी। इन सेनाओं ने समय-समय पर अपने हितचिन्तक राजाओं को युद्धों में भी साथ दिया। इतिहास ऐसे तथ्यों का साक्षी है। अंग्रेजों के स्वातन्त्र्य संग्राम में इन्होंने रानी झांसी का साथ दिया। कुछ भी हो, कुम्भ पर्व जनता में एकता भावना पैदा करते रहे हैं। कुम्भ पर्वों पर समय-समय पर हिन्दु धर्माचार्यों ने बड़े ऐतिहासिक निर्णय लिये हैं जिनका राजनैतिक प्रभाव बहुत रहा है।

कुम्भपर्वों की परिभाषाएं—कुम्भ पर्वों की परिभाषाओं में सूर्य, चन्द्र एवं बृहस्पति की राशि विशेष में स्थिति निर्दिष्ट है। नीचे सभी कुम्भ पर्वों के लिए ये परिभाषाएं दी जा रही हैं—

हरिद्वार में कुम्भ पर्व—जब कुम्भ राशि में बृहस्पति के रहते सूर्य मेष में आए तब हरिद्वार में कुम्भ मनाया जाता है।

प्रयाग में कुम्भ पर्व—वृष राशि में बृहस्पति हो और सूर्य एवं चन्द्र मकर राशि में हों तो प्रयाग में कुम्भ मनाया जाता है।

उज्जैन में कुम्भ पर्व—सूर्य एवं गुरु जब क्रमशः मेष एवं सिंह में होते हैं तो इस स्थिति में पूर्णिमा के दिन कुम्भ पर्व मनाया जाता है।

नासिक में कुम्भ पर्व—जब सूर्य एवं गुरु दोनों सिंह राशि में हों और अमावस आ जाए तो गोदावरी में नासिक (त्र्यम्बकेश्वर) का कुम्भ पर्व होता है।

यद्यपि उपर्युक्त परिभाषाएं कुम्भ पर्वों की निर्णायक हैं, परन्तु कुछ ऐसे वाक्य भी मिलते हैं जिन में गुरु की स्थिति के लिये साथ की एक दूसरी राशि का निर्देश है। उदाहरणार्थ— प्रयाग कुम्भ के लिये साधारणतया वृष राशि के गुरु का उल्लेख है, परन्तु कहीं कहीं पर "अजगे च बृहस्पतौ" भी लिखा है। ऐसी स्थितियों में भी कुम्भ पर्व मनाने पड़े हैं, क्योंकि गुरु का एक राशि भोग काल ३६१ दिन है, न कि ३६५ दिन। अतः कई बार (लगभग ८-९ बार स्थान विशेष के कुम्भों के बाद) गुरु अभीष्ट राशि में चन्द्र सूर्य की निर्धारित निर्णायक स्थिति के समय नहीं मिल पाता, अतः वह कुम्भ पर्व उस स्थिति में साथवाली पहिली राशि में (जैसे प्रयाग कुम्भ वृष राशि के स्थान पर मेष राशि में) कुम्भ मनाना पड़ता है। तब कुम्भ पर्व ११ वें वर्ष अवश्य मनाना पड़ेगा अन्यथा तो कुम्भ पर्वों का गुरु राशि से सम्बन्ध हमेशा के लिए विच्छिन्न हो जाएगा। अथवा अब तक यह सम्बन्ध अर्थहीन हो जाता यदि हमेशा १२वें वर्ष ही कुम्भ मनाए जाते और ११ वें वर्ष कुम्भ न मनाए जाते। परन्तु ऐसी स्थिति केवल प्रयाग, उज्जैन तथा नासिक के कुम्भ पर्वों में ही आती है। इन तीन कुम्भ पर्वों के लिए ही अन्य राशि का उल्लेख शास्त्रों में मिलता है। हरिद्वार के लिये कुम्भ पर्व के विषय में ऐसे दूसरी गुरु की राशि वाले वाक्यों का उल्लेख कहीं भी नहीं मिलता, गणित की दृष्टि से गुरु के मेषस्थ सूर्य में कुम्भ राशि में होने की स्थिति कभी अप्राप्त नहीं रह सकती। इन सभी तथ्यों के गणितीय सिद्धान्तों के आधार पर विवेचनाएं १९६५ ई. की "Every day Science" पत्रिका में तदनन्तर १९६७ में मध्य प्रदेश सन्देश पत्रिका में तथा हमारे महानिबन्ध

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

"शास्त्रीय पञ्चांग मीमांसा" में किया गया है। इन गणितीय तर्कों को वहीं देखें। ऐतिहासिक रिकार्ड बतलाते हैं कि ११ वें वर्ष कुम्भ मनाने पड़े हैं और आगे मनाने पड़ेंगे।

इन अव्यवस्थाओं के अतिरिक्त नासिक तथा उज्जैन के कुम्भ पर्वों के सन्दर्भ में एक और परम्परा भेद जन्य अव्यवस्था की स्थिति बनती रहती है। वह यह है कि साधारणतया लोगों को यह भ्रान्ति है कि नासिक में कुम्भ सदैव उज्जैन के कुम्भ से पहले ही हुआ करता है। वस्तुस्थिति ऐसी नहीं है—क्रमागत ८ उज्जैन एवं नासिक के कुम्भों में से तीन स्थितियों में नासिक का कुम्भ पहले और उज्जैन का कुम्भ बाद में मनाना होगा। अन्य पाञ्च स्थितियों में उज्जैन का कुम्भ पहिले एवं नासिक का कुम्भ बाद में मनाना पड़ेगा। अन्यथा इन कुम्भ पर्वों के साथ गुरु की सिंह राशिस्थिति का सम्बन्ध सदा के लिए टूट जाएगा। इस का कारण स्पष्ट है, क्योंकि दोनों कुम्भ गुरु के सिंह राशि में रहते ही मनाए जाते हैं और अन्तर केवल चन्द्र सूर्य की स्थिति का है। उज्जैन का कुम्भ वैशाख पूर्णिमा के दिन और नासिक का कुम्भ भाद्रपद अमा के दिन मनाया जाता है। सौर चान्द्र कैलेण्डर के अधिमासजन्य अन्तर से तथा बृहस्पति के भगणकाल में लगभग ४८ दिन १२ सौर वर्षों से कम होने के कारण ऐसी पौर्वापर्य विपर्यय की स्थिति आती रहती है। इसके सम्बन्धी गणितीय विवेचन भी "शास्त्रीय पञ्चांग मीमांसा" में देखें।

वि. सं. २०४८ में नासिक का कुम्भ पर्व भाद्रपद अमा को मनाया गया है। वि. सं. २०४९ में आगामी वैशाख पूर्णिमा के दिन उज्जैन का कुम्भ पर्व होगा। नासिक के कुम्भ पर्व की स्थिति तो इस बार वि. सं. २०४८ एवं वि. सं. २०४९ में भाद्रपद अमाओं के दिन दोनों वर्ष बन रही है परन्तु प्रथम स्थिति में वि. २०४८ में ही कुम्भ पर्व शासन की ओर से मनाया गया। वैसे सं. २०४९ वि. में भी गुरु की स्थिति से नासिक कुम्भ पर्व का पूर्ण योग है। कुछ विद्वानों ने यह तर्क उपस्थित किया—कि उज्जैन का कुम्भ पहिले और नासिक का कुम्भ बाद में होता है। नाटिकल अल्मनाक विभाग, पोज़ीशनल ऐस्ट्रानामी सैन्टर कलकत्ता के कुछ विद्वानों के ऐसे पत्र प्राप्त हुए—उनका हमारे साथ भी पत्र व्यवहार हुआ।

(इस वर्ष मुझे चैकोस्लोवाकिया तथा अन्य देशों में भाषणादि एवं अनुसंधान चर्चाओं के लिए जाना पड़ा। इस सम्बन्ध में तैयारी एवं विदेश में अधिक समय लग जाने के कारण इस वर्ष पञ्चांग में प्रति-वर्ष दिये जाने वाले क्रमागत लेख "ज्योतिष शास्त्र की उपयोगिताएं" तथा "ज्योतिष शास्त्र संरक्षण योजना" के अन्तर्गत "भणित्थ ताजिक" आदि लेख नहीं दिये जा सके। एतदर्थ क्षमा चाहता हूं। अगले वर्ष ये लेख दिये जाएंगे—शक्तिधर शर्मा)

गर्भ में पुत्र है या पुत्री ?

गत वर्ष के पंचांग में गागोर (मुजफ्फर नगर) के श्री अशोक जातुकर्ण द्वारा लिखित लेख "गर्भ में पुत्र है या पुत्री ?" प्रकाशित हो चुका है। उसमें दिया गया कोष्ठक आयु के कुछ वर्षों के लिए ही था। नमक मण्डी, अमृतसर के ज्योतिर्विद् श्री अश्विनी कुमार शर्मा शास्त्री जी ने हमें इसी लेख से सम्बद्ध एक दूसरा कोष्ठक भेजा है जिसे ४५ वर्ष की आयु तक के लिए प्रयोग में लाया जा सकता है। पाठकों के लिए हम इसे यहाँ प्रकाशित कर रहे हैं—

कोष्ठक में दिया गया १ अंक पुत्र का और ० अंक कन्या का जन्म बतलाता है—

कोष्ठक

	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१
जनवरी	०	१	०	१	०	१	१	०	१	०	१	०	१	१
फरवरी	१	०	१	०	१	१	०	१	०	१	०	१	०	०
मार्च	०	१	०	०	१	०	१	१	१	०	१	०	०	१
अप्रैल	१	०	१	०	०	१	१	०	०	१	०	०	०	०
मई	१	०	१	०	१	१	०	०	०	०	१	०	०	०
जून	१	१	१	०	०	०	१	१	१	०	०	१	०	०
जुलाई	१	१	१	०	०	१	१	०	०	१	१	१	०	०
अगस्त	१	१	१	०	१	०	०	१	१	१	१	१	०	०
सितम्बर	१	१	१	०	०	१	०	१	०	१	१	१	०	०
अक्तूबर	१	१	०	०	०	१	०	१	०	१	१	१	०	०
नवंबर	१	०	१	०	०	१	०	१	०	०	०	०	१	०
दिसम्बर	१	०	१	०	०	०	०	१	०	१	०	०	१	१

	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०	४१	४२	४३	४४	४५
जनवरी	१	०	१	१	०	१	०	१	०	१	०	१	१	०
फरवरी	०	१	०	१	१	०	१	०	१	०	१	०	१	१
मार्च	१	१	१	०	१	१	०	१	०	१	०	१	०	१
अप्रैल	०	१	०	१	०	१	१	१	०	१	०	१	०	१
मई	०	०	०	०	१	०	१	१	१	०	१	०	१	०
जून	०	०	०	०	०	१	१	०	१	०	१	१	०	
जुलाई	०	०	०	०	०	१	०	०	१	०	१	०	१	०
अगस्त	०	१	०	१	०	१	०	१	१	०	१	०	१	१
सितम्बर	०	०	०	०	१	०	१	०	१	०	१	१	०	१
अक्तूबर	०	०	०	०	१	१	०	१	०	१	०	१	०	१
नवंबर	०	०	१	१	१	०	१	०	१	१	०	१	१	०
दिसम्बर	१	१	१	१	१	१	०	०	०	१	०	१	०	१

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

समस्याएं और समाधान

लेखकः— प्रियव्रत शर्मा, कोठी नं. 59 (अभिजित्)
सैक्टर - 6, P.O. पंचकूला (हरियाणा)

(कुछ जिज्ञासु पाठक ज्योतिष के छात्र हैं। उनकी समस्याओं से उनका ज्ञान प्रारम्भिक प्रकट होता है। इस प्रकार के पाठक यदि अपनी समस्या के समाधान के साथ अपना नाम संकोचवश प्रकाशित नहीं करवाना चाहते, उन्हें यह हमें अपने पत्र में लिख देना चाहिए—**प्रियव्रत**)

समस्या— मैंने बम्बई के वर्तमान वर्ष के 'जन्मभूमि पंचांग' के पृष्ठ १६१ पर लिखा हुआ पाया— "ईश्वर लाल नी राशि मेष छे।" मैंने इस विषय में सम्पादक को पत्र लिखा तो उन्होंने अपने पंचांग में ही छपे 'राशिज्ञान चक्र' की ओर संकेत किया जो इस प्रकार है—

अ, ल, ई, मेष। ब, व, उ, वृषभ। क, छ, घ, मिथुन। ड, ह, कर्क। म, ट, सिंह। प, ठ, ण, कन्या। र, त, तुला। न, य, वृश्चिक। भ, थ, फ, ढ, धनु। ख, ज, मकर। ग, श, स, कुम्भ। द, च, झ, ष मीन। (द्रष्टव्य— उक्त पंचांग का पृष्ठ १३१ तथा १५६)। इस चक्रानुसार अनेक नामों की परम्परागत राशियों में अन्तर आना स्वाभाविक है। आपसे इसका समाधान चाहता हूं।

—स्वामी श्री श्रवणगिरि जी महाराज
सन्यास आश्रम
सोजत सिटी-३०६१०४
(राजस्थान)

समाधान— वर्णों का यह राशि-निर्धारण प्रामाणिक नहीं है। इस निर्धारण में तीन दोष हैं—

(i) इसमें वर्णमाला के सम्पूर्ण वर्ण समाविष्ट नहीं हैं। 'ड, ब' व्यञ्जन तथा ए, ओ स्वर इसमें नहीं हैं। 'ड, ब' के असमावेश का यह कारण दिया जा सकता है कि ये शब्दों के आदि में प्रयुक्त नहीं होते। लेकिन 'ए, ओ' के असमावेश का कारण दे क्या देंगे ? यदि दे यह कहें कि ये गुण वर्ण हैं, ये क्रमशः 'अ+इ' और 'अ+उ' का ही रूपान्तर हैं, तब हम यह भी उनसे पूछ सकते हैं कि उन्होंने अपने इस राशि-निर्धारण में य, व, र, ल—वर्ण क्यों समाविष्ट किए, जब कि ये वर्ण भी क्रमशः 'इ+अ', 'उ+अ', 'ऋ+अ' और 'लृ+अ', के ही संहित रूप (यण्) हैं?

(ii) वर्णमाला का राशियों में यह विभाजन नक्षत्र और नक्षत्रचरणों के बारे में सर्वथा मूक है। इस विभाजन में केवल ३३ वर्ण निर्दिष्ट हैं। स्पष्ट है इस विभाजन के अनुयायी नक्षत्र और नक्षत्र चरणों का वर्णमाला से सम्बन्ध नहीं मानते, जो कि भारतीय ज्योतिष परम्परा के अनुरूप नहीं है।

(iii) यह विभाजन 'शतपदचक्र' अथवा 'अवकहडा चक्र' के अनुसार ठीक नहीं है। भारतीय फलित तथा मुहूर्त के सभी ग्रन्थों में 'चू चे चो ला अश्विनी। 'ली, लू, ले, लो मरणी' - - - इत्यादि रूप से 'शतपदचक्र' एवं 'अवकहडा चक्र' के अनुसार ही १०८ नक्षत्र चरणों (साभिजित् गणना में ११२ नक्षत्र चरणों) में अकारादि स्वर तथा पञ्चस्वरयुक्त ककारादि व्यंजनों को विभाजित किया गया है। भारत के सभी पंचांगों तथा ज्योतिष ग्रन्थों में इस विभाजन के अनुसार ही जातकों के नाम के आदि वर्ण से उनकी राशि नक्षत्र, नक्षत्रचरण तथा उनके (जातकों के) जन्मनक्षत्र, नक्षत्र-चरण-राशि से उनके नाम के आदि वर्ण का निर्धारण करने की सुदीर्घ परम्परा है, "नरपतिजयचर्या" कार ने "चक्रं शतपदं वक्ष्ये भपादाक्षरसम्भवम् । ...." इत्यादि सात श्लोकों से जो शतपद चक्र का निर्देश किया है, अपि च "समरसार" कार ने भी "**शुण्ठीकोष्ठेषु तिर्यक् त्ववकहडलिखाद्यः स्थितालीष्विदायैस्तान्युक्तैस्तैः स्वरैश्च क्रमत इह कुयुग्पञ्छौ मध्यकोष्ठे ल.....**" इत्यादि पद्यों से जो "अवकहडा चक्र' बनाने की प्रक्रिया बतलाई गई है—इन दोनों से "चू, चे, चो, ला अश्विनी...." आदि रूप में वर्णों का नक्षत्र चरणों एवं राशियों में विभाजन ही प्रामाणिक सिद्ध होता है।

'जन्मभूमि पंचांग' में राशिफलादेश के प्रकरण में राशियों को जो वर्ण दिए जाते हैं, उनकी प्रामाणिकता कोई शास्त्रवाक्य समर्थित नहीं करता। निश्चित रूप में वर्णमाला का राशियों में यह विभाजन अप्रामाणिक है। आश्चर्य तो यह है इसी पंचांग के १३०-१३१ पृष्ठ पर प्रतिवर्ष छपने वाले 'अवकहडा चक्र' में वर्णमाला का नक्षत्रचरणों व राशियों में विभाजन उनके राशिफलादेश के प्रसंग में निर्दिष्ट विभाजन से मेल नहीं खाता। यह स्पष्ट रूप में 'बदती व्याघात' है।

इसमें दो मत नहीं हैं— 'शतपदचक्र' अथवा 'अवकहा चक्र' के अनुसार किया गया वर्णमाला का राशियों में विभाजन ही प्रामाणिक है।

वर्णमाला को मेषादि राशियों में विभाजित करने वाला यह आलोच्यमान संक्षिप्त चक्र 'अवकहडा (शतपद) चक्र' को संक्षिप्त करने के विफल प्रयास का ही परिणाम है।

देखिए 'अवकहडा चक्र' में वर्णमाला को नक्षत्रचरणों में विभाजित किया गया है, जबकि इस संक्षिप्त चक्र में वर्णमाला मेषादि १२ राशियों में ही विभाजित है। नक्षत्र एवं नक्षत्रचरणों की उपेक्षा के कारण ही यह चक्र दोषपूर्ण हो गया है। इस चक्र में प्रत्येक व्यञ्जन का एक अकारान्त रूप या प्रकार ही लिया गया है, जिससे उसे एक ही राशि को दिया जा सका।

'अवकहडा चक्र' में तो पांच स्वरों (अ, उ, इ, ए, ओ) से युक्त प्रत्येक व्यंजन पांच अलग-अलग नक्षत्र चरणों में विभाजित है। जिससे इस चक्र के अनुसार अनेकत्र एक ही व्यंजन स्वरभेद से दो राशियों में बँट गया। उदाहरणार्थ— 'च' व्यंजन को लीजिए। इस चक्र में अकारान्त और इकारान्त चकार (अर्थात् च, चि) रेवती नक्षत्र के तृतीय चतुर्थ चरणों में आता है, जिससे इस चक्र में इसे मीन राशि दी गई है। शेष स्वरों (उ, ए, ओ) वाला चकार (अर्थात् चु, चे, चो) अश्विनी के प्रथम द्वितीय, तृतीय चरणों में आता है अतः इसे इस चक्र में मेष राशि में रखा गया है। लेकिन इस संक्षिप्त चक्र में चकार केवल अकारान्त ही है। अतः इसे या तो मीन में या मेष में ही रखा जा सकता था। संक्षिप्त चक्र बनाने वाले ने इसे स्वेच्छया मीन राशि में ही रख दिया। इसी प्रकार हकार, टकार, तकार, यकार, भकार, गकार और दकार व्यंजन, जो स्वर भेद से अवकहडा चक्र में दो-दो राशियों में बँटे हुए हैं, इस आलोच्यमान संक्षिप्त चक्र में 'लापल प्रेमी' संक्षेप कर्ता ने इन्हें स्वेच्छया एक-एक राशि ही दी है। इस प्रकार स्पष्ट हो जाता है— अवकहडा चक्र को बलात् संक्षिप्त करने के अयुक्त प्रयास से ही यह विकृत संक्षिप्त चक्र जन्मा है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

समस्या (i)— 'मार्तण्ड पंचांग' में दी गई "गुण मेलापक सारणी में जहाँ कन्या का नक्षत्र वर के नक्षत्र से पहिले आता है, वहाँ गुण संख्या के नीचे शून्य लगाया गया है। इस दोष का क्या कोई परिहार भी है ?

(ii) मैं आजकल के अयनांश (२३ अं. १५ क.) वाली निरयण लग्न सारणी बनाना चाहता हूँ। क्या इसे मीन के ६ अंश से प्रारम्भ करूँ या ७ अंश से ? वैसे मैंने २३ अं. १५ क. अयनांश वाली सारणी तो बना रखी है—

—श्री ओम् अत्रि
आदर्श नगर, दिल्ली

समाधान (i)— कन्या का नक्षत्र यदि वर के नक्षत्र से पूर्ववर्ती है तो 'नृदूर' दोष माना जाता है। ("स्त्रीधात् ना निकटे नृ दूरम्" (मुहूर्त मार्तण्ड))। अगर वर और कन्या के नक्षत्र भिन्न-भिन्न और राशि एक, अथवा राशियां भिन्न-भिन्न तथा नक्षत्र एक हो तो 'नृदूर' दोष समाप्त हो जाता है—

एकराशौ पृथग्भिष्ये पृथग्राशौ तवैकभे।
गणं नाडीं नृदूरं च ग्रहवैरं न चिन्तयेत् ।। (बृहस्पति)

राशीश मैत्री और योनि मैत्री से भी इस दोष का परिहार माना गया है—

नृदूरमशुभं क्षेटोडुमैत्र्योः शुभम् (मुहूर्त मार्तण्ड)

ध्यान रहे— कन्या के नक्षत्र से परवर्ती पहिले नौ नक्षत्रों में वर का नक्षत्र होने पर 'स्त्रीदूर' दोष माना गया है, जिसे मुहूर्त कारों ने बहुत बुरा माना है। नारद का वचन है—

स्त्रीपिण्डादाधनक्के स्त्रीदूरमतिनिन्दितम् ।

लेकिन यह माना गया है कि कन्या के नक्षत्र से वर के नक्षत्र का अन्तर नौ नक्षत्रों से जितना कम होगा स्त्रीदूर उतना ही अधिक दोषकारक होगा। इस प्रकार कन्या के नक्षत्र से अव्यवहित परवर्ती नक्षत्र यदि वर का हो तो 'स्त्रीदूर' परम दोष कारक होगा।

समाधान (ii)— यदि मीन के ६ अंश के नीचे से लग्नसारणी प्रारम्भ करेंगे तो वह २४ अंश अयनांश की निरयण लग्न सारणी बन जाएगी। यदि ७ अंश से प्रारम्भ करेंगे तो वह २३ अंश की बनेगी। वैसे २३ अं. १५ क. अयनांश वाली निरयण सारणी का प्रयोग आजकल भी किया जा सकता है। इससे प्राप्त लग्न के राश्यादि में से ३० कला घटा दीजिए। इससे यह निरयण लग्न आधुनिक अयनांशीय हो जाएगा। नई सारणी बनाने की अपेक्षा यह अधिक अच्छा होगा कि पुरानी सारणी से उपलब्ध निरयण लग्न में उतनी कलाएं (या अंश कलाएं) घटा दी जाएं जितनी कलाएं (या अंश कलाएं) अद्यतनीन अयनांश सारणी निर्माण में प्रयुक्त अयनांश से अधिक हो गया हो।

समस्या— जब कोई विदेशी जन्मकुण्डली बनानी होती है तब मैं भारतीय समय बनाकर इष्ट बनाते हुए लग्न स्पष्ट कर लेता हूँ। विदेशी लग्न निकालने के लिए हमारे पास ५३ अं. ३० क. अक्षांश वाली लग्न साणी होनी चाहिए, वह तो आपके पंचांग में नहीं होती। विदेशी जन्मपत्री बनाने का प्रकार कृपया बतलाने का कष्ट करें।

फगवाड़ा (पं.)

समाधान— विदेश के किसी नगर की जन्मपत्री बनाने के लिए सबसे पहिले उस नगर के अक्षांश, रेखांश ज्ञात कीजिए।विदेश का जो टाईम आपको दिया गया है वह समर या विण्टर टाईम तो नहीं है यह भी ज्ञात कीजिए। यदि समर या विण्टर टाईम है तो उसे उस देश के स्टै. टा. में बदल लीजिए। इसके बाद उस देश के स्टै. टा. और भा. स्टै. टा. का अन्तर मालूम करके जातक के जन्म काल को भा. स्टै. टा. में बदल लेना जरूरी है, क्योंकि आप भारतीय पंचांग द्वारा ही ग्रह आदि स्पष्ट करेंगे। उस नगर का सूर्योदय काल वहाँ के स्टै. टा. में मालूम कीजिए। इस स्थानीय सूर्योदय से जन्मकालिक इष्ट साधन कीजिए। इसी इष्ट से लग्न साधन करना होगा। ध्यान रहे— लग्न स्पष्ट करने के लिए जातक के जन्म स्थान के अक्षांश वाली लग्न सारणी का ही प्रयोग करना होगा। यह विदेश में उत्पन्न जातक के जन्म कालीन लग्न स्पष्ट करने की प्रक्रिया का दिग्दर्शन मात्र है। स्पष्टता के लिए आपको किसी व्युत्पन्न ज्योतिर्विद से सम्पर्क करना चाहिए। आपके प्रश्न की भाषा-शैली बतलाती है कि आप अभी इस क्षेत्र में छात्र ही हैं। ध्यान रहे— विदेशी जन्मपत्री के निर्माण में लग्नसाधन तक की प्रक्रिया ही कुछ जटिल प्रतीत होती है। शेष (ग्रहस्पष्टीकरण, दशा-अन्तर्दशा, होरा, द्रेष्काण, नवांश आदि षड्वर्ग प्रभृति साधन की) सारी प्रक्रिया ठीक वैसी ही है जैसी कि भारत में उत्पन्न जातक की जन्मपत्री के लिए की जाती है।

समस्या— विक्रमाब्द २०४८ के "श्री मार्तण्ड पञ्चाङ्गम्" में आपका गवेषणात्मक लेख— "अशुद्ध वर्षमान के प्रयोग से भारतीय राशिचक्र का विचलन" देखा। पन्द्रह शताब्दियों में राशियों के मूल बिन्दु साढ़ेतीन अंश पूर्व की ओर खिसक गए और इसके संशोधन के लिए लोकमान्य तिलक का मत, जिसे आपने भी शतप्रतिशत यथार्थ एवं तर्क संगत माना है, निस्संदेह समीचीन है। जब संशोधन करने ही लगे तो फिर त्रुटि को आधार क्यों माना जाए? क्यों न रेवत्यन्त तारा को ही मेषारम्भ माना जाए ? सौर संक्रान्ति में होने वाले तीन दिनों के अन्तर का विषय भी जनता को समझाया जा सकता है।

इस विषय में पादरी सन्त ग्रेगेरी का वह संशोधन ध्यान देने योग्य है, जिसके अनुसार उसने १५८२ ई० के ४ अक्तूबर से अगले दिन १५ अक्तूबर की तिथि घोषित की थी। पहले तो जन सामान्य आन्दोलित हुआ। लोग रोते हुए सड़कों पर आए और खोए हुए दस दिनों की माँग करने लगे। परन्तु समझाने पर यथार्थ उनकी समझ में बैठ गया और संशोधन सफल हुआ।

—श्री देवशर्मा एम. ए.
ध्यानपुर (गुरदासपुर)

समाधान— यह ठीक है कि जनसामान्य को भी इस त्रुटि के बारे में यथाकथञ्चित् समझाकर मेषारम्भ बिन्दु को पुनः पीछान्त पर ले जाया जा सकता था। लेकिन विद्वानों में अपने एक बार घोषित किए मत को छोड़ने में आत्माभिमान आड़े आता देखा गया है। यही बात इस प्रसंग में हुई है। केतकर आदि कुछ विद्वानों ने चित्रापक्ष का एक बार समर्थन कर दिया और उसी पक्ष के कुछ ऐसे ग्रन्थ भी बना दिए जिनसे पंचांगनिर्माण होने लगा। यह कदम उठाकर उन्हें पीछे हटने में कुछ आत्महानि सी भी प्रतीत होने लगी। क्योंकि चित्रापक्ष को प्रचलित करने में कठिनाई बिल्कुल नहीं हुई। कारण— इस पक्ष में आपाततः सूर्यसिद्धान्तीय पक्ष (जो कि उस समय पूरे प्रचलन में था) से किसी प्रकार का वैमत्य लक्षित नहीं होता था। इधर रैवत पक्ष के अनुयायी श्री तिलक के लिए प्रचलित सूर्यसिद्धान्तीय गणना का भारी विरोध एक विकट समस्या थी। जनता

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

उस मार्ग को सहज ही अपना लेती है जिसमें कम से कम प्रतिरोध हो। जनता की इस मनोवैज्ञानिक निर्बलता का लाभ चित्रापक्ष वालों ने उठा लिया। चित्रापक्षीय गणना और सूर्य सिद्धान्तीय गणना से कोई अन्तर आभासित नहीं हो रहा था। जनता ने इसे सहज रूप में स्वीकार कर लिया। वास्तविकता तो यह है कि "इस प्रकार का कोई परिवर्तन भारतीय पंचांगों में किया गया है-- यह सामान्य जनता को तो मालूम पड़ा ही नहीं! अधिकतर साधारण ज्योतिषियों को भी यह अभी तक मालूम नहीं है।

वैसे मेषारम्भ बिन्दु को पुनः डेढ़ हजार वर्ष पूर्व वाले बिन्दु (मूल पौष्णान्त बिन्दु) पर हम ले भी जाएं, तो भी हमें कोई उपलब्धि होने वाली नहीं है। इससे हमें एकमात्र यही मनोवैज्ञानिक सन्तोष होगा कि हम मेष संक्रान्ति का पर्व ठीक उसी दिन मनाने लगे हैं जब कि सूर्य वस्तुतः मूल पौष्णान्त बिन्दु पर है। इस मात्र मानसतुष्टि के अलावा और तो कुछ मिलने वाला नहीं है इससे ? अब जब कि हम मूल पौष्णान्त से $3\frac{1}{2}$ अंश पूर्व की ओर सूर्य के आने पर मेष संक्रान्ति मनाते हैं, हमें ऋतु आदि में किसी प्रकार का अन्तर तो मालूम नहीं देता। सूर्य की स्थिति हमें ऋतुओं का निर्धारण करती है। यदि मूल पौष्णान्तीय मेष संक्रान्ति और अद्यतनीन मेष संक्रान्ति के कालों में ऋतु सम्बन्धी कुछ अन्तर आ जाता तब यह सम्भव था कि मूल पौष्णान्त बिन्दु को पुनः प्रतिष्ठापित करना आवश्यक हो जाता। अब $3\frac{1}{2}$ दिन के नगण्य अन्तर के लिए भारी समाज विक्षोभ उत्पन्न करना किसी भी दृष्टि से अनुमोदनीय नहीं था। ग्रेगरी पोप द्वारा जुलियन कैलेण्डर में किया गया १४ दिन का संशोधन तो ऋतु परिवर्तन को दृष्टि में रखकर किया गया था। अतः वह अनुमोदनयोग्य था। भारतीय ज्योतिष के इतिहास में इस प्रकार विचलित मेषारम्भ बिन्दु को सैद्धान्तिक रूप में वास्तविक मेषारम्भ बिन्दु के रूप में स्वीकृति पहिले भी दी जा चुकी है।

हमारे 'राशि चक्रारम्भ' बिन्दु का यह $3\frac{1}{2}$ अंशों का विचलन हमारे क्रान्तिवृत्त के निरयण (स्थिर) आरम्भ बिन्दु की दृष्टि से है। लेकिन ऋतुओं के सापेक्ष हमारे वैशाखादि मासों के प्रारम्भ दिनों में लगभग १५०० वर्षों के इस विगत युग में २३-२४ दिनों का अन्तर पड़ गया है, जिससे हमारे सभी पर्व इन दिनों अपनी मूल ऋतुओं से लगभग २३-२४ दिन आगे खिसक गए हैं और उनका अपनी मूल ऋतुओं से अन्तर उत्तरोत्तर धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। इस भयावह अन्तर का संशोधन हमारे भारतीय पंचांग की सर्वोपरि समस्या है, $3\frac{1}{2}$ दिन की समस्या तो इस के सम्मुख नगण्य ही है। ऋतुओं का उपनीयमान यह अन्तर अयनचलन के कारण है। इसके विषय में फिर कभी (शायद अग्रिम वर्ष के पंचांग में ही) विस्तृत विवेचन प्रस्तुत करेंगे।

***समस्या*— वर और कन्या में से यदि एक की ही कुण्डली उपलब्ध हो तो मुहूर्त शास्त्रानुसार दोनों की नामराशि के आधार पर ही अष्टकूटों का निर्णय किया जाता है। क्या सूर्य-चन्द्र-गुरु के बल (त्रिबल) की शुद्धि जानने के लिए भी दोनों की नामराशियों का ही वहाँ प्रयोग करना चाहिए ?**

—आचार्य घनश्याम शर्मा
मु. कल्याण
तुबामू (शोलन)

समाधान— यदि एक की जन्मराशि ज्ञात न हो तो दोनों की नाम राशि द्वारा ही अष्ट कूटों का निर्णय करने का निर्देश मुहूर्त शास्त्रियों ने इस लिए किया है क्योंकि अष्टकूटों के गुणों के ज्ञान के लिए दोनों की राशियों का सहसा (समुदितरूप में) प्रयोग होता है अर्थात् वर कन्या दोनों की राशियां अष्टकूटों के गुणों के निर्णय के लिए उपकरण (argument) है। उन दोनों को मिलाकर ही गुण संख्या का निर्णय सम्भव है। दोनों की राशियां यह निर्णय पृथक्-पृथक् नहीं कर सकतीं। अतएव शास्त्रकारों का यह निर्णय युक्तियुक्त है कि दोनों राशियां एक ही जाति (प्रकृति) की हों, या तो ये स्वरोदय शास्त्रीय शतपद चक्रानुसारी ही हों, या ज्योतिष शास्त्रानुसारी (जन्मकालिक चन्द्रानुसारी) ही। जब ये दोनों राशियां मिल कर अष्ट कूटों के गुणों का निर्धारण करती हैं, तब यह युक्तिसंगत नहीं लगता कि दोनों राशियां भिन्न जातीय हों। भिन्न जातीय राशियों से निर्धारित अष्ट कूटों के गुण न तो स्वरोदयशास्त्रानुसारी ही होंगे और न ही ज्योतिषशास्त्रानुसारी ही, दोनों की एक जातीय राशियों द्वारा ही अष्ट कूट के गुणों को निर्धारित करने के लिए इस प्रकार के कठोर आदेश का अभिप्राय यही है। क्योंकि त्रिबल शुद्धि के निर्णय के लिए वर और कन्या की राशियों का पृथक-पृथक स्वातन्त्र्येण प्रयोग होता है, अतः इसके लिए एक की (जिसकी जन्मराशि ज्ञात है उसकी) जन्मराशि तथा दूसरे की (जिसकी जन्मराशि ज्ञात नहीं है उसकी) नाम राशि का ही प्रयोग करना युक्ति संगत है, क्योंकि उनके निर्णय एक दूसरे पर निर्भर नहीं करते।

ध्यान रहे-- दोनों में से एक की ही जन्मराशि ज्ञात होने की स्थिति में दोनों की नाम राशि के ही प्रयोग का आदेश मुहूर्त शास्त्रकारों ने केवल अष्टकूट निर्णय या नक्षत्र मेलापक के लिए ही किया है, सूर्य-चन्द्र-गुरु बल के निर्णय के लिए कदापि नहीं। 'पटलसार' में तो स्पष्ट लिखा है कि इस स्थिति में भमेलक (नक्षत्र मेलक = अष्ट कूट निर्णय) दोनों की नामराशि से करना चाहिए। लग्न और चन्द्रबल का निर्धारण तो जन्म नक्षत्र (जिसका जन्म नक्षत्र ज्ञात है उसके जन्म नक्षत्र) से ही करना चाहिए---

जन्मज्ञानेऽपि चैकस्य द्वयो र्नाम्नोर्भमेलकः।
चिन्त्यः, तत्रैव जन्मर्क्षादीक्ष्यं लग्नेन्दुजं बलम्।।
(पटलसार)

एक और शास्त्र वाक्य है, जिसमें स्पष्ट रूपेण निर्देश किया गया है कि इस प्रकार की स्थिति में जिसकी जन्म राशि ज्ञात हो उसकी जन्मराशि से तथा दूसरे की नाम राशि से त्रिबल जानकर विवाहादि मंगल कार्य करने चाहिए---

ज्ञातं जन्म यदा पुंसः, स्त्रियो न ज्ञायते यदा।
जन्मनाम्नोः बलं ज्ञात्वा कुर्वीतोद्वाहमंगलम्।।

समस्या (i)— जातक ग्रन्थों में वज्र, यव आदि जो योग लिखे गए हैं उनमें से कुछ योगों के लक्षणों में सूर्य से चतुर्थ घर में बुध-शुक्र की स्थिति का निर्देश किया गया है। लेकिन सिद्धान्ततः सूर्य से चतुर्थ बुध, शुक्र की स्थिति सम्भव नहीं है। चलित चक्रानुसार तो ऐसा सम्भव है। क्या इन योगों का निर्धारण चलित चक्र से ही करना चाहिए ? क्या जातकोक्त ऐसे अन्य योगों का निर्धारण भी चलित चक्र के आधार पर ही किया जाए ?

(ii) मुहूर्तशास्त्र भी जातक शास्त्र की एक शाखा है। फिर क्या कारण है विवाह लग्न चक्र के सप्तम में शुभ ग्रह की स्थिति वर्जित की गई है, और तो और इसमें गुरु की स्थिति को भी लगभग वर्ज्य ही माना गया है। उच्चस्थ गुरु को भी विवाह लग्न चक्र

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

में सप्तम में सख्य नहीं लिखा गया है। इस प्रकार के जातकीय सिद्धान्त के सर्वथा प्रतिकूल सिद्धान्त का मूल क्या है ?

—आचार्य श्री केसरीलाल जी
५, अंकपात मार्ग
उज्जैन (म. प्र.)

समाधान (i)— कुछ नाभस योगों का निर्धारण किन्हीं पदार्थ विशेषों के आकृति सादृश्य के आधार पर और कुछ का अंकपाश गणित के आधार पर विभिन्न सम्भावित ग्रहस्थितियों को दृष्टि में रखकर किया गया है। यवन देवज्ञों ने इनकी संख्या १८०० परिगणित की है, जबकि स्फुजिध्वज इन्हें अनन्त मानता है। इन योगों में जहाँ राशियों को आधार बनाया गया है वहाँ इनका राशियों से सम्बन्ध इनके लक्षणों में में सुस्पष्ट है। इनके उदाहरण रज्जु, मुसल, नल आदि नाभस योग है। जहाँ इन योगों का आधार ग्रहों का पारस्परिक अन्तर या केन्द्रादि स्थलों में इनकी स्थितिविशेष को बनाया गया है, वहाँ स्पष्ट नहीं है कि आचार्यों का अभिप्राय वहाँ भावात्मक अन्तर या केन्द्रादि से है या राश्यात्मक से। यही अस्पष्टता उन योगों में भी है जहाँ प्रथम, द्वितीयादि भवन या गृहों में ग्रहों की स्थितियों से इन योगों की संरचना का निर्देश किया गया है, क्योंकि भवन, गृह क्षेत्र आदि ऐसे शब्द वहीं प्रयुक्त हैं जिनका प्रयोग इन जातक ग्रन्थों में राशि और भाव दोनों के लिए आचार्यों ने किया है। एक ही आचार्य ने अपने जातक या संहिता ग्रन्थ में इन शब्दों का प्रयोग दोनों अर्थों में पृथक-पृथक स्थलों पर किया है। इससे अनेकत्र इन शब्दों का विशिष्ट अभिप्रेत अर्थ निर्धारित कर सकना काफी कठिन ही नहीं, असम्भव भी हो जाता है। केन्द्र, पणफर, आपोक्लिम की परिभाषाओं में जो १, ४, ७, १० आदि स्थानों का निर्देश है वह भी विवादास्पद सा ही है। कोई (होरारत्न कार आदि) इन्हें भाव मानते हैं। कोई (पराशर आदि) इन्हें राशियों के अनुसार परिभाषित करते हैं। केशवीय जातक पद्धति के व्याख्याता श्री दिवाकर दैवज्ञ ने प्रौढमनोरमा व्याख्या में केन्द्र आदि को भावात्मक और राश्यात्मक दोनों रूप में परिभाषित किया है। यह एक भारी समस्या है कि जातक ग्रन्थों में प्रथम, द्वितीय आदि शब्दों द्वारा अभिहित किए गए स्थानों से अभिप्राय भावों से है या राशियों से- यह स्पष्ट व्यवच्छेद जातककारों ने अनेकत्र नहीं किया, जिससे वास्तव अर्थ का निर्धारण करने में दैवज्ञ लोग किंकर्तव्य विमूढ़ दिखाई देते हैं। पुनरपि जहाँ प्रथम, द्वितीय आदि शब्दों अथवा 'देह, द्रव्य, पराक्रम, सुख, सुत आदि शब्दों के साथ ऋक्ष, राशि, भ आदि राशिवाचक शब्दों का प्रयोग नहीं किया गया है वहाँ स्पष्ट समझा जा सकता है कि आचार्य का द्वितीय तृतीय देह, द्रव्य आदि शब्दों से अभिप्राय मात्र भावों से ही है। यदि इनके साथ ऋक्ष, राशि आदि शब्द प्रयुक्त हैं, तब भाव नहीं, अपितु इनसे राशियों की ओर ही आचार्य का संकेत है- यह स्पष्ट हो जाता है। लेकिन इनके साथ जहाँ भवन, गृह आदि जैसे शब्दों का प्रयोग है वहाँ आचार्य का अभिप्राय राशियों से है या भावों से यह निर्णय कर सकना कुछ समस्यापूर्ण है क्योंकि ये शब्द दोनों अर्थ प्रकट करने की शक्ति रखते हैं। ऐसे शब्दों का आचार्यों द्वारा प्रयोग काफी किया गया है।

वज्र और यव योग 'शकट' और 'विहग' योगों के ही विशेष प्रकार हैं। 'शकट' और 'विहग' योगों की परिभाषाओं में 'तनु', 'अस्त' और 'ख', 'बन्धु' शब्दों का स्वतन्त्र (राशि, ऋक्ष आदि विशेष्यों के बिना ही) प्रयोग हुआ है, ("तन्वस्तगेषु शकटं, विहगः खबन्धोः। ") अतः स्पष्ट है ये (तनु आदि) शब्द भावों के ही वाचक हैं, तनु आदि से सम्बद्ध (तनु आदि भावों वाली) राशियों से नहीं। इस प्रकार यह निर्विवाद है कि यव और वज्र योगों का निर्णय भावों पर ही निर्भर करता है। अब रही बात इन योगों की संघटना के सिद्धान्त-प्रातिकूल्य की। वह तो स्पष्ट रूप में दिखाई ही देता है। इसका निर्देश स्वयं वराह मिहिर ने भी किया है और उन्होंने स्पष्ट कह दिया है कि इस प्रकार के सिद्धान्तविरोधी योगों की चर्चा उन्होंने पूर्वाचार्यों का अनुसरण करते हुए ही की है, इसमें उन्हें दोषी नहीं ठहराया जा सकता। ६५-६६ अक्षांशीय स्थलों या उनके आसपास यदि सूर्य-बुध का पारस्परिक अन्तर इतना हो सकता है जिससे वज्र और यव योग सम्पन्न हो सकते हों, तब तो यह मानना पड़ेगा कि वज्र यव योगों की इन परिभाषाओं के सिद्धान्त प्रातिकूल्य की आशंका श्री वराह मिहिर के मस्तिष्क में व्यर्थ उत्पन्न हुई। जैसा कि आधुनिक प्रचलित भाव साधन पद्धति के सिद्धान्त से कुछ स्पष्ट होता है— यह (सूर्य-बुध के बीच कम से कम दो भावों का अन्तर) अधिक अक्षांशीय स्थलों पर शायद सम्भव है (वैसे मैंने इसका गणितीय परीक्षण अभी नहीं किया है) शुक्र की सूर्य से चतुर्थ में स्थिति तो इन स्थलों पर स्पष्ट रूपेण सम्भव है ही।

(ii) विवाह लग्न में सप्तमस्थ गुरु की अग्राह्यता वाकई जातकीय परम्परा तथा गुरु के परम शुभत्व के सर्वविदित सिद्धान्त के सर्वथा विरुद्ध होने से अखरने वाली बात है। मुहूर्त और प्रश्न दोनों का उद्गम जातकीय सिद्धान्त ही तो हैं। विवाहादि किसी भी शुभ घटना का आरम्भ एवं जातक का जन्म- दोनों में ज्योतिष ने मूलतः कोई अन्तर नहीं माना। इनमें अन्तर केवल इतना ही है कि जातक की जन्मकालिक ग्रहस्थिति को हम अपने या जातक के अनुकूल बनाने की स्थिति में नहीं हैं, क्योंकि उसका जन्मक्षण प्रकृति के अधीन है। जब कि शुभ घटना के आरम्भ (उत्पत्ति) के क्षण (मुहूर्त) का निर्धारण हमारे हाथ में है हम इसके लिए ऐसे यथाशक्य पूर्ण रूपेण अनुकूल ग्रहस्थिति वाले क्षण के चयन में पूर्ण स्वतन्त्र है जिसमें जन्म ले कर वह घटना समृद्ध-सम्पन्न हो। यदि सामान्य दृष्टि से भी मुहूर्त शास्त्र के सिद्धान्तों नियमों को देखें तो इस विवेचन को आप यथार्थ पाएंगे। लेकिन कुछ स्थल ऐसे भी हैं जहाँ इस विवेचन का कुछ विरोध आपको आभासित हो सकता है। विवाह लग्न काल में सप्तम में गुरु की स्थिति का तिरस्कार उनमें से एक है, जो सप्तम भाव के जातकीय एक दृढ़ सिद्धान्त की स्पष्ट अवहेलना करता है।

मैंने भी इस चौंका देने वाले सिद्धान्ताभास का मूल ढूँढने में काफी प्रयास किया है। जहाँ तक मैं समझ पाया हूँ इस परम्पराद्वेषी सिद्धान्त का मूल हमारे विभिन्न जातकों में वैरल्येन प्राप्त होने वाले कुछ ऐसे वाक्य हैं जो अनेकत्र तो स्पष्ट रूप में गुरु की सप्तम में स्थिति को दाम्पत्य जीवन के लिए अच्छा नहीं बतलाते हैं। कुछ ऐसे वाक्य भी हैं जो एक विशेष शैली में सप्तमस्थ गुरु की ऐसी प्रशंसा करते हैं, जिसे आपाततः कुफल के रूप में मुहूर्तकारों ने समझ लिया

"चमत्कार चिन्तामणि" कार ने सप्तमस्थ गुरु का अल्पकामत्व फल बतलाया है—

रति भवेत् कामिनीनामबन्धौ।'

जीवनाथ इससे विपरीत कामाधिक्य बतलाते हैं—

रतिर्बन्धौ वध्वाः परममदनाधिक्यमभितः।

इस प्रकार के वाक्य जातक ग्रन्थों में यत्र-तत्र मिलते हैं जिनसे सप्तम में गुरु की स्थिति अशुभ फलद प्रतीत होती है। ध्यान रहे— इस प्रकार के वाक्य यद्यपि विरल ही हैं, लेकिन इनका प्रभाव मुहूर्त ग्रन्थों के रचयिताओं पर अवश्य पड़ा है। स्पष्ट है—इस प्रकार के कुफलप्रदर्शी वाक्य मनोवैज्ञानिक रूप से जातक को सप्तमस्थ गुरु के कुफल से कुछ प्रभावित अवश्य करते हैं। "जबकि विवाह मुहूर्त के काल का निर्धारण हमारे अपने आयत्त हैं, तब क्यों न इस प्रकार के सन्देहास्पद कुयोग के काल को भी शुभ मुहूर्त्त काल से निकाल फेंक दिया जाए"--- एकमात्र यही धारणा

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सप्तमस्थ गुरु के कात को लग्नकाल से निकाल फेंकने के लिए मुहूर्तकारों की प्रेरक बनी। इसमें सन्देह नहीं है कि गुरु की सप्तम में स्थिति को लग्न के समय इस प्रकार तिरस्कृत करते हुए मुहूर्तशास्त्रियों के मस्तिष्क में अन्तर्द्वन्द्व नहीं हुआ। वे भी जातकोक्त पद्धति में सप्तमस्थ गुरु की श्लाघाभरी योगपरम्परा से पूर्ण परिचित थे। इस बात की पुष्टि इस बात से भी होती है कि "ज्योतिर्विदाभरण" कार आदि अनेक आचार्य और मुहूर्तशास्त्र, संहिताकार मुनि हैं, जिन्होंने विवाह लग्न के समय सप्तमस्थ गुरु को वर्ज्य नहीं लिखा। केशवार्क आदि अनेक आचार्यों ने तो विवाहलग्नकालिक सप्तम गुरु की प्रशंसा भी की है। केशवार्क का कहना है कि सप्तमस्थ गुरु के समय विवाहित पत्नी भक्तिपरायणा होती है। "अवीरामस्तेऽर्के, गुरुरमरसेवाव्यसनिनीम्" (विवाह वृन्दावन)। इस प्रकार स्पष्ट है मुहूर्तचिन्तक भी सप्तमस्थ गुरु की सदोषता के बारे में दुविधा में रहे। जिससे उनमें से कइयों ने तो गुरु की सप्तम में स्थिति को सत्य भी मान लिया और घोषणा कर दी—"अस्तेऽब्जगुरू समौ" (सप्तम में चन्द्र और गुरु की स्थिति सामान्य है। वह दोष और गुण दोनों नहीं रखती)

मुहूर्तकारों को विवाहलग्नकालिक सप्तम गुरु की सदोषता की सर्वाधिक शंका शायद उन जातक वाक्यों से हुई है, जिनमें सप्तमस्थ गुरु का परिणाम 'बहुपत्नी लाभ' बतलाया गया है। जैसे दैवज्ञाभरण' का वचन है—

"कामे गुरुसमायुक्ते कारके वा बलान्विते।
कुटुम्बनाथे मित्रस्थे पत्नीभिः सहितो भवेत्।।

सप्तमस्थ गुरु द्वारा जातक को बहुपत्नी लाभ के वाक्य तो जातक ग्रन्थों में बहुत उपलब्ध हैं। इस दृष्टि से तो परिणीयमान कन्या को सपत्नियों की सेना से बचाने के उद्देश्य से मुहूर्तकारों द्वारा विवाह में सप्तमस्थ गुरु की अवहेलना प्रशंसा का भाजन ही होनी चाहिए। लेकिन जातक ग्रन्थों में सप्तमस्थ गुरु से एक ही पतिव्रता पत्नी का जातक को लाभ और सुख समृद्धिमय दाम्पत्य जीवन बतलाने वाले वाक्य अपेक्षकृत कहीं अधिक हैं।

गुरु सभी ग्रहों में सर्वाधिक शुभफलप्रद माना गया है। अतः जिस भाव में उसकी स्थिति होगी वह उस भाव से सम्बद्ध शुभ फल को परिपूर्ण रूप में देने की प्रकृति रखता है। प्राचीन काल में जब राजा, नवाब, जागीरदार एवं अन्य विलासी समृद्ध लोगों में बहुपत्नी प्रथा प्रचलित थी, तब उनकी कुण्डलियों में सप्तमस्थ गुरु का फल दैवज्ञ लोग "बहुपत्नी लाभ" बतलाया करते थे, क्योंकि सप्तम भाव का सर्वतोभावेन परिपूर्ण शुभ फल चरित्रवान् व्यक्ति के लिए जिस प्रकार एक सुशील मनोनुकूल भार्या की प्राप्ति और सुख शान्तिसमृद्धिमय विवाहित जीवन के अतिरिक्त और कुछ नहीं, उसी प्रकार राजा, नवाब आदि विलासी लोगों के लिए बहुस्त्रीरति लाभ ही उसका परिपूर्ण शुभ फल है। इसी दृष्टि से गुरु की सप्तम में स्थिति का फल जातक-ग्रन्थ कारों ने पतिव्रता पत्नी, एक भार्या लाभ और सुखमय विवाहित जीवन के साथ साथ कुछ स्थलों पर 'बहु भार्या प्राप्ति' भी लिखा है। लेकिन सामाजिक परम्पराओं एवं कानून के परिवर्तन के साथ-साथ अब तो राजा, नवाबों की कुण्डलियों में भी गुरु की सप्तम में स्थिति का फल बहुपत्नी लाभ न होकर, दाम्पत्य जीवन की सुखशान्तिमयता, मनोनुकूल भार्या प्राप्ति ही हो सकता है। वैसे सप्तम भाव में शुभ ग्रह या ग्रहों की सर्वोत्कृष्ट स्थिति का वास्तव परिपूर्ण फल इसके अतिरिक्त और हो भी क्या सकता है ?

गुरु के अतिरिक्त दूसेर शुभ (बुध-शुक्र-चन्द्र) ग्रहों की सप्तम में स्थिति का फल जहाँ जातक ग्रन्थों में प्राधान्येन पतिव्रता पत्नी की प्राप्ति और सुखमय दाम्पत्य जीवन लिखा है, वहाँ कहीं कहीं परदाररति, अल्पकामता, बहुकामता, वेश्यागमन आदि अशुभ फल भी लिखे मिलते हैं। इन शुभ ग्रहों की सप्तम में स्थिति से भी जातक को बहुपत्नी प्राप्ति का भी जातक ग्रन्थों में निर्देश है। इस निर्देश का मूल भी वही है जो गुरु की सप्तम में स्थिति से बहुपत्नी प्राप्ति के निर्देश का है।

इस उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि मुहूर्तशास्त्रियों ने सप्तम में शुभ ग्रहों की स्थिति में भी जातकोक्त ये निर्दिष्ट कुछ कुफल देखकर यही उपयुक्त समझा कि विवाह लग्न के समय सप्तम भाव को अशुभ ग्रहों की भाँति ही, शुभ ग्रहों से भी अस्पृष्ट रखा जाए, ताकि किसी तथाकथित कुफल की भी विवाहित जीवन पर छाया तक पड़ने की नौबत न आए।

गुरु सहित सभी शुभ ग्रहों की सप्तम में स्थिति से सम्बद्ध जातकोक्त असंख्य शुभ फलों की बुरी तरह उपेक्षा कर उनके वैरल्येन उपलब्ध कुफलों को महत्त्व देते हुए मुहूर्तकारों ने विवाह लग्न कालिक सप्तम भाव में उन सबकी स्थितियों को अवांछनीय घोषित करके सचमुच विवाह लग्न को निर्बल बनाया है। इन मुहूर्तकारों को विवाहलग्नकालीन सप्तम भाव में बैठने के लिए कोई एक भी शुभ ग्रह स्वोच्च, मित्र, त्रिकोण, गृह आदि में स्थित होने की स्थिति में भी योग्य नहीं जँचा- यह आश्चर्य की तो बात है ही। भावों को सर्वातिशायी बल और सम्पन्नता देने के लिए फलित जगत् में परमविश्रुत चरम कोटि के इस मंगलमय महत्तम ग्रह गुरु की विवाह लग्न कालिक सप्तम में स्थिति की यह अवमानना तो वर-वधू के सुख समृद्धिमय दाम्पत्य जीवन के लिए, मैं तो समझता हूं, सबसे बड़ी क्षति है।

समस्या— मिलान सदोष हो, षडष्टक आदि असह्य दोषों के परिहार न मिलें, तो कुछ ज्योतिषी कन्या का नाम बदल कर सम्बन्ध कर लेने का परामर्श देते हैं। क्या इसे आप शास्त्रीय मानेंगे ?

—श्री पद्मनाभ शास्त्री
सिग्नल रेजिमेण्ट
शिमला (हि. प्र.)

समाधान— यह शास्त्रीय परम्परा नहीं है। यदि नाम बदलकर मिलान को अनुकूल बनाने का प्रयास किया जाता है, तब तो मिलान का विधान ही व्यर्थ हो जाता है। क्योंकि नाम बदल कर तो वर, कन्या का प्रत्येक प्रतिकूल मिलान भी बलात् अनुकूल बनाया जा सकता है। इससे तो नक्षत्र-कुण्डलीमिलान का उद्देश्य ही समाप्त हो जाता है।

समस्या— "एक नक्षत्र जातानां नाडी दोषों न विद्यते"— के अनुसार लड़का लड़की का जन्मनक्षत्र एक ही होने की स्थिति में क्या नाडी दोष का अभाव मान लेना चाहिए ?

—पं. कामता प्रसाद पाराशर
५०, अलकापुरी
अलवर (राज.)

समाधान— "एक नक्षत्र जातानाम् .... " वाक्य मुहूर्तशास्त्रियों द्वारा समर्थित नहीं है। मुहूर्त के सभी (मुहूर्तचिन्तामणि, मुहूर्तमार्त्तण्ड आदि) निबन्ध ग्रन्थों एवं नारद आदि संहिताओं में स्पष्ट लिखा है कि यदि वर और कन्या एक ही नक्षत्र में उत्पन्न हो तब उसी स्थिति में नाड़ी दोष का परिहार होता है जब कि दोनों के नक्षत्र चरण भिन्न-भिन्न हों, अन्यथा नहीं। वसिष्ठ का इसी बारे में यह वचन है—

एक गृह सम्भवानां भवति विवाहः सुतार्थसम्पत्त्यै।
यद्युभयोरेकर्क्षे तदा चांशको भिन्नः।।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

'मुहूर्त चिन्तामणि' कार ने स्पष्ट लिखा है कि एक ही नक्षत्र में उत्पन्न वर कन्या का विवाह तभी मङ्गलकारी होगा यदि उनके नक्षत्र चरण अलग-अलग होंगे—

"नक्षत्रैक्ये पादभेदे शुभंस्यात्। (मु. चि. म.)

इससे यह सिद्ध है कि "एक ही नक्षत्र में उत्पन्न वर कन्या का मिलान प्रत्येक स्थिति में नाड़ी दोष का निवारक होता है"— सर्वथा अप्रामाणिक है।

समस्या— क्या गुरु की भांति गुरु के उपग्रहों का भी जातक के जीवन पर कुछ प्रभाव पड़ता है ?

—श्री हरदयाल कौतपर
रामपुर, लाम्बड़ा
(जालन्धर)

समाधान— फिलहाल इस दिशा में कोई अनुसन्धान नहीं हुआ है। यह वस्तुतः अनुसन्धान का विषय है।

समस्या— राजस्थान में कुछ ऐसे पर्व या विशेष तिथियां हैं जिनमें बिना शास्त्रीय मुहूर्त शोधन के शुभकृत्य करने की परम्परा कही जाती है। इन्हें लौकिक भाषा में "अबूझ मुहूर्त" कहा जाता है। क्या आप इनका समर्थन करते हैं ?

—श्री मुरारि लाल शर्मा
रा. सीनियर मा. विद्यालय
शाहजहाँ पुर (अलवर)

समाधान— इस प्रकार के मुहूर्त जिन्हें लोक परम्परा द्वारा मान्यता प्राप्त है, पंजाब, हि.प्र., हरियाणा आदि में भी कुछ प्रचलित हैं। इन्हें हम "स्वयंसिद्ध मुहूर्त" कहते हैं। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, अक्षय तृतीया, विजयादशमी, दीपावली— ये चार "स्वयंसिद्ध मुहूर्त" इन प्रदेशों में प्रचलित हैं। स्वयंसिद्ध (या अबूझ) मुहूर्तों को ज्योतिष के मुहूर्त ग्रन्थों में मान्यता नहीं दी गई है, क्योंकि मुहूर्त के मूल सिद्धान्तों का ये (अबूझ) मुहूर्त सम्मान नहीं करते। गुरु, शुक्र के अस्तकाल तथा वेधादि मुहूर्त सम्बन्धी अन्य असह्य दोषों की विद्यमानता में इनके प्रयोग की अनुमति ज्योतिषी लोग नहीं देते। हाँ, किसी बहुत ही आपातकालीन स्थिति में इन दिनों में शुभनवांश काल, पंचांग शुद्धि आदि देखकर कोई शुभ कार्य किया जा सकता है, सामान्य स्थिति में इनका प्रयोग मुहूर्त शास्त्र द्वारा अनुमत नहीं है। इन अबूझ मुहूर्तों को आपन्मुहूर्त कहा जा सकता है। ये आपद्धर्म की तरह विशेष अपरिहार्य परिस्थिति में ही प्रयोगार्ह हैं।

समस्या— क्या किसी मुहूर्त ग्रन्थ में ऐसा भी निर्देश है कि गुरु और शुक्र में से एक दृश्य (उदय) हो तो शुभ कृत्य किए जा सकते हैं ?

—पं. वेद प्रकाश शर्मा ज्योतिषी
ओंकार नगर-बी
त्रिनगर दिल्ली-३५

समाधान— दोनों में से एक भी लुप्त (अस्त) हो तो शुभकृत्यों का मुहूर्त ग्रन्थों में सर्वथा निषेध है। आचार्य गुरु का इसी बारे में यह वाक्य है—

यदा दिवैव दृश्येते जीवशुक्रौ नभस्तले।
तयोरन्यतरो वापि स कालो बहुदोषदः।।

समस्या (i)— इस वर्ष (सं. २०४८ में) केतु पुन और आर्द्रा में रहेगा, क्या पुन और आर्द्रा में उत्पन्न व्यक्ति का विवाह इस वर्ष किया जा सकता है ?

(ii) इधर के कुछ विद्वान धनिष्ठा आदि पांच नक्षत्रों में 'पंचक' मानते हैं, जबकि आपके पंचांग तथा अन्य पंचांगों में भी धनिष्ठा के उत्तरार्ध से रेवत्यन्त तक ही पंथक की अवधि लिखी जाती है। यह मतभेद क्यों है ?

—श्री धर्म प्रकाश शास्त्री
गु. जुन्डड, दुर्गापुर (हि. प्र.)

समाधान (i)— जिस राशि नक्षत्र या नक्षत्र चरण पर क्रूर ग्रह स्थित हो उस राशि नक्षत्र, नक्षत्र चरण वाले जातक के विवाह आदि मांगलिक कृत्य का मुहूर्त शास्त्रों में किसी प्रकार का निषेध नहीं है। इस बारे में हम विगत किसी वर्ष के पंचांग में भी समाधान कर चुके हैं।

ध्यान रहे— गोचर स्थिति से सूर्य-चन्द्र और गुरु के प्रभाव को ही मुहूर्त के समय विचारने का परामर्श मुहूर्त शास्त्रों में है। अन्य ग्रहों के गोचर प्रभाव का विचार नहीं किया जाता। शनि, राहु, केतु की गोचर स्थिति के अनुसार मांगलिक कृत्यों की वर्ज्यावर्ज्यता का विचार करने पर तो अनेकदा शनि की ढैया, साढ़ेसाती आदि की स्थिति में लगातार वर्षों तक जातक के विवाहादि मंगल कृत्य नहीं हो सकेंगे।

(ii) 'पंचक' शब्द का शाब्दिक अर्थ तो "पांच नक्षत्रों का वर्ग" ही है। इस अर्थ के अनुसार तो धनिष्ठा से रेवत्यन्त तक के पांच नक्षत्रों का वर्ग ही 'पंचक' कहलाएगा और इन्हीं में चन्द्रमा की स्थिति का काल पंचक काल होगा। लेकिन परम्परा तथा शास्त्र प्रमाणों से भी धनिष्ठा के उत्तरार्ध (कुम्भ राशि के प्रारम्भ) से रेवत्यन्त (मीनान्त) तक के चन्द्रस्थितिकाल को 'पंचक' माना जाता है। दोनों पक्षों के समर्थन में शास्त्रवाक्य मिलते हैं। देखिए वसिष्ठ के इस वाक्य में "वस्वपरार्ध" (धनिष्ठोत्तरार्ध) से पंचक प्रारम्भ बतलाया है—.

वस्वपरार्धात्पंचकविघ्ये गेहस्य गोपनं नैव।
दक्षिणदिङ्मुखगमनं दाहः प्रेतस्य काष्ठसंग्रहणम्।।

"राजमार्तण्ड" के इस वाक्य में 'वस्वादि' (धनिष्ठादि) पांच पूरे नक्षत्रों को पंचक की संज्ञा दी गई है—

गृहार्थं तृणकाष्ठादि संग्रहादग्निभिः कृतिः।
रोगो दण्डोऽर्थहानिः स्याद्क्रमाद् वस्वादिपंचके।।

समस्या— मूल, आश्लेषा, विशाखा ज्येष्ठा नक्षत्रों में उत्पन्न वर या कन्या के श्वशुर, सास आदि के कल्याण के लिए क्या विवाह के समय भी गण्डान्त आदि की शान्ति करने का कोई विधान है ?

—श्री सुभाष शर्मा

समाधान— मूल, आश्लेषा आदि में उत्पन्न लड़का-लड़की अपने ससुर, सास आदि के लिए हानिकारक माने जाते हैं इसलिए अनेक स्थलों पर उनका विवाह सम्बन्ध होते-होते रुक जाता है। ध्यान रहे— इस विषय को इतनी गम्भीरता से लेना और 'मूलजा', या 'आश्लेषजा' लड़के या लड़की से सम्बन्ध करते हुए आतंकित हो उठना तर्कसंगत नहीं है। इन नक्षत्रों में जन्म का इतना घातक प्रभाव मानना ज्योतिष शास्त्र की दृष्टि से भी युक्ति संगत नहीं है। यदि सास और ससुर अथवा देवर, ज्येष्ठ आदि की अपनी कुण्डली में कोई घातक ग्रहस्थिति या मारकदशा आदि निकट

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

भविष्य में नहीं है, किंच उनकी आयु उनकी अपने ग्रहस्थिति की दृष्टि से अच्छी सिद्ध होती है, तो मूल या आश्लेषा आदि में उत्पन्न दामाद या पुत्रवधू से भयभीत होना अर्थहीन है। अपिच यदि दामाद या पुत्रवधू की कुण्डली में ससुर और सास के भाव (चतुर्थ और दशम) और इनके स्वामी बलवान्, शुभ भाव (स्थान) में शुभ मित्र ग्रह या ग्रहों से दृष्ट हों तो भी मूल और आश्लेषा में उत्पन्न दामाद या पुत्रवधू किसी भी प्रकार हानिकारक नहीं हो सकती। इस विषय में "जातकोत्तम" का वचन है—

मूल-सार्पोद्भवो दोषो न स्यान्मित्रादयो ग्रहाः।
उक्तस्थान स्थिताः सौम्यदृष्टा श्च बलिनो यदि।।

किंच— यदि दामाद या पुत्रवधू की कुण्डलियों में इस प्रकार की ग्रहस्थिति उपलब्ध न हो तो गण्डान्त शान्ति विवाह के समय से पहले करवाने का भी विधान शास्त्रों में मिलता है। "मुहूर्त्तचिन्तामणि" के नक्षत्र प्रकरण में 'पीयूषधारा' कार ने मूल, आश्लेषा, ज्येष्ठा, विशाखा में जन्म के दोष की शान्ति का विस्तृत विधान लिखा है। साथ ही यह भी निर्देश किया है कि सास ससुर के कल्याण के लिए विवाह से पूर्व विधानपूर्वक यह मूलादि शान्ति करवाई जा सकती है। इस शान्ति क्रिया के बाद मूल-आश्लेषादि में उत्पन्न दामाद या पुत्रवधू से सास-ससुर आदि को किसी प्रकार की हानि की आशंका नहीं करनी चाहिए। 'पीयूषधारा' का यह वाक्य है—

"एतच्च मूलाश्लेषाशान्तिकद्वयं विवाहे उपस्थिते श्वशुरस्य श्वश्र्वाश्च सत्त्वे मूलाश्लेषोत्पन्नयोरपि वधूवरयोः तत्तदनिष्टनिवृत्त्यर्थं विधेयम्। उपलक्षणत्वाच्च ज्येष्ठा-विशाखोत्पन्नयोः वधू-वरयोः ज्येष्ठबन्धु-कनिष्ठबन्धु-पीडाशान्तये च।

किंच विवाह लग्न के समय सूर्य बलवान् हो तो मूल में और शुक्र बलवान् हो तो आश्लेषा में दामाद एवं पुत्रवधू के जन्म का दोष समाप्त हो जाता है—ऐसा भी शास्त्र वचन है। फलित ज्योतिष में सूर्य को ससुर और शुक्र को सास का ग्रह माना जाता है।

समस्या (i)— 'मुहूर्त्त चिन्तामणि' में मघा और मूल के प्रथम चरण तथा रेवती के चतुर्थ चरण में विवाह का निषेध किया गया है। क्या बात है "मार्त्तण्ड पंचांग" में इसका उल्लंघन दिखाई देता है ?

(ii) अवम (तिथि क्षय) में भी विवाह निषिद्ध है, आपके पंचांग में अवम में भी विवाह मुहूर्त्त लगे रहते हैं। एतद्विषयक शंका निवृत्त कीजिए।

—श्री भगतराम नड्डा
सरडमरास
अर्कि. (शिमला)

समाधान (i)— चन्द्रमा बलवान् हो, लाभस्थ हो या शुभ ग्रह केन्द्रगत हो तो विवाह लग्न में गण्डान्त दोष नहीं होता— ऐसा शास्त्रवचन है—

तिथ्यादीनां सन्धिदोषं तथा गण्डान्तसंज्ञकम्।
हन्ति लाभगतश्चन्द्रः केन्द्रेगो वा शुभोग्रहः।।

मूल, मघा और रेवती (गण्डान्त नक्षत्रों) में विवाह लग्न लगाते समय हम इस परिहार वाक्य को दृष्टि में रखते हैं।

(ii) अवम के दोष को केन्द्रस्थ गुरु समाप्त कर देता है। इस विषय में वसिष्ठ का यह वाक्य है—

अवमाख्यं तिथेर्दोषं केन्द्रेगो देवपूजितः।
हन्ति तद्वत्पापचयं व्रतं द्वैवार्षिकं यथा।।

इस परिहार का भी हम ध्यान रखते हैं।

अपिच अवम दोष का परिहार किसी भी शुभ ग्रह की केन्द्र में स्थिति से भी माना गया है—

अब्दायनर्तुमासोत्थाः पक्षतिथ्यृक्ष सम्भवाः।
ते सर्वे नाशमायान्ति केन्द्र संस्थे शुभे ग्रहे।।

(कश्यप)

ग्रहयोग एवं दाम्पत्य जीवन

इस पुस्तक के लिए हमारेपास बहुत से ग्राहकों का एडवांस बहुत दिनों से आया हुआ है, जो हमारे पास दर्ज है। कई ग्राहकों के पते भी इस अवधि में बदल गए होंगे। ऐसे ग्राहक अपना नया पता मुझे नीचे लिखे पते पर अवश्य सूचित करें ताकि उन्हें ठीक पते पर पुस्तक भेजी जा सके। कागज और मुद्रण सम्बन्धी व्यय अत्यधिक बढ़ गए हैं, अतः अब इस पुस्तक का मूल्य १२५ रुपए रखा गया है। यह मूल्य नए ग्राहकों से लिया जाएगा। पुराने ग्राहकों से (जिनका एडवांस हमें प्राप्त हो चुका है) तो वही पूर्व निर्धारित मूल्य ही लिया जाएगा।

अब इस पुस्तक की अधिक प्रतियां मुद्रित की जा रही हैं। जो व्यक्ति इसकी प्रति चाहते हैं वे अपना नाम ग्राहक सूची में दर्ज करवाने के लिए मुझे पत्र दें। कृपया एडवांस अभी बिल्कुल मत भेजिए। पुस्तक प्रकाशित होते ही हम अपनी ग्राहक-सूची में दर्ज सभी ग्राहकों को पत्र द्वारा सूचित करेंगे।

इस पुस्तक के लिए पत्र व्यवहार इसी पते पर करें—

प्रो. प्रियव्रत शर्मा
कोठी नं. ५९ (अभिजित्)
सैक्टर-६
P.O. पंचकूला (हरियाणा)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

प्रसूति-लग्न विचार

मेष—जन्म समय मेष लग्न हो, तो माता का पूर्व या पश्चिम में सिर, उपसूतिका दो या तीन, प्रसव में माता को कष्ट अधिक, पाद से प्रसव, भूमि में घर के पूर्व भाग में जन्म हुआ, बालक जन्मोपरान्त दीर्घ शब्द से रोया। माता ने लाल एवं मीठा भोजन किया था। वस्त्र लाल मलिन। ४।११।१६।४४।५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप करवाना श्रेष्ठ है। इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

वृष—माता का दक्षिण में सिर, उपसूतिका ३ या ४, जन्मोपरान्त दो और आई, जन्मते ही बालक दीर्घ शब्द से रोया, गौरवर्ण, अधोमुख, पाद से प्रसव, घर के पूर्व हिस्से में सूतिका स्थान, श्वेत-स्वच्छ वस्त्र, जन्म से पहले माता ने शुष्क शाकादि भोजन किया, १।२८।३३।४४।६१ वर्षों में बालक कष्ट पावे। इन वर्षों के प्रारम्भ में महामृत्युञ्जय का जप और ब्राह्मण भोजन करवाना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मिथुन—माता का सिर पश्चिम में उपसूतिका ३ या ५, माता का हरा या जीर्ण वस्त्र, शिर से प्रसव, मुख ऊपर को, जन्मते ही दीर्घ शब्द किया, नाल छूटा था, घर के आग्नेय भाग में जन्म, माता ने पहले लवणयुक्त विचित्रान्न भोजन किया, दूध कम उतरे, ४।१०।१४।३८।५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन और मृत्युञ्जय का जप करवायें। यदि इन वर्षों से बचे तो ८६ वर्ष जीवे।

कर्क—माता का उत्तर में सिर, उपसूतिका ५ या ४, बालक जन्मते ही छींका, नाल छूटा, भूमि पर जन्म, घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान, माता के वस्त्र श्वेत व लाल, माता ने प्रसव के पहले मधुर व शीतल भोजन किया था, दीपक उठाया गया, बालक के वामांग में लहसन आदि का चिन्ह, देर से रोया, ५।२५।४०।५८।६२ इन वर्षों में बालक कष्ट पावे। इनसे बचे तो १०० वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों में प्रवेशसमय तुलादान, छायादान और मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जाप करवाना-कल्याणप्रद है।

सिंह—माता का पश्चिम या पूर्व में सिर, मलीन सा लाल वस्त्र, शुष्क कसैला या खट्टा भोजन किया था, जन्म समय स्त्री ३, पीछे से १ आई, दीपक स्थिर रहा, बालक जन्मते ही तुरन्त रोया, घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान, ५।१३।२८।३६।४८ इन वर्षों में बालक कष्ट पावे। इनसे बचे तो ६७ वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों के प्रवेश होते ही श्रीसूर्य नारायण के मन्त्र का जाप या आदित्यहृदय का पाठ और मीठा भोजन करावे तो कल्याण रहेगा।

कन्या—माता का दक्षिण में सिर, रक्त जीर्ण वस्त्र, मिष्टान्न बासी-चीज या बड़े आदि का भोजन, जन्म समय स्त्री ३ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक ने जन्मते ही अर्द्ध शब्द किया। घर के नैऋत कोण में सूतिका-स्थान, ४।१६।२३।३६।५५ वर्ष कष्टकारक हैं। यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

तुला—माता का सिर पश्चिम या पूर्व को, श्वेत जीर्ण वस्त्र, भुना हुआ अन्न, ठंडा जल या कोई मामूली चीज क्रोधपूर्वक खाई थी, जन्म समय स्त्री ३ या ६, वहां एक कन्या भी हो, दीपक उठाया गया, बालक जन्म समय कुछ ठहर कर अर्द्ध शब्द करके रोया, घर के पश्चिम भाग में सूतिका-स्थान, ८।१५।३१।३५।६२।६४ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में नवग्रह का दान, हवन, जप करवाना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ७५ वर्ष जीवे।

वृश्चिक—माता का दक्षिण या उत्तर में सिर, रक्त वा हरा वस्त्र, कष्ट अधिक अमधुर मामूली क्रोधपूर्वक भोजन, जन्म समय स्त्री २ या ३, पीछे से भी दो आई, दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया, छींक भी किया, दीर्घकेश, घर के पश्चिम भाग में प्रसवस्थान, ११।२८।३८।५२।६२ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में मृत्युञ्जय जप और तुलादान कराना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

धनु—माता का सिर पश्चिम या पूर्व को, पीत वा रक्त वस्त्र, पक्वान्नादि भोजन, जन्म समय स्त्री १ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर तत्काल दीर्घ शब्द से रोया, और छींक भी किया, घर के वायव्यकोण में सूतिकास्थान, २।१०।१८।३१।३८।४२।६७ इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन, महामृत्युञ्जय जप, ब्राह्मण भोजन श्रेष्ठ है, यदि इन वर्षों से बचे तो ८१ वर्ष जीवे।

मकर—माता का सिर दक्षिण में, ऊपर काला वा जीर्ण कमजोर वस्त्र, गुड़, दुग्ध, कसैला भोजन, ठण्डा जल पान किया था। जन्म समय स्त्रियां २, पीछे से १ आई, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर अर्द्ध शब्द से रोया और छींक भी किया, घर के उत्तर भाग में पुराना सूतिकास्थान, ५।१३।२७।३६।५७।६३।८७ इन कष्टकारक वर्षों से बचे, तो ९५ वर्ष जीवे।

कुम्भ—माता का सिर पश्चिम को, जीर्ण, धूम्रवर्ण वा कुरूप वस्त्र, मधुर शीत शाकादि कुभोजन, कष्ट अधिक, जन्म समय पास स्त्रियां ४, दो स्त्री पीछे से आईं। उनमें एक स्त्री गर्भिणी भी हो। दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर अर्द्ध शब्द से रोया, वामांग में कोई चिह्न भी हो, घर के उत्तर भाग में सूतिका-गृह, २।२८।३३।४८।६४ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप हितकारक है, इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मीन—माता का सिर उत्तर में, पीत या मलिन वस्त्र, विचित्र सा अल्प भोजन, जन्म समय स्त्री २ या ५, दीपक हाथ में उठाया व जलाया गया था, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया, घर के ईशान में सूतिका-स्थान, १।८।१३।३६।४८ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में ग्रह-शान्ति हवन मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जप कराना श्रेष्ठ है, यदि इन वर्षों से बचे तो ८३ वर्ष जीवे।

स्मरण रहे, कि अधिकांश जिस लग्न के लक्षण मिलें-वही बालक का जन्मलग्न जानना, क्योंकि यह साधारण लग्न के फल बलाबल के कारण सभी नहीं मिल सकते।

सुता जन्म सिंहराशि में, धन-मृग जन्मे बाल। अर्ध-शब्द शिशुकरत भयो भाषत बुद्धि रसाल॥

पितृपरोक्ष ज्ञान—(१) जन्म लग्न को चन्द्रमा न देखे, (२) बुध-शुक्र के मध्य में चन्द्रमा हो, (३) लग्न में शनैश्चर चन्द्रमा से अदृष्ट हो, (४) भौम सप्तम, चन्द्रमा लग्न को न देखता हो, इन चार योगों में से एक भी योग में उत्पन्न हुए बालक का पिता के परोक्ष में जन्म कहना।

जहां राहु शैय्या तहां भय जहां कुज होय। रविस्थान में दीप कही शनी लोह कही सोय?

जन्म कुण्डली में दिशा ज्ञान—प्रथम भाव पूर्व, द्वितीय, तृतीय—ईशान। चतुर्थ—उत्तर। पञ्चम, षष्ठ—वायव्य। सप्तम—पश्चिम। अष्टम, नवम—नैऋत। दशम—दक्षिण। एकादश तथा द्वादश भाव को आग्नेय समझना।

प्रसूति-स्थान से पाकशालादि विचार

जन्मकुण्डली में सूर्य मंगल जिस दिशा में हों, वहां अग्निस्थान (पाकगृह) जानना, इसी तरह चन्द्रमा से जलस्थान, बुध से भण्डार, गुरु से धनस्थान, शुक्र से देवस्थान और

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

शनि से अशुभ (मैला) स्थान जानना चाहिए। दोहा—लग्ननाथ जो केन्द्र में तीन दिशा को द्वार। या लग्नपै दिशि जानिए कहत बुद्धि आगार ॥ केन्द्र (१।४।७।१०) स्थान में एक से अधिक ग्रह हों तो उनमें जो बली (स्वराशिमित्रोच्च व मूल त्रिकोण राशि का) केन्द्र स्थान में स्वमित्र शुभ के नवांश में स्थित ग्रह हो उसकी दिशा में वा-लग्नपति की दिशा में सूतिकागृह का द्वार होता है। ग्रहों की दिशा—सूर्य की पूर्व, चन्द्र की वायव्य, भौम की दक्षिण, बुध की उत्तर, गुरु की ईशान, शुक्र की आग्नेय, शनैश्चर की पश्चिम, राहु केतु की नैऋत्त।

-चन्द्रात्तैल-ज्ञानम्—चन्द्रमा से दीप के तैल का ज्ञान होता है, जैसे रात्रि का जन्म है और जन्मकाल पर चन्द्रमा के कम अंश व्यतीत हुए हैं, तो दीपक में तेल ज्यादा कहना यदि चन्द्रमा आधी राशि भोग कर चुका हो, तो दीपक में आधा तेल कहना, यदि चन्द्रमा शीघ्र ही दूसरी राशि पर बदलने वाला हो तो बहुत ही कम तेल कहना। सो० तनुस्थान शशि जाई, वां शशि षष्ठे भवन में, शिशु जन्म तब आई, तब कहि दीपक तैल नहिं। सित शनिदशमे धाम, पंचम तनुपै चन्द्रमा, शिशु जन्मे तब वाम, दीपक तैल सों युक्त कहि।

लग्नाद्दीपवर्ति-ज्ञानम्—जन्म लग्न के कम अंश हो तो बड़ी बत्ती कहना, अधिक अंश हों तो छोटी कहें।

चन्द्रलग्नांतर्गतैर्ग्रहैः स्युरुपसूतिकाः—यदि लग्न की निर्बलता के कारण लग्न फलानुसारउपसूतिका का पूरा पता न लगे तो जन्मकाल में लग्न से चन्द्र पर्यन्त जितने ग्रह उतनी ही उपसूतिका कहना। परन्तु जब कोई ग्रह चन्द्रमा के साथ हो तो उसके अंश देखें। यदि उसके अंश चन्द्रमा से कम हों, तो उसकी गणना करें अन्यथा उसे नहीं जोड़ें। इस प्रकार जो ग्रह लग्न में हों और उसके अंश लग्न से अधिक हों तब ही उसकी संख्या जोड़ें अन्यथा नहीं जोड़ें। लग्नचन्द्रांतर्गत कोई ग्रह वक्री या उच्च का हो तो तीन गुणा करना और स्वराशि स्वनवमांश स्वद्रेष्काण में हो तो द्विगुण करना, इसी प्रकार जितने ग्रह नीचे राशि के अस्त के होवें उनका आधा करके उपसूतिकाओं में जोड़ने से ठीक उपसूतिका स्त्रियों की संख्या का ज्ञान होगा। इस में भी विशेष यह ध्यान में रखने योग्य है कि वह लग्न चन्द्रांतर्गत ग्रहलग्न के भोग्यांश से सप्तम भाव पर्यन्त होवे तो सूतिका ग्रह से बाहर समीप में, और सप्तम भाव से लग्न के भुक्तांश पर्यन्त हों तो सूतिका के समीप में अन्दर जानना। उन ग्रहों में जो शुभ-ग्रह हों वहां धर्मशील सौभाग्यवती स्त्रियां कहना, अशुभ ग्रहों में विधवा व दुश्चरित्रा कहें।

शय्या—शिर व पाद विचार

लग्नदिशि शय्या शिरस्त्रिषड्क्रान्त्येषु पादाः। लग्न की दिशा की तरफ पलंग का सिरहाना कहना, अर्थात् १।२ लग्न में पूर्व, ३ में अग्निकोण, ४।५ में दक्षिण, ६ में नैऋत्य, ७।८ में पश्चिम, ९ में वायव्यकोण, १०।११ में उत्तर और १२ लग्न में ईशानकोण की तरफ जानना। तीसरा, छठा, नौवां, बारहवां स्थान पाये जानना। इन स्थानों में से जिस स्थान में पाप ग्रह युक्त हो वहां सूतिका के पलंग का पावा फटा टूटा समझना।

दो०—मीन-मिथुन-सिंह-तुला, मेष होय तत्काल। अन्तरिक्ष भयो बालक, शेषे भूमि विशाल॥

अथ बिल्वज्ञानम्—दोहा षट्त्रिकोण वा लग्न रवि बुध भाषे धरि ध्यान। वामें कुछ लहसन अहै गर्गवचन परमाण॥ भानु तथा सौरी तनधन कुज कण्टक चन्द। बालक के षट् अंगुली भाषत कविकुलवृन्द। तनु स्थान में शुक्र हो अष्टम जावे राह। वाम कर्ण वा मस्तके अथवा चिह्न दरशाह॥ सुहृद भाव में कवि तम भौम वा सौरी लग्न। वाम पाद के चिह्न को भाषत ज्योतिषमग्न॥ नौमें पांचे भृगु बसे तनु, छा चौथे मन्द। मृत्यु जावे बुध गुरु उदरे चिह्न भणंद।

प्रसवकष्ट दूर—प्रसवकाल में पहले शुक्लपक्ष की चतुर्दशी को प्रातः सूर्योदय से पहले सहदेवी या अपामार्ग (पुठकंडा) की जड़ लाकर घृतयुक्त गुग्गुल की धूनि देकर कटि में बांधे और साथ ही "ओंमुक्ताः आशा विपाशाश्च मुक्ताः सूर्येण रश्मयः। मुक्ताः सर्वभयाद् गर्भमेहि माचिर माचिर स्वाहा॥" इस मंत्र से सात बार शुद्ध जल अभिमन्त्रित करके गर्भिणी स्त्री को पिलावे तो सुख से शीघ्र प्रसव होगा। अगर तीस का यन्त्र भी अनार की कलम से कांसे की थाली में लिख धोकर पिला देवें तो गर्भिणी को कोई भय न होवे, बच्चा बिना कष्ट पैदा होवे। स्मरण रहे कि पहले उपरोक्त मन्त्र तथा तन्त्र ग्रहण के समय या दीपमाला की रात्रि को मन्त्र का जाप करके तथा यन्त्र को लिखकर चलता कर लेवें, तब कष्ट को मिटाता है।

बालक के लिए अरिष्ट

दो०-सूनाष्टमतनु पाप खग, बरहै शशी जो खीन। कण्टक शुभ लगना असै, बेगि ताहि यमलीन। बसै चन्द्रा द्वादसै अष्ट भवन २ पाप। एक मास में शिशु मरे मातु पिता संताप॥ लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्म समय जो पाप। एक मास में शिशु मरे मातु पिता संताप। लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्म समय जो पाव। बालक दशवासर जिये कहत बुद्धि गुण भाव॥

अथ काणयोग—तनु धन व्ययपतियुक्त भृगु आई बसे त्रिकुधाम। वा शशि धन कवि पाप युत, ताहि नेत्र बेकाम। सार्कशुक्र तनुनाययुत भवन बसै त्रिक जाय। जन्म अन्ध यह योग है भाषत बुध समुदाय॥ तात मात भ्राता तनय मातुल त्रियुधर नाथ॥ चन्द्र भौम जो द्वादशे वाम नैन की हान॥ भानु राहु दहनो नयन, बुधजन कहत बखान॥

मूकयोग—पञ्चमेश गुरु युक्त त्रिक मूक बाल तब होय। जौन भौमपतियुक्त गुरु त्रिकहि मूक कहि सोय॥ शुक्र त्रिके गुरुसिंह अज, दशम भानु कुज वास। मूक होय संशय नहीं बुधजन करत प्रकाश।

दुःखदयोग—रिपु मृत्यु द्वादश गेह में पाप युक्त लग्नेश। जन्म समय जाके परे ताको अंग कलेश॥ पाप युक्त तनु भवन में रिपु मृ पुर के ईश। यथा जोग जाके परे तनु मुख विश्वाबीस॥ पापग्रहयुत लग्नपति परै लग्न में आय। वीर्यहीन नर होय तो अधिक व्याधि दुखदाय॥

बन्धनयोग—क्रूर रहै धन नवम व्यय, और पञ्चम आगार। सो नर सूर कसूर फरि निवसै कारागार॥

सर्पवेष्टितयोग—यदि अष्टमेश लग्न में राहु सहित हो तो बालक सर्पवेष्टित अर्थात् सर्प जैसे नाल से वेष्टित होता है।

यमल जन्मयोग—चतुष्पद राशि (मेष, वृष, सिंह, मकर का पूर्वार्द्ध और धन के उत्तरार्द्ध) का सूर्य होवे, शेष ग्रह बलवान् होकर द्विस्वभावराशि के लग्न में स्थित हों तो यमल अर्थात् दो बच्चों का इकट्ठा जन्म कहना। अथवा आधान लग्न (गर्भ वाले दिन का लग्न) का स्वामी लग्न में हो तो यमल का जन्म होता है।

माता बच्चे को त्याग दे—शनि मंगल से ५।७।९ स्थान में चन्द्रमा हो तो माता बालक को त्याग दे, यदि गुरु देखता हो तो त्याग देने पर भी दीर्घायु हो।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

मृत्यु-समय-विचार—जिन अरिष्ट योगों में मरण काल नहीं कहा गया, उन अरिष्ट योगकारक ग्रहों में जो ग्रह बली हों, वह जन्मकाल में जिस राशि में स्थित हो उस राशि में जब चन्द्रमा आता है तब कहना। अथवा—जन्मकाल में जिस राशि में चन्द्रमा स्थित हो जब फिर उसी राशि में चन्द्रमा आता है, तब मरण कहना। अथवा चन्द्रमा जब लग्न राशि में आता है, तब मरण कहना। अथवा, वर्ष के भीतर जब जिस योग युक्त स्थान में जाकर चन्द्रमा बली हो और पापग्रहों द्वारा देखा जाता हो, तब मरण कहना चाहिए। किन्तु जब तक आयु का विचार न हो सके तब तक अन्य विचार करना निरर्थक है, इस वास्ते आयु का प्रथम विचार कर फिर मृत्यु कहे।

सुखदयोग:—अंगधीश निज लग्न में बुध गुरु कवि के संग। या केन्द्र गृह २ परे तो जानो सुख संग ॥ जन्मलग्न में उच्च ग्रह जो काह के होय। मित्र दृष्टि ता पर परे सर्व सुखी नर होय ॥

क्लीब (नपुंसक) योग:—दशम भवन भृगु मन्द दोउ क्लीब योग तब जान। शुक्र भवन ते रिपफ पट बसे दिवस भानु ॥

कुष्ठयोग:—लग्नप बुध कुज शशि युते राहु युक्त या केतु। श्वेत कुष्ठ को योग यह वरणत गुणी सचेतु ॥ भौम भास्कर मन्दयुत रक्तकृष्ण कह कुष्ठ। लग्नाधिप रविसाथ त्रिक तापगण्ड अति रुष्ट ॥ जलगंडयुत चन्द जो ग्रन्थिगंड कुज साथ। पित्त रोग तब जानियो बुध त्रिकयुत तनु नाथ ॥ आमरोग गुरुयुक्त त्रिक क्षयी रोग भगसून। यमतम शिखि वा युक्त त्रिक, दिन प्रति रुजि कहि दून।

केमद्रुम:—आगे पीछे चन्द्र के जो न परें ग्रह कोय। केमद्रम यह योग है सब धन डारे खोय ॥ उच्च चन्द्र शुभयुक्त दृग केन्द्रधाम में होय। तब केमद्रुम शुभ कहे दोष न मानो कोय ॥

स्त्रीजातक

क्रूरलग्नयुक्त क्रूर जो, स्वामी दृष्टि नहीं होय। सो कन्या कुल गरल है, भूलि न ब्याहेउ कोय ॥ जाके कुज दशमे बसै ऋणी होय पति तासु। लग्न राहु शनि सातवें पति जीवे नहीं जासु। क्रूर युक्त लग्नेश जो पापग्रहों के बीच। सो कन्या व्याभिचारिणी बुधवर कहै कुज नीच। राहु शुक्र जो लग्न में कन्या को पति और। पाप दृष्टि शनि सातवें कन्या वास कुठौर। लग्न बीच शनि कुज तमसि निर्धन स्वेच्छाचारि। सप्तम कुज राण्ड कहे पति को तजे तमारि ॥ छठे आठवें चन्द्र जो क्रूर पर निज अङ्ग। भौम आठवें भवन में सो पति करै है भंग ॥ राहु सातवें लग्न कुज कंटक शुभ सो हीन ताको पति जीवित रहे वर्ष दोय या तीन ॥ द्वादशाष्ट कुज क्रूरयुत राहु बसै त्रिकधाम। राण्ड होय कुछ दिवस में कहत गणक गुणग्राम ॥ पाप ग्रहों के बीच में लग्न होय वा चन्द। सो त्रिय नाशे कुल दुवो भाषत कविकुल वृन्द ॥ सप्तम भृगु जाके बसै सो कुल दोषी नारि। रूपवती तनु भृगु बसै बुधजन कहत विचारि ॥

वैधव्य विषकन्यायोग:—चौ० रविवार द्वितीया जो होय। श्लेषा ताहि दिन में जोय ॥१॥ कृतिका होय शनिश्चर वार ॥ साते तिथि का करो विचार ॥२॥ होय शतभिषा मंगलवार। कहो द्वादशी तिथि निर्धार ॥३॥ इन योगन में कन्या होय। निश्चय विधवा जाने सोय ॥४॥ जन्मलग्न है शुभग्रह होय। एक पापग्रह नभ १० में जोय ॥५॥ अस्त क्षेत्र में है ग्रह मानो। ता कन्या को विधवा जानो ॥६॥ अश्लेषा द्वितीया को होग ॥ मन्दवार गुन लीजो जोय ॥७॥ परे शतभिषा मंगलवार। साते तिथि लीजो निर्धार ॥८॥ रविवार द्वादशी जो होय। नक्षत्र विशाखा जानो होय ॥९॥ ऐसो योग लखी जो परे। तो कन्या को विधवा करे ॥१०॥ दो०—सदन में भूमिसुत जन्म सदन शनि जान। सूर्य होत सुत सदन में कन्या विधवा मान ॥११॥

वैधव्य विषकन्याभंगयोग:—जन्मलग्न वा चन्द्र ते शुभग्रह सप्तग होग। अथवा सप्तम लग्नपति सुभगा कन्या होय ॥

काकवन्ध्यादियोग:—जे अष्टमे काकवन्ध्या। मन्दाकुविष्टमे वन्धया। अष्टमे जीवे वा शुक्रे नष्टगर्भा वा मृतापत्या ॥

स्त्रीणां राजयोग:—चौपाई-केन्द्रधात नभगा शुभ होई। नरतनु पाय कलत्र समोई। रानी होय बहुत धन ताके। मन प्रसन्न होई है सुत वाके—चन्द्रज तुग बसे तनु जाई। लाभ धन गुरु आवे धाई ॥ सो तिय होय नृपति की नारी। जन विख्यात होय सुकुमारी ॥ जो षट्वर्ग शुद्ध गुरु होई। शशि दृग केन्द्र भवन में होई ॥ ऐसे योग जन्म सुकुमारी ॥ रानी होय सदन धनभारी ॥ दोहा.....कर्क चन्द्रमा सातवें जीव दृष्टि परिपूर। पुत्र पौत्र धन भूरि युत ताको पति नृप शूर ॥ लाभ भवन सित चन्द्र जो सोमज सप्तम भौम। सुरगुर परिपूर्ण लखे रानी होई है तौन ॥

स्त्रीणां पुत्रभावविचार:—पञ्चमे शुभदृष्टे च पञ्चमाधिपतावपि। केन्द्रकोणे तदा नारी बहुपुत्रवती भवेत् ॥

अशुभ प्रसव मास—कार्तिक में स्त्री, भाद्रपद में गौ, मार्गशीर्ष में हथिनी, श्रावण में गधी वा घोड़ी, माघ में भैंस, ज्येष्ठ में बिल्ली, वैशाख में ऊंटनी, पौष में बकरी, चैत में कुत्तिया के बच्चे जन्में तो ६ मास में पिता वा घर वाले की मृत्यु अथवा महाभय होता है। माघ में बुधवार को भैंस, श्रावण में दिन में घोड़ी प्रसूति हो तो महाभय शीघ्र होवे। स्मरण रहे, कि यहां सर्वत्र सौरमास का ग्रहण है, प्रसूता गौ आदि का तत्क्षण दानकर व्याहृति मन्त्रों से घृतक्त श्वेत सरसों का हवन करे, बच्चा जन्मे तो कार्तिक शान्ति करने से शुभ है।

त्रिखलजन्म फल—यदि तीन कन्याओं के पश्चात् पुत्रोत्पति हो अथवा तीन पुत्रों के पश्चात् कन्या का जन्म हों तो त्रिखल नामक दोष के कारण कन्या माता को, लड़का पिता को भय, धनहानि आदि कष्ट होते हैं, कृपणता छोड़ कर त्रिखल शांति करे तो शुभ होता है। तीन अन्न, तीन वस्त्र, तीन धातु (चांदी, सोना, तांबा) दान करे।

बालक की दन्तोत्पत्ति का फल

बालक के जन्मते ही दांत निकले हों तो माता-पिता, को अरिष्ट, ऊपर की पंक्ति में दांत से युक्त जन्मे तो अधिक अरिष्ट। प्रथम ऊपर की पंक्ति में दांत निकले तो मातृपक्ष को भय हो, मामा शान्ति करे। एक मास में दांत निकले तो शरीर नष्ट, द्वितीय में छोटा भ्राता नष्ट, तृतीय में भगिनी नष्ट, चतुर्थ में भाई नष्ट, पांचवें में ज्येष्ठ बन्धु नष्ट, छठे में बहुभोग, ७वें में पितृसुख, ८वें में पुष्टि, ९ में धनी, १० में सुख, ११वें में सुख, १२वें में धनी।

अर्धैकनक्षत्रजनन-फलम्:—वृद्धगर्ग कहते हैं कि यदि भ्राताओं वा पिता पुत्र भ्राता वा कन्या का एक नक्षत्र हो तो दोनों की अथवा एक की अवश्य मृत्यु होती है। स्वर्णदान से कल्याण होता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

जन्म-कुण्डली से विशेष विचार

लघु-भ्राता का जन्म समय जानना—(१) जन्मलग्न स्पष्ट में दशम भाव का स्पष्ट जो जोड़ें राशि हो उस पर जब गोचर में गुरु ग्रह आवे तो भाई या बहन का जन्म होता है।

(२) तृतीयेश तृतीयस्थग्रह तृतीयस्थ राशि की दशा में छोटे भ्राता का जन्म होता है यदि भ्रातृ-प्रतिबन्धक योग न हो तो।

भ्राता के कष्ट (खतरे) का समय जानना—(१) जन्मलग्न के स्पष्ट में से तृतीयेश के स्पष्ट को घटावें, शेष राश्यादि का जो नक्षत्र हो उस नक्षत्र पर जब गोचर में शनि आता है तब भाई या बहन को कष्ट होता है।

(३) लग्नेश स्पष्ट में से तृतीयेश स्पष्ट घटावे, शेष में दशमेश स्पष्ट और मंगल-स्पष्ट घटावें—(यथा)—ल० तृ० शे०। शेष राशि में से जब गोचर का शनि आता है तब भ्रातृ कष्ट होता है।

(४) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश, भौम इन चारों स्पष्टों को जोड़ कर जो राश्यादि हो उसके नवांश राशि में जब गोचरस्थ शनि होता है उस काल में भ्रातृ-कष्ट होता है।

(५) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश और भौम को जोड़कर जो राश्यादि हो उसके द्रेष्काण राशि में जब गोचर का गुरु होता है, तब भ्रातृ कष्ट जानिये।

माता की मृत्यु का समय जानना—(१) जन्म के सूर्य स्पष्ट में से चन्द्रस्पष्ट को घटावे तो शेष के उस राशि में या त्रिकोण राशि में या उस शेष राशि के नवांश राशि में जब गोचर का शनि वा गुरु होगा तब माता की मृत्यु का समय जानना।

अथ कन्याजन्मनि मूलचक्रम्

शीर्षे	मुखे	कण्ठे	हृदये	बाह्वो	हस्तो	गुह्ये	जंघा	जान्वो	पादे	स्थानम्
४	६	५	५	५	४	६	४	४	१०	घटी
पशु ना	धन ना	धन ला	कुटिला	धनला.	दयावती	कामिनी	मातृना.	भ्रातृना.	बंधव्य	फलम्

कन्याजन्मनि नक्षत्रफलम्

जन्म नक्षत्र फलम्	मूल (१।२।३च.) श्वसुरहानि	आश्लेषा (२।३।४च.) सास नाश	ज्येष्ठा ज्येष्ठ नाश	विशाखा (४च) देवर नाश

सुतः सुता वा नियतं श्वसुरं हन्ति मूलजः। तदन्त्यपादजो नैव तथा श्लेषाद्यपादजः।

त्रिथिगण्डान्त—पूर्णा तिथियों के अन्त की ७ घड़ी, नन्दा तिथियों की शुरू की दो-दो घड़ी तिथि गण्डान्त होता है। यह गण्डान्त जन्म यात्रा विवाह में भयप्रद होता है।

अथ गण्डमूल नक्षत्राणि

अश्विनी	आश्लेषा	मघा	ज्येष्ठा	मूल	रेवती

उपरोक्त ये ६ नक्षत्र गण्डमूल कहलाते हैं, इन नक्षत्रों में उत्पन्न होने वाला बालक भ्राता, पिता, कुल और अपने शरीर का नाश करने वाला होता है। यदि अपना शरीर नष्ट होने से बच जाए, तो धन तथा घोड़ों का स्वामी होता है।

गण्डमूल में उत्पन्न पुत्र के ६ मास अथवा २७ दिन तक पिता को दर्शन नहीं करने चाहिए, तत्पश्चात् शान्ति करके विधि से मुख देखना कल्याणप्रद है।

मूल और आश्लेषा नक्षत्र के चरण जन्मफल

मूल पाद फल		आश्लेषा पाद फल	
चरण	फल	चरण	फल
१	पितृनाश	४	पितृनाश
२	मातृनाश	३	मातृनाश
३	धननाश	२	धननाश
४	शान्ति से सुख	१	शान्ति से सुख

मूलजनने वृक्षविभाग फलम्

मूल	स्तम्भ	त्वचा	शाखा	पत्र	पुष्पे	फलम्	शिखा	विभाग
७	८	१०	११	१२	५	४	३	घटी
मूल नाश	वंश नाश	मातृ क्लेश	मातुल नाश	मन्त्री पदम्	मन्त्री पदम्	विपुल लाभ	अल्प जीव	फल

अथ मूलपुरुष चक्रम्

मूर्ध्नि	मुख	स्कन्धे	बाह्वो.	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुह्ये	जान्वो	पाद	स्थान
५	७	४	८	४	६	२	१०	६	६	घटी
राजा	पि. मु.	बली	बली	दानी	मन्त्री	ज्ञानी	कामी	मतिमा,	मतिमा,	फलम्

अथ मूलनिवासचक्रम्

जन्ममासानुसारेण	वै. ज्ये. मार्ग. फा.	चैत्र, श्रा. का. पौ.	आषा. आ. माघ. भा.
जन्मलग्नानुसारेण	२।५।८।११	३।६।९।१२	१।४।७।१०
मूलनिवासस्थानम्	पाताले	भूमौ	स्वर्गे
फलम्	शुभम्	कुलनाशः	शुभम्

मूल का निवास मास व लग्नानुसार दोनों प्रकार से भूमि पर आवे तो महाभयप्रद होता है एक प्रकार से स्वल्पभय होता है। तृतीया, दशमी, षष्ठी शनिभौमसमन्विता। शुक्ला चतुर्दशी मूले जातः संहरते कुलम्॥ यत्र गण्डे क्रूरयुते महादोषकरो भवेत्। शुभग्रहसमायोगे ईषच्छुभकरं भवेत्॥ दिनक्षये व्यतीपाते व्याघाते विष्टिवैधृती। शूले गंडातिगंडे च परिघे यमघण्टके॥ ब्रह्मदण्डे मृत्युयोगे प्राप्ते गंडदिने शिशुः। जातो हन्ति कुलं सर्वं तस्मात् कुर्वीत शान्तिकम्॥

यथा सर्पविषश्चैव मन्त्रश्रवणाद्विनीयते। तथैव गंडदोषोऽपि विधानेन विलीयते॥ रत्नैः शतपलैर्मत्तैः सप्तमृद्भिः प्रपूर्यते। शतच्छिद्रं घटं तस्मान्निःसृतेन जलेन हि॥ बालकस्यापि मस्तकाने विधेः सप्तादिने सति। अतीतमप्रदानेन कृत स्नानार्जनं ध्रुवम्॥ विरुद्धाश्रये मूले विधिरेव स्मृतो बुधैः। मुनीनां वचनं सत्यं मन्तव्य होममीप्सुभिः॥

अथाभुक्तमूलविचारः—ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्तिम चार घटी, किसी के मत से एक घटी एवं मूल नक्षत्र आदि की चार घटी विशेष आधी, अभुक्तमूल कहलाता है। इस

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

समय में जो बच्चा जन्म ले उसका परित्याग करदे या आठ वर्ष, असमर्थ हो तो ६ मास अथवा २७ दिन तक पिता मुख न देखे। धनगंडे दरिद्रोऽपि शान्तिं कुर्यात्स्वशक्तितः। अन्यथा नाशमाप्नोति चाभुक्तर्क्षे विशेषतः॥

गण्डमूलात्पन्न बालक का जन्मकाल फल

दिन में	रात्रि में	सन्ध्या	प्रातः	समय
मू० ज्ये० पिता को भय	मू० श्ले० माता को भय	रे० अश्वि० शरीर भय	पशु हानि	फल

अथ पुरुष जन्मकुण्डल्यां भावस्थ-ग्रह-फलानि

भावः	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु १	सिरअगपीड़ा	कान्तिसुख	रक्तकोप	सुखी	विद्वान्	सुखी	दुःखी	रोगी	सकाम
धन २	धननाश	सम्पत्तिवान्	ऋणी	धनी गुणी	धनागम	धनी	धनहानि	निर्धन	खल
सहज ३	नीरोगी	कीर्तिमान्	विक्रमी	अरिमर्दन	पापी	पापी	पराक्रमी	विक्रमी	शूर
सुहृत् ४	दुःखी	सुखभोगी	दुःखी	सुखी	सुखी	सुखी	दुःखी	मातृहा	दुःखी
सुत ५	सुतहानि	धनी पुत्रवान्	पुत्रहीन	अल्पपुत्र	प्रतापी	धीमान	पुत्रहीन	कुमति	मूर्ख
शत्रु ६	शत्रुनाश	अल्पायु	शत्रुनाश	रोगी	कामी	रोगी	शत्रुजित्	सबल	सबल
स्त्री ७	स्त्रीदुष्टा	सुभार्यावान्	स्त्रीनाश	धर्मज्ञ	सुभार्या	कामी	स्त्रीकुलटा	स्त्रीरोगी	स्त्रीहा
मृत्यु ८	अल्पायु	योगी	शरीरपी	गुणी	नीचस्व	नीच	नेत्ररोगी	रोगी	बलयुक्त
धर्म ९	दुष्टमति	धर्मात्मा	पापरत	सुखी	धार्मिक	तपस्वी	दुष्टबुद्धि	दैन्ययुक्त	पापी
कर्म १०	शर	तेजयुत	तेजस्वी	कीर्तिमान्	संपत्तिमान्	संपत्ति	पराक्रमी	मानी	पितृहानि
लाभ ११	धनी	धनी	धनी	धनी	सुलाभ	सुमति	धनवान	सुख्यात	धनी
व्यय १२	दुष्टस्वभाव	कामी	पतितदारहदरिद्री		खल	रोगी	दुःखी	पतित	दुर्जन

अथ स्त्रीजन्मकुण्डल्यां भावस्थग्रहफलानि

भावः	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु १	क्रोधिनी	गतायुः	विधवा	सौभाग्या	सती	समुखा	वन्ध्या	पुत्रहीना	दुःखिनी
धन २	दरिद्रा	बहुधन	वन्ध्या	धनाढ्या	धनाढ्या	सुभगा	दुःखिनी	दरिद्रा	दुःखार्त्ता
सहज ३	सुसुता	सुखिनी	विसहजा	पुत्रवती	सुसहजा	धनाढ्या	सुदक्षा	सवित्ता	रोगिणी
सुहृत् ४	सपीड़ा	दुर्भगा	दुःखार्त्ता	सुगृहा	सुखिनी	सुखिनी	हृद्रोगा	रोगार्त्ता	मातृहा
सुत ५	विपुत्रा	समुखा	विपुत्रा	धीकीर्तियुक्ता	सगुणा	पुत्रवती	विपुत्रा	विपुत्रा	अपुत्रा
शत्रु ६	सुखिनी	सरोगा	अरोगा	सकोपा	सागदा	दरिद्रा	गुणज्ञा	सधना	धनयुता
पति ७	दुःखार्ता	पतिप्रिया	विधवा	पतिव्रता	कीर्तियुता	पतिप्रिया	विधवा	दुःखिता	विधवा
मृत्यु ८	विधवा	रोगिणी	विधर्मा	कृतघ्ना	सरोगा	विसुखा	दुःखिनी	विधवा	दुःखिनी
धर्म ९	धर्मज्ञा	सुखिनी	दुःखिनी	सुभोगा	पुत्राढ्या	धर्मरता	वन्ध्या	वन्ध्या	शोकयुक्त
कर्म १०	सुकर्मा	धर्मज्ञा	कुपुत्रा	सत्कर्मा	साध्वी	सधना	पापिनी	दुष्कर्मा	पापिनी
लाभ ११	सधना	गुणज्ञा	सलाभा	पतिव्रता	सुपुत्रा	सुपुत्रा	सुलाभा	नीरोगा	सुभगा
व्यय १२	क्रोधिनी	हीनांगी	खला	कृशांगी	सुव्यया	सुव्यया	मूढ़ा	दुष्टा	रोगिणी

अश्विनीजातस्य फलम्—अश्विनी नक्षत्र के प्रथम चरण में जन्म हो तो पिता को भय, द्वितीय में सुखैश्वर्य, तृतीय में मन्त्री तुल्य, चतुर्थ में नृपति समान होता है।

मघाफलम्—मघा के प्रथम चरण में जन्म हो तो माता या मातृपक्ष को हानि, दूसरे में पिता को भय, तीसरे में सुख, चतुर्थ चरण में धन विद्या लाभ होवे।

ज्येष्ठापाद फलम्—प्रथम चरण में बड़े भाई को नेष्ट, द्वितीय में छोटे का नाश, तृतीय में माता का नाश, चतुर्थ में अपने बाप का नाश होता है। ज्येष्ठांघ्रिपादजो ज्येष्ठं हन्ति बालो न बालिका। न बालिका तु मूलक्षं मातरं पितरं तथा।

रेवतीपाद फलम्—रेवती के प्रथम चरण में जन्म हो तो नृप समान दूसरे में मन्त्री या मुख्तार, तीसरे में सुख सम्पत्तियुक्त, चतुर्थ चरण में अनेक कष्ट हों।

अथ मातृसुखनाश योगाः—(१) पापग्रह युक्त चन्द्रमा सातवें भाव में होवे, (२) चन्द्रमा से सातवें पापयुक्त शुक्र होवे, (३) पाप ग्रहों के बीच चन्द्रमा हो अथवा चन्द्रमा से चौथे सातवें पापग्रह हों, (४) तीसरे अथवा सातवें स्थान में सूर्य होवे और लग्न में मंगल होवे, (५) चौथे भाव में शनि पापग्रहों से ही दृष्ट हो, इन पांचों में से एक भी योग मिले तो माता को भय हो, जप दान करना चाहिए।

पितृनाश योगाः—(१) सूर्य मंगल दशवें वा नवमे गये हो (२) दशमेश रवि मंगल से युक्त हो, (३) शत्रु राशि का मंगल १०वें हो, (४) पापग्रह से युक्त सूर्य सातवें हो, इन चार योगों में से एक भी योग हो तो पिता को भय हो।

भ्रातृनाश योगाः—भ्रातृ ग्रह को ईक्ष जो भौम संयुक्तिक होय। जाके ऐसे योग है भ्रातृहीन नर होय॥

सन्तानसुख नाशयोगाः—गुरु ते पञ्चम गेह पति, जाय परे त्रिक भाव। ऐसा यो जो लखि परे, ताके पुत्र अभाव। पुत्र धर्म अरु लग्नपति जाय परे, त्रिक धान। जन्म समय या योग ते सदा पुत्र की हान।

रोगिणी स्त्रीयोगाः—शुक्र और सूर्य सप्तम, पंचम और नवम में हों तो उसकी स्त्री प्रायः रोगयुक्त रहती है।

नीचयोगा:—सहज सप्तम धन सदन में क्रूर बसे खग आई। भवन पांचवें गुरु बसै नीच जाति मनसाई॥ सिंह लग्न जन्मे शिशु सप्तम शनि विकराल। म्लेच्छ होय कुछ दिवस में यदपि ब्रह्म को बाल। जिनके बुध भृग राह संग सप्तम भाव विराज। लहे सर्वदा राजसुख होवे वेश्याबाज।

जारज योगाः—भानुचन्द्रतनु ना लखैं लग्नप लखैं न लग्न। सो शिशु है परपुरुष को भाषत ज्योतिषमग्न॥ रवि कुज गुरु तिथि अष्टमी चौथ चतुर्दशी सार। तीन उत्तर जन्म में तब शिशु कहो परार॥

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

गोचर-ग्रहाणां द्वादशभाव-फल बोध-चक्रम्

ग्रह.	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
सूर्य:	स्थानना.	भय	श्री:	मानभग	दैन्य	विजय:	मार्ग:	पीड़ा	सुकृना.	सिद्धि:	धनलाभ	द्रव्यना.
चन्द्र:	अन्नला:	धननाश	सुख	रोग:	कार्यनाश	धनला.	स्त्रीला.	रोग:	धर्मला.	सौख्य	धनलाभ	धनना.
भौम:	शत्रुभी:	धननाश	धनलाभ	शत्रुभी:	धननाश	धनला.	द्रव्यना.	शत्रुभी.	शत्रुभी.	शोक:	धनलाभ	धनना.
बुध:	बन्धनं	धनलाभ	शत्रुभी.	पशुलाभ	-सुखं	स्थानला	पीड़ा	धनला.	पीड़ा	सौख्यं	धनलाभ	धनना.
गुरु:	भयं	धनलाभ	क्लेश	धननाश:	सुखं	शोक:	राजमान	पीड़ा	सौख्य	दैन्य	धनलाभ	पीड़ा
शुक्र:	शत्रुना.	धनलाभ	सौख्यं	धनलाभ	पुत्रलाभ	शत्रुभी.	शोक;	धनला.	वस्त्रला.	दुःख	धनलाभ	धनला.
शनि:	भयं	धननाश	ऐश्वर्यं	शत्रुभी:	पुत्रनाश:	धनला.	दोष:	पीड़ा	धर्मना.	दौर्मन:	धनलाभ	धनना.
राहु:	हानि:	धननाश	धनलाभ	वैर	शोक:	श्री:	कलह:	मृत्यु	दुःख	वैर	सुखं	शोक:
केतु:	रोग:	वैर	सुखं	भयं	सुखं	धनला.	कलह:	रोग:	पाप	शोक:	कीर्ति:	शत्रुभी.

९-१० अप्रै. सन् १९७० को अमेरिका के ओक्लाहोमा विश्वविद्यालय में Astro-physics की एक बृहत्सभा में श्री शक्तिधर शर्मा ने "Modern Astronomical Approach to the Religious Calendar of Hindus" पर सारगर्भित भाषण दिया, जिसमें उन्होंने वैदिक तथा ब्राह्मण ग्रन्थ कालिक नक्षत्र स्थिति तथा तत्कालीन पंचांग का विवरण उपस्थित किया। भारतीय ज्यौतिष के उद्गम और विकास का विवरण देते हुए उन्होंने भारतीय पंचांग की Mayan और Red-Indian Calendars से तुलना की; कम्बोडिया, जावा, सुमात्रा आदि देश देशान्तरों के पंचांगों तथा भारतीय पंचांगों (उपलब्ध होने वाले आश्चर्य जनक सादृश्य का उद्घाटन किया, बेबीलोनियन तथा भारतीय पंचांगों) में मूलभूत अन्तरों पर भी प्रकाश डाला। भारतीय कुछ पंचांगों में गणित की भिन्नता आदि से उत्पन्न अधिक मास तथा संवत् संबन्धी मतभेदों की चर्चा करते हुए उन्होंने बतलाया—जूलियस सीजर के काल में रोम में अधिकमास की अव्यवस्थता तो और भी परिहासास्पद थी; उस समय पादरी लोग अपने सम्बन्धियों की सुविधा के अनुसार स्वेच्छा से ही अधिमास का निर्धारण किया करते थे, जिससे रोम के विभिन्न भागों में से गुजरता व्यक्ति एक ही समय में विभिन्न मासों तथा वर्षों में से गुजरता था। इस अव्यवस्था को दूर करने के लिए जूलियस सीजर ने कैलेण्डर को सौर बना दिया था। इधर भारतीय ज्योतिर्विदों ने "मेषादिस्थे सवितरि यो यो मासः प्रपूर्यते चान्द्रः..।" जैसी वैज्ञानिक व्यवस्था द्वारा सौरचान्द्र मास पद्धति को पहिले ही अपना लिया था। श्री शक्तिधर शर्मा ने अपने भाषण में उद्धरण पूर्वक यह बतलाया कि—वैदिक काल में ही भारतीयों को आकाशीय-नक्षत्र स्थिति एवं सूर्य चन्द्र की गतियों से सम्बद्ध सिद्धान्तों का पर्याप्त ज्ञान था, और उस समय से ही उनके लगभग सभी धार्मिक अनुष्ठान एवं पर्वों का निर्धारण उच्च ज्यौतिष सिद्धान्तों पर ही अवलम्बित है।

इस सभा में वैदिक साहित्य एवं भारतीय ज्यौतिष के लब्ध-प्रतिष्ठ वयोवृद्ध-विद्वान् डा. व्हिटनी भी उपस्थित थे। उन्होंने केई, कोलब्रुक, व्हूलर आदि पाश्चात्य विद्वानों के मत का समथन करते हुए इस बात पर बल दिया, कि—'भारतीयों ने ज्यौतिष ग्रीक से ली है', परन्तु श्री शक्तिधर जी ने प्राचीन वैदिक एवं ज्यौतिष ग्रन्थों के अनेक वाक्यों का गणितीय विश्लेषण करके डा. व्हिटनी के इस ग्रीक-पक्षपाती मत का प्रतिवाद किया, और सिद्ध किया कि—'शतपथ ब्राह्मण' आदि में मिलने वाले "कृत्तिकास्वग्नि मादधीत"—आदि अनेकों वाक्यों में प्राचीन भारतीयों का नक्षत्र सम्बन्धी स्वतन्त्र ज्ञान स्पष्ट रूप से उपलब्ध है। पर्याप्त विचार विमर्श के अनन्तर वैदिक ग्रन्थों के उद्धरण तथा गणितीयन्यासों के समक्ष गुणग्राही वयोवृद्ध डा. व्हिटनी ने श्री शक्तिधर शर्मा के तर्कनिष्ठ मत को सहर्ष स्वीकार कर लिया। सभा विसर्जन के अनन्तर डा. व्हिटनी श्री शक्तिधर जी को अपने घर ले गए और वहां अपनी सुविशाल समृद्ध संस्कृत साहित्य की लाईब्रेरी से उन्हें अप्राप्य अनेक ज्यौतिष ग्रन्थ साशीर्वाद समर्पित किए, और कहा—"मैं वृद्ध हूँ, मैं समझता हूँ तुम इन ग्रन्थों को सम्भाल कर रखोगे।"

इस सभा में मध्य अमेरिका के १४ विश्वविद्यालयों से नाक्षत्र भौति की (Astro-physics) के अनेक विद्वानों ने भाग लिया। भारतीय ज्यौतिष पर बोलने वाले केवल श्री शक्तिधर शर्मा ही थे। भारतीय ज्यौतिष पर दिया गया उनका यह विस्तृत महत्त्वपूर्ण भाषण कुछ ही दिनों बाद भारत की प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में भी प्रकाशित होगा। श्री मार्तण्ड पंचांग के पाठकों को ज्ञात ही है कि—श्री शक्तिधर शर्मा विगत तीन वर्षों से लारेंस (कैंसास) अमेरिका के विश्वविद्यालय में न्युक्लिअर फिजिक्स पर अनुसन्धान कर रहे हैं; और यह अत्यन्त हर्ष की बात है, कि—अब उनका अनुसन्धान कार्य सम्पन्नप्राय है। नवम्बर (सन् १९७०) में ही वे Ph.D की उपाधि प्राप्त करके भारत लौट रहे हैं।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri. Funding by MoE-IKS

इस वर्ष (वि. सं. २०२८ में) भूमण्डल पर दो चन्द्र ग्रहण और तीन सूर्य ग्रहण होंगे। दोनों चन्द्र ग्रहण भारत में दिखाई देंगे लेकिन कोई भी सूर्य ग्रहण भारत में नहीं दीखेगा।

भारत में दिखाई न देने वाले सूर्य ग्रहणों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है—

(१) **खण्ड ग्रास सूर्य ग्रहण (२२ जुला., सन् १९७१ ई.)** यह ग्रहण अलास्का (अमेरिका) के उत्तर पश्चिमी भाग, रूस के पूर्वी छोर एवं आर्क्टिक सागर में थोड़े से काल के लिए दिखाई देगा।

(२) **खण्ड ग्रास सूर्य ग्रहण (२०-२१ अग. सन् १९७१ ई.)** यह ग्रहण उत्तरी तथा पश्चिमी भाग के अलावा शेष पूरे आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, तथा उत्तरी एण्टार्क्टिका में दीखेगा। इस ग्रहण के समय भारत में २०-२१ अगस्त की मध्य रात्रि होगी।

(३) **कंकण सूर्य ग्रहण (१६ जनवरी सन् १९७२ ई.)**—इस ग्रहण को समस्त एण्टार्क्टिका, पश्चिमी-दक्षिणी आस्ट्रेलिया तथा दक्षिणी अमरिका के दक्षिणी भाग में देखा जा सकेगा। इसकी कंकण आकृति एण्टार्क्टिका में दिखलाई पड़ेगी।

भारत में दिखाई पड़ने वाले दोनों चन्द्र ग्रहणों का विवरण इस भान्ति है।

(१) **खग्रास चन्द्र ग्रहण (६–७ अगस्त सन् १९७१ ई.)**—यह ग्रहण **श्रावण पूर्णिमा शुक्रवार** को ६-७ अगस्त की मध्यवर्ती रात्रि में समस्त भारत में दिखलाई देगा। इसके स्पर्श आदि के काल ये हैं—

	घं. मि.	
ग्रहण स्पर्श (प्रारम्भ)	११।२५)	
खग्रास प्रारम्भ	१२।२३)	
ग्रहण मध्य	१।१३)	भा. स्टें. टा.
खग्रास समाप्त	२। ३)	(रात्रि)
ग्रहण समाप्त	३। १)	

ग्रहणचित्र (१)



सूतक—इस ग्रहण का सूतक ६ अगस्त को दिन के २ बजकर ।२५ मि. पर प्रा हो जाएगा।

ग्रहण राशि फल—यह ग्रहण मेष, सिंह, वृश्चिक, मीन राशि वालों के लिए शुभ, वृष, कर्क, कन्या, धनु राशि वालों के लिए मध्यम,और मिथुन, तुला, मकर, कुम्भ राशि वालों के लिए अशुभ है। श्रवण नक्षत्र एवं मकरराशि वालों के लिए विशेष अशुभ है। जिनके लिए ग्रहण अशुभ हो उन्हें ग्रहण नहीं देखना चाहिए।

ग्रहण का अन्य फल—विश्व में कहीं सैनिक संघर्ष हो। श्वेत वस्त्र, चान्दी, मोती, के भाव तेज हों। इस ग्रहण के बाद रुई में मन्दी आएगी। इस समय रुई खरीदने से ३ मास बाद अच्छा लाभ मिले।

(२) **अस्तोदय खग्रास चन्द्र ग्रहण (३० जनवरी, सन् १९७२ ई.)** यह ग्रहण माघ पूर्णिमा रविवार को सौराष्ट्र,मद्रास, मसूर और केरल को छोड़कर भारतके अन्य सभी प्रदेशों में दिखाई देगा। इस ग्रहण के स्पर्श आदि काल (भा.स्टें.टा.) इस प्रकार हैं—

	घं. मि.	
ग्रहण प्रारम्भ	२।४१	(दिन)
खग्रास प्रारम्भ	४। ५	,,
ग्रहण मध्य	४।२३	,,
खग्रास समाप्त	४।४१	,,
ग्रहण समाप्त	६। ५	(सायं)

वर्मा के अन्तिम उत्तरी छोर, उत्तरी-पूर्वी थाई लैण्ड, कम्बोडिया, इण्डोनेशिया, फिलिप्पाइन्स एवं जापान में इस ग्रहण का खग्रास रूप अच्छी तरह दिखाई देगा। भारत में सर्वत्र ग्रस्त चन्द्रमा उदित होगा। ग्रहण चित्र (३) देखिए N P रेखा से दाईं ओर उत्तर-पूर्वी आसाम में खग्रास ग्रहण थोड़ी सी देर के लिए देखा जा सकेगा। A B. रेखा पर स्थित नगरों में चन्द्रोदय के समय ही ग्रहण समाप्त हो जाएगा रेखा से बाईं ओर यह ग्रहण नहीं होगा। N.P. और A. B. रेखाओं के मध्यवर्ती स्थलोंपर खण्डग्रास दिखाई देगा। इस चित्र

(शेष पृष्ठ ८ पर)

ग्रहणचित्र (२)



CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

३० जनवरी सन् १९७२ को भारत के कुछ नगरों में चन्द्रोदय काल (भा. स्टैं. टा.) सायं

	चन्द्रोदय	पूर्वकाल		नगर	चन्द्रोदय	पर्व काल
	घं. मि.	घं. मि.			घं. मि.	घं.मि.
अमृतसर	६। ३	०। २		पटना	५।३०	०।३५
उज्जैन	६।१२	(०।७)		पटियाला	५।५८	०। ७
उदयपुर	६।१८	(०।१३)		पठानकोट	५।५८	०। ७
कलकत्ता	५।२१	०।४४		प्रयाग	५।४३	०।२२
काशी	५।३९	०।२६		बम्बई	६।३०	(०।२५)
कांगड़ा	५।५६	०। ९		मण्डी (हि.प्र.	५।५४	०।११
कुरुक्षेत्र	५।५८	०। ७		मद्रास	६। ८	(०। ३)
चम्बा	५।५५	०।१०		रोहतक	६। ०	०। ५
चण्डीगढ़	५।५६	०। ९		लुधियाना	६। ०	०। ५
जम्मू	६। ०	०। ५		शिमला	५।५४	०।११
जयपुर	६। ६	(०। १)		श्रीनगर	५।५८	०। ७
जालन्धर	६। १	०। ४		हरिद्वार	५।५२	०।१३
दिल्ली	५।५८	०। ७		हिसार	६। ३	०। २
नागपुर	६। २	०। ३				

चन्द्रोदय से मोक्ष तक के काल को यहां 'पर्वकाल' लिखा गया है।कोष्ठक में दिया गया 'पर्व काल'बतलाता है कि उस नगरमें चन्द्रोदय से इतना समय पहिले ही ग्रहण समाप्त हो चुकेगा।

३० जन. ७२ को भारत के प्रत्येक स्थान पर चन्द्रोदय (सायंकालिक भा. स्टैं. टा.)

पूर्व रेखांश	उ. अक्षां. १०	उ.अक्षां. १५	उ. अक्षां २०	उ. अक्षां. २५	उ.अक्षां. ३०	उअक्षां ३५
	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.
६८	७। ४	६।५७	६।५०	६।४२	६।३४	६।२६
७०	६।५६	६।४९	६।४२	६।३४	६।२६	६।१८
७२	६।४८	६।४१	६।३४	६।२६	६।१८	६।१०
७४	६।३९	६।३२	६।२५	६।१७	६। ९	६। १
७६	६।३१	६।२४	६।१७	६। ९	६। १	५।५३
७८	६।२३	६।१६	६। ९	६। १	५।५३	५।४५
८०	६।१४	६। ७	६। ०	५।५२	५।४४	५।३६
८२	६। ६	५।५९	५।५२	५।४४	५।३६	५।२८
८४	५।५८	५।५१	५।४४	५।३६	५।२८	५।२०
८६	५।४९	५।४२	५।३५	५।२७	५।१९	५।११
८८	५।४१	५।३४	५।२७	५।१९	५।११	५। ३
९०	५।३३	५।२६	५।१९	५।११	५। ३	४।५५
९२	५।२४	५।१७	५।१०	५। २	४।५४	४।४६

अभीष्ट स्थल के अक्षांश-रेखांश जान कर इस कोष्टक द्वारा अनुपात से चन्द्रोदय काल जानिए।

(पृष्ठ ७ का शेष)

मेंसायं ४घं.४१मि., ५घं.९मि.और ५घं. ३७ मि.(भा.स्टैं.टा.) पर चन्द्रोदय के समय ग्रास की आकृति भी दिखलाई गई है। पंजाब, हरियाणा के नगरों तथा दिल्ली में चन्द्रोदयके थोड़ी देर (अधिक से अधिक ९ मिनट) बाद ही ग्रहण समाप्त हो जाएगा,अतःइन प्रदेशों में पूर्वी क्षितिज पर्वत आदि से थोड़ा सा भी ढका होने पर ग्रहण दिखलाई देना असभव है। हिमाचल के लगभग सभी नगरों में पूर्वक्षितिज पर्वत से ढका होने से यह ग्रहण नहीं देखा जा सकेगा। हरियाणाके फाजिल्का, अबोहर, डबवाली, सिरसा, घग्गर और श्रीगंगा नगर शहरों में चन्द्रमा के उदय से पहिले ही ग्रहण समाप्त हो जाएगा,अतः वहां इस ग्रहण का पर्व नहीं मनाना चाहिए। पंजाब हरियाणा के किन २ नगरों में यह ग्रहण दिखलाई देगा और किन२ नगरों में नहीं, इसके लिए ग्रहण चित्र (२)देखें। इस चित्रमें खींची गई

ग्रहण चित्र (३)



परिलेख कर्त्ता -प्रियव्रत शर्मा

T W रेखा से दाईं ओर वाले पंजाब-हरियाणा के नगरों में यह ग्रहण चन्द्रोदय के समय बहुत थोड़ी देर के लिए देखा जा सकेगा। इस रेखा से बाईं ओर बसे नगरों में यह ग्रहण नहीं होगा। पूर्वी राजस्थान में यह ग्रहण केवल ५-६ मिनट के लिए दीखगा।

सूतक—इस ग्रहण का सूतक ३० जनवरी को प्रातः ५ बजकर ४१ मि. पर प्रारम्भ होगा।

इस ग्रहण का राशिफल देखो पृ. २

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

ज्योतिष यन्त्र—

लग्न-यन्त्र

लेखक—प्रियव्रत शर्मा

यन्त्र निर्माण विधि—कम से कम १।। फुट का एक वर्गाकार लकड़ी या किसी और धातु का समतल टुकड़ा लें। उस पर एक वृत्त बनाएं। निशान लगाते हुए इस वृत्त की परिधि (घेरे) के १४४० बराबर बराबर टुकड़े करें। किसी एक निशान से प्रारम्भ करते हुए इन निशानों पर बाएं से दाईं ओर (clockwise) क्रमशः ०, १, २, ३ आदि अंक लिखिए। १४४० अंक ० अंक पर ही आकर पड़ेगा। (देखें, चित्र नं. (१), चित्र छोटा होने से इसकी परिधि पर ६०-६० के अन्तर पर ही चिह्न लगाए गए हैं)। यहां यह आवश्यक है कि वृत्त की परिधि पर ये चिह्न और अंक किसी ऐसी चीज (पेंसिल आदि) से लगाए जाएं, जो बाद में मिटाए जा सकें। अब सारणी नं. (१) देखिए। जिस नगर के लिए आप यन्त्र बनाना चाहते हैं, उस नगर के अक्षांश वाले कालम में देखिए—मेष लग्न के आगे कितने मिनट लिखे हैं? इन मिनटों के बराबर अंक वृत्त की परिधि पर जहां लिखा है वहां स्थायी (पक्का) चिह्न लगाकर 'मेष समाप्त' (या 'मेष लग्न समाप्त')—इस प्रकार लिखिए। अब देखिए इसी सारणी में वृष लग्न के आगे कितने मिनट लिखे हैं?—इन मिनटों के बराबर अंक वृत्त की परिधि पर जहां लिखा है वहां, स्थायी चिह्न लगाकर "वृष समाप्त"—इस प्रकार लिखिए। इसीप्रकार "मिथुन समाप्त" "कर्क समाप्त" आदि भी लिख डालिए। अब वृत्त की परिधि पर एक चिह्न और लगाइए। परिधि पर लिखे जिस अंक पर "मेष समाप्त" लिखा है, उससे चार अंक पहिले एक स्थायी चिह्न लगाकर वहां कोष्ठक में मेष समाप्त [अर्थात्—"(मेष समाप्त)" —इस प्रकार] लिखें। उदाहरण के तौर पर यूं समझिए—यदि "मेष समाप्त" ९५वें अंक पर लिखा है तो "(मेष समाप्त)" ९१वें अंक पर लिखना होगा। अब वृत्त की परिधि पर लगाए गए अस्थायी चिह्नों तथा १, २, ३ आदि अंकों को मिटा दीजिए। इस प्रकार चित्र नं. (२) की-सी आकृति बन जाएगी। इस वृत्त को हम 'क्रान्ति वृत्त' कहेंगे।

अब एक दूसरे लकड़ी या किसी और धातु के समतल वर्गाकार पट्टे पर इस क्रान्तिवृत्त के बराबर ही वृत्त बनाइए। स्थायी चिह्न लगाकर इस वृत्त की परिधि के बराबर बराबर १४४० टुकड़े करो। किसी एक चिह्न से प्रारम्भ करके clockwise (बाएं से दाईं ओर) क्रमशः इन चिह्नों पर ० घं. ० मि., ० घं. १ मि., ० घं. २ मि., ० घं. ३ मि. इत्यादि लिखते हुए वृत्त की पूरी परिधि पर २४ घण्टे लिख दीजिए। ये चिह्न और घं. मि. वृत्त के भीतर अंकित करने होंगे, (देखिए चित्र नं. (३), चित्र छोटा होने से २-२ घण्टों के अन्तर पर समय लिखा गया है), घं. मि. से अंकित इस वृत्त को परिधि के साथ २ सावधानी से बिल्कुल गोल काट लीजिए। इसे हम 'नाडी वृत्त' कहेंगे।

यन्त्र द्वारा लग्न-ज्ञान की विधि—कोष्ठक नं. (२) से अभीष्ट तारीख का 'मेष लग्न समाप्ति काल' (I. S. T.) लीजिए। इसमें कोष्ठक नं. (३) से अभीष्ट नगर (जिस नगर में लग्न जानना है, उस नगर) का संस्कार लेकर चिह्न के अनुसार जोड़ो या घटाओ। यह हमारा "अभीष्ट मेष समाप्ति काल" होगा।

अब नाडी वृत्त को क्रान्ति वृत्त पर इस प्रकार रखो कि नाडी वृत्त की परिधि क्रान्तिवृत्त की परिधि पर पूरी तरह आ जाए। अर्थात्—दोनों वृत्तों के केन्द्र बिल्कुल एक दूसरे पर हों। अच्छा स्थायी यन्त्र बनाना हो तो नाडीवृत्त और क्रान्तिवृत्त के केन्द्रों में एक लोहे की कील ऐसे पिरो दी जाए कि नाडी वृत्त क्रान्तिवृत्त के ऊपर कील की धुरी पर घूम सके। इस प्रकार यह यन्त्र प्रयोग के लिए तैयार हो जाएगा।

चित्र (१)



चित्र (२)



चित्र (३)

चित्र (४)



यदि आपका इष्टकाल (भा. स्टैं. टा.) "अभीष्ट मेष-समाप्ति काल' से अधिक है तो नाडीवृत्त की परिधि पर बने उस बिन्दु को जहां आपका "अभीष्ट मेष समाप्ति काल" लिखा है, क्रान्ति-वृत्त की परिधि के उस बिन्दु पर घुमाकर कर लें जहां "मेष समाप्त" लिखा है। यदि आपका इष्ट काल (भा. स्टैं. टा.) "अभीष्ट मेष समाप्ति काल" से कम है तो नाडी वृत्त की परिधि पर बने उसी बिन्दु को जहां आपका "अभीष्ट मेष समाप्ति काल" लिखा है, क्रान्ति वृत्त की परिधि के उस बिन्दु पर कर लें जहां (मेष समाप्त)" —लिखा है। बस, ऐसा करने से आप अपनी उस अभीष्ट तारीख को किसी भी लग्न की समाप्ति का काल (भा. स्टैं. टा.) नाडी वृत्त की परिधि पर लिखे टाईम द्वारा तुरन्त जान सकेंगे। यह यन्त्र निरयण लग्न बतलाता है। (शेष पृष्ठ १० पर)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

(पृष्ठ ९ का शेष)

वृत्त की परिधि के बराबर बराबर १४४० भाग करना जरा कठिन है। २२९.१ सैण्टीमीटर व्यासार्ध के नाडीवृत्त क्रान्ति वृत्त बनाए जाएं तो उनकी परिधि का १ सैं. मी. का टुकड़ा १ मिनट के बराबर होगा अर्थात् उसकी परिधि के १-१ सैं.मी. के टुकड़े किए जाए तो वे १४४० बनेंगे। सुविधा एवं शुद्धि के लिए २२९.१ सैं. मी. व्यासार्ध के वृत्त के बराबर-बराबर १४४० टुकड़े करने के लिए पहिले वृत्त के केन्द्र में से गुजरने वाली एक दूसरे पर लम्ब दो रेखाएं (अर्थात्-व्यास) खींचिए, (जैसा कि चित्र नं. (४) में है) ये रेखाएं वृत्त परिधि को चार समान भागों में

कोष्ठक नं. (१)

लग्न	अक्षांश २८	अक्षांश २९	अक्षांश ३०
	मिनट	मिनट	मिनट
मेष	९५	९४	९३
वृष	२१९	२०९	२०८
मिथु.	३४५	३४३	३४२
कर्क	४८४	४८४	४८३
सिंह	६२१	६२२	६२२
कन्या	७५७	७५९	७६०
तुला	८९५	८९८	९०१
वृश्चि.	१०३४	१०३७	१०४०
धनु	११५९	११६२	११६५
मक.	१२६२	१२६४	१२६६
कुम्भ	१३५१	१३५२	१३५३
मीन	१४३६	१४३६	१४३६
	अक्षांश	अक्षांश	अक्षांश
लग्न	३१	३२	३३
	मिनट	मिनट	मिनट
मेष	९२	९१	९०
वृष	२०६	२०४	२०३
मिथुन	३४१	३३९	३३८
कर्क	४८३	४८३	४८२
सिंह	६२३	६२४	६२४
कन्या	७६२	७६४	७६५
तुला	९०३	९०६	९०९
वृश्चि.	१०४३	१०४७	१०५०
धनु	११६७	११७१	११७४
मक.	१२६८	१२७१	१२७३
कुम्भ	१३५४	१३५५	१३५६
मीन	१४३६	१४३६	१४३६

(कोष्ठक नं. २) (मेष लग्न समाप्ति काल)

(भा. स्टें. टा.)

तारीख	जनवरी	फरवरी	मार्च	अप्रैल	मई	जून	जुलाई	अगस्त	सितं.	अक्तू.	नवं.	दिसं.
	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.
१	१४।१८	१२।१६	१०।२६	८।२४	६।२६	४।२४	२।२६	०।२४	२२।१८	२०।२०	१८।१८	१६।२१
२	१४।१४	१२।१२	१०।२२	८।२०	६।२२	४।२०	२।२२	०।२०	२२।१४	२०।१६	१८।१५	१६।१७
३	१४।१०	१२। ८	१०।१८	८।१६	६।१८	४।१६	२।१८	०।१६	२२।१०	२०।१३	१८।११	१६।१३
४	१४। ६	१२। ४	१०।१४	८।१२	६।१४	४।१२	२।१४	०।१२	२२। ७	२०।९	१८। ७	१६। ९
५	१४। २	१२। ०	१०।१०	८। ८	६।१०	४। ८	२।१०	०। ८	२२। ३	२०। ५	१८। ३	१६। ५
६	१३।५८	११।५६	१०। ६	८। ४	६। ६	४। ४	२। ६	०। ४	२१।५९	२०। १	१७।५९	१६। १
७	१३।५४	११।५२	१०। २	८। ८	६। २	४। ०	२। २	२३।५७	२१।५५	१९।५७	१७।५५	१५।५७
८	१३।५०	११।४८	९।५८	७।५६	५।५८	३।५६	१।५८	२३।५३	२१।५१	१९।५३	१७।५१	१५।५३
९	१३।४६	११।४४	९।५४	७।५२	५।५४	३।५२	१।५५	२३।४९	२१।४७	१९।४९	१७।४७	१५।४९
१०	१३।४२	११।४०	९।५०	७।४८	५।५०	३।४९	१।५१	२३।४५	२१।४३	१९।४५	१७।४३	१५।४५
११	१३।३८	११।३६	९।४६	७।४४	५।४७	३।४५	१।४७	२३।४१	२१।३९	१९।४१	१७।३९	१५।४१
१२	१३।३४	११।३३	९।४२	७।४१	५।४३	३।४१	१।४३	२३।३७	२१।३५	१९।३७	१७।३५	१५।३७
१३	१३।३०	११।२९	९।३८	७।३७	५।३९	३।३७	१।३९	२३।३३	२१।३१	१९।३३	१७।३१	१५।३३
१४	१३।२७	११।२५	९।३५	७।३३	५।३५	३।३३	१।३५	२३।२९	२१।२७	१९।२९	१७।२७	१५।२९
१५	१३।२३	११।२१	९।३१	७।२९	५।३१	३।२९	१।३१	२३।२५	२१।२३	१९।२५	१७।२३	१५।२५
१६	१३।१९	११।१७	९।२७	७।२५	५।२७	३।२५	१।२७	२३।२१	२१।१९	१९।२१	१७।२०	१५।२२
१७	१३।१५	११।१३	९।२३	७।२१	५।२३	३।२१	१।२३	२३।१७	२१।१५	१९।१७	१७।१६	१५।१८
१८	१३।११	११। ९	९।१९	७।१७	५।१९	३।१७	१।१९	२३।१३	२१।११	१९।१४	१७।१२	१५।१४
१९	१३। ७	११। ५	९।१५	७।१३	५।१५	३।१३	१।१५	२३। ९	२१। ८	१९।१०	१७। ८	१५।१०
२०	१३। ३	११। १	९।११	७। ९	५।११	३। ९	१।११	२३। ५	२१। ४	१९। ६	१७। ४	१५। ६
२१	१२।५९	१०।५७	९। ७	७। ५	५। ७	३। ५	१। ७	२३। २	२१। ०	१९। २	१७। ०	१५। २
२२	१२।५५	१०।५३	९। ३	७। १	५। ३	३। १	१। ३	२२।५८	२०।५६	१८।५८	१६।५६	१४।५८
२३	१२।५१	१०।४९	८।५९	६।५७	४।५९	२।५७	१। ०	२२।५४	२०।५२	१८।५४	१६।५२	१४।५४
२४	१२।४७	१०।४५	८।५५	६।५३	४।५५	२।५४	०।५६	२२।५०	२०।४८	१८।५०	१६।४८	१४।५०
२५	१२।४३	१०।४१	८।५१	६।४९	४।५१	२।५०	०।५२	२२।४६	२०।४४	१८।४६	१६।४४	१४।४६
२६	१२।३९	१०।३७	८।४७	६।४५	४।५८	२।४६	०।४८	२२।४२	२०।४०	१८।४२	१६।४०	१४।४२
२७	१२।३५	१०।३४	८।४३	६।४२	४।४४	२।४२	०।४४	२२।३८	२०।३६	१८।३८	१६।३६	१४।३८
२८	१२।३१	१०।३०	८।४०	६।३८	४।४०	२।३८	०।४०	२२।३४	२०।३२	१८।३४	१६।३२	१४।३४
२९	१२।२८	१०।२८	८।३६	६।३४	४।३६	२।३४	०।३६	२२।३०	२०।२८	१८।३०	१६।२८	१४।३०
३०	१२।२४		८।३२	६।३०	४।३२	२।३०	०।३२	२२।२६	२०।२४	१८।२६	१६।२४	१४।२७
३१	१२।२०	——	८।२८	——	४।२८	——	०।२८	२२।२२	——	१८।२२	——	१४।२३

(कोष्ठक नं. ३)

नगर	मिनट
अमृतसर	+७
अम्बाला	०
कपूरथला	+५
करनाल	+१
कांगड़ा	०
कुरुक्षेत्र	+२
गुरदासपुर	+३
चम्बा	०
चण्डीगढ़	०
जम्मू	+४
जालन्धर	+६
जींद	+४
दिल्ली	+३
देहरादून	−४
धर्मशाला	−१
नाभा	+३
नाहन	−२
पटियाला	+२
पठानकोट	+१
फिरोजपुर	+८
बिलासपुर (हि.प्र.)	−१
भटिण्डा	+८
मेरठ	−१
मण्डी (हि.प्र.)	−२
रामपुर बुहर	−५
रोहतक	+४
रिवाड़ी	+५
रोपड़	+१
लुधियाना	+४
शिमला	−२
होशियारपुर	−२
हिसार	+७

*विभक्त करती है। यह प्रत्येक भाग ३६० सैं. मी. का होगा। यह 'साधारण लग्न यन्त्र' है, जिससे केवल एक ही अक्षांश (जिस अक्षांश के लिए यन्त्र बनाया गया है उस अक्षांश) के नगरों में ही लग्न समाप्ति काल जाना जा सकता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

आकाशी कौंसिल का विचार (वि० सं० २०२८)

स्वतन्त्र-भारत के २५वें वर्ष-प्रवेश की कुण्डली,



मुस्लिम-राष्ट्रों के नव-वर्ष-प्रवेश की कुण्डली,



यूरोपीय-राष्ट्रों के नव वर्ष-प्रवेश की कुण्डली



इस वर्ष आकाशी कौंसल (ग्रह-परिषद्) के चुनाव में दशाधिकारियों में से ६ अधिकार शुभ-ग्रहों को और ४ अधिकार अशुभ ग्रहों को प्राप्त हुए हैं; जिन में क्रूरमति-शनि ने नीच-राशिस्थ होकर मंगल के नवांश में बठकर वर्षेश-जैसा उच्चदप प्राप्त किया है, जो कि विश्व के लिए हितकारी नहीं है। विश्व के शासक वर्ग के समक्ष पूंजी,करेंसी एवं सामुद्रिक-समस्याएं उपस्थित होंगी। पूर्व व पश्चिम राष्ट्रों के लिए यह वर्ष महाभय-प्रद है। कहीं रोग, विग्रह, प्रकृति प्रकोप एवं अनेक उत्पात देखने में आएंगे। वर्ष का मन्त्री बुध भी वैशाखी के दिन शनि के साथ बठकर प्रारम्भ में ही पाप-बुद्धि बन गया है। अतः यह अपने मन्त्रिपदजन्य शुभ फल को न देकर वर्षराज शनि के अनिष्ट फल को ही पुष्ट करेगा। जिससे विश्व में अनेक जगह रक्तपात व किसी राष्ट्रविशेष में क्रान्ति हो। कई देशों की रूपरेखा एवं मानचित्र में परिवर्तन हो, विश्व के कई राष्ट्रों में कूटयुद्ध व दूर प्रक्षेपणास्त्रों से भारी हानि होगी। विश्व के प्रमुखराष्ट्रों में समुद्री समस्याएँ उलझेंगी। वायुयान रेल व आगजनी की घटनाओं से जन धन की हानि हो। विश्व को अनेक राष्ट्रों की विस्फोटक स्थिति में से गुजरना होगा, कई पश्चिमी राष्ट्रों में युद्ध की ज्वाला भयंकर रूप धारण करेगी। विश्व के कई देशों की राजनीति एवं सम्बन्धों में परिवर्तन दिखाई देगा। भूकम्प महामारी भुखमरी एवं तूफान आदि से कहीं जनधन की हानि हो। ध्यान रहे;—रुद्र विंशति के अन्त (वि. सं. २०३०) तक विश्व में अनेक प्रकार की अघटित घटनाएं होंगी, कहीं न कहीं युद्ध, युद्ध रक्तपात, हृद्रोग, एवं फ्लू आदि रोगों से जनता को कष्ट सहना होगा। इस वर्ष चौपायों में भी रोग फैलने से हानि होगी।

भारत एवं भारत सरकार

भारत की वर्ष प्रवेश कुण्डली का गम्भीरता पूर्वक परिशीलन करने से ज्ञात होता है कि—२६ जन. १९७१ से प्रारम्भ होने वाला वर्ष भारतीय गणतन्त्र के लिए अग्नि-परीक्षा का है। गुणमान से रुद्रविंशति में यह 'रक्ताक्ष' नामक संवत्सर है; जिसका फल इस प्रकार है;

"रक्ताक्षवत्सरे भूपा अन्योन्यं हन्तुमुद्यतः ।
ईतिरोगाकुला धात्री स्वल्पसस्यार्घवृष्टयः ॥"

शासकों में परस्पर तनाव बढ़ेगा, कहीं युद्ध की चिनगारी सुलगेगी, अनेक विध रोगों से प्रजा को कष्ट हो; वर्षा की कमी रहे एवं फसल को नुकसान पहुंचे। वि. सं. २०२८ की ग्रह गति भारतीय जनता में अशान्ति का वातावरण बनाए रक्खेगी। २८ अप्रैल से ६ जनवरी १९७२ तक गुरु से सप्तम शनि जनता के समक्ष अनेकविध अप्रिय प्रसंग उपस्थित करेगा। कुछ नेता लोगों की अदूरदर्शिता से जनता में क्षोभ व्यापे। कुछ पुरानी प्रान्तीय समस्याएं उभरेंगी। बरोजगारी का भूत निरन्तर बढ़ता जाएगा, और यह बढ़ रही बेरोजगारी भारत की शासन व्यवस्था को आघात पहुंचाएगी। युवा वर्ग विद्रोह के कगार पर दिखाई देगा। जनता एवं शासन एक सूत्र में न रहेंगे। इस अवधि में किसी बड़े नेता का पद रिक्त हो या सहसा दुर्घटना में अङ्गभङ्ग वा शरीरान्त संभव है। २१ अप्रैल से २२ जून तक राहु मंगल की युति में कई महत्त्वपूर्ण समस्याएं शासन के समक्ष उपस्थित होंगी। साम्यवाद एवं निक्सलवाद आदि का नारा बुलन्द करने वाले तथाकथित नेता लोक तन्त्र को हानि पहुंचाने की चेष्टा करेंगे। कहीं तोड़-फोड़ की घटनाएं, कहीं उग्र प्रदर्शन होंगे एवं कई प्रान्तों में शासकीय पार्टियों में मतभेद होने से वातावरण क्षुब्ध रहेगा। कहीं जन-धन की हानि एवं कहीं मंत्रीमण्डल में हेरफेर हो। आगे सितम्बर तक का समय भी सन्तोषप्रद नहीं है। भारत की पूर्वोत्तरी एवं पश्चिमी सीमा पर भय व्यापे। सरहद्दी इलाकों में सैनिक हलचल एवं अशान्ति रहे। १६ से २३ नवम्बर तक सूर्य-चन्द्र-गुरु-शुक्र एवं बुध, ये पांचों ग्रह वृश्चिक राशिस्थ हैं; अतः—**"रवीन्दुशुक्रेज्य शशांकपुत्रा यदैकराशौ सहिता भवन्ति। मेघाः प्रवर्षन्ति महर्घता स्यात् प्रजा-विनाशो दिशिनैर्ऋते स्यात् ॥" पञ्चग्रहाः घ्नन्ति चतुष्पदाश्च। "राज्य-भ्रंशः प्रजा-नाशः सर्वसस्य-महर्घता।"** —इस शास्त्र वाक्य के अनुसार १६ से २३ नवं. तक का समय जनता के लिए कठिन है, विशेषकर यह समय दक्षिण एवं पश्चिमी देशों एवं प्रान्तों के लिए अधिक कठिन है। पशुओं में रोग से हानि हो। इस समय शासक वर्ग में भारी बेचैनी रहेगी, साम्प्रदायिकता एवं अनैतिकता पनपेगी। कहीं शासन में गतिरोध उपस्थित हो, कहीं घेराव एवं आन्दोलन के कारण उद्योग धन्धों को नुकसान पहुंचेगा। पश्चिमी बंगाल गुजरात, तैलंगाना आदि में अशान्ति का वातावरण बनेगा। इस समय शासन लड़खड़ाता दिखाई देगा। इस स्थिति में चीन एवं पाक दोनों भारत में पनप रही देश-द्रोही प्रवृत्तियों को प्रच्छन्न रूप से प्रोत्साहित करेंगे। पाकिस्तान एवं ब्रिटेन की नीति भारत विरोधी रहेगी। ये भारत-विरोधी प्रचार एवं प्रसार में लगेंगे, भारत में साम्प्रदायिक दंगों के प्रति इनकी सहानुभूति दिखाई देगी। इस वर्ष वृष के शनि में कुछ विरोधी देशों के रुख में परिवर्तन अवश्य दिखाई देगा, परन्तु बाह्यरूपेण चीन के रुख में कुछ परिवर्तन आने पर भी गुप्तरूप से प्रोत्साहित कुछ तत्त्वकेरल आसाम, गुजरात, बंगाल आदि में पूंजीवाद एवं वर्तमान शासन की आलोचना कर देश की आत्मपर्यवेक्षण एवं मूल चिन्तन शक्ति को क्षीण करते दिखाई देंगे; जिससे बड़े उद्योगपतियों को भारी क्षति सहन करनी होगी, लूट आदि की घटनाएं भी होंगी। असम में भी साम्प्रदायिक विष से जन-धन की हानि होगी—ऐसा लगेगा जैसे कि—देश की व्यवस्था को लकवा मार गया हो।—ऐसी स्थिति में केन्द्रीय एवं कुछ प्रान्तीय नेताओं में वैमनस्य

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation. Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

बढ़ेगा। युवा वर्ग अपनी अविवेकपूर्ण क्रान्ति से साम्यवाद की ओर उन्मुख दिखाई देगा। हम युवा वर्ग को सावधान कर देना चाहते हैं, कि–इस कदर बिना पैंदे के क्रान्ति लाने का प्रयत्न उन्हें रक्तपात, अव्यवस्था एवं समाज विक्षोभ के अतिरिक्त कुछ न देगा। अतः लोकतन्त्र के लिए अपनी इन प्रवृत्तियों को समेट कर ही आगे बढ़ें। आगे शासन में कुछ परिवर्तन एवं रूपान्तर शीघ्र ही उपस्थित होने वाला है;— यह ग्रहस्थिति बतलाती है। शान्ति-स्थान सातवें मकर में भौम-राहु का संयोग और वर्षेश शनि का मुन्था के साथ होना भी भारत के उच्च शासकों के लिए अग्निपरीक्षा का है। राज्य-मण्डल में परिवर्तन होंगे। अनेक प्रान्तों में राजनैतिक उलटफेर दिखाई देंगे। विदेश नीति में कुछ परिवतन दिखाई देगा। शनि के प्रभाव के कारण राष्ट्र समाजवाद की ओर बढ़ेगा। वर्षश शनि मजदूर पार्टी का है, चंचल प्रकृति बुध मन्त्री है इन दोंनों की जब भी सूर्य मंगल से युति, दृष्टि आदि होगी तभी उपद्रव, दुर्घटनायें आन्दोलन, प्रजा एवं शासकों में वैमनस्य अग्नि भय एवं प्रकृति प्रकोप आदि देखने में आएंगे। विषम स्थिति में भारत अणुशस्त्र को आवश्यक समझने लगेगा और १९७५ तक भारत अणु शस्त्र निर्माण में सफल हो जाएगा। फिर भी भारत की सार्वभौम सत्ता न सभी स्थितियों को पार कर स्थिर रहेगी। वृष का शनि भारत के राष्ट्रपति के लिए शुभ नहीं इन्हें अपनी सेहत एवं सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए।

जन्म कुण्डली श्रीमती इन्दिरा गान्धी

जन्म कुण्डली



नवांश कुण्डली



श्रीमती इन्दिरा गान्धी की यथालब्ध कुण्डली में भाग्येश बृहस्पति वर्गोत्तमी होकर नवांश-कुण्डली में भाग्यस्थान को देख रहा है। इसी योग ने इन्हें सत्तारूढ़ रक्खा है। अब सप्तमेश एवं अष्टमेश शनि की महादशा में शनि का अन्तर १३ नवं. १९७० से चल रहा है जो कि—३ मई १९७३ तक चलेगा। यह समय सुरक्षा एवं स्वास्थ्य की दृष्टि से भय-प्रद है, इन्हें देशद्रोही व्यक्तियों से सावधान रहना चाहिए। अंगरक्षक भी सावधान रहें। यह ज्योतिष की दृष्टि से लिखा गया है।

पंजाब—यहां कृषि, औद्योगिक क्षेत्र में अच्छी प्रगति के योग हैं। सीमावर्ती प्रान्तों के साथ कुछ सुलझी हुई समस्याएं फिर से उभरेंगी। यहां निर्वाचन में अकाली दल को बहुमत प्राप्त होने पर भी सरकार बनाने के लिए अन्य पार्टी का सहयोग लेना पड़ेगा।

हरयाणा—यहां पर कृषि, लघु उद्योग-धन्धे एवं शिक्षा के क्षेत्र में भारी उन्नति होगी। यहां कांग्रेस को बहुमत प्राप्त होगा।

हिमाचल प्रदेश:—यहां की सरकार कृषियोग्य भूमि एवं बागबानी पर जोर देगी। व्यापारिक-आर्थिक-स्थिति में पर्याप्त सुधार होगा। शिक्षा के क्षेत्र में अधिक उन्नति होगी। यहां कांग्रेस को बहुमत प्राप्त होगा।

उत्तर प्रदेश—यहां नेताओं में विरोध, पार्टीबाजी, साम्प्रदायिक दंगे होंगे। इस प्रान्त का पर्वतीय भाग (उत्तराखण्ड) अलग राज्य की मांग करेगा। यहां जनसंघ, कांग्रेस एवं निर्दलीय उम्मीदवारों का पलड़ा भारी रहेगा। कांग्रेस कुछ अन्य पार्टियों के सहयोग से यहां यदि मिली जुली सरकार बना ले, तो कोई आश्चर्य नहीं।

राजस्थान—यहां की अधिकतर जनता गरीबी से खिन्न रहे। सीमा-संघर्ष एवं किसी विशेष दुर्घटना का भय है। यहां कांग्रेस को संयुक्त मोर्चे से जबरदस्त मुकाबला करना पड़ेगा।

काश्मीर—राहु-मंगल का योग इस प्रान्त के लिए अशुभ है, प्राकृतिक प्रकोप, वायु व शीत लहर से हानि एवं कुछ साम्प्रदायिक उपद्रव होंगे। यहां भारत के विरुद्ध साजिशें एवं सरहदों पर कुछ झड़पें भी हों। फलों का व्यापार मध्यम रहेगा एवं यहां के प्रधान को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़।

भारत का वायुमण्डल व वर्षा—वर्षारम्भ से ही राहु-मंगल का योग वर्षा के लिए अच्छा नहीं। "राहुरंगारकश्चैक-राशि-ऋक्षगतौ यदा। महाभयं च सस्यानां न च वृष्टिः प्रजायते॥" अतः वर्षा यथावसर पर्याप्त न हो। कहीं वर्षा अधिक होने से फसल को हानि हो एवं कहीं वर्षा की न्यूनता या अभाव से कृषक खिन्न रहें। सिन्ध, मारवाड़, सौराष्ट्र में कहीं अतिवृष्टि या अनावृष्टि से फसल को हानि हो। ९ दिसंबर के बाद उत्तर भारत में बहुत जगह ५, ७ दिन को झड़ी लगे एवं मकानों को नुकसान पहुँचे।

भारत का वाणिज्य व्यवसाय—व्यापारेश बुध की स्थिति को देखने पर ज्ञात होता है, कि—यह वर्ष धनी एवं व्यापारी वर्ग के लिए चिन्ताप्रद ही है। २८ अप्रैल को शनि वृष में आता है, जो कि—गुड़, खाण्ड, सोना, चांदी, तांबा एवं अनाजों में तेजी करता है। यह तेजी दो मास बाद अधिक होगी, इससे पहले साधारण तेजी रहेगी। वर्षारम्भ में सूत, कांसी आदि में तेजी आवे। वैशाख शु. २ से सरसों आदि तिलहन में एवं वनस्पति घी में मन्दे का प्रभाव रहेगा। २३ अप्रै. से २२ अक्तू. तक वनस्पति घी एवं सरसों आदि में मन्दे का योग है उसके बाद २५ दिसं. १९७१ तक तेजी का रुख रहेगा। आषाढ़ शु. में बुधोदय एवं श्रावण में शुक्रास्त हो रहा है अतः हमारा विचार इस वर्ष तेजी का ही है;—"आषाढ़मासे यदि शुक्लपक्षे चन्द्रस्य पुत्रोऽभ्युदयं करोति। शुक्रस्य चेच्छ्रावण मासि चास्तं धान्यं सुवर्णेन समं तदा स्यात्॥" १६ अग. से १२ सितं. तक बुध-शुक्र सूर्य एक राशिगत हैं; यह योग भी अनाजों में तेजी की ओर संकेत करता है;—"एक राशिस्थिता ह्येते सौम्य-शुक्र-दिनाधिपाः। सर्वधान्य-महर्यत्वं मेघाः स्वल्प-जलप्रदाः॥" ये तीनों ग्रह २१ अग. से ३० अगस्त तक मघा नक्षत्रगत होने से स्थिति को और भी विषम करते हैं;— एक नक्षत्रगा ह्येते तदा भयविवर्धनाः।"

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

वृश्चिक का गुरु भारत के अर्थतन्त्र में भारी परिवर्तन करेगा। चीनी, कपड़ा, कृत्रिम-वस्त्र, बिजली, इन्जीनीयरिंग का सामान एवं परिवहन साधनों में उन्नति होगी।

भारत में आगामी निर्वाचन--अनेकों नए नए व्यक्ति निर्वाचन क्षेत्र में उतरेंगे। स्थिति कुछ ऐसी होगी, कि-- C.P.I. और प्रसोपा तटस्थ न रहकर नई कांग्रेस का साथ देते दिखाई देंगे। कुछ दल एक ओर और कुछ दूसरी ओर होंगे। दलों में ध्रुवीकरण की प्रवृत्ति दिखाई देगी। दल बदलने की गति मन्द और राजनीति में स्थिरता दिखाई देगी। हिमाचल, म. प्र., गुजरात, उड़ीसा तथा अन्य कई प्रान्तों में राजनीति नया मोड़ लेगी। इस निर्वाचन में कई तथाकथित समाजवादी एवं प्रगतिशील नेताओं को आगामी परिवर्तन पर अवाक् रहना पड़ेगा। जनसंघ, गैर कम्युनिस्ट, निर्दलीय एवं कांग्रेस के नए-नए उम्मीदवार प्रकाश में आएंगे। निजलिंगप्पा वाली कांग्रेस को अनेकत्र मुंह की खानी पड़ेगी। आर्थिक नीति में समाजवादी सिद्धान्तों के समावेश का निर्देश करने वाले आकर्षक घोषणापत्र भी निजलिङ्गप्पा-कांग्रेस की विजय में यत्किञ्चित् भी सहायक सिद्ध न होंगे और यह कांग्रेस समाप्त प्राय हो जाएगी। निर्वाचन से पूर्व ही जनसंघ को परम्परागत अनेक मूलभूत सिद्धान्तों में परिवर्तन करने पड़ेंगे। इस निर्वाचन में श्री जगजीवनराम की कांग्रेस को खोए हुए अनेक स्थान प्राप्त होंगे। केन्द्रीय शासन की सत्ता कांग्रेस के हाथ में ही रहेगी। अधिकांश प्रदेशों में भी कांग्रेस को ही बहुमत प्राप्त होगा।

विश्व के प्रमुख राष्ट्र

अमेरिका--संवत् के अन्त में यहां अन्तरिक्ष की खोज में सफल परीक्षण होंगे, इजराइल की यह आन्तरिक रूप से सहायता करता रहेगा। भारत के साथ दुमुही नीति रहेगी। पाकिस्तान की ओर विशेष झुकाव रहेगा। इस वर्ष यहां के बाजार में कुछ मन्दे का बोलबाला रहेगा, जिसका विश्व के सभी क्षेत्रों पर प्रभाव पड़ेगा।

रूस--रूस की राजनीति में कुछ परिवर्तन दिखाई देगा। चीन के साथ राजनयिक सम्बन्ध कुछ कटु होंगे। वैज्ञानिक-अनुसंधान एवं अन्तरिक्ष की खोज में आश्चर्यजनक परीक्षण होंगे। जापान के साथ व्यापारिक सम्बन्ध बढ़ेंगे, कई पहलुओं पर भारत के विरुद्ध रुख दिखाई देगा। पाकिस्तान को प्रसन्न करने का प्रयत्न बना रहेगा। यहां के प्रमुख नेताओं को अनेकविध समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। १० जून के बाद यहां का आन्तरिक-वातावरण क्षुब्ध रहे, एवं अनेक प्रकार के हेरफेर हों। परिस्थिति वश प्रधान व्यक्ति को पदत्याग करना पड़े और किसी नए नेता का उदय हो।

चीन--इस देश के अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों में परिवर्तन दिखाई देगा। अन्दरूनी तौर पर रूस, जापान एवं भारत को अपना शत्रु समझता हुआ युद्ध की सामग्री जुटाने एवं अनेक प्रकार के विनाशकारी आणविक-परीक्षणों में लगा रहेगा। सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति डांवा डोल रहेगी। यहां लाल-चीन में अराजकता, आन्तरिक-विद्रोह एवं खाद्य-समस्या बढ़े। रोग से जन-धन हानि, विद्यार्थी-वर्ग में असन्तोष एवं माओवाद शिथिल होता दिखाई देगा।

पाकिस्तान--यह वर्ष पाकिस्तान के लिए शुभ नहीं। आन्तरिक कलह, क्रान्ति, संघर्ष रोग एवं तूफान आदि प्राकृतिक-प्रकोप से अशान्त वातावरण होगा। सरहद पर युद्ध का वातावरण बने। कई विघटनकारी तत्त्वों से अराजकता व्यापेगी। आधुनिक गुरिल्ला युद्ध के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देगा। चीन, अमेरिका, रूस एवं ब्रिटेन आदि से सम्बन्ध अधिक दृढ़ होंगे एवं ये देश इसे अणुशस्त्र बनाने के लिए प्रोत्साहन करेंगे: यहां अतिवृष्टि या अनावृष्टि से कृषि को क्षति हो। राजनैतिक उथल-पुथल रक्तपात एवं दुराचार बढ़ेंगे, दलबन्दी की भावना पनपेगी, किसी बड़े आदमी का पद रिक्त हो।

ब्रिटेन--यहां कहीं हड़ताल, कहीं आन्तरिक क्रान्ति से जनता में अशान्ति हो। भारत के साथ सम्बन्ध सामान्य न रहेंगे। पाकिस्तान के साथ अधिक गठबन्धन करेगा। राज कुटुम्ब से कोई शोक समाचार मिले।

जापान--यह देश सामाजिक-राजनैतिक एवं आर्थिक दृष्टि से उन्नति करेगा। व्यापार एवं उद्योग-धन्धों में उन्नति होगी। चीन एवं जापान प्रछन्न रूप से एक दूसरे पर प्रभाव रखना चाहेंगे। आन्तरिक वैमनस्य बढ़ेगा। भारत के साथ व्यापारिक-सम्बन्ध बढ़ेंगे एवं भारत लाभान्वित होगा। कुछ एशियायी समस्याओं पर भारत के साथ कुछ वैमनस्य रहे। यहां कहीं प्राकृतिक उत्पात, रक्तविकार एवं रोगभय से हानि हो।

जर्मनी--रूस के साथ पश्चिम जर्मनी के सम्बन्ध सामान्य रहेंगे। यहां संवत् के अन्तिम चरण में किसी विशेष आयोजन से उल्लास दिखाई देगा, वैज्ञानिक-उन्नति होगी।

संयुक्त अरब गणराज्य--यह वर्ष संघर्षमय है, इजराइल से सम्बन्ध संगीन होते जाएंगे। इनकी पारस्परिक तीक्ष्ण प्रतिक्रिया विश्वशान्ति के लिए चुनौती सिद्ध होगी, यहां की युद्ध ज्वालाएं यदि विश्वशान्ति को निगल जाएं तो कोई आश्चर्य नहीं। इस स्थिति में भावी महायुद्ध का क्षेत्र एशिया महाद्वीप ही बनेगा।

घाना, इराक, ईरान, कुवैत, तुर्की, सीरिया आदि राष्ट्रों में कहीं भूकम्प तूफान आदि से जनधन को हानि हो, कहीं क्रान्ति आए। बर्मा की उत्तर-पूर्वी सीमा पर चीनी पद-चिह्नों पर चलने वाले देशद्रोही आतंक करें, उत्तर पूर्वी सीमा पर खतरा बढ़ेगा।

पाठको! अतीत-भविष्य देखने की क्षमता इस कलियुग में कठिन ही है। पुनरपि ज्योतिर्विज्ञान दृष्ट्या एवं श्री प्रभुकृपावशात् जो राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय शुभाशुभ घटनाएं इस अल्पविषया बुद्धि में स्फुरित हुई हैं, उन्हें आपके समक्ष उपस्थित कर दिया है। आगे कर्तुमकर्तुमन्यथा कर्तुं समर्थ भविष्य के निर्धारक स्वयं प्रभु ही हैं। उनकी प्रबल शक्ति के सम्मुख मुझ जैसे अल्पज्ञ को भविष्य लेखन में प्रवृत्ति बाल चापल ही तो है;—

"अघटितमपि घटयति सुघटितमपि दुर्घटी कुरुते।
विधिरेव तानि घटयति यानि पुमान्नैव संघटते॥"
"तत्त्वं चात्रेश्वरो वेत्ति नाहं वेद्मि कदाचन।"

श्री मार्तण्ड भवन,
कुराली,
श्रा. शु. ८ चन्द्रवार
सं० २०७७ वि०

बघाट नरेशाश्रित—
—मुकुन्दवल्लभ
इन्दु शेखर शर्मा

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

शनैश्चर की साढ़े साती एवं ढैया का विचार

बृहत्कल्याणी (साढ़साती) साढ़े सात वर्ष की होती है, जो जन्मराशि से बारहवीं राशि में शनि के आने पर २॥ वर्ष तक सिर पर (चढ़ती), जन्मराशि में जाने पर २॥ वर्ष हृदय पर एवं जन्मराशि से दूसरी राशि में आने पर पैरों पर (उतरती) मानी जाती है।

लघुकल्याणी (ढैया) अढ़ाई वर्ष की होती है, जो जन्मराशि से चौथी एवं आठवीं राशि में शनि के आने पर मानी जाती है।

जिसकी जन्मकुण्डली में शनैश्चर का शुभ ग्रह से सम्बन्ध हो अथवा महादशा का अन्तर शुभ चल रहा हो उसे शनि का अशुभ फल कम होता है। यदि चन्द्र-शनि जन्म में अशुभ ग्रहों से युक्त हों, तो साढ़साती व ढैया महान् अशुभ, चिन्ता, धनहानि, कार्य में विघ्न, रोजगार में कमी, व्यर्थ कलह एवं रोग पशुपीड़ा हानि आदि का कारण बनती है। शान्त्यर्थ शनिवार के दिन सवालाख का तेल का हाथ लगाकर पक्षियों को डालना चाहिए या शनिवार को तेल में मुख देखकर उसमें मिष्टान्न गुलगुले बनाकर गरीबों को या भैंसे, कुत्ते को देवें। महावीर जी पर सिन्दूर, तेल चढ़ाना भी कल्याणप्रद है।

शनि अपनी साढ़साती में किसी को लगते समय, किसी को उतरते समय, किसी को मध्य में खराब होता है। यदि जन्मपत्री में चन्द्र तथा शनि २।६।१२वें स्थान में पड़े हों, अथवा शत्रु-क्षेत्रीय अस्त तथा नीच या पाप दृष्ट या पाप ग्रह के साथ उक्त स्थानों में पड़े हों तो साढ़ेसाती में अनेक संकट आवेंगे। जिनके जन्म के शुभ स्थानों में सबल शनि-चन्द्र पड़े हों तो उन्हें व्यापार की धूमधाम, सम्पत्ति की भरभराहट तथा हर प्रकार की सफलता मिलेगी। **साढ़ेसाती में शनि का प्रत्येक राशि के लिए अशुभ काल इस प्रकार है**—मेष राशि वालों को बीच के ढ़ाई वर्ष खराब, वृषभ को राशि के पहले ढ़ाई वर्ष, मिथुन को अन्त के ढ़ाई वर्ष खराब, कर्क को बीच के ढ़ाई वर्ष, सिंह को पहले ५ वर्ष, उसमें भी मध्य के ढ़ाई वर्ष विशेष खराब हैं। कन्या को पहले ५ वर्ष उसमें भी मध्य के ढ़ाई वर्ष विशेष अशुभ हैं। तुला को आखिर के ढ़ाई वर्ष, वृश्चिक को अन्तिम ५ वर्ष नेष्ट हैं, उसमें भी बीच के ढ़ाई वर्ष विशेष अशुभ हैं। धनु को प्रारम्भ के ढ़ाई वर्ष, मकर को पहले ५ वर्ष, उसमें भी पहले ढ़ाई वर्ष विशेष खराब हैं। कुम्भ को आदि अन्त के ढ़ाई वर्ष विशेषकर अन्त के ढ़ाई वर्ष अधिक अशुभ हैं। मीन को पूरे साढ़े सात वर्ष नेष्ट हैं, उनमें भी अन्त के ढ़ाई वर्ष विशेष अशुभ फल वाले होते हैं। शनि के ढ़ाई वर्ष के भ्रमण काल के १०-१० महीने के तीन तीन हिस्से होते हैं, उनमें फलादेश में परिवर्तन आ जाता है। एक राशि के ३० अंश होते हैं और शनि एक राशि पर ३० महीना रहता है, **निष्कर्ष यह है**, कि—शनि एक मास में एक अंश चलता है। इस समय में जब जब उसका राहु, मंगल या सूर्य से सम्बन्ध होता है, तब अशुभ फल करता है। जिस प्रकार अशुभ योगों में अशुभ-फल देता है, उसी प्रकार शुभ-योगों में शुभ फल भी करता है। इसी प्रकार यह साढ़ेसाती लग्न की तथा सूर्य की भी देखी जाती है। सूर्य की साढ़े साती में व्यभार खराब हो जाता है और लग्न की साढ़ेसाती में स्वास्थ्य खराब होता है, चिन्ताएं बढ़ती हैं।

वृष में शनि—वि. सं. २०२८ की वैशाख शुक्ल चतुर्थी बुधवार (२८ अप्रैल सन् १९७१) को ११ घं. ३० पल पर वृष-राशिस्थ चन्द्रमा के समय शनिदेव वृष राशि में प्रविष्ट हुए हैं। वर्षान्त तक एवं आगे भी शनि वृष राशि में ही रहेगा। इस वर्ष मेषादि राशियों के साढ़साती-ढैया का सुवर्णादि पाद विचार इस प्रकार है—मेष—साढ़साती उतरती पाद (उतरती) है, चांदी के पाए,—कुछ शुभ। वृष—साढ़साती हृदय पर, सुवर्ण के पायदे चिन्ताप्रद, अशुभ। मिथुन—साढ़साती सिर पर (चढ़ती), लोहे के पाए, कष्टप्रद अशुभ। तुला—ढैया, लोहे के पाए, कष्टप्रद। कुम्भ—ढैया. लोहे के पाए, कष्टप्रद।

गुरु का शुभाशुभ फल—वि. सं. २०२८. माघ कृष्ण पञ्चमी बुधवार (५ जन. १९७२) तक गुरु वृश्चिक में रहेगा। तत्पश्चात् वर्षान्त तक गुरु धनु में रहेगा। इसका प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल नीचे लिखे चक्र से जानिए—

—वृश्चिक राशि के गुरु का शुभाशुभ—

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
अशुभ	शुभ	मध्यम	शुभ	अशुभ	मध्यम	शुभ	मध्यम	अशुभ	शुभ	मध्यम	शुभ

धनु राशि के गुरु का शुभाशुभ

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
शुभ	अशुभ	शुभ	मध्यम	शुभ	अशुभ	मध्यम	शुभ	मध्यम	अशुभ	शुभ	मध्यम

गुरु का विशेष फल—गुरु जब तक जिस राशि को शुभ फलप्रद होते हैं, तब तक उस राशि वालों को विद्या व सन्तति की ओर से सुख, मित्र-बन्धु मिलाप, मान वृद्धि, खुशी, धनलाभ, शुभ यात्रादि अच्छे फल प्रदान करते हैं और जिन राशि वालोंको यह मध्यम होते हैं, उन्हें शुभाशुभ मिले-जुले फल प्रदान करते हैं और जिन राशि वालों को अशुभ-फलप्रद होते हैं, उन्हें धन-मानहानि, विद्या व सन्तति की ओर से चिन्ता, वृथा यात्रा, शारीरिक कष्ट, बड़ों से वैमनस्य आदि अशुभ फल होते हैं।

शान्त्यर्थ गुरुवार का व्रत, दान फल तथा चिड़ी आदि पक्षियों को हल्दी से पीले किए हुए कच्चे चावल डालना चाहिये।

राहु का शुभाशुभ फल—वि. सं. २०२८ में राहु संवत् के प्रारम्भ से अन्त तक मकर में ही रहेगा। इसका प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल निम्नांकित चक्र से जानें;—

मकर राशि के राहु का शुभाशुभ फल—

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
मध्यम	मध्यम	अशुभ	मध्यम	शुभ	मध्यम	अशुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ	अशुभ	शुभ

राहु का विशेष फल—राहु जब तक जिस राशि को शुभ-फल-प्रद होता है, तब तक उस राशि वालों को प्रिय-मिलन, द्रव्य-लाभ, स्वास्थ्य सुख, घर में सन्तोष, कुटुम्ब में वृद्धि आदि शुभ फल देते हैं। जिन राशि वालों को मध्यम होते हैं, उन्हें यदा कदा किंचित शत्रु-भय कुछ हानि, लाभ कम, वृथा कलह, द्रव्यचिन्तादि देते हैं और जिन राशिवालों को यह अशुभ होते हैं, उन्हें अकस्मात् हानि, चोट-रोग, भय, खर्च अधिक, मित्र-बन्धु वियोग, गृह-कलह, अशुभ विचारों की ओर मन की दौड़ इत्यादि फल देते हैं।

शान्त्यर्थ प्रत्येक मास के पहिले बुधवार की रात को तैलपक्व वस्तु गरीबों को दें वा कुत्तों को डालते रहें।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

अथ प्रसूति-लग्न विचार

मेष—जन्म समय मेष लग्न हो, तो माता का पूर्व या पश्चिम में शिर, उपसूतिका दो या तीन, प्रसव में माता को कष्ट अधिक, पाद से प्रसव, भूमि में घर के पूर्व भाग में जन्म हुआ, बालक जन्मोपरान्त दीर्घ शब्द से रोया। माता ने लाल एवं मीठा भोजन किया था। वस्त्र लाल मलिन। ४।११।१६।४४।५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मत्युञ्जय जप करवाना श्रेष्ठ है। इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

वृष—माता का दक्षिण में शिर, उपसूतिका ३ या ४, जन्मोपरान्त दो और आईं, जन्मते ही बालक दीर्घ शब्द से रोया, गौरवर्ण, अधोमुख, पाद स प्रसव, घर के पूर्व हिस्से में सूतिका स्थान, श्वेत-स्वच्छ वस्त्र, जन्म से पहले माता ने शुष्क शाकादि भोजन किया, १।२८।३३।४४।६१ वर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के प्रारम्भ में महामृत्युञ्जय का जप और ब्राह्मण भोजन करवाना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मिथुन—माता का सिर पश्चिम में उपसूतिका ३ या ५, माता का हरा या जीर्ण वस्त्र, शिर से प्रसव, मुख ऊपर को, जन्मते ही दीर्घ शब्द किया, नाल छूटा था, घर के आग्नेय भाग में जन्म, माता ने पहले लवणयुक्त विचित्रान्न भोजन किया, दूध कम उतरे, ४।१०।१४।३८।५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के प्रारम्भ में शिवार्चन और मृत्युञ्जय का जप करवावे। यदि इन वर्षों से बचे तो ८६ वर्ष जीवे।

कर्क—माता का उत्तर में शिर, उपसूतिका ५ या ४, बालक जन्मते ही छींका, नाल छूटा, भूमि पर जन्म, घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान, माता के वस्त्र श्वेत व लाल, माता ने प्रसव के पहले मधुर व शीतल भोजन किया था, दीपक उठाया गया, बालक के वामांग में लहसन आदि का चिन्ह, देर से रोया, ५।२५।४०।५८।६२ इन वर्षों में बालक कष्ट पावे। इनसे बचे तो १०० वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों में प्रवेशसमय तुलादान, छायादान और मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जाप करवाना कल्याणप्रद है।

सिंह—माता का पश्चिम या पूर्व में शिर, मलीन सा लाल वस्त्र, शुष्क कसैला या खट्टा भोजन किया था, जन्म समय स्त्री ३, पीछे से १ आई, दीपक स्थिर रहा, बालक जन्मते ही तुरन्त रोया, घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान, ५।१३।२८।३६।४८ इन वर्षों में बालक कष्ट पावे। इनसे बचे तो ६७ वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों के प्रवेश होते ही श्रीसूर्य नारायण के मन्त्र का जाप या आदित्यहृदय का पाठ और मीठा भोजन करावे तो कल्याण रहेगा।

कन्या—माता का दक्षिण में शिर, रक्त जीर्ण वस्त्र, मिष्टान्न बासी चीज या बड़े आदि का भोजन, जन्म समय स्त्री ३ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक ने जन्मते ही अर्द्ध शब्द किया। घर के नैऋत कोण में सूतिका-स्थान, ४।१६।२३।३६।५५ वर्ष कष्टकारक हैं, यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

तुला—माता का शिर पश्चिम या पूर्व को, श्वेत जीर्ण वस्त्र, भना हुआ अन्न, ठंडा जल या कोई मामूली चीज कोषपूर्वक खाई थी, जन्म समय स्त्री ३ या ६, वहां एक कन्या भी हो, दीपक उठाया गया, बालक जन्म समय कुछ ठहर कर अर्द्ध शब्द करके रोया, घर के पश्चिम भाग में सूतिका-स्थान, ८।१५।३१।३५।६२।६४ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में नवग्रह का दान, हवन, जप करवाना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ७५ वर्ष जीवे।

वृश्चिक—माता का दक्षिण या उत्तर में शिर, रक्त वा दग्ध वस्त्र, कष्ट अधिक [illegible] समय स्त्री २ या ३, पीछेसे भी दो आई, दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया, छींक भी किया, दीर्घकेश, घर के पश्चिम भाग में प्रसवस्थान, ११।२८।३८।५२।६२ इन कष्टकारक दीर्घ वर्षों के प्रारम्भ में मृत्युञ्जय जप और तुलादान कराना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

धनु—माता का शिर पश्चिम या पूर्व को, पीत वा रक्त वस्त्र, पक्वान्नादि भोजन, जन्म समय स्त्री १ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर तत्काल दीर्घ शब्द से रोया, और छींक भी किया, घर के वायव्यकोण में सूतिकास्थान, २।१०।१८।३१।३८।४२।६७ इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन, महामृत्युञ्जय जप, ब्राह्मण भोजन श्रेष्ठ है, यदि इन वर्षों से बचे तो ८१ वर्ष जीवे।

मकर—माता का शिर दक्षिण में, ऊपर काला वा जीर्ण कमजोर वस्त्र, गुड़, दुग्ध, कसैला भोजन, ठण्डा जल पान किया था, जन्म समय स्त्रियां २, पीछे से १ आई, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर अर्द्ध शब्द से रोया और छींक भी किया, घर के उत्तर भाग में पुराना सूतिकास्थान, ५।१३।२७।३६।५७।६३।८७ इन कष्टकारक वर्षों से बचे, तो ९५ वर्ष जीवे।

कुम्भ—माता का शिर पश्चिम को, जीर्ण, श्रवण वा कुरूप वस्त्र, मधुर शीत शाकादि कुभोजन, कष्ट अधिक, जन्म समय पास स्त्रियां ४, दो स्त्री पीछे से आईं। उनमें एक स्त्री गर्भिणी भी हो। दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर अर्द्ध शब्द से रोया, वामांग में कोई चिह्न भी हो, घर के उत्तर भाग में सूतिका-गृह, २।२८।३३।४८।६४ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप हितकारक है, इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मीन—माता का शिर उत्तर में, पीत या मलिन वस्त्र, विचित्र सा अल्प भोजन, जन्म **समय स्त्री २** या ५, दीपक हाथ में उठाया व जलाया गया था, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया, घर के ईशान में सूतिका-स्थान, १।८।१३।३६।४८ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में ग्रह-शान्ति हवन मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जप कराना श्रेष्ठ है, यदि इन वर्षों से बचे तो ८३ वर्ष जीवे।

स्मरण रहे, कि-अधिकांश जिस लग्न के लक्षण मिलें-वही बालक का जन्मलग्न जानना क्योंकि यह साधारण लग्न के फल बलाबल के कारण सभी नहीं मिल सकते।

सुता जन्म सिंहराशि में, धन-मृग जन्मे बाल। अर्ध-शब्द शिशु करत भयो भाषत बुद्धि रसाल॥

अथादौ पितृपरोक्ष ज्ञानम्—(१) जन्म लग्न को चन्द्रमा न देखे, (२) बुध-शुक्र के मध्य में चन्द्रमा हो, (३) लग्न में शनैश्चर चन्द्रमा से अदृष्ट हो, (४) भौम सप्तम, चन्द्रमा लग्न को न देखता हो, इन चार योगों में से एक भी योग में उत्पन्न हुए बालक का पिता के परोक्ष में जन्म कहना।

जहां राहु शैय्या तहां भंग जहां कुज होय। रविस्थान में दीप कहि शनी लोह कहि सोय॥

जन्मकुण्डली में दिशा ज्ञान—पूर्व, द्वितीय, तृतीय—ईशान। चतुर्थ—उत्तर। पञ्चम, षष्ठ—वायव्य। सप्तम—पश्चिम। अष्टम, नवम—नैऋत। दशम—दक्षिण। एकादश तथा द्वादश भाव को आग्नेय समझना।

अथ प्रसूति-स्थानात् पाकशालादि विचारः

जन्मकुण्डली में सूर्य मंगल जिस दिशा में हों, वहां अग्निस्थान (पाकगृह) जानना, इसी तरह चन्द्रमा से जलस्थान, बुध से भण्डार, गुरु से धनस्थान, शुक्र से देवस्थान और

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

शनि से अशुभ (मैला) स्थान जानना चाहिए। दो०—लग्ननाथ जो केन्द्र में तीन दिशा को द्वार। वा लग्नप दिशि जानिए कहत बुद्धि आगार ॥ केन्द्र (१।४।७।१०) स्थान में एक से अधिक ग्रह हों तो उनमें जो बली (स्वराशिमित्रोच्च व मूल त्रिकोण राशि का) केन्द्र स्थान में स्वमित्र शुभ के नवांश में स्थित ग्रह हो उसकी दिशा में वा लग्नपति की दिशा में सूतिकागृह का द्वार होता है। ग्रहों की दिशा—सूर्य की पूर्व, चन्द्र की वायव्य, भौम की दक्षिण, बुध की उत्तर, गुरु की ईशान, शुक्र की आग्नेय, शनैश्चर की पश्चिम, राहु केतु की नैर्ऋत।

चन्द्रात्तैल-ज्ञानम्—चन्द्रमा से दीप के तैल का ज्ञान होता है, जैसे रात्रि का जन्म है और जन्मकाल पर चन्द्रमा के कम अंश व्यतीत हुए हैं, तो दीपक में तैल ज्यादा कहना। यदि चन्द्रमा आधी राशि भोग कर चुका हो, तो दीपक में आधा तेल कहना, यदि चन्द्रमा शीघ्र ही दूसरी राशि पर बदलने वाला हो, तो बहुत ही कम तेल कहना। सो०—तनुस्थान शशि जाई, वा शशि षष्ठे भवन में, शिशु जन्म तब आई, तब कहि दीपक तैल नहिं। सित शनिदशमें धाम, पंचम तनुपै चन्द्रमा, शिशु जन्मे तब वाम, दीपक तैल सों युक्त कहि।

लग्नाद्दीपवर्ति-ज्ञानम्—जन्म लग्न के कम अंश हों तो बड़ी बत्ती कहना, अधिक अंश हों तो छोटी कहे।

चन्द्रलग्नांतर्गतैर्ग्रहैः सूतिकोपसूतिका—यदि लग्न की निर्बलता के कारण लग्न फलानुसार उपसूतिका का पूरा पता न लगे तो जन्मकाल में लग्न से चन्द्र पर्यन्त जितने ग्रह उतनी ही उपसूतिका कहना। परन्तु जब कोई ग्रह चन्द्रमा के साथ हो तो उसके अंश देखें। यदि उसके अंश चन्द्रमा से कम हों, तो उसकी गणना करे अन्यथा उसे नहीं जोड़ें। इस प्रकार जो ग्रह लग्न में हों और उसके अंश लग्न से अधिक हों तब ही उसकी संख्या जोड़ें अन्यथा नहीं जोड़ें। लग्नचन्द्रांतर्गत कोई ग्रह वक्र या उच्च का हो तो तीन गुणा करना और स्वराशि स्वनवमांश स्वद्रेष्कोण में हो तो द्विगुण करना, इसी प्रकार जितने ग्रह नीच राशि के अस्त के होवें उनका आधा करके उपसूतिकाओं में जोड़ने से ठीक उपसूतिका स्त्रियों की संख्या का ज्ञान होगा। इस में भी विशेष यह ध्यान में रखने योग्य है कि वह लग्न चन्द्रांतर्गत ग्रहलग्न के भोग्यांश से सप्तम भाव पर्यन्त होवे तो सूतिका ग्रह से बाहर समीप में, और सप्तम भाव से लग्न के भुक्तांश पर्यन्त हों तो सूतिका के समीप में अन्दर जानना। उन ग्रहों में जो शुभग्रह हों वहां धर्मशील सौभाग्यवती स्त्रियां कहना, अशुभ ग्रहों में विधवा व दुश्चरित्रा कहें।

अथ शय्या, शिर व पाद विचारः

लग्नदिशि शय्या शिरस्त्रिषडक्रान्त्येषु पादाः। लग्न की दिशा की तरफ पलंग का सिरहाना कहना, अर्थात् १।२ लग्न में पूर्व, ३ में अग्निकोण, ४।५ में दक्षिण, ६ में नैर्ऋत्य, ७।८ में पश्चिम, ९ में वायव्यकोण, १०।२२ में उत्तर और १२ लग्न में ईशानकोण की तरफ जानना। तीसरा, छठा, नौवां, बारहवां स्थान पाये जानना। इन स्थानों में से जिस स्थान में पाप ग्रह युक्त हो वहां सूतिका के पलंग का पावा फटा टूटा समझना।

दो०—मीन-मिथुन-सिंह-तुला, मेष होय तत्काल। अन्तरिक्ष भयो बालका, शेषे भूमि विशाल॥

अथ चिह्नज्ञानम्—दो० षट्त्रिकोण वा लग्न रवि बुध भाषे धरि ध्यान। वामें कुछ लहसन अहै गर्गवचन परमाण॥ भानु तथा सौरी तनधन कुज कण्टक चन्द। बालक के षट् अंगुली भाषत कविकुलवृन्द। तनु स्थान में शुक्र हो अष्टम जावे राहु। वाम कर्ण वा मस्तके अवश चिह्न दरशाहु॥ सुहृद भाव में कवि तम भौम वा सौरी लग्न। वाम पाद के चिह्न को भाषत ज्योतिषमग्न॥ नौमें पांचे भृगु बसे तनु वा चौथे मन्द। मृत्यु जावे बुध गुरु उदरे चिह्न भणंद।

प्रसवकष्ट दूर—प्रसवकाल में पहले शुक्लपक्ष की चतुर्दशी को प्रातः सूर्योदय से पहले सहदेवी या अपामार्ग (पुठकंडा) की जड़ें लाकर घृतयुक्त गुग्गुल की धूनी देकर कटि में बांधे और साथ ही "ओंमुक्ताः पाशा विपाशाश्च मुक्ताः सूर्यण रश्मयः। मुक्ताः सर्वभयाद् गर्भमेहि माचिर माचिर स्वाहा॥" इस मंत्र से सात बार शुद्ध जल अभिमन्त्रित करके गर्भिणी स्त्री को पिलावे तो सुख से शीघ्र प्रसव होगा। अगर तीस का यन्त्र भी अनार की कलम से कांसे की थाली में लिख धोकर पिला देवें तो गर्भिणी को कोई भय न होवे, बच्चा बिना कष्ट पैदा होवे। स्मरण रहे कि पहले उपरोक्त मन्त्र तथा तन्त्र ग्रहण के समय या दीपमाला की रात्रि को मन्त्र का जाप करके तथा यन्त्र को लिखकर चलता कर लेवे तब कष्ट को मिटाता है।

बालारिष्टः—

दो०—शून्याष्टमतनु पाप खग, बरहै शशी जो खीन। कण्टक शुभ खगना बसै, वेगि ताहि यमलीन। बसै चन्द्रा द्वादसै अष्ट भवन २ पाप। एक मास में शिशु मरे मातु पिता संताप॥ लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्म समय जो पाप। एक मास में शिशु मरे मातु पिता संताप॥ लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्म समय जो पाव। बालक दशवासर जिये कहत बुद्धि गुण भाव॥

अथ काणयोगाः—तनु धन व्ययपतियुक्त भृगु आई बसे त्रिकधाम। वा शशि धन कवि पाप युत, ताहि नेत्र बेकाम। सार्कशुक्र तनुनाथयुत भवन बसै त्रिक जाय। जन्म अन्ध यह योग है भाषत बुध समुदाय॥ तात मात भ्राता तनय मातुल त्रिय घर नाथ॥ चन्द्र भौम जो द्वादशे वाम नैन की हान॥ भानु राहु दहनो नयन, बुधजन कहत बखान॥

मूकयोगाः—पञ्चमेश गुरु युक्त त्रिक मूक बाल तब होय। जौन भौमपतियुक्त गुरु त्रिकहि मूक कहि सोय॥ शुक्र त्रिके गुरुसिंह अज, दशम भानु कुज वास। मूक होय संशय नहीं बुधजन करत प्रकाश।

दुःखदयोगाः—रिपु मृत्यु द्वादश गेह में पाप युक्त लग्नेश। जन्म समय जाके परै ताको अंग कलेश॥ पाप युक्त तनु भवन में रिपु मृत्युप के ईश। यथा जोग जाके परै तनु सुख विश्वाबीस॥ पापग्रहयुत लग्नपति परै लग्न में आय। वीर्यहीन नर होय तो अधिक व्याधि रुजताय॥

बन्धनयोगाः—क्रूर रहै धन नवम व्यय, और पञ्चम आगार। सो नर सुर कसूर करि निवसै कारागार॥

सर्पवेष्टितयोगाः—यदि अष्टमेश लग्न में राहु सहित हो तो बालक सर्पवेष्टित अर्थात् सर्प जैसे नाल से वेष्टित होता है।

यमल जन्मयोगाः—चतुष्पद राशि (मेष, वृष, सिंह, मकर का पूर्वार्द्ध और धन के उत्तरार्द्ध) का सूर्य होवे, शेष ग्रह बलवान् होकर द्विस्वभावराशि के लग्न में स्थित हों तो यमल अर्थात् दो बच्चों का इकट्ठा जन्म कहना। अथवा आधान लग्न (गर्भ वाले दिन का लग्न) का स्वामी लग्न में हो तो यमल का जन्म होता है।

माता बच्चे को त्याग दे—शनि मंगल से ५।७।९ स्थान में चन्द्रमा हो तो माता बालक को त्याग दे, यदि गुरु देखता हो तो त्याग देने पर भी दीर्घायु हो।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

मृत्यु-समय-विचार—जिन अरिष्ट योगों में मरण काल नहीं कहा गया, उन अरिष्ट योगकारक ग्रहों में जो ग्रह बली हो, वह जन्मकाल में जिस राशि में स्थित हो उस राशि में जब चन्द्रमा आता है तब कहना। अथवा—जन्मकाल में जिस राशि में चन्द्रमा स्थित हो जब फिर उसी राशि में चन्द्रमा आता है, तब मरण कहना। अथवा चन्द्रमा जब लग्न राशि में आता है, तब मरण कहना। अथवा, वर्ष के भीतर जब जिस योग युक्त स्थान में जाकर चन्द्रमा बली हो और पापग्रहों द्वारा देखा जाता हो, तब मरण कहना चाहिए। किन्तु जब तक आयु का विचार न हो सके तब तक अन्य विचार करना निरर्थक है, इस वास्ते आयु का प्रथम विचार कर फिर मृत्यु कहे।

सुखदयोगाः—अंगधीश निज लग्न में बुध गुरु कवि के संग। या केन्द्र गृह २ परे सो जानो सुख संग॥ जन्मलग्न में उच्च ग्रह जो काहू के होय। मित्र दृष्टि ता पर परे सर्व सुखी नर होय॥

क्लीब (नपुंसक) योगाः—दशम भवन भृगु मन्द दोउ क्लीब योग तब जान,। शुक्र भवन ते रिष्फ षट बसे विलब भानु॥

कुष्ठयोगाः—लग्नप बुध कुज शशि युते राहु युक्त या केतु। श्वेत कुष्ठ को योग यह वरणत गुणी सचेतु॥ भौम भास्कर मन्दयुत रक्तकृष्ण कह कुष्ठ। लग्नाधिप रविसाथ त्रिक तापगण्ड अति रुष्ट॥ जलजगंडयुत चन्द जो ग्रन्थिगंड कुज साथ। पित्त रोग तब जानियो, बुध त्रिकयुत तनु नाथ॥ आमरोग गुरुयुक्त त्रिक क्षयी रोग भगसून। यमतम शिखि वा युक्त त्रिक, दिन प्रति रुजि कहि दून।

केमद्रुमः—आगे पीछे चन्द्र के जो न परैं ग्रह कोय। केमद्रुम यह रोग है सब धन डारे खोय॥ उच्च चन्द्र शुभयुक्त दृग केन्द्रधाम में होय। तब केमद्रुम शुभ कहे दोष न मानो कोय॥

अथ स्त्रीजातक

क्रूरलग्नयुत क्रूर जो, स्वामी दृष्टि नहीं होय। सो कन्या कुल गरल है, भूलि न ब्याहेउ कोय॥ जाके कुज दशमे बसै ऋणी होय पति तासु। लग्न राहु शनि सातवें पति जीवे नहीं जासु। क्रूरयुक्त लग्नेश जो पापग्रहों के बीच। सो कन्या व्यभिचारिणी बुधवर कहै कुज नीच। राहु शुक्र जो लग्न में कन्या को पति और। पाप दृष्टि शनि सातवें कन्या वास कुठौर। लग्न बीच शनि कुज तमसि निर्धन स्वेच्छाचारि। सप्तम कुज राण्ड कहें पति को तजे तमारि॥ छठे आठवें चन्द्र जो क्रूर पर निज अङ्ग। भौम आठवें भवन में सो पति करि है भंग॥ राहु सातवें लग्न कुज कंटक शुभ सों हीन ताको पति जीवित रहे वर्ष होय या तीन॥ द्वादशाष्ट कुज क्रूरयुत राहु बसै त्रिकधाम। राण्ड होय कुछ दिवस में कहत गणक गुणग्राम॥ पाप ग्रहों के बीच में लग्न होय वा चन्द। सो त्रिय नाशे कुल दुवो भाषत कविकुल वृन्द॥ सप्तम भृगु जाके बसै सो कुल दोसी नारि। रूपवती तनु भृगु बसै बुधजन कहत विचारि॥

वैधव्य-विषकन्यायोगाः—चौ० रविवार द्वितीया जो होय। श्लेषा ताहि दिन में जोय॥१॥ कृत्तिका होय शनिश्चर वार॥ साते तिथि का करो विचार॥२॥ होय शतभिषा मंगलवार। कहो द्वादशी तिथि निर्धार॥३॥ इन योगन में कन्या होय। निश्चय विधवा जाने सोय॥४॥ जन्मलग्न द्वै शुभग्रह होय। एक पापग्रह नभ १० में जोय॥५॥ शत्रु क्षेत्र में द्वै ग्रह मानो। ता कन्या को विधवा जानो॥६॥ अश्लेषा द्वितीया को होय॥ मन्दवार युत लीजो जोय॥७॥ परे शतभिषा मंगलवार। साते तिथि लीजो निर्धार॥८॥ रविवार द्वादशी जो होय। नक्षत्र विशाखा जानो होय॥९॥ ऐसो योग विधि जो परे। तो कन्या को विधवा करे॥१०॥ दोहा—सदन में भूमिसुत जन्म सदन शनि जान। सूर्य होत सुत सदन में कन्या विधवा मान॥११॥

वैधव्य-विषकन्याभंगयोगाः—जन्मलग्न या चन्द्र ते शुभग्रह सप्तम होय। अथवा सप्तम लग्नपति सुभगा कन्या होय॥

काकवन्ध्यादियोगाः—जे अष्टमे काकवन्ध्या। मन्दाकविष्टमे वन्ध्या। अष्टमे जीवे वा शुक्रे नष्टगर्भा वा मृतापत्या॥

स्त्रीणां राजयोगाः—चौपाई-केन्द्रधाम नभगा शुभ होई। नरतनु पाय कलत्र समोई। रानी होय बहुत धन ताके। मन प्रसन्न होई है सुत वाके—चन्द्रज तुग बसे तनु जाई। लाभ धन गुरु आवे धाई॥ सो तिय होय नृपति की नारी। जन विख्यात होय सुकुमारी॥ जो षट्वर्ग शुद्ध गुरु होई। शशि दृग केन्द्र भवन में होई॥ ऐसे योग जन्म सुकुमारी॥ रानी होय सदन धनभारी॥ दोहा.... कर्क चन्द्रमा सातवें जीव दृष्टि परिपूर। पुत्र पौत्र धन भूरि युत ताको पति नृप शूर॥ लाभ भवन शीत चन्द्र जो सोमज सप्तम भौन। सुरगुर परिपूर्ण लखे रानी होई है तौन॥

स्त्रीणां पुत्रभावविचाराः—पञ्चमे शुभदृष्टे च पञ्चमाधिपतावपि। केन्द्रकोणे तदा नारी बहुपुत्रवती भवेत्॥

स्त्री आदि के लिए अशुभ प्रसव मास—कार्तिक में स्त्री, भाद्रपद में गौ, मागशीर्ष में हथिनी, श्रावण में गधी वा घोड़ी, माघ में भैंस, ज्येष्ठ में बिल्ली, वैशाख में ऊंटनी, पौष में बकरी, चैत में कुत्तिया के बच्चे जन्में तो ६ मास में पिता वा घर वाले की मृत्यु अथवा महाभय होता है। माघ में बुधवार को भैंस, श्रावण में दिन में घोड़ी प्रसूति हो तो महाभय शीघ्र होवे। स्मरण रहे, कि यहां सर्वत्र सौरमास का ग्रहण है। प्रसूता गौ आदि का तत्क्षण दानकर व्याहृति मन्त्रों से घृताक्त श्वेत सरसों का हवन करे, बच्चा जन्मे तो कार्तिक शांति करे, तो शुभ है।

त्रिखलजन्म फल—यदि तीन कन्याओं के पश्चात् पुत्रोत्पति हो अथवा तीन पुत्रों के पश्चात् कन्या का जन्म हो तो त्रिखल नामक दोष के कारण कन्या माता को, लड़का पिता को भय, धनहानि आदि कष्ट होते हैं, कृपणता छोड़कर त्रिखल शांति करे तो शुभ होता है। तीन अन्न, तीन वस्त्र, तीन धातु (चादी, सोना, तांबा) दान करे।

बालक की दन्तोत्पत्ति का फल

बालक के जन्मते ही दांत निकले हों तो माता पिता को अरिष्ट, ऊपर की पंक्ति में दांत से युक्त जन्मे तो अधिक अरिष्ट। प्रथम ऊपर की पंक्ति में दांत निकले तो मातृपक्ष को भय हो, मामा शान्ति करे। एक मास में दांत निकले तो शरीर नष्ट, द्वितीय में छोटा भ्राता नष्ट. तृतीय में भगिनी नष्ट, चतुर्थ में भाई नष्ट, पाँचवें में ज्येष्ठ बन्धु नष्ट, छठे में बहुभोग, ७वें में पितृसुख, ८वें में पुष्टि, ९ में धनी, १०वें में सुख, ११वें में सुख, १२वें में धनी।

अथैकनक्षत्रजनन-फलम्:—वृद्ध गर्ग कहते हैं कि यदि भ्राताओं वा पिता पुत्र माता वा कन्या का एक नक्षत्र हो तो दोनों की अथवा एक की अवश्य मृत्यु होती है। स्वर्णदान से कल्याण होता है।

जन्मकुण्डली से विशेष विचार

लघुभ्राता का जन्म समय जानना—(१) जन्मलग्न स्पष्ट में दशम भाव का स्पष्ट

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

जोड़ें जो राशि हो, उस पर जब गोचर में गुरु ग्रह आवे तो भाई या बहन का जन्म होता है।

(२) तृतीयेश तृतीयस्थग्रह तृतीयस्थ राशि की दशा में छोटे भ्राता का जन्म होता है यदि भ्रातृ-प्रतिबन्धक योग न हो तो।

भ्राता के कष्ट (खतरे) का समय जानना—(१) जन्मलग्न के स्पष्ट में से तृतीयेश के स्पष्ट को घटावे, शेष राश्यादि का जो नक्षत्र हो उस नक्षत्र पर जब गोचर में शनि आता है तब भाई या बहन को कष्ट होता है।

(३) लग्नेश स्पष्ट में से तृतीयेश स्पष्ट घटावे, शेष में दशमेश स्पष्ट और मंगल-स्पष्ट घटावे—(यथा)—ल० तृ० शे। शेष राशि में से जब गोचर का शनि आता है तब भ्रातृ कष्ट होता है।

(४) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश, भौम इन चारों स्पष्टों को जोड़ कर जो राश्यादि हो उसके नवांश राशि में जब गोचर शनि होता है उस काल में भ्रातृ-कष्ट होता है।

(५) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश और भौम को जोड़कर जो राश्यादि हो उसके द्रेष्काण राशि में जब गोचर का गुरु होता है, तब भ्रातृ कष्ट जानिये।

माता की मृत्यु का समय जानना—(१) जन्म के सूर्य स्पष्ट में से चंद्रस्पष्ट को घटावे तो शेष के उस राशि में या त्रिकोण राशि में या उस शेष राशि के नवांश राशि में जब गोचर का शनि वा गुरु होगा तब माता की मृत्यु का समय जानना।

अथ कन्याजन्मनि मूलचक्रम्

शीर्षे	मुखे	कण्ठे	हृदये	बाह्वो	हस्ते	गुह्ये	जंघा	जान्वो	पादे	स्थानम्
४	६	५	५	५	४	९	४	४	१०	घटी
पशु ना.	धन ना.	धन ला.	कुटिला	धनला.	दयावती	कामिनी	मातृना.	भ्रातृना.	वैधव्य	फलम्

कन्याजन्मनि नक्षत्रफलम्

जन्म नक्षत्र	मूल	आश्लेषा	ज्येष्ठा	विशाखा (४च०)
फलम्	(१।२।३च०) श्वसुरहानि	(२।३।४ च०) सास नाश	ज्येष्ठ नाश	देवर नाश

सुतः सुता वा नियतं श्वसुरं हन्ति मूलजः। तदन्त्यपादजो नैव तथा श्लेषाद्यपादजः।

तिथिगण्डान्त—पूर्णा तिथियों के अन्त की ७ घड़ी, नन्दा तिथियों आदि की दो-दो घड़ी तिथि गंण्डान्त होता है। यह गण्डान्त जन्म यात्रा विवाह में भयप्रद होता है।

अथ गण्डमूल नक्षत्राणि

अश्विनी । आश्लेषा । मघा । ज्येष्ठा । मूल । रेवती

उपरोक्त ये ६ नक्षत्र गण्डमूल कहलाते हैं, इन नक्षत्रों में उत्पन्न होने वाला बालक माता, पिता, कुल और अपने शरीर का नाश करने वाला होता है। यदि अपना शरीर नष्ट होने से बच जाय, तो धन तथा घोड़ों का स्वामी होता है।

गण्डमूल में उत्पन्न पुत्र के ६ मास अथवा २७ दिन तक पिता को दर्शन नहीं करना चाहिए, तत्पश्चात् शान्ति करके विधि से मुख देखना कल्याणप्रद है।

मूल और आश्लेषा नक्षत्र के चरण जन्मफल

मूल पाद	फल	आश्लेषा पाद	फल
चरण	फल	चरण	फल
१ म	पितृनाश	४ म	पितृनाश
२ ,,	मातृनाश	३ ,,	मातृनाश
३ ,,	धननाश	२ ,,	धननाश
४ ,,	शान्ति से सुख	१ ,,	शान्ति से शुभ

मूलजनने वृक्षविभाग फलम्

मूल	स्तम्भ	त्वचा	शाखा	पत्र	पुष्प	फलम्	शिखा	विभाग
७	८	१०	११	१२	५	४	३	घटी
मूल	वंश	मातृ	मातुल	मन्त्री	मन्त्री	विपुल	अल्प	फल
नाश	नाश	क्लेश	नाश	पदम्	पदम्	लाभ	जीव	

अथ मूलपुरुष चक्रम्

मूर्ध्नि	मुख	स्कन्धे	बाह्वोः	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुह्ये	जान्वोः	पाद	स्थान
५	७	४	८	४	९	२	१०	६	६	घटी
राजा	पि.मृ.	बली	बली	दानी	मन्त्री	ज्ञानी	कामी	मतिमा.	मतिमा.	फलम्

अथ मूलनिवासचक्रम्

जन्ममासानुसारेण	वै. ज्ये. मार्ग. फा.	चैत्र, श्रा. का. पौ.	आषा. आ. माघ भा.
जन्मलग्नानुसारेण	२।५।८।११	३।६।९।१२	१।४।७।१०
मूलनिवासस्थानम्	पाताले	भूमौ	स्वर्गे
फलम्	शुभम्	कुलनाशः	शुभम्

मूल का निवास मास व लग्नानुसार दोनों प्रकार से भूमि पर आवे तो महाभयप्रद होता है एक प्रकार से स्वल्पभय होता है। तृतीया, दशमी, षष्ठी शनिभौमसमन्विता। शुक्ला चतुर्दशी मूले जातं संहरते कुलम्॥ यत्र गण्डे क्रूरयुते महादोषकरो भवेत्। शुभग्रहसमायोगे ईषच्छुभकरं भवेत्॥ दिनक्षये व्यतीपाते व्याघाते विष्टिवैधृती। शूले गंडातिगंडे च परिघ यमघण्टके॥ ब्रह्मदण्डे मृत्युयोगे प्राप्ते गंडदिने क्षिपुः। जातो हन्ति कुलं सर्वं तस्मात् कुर्वीत शान्तिकम्॥

यथा सर्पविषश्चैव मन्त्रश्चवणाद्विलीयते। तथैव गंडदोषोऽपि विधानेन विलीयते॥ रत्नैः शतौषधीमूलैः सप्तमृद्भिः प्रपूर्यते। शतच्छिद्रं घटं तस्मान्निःसृतेन जलेन हि॥ बालकस्यापि तत्स्नाने विप्रैः सम्पादिते सति। जपहोमपदानेन कृतं स्यान्मांगलं ध्रुवम्॥ विरुद्धावयवे मूले विधिरेव स्मृतो बुधैः। मुनीनां वचनं सत्यं मन्तव्यं क्षेममीप्सुभिः॥

अथाभुक्तमूलविचारः—ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्तिम चार घटी, किसी के मत से एक घटी एवं मूल नक्षत्र आदि की चार घटी विशेष आवी, अमुक्तमूल कहलाता है। इस

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

समय में जो बच्चा जन्म ले उसका परित्याग कर दे या आठ वर्ष, असमर्थ हो तो ६ मास अथवा २७ दिन तक पिता मुख न देखे। धनगंडे दरिद्रोऽपि शान्तिं कुर्यात्स्वशक्तितः। अन्यथा नाशमाप्नोति चामूक्तर्क्षे विशेषतः ॥

मण्डमूलोत्पन्न बालक का जन्मकाल फल

दिन में	रात्रि में	सन्ध्या	प्रातः	समय
मू० ज्ये०	मू० श्ले०	रे० अश्वि०	पशु	फल
पिता को भय	माता को भय	शरीर भय	हानि	

अश्विनीजातस्य फलम्—अश्विनी नक्षत्र के प्रथम चरण में जन्म हो तो पिता को भय, द्वितीय में सुखैश्वर्य, तृतीय में मन्त्री तुल्य, चतुर्थ में नृपति समान होता है।

मघाफलम्—मघा के प्रथम चरण में जन्म हो तो माता या मातृपक्ष को हानि, दूसरे में पिता को भय, तीसरे में सुख, चतुर्थ चरण में धन विद्या लाभ होवे।

ज्येष्ठापाद फलम्—प्रथम चरण में बड़े भाई को नेष्ट, द्वितीय में छोटे का नाश, तृतीय में माता का नाश, चतुर्थ में अपने बाप का नाश होता है। ज्येष्ठाद्यपादजो ज्येष्ठं हन्ति बालो न बालिका। न बालिका तु मूलक्ष मातरं पितरं तथा।

रेवतीपाद फलम्—रेवती के प्रथम चरण में जन्म हो तो नृप समान, दूसरे में मन्त्री या मुख्तार, तीसरे में सुख सम्पत्तियुक्त, चतुर्थ चरण में अनेक कष्ट हों।

अथ पुरुष जन्मकुण्डल्यां भावस्थ-ग्रह-फलानि

भावः		सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु	१	शूरअंगपीड़ा	कान्तिसुख	रक्तकोप	सुखी	विद्वान्	सुखी	दुःखी	रोगी	सकाम
धन	२	धननाश	सम्पत्तिवान्	ऋणी	धनी गुणी	धनागम	धनी	धनहानि	निर्धन	खल
सहज	३	नीरोगी	कीर्तिमान्	विक्रमी	अरिमर्दन	पापी	पापी	पराक्रमी	विक्रमी	शूर
सुहृत्	४	दुःखी	सुखभोगी	दुःखी	सुखी	सुखी	सुखी	दुःखी	मातृहा	दुःखी
सुत	५	सुतहानि	धनी पुत्रवान्	पुत्रहीन	अल्पपुत्र	प्रतापी	धीमान	पुत्रहीन	कुमति	मूर्ख
शत्रु	६	शत्रुनाश	अल्पायु	शत्रुनाश	रोगी	कामी	रोगी	शत्रुजित्	सबल	सबल
स्त्री	७	स्त्रीदुष्टा	सुभार्यावान्	स्त्रीनाश	धर्मज्ञ	सुभार्या	कामी	स्त्रीकुलटा	स्त्रीरोगी	स्त्रीहा
मृत्यु	८	अल्पायु	योगी	शरीरपी	गुणी	नीचस्व	नीच	नेत्ररोगी	रोगी	क्लेशयुक्त
धर्म	९	दुष्टमति	धर्मात्मा	पापरत	सुखी	धार्मिक	तपस्वी	दुष्टबुद्धि	दन्ययुक्त	पापी
कर्म	१०	शर	तेजयुत	तेजस्वी	कीर्तिमान्	संपत्तिमान्	संपत्ति०	पराक्रमी	मानी	पितृहानि
लाभ	११	धनी	धनी	धनी	धनी	सुलाभ	सुमति	धनवान	सुख्यात	धनी
व्यय	१२	दुष्टस्वभाव	कामी	पति तदारह	दरिद्री	खल	रोगी	दुःखी	पतित	दुजन

अथ स्त्रीजन्मण्कुडल्यां भावस्थग्रहफलानि

भावः		सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु	१	क्रोधिनी	गतायुः	विधवा	सौभाग्या	सती	ससुखा	वन्ध्या	पुत्रहीना	दुःखिनी
धन	२	दरिद्रा	बहुधन	वन्ध्या	धनाढ्या	धनाढ्या	सुभगा	दुःखिनी	दरिद्रा	दुःखार्त्ता
सहज	३	सुसुता	सुखिनी	विसहजा	पुत्रवती	सुसहजा	धनाढ्या	सुदक्षा	सवित्ता	रोगिणी
सुहृत्	४	सपीड़ा	दुर्भगा	दुःखार्त्ता	सुगृहा	सुखिनी	सुखिनी	हृद्रोगा	रोगार्त्ता	मातृहा
सुत	५	विपुत्रा	ससुखा	विपुत्रा	धीकांतियुत्ता	सगुणा	पुत्रवती	विपुत्रा	विपुत्रा	अपुत्रा
शत्रु	६	सुखिनी	सरोगा	अरोगा	सकोपा	सापदा	दरिद्रा	गुणज्ञा	सधना	धनयुता
पति	७	दुःखार्ता	पतिप्रिया	विधवा	पतिव्रता	कीर्तियुता	पतिप्रिया	विधवा	दुःखिता	विधवा
मृत्यु	८	विधवा	रोगिणी	विधर्मा	कृतघ्ना	सरोगा	विसुखा	दुःखिनी	विधवा	दुःखिनी
धर्म	९	धर्मज्ञा	सुखिनी	दुःखिनी	सुभोगा	पुत्राढ्या	धर्मरता	वन्ध्या	वन्ध्या	शोक
कर्म	१०	सुकर्मा	धर्मज्ञा	कुपुत्रा	सत्कर्मा	साध्वी	सधना	पापिनी	दुष्कर्मा	पापिनी
लाभ	११	सधना	गुणज्ञा	बलाभ	पतिव्रता	सुपुत्रा	सुसुता	सुलाभा	नीरोगा	सुभगा
व्यय	१२	क्रोधिनी	हीनांगी	खला	कृशांगी	सुव्यया	सुव्यया	मूढ़ा	दुष्टा	रोगिणी

अथ मातृसुखनाश योगाः—(१) पापग्रह युक्त चन्द्रमा सातवें भाव में होवे, (२) चन्द्रमा से सातवें पापयुक्त शुक्र होवे, (३) पाप ग्रहों के बीच चन्द्रमा हो अथवा चन्द्रमा से चौथे सातवें पापग्रह हों, (४) तीसरे अथवा सातवें स्थान में सूर्य होवे और लग्न में मंगल होवे, (५) चौथे भाव में शनि पापग्रहों से ही दृष्ट हो; इन पांचों में से एक भी योग मिले तो माता को भय हो, जप दान करना चाहिए।

पितृनाश योगाः—(१) सूर्य मंगल दशवें वा नवमें गये हों (२) दशमेश रवि मंगल से युक्त हो (३) शत्रु राशि का मंगल १०वें हो, (४) पापग्रह से युक्त सूर्य सातवें पड़ा हो, इन चार योगों में से एक भी योग हो तो पिता को भय हो।

भ्रातृनाश योगाः—भ्रातृ गृहको ईश जो भौम संगत्रिक होय।
जाके ऐसे योग हैं भ्रातृहीन नर होय ॥

सन्तानसुख नाशयोगाः—गुरु ते पञ्चम गेह पति, जाय परे त्रिक भाव। ऐसा यो जो लखि परे, ताके पुत्र अभाव। पुत्र धर्म अरु लग्नपति जाय परे त्रिक थान। जन्म समय या योग ते सदा पुत्र की हान।

रोगिणी स्त्रीयोगाः—शुक्र और सूर्य सप्तम पंचम और नवम में हों तो उसकी स्त्री प्रायः रोगयुक्त रहती है।

नीचयोगाः—सहज सप्तम धन सदन में क्रूर बसै खग आई। भवन पाँचवें गुरु बसै नीच जाति मनसाई ॥ सिंह लग्न जन्मे शिशु सप्तम शनि विकराल। म्लेच्छ होय कुछ दिवस में यदपि ब्रह्म को बाल। जिनके बुध भग राह संग सप्तम भाव विराज। लहे सर्वदा राजसुख होवे वेश्याबाज।

जारज योगाः—भानुचन्द्रतनु ना लखे लग्नप लखै न लग्न। सो शिशु है परपुरुष को भाखन ज्योतिषमग्न ॥ रवि कुज गुरु तिथि अष्टमी चौथ चतुर्दशी सार। तीन उत्तर जन्म में तब शिशु कहो परार ॥

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अथ नक्षत्र-कष्टावली

रोग नक्षत्र	रोगशांत्यर्थ दान	नक्षत्रपादवशाद् रोग दिनसंख्या १च	२च	३च	४च	रोगशांत्यर्थ जपनीयमन्त्राः	रोगनिवृत्त्यर्थ उपाय
अश्विनी	भोजनदानम्	९	११	१	२०	मृत्युञ्जयमन्त्र जपः	घोड़ी के मुख में सात व्रीही धान्य देवे।
भरणी	गोन्नादिदानम्	०	८०	४०	११	यमायतवेति मन्त्रः	हाथी के मुख में तिल चावल
कृत्तिका	स्वर्णदानम्	९	११	१६	२८	अग्निर्मर्धेति मन्त्रः	कछुए के मुख में घी दे
रोहिणी	घृतदानम्	३	९	१८	३०	ब्रह्मयवेति मन्त्रः	सर्प को दूध दही खिलावे
मृगशिरा	तिलदानम्	९	५	७	१०	इमं देवेति मन्त्रः	खरगोश को दूध पिलावे
आर्द्रा	गोदानदानम्	०	१८	०	०	नमस्ते रुद्रइति मन्त्रः	बकरे के मुख में रक्त डाले
पुनर्वसु	पीतलदानम्	७	१४	२	२१	अदितिद्यौ रितिमन्त्रः	सूअर को धान्य खिलावे
पुष्य	तैलान्नदानम्	६	७	१०	२१	बृहस्पतेति मन्त्रः	बकरे के मुख में दही डाले
आश्लेषा	गोऽजादिदानम्	०	०	४१	०	नमोऽस्तुसर्पेति मन्त्रः	बिलाव को दूध पिलावे
मघा	वस्त्राज्यदानम्	१५	७	१७	२०	पितृभ्य इति मन्त्रः	बन्दर को तिल उड़द खिलावे
पू. फा.	भोजनदानम्	०	१५	०	३०	भगप्रणेति मन्त्रः	ऊँट के मुख में शहद दे
उ. फा.	अन्नदानम्	७	१४	७	६०	दध्यावद्धेति मन्त्रः	गाय को शाक खिलावे
हस्त	तैलदानम्	१५	१७	१५	०	उदुत्यंजातवेदेति मन्त्रः	भैंसे को कमल के फूल खिलावे
चित्रा	दुग्धदानम्	११	९	९	१६	त्वष्टा तुरीगति मन्त्रः	बाघके लिए तगर व धतूरे के फूल वनमें रखे
स्वाती	गोघृतदानम्	६०	१७	३०	०	वायोरग्नेति मन्त्रः	भैंसे को गुड़ चावल खिलावे
विशाखा	गोस्वर्णदानम्	१५	०	४	१३	इंद्राग्नी इति मन्त्रः	बाघ के मुख में गुड़ भात की बलि दे
अनुराधा	गोघृतदानम्	६०	१२	३६	३०	नमोमित्रेति मन्त्रः	बकरे को कुलथी सहित गुड़ भात दे
ज्येष्ठा	तिलदानम्	६९	९	६	४	त्रातारमिन्द्रमितिमन्त्रः	बन्दरों को गुड़ तिल डाले
मूल	रौप्यपात्रदा	०	९	१५	६	मातापुत्रेति मन्त्रः	बिलाव को दूध पिलावे
पू. षा.	गोमुक्तादानम्	०	१५	२४	१०	आपो धर्मेति मन्त्रः	कछुए के मुख में नागरमोथे की बलि दे
उ. षा.	भोजनदानम्	३०	२४	२६	१६	विश्वेदेवेति मन्त्रः	गौ को धान्य डाले
श्रवण	श्रीफलदानम्	६०	२४	६	९	विष्णोरराट मन्त्रः	भैंसे के मुख में रक्त मीठा की बलि दे
धनिष्ठा	अश्वान्नदानम्	१५	४	२०	२१	वसोःपवित्रेति मन्त्रः	मनुष्य के मुख में दही अन्न की बलि दे
शतभिषा	भोजनान्नदानम्	४	४५	३	२२	वरुणस्तम्मेति मन्त्रः	गौ को चावल खिलावे
पू.भा.	भोजनदानम्	०	१२	२१	१९	अहिर्बुध्न्येति मन्त्रः	कौए के मुख में फल की बलि दे
उ. भा.	अन्नदानम्	१०	३	९	१५	अहिर्बुध्न्येति मन्त्रः	गाय को चावल खिलावे
रेवती	फल दा. कन्यापू.	१८	१०	९	२०	पूषन्तवेति मन्त्रः,	हाथी के मुख में पूरी-पूओं की बलि दे

जिस नक्षत्र में रोग पैदा हुआ है उसे यहां कष्टावली में 'रोग नक्षत्र' का नाम दिया गया है। रोग नक्षत्र को जानकर इन कोष्ठकों में लिखा उपाय एवं यथाशक्ति दान करने से रोग शान्त होगा।

अथ ज्वालामुखी योगः।

तिथि	१	५	६	९	१०
नक्षत्र	मूल	भ.	कृ.	रो.	श्लेषा

जम्मै सो जीवे नहीं बसै जो उजड़ जाय। चूडा पहिरे कामिनी चटपट विधवा होय। गये २ ना बहुरे कूए नीर सुकाय।

पुत्रोत्पत्ति का समय जानना—(१) जन्मलग्नेश व पुत्रेश के स्पष्ट को जोड़े। योगफल के राश्यादि और नवांश की राशि में या इन दोनों के त्रिकोण राशि में जब गोचर का गुरु होता है तब सन्तान उत्पन्न होती है।

(२) चं० ल० गु० इन तीनों से पंचम स्थानेश या नवमस्थानेश को दशान्तर्दशा में सन्तानोत्पत्ति होती है।

विवाह स्त्रीसुख होने का समय जानना—(१) जन्म लग्नेश सप्तमेश को जोड़कर जो राशि हो उस राशि में जब गोचर का गुरु आवे तब विवाह होता है।

(२) चन्द्र राशीश और अष्टमेश को जोड़े उस राशि में जब गोचर का गुरु हो तब विवाह होता है।

(३) लग्नेश का नवांशेश जिस राशि में हो उस राशि से द्वितीय भाव में जब गोचर में गुरु चन्द्र होते हैं तब विवाह होता है।

(४) श० चं० सप्तमेश की दशान्तर्दशा में विवाह होता है।

पिता के खतरे का समय जानना—गुलिक स्पष्ट से सूर्य-स्पष्ट घटावें, शेष राशि के त्रिकोण में जब गोचर का शनि हो तब पिता की मृत्यु होती है।

(२) सूर्य से १।२।७।१२ भाव में जो पापग्रह हो तो उसकी दशान्तर्दशा में पिता की मृत्यु होती है।

नोट—

इस कष्टावली में प्रत्येक नक्षत्र का जपनीय मंत्र पृथक् पृथक् लिखा है वह न कर सके तो महामृत्युञ्जय ही करे। जिस नक्षत्र के जिस चरण में पहले रोग उत्पन्न हुआ है उस चरणानुसार कष्ट दिन जाने, शून्य से विशेष भय जाने, दान जप करे।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

रोगोत्पतौ कुयोगाः

(१) रोग के शुरु दिन में जन्मराशि नक्षत्र लग्न में या राशि व लग्न से आठवें चन्द्र वा यमघंट कुयोग हो।

(२) सूर्यवार की मघा द्वादशी या भरणी अनुराधा नक्षत्र हो।

(३) सोमवार को आर्द्रा या उत्तराषाढा नक्षत्र हो।

(४) मंगलवार को कृ. मघा व शतभिषा या नन्दा (१।६।११) हो।

(५) बुधवार को अश्विनी व विशाखा या भद्रा (२।७।१२) आश्ले. हो।

(६) गुरुवार छठ व शतभिषा या ज्येष्ठा व मृग. या जया (३।८।१३) व मघा हस्त हो।

(७) शुक्रवार अष्टमी व अश्विनी या आश्लेषा श्रवण या रिक्ता (४।९।१४) आर्द्रा या घनिष्ठा हो।

(८) शनिवार को नवमी व पूषा. या हस्त व पूभा. या पूर्णा (५।१०।१५) व भरणी हो।

(९) सूर्य मंगल शनिवारों को ४।६।९।१२।१४।३० तिथि भरणी कृत्ति. आर्द्रा आश्ले. पूर्वा ३ विशा. ज्ये. घनि. शत. नक्षत्र हो तो मृत्युतुल्य कष्ट होता है।

परञ्च जन्मपत्र में मारकेश का और भी विचार कर लेना। क्योंकि बिना मारकेश आये मृत्यु तो होती ही नहीं। हां, ऐसे योग में कष्ट जरूर मृत्युतुल्य होता है। उपरोक्त योगों में से किसी भी एक योग में रोगारम्भ होते ही तुला दान, गोदान तथा मृत्युञ्जय जप करना कल्याणप्रद है।

अथ रोगत्रिनाड़ीचकम्

आर्द्रा	पू.फा.	उ.फा.	उ.फा.	ज्ये.	धनि.	शत.	भर.	कृ.	प्रथमाः
पुन.	मघा	हस्त	विशा.	मूल.	श्रवण	पू.भा.	अश्वि.	रो.	मध्याः
पुष्य	आश्ले	चित्रा	स्वा	पूषा	उ.षा.	उ.भा.	रेव.	मृ.	अन्त्याः

सूर्य नक्षत्र दिन नक्षत्र और जन्म नक्षत्र व नाम नक्षत्र 'रोगत्रिनाड़ीचक्र' में एक ही नाड़ी पर हों तो असाध्य रोगी का मरण होता है, मरने को हो तो प्रतिदिन देखने से जिस दिन यह योग मिले उसी दिन निःसंदेह रोगी की मृत्यु कहे। यह रोग-त्रिनाड़ीचक्र यात्रा तथा रण के समय भी वर्जित करना।

कालस्य मुखदंष्ट्रा ज्ञानम्

दिन नक्षत्र से नाम नक्षत्र ५।१३।२३ संख्या का हो तो काल का मुख होता है और उसी प्रकार १०—१८वां, नक्षत्र दंष्ट्रा (दादढ़ा) होती है। काल के मुख दाढ़ में जिस दिन गोचर में नक्षत्र प्राप्त हो उस दिन अत्यन्त रोगग्रस्त पुरुष की मृत्यु पर्यन्त हालत होती है। रोग पर, सर्पादि दर्शन पर, विग्रह-युद्ध में जाने पर काल के मुख दंष्ट्रा में नक्षत्र हो तो अशुभ होता है।

ज्वरयंत्र

ॐ

प	व	क	०
३	४९	८	३३
३५	८७	५	३९
५१	७	३	२५

ज्वर आने से पहले यह यन्त्र लिखकर अपनी कलाई पर धूप देकर बांधे तो बारी का बुखार दूर हो। पहले यन्त्र सिद्ध कर लेवे फिर लिख कर देना शुरू करे। विधि-सफेद कागज पर अनार की कलम और लाल चन्दन से २१ सौ लिखकर आटे की गोलियां बनाकर मछलियों को डाल देवे।

तिथिकष्टावली यन्त्रम्

ति.	तिथीश	कष्टदि	बलि	दान
१	अग्नि	१२	शर्कराज्यबलि	घृतनदान
२	ब्रह्मा	५	पायसबलि	भोजनदान
३	काम	७	घृतान्नबलि	रक्तवस्त्रदान
४	गणेश	१६	मोदकान्नबलि	मूंगादान
५	सर्प	२१	पायसबलि	दुग्धदान
६	स्कन्द	१२	मोदकान्नबलि	चित्रवस्त्रदान
७	सूर्य	८	पायसबलि	ताम्रपात्रदान
८	ईश्वर	१३	नानाभक्ष्यबलि	पीतवस्त्रदान
९	दुर्गा	१८	मिष्ठान्नबलि	रक्तवस्त्रदान
१०	यम	२५	कृशरान्नबलि	नीलवस्त्रदान
११	विश्वेदेव	७	मोदकान्नबलि	पीतवस्त्रदान
१२	विष्णु	७	मोदकान्नबलि	श्वेतवस्त्रदान
१३	काम	१०	दधिशर्कराबलि	सुवर्णदान
१४	शिव	६०	मिष्टान्नबलि	क्षौद्रशाकभो.
१५	चन्द्र	३	दध्योदनबलि	रौप्यदान
३०	पितर	१८	पूपकान्नबलि	उत्तमान्नभो.

वारकष्टावली यन्त्रम्

वा.	वारेश	क. दि.	बलि व दान
सू.	रुद्र	५	पायसबलि सूर्यदान
चं.	गौरी	८	नानाभक्ष्यबलि चन्द्रदान
मं.	स्कन्द	५	दुग्धबलि भौमदान
बु.	विष्णु	७	मुद्गान्नबलि बुधदान
वृ.	ब्रह्मा	५	घृतपक्वबलि गुरुदान
शु.	इन्द्र	७	तिलयवाज्यमधु बलि शुक्रदान
श.	यम	१५	माषान्नबलि शनिदान

बाल रक्षार्थ धूप

१ धूप—बांस का छिलका, तगर, लहसन, नीम के पत्ते, गाय का घी। २ धूप—शिवजी पर चढ़े फूल, मनुष्य के सर के बाल, गाय का घी, अगर, गाय का दूध, राई, लाख। ३ धूप—राई लाख, नीम के पत्ते, बांस का छिलका, गाय का घी, इन तीनों धूपों को देने से सब बाल ग्रह दूर हो जाते हैं।

धूप-मन्त्र खु खुर्दनं खं हुं फट स्वाहा। अभिषेक मन्त्र 'ॐ सर्वसिद्धान्ते मातरिमं ग्रहं संहर हुं रोदय रोदय स्फोटय स्फोटय गृह्ण गृह्ण आमर्द आमर्द शीघ्रं हन हन एवं सिद्धो रुद्र आज्ञापयति स्वाहा। धारणार्थ रक्षामन्त्र—रक्ष रक्ष महादेव। नीलग्रीव जटाधर। ग्रहैस्तु सहितो रक्ष मुञ्च मुञ्च कुमारकम्। इस मन्त्र को भूर्जपत्र पर लिख कर बालक के गले में बांधने से ग्रह बाधा दूर होती है, और जपादि में भी यह मन्त्र प्रयुक्त हो सकता है। पूतनाबलि तीन दिन करे फिर १०८ बार अभिषेक मन्त्र से अभिमंत्रित जल से बच्चे को मार्जन करे।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

ग्रहगोचराद्यैर्दशा क्रमाद्यैर्ग्रहकृतानिष्ट-फल-शमनार्थं प्रत्येक-ग्रहाणां दान-पदार्थाः

सूर्य	माणिक	सुवर्ण	ताम्र	गेहूं	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तपुष्प	केशर	मूंग	रक्तगो
चन्द्र	मोती	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दही	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	शंख	कर्पूर	श्वेतबैल
भौम	मूंगा	सुवर्ण	ताम्र	मसूर	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तकनेर	केशर	कस्तूरी	रक्तबैल
बुध	पन्ना	सुवर्ण	कांसी	मूंग	खांड	घी	हरावस्त्र	सर्वपुष्प	हाथीदांत	कर्पूर	शस्त्र
गुरु	पुखराज	सुवर्ण	कांसी	दालचने	खांड	घी	पीतवस्त्र	पीतपुष्प	हल्दी	पुस्तक	घोड़ा
शुक्र	हीरा	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दूध	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	सुगंध	दधि	श्वेतघोड़ा
शनि	नीलम	सुवर्ण	लोहा	उड़द	कुलथी	तेल	कृष्णवस्त्र	कृष्णपुष्प	कस्तूरी	कृष्णांग	भैंस
राहु	गोमेद	सुवर्ण	सीसा	तिल	सरसों	तिल	नीलवस्त्र	कृष्णपुष्प	खड्ग	कंबल	घोड़ा
केतु	लसनी	सुवर्ण	लोहा	तिल	सप्तधान्य	तेल	धूम्रवस्त्र	धूम्रपुष्प	नारियल	कंबल	बकरा
मुन्था	मोती	सुवर्ण	कांसी	चावल	सुवर्ण	घी	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	कर्पूर	मसूरी	श्वेतचन्दन

७०००	ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः	उदय	अर्क
११०००	ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्राय नमः	सन्ध्या	पलाश
१०००	ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः	ब.२शेषदि.	खदिर
१९०००	ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः	ध.५शेषदि.	अपामार्ग
१९०००	ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः	संध्या	अश्वत्थ
६०००	ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः	सू. उ.	उदुम्बर
२३०००	ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः	मध्याह्ने	शमी
१८०००	ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः	रात्री	दूर्वा
१७०००	ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः	रात्री	कुशा
	ॐ मुन्थेशमंत्रः	मुन्थेशकाले	

नवग्रहों के व्रत की विधि

यदि किसी व्यक्ति को कोई ग्रह गोचर से या दशा-अन्तर्दशा से खराब चल रहा हो, तो निम्नलिखित प्रकार से उस ग्रह का शास्त्रोक्त व्रत-विधान ब्रह्मचर्यपूर्वक करने से अशुभ फल की निवृत्ति होती है।

रविवार के व्रत की विधि:—सूर्य का व्रत रविवार को करे। यह व्रत शुक्लपक्ष के पहले (जेठे) रविवार से प्रारम्भ करके वर्ष पर्यन्त, या तीस, या कम-से-कम १२ व्रत करें। उस रोज केवल गेहूँ की रोटी घी-खाण्ड के साथ, या गेहूँ का दलिया या हलवा इलायची डाल कर भोजन करें। नमक बिल्कुल न खावें। भोजन से पूर्व हो सके तो लाल वस्त्र पहिनकर चक्रोक्त बीज-मन्त्र की पांच माला जप कर। तदनन्तर सूर्य को गन्धाक्षत, पुष्प-दूर्वायुक्त अर्घ्य प्रदान करें। जब व्रत का अन्तिम रविवार हो तो हवन पूर्णाहुति के बाद ब्राह्मण-भोजन करावें। ऐसा करने से सूर्य का अशुभ फल शुभ फल में परिणत हो जावेगा। तेजस्विता बढ़ेगी, शारीरिक रोगों की शान्ति भी होगी।

सोमवार के व्रत की विधि—चन्द्रमा का व्रत शुक्ल-पक्ष के प्रथम (जेठे) सोमवार से प्रारम्भ करके ५४ या १० व्रत करें। व्रत के दिन श्वेत वस्त्र धारण करके चक्र-लिखित-बीज-मन्त्र की ११ माला या ३ माला जप करे। मध्याह्न के समय नमक के बिना दही-चावल, घी-खाण्ड का यथाशक्ति दान करके स्वयं भोजन करे। जब व्रत का अन्तिम सोमवार हो, उस दिन हवन पूर्णाहुति करके खीर-खाण्ड से ब्राह्मण व बटुकों को भोजन करावे। इस व्रत के करने से व्यापार में लाभ, मानसिक कष्टों की शान्ति होती है, विशेष-कार्य-सिद्धयर्थ भी पूर्ण फलदायक होता है।

मंगलवार के व्रत की विधि—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) मंगलवार से प्रारम्भ करके २१ या ४५ व्रत करने चाहिएं। हो सके तो यह व्रत आजीवन रखें। बिना सिला हुआ लाल वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की १, ५ या ७ माला जप करे। नमक-सेवन न करे,—यह जरूरी है। उस दिन गुड़ से बने हलवे का या लड्डुओं का दान करे और स्वयं भी वही खावे। मंगलवार का व्रत ऋण-हर्ता तथा सन्तति-सुखप्रद है। जब व्रत का अन्तिम मंगलवार हो उस दिन हवन-पूर्णाहुति करके लाल वस्त्र, तांबा, मसूर, गुड़, गेहूँ तथा नारियल का दान करें। ब्राह्मणों तथा बच्चों को मीठा भोजन करावें।

बुधवार का व्रत—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम बुधवार (जेठे) से प्रारम्भ करे। २१ या ४५ व्रत करें। हरा वस्त्र धारण करके बीजमन्त्र की १७ या तीन माला जप करना चाहिए। उस दिन भोजन में नमक-रहित खाण्ड, घी से बने पदार्थ जैसे मूंगी का बनाहुआ हलवा, मूंगी की मीठी पंजीरी या मूंगी के लड्डुओं का दान करे, फिर तीन तुलसीदल गंगाजल या चरणामृत के साथ लेकर स्वयं भी उपरोक्त पदार्थ खावे। व्रत के अन्तिम बुधवार को हवन-पूर्णाहुति करके अंगहीन भिक्षुक को मूंगीयुक्त भोजन कराकर हरा वस्त्र, मूंगी आदि का दान भी करे। इस व्रत से विद्या-धन-लाभ, व्यापार में तरक्की तथा स्वास्थ्य-लाभ होता है।

बृहस्पति के व्रत की विधि—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) गुरुवार से आरम्भ करें। तीन वर्ष पर्यन्त या १६ गुरुवार के व्रत करे। उस दिन पीत वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की ११ या तीन माला जप करे। भोजन में चने के बेसन की घी-खाण्ड से बनी मिठाई लड्डू आदि ही खावें और यही दान करें। जब व्रत का अन्तिम गुरुवार हो तो हवन पूर्णाहुति के बाद ब्राह्मण व बटुकों को लड्डू-भोजन करावे। स्वर्ण, पीत वस्त्र, चने की दाल आदि का दान करे। यह व्रत विद्यार्थियों के लिए बुद्धि तथा विद्या-प्रद है, धन की स्थिरता और यश-वृद्धिकर है। अविवाहितों के लिए स्त्री-प्राप्तिप्रद सिद्ध होता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

शुक्र के व्रत की विधि—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) शुक्रवार से प्रारम्भ होता है। ३१ या २१ व्रत करे। श्वेत वस्त्र धारण करके बीजमन्त्र की ३ या २१ माला जपें। भोजन में चावल, खाण्ड या दूध से बने पदार्थ ही सेवन करें। यही पदार्थ यथाशक्ति एकाक्षी (एक आंख वाले) भिक्षुक को दे। जब व्रत का अन्तिम शुक्रवार हो, हवन पूर्णाहुति के बाद खीर-खाण्ड से बने पदार्थ ब्राह्मण बटुकों को खिलावे। चांदी, श्वेत वस्त्र, खाण्ड, चावल का दान करे। इस व्रत से सुख-ऐश्वर्य की वृद्धि होती है।

शनि के व्रत की विधि—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम शनिवार से प्रारम्भ करे। व्रत ५१ या १९ करने चाहियें। व्रत के दिन काला वस्त्र धारण करके बीजमन्त्र की १९ या तीन माला का जप करे। फिर एक बर्तन में शुद्ध जल, काले-तिल, गङ्गाजल तथा शक्कर थोड़ा दूध डालकर पश्चिम की ओर मुंह करके पीपल-वृक्ष की जड़ में डाल दे। भोजन में उड़द के आटे का बना पदार्थ, पञ्जीरी, कुछ तेल में पका हुआ पदार्थ तथा केला फल प्रयोग में लाना चाहिए। यही पदार्थ दान भी करे। व्रत के अन्तिम शनिवार को हवन पूर्णाहुति के बाद तेल में पकी हुई वस्तुओं को देने के बाद काला वस्त्र, कंबल, उड़द तथा देसी जूता, तेल लगाकर दान करे। इस व्रत से सब प्रकार की सांसारिक हैरानी दूर हो जाती हैं। झगड़े में विजय होती है। लोह-मशीनरी कारखाने वालों के व्यापार में उन्नति होती है।

राहु-केतु के व्रत की विधि—शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) शनिवार से यह व्रत शुरू करना चाहिए। यह व्रत १८ करे। काला वस्त्र धारण करके १८ या ३ माला जपे। तदनन्तर एक बर्तन में जल, दूर्वा और कुशा लेकर पीपल की जड़ में डाले। भोजन में मीठा चूरमा, मीठी रोटी, समयानुसार रेवड़ी, भुग्गा, तिल के बने मीठे पदार्थ सेवन करे और यही दान में भी दे। रात को घी का दीपक जलाकर पीपल की जड़ में रख दे। इस व्रत से शत्रुभय दूर तथा राजपक्ष से विजय मिलती है;

ग्रहों के अरिष्ट-निवृत्यर्थ स्नान-विधि—

यथा सिद्धौषधैः रोगाः नश्येयुर्मन्त्रतो भयम्।
तथा स्नान-विधानेन ग्रह-दोषः प्रणश्यति॥

रवि ग्रह के दोष की शान्ति के लिए कभी-कभी व्रत के दिन बिल्ववृक्ष की जड़, देवदारु, मुलेठी, लाल फूल, केसर, गर्म पानी में उबाल कर स्नान करे। सोमवार के व्रत के दिन खिरनी की जड़, श्वेत चन्दन, सिप्पी पञ्च गव्य उबाल कर स्नान करे। ऐसे ही मंगल के दिन अनन्त मूल, रक्त-चन्दन, मौलश्री, लाल फूल ये सब उबाल कर, बुध के दिन गोबर, मधु, चावल, विधारा उबाल कर, गुरु के दिन भारंगी, मुलेठी, श्वेत-सरसों, मालती पुष्प उबाल कर, शुक्र के दिन इलायची-मजीठ, तथा शनि के दिन काले-तिल, सौंफ, सुरमा, अमलबेत, सफेद बिनौला उबाल कर स्नान करे। ऐसे ही राहु केतु की शान्ति के लिए शनिवार के दिन देवदारु, सरसों तथा लोहबान उबाल कर स्नान करे तो ग्रह शान्ति होती है।

नोट—स्नानोक्त कोई वस्तु उपलब्ध न हो तो जो वस्तु मिलें, उनसे ही स्नान करे।

सर्वग्रहाणां दोषोपशान्तये सामान्यमौषधि स्नानम्

लाजवती (छुई-मुई), कूट, खिलां, कांगनी, जौ, सरसों, देवदारु, हल्दी, सर्वौषधि, लोध इन औषधियोंके जल से सतीर्थोदक स्नान करने से सब ग्रहों की पीड़ा नष्ट होती है तथा पूर्व ही जो दान कह चुके हैं उनके करने से शान्ति होती है। गुरु वचन, देवता, ब्राह्मणों की वंदना, वेदादि श्रवण, साधुओं से बातें, मन की शुद्धता, जप, दान, होम, तथा यज्ञ के करने से दुष्ट स्थानों में स्थित ग्रह पीड़ा नहीं करते (श्रीपतिः)॥

शनिविचार—अथ लघु कल्याणी (ढैया) फलम्—कल्याणी प्रददाति व रविसुतो राशश्चतुर्थाष्टमे, व्याधिं बन्धुविरोध देशगमनं क्लेशं च चिन्ताधिकम्। मृत्युं चैव करोति चापि मनुजं दुःखादि वह्नेर्भयं, लोहं शस्त्रभयं सदैवमसुखं कुर्यादसौ सर्वदा॥१॥ अथ बृहत्-कल्याणी (साढेसाती) फलम्—राशौ द्वादश (१२) मूर्धनि जन्म (१) हृदये पादो द्वितीये (२) शनिः, नानाक्लेशकरोऽतिदुर्जनभयं पुत्रान्पशून्पीडयेत्। हानिः स्यान्मरणं विदेश-गमनं सौख्यं च साधारणम्, रामाऋद्धिविनाशनं प्रकुरुते तुर्याष्टमे वाऽथवा॥२॥

सप्तधान्य—उड़द, १, मूंगी २, कणक (गेहूं) ३, छोले (चने) ४, जौ ५, धान्य (तंदुल) ६, कंगनी ७, **अष्टगन्ध**—अगर, तगर, कस्तूरी, कुंकुम, कर्पूर, दोनों चन्दनः।

*

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

गोचर-ग्रहाणां द्वादशभाव-फल बोध-चक्रम्

ग्रहः	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
सूर्यः	स्थानना.	भयं	श्रीः	मानभंग	दैन्यं	विजयः	मार्गः	पीड़ा	सुकुना.	सिद्धिः	धनलाभ	द्रव्यना.
चन्द्रः	अचला.	धननाश	सुखं	रोगः	कार्यनाश	धनला.	स्त्रीला.	रोगः	धर्मला.	सौख्यं	धनलाभ	धनना.
भौमः	शत्रुभी.	धननाश	धनलाभ	शत्रुभीः	धननाश	धनला.	द्रव्यना.	शत्रुभी.	शत्रुभी.	शोकः	धनलाभ	धनन.
बुधः	बन्धनं	धनलाभ	शत्रुभीः	पशुलाभ	सुखं	स्थानला	पीड़ा	धनल.	पीड़ा	सौख्यं	धनलाभ	धनना.
गुरुः	भयं	धनलाभ	क्लेश	धननाशः	सुखं	शोकः	राजमा.	पीड़ा	सौख्यं	दैन्यं	धनलाभ	पीड़ा
शुक्रः	शत्रुना.	धनलाभ	सौख्यं	धनलाभ	पुत्रलाभ	शत्रुभी.	शोकः	धनला.	वस्त्रला	दुःख	धनलाभ	धनला.
शनिः	भयं	धननाश	ऐश्वर्यं	शत्रुभी.	पुत्रनाशः	धनल.	दोषः	पीड़ा	धर्मना.	दौर्मन.	धनलाभ	धनना
राहुः	हानिः	धननाश	धनलाभ	वैर	शोकः	श्रीः	कलहः	मृत्यु	दुःखं	वैर	सुखं	शोकः
केतुः	रोगः	वैर	सुखं	भयं	सुखं	धनला.	कलहः	रोगः	पाप	शोकः	कीर्तिः	शत्रुभी.

उपरोक्त गोचर फल जन्म राशि या जन्मलग्न के अंश आदि से लेकर अग्रिम राशि के उतने अंश तक प्रथम भाव एवं द्वादश भावों के अंशों पर कल्पना करने से अधिक मिलता है। केवल राशि से फल में अधिक अन्तर रहता है।

अथ ग्रहाणामेकभे भोगफल-समयादि ज्ञानम्

सू.	च.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.	रा.के	ग्रहाः
मा.१	दि.२।	मा१।।	मा१	मा१२	मा.१	मा३०	मा१८	एकार्यभोग
आदौ.	अन्ते	आदौ	सदा	मध्ये	मध्ये	अन्ते	अन्ते	फलसमयः
दि.५	घ.३	दि.८	दि. ७	मा.१	दि.७.	मा.६	मा. ६	गंतव्यराशेः प्राक्फलम्

अथ ग्रहतुष्ट्यर्थं धारणाय मणयः

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
माणिक्यम्	मुक्ताफलम्	प्रवालः	पन्ना	पुष्परागः	हीरा	नीलम	गोमेदम्	रौप्यम्
विद्रुमम्	रौप्यम्	विद्रुमम्	सुवर्णम्	मुक्ताफलम्	लोहम्	कैडूर्यम्	आजवर्त्तः	लाजवर्त्तः

पूतना विचार

बहुत मैले बिछौने पर अकेली जगह में छोटे बच्चे को सुला देने से पूतना नाम राक्षसी का उसमें प्रवेश होने से बच्चा बीमार हो जाता है। तब पूतना की बलि निकालने से अच्छा होता है। जब कभी बच्चा बैठे२ गिर पड़े, या यों मालूम हो कि किसी के पीटने से गिरा है। और मूर्छा आगई है अथवा कोई रोग हो गया है, तब जानो कि उसे महा-पूतना ने ग्रसा है। यदि कोई लोभादि के वश में आकर वन देवता या नगर देवता का तिरस्कार कर दे तो उसके बालक में ऊर्ध्वपूतना प्रवेश कर लेती है। यदि कोई मनुष्य अपनी ऋतुस्नात स्त्री का गमन करके पश्चात् स्नान न करे या बिना ऋतु के संगम करके हाथ मुंह न धोवे और माता अपवित्र अवस्था में ही बालक के साथ सो जावे तो बालकान्ता नाम की राक्षसी का दोष होगा। बच्चे को इतर फुलेल लगाने और फूल माला पहिनाने से रेवती ग्रही का दोष होता है। सिर खुले जूठे बालक को संध्या के समय सोने से भी रेवती का आवेश हो जाता है। संध्या के समय जमीन पर सोने से अथवा खेलने से बालक को पुष्प रेवती का दोष होता है। कदाचित् बालक खेलता २ गिर जाय अथवा उसे उल्टी हो या हाथ-पांव नहीं धुले हों तब उसे शुष्क रेवती का आवेश होता है। जूठा खाने और देवता के स्थान पर मलमूत्र करने से शकुनी ग्रही बालक को पकड़ लेती है। जो नित्य कर्म संध्या वंदनादि नहीं करते या जो लोग पक्षियों को पालते हैं जन्मान्तर में उनके बालकों पर शिशुमुण्डिका राक्षसी का दोष हो जाता है। फिर उसका पूजन और बलि धूपादि दान करने से शान्ति होती है।

चेष्टा—जिस बालक के नखों और दांतों में विकार हो, नींद नहीं आवे, डर लगे, मन को उद्वग रहे, शरीर में दुर्गन्ध उठे, अनेक प्रकार की चेष्टा करे, बल अधिक हो जावे, उसे ग्रहाविष्ट जानना।

उद्वर्तनम्—दूर्वा, कुटकी, नीम, के पत्ते, तज, इनका उबटना बालक के शरीर में मलकर पीछे पीपल के पत्ते मुलट्ठी, लसूड़े के पत्ते इनका काढ़ा बनाकर स्नान करावे ग्रह रोग दूर होगा।

सर्वबालग्रहशान्त्यर्थ देवालये ज्योतिर्दान निवासश्च तत्र रात्रौ—ॐहिनस्ति दैत्यतेजांसि स्वनेनापूर्य या जगत्। सा घण्टा पातु नो देवि पापेभ्यो नः सुतानिव ॥ इत्यस्य जपः तत्तोऽनेनैव मन्त्रेण सदीपदधिमाषान्नबलिदाने घण्टाबन्धने च सर्वबालग्रहशान्तिः ॥

अथ बाल रक्षा विधि—(प्रयोगसारे)

यदि दुष्ट दृष्टि (नजरादिदोषों) के कारण बालक के शरीर में कोई रोग कष्ट हो जाय तो—ॐवासुदेवो जगन्नाथः पूतनातर्जनो हरिः रक्षतिं त्वरितं बालं मुञ्च मुञ्च कुमारकम् ॥१॥ कृष्ण! रक्ष शिशु शङ्ख मधुकैटभ सदनः। प्रातः सङ्गव मध्याह्ने सायाह्ने सुच सन्ध्ययोः ॥२॥ महानिशि सदा रक्ष कंसारिष्ट निषूदनः। यद्गोरजः पिशाचांश्च ग्रहान् मातृग्रहानपि ॥३॥ बालग्रहान्विशेषेण छिन्धि छिन्धि महा-भयान्। त्राहि त्राहि हरेनित्यं त्वद्रक्षाभूषितं शिशुम् ॥४॥

इन चार मंत्रों से अभिमंत्रित हुई गौ के गोबर की शुद्ध भस्म को बालक के मस्तक, कण्ठ, हृदयादि अंगों में लगाने से बालक का कष्ट दूर होगा।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

अथ नक्षत्रराशि-ज्ञान-चक्रम्

राशिज्ञाने विशेषः—

नक्षत्र वा राशि में श और स में, ब और व में कोई भेद नहीं होता, तथा जिसके नाम का पहला अक्षर संयुक्त हो, वहां प्रथमाक्षर ग्रहण करे। (संयोग-जाक्षरे 'नाम्नि ग्राह्यं तत्रादिमाक्षरम्)

राशयः	मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या			तुला			वृश्चिक			धन			मकर			कुम्भ			मीन		
नक्षत्राणि	अश्विनी	भरणी	कृत्तिका	कृत्तिका	रोहिणी	मृगशिर	मृगशिर	आर्द्रा	पुनर्वसु	पुनर्वसु	पुष्य	आश्लेषा	मघा	पू. फा.	उ. फा.	उ. फा.	हस्त	चित्रा	चित्रा	स्वाती	विशाखा	विशाखा	अनुराधा	ज्येष्ठा	मूल	पू. षा.	उ. षा.	उ. षा.	अभिजित्	श्रवण	धनिष्ठा	धनिष्ठा	शतभिषा	पू. भा.	पू.भा.	उ.भा	रेवती
प्रथमचरण	चू	ली	आ	०	ओ	वे	०	कु	के	०	ह्य	डी	मा	मी	टे	०	पू	पे	०	रू	ती	०	ना	नो	ये	भू	भे	०	जू	खी	गा	०	गो	से	०	दु	दे
द्वितीय च०	चे	लू	०	ई	वा	वो	०	घ	को	०	ह्य	डू	मी	टा	०	टो	ष	पो	०	रे	तू	०	नी	व	यो	घ	०	भो	जे	खू	गी	०	सा	सो	०	थ	दो
तृतीय च०	चो	ले	०	उ	वी	०	का	ङ	ह	०	हो	डे	मू	टी	०	पा	ण	०	रा	रो	ते	०	नू	यी	भा	फ	०	जा	जो	खे	०	गू	सी	द	०	झ	च
चतुर्थ च०	लो	ला	लो	०	वू	वे	०	छ	०	हि	डा	डो	मे	टू	०	पी	ठ	०	री	ता	०	०	ने	यू	भी	ढ	०	जी	खा	खो	०	गे	सू	०	डी	ञ	चि

॥१॥ बहूनि यस्य नामानि नरस्य स्युः कथञ्चन। ततः पश्चाद्भवं नाम ग्राह्यं स्वर-विशारदैः ॥२॥ प्रसुप्तो भाषते येन येनागच्छति शब्दितः। तस्य नाम्नाद्यवर्णे या मात्रा स स्वरएव हि॥३॥ अथ जन्मराशि-नामराश्योः प्रधानता निर्णीयते—विवाहे सर्व मांगल्ये यात्रादौ ग्रहगोचरे। जन्मराशेः प्रधानत्वं नामराशिं न चिन्तयेत्। ।४॥ देशे ग्रामे गृहे युद्धे सेवायां व्यवहारके॥ नामराशेः प्रधानत्वं जन्मराशिं न चिन्तयेत् ॥५५॥ काकिण्यां वर्गशुद्धौ च दाने द्यूते ज्वरोदये। मन्त्रे पुनर्भवरणे नामराशेः प्रधानता ॥६॥ कुर्यात्षोडश कर्माणि जन्मराशौ बलान्विते। सर्वाण्यन्यानि कर्माणि नामराशौ बलान्विते ॥७॥ विवाहघटनं चैव लग्नजं ग्रहजं बलम्। नामभाक्चिन्तयेत् सर्वं जन्म न ज्ञायते यदा ॥८॥

अभिजित्-निर्णयः—वैश्यप्रान्त्यांघ्रिः श्रुति-तिथि-भागतोऽभिजित्स्यात् ॥ उत्तराषाढ़ा का चौथा चरण श्रवण का पहला १५वां भाग जोड़कर उसके चार भाग करो। उसको अभिजित् का एक चरण मानकर नाम रखने आदि के विचार में उपयोग करो। उत्तराषाढ़ा ये तीन चरणों के ही चार भाग करके उत्तराषाढ़ा का एक-एक चरण मानो। श्रवण का १५वां भाग छोड़कर जो शेष रहे उसके चार भाग करो, उसको श्रवण का १-१ चरण मानो। इस प्रकार को प्रायः सामान्यगणक नहीं जानते, एतदर्थ यहां लिखा गया है।

नक्षत्र-विषघटी ज्ञानम्—अब विषघटी के स्पष्ट करने की क्रिया समझ लीजिए। क्योंकि 'नक्षत्रगुणज्ञानचक्र' में नक्षत्रों की विषघटी के मध्यम ध्रुवांक लिखे हैं, इनको स्पष्ट ऐसे करना। यथा—जिस दिन विषघटी देखना है, उस दिन के सर्वर्क्ष से उसी नक्षत्र के ध्रुवांक को गुणा कर ६० का भाग देने से जो लब्धि मिले, वही विषघटी के प्रवेश का समय है और विषघटी ४ घटी की होती है। उदाहरण—मघा के सर्वर्क्ष ५५ को मघा के ध्रुवांक ३० से गुणा ६० का भाग देने से लब्धि २७।३० मिले, इसी समय से विषघटी का प्रारम्भ हुआ, विषघटी ४ को ५५ से गुणा कर ६० का भाग देने से लब्ध ३।४० मिले, इतने समय तक २७।३० से ३१।१० तक शुभ कार्य वर्जित है।

नोट—चन्द्रमा की राशि एवं नक्षत्र के अनुसार जातक का नाम रखने से फलित में काफी सुभीता रहता है। नाम जानने से ही ज्योतिषी जातक के जन्म के समय चन्द्रमा की राशि एवं नक्षत्र जान लेता है तथा फलित-शास्त्र में काफी महत्त्वपूर्ण फलादेश चन्द्रमा की स्थिति पर ही निर्भर है। इसका एक वैज्ञानिक रहस्य भी है। निकटतम होने से चन्द्रमा का प्रभाव भू-स्थित-वनस्पति एवं प्राणियों पर अन्य सभी ग्रहों की अपेक्षा अधिक होता है। ज्वार भाटा लाने में भी चन्द्रमा की देन सूर्य की देन से दुगुनी है। चन्द्रमा का ज्वार-भाटांक (Tide Factor) सूर्य के ज्वार-भाटांक से दुगुना है। चन्द्रमा के भगणकाल का स्त्री के मासिक-धर्म से साक्षात् सम्बन्ध है। आजकल वैज्ञानिकों ने कुछ प्रयोग भी किए हैं जिससे अचर-जगत् (वनस्पति आदि) पर चन्द्रमा का प्रभाव स्पष्ट रूप से ज्ञात होता है। अतः जन्म-पत्र आदि के अभाव में चन्द्रमा की स्थिति से ही फलादेश करने की पारिपाटी फलितज्ञों में है।

नवीन-फलित-वेत्ता जन्म-पत्र की अंग्रेजी तारीखों के हिसाब से भी फलादेश करने लग गए हैं। इस पद्धति में सायन सूर्य की राशि के आधार पर ही फलादेश होता है। चन्द्रमा की राशि के आधार पर फलादेश करना अधिक उपयुक्त है। अतः प्राचीन फलित-शास्त्रियों ने जन्म-कालीन चन्द्रमा की स्थिति को ही जन्म राशि के नाम से कहा है। हमारे ज्योतिष के अनुसार इसी राशि का महत्त्व है।

टिप्पणी—(१) जन्मोर्क्षः यथा ज्ञानचन्द्रस्य मकरराशिः। कर्षसंयोगे क्षः, यथा क्षेमचन्द्रस्य मिथुनराशिः। एवं द्याळारामस्य कुम्भराशिः। (२) गर्भाधानं पुंसवनं सीमन्तोन्नयनं ततः। जातकर्माभिधेयं च निष्क्रमप्राशने क्रमात्। चूडोपनयनं वेदव्रतानां च चतुष्टयम्। गोदान-मेखलोन्मोको विवाहः षोडशी क्रिया॥

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

द्वादश राशियों का मासिक फलादेश, स० २०२८ वि० (सन् १९७१)

राशि	वैशाख (१४ अप्रै. से १३ मई तक)	ज्येष्ठ (१४ मई से १४ जून तक)	आषाढ़ (१५ जून से १५ जुलाई तक)
मेष	लाभ अच्छा, निजी जन से विवाद, घरेलू झंझट, नित्य कर्म में बाधा, वायु विकार। अप्रै. १४, १५, २२, २३, २४, मई १, २, ३, ११, १२ अशुभ।	मित्र वैमनस्य, विशेष परिश्रम से लाभ कम, अकारण विवाद का भय, संयम से रहें। मई २०,२१, २८, २९, ३०, जून ७, ८, ९ अशुभ	घर वालों से मन मुटाव, आशा निराशा में बदले, मास के उत्तरार्ध में आर्थिक स्थिति कुछ सुधरे। जून १६, १७, २४, २५, २६, जुलाई ४, ५, ६, १३, १४, १५ अशुभ
वृष	कारोबार यथावत् चले, स्त्री व सन्तति चिंता, विवाद, शुभ यात्रा। अप्रै. १६, १७, १८, २४, २५, २६, मई ३, ४, ५, १३ अशुभ।	कोई आशा निराशा में बदले, मास के उत्तरार्ध में लाभ, सेहत बिगड़े, विदेश यात्रा भय। मई १४, १५, २२, २३, ३१, जून १, ९, १०, ११ अशुभ।	अस्थिर विचार, जीव-जन्तु भय, सज्जनों से कुछ लाभ, स्थाई कारोबार की चिन्ता। स्थानान्तर का विचार। जून १८, १९, २०, २७, २८, २९, जुला. ७,८,१५ अशुभ।
मिथुन	जन विशेष से हैरानी, स्त्री पक्ष से चिन्ता, कारोबार से लाभ, शुभ यात्रा, स्वास्थ्य ठीक। अप्रै. १८, १९, २०, २६, २७, २८, मई ६, ७, ८ अशुभ।	स्वास्थ्य कमजोर, कारोबार में सफलता, गुप्त शत्रु से सावधान, शुभ कार्यों व वस्त्रों में खर्च। मई १५, १६, १७, २४, २५, जून २, ३, ४, १२, १३, अशुभ।	घरेलू झंझटों से हैरानी, लाभ से खर्च ज्यादा, मित्रों से मन-मुटाव, विशेष परिश्रम से लाभ, जून २०, २१, २२, २९, ३०, जुला. १, ९, १० अशुभ।
कर्क	स्वास्थ्य मध्यम, कारोबार ठीक, शुभ में खर्च, यात्रा-प्रसंग, सन्तति सुख, अप्रै. २०, २१, २२, २८, २९, ३०, मई ८, ९, १० अशुभ।	उदर विकार, शत्रु भय, अचानक लाभ, कार्य में सफलता के आसार, मित्र मिलाप। मई १७, १८, १९, २६, २७, २८, जून ४, ५, ६, १४, अशुभ।	नये उद्योग का आयोजन, स्त्री-पुत्र द्वारा विशेष खर्च, कार्यान्तर का विचार, लाभ अच्छा, पित्त प्रकोप। जून २२, २३, २४, जुला. २, ३, ४, ११, १२, १३ अशुभ।
सिंह	स्त्री से सन्तोष, सन्तान द्वारा खर्च, कुछ लेन-देन का विवाद, लाभ मध्यम। अप्रै. १४, १५, २२, २३, २४, मई १, २, ३, ११, १२ अशुभ।	कारोबार में कुछ उन्नति, निजी जनों से स्नेह सम्बन्ध अच्छा, यात्रा में कष्ट। मई २०, २१ २८, २९, ३०, जून ७, ८, ९ अशुभ।	लाभ अच्छा, शुभ में खर्च, प्रतिष्ठा बढ़े। शत्रु परास्त, सोचे काम बनें, पशु लाभ। जून १६, १७, २४, २५, २६, जुला. ४, ५, ६, १३, १४, १५ अशुभ।
कन्या	चित्त अशान्त, सम्पत्ति-चिन्ता, पशु-पीड़ा, शिवार्चन करना कल्याणप्रद। अप्रै. १६, १७, १८, २४, २५, २६, मई ३, ४, ५, १३ अशुभ।	सन्तान द्वारा वृथा खर्च और चिन्ता, स्त्री सन्तोष, धर्म में अरुचि, वृथा यात्रा, वाहन से भय, पित्त पीड़ा। मई १४, १५, २२, २३, ३१, जून १, ९, १०, ११ अशुभ।	किसी व्यक्ति के उपचार आदि में खर्च, घर में अशान्ति, लाभ यथावत् मित्र मिलाप। जून १८, १९, २०, २७, २८, २९, जुला. ७, ८, १५, अशुभ।
तुला	पराक्रम उत्तम, स्त्री-पुत्र विषयक चिन्ता, वृथा खर्च, लाभ होता रहे। अप्रै. १८, १९, २०, २६, २७, २८, मई ६, ७, ८, अशुभ।	कारोबार डांवाडोल, बड़े आदमी से बिगाड़, अशान्ति जीव से भय, चीटियों को तिल चावल डालें। मई १५, १६, १७, २४, २५, जून २, ३, ४, १२, १३ अशुभ।	स्वास्थ्य में बिगाड़, स्थाई काम व लेन-देन की चिन्ता, बन्धुओं की मदद से राहत मिले। जून २०, २१, २२, २९, ३० जुला. १, ९, १० अशुभ।
वृश्चि.	सट्टे आदि व्यापार से हानि शत्रु भय, स्वास्थ्य मध्यम, नौकर वा मित्र से विरोध, पशु लाभ। अप्रै. २०, २१, २२, २८, २९, ३०, मई ८, ९, १० अशुभ।	स्वास्थ्य ठीक, सन्तान से खुशी, लाभ अच्छा, स्त्री पक्ष से चिन्ता, यात्रा भय। मई १७, १८, १९, २६, २७, २८, जून ४, ५, ५, १४ अशुभ।	कलंक का भय, जोखिम के काम से हानि, स्थाई कारोबार यथावत्, सत्संग लाभ। जून २२, २३, २४, जुला. २, ३, ४, ११, १२, १३ अशुभ।
धनु	अकारण क्रोध, बुद्धि भ्रम, निजी जन से हैरानी, कारोबार मध्यम, मासान्त में खुशी। अप्रै. १४, १५, २२, २३, २४, मई १, २, ३, ११, १२ अशुभ।	शत्रु हानि, विवाद में जय, कार्य में सफलता के आसार, स्वास्थ्य नरम, लाभ अच्छा। मई २०,२१,२८,२९,३०, जून ७, ८, ९ अशुभ।	स्वास्थ्य बिगड़े, देर का उलझा कार्य बने, धर्म में रुचि, शत्रु निरुत्साह, कारोबार ठीक। जून १६, १७, २४, २५, २६, जुला. ४, ५, ६, १३, १४, १५ अशुभ।
मकर	निजी जनों से विरोध, लाभ से खर्च ज्यादा, शत्रु व राज-भय, कारोबार मध्यम। अप्रै. १६, १७, १८, २४, २५, २६, मई ३, ४, ५, १३ अशुभ।	शत्रुओं से सावधान, उदर व वस्त्र पीड़ा, चोट भय, गत मास की अपेक्षा लाभ अच्छा। मई १४, १५ २२ २३, ३१, जून १, ९, १०, ११ अशुभ।	निजी जन द्वारा हैरानी, स्वास्थ्य मध्यम, वृथा खर्च, लाभ अच्छा, बड़े पुरुष से मिलाप। जून १८, १९, २०, २७, २८, २९, जुला. ७, ८, १५ अशुभ।
कुम्भ	लाभ अच्छा, स्वास्थ्य ठीक, बन्धुओं से खुशी, मासान्त में अकस्मात् चिन्ता। अप्रै. १८, १९, २०, २६, २७, २८, मई ६, ७, ८ अशुभ।	कारोबार की नई समस्या, लाभ मध्यम, किसी कार्य में असफलता से हैरानी, शुभ यात्रा, पशु पीड़ा। मई १५, १६, १७, २४, २५, जून २, ३, ४, १२, १३ अशुभ।	घरेलू चिन्ताएं बढ़ें, मित्र व बन्धुओं से वैमनस्य, नेत्र व मस्तक में पीड़ा, मासान्त में लाभ। जून २०, २१, २२, २९, ३०, जुला. १, ९, १० अशुभ।
मीन	शुभ में प्रवृत्ति, चित्त खिन्न, लाभ हाथ से निकले, लेन-देन चिन्ता, चिड़ियों को चोगा डालना शुभ है। अप्रै. २०, २१, २२, २८, २९, ३०, मई ८, ९, १० अशुभ।	स्वास्थ्य ठीक, प्रिय जन चिन्ता, कारोबार सुधरे, शत्रु परास्त, सुखद यात्रा, पशु लाभ। मई १७, १८, १९, २६, २७, २८, जून, ४, ५, ६, १४ अशुभ।	मास श्रेष्ठ है, सावधानी से काम करें, लाभ हो, वंश वृद्धि, शुभ में खर्च, विवाद में जय, मित्र मिलाप। जून २२, २३, २४, जुला. २, ३, ४, ११, १२, १३ अशुभ।

नोट—यह राशिफल सामूहिक रूप से मिलता है; विशेष फल के लिए वर्षफल बनवाइए।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

द्वादश-राशियों का मासिक फलादेश सं० २०२८ वि० (सन् १९७१)

राशि	श्रावण (१६ जुला. से १५ अग. तक)	भाद्रपद (१६ अग. से १५ सितं. तक)	आश्विन (१६ सित. से १६ अक्तू. तक)
मेष	विशेष परिश्रम से कुछ लाभ, शुभ में प्रवृत्ति, मित्र आदि से विवाद, वायु विकार। जुला. २२, २३, २४, अग. १, २, ९. १०, ११ अशुभ।	प्रतिष्ठा-हानि का भय, मकान आदि की चिन्ता, कारोबार कमजोर, मास के पूर्वार्ध में लाभ। अग. १८, १९, २०, २८, २९, ३०; सितं. ६, ७, १४, १५ अशुभ।	सहयोगियों से हानि, परिश्रम से शरीर व्यथित हो, लेन-देन सम्बन्धी विवाद। सितं. २४, २५, २६; अक्तू. ३, ४, ५, १२, १३ अशुभ।
वृष	लाभ अच्छा, मासान्त में सफलता की आशा. पैर व उदर में पीड़ा। जुला. १६ १७, २४, २५, २६ अग. ३, ४, ५, ११, १२, १३ अशुभ।	सन्धि पीड़ा, वायु विकार, लाभ हाथ से निकले, कारोबार ढीला, खर्च ज्यादा। अग. २०, २१, २२, ३०, ३१; सितं. १, ८, ९ अशुभ।	पैर व छाती में पीड़ा, असफलता से उदासी, दूसरे सप्ताह के बाद कुछ लाभ। सितं. १७, १८, १९, २७, २८, अक्तू. ५, ६, ७, १४, १५, १६ अशुभ।
मिथुन	सम्पत्ति चिन्ता, मास के मध्य में अचानक लाभ, मार्ग में भय, कारोबार अव्यवस्थित। जुला. १७, १८, १९, २७, २८, २९, अग. ५, ६, ७ १४, १५ अशुभ।	कारोबार से साधारण लाभ, कार्यान्त व स्थानान्तर का विचार, बेचैनी से हैरानी, शत्रु बढ़ें। अग. २३, २४, २५; सितं. २, ३, १०, ११ अशुभ।	कारोबार की अव्यवस्था से चिन्ता, लाभ कम, खर्च ज्यादा, अशुभ समाचार, विवाद से हानि, । सितं. १९, २०, २१, २९, ३०, अक्तू. १, ७, ८, ९, १६ अशुभ।
कर्क	स्वास्थ्य नर्म, लाभ मध्यम, शुभ में प्रवृत्ति, मास के अन्त में वृथा खर्च। जुला १९, २०, २१, २९, ३०, ३१, अग. ७, ८, ९ अशुभ।	कारोबार बढ़ाने का सफल विचार, स्त्री व पुत्र द्वारा खर्च, शुरु में नई चिन्ताएं, परिणाम शुभ। अग. १६, १७, १८, २५, २६, २७; सितं. ४, ५, १२, १३, १४ अशुभ।	मास शुभ है, सन्तान से खुशी, व्यवसाय में लाभ, शुभ यात्रा, वायु विकार। सितं. २२, २३, २४ अक्तू. १, २, ३, ९, १०, ११ अशुभ।
सिंह	स्थायी कारोबार के अतिरिक्त भी लाभ, पुत्र-बन्धु आदि से प्रसन्नता, धर्म में व्यय। जुला. २२, २३, २४, अग. १, २, ९, १०, ११ अशुभ।	जायदाद की चिन्ता, अचानक यात्रा, शत्रु परास्त, विवाद में जय, लाभ अच्छा, अग. १८. १९ २०, २८, २९, ३०, सितं. ६, ७, १४, १५ अशुभ।	प्रतिष्ठा बढ़े, काम बने, स्वास्थ्य में कुछ बिगाड़, परिणाम शुभ, लाभ मध्यम। सितं २४, २५, २६, अक्तू. ३, ४, ५, १२, १३ अशुभ।
कन्या	वायु पीड़ा से भय, लाभ का अवसर मिले, चिन्ताओं से मुक्ति, शिवार्चन करें। जुला. १६, १७, २४, २५, २६, अग. ३, ४, ५, ११, १२, १३ अशुभ।	निजी जन को कष्ट, बड़े लाभ में रुकावट, शुभ में प्रवृत्ति, विवाद में जय। अग. २०, २१, २२, ३०, ३१, सितं. १, ८, ९ अशुभ।	मास मध्यम, गृह कलह, इच्छा अनुसार सफलता नहीं, अल्प लाभ, व्यय अधिक। सितं. १७, १८, १९, २७, २८; अक्तू. ५, ६, ७, १४, १५, १६ अशुभ।
तुला	विशेष परिश्रम से अल्प लाभ, अनेक चिन्ताएं, वायु. कफ विकार, गुप्त शत्रु भय, पशु पीड़ा। जुला. १७, १८ १९, २७, २८, २९, अग. ५, ६, ७, १४, १५, अशुभ	लाभ न मिलने से कष्ट, राज भय, बन्धु से वैमनस्य, तीसरे सप्ताह में अस्वस्थता का डर। अग. २३, २४, २५, सितं. २, ३, १०, ११, अशुभ।	मित्र वियोग, बड़े लाभ का ख्याल छोड़ मिलता लाभ लें, चिन्ताएं बनें, दुर्गा पूजन कल्याणप्रद। सितं. १९, २०, २१, २९, ३०, अक्तू. १, ७, ८, ९, १६ अशुभ।
वृश्चि.	स्त्री-पक्ष से चिन्ता, वृथा व्यय, शत्रु पीड़ा, पुत्र आदि से खुशी, स्वास्थ्य नरम, लाभ मध्यम। जुला. १९, २०, २१, २९, ३०, ३१, अग. ७, ८, ० अशुभ।	परेशानियां दूर हों, सज्जन मिलाप, लाभ कम, खर्च ज्यादा, वृथा यात्रा। अग. १६, १७, १८, २५, २६, २७, सितं. ४, ५, १२, १३ १४ अशुभ।	सुख समृद्धि बढ़े, कारोबार से लाभ, धर्म मे रुचि, कफ-वायु विकार, अचानक चिन्ता। सितं २२, २३, २४, अक्तू. १, २, ३, ९, १०, ११ अशुभ।
धन	उदर व सन्धियों में पीड़ा, कोष में कमी का अनुभव, सट्टे आदि से बचें, राजपक्ष शुभ। जुला. २२, २३, २४, अग. १, २, ९, १०, ११ अशुभ।	चित्त उदास, कारोबार मध्यम, विवाद में जय, अस्थायी उद्योग से लाभ। अग. १८, १९ २०, २८, २९, ३०; सितंबर ६, ७, १४, १५ अशुभ।	सट्टे आदिसे हानि, लेन-देन की चिन्ता, सत-पुरुषों की सम्मति से मन शान्त। सितं. २४, २५, २६, अक्तू. ४, ५, १२, १३ अशुभ।
मकर	अचानक शत्रु भय, ठगों से सावधान, गत मास की अपेक्षा लाभ कम, नये २ असफल विचार। जुला. १६, १७, २४, २५, २६, अग. ३, ४, ५, ११. १२, १३ अशुभ	प्रतिष्ठा बढ़े, अस्वस्थता से उदासीनता, कारोबार में सामान्य सफलता, सन्तति चिन्ता, । अग. २०, २१, २२, ३०, ३१; सितं. १, ८, ९ अशुभ।	अचानक रोग व शत्रु भय, लाभ साधारण, मित्रों से सन्तोष, नये काम का विचार, धर्म में व्यय। सितं. १७, १८, १९, २७, २८, अक्तू. ५, ६, ७, १४, १५, १६ अशुभ
कुम्भ	अनिष्ठ भय, जबान पर संयम रखें, सन्तान से सुख, पैर व उदर पीड़ा। जुला. १७, १८, १९, २७, २८, २९, अग. ५, ६, ७, १४, १५ अशुभ।	बुद्धि भ्रम, स्वयं ही कामों को बिगाड़ कर पश्चात्ताप, लेन-देन चिन्ता, लाभ से खर्च ज्यादा। अग. २३, २४, २५; सितं. २, ३, १०, ११ अशुभ।	विवाद भय, कारोबार कमजोर, पड़ोसी व मित्रों से अनबन, लाभ हाथ से निकले। सितं. १९, २०, २१, २९, ३०, अक्तू. १, ७, ८, ९, १६ अशुभ।
